Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋग्वेद-प्रातिशाख्यम्

(उव्वट-भाष्य-समलिकृतम्)

अनुवाद एवं परिकर्ता
डा. वीरेन्द्रकुमार वर्मा

२१६
वर्मा-ऋ

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२१६
वर्मा-अ

143440

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
कृपया पुस्तक के ऊपर कोई निशान
आदि न लगायें।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ग संख्या २२-६ वर्मा-मैं

आगत संख्या 143440

पुस्तक विवरण की तिथि नीचे अंकित है। इस तिथि सहित 30 वें दिन यह पुस्तक पुस्तकालय में वापस आ जानी चाहिए अन्यथा 50 पैसे प्रति दिन के हिसाब से विलम्ब दण्ड लगेगा।

5 DEC 2009
2273/3

03 FEB 2012
M1980.T

18 MAR 2010
2212/6

9 MAY 2013
B023

4 FEB 2011
2414/2

9 JAN 2014
M3045

143440

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

॥ श्रीः ॥

व्रजजीवन प्राच्यभारती ग्रन्थमाला

११

शौनकविरचितं

ऋग्वेद-प्रातिशाख्यम्

(उव्वट-भाष्य-संवलितम्)

अनुवादक एवं परिष्कर्त्ता—

डा० वीरेन्द्रकुमार वर्मा

एम० ए०, पी-एच्० डी०, ऋग्वेदाचार्य

प्रोफेसर, संस्कृत एवं पालि-विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

143440

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

ज्ञाने सर्वं प्रतिष्ठितम्

143440

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

३८ यू. ए., जवाहरनगर, बंगलो रोड,

दिल्ली ११०००७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ISBN: 81-7084-012-0

२९९
वर्मा - ऋ

ऋग्वेद-प्रातिशाख्यम्

प्रकाशक
चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
38 यू. ए. जवाहरनगर, बंगलो रोड
पो. बा. नं. 2113
दिल्ली-110007
दूरभाष : 23856391; 41530902

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
पुनर्मुद्रित संस्करण 2007
मूल्य 350.00

अन्य प्राप्तिस्थान
चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बैंक ऑफ बडौदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069
वाराणसी-221001
दूरभाषा : 2420404

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129
वाराणसी-221001
दूरभाषा : 2335263

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली 110002
दूरभाषा : 32996391

मुद्रक
ए. के. लिथोग्राफर्स, दिल्ली

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

THE
VRAJAJIVAN PRACHYABHARATI GRANTHAMALA
11

RGVEDA-PRĀTIŚĀKHYA

OF

ŚAUNAKA

Along with

UVVAṬABHĀṢYA

Revised and Translated by
Dr. Virendrakumar Verma
M. A., Ph. D., Rigvedacharya
Professor, Sanskrit and Pali Department
Banaras Hindu University, Varanasi

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A., Jawaharnagar, Bungalow Road
DELHI 110007

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Publishers :

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A. Bungalow Road, Jawahar Nagar
Delhi 110007
Phone : (011) 23856391, 41530902

Also can be had from :

CHAUKHAMBA VIDYABHAWAN
Chowk (Behind The Bank of Baroda Building)
Post Box. No. 1069
Varanasi 221001
Phone : (0542) 2420404

*

CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
K. 37/117 Gopal Mandir Lane
Post Box. No. 1129
Varanasi 221001
Phone : (0542) 2335263

*

CHAUKHAMBA PUBLISHING HOUSE
4697/2, Ground Floor, Street No. 21-A
Ansari Road, Darya Ganj
New Delhi 110002
Phone : (011) 23286537

Printed by
A. K. Lithographers
Delhi

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय-सूची

पृष्ठ

संक्षेप-सूची ४

दो शब्द ११

प्राक्कथन डा० सिद्धेश्वर भट्टाचार्य ... १२

भूमिका १३–१७

विष्णुमित्रकृता वर्गद्वयवृत्तिः ५–३४

वृत्तिकारकृतं मङ्गलाचरणम् ५, शास्त्रावतारः ७, शास्त्रस्य सम्बन्धः विषयश्च ७, सूत्रकारकृतं मङ्गलाचरणम् ९, सूत्रकारस्य प्रतिज्ञा १३, शास्त्रस्य प्रयोजनम् १४, संहिता-पद-क्रम-स्वरूपम् १८, वर्णमाला ३०

१ : संज्ञा-परिभाषा-पटलम् ३७–१२३

भाष्यकारकृतं मङ्गलाचरणम् ३७, प्रातिशाख्यप्रयोजनम् ३७, समानाक्षरसंज्ञा ४२, संध्यक्षरसंज्ञा ४३, स्वरसंज्ञा ४४, इपर-प्लुतस्य दीर्घवत्त्वम् ४७, अनुस्वारस्य स्वरूपम् ४८, व्यञ्जनसंज्ञा ५०, स्पर्शसंज्ञा ५१, वर्गसंज्ञा ५२, अन्तःस्थासंज्ञा ५२, ऊष्मसंज्ञा ५३, अघोषसंज्ञा ५४, सोष्मसंज्ञा ५५, अनुनासिकसंज्ञा ५५, पदावसाने प्रथमतृतीय-स्पर्शयोर्विकल्पः ५६, ह्रस्वसंज्ञा ५७, दीर्घसंज्ञा ५८, अक्षरसंज्ञा ५८, गुरुसंज्ञा ५९, अनुस्वारव्यञ्जनयोरङ्गत्वविचारः ६०, ह्रस्वस्वरस्य उच्चारणकालः ६५, अवग्रहस्य उच्चारणकालः ६६, दीर्घस्वरस्य उच्चारणकालः ६६, प्लुतस्य स्वरसंज्ञा उच्चारणकालश्च ६६, प्लुतोदाहरणानि ६६, स्वरभक्तेः पूर्वभाक्त्वं पूर्वाक्षराङ्गत्वञ्च ६७, दीर्घस्वरभक्तेः कालः ६८, व्यञ्जनानां कालः ६९, ह्रस्वस्वरभक्तेः कालः ६९, रक्तसंज्ञा ६९, संयोगसंज्ञा ७०, वर्णानां स्थानानि ७०, ऽकारस्थाने ळकारः ढकारस्थाने ळ्हकारश्च ७६, परिभाषासूत्राणि ७७, प्रैषाणां पादवत्त्वम् ८२, पदान्तलक्षणम् ८३, सामवशसंधेरुल्लेखः ८४, पद्यानां पदवद्भावः ८६, पद्यानां पदवद्भावप्रतिषेधस्थलानि ८७, अवसाने अष्टस्वराणामनुनासिकसंज्ञा ९२, एकस्यैव प्लुतस्यानुनासिकसंज्ञा ९३, नामिसंज्ञा ९४, नतिषु नन्तृनम्ययोः पौर्वापर्यम् ९४, अरिफितविसर्जनीयस्य सोपधस्यैकवर्णवत्त्वम् ९५, प्रगृह्यसंज्ञा ९६, रेफिसंज्ञा १०२

२ : संहिता-पटलम् १२७–२१०

संहिताधिकारः १२७, संहितास्वरूपम् १२७, विवृत्ति-स्वरूपम् १२८, विवृत्तिकालः १२९, संधिविषये परिभाषाः १३०, अनु-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोमान्वक्षरसंधयः १३४, प्रतिलोमान्वक्षरसंधयः १३६, प्रतिलोमान्वक्षर-संधिषु प्रथमस्पर्शस्य तृतीयभावः १३६, अनुलोमान्वक्षरसंधिषु ऊष्म-लोपः१३७, अन्तःपदं विवृत्तयः तदन्याश्च विवृत्तयः १३८, प्रश्लिष्टाः संधयः १४०, क्षैप्राः संधयः १४३, पदवृत्तयः संधयः १४६, उद्ग्राहाः संधयः १४७, उद्ग्राहपदवृत्तयः संधयः १४९, भुग्नाः संधयः १४९, उद्ग्राहवन्तः संधयः १५०, प्राच्यपदवृत्तयः पञ्चालपदवृत्तयश्च १५१, अभिनिहिताः संधयः १५२, प्रकृतिभावः १७३, कानिचिन्निपातनानि १९१, अनानुपूर्व्यसंहिताः २०८, दीर्घा विवृत्तयः २०८, द्विषंधयो विवृत्तयः २०९, प्राच्यपञ्चालपदवृत्तिविषये मतद्वयम् २१०

३ : स्वर-पटलम् २१३–२४३

स्वराणां संख्या उच्चारणप्रकारश्च २१३, स्वराक्षरयोर्धर्मधर्मि-संबन्धः २१४, संधौ स्वरितनिष्पत्तिः २१५, स्वरितस्य उच्चारण-प्रकारः २१५, पदे उदात्तपूर्वस्वरितम् २२०, पदे जात्यस्वरितम् २२१, पदे प्रचयस्वरस्य उच्चारणप्रकारः २२२, उदात्तादिस्वराणां संधिः २२३, विवृत्तिव्यञ्जनव्यवधानेऽपि स्वरितनिष्पत्तिः २२८, संधिजस्वरितानां संज्ञासूत्रम् २२९, संहितायां प्रचयः स्वरः तस्य उच्चारणप्रकारश्च २३०, परिग्रहे स्वरनिरूपणम् २३४, अवग्रहे स्वरनिरूपणम् २३६, उत्तरयो-स्त्रिमात्रयोरन्त्यमात्रोच्चारणविषये मतद्वयम् २४०, स्वरोच्चारणे केचिद्दोषाः २४१, स्वरितविशेषेषु कम्पविधानम् २४३

४ : संधि-पटलम् २४७–३२५

अवशंगम आस्थापितः संधिः २४७, वशंगम आस्थापितः संधिः २४८, परिपन्नः (वशंगमः) संधिः २५८, अन्तःपातसंज्ञाः संधयः २५९, ऊष्म (=विसर्जनीय)-संधेरधिकारसूत्रम् २६१, कानिचिन्निपातनानि २६२, नियतप्रश्रितसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी २६४, रेफसंधयः (=विसर्जनीयस्य रेफः) २६५, अकामनियतसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी २६६, व्यापन्नविक्रान्तसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी २६८, अन्वक्षरवक्त्रसंज्ञो विसर्जनीय-संधिः २७२, विसर्जनीयस्याव्यापत्तिः २७४, विसर्जनीयस्य रेफः २७५, विसर्जनीयसंधिविषये निपातनानि २७६, उपाचरितसंज्ञो विसर्जनीय-संधिः २७९, आन्पदाः पदवृत्तयो नाम संधयः (=नकारस्य लोपः) ३००, विवृत्त्यभिप्रायाः संधयः ३०३, स्पर्शरेफसंधयः (=नकारस्य रेफः) ३०४, नकारस्य प्रकृतिभावः ३०६, स्पर्शोष्मसंधयः (=नकारस्य विसर्जनीयवत्त्वम्) ३०९, नकारस्य लोपरेफोष्मभावे पूर्वस्वरस्यानु-नासिकत्वम् ३१३, प्रसङ्गादन्यत्रापि अनुनासिकस्वरनिर्देशः ३१४, ईमित्यस्यान्तलोपः ३१५, शौद्धाक्षराः संधयः (शकारषकारसकार-रेफागमाः) ३१६, पदान्ते आकारस्य अकारः ३१९, विसर्जनीयसंधि-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषये निपातनानि ३२१, अन्यानि निपातनानि (=पदमध्ये पदादौ वा धकारस्य दकारो घकारस्य गकारश्च) ३२४

५ : नति-पटलम् ३२९–३८७

नतिसंधेरधिकारसूत्रम् ३२९, नतिव्यापत्त्योः पौर्वापर्यम् ३३१, नति-संधिः (=सकारस्य षकारः) ३३२, नतिसंधिः (=षकारपूर्वस्य तवर्गस्य टवर्गः) ३३७, नतिसंधिः (=सकारस्य षकारः) (पूर्वानुवृत्तः) ३३८, नतिसंधिः (=नकारस्य णकारः) ३६७, नतिसंधिविषयकनिपात-नानि ३७८, नतिसंधिः (=नकारस्य णकारः) (पूर्वानुवृत्तः) ३७९, नतिसंज्ञा ३८७

६ : ध्वन्यागम-पटलम् ३९१–४२४

क्रमः (=वर्णद्विर्वचनम्) ३९१, नियमानां सर्वत्र संगतिः ४०१, अभिनिधानम् ४०२, यमः ४१०, ध्रुवसंज्ञो नादः ४१५, अभिनिधानलोपे मतद्वयम् ४१७, स्वरभक्तिः ४१९, प्रथमस्पर्शस्य द्वितीयस्पर्शभावः ४२३, 'क्शा'-स्थाने 'ख्या'ऽऽदेशः ४२४

७ : प्लुति-पटलम् (१) ४२७–४६९

सामवशसंधेरधिकारसूत्रम् ४२७, प्लुति-संज्ञा ४३१, पदान्ते मक्षौ च ह्रस्वस्य दीर्घभावः ४३२, अपादान्ते पदान्तह्रस्वस्य दीर्घभावः ४४३, पादादौ पदान्तह्रस्वस्य दीर्घभावः ४५०

८ : प्लुति-पटलम् (२) ४७३–५१०

अन्तःपादं पदान्तह्रस्वस्य दीर्घभावः ४७३, एकादशाक्षरद्वादशा-क्षरयोः पादयोरष्टमाक्षरस्य दशमाक्षरस्य च दीर्घभावः ४९२, अष्टाक्षरे पादे षष्ठाक्षरस्य दीघभावः ४९५, ऊने पादे क्षैप्रवर्णप्रश्लिष्टादीनाम् अन्तर्विभागेन पादपूरणम् ४९५, षष्ठाष्टमदशमाक्षराणां दीर्घभावेऽपवादाः ४९७, पादान्ते ह्रस्वस्य दीर्घभावः ५०८

९ : प्लुति-पटलम् (३) ५१३–५५७

पूर्वपदान्ते ह्रस्वस्य दीर्घभावः ५१३, अवग्रहरहितेषु पदेषु पद्येषु चान्तर्ह्रस्वस्य दीर्घभावः ५३५

१० : क्रम-पटलम् ५६१–५८८

क्रमपाठस्य अधिकारसूत्रम् ५६१, क्रमपाठस्य सामान्यनियमः ५६१, क्रमापाठेऽनवसानीयपदानि ५६२, क्रमपाठे विकृतरूपविषयक-नियमौ ५६९, क्रमपाठे पदविशेषाणां परिग्रहः ५७१, उपस्थितसंज्ञा ५७७, स्थितसंज्ञा ५७७, स्थितोपस्थितसंज्ञा ५७७, परिग्रहविषयेऽन्ये नियमाः ५७८, क्रमपाठेऽर्धर्चयोः संधिनिषेधः ५८०, क्रमपाठे समयैः सह संधेः प्रकारः ५८०, परिग्रहे संधिविशेषाणां प्रकृतिभावः ५८२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

११ : क्रम-हेतु-पटलम् ५९१–६५९

क्रमपाठस्य सामान्यस्वरूपम् ५९१, क्रमपाठे पदविशेषाणामतिक्रमणे कारणानि अतिक्रमणे मतभेदाश्च ५९१, क्रमपाठे विकृतरूपविषयकनियमः ६१०, क्रमपाठे समयैः सह संधेः प्रकारः ६१०, क्रमपाठे पदविशेषाणां परिग्रहः ६१२, स्थितसंज्ञा ६१९, उपस्थितसंज्ञा ६१९, स्थितोपस्थितसंज्ञा ६१९, परिग्रहविषयेऽन्ये नियमाः ६२०, परिग्रहविषयेऽपवादः ६२४, यदृच्छोपनते बहुक्रमे कश्चित् विशषः ६२५, परिग्रहे संधिविशषाणां प्रकृतिभावः ६२७, क्रमपाठे विकृतरूपविषयकनियमः (पूर्वानुवृत्तः) ६३३, परिग्रहे संधिविशेषाणां प्रकृतिभावः (पूर्वानुवृत्तः) ६३४, बहुक्रममन्तरेण आर्षीलोपापत्तेः स्थलानि ६३७, आर्षीलोपविषये मतभेदः ६४६, परिग्रहस्योपयोगः ६४८, शास्त्रविहितक्रमपाठस्य प्रशंसा ६५१, आक्षेपनिरसनपूर्वकं क्रमपाठस्यार्थवत्त्वनिरूपणम् ६५४

१२ : सीमा-पटलम् ६६३–६७५

अपदान्तीयवर्णाः ६६३, पदादौ गन्तुमनर्हा वर्णाः ६६४, अन्योन्यं संयोक्तुमनर्हा वर्णाः ६६५, ऋचां पदमध्य एवोक्तविधानस्य चरितार्थत्वम् ६७१, नामाख्यातोपसर्गनिपातानां चतुर्णां पदजातानां निरूपणम् ६७२

१३ : शिक्षा-पटलम् ६७९–७१४

वर्णनिष्पत्तौ बाह्यः प्रयत्नः ६७९, वर्णनिष्पत्तौ आभ्यन्तरः प्रयत्नः ६८४, वर्णनिष्पत्तौ सामान्यवर्णनम् ६८६, वर्णाः शाश्वतिका इति मतन्यासः ६८९, सघोषाणामनुनासिकानां सोष्मणां च उत्पत्तिविषये मतभेदः ६८९, अनुनासिकवर्णानामुच्चारणप्रकारः ६९२, वर्णगुणोपसंहारः ६९३, ऋक्षु पदमध्ये दीर्घपूर्वस्य अनुस्वारस्य ह्रस्वपूर्वस्य अनुस्वारस्य च उच्चारणव्यवस्था ६९३, समापाद्यस्वरूपम् ७०१ सोपधानुस्वारस्योच्चारणकालविषये मतन्यासः ७०३, ऋकार-ॠकार-ऌकार-स्वरूपम् ७०४, अनुस्वारोच्चारणविषये व्याळेर्मतम् ७०७, संध्यक्षराणां स्वरूपम् ७०७, वाचो मन्द्रादीनि त्रीणि स्थानानि ७१०, सप्त यमास्तेषां स्वरूपम् च ७११, वाचो वृत्तीनां निरूपणम् ७१२

१४ : उच्चारणदोष-पटलम् ७१७–७५८

वर्णदोषाणां सामान्यस्वरूपम् ७१७, वर्णानां सामान्यदोषाः७१८, स्वराणां दोषाः ७२०, अनुनासिकानां दोषौ ७२२, सान्तःस्थानां वर्णानां दोषौ ७२२, व्यञ्जनानां सामान्यदोषाः ७२३, सघोषाणां सोष्मणामूष्मणां च दोषाः ७२४, वर्गीयवर्णानां दोषाः ७२५, रेफलकारयोर्दोषाः ७२६, हकारस्य तदन्योष्मणां च दोषाः ७२७,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विसर्जनीयस्य दोषाः ७२८, यमस्य दोषाः ७३२, विसर्जनीयस्य दोषः (पूर्वानुवृत्तः) ७३३, अनुनासिकस्थाने अनुस्वारोच्चारणम् ७३३, ऋकारऋकारयोर्दोषः ७३४, अघोषाणां दन्त्यानां दोषः ७३५, ह्रस्व-स्वरस्य लोपः अविद्यमानस्य वा ह्रस्वस्वरस्योच्चारणम् ७३६, ऐकारस्य दोषाः ७३७, इकारस्य दोषौ ७३९, ऋकारस्य दोषः ७४०, अविद्यमानस्य यकारस्योच्चारणम् ७४०, विद्यमानस्य यकारस्य वकारस्य वा लोपः ७४१, संयोगस्य स्वरेण व्यवच्छेदः ७४२, अन्तःस्थाया लोपो द्विरुच्चारणं च ७४३, अनुनासिकस्य ह्रस्वस्य दीर्घत्वम् ७४३, अविद्यमानस्य ऊष्मण उच्चारणम् ७४४, अधिकयमस्योच्चारणम् ७४५, स्वरोपधादनुनासिकात्पूर्वमनुस्वारस्योच्चारणम् उपधाया अन्यवर्णत्वं वा ७४५, अनुनासिकात्परस्य वर्णस्य द्विरुच्चारणम् ७४७, अनुनासिकैः स्वराणां अनुनासिकता ७४८, अनुनासिकात्परस्य हकारस्य सोष्मत्वम् ७४८, संयोगानां चत्वारो दोषाः ७४९. विवृत्तेः दोषाः ७५१, दोषाणामसंख्यता शास्त्रस्य प्रयोजनं च ७५४, वर्णानामुच्चारणे अकारस्य अपेक्षा ७५५, दोषनिरसनपूर्वकं वर्णशिक्षायाः सप्रयोजनत्व-स्थापनम् ७५७

१५ : ओंकारपटलम् (वेदाध्ययनपटलम्) ७६१–७७७

वेदाध्ययने गुरुशिष्ययोरुपवेशनप्रकारः ७६१, गुरवे शिष्य-प्रार्थना ७६२, ओंकारस्य महिमा तदुच्चारणप्रकारश्च ७६२, वेदाध्ययने गुरुप्रक्रिया शिष्यप्रक्रिया च ७६४, प्रश्नस्वरूपमध्यायस्वरूपं च ७७४, वेदाध्ययने गुरुप्रक्रिया शिष्यप्रक्रिया च (पूर्वानुवृत्ता) ७७७

१६ : छन्दः-पटलम् (१) ७८१–८२१

प्रजापतेर्देवानामसुराणां च सप्त छन्दांसि ७८१, ऋषीणां छन्दांसि ७८२. यजुषां साम्नामृचां ब्रह्मणश्च छन्दांसि ७८४, ऋषीणां छन्दस्सु वर्गाणां त्रिविधत्वम् ७८६, ऋषीणां छन्दसामधिकारः ७८७, गायत्री तद्भेदाश्च ७८७, उष्णिक् तद्भेदाश्च ७९३, अनुष्टुप् तद्भेदाश्च ७९६, बृहती तद्भेदाश्च ८००, पङ्क्तिस्तद्भेदाश्च ८०४, त्रिष्टुप् तद्भेदाश्च ८०८, जगती तद्भेदाश्च ८१४, अतिच्छन्दसां द्वौ वर्गौ ८१६, अतिच्छन्दसां प्रथमो वर्गः ८१७, अतिच्छन्दसां द्वितीयो वर्गः ८११, प्रथमवर्गस्य उदाहरणानि ८२०, द्वितीयवर्गस्य उदा-हरणानि ८२०

१७ : छन्दः-पटलम् (२) ८२५–८६१

छन्दसां केचिद्विशेषाः ८२५, निचृत्संज्ञा भुरिक्संज्ञा च ८२५, स्वराट्संज्ञा विराट्संज्ञा च ८२६, छन्दसां देवताः ८२९, छन्दसां

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्णाः ८३३, गायत्र्याः पूर्वाणि मादीनि पञ्च च्छन्दांसि तेषां वैराजानि च ८३६, पादवृत्ताक्षरेषु संदेहास्पदानामृचां छन्दोनिर्णयप्रकारः ८३७, छन्दोदृष्ट्या न्यूनाक्षराणां पादानां पूरणार्थं संधिविच्छेदो व्यवधानं वा ८३९, पादानां विभागप्रकारः ८४३, पादानां विषये इतरे विशेषाः ८५०, ऋग्वेदे बृहत्तमा ऋक् ८५८, ऋग्वेदे बहुपादाऽपि लघुतमा ऋक् ८५९, द्विपदविराजां चतुष्पदाक्षरपङ्क्तित्वमिति केचित् ८६०

१८ : छन्दः-पटलम् (३) ८६५-८९५

प्रगाथाः ८६५, अक्षर-संज्ञा ८८०, अनुस्वारव्यञ्जनयोः स्वराङ्गत्वविचारः ८८०, लघ्वक्षरगुर्वक्षरादिनिरूपणम् ८८१, एकस्य छन्दसः अन्यस्मिन् छन्दसि विपरिणमनम् ८८४, त्रिपदादिषु ऋक्षु अवसाननिर्णयप्रकारः ८८५, प्रश्नस्वरूपमध्यायस्वरूपं च ८९२, त्रिष्टुब्जगत्योश्छन्दोज्ञानस्य च महिमा ८९३

प्रातिशाख्य-कारिका ८९६-९२९

प्रातिशाख्य-सूत्र-सूची ९३०-९४४

पारिभाषिक-शब्द-कोष ९४५-९५६

ऋग्वेदप्रातिशाख्य में उद्धृत आचार्य ९५७

उवट-भाष्य में उद्धृत आचार्य एवं ग्रन्थ ९५८

शुद्धि-पत्र ९५९-९६०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दो शब्द

ऋग्वेदप्रातिशाख्य एक अनमोल ग्रन्थ है। विश्वविद्यालयों तथा प्राचीन संस्कृत-संस्थानों में वैदिक साहित्य के अध्ययन के प्रसङ्ग में यह ग्रन्थ सर्वत्र पाठ्यत्वेन निर्दिष्ट है। किंतु यह ग्रन्थ आजकल बाजार में उपलब्ध नहीं है। मैंने सोचा कि वैदिक साहित्य के अभ्यर्थी के नाते इस विषय में मेरा कुछ कर्तव्य है। इस संकल्प को कार्यान्वित करने के लिए मैंने अपने विभागाध्यक्ष महोदय डा० सिद्धेश्वर भट्टाचार्य जी से निवेदन किया। बड़े उत्साह के साथ उन्होंने अनुमति दी। वर्तमान संस्करण इस प्रोत्साहन का ही परिणाम है।

ऋग्वेदप्रातिशाख्य एक अनन्यसाधारण ग्रन्थ है। विषय-वस्तु का वैचित्र्य, अधुना-लुप्त शास्त्रीय परम्परा, पारिभाषिक शब्दों का वेष्टन— यह त्रिवेणीसंगम इसमें पाया जाता है। कार्य के प्रारम्भ में कुछ उद्वेग-सा अनुभव हुआ। इस ग्रन्थ पर कतिपय आधुनिक मनीषियों का लेख तो है किंतु पूर्णाङ्ग विवेचन एक नवीन समस्या थी जिसका हल अभी तक नहीं हुआ था। गुरुवर पं० रामनाथ दीक्षित जी, वेदविभागाध्यक्ष संस्कृत महाविद्यालय, से इस विषय में उत्साह तो मिला ही; अनेक शङ्काओं का समाधान भी उन्होंने आग्रह एवं कृपा के साथ कर दिया। गुरुवर डा० गोपालचन्द्र मिश्र जी, वेदविभागाध्यक्ष वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, से भी अनेक प्रकार की सहायता मिली।

डा० सिद्धेश्वर भट्टाचार्य जी के प्रति मेरा आभार असीम है। एक शब्द में, पद-पद पर उनके सुझाव और उनकी सहायता के बिना इस संस्करण का इस प्रकार का रूप संभव ही न होता। यह भी उनकी कृपा है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय संस्कृत-शोध-प्रकाशन-माला में इस ग्रन्थ को स्थान भी मिल गया।

विभाग के शोध-सहायक मेरे शिष्य डा० कमला प्रसाद सिंह ने इस ग्रन्थ के प्रकाशन में जो अत्यधिक परिश्रम किया है उसके लिये मैं उनको हार्दिक आशीर्वाद दे रहा हूँ। विभाग के शोध-कार्य के साथ संपृक्त पं० चिन्तामणि झा जी ने भी ग्रन्थ के प्रकाशन में सहायता की है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रेस के मैनेजर साहब श्री रवीन्द्र कुमार बरी जी, सहायक श्री कुमुद भट्टाचार्य जी तथा हिन्दी-विभाग-संचालक श्री बसन्तू राम जी ने भी पर्याप्त सहृदयता के साथ सहायता की है।

मैं उन सब सज्जनों के प्रति जिन्होंने प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से इस पुनीत कार्य में सहायता की है आन्तरिक श्रद्धा तथा कृतज्ञता प्रकट कर रहा हूँ।

मनुष्य के कार्य में जाने तथा अनजाने अनेक त्रुटियाँ रह जाती हैं। उनको सहृदयता के साथ क्षमा करके गुणं गृह्णन्तु साधवः।

दीपावली, १९७० ई०

इति विदुषामनुचरः
वीरेन्द्र कुमार वर्मा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

The Ṛg-veda-prātiśākhya is a work of rare importance among the technical Studies on Vedic Literature. Written by as great a sūtrakāra as Śaunaka and commented upon by as great a bhāṣyakāra as Uvaṭa, the Prātiśākhya is a comprehensive study on Vedic 'form' in all its delicate shades.

Naturally, modern writers, both Eastern and Western, have laid their hands on this work and their contributions have thrown useful light on various problems dealt with in the Prātiśākhya.

But Uvaṭa's has largely remained a singular exception that no scholar to this day has tried to give an exposition of it or to translate it in any modern language to bring to the fore the wealth of ideas therein.

I must congratulate Dr Virendra Kumar Varma, Reader in Sanskrit of my Department, who has brought all his honest labour and scholarship to bear upon the production of an edition of this important work, that largely fulfils the desideratum indicated above. I am therefore happy to include this edition in the Banaras Hindu University Sanskrit Series as the Fifth Volume.

The venture is intended to be a positive step towards preservation and propagation of the ancient wisdom of India. Dr Varma's success in this direction is now open to inspection by the scholarly world.

The research staff and the B.H.U. Press deserve all praise for the ungrudging help they have rendered towards the completion of its printing with speed and precision.

DR S. BHATTACHARYA

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूमिका

ऋग्वेदप्रातिशाख्य का महत्त्व

वेद विश्व-साहित्य के प्राचीनतम उपलब्ध ग्रन्थ हैं। मानव संस्कृति के प्राचीनतम रूप तथा विकास को समझने के लिये वेदों का परिशीलन अपरिहार्य है। संसार में भारत को जो प्राथमिक प्रतिष्ठा प्राप्त हुई वह वेदों के माध्यम से ही है। मानव जाति के इतिहास के ज्ञान के लिये, भारतीय संस्कृति को समझने के लिये और भाषा-विज्ञान की पुष्टि के लिये वेदों का अध्ययन आवश्यक माना जाता है। और यह भी सच है कि षड् वेदाङ्गों के मौलिक अनुशीलन, मनन एवं पर्यालोचन के बिना वेदों का अध्ययन पूर्ण नहीं माना जा सकता है और न इनके बिना वेदों को भलीभाँति समझा ही जा सकता है।

ब्राह्मण-काल में आर्यजन गुरु-मुख से संहितात्मक वैदिक मन्त्रों का अध्ययन करके उनको स्मरण रखते थे। बाद में जब लोक-भाषा का विकास हुआ तो संहितात्मक वैदिक मन्त्रों की भाषा से आर्यजन अपरिचित होने लगे। ऐसी परिस्थिति में वर्ण, स्वर, मात्रा, संधि, छन्दः आदि के विशिष्ट नियमों के अभाव में वैदिक मन्त्रों का शुद्ध उच्चारण दुरूह-सा हो गया। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिये प्रातिशाख्यों के रूप में संसार का प्राचीनतम वैज्ञानिक ध्वनि-अध्ययन भारत में निष्पन्न हुआ। प्रातिशाख्यों में पाँच अधिक महत्त्वपूर्ण हैं—ऋग्वेदप्रातिशाख्य, तैत्तिरीय प्रातिशाख्य, वाजसनेयिप्रातिशाख्य, अथर्ववेदप्रातिशाख्य तथा ऋक्तन्त्र।

सभी वैदिक मन्त्रों के शुद्ध उच्चारण के लिये वेद की प्रत्येक शाखा का ध्वनि-विषयक अध्ययन सम्पन्न हुआ। एक-एक शाखा से सम्बद्ध होने के कारण ही ये ग्रन्थ 'प्रातिशाख्य' कहलाते हैं (शाखायां शाखायां प्रतिशाखम्, प्रतिशाखं भवं प्रातिशाख्यम्)। उदात्त आदि स्वरों, वर्णों की संधियों, वर्णों के उच्चारण के गुणों और दोषों, वर्णों की उत्पत्ति, पद-पाठ से संहिता-पाठ बनाने के नियमों आदि अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों का सुसम्बद्ध विवरण इन प्रातिशाख्यों में प्रस्तुत किया गया है। वैदिक मन्त्रों के अर्थ-ज्ञान के लिये जिस प्रकार निरुक्त-ग्रन्थ उपयोगी है उसी प्रकार मन्त्रों के बाह्य स्वरूप के ज्ञान के लिए प्रातिशाख्य-ग्रन्थ उपयोगी हैं।

प्रश्न हो सकता है कि मन्त्रों के बाह्य स्वरूप के ज्ञान के लिये शिक्षा-ग्रन्थों, व्याकरण-ग्रन्थों और छन्दोग्रन्थों के होते हुए प्रातिशाख्य-ग्रन्थों की क्या उपयोगिता है? इसका उत्तर है कि शिक्षा-ग्रन्थ, व्याकरण-ग्रन्थ और छन्दोग्रन्थ सभी वेदों के विषय में सामान्य बातें बतलाते हैं; उनका सम्बन्ध वेद की किसी विशेष शाखा के साथ नहीं है। परन्तु प्रातिशाख्य का सम्बन्ध मुख्य रूप से वेद की किसी एक विशिष्ट शाखा के साथ होने के कारण प्रत्येक प्रातिशाख्य शाखा-विशेष का ऊहापोह करके उसका विशिष्ट एवं साङ्गोपाङ्ग अध्ययन प्रस्तुत करता है। इसके अतिरिक्त क्रम-पाठ, क्रम-हेतु, वेदों का पारायण इत्यादि अनेक विषयों का प्रतिपादन भी प्रातिशाख्य-ग्रन्थों में किया गया है जिन्हें शिक्षा-ग्रन्थों, व्याकरण-ग्रन्थों और छन्दोग्रन्थों में स्थान नहीं मिला है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋग्वेदप्रातिशाख्य प्राचीनता, प्रामाणिकता तथा विषय के विस्तृत एवं वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से सभी प्रातिशाख्य-ग्रन्थों में शीर्षस्थानीय है। यतः अन्य सभी वेदों ने ऋग्वेद के मन्त्रों को निःसंकोच रूप से ग्रहण किया है, अतः यह नितान्त स्वाभाविक है कि अन्य वेदों के प्रातिशाख्यों पर ऋग्वेदप्रातिशाख्य का प्रभाव विशाल है। ऋग्वेदप्रातिशाख्य में ऋग्वेद की एकमात्र उपलब्ध शाकल शाखा की शैशिरीय उपशाखा का साङ्गोपाङ्ग विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

सूत्रकार

१०२८ सूक्तों, १०५८०$\frac{2}{3}$ ऋचाओं तथा १५३८२६ शब्दों से समन्वित ऋग्वेद-संहिता की रचना अनेक छन्दों में हुई है। सूत्रकार ने इतने विशाल साहित्य के एक-एक वर्ण का सूक्ष्म निरीक्षण किया है और इसके बाह्य स्वरूप को सामान्य नियमों तथा विशेष नियमों के रूप में उपनिबद्ध किया है। सामान्य नियमों तथा विशेष नियमों के अन्तर्गत न आने वाले सभी स्थलों को निपातन के रूप में प्रस्तुत किया है। अपने नियमों को प्रस्तुत करने के साथ-साथ उन्होंने तद्विषयक अनेक प्रचलित परम्पराओं का उल्लेख किया है। अनेक विवादास्पद विषयों तथा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बातों के विषय में अन्य आचार्यों के मतों को प्रस्तुत करके अपने मत को भी व्यक्त किया है।

सूत्रकार की कतिपय विशेषताओं को यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है—

(१) सूत्रकार ने संधि आदि के नामों के रूप में अनेक ऐसे पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग किया है जो अन्यत्र कहीं उपलब्ध नहीं होते हैं; जैसे अन्वक्षरसंधिवक्त्र, अकाम, नियत, प्रतिकण्ठ, प्रत्याम्नाय, न्याय, प्रत्यय, प्रवाद आदि; (२) प्रत्येक संधि आदि के पारिभाषिक नाम दिये गये हैं और ये पारिभाषिक शब्द अर्थ के अनुसार निर्मित हैं। पाणिनि द्वारा प्रयुक्त 'घ', 'घि' आदि तथा वाजसनेयिप्रातिशाख्य में प्रयुक्त 'सिम्', 'जित्', 'धि' आदि की भाँति अनर्थक संज्ञाओं का प्रयोग सूत्रकार ने नहीं किया है। प्रातिशाख्य में प्रयुक्त अधिकतर पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग इस प्रातिशाख्य के पूर्ववर्ती किसी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं होता है, अतः यह माना जा सकता है कि ये पारिभाषिक शब्द सूत्रकार की ही देन है; (३) चतुर्दश पटल में उच्चारण-दोषों का जैसा साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया गया है वैसा अन्यत्र कहीं नहीं मिलता; (४) सूत्रकार की शैली सामान्यतः सीधी और स्पष्ट है। किंतु कहीं-कहीं पर कवित्व के चक्कर में पड़कर सूत्रकार ने छोटी-छोटी बातों को घुमा-फिरा कर कहा है। एकादश पटल इसका उदाहरण है; (५) ग्रन्थ की रचना सूत्र-शैली में हुई है। तथापि सूत्र-शैली की अस्पष्टता तथा कृत्रिमता से यह ग्रन्थ मुक्त है। अर्थ की हानि करके अल्प शब्दों के प्रयोग का प्रयत्न नहीं किया गया है; (६) सूत्रकार का केवल यही प्रयत्न रहा है कि ऋग्वेद-संहिता की सभी विशिष्टताओं का उल्लेख किया जाये और यह कार्य पूरा करने के लिए उनके पास अगाध पाण्डित्य तथा अक्षय शब्द-भण्डार है। वैदिक परम्पराओं का उनको सविशेष ज्ञान था।

भाष्यकार

उवट के भाष्य में एक अच्छे भाष्य के सभी गुण विद्यमान हैं। उनके भाष्य की गणना संस्कृत के उच्चकोटि के भाष्यों में की जाती है। उनके भाष्य के अधोलिखित

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थलों से उनकी आलोचनात्मक एवं सूक्ष्म दृष्टि का निदर्शन दिया जाता है—सोऽयमाचार्य-प्रवृत्त्या पाठक्रमोऽनुमीयमानो लौकिकवर्णसमाम्नायस्य द्विधा पाठं गमयति···(१।३); गुणोऽयं शास्त्रकृतो यदनेनैव सूत्रेण स्वार्थमभिधत्ते, अधिकारं च प्रकरोति···(१।६८) एवं तर्ह्यधस्तनाभ्यामस्यैव सूत्रस्य प्रपञ्चः कृतः···(१।७०); अतोऽयं लाघविक आचार्यः पुरस्ताद-पवादं चक्रे (१।७७) इत्यादि।

भाष्यकार की कतिपय विशेषताओं को यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है—(१) भाष्यकार ने सूत्रकार की पुष्टि करना अपना परम कर्तव्य समझा है। उन्होंने सभी सूत्रों की सार्थकता को स्थापित किया है तथा सूत्रस्थ सभी पदों की उपयोगिता को दिखलाया है। सूत्रों में प्रतीयमान विरोधों का परिहार किया है तथा सूत्रकार के विरोध में उठायी गई पूर्वपक्षी की शङ्काओं का समाधान अपनी पूरी शक्ति के साथ किया है; (२) सूत्रों को समझाने के लिए उन्होंने सर्वत्र उदाहरणों और प्रत्युदाहरणों को प्रस्तुत किया है; (३) अपने भाष्य में उन्होंने अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों का प्रतिपादन किया है; जैसे—प्रातिशाख्य का प्रयोजन; अधिकार-सूत्र का स्वरूप; विवृत्ति का स्वरूप; कम्प का स्वरूप; स्वरभक्ति, यम और अभिनिधान का स्वरूप; क्रम-पाठ की उपयोगिता; वर्णों के गुण; अनुस्वार का विचार इत्यादि; (४) उन्होंने गम्भीर विषयों को समझाने का पूरा-पूरा प्रयत्न किया है।

ऋग्वेदप्रातिशाख्य के संस्करण

वर्तमान संस्करण से पहले ऋग्वेदप्रातिशाख्य के छः संस्करण प्रकाश में आ चुके हैं। सबसे पहले इसके सूत्रों का संस्करण १८५९ ई० में एम. ए. रेग्नियर ने प्रस्तुत किया। उन्होंने सूत्रों का अनुवाद फ्रेंच भाषा में किया तथा उवट-भाषा के आधार पर संक्षिप्त व्याख्या भी प्रस्तुत की। १८६९ ई० में मैक्समूलर ने सूत्रों को प्रकाशित किया। उन्होंने सूत्रों का अनुवाद जर्मन भाषा में किया तथा उवट-भाष्य के आधार पर संक्षिप्त व्याख्या भी प्रस्तुत की। उसी वर्ष ऋग्वेदप्रातिशाख्य के सूत्रों का एक संस्करण सत्यव्रत सामश्रमी ने कलकत्ता से प्रकाशित किया। १९०३ ई० में उवटभाष्यसहित ऋग्वेदप्रातिशाख्य का एक संस्करण पं० युगल किशोर व्यास तथा उनके शिष्य पं० प्रभुदत्त शर्मा द्वारा बनारस से प्रकाशित हुआ। १९०५ ई० में उवटभाष्यसहित ऋग्वेदप्रातिशाख्य का एक संस्करण हितव्रत सामकण्ठ ने कलकत्ता से प्रकाशित किया। इन उपर्युक्त सभी संस्करणों तथा अनेक हस्तलेखों का मन्थन करके प्रौढ़ वैदिक विद्वान् डा० मंगलदेव शास्त्री ने उवटभाष्यसहित ऋग्वेदप्रातिशाख्य का बड़ा वैज्ञानिक तथा प्रामाणिक अध्ययन तीन खण्डों में प्रस्तुत किया। प्रथम खण्ड में ऋग्वेदप्रातिशाख्य को कारिका के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त इस खण्ड में सभी हस्तलेखों का परिचय दिया गया है तथा ऋग्वेदप्रातिशाख्य के कर्त्ता, भाषा, शैली आदि पर विचार किया गया है। द्वितीय खण्ड में ऋग्वेदप्रातिशाख्य के सूत्रों तथा उवट-भाष्य को प्रस्तुत किया गया है तथा पाद-टिप्पणियों में पाठ-भेदों को दिखलाया गया है। तृतीय खण्ड में सूत्रों का अनुवाद और कतिपय टिप्पणियाँ अंग्रेजी में दी गई हैं तथा अन्त में अनेक परिशिष्टों को जोड़ा गया है। डा० मंगलदेव शास्त्री के ग्रन्थ का आवश्यकतानुसार उपयोग वर्त्तमान संस्करण में किया गया है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्तमान संस्करण

अभी तक जो कार्य नहीं हो सका था वह है उवट-भाष्य का मन्थन। भाष्य का आक्षरिक अनुवाद अब तक किसी भी भाषा में नहीं हुआ था। यह भाष्य आयतन में सूत्र से कम से कम बीस गुणा है। विचार तथा शैली की दृष्टि से यह पातञ्जल महा-भाष्य, शाबर-भाष्य प्रभृति प्रसिद्ध महाभाष्यों से किसी अंश में कम नहीं है। ऋग्वेदप्रातिशाख्य के इस भाष्य में विभिन्न विषयों के वैचित्र्य तथा गाम्भीर्य आ गये हैं। अतः इसका मन्थन समुद्र-मन्थन-सा हो जाता है। विषय-वस्तु अत्यन्त पारिभाषिक होने के कारण और आधुनिक जगत् के सतत-संचरणक्षेत्र के बाहर होने के कारण अन्य अनेक शास्त्रों की भाँति प्रातिशाख्य-शास्त्र की रक्षा का प्रश्न बड़ा जटिल होकर हमारे सामने उपस्थित हो गया है। रक्षा का अर्थ केवल नाश से बचाना ही नहीं, प्रचार भी है। प्रातिशाख्य-शास्त्र की विषय-वस्तु पारिभाषिक शब्दों एवं प्राचीन शैली से प्रतिपादित होने के कारण आधुनिक जगत् इस शास्त्र के लाभ से वंचित होता जा रहा है। यही स्थिति रही तो यह संप्रदाय क्रमशः लुप्त ही हो जायेगा। अत एव गुरुपरम्परा-सिद्ध एवं भारतीय-ऐतिह्य-वाही इस महान् ग्रन्थ-रत्न —ऋग्वेदप्रातिशाख्य—की रक्षा अत्यन्त स्पृहणीय है। यह इष्ट तभी सिद्ध हो सकता है जब भाष्य का रहस्य आधुनिक सुधी—समाज के सामने खोलकर रख दिया जाये। विशेषतः इसी उद्देश्य से इस संस्करण की प्रवृत्ति हुई है।

वर्तमान संस्करण की विशेषतायें

इस संस्करण की ये विशेषतायें हैं :—(१) पूर्ववर्ती आचार्यों से जो कार्य सिद्ध है उसका पिष्टपेषण नहीं किया गया है; अपितु उसी के आधार पर इस कार्य को आगे बढ़ाया गया है। जैसे कि डा० मंगलदेव शास्त्री द्वारा गृहीत सूत्रपाठ एवं भाष्यपाठ को ही अधिकांशतः अपनाया गया है। कहीं-कहीं डा० शास्त्री के पाठ का ग्रहण न करके उनके द्वारा पादटिप्पणी में उल्लिखित पाठान्तर को अपनाया गया है। पङ्क्ति को सुसम्बद्ध बनाने के लिये अथवा सुसंगत अर्थ की प्राप्ति के लिए एक आध स्थलों पर अभिनव भाष्य-पाठ की कल्पना भी की गई है; (२) ऋग्वेदप्रातिशाख्य का यह संस्करण अपने ढंग का सर्वप्रथम प्रयास है। प्रत्येक सूत्र का तथा तत्संलग्न भाष्य का हिन्दी में आक्षरिक अनुवाद किया गया है। विषय को समझने में सौविध्य की दृष्टि से अनुवाद में अधुना प्रचलित लौकिक शब्दों का प्रयोग किया गया है। कोष्ठकों में पारिभाषिक शब्दों का संनिवेश करके प्रौढ़ि भी संरक्षित की गई है। सूत्रार्थ तथा भाष्यार्थ को स्पष्ट करने के लिए अनुवाद करते समय आवश्यकतानुसार कोष्ठक में अतिरिक्त शब्द जोड़े गये हैं; (३) प्रत्येक सूत्र के अनुवाद में जहाँ-जहाँ आवश्यक हुआ है वहाँ-वहाँ सूत्रान्तर से अनुवृत्त शब्दों का ग्रहण किया गया है। उसी प्रकार भाष्यकार ने अपने भाष्य में जहाँ सूत्र-प्रतीक को छोड़ दिया है वहाँ-वहाँ कोष्ठक में उन प्रतीकों को दिखलाया गया है जिससे मूल और उसकी व्याख्या को संलग्न करके पाठक देख सकें; (४) यतः उपर्युक्त शास्त्र-रक्षा ही इस संस्करण का उद्देश्य है, अतः भाष्यस्थ प्रत्येक कठिन स्थल के विषय में टिप्पणी लिखी गई है (i) टिप्पणियों को सार्थक तथा संक्षिप्त बनाने के लिए निर्यासात्मक गणितीय रूप से विषयों का

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपन्यास किया गया है (ii) विषयों को स्पष्ट करने के लिए कहीं-कहीं रेखा-चित्रों की भी सहायता ली गई है (iii) आवश्यकतानुसार संहिता-पाठ, पद-पाठ तथा क्रम-पाठ दिये गये हैं; (५) सूत्रोक्त तथा भाष्योक्त प्रत्येक उदाहरण का मूल पाद-टिप्पणी में उल्लिखित किया गया है; (६) ग्रन्थ के अन्त में पाँच उपयोगी परिशिष्ट जोड़े गये हैं।

इस संस्करण को प्रस्तुत करने में यही उद्देश्य रहा है कि ग्रन्थ स्वयं ही अपने गुणों से पाठकों को अवगत करावे। अत एव यह कर्तव्य समझा गया है कि वैयक्तिक विचारों एवं कल्पनाओं को ग्रन्थ की विषय-वस्तु में न लगाया जावे। इस बात का निरन्तर ध्यान रखा गया है कि इस दुर्बोध विषय को आधुनिक पाठकों के सम्मुख आधुनिक ढंग से प्रस्तुत किया जाये जिससे बुद्धिमान् पाठकों को विषय के समझने में सौविध्य हो। इस प्रयत्न में कहाँ तक सफलता मिली है इसके निर्णय के लिए सहृदय विद्वत्समाज से प्रश्रय अभ्यर्थना कर रहा हूँ।

———

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संक्षेप-सूची

अ० प्रा०=अथर्ववेदप्रातिशाख्यम्, ह्विटनी द्वारा संपादित
अनुवाका०=अनुवाकानुक्रमणी, मैक्डानल द्वारा संपादित
आ० गृ०=आश्वलायनगृह्यसूत्रम्, बिब्लिओथेका इण्डिका
आ० श्रौ०=आश्वलायनश्रौतसूत्रम्, बिब्लिओथेका इण्डिका
ऋ०=ऋग्वेदसंहिता
ऋ० खि०=ऋग्वेदखिलानि, आउफ्रेक्ट का ऋग्वेद का संस्करण
ऋ० प०=ऋग्वेदपदपाठः
ऋ० क्र०=ऋग्वेदक्रमपाठः
ऋ० वि०=ऋग्विधानम्, ए० आर० मेयेर द्वारा संपादित
ऐ० आ०=ऐतरेयारण्यकम्, ए० बी० कीथ द्वारा संपादित
ऐ० ब्रा०=ऐतरेयब्राह्मणम्, आउफ्रेक्ट द्वारा संपादित
कौ० ब्रा०=कौषीतकिब्राह्मणम्, लिण्डनर द्वारा संपादित
तै० प्रा०=तैत्तिरीयप्रातिशाख्यम्, ह्विटनी द्वारा संपादित
तै० ब्रा०=तैत्तिरीयब्राह्मणम्, बिब्लिओथेका इण्डिका
द० स्मृ०=दक्षस्मृतिः, आनन्दाश्रमसंस्कृतग्रन्थावलि
धा० पा०=पाणिनीयधातुपाठः
नि०=निरुक्तम्
पा०=पाणिनीयाष्टाध्यायी
पा०=पाणिनीयाष्टाध्यायी पर वार्त्तिकपाठ
पा० शि०=पाणिनीयशिक्षा, बनारससंस्कृतग्रन्थमाला (शिक्षासंग्रह)
पि०=पिङ्गलच्छन्दःसूत्रम्
प्र० सू० प०=प्रतिज्ञासूत्रपरिशिष्टम्, बनारससंस्कृतग्रन्थमाला (शिक्षासंग्रह)
प्रै०=प्रैष, सेप्टेलोविट्स के द्वारा संपादित
बृ० दे०=बृहद्देवता, मैक्डानल द्वारा संपादित
म० स्मृ०=मनुस्मृतिः
महा०=महाभारतम्, टी० ए० कृष्णाचार्य द्वारा संपादित
मा० शि०=अथर्ववेदीया माण्डूकी शिक्षा, बनारससंस्कृतग्रन्थमाला (शिक्षासंग्रह)
मा० श्रौ०=मानवश्रौतसूत्रम्, एफ०नौयार द्वारा संपादित
मैत्र्यु०=मैत्र्युपनिषद्, बिब्लिओथेका इण्डिका
या० शि०=याज्ञवल्क्यशिक्षा, बनारससंस्कृतग्रन्थमाला (शिक्षासंग्रह)
वा० प्रा०=वाजसनेयिप्रातिशाख्यम्, इन्दु रस्तोगी द्वारा संपादित
वा० सं०=वाजसनेयी संहिता
शा० श्रौ०=शाङ्खायनश्रौतसूत्रम्, बिब्लिओथेका इण्डिका

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शौनककृतम्

ऋग्वेद-प्रातिशाख्यम्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विष्णुमित्रकृता वर्गद्वयवृत्तिः

वृत्तिकारकृतं मङ्गलाचरणम्
शास्त्रावतारः
शास्त्रस्य सम्बन्धः विषयश्च
सूत्रकारकृतं मङ्गलाचरणम्
सूत्रकारस्य प्रतिज्ञा
शास्त्रस्य प्रयोजनम्
संहिता-पद-क्रम-स्वरूपम्
वर्णमाला

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्

श्रीशौनकाय नमः

अथ विष्णुमित्रकृता वर्गद्वयवृत्तिः

(वृत्तिकारकृतं मङ्गलाचरणम्)

सूत्रभाष्यकृतः सर्वान् प्रणम्य शिरसा शुचिः।
शौनकं च विशेषेण येनेदं पार्षदं कृतम् ॥१॥
तथा वृत्तिकृतः सर्वांस्तान्सूत्रयशसस्तथा।
तेषां प्रसादादेतेषां स्वशक्त्या वृत्तिमारभे ॥२॥

(वृत्तिकार के द्वारा किया गया मङ्गलाचरण)

सभी सूत्रकारों और भाष्यकारों को प्रणाम करके और विशेष रूप से शौनक को (प्रणाम करके) जिस (शौनक) ने इस प्रातिशाख्य (पार्षद)[क] का निर्माण किया है; उसी प्रकार सभी वृत्तिकारों तथा सूत्रों (के अध्यापन एवं व्याख्यान) से यश प्राप्त कर लेने वाले (मौखिक व्याख्याताओं)[ख] को भी (नमस्कार करके), उन (सूत्रकारों, भाष्यकारों तथा वृत्तिकारों) की एवं इन (मौखिक व्याख्याताओं) की कृपा से मैं पवित्र (हृदय वाला) अपनी शक्ति से वृत्ति को प्रारम्भ करता हूँ ॥१-२॥

टि० (क) 'परिषद्' का अर्थ है सभा अथवा गोष्ठी। प्राचीन काल में ऐसी परिषदें संगठित रहती थीं जिनमें ध्वनि-विज्ञान और व्याकरण जैसे विषयों पर नियमित रूप से विचार होता था। ऐसी परिषदों से सम्बद्ध होने के कारण ही प्रातिशाख्यों को पार्षद या पारिषद-सूत्र कहते हैं। निरुक्त के व्याख्याकार दुर्गाचार्य ने नि० १।१७ की व्याख्या करते हुए कहा है—"स्वचरणपरिषद्येव यैः प्रतिशाखानियतमेव पदावग्रहप्रगृह्यक्रमसंहितास्वरलक्षणमुच्यते तानीमानि पार्षदानि प्रातिशाख्यानीत्यर्थः" अर्थात् पार्षद या प्रातिशाख्य वे ग्रन्थ हैं जो अपने अध्येतृगण की परिषद् में एक शाखा से सम्बद्ध पदविभाग, प्रगृह्य, क्रमपाठ, संहितापाठ और स्वर के लक्षण को कहते हैं। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के चारों ओर बैठने वाले सहायक व्यक्तियों के लिये भी 'पार्षद' शब्द का प्रयोग होता है। इस दृष्टि से भी प्रातिशाख्यों को, वेदों का सहायक होने के कारण, पार्षद कहा जा सकता है।

(ख) ग्रन्थों के मर्मज्ञ कतिपय आचार्य ऐसे होते हैं जो सूत्रों के व्याख्यानों को ग्रन्थबद्ध न करके अपने जिज्ञासु और श्रद्धालु शिष्यों को उपदेश के रूप में बतलाते हैं। उपदेश के गाम्भीर्य से उनका वह व्याख्यानप्रयुक्त यश सर्वत्र फैल जाता है। ऐसे ही मौखिक व्याख्याकारों की ओर 'सूत्रयशसः' पद के द्वारा संकेत किया गया है। इसके द्वारा विष्णुमित्र अपने मौखिक व्याख्यान करने वाले गुरु को भी नमस्कार कर लेते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेख्यदोषनिवृत्त्यर्थं विस्तरार्थं क्वचित्क्वचित् ।
ज्ञातार्थपाठनार्थं च योज्यते सा मया पुनः ॥३॥

तस्याः समापने शक्तिं त एव प्रदिशन्तु मे ।
लब्ध्वा काममहं तेभ्यो गच्छेयं पारमीप्सितम् ॥४॥

चम्पायां न्यवसत्पूर्वं वत्सानां कुलमृद्धिमत् ।
यस्मिन्द्विजवरा जाता बह्वृचाः पारगोत्तमाः ॥ ५ ॥

देवमित्र इति ख्यातस्तस्मिञ्जातो महामतिः ।
स वै पारिषदे श्रेष्ठः सुतस्तस्य महात्मनः ॥ ६ ॥

नाम्ना तु विष्णुमित्रः स कुमार इति शस्यते ।
तेनेयं योजिता वृत्तिः संक्षिप्ता पार्षदे स्फुटा ॥ ७ ॥

परिगृह्णन्तु विप्रेन्द्राः सुप्रसन्ना इमां मम ।
अज्ञानाद्यदयुक्तं स्यात् तदृजूकृत्य गृह्यताम् ॥ ८ ॥

(१) (सूत्रों की) विषय-वस्तु से सम्बद्ध आक्षेपों (दोषों) की निवृत्ति के लिये, (२) कहीं-कहीं विशद व्याख्यान (विस्तार) करने के लिये और (३) ज्ञात पदार्थों के अध्यापन के लिये मैं इस (वृत्ति) की रचना कर रहा हूँ[क] ॥३॥ इस (वृत्ति) के समाप्त करने में वे (सूत्रकार आदि) ही मुझे शक्ति प्रदान करें। उनसे पर्याप्त (शक्ति) प्राप्त करके मैं (ग्रन्थ की) अभीप्सित समाप्ति को प्राप्त कर लूँ ॥४॥

पहले चम्पा (नगरी) में वत्स (लोगों) का एक धनाढ्य कुल निवास करता था जिसमें विद्वत्शिरोमणि ऋग्वेदी श्रेष्ठ ब्राह्मण उत्पन्न हुये ॥५॥ उस (कुल) में देव-मित्र नामक अत्यन्त बुद्धिमान् (व्यक्ति) उत्पन्न हुआ। वह प्रातिशाख्य का श्रेष्ठ (विद्वान् था)। उस महापुरुष का विष्णुमित्र नाम वाला पुत्र (था)। उसे (लोग) कुमार कहते थे। उस (विष्णुमित्र) के द्वारा प्रातिशाख्य के ऊपर यह संक्षिप्त और स्पष्ट वृत्ति निर्मित हुई है ॥६-७॥ श्रेष्ठ विप्र लोग मेरी इस वृत्ति को भलीभाँति प्रसन्नचित्त होकर ग्रहण करें। अज्ञान के कारण जो अनुचित कहा गया हो उसे ठीक करके ग्रहण कर लें ॥८॥

टि० (क) तीन उद्देश्यों को दृष्टि में रखकर विष्णुमित्र इस वृत्ति की रचना कर रहे हैं—(१) प्राचीन भाष्यकारों एवं वृत्तिकारों ने सूत्रों के तत्त्व के व्याख्यान में कहीं-कहीं न्यूनता की है जिनका परिहार इस वृत्ति के द्वारा किया जायेगा। (२) पूर्ववर्ती भाष्यकारों एवं वृत्तिकारों ने कहीं-कहीं अत्यन्त महत्त्वपूर्ण विषयों का अति संक्षेप से व्याख्यान किया है। ऐसे स्थलों का विस्तार करना भी इस वृत्ति का उद्देश्य है। (३) प्राचीन भाष्यों और वृत्तियों में बहुत से स्थल भलीभाँति ज्ञात और स्पष्ट हैं; उनका यहाँ पुनः प्रतिपादन अध्यापन के लिये किया जायेगा जिससे उन विषयों का लोगों में अधिकाधिक प्रचार हो सके।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(शास्त्रावतारः)

शास्त्रावतारं सम्बन्धं विषयं च प्रयोजनम् ।
ज्ञात्वा ग्राह्यं भवेच्छास्त्रमिति शिष्टानुशासनम् ॥
तस्मादादौ तावच्छास्त्रावतार उच्यते ।
शौनको गृहपतिर्वै नैमिषीयैस्तु दीक्षितैः ।
दीक्षासु चोदितः प्राह सत्रे तु द्वादशाहिके ॥
इति शास्त्रावतारं स्मरन्ति ।

(शास्त्र की उत्पत्ति)

शास्त्र की उत्पत्ति, सम्बन्ध, विषय और प्रयोजन को जानकर ही शास्त्र ग्रहण करने के योग्य होता है (अर्थात् इन बातों को जानकर ही लोग शास्त्र में प्रवृत्त होते हैं)—यह विद्वानों का उपदेश है ।

इसलिये आदि में शास्त्र की उत्पत्ति कही जाती है—

नैमिषारण्य के दीक्षित निवासियों के द्वारा दीक्षाकाल में प्रेरित होकर (सत्रयाग के) यजमान (गृहपति) शौनक ने बारह दिनों वाले सत्र (याग) में (इस प्रातिशाख्य का) प्रवचन किया था ।

शास्त्र की यह उत्पत्ति बतलाते हैं ।

(शास्त्रस्य सम्बन्धः विषयश्च)

अथ सम्बन्ध उच्यते । इह हि द्विजानां वेदाभ्यासः सकलपुरुषार्थसिद्धेः कारणमिति वैदिकः सिद्धान्तः । स च पुरुषार्थश्चतुर्विधः—धर्मार्थकाममोक्षा इति । तदप्युक्तमृग्विधाने, यथा—पवमाननाभानेदिष्ठहृद्यपुरुषसूक्तादिषु ।

(शास्त्र का सम्बन्ध और विषय)

अब सम्बन्ध कहते हैं । इस संसार में द्विजों के लिये वेद का अभ्यास सभी पुरुषार्थों की सिद्धि का कारण है—यह वैदिक सिद्धान्त है । और वह पुरुषार्थ चार प्रकार का है—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष । उसे भी 'ऋग्विधान' में कहा गया है, जैसे—'पवमान,' 'नाभानेदिष्ठ,' 'हृद्य' और 'पुरुष' सूक्तों में (क्रमशः धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को कहा गया है)[क] ।

टि० (क) 'ऋग्विधान' में ऋग्वेद के सूक्तों अथवा मन्त्रों का विधान विशेष कार्यों की सिद्धि के लिये किया गया है । इसके तृतीय अध्याय के प्रथम बारह श्लोकों में ऋग्वेद के नवम मण्डल के प्रथम ६७ 'पवमान'-सूक्तों का विधान धर्म के लिये किया गया है । तृतीय अध्याय के ६३-७० श्लोकों में नाभानेदिष्ठ ऋषि द्वारा दृष्ट सूक्त (१०।६१) का विधान धन-प्राप्ति (अर्थ) के लिये किया गया है । तृतीय अध्याय के १०१-१०७ श्लोकों में 'हृद्य' नामक सूक्तों (१०।८३-८४) का विधान काम की सिद्धि के लिये किया गया है । तृतीय अध्याय के १३७-२३६ श्लोकों में 'पुरुष'-सूक्त (१०।९०) का विधान मोक्ष की सिद्धि के लिये किया गया है ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेदाभ्यासो हि पञ्चधा विहितः—अध्ययनं विचारोऽभ्यसनं जपोऽध्यापनमिति। तथा च स्मर्यते—

"वेदस्वीकरणं पूर्वं विचारोऽभ्यसनं जपः।
तद्दानं चैव शिष्येभ्यो वेदाभ्यासो हि पञ्चधा॥"[१] इति

तदपि वक्ष्यति—"एकः श्रोता दक्षिणतो निषीदेत्"[२] इत्यादिनाऽध्ययनम्। "अभ्यासार्थे द्रुतां वृत्तिम्"[३] इत्यभ्यसनम्। "प्रयोगार्थे तु मध्यमाम्"[४] इति जपादि। अध्यापनम्—"पारायणं वर्तयेद् ब्रह्मचारी"[५] इत्येवमादिना। तस्मादधीतवेदस्य हि सति सामर्थ्ये सम्पूर्ण-फलेच्छया विचारस्यावसरः प्राप्तः। स च विचारो द्विविधः—अर्थतो लक्षणतश्चेति। तथा चोक्तम्—

"स्थाणुरयं भारहारः किलाभूदधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम्।
योऽर्थज्ञ इत्सकलं भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा॥"[६] इति।

तथा च—

"लक्षणं यो न वेत्त्यृक्षु न कर्मफलभाग्भवेत्।
लक्षणज्ञो हि मन्त्राणां सकलं भद्रमश्नुते॥" इति।

वेद का अभ्यास पाँच प्रकार का विहित है—अध्ययन, विचार, अभ्यसन, जप और अध्यापन। और वैसा कहा (भी) गया है—

"वेद का अभ्यास पाँच प्रकार का है—पहले वेद का ग्रहण (अध्ययन) करना, (तब) विचार, अभ्यसन, जप और तब शिष्यों के लिये (वेद का) दान (अर्थात् अध्यापन)।"

(सूत्रकार) भी इन्हें बतलायेंगे—"एक श्रोता (अर्थात् शिष्य) दाहिनी ओर बैठे" इत्यादि के द्वारा अध्ययन को (बतलायेंगे)। "अभ्यास के लिये द्रुत वृत्ति का (प्रयोग करे)" से अभ्यसन को बतलायेंगे। "प्रयोग के लिए मध्यम (वृत्ति का प्रयोग करे)" से जपादि को बतलायेंगे। अध्यापन को—"(जो स्वयं) ब्रह्मचारी (रह चुका है वह गुरु) अध्यापन (पारायण) करे" इत्यादि के द्वारा। वेद का अध्ययन करने के उपरान्त सम्पूर्ण फल की इच्छा से, यदि सामर्थ्य हो तो, विचार का अवसर प्राप्त (होता है)। और वह विचार दो प्रकार (का होता है)—अर्थ (की दृष्टि) से और बाह्य स्वरूप (लक्षण) (की दृष्टि) से। और वैसा कहा भी गया है—

"जो (व्यक्ति) वेद को पढ़कर (उसका) अर्थ नहीं जानता वह भार को ढोने वाला मूढ़ (ठूंठा वृक्ष) है। जो अर्थ को जानता है वह सम्पूर्ण कल्याण को प्राप्त कर लेता है और ज्ञान से पाप को नष्ट करके स्वर्ग को प्राप्त कर लेता है।"

उसी प्रकार (इसमें भी)—

"जो (व्यक्ति) ऋचाओं का बाह्यस्वरूप (लक्षण) नहीं जानता वह कर्मफल को प्राप्त नहीं करता। मन्त्रों के बाह्यस्वरूप (लक्षण) को जानने वाला (व्यक्ति) सम्पूर्ण कल्याण को प्राप्त कर लेता है।"

---

[१] द० स्मृ० २।३४ [२] १५।२ [३] १३।४९ [४] १३।४९
[५] १५।१ [६] नि० १।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तस्मात्तावत्पूर्वं लक्षणमुच्यते, लक्षणपूर्वकं ह्यर्थपरिज्ञानम् ।

तथा चोक्तम्—

"स्वरो वर्णोऽक्षरं मात्रा दैवं योगार्षमेव च ।
मन्त्रं जिज्ञासमानेन वेदितव्यं पदे पदे ॥" इति ।

इसलिए पहले (मन्त्रों का) लक्षण कहते हैं, क्योंकि लक्षण के उपरान्त अर्थ का ज्ञान (होता है) । वैसा कहा भी है—

"मन्त्र को जानने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को प्रत्येक स्थल पर स्वर, वर्ण, अक्षर, मात्रा, देवता, विनियोग और ऋषि को जानना चाहिये ।"

(सूत्रकारकृतं मङ्गलाचरणम्)

सर्वत्र शास्त्रादौ नमस्कारं करोत्याचार्य इष्टसिद्धयर्थम् । यथा—"स्वयंभुवे ब्रह्मणे विश्वगोप्त्रे"[१]; यथा च—"सर्वात्मानं विश्वसृजं स्वयंभुवम्" इति; यथा च—"पितृदेवर्षि-साध्येभ्यः"[२] इति । अतोऽत्रापि शौनकाचार्यो भगवाञ्छास्त्रादौ नमस्कारं चकार, अविघ्नार्थं च—परावर इति ।

(सूत्रकार के द्वारा किया गया मङ्गलाचरण)

आचार्य (शौनक) उद्देश्य (इष्ट) की सिद्धि के लिये सर्वत्र शास्त्र के आदि में नमस्कार करते हैं । जैसे—"विश्व के रक्षक स्वयंभू ब्रह्मा के लिये (नमस्कार करके)"; और जैसे—"विश्व को उत्पन्न करने वाले स्वयंभू परमात्मा को (नमस्कार करके)"; और जैसे—"पितरों, देवों, ऋषियों और साध्यों के लिये (नमस्कार करके)" । इसलिये यहाँ भी भगवान् शौनकाचार्य ने शास्त्र के आदि में (इष्ट की सिद्धि के लिए) और विघ्न की निवृत्ति के लिये "परावरे" इत्यादि के द्वारा नमस्कार किया है ।

परावरे ब्रह्मणि यं सदाहुर्
वेदात्मानं वेदनिधिं मुनीन्द्राः ।
तं पद्मगर्भं परमं त्वादिदेवं
प्रणम्यर्चां लक्षणमाह शौनकः ॥१॥

का० अ०—पर (ब्रह्म) और अवर ब्रह्म (शब्द-ब्रह्म) में जिस (अवर-ब्रह्म) की श्रेष्ठ मुनि लोग सर्वदा स्तुति करते हैं, उस वेदात्मा, वेदनिधि, पद्मगर्भ, सर्वश्रेष्ठ तथा आदिदेव को नमस्कार करके शौनक ऋचाओं का लक्षण कहते हैं ।

---

[१] ऋ० वि० १।१।१

[२] अनुवाका० ३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वि० वृ०—परं चावरं च परावरं ब्रह्म। परं नाम मनसा ध्यानगम्यं सदसदात्मकं वेदान्तेषु यदुच्यते[१]—"यदेतद्धृदयं मनश्च"[२] इत्यादि; तथा च—"महापुरुष इति यमवोचाम"[३] इत्यादि। तथा च—

"ज्योतिरजरं ब्रह्म यद्योगात्समुपाश्नुते"[४] इति।
"स ब्रह्मामृतमत्यन्तं योनिं सदसतोर्ध्रुवम्।
महच्चाणु च विश्वेशं विशति ज्योतिरुत्तमम्॥"[५] इति च।

वि० वृ० अ०—परावर ब्रह्म=पर (ब्रह्म) और अवर (ब्रह्म)। **पर** (ब्रह्म वह है) जो मन से ध्यानपूर्वक प्राप्त किया जा सकता है और जिसे उपनिषदों में सदात्मक और असदात्मक कहा गया है—"जो हृदय और मन है" इत्यादि, और उसी प्रकार—"जिसको हमने 'महापुरुष' कहा है" इत्यादि। और उसी प्रकार—

"(बृहस्पति ऋषि ने उस परब्रह्मज्ञान की स्तुति की) जो अमर ज्योति है और जिस (ज्ञान) की प्राप्ति (योग) से (व्यक्ति) ब्रह्म का लाभ कर लेता है।" और—

"वह (ब्रह्मवित्) उस ब्रह्म में प्रवेश कर जाता है जो अमर है, अनन्त है, कारण (सत्) और कार्य (असत्) का सनातन उत्पत्तिस्थल है, जो विशाल और सूक्ष्म है, सबका स्वामी है और सर्वश्रेष्ठ ज्योति है।"

अवरं तु पुनः करणवदुपांशुध्वाननिमदोपब्विमन्मन्द्रमध्यमोत्तमस्थानेषु जपादिषु कर्मसु यत्प्रयुज्यते शब्दाख्यम्—"अग्निमीळे"[६] इत्यादि। तदुक्तम्—

"द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये शब्दब्रह्म परं च यत्।
शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति॥"[७]

इति शब्दब्रह्मज्ञानपूर्वकं परब्रह्मज्ञानम्।

इसके विपरीत "अग्निमीळे" इत्यादि शब्दरूप (ब्रह्म) ही **अवर** (ब्रह्म) है, जो जपादि कर्मों में करणसहित उपांशु, ध्वान, निमद, उपब्दिमत्, मन्द्र, मध्यम और उत्तम अवस्थाओं (स्थानों) में प्रयुक्त होता है।[क]

कहा भी है—

"दो ब्रह्म जानने चाहिए—शब्दब्रह्म और जो पर (ब्रह्म) है। शब्दब्रह्म में पारंगत होने पर (व्यक्ति) परब्रह्म को प्राप्त करता है।"

इस प्रकार शब्दब्रह्म का ज्ञान होने पर परब्रह्म का ज्ञान होता है।

टि० (क) वाणी (Speech) की ये सात अवस्थायें होती हैं—(१) उपांशु (२) ध्वान (३) निमद (४) उपब्दिमत् (५) मन्द्र (६) मध्यम और (७) उत्तम। 'उपांशु' अवस्था में बहुत धीमी ध्वनि से उच्चारण किया जाता है। उदाहरण के लिये कानाफूसी करते समय 'उपांशु' उच्चारण होता है। इसमें सम्बद्ध वर्णों के

---

[१] तु० बृ० उ० २।३।१ [२] ऐ० आ० २।६ [३] ऐ० आ० ३।२।३
[४] बृ० दे० ७।१०९ [५] बृ० दे० ८।१४० [६] ऋ० १।१।१
[७] मैत्र्यु० ६।२२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तस्मिन् परावरे ब्रह्मणि; **यम्** = वेदब्रह्माख्यम्; **सदा** = सर्वदा; **आहुः** = वदन्ति = स्तुत्यादिभिः स्तुवन्ति = विचारयन्ति = मीमांसन्ते। "एतं ह्येव बह्वृचा महत्युक्थे मीमांसन्ते"[१] इति यथा। क आहुः? **मुनीन्द्राः** = मुनिप्रधानाः। ऋषयो मन्त्र-द्रष्टारः। कैर्नामभिः? इत्युच्यते—

परावरे ब्रह्मणि = उस पर और अवर ब्रह्म में; **यम्** = जिस वेदब्रह्म नामक (ब्रह्म) को; **सदा** = सर्वदा; **आहुः** = कहते हैं = स्तुति आदि से वर्णन करते हैं = विचार करते हैं = मीमांसा करते हैं। जैसे (यह प्रमाण है)—"इसी के विषय में ऋग्वेदी लोग (बह्वृच)[क] प्रौढ़ शस्त्र[ख] (उक्थ) में विचार करते हैं।" कौन कहते हैं? **मुनीन्द्राः** = प्रधान मुनि लोग। मन्त्रों का दर्शन करने वाले ऋषि (कहलाते हैं)। किन नामों से (कहते हैं)? (उत्तर) बतलाते हैं—

उच्चारणस्थानों और प्रयत्नों की चेष्टा तो अवश्य होती है किंतु ध्वनि नहीं होती अथवा अत्यन्त अल्प ध्वनि होती है। मन ही मन में उच्चारण करना भी 'उपांशु' नहीं क्योंकि 'उपांशु' में वाचिक चेष्टा अनिवार्य है। तै० प्रा० २३।६ में 'उपांशु' का लक्षण यह किया गया है—"करणवदशब्दममनःप्रयोगमुपांशु" अर्थात् सम्बद्ध स्थान और प्रयत्न से, बिना शब्द किये, तथा मन ही मन में न किया जाने वाला, उच्चारण (प्रयोग) 'उपांशु' है। 'ध्वान' में ध्वनि होती है किंतु स्वरों और व्यञ्जनों के भेद का ज्ञान नहीं होता है जैसा कि तै० प्रा० २३।७ में कहा गया है—"अक्षरव्यञ्जनानामनुपलब्धिर्ध्वानः" अर्थात् स्वरों और व्यञ्जनों की जिसमें उपलब्धि नहीं होती वह 'ध्वान' है। वाणी की 'निमद' नामक तृतीय अवस्था में ध्वनि कुछ और ऊँची हो जाती है और उसमें स्वरों और व्यञ्जनों का भेद ज्ञात होता है जैसा कि तै० प्रा० २३।८ में कहा गया है—"उपलब्धिर्निमदः" अर्थात् जहाँ स्वरों और व्यञ्जनों की उपलब्धि हो वह 'निमद' है। चतुर्थ अवस्था 'उपब्दिमत्' में उच्च ध्वनि होती ह जैसा कि तै० प्रा० २३।९ में कहा है—"सशब्दमुपब्दिमत्" अर्थात् 'उपब्दिमत्' में (उच्च) शब्द के साथ उच्चारण होता है। 'मन्द्र', 'मध्यम' और 'तार' अवस्थाओं में क्रमशः हृदय, कण्ठ और शिर में उच्चारण होता है जैसा कि तै०प्रा० २३।१० में कहा गया है—"उरसि मन्द्रं कण्ठे मध्यमं शिरसि तारम्"। 'मन्द्र' अवस्था में व्याघ्र की ध्वनि के समान ध्वनि होती है, 'मध्यम' अवस्था में चक्रवाक के कूजने के समान ध्वनि होती है और 'तार' अवस्था में मयूर अथवा हंस अथवा कोकिल की ध्वनि के समान ध्वनि होती है।

टि० (क) याग में प्रयोग करने के लिए जिन 'होतृ' नामक ऋत्विजों के पास वेद से संगृहीत बहुत ऋचायें हैं उन ऋत्विजों को 'बह्वृच' कहते हैं, जैसा कि सायण ने ऐ० आ० ३।२।३ के भाष्य में कहा है—

"बह्व्य ऋचो यागप्रयोगार्थं येषां होतृणां ते होतारो बह्वृचाः।"

(ख) 'होतृ' नामक ऋत्विज् ऋग्वेद की ऋचाओं का पाठ करके देवताओं का यज्ञ में आह्वान करता है। गायी न जाने वाली इन ऋचाओं से सम्पन्न स्तुति को 'शस्त्र' कहा जाता है, जबकि गाये जाने वाले साम-मन्त्रों से सम्पन्न स्तुति को 'स्तोत्र' कहते हैं।

---

[१] ऐ० आ० ३।२।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेदात्मा वेदनिधिः पद्मगर्भः परम आदिदेव इत्येवमादिभिः । **वेदानामात्मा= वेदात्मा । वेदा इति**—विद्यते ज्ञायते लभ्यते वैभिर्धर्मादिपुरुषार्थ इति वेदाः । **"मन्त्रब्राह्मणयो-र्वेदनामधेयम् ।"**[१] तत्र ह्याव्यभिचारेण तत्स्वरवर्णमात्रापूर्वकः पाठः । सर्वकालं सर्वदेशेषु प्रति-चरणमविभागेनैकैको मन्त्रराशिर्वेद इत्युच्यते । **आत्मा**—**"अत सातत्यगमने"** ।[२] सततं सर्वदा सर्वदेशे सर्वकाले च भोक्तृत्वेन च स्रष्टृत्वेन चातति गच्छतीत्यात्मा । **तं वेदात्मानम् ।**

वेदात्मा, वेदनिधि, पद्मगर्भ, परम, आदिदेव इत्यादि (नामों से) । **वेदात्मा=** वेदों की आत्मा । **वेदा** इति—इनके द्वारा धर्म आदि पुरुषार्थ जाना जाता है या प्राप्त किया जाता है इसलिए इन्हें वेद (कहते हैं) । "मन्त्र और ब्राह्मण का नाम वेद है ।" उन (वेदों) में बिना किसी अपवाद के स्वर, वर्ण और मात्रापूर्वक पाठ (होता है) । सब कालों में और सब देशों में बिना किसी भेद के प्रत्येक शाखा में एक-एक मन्त्र-राशि वेद कही जाती है । **आत्मा** (शब्द) 'अत' सातत्यगमने (से निष्पन्न हुआ है) । सततम्=सर्वदा, सब स्थानों पर, सभी समयों में, भोक्ता के रूप में और स्रष्टा के रूप में भ्रमण करता है=जाता है, इसलिए (इसे) आत्मा (कहते हैं) । उस **वेदात्मा** को (प्रणाम करके) ।

वेदनिधिम्—**वेदानां निधिर्वेदनिधिः; वेदानां स्थानमित्यर्थः । जनयति पोषयति च । तथा च व्यासः :—**

> **"सृष्ट्यादौ ब्रह्मणो वेदा मुखेभ्यश्च विनिर्गताः ।**
> **तत्रैव च लयं यान्ति प्रलये समुपस्थिते ॥"** इति ।

तं वेदनिधिम् ।

पद्मगर्भम्—**पद्मे गर्भः=पद्मगर्भः=पद्मगर्भादुत्पन्नः । तथा च—**

> **"विष्णोर्जले शयानस्य नाभेः पद्मं समुत्थितम् ।**
> **तस्मिन्ब्रह्मा समुत्पन्नस्तेन दृष्टं चराचरम् ॥"** इति ।

तं पद्मगर्भम् ।

परमम्—**स एव देवानां परमोऽन्ये देवा अवमा इत्यर्थः । तं परमम् ।**

वेदनिधिम्—वेदनिधिः=वेदों की निधि; (अर्थात्) वेदों का स्थान । (शब्दब्रह्म वेद को) उत्पन्न करता है और (उसका) पोषण करता है । व्यास ने भी वैसा (कहा है)—

"सृष्टि के आदि में वेद ब्रह्मा के मुख से निकले और प्रलय उपस्थित होने पर वहीं विलीन हो जाते हैं ।"

उस **वेदनिधि** को (प्रणाम करके) ।

पद्मगर्भम्—पद्मगर्भः=पद्म में संजात; पद्म रूप गर्भ से उत्पन्न (यह अर्थ है) । वैसा भी (कहा है)—

"जल में शयन करते हुए विष्णु की नाभि से पद्म उत्पन्न हुआ । उसमें ब्रह्मा उत्पन्न हुआ, (जिसने) चराचर को देखा ।"

उस **पद्मगर्भ** को (प्रणाम करके) ।

परमम्—देवताओं के मध्य में वही सर्वश्रेष्ठ (परम) है; अन्य देव (उसकी अपेक्षा) निकृष्ट हैं । उस सर्वश्रेष्ठ को (नमस्कार करके) ।

---

[१] प्र० सू० प० १।२ [२] धा० पा०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तु शब्दो विशेषणार्थः। आदिदेवम् इति—स एव ह्यादावुत्पन्नः पश्चादन्ये देवा इति। "देवो दानाद्वा दीपनाद्वा द्योतनाद्वा द्युस्थानो भवतीति वा।[1]"

तमेवंगुणविशिष्टं ब्रह्मावराख्यं प्रणम्य = प्रणामं कृत्वा; प्रकर्षेण नमनम् = प्रणमनम् = नमस्कारं कृत्वेत्यर्थः।

'तु' शब्द विशेषण के लिए है। **आदिदेवम्** -वही आदि में उत्पन्न हुआ; तत्पश्चात् अन्य देवता (उत्पन्न हुए)। **देव**—दान देने से अथवा दीपन से अथवा द्योतन[क] से अथवा द्युस्थानीय होने से (देव कहे जाते हैं)।

इस प्रकार के गुणों से विशिष्ट अवर नामक ब्रह्म को **प्रणम्य** = प्रणाम करके; प्रकृष्ट रूप से नमन = प्रणमन = नमस्कार करके (यह अर्थ है)।

(सूत्रकारस्य प्रतिज्ञा)

ततः किं कृतवानित्युच्यते—ऋचां लक्षणमाह शौनक इति। ऋच इति परिमिताक्षर-पादार्धर्चविहिता मन्त्राः। तथा चोक्तम्—

"यः कश्चित्पादवान्मन्त्रो युक्तश्चाक्षरसंपदा।
स्वरयुक्तोऽवसानेन च तामृचं परिजानते॥" इति।

(सूत्रकार की प्रतिज्ञा)

तत्पश्चात् क्या किया? (उत्तर) बतलाते हैं—शौनक ने ऋचाओं का बाह्य स्वरूप (लक्षण) बतलाया। परिमित अक्षरों, पादों और अर्धर्चों से समन्वित मन्त्र **ऋचायें** (कहलाती हैं)। वैसा कहा भी है—

"जो कोई मन्त्र पादों से समन्वित (होता है) और अक्षर-सम्पत्ति से युक्त (होता है), (उदात्तादि) स्वरों से युक्त (होता है) और अवसान से (युक्त होता है), उसे ऋचा समझते हैं।"

लक्षणं च स्वरवर्णाक्षरमात्रादिलक्षितम्। तदुक्तम्—"स्वरो वर्णोऽक्षरं मात्रा" इति। आह = ब्रवीति = वदति = उच्चारयतीत्यर्थः। शौनक आचार्यो भगवान्; शुनकस्यापत्यं शौनकः।

स्वर, वर्ण, अक्षर और मात्रा आदि से विशिष्ट बाह्यस्वरूप (लक्षण) (होता है) [अर्थात् ऋचाओं के लक्षण को जानने के लिए हम ऋचाओं के स्वर, वर्ण, अक्षर मात्रा आदि का अध्ययन करते हैं]। कहा भी है—"स्वर, वर्ण, अक्षर (और) मात्रा (ही लक्षण हैं)।"[ख] **आह** = बोलता है = कहता है = उच्चारण करता है—यह अर्थ है। शौनक = भगवान् आचार्य ने (कहा); शौनक = शुनक का पुत्र। 'शौनक' नाम का ग्रहण स्मरण

टि० (क) दीपन और द्योतन का एक ही अर्थ है—प्रकाश करना। इनमें केवल धातु का भेद है।

टि० (ख) पृ० ८ पर उद्धृत श्लोक को देखिए।

---

[1] नि० ७।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नामग्रहणं स्मरणार्थम्। यावदस्मिँल्लोके पुरुषः पुण्येन कर्मणा श्रूयते तावदयं स्वर्गे लोके वसति—इति श्रुतिः। तथा चोक्तम्—

"दिवं स्पृशति भूमिं च शब्दः पुण्यस्य कर्मणाम्।
यावत् स शब्दो भवति तावत् पुरुष उच्यते॥"[१] इति।

यथा—"महिदास ऐतरेय आह"[२] इति; यथा च—"मनुराह प्रजापतिः।"[३]

ऋचां लक्षणमाह इतीयमाचार्यस्य प्रतिज्ञा। अत ऊर्ध्वं यदुच्यते तत्सर्वमृचां लक्षणमिति वेदितव्यम्। "संहिता पदप्रकृतिः"[४] इत्येवमादि तत्सर्वमृचां लक्षणमिति वेदितव्यम्। यथा—"अग्न्याधेयप्रभृतीन्याह वैतानिकानि"[५]; यथा च—"गृह्याणि वक्ष्यामः"[६] इति प्रतिज्ञां करोति। तथा सर्वत्र वेदितव्यम्॥

एवं शास्त्रादौ नमस्कारं च प्रतिज्ञां च कृत्वा शास्त्रप्रयोजनमाह—

के लिए है। जब तक इस संसार में पुरुष का नाम (उसके) पुण्य कर्म के कारण रहता है, तब तक वह स्वर्गलोक में निवास करता है—यह श्रुति (परम्परा) है। वैसा कहा भी है—

"पुण्य के कार्यों का विवरण द्युलोक और भूमि को स्पर्श करता रहता है। जब तक वार्त्ता रहती है तब तक पुरुष स्मरण में रहता है।"

जैसे—"ऐतरेय महिदास ने कहा" और जैसे—"प्रजापति मनु ने कहा।"

"ऋचाओं का लक्षण कहते हैं" यह आचार्य की प्रतिज्ञा है। इसके आगे जो कहेंगे वह सब ऋचाओं का बाह्य स्वरूप (लक्षण) है—यह जानना चाहिए। (जैसे) "पद संहिता की प्रकृति हैं" इत्यादि सब (सूत्र) ऋचाओं का लक्षण है—यह जानना चाहिए। (प्रतिज्ञा के बारे में दृष्टान्त) जैसे—"तीन पवित्र अग्नियों में किए जाने वाले (अर्थात् वेदप्रतिपादित) अग्न्याधेय प्रभृति (यागों) को कहते हैं" और जैसे—"गृह्याग्नि में किए जाने वाले (यागों) को कहेंगे" में (आश्वलायन) प्रतिज्ञा करते हैं। वैसा सर्वत्र जानना चाहिए [तात्पर्य यह है कि ग्रन्थ के प्रारम्भ में ग्रन्थकार प्रतिज्ञा के द्वारा अपने प्रतिपाद्य विषय की घोषणा करते हैं]।

इस प्रकार शास्त्र के आदि में नमस्कार और प्रतिज्ञा करके (अब) शास्त्र का प्रयोजन कहते हैं—

(शास्त्रस्य प्रयोजनम्)

माण्डूकेयः संहितां वायुमाह
तथाकाशं चास्य माक्षव्य एव।

(शास्त्र का प्रयोजन)

का० अ०—माण्डूकेय ने (द्युलोक और पृथ्वी की) संधि (संहिता) को वायु बतलाया है। वैसे ही माक्षव्य ने इस (उपासन) के लिए (संहिता) को आकाश (बतलाया है)।

---

[१] महा० ३।३१४।१२२ [२] ऐ० आ० २।१।८ [३] म० स्मृ० १०।७८
[४] २।१ [५] आ० श्रौ० १।१।२ [६] आ० गृ० १।१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वि० वृ०—इत्यादि। तथा च—

"सर्वस्यैव हि शास्त्रस्य कर्मणो वापि कस्यचित्।
यावत्प्रयोजनं नोक्तं तावत्तत्केन गृह्यताम्॥" इति।

वि० वृ० अ०—इत्यादि। (प्रयोजन की आवश्यकता के विषय में) वैसा (कहा) भी है—

"सभी शास्त्रों का अथवा किसी भी कर्म का जब तक प्रयोजन नहीं बतलाया जाता, तब तक कौन उसको ग्रहण करेगा? (अर्थात् उसके प्रति कोई आकर्षित न होगा)।"

माण्डूकेयः आचार्यो भगवान् संहिताम्=द्यावापृथिव्योः संहिताम्; **वायुमाह**=ब्रवीति—"अथातः संहिताया उपनिषत्—पृथिवी पूर्वरूपं द्यौरुत्तररूपं वायुः संहितेति माण्डूकेयः"[१] इति। **तथाकाशं चास्य माक्षव्य एव**—तथा तयोरेव द्यावापृथिव्योराकाशं च संहितास्योपासनस्य माक्षव्यो नामाचार्य इच्छति। **च**—शब्दाद्वायुं च॥

(माण्डूकेय इत्यादि श्लोक की व्याख्या) भगवान् माण्डूकेय आचार्य द्युलोक और पृथिवी की संधि (संहिता) को वायु **आह**=कहते हैं=बतलाते हैं—"इस कारण से इसके बाद में[क] संहिता की विद्या[ख] (उपनिषत्) को (कहते हैं)—माण्डूकेय (का मत है) कि पृथिवी पूर्वरूप है और द्युलोक उत्तररूप है तथा वायु (उनकी) संधि (संहिता) है।" **तथाकाशं चास्य माक्षव्य एव** (का व्याख्यान)—माक्षव्य नामक आचार्य का अभिमत है कि इस उपासन में द्युलोक और पृथिवी की संधि (संहिता) आकाश है। (सूत्र में प्रयुक्त) **'च'** शब्द से वायु भी (संहिता) है।[ग]

टि० (क) पाठवासना से युक्त व्यक्ति का चित्त पाठसम्बन्ध से रहित प्राणविद्या और ब्रह्मविद्या में प्रवेश नहीं कर पाता, इस कारण से पाठ की जाने वाली संहिता की विद्या बतलाते हैं—यह तात्पर्य है।

(ख) संहिता की इस विद्या (उपनिषत्=उपासना) से प्रजा, पशु आदि फल की प्राप्ति होती है, जैसा कि सायण ने ऐ० आ० ३।१।१ की व्याख्या में बतलाया है—"उपनिषण्णमस्यां विद्यायां प्रजापश्वादिफलमुपनिषत्।"

(ग) सूत्रकार ने दूसरे, तीसरे और चौथे श्लोकों में ऐतरेयारण्यक के तृतीय आरण्यक के विषय के कतिपय अंश को उद्देश्यविशेष से उपनिबद्ध किया है जिसे वृत्तिकार ने ऐतरेयारण्यक के उद्धरण देकर समझाने का प्रयत्न किया है। ऐतरेयारण्यक और तत्रत्य सायण-भाष्य की सहायता से इस विषय को कुछ विस्तार में यहाँ समझाया जा रहा है।

ऐतरेयारण्यक के तृतीय आरण्यक में संहिता की उपासना का प्रतिपादन किया गया है। "अग्निमीळे" (ऋ० १।१।१) के 'अग्निम्' पद का जो मकार है वह संहिता का पूर्व-रूप है; 'ईळे' का ईकार संहिता का उत्तर-रूप है। इन

---

[१] ऐ० आ० ३।१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समानतानिले चाम्बरे च
मत्वागस्त्योऽविपरिहारं तदेव ॥ २ ॥

का० अ०—वायु और आकाश समान हैं, (यह) मानकर आगस्त्य ने (कहा कि) वही (अर्थात् इन दोनों को समान मानना ही) अपरित्याग (अपरिहार है)।

समानताम्=समाने तुल्ये एते संहिते अनिले चाम्बरे च। (एवं) मत्वा **आगस्त्यः**=अगस्त्यपुत्रः; अविपरिहारं दत्तवाँस्तदेव नान्य इति। विविधः परिहारः=विपरिहारः। अविपरिहारं मत्वा अपरित्यक्तो वायुराकाशश्चेति।

समानताम्=चाहे वायु (संहिता) हो और चाहे आकाश (संहिता) हो दोनों संहितायें समान हैं, यह मानकर **आगस्त्यः**=अगस्त्यके पुत्र ने; अपरिहार दिया। (वायुसंहिता और आकाशसंहिता—ये दोनों) वही (अर्थात् समान) हैं, अन्य नहीं। विपरिहार=विविध परिहार। (इस प्रकार) मानने पर न तो वायु का परित्याग होता है और न आकाश का।

दो वर्णों का मेल (=मी) संहिता है। इन पूर्वोत्तर वर्णों और उनकी संहिता में क्रमशः पृथिवी, द्युलोक और वायु की दृष्टि करनी चाहिए। दूसरे शब्दों में—पूर्व वर्ण आदि की पृथिवी आदि की दृष्टि से उपासना करनी चाहिए। आचार्य माण्डूकेय का मत है कि संहिता (मी) में वायुदृष्टि करनी चाहिये। आचार्य माक्षव्य का कहना है कि इस संहिता (मी) में आकाशदृष्टि करनी चाहिये। माक्षव्य का अभिप्राय है कि आकाशदृष्टि करने पर वायुदृष्टि का भी परित्याग नहीं होता क्योंकि आकाश में स्थित रहने के कारण वायु का आकाश में ही अन्तर्भाव हो जाता है। इसके विपरीत वायु में आकाश का अन्तर्भाव नहीं हो सकता क्योंकि आकाश वायु का कारण है और वायु की अपेक्षा अधिक व्याप्त है। इससे सिद्ध हुआ कि आकाशदृष्टि करने पर आकाशदृष्टि और वायुदृष्टि—ये दोनों—संहिता में सिद्ध हो जाती हैं। इसके विपरीत वायुदृष्टि करने पर आकाशदृष्टि का परित्याग हो जाता है। इससे आकाशदृष्टि करना ही युक्त है।

आचार्य आगस्त्य का कहना है कि माण्डूकेय का मत (वायुः=संहिता) और माक्षव्य का मत (आकाशः=संहिता)—ये दोनों—समान अर्थात् तुल्य बल वाले हैं। "वायु आकाश में स्थित है" यह वस्तुस्थिति यहाँ उपासना में कोई महत्त्व नहीं रखती क्योंकि वस्तुओं के स्वभाव के अनुसार कोई उपासना प्रवृत्त नहीं होती किंतु वचन के अनुसार होती है। वचन तो "वायुः=संहिता" और "आकाशः=संहिता" इन दोनों पक्षों में समान है। इसलिये आकाशदृष्टि करने पर वायुदृष्टि सिद्ध नहीं होती जिसके परिणामस्वरूप वायु का परित्याग हो जाता है। ऐसी वस्तुस्थिति में वायु और आकाश से सम्बद्ध दोनों मत बराबर हैं। इसलिये संहिता में विकल्प से वायु और आकाश की दृष्टि करनी चाहिये, यह सिद्धान्त है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अध्यात्मक्लृप्तौ शूरवीरः सुतश्च
वाङ्मनसयोर्विवदन्त्यानुपूर्व्ये ।

का० अ०—अध्यात्मदृष्टि में शूरवीर (माण्डूकेय) और (उनके) पुत्र वाणी और मन के क्रम के विषय में विवाद करते हैं ।

वि० वृ०—अध्यात्मक्लृप्तौ=अध्यात्मविषये क्लृप्तिः=कल्पना; प्राणः संहिता । (शूरवीरः=) शूरवीरनामाऽऽचार्यः ; तस्य सुतश्च ; विवदन्ति=विवादं कुरुतः ; वाङ्मनसयोः ; आनुपूर्व्ये=क्रमे । कथम् ? "अध्यात्मम्—वाक्पूर्वरूपं मन उत्तररूपं प्राणः संहिता"[1] इत्येकः । अपरस्तद्विपरीतमाह "मनः पूर्वरूपं वागुत्तररूपम्"[2] इति ।

वि० वृ० अ०—अध्यात्मक्लृप्तौ=अध्यात्म[क] के विषय में 'क्लृप्तिः'=कल्पना; प्राण संहिता है । (शूरवीरः=)शूरवीर (माण्डूकेय) नामक आचार्य सुतश्च=और उनका पुत्र; वाङ्मनसयोः=वाणी और मन के; आनुपूर्व्ये=क्रम के विषय में; विवदन्ति=विवाद करते हैं । कैसे ? "अध्यात्म (उपासना को कहते हैं)—वाणी पूर्वरूप है, मन उत्तररूप है, प्राण (उनकी) संहिता है" यह एक (माण्डूकेय) (कहता है) । दूसरा (माण्डूकेय का पुत्र) उसके विपरीत कहता है—"मन पूर्वरूप है, वाणी उत्तररूप है ।"[ख]

टि० (क) यहाँ पर अध्यात्म उपासना का प्रसंग है । आरण्यकों म आत्मा का अर्थ अधिकतर स्थलों पर जीवात्मा (Soul) नहीं अपितु स्थूल शरीर और शरीर के अवयव हैं । इसीलिये सायण ने 'अध्यात्मम्' शब्द के विषय में कहा है—"आत्मानं वागादिसंघातरूपमधिकृत्य वर्तत इत्यध्यात्ममुपासनमुच्यते" अर्थात् वाणी आदि शरीर के अवयवों के समूह को अधिकृत करके प्रवृत्त होने से इसे अध्यात्म उपासना कहते हैं ।

(ख) माण्डूकेय आचार्य का मत है कि पूर्व-वर्ण में वाणी की दृष्टि करनी चाहिये और उत्तर-वर्ण में मन को दृष्टि करनी चाहिये । माण्डूकेय के ज्येष्ठ पुत्र वाणी और मन के पूर्वोक्त क्रम को विपरीत कर देते हैं । उनका अभिप्राय यह है कि लोक में सभी पुरुष पहले मन में यह संकल्प कर लेते हैं कि "यह कहूँगा"; तत्पश्चात् उच्चारण करते हैं । इसलिए इस वस्तुतत्त्व का अनुसरण करके पूर्व-वर्ण में मन की दृष्टि करनी चाहिये और उत्तर-वर्ण में वाणी की दृष्टि करनी चाहिए । दोनों वर्णों को संधि (संहिता) में तो पूर्वोक्त प्राण की ही दृष्टि (ध्यान) करनी चाहिये; उसमें कोई मतभेद नहीं है ।

इसके अनन्तर ऐतरेयारण्यककार का कथन है—"समानमेनयोरत्र पितुश्च पुत्रस्य च, इति ।" इसका अर्थ यह है कि उपासना वस्तुतत्त्व की अपेक्षा नहीं करती । "वचन के अनुसार उपासना करनी चाहिये"—यह न्याय है । इसलिये पिता और पुत्र—इन दोनों—का मत समान है । वाणी की दृष्टि और मन की दृष्टि के क्रम में विकल्प है—यह सिद्धान्त है ।

---

[1] ऐ० आ० ३।१।१ [2] ऐ० आ० ३।१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एवम्—"अथातः संहिताया उपनिषत्"[१] इत्यस्यार्थः सूचितः। तस्य प्रयोजनं किल वक्ष्यति—"पूर्वमक्षरं पूर्वरूपमुत्तरमुत्तररूपं योऽवकाशः पूर्वरूपोत्तररूपे अन्तरेण सा संहिता"[२] इति। तत्र पृथिव्यां दृष्टिर्दृष्टेः फलं तत्फलप्राप्तिः स्यादिति। वक्ष्यति च—"स य एवमेतां संहितां वेद"[३] इति॥

अथेदानीं संहिता-पद-क्रम-स्वरूपमाह—

इस प्रकार—"इसलिए अब संहिता की विद्या (उपासना) (बतलाते हैं)" का अर्थ सूचित कर दिया गया है। उसका प्रयोजन बतलायेंगे—"(इस संहितोपनिषद् के प्रारम्भ में 'पृथिवी पूर्वरूपं द्यौरुत्तररूपम्' इत्यादि में) पूर्वरूप से पूर्ववर्ती अक्षर (विवक्षित है), उत्तररूप से परवर्ती (उत्तर) अक्षर (विवक्षित है)। पूर्वरूप और उत्तररूप के मध्य में जो अवकाश है वह संहिता (शब्द से विवक्षित है)।" वहाँ (अर्थात् पूर्ववर्ती अक्षर आदि में) पृथिवी आदि की दृष्टि (ध्यान) करनी चाहिये। दृष्टि का फल यह है कि उससे उस फल की प्राप्ति हो जायेगी। (ऐतरेयारण्यककार) भी बतलायेंगे—"जो इस प्रकार संहिता को जानता है।"

तत्पश्चात् अब संहिता (-पाठ), पद (-पाठ) और क्रम (-पाठ) का स्वरूप बतलाते हैं—

(संहिता-पद-क्रम-स्वरूपम्)

संधेर्विवर्तनं निर्भुजं वदन्ति
शौद्धाक्षरोच्चारणं च प्रतृण्णम्।
उभयं व्याप्तमुभयमन्तरेण
तथा परे कामा अन्ननाकोभयाख्याः॥

(संहिता-पाठ, पद-पाठ और क्रम-पाठ का स्वरूप)

का०अ०—संधि के संपादन करने को 'निर्भुज' (संहिता-पाठ) कहते हैं और (प्रत्येक) शुद्ध अक्षर (और पद) के उच्चारण को 'प्रतृण्ण' (पद-पाठ) (कहते हैं)। 'उभयमन्तरेण' (क्रम-पाठ) के द्वारा दोनों ('निर्भुज' तथा 'प्रतृण्ण') व्याप्त रहते हैं। उसी प्रकार कामनाओं (के पदार्थ भी) श्रेष्ठ हैं—अन्न, स्वर्ग और दोनों (अन्न और स्वर्ग)।

वि० वृ०—निर्भुजम्—संहिताध्ययनमुच्यते। संधेर्विवर्तनम्—द्वयोः पदयोरक्षरयोर्वा संधिः=मध्यमवकाशोऽन्तरमित्यनर्थान्तरम्। तस्य संधेः; विवर्तनम्=अविच्छेदाध्ययनम्; तत् निर्भुजं वदन्ति। आचार्याः=पाठकाः। द्विविधा हि संहिता—अक्षरसंहिता च पदसंहिता च। अत्राक्षरग्रहणमुपलक्षणं वर्णयन्ति। संधिविवृत्त्या तु निर्भुजं वदन्ति इति केचित्पठन्ति। अर्थस्तु स एव। शौद्धाक्षरोच्चारणम्—शुद्धे द्वे अक्षरे पदे वा संधिमकुर्वता; उच्चारणम्=अभिव्याहरणम्; तत्; प्रतृण्णम्—पदाध्ययनमुच्यते।

---

[१] ऐ० आ० ३।१।१ [२] ऐ० आ० ३।१।५ [३] ऐ० आ० ३।१।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वि० वृ० अ०—संहिताध्ययन (संहिता-पाठ) को **'निर्भुज'**[क] कहते हैं। **संधेर्विवर्तनम्**—दो पदों अथवा अक्षरों की संधि=मध्य, अवकाश या अन्तर—ये भिन्नार्थक नहीं हैं (अर्थात् समानार्थक हैं); (पदान्त और पदादि के बीच में जो अवकाश होता है उसको हटाना ही संधि का कार्य है)। उस (अवकाश से सम्बन्धित) संधि के विवर्तन=अविच्छेदाध्ययन को; **निर्भुजं वदन्ति**='निर्भुज' कहते हैं। आचार्य=पाठक (कहते ह)। संहिता दो प्रकार की होती है—अक्षरसंहिता और पदसंहिता। यहाँ अक्षर के ग्रहण को उपलक्षण बतलाते हैं। कुछ लोग **संधिविवृत्त्या**[ख] **तु निर्भुजं वदन्ति** यह पाठ करते हैं; अर्थ तो वही है। **शौद्धाक्षरोच्चारणम्**—दो शुद्ध अक्षरों अथवा दो पदों का बिना संधि किये जो उच्चारण = कथन है, उसे **प्रतृण्ण**[ग]=पदाध्ययन (पद-पाठ) कहते हैं।

उभयं व्याप्तम्—संहिता च पदं च। केन? इत्याह – **उभयमन्तरेण; क्रमाध्ययनेनोभयं व्याप्तं स्थितं वेदितव्यम्। "यद्धि संधिं विवर्तयति तन्निर्भुजस्य रूपमथ यच्छुद्धे अक्षरे अभिव्याहरति तत्प्रतृण्णस्याग्र उ एव। उभयमन्तरेणोभयं व्याप्तं भवति"**[१] **इति। उभयमन्तेणोभयं व्याप्तमग्रे इति केचित्पठन्ति। स एवार्थः। अग्रे प्रथममेव क्रमादनेन व्याप्तं भवतीति वेदितव्यम्। तथा परे कामा अन्नना कोभयाख्याः—पराः कामा य उक्ताः अन्नकामः; नाककामः=स्वर्गकाम इत्यर्थः; उभयकामः=अन्नकामः स्वर्गकामश्च। तथा चोक्तम्**

दोनों व्याप्त (रहते हैं)—संहिता (-पाठ) और पद (-पाठ)। किससे (व्याप्त रहते हैं)? (उत्तर) बतलाते हैं—**उभयमन्तरेण**[घ] के द्वारा। क्रमाध्ययन (क्रमपाठ) के द्वारा दोनों व्याप्त होकर स्थित रहते हैं—यह जानना चाहिये। "जब (व्यक्ति) (दो पदों की) संधि (अर्थात् अत्यन्त सन्निकर्ष) को विशेष रूप से उच्चरित करता है तो वह 'निर्भुज' का स्वरूप है। जब शुद्ध (विकाररहित) दो अक्षरों (अथवा दो पदों का) उच्चारण करता है तो वह 'प्रतृण्ण' का (स्वरूप) है। (प्रतृण्ण का यह स्वरूप संहिता से) प्रथमभावी ही है **(अग्र उ एव)** (क्योंकि पद का स्वरूप सिद्ध होने पर ही संहिता को प्रवृत्ति होती है)। 'उभयमन्तरेण' (क्रम-पाठ) के द्वारा दोनों (संहिता-पाठ और पद-पाठ) व्याप्त रहते हैं।" कुछ लोग **उभयमन्तेणोभयं**

टि० (क) सायण ने 'निर्भुज' का निर्वचन इस प्रकार किया है—"निर्दिष्टौ (सम्मिलितौ) भुजसदृशौ पूर्वोत्तरशब्दौ यस्मिन्संहितारूपे तदुच्चारणं निर्भुजम्" इसका अर्थ यह है कि जिस संहितारूप में पूर्व-शब्द और उत्तर-शब्द भुजाओं के समान मिले रहते हैं (निर्दिष्टौ) वह उच्चारण 'निर्भुज' है। "भुजसदृशौ" कहने का यह तात्पर्य प्रतीत होता है कि शब्द एक शरीर की दो भुजाओं के समान हैं।

(ख) यहाँ पर 'विवृत्त्या' पद 'विवर्तन' (अविच्छेदाध्ययन) से सम्बद्ध है। द्वितीय पटल में प्रतिपादित 'विवृत्ति' से इस पद का कोई सम्बन्ध नहीं है।

(ग) हिंसार्थक 'तृद्' धातु से यह पद निष्पन्न है। पदपाठ में पद विच्छिन्न रहते हैं, इसलिये इसे 'प्रतृण्ण' कहते हैं।

(घ) संहितापाठ और पदपाठ का मेल होने के कारण क्रमपाठ 'उभयमन्तरेण' कहा जाता है।

---

१ ऐ० आ० ३।१।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"अन्नाद्यकामो निर्भुजं ब्रूयात्स्वर्गकामः प्रतृण्णमुभयकाम उभयमन्तरेण"[1] इति। एतत्सर्वं तु विज्ञेयं वाक्यशेषः।

व्याप्तमग्रे यह पाठ करते हैं। अर्थ वही है। पाठक्रमों में संहिता-पाठ और पद-पाठ के बाद में पहला इसका स्थान है—यह जानना चाहिये। **तथा परे कामा अन्ननाकोभयाख्याः**—उसी प्रकार जिन्हें श्रेष्ठ कामनायें कहा कया है (वे ही यहाँ पर कामनायें हैं)—अन्न की कामना; नाक की कामना=स्वर्ग की कामना; दोनों कामनायें=अन्न की कामना और स्वर्ग की कामना। वैसा कहा भी गया है—"खाने योग्य अन्न की कामना करने वाला (व्यक्ति) 'निर्भुज' (संहिता-पाठ) का उच्चारण करे; स्वर्ग की कामना करने वाला (व्यक्ति) 'प्रतृण्ण' (पद-पाठ) का (उच्चारण करे); दोनों की कामना करने वाला (व्यक्ति) 'उभयमन्तरेण' (क्रम-पाठ) का (उच्चारण करे)"। यह सब जानना चाहिये—यह वाक्य शेष है।

प्राणः षकारो यच्च बलं णकारः।

का० अ०—षकार (संहिता का) प्राण है और णकार (संहिता का) बल है।

वि० वृ०—तच्च विज्ञेयम्। प्राणस्य षकारः संज्ञा। "षकारः प्राण आत्मा"[2] इति श्रुतिः। "सबलां सप्राणां संहितां वेदायुष्यमिति विद्यात्।"[3] बलं णकारः; णकारेण हि बलवती संहिता। वायोर्हि प्राणस्य बलवत्त्वं कार्यं स्पृष्टं करणम्। षकारः प्राण आत्मा।

वि० वृ० अ०—इसको भी जानना चाहिये। षकार प्राण की संज्ञा है। यह श्रुति है—"षकार प्राण है (अर्थात् षकार में प्राण का ध्यान करना चाहिये); (प्राण होने से षकार) जीवात्मा (आत्मा) भी है (क्योंकि जीवात्मा प्राण को धारण करने वाला है)।" (यह भी श्रुति है)—"(जो णकार और षकार के सहित ऋचाओं का उच्चारण करता है वह व्यक्ति) बलसहित और प्राणसहित संहिता को जानता है[क] (और उस व्यक्ति को यह जानना चाहिये

टि० (क) षकार आदि ऊष्म-वर्णों के उच्चारण में वायु का (मुख में) मार्ग पूर्णतया अवरुद्ध न होकर थोड़ा-थोड़ा खुला रहता है जिससे वायु उस सँकरे मार्ग से घर्षण करती हुई बाहर निकलती रहती है। ये वायु-प्रधान ध्वनियाँ कही जाती हैं क्योंकि इनके उच्चारण में वायु क्षणभर के लिए भी न रुककर लगातार बाहर निकलती रहती है। षकार को संहिता का प्राण कहने का यही कारण है कि षकार वायु (प्राण) प्रधान ध्वनि है। यह भी ध्यान रखने की बात है कि पद-पाठ के अधिकतर सकार संहिता में षकार हो जाते हैं। षकार संहिता-पाठ की एक मुख्य विशेषता है।

णकार आदि स्पर्श वर्णों के उच्चारण में मुख के दो अङ्ग एक दूसरे का स्पर्श करके वायु को रोक लेते हैं। अन्दर से आती हुई दुर्बल वायु को रोककर ये अङ्ग बलशाली बना देते हैं और तदनन्तर एक दूसरे से अलग होकर ये अङ्ग वायु को बाहर जाने देते हैं। इसी कारण से यहाँ णकार को संहिता का बल कहा गया है। षकार की भाँति णकार भी संहिता की ही एक मुख्य विशेषता है। पद-पाठ के अधिकतर नकार संहिता-पाठ में णकार हो जाते हैं।

---

[1] ऐ० आ० ३।१।३ [2] ऐ० आ० ३।२।६ [3] ऐ० आ० ३।२।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२१६
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
वर्मा - ऋ

तथा चोक्तम् । "य ऊष्माणः स प्राणः"[1] इति । तथा णकाराख्येन बलेन बलवती भवति । णकारश्च स्पर्शः; स्पृष्टं करणं कर्त्तव्यमित्यर्थः । तथा चोक्तम्—"तस्यै वा एतस्यै संहितायै णकारो बलं षकारः प्राण आत्मा । स यो हैतो णकारषकारावनुसंहितमृचो वेद सबलां सप्राणां संहितां वेदायुष्यमिति विद्यात्"[2] इति । तथा च—"ते यद्वयमनुसंहितमृचोऽधीमहे यच्च माण्डूकेयीयमध्यायं प्रब्रूमः"[3] इति । माण्डूकेयीयमिति कथम् ? इत्युच्यते—"अथ वयं ब्रूमो निर्भुजवक्त्राः" इति ह स्माह ह्रस्वो माण्डूकेयः, "पूर्वमेवाक्षरं पूर्वरूपमुत्तरमुत्तररूपं योऽवकाशः पूर्वोत्तररूपे

कि) यह आयु को देने वाला है ।"क णकार (संहिता का) बल है; क्योंकि णकार के द्वारा संहिता बलवती (होती है) । (णकार के उच्चारण में) स्पर्श वर्णों के उच्चारण में प्रयुक्त (स्पृष्ट) आभ्यंतर प्रयत्न (करण) से प्राणवायु को दृढ़ करना चाहिये । षकार (संहिता का) प्राण है (और) जीवात्मा (आत्मा) भी है । वैसा कहा भी है—'जो ऊष्म (-वर्ण) हैं, वे प्राण (वायु) (स्वरूप हैं) ।" उसी प्रकार णकार नामक बल के द्वारा (संहिता) बलवती होती है । और णकार स्पर्श (-वर्ण) है; अर्थ यह है कि इसका आभ्यन्तर प्रयत्न (करण) स्पृष्ट करना चाहिये । वैसा कहा भी है—"उस संहिता का णकार (वर्ण) बल है (यह ध्यान करना चाहिये); षकार (वर्ण) प्राण है (यह ध्यान करना चाहिये), (अतएव) जीवात्मा (आत्मा) भी है । जो (संहितोपासक) संहिता में आने वाले इन णकार और षकार का (बल और प्राण के रूप में ध्यान करता हुआ) ऋचाओं को जानता है (अर्थात् ऋचाओं का पाठ करता है) वह बलसहित और प्राणसहित संहिता को जानता है (अर्थात् बलसहित और प्राणसहित संहिता की उपासना करता है । ऐसा न करने पर संहिता दुर्बल और प्राणरहित हो जायेगी) । यह जानना चाहिये कि यह आयुष्प्रद है ।"ख उसी प्रकार—"(यदि) हम (णकार और षकार में बल और प्राण का ध्यान करते हुये) संहिता के अनुसार ऋचाओं का अध्ययन करते हैं और माण्डूकेयीय अध्याय को प्रकृष्ट रूप से उच्चारण करते हैं [तो हमें णकार (बल) और षकार (प्राण) प्राप्त हो जाते हैं] ।" **माण्डूकेयीय** क्यों (कहा) ? (उत्तर) बतलाते हैं—वामन (स्वल्प देह वाले; ह्रस्व) माण्डूकेय ने कहा—"निर्भुज (संहिता) का उच्चारण करने वाले हमलोग कहते हैं कि पूर्ववर्ती अक्षर पूर्वरूप है और परवर्ती (अक्षर) उत्तररूप है

टि० (क) उच्चारण करने वाले की आयु बढ़ जाती है अथवा संहिता आयुष्मती हो जाती है ।

(ख) वृत्तिकार ने ऐतरेय आरण्यक ३।२।६ के एक अंश को तीन बार भिन्न-भिन्न रूपों में उद्धृत किया है; पहली और दूसरी बार इस अंश के थोड़े-थोड़े शब्दों को और तीसरी बार सम्पूर्ण अंश को उद्धृत किया है जिससे विषय कुछ दुरूह और पुनरुक्त सा हो गया है । इस अंश का तात्पर्य इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है—संहिता में प्रयुक्त णकार को संहिता का बल और षकार को संहिता का प्राण समझना चाहिये । संहिता णकार से बलवती और षकार से प्राणवती होती है । इन दो वर्णों के बिना संहिता दुर्बल और निष्प्राण हो जाती है । जो व्यक्ति णकार और षकार के साथ संहिता का पाठ करता है वह बलसहित और प्राणसहित संहिता की उपासना करता है । सारांश यह है कि संहितोपासक को यह ध्यान रखना चाहिये कि णकार संहिता का बल है और षकार संहिता का प्राण है ।

---

[1] ऐ० आ० २।२।४ [2] ऐ० आ० ३।२।६ [3] ऐ० आ० ३।२।६

143440
CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तरेण येन संधिं विवर्तयति येन स्वरास्वरं विजानाति येन मात्रामात्रां विभजते सा संहितेति।"[१] "स य एवमेतां संहितां वेद संधीयते प्रजया पशुभिर्यशसा ब्रह्मवर्चसेन स्वर्गेण लोकेन सर्वमायुरेति"[२] इति प्रशंसा।

और पूर्वरूप और उत्तररूप के मध्य में वह अवकाश संहिता है जिसके द्वारा (व्यक्ति) संधि का सम्पादन करता है, स्वर और अस्वर का विवेक[क] करता है और मात्रा और अमात्रा का विभाग करता है"।[ख] "जो इस प्रकार इस संहिता को जानता है, वह प्रजा, पशु, यश, ब्रह्मवर्चस और स्वर्गलोक को प्राप्त करता है और सम्पूर्ण आयु को प्राप्त करता है"—यह प्रशंसा (अर्थवाद) है।

वाक्प्राणयोर्यश्च होमः ॥४॥

का० अ०—वाणी और प्राण का जो परस्पर होम (होता है उसे) भी (जानना चाहिये)।

वि० वृ०—तच्च विज्ञेयम्। वाचि प्राणो हूयते प्राणे च वाग्घूयते। तथा चोक्तम्—"तद्यत्रैतदधीते वा भाषते वा वाचि तदा प्राणो भवति वाक्तदा प्राणं रेढ्यथ यत्र तूष्णीं वा भवति स्वपिति वा प्राणे तदा वाग्भवति प्राणस्तदा वाचं रेळिह।"[३] तथा च—"किमर्था वयमध्येष्यामहे किमर्था वयं यक्ष्यामहे वाचि हि प्राणं जुहुमः प्राणे वा वाचं यो ह्येव प्रभवः स एवाप्ययः"[४] इति॥

वि० वृ० अ०—उसे भी जानना चाहिये। वाणी में प्राण का होम होता है और प्राण में वाणी का होम होता है। वैसा कहा भी गया है—"जब (पुरुष) इस (अर्थात् वेदवाक्य) का अध्ययन करता है अथवा (लौकिक भाषा को) बोलता है तब प्राण वाणी में होता है (अर्थात् वाणी का ही उच्चारणरूप व्यापार होता है, उच्छ्वासनिःश्वासरूप प्राण का व्यापार नहीं होता); उस समय वाणी प्राण को खा जाती है। दूसरी ओर (अथ) जब (पुरुष) मौन रहता है अथवा सोता है तब वाणी प्राण में होती है (वाणी का व्यापार दिखलाई नहीं पड़ता, प्राण का व्यापार ही दिखलाई पड़ता है)। उस समय प्राण वाणी को खा लेता है।" और उसी प्रकार (संहितोपासना अथवा ब्रह्मज्ञान से कृतकृत्य काविषेय ऋषि कहते हैं)—"किस प्रयोजन को उद्दिष्ट करके हम (वेदों का) अध्ययन करेंगे और किस प्रयोजन को उद्दिष्ट करके हम यागों का अनुष्ठान करेंगे (अर्थात् सब पुरुषार्थ सम्पन्न हो जाने से हम लोगों का अध्ययन और यागों से कोई प्रयोजन नहीं है)। (तथापि दूसरों के परितोष के

टि० (क) "अग्निमीळे" (ऋ० १।१।१) यहाँ पर संहिता-काल में 'ईकार' और 'एकार' पद-पाठ की भाँति अनुदात्त नहीं होते अपितु (यथाक्रम) स्वरित और प्रचय होते हैं। यही स्वर और अस्वर का विवेक है। ऐसा संहिता होने के कारण ही होता है।

(ख) "तवेत्तत्सत्यमङ्गिरः" (ऋ० १।२।६) यहाँ पर पद-पाठ में वकार के ऊपर ह्रस्व स्वरवर्ण दिखलाई पड़ता है। संहिता-काल में वह (ह्रस्व अकार की) मात्रा नहीं होती, अपितु एकार की मात्रा हो जाती है। यही मात्रा और अमात्रा का विभाग है। ऐ० आ० ३।१।५ पर सायण-भाष्य देखिये।

---

[१] ऐ० आ० ३।१।५ [२] ऐ० आ० ३।१।५ [३] ऐ० आ० ३।१।६ [४] ऐ० आ० ३।२।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिये यदि अनुष्ठान अपेक्षित ही है तब भी सायंप्रातःकालीन अग्निहोत्र की तरह हमारे स्वतः सिद्ध दो होम सदा ही चलते रहते हैं जैसे अध्ययन करते अथवा बोलते समय) हम (वह्निस्थानीय) वाणी में (होमद्रव्यरूप) प्राण का होम करते हैं; (मौन रहने के समय और सोने के समय वह्निस्थानीय) प्राण में (होमद्रव्यरूप) वाणी का होम करते हैं। (वाणी और प्राण में) जो (एक समय दूसरे का) उत्पत्तिहेतु है, वही (दूसरे समय) उसका लयहेतु हो जाता है)।[क]

एवं च संहितोपनिषदि योऽर्थः स एवाचार्येण प्रदर्शित इति विज्ञापनार्थम्। तस्य किल तत्प्रयोजनम्। वेदे योऽर्थोऽभिहितः स एव शास्त्रे प्रतिबद्ध इति ज्ञापनार्थं च। यथा—"अथाप्यृच उदाहरन्ति"[1]; यथा च—"अग्न्याधेयप्रभृतीन्याह वैतानिकानि"[2] इति। यथा—

(ऐतरेयारण्यक के संहितोपनिषद् के विषय की जो सूचना दी गई है) उसका प्रयोजन (यह बतलाना है कि) संहितोपनिषद् में जो विषय (प्रतिपादित किया गया है) उसे ही आचार्य (शौनक) ने (ऋक् प्रा० में) दिखलाया है।[ख] यह बतलाना भी (इसका प्रयोजन है कि) वेद में जिस विषय का कथन किया गया है वही शास्त्र में प्रतिबद्ध किया गया है। जैसे—"अब ऋचाओं को भी उद्धृत करते हैं"; और जैसे—"श्रुतिप्रतिपादित अग्न्याधेय को कहते हैं"।[ग] जैसा (कि कहा है)—

टि० (क) जैसे वाणी की निवृत्ति होने पर प्राणवृत्ति का उद्भव होता है और उसी वाणी की प्रवृत्ति होने पर प्राणवृत्ति विलीन हो जाती है और जैसे प्राणवृत्ति की निवृत्ति होने पर वाणी की वृत्ति का उद्भव होता है और प्राणवृत्ति की प्रवृत्ति होने पर वाणी की वृत्ति विलीन हो जाती है।

(ख) ऐतरेयारण्यक के संहितोपनिषद् (तृतीय आरण्यक) के विषय का शौनक ने जो प्रतिपादन किया है वह केवल यह दिखलाने के लिये किया है कि ऋक्प्रातिशाख्य में वे किसी नितान्त नवीन विषय का प्रतिपादन नहीं करेंगे। वे वेद को आधार मानकर ही और वेद में प्रतिपादित विषय का ही व्यवस्थित रीति से प्रतिपादन करेंगे।

(ग) ये उदाहरण यह बतलाने के लिये दिये गये हैं कि श्रौतसूत्र और गृह्यसूत्र आदि जितने भी शास्त्र हैं वे श्रुति को आधार मानकर ही और श्रुति में प्रतिपादित विषयों का ही व्यवस्थित रूप से प्रतिपादन करते हैं और वे बार-बार यह स्मरण दिलाते रहते हैं कि वे श्रुति में प्रतिपादित बातों को ही कह रहे हैं। यहाँ पर यह शंका करनी उचित नहीं है कि पहले कहे गये विषयों का प्रतिपादन करने से प्रातिशाख्यादि शास्त्र अनुपयोगी और अनावश्यक हैं क्योंकि वेदों में इधर-उधर बिखरे हुये तथ्यों का व्यवस्थित ढंग से प्रतिपादन करके इन शास्त्रों ने विषयों के अवबोध के लिये बड़ा महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। वेदों के ऊपर आधृत होने से यह भी निर्विवाद सिद्ध है कि शास्त्रों में मनगढ़ंत बातों को न कहकर श्रुति-प्रतिपादित बातों को ही व्यवस्थित रूप से कहा गया है।

---

[1] आ० गृ० १।१।४ [2] आ० श्रौ० १।१।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"शास्त्रानुपूर्वं तद्विद्याद्यथोक्तं लोकवेदयोः"[१] इति ।

कथमिति चेत्—यदुच्यते वैदिककर्मानुष्ठानात्पुरुषस्य निःश्रेयसार्थफलावाप्तिरेष वैदिकः सिद्धान्तः। तत्र विध्यर्थवादाः श्रूयन्ते निन्दाप्रशंसापृष्टाख्यातासाराभीक्ष्णसंप्रश्नसंशया इति । तदुक्तम्—

"विधिर्निन्दा प्रशंसा च पृष्टमाख्यातमित्यपि ।
आसाराभीक्ष्णसंप्रश्ना ब्राह्मणे संशयश्च यः ॥" इति

यस्मात्केवलैर्वेदवाक्यैर्न शक्यतेऽनुष्ठातुं विक्षिप्तत्वाद्वेदवाक्यानां गूढ़ार्थत्वाच्चातः कविभिराचार्यैर्वेदार्थकुशलैर्वेदार्थेभ्यो निष्कृष्य कर्मार्थम् सुबोधानीमानि विद्यास्थानानि प्रवर्तितानि—शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषं धर्मशास्त्रं पुराणं न्यायविस्तरो मीमांसादीनि ।

"जैसा लोक और वेद में कहा गया है वही शास्त्र में व्यवस्थित रूप से कह दिया गया है ।"

यदि (पूछो) कि कैसे ? (उत्तर) यह जो कहा गया है कि वैदिक कर्मों के अनुष्ठान से पुरुष के निःश्रेयस अर्थ की प्राप्ति हो जाती है, यह वैदिक सिद्धान्त है । उस (वेद) में विधि, अर्थवाद, निन्दा, प्रशंसा, प्रश्न, उत्तर, विषय का उपस्थापन (आसार), ज्ञात पदार्थ की पुनरावृत्ति (अभीक्ष्ण), परामर्शरूप प्रेरणा (संप्रश्न) और संशय सुनाई पड़ते हैं । कहा भी गया है—

"विधि, निन्दा, प्रशंसा, प्रश्न, उत्तर, विषय का उपस्थापन (आसार), ज्ञात पदार्थ की पुनरावत्ति (अभीक्ष्ण), परामर्शरूप प्रेरणा (संप्रश्न) और संशय ब्राह्मण में (प्रतिपादित किये गये हैं) ।"

इधर-उधर बिखरे रहने से तथा गूढ़ार्थ होने से यतः केवल वेद-वाक्यों से अनुष्ठान नहीं किया जा सकता है, अतः वेद के अर्थ में कुशल एवं क्रान्तदर्शी आचार्यों ने यागों (कर्म) के लिए वेद के अर्थों से निकालकर इन सुबोध विद्यास्थानों का निर्माण किया है—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्दः, ज्योतिष, धर्मशास्त्र, पुराण, न्यायविस्तर, मीमांसा आदि ।

कानि पुनः प्रयोजनानि विद्यास्थानानामनुप्रवर्तन्ते । अत आह—शिक्षा स्वरवर्णोच्चारणोपदेशकं शास्त्रम् । कल्पो वेदविहितानां कर्मणामानुपूर्व्येण कल्पनाशास्त्रम् । व्याकरणं च शब्दार्थव्युत्पत्तिकरं शास्त्रम् । निरुक्तं पदविभागमन्त्रार्थदेवतानिरूपणार्थं शास्त्रम् । छन्दो गायत्र्यादीनां छन्दसां ज्ञानशास्त्रम् । ज्योतिषं कालपरिज्ञापनार्थं शास्त्रम् । धर्मशास्त्रमाचाराद्युपदेशकं शास्त्रम् । पुराणं स्थित्युत्पत्तिप्रलयादिसूचकं शास्त्रम् । न्यायविस्तरः प्रमाणैरर्थपरीक्षणं करोति शास्त्रम् । मीमांसा वेदवाक्यार्थविचारणाय शास्त्रम्—इत्येवमादीनि प्रयोजनानि विद्यास्थानानाम् ।

विद्यास्थानों के क्या प्रयोजन होते हैं (यह प्रश्न उठता है) ? (उत्तर में) कहते हैं—स्वर, वर्ण (आदि) के उच्चारण का उपदेश करने वाला शास्त्र **शिक्षा** है । वेद में विहित यागों (कर्मों) को क्रमपूर्वक व्यवस्थित करने वाला शास्त्र **कल्प** है । शब्द और अर्थ की व्युत्पत्ति करने वाला शास्त्र **व्याकरण** है । पदविभाग, मन्त्रार्थ और देवताओं के

---

१. पा० शि० १

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निरूपण के लिए शास्त्र **निरुक्त** है। गायत्र्यादि छन्दों का ज्ञान कराने वाला शास्त्र **छन्दः** है। काल का ज्ञान कराने के लिए शास्त्र **ज्योतिष** है। आचार आदि का उपदेश करने वाला शास्त्र **धर्मशास्त्र** है। स्थिति, उत्पत्ति, प्रलय आदि की सूचना देने वाला शास्त्र **पुराण** है। **न्यायविस्तर** नामक शास्त्र प्रमाणों से पदार्थों का परीक्षण करता है। वेद के वाक्यों के अर्थ के विचार के लिए शास्त्र **मीमांसा** है—इत्यादि विद्यास्थानों के प्रयोजन हैं।

अत आचार्यो भगवाञ्छौनको वेदार्थवित्सुहृद् भूत्वा ब्राह्मणेभ्योऽर्थवादानुत्सृज्य विधिं समाहृत्य पुरुषहितार्थमृग्वेदस्य शिक्षाशास्त्रं कृतवानिति प्रदर्शनार्थं वर्णयन्ति। अन्यथा वेदार्थो न शक्यते ज्ञातुम्। तथा चोक्तम्—"न प्रत्यक्षमनृषेरस्ति मन्त्रः"[१] इति। यथा च—

"योगेन, दाक्षिण्येन, दमेन, बुद्धया, बाहुश्रुतेन, तपसा, नियोगतः"[२] इति।

प्रसङ्गाद् बहु लपितमिदानीं प्रकृतमुच्यते—

इसलिए वेद के अर्थों के ज्ञाता भगवान् आचार्य शौनक ने ब्राह्मणग्रन्थों से अर्थवादों को छोड़कर और विधि को लेकर मित्र-भाव से जनों के हित के लिए ऋग्वेद का शिक्षा-शास्त्र बनाया है—यह दिखलाने के लिए (प्रातिशाख्य-शास्त्र का) वर्णन करते हैं। अन्यथा वेद के अर्थ का ज्ञान नहीं हो सकता। वैसा कहा भी है—"जो ऋषि नहीं है उसे मन्त्र प्रत्यक्ष नहीं हो सकता"। और जैसे—

"मन की एकाग्रता (योग), दक्षता (दाक्षिण्य), आत्म-नियन्त्रण (दम), बुद्धि, गम्भीर विद्वत्ता (बाहुश्रुत), तपस्या और विनियोग से (व्यक्ति मन्त्रों के अर्थ को जान सकता है)।"

प्रसङ्ग से बहुत कह दिया गया है, अब प्रकृत को कहते हैं—

गुरुत्वं लघुता साम्यं ह्रस्वदीर्घप्लुतानि च।
लोपागमविकाराश्च प्रकृतिर्विक्रमः क्रमः ॥५॥
स्वरितोदात्तनीचत्वं श्वासो नादस्तथोभयम्।

का० अ०—(वर्णों का) गुरुत्व, लघुता, साम्य; 'ह्रस्व', 'दीर्घ' और 'प्लुत' ('अक्षर'); लोप, आगम, विकार; 'प्रकृतिभाव', अपरिवर्तित विसर्जनीय ('विक्रम') और द्वित्व ('क्रम'); 'स्वरित', 'उदात्त' और 'अनुदात्त' ('स्वर'), श्वास, नाद और दोनों।

वि० वृ०—वर्णानां गुरुत्वम् चाधिक्यं हि यथा—"गुरूणि दीर्घाणि"[३] इत्येवमादि। तथा साम्यम्=समत्वमित्यर्थः। ह्रस्वत्वं दीर्घत्वं प्लुतत्वं च। लोपश्चागमश्च विकारश्च। वर्णानां लोपो यथा—"चित्कम्भनेन स्कभीयान्"[४] इति। आगमः—"अस्कृतोषसम्"[५] इति। विकारः—"सुषुमा यातम्"[६] इति। प्रकृतिः—"प्रकृत्येतिकरणादौ प्रगृह्याः"[७] इति। यथा—

---

१ बृ० दे० ८।१२९ २ बृ० दे० ८।१३० ३ १।२० ४ ऋ० १०।१११।५
५ ऋ० १०।१२७।३ ६ ऋ० १।१३७।१ ७ २।५१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"प्रो अस्म"[१]; "इन्द्राग्नी अपादियम्"[२] इति। **विक्रमः**—"विक्रान्तः प्राकृतोपधः"[३] इति। "याः फलिनीः"[४]; "अगस्त्यः खनमानः।"[५] **क्रमश्च** वेदितव्यः, यथा—"स्वरानुस्वारोपहितः"[६] इति द्वित्वं वर्णानाम्। यथा—"आ प्र द्रव परावतः।"[७] **स्वरितत्वमुदात्तत्वम्**; **नीचत्वम्**=अनुदात्तत्वमित्यर्थः। यथा—"उदात्तश्चानुदात्तश्च"[८] इत्यादि। **श्वासत्वं नादत्वं तथोभयम्**=श्वासनादत्वम्। "श्वासोऽघोषाणाम्"[९] इत्येवमित्यादि॥

वि० वृ० अ०—वर्णों का **गुरुत्वम्**—आधिक्य, जैसे—"दीर्घ गुरु है" इत्यादि। उसी प्रकार **साम्यम्**=समत्व—यह अर्थ है। **ह्रस्वत्व, दीर्घत्व** और **प्लुतत्व**। **लोप, आगम** और **विकार**:—वर्णों का **लोप,** जैसे—"चित्कम्भनेन स्कभीयान्" ['चित्कम्भनेन' (प० पा० चित्। स्कम्भनेन) में सकार का लोप हो गया है]; **आगम**—"अस्कृतोषसम्" ['अकृतोषसम्' (प० पा० अकृत। उषसम्) में सकार का आगम हो गया]; **विकार**—"सुषुमा यातम्" ['सुषुमा' (प० पा० सुसुम। आ) में सकार का षकार हो गया]। **प्रकृतिभाव**—"इति शब्द परे हो तो 'प्रगृह्य' ('स्वर'-वर्ण) 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं। जैसे—"प्रो अस्मै" (अकार परे होने पर 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण 'ओ' 'प्रकृतिभाव' से है); "इन्द्राग्नी अपादियम्" (अकार परे होने पर प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण 'ई' 'प्रकृतिभाव' से है)। अपरिवर्तित विसर्जनीय (**'विक्रम'**)—"(जहां विसर्जनीय) बिना परिवर्तन के (प्राकृत) रहता है, उसे 'विक्रान्त' (संधि कहते हैं)।" (जैसे) "याः फलिनीः" (४।३३ के अनुसार 'फकार' परे होने पर विसर्जनीय में कोई परिवर्तन नहीं हुआ); "अगस्त्यः खनमानः" (४।३३ के अनुसार खकार परे होने पर विसर्जनीय में कोई परिवर्तन नहीं हुआ)। द्वित्व (**क्रम**) को भी जानना चाहिए, जैसे—"अव्यवहित पूर्ववर्ती (वर्ण) 'स्वर'-वर्ण अथवा 'अनुस्वार' हो तो ('संयोग' के आदि वर्ण का द्वित्व हो जाता है)" से वर्णों का द्वित्व (हो जाता है), जैसे—"आ प्र द्रव परावतः।" **स्वरितत्व, उदात्तत्व** (और) **नीचत्वम्**=अनुदात्तत्व—यह अर्थ है। जैसे—"'उदात्त' और 'अनुदात्त'" इत्यादि। **श्वासत्व, नादत्व** और **तथोभयम्**=श्वासत्व और नादत्व। (जैसे)—"'अघोष' (वर्णों) का श्वास (प्रकृति होती है)।"

एतत्सर्वं तु विज्ञेयं छन्दोभाषामधीयता ॥६॥

का० अ०—वैदिक भाषा को जानने वाले को यह सब जानना चाहिए।

वि०वृ०—एतत्सर्वं यदनुक्रान्तम् माण्डूकेयः संहिताम्—इत्येवमादि तत्सर्वम्; **विज्ञेयम्**=विविधं ज्ञेयम्, वेदितव्यमित्यर्थः। केनेत्याह—(**छन्दोभाषामधीयता**=) छन्दोभाषां योऽधीते तेनेत्यर्थः, नान्येन। द्विविधा हि भाषा—लौकिकी, वैदिकी च। या वैदिकी सा छन्दोभाषेत्युच्यते। यथा चोक्तम्—"लोकवेदयोः"[१०] इति। विज्ञेयमिति सर्वत्रानुषज्यते—पुरस्तादुपरिष्टाच्च॥

वि० वृ० अ०—माण्डूकेयः संहिताम्—इत्यादि जो कहा गया है; **एतत्सर्वम्**=इस सब को; **विज्ञेयम्**=विविध रूप से ज्ञेयम्=जानना चाहिये यह अर्थ है। किसे (जानना

---

[१] ऋ० ८।६२।१ [२] ऋ० ६।५९।६ [३] ४।३५ [४] ऋ० १०।९७।१५
[५] ऋ० १।१७९।६ [६] ६।१ [७] ऋ० ८।८२।१ [८] ३।१
[९] १३।४ [१०] पा० शि० १

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चाहिये) ? (**छन्दोभाषामधीयता**=)जो छन्दोभाषा का अध्ययन करता है—उसे (जानना चाहिए) यह अर्थ है, अन्य को नहीं। भाषा दो प्रकार की होती है—लौकिकी और वैदिकी। जो वैदिकी है उसे छन्दोभाषा कहते हैं। जैसा कहा है—"लोक और वेद में।" **विज्ञेयम्** (जानना चाहिए) का सर्वत्र सम्बन्ध होता है—आगे भी और पीछे भी।

छन्दोज्ञानमाकारं भूतज्ञानं
छन्दसां व्याप्तिं स्वर्गामृतप्राप्तिम्।

का० अ०—छन्दों का ज्ञान, (उनका) आकार, भूतों का ज्ञान, छन्दों की व्याप्ति और स्वर्ग तथा अमृत की प्राप्ति (को भी जानना चाहिए)।

वि० वृ०—छन्दसां ज्ञानम्=**छन्दोज्ञानम्** यथा गायत्र्यादि। तथा छन्दसाम् **आकारं** श्वेतादि। **भूतज्ञानं** छन्दसाम्; यथा—"सर्वाणि भूतानि मनो गतिश्च"[1] इत्यादि। तथा **छन्दसां व्याप्तिम्**; यथा—"गुर्वक्षराणां गुरुवृत्ति सर्वम्"[2] इत्यादि। स्वर्गप्राप्तिं चामृतप्राप्तिं च=**स्वर्गामृतप्राप्तिम्**; यथा—"स्वर्गं जयत्येभिरथामृतत्वम्"[3] इति।

तच्च विज्ञेयं यस्मात्तस्मात्—

वि० वृ० अ०—**छन्दोज्ञानम्**=छन्दों के ज्ञान को; जैसे 'गायत्री' आदि। छन्दों के श्वेत आदि **आकारम्**=आकार को भी। छन्दों के **भूतज्ञानम्**=भूतज्ञान को भी, जैसे—"सब प्राणी (भूत), मन और गति ('त्रिष्टुप्' और 'जगती' से सम्बद्ध हैं)।" उसी प्रकार—**छन्दसां व्याप्तिम्**=छन्दों की व्याप्ति को; जैसे—"(जो कोई स्थावर और जङ्गम) गुरु स्वभाव वाला है वह सब गुरु अक्षरों (वाले 'त्रिष्टुप्') का है" इत्यादि। **स्वर्गामृतप्राप्तिम्**=स्वर्ग की प्राप्ति और अमृत की प्राप्ति को; जैसे—"इनसे स्वर्ग और अमृत को जीत लेता है।"

यतः वह जानना चाहिए अतः—

अस्य ज्ञानार्थमिदमुत्तरत्र
वक्ष्ये शास्त्रमखिलं शैशिरीये ॥७॥

का० अ०—इस सब के ज्ञान के लिए आगे शैशिरीय शाखा के अनुसार इस सम्पूर्ण शास्त्र को कहूँगा।

वि० वृ०—**अस्य कस्य ? माण्डूकेयः सहिताम्**—इत्येवमादेरनुक्रान्तस्य; **ज्ञानार्थम्**, ज्ञानप्रयोजनायेत्यर्थः। इदं शास्त्रम्=पार्षदाख्यम्; अखिलम्=संपूर्णम्=कृत्स्नम्; **उत्तरत्र वक्ष्ये**—वक्ष्याम इत्यर्थः। **शैशिरीये**; पारायणपाठ इति वाक्यशेषः=शैशिरीयायां संहितायामित्यर्थः। शैशिरीया संहिता शैशिरदृष्टत्वात्। तथा पुराण उक्तम्—

"मुद्गलो गोखुलो वात्स्यः शैशिरः शिशिरस् तथा।
पञ्चैते शाकलाः शिष्याः शाखाभेदप्रवर्तकाः॥" इति।

---

[1] १८।५९ [2] १८।६० [3] १८।६२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा च—**ऋग्वेदे शैशिरीयायां संहितायामिति। यथा**—**ऋग्वेदे पारणाम्नाये शाकले शैशिरीयकम्, इति च।**

वि० वृ० अ०—**अस्य**=इसके; किसके ? (बतलाते हैं) माण्डूकेयः संहिताम्—इत्यादि कहे गए (विषय) के; **ज्ञानार्थम्**—ज्ञानरूप प्रयोजन के लिए—यह अर्थ है। **इदं शास्त्रम्**—प्रातिशाख्य (पार्षद) नामक; **अखिलम्**=सम्पूर्ण=कृत्स्न को; **उत्तरत्र वक्ष्ये**=आगे कहेंगे—यह अर्थ है। शैशिरीय में :—पारायण पाठ में—यह वाक्य-शेष है=शैशिरीय शाखा में—यह अर्थ है। शैशिर के द्वारा दृष्ट शैशिरीय संहिता (कहलाती है)। वैसा पुराण में कहा गया है—

"मुद्गल, गोखुल, वात्स्य, शैशिर और शिशिर—ये पाँच शाकल के शिष्य हैं जो भिन्न-भिन्न शाखाओं के प्रवर्तक हैं।"

उसी प्रकार—ऋग्वेद की शैशिरीय संहिता में। जैसे—शाकल संहिता के पारायण-पाठ में शैशिरीय।

पदक्रमविभागज्ञो वर्णक्रमविचक्षणः।
स्वरमात्राविशेषज्ञो गच्छेदाचार्यसम्पदम् ॥८॥

का० अ०—(जो व्यक्ति) पद (-पाठ) और क्रम (-पाठ) के भेद को जानता है; वर्णों के क्रम (अर्थात् संहितापाठ में) जो विचक्षण है; (और) 'स्वर' और 'मात्रा' को विशेष रूप से जानता है, वह आचार्य की समृद्धि को प्राप्त करे (अर्थात् वह आचार्यत्व करे)।

वि० वृ०—पदानां क्रमः=पदक्रमः। अनुपरिपाद्या संहिता पदसंहिता। वर्ण-संहिता च यथा वर्णानां क्रमः=वर्णक्रमः। (वर्णक्रमविचक्षणः=) वर्णसंहिताविचक्षण इत्यर्थः। अथवान्यथा योजना :—पदानां क्रमस्य च पदाध्ययनस्य च क्रमाध्ययनस्य च विभागो विविधो भागो विभागः। एवं यो जानाति स च पदक्रमविभागज्ञः। वर्णक्रमविचक्षणः इति संहिताध्ययनविचक्षण इत्यर्थः। एवमध्ययनत्रितयं च प्रकृतं निर्भुजं प्रतृण्णमुभयमन्तरेण च, तस्मादेवमुच्यते ॥

वि० वृ० अ०—**पदक्रमः**=पदों का क्रम। (पदों के) क्रम से की जाने वाली संहिता पदसंहिता है। **वर्णक्रमः**=वर्णों का क्रम; (इसके) अनुसार (जो की जावे वह) वर्णसंहिता है। (**वर्णक्रमविचक्षणः**=) वर्णसंहिता में विचक्षण—यह अर्थ है। अथवा अन्यथा योजना (करनी चाहिए) (अर्थात् इस श्लोक की व्याख्या भिन्न प्रकार से की जा सकती है):—पदों का और क्रम का=पदाध्ययन का और क्रमाध्ययन का; विभाग=विविध भाग। इसे जो जानता है वह **पदक्रमविभागज्ञः**=पद (-पाठ) और क्रम (-पाठ) के विभाग को जानने वाला है। **वर्णक्रमविचक्षणः**=संहिताध्ययन में विचक्षण। तीन प्रकार के अध्ययनों—'निर्भुज' 'प्रतृण्ण' और 'उभयमन्तरेण' के प्रकृत होने से इस प्रकार (व्याख्यान) कहा गया है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वरमात्राविशेषज्ञः । स्वराश्च मात्राश्च=स्वरमात्राः । स्वरा उदात्तादयः । मात्रा ह्रस्वादयः । एवं विशेषं यो जानाति सः; **गच्छेद्**=व्रजेत् । क्व गच्छेत् ? इत्युच्यते—**आचार्यसंपदम्**, आचार्यत्वं कुर्यादित्यर्थः । अन्यथाधिकार्येव न भवति । तथा चोक्तम्—

"याजनाध्यापनाभ्यां स छन्दसां यातयामं वा ।
स्थाणुं वर्च्छति गर्तं वा पात्यते प्रमीयते वा ॥"

इत्यादि। तथा चोक्तम्—

"वटवः पण्डिता मूर्खा अन्योन्याध्यापकाश्च ये ।
दोषं कुर्वन्ति ते मूढास्तस्माद् वृद्धं तु सेवयेत् ॥" इति।

अथवा—**गच्छत्याचार्यसंसदम्** इति पाठः । गच्छति=व्रजति=प्राप्नोति । आचार्याणां संसदम्=सभास्थानम् । सुमन्त्वादय आचार्या यत्र तिष्ठन्ति तत्रेत्यर्थः । एवं वृद्धप्रशंसा । यथा—"ऋङ्मयो यजुर्मयः साममयः"[१] इति । यथा च— "स य एवमेतां संहितां वेद"[२] इति ॥

स्वरमात्राविशेषज्ञः—स्वरमात्रा='स्वर' और 'मात्रा' । 'स्वर'-'उदात्त' आदि हैं । मात्रायें—'ह्रस्व' आदि हैं । इस विशेष (बात) को जो जानता है वह **गच्छेत्**=जावे । कहाँ जावे ? बतलाते हैं—**आचार्यसंपदम्**=आचार्यत्व करे—यह अर्थ है । अन्यथा (आचार्यत्व का) अधिकारी ही नहीं होता । वैसा कहा भी है—"(अशुद्ध) याजन और अध्यापन से उसके छन्द व्यर्थ हो जाते हैं, वह स्थाणु को प्राप्त होता है, गड्ढे में गिर जाता है अथवा विनष्ट हो जाता है"क इत्यादि । वैसा कहा भी है—

"व्याकरण आदि में निष्णात किन्तु प्रातिशाख्य-शास्त्र को न जानने वाले (पण्डिताः), वर्णोच्चारण में असमर्थ (वटवः) मूर्ख जो एक दूसरे के अध्यापक हैं, वे मूढ़ दोष करते हैं । इसलिए (प्रातिशाख्य के जानने वाले) विद्वान् (वृद्ध) की सेवा करनी चाहिए ।"

अथवा—**गच्छत्याचार्यसंसदम्** यह पाठ है । गच्छति=जाता है=प्राप्त करता है । आचार्यों की 'संसदम्'=सभास्थान को । सुमन्तु आदि आचार्य जहाँ स्थित होते हैं वहाँ—यह अर्थ है । इस प्रकार विद्वानों (वृद्ध) की प्रशंसा (की गई है) । जैसे—"(जो यज्ञ के रहस्य को जानकर यज्ञ करता है वह) ऋग्युक्त, यजुर्युक्त और साम्युक्त (हो जाता है) ।" और जैसे—"जो इस संहिता को इस प्रकार जानता है ।"ख

एवं शास्त्रप्रयोजनमुक्त्वा शास्त्रसंव्यवहारार्थं वर्णक्रमार्थं चाक्षरसमाम्नायमाह—

इस प्रकार शास्त्र का प्रयोजन कहकर शास्त्र में व्यवहार के लिए और वर्णों के क्रम के लिए वर्णमाला (अक्षर-समाम्नाय) को कहते हैं—

टि० (क) तुलना कीजिए—ऋक्सर्वानुक्रमणी, परिभाषा १ ; आर्षेय ब्राह्मण १।१
(ख) पृष्ठ २२ को देखिए ।

---

[१] ऐ० ब्रा० १।४।५ [२] ऐ० आ० ३।१।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(वर्णमाला)

अकारर्कारावि उ ए ओ ऐ औ ।

(वर्णमाला)

का० अ०—अ (अकार), ऋ (ऋकार), इ, उ, ए, ओ, ऐ, औ (ये 'स्वर'-वर्ण हैं) ।

वि० वृ०—अकारश्च ऋकारश्च अकारर्कारौ=अ ऋ इति । अथ इकारश्च उकारश्च एकारश्च ओकारश्च ऐकारश्च औकारश्चेति=इ, उ, ए, ओ, ऐ, औ इति । एवमनेन क्रमेणाष्टौ वर्णा वेदितव्याः ॥

वि० वृ० अ०—**अकारर्कारौ**=अकार और ऋकार=अ, ऋ । इसके बाद इकार, उकार, एकार, ओकार, ऐकार और औकार=इ, उ, ए, ओ, ऐ, औ । इस प्रकार इस क्रम से आठ वर्णों को जानना चाहिए ।

पदाद्यन्तयोर्न ऌकारः स्वरेषु ।

का० अ० पद के आदि और अन्त में (विद्यमान) ऌकार 'स्वर'(-वर्णों) में नहीं (माना जाता) ।

वि० वृ०—(पदाद्यन्तयोः=) पदस्यादावन्ते च; (ऌकारः=) ऌवर्णः; स्वरेषु न गृह्यते । पदमध्ये भवतीति वेदिततव्यम् । उत्तरत्रापि विचारयिष्यामः ॥

वि० वृ० अ०—(**पदाद्यन्तयोः**=)पद के आदि और अन्त में; (**ऌकारः**=)ऌ वर्ण का; (**स्वरेषु**=) स्वर-वर्णों में गणन नहीं होता । किंतु पद के मध्य में होता है—यह जानना चाहिए । आगे भी (इस पर) विचार करेंगे ।

आकारादीन्दीघरूपान्द्वितीयान्ह्रस्वेषु ।

का० अ०—आकार आदि 'दीर्घ'-रूपों को 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्णों) का द्वितीय (जानना चाहिए) ।

वि० वृ०—अकारादयो ह्रस्वा उक्ताः । तेषु तेषु ह्रस्वेषु आकारादयो दीर्घरूपाः । तान् (आकारादीन् दीर्घरूपान्) द्वितीयान् विजानीयात् । किमुक्तं भवति ? अकारो ह्रस्वः; तस्य आकारो दीर्घो द्वितीयो वेदितव्यः । तथा ऋकारो ह्रस्वः; तस्य ऋकारो दीर्घो द्वितीयः । तथा इकारो ह्रस्वः; तस्य ईकारो दीर्घो द्वितीयः । तथा उकारो ह्रस्वः; तस्य ऊकारो दीर्घो द्वितीयः । अ, आ, ऋ, ॠ इ, ई, उ, ऊ इत्येतत्सिद्धं भवति ।

वि० वृ० अ०—अकार आदि 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्णों) को कह दिया गया है । उन-उन; **ह्रस्वेषु**='ह्रस्व' ('स्वर'-वर्णों) के आकार आदि दीर्घ रूप हैं । उन (**आकारादीन् दीर्घरूपान्**=आकार आदि 'दीर्घ' रूपों को); **द्वितीयान्**=द्वितीय; जानना चाहिए । इस कथन का क्या तात्पर्य है ? अकार 'ह्रस्व' है, 'दीर्घ' आकार को उसका द्वितीय जानना चाहिए (अर्थात् अकार प्रथम है और आकार द्वितीय है) । उसी प्रकार ऋकार 'ह्रस्व'

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, 'दीर्घ' ॠकार उसका द्वितीय है। उसी प्रकार इकार 'ह्रस्व' है, 'दीर्घ' ईकार उसका द्वितीय है। उसी प्रकार उकार 'ह्रस्व' है, 'दीर्घ' ऊकार उसका द्वितीय है। (जैसे)—अ, आ, ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ—यह (क्रम) सिद्ध होता है।

पञ्चस्वपि तानि सन्ति ॥६॥

का० अ०—पाँचों में ही वे ('दीर्घ') होते हैं।

वि० वृ०—तानि; कानि ? दीर्घाणीत्यर्थः। पञ्चस्वपि ह्रस्वेषु द्वितीयाः सन्ति= भवन्ति; किं पुनश्चतुर्षु। अपिशब्द ऌकारस्य विकल्पार्थः। यदि दीर्घो भवति। वक्ष्यति—"ऋकारल्कारौ"[1] इति। तथा—"ह्रस्वादेशे ह्रस्वदीर्घौ सवर्णौ"[2] इति॥

वि० वृ० अ०—तानि=वे; कौन ? 'दीर्घ'—यह अर्थ है। पञ्चस्वपि=पाँचों ह्रस्वों में द्वितीय होते हैं। चार में (होने का) का तो कहना ही क्या ? अपि शब्द ऌकार के विकल्प के लिए है। यदि 'दीर्घ' होवे (तात्पर्य यह है कि यदि ऌ का दीर्घ रूप ॡ स्वीकार किया जावेगा तो वह ऌ का द्वितीय होगा। यदि कहीं पर ऌ के दीर्घ रूप ॡ को स्वीकार किया ही न जाये तो तब ऌ का द्वितीय रूप होगा ही नहीं)। (सूत्रकार) कहेंगे—"ऋकार और ऌकार (आदि 'जिह्वामूलीय' हैं)।" उसी प्रकार (सूत्रकार कहेंगे)—"(स्थान और प्रश्लेष के प्रसङ्ग में) 'ह्रस्व' का आदेश होने पर 'सवर्ण' 'ह्रस्व' और 'दीर्घ' (समझने चाहिए)।" (इन दोनों सूत्रों से ज्ञात होता है कि शौनक ऌ के दीर्घ रूप ॡ को स्वीकार करते हैं और ऐसी स्थिति में ऌकार का द्वितीय रूप ॡकार हो गया:—ऌ, ॡ)।

कखौ गघौ ङ।

का० अ०—क ख ग घ ङ।

वि० वृ०—ककारश्च खकारश्च कखौ। तथा—गकारश्च घकारश्च गघौ। ङकारश्च। क, ख, ग, घ, ङ। एवं पञ्चभिर्वर्णैः प्रथमः पञ्चवर्गो वेदितव्यः॥

वि० वृ० अ०—कखौ=ककार और खकार। उसी प्रकार-गघौ=गकार और घकार। और ङकार। (अर्थात्) क, ख, ग, घ ङ। इस प्रकार पाँच वर्णों से (समन्वित) प्रथम पञ्चवर्ग जानना चाहिए।

चछौ जझौ ञ।

का० अ०—च छ, ज झ, ञ।

वि० वृ०—चकारश्च छकारश्च चछौ। जकारश्च झकारश्च जझौ। ञकारश्च। च, छ, ज, झ, ञ। एवं पञ्चभिर्वर्णैर्द्वितीयः पञ्चवर्गः॥

वि० वृ० अ०—चछौ=चकार और छकार। जझौ=जकार और झकार। और ञकार। (अर्थात्) च, छ, ज, झ, ञ। इस प्रकार पाँच वर्णों से द्वितीय पञ्चवर्ग (होता है)।

---

[1] १।४५ [2] १।५५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टठौ डढौ ण ।

का० अ०—ट ठ, ड ढ, ण ।

वि० वृ०—टकारश्च ठकारश्च टठौ । डकारश्च ढकारश्च डढौ । णकारश्च । ट, ठ, ड, ढ, ण । एवं पञ्चभिर्वर्णैस्तृतीयः पञ्चवर्गः ।

वि० वृ० अ०—**टठौ**=टकार और ठकार । **डढौ**=डकार और ढकार । और णकार । (अर्थात्) ट, ठ, ड, ढ, ण । इस प्रकार पाँच वर्णों से तृतीय पञ्चवर्ग (होता है) ।

तथौ दधौ न ।

का० अ०—त थ, द ध, न ।

वि० वृ०—तकारश्च थकारश्च तथौ । दकारश्च धकारश्च दधौ । नकारश्च । त, थ, द, ध, न । एवं पञ्चभिर्वर्णैश्चतुर्थः पञ्चवर्गः ।

वि० वृ० अ०—**तथौ**=तकार और थकार । **दधौ**=दकार और धकार । और नकार । (अर्थात्) त, थ, द, ध, न । इस प्रकार पाँच वर्णों से चतुर्थ पञ्चवर्ग (होता है) ।

पफौ बभौ म ।

का० अ०—प फ, ब भ, म ।

वि० वृ०—पकारश्च फकारश्च पफौ । बकारश्च भकारश्च बभौ । मकारश्च । प, फ, ब, भ, म । एवं पञ्चभिर्वर्णैः पञ्चमः पञ्चवर्गः ॥

वि० वृ० अ०—**पफौ**=पकार और फकार । **बभौ**=बकार और भकार । और मकार । (अर्थात्) प, फ, ब, भ, म । इस प्रकार पाँच वर्णों से पंचम पञ्चवर्ग (होता है) ।

यरलवाः ।

का० अ०—य, र, ल, व ।

वि० वृ०—यकारश्च रेफश्च लकारश्च वकारश्च यरलवाः । एते चत्वारो वेदितव्याः ॥

वि० वृ० अ०—**यरलवाः**=यकार, रेफ, लकार और वकार । इन चारों को जानना चाहिए ।

हशषसाः ।

का० अ०—ह, श, ष, स ।

वि० वृ०—हकारश्च शकारश्च षकारश्च सकारश्च हशषसाः । एते चत्वारोऽनेन क्रमेण वेदितव्याः ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वि० वृ० अ०—**हशषसाः**=हकार, शकार, षकार और सकार। इन चारों को इस क्रम से जानना चाहिए।

अः ≍ क ≍ प अं।

का० अ०—अः, ≍ क, ≍ प, अं।

वि० वृ०—अः इति विसर्जनीयः। ≍ क इति जिह्वामूलीयः। ≍ प इत्युपध्मानीयः। अं इत्यनुस्वारः। एवमपरे चत्वारोऽनेनैव क्रमेण वेदितव्याः॥

वि० वृ० अ०—'अः' विसर्जनीय है। '≍क' जिह्वामूलीय है। '≍प उपध्मानीय है। 'अं' 'अनुस्वार' है। इस प्रकार इन दूसरे चारों को भी इसी क्रम से जानना चाहिए।

इति वर्णराशिः क्रमश्च ॥१०॥

का० अ०—यह वर्णमाला (वर्णराशि) और (उसका) क्रम है।

वि० वृ०—इति=एवमुक्तप्रकारेण; वर्णराशिः वेदितव्यः। अकाराद्यनुनासिकान्तः। वर्णानां राशिः=वर्णराशिः। (राशिः=)संघातः=समूहः। वर्णकोशो वर्णसामाम्नाय इत्यनर्थान्तरम्। (क्रमश्च=) वर्णक्रमश्च अयमेव वेदितव्य उक्तप्रकारेण। वक्ष्यति—"ऋकारादयो दश नामिनः स्वराः"[१] इति। तथा—"परेष्वैकारमोजयोः"[२]; "औकारं युग्मयोः"[३] इति। "अन्त्याः सप्त तेषामघोषाः।"[४] तथा—"प्रथमपञ्चमौ च द्वा ऊष्मणाम्"[५] इति। एवमादिष्वयं क्रमो वेदितव्यः॥

वि० वृ० अ०—**इति**=कहे गए प्रकार से; **वर्णराशिः**=वर्णमाला को; जानना चाहिए। अकार से लेकर अनुनासिक (अं)[क] तक। वर्णराशिः=वर्णों की राशि। (राशि)=संघात=समूह। वर्णकोश और वर्णसामाम्नाय भिन्नार्थक नहीं हैं (अर्थात् ये समानार्थक हैं)। कहे गए प्रकार से इसी (**क्रमः**=) वर्णक्रम को; जानना चाहिए। (सूत्रकार) कहेंगे—"ऋकार आदि दस 'नामिन्' 'स्वर' हैं।" उसी प्रकार—"बाद वालों (ए, ओ, ऐ, औ) में से विषम (ए, ऐ) परे हों तो (अकार और आकार) ऐकार (हो जाते हैं)"; "सम (ओ,औ) परे हों तो (अकार और आकार) औकार (हो जाते हैं)।" "उन (अर्थात् 'ऊष्म-' वर्णों) में अन्तिम सात 'अघोष' हैं।" उसी प्रकार—"ऊष्म (-वर्णों) में प्रथम और पञ्चम ('कण्ठ्य') हैं" इत्यादि में यह क्रम जानना चाहिए (इन सभी स्थलों पर आचार्य शौनक ने प्रस्तुत क्रम का आश्रय लिया है। इस क्रम को आधार मानकर ही ऐसे सूत्रों का अर्थ ज्ञात हो सकता है, अन्यथा नहीं)।

टि० (क) 'अं' 'अनुस्वार' है। भाष्यकार ने इसके लिए जो 'अनुनासिक' शब्द का व्यवहार किया है वह उचित नहीं है। 'अं' यह नासिक्य ध्वनि है; दे० १।४८।

---

१ १।६५ २ २।१८ ३ २।१९
४ १।११ ५ १।३९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एवं वर्णसमाम्नायमुक्त्वा तत्र लघुनोपायेन संज्ञापरिभाषाभ्यां शास्त्रे संव्यवहारसिद्धिं मन्यमानः संज्ञासंज्ञिसम्बन्धार्थमाह ॥

॥ इति श्रीदेवमित्रसुतविष्णुमित्रकृते प्रातिशाख्यभाष्ये वर्गद्वयवृत्तिः ॥

इस प्रकार वर्णमाला (वर्णसमाम्नाय) को कहकर "संज्ञा और परिभाषा से शास्त्र में व्यवहार की सिद्धि लघु उपाय से हो जाती है" यह मानते हुए (सूत्रकार अब) संज्ञा और संज्ञी के सम्बन्ध को कहते हैं।

॥ श्रीदेवमित्र के पुत्र विष्णुमित्र द्वारा कृत प्रातिशाख्यभाष्य में वर्गद्वयवृत्ति समाप्त हुई ॥

———

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१ : संज्ञा-परिभाषा-पटलम्

भाष्यकारकृतं मङ्गलाचरणम्
प्रातिशाख्यप्रयोजनम्
समानाक्षरसंज्ञा
संध्यक्षरसंज्ञा
स्वरसंज्ञा
इपर-प्लुतस्य दीर्घवत्त्वम्
अनुस्वारस्य स्वरूपम्
व्यञ्जनसंज्ञा
स्पर्शसंज्ञा
वर्गसंज्ञा
अन्तःस्थासंज्ञा
ऊष्मसंज्ञा
अघोषसंज्ञा
सोष्मसंज्ञा
अनुनासिकसंज्ञा
पदावसाने प्रथमतृतीयस्पर्शयोर्विकल्पः
ह्रस्वसंज्ञा
दीर्घसंज्ञा
अक्षरसंज्ञा
गुरुसंज्ञा
अनुस्वारव्यञ्जनयोरङ्गत्वविचारः
ह्रस्वस्वरस्य उच्चारणकालः
दीर्घस्वरस्य उच्चारणकालः
प्लुतस्य स्वरसंज्ञा उच्चारणकालश्च
प्लुतोदाहरणानि
स्वरभक्तेः पूर्वभाक्त्वं पूर्वाक्षराङ्गत्वञ्च
दीर्घस्वरभक्तेः कालः
व्यञ्जनानां कालः
ह्रस्वस्वरभक्तेः कालः
रक्तसंज्ञा
संयोगसंज्ञा
वर्णानां स्थानानि
डकारस्थाने ळकारः, ढकारस्थाने ळ्हकारश्च
परिभाषासूत्राणि
प्रैषाणां प्रैषवत्त्वम्
पदान्तलक्षणम्
सामवशसंघेरुल्लेखः
पद्यानां पदबद्धावः
पद्यानां पदबद्धावप्रतिषेधस्थलानि
अवसाने अष्टस्वराणामनुनासिकसंज्ञा
एकस्यैव प्लुतस्यानुनासिकसंज्ञा
नामिसंज्ञा
नतिषु नन्तृनम्ययोः पौर्वापर्यम्
अरिफितविसर्जनीयस्य सोपधस्यैकवर्ण-
वत्त्वम्
प्रगृह्यसंज्ञा
रेफिसंज्ञा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ शौनकीयमृग्वेदप्रातिशाख्यम्

उवटकृतभाष्यसहितम् ।

(भाष्यकारकृतं मङ्गलाचरणम्)

ओ३म् नमो भगवते मङ्गलेश्वरश्रीमद्दिव्यलक्ष्मीनृसिंहाय श्रीवेदपुरुषाय नमः ।

(भाष्यकार के द्वारा किया गया मङ्गलाचरण)

ओ३म् मङ्गल के प्रभु (मङ्गलविधाता), श्रीमान्, ज्योतिर्मय, लक्ष्मीसहित नृसिंह का अवतार ग्रहण करने वाले वेद-पुरुष (वेदों के उद्धारक या वेदों में प्रतिपाद्य) भगवान् विष्णु को वारंवार नमस्कार ।

उ० भा०—किमर्थमिदमारभ्यते ?

(प्रातिशाख्यप्रयोजनम्)

"शिक्षाच्छन्दोव्याकरणैः सामान्येनोक्तलक्षणम् ।
तदेवमिह शाखायामिति शास्त्रप्रयोजनम् ।।"[क]

प्रातिशाख्यप्रयोजनमनेन श्लोकेनोच्यते । शिक्षादिभिर्यत्सामान्येनोत्सर्गेणोक्तं लक्षणम्, यथा—तावच्छिक्षायाम्—"स्युर्मूर्धन्या ऋटुरषाः"[१] सामान्येन सर्वशाखासु रेफो मूर्धन्य इत्युक्तः । तथान्यास्यां शिक्षायाम्—"दन्तमूलीयः"[२] इति रेफो दन्तमूलीय उक्तः । एवं सर्वा शिक्षा वर्णेषु स्थानकरणानुप्रदानादि सर्वासु शाखासु विदधाति; न तु नियमतः कस्यां शाखायां रेफो मूर्धन्यः कस्यां दन्तमूलीय इति । अत एतद्व्यवस्थापकमारभ्यते—"दन्तमूलीयस्तु तकारवर्गः"[३]; "सकाररेफलकाराश्च"[४]; "रेफं बस्व्यमेके ।"[५] एवमस्यां शाखायां दन्तमूलीयो वा बस्व्यो वा रेफ इत्येतदवधारितम् ।

उ० भा० अ०—(प्रश्न) यह (प्रातिशाख्य) किसलिए प्रारम्भ किया जा रहा है ?

(प्रातिशाख्य का प्रयोजन)

(उत्तर) "शिक्षा, छन्दः और व्याकरण के द्वारा सामान्य रूप से कहा गया जो लक्षण है वह "इस शाखा में इस प्रकार है" यह (बतलाना) (प्रातिशाख्य) शास्त्र का प्रयोजन है ।"

टि० (क) यह श्लोक किसी भी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं होता है। सम्भवतः यह उवट की अपनी ही रचना है । यह श्लोक अन्य प्रतिशाख्यों पर पूर्णतया लागू न होकर केवल ऋग्वेद–प्रातिशाख्य पर ही लागू होता है क्योंकि अन्य किसी भी प्रातिशाख्य में छन्दों का वर्णन नहीं मिलता है ।

---

१. पा० शि० १७ २. या० शि० पृष्ठ ३३
३. १।४४ ४. १।४५ ५. १।४६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस श्लोक के द्वारा प्रातिशाख्य का प्रयोजन कहा जा रहा है। शिक्षा आदि के द्वारा जो सामान्य नियम (उत्सर्ग) से कहा गया लक्षण है, जैसे, शिक्षा में–"ऋकार, टवर्ग, रेफ और षकार 'मूर्धन्य' हैं" (इस सूत्र के द्वारा) सभी शाखाओं में रेफ को सामान्य रूप से 'मूर्धन्य' कहा गया है। उसी प्रकार अन्य शिक्षा में––"(रेफ) 'दन्तमूलीय' है" (इस सूत्र से) रेफ को 'दन्तमूलीय' कहा गया है। इस प्रकार सभी शिक्षा (ग्रन्थ) वर्णों के (उच्चारण) स्थान, (उच्चारण में) आभ्यन्तर प्रयत्न (करण) और बाह्य प्रयत्न (अनुप्रदान) आदि का सभी शाखाओं में (अर्थात् वेद की सभी शाखाओं को दृष्टि में रखकर) विधान करते हैं; किन्तु विशिष्ट रूप से (शिक्षा) (यह विधान) नहीं (करती हैं कि) किस शाखा में रेफ 'मूर्धन्य' (होता है और) किस शाखा में 'दन्तमूलीय' (होता है)। इसलिए इसकी व्यवस्था करने वाला (अर्थात् इस प्रकार के विशिष्ट विधानों के लिए) (प्रातिशाख्य) आरम्भ किया जाता है—"तवर्ग 'दन्तमूलीय' है"; "सकार, रेफ और लकार भी ('दन्तमूलीय' हैं)" (और) "कतिपय (आचार्य) रेफ को बर्स्व से (उच्चरित) होने वाला (मानते हैं)।" इस प्रकार इस शाखा (शाकल शाखा की शैशिरीय नामक उपशाखा) में रेफ 'दन्तमूलीय' अथवा (मतभेदेन) 'बर्स्व्य'क है—यह निश्चय किया गया है।

तथा सर्वैश्छन्दोविचित्यादिभिः पिङ्गलयास्कसैतवप्रभृतिभिर्यत्सामान्येनोक्तं लक्षणम्, यथा—षट्सप्तत्यक्षरा चातिधृतिर्भवति।[1] तथा तत्रैवोक्तम्—"पादः इयादिपूरणः।"[2] एवं सामान्यलक्षणे सति—"स हि शर्धो न मारुतम्"[3] इति चातिच्छन्दस्यष्टापदायामष्टषष्ट्यक्षरायामृचि संदेहः। किमियमष्टषष्ट्यक्षरात्यष्टिः पादानामविकर्षेण, आहोस्वित्पादानां विकर्षेजातिधृतिः। अस्मिन्संदेह इदं विशेषलक्षणमारभ्यते—"सखे च स हि शर्धश्च मध्यमो वर्ग उच्यते"[4] इति। एवमस्यां शाखायां पादविकर्षेणेयमतिधृतिः।

उसी प्रकार पिङ्गल, यास्क[ख] और सैतव[ग] प्रभृति सभी (ग्रन्थकारों) के द्वारा (अपने) 'छन्दोविचिति' आदि (ग्रन्थों) में जो सामान्य रूप से कहा गया लक्षण है, जैसे—(पिङ्गल के छन्दःसूत्र के अनुसार) ७६ अक्षरों की 'अतिधृति' होती ह। उसी प्रकार वहीं पर कहा

टि० (क) 'बर्स्व्य' के लिए १।४६ को देखिए।

(ख) ये यास्क निरुक्तकार यास्क से भिन्न आचार्य प्रतीत होते हैं। इन्होंने सैतव से छन्दःशास्त्र का ज्ञान प्राप्त किया था और पिङ्गल को इन्होंने छन्दःशास्त्र का ज्ञान कराया था (दे० भगवद्दत्त द्वारा रचित 'वैदिक वाङमय का इतिहास' भाग २, पृष्ठ २४६)। आचार्य पिङ्गल ने अपने 'छन्दःसूत्र' ३।३० में इनका नामोल्लेख किया है। इनका ग्रन्थ अद्यावधि प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) यास्क से प्राचीन छन्दःशास्त्र के आचार्य हैं। आचार्य पिङ्गल ने अपने 'छन्दः-सूत्र' ५।१८ में इनका नामोल्लेख किया है। इनका ग्रन्थ भी अद्यावधि प्राप्त नहीं हुआ है।

---

१. पि० ४।५-७
२. पि० ३।१-२
३. ऋ० १।१२७।६
४. १६।९१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया है—" 'इय्' इत्यादि से पाद की पूर्त्ति (कर लेनी चाहिए)।"[क] इस प्रकार (पिङ्गल के द्वारा) सामान्य नियम होने पर—"स हि शर्धो न मारुतम्" इस ६८ अक्षरों और आठ पादों वाली अतिछन्दस्क ऋचा (के विषय) में संदेह (होता है)—क्या पादों (के अक्षरों) को बिना तोड़े (अविकर्षण) यह ६८ अक्षरों वाली 'अत्यष्टि' है अथवा पादों (के अक्षरों) को तोड़ने पर (विकर्षण)[ख] यह (७६ अक्षरों वाली) 'अतिधृति' है? यह सन्देह होने पर (इस प्रातिशाख्य के द्वारा यह विशेष लक्षण आरम्भ किया जाता है—"·····सखे (सखे सखायमभ्या ववृत्स्व[१]) और स हि शर्धः[२]····(ये ऋचायें) मध्यम वर्ग कहा जाता है (जिससे यह ऋचा ७६ अक्षरों की हुई)।" इस प्रकार इस (शैशिरीय) नामक शाखा में पादों (के अक्षरों) को तोड़ने पर यह (ऋचा) 'अतिधृति' है।

तथा व्याकरणे यत्सामान्येन, यथा—"ऋचि तुनुघमक्षुतङ्कुत्रोरुष्याणाम्"[३] इति। अस्य सूत्रस्यायमर्थः—ऋग्विषये तु, नु, घ, मक्षु, तङ [आख्यातानि पिपृत गायत इत्येवमादीनि तङ्-शब्देन गृह्यन्ते] कुत्र, उरुष्य—एतानि पदानि व्यञ्जने प्रत्यये दीर्घमापद्यन्ते। तु—"आ तू न इन्द्र वृत्रहन्।"[४] नु—"नू ष्टुत इन्द्र नू गृणानः।"[५] घ—"आ घा ये अग्निमिन्धते।"[६] मक्षु। "मक्षूमक्षू कृणुहि गोजितो नः"[७] इत्यादि। तद्व्यवस्थापयितुमिदमारभ्यते। न सर्वत्रैतानि पदान्यस्यां शाखायां दीर्घाणि भवन्ति। यथा, तु—"तत्तु प्रयः प्रत्नथा ते शुशुक्वनम्।"[८] नु—"अधि वोचा नु सुन्वते।"[९] घ—"आ घ त्वावान्त्मनाप्तः॥"[१०]

उसी प्रकार व्याकरण में जो सामान्य (विधि से कहा गया है), जैसे—"ऋचि तुनुघ-मक्षुतङ्कुत्रोरुष्याणाम्।" इस (सामान्य) सूत्र का यह अर्थ है—ऋचाओं में 'तु', 'नु', 'घ', 'मक्षु', 'तङ', 'कुत्र' और 'उरुष्य'—ये (अर्थात् इनमें से कोई भी) पद, 'व्यञ्जन' परे होने पर, 'दीर्घ' हो जाते हैं ['तङ' शब्द से 'पिपृत' और 'गायत' इत्यादि आख्यातों का ग्रहण होता है]। जैसे, 'तु'—"आ तू न इन्द्र वृत्रहन्।" 'नु'—"नू ष्टुत इन्द्र नू गृणानः।" 'घ'—"आ घा ये अग्निमिन्धते।" 'मक्षु'—"मक्षूमक्षू कृणुहि गोजितो नः"—इत्यादि। उस (व्याकरण) की

टि० (क) इस सूत्र का अर्थ यह है कि जब छन्दों के पादों की 'अक्षर'-संख्या की पूर्ति न होती हो तो वहाँ 'इय्' एवं 'उव्' इत्यादि से 'अक्षर'-संख्या की पूर्ति करनी चाहिए। उदाहरणतः—"तत्सवितुर्वरेण्यम्" 'गायत्री' छन्द के इस पाद में आठ अक्षरों के स्थान पर केवल सात 'अक्षर' हैं, इसलिए 'अक्षर'-संख्या की पूर्ति के लिए 'य्' के स्थान पर 'इय्' मानकर इस प्रकार उच्चारण करते हैं "तत्सवितुर्वरेणियम्।"

(ख) छन्दों के न्यून अक्षरों वाले पादों की 'अक्षर'-संख्या की पूर्ति के लिए 'इय्' 'उव्' आदि की कल्पना करने और 'प्रश्लिष्ट' संधियों के पृथक् करने को 'विकर्ष' कहते हैं। इसके पूर्ण विवेचन के लिए ऋ० प्रा० १७।२२ और १७।३३ पर उवट-भाष्य को देखिए।

---

[१] ऋ० ४।१।३ [२] ऋ० १।१२७।६
[३] पा० ६।३।१३३ [४] ऋ० ४।३२।१ [५] ऋ० ४।१६।२१
[६] ऋ० ८।४५।१ [७] ऋ० ३।३१।२० [८] ऋ० १।१३२।३
[९] ऋ० १।१३२।१ [१०] ऋ० १।३०।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यवस्था करने के लिए (अर्थात् ऋग्वेद से सम्बद्ध व्याकरण-विषयक विशिष्ट बातों को बतलाने के लिए) यह (प्रातिशाख्य) प्रारम्भ किया जाता है—ये पद इस शाखा में सर्वत्र दीर्घ नहीं होते हैं, जैसे—'तु'—"तन्तु प्रयः प्रत्नथा ते शुशुक्वनम्।" 'नु'—"अधि वोचा नु सुन्वते।" 'घ'—"आ घ त्वावान्त्मनाप्तः।"

ननु मक्षुशब्दस्य सामान्यलक्षणेनैव दीर्घभाव उक्तः, न चात्रापवादोऽस्ति। तत्र ह्येवं पठ्यते—"मक्षित्युकारः प्लवते सर्वत्राप्यपदान्तभाक्।"[१] अतो मक्षुशब्दस्य मृग्यं प्रयोजनम्। नैष दोषः। सामान्यलक्षणानुवादेनैव विशेषलक्षणं विधातुं शक्यते, नान्यथा। सोऽयं मक्षु-शब्दस्यानुवादो द्रष्टव्यः। एवमन्यत्रापि सामान्यविशेषलक्षणसाम्ये द्रष्टव्यः।

(प्रश्न) सामान्य लक्षण (पूर्वोक्त व्याकरणसूत्र) से ही 'मक्षु' शब्द का 'दीर्घ' होना कहा गया है, और इस विषय में अपवाद नहीं हैं क्योंकि वहाँ (अर्थात् प्रातिशाख्य में) इस प्रकार पाठ किया गया है—" 'मक्षु' (शब्द) का उकार सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाता है, चाहे वह पद के अन्त में भी विद्यमान न हो।" इसलिये (प्रातिशाख्य में) 'मक्षु' शब्द (के ग्रहण) का प्रयोजन खोजना चाहिए। (उत्तर) यह दोष नहीं है। सामान्य लक्षण का अनुवाद करके ही विशेष लक्षण का विधान किया जा सकता है, अन्यथा नहीं। 'मक्षु' शब्द का यहाँ (प्रातिशाख्य में) अनुवाद समझना चाहिये। अन्य स्थलों पर भी सामान्य लक्षण और विशेष लक्षण की समानता होने पर उसी प्रकार परिहार समझना चाहिए।[क]

टि० (क) भाष्यकार का कथन है कि व्याकरण-शास्त्र वेद की सभी शाखाओं से सम्बद्ध सामान्य-नियमों का विधान करता है। उसका किसी विशेष शाखा से सम्बन्ध नहीं होता ह। दूसरी ओर प्रातिशाख्य वेद की किसी एक शाखा से सम्बद्ध होता है। व्याकरण के सामान्य नियमों की ही वह विशिष्ट परिस्थितियों में व्यवस्था करता है। उसका कार्य यह बतलाना ह कि वे सामान्य नियम उस शाखा-विशेष में कहाँ-कहाँ लागू नहीं होते हैं। संक्षेप में हम यों कह सकते हैं कि व्याकरण सामान्य नियमों का विधान करता है और प्रातिशाख्य विशेष नियमों का। व्याकरण general grammar है तो प्रतिशाख्य applied grammar।

इस पर पूर्वपक्षी का कहना है कि 'मक्षु' शब्द के विषय में प्रातिशाख्य ने कोई विशेष बात नहीं बतलाई है। व्याकरण और प्रातिशाख्य दोनों में ही सामान्य रूप से इसके दीर्घत्व का विधान किया गया है। अब प्रश्न उठता है कि जब 'मक्षु' शब्द के विषय में कोई विशेष बात बतलानी ही नहीं तब प्राति-शाख्य में इस पद का ग्रहण ही क्यों किया गया है?

इसके उत्तर में भाष्यकार का कहना है कि यह कोई दोष नहीं है। यहाँ 'मक्षु' शब्द का अनुवाद किया गया है। सामान्य लक्षण का अनुवाद करके ही विशेष लक्षण का विधान किया जा सकता है। सामान्य लक्षण और विशेष लक्षण में जहाँ इस प्रकार साम्य हो वहाँ अनुवाद मानकर परिहार कर लेना चाहिए।

---

१ ७।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एवं शिक्षाच्छन्दोव्याकरणैर्यत्सर्वासु शाखासु सामान्येन लक्षणमुच्यते तदेवास्यां शाखायामनेन व्यवस्थाप्यत इत्येतत्प्रयोजनमस्याङ्गस्य। तथा चाथर्वणप्रातिशाख्य इदमेव प्रयोजनमुक्तम्—"एवमिहेति च विभाषाप्राप्तं सामान्येन।"[1] अस्य सूत्रस्यायमर्थः—सामान्येन लक्षणेन यद्विकल्पप्राप्तं तदेवमस्यां शाखायां व्यवस्थितं भवतीति प्रातिशाख्यप्रयोजनमुक्तम्।

इस प्रकार शिक्षा, छन्दः और व्याकरण के द्वारा सब शाखाओं में जो सामान्य रूप से लक्षण कहा जाता है वही इस शाखा में इस (प्रातिशाख्य) के द्वारा व्यवस्थित किया जाता है, इस (प्रातिशाख्यात्मक) अङ्ग (वेदाङ्ग) का यह प्रयोजन है। उसी प्रकार आथर्वणप्रातिशाख्य में भी यही प्रयोजन कहा गया है—**"एवमिहेति च विभाषाप्राप्तं सामान्येन।"** इस सूत्र का यह अर्थ है—सामान्य लक्षण के द्वारा जो विकल्प से प्राप्त होता है वही इस शाखा में व्यवस्थित हो जाता है, यह प्रातिशाख्य का प्रयोजन कहा गया है।

अथवा **नैवैतदङ्गं शिक्षाच्छन्दोव्याकरणैः सामान्येनोक्तलक्षणस्य विशेषे व्यवस्थापकम्। किंतु स्वतन्त्रमेवैतदन्यशास्त्रनिरपेक्षम्:—तथाहि शिक्षाच्छन्दोव्याकरणैर्यन्न विहितं तदिह विधीयमानं दृश्यते। यथा—क्रमः क्रमहेतुः पारायणमित्येवमादिकम्। अङ्गता चास्यान्यशास्त्रसव्यपेक्षस्य नैव स्यादकृत्स्नत्वात्। कृत्स्नतां वेदाङ्गतामनिन्द्यतामार्षतां च स्वयमेव शौनको दर्शयिष्यति—"कृत्स्नं च वेदाङ्गमनिन्द्यमार्षम्"[2] इति। अनयोः पक्षयोर्यतरः पक्षः श्रेयांस्ततरो ग्रहीतव्यः॥**

उक्तं शास्त्रप्रयोजनम्। प्रथमे तु पटले संज्ञाः परिभाषाश्चोच्यन्ते। तदर्थमिदमारभ्यते—

(प्रातिशाख्य के प्रयोजन के विषय में दूसरा दृष्टिकोण) अथवा यह अङ्ग शिक्षा, छन्दः और व्याकरण के द्वारा सामान्य रूप से कहे गये लक्षण का विशेष में व्यवस्थापक नहीं है। अन्य शास्त्रों (अर्थात् शिक्षा, छन्दः और व्याकरण) से निरपेक्ष यह स्वतन्त्र ही (शास्त्र है); क्योंकि शिक्षा, छन्दः और व्याकरण के द्वारा जो विहित नहीं है उसका यहाँ विधान किया गया दिखलाई पड़ता है; जैसे—क्रम (अर्थात् क्रम-पाठ), क्रम-पाठ का हेतु, (वेद का) पारायण इत्यादि। अन्य शास्त्रों की अपेक्षा करने पर तो (स्वयं में) पूर्ण न होने के कारण यह (वेद का) अङ्ग भी नहीं हो सकेगा। (इस प्रातिशाख्य-शास्त्र की) संपूर्णता, वेदाङ्गता, अनिन्द्यता, और आर्षता को शौनक स्वयं ही दिखलायेंगे—"यह पूर्ण है, वेदाङ्ग है, अनिन्द्य है और ऋषिप्रोक्त है।" इन दोनों पक्षों में से जो अधिक अच्छा लगे उसे ग्रहण कर लेना चाहिये।

शास्त्र का प्रयोजन कह दिया गया। प्रथम पटल में संज्ञा और परिभाषा कहते हैं। उनके लिये यह (सूत्र) आरम्भ करते हैं—

---

[1] अथ० प्रा० १।२

[2] १४।६९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(समानाक्षरसंज्ञा)

अष्टौ समानाक्षराण्यादितः ॥१॥

(समानाक्षरसंज्ञा)

सू० अ०—आदि में आठ ('अक्षर') **'समानाक्षर'** (monopthongs) हैं।

उ० भा०—**अष्टौ** इति संख्या। **समानाक्षराणि** इति संज्ञा। **आदितः** इति पञ्चमी; "पञ्चम्यास्तसिल्"[1] इति हि वैयाकरणाः पठन्ति। अथ कोऽर्थः? आदित आरभ्य वर्णसमाम्नायस्य (**अष्टौ**=) अष्टाक्षराणि; (**समानाक्षराणि**=) समानाक्षर-संज्ञकानि; भवन्ति। यथा—अ, आ, ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ। **समानाक्षर**संज्ञायाः प्रयोजनम्—"**समानाक्षरे** सस्थाने"[2] इति।

अथवा **आदित** इति नैवायं पञ्चम्यर्थे तसिल्। किं तर्हि? सप्तम्यर्थे; तत्रापि हि लक्षणं स्मर्यते—"तसिप्रकरणे आद्यादिभ्य उपसंख्यानम्"[3] इति। तत्र चैतान्युदाहरणानि—'आदितः' 'मध्यतः' 'पृष्ठतः' इति। अतोऽयं सप्तम्यर्थ एव। अस्मिन्पक्षे एवम्—**आदितः**=वर्णसमाम्नायस्यादौ; (**अष्टौ**=) अष्टाक्षराणि; (**समानाक्षराणि**=) समानाक्षरसंज्ञकानि; भवन्ति॥

उ० भा० अ०—**अष्टौ** यह संख्या है। **समानाक्षर** यह संज्ञा है। **आदितः** इस (पद) में पञ्चमी (विभक्ति में 'तसिल्' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ) है; क्योंकि वैयाकरण "पञ्चम्यन्त (किम् आदि शब्दों) से 'तसिल्' (प्रत्यय विकल्प से होता है)" (इस सूत्र से 'तसिल्' का) विधान करते हैं। तब (शौनक-सूत्र का) अर्थ क्या हुआ? **आदितः**=आदि (अक्षर) से लेकर; वर्णमाला (वर्णसमाम्नाय) के; (**अष्टौ**=) आठ अक्षर; (**समानाक्षराणि**=) 'समानाक्षर'-संज्ञक; होते हैं। जैसे—अ, आ, ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ। **समानाक्षर** संज्ञा का प्रयोजन—"समान स्थान वाले दो **समानाक्षर** (एक दीर्घ 'स्वर'-वर्ण को प्राप्त हो जाते हैं)।"क

टि० (क) **"संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च।**
अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्रमुच्यते॥"
अर्थात् संज्ञा, परिभाषा, विधि, नियम, अतिदेश और अधिकार—ये छः प्रकार के सूत्र होते हैं। प्रस्तुत सूत्र संज्ञा-सूत्र है। संज्ञा-सूत्र परार्थ होता है। संज्ञा करने का यह प्रयोजन होता है कि ग्रन्थ में उस संज्ञा का व्यवहार होता है। संज्ञा का प्रयोजन बतलाने के लिये भाष्यकर प्रातिशाख्य के उस स्थल को उद्धृत कर देते हैं जहाँ प्रस्तुत संज्ञा का व्यवहार हुआ है। इसका तात्पर्य यह है कि उस स्थल को समझने के लिये ही वह संज्ञा की गयी है। यदि संज्ञा न की जावे तो उस स्थल को समझा नहीं जा सकता है। यदि किसी संज्ञा का ग्रन्थ में व्यवहार नहीं हुआ है तो उस संज्ञा के ज्ञान से पुण्य मिलता है। पुण्यप्राप्ति ही उस संज्ञा का प्रयोजन है; दे० २।२६ पर उवट-भाष्य।

---

[1] पा० ५।३।७ [2] २।१५ [3] पा० वा० ५।४।४४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथवा **आदितः** में यह 'तसिल्' प्रत्यय पञ्चमी के अर्थ में नहीं है। तो (फिर) किस (अर्थ में है) ? सप्तमी के अर्थ में है क्योंकि वहाँ पर भी (अर्थात् सप्तमी के अर्थ में भी) लक्षण किया गया है—" 'आदि' प्रभृति (शब्दों) से (सभी विभक्तियों के अर्थ में) 'तसिल्' प्रत्यय होता है।" और वहाँ (अर्थात् सप्तमी के अर्थ में) ये उदाहरण हैं—'आदितः' 'मध्यतः', 'पृष्ठतः' इत्यादि। अतः यह ('तसिल्' प्रत्यय) सप्तमी के अर्थ में ही है। इस पक्ष में इस प्रकार (सूत्र का अर्थ होगा)—**आदितः**=वर्णमाला के आदि में; (पठित प्रथम) (**अष्टौ**=) आठ अक्षर; (**समानाक्षराणि**=) 'समानाक्षर'-संज्ञक; होते हैं।

(संध्यक्षरसंज्ञा)

ततश्चत्वारि संध्यक्षराण्युत्तराणि ॥२॥

(संध्यक्षरसंज्ञा)

सू० अ०—तत्पश्चात् आगे वाले चार ('अक्षर') 'संध्यक्षर' (diphthongs) **हैं।**

उ० भा०—ततः=तेभ्यः समानाक्षरेभ्यः; उत्तराणि चत्वारि; (संध्यक्षराणि=) संध्यक्षरसंज्ञकानि; भवन्ति। अकारस्य इकारेण उकारेण एकारेण ओकारेण च सह संधौ यान्यक्षराणि निष्पद्यन्ते तानि तथोच्यन्ते। यथा—ए, ओ, ऐ, औ। संध्यक्षरसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"संध्यानि संध्यक्षराण्याहुरेके"[1] इति। ततः इत्यनयैव पञ्चम्या संध्यक्षराणां समानाक्षरैः सहानेन्तर्ये सिद्धे यत् उत्तराणि इति वदति तदन्तरा ऌ ॡ इत्यनयोः स्वरयोः प्रतिषेधार्थम्। तथा च यत्नं करिष्यति—"ऋकारादयो दश नामिनः स्वराः"[2] इति।

उ० भा० अ०—**ततः**=तत्पश्चात्=उन समानाक्षरों से; **उत्तराणि**=(अव्यवहित) बाद में आने वाले; **चत्वारि**=चार ('अक्षर'); (**संध्यक्षराणि**=) 'संध्यक्षर'-संज्ञक होते हैं। अकार की इकार, उकार, एकार और ओकार के साथ संधि होनेपर जो 'अक्षर' निष्पन्न होते हैं वे वैसे (अर्थात् 'संध्यक्षर') कहे जाते हैं। जैसे—ए, ओ, ऐ, औ। **संध्यक्षर**-संज्ञा का प्रयोजन—"कुछ (लोग) संधि से उत्पन्न (अक्षरों) को **संध्यक्षर** कहते हैं।"

ततः (पद में प्रयुक्त) इस पञ्चमी के द्वारा ही संध्यक्षरों का समानाक्षरों से आनन्तर्य सिद्ध होने पर (सूत्रकार ने) जो **उत्तराणि** पद का कथन किया है वह (संध्यक्षरों) में 'ऌ' और 'ॡ'—इन दो 'स्वर' (-वर्णों)-के प्रतिषेध करने के लिए (किया है)।[क]

टि० (क) तात्पर्य यह है कि यद्यपि 'ततः' पद में प्रयुक्त पञ्चमी से ही यह ज्ञात हो जाता है कि समानाक्षरों के अनन्तर 'संध्यक्षर' हैं तथापि सूत्रकार ने 'उत्तराणि' पद का प्रयोग इसलिए किया है कि कोई यह न समझ बैठे कि संध्यक्षरों में ऌ और ॡ—ये दो 'स्वर'-वर्ण—आते हैं। संध्यक्षरों में इन दो 'स्वर'-वर्णों का प्रतिषेध करने के लिए ही सूत्रकार ने 'उत्तराणि' पद का प्रयोग किया है। ज्ञातव्य है कि इस प्रातिशाख्य में 'स्वर'-वर्णों का क्रम इस प्रकार है—अ, आ, ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ, ऌ, (ॡ), ई३।

---

[1] १३।३८ [2] १।६५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसी प्रकार (सूत्रकार आगे) भी यत्न करेंगे—"ऋकार आदि दस ('अक्षर') 'नामिन्' हैं।"क

(स्वरसंज्ञा)

एते स्वराः ॥३॥

(स्वरसंज्ञा)

सू० अ०—ये ('समानाक्षर' और 'संध्यक्षर') 'स्वर' (-वर्ण) (vowels) हैं।

उ० भा०—य एते समानाक्षरसंध्यक्षरसंज्ञा वर्णास्त एते द्वादश (स्वराः=)स्वरसंज्ञाः; वेदितव्याः। उदात्तानुदात्तस्वरितप्रचया एष्वक्षरेषु स्थिताः। स्वर्यन्ते शब्द्यन्त इति स्वराः। यथा—अ, आ, ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ इति। स्वरसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"स्वरानुस्वारोपहितो द्विरुच्यते"[१] इति।

उ० भा० अ०—जो ये 'समानाक्षर' और 'संध्यक्षर' संज्ञा वाले वर्ण हैं; **एते**=इन बारह (वर्णों) को; **(स्वराः=)** 'स्वर'-संज्ञक (वर्ण); जानना चाहिए। 'उदात्त', 'अनुदात्त', 'स्वरित' और 'प्रचय' (नामक 'स्वर') इन ('स्वर'-संज्ञक) अक्षरों में स्थित हैं। स्वर्यन्ते= (बिना किसी अन्य की सहायता के स्वयं) उच्चरित होते हैं, (इसलिए) 'स्वर' (कहलाते हैं)।ख जैसे—अ, आ, ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ। **स्वर**-संज्ञा का प्रयोजन—"**स्वर** और 'अनुस्वार' अव्यवहित पूर्व में हों तो ('संयोग' का प्रथम वर्ण) द्वित्व को प्राप्त करता है।"

ननु कथं वर्णसमाम्नायमनुपदिश्यैव—"अष्टौ समानाक्षराण्यादितः"[२] इति। उपदिष्टस्य हि व्यपदेशो एवमुपपद्यते 'आदितः' इति, नानुपदिष्टस्य। तथा—"चत्वारि संध्यक्षराण्युत्तराणि"[३] इत्युरत्तव्यपदेशो नैव घटत इति।

नैष दोषः। उपदिष्टो वर्णसमाम्नायो लौकिको विद्यते। तत्र यावन्तो वर्णा अस्यां शाखायामुपयोक्ष्यन्ते तावतां संज्ञां कर्तुं तमेव वर्णसमाम्नायमुररीकृत्याह—"अष्टौ

टि० (क) इस सूत्र में 'दश' पद का ग्रहण 'नामिन्' में 'ऌ' और 'ॡ' के प्रतिषेध के लिए ही किया गया है। ऋकार से लेकर औकार तक दस ही 'स्वर'-वर्ण हैं, अतएव 'दश' पद को सूत्र में न रखने पर भी दस ही 'नामिन्' 'स्वर'-वर्ण होते तथापि कोई व्यक्ति 'नमिन्' करके 'ऌ' और 'ॡ' को भी न समझ बैठे, इसलिए सूत्र में 'दश' पद को रखा।

(ख) 'स्वर' शब्द 'शब्द करने' के अर्थ वाली 'स्वृ' धातु से 'अच्' प्रत्यय लगने पर निष्पन्न हुआ है। पाणिनीय शिक्षा की 'पञ्जिका' नाम की व्याख्या में 'स्वर' शब्द की व्याख्या इस प्रकार की गयी है—"स्वरा इति 'स्वृ शब्दोपतापयोः' स्वर्यते शब्द्यतेऽनेन व्यञ्जनमिति करणेऽच् प्रत्ययः" (पा० शि० ४ पर पञ्जिका)। इस व्याख्या के अनुसार इन वर्णों को 'स्वर' कहने का यह कारण है कि इनकी सहायता से व्यञ्जनों का उच्चारण होता है।

---

१ ६।१ २ १।१ ३ १।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समानाक्षराण्यादितः ।"[१] तथा तामेवानुपूर्वीमङ्गीकृत्य—"चत्वारि संध्यक्षराणि"[२] इत्युत्तर-शब्दमाह ।

(प्रश्न) वर्णमाला (वर्णसमाम्नाय) का उपदेश किये बिना ही "आदि में आठ (वर्ण) 'समानाक्षर' हैं"—यह कैसे कहा ? क्योंकि उपदिष्ट (वस्तु) का ही 'आदि में' ('आदितः') इस प्रकार उल्लेख उपपन्न होता है, अनुपदिष्ट (वस्तु) का नहीं । वैसे ही "बाद वाले चार 'संध्यक्षर' हैं" में 'बाद वाले' ('उत्तराणि') यह उल्लेख ठीक नहीं बैठता है । क

(उत्तर) यह दोष नहीं है । उपदिष्ट लौकिक वर्णमाला विद्यमान है । उस (लौकिक वर्णमाला) में से जितने वर्णों का उपयोग इस शास्त्र में होगा उतने (वर्णों) की संज्ञा करने के लिए इसी (लौकिक) वर्णमाला (वर्णसमाम्नाय) को स्वीकार करके (सूत्रकार ने) कहा है—"आदि में आठ (वर्ण) 'समानाक्षर' हैं ।" उसी प्रकार उसी (लौकिक वर्णमाला) के क्रम (आनुपूर्वी) को स्वीकार करके—"बाद वाले चार (वर्ण) 'संध्यक्षर' हैं" (इस सूत्र में) 'उत्तर' शब्द को (सूत्रकार ने) कहा है ।

ननु यदि लौकिकोऽत्र वर्णसमाम्नायो गृह्यते एवं तर्हि तयानुपूर्व्या भवितव्यम् । तत्र च ऊकारात् परौ ऋॠकारौ समामनन्ति—उ, ऊ, ऋ, ॠ इति । ऐकारात्पूर्व-मेकारमौकारात्पूर्वमोकारम्—ए, ऐ, ओ, औ इति । सकारात्परं हकारं समामनन्ति—श, ष, स, ह इति ।

सत्यम् । आचार्यप्रवृत्त्या क्रमोऽन्यथानुमीयते । तद्यथा—"ऋकारादयो दश नामिनः स्वराः"[३] इति । यद्याकारात्परौ पठ्येते तदानीं दश नामिनः स्वराः सम्पद्यन्ते । तथा—"संध्येष्वकारोऽर्धमिकार उत्तरं युजोरुकारः"[४] इति । यदि ए, ओ, ऐ, औ एवं पाठो भवति तदानीं युजोरुत्तरमर्धमुकार संपद्यते । तथा—यदि शकारात् पूर्वो हः पठ्यते तदानीम्—"दुस्पृष्टं तु प्राग्घकाराच्चतुर्णाम्"[५] अयं पाठक्रम उपपद्यत इति । सोऽयमाचार्यप्रवृत्त्या पाठक्रमोऽनुमीयमानो लौकिकवर्णसमाम्नायस्य द्विधा पाठं गमयति । अतोऽयं लौकिको वर्णसमाम्नायो गृह्यते । तथा तयानुपूर्व्या तन्न दुरुक्तमिति । उभे अप्येते आनुपूर्व्यौ लौकिकस्य वर्णसमाम्नायस्य द्रष्टव्ये ॥

(प्रश्न) यदि यहाँ पर लौकिक वर्णमाला (वर्णसमाम्नाय) का ग्रहण किया गया है तो उसी (लौकिक) क्रम (आनुपूर्वी) से (उस लौकिक वर्णमाला का ग्रहण) करना चाहिए और वहाँ (लौकिक वर्णमाला में) ऊकार से परे ऋकार और ॠकार का पाठ

टि० (क) तात्पर्य यह है कि वर्णमाला का कथन करने के बाद में यह कहना चाहिए था कि वर्णमाला के आदि में आठ 'अक्षर' 'समानाक्षर'-संज्ञक हैं और उनके बाद में आने वाले चार 'अक्षर' 'संध्यक्षर' हैं । 'आदि में' सुनने के तुरन्त बाद ही यह प्रश्न होता है कि किसके आदि में ? इसलिये सूत्रकार ने वर्णमाला का कथन किये बिना ही जो 'आदितः' और 'उत्तराणि' पदों का प्रयोग किया है वह ठीक नहीं है ।

---

[१] १।१ [२] १।२ [३] १।६५ [४] १३।३९ [५] १३।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करते हैं—उ, ऊ, ऋ, ॠ। ऐकार से पहले एकार और औकार से पहले ओकार (का पाठ करते हैं)—ए, ऐ, ओ, औ। सकार से परे हकार का पाठ करते हैं—श, ष, स, ह।

(उत्तर) (यह बात तो) सच (है कि लौकिक वर्णमाला का ग्रहण लौकिक क्रम से ही करना चाहिए)। (अतएव) आचार्य की प्रवृत्ति से (लौकिक वर्णमाला के) क्रम का अन्यथा अनुमान किया जाता है। जैसे—"ऋकार से प्रारम्भ करके दस 'स्वर'-वर्ण 'नामिन्' हैं" (इस सूत्र को लीजिये)। यदि आकार से परे (ऋकार और ॠकार) का पाठ होता है तो तब दस 'स्वर' (-वर्ण) सम्पन्न होते हैं। उसी प्रकार "(विषम संख्या वाले) संध्यक्षरों में अकार (पूर्व) अर्ध (होता है) और इकार बाद वाला (अर्ध होता है); सम संख्या वाले (संध्यक्षरों में) उकार (बाद वाला अर्ध होता है)" (इस सूत्र को लीजिये)। यदि—ए, ओ, ऐ, औ—इस प्रकार पाठ होता है तो तब सम संख्या वाले (संध्यक्षरों) के बाद वाले आधे भाग का उकार होना सम्पन्न होता है। वैसे ही—यदि शकार से पहले हकार का पाठ होवे तो तब—"हकार से पूर्व वाले चार वर्णों का (प्रयत्न) ईषत्स्पृष्ट (दुःस्पृष्ट) (होता है)" यह पाठक्रम उपपन्न होता है। आचार्य की (इस प्रकार की) प्रवृत्ति से अनुमान किया गया यह पाठक्रम लौकिक वर्णमाला के दो प्रकार के पाठ (के अस्तित्व) को बतलाता है। इसलिए इस (अनुमित) लौकिक वर्णमाला का ग्रहण किया गया है। उसी प्रकार यह भी ठीक ही कहा गया है कि उसी (लौकिक) क्रम से (वर्णमाला का ग्रहण किया गया है)। लौकिक वर्णमाला के इन दोनों ही क्रमों को समझना चाहिये।[क]

टि० (क) प्रारम्भ में यह शंका हुई थी कि वर्णमाला का कथन किए बिना ही भाष्यकार ने 'आदितः' और 'उत्तराणि' पदों का जो प्रयोग किया है वह ठीक नहीं है। इस शंका के उत्तर में भाष्यकार ने कहा था कि यह कोई दोष नहीं है क्योंकि सूत्रकार ने लौकिक वर्णमाला और उसके क्रम को स्वीकार करके 'आदितः' और 'उत्तराणि' पदों का प्रयोग किया है। इस पर पूर्वपक्षी पुनः शंका करता है कि सूत्रकार ने लौकिक वर्णमाला के क्रम को स्वीकार नहीं किया है। लौकिक वर्णमाला में ऊकार के बाद में ऋकार और ॠकार का पाठ करते हैं; ऐकार से पहले एकार और औकार से पहले ओकार का पाठ करते हैं और सकार से परे हकार का पाठ करते हैं। इसके विपरीत सूत्रकार ने ऋकार और ॠकार को ऊकार से पहले माना है और संध्यक्षरों के क्रम को—ए, ओ, ऐ, औ—इस रूप में माना है। उन्होंने हकार को शकार से पहले माना है। इसलिये यह कहना कथमपि युक्त नहीं कि सूत्रकार ने लौकिक वर्णमाला और उसके क्रम को स्वीकार किया है।

इसके उत्तर में भाष्यकार का कथन है कि आचार्य शौनक ने वर्णमाला के भिन्न क्रम को जो माना है उससे यह ज्ञात होता है कि उस समय लोक में वर्णमाला के दो क्रम प्रचलित थे—एक वह जिसका पूर्वपक्षी ने निर्देश किया है और दूसरा वह जिसे आचार्य शौनक ने स्वीकार किया है। दूसरे क्रम वाली वर्णमाला को स्वीकार करके ही आचार्य शौनक ने अपने सूत्रों का प्रणयन किया है। उस क्रम को दृष्टि में रखकर ही उनके सूत्र स्पष्ट होते हैं, अन्यथा नहीं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(इपर-प्लुतस्य दीर्घवत्त्वम्)

इपरो दीर्घवत्प्लुतः ॥४॥

(इकारपर प्लुत का दीर्घ के समान होना)

सू० अ०—इकार परे हो तो 'प्लुत' ('स्वर') 'दीर्घ' ('स्वर') के समान (होता है)।

उ० भा०—(इपरः=) इकारपरः; प्लुतो दीर्घवत्प्रत्येतव्यः। वतिः सर्वसादृश्यार्थः। यथा ईकार इतिना सह संधौ दीर्घमेकमीकारं निरनुनासिकमापद्यते तथायमपि प्लुत ईकारं निरनुनासिकमापद्यत इत्यर्थः। क्रमसंहितायां परिग्रहस्य पूर्वे वचन ईत्वभूतो भवति। द्वितीयेऽनुनासिकस्त्रिमात्रस्तु यथा—"विन्दतीति विन्दती३ ॥"[१]

उ० भा० अ०—(**इपरः=**) इकार परे हो तो; **प्लुतः=** 'प्लुत' को; **दीर्घवत्=** 'दीर्घ' के समान; जानना चाहिए। 'वति' (प्रत्यय) सब प्रकार के सादृश्य (को बतलाने) के लिए (प्रयुक्त हुआ है)। जिस प्रकार ईकार इति के साथ मिलने पर एक निरनुनासिक 'दीर्घ' ईकार हो जाता है, उसी प्रकार यह (इकारपर) 'प्लुत' भी निरनुनासिक ईकार हो जाता है—यह अर्थ है। क्रम-संहिता[क] में 'परिग्रह'[ख] के पूर्व-वचन में ('प्लुत' ईकार) (इति के इकार के साथ मिलकर) 'ई' हो जाता है। द्वितीय (वचन) में तो 'अनुनासिक' और 'प्लुत' (त्रिमात्र) (ही रहता है)। जैसे—"विन्दतीति विन्दती३।"[ग]

टि० (क) क्रम-पाठ में दो-दो पदों की संधि होती है। प्रत्येक पद को एक बार पूर्व में आने वाले और एक बार बाद में आने वाले पद के साथ मिलाकर उच्चारण करना होता है। जैसे—"पर्जन्याय प्र। प्र गायत। गायत दिवः। दिवस्पुत्राय। पुत्राय मीळ्हुषे। मीळ्हुष इति मीळ्हुषे" (ऋ० क० ७।१०२।१)॥ क्रम-पाठ का विस्तृत विवेचन ग्रन्थ के एकादश और द्वादश पटलों में हुआ है।

(ख) जब किसी पद के बाद में 'इति' जोड़कर 'इति' के पश्चात् उस पद का पुनरुच्चारण किया जाता है तो इस प्रक्रिया को 'परिग्रह' कहा जाता है। जब वह पद पूर्व में और 'इति' बाद में हो तो वह 'परिग्रह' का पूर्व वचन है और तत्पश्चात् जब 'इति' पूर्व में और वह पद बाद में हो तो वह 'परिग्रह' का द्वितीय वचन है। उपर्युक्त उदाहरण में 'मीळ्हुष इति' यह 'परिग्रह' का पूर्व वचन है और 'इति मीळ्हुषे' यह द्वितीय वचन है।

(ग) 'विन्दती३' का ईकार १।३१ के अनुसार 'प्लुत' है और १।६४ के अनुसार 'अनुनासिक' हो गया है। यह पद १०।९ के अनुसार 'परिग्रह' को प्राप्त करके इस रूप में आ जाता है—"विन्दती३ इति विन्दती३।" 'विदती३' के ईकार की 'इति' के इकार के साथ संधि प्राप्त नहीं होती क्योंकि २।१५ से 'दीर्घ' और 'ह्रस्व' इकारों की ही संधि हो सकती है, 'प्लुत' की नहीं। इस अप्राप्त संधि की प्राप्ति के लिए ही प्रस्तुत सूत्र का प्रणयन हुआ है। इकार परे रहते प्रस्तुत सूत्र से 'प्लुत' ईकार को 'दीर्घ' ईकार के समान माना गया है जिससे 'दीर्घ' ईकार के समान इस 'प्लुत' ईकार की भी 'ह्रस्व' इकार के साथ संधि हो गई और यह अभीष्ट रूप निष्पन्न हो गया—"विन्दतीति विन्दती३।"

---

[१] ऋ० क० १०।१४६।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अनुस्वारस्य स्वरूपम्)

अनुस्वारो व्यञ्जनं वा स्वरो वा ॥५॥

(अनुस्वार का स्वरूप)

सू० अ०—'अनुस्वार' 'व्यञ्जन' भी है और 'स्वर' भी है।

उ० भा०—अं वर्णसमाम्नाये पठ्यते। स कांश्चित्स्वरधर्मान्गृह्णाति कांश्चिद्व्यञ्जनधर्मान्। तद्यथा—ह्रस्वत्वं दीर्घत्वं प्लुतत्वमुदात्तत्वं स्वरितत्वमिति स्वरधर्माः। तथा—अर्धमात्राकालता स्वरवशेनोदात्तानुदात्तस्वरितत्वं संयोगश्चेति व्यञ्जनधर्माः। तत्रोभयधर्मयोगादुभयस्वभावं स्वरव्यञ्जनयोरन्यद्वर्णान्तरं प्रकाशयति—"अनुस्वारो व्यञ्जनं वा स्वरो वा" इति। वर्णस्वरूपकथनेन प्रयोजनम्—तेन स्वरग्रहणेन व्यञ्जनग्रहणेन च न गृह्यते, स्वशब्दग्रहणेन वर्णग्रहणेन च गृह्यते। यथा—"स्वरानुस्वारोपहितो द्विरुच्यते"[१] इति स्वरशब्देन न गृह्यते, स्वशब्देन च गृह्यते। "अनुस्वारो व्यञ्जनं चाक्षराङ्गम्"[२] इति च व्यञ्जनग्रहणेन न गृह्यते। "एके वर्णाञ्छाश्वतिकान्न कार्यान्"[३] इत्यत्र वर्णग्रहणेनानुस्वारोऽपि गृह्यत इति।

उ० भा० अ०—'अं' यह 'अनुस्वार' वर्णमाला (वर्णसमाम्नाय) में आता है। वह ('अनुस्वार') 'स्वर' के कतिपय गुणों को (धारण करता है) और 'व्यञ्जन' के कतिपय गुणों को (धारण करता है)। जैसे—'ह्रस्व' होना, 'दीर्घ' होना, 'प्लुत' होना, 'उदात्त' होना, 'अनुदात्त' होना (और) 'स्वरित' होना—ये 'स्वर'(-वर्ण) के गुण हैं। उसी प्रकार—आधी मात्रा के काल का होना, स्वरवश 'उदात्त', 'अनुदात्त' और 'स्वरित' होना तथा 'संयोग' प्राप्त करना—ये 'व्यञ्जन' के गुण हैं। (उक्त सूत्र) "'अनुस्वार' या तो 'व्यञ्जन' है या 'स्वर' है"—(इस तथ्य को) प्रकाश में लाता है कि ('स्वर' और 'व्यञ्जन') इन दोनों के गुणों को धारण करने के कारण दोनों के स्वभाव वाला ('अनुस्वार') 'स्वर' और 'व्यञ्जन' से भिन्न (एक) वर्ण है। वर्ण (अर्थात् 'अनुस्वार') के स्वरूप को (स्वतन्त्र रूप से) कहने का प्रयोजन—इससे 'स्वर' का ग्रहण करने से और 'व्यञ्जन' का ग्रहण करने से (इसका) ग्रहण नहीं होता। अपने ('अनुस्वार') शब्द का ग्रहण करने से और वर्ण का ग्रहण करने से इसका ग्रहण होता है।[क] जैसे—"'स्वर' और 'अनुस्वार' अव्यवहित पूर्व में हों तो ('संयोग' का प्रथम वर्ण) द्वितीय को प्राप्त करता है।" (इस सूत्र में) 'स्वर' शब्द से ('अनुस्वार' का) ग्रहण नहीं होता है, अपने ('अनुस्वार') शब्द से ग्रहण होता है (यदि 'स्वर' शब्द से 'अनुस्वार' का भी ग्रहण हो जाता तो उक्त सूत्र में 'अनुस्वार' शब्द का ग्रहण करने की आवश्यकता ही न होती)। (उसी प्रकार) "'अनुस्वार' और 'व्यञ्जन' 'अक्षर' का 'अङ्ग' हैं।" (इस सूत्र में) 'व्यञ्जन' का ग्रहण करने से ('अनुस्वार' का) ग्रहण नहीं

टि० (क) तात्पर्य यह है कि 'अनुस्वार' 'स्वर' और 'व्यञ्जन' के अन्तर्गत नहीं है। हाँ, वर्ण में तो उसका अन्तर्भाव होता है। यदि कहीं 'अनुस्वार' का ग्रहण अपेक्षित है तो 'अनुस्वार' पद का प्रयोग आवश्यक है। वर्ण कहने पर तो 'स्वर', 'व्यञ्जन' और 'अनुस्वार' इन सभी का ग्रहण होता है।

---

१ ६।१ २ १।२२ ३ १३।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता है (यदि 'व्यञ्जन' का ग्रहण करने से ही 'अनुस्वार' का ग्रहण हो जाता तो 'अनुस्वार' के पृथक् उल्लेख की आवश्यकता न होती)। "कतिपय (आचार्य) वर्णों को नित्य (मानते हैं), अनित्य नहीं" यहाँ (अर्थात् इस सूत्र में) वर्ण के ग्रहण से 'अनुस्वार' का भी ग्रहण हो जाता है।[क]

ननु "सर्वः शेषो व्यञ्जनान्येव"[१] इति व्यञ्जनग्रहणेनानुस्वारग्रहणमस्तु। को गुण इति चेत्? सूत्रमेतन्नारब्धव्यं स्याद्व्यञ्जनग्रहणेन ग्रहणात्। "सव्यञ्जनः सानुस्वारः शुद्धो वापि"[२]; "अनुस्वारो व्यञ्जनं चाक्षराङ्गम्"[३] इति, "संयोगानुस्वारपराणि यानि"[४] इत्येवमादिसूत्रेष्वनुस्वारग्रहणं न कर्तव्यं स्याद्व्यञ्जनग्रहणेनैव सिद्धत्वात्। "स्वरानुस्वारोपहितो द्विरुच्यते संयोगादिः"[५] इत्यत्रानुस्वारस्य व्यञ्जनत्वे सत्यपि वचनात्परस्य संयोगादेर्द्विरुक्तिर्भविष्यति न त्वनुस्वारस्यैव—इत्येवमनुस्वारस्य व्यञ्जनत्वेन सर्वमभिप्रेतं सिद्ध्यति। अतो व्यञ्जनग्रहणेनैवानुस्वारग्रहणं भवतु, किमनेन योगेन—"अनुस्वारो व्यञ्जनं वा स्वरो वा" इति।

सत्यमेतद्यदि नामानुस्वारस्य स्वरूपं न कथितं स्यात्। तस्मात्स्वरव्यञ्जनातिरिक्तमन्यद्वर्णान्तरमेतदित्येतत्ख्यापनपरमेवैतत्सूत्रमिति सिद्धान्तितम्॥

(पूर्वपक्षी) "अवशिष्ट सब (वर्ण) 'व्यञ्जन' ही हैं" के अनुसार 'व्यञ्जन' के ग्रहण से ही 'अनुस्वार' का भी ग्रहण होवे। (सिद्धान्ती का प्रश्न) (ऐसा होने से) क्या लाभ (होगा)? (पूर्वपक्षी का उत्तर) 'व्यञ्जन' के ग्रहण से ('अनुस्वार' का) ग्रहण हो जाने से इस (प्रस्तुत) सूत्र का निर्माण न करना पड़ता। (इसके अतिरिक्त) "व्यञ्जनसहित, अनुस्वारसहित अथवा शुद्ध भी ('स्वर' 'अक्षर' होता है)"; "'अनुस्वार' और 'व्यञ्जन' 'अक्षर' के 'अङ्ग' हैं"; "'संयोग' और 'अनुस्वार' परे हों तो ('ह्रस्व' 'स्वर' भी 'गुरु' होते हैं)" इत्यादि सूत्रों में 'व्यञ्जन' (पद) के ग्रहण से ही सिद्ध हो जाने से 'अनुस्वार' (पद) का ग्रहण न करना पड़ता। "'स्वर' और 'अनुस्वार' अव्यवहित पूर्व में हों तो 'संयोग' का प्रथम वर्ण दो बार उच्चरित होता है" यहाँ पर 'अनुस्वार' के 'व्यञ्जन' होने पर भी ('अनुस्वार' का) कथन होने से ('अनुस्वार' से) परवर्ती 'संयोग' के प्रथम वर्ण का ही दो बार उच्चारण होता है, 'अनुस्वार' का नहीं।[ख] इस प्रकार 'अनुस्वार' को

टि० (क) इन तीन सूत्रों को यहाँ यह बतलाने के लिये उद्धृत किया गया है कि 'अनुस्वार' वर्ण तो है किन्तु न केवल 'स्वर'-वर्ण है और न केवल 'व्यञ्जन'-वर्ण।

(ख) निर्दिष्ट सूत्र के अनुसार 'स्वर' के बाद वाले 'व्यञ्जन' का द्वित्व हो जाता है। यहाँ प्रश्न होता है कि यदि 'अनुस्वार' को 'व्यञ्जन' माना जायेगा तो 'स्वर' के बाद में स्थित 'अनुस्वार' का द्वित्व हो जायेगा; किन्तु 'अनुस्वार' का द्वित्व होता नहीं। इसके उत्तर में यह कहा गया है कि इस सूत्र में स्पष्ट रूप से यह कह दिया गया है कि 'स्वर' और 'अनुस्वार' से बाद में आने वाले 'संयोग' का प्रथम वर्ण द्वित्व को प्राप्त करता है। इस स्पष्ट कथन से 'अनुस्वार' के द्वित्व होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

---

१ १।६ २ १८।३२ ३ १।२२ ४ १।२१ ५ ६।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'व्यञ्जन' मानने पर सभी अभीष्ट सिद्ध हो जाता है। इसलिए 'व्यञ्जन' के ग्रहण से ही 'अनुस्वार' का ग्रहण होवे; "'अनुस्वार' 'व्यञ्जन' भी है और 'स्वर' भी है" इस सूत्र (योग) से क्या (लाभ है)?

(सिद्धान्ती) यह (अर्थात् 'अनुस्वार' को 'व्यञ्जन' मानना) ठीक होता यदि (सूत्रकार के द्वारा) 'अनुस्वार' का स्वरूप न कहा गया होता (किन्तु सूत्रकार ने तो 'अनुस्वार' के स्वरूप को कह दिया है)। इसलिए यह 'अनुस्वार' 'स्वर' और 'व्यञ्जन' से अतिरिक्त एक अन्य वर्ण है, यह बतलाने के लिए ही यह सूत्र (निर्मित हुआ है)—यह निश्चय किया जाता है)।

(व्यञ्जनसंज्ञा)

सर्वः शेषो व्यञ्जनान्येव ॥६॥

(व्यञ्जनसंज्ञा)

सू० अ०—शेष सब (वर्ण) 'व्यञ्जन' (consonants) ही हैं।

उ० भा०—उपयुक्तेतरवचनः शेषशब्दः। स्वरानुस्वारव्यतिरिक्तः सर्वः शेषो वर्णराशिः; (व्यञ्जनानि=)व्यञ्जनसंज्ञकः; वेदितव्यः। व्यञ्जयन्ति प्रकटान् कुर्वन्त्यर्थानिति व्यञ्जनानि। सर्वशब्दो यमादीनां परिग्रहणार्थः। तेषां यद्यप्यत्र संज्ञाधिकारे ग्रहणं न कृतं तथापि स्थानाधिकारे ग्रहणं कृतमेव—"नासिक्ययमानुस्वारान्"[१] इति। लृकारस्य मात्रिकस्य ईकारस्य च प्लुतस्य सर्वशब्देन ग्रहणं न भविष्यति स्वरशब्देन ग्रहणात्। "धातौ स्वरः कल्पयताल्लृकारः"[२] इति लृकारस्य स्वरसंज्ञा। तथा—"तिस्रः प्लुत उच्यते स्वरः"[३] इति प्लुतस्य स्वरसंज्ञा। अतश्च स्वरग्रहणेनैव ग्रहणाद् व्यञ्जनत्वं न भवति। व्यञ्जनान्येव इत्यवधारणमनुस्वारस्योभयरूपतामुज्ज्वलयति। व्यञ्जनसंज्ञायाः प्रयोजनम्—दीर्घं ह्रस्वो व्यञ्जने"[४] इति॥

उ० भा० अ०—**शेष** शब्द कहे गये (वर्णों) से अन्य (वर्णों) का वाचक है। 'स्वर' और 'अनुस्वार' से व्यतिरिक्त; (**सर्वः शेषः**=) सभी शेष वर्णों को; (**व्यञ्जनानि**=) 'व्यञ्जन'-संज्ञक; जानना चाहिए। (ये वर्ण) अर्थों को; व्यक्त करते हैं=प्रकट करते हैं[क] —(इसलिए ये वर्ण) 'व्यञ्जन'[ख] (कहलाते हैं)। (सत्र में) **सर्व** शब्द (का प्रयोग)

टि० (क) 'व्यञ्जन' ही अर्थ-विशेष के बोधक होते हैं। शब्दों के अर्थ 'व्यञ्जन' के बदलने पर बदल जाते हैं। उदाहरण के लिए 'धूप', 'कूप' और 'यूप'—इन तीन शब्दों में 'स्वर' वही है, किंतु व्यञ्जन भिन्न हैं। व्यञ्जनों के भिन्न-भिन्न होने से इन शब्दों के अर्थ बदल गये हैं।

(ख) तै० प्रा० १।६ पर वैदिकाभरण नामक भाष्य में 'व्यञ्जन' पद का निर्वचन इस प्रकार किया गया है—"परेण स्वरेण व्यज्यत इति व्यञ्जनम्।" इसका अर्थ यह है कि 'स्वर' की सहायता से व्यक्त अर्थात् उच्चरित होने के कारण ये वर्ण 'व्यञ्जन' कहे जाते हैं।

---

१ १।४८ २ १३।३५ ३ १।३० ४ ७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'यम'[क] आदि के ग्रहण के लिये है। उन ('यम' आदि) का यद्यपि यहाँ (वर्णों की) संज्ञा के अधिकार में ग्रहण नहीं किया गया है तथापि 'स्थान' के अधिकार में ग्रहण किया ही गया है—"'यम', 'नासिक्य' और 'अनुस्वार' (को छोड़कर शेष सब 'ओष्ठ्य' हैं)।" एक मात्रा वाले लृकार और 'प्लुत' ईकार का **सर्व**शब्द से ग्रहण नही होगा क्योंकि (इन दोनों का) 'स्वर' शब्द से ग्रहण हुआ है।[ख] "(जब रेफ लकार हो जाता है तो) 'क्लृप्' धातु में लृकार 'स्वर' होता है"[ग] (इस सूत्र से) लृकार की 'स्वर'-संज्ञा (की गई है)। उसी प्रकार "'प्लुत' 'स्वर' तीन (मात्राओं) का कहा जाता है" (इस सूत्र से) 'प्लुत' की 'स्वर'-संज्ञा (की गई है)। इसलिये 'स्वर' के रूप में ग्रहण करने से ही ग्रहण हो जाने से ('लृ' और 'ई३' का) व्यञ्जनत्व नहीं होता। 'व्यञ्जन' ही हैं, यह निश्चय 'अनुस्वार' की उभयरूपता ('स्वर'-रूपता और 'व्यञ्जन'-रूपता) को स्पष्ट कर देता है।[घ] **व्यञ्जन**-संज्ञा का प्रयोजन—**"व्यञ्जन** परे होने पर 'ह्रस्व' ('स्वर') 'दीर्घ' (हो जाता हैं)।"

(स्पर्शसंज्ञा)

तेषामाद्या स्पर्शाः ॥७॥

(स्पर्शसंज्ञा)

सू० अ०—उन (व्यञ्जनों) में आदि वाले (वर्ण)' स्पर्श' (contact consonants) **हैं।**

टि० (क) 'अननुनासिक' 'स्पर्श' के बाद में 'अनुनासिक' 'स्पर्श' हो तो दोनों के मध्य में एक नासिक्य वर्ण (='यम') का उच्चारण तो होता है किन्तु इसे प्रायः लिखा नहीं जाता है। उदाहरण के लिये 'पलिक्नीः' का उच्चारण 'पलिक्क्नीः' होता है जहाँ द्वितीय ककार (='यम') नासिक्य उच्चरित होता है। 'यम' के विस्तृत वर्णन के लिये छठा पटल देखिये।

(ख) सूत्र में प्रयुक्त 'सर्व' शब्द के द्वारा 'यम' आदि ध्वनियों का 'व्यञ्जन' में ग्रहण होता है। अवशिष्ट होने पर भी लृकार और 'प्लुत' ईकार का 'व्यञ्जन' में ग्रहण नहीं होता क्योंकि इन्हें क्रमशः १३।३५ और १।३० में स्पष्ट रूप से 'स्वर' कहा गया है।

(ग) मूलतः 'ऋ' तथा 'लृ' को क्रमशः रेफ और लकार का 'स्वर'-रूप माना गया है। इसलिये प्रातिशाख्य तथा शिक्षा-ग्रन्थ 'ऋ' तथा 'लृ' में 'क्रमशः रेफ तथा लकार का अंश मानते हैं। ऋ० प्रा० १३।३४-३५ का कथन है कि ऋकार में रेफ विद्यमान होता है और जब वह रेफ लकार हो जाता है तो 'ऋ' का 'लृ' हो जाता है। 'ऋ' की भाँति यह 'लृ' भी 'स्वर' है।

(घ) "ये शेष वर्ण 'व्यञ्जन' ही हैं" इस निश्चय के द्वारा सूत्रकार 'अनुस्वार' से इन शेष वर्णों अर्थात् व्यञ्जनों का भेद बतलाते हैं जिससे 'अनुस्वार' की उभयरूपता स्पष्ट हो जाती है। ये वर्ण 'व्यञ्जन' ही हैं, जब कि 'अनुस्वार' 'स्वर' और 'व्यञ्जन' दोनो है, केवल 'व्यञ्जन' नहीं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० **तेषाम्** व्यञ्जनानाम् **आद्या** वर्णाः; (**स्पर्शाः**=) स्पर्शसंज्ञाः; वेदितव्याः। स्पृष्टकरणाः। स्पर्शाः कादयो मान्ताः। **स्पर्श**संज्ञायाः प्रयोजनम्—"**स्पर्शाः** पूव व्यञ्जनान्युत्तराणि"[१] इति ॥

उ० भा० अ०—**तेषाम्**=उन (व्यञ्जनों) में; **आद्याः**=आदि वाले वर्णों को; (**स्पर्शाः**=)'स्पर्श'-संज्ञक; जानना चाहिए। (इन स्पर्शों का) 'आभ्यन्तर प्रयत्न' 'स्पृष्ट' (होता है)[क]। 'क' से लेकर 'म' तक 'स्पर्श' हैं। **स्पर्श**-संज्ञा का प्रयोजन—"**स्पर्श** पूर्व में और 'व्यञ्जन' बाद में (हों तो 'अवशंगम' संधि होती है)।"

(वर्गसंज्ञा)

पञ्च ते पञ्चवर्गाः ॥८॥

(वर्गसंज्ञा)

सू० अ०—(उन स्पर्शों के) पाँच-पाँच (वर्णों) के पाँच 'वर्ग' हैं।

उ० भा०—ते च स्पर्शाः पञ्चवर्गाः। पञ्चभिः स्पर्शैर्वर्ग एषामिति पञ्चवर्गाः। कियन्तस्ते वर्गा इति ? पञ्च। यथा—कखगघङ, चछजझञ, टठडढण, तथदधन, पफबभम। वर्गसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"वर्गे वर्गे च प्रथमावघोषौ"[२] इति ॥

उ० भा० अ०—**ते**=वे 'स्पर्श'; **पञ्चवर्गाः**=पाँच-पाँच (वर्णों) के 'वर्ग' वाले हैं। पाँच-पाँच स्पर्शों से इनका (एक-एक) 'वर्ग' (होता है), (इसलिए इन्हें) पाँच-पाँच (वर्णों) के 'वर्ग' वाला (कहा गया है)। वे 'वर्ग' कितने हैं ? (उत्तर) **पञ्च**=पाँच हैं। जैसे—कखगघङ (कवर्ग), चछजझञ (चवर्ग), टठडढण (टवर्ग), तथदधन (तवर्ग), पफबभम (पवर्ग)। **वर्ग**-संज्ञा का प्रयोजन—"प्रत्येक **वर्ग** में प्रथम दो 'अघोष' हैं।"

(अन्तःस्थासंज्ञा)

चतस्रोऽन्तस्थास्ततः ॥९॥

(अन्तःस्थासंज्ञा)

सू० अ०—तदनन्तर (=उन स्पर्शों के बाद में) चार (वर्ण) 'अन्तःस्था' (semi-vowels) हैं।

उ० भा०—ततः=तेभ्यः स्पर्शेभ्योऽनन्तराः; चतस्रः; (अन्तस्थाः=) अन्तःस्थासंज्ञिकाः; वर्णव्यक्तयो वेदितव्याः। स्पर्शोष्मणामन्तर्मध्ये तिष्ठन्तीति अन्तःस्थाः। व्यञ्जनान्येवैतानि स्त्रीलिङ्गानि निर्दिष्टानि। यथा—य, र, ल, व। अन्तःस्थासंज्ञायाः प्रयोजनम्—"अन्तस्थासु रेफवर्जं परासु"[३] इति।

टि० (क) इनका उच्चारण करते समय मुख के दो अंग एक दूसरे का स्पर्श करके वायु को रोकते हैं और फिर एक दूसरे से अलग होकर वायु को बाहर जाने देते हैं। दो अंगों का स्पर्श होने के कारण इन ध्वनियों को 'स्पर्श' कहते हैं।

---

१ ४।१ २ १।१२ ३ ४।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ० **ततः**=उन स्पर्शों के बाद वाले; **चतस्रः**=चार वर्णों को; (**अन्तस्थाः**=) 'अन्तःस्था'-संज्ञक; जानना चाहिये। 'स्पर्श' और 'ऊष्मन्' के मध्य (अन्तः) में अवस्थित हैं, इसलिए इन्हें **अन्तःस्था** (कहते हैं)। स्त्रीलिङ्ग में निदिष्ट ये 'व्यञ्जन' ही हैं। जैसे—य, र, ल, व। **अन्तःस्था**-संज्ञा का प्रयोजन—"रेफव्यतिरिक्त **अन्तःस्था** परे हों तो (मकार 'अनुनासिक' 'अन्तःस्था' हो जाता है)।

(ऊष्मसंज्ञा)

उत्तरेऽष्टा ऊष्माणः ॥१०॥

(ऊष्मसंज्ञा)

सू० अ०—(अन्तःस्था) के बाद वाले आठ (वर्ण) 'ऊष्मन्' (spirants, breath-sounds) **(कहलाते) हैं।**

उ० भा०—अन्तःस्थाभ्य उत्तरेऽष्टा ऊष्माणः वेदितव्याः। ऊष्मा=वायुः; तत्प्रधाना वर्णा ऊष्माणः। यथा—ह, श, ष, स, अः, ᳵक, ᳵप, अं इति। ऊष्मसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"तमेवोष्माणमूष्मणि"[१] इति। यस्तु—चतस्रोऽन्तस्थास्तत उत्तरे—इत्येवं सूत्रमिच्छति तस्य चतस्रोऽन्तःस्था इत्यनयोः पदयोः स्त्रीलिङ्गबहुवचनान्तत्वादुत्तर इत्यस्य च पदस्य पुंलिङ्गबहुवचनान्तत्वात्सम्बन्धो दुर्लभः। अतः चतस्रोऽन्तस्थास्ततः—इत्यत्रैव सूत्रच्छेदः॥

उ० भा० अ०—'अन्तःस्था' (वर्णों) से; **उत्तरेऽष्टा**=बाद वाले आठ (वर्णों) को; **ऊष्माणः**='ऊष्मन्'[क]; जानना चाहिये। ऊष्मा=(मुख से निकलने वाली) वायु है; उस (वायु) की (जिन) वर्णों में प्रधानता (होती है वे) **ऊष्मन्** (कहलाते हैं)। जैसे—ह, श, ष, स, अः, ᳵ क, ᳵ प, अं। **ऊष्म**-संज्ञा का प्रयोजन—"('अघोष') **ऊष्मन्** बाद में हों तो (विसर्जनीय) उसी **ऊष्मन्** (में परिणत हो जाता है)।" जो (व्यक्ति)—**चतस्रोऽन्तस्थास्तत उत्तरे**—इस प्रकार सूत्र को मानता है उसके (मत में यह दोष है कि) 'चतस्रः' और 'अन्तःस्थाः' इन दो पदों के स्त्रीलिङ्ग बहुवचनान्त होने से और 'उत्तरे' इस पद के पुंलिङ्ग बहुवचनान्त होने से ('उत्तरे' का 'चतस्रः' तथा 'अन्तःस्थाः' के साथ)

टि० (क) 'स्पर्श'-वर्णों के उच्चारण के समय क्षणभर के लिय मुख में वायु का मार्ग पूर्णतया अवरुद्ध हो जाता है किंतु 'ऊष्म'-वर्णों के उच्चारण के समय वायु का मार्ग पूर्णतया अवरुद्ध न होकर थोड़ा खुला रहता है जिससे वायु उस सँकरे मार्ग से दोनों ओर घर्षण करती हुई बलपूर्वक बाहर निकलती रहती है। इसलिए 'ऊष्म'-वर्णों को 'संघर्षी' (fricatives) भी कहते हैं। वायु-प्रधान कहने का यही तात्पर्य है कि इन ध्वनियों के उच्चारण में वायु क्षणभर के लिये भी न रुककर लगातार बाहर निकलती रहती है।

---

[१] ४।३२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्बन्ध दुर्लभ है।[क] इसलिये—'चतस्रोऽन्तस्थास्ततः' यहीं पर सूत्र का विभाग करना (उचित है)।

(अघोषसंज्ञा)

अन्त्याः सप्त तेषामघोषाः ॥११॥

(अघोषसंज्ञा)

सू० अ०—उन ('ऊष्म'-वर्णों) में अन्तिम सात (वर्ण) 'अघोष' (sonant या voiceless) **हैं।**

उ० भा०—तेषाम् एवोष्मणाम् अन्त्याः सप्त ऊष्माणः; (अघोषाः=) अघोषसंज्ञाः; वेदितव्याः। यथा—श, ष, स, अः, ᳘ क, ᳘ प, अं इति। अघोषसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"अघोषे रेफ्यरेफी च"[१] इति ॥

उ० भा० अ०—**तेषाम्**=उन 'ऊष्म' (-वर्णों) में ही; **अन्त्याः**=अन्तवाले; **सप्त**=सात ऊष्म (-वर्णों) को; (**अघोषाः**=) 'अघोष'[ख]-संज्ञक; जानना चाहिये (अर्थात् 'ऊष्म'-वर्णों में से अन्तिम सात को 'अघोष' कहते हैं)। जैसे—श, ष, स, अः, ᳘ क, ᳘ प, अं। **अघोष**-संज्ञा का प्रयोजन—"**अघोष** ('स्पर्श') परे हो तो 'रिफित' अथवा 'अरिफित' (विसर्जनीय) (परवर्ती) 'अघोष' ('स्पर्श') के समान स्थान वाला 'ऊष्म' (-वर्ण) हो जाता है)।"

वर्गे वर्गे च प्रथमावघोषौ ॥१२॥

सू० अ०—प्रत्येक वर्ग में प्रथम दो (वर्ण) भी 'अघोष' हैं।

उ० भा०—वर्गे वर्गे; (प्रथमौ=) प्रथमद्वितीयौ वर्णौ; (अघोषौ=) अघोषसंज्ञौ; वेदितव्यौ। यथा—कख, चछ, टठ, तथ, पफ इति। पारिशेष्यादन्यानि घोषवत्संज्ञकानि व्यञ्जनानि ॥

टि० (क) कुछ लोग १।९ और १।१० की व्यवस्था इस प्रकार करते हैं—"चतस्रोऽन्तस्थास्तत उत्तरे" और "अष्टा ऊष्माणः।" भाष्यकार का कहना है कि 'उत्तरे' पद का सम्बन्ध 'चतस्रः' और 'अन्तःस्थाः' पदों के साथ नहीं हो सकता क्योंकि 'उत्तरे' पद पुंलिङ्ग बहुवचन है और 'चतस्रः' तथा 'अन्तःस्थाः' पद स्त्रीलिङ्ग बहुवचन हैं। इस प्रकार सूत्रों की व्यवस्था करने पर लिङ्ग का दोष आ जाता है, इसलिये यह व्यवस्था त्याज्य है।

(ख) 'अघोष' ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतन्त्रियाँ (vocal chords) एक दूसरे से दूर रहती हैं जिसके परिणामस्वरूप स्वरतन्त्रियों से प्रश्वास का घर्षण नहीं होता और इसीलिये उनमें कम्पन नहीं होता। इसके विपरीत 'सघोष' ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतन्त्रियाँ एक दूसरे के निकट होती हैं जिसके परिणामस्वरूप उनमें वायु के घर्षण से कम्पन होता है।

---

[१] ४।३१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**वर्गे वर्गे**=प्रत्येक वर्ग में; (**प्रथमौ**=) प्रथम और द्वितीय वर्णों को; (**अघोषौ**=) 'अघोष'-संज्ञक; जानना चाहिये। जैसे—कख, चछ, टठ, तथ, पफ। शेष रहने से अन्य 'व्यञ्जन' 'सघोष' ('घोषवत्,' voiced)-संज्ञक हैं। क

टि० (क) ग घ ङ, ज झ ञ, ड ढ ण, द ध न, ब भ म, य र ल व और ह—ये 'सघोष' हैं।

(सोष्मसंज्ञा)

युग्मौ सोष्माणौ ॥१३॥

(सोष्मसंज्ञा)

सू० अ०—(प्रत्येक वर्ग में) सम (even) (वर्ण) 'सोष्मन्' (aspirates) हैं।

उ० भा०—वर्गे वर्गे इति वर्तते। वर्गे वर्गे च; युग्मौ=द्वितीयचतुर्थौ वर्णौ; सोष्माणौ वेदितव्यौ। अन्वर्थसंज्ञेयम्। ऊष्मा=वायुः; तेन सह वर्तन्त इति सोष्माणः। यथा—खघ, छझ, ठढ थध फभ इति। सोष्मसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"सोष्मा तु पूर्व्येण सहोच्यते"[१] इति॥

उ० भा० अ०—(इस सूत्र में १।१२ से) "वर्गे वर्गे" की अनुवृत्ति हो रही है। प्रत्येक वर्ग में; **युग्मौ**=सम=द्वितीय और चतुर्थ वर्णों को; **सोष्माणौ**='सोष्मन्'क(-संज्ञक); जानना चाहिये। यह अर्थानुसारिणी संज्ञा है। ऊष्मा=(मुख से निकलने वाली) वायु; उस (वायु) के साथ (उच्चरित) होते हैं इसलिये; **सोष्माणः**='सोष्मन्' (कहलाते हैं)। जैसे—खघ, छझ, ठढ, थध, फभ। **सोष्म**-संज्ञा का प्रयोजन—"**सोष्म** (-वर्ण) तो (स्ववर्गीय) पूर्व्य (वर्ण) के साथ उच्चरित होता है।"

(अनुनासिकसंज्ञा)

अनुनासिकोऽन्त्यः ॥१४॥

(अनुनासिकसंज्ञा)

सू० अ०—(प्रत्येक वर्ग का) अन्तिम वर्ण 'अनुनासिक' (nasal) है।

उ० भा०—वर्गे वर्गे चेति वर्तते। प्रतिवर्गम् अन्त्यः वर्णः; (अनुनासिकः=) अनुनासिकसंज्ञः; वेदितव्यः। यथा ङ, ञ, ण, न, म इति। अनुनासिकसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"परेषु स्पर्शेष्वनुनासिकेषु"[२] इति। इयमप्यन्वर्थसंज्ञा। नासिकामनु यो वर्णो निष्पद्यते स्वकीयस्थानमुपादाय स द्विस्थानोऽनुनासिक इत्युच्यते। तथा चोक्तम्—"मुख-नासिकावचनोऽनुनासिकः"[३] इति॥

टि० (क) इन वर्णों को 'महाप्राण' भी कहा जाता है। प्राण का अर्थ है वायु। जिन व्यञ्जनों के उच्चारण में वायु का आधिक्य हो, उन्हें 'महाप्राण' या 'सोष्मन्' (aspirates) कहते हैं। जिन व्यञ्जनों के उच्चारण में वायु का आधिक्य न हो उन्हें 'अल्पप्राण' (unaspirates) कहते हैं।

---

१ ६।२ २ ६।१९ ३ पा० १।१।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(इस सूत्र में १।१२ से) "वर्गे वर्गे" की अनुवृत्ति हो रही है। प्रत्येक वर्ग के **अन्त्यः**=अन्तिम वर्ण को; (**अनुनासिकः**=) 'अनुनासिक'-संज्ञक[क]; जानना चाहिये। जैसे—ङ, ञ, ण, न, म। **अनुनासिक**-संज्ञा का प्रयोजन—"**अनुनासिक** 'स्पर्श' परे हों तो ('अननुनासिक' 'स्पर्श' अपने 'यम' हो जाते हैं)।" यह भी अर्थानुसारिणी संज्ञा है। जो वर्ण अपने स्थान के साथ-साथ नासिका से निष्पन्न होता है दो स्थान वाले उस वर्ण को 'अनुनासिक' कहते हैं। वैसा कहा भी गया है—"[मुख और नासिका से बोला जाने वाला (वर्ण) 'अनुनासिक' (-संज्ञक होता है]।"

(पदावसाने प्रथमतृतीयस्पर्शयोर्विकल्पः)

तस्मादन्यमवसाने तृतीयं गार्ग्य स्पर्शम् ॥१५॥

(पद के अवसान में प्रथम और तृतीय स्पर्शों का विकल्प)

सू० अ०—उस (='अनुनासिक') से अन्य 'स्पर्श' को (पद के) अवसान में स्थित होने पर गार्ग्य (वर्ग का) तृतीय ('स्पर्श') (मानता है)।

उ० भा०—"ऊष्मान्तस्थसोष्म"[१] -इत्यत्र प्रथमतृतीयपञ्चमान् स्पर्शान्पदान्तीयान् वक्ष्यति। तत्र प्रथमतृतीयविकल्पार्थमिदमारभ्यते। तस्मात्=अनुनासिकात्=अन्त्यात्स्पर्शात्; अन्यम्; (अवसाने=) पदावसाने; वर्तमानं स्पर्शम् गार्ग्य आचार्यः स्वं तृतीयं मन्यते। यथा -वाग्, षड्, तद्, ककुब्। तस्मादन्यम् इति किम्? तान्, तम्।

उ० भा० अ०—"(विसर्जनीय को छोड़कर अन्य) 'ऊष्म' (-वर्ण), 'अन्तःस्था', ऋकार, 'सोष्म' (-वर्ण) (और चवर्ग पद के अन्त में नहीं आते)" यहाँ (अर्थात् इस सूत्र में) (सूत्रकार) बतलायेंगे कि प्रथम, तृतीय और पञ्चम 'स्पर्श' पद के अन्त में आते हैं। उनमें से प्रथम और तृतीय के विकल्प के लिए यह (सूत्र) आरम्भ किया जाता है। **तस्मात्**='अनुनासिक' से=अन्तिम 'स्पर्श' से; **अन्यम्**=अन्य; **स्पर्शम्**=स्पर्श को; **गार्ग्यः**=गार्ग्य आचार्य; **अवसाने**=पद के अवसान में; वर्तमान होने पर अपने (वर्ग) वाला

टि० (क) अनुनासिकेतर स्पर्शों के उच्चारण के समय कौवा (uvula) तन कर खड़ा हो जाता है और श्वास-नलिका से आई हुई वायु को नासिका-विवर में तनिक भी नहीं जाने देता। इसका परिणाम यह होता है कि मुख के अंगों के स्पर्श के अनन्तर सारी वायु मुख-विवर से बाहर निकल जाती है। 'अनुनासिक' स्पर्शों के उच्चारण के समय कौवा (uvula) तन कर नासिका-विवर को नहीं रोकता जिसके परिणाम-स्वरूप वायु नासिका-विवर से बाहर निकल सकती है। 'अनुनासिक' स्पर्शों के उच्चारण में सम्बद्ध अंगों का स्पर्श तो अन्य 'स्पर्श' व्यञ्जनों के समान मुख में ही होता है किन्तु स्पर्श होने के अनन्तर वायु गूँजती हुई नासिका-विवर से बाहर निकल जाती है। इस प्रकार 'अनुनासिक' स्पर्शों के दो स्थान होते हैं—एक वह जहाँ स्पर्श होता है और दूसरा नासिका।

---

[१] १२।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तृतीयम्=तृतीय; मानता है[क] (अर्थात् गार्ग्य के मत से 'वर्ग' का तृतीय 'स्पर्श' ही पद के अन्त में आता है, प्रथम 'स्पर्श' नहीं) जैसे—वाग्, षड्, तद्, ककुब्। "उस (='अनुनासिक') से अन्य ('स्पर्श') को" यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) तान्, तम्[ख]।

प्रथमं शाकटायनः ॥१६॥

सू० अ०—(किंतु) शाकटायन (प्रत्येक 'वर्ग' का) प्रथम ('स्पर्श') (मानते हैं)।

उ० भा०—शाकटायनः आचार्यः प्रथमं मन्यते। यथा—वाक्, षट्, तत्, ककुप्।

उ० भा० अ०—**शाकटायनः**=शाकटायन आचार्य; (प्रत्येक 'वर्ग' के); **प्रथमम्**=प्रथम ('स्पर्श') को; (पदान्त में) मानते हैं (अर्थात् शाकटायन के मत से 'वर्ग' का प्रथम 'स्पर्श' ही पद के अन्त में आता है, तृतीय 'स्पर्श' नहीं)। जैसे—वाक्, षट्, तत्, ककुप्॥

(ह्रस्वसंज्ञा)

ओजा ह्रस्वाः सप्तमान्ता स्वराणाम् ॥१७॥

(ह्रस्वसंज्ञा)

सू० अ०—'स्वर'(– वर्णों) में प्रथम सात तक विषम (odd) ('स्वर'-वर्ण) 'ह्रस्व' हैं।

उ० भा०—ओजाः=विषमाः; स्वराणां मध्ये; (ह्रस्वाः=) ह्रस्वसंज्ञाः; वेदितव्याः; (सप्तमान्ताः=) सप्तमपर्यन्ताः। यथा—अ, ऋ, इ, उ इति। ह्रस्वसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"ह्रस्वपूर्वस्तु सोऽकारम्"[१] इति॥

टि० (क) वा० प्रा० १।८५ में पद के अन्त में आने वाले वर्ण के लिये 'पदान्तीय'-संज्ञा का विधान किया गया है। यद्यपि प्रस्तुत सूत्र में 'पदान्तीय' संज्ञा नहीं की गई है तथापि संज्ञा-पटल में आने के कारण इस सूत्र को 'पदान्तीय'-संज्ञा से सम्बद्ध ही माना जा सकता है। कुछ आचार्य वर्गों के प्रथम वर्ण को 'पदान्तीय' मानते हैं और कुछ आचार्य तृतीय वर्ण को। पाणिनि ने "वावसाने" ८।४।५६ के अनुसार दोनों विकल्प स्वीकार किये हैं। गार्ग्य के मत से तृतीय 'स्पर्श' और शाकटायन के मत से प्रथम 'स्पर्श' पद के अन्त में आते हैं। किन्तु ऋग्वेद-प्रतिशाख्य वर्गों के प्रथम वर्णों को 'पदान्तीय' मानकर ही संधियों का वर्णन करता है। पदपाठकार शाकल्य ने भी अपने ऋग्वेद के पदपाठ में प्रथम वर्णों को ही 'पदान्तीय' माना है। इस प्रकार प्रथम वर्णों को पदान्तीय मानने वाला मत ही मुख्यतः मान्य है।

(ख) यदि पद के अन्त में 'अनुनासिक' को छोड़कर अन्य 'स्पर्श' हो तो उसे गार्ग्य तृतीय मानता है। 'तान्' और 'तम्' ये दो प्रत्युदाहरण हैं। इन पदों के अन्त में 'अनुनासिक' 'स्पर्श' वर्तमान हैं, अतः यहाँ तृतीय 'स्पर्श' होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

---

[१] २।२७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**स्वराणाम्**='स्वर'(– वर्णों) के मध्य में; (**सप्तमान्ताः**=) सप्तमपर्यन्त; **ओजाः**=विषम (odd) (वर्णों) को; (**ह्रस्वाः**=) 'ह्रस्व'-संज्ञक; जानना चाहिये (अर्थात् सप्तमपर्यन्त विषम (odd) वर्णों को 'ह्रस्व' कहते हैं)। जैसे—अ, ऋ, इ, उ । **ह्रस्व**-संज्ञा का प्रयोजन—"**ह्रस्व** पूर्व में हो तो (विसर्जनीय) अकार हो जाता है ।"

(दीर्घसंज्ञा)

अन्ये दीर्घाः ॥१८॥

(दीर्घसंज्ञा)

सू० अ०—('**ह्रस्व**' से) अन्य ('स्वर'-वर्ण) '**दीर्घ**' हैं ।

उ० भा०—ह्रस्वसंज्ञकेभ्यो ये अन्ये स्वरास्ते; (**दीर्घाः**=) दीर्घसंज्ञाः, वेदितव्याः। यथा—आ, ऋ, ई, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ इति । दीर्घसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"**दीर्घं ह्रस्वो व्यञ्जने**"[१] इति ॥

उ० भा० अ०—'ह्रस्व'-संज्ञक ('स्वर'-वर्णों) से जो; **अन्ये**=अन्य 'स्वर'-वर्ण' हैं उन्हें; (**दीर्घाः**=) 'दीर्घ'-संज्ञक; जानना चाहिये । जैसे—आ, ऋ, ई, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ । दीर्घसंज्ञा का प्रयोजन—" 'व्यञ्जन' परे हो तो 'ह्रस्व' **दीर्घ** (हो जाता है) ।"

(अक्षरसंज्ञा)

उभये त्वक्षराणि ॥१९॥

(अक्षरसंज्ञा)

सू० अ०—किंतु दोनों '**अक्षर**' हैं ।

उ० भा०—य इह ह्रस्वदीर्घसंज्ञाः स्वरा निर्दिष्टाः, यौ च वक्ष्यमाणकौ स्वरौ—"धातौ स्वरः कल्पयताल्लृकारः"[२] इति—"तिस्रः प्लुत उच्यते स्वरः"[३] इति लृकारईप्लुतौ एत उभये तु; (**अक्षराणि**=) अक्षरसंज्ञाः; वेदितव्याः। यथा—अ, आ, ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ इति; लृ, ई३इति ।

ननु कस्मात्प्रकृता एव स्वरा दीर्घा ह्रस्वाश्चोभयग्रहणेन नान्तर्भाव्येते येन व्यवहितावपि लृकारप्लुतावुभयग्रहणेनान्तर्भाव्येते इति ? शृणु; तन्त्रान्तरे—"स्वरोऽक्षरम्"[४] इति स्वरमात्रस्याक्षरसंज्ञा विधीयते । अयमपि—"सव्यञ्जनः सानुस्वारः शुद्धो वापि स्वरोऽक्षरम्"[५] इति स्वरस्याक्षरसंज्ञां विधास्यति । न चाक्षरसंज्ञां विनोदात्तादयः स्वरास्तदाश्रयाः स्युः—"त उच्यन्तेऽक्षराश्रयाः"[६] इति वचनात् । किंच गुरुलघुपूर्वाङ्गपराङ्गचिन्तामक्षरस्यैवेदानीं वक्ष्यति । तस्मादक्षरसंज्ञाप्राप्त्यर्थमिह लृकारप्लुतावुभयशब्देनान्तर्भाव्येते न तु प्रकृता एव ह्रस्वदीर्घाः स्वरा इति । अक्षरसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"यकाराद्यक्षरं परम्"[७] इति ।

---

[१] ७।१ [२] १३।३५ [३] १।३०
[४] अथ० प्रा० १।९३; वा० प्रा० १।९९
[५] १८।३२ [६] ३।१-२ [७] २।३५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—'ह्रस्व' और 'दीर्घ' संज्ञा वाले जो 'स्वर' यहाँ निर्दिष्ट किये गये हैं और—"(जब रेफ लकार हो जाता है तो) 'क्लृप्' धातु में लृकार 'स्वर' (होता है)" (तथा) "'प्लुत' 'स्वर' तीन (मात्राओं) का कहा जाता है" (इन सूत्रों में) जो दो 'स्वर' (लृकार और 'प्लुत' ईकार बतलाये जायेंगे--इन; **उभये**=दोनों को; (**अक्षराणि**=) 'अक्षर'-संज्ञक; जानना चाहिये। जैसे—अ, आ, ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ ऐ, औ (और) ऌ, ई३। (प्रश्न) 'उभय' शब्द से प्रकृत 'ह्रस्व' और 'दीर्घ'–'स्वर'-वर्णों का ही अन्तर्भाव क्यों नहीं होता, जिससे व्यवहित भी लृकार और 'प्लुत' ईकार का 'उभय' शब्द से अन्तर्भाव किया जा रहा है? (उत्तर) सुनो, दूसरे (प्रातिशाख्य) ग्रन्थ में "'स्वर' 'अक्षर' है" से सभी 'स्वर'-वर्णों की 'अक्षर'-संज्ञा का विधान किया गया है। ये भी (सूत्रकार)—"'व्यञ्जन'-सहित, 'अनुस्वार'-सहित, अथवा शुद्ध भी 'स्वर' (-वर्ण) 'अक्षर' (होता है)" से 'स्वर' (-वर्ण) की 'अक्षर'-संज्ञा का विधान करेंगे। और 'अक्षर'-संज्ञा के विना 'उदात्त' आदि 'स्वर' उन (ऌ और ई३) के आश्रय में नहीं रह सकते (अर्थात् वे 'स्वर'-विहीन हो जायेंगे) क्योंकि (ऐसा) वचन है—"'अक्षर' पर आश्रित उन ('उदात्त' आदि) का ('आयाम' आदि से) उच्चारण होता है।" इसके अतिरिक्त 'अक्षर' के विषय में ही (सूत्रकार) 'गुरु', 'लघु', 'पूर्वाङ्ग' और 'पराङ्ग' का विचार करेंगे। इसलिये इन दोनों की 'अक्षर'-संज्ञा की प्राप्ति के लिये ही यहाँ 'उभय' शब्द के द्वारा लृकार और 'प्लुत' (ईकार) का अन्तर्भाव होता है, प्रकृत 'ह्रस्व' और 'दीर्घ' 'स्वर' (-वर्णों) का नहीं।[क] **अक्षर**-संज्ञा का प्रयोजन—"यकार से प्रारम्भ होने वाला 'अक्षर' परे हो तो (अकार का 'अभिनिधान' हो जाता है)।"

(गुरुसंज्ञा)

गुरूणि दीर्घाणि ॥२०॥

(गुरुसंज्ञा)

सू० अ०—'दीर्घ' ('स्वर') 'गुरु' हैं।

उ० भा०—यानि दीर्घाणि अक्षराणि तानि; (गुरूणि=) गुरुसंज्ञकानि; वेदितव्यानि। प्लुतस्याप्यत्र ग्रहणं द्रष्टव्यम्; यो हि द्विमात्रं गुरुं कल्पयति कल्पयत्येवासौ त्रिमात्रमपीति। यथा—आ, ॠ, ई, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ, ई३ इति। गुरुसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"गुर्वक्षराणां गुरुवृत्तिः"[१] इति।

टि० (क) भाष्यकार ने 'उभय'-शब्द के द्वारा प्रकृत 'ह्रस्व' और 'दीर्घ' 'स्वर' (-वर्णों) का अन्तर्भाव न करके जो व्यवहित लृकार और 'प्लुत' ईकार का अन्तर्भाव किया है वह अस्वाभाविक है। भाष्यकार ने खींचातानी करके जो अर्थ इस सूत्र का किया है वह सूत्रकार को अभीष्ट नहीं था। सूत्रकार ने १३।३५ और १।३० में क्रमशः लृकार और 'प्लुत' ईकार के स्वरत्व का जो विधान किया है उससे उनका अक्षरत्व भी सूचित हो जाता है। इसके अतिरिक्त १८।३२ में सूत्रकार ने स्वयं ही स्पष्ट शब्दों में सभी 'स्वर'-वर्णों की 'अक्षर' संज्ञा का विधान किया है।

---

१ १८।६०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—जो; **दीर्घाणि**='दीर्घ' 'अक्षर' हैं उन्हें; **(गुरूणि=)** गुरु-संज्ञक; जानना चाहिये। 'प्लुत' ('स्वर'-वर्ण) का भी यहाँ ग्रहण समझना चाहिये, क्योंकि जो दो मात्राओं वाले ('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण) को 'गुरु' मानता है वह तीन मात्राओं वाले ('प्लुत' 'स्वर'-वर्ण) को भी (निःसन्देह 'गुरु') मानता है। जैसे—आ, ॠ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ, ई३। **गुरु**संज्ञा का प्रयोजन—"जो स्वभाव से गुरु है वह **गुरु** अक्षरों से (सम्बद्ध है)।"

तथेतरेषां संयोगानुस्वारपराणि यानि ॥२१॥

सू० अ०—उसी प्रकार दूसरों (अर्थात् 'ह्रस्व' स्वरों) में जो 'संयोग'-पर ('संयोग' है परे जिनके) और 'अनुस्वार'-पर ('अनुस्वार' है परे जिनके) हैं (वे भी 'गुरु'-संज्ञक हैं)।

उ० भा०—यथा दीर्घाणि गुरुसंज्ञकानि तथा; इतरेषाम्=ह्रस्वानामक्षराणाम्; (यानि स्वरानुस्वारपराणि=) यानि संयोगपराणि यानि चानुस्वारपराणि; तानि गुरुसंज्ञकानि भवन्ति। संयोगपराणि—"प्रप्र वस्त्रिष्टुभम्"[१] इति। अनुस्वारपराणि—"वसुं सूनुं सहसो जातवेदसम्"[२] इति; "त्वं सोमासि सत्पतिः।"[३] पारिशेष्यादन्यानि लघुसंज्ञकानि "संहितायां लघोर्लघु"[४] इति संव्यवहारदर्शनाच्च। "ऋषभं मा समानानाम्"[५] इत्युदाहरणम्॥

उ० भा० अ०—जिस प्रकार 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) 'गुरु'-संज्ञक हैं; **तथा**=उसी प्रकार; **इतरेषाम्**=ह्रस्व स्वरों में; **(यानि संयोगानुस्वारपराणि=)** जो 'संयोग'-पर और 'अनुस्वार'-पर हैं, वे 'गुरु'-संज्ञक हैं (अर्थात् वे 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण भी 'गुरु'-संज्ञक होते हैं, जिनके परे संयक्त 'व्यञ्जन' हो या 'अनुस्वार' हो)। 'संयोग'-पर (का उदाहरण)—"प्रप्र वस्त्रिष्टुभमिषम्।" 'अनुस्वार'-पर (का उदाहरण)—"वसुं सूनुं सहसो जातवेदसम्"; "त्वं सोमासि सत्पतिः।" शेष होने से और "संहिता में 'लघु' ('अक्षर') से परे 'लघु' ('अक्षर') हो तो (अकार का 'अभिनिधान' हो जाता है)" (इस सूत्र में) व्यवहार दिखलाई पड़ने से ('गुरु'-संज्ञक अक्षरों से) अन्य ('अक्षर') 'लघु'-संज्ञक हैं। "ऋषभं मा समानानाम्"—यह उदाहरण है।

(अनुस्वारव्यञ्जनयोरङ्गत्वविचारः)

अनुस्वारो व्यञ्जनं चाक्षराङ्गम् ॥२२॥

(अनुस्वार और व्यञ्जन के पूर्वाङ्ग तथा पराङ्ग होने का विचार)

सू० अ०—'अनुस्वार' और 'व्यञ्जन' 'अक्षर' ('स्वर'-वर्ण) का 'अङ्ग' (होते हैं)।

उ० भा०—एवम्—"अष्टौ समानाक्षराणि"[६] इत्यादिना वर्णसमाम्नायमनुक्रम्य ततः—"सर्वः शेषो व्यञ्जनानि"[७] इत्यादिना व्यञ्जनगताः संज्ञाः कृत्वा अनन्तरम्—"ओजा ह्रस्वाः सप्तमान्ताः स्वराणाम्"[८] इत्यादिनाक्षरगताः संज्ञाः कृत्वा अधुनाक्षरव्यञ्जनसंनिकर्षे कि

---

[१] ऋ० ८।६९।१ [२] ऋ० १।१२७।१ [३] ऋ० १।९१।५
[४] २।३५ [५] ऋ० १०।१६६।१ [६] १।१
[७] १।६ [८] १।१७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कस्याङ्गमित्येतन्निरूपणायाह—**अनुस्वारो व्यञ्जनं चाक्षराङ्गम्**, स्वराङ्गमित्यर्थः। अत्र यानि स्वरमध्यगतानि व्यञ्जनानि न भवन्ति तान्युदाहरणम्। यथा, प्र—पकाररेफावकारस्याङ्गम्; "वर्क्"[१]—वकाररेफककारा अकारस्याङ्गम्; "चक्रं यत्"[२]—ककाररेफानुस्वारा अकारस्याङ्गम्। अव्यञ्जनत्वादनुस्वारस्य ग्रहणम्। अङ्गसंज्ञायाः प्रयोजनम्—यानि यस्य स्वरस्याङ्गभूतानि व्यञ्जनानि तानि तेनैव स्वरेण समानस्वराणि भवन्ति। तथा चोक्तम्—

"स्वरः उच्चः स्वरो नीचः स्वरः स्वरित एव च।
स्वरप्रधानं त्रैस्वर्यं व्यञ्जनं तेन सस्वरम्॥"[३]

उ० भा० अ०—इस प्रकार—"(वर्णमाला के आदि में) आठ ('अक्षर') 'समानाक्षर' हैं" इत्यादि के द्वारा वर्णमाला (वर्णसमाम्नाय) का प्रतिपादन करके तत्पश्चात्—"शेष सब (वर्ण) 'व्यञ्जन' हैं" इत्यादि के द्वारा 'व्यञ्जन'-विषयक 'स्पर्श' आदि संज्ञाओं को करके (उसके) बाद—" 'स्वर' (-वर्णों) में सप्तमपर्यन्त विषम ('स्वर'-वर्ण) 'ह्रस्व'(-संज्ञक) हैं" इत्यादि के द्वारा 'अक्षर'-विषयक ('ह्रस्व' आदि) संज्ञाओं को करके अब—'अक्षर' ('स्वर'-वर्ण) और 'व्यञ्जन' का मेल (संनिकर्ष) होने पर कौन किसका 'अङ्ग' होता है—इसका निरूपण करने के लिये कहते हैं—**अनुस्वारो व्यञ्जनं चाक्षराङ्गम्**—'अनुस्वार' और 'व्यञ्जन' 'अक्षर' के 'अङ्ग'क (होते हैं) अर्थात् 'स्वर' (-वर्ण) के 'अङ्ग' (होते हैं)। जो 'व्यञ्जन' (दो) 'स्वर' (-वर्णों) के मध्य में विद्यमान नहीं हैं, वे यहाँ (अर्थात् इस सूत्र के) उदाहरण हैं। जैसे, 'प्र'—पकार और रेफ अकार के 'अङ्ग' हैं; 'वर्क्'—वकार, रेफ और ककार अकार के 'अङ्ग' हैं; "चक्रं यत्"—ककार, रेफ और 'अनुस्वार' अकार के 'अङ्ग' हैं। 'अनुस्वार' 'व्यञ्जन' नहीं है—इसलिये 'अनुस्वार' का (सूत्र में) (पृथक्) ग्रहण (किया गया है)। 'अङ्ग'-संज्ञा का प्रयोजन—जो 'व्यञ्जन' जिस 'स्वर' (-वर्ण) के 'अङ्ग' होते हैं वे ('व्यञ्जन')

टि० (क) प्रातिशाख्य-ग्रन्थों में 'अक्षर' को भाषा की मूल इकाई माना गया है। तै० प्रा० १।२ पर 'वैदिकाभरण' भाष्य में 'अक्षर' की यह परिभाषा दी गई है—"न क्षरन्तीत्यक्षराणि क्षरणमन्याङ्गतया चलनम्।" इस परिभाषा के अनुसार 'अक्षर' वह है जो अन्य का 'अङ्ग' न बने। 'स्वर'-वर्ण को ही 'अक्षर' माना गया है, 'व्यञ्जन'-वर्ण को नहीं, क्योंकि (१) 'स्वर'-वर्ण निरपेक्ष होता है—वह किसी अन्य की सहायता के बिना उच्चरित होता है। 'व्यञ्जन' सापेक्ष होता है—वह 'स्वर'-वर्ण की सहायता के बिना उच्चरित नहीं हो सकता, (२) जिस प्रकार दुग्ध और जल के मिश्रण होने पर दुग्ध ही परिलक्षित होता है, उसी प्रकार 'स्वर'-वर्ण और 'व्यञ्जन'-वर्ण का संनिकर्ष होने पर 'स्वर'-वर्ण ही परिलक्षित होता है, 'व्यञ्जन'-वर्ण नहीं। (३) 'उदात्त', 'अनुदात्त' और 'स्वरित' ('स्वर') 'स्वर'-वर्ण के ही गुण होते हैं, 'व्यञ्जन'-वर्ण के नहीं।

'अक्षर' न होने के कारण 'व्यञ्जन' और 'अनुस्वार' इन दोनों को 'स्वर'-वर्ण ('अक्षर') का 'अङ्ग' बनना पड़ता है। सभी प्रातिशाख्यों ने 'अक्षर'-विभाजन के नियमों को प्रतिपादित किया है। यही 'अङ्ग'-संज्ञा है।

---

१ ऋ० १।६३।७ २ ऋ० १०।७३।९ ३ या० शि० ११८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसी 'स्वर' (-वर्ण) के समान 'स्वर' (accent) वाले हो जाते हैं (अर्थात् यदि 'स्वर' (-वर्ण) 'उदात्त' है तो उसका अङ्गभूत 'व्यञ्जन' भी 'उदात्त' होगा, इत्यादि)। वैसा कहा भी है—

"'स्वर' (-वर्ण) 'उदात्त' (उच्च) (होता है), 'स्वर' (-वर्ण) 'अनुदात्त' (नीच) (होता है) और 'स्वर' (-वर्ण) 'स्वरित' भी (होता है)। तीनों (अर्थात् 'उदात्त', 'अनुदात्त' और 'स्वरित') 'स्वर' (accent) 'स्वर'-प्रधान हैं (अर्थात् 'स्वर'-संज्ञक वर्ण पर आश्रित हैं)। 'व्यञ्जन' (जिस 'स्वर'-वर्ण का 'अङ्ग' होता है) उस ('स्वर'-वर्ण) के समान 'स्वर' वाला हो जाता है।

स्वरान्तरे व्यञ्जनान्युत्तरस्य ॥२३॥

सू० अ०—(दो) 'स्वर' (-वर्णों) के मध्य में (वर्तमान) 'व्यञ्जन' बाद वाले ('स्वर'-वर्ण) के ('अङ्ग' होते हैं)।

उ० भा०—एवं तावद्यत्रैकः स्वरस्तत्र पूर्वाणि पराणि च व्यञ्जनानि तस्यैवाङ्गं भवन्ति। अथ पुनर्यानि स्वरयोर्मध्यगतानि तानि किं पूर्वस्य उत उत्तरस्याङ्गमित्यस्मिन्सन्देहे त्विदमारभ्यते। (स्वरान्तरे=)स्वरयोरन्तरे; यानि व्यञ्जनानि तानि उत्तरस्य एवाङ्गं भवन्ति, न पूर्वस्य। यथा, अ॒यम्—इत्ययं-शब्दस्यान्तोदात्तत्वाद्यकार उदात्तवच्छ्रूयते। तथा—"अ॒यं दे॒वाय॒ जन्म॑ने"[१]—इत्यत्रैकारस्यानुदात्तत्वाद्दकारोऽनुदात्तवच्छ्रूयते। यथा—"गाय॑न्ति त्वा"[२] इत्यकारस्य स्वरितत्वाद्यकारः स्वरितवच्छ्रूयते॥

उ० भा० अ०—इस प्रकार जहाँ (जिस पद में) एक 'स्वर' (-वर्ण) हो वहाँ पूर्ववर्ती और परवर्ती 'व्यञ्जन' उसी ('स्वर'-वर्ण) के 'अङ्ग' होते हैं। किन्तु इसके विपरीत जो 'व्यञ्जन' दो 'स्वर' (-वर्णों) के मध्य में होते हैं वे ('व्यञ्जन') क्या पूर्ववर्ती ('स्वर'-वर्ण) के ('अङ्ग' होंगे) अथवा परवर्ती ('स्वर'-वर्ण) के 'अङ्ग' (होंगे)?—यह संदेह होने पर तो यह (सूत्र) आरम्भ करते हैं। दो 'स्वर' (-वर्णों) के मध्य में जो 'व्यञ्जन' (होते हैं) वे ('व्यञ्जन') परवर्ती ('स्वर'-वर्ण) के ही अङ्ग होते हैं, पूर्ववर्ती ('स्वर'-वर्ण) के नहीं। जैसे, अ॒यम्—यहाँ 'अयम्' शब्द के 'अन्तोदात्त' होने से यकार 'उदात्त' के समान सुना जाता है। वैसे ही —"अ॒यं दे॒वाय॒ जन्म॑ने"—यहाँ पर ('दे' के) एकार के 'अनुदात्त' होने से दकार 'अनुदात्त' के समान सुना जाता है। जैसे—"गाय॑न्ति त्वा" में अकार के 'स्वरित' होने से यकार 'स्वरित' के समान सुना जाता है।

पूर्वस्यानुस्वारविसर्जनीयौ ॥२४॥

सू० अ०—'अनुस्वार' और 'विसर्जनीय' पूर्ववर्ती ('स्वर'-वर्ण) के ('अङ्ग' होते हैं);

उ० भा०—"स्वरान्तरे" इति वर्तते। अनुस्वारविसर्जनीयौ स्वरान्तरे वर्तमानौ पूर्वस्वरस्याङ्गं भवतः। यथानुस्वारस्योदाहरणं भवति—"वसुं सूनुं सहसः।"[३] विसर्जनीयस्य—"नृँः पात्रम्"[४] इति; "नृँः प्रणेत्रम्"[५] इत्येवमादि॥

---

[१] ऋ० १।२०।१ [२] ऋ० १।१०।१ [३] ऋ० १।१२७।१
[४] ऋ० १।१२१।१ [५] तै० ब्रा० ३।६।२।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(२।२३ से) "स्वरान्तरे" की अनुवृत्ति हो रही है। 'अनुस्वार' और 'विसर्जनीय' दो 'स्वर' (–वर्णों) के मध्य में होने पर पूर्ववर्ती 'स्वर' (–वर्ण) के 'अङ्ग' होते हैं। जैसे, (यह) 'अनुस्वार' का उदाहरण है—"वसुं सूनुं सहसः।" 'विसर्जनीय' का (उदाहरण)—"नॄः पात्रम्"; "नॄः प्रणेत्रम्" इत्यादिक।

संयोगादिर्वा ॥२५॥

सू० अ०—'संयोग' का प्रथम (वर्ण) (दो 'स्वर'-वर्णों के मध्य में होने पर) विकल्प से (पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण का अथवा परवर्ती 'स्वर'-वर्ण का 'अङ्ग' होता है)।

उ० भा०—संयोगस्यादिभूतो वर्णः स्वरान्तरे वर्तमानः पूर्वस्य वा स्वरस्याङ्गं भवति परस्य वा। यथा—"आ त्वा रथम्"[1] इति द्वौ तकारौ वकारश्च संयोगः। तत्र क्रमजः प्रथमस्तकारः पूर्वस्याङ्गं तस्य चोदात्तत्वादुदात्तवच्छ्रूयते। द्वितीयः संयोगादिः पूर्वस्य वोदात्तस्य स्वरस्याङ्गमुत्तरस्य वानुदात्तस्वरस्याङ्गमुदात्तानुदात्तवच्छ्रूयत इत्यर्थः। वकारो द्वितीयस्य स्वरस्याङ्गं तस्य चानुदात्तत्वादनुदात्तवच्छ्रूयते।

तथा—"अग्निमीळे"[2] इति द्वौ गकारौ नकारश्च संयोगः। तत्र प्रथमो गकारः क्रमजः पूर्वस्य स्वरस्याङ्गं तस्य चानुदात्तत्वादनुदात्तवच्छ्रूयते। द्वितीयो गकारः संयोगादिः स यमीभूतः पूर्वस्य वा स्वरस्याङ्गं परस्य वोदात्तसंज्ञितस्योदात्तानुदात्तवच्छ्रूयते। नकारो द्वितीयस्य स्वरस्याङ्गं तस्य चोदात्तत्वादुदात्तवच्छ्रूयते॥

उ० भा० अ०—'संयोग' का प्रथम वर्ण दो 'स्वर' (–वर्णों) के मध्य में होने पर या तो पूर्व 'स्वर' (-वर्ण) का 'अङ्ग' होता है या परवर्ती ('स्वर'-वर्ण) का ('अङ्ग' होता है)। जैसे—"आ त्वा रथम्" यहाँ दो तकारों और वकार का 'संयोग' है। उनमें द्वित्व ('क्रम') से उत्पन्न प्रथम तकार पूर्ववर्ती ('स्वर'-वर्ण) का 'अङ्ग' है और उस (पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण) के 'उदात्त' होने से (प्रथम तकार) 'उदात्त' के समान सुना जाता है। 'संयोग' का प्रथम (वर्ण)=द्वितीय (तकार) या तो पूर्ववर्ती 'उदात्त' 'स्वर'(-वर्ण) का 'अङ्ग' (होता है) या परवर्ती 'अनुदात्त' 'स्वर' (-वर्ण) का 'अङ्ग' (होता है); उदात्तानुदात्तवत् सुना जाता है—यह अर्थ है (अर्थात् या तो 'उदात्त' के समान सुना जाता है या 'अनुदात्त' के समान)। वकार द्वितीय 'स्वर' (-वर्ण) का 'अङ्ग' है और उस (द्वितीय 'स्वर'-वर्ण) के 'अनुदात्त' होने से (वकार) 'अनुदात्त' के समान सुना जाता है।

टि० (क) इस सूत्र में "स्वरान्तरे" की अनुवृत्ति आवश्यक है क्योंकि दो 'स्वर'-वर्णों के मध्य में न आने वाले 'अनुस्वार' और 'विसर्जनीय' तो १।२२ से ही पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण के 'अङ्ग' हो जाते हैं। किन्तु यहाँ यह आवश्यक नहीं है कि 'अनुस्वार' और 'विसर्जनीय' के तुरन्त बाद में ही 'स्वर'-वर्ण हो। 'अनुस्वार' या 'विसर्जनीय' तथा परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के मध्य में एक या अनेक 'व्यञ्जन'-वर्णों का व्यवधान भी हो तो कोई हानि नहीं है जैसा कि उदाहरणों से स्पष्ट हो जाता है।

---

[1] ऋ० ८।६८।१ [2] ऋ० १।१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसी प्रकार—"अग्निमी॒ळे" में दो गकारों और नकार का 'संयोग' है। उनमें द्वित्व ('क्रम') से उत्पन्न प्रथम गकार पूर्व 'स्वर' (-वर्ण) का 'अङ्ग' है और उस (पूर्व 'स्वर'-वर्ण) के 'अनुदात्त' होने से (प्रथम गकार) 'अनुदात्त' के समान सुना जाता है। 'संयोग' का प्रथम (वर्ण) = द्वितीय गकार 'यम'[क] होकर या तो पूर्ववर्ती ('अनुदात्त') 'स्वर' (-वर्ण) का 'अङ्ग' (होता है) या परवर्ती 'उदात्त' नामक ('स्वर'-वर्ण) का ('अङ्ग' होता है), (जिससे वह) 'उदात्त' (अथवा) 'अनुदात्त' के समान सुना जाता है। नकार द्वितीय 'स्वर' (-वर्ण) का 'अङ्ग' है और उस (द्वितीय 'स्वर'-वर्ण) के 'उदात्त' होने से (वह नकार) 'उदात्त' के समान सुना जाता है।[ख]

च परक्रमे द्वे ॥२६॥

सू० अ०—और (जब 'संयोग' के) दूसरे ('व्यञ्जन') का द्वित्व ('क्रम') हो तो दो ('व्यञ्जन') (या तो पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण के 'अङ्ग' होते हैं या परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के 'अङ्ग' होते हैं)।

उ० भा०—चकारो भिन्नक्रमः समुच्चयार्थीयः। परस्य च व्यञ्जनस्य यत्र; क्रमः=क्रान्तिः=द्विरुक्तिः; तत्र द्वे व्यञ्जने वा पूर्वस्वरस्याङ्गमुत्तरस्य वा। यथा—"आत्नी इमे"[१] इति रेफो द्वौ तकारौ नकारश्च संयोगः। तत्र—"स्वरभक्तिः पूर्वभागक्षराङ्गम्"[२] इति स्वरभक्तिसहितो रेफः पूर्वस्य स्वरस्याङ्गं तस्य चोदात्तत्वादुदात्तवच्छ्रूयते। क्रमजस्तकारः संयोगादिश्च यमीभूतः पूर्वस्य वा स्वरस्याङ्गमुत्तरस्य वा। नकारस्तूत्तरस्य स्वरस्याङ्गं तस्य च स्वरितत्वात्स्वरितवच्छ्रूयते।

तथा—"पाष्ण्र्या॒ वा"[३] इति रेफः षकारौ द्वौ णकारो यकारश्च संयोगः। तत्र रेफः स्वरभक्त्या सहितः पूर्वस्वरस्याङ्गं तस्य चोदात्तत्वादुदात्तवच्छ्रूयते। षकारौ पूर्वस्य वा स्वरस्याङ्गमुत्तरस्य वा। संयोगादिर्णकारो यकारश्चोत्तरस्य स्वरस्याङ्गं तस्य स्वरितत्वात्स्वरितवच्छ्रूयेते॥

उ० भा० अ०—चकार समुच्चय अर्थ में है और भिन्न क्रम में है (अर्थात् सूत्र के पदों का क्रम यह है—**परक्रमे च द्वे**)। **(परक्रमे =)** जहाँ ('संयोग' के) दूसरे 'व्यञ्जन' का क्रमः=क्रान्तिः=दो बार उच्चारण (द्विरुक्ति) (होता है); वहाँ दो 'व्यञ्जन' या तो

टि० (क) 'यम' के लिये पृ० ५१ तथा ६।२९ को देखिये।

(ख) "आ त्वा" और "अग्निमीळे" में जो दो तकार और दो गकार हैं उनमें द्वितीय तकार और द्वितीय गकार 'संयोग' के आदि वर्ण हैं। प्रथम तकार और प्रथम गकार तो ६।१ के अनुसार द्वित्व होने के परिणामस्वरूप आते हैं, इसलिये इन्हें 'क्रमज' कहा गया है। 'क्रम' के लिये षष्ठ पटल को देखिये। शाकल-संहिता की मुद्रित पुस्तकों में तो इन स्थलों पर द्वित्व दिखलाया ही नहीं गया है क्योंकि शाकल-संहिता में षष्ठ पटल में विहित 'क्रम' सर्वत्र नहीं माना गया है।

---

१ ऋ० ६।७५।४ २ १।३२ ३ ऋ० १।१६२।१७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्ववर्ती 'स्वर'(-वर्ण) के 'अङ्ग' (होते हैं) या परवर्ती ('स्वर'-वर्ण के 'अङ्ग' होते हैं)। जैसे—"आर्त्नी' इमे" में रेफ, दो तकारों और नकार का 'संयोग' है। उनमें से " 'स्वरभक्ति' पूर्ववर्ती (रेफ या लकार) से सम्बद्ध (होती है) और (पूर्ववर्ती) 'अक्षर' ('स्वर'-वर्ण) का 'अङ्ग' (होती है)"—(इस सूत्र से) 'स्वरभक्ति'[क] सहित रेफ पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण ('आ')का 'अङ्ग' है और उस (पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण) के 'उदात्त' होने से ('स्वरभक्ति' सहित रेफ भी) 'उदात्त' के समान सुना जाता है। द्वित्व ('क्रम') से उत्पन्न तकार और 'संयोग' का प्रथम (तकार) 'यम' होकर या तो पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण ('आ') के 'अङ्ग' (होते हैं) या परवर्ती ('स्वर'-वर्ण 'ई')के('अङ्ग'होते हैं)। नकार तो परवर्ती 'स्वर'-वर्ण('ई')का ही 'अङ्ग' है और उस (परवर्ती 'स्वर'-वर्ण) के 'स्वरित' होने से (नकार) 'स्वरित' के समान सुना जाता है।

उसी प्रकार—"पार्ष्ण्यौ' वा" में रेफ, दो षकारों, णकार और यकार का 'संयोग' है। उनमें से रेफ 'स्वरभक्ति' के सहित पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण का 'अङ्ग' है और उस (पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण) के 'उदात्त' होने से 'उदात्त' के समान सुना जाता है। दो षकार या तो पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण के 'अङ्ग' हैं या परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के 'अङ्ग' हैं। 'संयोग' का आदि णकार और यकार परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के 'अङ्ग' हैं (और) उसके 'स्वरित' होने से 'स्वरित' के समान सुने जाते हैं।

(ह्रस्वस्वरस्य उच्चारणकालः)

मात्रा ह्रस्वः ॥२७॥

(ह्रस्व स्वर का उच्चारण-काल)

सू० अ०—'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) एक मात्रा (काल वाला होता है)।

उ० भा०—ह्रस्वस्वरो मात्राकालो वेदितव्यः। यथा—अ, ऋ, इ, उ, ऌ इति ॥

उ० भा० अ०—'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण को एक मात्रा[ख] काल वाला जानना जाहिये (अर्थात् 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगता है)। जैसे—अ, ऋ, इ, उ, ऌ।

टि० (क) यदि रेफ के पूर्व में 'स्वर'-वर्ण हो और बाद में 'व्यञ्जन'-वर्ण हो तो रेफ और परवर्ती 'व्यञ्जन'-वर्ण के मध्य में एक अति 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण का उच्चारण किया जाता है जिसे 'स्वरभक्ति' कहते हैं। जैसे, 'कर्हि' पद में रेफ के पूर्व में 'स्वर'-वर्ण (अकार) है और बाद में 'व्यञ्जन'-वर्ण हकार है। यहाँ पर रेफ और हकार के मध्य में एक ऋवर्णात्मक अति 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण का उच्चारण किया जाता है। इस अति 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण (='स्वरभक्ति') का उच्चारण तो किया जाता है किंतु मुद्रित ग्रन्थों में इसे दिखलाया नहीं जाता है। 'स्वरभक्ति' के लिए षष्ठ पटल को देखिए।

(ख) एक मात्रा से काल के उतने अंश को समझना चाहिये जितना चुटकी बजाने में अथवा पलक गिरने में लगता है। एक 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण के उच्चारण में उतना काल लगता है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अवग्रहस्य उच्चारणकालः)

तावदवग्रहान्तरम् ॥२८॥

(अवग्रह का उच्चारण-काल)

सू० अ०—'अवग्रह' का उतना (एक मात्रा) ही काल होता है।

उ० भा०—अवग्रहः=नानाग्रहः। समासवर्तिनोः पदयोः पृथक्करणं मात्राकालं भवतीत्यर्थः। "पुरःऽहितम्। रत्नऽधातमम्।"[1]

उ० भा० अ०—अवग्रहः=पृथक् रूप से ग्रहण करना। समास में वर्तमान (पदों) का पृथक्करण एक मात्रा काल वाला होता है—यह अर्थ है।[क] (जैसे) "पुरःऽहितम्। रत्नऽधातमम्।"

(दीर्घस्वरस्य उच्चारणकालः)

द्वे दीर्घः ॥२९॥

(दीर्घ स्वर का उच्चारण-काल)

सू० अ०—'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) दो (मात्रा काल वाला होता है)।

उ० भा०—द्विमात्राकालो दीर्घस्वरो वेदितव्यः। यथा—आ, ॠ, ई, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ इति॥

उ० भा० अ०—'दीर्घ' 'स्वर' को दो मात्रा काल वाला जानना चाहिये (अर्थात् 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है)। जैसे—आ, ॠ, ई, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ।

(प्लुतस्य स्वरसंज्ञा उच्चारणकालश्च)

तिस्रः प्लुत उच्यते स्वरः ॥३०॥

(प्लुत की स्वरसंज्ञा और उच्चारण-काल)

सू० अ०—'प्लुत' 'स्वर'-वर्ण तीन (मात्रा) वाला कहा जाता है।

उ० भा०—स्वरसंज्ञा प्लुतस्यानेन विधीयते। स च तिस्रो मात्रा भवति॥

उ० भा० अ०—इस (सूत्र) से 'प्लुत' की 'स्वर'-संज्ञा का विधान किया गया है और वह ('प्लुत') तीन मात्रा (काल वाला) होता है (अर्थात् 'प्लुत' 'स्वर'-वर्ण के उच्चारण में तीन मात्रा का समय लगता है)।

टि० (क) पद-पाठ में समासों के घटक पदों को और कुछ अन्य पदों में प्रकृति और प्रत्यय को इस प्रकार ऽ के चिह्न से पृथक् किया जाता है। इस प्रकार पृथक् किए गए पूर्व-पद्य के उच्चारण और उत्तर-पद्य के उच्चारण के मध्य में एक मात्रा काल का व्यवधान होता है। इस पृथक्करण को ही 'अवग्रह' कहते हैं; गौण रूप से इस ऽ चिह्न को भी 'अवग्रह' कहते हैं।

---

[1] ऋ० प० १।१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(प्लुतोदाहरणानि)

अधः स्विदासी३दुपरि स्विदासी३-
दर्थे प्लुतिर्भीरिव विन्दती३ त्रिः ॥३०॥

(प्लुत के उदाहरण)

सू० अ०—(वाक्य में) अर्थ (की समाप्ति) होने पर 'प्लुति' (होती है) (और वह सम्पूर्ण ऋग्वेद में केवल) तीन बार (इन स्थलों पर आती है)—"अधः स्विदासी३त्"; "उपरि स्विदासी३त्"; "भीरिव विन्दती३।"

उ० भा० तिस्रो मात्राः प्लुतस्वरो भवतीति प्रतिज्ञाय अधुनोदाहरणैस्तानेव प्लुतान्दर्शयितुमाह। "अधः स्विदासी३दुपरि स्विदासी३त्।"[१] "न त्वा भीरिव विन्दती३।"[२] एतेषूदाहरणेषु; अर्थे प्लुतिः=अर्थसमाप्तौ प्लुतिः=आख्यातस्यान्ते स्वरे प्लुतिरित्यर्थः। उदाहरणैरेव त्रित्वस्य सिद्धत्वाद्यत् त्रिः-ग्रहणं करोति तद्विषयापेक्षयैव। सप्रैषसंहितायां चतुःषष्ट्यां त्रिरेव प्लुतो भवति। अधउपरिशब्दौ विशेषणत्वेनोपादीयेते—"किं स्विदासीदधिष्ठानम्"[३] इत्यत्र प्लुतिर्मा भूदिति। भीरिवग्रहणं च विशेषणग्रहणार्थम्—"भयं विन्दति मामिह"[४] इत्येवमादिनिवृत्त्यर्थम्॥

उ० भा० अ०—'प्लुत' 'स्वर'-वर्ण की तीन मात्रायें होती हैं—यह प्रतिज्ञा करके अब उदाहरणों के द्वारा उन्हीं प्लुतों को दिखलाने के लिये (सूत्रकार ने यह सूत्र) कहा है। (उदाहरण) "अधः स्विदासी३दुपरि स्विदासी३त्।" "न त्वा भीरिव विन्दती३।" इन उदाहरणों में; **अर्थे प्लुतिः**=अर्थ की समाप्ति होने पर 'प्लुति' है=आख्यात के अन्तिम 'स्वर'-वर्ण पर 'प्लुति' है—यह अर्थ है। उदाहरणों के द्वारा ही ('प्लुत' के) तीन होने की बात सिद्ध होने पर (भी) जो; **त्रिः**='त्रिः' शब्द; का ग्रहण (सूत्रकार) करते हैं वह विषय की अपेक्षा से ही (करते हैं अर्थात् वह ग्रहण साभिप्राय है)—६४ अध्यायों से समन्वित प्रैषसहित (ऋग्वेद) संहिता में तीन ही 'प्लुत' हैं। 'अधः' और 'उपरि' शब्दों का (सूत्र में) विशेषण के रूप में ग्रहण किया गया है (जिससे कि)—"किं स्विदासीदधिष्ठानम्" में 'प्लुति' न हो जावे।[क] "भयं विदन्ति मामिह" इत्यादि में ('प्लुति' की) निवृत्ति के लिये (सूत्र में) 'भीरिव' का ग्रहण विशेषण के लिये किया गया है।[ख]

(स्वरभक्तेः पूर्वभाक्त्वं पूर्वाक्षराङ्गत्वञ्च)

स्वरभक्तिः पूर्वभागक्षराङ्गम् ॥३२॥

टि० (क) इस उदाहरण में 'स्विदासीत्' के पूर्व में 'अधः' या 'उपरि' शब्द नहीं हैं, अतः यहाँ 'प्लुति' नहीं हुई।

(ख) पूर्व में 'भीरिव' न होने से 'विन्दति' में 'प्लुति' नहीं हुई।

---

[१] ऋ० १०।१२९।५ [२] ऋ० १०।१४६।१
[३] ऋ० १०।८१।२ [४] ऋ० ९।६७।२१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सू० अ०—'स्वरभक्ति' पूर्ववर्ती (रेफ या लकार) से सम्बद्ध होती है और (पूर्ववर्ती) 'अक्षर' ('स्वर'-वर्ण) का 'अङ्ग' (होती है)।

उ० भा०—"ऋकारवर्णा स्वरभक्तिरुत्तरा"[१] इति वक्ष्यति। सा स्वरभक्तिः; (पूर्वभाक्=) पूर्वं रेफं लकारं वा भजते। रेफादुत्तरा रेफसदृशी भवति; लकारादुत्तरा लकारसदृशी भवति। (अक्षराङ्गम्=) स्वराङ्गम्; च भवति; रेफाद्वा लकाराद्वा यस्माद्व्यञ्जनादुत्तरा भवति तत्सहिता सा पूर्वस्य स्वरस्याङ्गं भवतीत्यर्थः। यथा—"प्रत्यु अदर्शि"[२]; "आर्ष्टिषेणः।"[३] "वनस्पते शतवल्शः"[४]; "नारायासो न जल्हवः।"[५] अन्वर्थ-संज्ञा चेयम्। स्वरभक्तिः स्वरप्रकार इत्यर्थः॥

उ० भा० अ०—"('स्वर'-वर्ण पूर्व में हो और 'व्यञ्जन'-वर्ण बाद में हो तो रेफ से) बाद में ऋवर्णात्मक 'स्वरभक्ति'[क] (उत्पन्न होती है)" यह (सूत्रकार आगे) बतलायेंगे। वह 'स्वरभक्ति'; (पूर्वभाक्=) पूर्ववर्ती रेफ या लकार से सम्बद्ध होती है। रेफ से बाद वाली रेफ के 'सदृश' होती है, लकार से बाद वाली लकार के सदृश होती है। (अक्षराङ्गम्=) और (पूर्ववर्ती) 'स्वर'-वर्ण का 'अङ्ग' होती है; रेफ या लकार जिस 'व्यञ्जन' से बाद में होती है, उस ('व्यञ्जन') के सहित वह पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण का 'अङ्ग' होती है—यह अर्थ है। जैसे—"प्रत्यु अदर्शि"; "आर्ष्टिषेणः।"[ख] "वनस्पते शतवल्शः"; "नारायसो न जल्हवः।"[ग] और यह संज्ञा अर्थानुसारिणी है। 'स्वरभक्ति' 'स्वर' का प्रकार है—यह अर्थ है।

(दीर्घस्वरभक्तेः कालः)

द्राघीयसी सार्धमात्रा ॥३३॥

सू० अ०—दीर्घतरा (हो तो) वह ('स्वरभक्ति') आधी मात्रा (काल) वाली (होती है)।

उ० भा०—तत्र या; (द्राघीयसी=) दीर्घतरा; स्वरभक्तिः सा; (अर्धमात्रा=) अर्धमात्राकाला; भवति। यथा—"प्रत्यु अदर्शि"[३] "कर्हि"[७] "वनस्पते शतवल्शः॥"[८]

उ० भा० अ०—जो; (द्राघीयसी=) दीर्घतरा; 'स्वरभक्ति' (होती है); सा=

टि० (क) 'स्वरभक्ति' के लिए पृष्ठ ६५ तथा षष्ठ पटल को देखिए।

(ख) इन दोनों उदाहरणों में 'स्वरभक्ति' रेफ के सदृश है और रेफ के सहित वह पूर्ववर्ती 'स्वर' (क्रमशः अकार और आकार) का 'अङ्ग' है।

(ग) इन दोनों उदाहरणों में 'स्वरभक्ति' लकार के सदृश है और लकार के सहित वह पूर्ववर्ती 'स्वर' (अकार) का 'अङ्ग' है।

---

[१] ६।४६ [२] ऋ० ७।८१।१ [३] ऋ० १०।९८।५
[४] ऋ० ३।८।११ [५] ऋ० ८।६१।११ [६] ऋ० ७।८१।१
[७] ऋ० ५।७४।१० [८] ऋ० ३।८।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वह; (**अर्धमात्रा**=) आधी मात्रा काल वाली; होती है। जैसे—"प्रत्यु अदर्शि"; "कर्हि" "वनस्पते शतवल्शः।"[क]

(व्यञ्जनानां कालः)

इतरे च ॥३४॥

सू० अ०—अन्य (अर्थात् 'व्यञ्जन') भी (आधी मात्रा काल वाले होते हैं)।

उ० भा०—उक्तकालेभ्यः (इतरे च=) येऽन्ये वर्णास्तेऽर्धमात्राकाला भवन्ति। कादीनि व्यञ्जनान्युदाहरणम् ॥

उ० भा० अ०—जिन (वर्णों) का काल बतला चुके हैं उनसे (**इतरे च**=) अन्य जो वर्ण हैं वे भी आधी मात्रा काल वाले होते हैं। 'क' आदि 'व्यञ्जन'-वर्ण उदाहरण हैं।

(ह्रस्वस्वरभक्तेः कालः)

अर्धोनान्या ॥३५॥

सू० अ०—अन्य (अर्थात् ह्रस्व 'स्वरभक्ति') आधे से कम (अर्थात् चौथाई मात्रा काल वाली होती है)।

उ० भा०—द्राघीयस्याः स्वरभक्तेर्या अन्या स्वरभक्तिः सा; अर्धोना भवति=पाद-मात्रा भवतीत्यर्थः। यथा—"आर्ष्टिषेणः"[१]; "वर्ष्यान् ॥"[२]

उ० भा० अ०—दीर्घतरा 'स्वरभक्ति' से जो; **अन्या**=दूसरी 'स्वरभक्ति' है वह; (**अर्धोना**=) आधे से कम (मात्रा वाली) होती है=चौथाई (पाद) मात्रा (काल वाली) होती है—यह अर्थ है। जैसे—"आर्ष्टिषेणः"; "वर्ष्यान्।"

(रक्तसंज्ञा)

रक्तसंज्ञोऽनुनासिकः ॥३६॥

(रक्तसंज्ञा)

सू० अ०—'अनुनासिक' (वर्ण) 'रक्त'-संज्ञक है।

उ० भा०—अनुनासिकः; (रक्तसंज्ञः=) रक्त उच्यते। यस्य वर्णस्यानुनासिकसंज्ञा विहिता तस्यानेन रक्तसंज्ञा विधीयते। यथा—"अनुनासिकोऽन्त्यः"[३]—ङञ्णनमाः। "पूर्वस्तत्स्थानादनुनासिकः स्वरः।"[४] "महाँ इन्द्रो नृवदा चर्षणिप्राः"[५]; "यन्नीक्षणं माँस्पचन्या उखायाः।"[६] रक्तसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"रक्तं ह्रस्वं द्राघयन्त्युग्रं ओकः"[७]; "रक्ते रागः समवाये स्वराणाम्"[८] इति ॥

टि० (क) 'स्वरभक्ति' दो प्रकार की होती है—दीर्घ और ह्रस्व। यदि एक ही 'ऊष्म'-वर्ण परे हो तो 'स्वरभक्ति' दीर्घ होती है और यदि द्वित्व-प्राप्त 'ऊष्म'-वर्ण परे हो तो 'स्वरभक्ति' ह्रस्व होती है। दे० ६।४८-४९।

---

१ ऋ० १०।९८।५ २ ऋ० ५।८३।३ ३ १।१४ ४ ४।८०
५ ऋ० ६।१९।१ ६ ऋ० १।१६२।१३ ७ १४।५१ ८ १४।५६।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ० **अनुनासिकः**=‘अनुनासिक’ वर्ण; (**रक्तसंज्ञः**=) ‘रक्त’ कहलाता है। जिस वर्ण की ‘अनुनासिक’-संज्ञा का (१।१४ में) विधान किया जा चुका है, इस (सूत्र) से उस (वर्ण) की ‘रक्त’-संज्ञा का विधान किया गया है। जैसे—“(प्रत्येक वर्ग का) अन्तिम (वर्ण) ‘अनुनासिक’ है” (इस सूत्र में) ङ, ञ, ण, न, म (की ‘अनुनासिक’-संज्ञा का विधान किया गया है)। (‘अनुनासिक’-संज्ञा का प्रयोग इस सूत्र में किया गया है)—“(जहाँ नकार का लोप होता है या रेफ होता है या ‘ऊष्मन्’ होता है वहाँ) उस (नकार) के स्थान से पूर्व वाला ‘स्वर’ ‘अनुनासिक’ (हो जाता है)।” (इस सूत्र के य उदाहरण हैं)—“महाँ इन्द्रो नृवदा चर्षणिप्राः”[क] (और) “यन्नीक्षणं माँस्पचन्या उखायाः।”[ख] **रक्त**-संज्ञा का प्रयोजन—“**रक्त** (‘अनुनासिक’) ‘ह्रस्व’ (‘स्वर’-वर्ण) को ‘दीर्घ’ कर देते हैं”; (जैसे) “उग्राँ ओकः” (में); “**रक्त** (‘अनुनासिक’) व्यञ्जनों के साथ सम्बन्ध होने पर स्वरों की अनुनासिकता (रागः) (कर दी जाती है)।”

(संयोगसंज्ञा)

संयोगस्तु व्यञ्जनसंनिपातः ॥३७॥

(संयोगसंज्ञा)

सू० अ०—‘व्यञ्जन’-वर्णों का मेल (संनिपात) ‘संयोग’ (कहलाता है)।

उ० भा०—(**व्यञ्जनसंनिपातः**=) व्यञ्जनयोर्मेलकः; (**संयोगः**=) संयोगसंज्ञः; भवति। यथा—“प्रप्र वस्त्रिष्टुभमिषम्।”[१] संयोगसंज्ञायाः प्रयोजनम् “स्वरानुस्वारोपहितो द्विरुच्यते संयोगादिः”[२] इति॥

इदानीं वर्णानां स्थानान्युच्यन्ते—

उ० भा० अ० (**व्यञ्जनसंनिपातः**=) ‘व्यञ्जन’ (-वर्णों) का मेल (=सम्मिलित-‘व्यञ्जन’-वर्ण); (**संयोगः**=) ‘संयोग’-संज्ञक; होता है।[ग] जैसे—“प्रप्र वस्त्रिष्टुभमिषम्।” **संयोग**-संज्ञा का प्रयोजन—“स्वर’ (-वर्ण) या ‘अनुस्वार’ से अव्यवहित बाद में आने वाले **संयोग** का प्रथम (वर्ण) द्वित्व को प्राप्त करता है।”

अब वर्णों के ‘स्थान’ बतलाते हैं—

(वर्णानां स्थानानि)

कण्ठ्योऽकारः ॥३८॥

टि० (क) यहाँ ‘महान्’ के नकार का लोप हो गया है जिसके परिणामस्वरूप निर्दिष्ट सूत्र से पूर्ववर्ती ‘स्वर’ (आकार) ‘अनुनासिक’ हो गया है।

(ख) यहाँ नकार का ‘ऊष्मन्’ हो गया है जिसके परिणामस्वरूप पूर्ववर्ती ‘स्वर’ (आकार) ‘अनुनासिक’ हो गया है।

(ग) पाणिनि का ‘संयोग’-संज्ञा-विधायक सूत्र यह है—“हलोऽनन्तराः संयोगः” (१।१।७) अर्थात् जिन ‘व्यञ्जन’ (-वर्णों) के मध्य में ‘स्वर’ (-वर्ण) का व्यवधान न हो, उन ‘व्यञ्जन’-वर्णों की ‘संयोग’ संज्ञा होती है।

---

१ ऋ० ८।६०।१ २ ६।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(वर्णों के स्थान)

सू० अ०—अकार 'कण्ठ्य' है (अर्थात् अ, आ का उच्चारण-स्थान कण्ठ है)।

उ० भा०—कण्ठे भवः=कण्ठ्यः। (कण्ठ्यः=) कण्ठस्थानः; (अकारः=) अकारवर्णः; प्रत्येतव्यः। "ह्रस्वादेशे ह्रस्वदीर्घौ सवर्णौ"[१] इति वक्ष्यत्यतोऽकाराकारौ गृह्येते। यथा—अ, आ। स्थानकथने प्रयोजनम्—"निरस्तं स्थानकरणापकर्षे"[२] इति॥

उ० भा० अ०—**कण्ठ्यः**=कण्ठ में (उच्चरित) होने वाला। **(अकारः=)** अकार वर्ण को; **(कण्ठ्यः=)** कण्ठ स्थान वाला; जानना चाहिये। "'ह्रस्व'-वर्ण का (सूत्र में) उल्लेख होने पर 'सवर्ण'क 'ह्रस्व' और 'दीर्घ' (इन दोनों का ग्रहण करना चाहिए)" (इस सूत्र को सूत्रकार आगे) कहेंगे, इसलिए (अकार कहने पर भी यहाँ) अकार और आकार (इन दोनों) का ग्रहण होता है। जैसे अ, आ। **स्थान** कहने का प्रयोजन—"उच्चारण-**स्थान** और उच्चारणावयव का अपकर्ष होने पर 'निरस्त' (नामक दोष होता है)।"

प्रथमपञ्चमौ च द्वौ ऊष्मणाम् ॥३९॥

सू० अ०—'ऊष्म' (-वर्णों) के मध्य में प्रथम और पञ्चम—ये दो (वर्ण)-भी ('कण्ठ्य' हैं)।

उ० भा०—प्रथमो हकारः पञ्चमो विसर्जनीयः। (प्रथमपञ्चमौ=) एतौ; द्वौ च ऊष्मणां मध्ये कण्ठस्थानौ वेदितव्यौ; ह, अः। द्वौ इति पादपूरणः प्रथमपञ्चमौ इति द्विवचनेनैव द्वित्वस्याभिहितत्वात्॥

उ० भा० अ०—प्रथम **('ऊष्मन्')** हकार है और पञ्चम **('ऊष्मन्')** विसर्जनीय है। **(प्रथमपञ्चमौ**=प्रथम और पञ्चम) इन; **(द्वौ च=)** दो को भी; 'ऊष्म'-वर्णों के मध्य में कण्ठ स्थान वाला जानना चाहिये; ह, अः। (सूत्र में प्रयुक्त) **द्वौ** (पद) पाद को पूरण करने के लिए है क्योंकि **प्रथमपञ्चमौ** में द्विवचन से ही द्वित्व का कथन हो जाता है।

केचिदेता उरस्यौ ॥४०॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) इन वर्णों को उरः (स्थान से उच्चरित) होने वाला (मानते हैं)।

टि० (क) आचार्य शौनक ने 'सवर्ण' संज्ञा का विधान किसी सूत्र में नहीं किया है। पाणिनि का 'सवर्ण'-संज्ञा विधायक सूत्र यह है—"तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्" अर्थात् जिन वर्णों के उच्चारण-स्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न—ये दोनों—समान हों वे वर्ण परस्पर 'सवर्ण'-संज्ञा वाले होते हैं। तु०—वा०प्रा० १।४३ "समानस्थान-करणास्यप्रयत्नः सवर्णः।"

---

[१] १।५५ [२] १४।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—केचित् आचार्याः; एतौ =हकारविसर्जनीयौ; (उरस्यौ) उरःस्थानौ; इच्छन्ति; ह, अः ॥

उ० भा० अ०—(केचित्=) कतिपय आचार्य; एतौ=इन हकार और विसर्जनीय को; (उरस्यौ=) उरस् स्थान वाला; मानते हैं [अर्थात् कतिपय आचार्य हकार तथा विसर्जनीय का स्थान उरस् मानते हैं] ह, अः।

ऋकारल्कारावथ षष्ठ ऊष्मा जिह्वामूलीयाः प्रथमश्च वर्गः ॥४१॥

सू० अ०—ऋकार (ऋ, ॠ), लृकार (ऌ, ॡ), षष्ठ ऊष्मन् (ᚷ क) और प्रथम वर्ग (क, ख, ग, घ, ङ) 'जिह्वामूलीय' हैं (अर्थात् ये वर्ण जिह्वा के मूल से उच्चरित होते हैं)।

उ० भा०—(ऋकारल्कारौ=) ऋकारश्च लृकारश्च; षष्ठः च ऊष्मा=जिह्वामूलीयः; प्रथमश्च (वर्गः=) ककारादिवर्गः; एते (जिह्वामूलीयाः=) जिह्वामूलस्थानाः; वेदितव्याः—ऋऋ, ऌऌ, ᚷ क; कखगघङ। ननु च—"धातौ स्वरः कल्पयताल्लृकारः"[1] इति लृकारस्य स्वरसंज्ञा कृता; "चाक्लृप्रे तेन ऋषयो मनुष्याः"[2] इति प्रयोगश्च दृश्यते। लृकारस्तु चतुःषष्टयां न दृश्यते। अथ किमर्थमुदाह्रियते? नैष दोषः। यथोदकाहारस्य मत्स्याहरणमविरुद्धम्, यथा पुष्पाहारस्य फलाहरणमविरुद्धम्, एवमेतदपि प्रसङ्गादुच्यते॥

उ० भा० अ०—(ऋकारल्कारौ=) ऋकार और लृकार; (षष्ठ ऊष्मा=) छठाँ 'ऊष्मन्'='जिह्वामूलीय'; प्रथमश्च (वर्गः)=ककार से प्रारम्भ होने वाला प्रथम 'वर्ग'—इन्हें (जिह्वामूलीयाः)=जिह्वा-मूल स्थान वाला; जानना चाहिये—ऋ ॠ, ऌ ॡ, ᚷ क, कखगघङ। शंका होती है—"(ऋकार में स्थित रेफ का जब लकार हो जाता है तो) 'क्लृप' धातु में लृकार 'स्वर'(-वर्ण) होता है" में लृकार की 'स्वर' संज्ञा की गई है और "चाक्लृप्रे तेन ऋषयो मनुष्याः" में (लृकार का) प्रयोग भी दिखलाई पड़ता है। किंतु ऌकार तो ऋग्वेद में दिखलाई नहीं पड़ता है। तब किस कारण से (ऌ) को उद्धृत किया जा रहा है? (उत्तर) यह दोष नहीं है। जिस प्रकार जल लाने के साथ-साथ मछली लाने में कोई विरोध नहीं है, (और) जिस प्रकार पुष्प लाने के साथ-साथ फल लाने में विरोध नहीं है, उसी प्रकार यह (ऌकार का स्थान) भी प्रसङ्ग से कह दिया गया है।[क]

तालव्यावेकारचकारवर्गावकारैकारौ यकारः शकारः ॥४२॥

सू० अ०—एकार, चकारवर्ग (च, छ, ज, झ, ञ), इकार (इ, ई), ऐकार, यकार और शकार 'तालव्य' (तालु स्थान वाले) हैं।

टि० (क) जिस प्रकार यदि कोई व्यक्ति जल लाने के लिये जावे और जल के साथ-साथ मछली भी ले आवे तो कोई दोष नहीं और जिस प्रकार यदि पुष्प लाने के लिये जावे और साथ-साथ फल भी ले आवे तो कोई दोष नहीं, उसी प्रकार ऋग्वेद में अप्रयुक्त ऌकार का प्रसङ्गतः स्थान बतला देने में कोई दोष नहीं है।

---

[1] १३।३५ [2] ऋ० १०।१३०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—(एकारचकारवर्गौ=) एकारश्च चवर्गश्च; (इकारैकारौ=) इकारश्च ऐकारश्च; यकारः च शकारः चैते; (तालव्यौ—तालव्याः=) तालुस्थानाः; वेदितव्याः; ए चछजझञ इई ऐ य श ॥

उ० भा० अ०—(एकारचकारवर्गौ=) एकार और चवर्ग (च, छ, ज, झ ञ); (इकारैकारौ=) इकार (इ, ई) और ऐकार; यकारः=यकार; शकारः=शकार—इन्हें (तालव्यौ=) तालु स्थान वाला; जानना चाहिये—ए, चछजझञ, इई, ऐ, य, श ।

मूर्धन्यौ षकारटकारवर्गौ ॥४३॥

सू० अ०—षकार और टकारवर्ग (ट, ठ, ड, ढ, ण) 'मूर्धन्य' (मूर्धा 'स्थान' वाले हैं)।

उ० भा०—(मूर्धन्यौ=) मूर्ध्नि स्थाने; (षकारटकारवर्गौ=) षकारश्च टवर्गश्च; प्रत्येतव्यौ; ष टठडढण ॥

उ० भा० अ०—(षकारटकारवर्गौ=) षकार और टवर्ग को; (मूर्धन्यौ=) मूर्धा स्थान में (उच्चरित होने वाले); जानना चाहिए; ष, टठडढण ।

दन्तमूलीयस्तु तकारवर्गः ॥४४॥

सू० अ०—तकारवर्ग (त, थ, द, ध, न) तो 'दन्तमूलीय' (दाँतों के मूल से उच्चरित होने वाला) है।

उ० भा०—(दन्तमूलीयः=) दन्तमूलस्थानः; तकारवर्गः वेदितव्यः; त, थ, द, ध, न ॥

उ० भा० अ०—तकारवर्गः=तवर्ग (=त, थ, द, ध, न) को; (दन्तमूलीयः=) दन्तमूल स्थान वाला; जानना चाहिये; त, थ, द, ध, न ।

सकाररेफलकाराश्च ॥४५॥

सू० अ०—सकार, रेफ, और लकार भी ('दन्तमूलीय' हैं)।

उ० भा०—(सकाररेफलकाराः=) सकारादयः च वर्णाः; दन्तमूलस्थाना वेदितव्याः; स, र, ल ॥

उ० भा० अ०—(सकाररेफलकाराश्च=) सकारादि वर्णों को भी; दन्तमूल स्थान वाले जानना चाहिए; स, र, ल ।

रेफं बर्स्व्यमेके ॥४६॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) रेफ को बर्स्व से उच्चरित होने वाला ('बर्स्व्य') (मानते हैं)।

उ० भा०—एके आचार्या रेफम् बर्स्व्यम् इच्छन्ति। बर्स्वे भवः=बर्स्व्यः। बर्स्वशब्देन दन्तमूलादुपरिष्टादुच्छूनः प्रदेश उच्यते। "अवकां दन्तमूलैः मृदं बर्स्वैः"[1] इति दर्शनात् ॥

---

[1] वा० सं० २५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**एके**=कतिपय आचार्य; **रेफम्**=रेफ को; **बर्स्व्यम्**=बर्स्व से उच्चरित होने वाला; मानते हैं। **बर्स्व्यः**=बर्स्व से (उच्चरित) होने वाला। बर्स्व शब्द के द्वारा दन्तमूल से ऊपर वाला उठा हुआ प्रदेश कहा जाता है।[क] "अवका (नामक देवता) को (अश्व के) दन्तमूल से और मृद (नामक देवता) को (अश्व के) बर्स्व से (प्रसन्न करता है)" (में बर्स्व शब्द का प्रयोग दिखलाई पड़ता है)।

शेष ओष्ठ्योऽपवाद्य नासिक्यान् ॥४७॥

सू० अ०—नासिक्यों को छोड़ कर शेष (वर्णराशि) 'ओष्ठ्य' (ओष्ठ 'स्थान' से उच्चरित होने वाली) है।

उ० भा०—शेषः वर्णराशिः; (ओष्ठ्यः=) ओष्ठस्थानः; वेदितव्यः। किमविशेषेण ? नेत्याह—अपवाद्य नासिक्यान्=परिवर्ज्य नासिकास्थानान्वर्णानित्यर्थः। कश्च शेषः ? उ, ऊ, ओ, औ, प, फ, ब, भ, म, व; उपध्मानीयः=ᕽ प; इति॥

के ते नासिक्या इत्यस्यामपेक्षायामाह—

उ० भा० अ०—**शेषः**=शेष वर्णराशि को; (**ओष्ठ्यः**=) ओष्ठ स्थान वाली; जानना चाहिये। क्या बिना अपवाद (विशेष) के (अर्थात् क्या शेष सभी वर्ण 'ओष्ठ्य' हैं) ? (उत्तर) नहीं, (सूत्रकार ने) कहा है—**अपवाद्य नासिक्यान्**=नासिका स्थान वाले वर्णों को छोड़कर—यह अर्थ है। शेष क्या हैं ? (शेष ये हैं)—उ, ऊ, ओ, औ, प, फ, ब, भ, म, व; उपध्मानीय=ᕽ प (ये ग्यारह वर्ण 'ओष्ठ्य' हैं)।

वे 'नासिक्य' कौन-कौन हैं, यह अपेक्षा होने पर (सूत्रकार ने) कहा है—

नासिक्ययमानुस्वारान् ॥४८॥

सू० अ०—'नासिक्य', 'यम' और 'अनुस्वार' (इन नासिक्यों को छोड़कर शेष सब 'ओष्ठ्य' हैं)।

उ० भा० ᕿ इति नासिक्यः। कं, खं, गं, घं इत्यादयो यमाः। वक्ष्यति हि—"यमः प्रकृत्यैव सदृक्"[१] इति। अं इत्यनुस्वारः। एते नासिक्याः॥

उ० भा० अ०—ᕿ यह **नासिक्य** है। कं, खं, गं, घं इत्यादि **यम** हैं। (सूत्रकार आगे) बतलायेंगे—"'यम' प्रकृति के ही सदृश (होता है)।" अं यह **अनुस्वार** है। ये 'नासिक्य' हैं।

इति स्थानानि ॥४९॥

सू० अ०—ये (वर्णों के उच्चारण के) 'स्थान' हैं।

टि० (क) दाँतों के पीछे उभरा हुआ जो प्रदेश है उसे बर्स्व कहते हैं। यह कठोर तालु का अगला भाग है। इस स्थान से उच्चरित ध्वनि को 'बर्स्व्य' कहते हैं। तैत्तिरीय-प्रातिशाख्य २।१८ पर त्रिभाष्यरत्न में भी दन्तपंक्ति के ऊपर वाले उच्च प्रदेश को बर्स्व कहा गया है—"बर्स्वेष्विति दन्तपंक्तेरुपरिष्टादुच्चप्रदेशेष्वित्यर्थः।"

---

[१] ६।३२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—अधिकरणं वर्णानां स्थानशब्देनोच्यते । इतिकरणः समाप्त्यर्थः । "कण्ठ्योऽकारः"[१] इत्यत आरभ्य यत्परिभाषितं तानि स्थानानि वेदितव्यानि ॥

उ० भा० अ०—वर्णों के आधार को 'स्थान' शब्द से कहा जाता है। इति शब्द समाप्ति के लिये (सूत्र में प्रयुक्त है)। "अकार 'कण्ठ्य' है"—इस (सूत्र से) आरम्भ करके जो कहा गया है उन्हें; स्थानानि='स्थान'; जानना चाहिये।

अत्र यमोपदेशः ॥५०॥

सू० अ०—यहाँ पर (अर्थात् इन्हीं स्थानों में) यमों (के 'स्थान') का निर्देश (करना चाहिए)।

उ० भा०—"कण्ठ्योऽकारः"[२] इत्यत आरभ्य यानि स्थानान्युक्तानि; अत्र=एषु स्थानेषु; (यमोपदेशः=) यमानां स्थानोपदेशः; कर्तव्यः। नासिक्यास्तावत्सर्व एव यमा उक्ताः; द्वितीयं तु प्रकृत्याश्रयं यत्स्थानं तदर्थमिदमुक्तम्। तच्च भवद्यथान्तरं भवति। "पलिक्नीः"[३] इत्यत्र ककारसरूपो यमः; "चख्नथुः" इत्यत्र खकारसरूपो यमः; "जग्मतुः"[४] इत्यत्र गकारसरूपो यमः"; "जघ्नथुः"[५] इत्यत्र धकारसरूपो यमः। वक्ष्यति—"यमः प्रकृत्यैव सदृक्"[६] इति। एवं विंशतिर्यमा बह्वृचानां भवन्ति; स्वरूपैश्चत्वार एव। तदुत्तरत्र यमलक्षणे विचारयिष्यामः ॥

डकारस्य पूर्वोक्तस्थानापरितोषात्स्थानान्तरं प्रतिपादयितुमाह—

उ० भा० अ०—"अकार 'कण्ठ्य' है"—इस (सूत्र) से आरम्भ करके जो 'स्थान' बतलाये गये हैं; अत्र=इन स्थानों में; (यमोपदेशः=) यमों[क] के स्थान का निर्देश; करना चाहिये। 'नासिक्य' तो सभी यमों को कहा गया है (अर्थात् सभी यमों का नासिका तो एक 'स्थान' है ही); प्रकृति पर आश्रित जो दूसरा 'स्थान' है उसके लिये वर्तमान (सूत्र) कहा गया है। और वह समीपता के अनुसार होता है। (जैसे) "पलिक्नीः" में 'यम' ककार के सदृश है; "चख्नथुः" में 'यम' खकार के सदृश है; "जग्मतुः" में 'यम' गकार के सदृश है; 'जघ्नथुः" में 'यम' घकार के सदृश है। (सूत्रकार आगे) बतलायेंगे—"'यम' प्रकृति के ही सदृश (होता है)।" इस प्रकार ऋग्वेदियों के बीस 'यम' होते हैं; स्वरूप से चार ही (होते हैं)।[ख] इस पर बाद में 'यम' के लक्षण (६।३९) में विचार करेंगे।

टि० (क) 'यम' के लिये पृष्ठ ५१ तथा षष्ठ पटल देखिये।

(ख) सूत्रकार ने यमों की संख्या के विषय में स्पष्ट रूपेण कहीं भी कुछ नहीं कहा है। हाँ, उन्होंने ६।३२ में यह तो कहा है कि 'यम' वर्ण अपने प्रकृतिभूत 'स्पर्श' के सदृश होता है। इससे यह ज्ञात होता है कि प्रकृतिभूत अननुनासिक स्पर्शों के बीस होने के कारण 'यम' भी बीस होते हैं। यमों की संख्या के विषय में भाष्यकार का कहना है कि ऋग्वेदियों के बीस 'यम' होते हैं; स्वरूप से तो 'यम' चार ही हैं। भाष्यकार यह स्पष्ट नहीं करते कि चार 'यम' किस

---

[१] १।३८ [२] १।३८ [३] ऋ० ५।२।४
[४] ऋ० १०।४०।१४ [५] ऋ० ७।९९।४ [६] ६।३२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डकार के पूर्वोक्त स्थान से परितोष न होने से दूसरे स्थान के प्रतिपादन करने के लिये (सूत्रकार) कहते हैं—

जिह्वामूलं तालु चाचार्य आह ।
स्थानं डकारस्य तु वेदमित्रः ॥५१॥

सू० अ०—डकार का 'स्थान' जिह्वामूल और तालु है, (ऐसा) आचाय वेदमित्र कहते हैं ।

उ० भा०—अधस्तनं स्थानमुपसंहरन्नाह आचार्यो वेदमित्रो जिह्वामूलं तालु च डकारस्य स्थानमाह । कोऽन्यथा ब्रवीति ? आचार्यग्रहणं पूजार्थम् ॥

उ० भा० अ०—उपर्युक्त 'स्थान' का उपसंहार करते हुये (सूत्रकार ने) कहा है—आचार्य वेदमित्र डकार का 'स्थान' जिह्वामूल और तालु बतलाते हैं । (प्रश्न) (आचार्य लोगों के अतिरिक्त) अन्य कौन (ऐसी बात) कहता है (तब सूत्र में आचार्य का ग्रहण क्यों किया) ? (उत्तर) (ठीक है किंतु) आचार्य शब्द का (सूत्र में) ग्रहण (उनके प्रति) सम्मान (पूजा) प्रकट करने के लिये (किया गया है) ।

(डकारस्थाने ळकारः, ढकारस्थाने ळहकारश्च)
द्वयोश्चास्य स्वरयोर्मध्यमेत्य
संपद्यते स डकारो ळकारः ।
ळहकारतामेति स एव चास्य
ढकारः सन्नूष्मणा संप्रयुक्तः ।
इळा साळ्हा चात्र निदर्शनानि
वीड्वङ्ग इत्येतदवग्रहेण ॥५२॥

(डकार के स्थान पर ळकार और ढकार के स्थान पर ळहकार)

सू० अ०—इन्हीं (आचार्य) के (मत से) डकार दो स्वरों के मध्य में आकर ळकार हो जाता है और इन्हीं (आचार्य) के (मत से) वही (डकार) हकार (=ऊष्मन्) मिल जाने से ढकार बन कर ळहकार हो जाता है । 'इळा', 'साळ्हा' और (पद-पाठ में) 'अवग्रह' के प्रयुक्त होने पर 'वीड्वङ्ग' (वीळुऽअङ्ग)—ये यहाँ पर (अर्थात् ळकार और ळहकार के) उदाहरण हैं ।

उ० भा०—स एवोक्तस्थानो डकारो अस्य आचार्यस्य मतेन द्वयोः स्वरयोर्मध्यम् ; (एत्य=) प्राप्य; (ळकारः संपद्यते=) ळकारभावं याति । किंच स एव डकारो हकारेण

प्रकार हैं । ऐसा लगता है कि उन्होंने सभी वर्गों के प्रथम स्पर्शों को एक इकाई मानकर, द्वितीय स्पर्शों को दूसरी इकाई मानकर, तृतीय स्पर्शों को तीसरी इकाई मानकर और चतुर्थ स्पर्शों को चौथी इकाई मानकर—उसके आधार पर यमों की चार संख्या बतलाई है । ६।२९ के उवट-भाष्य को भी इसके लिये देखिये ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऊष्मणा संप्रयुक्तः सन्नस्यैव आचार्यस्य मतेन **ढकारः** (भवति); तथा च सति स **ढकारो ळ्हकारताम्**; (एति=) याति। अस्यार्थस्येष्टत्वात्स्वयमेवोदाहरणानि दर्शयति—**इळा साळ्हा चात्र** यथासंख्येन **ळकारळ्हकारयोः**; (**निदर्शनानि**=) उदाहरणे। "इळां देवीम्"[१]; "मरुद्भिरुग्रः पृतनासु साळ्हा।"[२] बहुवचनं वक्ष्यमाणोदाहरणापेक्षम्। **वीड्वङ्ग इत्येतत्** उदाहरणम् **अवग्रहेण** सह भवति—"वनस्पते। वीळुऽअङ्गः।"[३] **स्वरयोः** इति किम्? "वनस्पते वीड्वङ्गः"[४]; "मीढ्वस्तोकाय तनयाय।"[५]

उ० भा० अ०—जिसका स्थान (पूर्ववर्ती सूत्र में) बतलाया गया है; **स डकारः**= वह डकारः; **अस्य**=इन आचार्य (वेदमित्र) के मत से; **द्वयोः स्वरयोर्मध्यम्** (**एत्य**)=दो स्वरों के मध्य में आकर; (**ळकारः संपद्यते**=) ळकारभाव को प्राप्त हो जाता है (अर्थात् ळकार हो जाता है)। इसके अतिरिक्त; **स एव**=वही डकार; **ऊष्मणा**=हकार के साथ; **संप्रयुक्तः सन्**=मिलकर; **ढकारः** (भवति=) ढकार (हो जाता है), और वैसा होने पर (अर्थात् दो स्वरों के मध्य में आने पर) वह ढकार; **ळ्हकारताम्** (**एति**=) ळ्हकारता को प्राप्त हो जाता है (अर्थात् ळ्हकार हो जाता है)[तात्पर्य यह है कि दो 'स्वर'-वर्णों के मध्य में आने पर 'ड्' का 'ळ्' और 'ढ्' (ड्+ह्) का 'ळ्ह्' हो जाता है]। (आचार्य वेदमित्र के) इस अर्थ के अभीष्ट होने से (सूत्रकार) स्वयं ही उदाहरणों को दिखलाते हैं। **इळा साळ्हा चात्र**='इळा' और 'साळ्हा' यहाँ पर क्रमशः ळकार और ळ्हकार के; (**निदर्शनानि**=) उदाहरण; हैं। (जैसे) "इळां देवीम्"; "मरुद्भिरुग्रः पृतुनासु साळ्हा।" (निदर्शनानि) पद में जो बहुवचन है वह आगे कहे जाने वाले उदाहरण को ध्यान में रखकर है। **वीड्वङ्ग इत्येतत्**='वीड्वङ्ग' यह उदाहरण; **अवग्रहेण**= अवग्रह' के साथ; होता है (अर्थात् पद-पाठ में जब 'अवग्रह' का प्रयोग होगा तब यह भी उदाहरण बन जायेगा; संहिता-पाठ में नहीं)। (जैसे) "वनस्पते। वीळुऽअङ्गः।" "दो स्वरों के (मध्य में आने पर)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "वनस्पते वीड्वङ्गः"क; "मीढ्वस्तनयाय तोकाय॥"ख

(परिभाषासूत्राणि)

न्यायैर्मिश्रानपवादान्प्रतीयात् ॥५३॥

(परिभाषा-सूत्र)

सू० अ०—अपवादों को सामान्य नियमों से मिला हुआ समझना चाहिये।

उ० भा०—न्यायाः=उत्सर्गाः=महाविषया विधयः। **अपवादाः**=अल्पविषया विधयः। **तान्** (**अपवादान्**) (**न्यायैः**=) **उत्सर्गैः**; **मिश्रान्**=एकीकृतान्; **जानीयात्**। अपवादविषयं मुक्त्वोत्सर्गाः प्रवर्तन्त इत्यर्थः। "स्पर्शाः पूर्वे व्यञ्जनान्युत्तराण्यास्थापिता-

टि० (क) यहाँ पर डकार दो स्वरों के मध्य में न होने से ळकार नहीं हुआ। इसलिये यह कहा गया है कि दो स्वरों के मध्य में आने पर डकार ळकार होता है।

(ख) यहाँ पर ढकार, दो स्वरों के मध्य में न होने से, ळ्हकार नहीं हुआ।

---

१ ऋ० ७।४४।२ २ ऋ० ७।५६।२३ ३ ऋ० प० ६।४७।२६
४ ऋ० ६।४७।२६ ५ ऋ० २।३३।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नामवशंगमं तत्"[१] **इति संधिविषय उत्सर्गः; "घोषवत्पराः प्रथमास्तृतीयान्"**[२] **इत्यपवादः। "एष स्य स च स्वराश्च पूर्वे भवन्ति व्यञ्जनमुत्तरं यदैभ्यः"**[३] **इत्युत्सर्गः। अस्य स्वयमेवापवादमाह—"सामवशा इति चैवापवादान्"**[४]**; अनुलोमानामन्वक्षरसंधीनामपवादानिति ॥**

उ० भा० अ०—**न्यायाः**=उत्सर्ग=विस्तृत क्षेत्र वाली (सामान्य) विधियाँ (general rules)। **अपवादाः**=अल्प क्षेत्र वाली विधियाँ (exceptional rules)। उन (**अपवादान्**=अपवादों) को; (**न्यायैः**=) उत्सर्गैः=सामान्य नियमों के साथ; **मिश्रान्**=मिला हुआ=एक किया हुआ; जानना चाहिये। अपवाद के क्षेत्र (विषय) को छोड़ कर सामान्य नियम (=उत्सर्ग) प्रवृत्त होते हैं—यह अर्थ है (तात्पर्य यह है कि जहाँ पर सामान्य-नियम और अपवाद—इन दोनों—की प्राप्ति होती है वहाँ अपवाद वाला कार्य होगा)। (उदाहरण) "'स्पर्श' पूर्व में हों और 'व्यञ्जन' बाद में हों तो 'आस्थापित' (संधियों) के मध्य में वह 'अवशंगम' है (जिसमें वर्ण केवल समीप में आ जाते हैं, उनमें कोई विकार नहीं होता)"—यह संधिविषयक सामान्य नियम (उत्सर्ग है)। "'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में हों तो वर्गों के प्रथम 'स्पर्श' तृतीय ('स्पर्श') (हो जाते हैं)"—यह (पूर्ववर्ती सूत्र का) अपवाद है।[क] "'एषः', 'स्यः' 'सः' और 'स्वर' (-वर्ण) जब पूर्व में होते हैं और 'व्यञ्जन' इनसे बाद में होता है तो वे 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियाँ (होती हैं)"—यह सामान्य नियम (=उत्सर्ग) है। इस (सामान्य नियम) का स्वयं ही अपवाद कहते हैं—"सामवश (संधियों) को अपवाद (समझना चाहिए)"; 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियों का अपवाद (समझना चाहिए)।[ख]

टि० (क) यत्। वा (ऋ० प० पा० ६।२३।२) में सामान्य सूत्र (४।१) और अपवाद-सूत्र (४।२)—ये दोनों प्राप्त होते हैं। सामान्य सूत्र के अनुसार वकार ('व्यञ्जन') परे होने पर तकार ('स्पर्श') में कोई विकार नहीं होना चाहिये। इसके विपरीत अपवाद-सूत्र के अनुसार, वकार ('सघोष'—'व्यञ्जन') परे होने पर, तकार (प्रथम 'स्पर्श') अपने 'वर्ग' के तृतीय 'स्पर्श' (दकार) में परिणत होता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार सामान्य नियम और अपवाद के प्राप्त होने पर अपवाद वाला कार्य होता है जिससे यहाँ तकार का दकार होकर संहिता में 'यद्वा' रूप निष्पन्न होता है।

(ख) "मक्षुऽमक्षु। कृणुहि।" (ऋ० प० पा० ३।३१।२०) में दोनों 'ह्रस्व' उकारों के बाद में 'व्यञ्जन' होने से ये 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियाँ हैं (दे० २।८)। 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियों में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण 'दीर्घ' नहीं होता है। इसके विपरीत 'सामवश' संधि (७।५) के अनुसार यहाँ दोनों उकारों को दीर्घत्व की प्राप्ति होती है। अपवाद होने के कारण 'सामवश' संधि वाला कार्य ही होता है जिसके अनुसार संहिता-पाठ में यह रूप निष्पन्न होता है—"मक्षूमक्षू कृणुहि।"

---

[१] ४।१ [२] ४।२
[३] २।८ [४] १।६०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वशास्त्रार्थं प्रतिकण्ठमुक्तम् ॥५४॥

सू० अ०—सम्पूर्ण शास्त्र के विषय (के अपवाद के रूप में) निपातन ('प्रतिकण्ठ') को कहा गया है।

उ० भा०—सर्वं च तच्छास्त्रं च सर्वशास्त्रम्। तस्यार्थः=सर्वशास्त्रार्थः। तं सर्वशास्त्रार्थम् उत्सर्गत्वेन पुरस्कृत्य तस्यैवापवादत्वेन प्रतिकण्ठमुक्तं जानीयात्। प्रतिकण्ठ-शब्देन निपातनमुच्यते। तद्धि कण्ठं कण्ठमिव प्रतिसंगृह्यैकैकस्यैव प्रदर्श्यते। "नू इत्था ते"[१]—"न्वित्था" इति प्राप्ते क्षैप्रसंधेरपवादो दीर्घत्वं च निपात्यते। "परीतो षिञ्चत"[२] इति "इतः सिञ्चत" इति प्राप्ते विसर्जनीयस्य सोपधस्यौत्वं निपात्यते, परस्य च षत्वम्॥

उ० भा० अ०—सर्वशास्त्रम्=सम्पूर्ण शास्त्र। उस (सम्पूर्ण शास्त्र) का विषय (अर्थ)=सर्वशास्त्रार्थः। सम्पूर्ण शास्त्र के विषयों को सामान्य शास्त्र के रूप में प्रस्तुत करके उसके ही अपवाद के रूप में 'प्रतिकण्ठ' को कहा गया जानना चाहिये।[क] 'प्रतिकण्ठ' के द्वारा निपातनों (irregular forms) को कहा जाता है। उन निपातनों (irregular forms) को नाम लेलेकर एक-एक को दिखलाया जाता है। (उदाहरण) "नू इत्था ते"[ख]—"न्वित्था"

टि० (क) विधि तीन प्रकार की होती है—सामान्य-विधि, अपवाद-विधि और निपातन-विधि। सामान्य-विधि में किसी बात का सामान्यतः विधान किया जाता है। अपवाद-विधि सामान्य-विधि के विरुद्ध विधान करके सामान्य-विधि का किसी विशिष्ट क्षेत्र में बाध कर देती है। निपातन-विधि संपूर्ण शास्त्र का बाध करती है। अपवाद-विधि और निपातन-विधि में यह मुख्य भेद है कि अपवाद-विधि प्रायशः किसी एक सामान्य-विधि से सम्बद्ध होती है। इसके विपरीत निपातन-विधि का सम्बन्ध किसी एक सामान्य-विधि के साथ नहीं होता। वह तो सम्पूर्ण शास्त्र का अपवाद होती है। दूसरा भेद यह है कि अपवाद-विधि में प्रतिपादित नियम के अनेक उदाहरण हो सकते हैं जिनको सूत्रों में नाम ले लेकर गिनाया नहीं जाता है। इसके विपरीत निपातन-विधि में कोई ऐसा विधान नहीं होता जिसके अनेक उदाहरण हो सकें। यहाँ तो साधारण नियमों के विरुद्ध सभी स्थलों को नाम ले लेकर गिनाया जाता है। आचार्य के उच्चारण (उल्लेख) के कारण ये साधारण नियमों के विरुद्ध रूप भी निपातन से साधु (समर्थित) होते हैं।

यद्यपि यहाँ अपवाद-विधि और निपातन-विधि का भेद प्रस्तुत कर दिया गया है तथापि कौन विधि अपवाद-विधि है और कौन निपातन-विधि है इसमें सूत्रकार तथा भाष्यकार ही प्रमाण हैं। सूत्रकार अथवा भाष्यकार जिस विधि को अपवाद-विधि कहे वह अपवाद-विधि है और जिसे निपातन-विधि कहे वह निपातन-विधि है।

(ख) नु। इत्था। ते॥ प० पा०

उकार के परे इकार होने के कारण यहाँ २।२१ से 'क्षैप्र' संधि प्राप्त होती है जिससे उकार को वकार में परिणत होना चाहिये किंतु निपातन से 'क्षैप्र' संधि नहीं हुई और उकार ऊकार हो गया। "नू इत्था ते" का निपातन के रूप में उल्लेख सूत्रकार ने २।७० में किया है।

---

[१] ऋ० १।१३२।४ [२] ऋ० ९।१०७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राप्त होने पर 'क्षैप्र' सन्धि का अपवाद और (उकार का) दीर्घत्व निपातन से होता है। "परीतो षिञ्चत"[क]—'इतः सिञ्चत" प्राप्त होने पर उपधा-सहित विसर्जनीय का ओकार और परवर्ती (=सकार) का षकार निपातन से हुआ है।

स्थानप्रश्लेषोपदेशे स्वराणां
ह्रस्वादेशे ह्रस्वदीर्घौ सवर्णौ ॥५५॥

स० अ०—'स्वर' (-वर्णों) के (उच्चारण-) 'स्थान' और 'प्रश्लिष्ट' संधि के उपदेश में (जहाँ) 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) का उल्लेख हो (वहाँ) 'ह्रस्व' और 'दीर्घ'—दोनों 'सवर्ण' ('स्वर'-वर्णों)—को (समझना चाहिये)।

उ० भा०—"कण्ठ्योऽकारः"[१] इत्यादि स्थानोपदेशः। "समानाक्षरे सस्थाने"[२] इत्यादि प्रश्लेषोपदेशः। (स्थानप्रश्लेषोपदेशे=) एतस्मिन् उभयरूपे; स्वराणाम् उपदेशे सति; (ह्रस्वादेशे=) यत्र ह्रस्वस्वर आदिश्यते तत्र; उभावपि ह्रस्वदीर्घौ सवर्णौ प्रत्येतव्यौ। "कण्ठ्योऽकारः" इत्युक्ते ह्रस्वदीर्घावपि गृह्येते। उपलक्षणार्थं चैतत्; तथाहि—"अधः स्विदासी३त्"[३] इत्यादीनां प्लुतानां तालुस्थानं भवतीति। तथा—"इकारोदय एकारसकारः सोदयः"[४] इत्युक्ते ह्रस्वदीर्घावपि गृह्येते। स्थानप्रश्लेषोपदेशे इति किम्? "ह्रस्वपूर्वस्तु सोऽकारम्"[५] इति ह्रस्व एव गृह्यते॥

उ० भा० अ०—"अकार कण्ठ्य है" इत्यादि; **स्थानोपदेशः**='स्थान' का उपदेश है। "समान 'स्थान' वाले दो 'समानाक्षर' (एक 'दीर्घ' हो जाते हैं)" इत्यादि; **प्रश्लेषोपदेशः**='प्रश्लिष्ट' संधि का उपदेश है। **(स्थानप्रश्लेषोपदेशे**='स्थान' और 'प्रश्लेष' के उपदेश में=) इन दोनों रूपों में; **स्वराणाम्**='स्वर'-वर्णों का; उपदेश होने पर (सूत्र में) जहाँ; **(ह्रस्वादेशे=)** 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण का उल्लेख किया जाता है वहाँ; **ह्रस्वदीर्घौ सवर्णौ**='सवर्ण' 'ह्रस्व' और 'दीर्घ'—इन दोनों; को समझना चाहिये। "अकार 'कण्ठ्य' है"—यह कहने पर 'ह्रस्व' और 'दीर्घ'—दोनों ही—का ग्रहण होता है। और यह (केवल) उपलक्षण के लिये है क्योंकि—"अधः स्विदासी३त्" इत्यादि प्लुतों का तालु 'स्थान' होता है।[ख] उसी प्रकार—"इकार परे होने पर अकार परवर्ती (इकार) के साथ एकार (हो जाता है)"—यह

टि० (क) परि। इतः। सिञ्चत॥ प० पा०
४।३४ से "इतः सिञ्चत" रूप प्राप्त होता है किन्तु निपातन से उपधा-सहित विसर्जनीय ओकार हो जाता है और परवर्ती सकार षकार हो जाता है। "परीतो षिञ्चत" का निपातन के रूप में उल्लेख सूत्रकार ने ५।१७ में किया है।

(ख) 'स्थान' के प्रसङ्ग में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण कहने से 'ह्रस्व', 'दीर्घ' और 'प्लुत'—इन तीनों—का ग्रहण होता है। उदाहरण के लिये १।४२ में यद्यपि 'इ' को ही 'तालव्य' बतलाया गया है तथापि इससे 'इ', 'ई' और 'ई३'—इन तीनों—को 'तालव्य' समझना चाहिये।

---

[१] १।३८ [२] २।१५ [३] ऋ० १०।१२९।५
[४] २।१६ [५] २।२७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहे जाने पर 'ह्रस्व' और 'दीर्घ'—दोनों—का ग्रहण होता है।[क] "'स्थान' और 'श्लिष्ट' संधि के उपदेश में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "'ह्रस्व' पूर्व में हो तो ('अरिफित' विसर्जनीय) अकार (हो जाता है)"—यहाँ अकार से 'ह्रस्व' का ही ग्रहण होता है।[ख]

असावमुमिति तद्भावमुक्तं यथान्तरम् ॥५६॥

सू० अ०—(आगे जिन सूत्रों में यह कहा जायेगा कि) "यह वह (हो जाता है)" (वहाँ) अत्यन्त समीपता की दृष्टि से (यथान्तरम) उसका (=द्वितीया विभक्ति में निर्दिष्ट का) होना बतलाया गया है।

उ० भा० असौ इति प्रथमानिर्दिष्टस्य ग्रहणम्। अमुम् इति द्वितीयानिर्दिष्टस्य। यत्र असौ वर्णः अमुम् इत्येवं वक्ष्यति तत्र तद्भावमुक्तम् जानीयात्। तत् इत्यनेन द्वितीयानिर्दिष्टं परामृश्यते। तेन रूपेण भवनम्=तद्भावः। स च प्रथमानिर्दिष्टस्य भवति। तं च तद्भावं यथान्तरं जानीयात्। यो यस्य; अन्तरः=संनिकृष्टः स्थानकरणानुप्रदानैः; स तस्य भवति। यथा—"समानाक्षरे सस्थाने दीर्घमेकमुभे स्वरम्"[१] इति। तव अयम्="तवायम्"[२]—अत्र असावमुमिति तद्भावमुक्तम् इति द्वावकारौ दीर्घमेकं स्वरमापद्येते। तं च यथान्तरम् इति कृत्वा आकारमेवापद्येते। मधु उदकम्="मधूदकम्"[३]—अत्र असावमुमिति तद्भावमुक्तम् इति द्वावकारौ दीर्घमेकं स्वरमापद्येते। तं च यथान्तरम् इति कृत्वा ऊकारमेवापद्येते॥

"न्यायैर्मिश्रानपवादात्"[४] इत्यत आरभ्य परिभाषासूत्राण्येतानि।

उ० भा० अ०—**असौ** के द्वारा (सूत्रों में) प्रथमा (विभक्ति) में निर्दिष्ट (पद) का ग्रहण करना होगा। **अमुम्** के द्वारा (सूत्रों में) द्वितीया (विभक्ति) में निर्दिष्ट (पद) का (ग्रहण करना होगा)। जहाँ पर; **असौ**=यह (वर्ण); **अमुमिति**=उस (वर्ण) को (प्राप्त हो जाता है); इस प्रकार (सूत्रकार) कहेंगे, वहाँ पर **तद्भावमुक्तम्** जानना चाहिये। **तत्** इस (पद) के द्वारा (सूत्रों में) द्वितीया में निर्दिष्ट (पद) का निर्देश किया गया है। **तद्भावः**=उस (द्वितीया में निर्दिष्ट पद के) रूप में होना। और वह प्रथमा (विभक्ति) में निर्दिष्ट (पद) का होता है (तात्पर्य यह है कि विकार को प्राप्त करने वाले वर्णों को प्रातिशाख्य के सूत्रों में प्रथमा विभक्ति में रखा गया है और विकारात्मक परिणाम के रूप में आने वाले वर्णों को द्वितीया विभक्ति म रखा गया है)। और उस; **तद्भावम्**=

टि० (क) 'श्लिष्ट' संधि के प्रसङ्ग में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण कहने से 'ह्रस्व' और 'दीर्घ'—इन दोनों—का ग्रहण होता है। उदाहरण के लिये २।१६ में यह कहा गया है कि इकार परे हो तो अकार परवर्ती इकार के साथ एकार हो जाता है। यहाँ इकार से 'इ' और 'ई'—इन दोनों को और अकार से 'अ' और 'आ'—इन दोनों—को समझना चाहिये जिससे अ या आ+इ या ई=ए।

(ख) यहाँ 'ह्रस्व' कहने से 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण का ही ग्रहण होता है, 'दीर्घ' का नहीं क्योंकि यह सूत्र 'स्थान' और 'श्लिष्ट' संधि के प्रसङ्ग में नहीं आया है।

---

[१] २।१५ [२] ऋ० ३।३५।६ [३] ऋ० ९।६७।३२ [४] १।५३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वितीया में निर्दिष्ट पद के रूप में होने को; **यथान्तरम्** जानना चाहिये। (उच्चारण-) स्थान, आभ्यन्तर प्रयत्न (करण) और बाह्य प्रयत्न (अनुप्रदान) (की दृष्टि) से जो (द्वितीयानिर्दिष्ट) जिस (प्रथमानिर्दिष्ट) के अन्तर=संनिकृष्ट (अर्थात् सर्वाधिक समीप) हो; वह (द्वितीयानिर्दिष्ट) उस (प्रथमानिर्दिष्ट) का होता है[क] (तात्पर्य यह है कि प्रथमा विभक्ति में निर्दिष्ट वर्ण उच्चारण-स्थान आदि की दृष्टि से अपने सर्वाधिक समीप वर्ण में ही परिवर्तित होता है)। "समान 'स्थान' वाले दो 'समानाक्षर' एक 'दीर्घ' 'स्वर' हो जाते हैं"—(इस सूत्र के अनुसार प्रथम उदाहरण)—तव अयम्="तवायम्"—यहाँ "यह वह (हो जाता है)" के अनुसार दो अकार एक 'दीर्घ' 'स्वर' होते हैं और "अत्यन्त समीपता की दृष्टि से" के अनुसार आकार ही होते हैं। (द्वितीय उदाहरण) मधु उदकम्= "मधूदकम्"—यहाँ पर "यह वह (हो जाता है)" के अनुसार दो अकार एक 'दीर्घ' 'स्वर' होते हैं और "अत्यन्त समीपता की दृष्टि से" के अनुसार ऊकार ही होते हैं।

(प्रैषाणां पादवत्त्वम्)

पादवच्चैव प्रैषान् ॥५७॥

(प्रैषों का पाद के समान होना)

सू० अ०—प्रैषों को (छन्दः के) पाद के समान ही (जानना चाहिये)।

उ० भा०—"होता यक्षदग्निं समिधा सुषमिधा"[१] इत्यादयः प्रैषाः, तान् (प्रैषान्); (पादवत्=) पादतुल्यलक्षणान्; जानीयात्। ऋक्षु यल्लक्षणं तत्प्रैषेष्वपि भवतीत्यर्थः। तद्यथा—"नकार आकारोपधः"[२] इत्यनेन नकारलोपः पदवृत्तिषु विहितः स प्रैषेष्वपि भवति। "होता यक्षदिन्द्रं हरिवाँ इन्द्रो धाना"[३] इति। "इन्द्राग्नी छागस्य"[४] इत्यत्र—"छकारो दीर्घेण च मेतिवर्जम्"[५] इति वचनाच्छकारस्य द्वित्वं न भवति॥

उ० भा०.अ०—"होता भलीभाँति प्रज्ज्वलित होने वाली समिध् से याग करे" इत्यादि प्रैष हैं, उन (**प्रैषान्**=प्रैषों) को; (**पादवत्**=) पाद के तुल्य लक्षण वाले; जानना चाहिये।[ख] ऋचाओं में जो लक्षण है वह प्रैषों में भी होता है—यह अर्थ है। जैसे—

टि० (क) प्रातिशाख्य के सूत्रों के अर्थ को समझने की विधि इस सूत्र में बतलाई गई है। विकार को प्राप्त करने वाले वर्णों को प्रातिशाख्य के सूत्रों में प्रथमा विभक्ति में रखा गया है और विकारात्मक परिणाम के रूप में आने वाले वर्णों को द्वितीया विभक्ति में रखा गया है। दूसरे शब्दों में इसे यों कह सकते हैं—प्रथमा में निर्दिष्ट वर्णों के स्थान पर द्वितीया में निर्दिष्ट वर्ण आ जाते हैं।

"अपवादों को सामान्य नियमों से मिला हुआ (समझना चाहिये)"—इस सूत्र से आरम्भ करके ये परिभाषा-सूत्र हैं।

(ख) इस सूत्र में यह प्रतिपादन किया गया है कि ऋग्वेद-प्रातिशाख्य में प्रतिपादित नियम जिस प्रकार ऋग्वेद की ऋचाओं पर लगते हैं, उसी प्रकार प्रैष-मन्त्रों पर भी लगते हैं।

---

[१] तै० ब्रा० ३।६।२।१ [२] ४।६५ [३] आ० श्रौ० ५।४।३
[४] तै० ब्रा० ३।६।८।१ [५] ६।१२-१३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"आकार से अव्यवहित बाद में आने वाला नकार (लुप्त हो जाता है, यदि बाद में 'स्वर'-वर्ण हो)"—इस (सूत्र) के द्वारा नकार के लोप का विधान पादों में किया गया है, वह प्रैषों में भी होता है। (उदाहरण) "होता यक्षदिन्द्रं हरिवाँ इन्द्रो धानाः" (ऋचाओं के पादों की भाँति इस प्रैष में भी नकार का लोप हो गया है)। "'मा' के अतिरिक्त अन्य 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) से (अव्यवहित बाद में आने वाला) छकार (द्वित्व को प्राप्त नहीं करता)"—इस नियम से "इन्द्राग्नी छागस्य" में छकार का द्वित्व नहीं होता (तात्पर्य यह है कि ऋचाओं के पादों से सम्बद्ध इस नियम की प्रवृत्ति प्रैष मन्त्र में भी हो गई)।

(पदान्तलक्षणम्)

प्राक्चानार्षादितिकरणात्पदान्ताँस्तद्युक्तानाम् ॥५८॥

(पदान्त का लक्षण)

सू० अ०—उस (=अनार्ष 'इति' शब्द) से संबद्ध (पदों) के (उन) पदान्तों को (पदान्त जानना चाहिये) जो अनार्ष 'इति' शब्द से पूर्व में (दिखलाई पड़ते हैं)।

उ० भा०—"पदान्तान्पदादिभिः संदधदेति यत्सा"[१] इति संहितालक्षणं वक्ष्यति। न च पदान्तपदाद्योर्लक्षणमनुक्त्वा संहितालक्षणं वेदितुं शक्यते। तत्र पदादयो ज्ञायन्त एव; पदान्ता अपि येऽत्रेतिकरणरहिताः। येऽत्र सेतिकरणास्ते संदिह्यन्ते। अतस्तत्र लक्षणमाह—

प्राक्=पूर्वेण; **अनार्षादितिकरणात्**=अवैदिकादितिकरणात्; **पदान्तान्** जानीयात्। कथंभूतानाम्? **तद्युक्तानाम्**=तेनानार्षेणेतिकरणेन; **युक्तानाम्**=संबद्धानाम्। "प्रातरिति। सोमम्।"[२] "देवम्। भारिति भाः।"[३] अत्र विसर्जनीयः पदान्तीयो न तु रेफः—"ऊष्मान्तस्थसोष्मचकारवर्गा नान्तं यान्त्यन्यत्र विसर्जनीयात्"[४] इति वचनात्। अनार्षादितिकरणात् इति किम्? "यः प्राणिति॥"[५]

उ० भा० अ०—"पदान्तों का पदादियों के साथ जो मेल संपादन करती है वह ('संहिता') है"—'संहिता' का यह लक्षण (सूत्रकार) बतलायेंगे और पदान्त तथा पदादि का लक्षण बिना कहे 'संहिता' का लक्षण जाना नहीं जा सकता है। उन (पदान्त और पदादि) में से पदादि ज्ञात ही हैं। 'इति' शब्द से रहित जो पदान्त हैं वे भी (ज्ञात हैं)। जो 'इति' शब्द के सहित (पदान्त होते हैं) उनके विषय में संदेह होता है। इसलिये उन ('इति' शब्द से युक्त पदान्तों) का लक्षण (सूत्रकार) कहते हैं—

अनार्षादितिकरणात्=अवैदिक 'इति' शब्द लगने से; **प्राक्**=पूर्व में (वर्तमान); **पदान्तान्**=पदान्तों को; (पदान्त) जानना चाहिये। किस प्रकार के (पदों) के? (उत्तर) **तद्युक्तानाम्**=उस अनार्ष 'इति' शब्द से युक्त=सम्बद्ध (पदों) के (तात्पर्य यह है कि पद-पाठ में जिन पदों के साथ 'इति' शब्द लगकर मिल जाता है उन पदों के अन्तिम वर्ण (अन्त) वहीं होंगे जो 'इति' लगने से पहले होते हैं)। (जैसे) "प्रातरिति।

---

१ २।२ २ ऋ० प० ७।४१।१ ३ ऋ० प० १।१२८।२
४ १२।१ ५ ऋ० १०।१२५।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सोमम्।" "देवम्। भारिति भाः।" "विसर्जनीय को छोड़ कर अन्य 'ऊष्म' (-वर्ण), 'अन्तःस्था', ऋकार, 'सोष्म' (-वर्ण) और चवर्ग (पदों के) अन्त में नहीं आते"—इस नियम के अनुसार यहाँ (अर्थात् उपर्युक्त दो उदाहरणों में) विसर्जनीय पदान्त हैं, रेफ नहीं। "अनार्ष इति शब्द से (सम्बद्ध पदों का)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यः प्राणिति।"क

तेन येऽसंहितानाम् ॥५६॥

सू० अ०—उस (अनार्ष 'इति' शब्द) से असम्बद्ध (असंहित) (पदों) के जो (पदान्त हैं उन्हें ही पदान्त जानना चाहिये)।

उ० भा०—यत्रेतिकरणो विद्यते न तु पदान्तेन संसृष्टस्तत्रायं विधिरुच्यते। तेन=अनार्षेणेतिकरणेन; असंहितानाम्=असंबद्धानां पदानाम्; ये पदान्तास्त एव पदान्ता वेदितव्याः। "इन्द्राग्नी इति"[१]; "अस्मे इति।"[२] "इन्द्राग्नी इत्यपादियम्"; "प्रातरिति सोमम्"—इत्येवं संहिता मा भूदित्येवमर्थ आरम्भः॥

उ० भा० अ०—जहाँ पर 'इति' शब्द होता है किंतु पदान्त के साथ सम्बद्ध नहीं होता है वहाँ यह विधि कही जाती है। **तेन**=अनार्ष 'इति' शब्द से; **असंहितानाम्**=असम्बद्ध पदों के; **ये**=जो पदान्त हैं; उन्हें ही पदान्त जानना चाहिये। (उदाहरण) "इन्द्राग्नी इति"; "अस्मे इति।" "इन्द्राग्नी इत्यपादियम्"; "प्रातरिति सोमम्"—इस प्रकार 'संहिता' न हो जाये इसलिये यह (पदान्त का विषय) प्रारम्भ (किया गया है)।ख

(सामवशसंधेरुल्लेखः)

सामवशा इति चैवापवादान्।
कुर्वन्ति ये संपदं पादवृत्तयोः॥६०॥

(सामवश संधि का उल्लेख)

सू० अ०—'सामवश' (-संज्ञक) संधियों को ('अनुलोमान्वक्षर' संधियों का) अपवाद (जानना चाहिये), जो ('सामवश'-संज्ञक संधियाँ) पादवृत्तियों का संपादन करती हैं।

टि० (क) इस प्रत्युदाहरण में 'इति' अनार्ष नहीं है, अपितु यह 'प्र' पूर्वक 'अन्' धातु का अन्य पुरुष एक वचन में रूप है और संहिता-पाठ तथा पद-पाठ—इन दोनों—में समान-रूपेण 'प्राणिति' रहता है। इस 'प्राणिति' पद का अन्तिम इकार पदान्त है।

(ख) तात्पर्य यह है कि 'संहिता' के निर्माण के लिये पदान्त का ज्ञान आवश्यक है। पदान्त के ज्ञान के अभाव में इतिकरणसहित पदों की 'संहिता' करने में 'इति' को भी 'संहिता' में ग्रहण कर लिया जायेगा जिससे शुद्ध 'संहिता' नहीं बनेगी जैसा कि भाष्य में दिखलाया गया है।

---

[१] ऋ० प० ६।५९।६ [२] ऋ० प० १।९।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—सामवशान्संधीनुपरिष्टाद्वक्ष्यति—"यथादिष्टं सामवशः स संधि"[1] इति। (सामवशा इति=) तान्सामवशान्संधीन्; (अपवादान्=) अनुलोमानामन्वक्षरसंधीनामपवादभूतान्; जानीयात्। अन्वर्थसंज्ञा चेयम्। समस्य भावः=साम्। "प्राणभृज्जातिवयोवचनोद्गात्रादिभ्योऽञ्"[2] इत्युद्गात्रादित्वादञ्। छन्दसां समत्वम्; वशः=प्रयोजनम्; येषामन्वक्षरसंधीनां ते सामवशाः संधयः। छन्दसां संपत्करा इत्यर्थः। अत एवमाह—कुर्वन्ति ये संपदं पादवृत्तयोः। कतरौ तौ पादस्य वृत्ती? गुर्वक्षरप्रपञ्चो लघ्वक्षरप्रपञ्चश्च। ताभ्यां हि प्रपञ्चाभ्यां गायत्रादयः पादा वर्तन्ते, अतः पादस्येतौ वृत्ती। पादवृत्तयोः संपद कुर्वन्ति, नार्थान्तरं कुर्वन्ति। "मक्षूमक्षू कृणुहि गोजितो नः"[3] इत्यादीन्युदाहरणानि॥

उ० भा० अ०—'सामवश' संधियों को (सूत्रकार) आगे कहेंगे—"('व्यञ्जन' परे हो तो 'ह्रस्व' 'स्वर' 'दीर्घ' हो जाता है) जैसा कि (आगे) दिखलाया गया है और वह 'सामवश' संधि[क] (कहलाती है)।" (**सामवशा इति**=) उन 'सामवश' संधियों को; (**अपवादान्**=) 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियों[ख] का अपवाद; जानना चाहिये। यह ('सामवश') अर्थानुसारिणी संज्ञा है। साम्=सम का भाव। छन्दों का समत्व है; वशः=प्रयोजन; जिन 'अन्वक्षर' संधियों का वे 'सामवश' संधियाँ हैं। "प्राणधारी जाति (अर्थात् जीवधारी जातिवाची प्रातिपदिकों से); वयोवचन (अर्थात् अवस्था-वाची प्रातिपदिकों से) तथा उद्गात्रादि (प्रातिपदिकों) से (भाव और कर्म अर्थ में) 'अञ्' (प्रत्यय होता है)"—(इस सूत्र से) 'उद्गात्र' आदि में होने से (सम में 'अञ्' प्रत्यय हुआ है)। ('सामवश' संधियाँ) छन्दों का संपादन करने वाली हैं—यह अर्थ है। इसलिये (सूत्रकार ने) कहा है—**कुर्वन्ति ये संपदं पादवृत्तयोः**= जो पादवृत्तियों का संपादन करती हैं। पाद की वे दो वृत्तियाँ कौन हैं? (उत्तर) 'गुरु' अक्षरों का प्रपञ्च और 'लघु' अक्षरों का प्रपञ्च। यतः इन्हीं दो प्रपञ्चों से 'गायत्र' आदि पाद (सम्पन्न) होते हैं अतः पाद की ये दो वृत्तियाँ हैं। ('सामवश' संधियाँ) पाद-वृत्तियों का संपादन करती हैं, अर्थ में कोई परिवर्तन नहीं लाती। "मक्षूमक्षू कृणुहि गोजितो नः"[ग] इत्यादि उदाहरण हैं।

टि० (क) 'सामवश' संधियों का विस्तृत वर्णन ग्रन्थ के सप्तम, अष्टम और नवम पटलों में हुआ है।

(ख) 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियों के लिये २।८ को देखिये।

(ग) "मक्षुऽमक्षु। कृणुहि। गोजितः। नः॥" यह प्रकृत पाद का पद-पाठ है। यहाँ पर दोनों 'ह्रस्व' उकारों के बाद में 'व्यञ्जन' होने से ये 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियाँ हैं। छन्दः में समत्व लाने के लिये दोनों उकारों को ऊकार कर दिया गया है। 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियों में 'ह्रस्व' 'स्वर' 'दीर्घ' नहीं होता परन्तु यहाँ 'ह्रस्व' 'स्वर' दीर्घ हो गया है। अतः 'सामवश' संधियाँ 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियों का अपवाद होती हैं।

---

[1] ७।१ [2] पा० ५।१।१२९

[3] ऋ० ३।३१।२०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पद्यानां पदवद्भावः)

अप्रत्याम्नाये पदवच्च पद्यान् ॥६१॥

(पद्यों का पदवत् होना)

सू० अ०—विपरीत विधान (प्रत्याम्नाय) के न होने पर पद्यों को पद के समान (समझना चाहिये)।

उ० भा०—"पदान्तादिष्वेव विकारशास्त्रम्"[१] इति वक्ष्यति। न तु तत्पद्येषु प्राप्नोति। अतस्तत्प्रापणार्थमाह। प्रत्याम्नायः=पुनर्वचनम्। (अप्रत्याम्नाये=) असति पुनर्वचने; पदवत् पद्यान् जानीयात्। त्वाऽऊतासः (=त्वोतासः)। "त्वोतासो न्यर्वता।"[२] "उकारोदय ओकारम्"[३] इति पदसंधिषु वक्ष्यति। पद्येष्वपि तद्भवति। अप्रत्याम्नाये इति किम्? "वसोरिन्द्रं वसुपतिम्"[४] इति। "षष्ठं चाष्टाक्षरेऽक्षरम्"[५] इति प्लुतिः प्राप्ता—"विग्रहे"[६] इति पुनर्वचनान्न भवति॥

किमेतावानेवापवादः? नेत्याह—

उ० भा० अ०—"विकार का विधान करने वाले नियम (=विकारशास्त्र) पद के अन्तिम (वर्णों) और (पद के) प्रथम (वर्णों) पर ही (लागू होते हैं)"—यह (सूत्रकार आगे) कहेंगे। वह (विकारशास्त्र) 'पद्य'[क] (के अन्तिम और प्रथम वर्णों) में प्राप्त नहीं होता है। इसलिये ('पद्य' के अन्तिम और प्रथम वर्णों में) उस (विकारशास्त्र की) प्राप्ति कराने के लिये (सूत्रकार ने यह सूत्र) कहा है।[ख] प्रत्याम्नायः=पुनर्वचन (=विपरीत

टि० (क) 'पद्य' इस पारिभाषिक शब्द की व्याख्या सूत्रकार ने कहीं भी नहीं की है किंतु भाष्यकार ने २।१२ की व्याख्या में 'पद्य' के लिये 'सावग्रह' पद का प्रयोग किया है जिसका अर्थ है कि शाकल्य-कृत पद-पाठ में जो शब्द 'अवग्रह' के साथ दिखलाई पड़ता है वह 'पद्य' है। इसके अनुसार अधोलिखित स्थल 'पद्य' हैं:—(१) समास-घटक पूर्वार्ध तथा उत्तरार्ध, (२) कतिपय पदों में प्रकृति और प्रत्यय जैसे 'पञ्चऽभिः'; 'अप्ऽसु'; 'घृष्णुऽया'; 'सुम्नेऽयुः'; 'गोऽमत्' इत्यादि।

(ख) सूत्रकार ने २।५ में यह विधान किया है कि विकार का विधान करने वाले जितने नियम हैं वे पदान्तों और पदादियों में ही लागू होते हैं। इस नियम से पद-पाठ से संहिता-पाठ करने पर पद के अन्तिम वर्णों और पद के प्रथम वर्णों में ही विकार होंगे, अन्यत्र नहीं। इसके अनुसार सावग्रह-पदों के पूर्व-पद्य के अन्तिम वर्ण और उत्तर-पद्य के प्रथम वर्ण में कोई विकार नहीं हो सकता क्योंकि 'पद्य' पद नहीं है। किंतु ऐसा मानने पर संहिता-पाठ में अनुपलब्ध रूप की सिद्धि हो जायगी। इसलिये सावग्रह-पदों के पूर्व-पद्य के अन्तिम वर्ण और उत्तर-पद्य के

---

१ २।५
२ ऋ० १।८।२
३ २।१७
४ ऋ० १।९।९
५ ८।३९
६ ८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उल्लेख)। (**अप्रत्याम्नाये**=) पुनर्वचन (=विपरीत विधान) न होने पर **पदवत् पद्यान्**=पद्यों को पद के समान; जानना चाहिये। (उदाहरण) "त्वाऽऊतासः" (प० पा०) (="त्वोतासः") (सं० पा०)। "त्वोतासो न्यर्वता।" "उकार (उ या ऊ) बाद में हो तो (अकार=अ या आ) ओकार (हो जाता है)"—(यह सूत्र सूत्रकार) पदों की संधि के विषय में कहेंगे। (प्रस्तुत सूत्र की सहायता से) वह पद्यों में भी प्राप्त हो जाता है (जिससे "त्वाऽऊतासः"="त्वोतासः" हो जाता है)। "पुनर्वचन न होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "वसोरिन्द्रं वसुपतिम्" में "आठ अक्षरों वाले (आनुष्टुभ पाद) में छठा 'अक्षर' ('दीर्घ' हो जाता है)"—(इस सूत्र से 'वसु' 'पद्य' को पद के समान मानकर इसके उकार का) दीर्घत्व प्राप्त होता है (किंतु)—"पृथक् अवस्थित (पदों में दीर्घत्व होगा)"—इस पुनर्वचन (=विपरीत विधान) के होने से (उकार का दीर्घत्व) नहीं होता।[क]

क्या इतना ही अपवाद है (अर्थात् विपरीत विधान को छोड़कर क्या अन्य सभी स्थलों पर 'पद्य' को पद के समान माना जाता है)? (उत्तर) नहीं, (सूत्रकार अन्य अपवादों को) कहते हैं—

(पद्यानां पदवद्भावप्रतिषेधस्थलानि)

ऋते नतोपाचरितक्रमस्वरान् ॥६२॥

सू० अ०—'मूर्धन्यभाव ('नत'), 'सकारभाव' ('उपाचरित'), 'क्रम-पाठ' और 'स्वर' को छोड़कर (अन्य स्थलों पर 'पद्य' को पद के समान जानना चाहिए)।

उ० भा०—ऋते=विहाय=परित्यज्य; नतम् उपाचरितम् क्रमम् स्वरम् चान्यत्र पदवत्पद्याञ्जानीयात्। इह तु पदस्य यत्कार्यं विधीयते तत्पद्यस्य न भवति। नते—

प्रथम वर्ण में विकार की प्राप्ति के लिये सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र का निर्माण किया है जिसका अर्थ है कि पद्यों को पद के समान ही मानना चाहिये जिसके अनुसार पदान्तों और पदादियों में होने वाले विकार पद्यान्तों और पद्यादियों में भी हो जाते हैं। इस सूत्र से विकारशास्त्र का क्षेत्र विस्तृत हो गया है। उदाहरण के लिये "त्वाऽऊतासः" (प० पा०) में 'अवग्रह' के नाते दो 'पद्य' हैं—'त्वा' और 'ऊतासः'। पद्यों को पदों के समान मानने पर संधि के नियम के अनुसार ऊकार परे होने पर आकार परवर्ती ऊकार के साथ मिलकर ओकार हो गया जिससे "त्वोतासः" यह संहिता-रूप निष्पन्न हो गया।

(क) विपरीत विधान होने पर पद्यों को पद के समान नहीं माना जाता। उदाहरण के लिये "वसुपतिम्" ("वसुऽपतिम्"—प० पा०) इस समस्त पद में दो 'पद्य' हैं—'वसु' और 'पतिम्'। 'वसु' 'पद्य' को पद के समान मानने पर 'वसु' का उकार ८।३९ से दीर्घत्व को प्राप्त करता है किन्तु अष्टम पटल के प्रारम्भ में ही स्पष्ट रूप से यह कह दिया गया है कि इस पटल में पृथक् अवस्थित ही पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' होते हैं जिसके अनुसार 'पतिम्'-'पद्य' के साथ मिले हुए 'वसु'-'पद्य' का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं होता।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"सुदीतिभिः सु दीदिहि"[१]–यदि हि पदकार्यं पद्येऽपि स्याद्भिःशब्देनाबह्वक्षरेणोपहितत्वात्- "स्वबह्वक्षरेण"[२] इति सुशब्दस्य षत्वं स्यात्। "यदहं गोपतिः स्याम्"[३]—यदि पदकार्यं पद्येषु स्यादत्रापि - "पदादयश्च स्यिति"[४] इति पतिशब्देनाबह्वक्षरेणोपहितत्वात्स्यिति पदादेः षत्वं स्यात्।

उ० भा० अ० –**नतम्**[क]='मूर्धन्यभाव' को; **उपाचरितम्**[ख]='सकारभाव' को; **क्रमम्**='क्रम-पाठ' को; **स्वरम्**='स्वर' को; **ऋते**=विहाय=छोड़कर; अन्यत्र पद के समान पद्यों को जानना चाहिए (अर्थात् 'मूर्धन्यभाव', 'सकारभाव', 'क्रम-पाठ' और 'स्वर' में 'पद्य' को पद के समान नहीं माना जाता। अन्य सभी स्थलों पर 'पद्य' को पद के समान माना जाता है)। यहाँ (अर्थात् 'मूर्धन्यभाव', 'सकारभाव', 'क्रम-पाठ' और 'स्वर में') तो पद का जो कार्य विहित होता है वह 'पद्य' का नहीं होता। 'मूर्धन्यभाव' ('नत') में (प्रथम उदाहरण)—"सुदीतिभिः सु दीदिहि"—यदि पद का कार्य 'पद्य' में भी होवे तो "अबह्वक्षर (पद) से अव्यवहित परवर्ती 'सु' (षत्व को प्राप्त करता है)"—(इस सूत्र के अनुसार) अबह्वक्षर 'भिः' 'पद्य' से अव्यवहित बाद में आने के कारण 'सु' का षत्व हो जायेगा।[ग] (द्वितीय उदाहरण) "यदहं गोपतिः स्याम्"—यदि पद का कार्य पद्यों में भी होवे तो यहाँ भी "(अबह्वक्षर पद पूर्व में हो तो) पद के आदि में स्थित 'स्य्' (षत्व को प्राप्त करता है)"—(इस सूत्र के अनुसार) अबह्वक्षर 'पति' पद्य से अव्यवहित बाद में आने के कारण (स्याम्) पद के आदि में स्थित 'स्य्' का षत्व हो जायेगा।

णत्वे तूदाहरणं नास्ति। उपाध्यायस्तु—"पितृयाणम्"[५] इत्युदाहरति। पूर्वपद्य-स्थान्निमित्तादुत्तरपद्यस्थस्य नकारस्य पदवत्पद्यानिति पदभावाद्भिन्नपदत्वान् नतिर्न प्राप्नोति; तत "ऋते नत" - इत्यनेन प्राप्यत इत्यभिप्रायेण। एतच्चासत्। यत्र हि सामान्येन पदस्य कार्यं विधीयते; तच्च पदवत्पद्यान् इत्यनेन पद्येष्वपि प्राप्यते। तत्प्राप्तं सद्—"ऋते नत"—

टि० (क) 'दन्त्य'-वर्ण के स्थान पर 'मूर्धन्य'-वर्ण होने को 'नत' या 'नति' (cerebralization) कहते हैं, जैसा कि वा० प्रा० १।४२ में कहा गया है—"दन्त्यस्य मूर्धन्यापत्तिर्नतिः"; अर्थात् नकार के स्थान पर णकार और सकार के स्थान पर षकार होना 'नति' है।

(ख) विसर्जनीय के स्थान पर सकार होने को 'उपाचरित' ('सकारभाव', sibilation) कहते हैं।

(ग) (सं० पा०) "सुदीतिभिः" (=प० पा० "सुदीतिऽभिः") पद में दो 'पद्य' हैं—'सुदीति' और 'भिः'। यदि 'मूर्धन्यभाव' ('नति') के विषय में भी 'भिः' 'पद्य' को पद के समान माना जायेगा तो इस अबह्वक्षर 'भिः' पद से अव्यवहित बाद में आने वाले 'सु' का सकार ५।५ से षकार हो जायेगा जो संहिता-पाठ में उपलब्ध नहीं होता है। इसलिए 'मूर्धन्यभाव' ('नति') के विषय में 'पद्य' का पदवत् होना इस सूत्र से निषिद्ध किया गया।

---

[१] ऋ० ६।४८।३ [२] ५।५ [३] ऋ० ८।१४।२
[४] ५।६ [५] ऋ० १०।२।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इत्यनेन पुनर्निषिध्यते—सोऽस्यापवादसूत्रस्य विषयः। अत्र तु स्वयमेव सूत्रकारोऽवोचत्—"ऋकाररेफषकारा नकारं समानपदेऽवगृह्ये नमन्ति। अन्तःपदस्थम्"[1] इति। अत एतदसदुदाहरणम्।

'णत्व' (रूप) ('नति' का) तो उदाहरण नहीं है। उपाध्याय तो ('णत्व' के लिए) "पितृयाणम्" उदाहरण देते हैं। पूर्व-पद्य ('पितृ') में स्थित ('णत्व' के) निमित्त (अर्थात् ऋकार) से उत्तर-पद्य में स्थित नकार का 'मूर्धन्यभाव' ('नति'; 'णत्व') प्राप्त नहीं होता है क्योंकि "पदवत् पद्यान्" के अनुसार (पद्यों के) पदवत् होने से ('पितृ और 'यानम्' ये दो 'पद्य' भिन्न पद (हो जाते हैं); तब "ऋते नत—" इस (अपवाद-सूत्र) के द्वारा ('मूर्धन्यभाव') प्राप्त होता है—यह (उपाध्याय का) अभिप्राय है।[क] (उपाध्याय का यह उदाहरण) यथार्थ नहीं है क्योंकि जहाँ सामान्य रूप से पद का (कोई) कार्य विहित होता है और वह (पदकार्य) "पदवत् पद्यान्"—इस (नियम) से पद्यों में भी प्राप्त हो जाता है, (इस प्रकार) प्राप्त होने पर वह ('पद्य' में पदकार्य)—"ऋते नत—" इस (सूत्र) से निषिद्ध किया जाता है। वह ('पद्य' में पदकार्य का निषेध करना) इस अपवाद-सूत्र का विषय है। यहाँ (अर्थात् "पितृयाणम्" के 'णत्व' के विषय में) तो सूत्रकार ने स्वयं ही कहा है—"ऋकार, रेफ और षकार पद के मध्य में वर्तमान नकार को णकार कर देते हैं, यदि वे (ऋकार, रेफ और षकार) उसी सावग्रह (पद-पाठ में 'अवग्रह' से संयुक्त) पद में स्थित हों जिसमें नकार स्थित है"—(तात्पर्य यह है कि १।६२ अपवाद-सूत्र है। "पितृयाणम्" के 'णत्व' को सिद्ध करने के लिए इस अपवाद-सूत्र को प्रयुक्त नहीं करना चाहिए क्योंकि "पितृयाणम्" के 'णत्व' की सिद्धि तो सामान्य-सूत्र (५।४०) से हो जाती है)। अतः यह अयथार्थ उदाहरण है।

उपाचरितः—"पथस्पथः परिपतिम्"[2]—अत्रापि पदकार्यं यदि पद्येषु स्यात्पथस्पथ इत्यत्रोपाचरितो न स्याद्भिन्नपदत्वात्। "अन्तःपदं तु सर्वत्रैवोपाचरितः"[3]—इत्यनेनान्तःपदमुपाचरितो विधीयते। अतः पदवद्भावः पद्यानाम् उपाचरिते निषिध्यते। निरवकाशोऽय-

टि० (क) उपाध्याय अर्थात् भाष्यकार के गुरुजी के अनुसार "पितृयाणम्" (प० पा० "पितृऽयानम्") इस अपवाद-सूत्र का उदाहरण है। "पदवत् पद्यान्" के अनुसार 'पितृ' और 'यानम्' को पद मानने पर ये भिन्न हो जाते हैं और इस प्रकार पूर्व-पद्य ('पितृ') में स्थित ऋकार का उत्तर-पद्य ('यानम्') में स्थित नकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता जिसके परिणामस्वरूप 'यानम्' का नकार णकार नहीं होता। तब "ऋते नत—" इस प्रस्तुत अपवाद-सूत्र की सहायता से नकार णकार होता है क्योंकि इस सूत्र में यह बतलाया गया है कि 'मूर्धन्यभाव' के विषय में 'पद्य' को पद के समान नहीं माना जाता जिससे 'पितृ' और 'यानम्' को भिन्न-भिन्न पद नहीं माना जायेगा। यह तो एक ही पद है जिसके परिणामस्वरूप 'पितृ' पद्य का ऋकार 'यानम्' के नकार को णकार में परिवर्तित कर देता है। यह आचार्य का अभिप्राय है। आचार्य के इस अभिप्राय का खण्डन भाष्यकार ने अपने भाष्य में किया है।

---

१ ५।४० २ ऋ० ६।४९।८ ३ ४।४१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन्तःपदविधिरिति चेत्। न। "अञ्जस्पाइव"[१]; "दुष्प्राव्योऽवहन्ता"[२]; "त्वं हि राधस्पते"[३]—इत्येवमादिषु समापाद्योपाचरितेषु स्यात्। अत्र हि विक्रान्तसंधिरेव भवति, न तु खण्डनम्।

'सकारभाव' ('उपाचरित')—"पथस्पथः परिपतिम्"—यहाँ पर भी पद का कार्य यदि पद्यों में होवे तो "पथस्पथः" में 'सकारभाव' ('उपाचरित') नहीं होगा, भिन्न पद होने से।[क] "पद के मध्य में तो सर्वत्र ही 'सकारभाव' ('उपाचरित') (होता है)"—इस (सूत्र) के द्वारा पद के मध्य में 'सकारभाव' ('उपाचरित') का विधान किया गया है (अतः इस सूत्र से यहाँ विसर्जनीय का सकार हो जायेगा)। इसलिए पद्यों का पद के समान होना 'सकारभाव' ('उपाचरित') में निषिद्ध किया गया है। यदि (कहते हो कि) "यह अन्तःपदविधि (सावग्रह स्थलों को छोड़कर) निरवकाश है"—(तो ऐसी बात) नहीं है; "अञ्जस्पाइव"; "दुष्प्राव्योऽवहन्ता"; "त्वं हि राधस्पते"—इत्यादि स्थलों पर नियम से प्राप्त सकारभावों (उपाचरितों) में (अन्तःपदविधि सावकाश) है; क्योंकि यहाँ (अर्थात् इन उदाहरणों में पद-पाठ में) 'विक्रान्त' संधि ही है (अर्थात् पद-पाठ में इनका विसर्जनीय बिना परिवर्तन के ज्यों का त्यों रहता है) किंतु ('अवग्रह' के द्वारा "अञ्जःपाः", "दुःप्र" और "राधःपते" का) पृथक्करण (खण्डन) नहीं होता।[ख]

टि० (क) (सं० पा०) "पथस्पथः परिपतिम्"=(प० पा०) "पथःऽपथः। परिऽपतिम्॥" "पथःऽपथः" में 'अवग्रह' के कारण दो 'पद्य' हैं—'पथः' और 'पथः'। यदि "पदवत् पद्यान्"—के अनुसार इन पद्यों को पद के समान माना जायेगा तो ये भिन्न-भिन्न पद हो जायेंगे जिससे संहिता-पाठ में विसर्जनीय सकार में परिवर्तित नहीं होगा जिससे संहिता में "पथःपथः" यह रूप हो जायेगा किंतु संहिता-पाठ में "पथस्पथः" रूप ही उपलब्ध होता है। इसलिए प्रस्तुत अपवाद-सूत्र में यह कह दिया गया है कि 'सकारभाव' ('उपाचरित') के प्रसङ्ग में पद्यों को पद के समान नहीं माना जाता। "पथःऽपथः" को एक पद मानने पर तो "अन्तः-पदं तु सर्वत्रैवोपाचरितः"—इस सूत्र से 'सकारभाव' ('उपाचरित') हो जाता है।

(ख) भाष्यकार ने बतलाया है कि "पथऽपथः" इत्यादि स्थलों पर विसर्जनीय का सकार ४।४१ से होता है। यहाँ पर यह शंका हो सकती है कि अन्तःपदविधि (४।४१) मुख्य रूप से एक पद से सम्बद्ध विधि है। "पथस्पथः" (प० पा० "पथःऽपथः") इत्यादि स्थलों पर तो यह विधि १।६२ की सहायता से गौण रूप से लागू होती है क्योंकि "पदवत् पद्यान्" के अनुसार "पथस्पथः" (प० पा० "पथःऽपथः") एक पद नहीं है। ऐसी वस्तुस्थिति में यह प्रश्न हो सकता है कि क्या अन्तःपदविधि का कोई शुद्ध स्थल भी है जहाँ इस सूत्र से एक पद के मध्य में विसर्जनीय का सकार हुआ हो।

इसके उत्तर में भाष्यकार का कहना है कि "पथःऽपथः" आदि गौण स्थलों को छोड़कर अन्य शुद्ध स्थल भी ऐसे हैं जहाँ एक ही पद के मध्य में इस विधि (४।४१) से विसर्जनीय का सकार होता है। उदाहरण के लिए अधोलिखित स्थलों को देखिए—

(सं० पा०) "अञ्जस्पाइव"=(प० पा०) "अञ्जःपाःऽइव।"
(सं० पा०) "दुष्प्राव्योऽवहन्ता"=(प० पा०) "दुःप्रऽअव्यः। अवऽहन्ता।"
(सं० पा०) "त्वं हि राधस्पते"=(प० पा०) "त्वम्। हि। राधःपते।"

---

१ ऋ० १०।९४।१३ २ ऋ० ४।२५।६ ३ ऋ० ८।६१।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रमः—"सुतसोमा अहर्विदः"[१]—अत्र यदि पदवत्पद्याः स्युः—"क्रमो द्वाभ्यामभिक्रम्य"[२]—इति द्वाभ्यां पदाभ्यां स्यात् ।

'क्रमपाठ'—"सुतसोमा अहर्विदः"—यहाँ पर यदि 'पद्य' पद के समान हों तो "दो पदों से प्रारम्भ करके क्रम (-पाठ) (को करे)"-(इस सूत्र से) दो-दो पदों से (क्रम) होगा ।[क]

स्वरः—"पुरोहितमिति पुरःऽहितम् ।"[३] अत्र पुरःशब्दस्यान्तोदात्तस्य हितशब्दोऽनुदात्तो मात्राकालव्यवहितः । तत्र पदवद्भावे सति पूर्वमन्तोदात्तं पद्यमनपेक्ष्यैव हितशब्दोऽनुदात्तः स्यात् । अतः स्वरग्रहणम् । ननु—"यथा संधीयमानानाम्"[४]—इत्यनेनावग्रहस्य स्वरं वक्ष्यति । एवं तर्हि स्पष्टार्थं स्वरग्रहणम् ॥

'स्वर'—"पुरोहितमिति पुरःऽहितम् ।" यहाँ पर 'अन्तोदात्त' 'पुरः'-शब्द से 'सर्वानुदात्त' 'हितम्'–शब्द एक मात्रा काल से व्यवहित है (अर्थात् 'पुरः' और 'हितम्' पद्यों के उच्चारण के मध्य में एक मात्रा काल का व्यवधान है) । ('पुरः' और 'हितम्' इन पद्यों को) पद के समान मानने पर पूर्ववर्ती 'अन्तोदात्त' 'पद्य' ('पुरः') की अपेक्षा न करके ('सर्वानुदात्त') 'हित'-शब्द 'सर्वानुदात्त' हो जायेगा ।[ख] इसलिए (इस अपवाद-सूत्र में) 'स्वर' का ग्रहण (किया

१३।३१ और १३।३२ में इन स्थलों पर विस्तार में विचार किया गया है । वहाँ बतलाया गया है कि पद-पाठ में इन पदों का उपर्युक्त रूप होता है । तात्पर्य यह है कि इन पदों में पद-पाठ में विसर्जनीय अविकृत रहता है और 'अवग्रह' के द्वारा इन पदों का खण्डन नहीं किया जाता । यह स्पष्ट है कि 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् न किए जाने के कारण ये भिन्न-भिन्न पद न होकर एक-एक ही पद हैं और इनमें "अन्तःपदं तु सर्वत्रैवोपाचरितः" (४।४१) के अनुसार संहिता-पाठ में विसर्जनीय सकार में परिणत हो जाता है ।

इस प्रकार यह निश्चय होता है कि ४।४१ में विहित अन्तःपदविधि के दो प्रकार के उदाहरण मिलते हैं—(१) (प० पा०) "राधःपते" इत्यादि मुख्य स्थल जहाँ १।६२ की आवश्यकता ही नहीं पड़ती (२) (प० पा०) "पथःऽपथः" इत्यादि गौणस्थल जहाँ १।६२ से "पदवत् पद्यान्"—इस नियम का बाध करके ४।४१ की प्रवृत्ति होती है ।

(क) पद्यों को पद के समान मानने पर यहाँ क्रम-पाठ इस प्रकार होगा—"सुतसोमाः । सोमा अहः । अहर्विदः"—जो क्रम-पाठ अशुद्ध है । इसलिए क्रम-पाठ में पद्यों को पद के समान नहीं माना जाता ।

(ख) "पुरःऽहितम्" में 'पुरः' के 'उदात्त' के कारण 'हितम्' का 'हि' ३।२१ से 'स्वरित' हो जाता है । किंतु यदि 'पुरः' और 'हितम्' पद्यों को दो भिन्न पदों के समान माना जावे तो 'पुरः' के 'उदात्त' का 'हितम्' के ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा जिससे हितम् पद 'सर्वानुदात्त' होगा जो संहिता-पाठ में उपलब्ध नहीं होता है । इसलिए स्वर' में 'पद्य' के पदवत् होने का निषेध किया गया है ।

---

[१] ऋ० क० १।२।२ [२] १०।१-२ [३] ऋ० क० १।१।१ [४] ३।२४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया है)। (शंका) "जिस प्रकार संधि को प्राप्त करने वाले (पदों का 'स्वर' होता है, वैसा ही 'स्वर' 'अवग्रह' होने पर भी होता है)"—इस (सूत्र) के द्वारा (सूत्रकार) 'अवग्रह' का 'स्वर' कहेंगे। (समाधान) तब तो स्पष्टता के लिए (सूत्र में) 'स्वर' का ग्रहण (किया गया है)।[क]

(अवसाने अष्टस्वराणामनुनासिकसंज्ञा)

अष्टावाद्यानवसानेऽप्रगृह्या—
नाचार्या आहुरनुनासिकान्स्वरान् ॥६३॥

(अवसान में आठ स्वरों की अनुनासिक-संज्ञा)

सू० अ०—आचार्य लोग प्रथम आठ 'स्वर' (-वर्णों) को 'अनुनासिक' (-संज्ञक) कहते हैं (जब वे आठ 'स्वर'-वर्ण) 'प्रगृह्य' नहीं होते और अवसान में (आते हैं)।

उ० भा०—अष्टौ स्वरान् आद्यान् अकारादीन् आचार्याः अप्रगृह्यानवसाने अनुनासिकान्; (आहुः=) ब्रुवन्ति। "ईड्यो नूतनैरुतँ"[१]; "इन्दवो वामुशन्ति हिँ।"[२] आद्यान् इति किम्? 'अग्ने'; 'शतक्रतो'। अवसाने इति किम्? "न नि मिषति सुरणः।"[३] अप्रगृह्यान् इति किम्? "सुतानां वाजिनीवसू॥"[४]

उ० भा० अ०—(वर्णमाला में) अकार से लेकर; **आद्यान् अष्टौ स्वरान्**=प्रथम आठ 'स्वर' (-वर्णों) को; **आचार्याः**=आचार्य लोग; **अप्रगृह्यान्**='प्रगृह्य' न होने पर; **अवसाने**=ऋचा के अवसान में (स्थित होने पर); **अनुनासिकान्**='अनुनासिक'; **(आहुः)**=बतलाते हैं (अर्थात् आचार्यों के अनुसार प्रथम आठ 'स्वर'-वर्ण 'अनुनासिक'-संज्ञक होते हैं, यदि वे 'प्रगृह्य' न हों और ऋचा के अवसान में विद्यमान हों)।[ख] (उदाहरण) "ईड्यो नूतनैरुतँ"; "इन्दवो वामुशन्ति हिँ।" "प्रथम (आठ 'स्वर'-वर्णों) को"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) 'अग्ने'; 'शतक्रतो'।[ग] "अवसान में

टि० (क) शंकाकार का आशय यह है कि ३।२४ में यह विधान किया गया है कि 'अवग्रह' का व्यवधान होने पर भी पूर्ववर्ती 'स्वर' का प्रभाव परवर्ती 'स्वर' पर पड़ता है जिसके परिणामस्वरूप 'पुरः' के 'उदात्त' के प्रभाव से 'हितम्' का 'हि' 'स्वरित' हो जाता है। ऐसी स्थिति होने पर इस प्रस्तुत अपवाद-सूत्र में 'स्वर' का ग्रहण करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। इसके समाधान में सूत्रकार का कहना है कि तब तो इस सूत्र में 'स्वर' का ग्रहण स्पष्टता के लिये किया गया है कि 'स्वर' के विषय में 'पद्य' को पद के समान नहीं माना जाता है।

(ख) तात्पर्य यह है कि वर्णमाला के प्रथम आठ 'स्वर'-वर्ण 'अनुनासिक' उच्चरित होते हैं यदि वे ऋचा के अवसान में स्थित हों और वे 'प्रगृह्य' न हों।

(ग) एकार और ओकार प्रथम आठ 'स्वर'-वर्णों में नहीं आते, अतः 'प्रगृह्य' न होने पर भी तथा अवसान में होने पर भी ये 'स्वर'-वर्ण 'अनुनासिक' नहीं होते।

---

[१] ऋ० १।१।२ [२] ऋ० १।२।४ [३] ऋ० ३।२९।१४ [४] ऋ० १।२।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(आने पर)''—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) ''न नि मिषति सुरणः।''क ''(प्रगृह्य' न होने पर''—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) ''सुतानां वाजिनीवसू।''ख

(एकस्यैव प्लुतस्यानुनासिकसंज्ञा)

तत्त्रिमात्रे शाकला दर्शयन्त्या—
चार्यशास्त्रापरिलोपहेतवः ॥६४॥

(एक ही प्लुत की अनुनासिक-संज्ञा)

सू० अ०—(१।६३ में प्रतिपादित) आचार्यों के नियम (शास्त्र) के लोप के परिहार को चाहने वाले शाकल्य ऋषि के अनुयायी लोग उस (आनुनासिक्य) को एक तीन मात्रा वाले (अर्थात् एक 'प्लुत' 'स्वर'-वर्ण) पर दिखलाते हैं।

उ० भा०—तत्=एतदानुनासिक्यम्; त्रिमात्रे स्वरे; (शाकलाः=) शाकल्यऋषेर्मतानुसारिणः; दर्शयन्ति। अत्र हेतुमाह—(आचार्यशास्त्रापरिलोपहेतवः=) आचार्यशास्त्रमनेनैकेन प्लुतेनानुनासिकेन सतास्माकमपरिलुप्तं यथा स्यादिति। "न त्वा भीरिव विन्दतीँ३ ॥"[१]

उ० भा०—(शाकलाः=) शाकल्य ऋषि के मत का अनुसरण करने वाले लोग; (१।६३ में प्रतिपादित) तत्=इस आनुनासिक्य को; (केवल) त्रिमात्रे= तीन मात्रा वाले (एक 'प्लुत') 'स्वर' (-वर्ण) पर; दर्शयन्ति=दिखलाते हैं। इसमें अर्थात् ऐसा करने में कारण बतलाते हैं—(आचार्यशास्त्रापरिलोपहेतवः=) जिससे इस एक 'अनुनासिक' 'प्लुत' के कारण हमारे (=शाकल्य के अनुयायियों के) मत से भी आचार्यों के शास्त्र का लोप न हो।ग "न त्वा भीरिव विन्दतीँ३।"

टि० (क) 'न' ('अ'), 'नि' ('इ') और –'ति' ('इ') ऋचा के अवसान में स्थित नहीं हैं, अतः प्रथम आठ 'स्वर'-वर्णों में होने पर भी और 'प्रगृह्य' न होने पर भी ये 'अनुनासिक' नहीं हुए। ऋचाओं में अवसान कहाँ-कहाँ होता है—इसके लिए १८।४६-५७ को देखिए।

(ख) यद्यपि 'ऊ' प्रथम आठ 'स्वर'-वर्णों में है और अवसान में भी है तथापि १।७१ से 'प्रगृह्य' होने के कारण यह 'अनुनासिक' नहीं हुआ।

(ग) १।६३ से पता चलता है कि वर्णमाला के प्रथम आठ 'स्वर'-वर्णों को उसी सूत्रोक्त अवस्था-विशेष में 'अनुनासिक' उच्चरित करने की एक प्रबल प्रवृत्ति उस समय प्रचलित थी। यही कारण है कि उसी सूत्र में कहा गया है कि बहुत से आचार्यों ने इस आनुनासिक्य ('अनुनासिक'-उच्चारण) का विधान किया है। इस प्रकार प्रचलित होने पर भी यह प्रवृत्ति शाकल्य ऋषि के अनुयायियों को मान्य नहीं थी। ये लोग इन आठ 'स्वर'-वर्णों को 'अनुनासिक' उच्चरित नहीं करते थे। फिर भी शाकल लोग यह भी नहीं चाहते थे कि आचार्य

---

[१] ऋ० १०।१४६।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नामि-संज्ञा)

V. V. ऋकारादयो दश नामिनः स्वराः ॥६५॥

(नामिसंज्ञा)

सू० अ०—ऋकार से प्रारम्भ होने वाले दस 'स्वर' (-वर्ण) 'नामिन्' (कहलाते हैं)।

उ० भा०—(ऋकारादयः=) ऋकारमादौ कृत्वा; दश स्वराः; (नामिनः=) नामिसंज्ञाः; वेदितव्याः। नमयन्ति=दन्त्यं सन्तं मूर्धन्यं कुर्वन्तीति नामिनः। ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ इति। नामिसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"अन्तःपादं नाम्युपधः सकारः"[१] इति ॥

उ० भा० अ०—(ऋकारादयः=) ऋकार से प्रारम्भ होने वाले; दश स्वराः= दस स्वरों को; (नामिनः=) 'नामि'-संज्ञक; जानना चाहिये। नमयन्ति='दन्त्य' (वर्ण) को 'मूर्धन्य' बना देते हैं, (इसलिये) नामिनः='नामिन्' (कहलाते हैं)। ऋ, ॠ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ। नामि-संज्ञा का प्रयोजन—"पाद के मध्य में नामि (-'स्वर'-वर्ण) से अव्यवहित बाद में आने वाला सकार (षकार हो जाता है)।"

(नतिषु नन्तृनम्ययोः पौर्वापर्यम्)

पूर्वो नन्ता नतिषु नम्यमुत्तरम् ॥६६॥

(नति में नन्ता और नम्य का पौर्वापर)

सू० अ०—'मूर्धन्यभाव' ('नति') में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला (वर्ण; 'नन्ता') पूर्व में (होता है) और 'मूर्धन्यभाव' ('नति') से प्रभावित होने वाला (वर्ण; 'नम्य') बाद में होता है।

उ० भा०—"ऋकाररेफषकारा नकारं नमन्ति"[२] इति वक्ष्यति। तत्र पूर्व ऋकारादय उत्तरे वा। अतस्तद्व्यवस्थार्थमाह—पूर्वो नन्ता नतिषु नम्यमुत्तरम्=नतिषु वर्तमानानां वर्णानां पूर्वो नन्ता वर्णो भवति; नम्यम् व्यञ्जनम् उत्तरं भवति। "पन्थामनु प्रविद्वान् पितृयाणम्।"[३] पूर्वो नन्ता इति किम्? "अर्वाञ्चमद्य यय्यं नृवाहणम्"[४]—ऋकारात्पूर्वस्य नकारस्य नतिर्मा भूदिति। नम्यम् उत्तरम् इति किम्? ऋकारादुत्तरस्य वाहननकारस्य नतिर्यथा स्यादिति ॥

लोगों की परम्परा का पूर्णतया लोप हो जावे। इसलिए आचार्य लोगों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए शाकल लोग एक 'प्लुत' 'स्वर'-वर्ण को 'अनुनासिक' उच्चरित करते थे। ऐसा करने से आचार्य लोगों के अनुशासन (शास्त्र) का पूर्णतया लोप नहीं हुआ।

---

१ ५।१ २ ५।४०
३ ऋ० १०।२।७ ४ ऋ० २।३७।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—"ऋकार, रेफ और षकार नकार को 'मूर्धन्य' कर देते हैं"—यह (सूत्रकार) कहेंगे। वहाँ (अर्थात् 'मूर्धन्यभाव' में) ऋकार आदि पूर्व में होते हैं अथवा बाद में (यह संदेह होता है)। इसलिए इसकी व्यवस्था के लिये (यह सूत्र) कहा गया है—**पूर्वो नन्ता नतिषु नम्यमुत्तरम्**—**नतिषु**='मूर्धन्यभाव' में वर्तमान वर्णों के मध्य में; **नन्ता**='मूर्धन्यभाव' को करने वाला वर्ण; **पूर्वः**=पूर्व में; होता है; **नम्यम्**='मूर्धन्यभाव' से प्रभावित होने वाला 'व्यञ्जन'; **उत्तरम्**=बाद में; होता है। (उदाहरण) "पन्थामनु प्रविद्वान् पितृयाणम्।" "नन्ता पूर्व में हो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अर्वाञ्चमद्य यय्यं नृवाहणम्"—ऋकार से पूर्व वाले नकार को 'मूर्धन्यभाव' न हो (इसलिए कहा है कि 'नन्ता' पूर्व में हों)। "नम्य बाद में हो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) ऋकार से बाद वाले 'वाहन' के नकार का जिससे 'मूर्धन्य' हो (इसलिए कहा है कि 'नम्य' बाद में हो)।[क]

(अरिफितविसर्जनीयस्य सोपधस्यैकवर्णवत्त्वम्)

सहोपधोऽरिफित एकवर्णव-
द्विसर्जनीयः स्वरघोषवत्परः ॥६७॥

(उपधा-सहित अरिफित विसर्जनीय का एक वर्ण के समान होना)

सू० अ०—'स्वर' (-वर्ण) और 'सघोष' ('व्यञ्जन') परे हों तो अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण (=उपधा) के सहित 'अरिफित' विसर्जनीय एक वर्ण के समान (समझा जाना चाहिए)।

उ० भा०—**अरिफितः विसर्जनीयः; (सहोपधः=)** उपधासहितः; **एकवर्णवत्** अवगन्तव्यः; **(स्वरघोषवत्परः=)** स्वरपरो घोषवत्परश्च सन्। **स्वरपरः**—"य इन्द्र सोमपातमः"[१]; "ह्रस्वपूर्वस्तु सोऽकारम्"[२]—इति सोपधस्याकारः। **घोषवत्परः**—"नमो भरन्त एमसि"[३]; "ओकारं ह्रस्वपूर्वः"—इति सोपधस्यौकारः। **अरिफितः** इति किम्? "पुनर्द्यौर्देवी पुनरन्तरिक्षम्।"[५] **स्वरघोषवत्परः** इति किम्? "यस्तिग्मशृङ्गो वृषभो न भीमः॥"[६]

उ० भा० अ०—**अरिफितः विसर्जनीयः**='अरिफित' विसर्जनीय[ख] को; **(सहोपधः=)** उपधा के सहित; **एकवर्णवत्**=एक वर्ण के समान; जानना चाहिये; **स्वरघोषवत्परः=)** 'स्वर' (-वर्ण) बाद में हो अथवा 'सघोष' ('व्यञ्जन') बाद में हो तो (अर्थात् 'अरिफित' विसर्जनीय को अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के सहित एक वर्ण के समान जानना चाहिये,

टि० (क) 'नृवाहणम्' में ऋकार ('नन्ता') ने अपने अव्यवहित पूर्व में स्थित नकार को णकार नहीं बनाया, अपितु दूर में स्थित बाद वाले नकार ('नम्य') को णकार बना दिया। इसीलिए कहा गया है कि 'नन्ता' पूर्व में होता है और 'नम्य' बाद में होता है।

(ख) १।७६ से लेकर १।१०३ तक 'रिफित'-संज्ञक विसर्जनीय का विवरण दिया गया है। इनसे अन्य 'अरिफित' विसर्जनीय होते हैं।

---

[१] ऋ० ८।१२।१ [२] २।२७ [३] ऋ० १।१।७ [४] ४।२५
[५] ऋ० १०।५९।७ [६] ऋ० ७।१९।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि बाद में 'स्वर'-वर्ण अथवा 'सघोष' 'व्यञ्जन' हो)। **स्वरपर** (विसर्जनीय का उदाहरण)—"य इन्द्र सोमपातमः"; "'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) पूर्व में (और कोई 'स्वर'-वर्ण बाद में हो तो 'अरिफित' विसर्जनीय) अकार (हो जाता है)"—(इस सूत्र से) अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के सहित (विसर्जनीय) अकार (हो गया है)। **सघोषपर** (विसर्जनीय का उदाहरण)—"नमो भरन्त एमसि"; "'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) पूर्व में हो (और 'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में हो तो 'अरिफित' विसर्जनीय) ओकार (हो जाता है)"—(इस सूत्र से) अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के सहित (विसर्जनीय) ओकार (हो गया है)।[क] "अरिफित"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "पुनर्द्यावी पुनरन्तरिक्षम्।"[ख] "'स्वर' (-वर्ण) और 'सघोष' ('व्यञ्जन') हैं परे जिसके"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यस्तिग्मशृङ्गो वृषभो न भीमः।"[ग]

(प्रगृह्यसंज्ञा)

ओकार आमन्त्रितजः प्रगृह्यः ॥६८॥

(प्रगृह्य-संज्ञा)

सू० अ०—संबोधन (आमन्त्रित) से उत्पन्न (अर्थात् संबोधन पद के अन्त में विद्यमान) ओकार 'प्रगृह्य' (-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—ओकारः; (आमन्त्रितजः=) आमन्त्रिताज्जातः; (प्रगृह्यः=) प्रगृह्य-संज्ञः; भवति। "इन्दो इति"; "विष्णो इति।" प्रगृह्यसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"प्रकृत्येति-

टि० (क) २।२७ और ४।२५ में यद्यपि 'अरिफित' विसर्जनीय के ही क्रमशः अकार और ओकार होने का विधान किया गया है तथापि वह 'अरिफित' विसर्जनीय अपने अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के साथ अकार और ओकार होता है क्योंकि प्रस्तुत सूत्र से 'अरिफित' विसर्जनीय, 'स्वर'-वर्ण और 'सघोष'-'व्यञ्जन' परे रहते, अपने अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के साथ एक वर्ण माना जाता है।

(ख) 'पुनः' में जो विसर्जनीय है वह १।१०३ से 'रिफित' है, इसलिये इस विसर्जनीय को अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के साथ एक वर्ण के समान नहीं माना जाता। यहाँ अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण अविकृत रहता है और 'रिफित' विसर्जनीय ४।२७ से रेफ हो जाता है। यदि 'अरिफित' विसर्जनीय को भी अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के सहित एक वर्ण के समान माना जाये तो यहाँ ऐसा रूप बनेगा—"पुन्र्द्य्र्देवी पुन्रन्तरिक्षम्" जो संहिता-पाठ में उपलब्ध पाठ के प्रतिकूल है। अतः सूत्र में 'अरिफित' शब्द रखा।

(ग) यहाँ पर विसर्जनीय के अनन्तर तकार है जो न 'स्वर'-वर्ण है और न 'सघोष'-'व्यञ्जन' है, अतः इस 'अरिफित' विसर्जनीय को अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के सहित एक वर्ण के समान नहीं जानना चाहिए। यदि अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के सहित 'अरिफित' विसर्जनीय को एक वर्ण के समान माना जायेगा तो ऐसा रूप बनेगा—"य्स्तिग्मशृङ्गः"—जो संहिता-पाठ में उपलब्ध पाठ के प्रतिकूल है। कोई ऐसी संहिता न बना ले इसलिये सूत्र में "स्वरघोषवत्परः" को रखा।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करणादौ प्रगृह्याः"[१] इति। एतच्च सूत्रं स्वार्थमभिधायोत्तरसूत्रेषु प्रगृह्यसंज्ञामधिकरोति। अतोऽधिकारसूत्रमेवैतत्। ननु अधिकारसूत्रं परार्थं भवति, एतत्तु स्वार्थमभिधाय परार्थं भवति। अथ कथमधिकारसूत्रमेतदिति? नैष दोषः। गुणोऽयं शास्त्रकृतो यदनेनैव सूत्रेण स्वार्थमभिधत्ते, अधिकारं च प्रकरोति। अतोऽधिकारसूत्रमेवैतदिति। आह च—

उभयार्थं परार्थं वा सूत्रं स्यादाधिकारिकम्।
संज्ञासूत्रं परार्थं स्यात् पारिभाषिकमेव च॥
परिभाषां च संज्ञां च कार्यकालां प्रचक्षते।
अधिकारः कृतो यत्र ततोऽन्यत्र न गच्छति॥

उ० भा० अ०—(आमन्त्रितजः) **ओकारः**=सम्बोधन (आमन्त्रित) से उत्पन्न ओकार; (**प्रगृह्यः**=)'प्रगृह्य'[क]-संज्ञक; होता है (अर्थात् सम्बोधन पद के अन्त में विद्यमान ओकार 'प्रगृह्य'-संज्ञा होती है)। (जैसे) "इन्दो इति"; "विष्णो इति।" **प्रगृह्य**-संज्ञा का प्रयोजन—"'इति' शब्द बाद में हो तो **प्रगृह्य** ('स्वर'-वर्ण) 'प्रकृतिभाव' से (रहते हैं)।" यह सूत्र अपने अर्थ को बतलाकर बाद वाले सूत्रों में 'प्रगृह्य'-संज्ञा का अधिकार करता है। इसलिये यह अधिकार-सूत्र ही है। (प्रश्न) अधिकार-सूत्र दूसरे (सूत्रों) के लिये (=परार्थ) होता है, किंतु यह (प्रस्तुत सूत्र) तो अपने अर्थ (स्वार्थ) को बतलाकर दूसरे (सूत्रों) के लिये (=परार्थ) होता है। तब यह अधिकार-सूत्र कैसे है? (उत्तर) यह दोष नहीं है। यह तो शास्त्रकार का गुण है जो इसी सूत्र से अपने अर्थ (सूत्र के अर्थ) को बतलाते हैं और अधिकार को भी करते हैं। इसलिये यह अधिकार-सूत्र ही है। कहा भी है—

"अधिकार-सूत्र या तो उभयार्थ (स्वार्थ तथा परार्थ) होता है या (केवल) परार्थ होता है। संज्ञा-सूत्र और परिभाषा-सूत्र परार्थ होते हैं। परिभाषा (-सूत्र) और संज्ञा (-सूत्र) को कार्य के समय (उपस्थित होने वाला) कहते हैं (अर्थात् जब-जब कार्य पड़ता है तब-तब परिभाषा-सूत्र और संज्ञा-सूत्र उपस्थित हो जाते हैं। वे पहले और पीछे सर्वत्र लागू होते हैं)। जहाँ अधिकार किया जाता है वहाँ से अन्यत्र (अधिकार-सूत्र) नहीं जाता है।"

टि० (क) 'प्रगृह्य' शब्द का शाब्दिक अर्थ है—अवरुद्ध होने के योग्य। जिन 'स्वर'-वर्णों की 'प्रगृह्य'-संज्ञा की जाती है वे वर्ण, 'स्वर'-वर्ण परे रहते, संधि के सामान्य-नियमों के अनुसार विकार प्राप्त नहीं करते हैं। सूत्रकार ने १।६८ से लेकर १।७५ तक उन सभी स्थलों को बतलाया है जहाँ 'स्वर'-वर्ण 'प्रगृह्य'-संज्ञक होते हैं। २।५१ और २।५२ में सूत्रकार ने इन सभी 'प्रगृह्य'-संज्ञक वर्णों के समान कार्य ('प्रकृतिभाव') का विधान किया है। 'प्रगृह्य'-संज्ञक 'स्वर'-वर्ण कहीं-कहीं विकार को भी प्राप्त हो जाते हैं, देखिए २।५३ और २।५५। 'प्रगृह्य'-संज्ञक 'स्वर'-वर्ण के प्रगृह्यत्व को प्रदर्शित करने के लिए पद-पाठ में इसके आगे 'इति' लगाया जाता है।

---

[१] २।५१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदं चान्यः ॥६९॥

सू०अ०—(सम्बोधन पद के अन्त में आने वाले ओकार से) अन्य भी (ओकार) पद (होने पर) 'प्रगृह्य' होता है)।

उ० भा० आमन्त्रितसंज्ञितादोकारात् अन्यः ओकारः; पदम्=ओ इति; सोऽपि प्रगृह्यसंज्ञो भवति। "ओ हि वर्तन्ते रथ्येव चक्रा ॥"[१]

उ० भा० अ०—सम्बोधन (आमन्त्रित) के बाद म विद्यमान ओकार से; अन्यः=अन्य; (जो) ओकार; पदम्=पद='ओ'; है वह भी 'प्रगृह्य'-संज्ञक होता है (अर्थात् स्वतन्त्र पद होने पर 'ओ' 'प्रगृह्य' होता है)। (उदाहरण) "ओ हि वर्तन्ते रथ्येव चक्रा।"क

अपूर्वपदान्तगश्च ॥७०॥

सू० अ०—(समास के) पूर्व-पद के अन्त में न आने वाला (ओकार) भी ('प्रगृह्य' होता है)।

उ० भा०—(अपूर्वपदान्तगश्च=) पूर्वपदान्तगश्च य ओकारो न भवति; स प्रगृह्यसंज्ञो भवति। पूर्वपदोत्तरपदव्यपदेशश्च समास एव भवति। अतोऽयमर्थः—पूर्वपदान्तस्यौकारस्य प्रगृह्यसंज्ञा न भवति। "याँश्चो नु दाधृविर्भरध्यै"[२]; "एषो उषा अपूर्व्या"[३] अपूर्वपदान्तगः इति किम्? "यदहं गोपतिः स्याम्"[४]; "कुवित्सु नो गविष्टये।"[५] ननु अनेनैव सूत्रेणाधस्तनयोः सूत्रयोर्विषयः सूचितः। एवं तर्ह्यधस्तनाभ्यामस्यैव सूत्रस्य प्रपञ्चः कृतः। ते वै विधयः संगृहीता येषां लक्षण प्रपञ्चश्च ॥

उ० भा० अ०—(अपूर्वपदान्तगश्च=) पूर्व-पद के अन्त म जो ओकार स्थित नहीं होता है, वह भी 'प्रगृह्य' संज्ञक होता है। पूर्व-पद और उत्तर-पद का उल्लेख समास में ही होता है। इसलिये यह अर्थ हुआ—समास के पूर्व-पद के अन्त म स्थित ओकार की 'प्रगृह्य'-संज्ञा नहीं होती। (उदाहरण) "यांश्चो नु दाधृविर्भरध्यै"ख; "एषो उषा अपूर्व्या।"ग "पूर्व-पद के अन्त में न आने वाला"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यदहं गोपतिः स्याम्"घ; "कुवित्सु नो गविष्टये।"ङ (प्रश्न) इसी सूत्र से पूर्ववर्ती दो सूत्रों का विषय

टि० (क) ओ इति। हि। वर्तन्ते। रथ्याऽइव। चक्रा॥ प० पा०

(ख) यान्। चो इति। नु। दाधृविः। भरध्यै॥ प० पा०

(ग) एषो इति। उषाः। अपूर्व्या॥ प० पा०

इन उदाहरणों में ओकार पूर्व-पद के अन्त में स्थित नहीं हैं, अतः ये ओकार 'प्रगृह्य' हैं।

(घ) यत्। अहम्। गोऽपतिः। स्याम्॥ प० पा०

(ङ) कुवित्। सु। नः। गोऽइष्टये॥ प० पा०

इन प्रत्युदाहरणों में ओकार पूर्व-पद के अन्त में स्थित हैं, अतः ये ओकार 'प्रगृह्य'-संज्ञक नहीं हैं।

---

१ ऋ० १०।११७।५ २ ऋ० ६।६६।३ ३ ऋ० १।४६।१
४ ऋ० ८।१४।२ ५ ऋ० ८।७५।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचित (गतार्थ) हो जाता है (तब उन पूर्ववर्ती सूत्रों की क्या आवश्यकता)? (उत्तर) तब तो पूर्ववर्ती दोनों सूत्रों के द्वारा इसी सूत्र का प्रपञ्च किया गया है। वे ही विधियाँ सरलता से समझ में आती हैं जिनके लक्षण और प्रपञ्च—ये दोनों—(सूत्रों में किए जाते हैं)।[क]

षष्ठादयश्च द्विवचोऽन्तभाजस्त्रयो दीर्घाः ॥७१॥

सू० अ०—छठे ('स्वर'-वर्ण) से प्रारम्भ होने वाले तीन 'दीर्घ' 'स्वर' (-वर्ण) (ई, ऊ, ए) भी द्विवचनान्त (पदों) के अन्त में आने पर ('प्रगृह्य' होते हैं)।

उ० भा०—षष्ठादयश्च त्रयो दीर्घाः स्वराः; (द्विवचोऽन्तभाजः=) द्विवचनाभिधायिनः; प्रगृह्य-संज्ञा भवन्ति। "इन्द्राबृहस्पती वयम्"[१]; "इन्द्रवायू इमे सुताः"[२]; "द्वे विरूपे चरतः स्वर्थे।"[३] द्विवचोऽन्तभाजः इति किम्? "अग्न आ याहि वीतये॥"[४]

उ० भा० अ० **षष्ठादयश्च त्रयो दीर्घाः**=(वर्णमाला के) छठे ('स्वर') से प्रारम्भ होने वाले तीन 'दीर्घ' 'स्वर' (-वर्ण) भी; **(द्विवचोऽन्तभाजः**=द्विवचनान्त पदों के अन्त में आने पर=) द्विवचन का अभिधान करने वाले होने पर; 'प्रगृह्य'-संज्ञक होते हैं (अर्थात् द्विवचनान्त पद के अन्त में विद्यमान 'ई', 'ऊ' तथा 'ए' 'प्रगृह्य'-संज्ञक होते हैं)। (उदाहरण) "इन्द्राबृहस्पती वयम्"[ख] "इन्द्रवायू इमे सुताः"[ग]; "द्वे विरूपे चरतः स्वर्थे।"[घ] "द्विवचनान्त

टि० (क) शंकाकार का आशय यह है कि इस सूत्र से पूर्व-पद के अन्त में न आने वाले सभी ओकार 'प्रगृह्य' हो जाते हैं। १।६८ और १।६९ के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत "इन्दो इति"; "विष्णो इति" तथा "ओ हि वर्तन्ते···" इत्यादि ओकारों का 'प्रगृह्य' होना भी इसी सूत्र (१।७०) से सिद्ध हो जाता है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर १।६८ और १।६९ की क्या उपयोगिता है?

इसके उत्तर में भाष्यकार का कहना है कि १।६८ और १।६९ के द्वारा प्रस्तुत सूत्र का प्रपञ्च किया गया है। किसी दुर्बोध नियम (विधि) को समझाने के लिए उसका उदाहरणादि के द्वारा विवरण करना ही प्रपञ्च कहलाता है। वे ही विधियाँ सरलता से समझ में आती हैं जिनका लक्षण भी किया जावे और प्रपञ्च भी। केवल लक्षण अथवा केवल प्रपञ्च उतना उपयोगी नहीं होता है। १।७० में पूर्व-पद के अन्त में न आने वाले ओकार के 'प्रगृह्य' होने का लक्षण किया गया है। इस सूत्र के अनेक उदाहरण हैं। सम्बोधन पद के अन्त में आने वाले ओकार तथा स्वतन्त्र ओकार पद के 'प्रगृह्य' होने का पुनर्विधान क्रमशः १।६८ और १।६९ में कर दिया गया है।

(ख) इन्द्राबृहस्पती इति। वयम्॥ प० पा०

(ग) इन्द्रवायू इति। इमे। सुताः॥ प० पा०

(घ) द्वे इति। विरूपे इति विऽरूपे। चरतः। स्वर्थे इति सुऽअर्थे॥ प० पा०

इन उदाहरणों में 'ई', 'ऊ' तथा 'ए' द्विवचनान्त पदों के अन्त में आये हैं, अतः ये 'प्रगृह्य' हैं।

---

[१] ऋ० ४।४९।५ [२] ऋ० १।२।४ [३] ऋ० १।९५।१ [४] ऋ० ६।१६।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पदों) के अन्त में आने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अग्न आ याहि वीतये।"[क]

साप्तमिकौ च पूर्वौ ॥७२॥

सू० अ०—(इन तीन में से) पूर्व वाले दो सप्तमी के अर्थ में होने पर भी ('प्रगृह्य' होते हैं)।

उ० भा०—एतेषामेव त्रयाणां वर्णानां मध्ये यौ पूर्वौ दीर्घौ स्वरौ तौ प्रगृह्यसंज्ञौ भवतः; (साप्तमिकौ=) सप्तम्यर्थाभिधायिनौ; चेद्भवतः। "दृतिं न शुष्कं सरसी शयानम्"[१]—सरस्यामिति प्राप्ते छान्दसः सप्तम्यर्थ ईकारः। "सोममिन्द्र चमू सुतम्"[२]—चम्वामिति प्राप्ते सप्तम्यर्थ ऊकारः। "स्वायां तनू ऋत्व्ये।"[३] "सोमो गौरी अधि श्रितः।"[४] "स्तीर्णं राये सुभरं वेद्यस्याम्।"[५] साप्तमिकौ इति किम् ? "पीत्वी सोमस्य वावृधे॥"[६]

उ० भा० अ०—इन्हीं तीन वर्णों ('ई', 'ऊ', 'ए') के मध्य में जो; पूर्वौ=पूर्व वाले दो; 'दीर्घ' 'स्वर' हैं वे 'प्रगृह्य'-संज्ञक होते हैं, यदि वे; साप्तमिकौ=सप्तमी के अर्थ को कहने वाले हों। (उदाहरण) "दृतिं न शुष्कं सरसी शयानम्"[ख]—'सरस्याम्' प्राप्त होने पर सप्तमी के अर्थ में ईकार (हो गया है)। "सोममिन्द्र चमू सुतम्"[ग]-'चम्वाम्' प्राप्त होने पर सप्तमी के अर्थ में ऊकार हुआ। "स्वायां तनू ऋत्व्ये"[घ]—('तन्वाम्' प्राप्त होने पर सप्तमी के अर्थ में ऊकार हो गया)। "सोमो गौरी अधि श्रितः"[ङ]—('गौर्याम्' प्राप्त होने पर सप्तमी के अर्थ में ईकार हो गया)। "स्तीर्णं राये सुभरे वेद्यस्याम्"[च]—('वेद्याम्' प्राप्त होने पर सप्तमी के अर्थ में ईकार-'वेदी'[छ]—हो गया)। "सप्तमी के अर्थ में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "पीत्वी सोमस्य वावृधे।"[ज]

टि० (क) अग्ने। आ। याहि। वीतये॥ प० पा०
'अग्ने' द्विवचन में न होकर सम्बोधन के एकवचन में है, अतः इसके अन्त में आने वाला एकार 'प्रगृह्य' नहीं है। इसी कारण से यहाँ संधि हो गई है।

(ख) दृतिम्। न। शुष्कम। सरसी इति। शयानम्॥ प० पा०

(ग) सोमम्। इन्द्र। चमू इति। सुतम्॥ प० पा०

(घ) स्वायाम्। तनू इति। ऋत्व्ये॥ प० पा०

(ङ) सोमः। गौरी इति। अधि। श्रितः॥ प० पा०

(च) स्तीर्णम्। राये। सुऽभरम्। वेदी इति। अस्याम्॥ प० पा०

(छ) 'वेदी' का ईकार प्रस्तुत सूत्र से 'प्रगृह्य'-संज्ञक है। 'प्रगृह्य' होने पर संहिता-पाठ में २।५२ से ईकार का 'प्रकृतिभाव' होना चाहिये किन्तु २।७० के अनुसार निपातन से यहाँ संधि हो गई है। पद-पाठ में तो 'इति' परे होने पर २।५१ से यहाँ 'प्रकृतिभाव' हो जाता है

(ज) पीत्वी। सोमस्य। ववृधे॥ प० पा०
'पीत्वी' का ईकार सप्तमी के अर्थ में नही है, अतः इस ईकार की 'प्रगृह्य'-संज्ञा नहीं हुई।

---

[१] ऋ० ७।१०३।२ [२] ऋ० ८।७६।१० [३] ऋ० १०।१८३।२
[४] ऋ० ९।१२।३ [५] ऋ० २।३।४ [६] ऋ० ३।४०।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अस्मे युष्मे त्वे अमी च प्रगृह्याः ॥७३॥

सू० अ०—'अस्मे', 'युष्मे', 'त्वे' और 'अमी' (पद) भी 'प्रगृह्य' (होते हैं)।

उ० भा०—अस्मे युष्मे त्वे अमी—इत्येते च ईकारैकाराः; (प्रगृह्याः=) प्रगृह्यसंज्ञाः; भवन्ति। अस्मे—"अस्मे आ वहतं रयिम्।"[१] युष्मे—"न युष्मे वाजबन्धवः।"[२] त्वे—"त्वे इद्धूयते हविः।"[३] अमी—"अमी ये पञ्चोक्षणः।"[४] प्रगृह्यसंज्ञाधिकारे पुनः प्रगृह्यग्रहणमीकारस्य एकारस्य च सप्तम्यर्थनिवृत्त्यर्थम्॥

उ० भा० अ०—अस्मे, युष्मे, त्वे और अमी—ये (अर्थात इन पदों के अन्त में विद्यमान) भी ईकार और एकार; (प्रगृह्याः=) 'प्रगृह्य'-संज्ञक; होते हैं। अस्मे—"अस्मे आ वहतं रयिम्।"[क] युष्मे—"न युष्मे वाजबन्धवः।"[ख] त्वे—"त्वे इद्धूयते हविः।"[ग] अमी—"अमी ये पञ्चोक्षणः।"[घ] 'प्रगृह्य'-संज्ञा के अधिकार में पुनः 'प्रगृह्य' (पद) का जो ग्रहण किया है वह ईकार और एकार के सप्तम्यर्थ की निवृत्ति के लिये है।

उपोत्तमं नानुदात्तं न पद्यम् ॥७४॥

सू० अ०—(उपर्युक्त पदों में) अन्तिम से पूर्ववर्ती ('उपोत्तम'; 'त्वे') 'अनुदात्त' या 'पद्य' (होने पर) ('प्रगृह्य') नहीं (होता)।

उ० भा०—अस्मे युष्मे त्वे अमी-इत्येतेषां पदानाम्; (उपोत्तमम्=) यत् उत्तमस्य पदस्य समीपे पद तत्; अनुदात्तम् वा पद्यम् वा सत्प्रगृह्यसंज्ञ न भवति। "ओहब्रह्माणो वि चरन्त्यु त्वे।"[५] "त्वं तमग्ने अमृतत्व उत्तमे॥"[६]

उ० भा० अ०—'अस्मे', 'युष्मे', 'त्वे' और 'अमी'—इन पदों में; (उपोत्तमम्=) अन्तिम पद ('अमी') के समीप में स्थित जो पद ('त्वे') है; वह; अनुदात्तम्='अनुदात्त' होने पर; या; पद्यम्='पद्य' होने पर; 'प्रगृह्य'-संज्ञक; न=नहीं; होता है। (उदाहरण) "ओहब्रह्माणो वि चरन्त्यु त्वे"[ङ]; "त्वं तमग्ने अमृतत्व उत्तमे।"[च]

टि० (क) अस्मे इति। आ। वहतम्। रयिम्॥ प० पा०
(ख) न। युष्मे इति। वाजऽबन्धवः॥ प० पा०
(ग) त्वे इति। इत्। हूयते। हविः॥ प० पा०
(घ) अमी इति। ये। पञ्च। उक्षणः॥ प० पा०
(ङ) ओहऽब्रह्माणः। वि। चरन्ति। ऊँ इति। त्वे॥ प० पा०
(च) त्वम्। तम्। अग्ने। अमृतऽत्वे। उत्ऽतमे॥ प० पा०

प्रथम उदाहरण में 'अनुदात्त' तथा द्वितीय उदाहरण में 'पद्य' होने के कारण 'त्वे' 'प्रगृह्य' नहीं है। पूर्ववर्ती सूत्र (१।७३) से प्राप्त 'प्रगृह्य' का इस सूत्र में निषेध किया गया है।

---

[१] ऋ० ८।५।१५
[२] ऋ० ८।६८।१९
[३] ऋ०१।२६।६
[४] ऋ० १।१०५।१०
[५] ऋ० १०।७१।८
[६] ऋ० १।३१।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उकारश्चेतिकरणेन युक्तो
रक्तोऽपृक्तो द्राघितः शाकलेन ॥७५॥

सू० अ०—किसी 'व्यञ्जन' से न मिला हुआ ('अपृक्त') उकार भी, 'इति' शब्द से मिलने पर, 'अनुनासिक' ('रक्त'), 'दीर्घ' और 'प्रगृह्य' हो जाता है, शाकल के मत से।

उ० भा०—अपृक्तश्च उकारः प्रगृह्यसंज्ञो भवति। स च इतिकरणेन युक्तः; रक्तः=अनुनासिकः; (द्राघितः=) दीर्घः; च भवति; शाकलेन मतेन। "ऊँ इति।" अपृक्तः इति किम्? "स्विति सु।" इतिकरणेन युक्तः इति युक्तवचनमितिकरणात्परस्याप्युकारस्य दीर्घत्वं रक्तत्वं च करोति—"ऊँ इत्यूँ।" आर्ष्यां च संहितायामितिकरणायोगाद्रक्तत्वं दीर्घत्वं प्रगृह्यसंज्ञत्वं च न भवति—"अवेद्विन्द्र जल्गुलः॥"[१]

उ० भा० अ०—**अपृक्तः उकारश्च**=किसी 'व्यञ्जन' से न मिला हुआ उकार भी; 'प्रगृह्य'-संज्ञक होता है और **इतिकरणेन युक्तः**='इति' शब्द से मिलने पर; वह; **रक्तः**='अनुनासिक' और (**द्राघितः**=) 'दीर्घ'; हो जाता है; **शाकलेन**=शाकल के मत से (अर्थात् पद-पाठ में 'इति' शब्द के साथ युक्त होने पर 'उ' पद 'प्रगृह्य', 'दीर्घ' और 'अनुनासिक' हो जाता है)। (उदाहरण) "ऊँ इति।" "किसी 'व्यञ्जन' से न मिला हुआ ('अपृक्त')"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) स्विति सु।"[क] **इतिकरणेन युक्तः** (में प्रयुक्त) **युक्त**-शब्द 'इति' शब्द से परवर्ती उकार को भी 'दीर्घ' और 'अनुनासिक' ('रक्त') कर देता है (क्योंकि परवर्ती उकार भी तो 'इति' शब्द से मिला हुआ होता है)। (उदाहरण) "ऊँ इत्यूँ।" आर्षी-संहिता में 'इति' शब्द के साथ मेल (योग) न होने से (उकार का) अनुनासिकत्व (रक्तत्व), दीर्घत्व और प्रगृह्यसंज्ञत्व नहीं होता (अर्थात् उकार 'अनुनासिक', 'दीर्घ' और 'प्रगृह्य' नहीं होता)। (उदाहरण) "अवेद्विन्द्र जल्गुलः।"[ख]

(रेफिसंज्ञा)

ऊष्मा रेफी पञ्चमो नामिपूर्वः ॥७६॥

(रेफिसंज्ञा)

सू० अ०—'नामि' (-'स्वर') पूर्व में हो तो पञ्चम 'ऊष्म' (-वर्ण अर्थात् विसर्जनीय) 'रेफिन्' (अर्थात् 'रेफि'-संज्ञक, rhotacized) (होता है)।

टि० (क) एक वर्ण वाले पद को 'अपृक्त' कहते हैं जैसा कि वा० प्रा० १।१५१ में कहा गया है—"एकवर्णः पदमपृक्तम्।" यहाँ उकार सकार से मिला हुआ होने से 'अपृक्त' नहीं है. अतः यह 'अनुनासिक', 'दीर्घ' और 'प्रगृह्य' नहीं है।

(ख) अव। इत्। ऊँ इति। इन्द्र। जल्गुलः॥ प० पा०

पद-पाठ में 'इति' से सम्बद्ध होने के कारण उकार 'अनुनासिक', 'दीर्घ' और 'प्रगृह्य' है। संहिता-पाठ में 'इति' से सम्बद्ध न होने के कारण उकार 'अनुनासिक', 'दीर्घ और 'प्रगृह्य' नहीं है जिसके परिणाम-स्वरूप उकार की 'इन्द्र' के इकार के साथ 'क्षैप्र' संधि हो गई।

---

[१] ऋ० १।२८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—पञ्चम ऊष्मा=विसर्जनीयः; नामिपूर्वः सन्; (रेफी=) रेफिसंज्ञः; भवति। "अग्निरस्मि जन्मना"[१]; "पूर्वीरहं शरदः।"[२] रेफिसंज्ञायाः प्रयोजनम्—'सर्वोपधस्तु स्वरघोषवत्परो रेफं रेफी॥"[३]

उ० भा० अ०—**नामिपूर्वः**='नामि' (-'स्वर') पूर्व में; हो तो; **पञ्चम ऊष्मा**= पाँचवा 'ऊष्म' (-वर्ण)=विसर्जनीय; (**रेफी**=) 'रेफि'-संज्ञक[क] होता है (अर्थात् 'अ' और 'आ' से अन्य 'स्वर'-वर्ण के बाद में आने वाले विसर्जनीय को 'रेफिन्' कहते हैं)। (उद हरण) अग्निरस्मि जन्मना"[ख]; "पूर्वीरहं शरदः।"[ग] **रेफि**-संज्ञा का प्रयोजन—"अव्यवहित पूर्व

टि० (क) विसर्जनीय दो प्रकार का माना गया है—(१) 'रेफिन्' या 'रिफित' विसर्जनीय और (२) 'अरेफिन्' या 'अरिफित' विसर्जनीय। 'रिफित' विसर्जनीय का मूल रेफ होता है किंतु रेफ पद के अन्त में नहीं आ सकता (दे० १२।१). इसलिए वह विसर्जनीय में परिणत हो जाता है। 'अरिफित' विसर्जनीय का मूल रेफ न होकर सकार होता है किंतु रेफ की भाँति सकार भी पद के अन्त में नहीं आ सकता, वह भी विसर्जनीय में परिणत हो जाता है। 'स्वर'-वर्णों या 'सघोष'-व्यञ्जनों के पूर्व में आने पर 'रिफित' विसर्जनीय रेफ में परिणत हो जाता है किंतु 'अरिफित' विसर्जनीय कभी भी रेफ में परिणत नहीं होता है।

'अ' और 'आ' के अतिरिक्त अन्य (अर्थात् 'नामि'-) 'स्वर'-वर्णों से बाद में विद्यमान विसर्जनीय 'रिफित' होता है। किंतु कभी-कभी 'अ' और 'आ' के भी बाद में आने वाला विसर्जनीय 'रिफित' होता है। ऋ० प्रा० १।७८ से लेकर १।१०३ तक ऐसे ही शब्दों की सूची प्रस्तुत करता है जिनमें विसर्जनीय 'अ' या 'आ' के भी बाद में आने पर 'रिफित' होता है।

(ख) 'रिफित'-संज्ञक पदों के 'रिफित'-विसर्जनीय के आगे पद-पाठ में 'इति' शब्द का प्रयोग किया जाता है। यह 'इति' शब्द 'रिफित' विसर्जनीय के 'रिफित' स्वरूप को बतलाने के लिये प्रयुक्त होता है। किंतु यह 'इति' शब्द केवल वहीं प्रयुक्त होता है जहाँ संहिता-पाठ में 'रिफित'-विसर्जनीय विसर्जनीय के रूप में होता है। इसके विपरीत जहाँ संहिता-पाठ में 'रिफित'-संज्ञक पदों के अन्त में 'रिफित'-विसर्जनीय न होकर रेफ होता है वहाँ 'रिफित' विसर्जनीय का स्वरूप स्पष्ट होने से पद-पाठ में 'इति' शब्द नहीं लगाया जाता है। विसर्जनीय के स्वरूप को भलीभाँति समझाने के लिये १।७८ से लेकर १।१०३ तक के सभी सूत्रों के उदाहरणों का पद-पाठ यथास्थान प्रस्तुत किया जायेगा।

अग्निः। अस्मि। जन्मना॥ प० पा०

इकार ('नामि'-'स्वर') पूर्व में होने के कारण 'अग्निः' पद का विसर्जनीय 'रेफि'-संज्ञक है जो संहिता-पाठ में ४।२७ से रेफ हो गया है। संहिता पाठ में 'अग्निः' के रिफित-विसर्जनीय का रिफित-स्वरूप स्पष्ट है. अतः पद-पाठ में इसके साथ 'इति' शब्द नहीं लगा है। इसी प्रकार आगे के सभी उदाहरणों को समझना चाहिये।

(ग) पूर्वीः। अहम्। शरदः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ३।२६।७ [२] ऋ० १।१७९।१ [३] ४।२७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में कोई भी वर्ण हो और बाद में 'स्वर'-वर्ण या 'सघोष' (='व्यञ्जन') हो तो रेफि-विसर्जनीय (रेफी) रेफ (हो जाता है)।"

महोऽपोवर्जमितरो यथोक्तम् ॥७७॥

सू० अ०—'महः' और 'अपः' (इन दो पदों को छोड़ कर अन्यत्र) अन्य (='अ', 'आ' के बाद में आने वाला) विसर्जनीय ('रिफित'-संज्ञक होता है), जैसा (आगे वाले सूत्रों में) बतलाया गया है (अर्थात् 'महः' और 'अपः' पदों में अकार के बाद में आते हुये भी विसर्जनीय 'रिफित'-संज्ञक नहीं होगा)।

उ० भा०—महः अपः इत्येते पदे; (वर्जम्=) वर्जयित्वा; उक्तादन्यः=इतरः=अनामिपूर्वो यः; पञ्चम ऊष्मा=विसर्जनीयः; सः; यथोक्तम्=यथा वक्ष्यमाणं तथा; रेफिसंज्ञो भविष्यतीत्येतदधिकृतं वेदितव्यम्। "अवर्महइन्द्र"[१]; "अपस्कः"[२]—इत्येते वर्जयित्वा।

उ० भा० अ०—**महः अपः**—इन दो पदों को; (**वर्जम्**=) छोड़कर; **इतरः**=(१।७६ में) कहे गए ('नामि'-'स्वर'-वर्ण से बाद में आने वाले विसर्जनीय) से अन्य='अनामि' (-'स्वर'-वर्ण='अ', 'आ') के बाद में आने वाला जो; पञ्चम 'ऊष्म' (-वर्ण)=विसर्जनीय है वह; **यथोक्तम्**=जैसा (आगे वाले सूत्रों में) कहा गया है वैसे; 'रेफि'-संज्ञक होता है—यह अधिकार जानना चाहिए। "अवर्महइन्द्र"; "अपस्कः"—इन दो (स्थलों) को छोड़कर।[क]

ननु कस्मादनयोः पदयोः पुरस्तादपवादः क्रियते। एते हि पदे वक्ष्यमाणानां पदानां विशेषणाभिप्रायेण पठ्येते। नैतत्। यथाभूतं चेतरेषां विशेष्यभूतानां पदानां रूपं तथाभूतमनयोरपि पदयोः। तेषामप्यनामिपूर्वो विसर्जनीयो यथा, तथानयोरपि पदयोः। अतस्तुल्यरूपत्वात्कस्यचिन्मन्दबुद्धेः संदेहो मा भूदिति पुरस्तादपवादः क्रियते।

(प्रश्न) इन दो पदों ('अपः' और 'महः') का पहले अपवाद किस कारण से किया गया है? क्योंकि आगे उल्लिखित पदों में इन दो पदों को विशेषण के अभिप्राय से

टि० (क) यह सूत्र यह अधिकार करता है कि 'अ' या 'आ' के बाद में आने वाला विसर्जनीय अधोलिखित (१।७८ से १।१०३ सूत्रों में उल्लिखित) स्थलों पर 'रेफि'-संज्ञक होता है। यह सूत्र साथ ही साथ १।९० और १।९६ में उल्लिखित 'अपः' और 'महः' के विसर्जनीय के 'रेफि'-संज्ञक होने का निषेध करता है। तात्पर्य यह है कि 'अपः' और 'महः' के विसर्जनीय को छोड़कर अधोलिखित सूत्रों में उल्लिखित अन्य वे सभी विसर्जनीय 'रेफि'-संज्ञक हैं जो 'अ' या 'आ' के बाद में विद्यमान हैं। 'अपः' और 'महः' के विसर्जनीय तो 'अ' के बाद में आने पर भी 'रिफित'-संज्ञक नहीं हैं।

---

[१] ऋ० १।१३३।६ [२] ऋ० ७।२१।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उल्लिखित किया गया है।[क] (उत्तर) यह (बात) नहीं है। जैसा अन्य विशेष्य पदों का रूप है वैसा (रूप) इन दो पदों का भी है—जिस प्रकार उन (अन्य पदों) का विसर्जनीय 'अनामि' ('-स्वर'-वर्ण='अ' या 'आ') के बाद में विद्यमान है, उसी प्रकार इन दो पदों ('अपः' और 'महः') का भी (विसर्जनीय 'अनामि'-'स्वर'-वर्ण='अ' के बाद में विद्यमान है)। इसलिए (अन्य विशेष्य पदों और इन दो पदों—'अपः' और 'महः'—का) तुल्य रूप होने से किसी मन्दबुद्धि को संदेह न हो जाये इसलिए पहले अपवाद कर दिया गया है।[ख]

यद्येवमर्थं पुरस्तादपवादः क्रियते, एवं तर्हि न कर्तव्योऽपवादः। तत्रैव वयं तथा व्याख्यास्यामो यथा विशेषणार्थतानयोः पदयोर्भविष्यति। तद्यथा—"अपस्कः"[१] इत्यत्र तावदप इत्येतस्य पदस्य करित्येतस्मिन्पदे परभूत उपाचरितं वक्ष्यति—"करं कृतं कृधि करत्करित्यपि परेषु"[२]—अतोऽप इत्येतस्य विशेषणार्थतावगम्यते। आचार्यश्च—"अपस्कः"[३] इत्यत्र सकारं विसर्जनीयस्य दर्शयिष्यति। अतोऽस्मिन्पदे विशेषणार्थता स्थिता। तथा—"अवर्महः"[४] इत्यत्र—"वरवरावरिति चैकपादे व्यपपूर्वाणि"[५] इत्यनेनावरित्येतस्य पदस्य रेफिसंज्ञा न प्राप्नोति। अतो मह इत्येतत्पदं विशेषणार्थं पठितमिति गम्यते। संधौ च रेफदर्शनात्—"अवर्महः"[६] इति।

यदि इसलिए (अर्थात् इन दो पदों—'अपः' और 'महः' के विशेषणत्व को बतलाने के लिए) पहले अपवाद किया गया है तब तो अपवाद नहीं करना चाहिए था। वहीं हम ऐसा व्याख्यान करेंगे जिससे इन पदों का (अन्य पदों=क्रमशः 'कः' और 'अवः' के)

टि० (क) पूर्वपक्षी का यह कहना है कि सर्वदा सामान्य-सूत्र के द्वारा विधान करके तदनन्तर उसका अपवाद किया जाता है। ऐसी वस्तु-स्थिति होने पर यहाँ सामान्य-सूत्रों के पहले ही अपवाद क्यों कर दिया गया है? दूसरी बात यह है कि 'अपः' और 'महः' पद क्रमशः 'कः' और 'अवः' के विशेषण के रूप में १।९० और १।९६—इन सूत्रों—में उल्लिखित किये गए हैं। विशेष्य पदों के 'रिफित'-संज्ञक होने का ही विधान सूत्रों म किया गया है। विशेषण होने के नाते 'अपः' और 'महः' पदों के विसर्जनीय के 'रिफित'-संज्ञक होने का प्रश्न ही नहीं उठता। तब इन पदों का अपवाद करने की आवश्यकता ही नहीं थी।

(ख) भाष्यकार का कहना है कि इन पदों ('अपः' और 'महः') का अपवाद करने का यह कारण है कि आगे वाले सूत्रों में उल्लिखित विशेष्य पदों और इन दो विशेषण पदों का रूप समान है। समान रूप होने के कारण किसी मन्दबुद्धि को कदाचित् इनके विशेषण होने का ज्ञान ही न होता और वह विशेष्य पदों के विसर्जनीय के समान इन विशेषण पदों ('अपः' और 'महः') के विसर्जनीय को भी 'रेफि'-संज्ञक समझ बैठता। इस प्रकार के संदेह की निवृत्ति के लिये यहाँ पहले ही इन पदों का अपवाद कर दिया गया है।

---

१ १।९०　२ ४।४३　३ १।९०
४ १।९६　५ १।९९　६ १।९६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशेषण के रूप में होना (सिद्ध) हो जायेगा। जैसे—"अपस्कः" यहाँ (विद्यमान) 'अपः' इस पद का 'सकारभाव' ('उपाचरित'), 'कः' यह पद परे रहते, (सूत्रकार) बतलायेंगे—"'करम्', 'कृतम्', 'कृधि', 'करत्' (और) 'कः'-(ये पद) परे रहते भी (अकार के बाद में आने वाला विसर्जनीय सकार हो जाता है)"—इस (सूत्र) से 'अपः' इस (पद) की विशेषणार्थता ज्ञात होती है। आचार्य (सूत्रकार) भी "अपस्कः"—में विसर्जनीय के स्थान पर सकार दिखलायेंगे। इससे इस पद ('अपः') में विशेषणार्थता निश्चित (स्थित) हो गई।[क] उसी प्रकार "अवर्महः" में (विद्यमान) 'अवः' इस पद की 'रेफि'-संज्ञा—"एक पाद में 'वि' या 'अप' पूर्व में हो तो 'वः', 'अवः' और 'आवः' ('रेफि'-संज्ञक होते हैं)"—इस (सूत्र) से प्राप्त नहीं होती है। इसलिए 'महः' यह पद ('अवः' के) विशेषण के रूप में (सूत्र में) पठित है—यह ज्ञात होता है। "अवर्महः" (यहाँ) संधि होने पर जो रेफ दिखलाई पड़ता है (उससे 'महः' की विशेषणार्थता निश्चित हो जाती है)।[ख]

न चायमर्थ आशङ्कनीयो यथा निपातनान्युभयार्थान्यपि भवन्तीति; तद्यथा—"अनुसेषिधत्"[१]—इत्यत्र पद्यादेः सकारस्य षत्वनिषेधः परस्य च षत्वं युगपन्निपात्यते; एवमिहापि—"अवर्महः" इति युगपत्पदयोरुभयोः रेफिसंज्ञा मा भूदित्यतो मह इत्येतस्य पदस्य पुरस्तादपवादः क्रियत इति। यतो निपातनं नामाचार्योच्चारणमुच्यते; यथा—"अनुसेषिधत्"[२]; "इतो षिञ्चत"[३] इति बह्वप्यप्राप्तमाचार्योच्चारणात्साधु भवति। नह्यत्राचार्यो रेफं दर्शयति द्वयोरपि पदयोः—"अवर्महः"[४] इति। अतो निपातनाशङ्का न कर्तव्येति। एवं तर्हि किमर्थमाचार्यः पुरस्तादपवादं करोति ?

टि० (क) पूर्वपक्षी का कहना है कि 'अपः' और 'महः' के विशेषण रूप को दिखलाने के लिए इन दोनों का अपवाद करना अनावश्यक है। इन दोनों पदों का विशेषण होना तो ऐसे निश्चित हो जाता है—४।४३ में यह विधान किया गया है कि 'कः' परे रहते 'अपः' का विसर्जनीय सकार हो जाता है और सूत्रकार ने १।९० ('अपस्कः') में विसर्जनीय के स्थान पर सकार को दिखलाया है जिससे सिद्ध हो गया कि 'अपः' के विसर्जनीय के 'रेफि'-संज्ञक होने का प्रश्न ही नहीं उठता। यह तो १।९०("अपस्कः") में 'कः' के विशेषण के रूप में उल्लिखित है जिसका अर्थ यह है कि 'अपः' पूर्व में रहते 'कः' 'रेफि'-संज्ञक होता है।

(ख) "अवर्महः" में 'महः' 'अवः' के विशेषण के रूप में उल्लिखित है। "अवर्महः" में विद्यमान 'अवः' के विसर्जनीय की १।९९ से 'रेफि'-संज्ञा नहीं होती क्योंकि 'अवः' के पूर्व में न 'वि' है और न 'अप' है। "अवर्महः" में जो रेफ दिखलाई पड़ रहा है उससे यह स्पष्ट है कि 'अवः' का विसर्जनीय रेफि'-संज्ञक है जो ४।२७ के अनुसार संहिता-पाठ में रेफ में परिणत हो गया है। 'अवः' का जो विसर्जनीय यहाँ ("अवर्महः" में) 'रेफि'-संज्ञक है वह 'महः' के कारण ही है जिससे यह स्पष्ट हो गया कि 'महः' सूत्र में 'अवः' के विशेषण के रूप में प्रयुक्त है जिससे सूत्र का यह अर्थ है—'महः' परे रहते 'अवः' 'रेफि'-संज्ञक होता है।

---

१ ५।३० २ ५।३० ३ ५।१७ ४ १।९६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस बात की आशङ्का नहीं करनी चाहिए कि जिस प्रकार निपातन दो कार्यों के लिए भी होते हैं जैसे—"अनुसेषिधत्" में 'पद्य' ('सेसिधत्') के प्रथम सकार के 'षत्व' का निषेध और परवर्ती (सकार का) 'षत्व'—ये दोनों–एक साथ ही निपातन से होते हैं, उसी प्रकार यहाँ भी (निपातन से) "अवर्महः" में दोनों पदों ('अवः' और 'महः') की 'रेफि'-संज्ञा न हो जावे—इसलिए 'महः' इस पद का पहले अपवाद कर दिया गया है। क्योंकि आचार्य के उच्चारण को निपातन कहा जाता है; जैसे—"अनुसेषिधत्" और "इतो षिञ्चत" में (साधारण नियम से) अप्राप्त बहुत-सा कार्य आचार्य के उच्चारण से साधु होता है। किंतु यहाँ "अवर्महः" में तो आचार्य (सूत्रकार) दोनों पदों में रेफ नहीं दिखलाते हैं (अर्थात् यदि यह निपातन का स्थल होता तो आचार्य इसका उल्लेख अवश्य करते)। इसलिए निपातन की आशङ्का नहीं करनी चाहिए। ऐसी वस्तुस्थिति में (बतलाइये) कि आचार्य ने पहले अपवाद क्यों किया है ?

अत्र ब्रूमः—यदेवमनेन प्रकारेण दु प्रतिपाद्यत्वमस्यार्थस्य अयं तावत्प्रधानभूतो दोषः। अन्यच्च ग्रन्थगौरवभयाद्दुष्टशिष्येणैतन्नोदितम्—"महोऽपोवर्जम्" इत्यनयोः पदयोः पुरस्ताद-पवादो न कर्तव्य इति। तच्च ग्रन्थगौरवमनेन प्रकारेण प्रतिपादयतः सुतरामपरिहृतमेवास्ते। अतोऽयं लाघविक आचार्यः पुरस्तादपवादं चक्रे—'महोऽपोवर्जम्'—इति ॥

(सिद्धान्ती) यहाँ (अर्थात् इस विषय में) बतलाते हैं—इस प्रकार से इस विषय का प्रतिपादन अत्यन्त दुरूह है—यह (आपके मत में) सबसे बड़ा दोष है। दूसरी बात यह भी है कि दुष्ट शिष्य ने ग्रन्थ के गौरव से बचने के लिए यह कहा है कि—"महोऽपोवर्जम्" के द्वारा इन दो पदों ('महः' और 'अपः') का पहले अपवाद नहीं करना चाहिए। वह ग्रन्थ का गौरव तो इस प्रकार प्रतिपादन करने वाले (आप के मत में भी) सुतराम् अपरिहृत रहता है (अर्थात् आपके मत को मानने पर भी ग्रन्थ में कोई लाघव नहीं आता। इससे तो बल्कि ग्रन्थ का गौरव और अधिक हो जाता है)। इसलिए संक्षेप में कहने वाले इस आचार्य (शौनक) ने पहले अपवाद कर दिया है—"'महः' और 'अपः' को छोड़कर।" (ऐसा करने से किसी प्रकार की दुरूहता नहीं रही और विषय पूर्णतया स्पष्ट हो गया)।

अन्तोदात्तमन्तः ॥७८॥

स० अ०—'अन्तोदात्त' 'अन्तः' (पद) ('रेफि'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—अन्तः इत्येतत्पदम् अन्तोदात्तम् सद्रेफिसंज्ञं भवति। "अन्तरिच्छन्ति तं जनं।"[१] अन्तोदात्तम् इति किम् ? इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्याः ॥"[२]

उ० भा० अ०—**अन्तः** यह पद; **अन्तोदात्तम्**='अन्तोदात्त'; होने पर 'रेफि'-संज्ञक होता है।[क] (उदाहरण) "अन्तरिच्छन्ति तं जनं।"[ख] "'अन्तोदात्त'

टि० (क) जब किसी पद को 'रेफि'-संज्ञक कहा जाता है तो उससे यह समझना चाहिये कि उसका विसर्जनीय 'रेफि'-संज्ञक है। 'रेफि'-संज्ञक होने से वह यथास्थान रेफ में परिणत हो जाता है।

(ख) अन्तः। इच्छन्ति। तम् जनं॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ८।७२।३ [२] ऋ० १।१६४।३५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्याः।"[क]

अक्षार्विपर्यये ॥७९॥

सू० अ०—('स्वर' का) विपर्यय होने पर 'अक्षाः' (पद) ('रेफि'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—अक्षाः इत्येतत्पदमधस्तनस्य पदस्य; (विपर्यये=)स्वरविपर्यये सति; रेफिसंज्ञं भवति। अन्तोदात्तं चाधस्तनपदं तत्स्वरविपर्ययेऽनुदातं वाद्युदातं वा भवति। अनुदात्तम्—"अनूपे गोमान्गोभिरक्षाः।"[१] आद्युदात्तम्—"यदक्षारति देवयुः।"[२] विपर्यये इति किम्? "न्युप्ता अक्षा अनु दीव आसन्॥"[३]

उ० भा० अ०—**अक्षाः** यह पद, उपर्युक्त पद ('अन्तः') के; **(विपर्यये=)** 'स्वर' का विपर्यय होने पर; 'रेफि'-संज्ञक होता है। और उपर्युक्त पद ('अन्तः') 'अन्तोदात्त' है; उसके 'स्वर' का विपर्यय होने पर ('अक्षाः' पद) 'अनुदात्त' या 'आद्युदात्त' होता है। (तात्पर्य यह है कि 'सर्वानुदात्त' या 'आद्युदात्त' होने पर 'अक्षाः' पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)। **अनुदात्त** (का उदाहरण)—"अनूपे गोमान्गोभिरक्षाः।"[ख] **आद्युदात्त** (का उदाहरण) "यदक्षारति देवयुः।"[ग] "('स्वर' का) विपर्यय होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "न्युप्ता अक्षा अनु दीव आसन्।"[घ]

स्पर्शे चोषः प्रत्यये पूर्वपद्यः ॥८०॥

सू० अ०—'स्पर्श' (–'व्यञ्जन') परे हो तो पूर्व-'पद्य' 'उषः' भी ('रेफि'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—उषः इत्ययं पूर्वपद्यः सन् स्पर्शे प्रत्यये रेफिसंज्ञो भवति। "उषर्बुध आ वह"[४]; "उषर्भुद्भदतिथिः।"[५] स्पर्शे इति किम्? "उषउषो हि वसो।"[६] पूर्वपद्यः इति किम्? "उषो मघोनि॥"[७]

टि० (क) इयम्। वेदिः। परः। अन्तः। पृथिव्याः॥

यहाँ पर 'अन्तः' पद 'अन्तोदात्त' नहीं अपितु 'आद्युदात्त' है, इसलिये यह 'रेफि'-संज्ञक नहीं है।

(ख) अनूपे। गोऽमान्। गोभिः। अक्षारिति॥ प० पा०

'अनुदात्त' ('सर्वानुदात्त') होने के कारण 'अक्षाः' पद 'रेफि'-संज्ञक है। पद-पाठ में 'इति' लगाकर 'अक्षाः' के 'रिफित'-विसर्जनीय के 'रिफित'-स्वरूप को स्पष्ट किया गया है।

(ग) यत्। अक्षाः। अति। देवऽयुः॥ प० पा०

(घ) निऽउप्ताः। अक्षाः। अनु। दीवे। आसन्॥ प० पा०

'अन्तोदात्त' होने के कारण 'अक्षाः' पद 'रिफित'–संज्ञक नहीं है।

---

[१] ऋ० ९।१०७।९ [२] ऋ० ९।४३।५ [३] ऋ० १०।२७।१७
[४] ऋ० १।४४।९ [५] ऋ० ६।४।२ [६] ऋ० १०।८।४ [७] ऋ० ४।५५।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**स्पर्शे प्रत्यये**='स्पर्श' (-व्यञ्जन') परे हो तो; **उषः** यह (शब्द) **पूर्वपद्यः**=पूर्व-'पद्य' होने पर; 'रेफि'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "उषर्बुध आ वह"क "उषर्भुद्भूदतिथिः।"ख " 'स्पर्श' परे हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उषउषो हि वसो।"ग "पूर्व-'पद्य' होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उषो मघोनि।"घ

प्रातः ॥८१॥

सू० अ०—'प्रातः' (पद 'रेफि'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—**प्रातः इत्येतत्पदं रिफितसंज्ञं भवति। "प्रातरग्नि प्रातरिन्द्रं हवामहे॥"**१

उ० भा० अ०—**प्रातः** यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "प्रातरग्नि प्रातरिन्द्रं हवामहे।"ङ

देवं भाः ॥८२॥

सू० अ०—'भाः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है यदि उसके पूर्व में) 'देवम्' (पद हो)।

उ० भा०—**भाः इत्येतत्पदं रिफितसंज्ञं भवति देवम् इत्येतत्पदं पूर्वं चेत्। "देवं भाः परावतः।"**२ **देवम् इति किम्? "बृहद्भा बिभ्रतो हविः॥"**३

उ० भा० अ०—**भाः** यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है, यदि **देवम्** यह पद (उस 'भाः' पद के) पूर्व में हो। (उदाहरण) "देवं भाः परावतः।"च "देवम्"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "बृहद्भा बिभ्रतो हविः।"छ

वधराद्युदात्तम् ॥८३॥

सू० अ०—'आद्युदात्त' 'वधः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)

टि० (क) उषःऽबुधः। आ। वह॥ प० पा०

(ख) उषःऽभुत्। भूत्। अतिथिः॥ प० पा०

उपर्युक्त दोनों उदाहरणों में 'उषः' शब्द पूर्व-'पद्य' है, अतः यह 'रेफि'-संज्ञक है।

(ग) उषःऽउषः। हि। वसो इति॥ प० पा०

यहाँ पूर्व-'पद्य' 'उषः' के परे 'स्पर्श'-वर्ण नहीं ह अपितु 'स्वर'-वर्ण है जिससे इस 'उषः' की 'रेफि'-संज्ञा नहीं है।

(घ) उषः। मघोनि॥ प० पा०

यहाँ 'उषः' पद पूर्व-'पद्य' नहीं है, अतः यह 'रेफि'-संज्ञक नहीं है।

(ङ) प्रातः। अग्निम्। प्रातः। इन्द्रम्। हवामहे॥ प० पा०

(च) देवम्। भारिति भाः। पराऽवतः॥ प० पा०

(छ) बृहत्। भाः। बिभ्रतः। हविः॥ प० पा०

यहाँ 'भाः' के पूर्व में 'देवम्' पद न होने से 'भाः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

---

१ ऋ० ७।४१।१ २ ऋ० १।१२८।२ ३ ऋ० १।४५।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**वधः** इत्येतत्पदम् **आद्युदात्ताम्** चेद्रिफितसंज्ञं भवति। "वधंजघान॒ तविषीभिरिन्द्रः।"[१] **आद्युदात्ताम्** इति किम्? "आ॒रे गो॒हा नृ॒हा व॒धो वो॑ अस्तु॥"[२]

उ० भा० अ०—यदि **वधः** यह पद **आद्युदात्ताम्**='आद्युदात्त'; हो तो, 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) 'वधंर्जघान॒ तविषीभि॒रिन्द्रः।"[क] "'आद्युदात्त' होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ॒रे गो॒हा नृ॒हा व॒धो वो॑ अस्तु।"[ख]

करनुदात्तम् ॥८४॥

सू० अ०—'अनुदात्त' 'कः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—**कः** इत्येतत्पदं रिफितसंज्ञं भवति **अनुदात्तम्** चेत्। "नि काव्या॑ वे॒धसः॑ शश्वतस्कः।"[३] **अनुदात्तम्** इति किम्? "को अ॒द्य नर्यो॑ दे॒वका॑मः॥"[४]

उ० भा० अ०—यदि **कः** यह पद **अनुदात्तम्**='अनुदात्त'; होवे तो वह 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "नि क़ाव्या॑ वे॒धसः॑ शश्वंतस्कः।"[ग] "अनुदात्त"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "को अ॒द्य नर्यो॑ दे॒वका॑मः।"[घ]

अबिभः ॥८५॥

सू० अ०—'अबिभः' (पद 'रफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—**अबिभः** इत्येतत्पदं रिफित-संज्ञं भवति। "पितेव पुत्रमबिभरुपस्थे॥"[५]

उ० भा० अ०—**अबिभः** यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "पितेव पुत्रमबिभरुपस्थे।"[ङ]

तदादः ॥८६॥

सू० अ०—'तत्' पूर्व में हो तो 'आदः' ('रिफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—**आदः** इत्येतत्पदं तद् इत्येतत्पूर्वं चेद्रिफितसंज्ञं भवति। "दिवस्परि

टि० (क) वधंः। ज॒घान॒। तवि॑षीभिः। इन्द्रः॥ प० पा०
'वधः' पद 'आद्युदात्त' होने के कारण 'रिफित'-संज्ञक है।
(ख) आ॒रे। गो॒ऽहा। नृ॒ऽहा। व॒धः। वः। अ॒स्तु॥ प० पा०
'वधः' पद 'अन्नोदात्त' होने के कारण 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।
(ग) नि। काव्या॑। वे॒धसः॑। शश्वंतः। कः॥ प० पा०
'कः' पद 'अनुदात्त' होने के कारण 'रिफित'-संज्ञक है।
(घ) कः। अ॒द्य। नर्यो॑। देवऽका॑मः॥ प० पा०
'कः' पद 'उदात्त' होने के कारण 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।
(ङ) पिताऽइव। पुत्रम्। अबिभः। उपऽस्थे॥ प० पा०

---

१ ऋ० ५।३२।३ २ ऋ० ७।५६।१७ ३ ऋ० १।७२।१
४ ऋ० ४।२५।१ ५ ऋ० १०।६९।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुग्रथितं तदादः ।"[१] तद् इति किम् ? "अष्टा महो दिव आदो हरी इह ।"[२] आदः इति किम् ? "अदो यद्दारु प्लवते ॥"[३]

उ० भा० अ०—तद् यह (पद) पूर्व में हो तो आदः यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "दिवस्परि सुग्रथितं तदादः ।"क "तद्"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अष्टा महो दिव आदो हरी इह ।"ख "आदः"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अदो यद्दारु प्लवते ।"ग

स्तः प्रागाथम् ॥८७॥

सू० अ०—प्रगाथ (-सूक्तों) में ('स्तः') ('रिफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—स्तः इत्येतत्पदं प्रागाथम् चेद्रिफितसंज्ञं भवति। "मा न स्तरभिमातये ।"[४] प्रागाथम् इति किम् ? "नास्य ते महिमानं परि ष्टः ॥"[५]

उ० भा० अ०—यदि; प्रागाथम्=प्रगाथ (सूक्तों) में आवे तो; स्तः यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "मा न स्तरभिमातये ।"घ "प्रगाथ (सूक्तों) में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) 'नास्य ते महिमानं परि ष्टः ।"ङ

एतशे कः ॥८८॥

सू० अ०—'एतशे' (पद पूर्व में हो तो) 'कः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—कः इत्येतत्पदम् एतशेपूर्वं चेद् रिफितसंज्ञं भवति। "पूरः सतीरुपरा एतंशे कः ।"[६] एतशे इति किम् ? "को अद्य नर्यः ।"[७] करनुदात्तमुक्तमुदात्तार्य आरम्भः ॥

उ० भा० अ०—यदि एतशे पूर्व में होवे तो कः यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "पूरः सतीरुपरा एतंशे कः ।"च "एतशे"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ?

टि० (क) दिवः । परि । सुऽग्रथितम् । तत् । आ । अदरित्यदः ॥ प० पा०
(ख) अष्टा । महः । दिवः । आदः । हरी इति । इह ॥ प० पा०
'तद्' पूर्व में न होने के कारण 'आदः' की 'रिफित'-संज्ञा नहीं हुई।
(ग) अदः । यत् । दारु । प्लवते ॥ प० पा०
(घ) मा । नः । स्तः । अभिऽमातये ॥ प० पा०
प्रगाथ-सूक्त में आने के कारण 'स्तः' 'रिफित'-संज्ञक है।
(ङ) न । अस्य । ते इति । महिमानम् । परि । स्त इति स्तः ॥ प० पा०
प्रगाथ-सूक्त में न आने के कारण 'स्तः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।
(च) पूरः । सतीः । उपराः । एतंशे । करिति कः ॥ प० पा०
'एतशे' पूर्व में होने के कारण 'कः' 'रिफित'-संज्ञक है।

---

१ ऋ० १।१२१।१० २ ऋ० १।१२१।८ ३ ऋ० १०।१५५।३
४ ऋ० ८।३।२ ५ ऋ० १।६१।८ ६ ऋ० ५।२९।५
७ ऋ० ४।२५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(उत्तर) "को अ॒द्य नर्यः ।"क 'अनुदात्त' 'कः' के विषय में कह चुके हैं[१]; 'उदात्त' ('कः') के लिये (सूत्र) बनाया है ।

दिवे कः ॥८९॥

० अ०—'दिवे' (पद पूर्व में हो तो) 'कः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है) ।

उ० भा०—कः इत्येतत्पदं रिफितसंज्ञं भवति दिवेपूर्वं चेत् । "म॒हे यत्पि॒त्र ईं॑ रसं॑ दि॒वे कः ।"[२] दिवे इति किम् ? "को अ॒द्य नर्यः ।"[३] उदात्तार्थ आरम्भः ॥

उ० भा० अ०—यदि **दिवे** पूर्व में हो तो **कः** यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है । (उदाहरण) "म॒हे यत्पि॒त्र ईं॑ रसं॑ दि॒वे कः ।"ख "दिवे"-यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "को अ॒द्य नर्यः ।"ग 'उदात्त' ('कः') के लिये सूत्र बनाया है ।

अपस्कः ॥९०॥

सू० अ०—'अपः' (पद पूर्व में हो तो) 'कः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है) ।

उ० भा०—कः इत्येतत्पदं रिफितसंज्ञं भवति अपः इत्येतत्पदं पूर्वं चेत् । "इन्द्रा॑य॒ यो नः॑ प्र॒दिवो॒ अप॒स्कः ।"[४] अपः इति किम् ? "को व॑स्त्रा॒ता व॑सवः ।"[५] उदात्तार्थ आरम्भः ॥

उ० भा० अ०—यदि **अपः** पद पूर्व में हो तो 'कः' यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है (उदाहरण) "इन्द्रा॑य॒ यो नः॑ प्र॒दिवो॒ अप॒स्कः ।"घ "अपः"-यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "को व॑स्त्रा॒ता व॑सवः ।"ङ 'उदात्त' ('कः') के लिये (सूत्र) बनाया है ।

अत्साः ॥९१॥

सू० अ०—'अत्साः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है ।

उ० भा०—अत्साः इत्येतत्पदं रिफितसंज्ञं भवति । "लोपाशः सिंहं प्रत्यञ्चमत्साः ॥"[६]

टि० (क) कः । अ॒द्य । नर्यः ॥ प० पा०
'एतशे' पूर्व में न होने के कारण 'कः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है ।
(ख) म॒हे । यत् । पि॒त्रे । ईम् । रसं॑म् । दि॒वे । कः ॥ प० पा०
'दिवे' पूर्व में होने के कारण 'कः' 'रिफित'-संज्ञक है ।
(ग) कः । अ॒द्य । नर्यः ॥ प० पा०
'दिवे' पूर्व में न होने के कारण 'कः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है ।
(घ) इन्द्रा॑य । यः । नः॑ । प्र॒दिव॑ः । अप॑ः । करि॑ति॒ कः ॥ प० पा०
'अपः' पूर्व में होने के कारण 'कः' 'रिफित'-संज्ञक है ।
(ङ) कः । वः । त्राता । वसवः ॥ प० पा०
'अपः' पूर्व में न होने के कारण 'कः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है ।

---

१ दे० १।८४ २ ऋ० १।७१।५ ३ ऋ० ४।२५।१
४ ऋ० ६।२३।५ ५ ऋ० ४।५५।१ ६ ऋ० १०।२८।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**अत्सा:** यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "लोपाश: सिंहं प्रत्यञ्चमत्सा:।"क

अविपूर्वमस्तः ॥९२॥

सू० अ०—'वि' पूर्व में न हो तो 'अस्तः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—अस्तः इत्येतत्पदं रिफितसंज्ञं भवति; (अविपूर्वम्=) विपूर्वं चेन्न भवति। "वज्रेण हि वृत्रहा वृत्रमस्तः।"१ अविपूर्वम् इति किम्? "पुरुत्रा वृत्रो अशयद्व्यस्तः॥"२

उ० भा० अ०—(**अविपूर्वम्**=) यदि 'वि' पूर्व में न हो तो; **अस्तः** यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "वज्रेण हि वृत्रहा वृत्रमस्तः।"ख "'वि' पूर्व में न होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "पुरुत्रा वृत्रो अशयद्व्यस्तः।"ग

स्वः स्वरितम् ॥९३॥

सू० अ०—'स्वरित' (होने पर) 'स्वः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—स्वः इत्येतत्पदं रिफित-संज्ञं भवति स्वरितम् चेत्। "स्व१र्यद्वेदिं सुदृशीकमर्कैः।"३ स्वरितम् इति किम? "यो नः स्वो अरणः॥"४

उ० भा० अ०—यदि; **स्वरितम्**='स्वरित'; हो तो **स्वः** यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "स्व१र्यद्वेदिं सुदृशीकमर्कैः।"घ "स्वरित"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यो नः स्वो अरणः।"ङ

न समासाङ्गमुत्तरम् ॥९४॥

सू० अ०—समास का उत्तर-पद (अङ्ग) (होने पर) ('स्वः' पद 'रिफित'-संज्ञक) नहीं (होता है)।

उ० भा—स्वः इत्येतत्पदम्; (समासाङ्गमुत्तरम्=) समासस्योत्तराङ्गं सत्; रिफित-

टि० (क) लोपाशः। सिंहम्। प्रत्यञ्चम्। अत्सारिति॥ प० पा०

(ख) वज्रेण हि वृत्रहा वृत्रमस्तरदेवस्य॥ सं०पा०
वज्रेण। हि। वृत्रऽहा। वृत्रम्। अस्तः॥ प० पा०
'वि' पूर्व में न होने के कारण 'अस्तः' 'रिफित'-संज्ञक है।

(ग) पुरुऽत्रा। वृत्रः। अशयत्। विऽअस्तः॥ प० पा०
'वि' पूर्व में होने के कारण 'अस्तः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

(घ) स्वः। यत्। वेदिं। सुऽदृशीकम्। अर्कैः॥ प० पा०
'स्वरित' होने के कारण 'स्वः' पद 'रिफित'-संज्ञक है।

(ङ) यः। नः। स्वः। अरणः॥ प० पा०
'स्वरित' न होने के कारण 'स्वः' पद 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

---

१ ऋ० १०।१११।६ २ ऋ० १।३२।७ ३ ऋ० ४।१६।४ ४ ऋ०६।७५।१९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संज्ञं न भवति। "यः पुष्पिणीश्च प्रस्वश्च धर्मणा।"[१] उत्तराङ्गम् इति किम्? "मादयस्व स्वर्णरे॥"[२]

उ० भा० अ०—(**समासाङ्गमुत्तरम्**=) समास का उत्तर-पद (अङ्ग) होने पर; 'स्वः' यह पद 'रिफित'-संज्ञक; **न**=नहीं; होता है। (उदाहरण) "यः पुष्पिणीश्च प्रस्वश्च धर्मणा।"क "उत्तर-पद (होने पर)" यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "मादयस्व स्वर्णरे।"ख

स्वरादेशोऽपूर्वपदेषु ॥९५॥

सू० अ०—(७८,७९,८३,८४ और ९३ वे सूत्रों में किया गया) 'स्वर' का विधान (निर्दिष्ट पदों के) पूर्व-पद न होने पर (ही लागू होता है)।

उ० भा०—योऽयं स्वरादेशः—"अन्तोदात्तमन्तः";[३] "वधराद्युदात्तम्";[४] "स्वः स्वरितम्"[५] इत्यादेशः सः; अपूर्वपदेषु इति=पूर्वपदेषु न भवति। एतदुक्तं भवति—यदि पूर्वपदानि भवन्ति तदान्यस्वरानुदात्तादियुक्तान्यपि रिफितान्येव भवन्ति। "अन्तर्वावत्क्षयं वधे";[६] "वधर्यन्तीं बहुभ्यः";[७] "स्वर्जिदब्जित्पवते सहस्रजित्॥"[८]

उ० भा० अ०—जो यह; **स्वरादेशः**='स्वर' का विधान—"'अन्तोदात्त' (होने पर) 'अन्तः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)"; "'आद्युदात्त' (होने पर) 'वधः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)"; "'स्वरित' (होने पर) 'स्वः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)"—(इन सूत्रों में किया गया है) वह विधान; **अपूर्वपदेषु**=(निर्दिष्ट पदों के) पूर्व-पद होने पर नहीं लगता है। (इस सूत्र में) यह कहा है—यदि ('अन्तः' इत्यादि निर्दिष्ट पद) पूर्व-पद होते हैं तब (वे पद) 'अनुदात्त' आदि अन्य स्वरों से युक्त होने पर भी 'रिफित' ही होते हैं।ग

टि० (क) यः। पुष्पिणीः। च। प्रऽस्वः। च। धर्मणा॥ प० पा०
समास का उत्तर-पद होने के कारण 'स्वः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

(ख) मादयस्व। स्वःऽनरे॥ प० पा०
समास का उत्तर-पद न होने के कारण 'स्वः' 'रिफित'-संज्ञक है।

(ग) इस सूत्र में यह प्रतिपादित किया गया है कि 'अन्तः' इत्यादि पदों के 'रिफित'-संज्ञक होने के लिये 'अन्तोदात्त' आदि 'स्वर' की जो शर्त रखी गई थी वह केवल तभी लागू होती है जब ये पद समस्त पदों के पूर्व-पद नहीं होते। समस्त-पदों के पूर्व-पद होने पर तो इनके 'रिफित' होने के लिये कोई शर्त नहीं है। उदाहरण के लिये 'अन्तः' पद को लीजिये। १।७८ में यह विधान किया गया है कि 'अन्तोदात्त' होने पर 'अन्तः' पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। इस प्रस्तुत सूत्र में यह विधान किया गया है कि 'अन्तः' पद यदि समस्त-पद का पूर्व-पद हो तो उसके 'रिफित' होने के लिये 'अन्तोदात्त' होने की शर्त नहीं है। 'अन्तोदात्त'

---

[१] ऋ० २।१३।७ [२] ऋ० ८।१०३।१४ [३] १।७८
[४] १।८३ [५] १।९३ [६] ऋ० १।४०।७
[७] ऋ० १।१६१।९ [८] ऋ० ९।७८।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(उदाहरण) "अन्तर्वावत्क्षयं दधे"[क]; "वधूर्यन्ती बहुभ्यः"[ख]; "स्वर्जिद्वज्रित्पवते सहस्रजित् ॥"[ग]

अवर्महः ॥९६॥

सू० अ०—'महः' (पद से पूर्व में होने पर) 'अवः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—अवः इत्येतत्पदं रिफितसंज्ञं भवति महः इत्येतस्मात्पदात्पूर्वं चेत्। "अवर्महइन्द्र दादृहि।"[१] महः इति किम्? "अवो बभूथ शतमूते अस्मे।"[२]

उ० भा० अ०—महः इस पद से पूर्व में हो तो अवः यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है। (उदाहरण) "अवर्महइन्द्र दादृहि।"[घ] "महः"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अवो बभूथ शतमते अस्मे।"[ङ]

अनर्धर्चान्ते स्वरघोषवत्परमूधः ॥९७॥

सू० अ०—यदि 'स्वर' (-वर्ण) या 'सघोष' (-'व्यञ्जन') बाद में हो तो अर्धर्च के अन्त में न (आने वाला) 'ऊधः' (पद 'रिफित'-संज्ञक होता है)।

ऊधः इत्येतत्पदं स्वरघोषवत्परम् रिफितसंज्ञं भवति; (अनर्धर्चान्ते=) अर्धर्चान्तं चेन्न भवति। "प्र कृष्णाय रुशदपिन्वतोधर्ऋतम्"[३]; "ऊधर्न गोनां स्वाश्मा पितूनाम्।"[४]

न होने पर भी वह 'रिफित'-संज्ञक होता है। यह ध्यान में रखने की बात है कि भाष्यकार भाष्य में १।७८, १।८३ और १।९३ का ही उल्लेख करते हैं, १।७९ और १।८४ का नहीं। इसका यही कारण हो सकता है कि १।७९ और १।८४ में उल्लिखित 'अक्षाः' और 'कः' पद समस्त-पदों के पूर्व-पद के रूप में उपलब्ध नहीं होते हैं।

टि० (क) अन्तःश्वावत्। क्षयम्। दधे॥ प० पा०
यद्यपि 'अन्तः' पद 'अन्तोदात्त' नहीं है तथापि पूर्व-पद होने के कारण प्रस्तुत सूत्र से यह 'रिफित'-संज्ञक हो गया।

(ख) वधूःऽयन्तीम्। बहुऽभ्यः॥ प० पा०
यद्यपि 'वधः' पद 'आद्युदात्त' नहीं है तथापि पूर्व-पद होने के कारण प्रस्तुत सूत्र से यह 'रिफित'-संज्ञक हो गया।

(ग) स्वःऽजित्। अप्ऽजित्। पवते। सहस्रऽजित्॥ प० पा०
यद्यपि 'स्वः' पद 'स्वरित' नहीं है तथापि पूर्व-पद होने के कारण प्रस्तुत सूत्र से यह 'रिफित'-संज्ञक हो गया।

(घ) अवः। महः। इन्द्र। ददृहि॥ प० पा०
'महः' पद से पूर्व में होने के कारण 'अवः' 'रिफित'-संज्ञक है।

(ङ) अवः। बभूथ। शतम्ऽऊते। अस्मे इति॥ प० पा०
'महः' पद से पूर्व में न होने के कारण 'अवः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

---

[१] ऋ० १।१३३।६ [२] ऋ० ७।२१।८ [३] ऋ० १०।३१।११ [४] ऋ० १।६९।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनर्धर्चान्ते इति किम् ? "सकृच्छुक्रं दुदुहे पृश्निरूधः ।"[१] स्वरघोषवत्परम् इति किम् ? "पृथिव्यामतिषितं यदूधः ॥"[२]

उ० भा० अ०—**स्वरघोषवत्परम्**='स्वर' (–वर्ण) या 'सघोष' ('व्यञ्जन') बाद में हो तो; **ऊधः** यह पद 'रिफित'-संज्ञक होता है; (**अनर्धर्चान्ते**=) यदि (वह) ('ऊधः') अर्धर्च का अन्तिम (पद) न हो। (उदाहरण) "प्र कृष्णाय रुशदपिन्वतोधर्ऋतम्"क; "ऊधर्न गोनां स्वाद्मा पितूनाम् ।"ख "अर्धर्च के अन्त में (न होने पर)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सकृच्छुक्रं दुदुहे पृश्निरूधः ।"ग " 'स्वर' (–वर्ण) या 'सघोष' ('-व्यञ्जन') परे होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "पृथिव्यामतिषितं यदूधः"घ

टि० (क) प्र । कृष्णाय । रुशत् । अपिन्वत । ऊधः । ऋतम् ॥ प० पा०
'स्वर'-वर्ण (ऋकार) परे होने के कारण 'ऊधः' 'रिफित'-संज्ञक है ।

(ख) ऊधः । न । गोनाम् । स्वाद्म । पितूनाम् ॥ प० पा०
'सघोष' ('-व्यञ्जन') (नकार) परे होने के कारण 'ऊधः' 'रिफित'-संज्ञक है ।

(ग) सकृत् । शुक्रम् । दुदुहे । पृश्निः । ऊधः ॥ प० पा०
अर्धर्च के अन्त में होने के कारण 'ऊधः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है । 'ऊधः' पद यहाँ द्वितीय अर्धर्च का अन्तिम पद है । इस पद के साथ ऋचा ही समाप्त हो जाती है जिससे यह स्पष्ट है कि इससे परे न तो 'स्वर'-वर्ण है और न 'सघोष-' 'व्यञ्जन' है । इसलिए 'स्वर'-वर्ण अथवा 'सघोष'-'व्यञ्जन' परे न होने के कारण ही 'ऊधः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है । ऐसी स्थिति में इस प्रत्युदाहरण की दृष्टि से "अर्धर्च के अन्त में न होने पर"—इस प्रतिबन्ध की कोई उपयोगिता प्रतीत नहीं होती है । हो सकता है कि दूसरी ऋचा (ऋ० ६।६६।२) के आदि में विद्यमान 'सघोष'-'व्यञ्जन' ('ये') को दृष्टि में रखकर भाष्यकार ने यह प्रत्युदाहरण प्रस्तुत किया हो किंतु इस प्रत्युदाहरण की अपेक्षा यह प्रत्युदाहरण अधिक युक्त है—"कया भुवा नि दधे धेनुरूधः । ऋतस्य·····।" (ऋ० ३।५५।१३) यहाँ पर उसी ऋचा के द्वितीय अर्धर्च के आदि में विद्यमान 'स्वर'-वर्ण के परे रहने पर भी 'ऊधः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है क्योंकि 'ऊधः' अर्धर्च के अन्त में विद्यमान है । उसी ऋचा के द्वितीय अर्धर्च के आदि वर्ण के प्रभाव से प्रथम अर्धर्च के अन्तिम वर्ण को कार्य प्राप्त होता है—इसके लिए प्रमाण के रूप में भाष्यकार के द्वारा प्रस्तुत २।७१ के इस उदाहरण को देखिए—"इन्द्र सोमं पिबा इमम् । एदं बर्हिः·····" (ऋ० ८।१७।१) । यहाँ पर द्वितीय अर्धर्च के आदि 'स्वर'-वर्ण (एकार) के प्रभाव से "पिबा इमम्"—इस द्वैपद में 'पिब' का अकार आकार हो गया है ।

(घ) पृथिव्याम् । अतिऽसितम् । यत् । ऊधः ॥ प० पा०
'स्वर'-वर्ण अथवा 'सघोष'-'व्यञ्जन' परे न होने के कारण 'ऊधः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है ।

---

[१] ऋ० ६।६६।१ [२] ऋ० १०।७३।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न रेफेऽरुषासोऽतृणन्मही ॥९८

सू० अ०—रेफ, 'अरुषासः', 'अतृणत्' अथवा 'मही' बाद में होता है तो ('ऊधः' 'रिफित'-संज्ञक) नहीं (होता है)।

उ० भा०—(रेफे=) रेफादौ पदे परभूते; अरुषासः अतृणत् मही—इत्येतेषु परभूतेषु ऊधः-शब्दो रिफितसंज्ञो न भवति। रेफे—"समूधो रोमशं हतः।"[१] अरुषासः—"रिहन्त्यूधो अरुषासो अस्य।"[२] अतृणत्—"शुच्यूधो अतृणन्न गवाम्।"[३] मही—'पृश्निर्यदूधो मही जभार॥"[४]

उ० भा० अ०—(रेफे=) रेफ से प्रारम्भ होने वाला पद परे हो तो; अरुषासः, अतृणत् (और) मही—ये (पद) (अर्थात् इनमें से कोई भी पद) परे हों तो 'ऊधः' शब्द 'रिफित'-संज्ञक; न=नहीं; होता है। (उदाहरण) रेफ परे होने पर—"समूधो रोमशं हतः।"[क] अरुषासः—"रिहन्त्यूधो अरुषासो अस्य।"[ख] अतृणत्—"शुच्यूधो अतृणन्न गवाम्।"[ग] मही—'पृश्निर्यदूधो मही जभार।"[घ]

वरवरावरिति चैकपादे व्यपपूर्वाण्यसमासाङ्गयोगे ॥९९॥

सू० अ०—एक (ही) पाद में 'वि' या 'अप' पूर्व में हो तो 'वः' 'अवः' और 'आवः' ('रिफित'-संज्ञक होते हैं), (यदि इन पाँच पदों में से कोई भी) समास का घटक (अङ्ग) न हो।

उ० भा०—वः अवः आवः—इत्येतानि पदानि रिफितसंज्ञानि भवन्ति। कथंभूतानीति? अत आह—(एकपादे=) एकस्मिन्पादे; यदि वि अप इत्येवंपूर्वाणि भवन्ति। (असमासाङ्गयोगे=) यदि चोभयोरपि समासाङ्गयोगो न भवन्ति=यदि च वः अवः आवः इत्येतानि च पदानि समासाङ्गभूतानि न भवन्ति; वि अप इत्येते च पदे यदि समासाङ्गभूते न भवत इत्यर्थः। वः—"गृणानो अङ्गिरोभिर्दस्म वि वरुषसा"[५]; "यो गा उदाजदप हि वलं वः।"[६] अवः—"वि ज्योतिषा संववृत्वत्तमोऽवः"[७]; "अपावरद्रिवो बिलम्।"[८] आवः—"व्यावर्देव्या मतिम्"[९]; "अप द्रुहस्तम आवरजुष्टम्।"[१०]

टि० (क) सम्। ऊधः। रोमशम्। हतः॥ प० पा०
रेफ से प्रारम्भ होने वाला 'रोमशम्' पद बाद में है. इसलिए 'ऊधः' पद 'रिफित'-संज्ञक नहीं है। अन्य उदाहरणों को भी इसी प्रकार समझना चाहिए।
(ख) रिहन्ति। ऊधः। अरुषासः। अस्य॥ प० पा०
(ग) शुचि। ऊधः। अतृणत्। न। गवाम्॥ प० पा०
(घ) पृश्निः। यत्। ऊधः। मही। जभार॥ प० पा०

---

१ ऋ० ८।३१।९ २ ऋ० १।१४६।२ ३ ऋ० ४।१।१९
४ ऋ० ७।५६।४ ५ ऋ० १।६२।५ ६ ऋ० २।१४।३
७ ऋ० ५।३१।३ ८ ऋ० १।११।५ ९ ऋ० ८।९।१६
१० ऋ० ७।७५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकपादे इति किम् ? "अभैष्माप तदुच्छत्वनेहसो वः ।"[१] **व्यपपूर्वाणि इति किम् ?** "को वस्त्राता वसवः"[२]; "महि त्रीणामवोऽस्तु"[३]; "प्रावो यद्दस्युहत्ये कुत्सवत्सम् ।"[४] **असमासाङ्गयोगे इति किम् ?** "अपावरद्रिवो बिलम् ।"[५] **असमासाङ्गयोगे इत्युभयार्थं कस्मात् ?** "विद्युन्न तस्थौ मरुतो रथेषु वः ॥"[६]

उ० भा० अ०—**वः अवः आवः**—ये पद 'रिफित'-संज्ञक होते हैं। किस प्रकार के ('वः', 'अवः' और 'आवः') (यह प्रश्न उठता है) ? इसलिए (सूत्रकार ने) कहा है—**(एकपादे=)** एक पाद में; यदि **वि** या **अप**–ये (पद) ('वः', 'अवः' अथवा 'आवः' के); **पूर्वाणि**=पूर्व में; होते हैं। **(असमासाङ्गयोगे=)** यदि दोनों ('वः' 'अवः', 'आवः' तथा 'वि' 'अप') का ही समास के घटक (अङ्ग) के रूप में योग न हो=यदि 'वः','अवः' और 'आवः'–ये पद भी समास का घटक (अङ्ग) नहीं होते हैं; यदि 'वि' और 'अप'—ये पद भी समास का घटक (अङ्ग) नहीं होते हैं—यह अर्थ है। (उदाहरण) **वः**— "गृणानो, अङ्गिरोभिर्दस्म वि वरुषसा"[क]; "यो गा उदाजप हि वलं वः ।"[ख] **अवः**—"वि ज्योतिषा संववृत्वत्तमोऽवः"[ग] "अपावरद्रिवो बिलम् ।"[घ] **आवः**—"व्यावर्देव्या मतिम्"[ङ]; "अप द्रुहस्तम आवरजुष्टम् ।"[च]

"एक पाद में"–यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अभैष्माप तदुच्छत्वनेहसो वः ।"[छ] "'वि' या 'अप' पूर्व में होने पर"–यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "को वस्त्राता वसवः"[ज]; "महि त्रीणामवोऽस्तु"[झ]; "प्रावो यद्दस्युहत्ये कुत्सवत्सम् ।"[ञ] "समास के रूप में योग न होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) अपावरद्रिवो बिलम् ।"[ट]

टि० (क) गृणानः । अङ्गिरःऽभि । दस्म । वि । वः । उषसा ॥ प० पा०

(ख) यः । गाः । उत्ऽआजत् । अप । हि । वलम् । वरिति वः ॥ प० पा०

(ग) वि । ज्योतिषा । सम्ऽववृत्वत् । तमः । अवरित्यवः ॥ प० पा०

(घ) अप । अवः । अद्रिऽवः । बिलम् ॥ प० पा०

(ङ) वि । आवः । देवि । आ । मतिम् ॥ प० पा०

(च) अप । द्रुहः । तमः । आवः । अजुष्टम् ॥ प० पा०

(छ) अभैष्म । अप । तत् । उच्छतु । अनेहसः । वः ॥ प० पा०

(ज) कः । वः । त्राता । वसवः ॥ प० पा०

'अप' पद 'महापङ्क्ति' 'जगती' के चतुर्थ पाद में तथा 'वः' पद पञ्चम पाद में स्थित है अतः दोनों के एक पाद में न होने के कारण 'वः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

(झ) महि । त्रीणाम् । अवः । अस्तु ॥ प० पा०

(ञ) प्र । आवः । यत् । दस्युऽहत्ये । कुत्सऽवत्सम् ॥ प० पा०

इन तीन प्रत्युदाहरणों में 'वः' 'अवः' तथा 'आवः' के पूर्व में न 'वि' है और न 'अप' है, इसलिए 'वः' 'अवः' और 'आवः' यहाँ पर 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

(ट) अप । अवः । अद्रिऽवः । बिलम् ॥ प० पा०

यहाँ पर 'वः' समास का घटक (अङ्ग) है, अतः यह 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

---

१ ऋ० ८।४७।१८ २ ऋ० ४।५५।१ ३ ऋ० १०।१८५।१
४ ऋ० १०।१०५।११ ५ ऋ० १।११।५ ६ ऋ० १।६४।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"समास के रूप में योग न होने पर"—यह दोनों ('वः', 'अवः', 'आवः' तथा 'वि', 'अप') के लिये किस कारण से कहा ? (उत्तर) "विद्युन्न तस्थौ मरुतो रथेषु वः।"क

पथ्या मघोनी दिवि चक्षसा मदे
पूर्वोऽर्चिषातीतृषामोत्तरेषु न ॥१००॥

सू० अ०—'पथ्या', 'मघोनी', 'दिवि', 'चक्षसा', 'मदे', 'पूर्वः', 'अर्चिषा' और 'अतीतृषाम'—(ये पद) बाद में हों तो ('वः', 'अवः' और 'आवः' 'रिफित'-संज्ञक) नहीं (होते)।

उ०भा०—पथ्या, मघोनी, दिवि, चक्षसा, मदे, पूर्वः, अर्चिषा, अतीतृषाम—इत्येतेषु पदेषु; (उत्तरेषु=) परभूतेषु; वः, अवः, आवः—इत्येतानि पदानि रिफितसंज्ञानि न भवन्ति। पथ्या—"व्युषा आवः पथ्या जनानाम्।"१—ख मघोनी—"अथो अद्येदं व्यावो मघोनी।"२—ग दिवि—"व्युषा आवो दिविजा ऋतेन।"३—घ चक्षसा—"वि यदावश्चक्षसा सूर्यस्य।"४—ङ मदे—"वि वो मदे शीरम्।"५—च पूर्वः—"उतान्यो अस्मद्यजते वि चावः पूर्वःपूर्वः।"६—छ अर्चिषा—"व्युषाश्चन्द्रा मह्यावो अर्चिषा।"७—ज अतीतृषाम—"नापाभूत न वोऽतीतृषाम।"८—झ एतेषु उत्तरेषु इति किम् ? "वि सूर्यो रोदसी चक्षसावः॥"९

उ० भा० अ०—पथ्या, मघोनी, दिवि, चक्षसा, मदे, पूर्वः, अर्चिषा, अतीतृषाम—ये पद; (उत्तरेषु=) परे होने पर; 'वः', 'अवः', और 'आवः'—ये पद 'रिफित'-

टि० (क) विद्युत्। न। तस्थौ। मरुतः। रथेषु। वः॥ प० पा०

यहाँ 'वि' समास का अङ्ग है, अतः 'वः' 'रिफित'-संज्ञक नहीं है। इससे यह निश्चित हो गया कि 'वः', 'अवः' और 'आवः' तभी 'रिफित'-संज्ञक होते हैं जब 'वः', 'अवः', 'आवः' तथा 'वि' 'अप' में से कोई भी समास का अङ्ग न हो।

(ख) वि। उषाः। आवः। पथ्या। जनानाम्॥ प० पा०

'पथ्या' पद बाद में आने के कारण 'आवः' पद 'रिफित'-संज्ञक नहीं है। आगे के सभी उदाहरणों को ऐसे ही समझ लेना चाहिये। सभी स्थल १।९९ के अपवाद हैं।

(ग) अथो इति। अद्य। इदम्। वि। आवः। मघोनी॥ प० पा०

(घ) वि। उषाः। आवः। दिविज्जाः। ऋतेन॥ प० पा०

(ङ) वि। यत्। आवः। चक्षसा। सूर्यस्य॥ प० पा०

(च) वि। वः। मदे। शीरम्॥ प० पा०

(छ) उत। अन्यः। अस्मत्। यजते। वि। च। आवः। पूर्वःपूर्वः॥ प० पा०

(ज) वि। उषाः। चन्द्रा। मही। आवः। अर्चिषा॥ प० पा०

(झ) न। अप। अभूत। वः। अतीतृषाम॥ प० पा०

---

१ ऋ० ७।७९।१ २ ऋ० १।११२।१३ ३ ऋ० ७।७५।१
४ ऋ० १।११३।९ ५ ऋ० १०।२१।१ ६ ऋ० ५।७७।२
७ ऋ० १।१५७।१ ८ ऋ० ४।३४।११ ९ ऋ० ७।७९।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संज्ञक; न=नहीं; होते हैं।.....। "ये (पद) परे होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "वि सूर्यो रोदसी चक्षसावः।"[क]

होतः सनितः पोतर्नेष्टः सोतः सवितर्नेतस्त्वष्टः।
मातर्जनितर्भ्रातस्त्रात स्थातर्जरितर्धातर्धर्तः ॥१०१॥

सू० अ०—'होतः', 'सनितः', 'पोतः', 'नेष्टः', 'सोतः', 'सवितः', 'नेतः', 'त्वष्टः', 'मातः', 'जनितः', 'भ्रातः', 'त्रातः', 'स्थातः', 'जरितः', 'धातः', 'धर्तः' (ये पद 'रिफित'-संज्ञक होते हैं)।

उ० भा०—होतः, सनितः, पोतः, नेष्टः, सोतः, सवितः, नेतः, त्वष्टः, मातः, जनितः, भ्रातः, त्रातः, स्थातः, जरितः, धातः, धर्तः—इत्येतानि पदानि रिफितसंज्ञानि भवन्ति। होतः—"यथा होतर्मनुषो देवताता।"[१-ख] सनितः—"सनितः सुसनितरुग्र।"[२-ग] पोतः—"पोतर्यज"[३] इति प्रैषिकम्। नेष्टः—"ग्नावो नेष्टः पिब ऋतुना।"[४-घ] सोतः—"ज्येष्ठेन सोतरिन्द्राय।"[५-ङ] सवितः—"विश्वानि देव सवितः।"[६-च] नेतः—"ते ते देव नेतः।"[७-छ] त्वष्टः—"शिवस्त्वष्टरिहा गहि।"[८-ज] मातः—"पितर्मातर्यदिहोपब्रुवे वाम्।"[९-झ] जनितः—"बोधि प्रयन्तर्जनितर्वसूनाम्।"[१०-ञ] भ्रातः—"इन्द्र भ्रातरुभयत्रा ते अर्थम्।"[११-ट] त्रातः—"ओजिष्ठ त्रातरवितः।"[१२-ठ]

टि० (क) वि। सूर्यः। रोदसी इति। चक्षसा। आवरित्यावः॥ प० पा०

यहाँ पर 'चक्षसा' पद 'आवः' पद के बाद में न आकर पूर्व में आया है, अतः प्रस्तुत सूत्र से 'आवः' के 'रिफित' होने का निषेध नहीं होगा। अतः 'वि' पूर्व में होने के कारण 'आवः' पूर्ववर्ती सूत्र (१।९९) से 'रिफित'-संज्ञक हो गया।

(ख) यथा। होतः। मनुषः। देवऽताता॥ प० पा०
(ग) सनितरिति। सुऽसनितः। उग्र॥ प० पा०
(घ) ग्नावः। नेष्टरिति। पिब। ऋतुना॥ प० पा०
(ङ) ज्येष्ठेन। सोतः। इन्द्राय॥ प० पा०
(च) विश्वानि। देव। सवितः॥ प० पा०
(छ) ते। ते। देव। नेतः॥ प० पा०
(ज) शिवः। त्वष्टः। इह। आ। गहि॥ प० पा०
(झ) पितः। मातः। यत्। इह। उपऽब्रुवे। वाम्॥ प० पा०
(ञ) बोधि। प्रऽयन्तः। जनितः। वसूनाम्॥ प० पा०
(ट) इन्द्र। भ्रातः। उभयत्र। ते। अर्थम्॥ प० पा०
(ठ) ओजिष्ठ। त्रातः। अवितरिति॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ६।४।१ [२] ऋ० ८।४६।२० [३] मा० श्रौ० २।४।१।२८
[४] ऋ० १।१५।३ [५] ऋ० ८।२।२३ [६] ऋ० ५।८२।५
[७] ऋ० ५।५०।२ [८] ऋ० ५।५।९ [९] ऋ० १।१८५।११
[१०] ऋ० १।७६।४ [११] ऋ० ३।५३।५ [१२] ऋ० १।१२९।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थातः—"स्मसि स्थातर्हरीणाम् ।"[१-क] जरितः—"प्र बोधय जरितर्जारमिन्द्रम् ।"[२-ख] धातः—"धातर्विधातः कलशाँ अभक्षयम् ।"[३-ग] धर्तः—"धनानां धर्तरवसा ॥"[४-घ]

उ० भा० अ०—होतः, सनितः, पोतः, नेष्टः, सोतः, सवितः, नेतः, त्वष्टः, मातः, जनितः, भ्रातः, त्रातः, स्थातः, जरितः, धातः, धर्तः—ये पद 'रिफित'-संज्ञक होते हैं।.....।

जामातर्दुहितर्दर्तः प्रशास्तरवितः पितः ।
दोषावस्तरवस्पर्तः प्रयन्तश्चेङ्गयमुत्तमम् ॥१०२॥

सू० अ०—'जामातः', 'दुहितः', 'दर्तः', 'प्रशास्तः', 'अवितः', 'पितः', 'दोषावस्तः', 'अवस्पर्तः' और 'प्रयन्तः' (ये पद 'रिफित'-संज्ञक होते हैं); अन्तिम (अर्थात् 'प्रयन्तः') सावग्रह ('इङ्गय') (='प्रऽयन्तः') होने पर ही 'रिफित'-संज्ञक होता है)।

उ० भा०—जामातःप्रभृति प्रयन्तःपर्यन्तान्येतानि पदानि रिफितसंज्ञानि भवन्ति। किमविशेषेण सर्वाण्येव पदानि ? नेत्याह—इङ्गयमुत्तमम्। इङ्गयशब्देन सावग्रहं पदमुच्यते। उत्तमं पदं सावग्रहं भवति तदानीं रिफितसंज्ञं भवति।

जामातः—"त्वष्टुर्जामातरद्भुत ।"[५-ङ] दुहितः—"प्रावाद्य दुहितर्दिवः ।"[६-च] दर्तः—"पुरां दर्तः पायुभिः ।"[७-छ] प्रशास्तः—"प्रशास्तर्यज"[८] इति प्रैषिकम्। अवितः—"ओजिष्ठ त्रातरविता रथम् ।"[९-ज] पितः—"पितर्मातर्यदिहोपब्रुवे वाम् ।"[१०-झ] दोषावस्तः—"दोषावस्तर्धिया वयम् ।"[११-ञ] अवस्पर्तः—"अवस्पर्तरधिवक्तारमस्मयुम् ।"[१२-ट]

टि० (क) स्मसि । स्थातः । हरीणाम् ॥ प० पा०
(ख) प्र । बोधय । जरितः । जारम् । इन्द्रम् ॥ प० पा०
(ग) धातः । विधातरिति विऽधातः । कलशान् । अभक्षयम् ॥ प० पा०
(घ) धनानाम् । धर्तः । अवसा ॥ प० पा०
(ङ) त्वष्टुः । जामातः । अद्भुत ॥ प० पा०
(च) प्र । अव । अद्य । दुहितः । दिवः ॥ प० पा०
(छ) पुराम् । दर्तरिति दर्तः । पायुऽभिः ॥ प० पा०
(ज) ओजिष्ठ । त्रातः । अवितरिति । रथम् ॥ प० पा०
(झ) पितः । मातः । यत् । इह । उपऽब्रुवे । वाम् ॥ प० पा०
(ञ) दोषाऽवस्तः । धिया । वयम् ॥ प० पा०
(ट) अवऽस्पर्तः । अधिऽवक्तारम् । अस्मऽयुम् ॥ प० पा०

---

१ ऋ० ८।४६।१ २ ऋ० १०।४२।२ ३ ऋ० १०।१६७।३
४ ऋ० १।१०२।५ ५ ऋ० ८।२६।२१ ६ ऋ० १।४९।२
७ ऋ० १।१३०।१० ८ मा० श्रौ० २।४।१।२८ ९ ऋ० १।१२९।१०
१० ऋ० १।१८५।११ ११ ऋ० १।१।७ १२ ऋ० २।२३।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रयन्तः—"**बोधि प्रयन्तर्जनितर्वसूनाम्।**"[१-क] **इङ्गयमुत्तमम् इति किम्? उपप्रयन्तो अध्वरम्।**"[२-ख] **पर्यन्तःपदमत्र नावगृह्यते; अतो रिफितं न॥**

उ० भा० अ०—**जामातः** (पद) से लेकर **पर्यन्तः** (पद) तक ये पद 'रिफित'-संज्ञक होते ह। क्या सभी पद बिना किसी विशेष के ('रिफित'-संज्ञक होते हैं)? (उत्तर) नहीं; (सूत्रकार ने) कहा है—**इङ्गयमुत्तमम्।** (पदपाठ में) 'अवग्रह'-सहित पद को 'इङ्गय' शब्द से कहते हैं। अन्तिम पद (='प्रयन्तः') (पदपाठ में) 'अवग्रह' के सहित (='प्रऽयन्तः') हो तो तब वह 'रिफित'-संज्ञक होता है।

"अन्तिम सावग्रह हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उपप्रयन्तो अध्वरम्।" 'पर्यन्तः' पद यहाँ ('उपऽप्रयन्तः' में) 'अवग्रह' से पृथक् नहीं किया जाता है, इसलिए ('प्रयन्तः' पद) 'रिफित'-संज्ञक नहीं है।

दीधरभारवरीवरदर्दर्दरदर्धजागरजीगः।
वारपुनः पुनरस्परक स्पः सस्वरहः सनुतः सबरस्वाः॥१०३॥

सू० अ०—'दीधः', 'अभाः', 'अवरीवः', 'अदर्दः', 'दर्दः' 'अदर्धः', 'अजागः', 'अजीगः', 'वाः', 'अपुनः', 'पुनः', 'अस्पः', 'अकः', 'स्पः', 'सस्वः', 'अहः', 'सनुतः' 'सबः' (और) 'अस्वाः' (ये पद 'रिफित'-संज्ञक होते हैं)।

उ० भा०—**दीधः, अभाः, अवरीवः, अदर्दः, दर्दः, अदर्धः, अजागः, अजीगः, वाः, अपुनः, पुनः, अस्पः, अकः, स्पः, सस्वः, अहः, सनुतः, सबः, अस्वाः**—इत्येतानि पदानि रिफितसंज्ञानि भवन्ति।

दीधः—"**आमासु पक्वं शच्या नि दीधः।**"[३-ग] **अभाः**—"**इषमूर्जं सुक्षितिं विश्वमाभाः।**"[४-घ] **अवरीवः**—"**किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्।**"[५-ङ] **अदर्दः**—"**अदर्दरुत्समसृजो वि खानि।**"[६-च] **दर्दः**—"**अपो यदद्रिं पुरुहूत दर्दराविः।**"[७-छ] **अदर्धः**—

टि० (क) बोधि। प्रऽयन्तः। जनितः वसूनाम्॥ प० पा०
यह 'प्रयन्तः' पद पद-पाठ में 'अवग्रह' से पृथक् किया गया है। अतः यह 'रिफित'-संज्ञक है।
(ख) उपऽप्रयन्तः। अध्वरम्॥ प० पा०
(ग) आमासु। पक्वम्। शच्या। नि। दीधरिति दीधः॥ प० पा०
(घ) इषम्। ऊर्जम्। सुऽक्षितिम्। विश्वम्। आ। अभारित्यभाः॥ प० पा०
(ङ) किम्। आ। अवरीवरिति। कुह। कस्य। शर्मन्॥ प० पा०
(च) अदर्दः। उत्सम्। असृजः। वि। खानि॥ प० पा०
(छ) अपः। यत्। अद्रिम्। पुरुऽहूत। दर्दः। आविः॥ प० पा०

---

१ ऋ० १।७६।४ २ ऋ० १।७४।१ ३ ऋ० ६।१७।६
४ ऋ० १०।२०।१० ५ ऋ० १०।१२९।१ ६ ऋ० ५।३२।१
७ ऋ० ४।१६।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"उत्संहायास्थाद्वचूतूंरदर्धः ।"[१-क] अजागः—"अजागरास्वधि देव एकः ।"[२-ख] अजीगः—"आदिद् ग्रसिष्ठ ओषधीरजीगः ।"[३-ग] वाः—"वारिन्मण्डूक इच्छति ।"[४-घ] अपुनः—"अनानुकृत्यमपुनश्चकार ।"[५-ङ] पुनः—"पुनरागाः पुनर्नव ।"[६-च] अस्पः—"महो राये चितयन्नत्रिमस्पः ।"[७-छ] अकः—"अवद्यमिव मन्यमाना गुहाकः ।"[८-ज] स्पः—"शूरो न युध्यन्नव नो निद स्पः ।"[९-झ] सस्वः—"सस्वश्चिद्धि तन्वः शुम्भमानाः ।"[१०-ञ] अहः—"अहश्च कृष्णमहरर्जुनं च ।"[११-ट] सनुतः—"सनुतर्धेहि तं ततः ।"[१२-ठ] सबः—"सबर्दुघायाः पय उस्रियायाः ।"[१३-ड] अस्वाः—"आ यस्ते योनिं घृतवन्तमस्वाः ।"[१४-ढ]

इति श्रीपार्षदव्याख्यायां वज्रटसुतउवटकृतौ परिभाषा प्रथमं पटलम् ॥

उ० भा० अ०—दीधः, अभाः, अवरीवः, अदर्दः, दर्दः, अदर्धः, अजागः, अजीगः, वाः, अपुनः, पुनः, अस्पः, अकः, स्पः, सस्वः, अहः, सनुतः, सबः, अस्वाः—ये पद 'रिफित'-संज्ञक होते हैं ।.....।

वज्रट के पुत्र उवट की कृति प्रातिशाख्य-भाष्य में
परिभाषा-नामक प्रथम पटल समाप्त हुआ ।

टि० (क) उत् । सम्ऽहाय । अस्थात् । वि । ऋतून् । अदर्धः ॥ प० पा०
(ख) अजागः । आसु । अवि । देवः । एकः ॥ प० पा०
(ग) आत् । इत् । ग्रसिष्ठः । ओषधीः । अजीगरिति ॥ प० पा०
(घ) वाः । इत् । मण्डूकः । इच्छति ॥ प० पा०
(ङ) अननुऽकृत्यम् । अपुनरिति । चकार ॥ प० पा०
(च) पुनः । आ । अगाः । पुनःऽनव ॥ प० पा०
(छ) महः । राये । चितयन् । अत्रिम् । अस्परित्यस्पः ॥ प० पा०
(ज) अवद्यम्ऽइव । मन्यमाना । गुहा । अकः ॥ प० पा०
(झ) शूरः । न । युध्यन् । अव । नः । निदः । स्परिति स्पः ॥ प० पा०
(ञ) सस्वरिति । चित् । हि । तन्वः । शुम्भमानाः ॥ प० पा०
(ट) अहरिति । च । कृष्णम् । अहः । अर्जुनम् । च ॥ प० पा०
(ठ) सनुतः । धेहि । तम् । ततः ॥ प० पा०
(ड) सबःऽदुघायाः । पयः । उस्रियायाः ॥ प० पा०
(ढ) आ । यः । ते । योनिम् । घृतऽवन्तम् । अस्वाः ॥ प० पा०

---

१ ऋ० २।३८।४
२ ऋ० १०।१०४।९
३ ऋ० १।१६३।७
४ ऋ० ९।११२।४
५ ऋ० १०।६८।१०
६ ऋ० १०।१६१।५
७ ऋ० ५।१५।५
८ ऋ० ४।१८।५
९ ऋ० ९।७०।१०
१० ऋ० ७।५९।७
११ ऋ० ६।९।१
१२ ऋ० ८।९७।३
१३ ऋ० १।१२१।५
१४ ऋ० १०।१४८।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२ : संहिता-पटलम्

संहिताधिकारः
संहितास्वरूपम्
विवृत्तिस्वरूपम्
विवृत्तिकालः
संधिविषये परिभाषाः
(स्वरव्यञ्जनसंधयः =)
अनुलोमा अन्वक्षरसंधयः
(व्यञ्जनस्वरसंधयः =)
प्रतिलोमा अन्वक्षरसंधयः
प्रतिलोमान्वक्षरसंधिषु प्रथमस्पर्शस्य तृतीयभावः
अनुलोमान्वक्षरसंधिषु ऊष्मलोपः
अन्तःपदं विवृत्तयः, तदन्याश्च विवृत्तयः
(स्वरसंधयः)
श्लिष्टाः संधयः
क्षैप्राः संधयः
पदवृत्तयः संधयः
उद्ग्राहाः संधयः
उद्ग्राहपदवृत्तयः संधयः
भुग्नाः संधयः
उद्ग्राहवन्तः संधयः
प्राच्यपदवृत्तयः पञ्चालपदवृत्तयश्च अभिनिहिताः संधयः
प्रकृतिभावः
कानिचिन्निपातनानि
अनानुपूर्व्यसंहिताः
दीर्घा विवृत्तयः
द्विसंधयो विवृत्तयः
प्राच्यपञ्चालपदवृत्तिविषये मतद्वयम्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(संहिताधिकारः)

संहिता पदप्रकृतिः ॥१॥

(संहिता का अधिकार)

सू० अ०—पद हैं मूल (=प्रकृति) जिसके वह 'संहिता' है (अर्थात् पद 'संहिता' की प्रकृति हैं)।

उ० भा०—संहिता पदप्रकृतिः इत्येतदधिकृतं वेदितव्यम् आ सीमापटलात्। पदानि प्रकृतिभूतानि यस्याः संहितायाः सा पदप्रकृतिः संहितात्र विकारः। तथा हि षत्वणत्वादयो विकाराः संहिताया एव भवन्ति। प्रकृतिभूतत्वाच्च पदानां सिद्धत्वम् ॥

उ० भा० अ०—**संहिता पदप्रकृतिः**=पद 'संहिता' के मूल (=प्रकृति) हैं—इस (सूत्र के) अधिकार को सीमा-पटल (द्वादश पटल) के पूर्व तक जानना चाहिए। पद हैं प्रकृतिभूत जिस 'संहिता' के वह पदप्रकृति 'संहिता' यहाँ (प्रातिशाख्य में) विकार (मानी जाती है)।[क] उदाहरण के लिए 'षत्व', णत्व' आदि विकार 'संहिता' के ही होते हैं। मूल (=प्रकृति) होने के कारण पद सिद्ध हैं (और 'संहिता' साध्य है)।

(संहितास्वरूपम्)

पदान्तान्पदादिभिः संदधदेति यत्सा कालाव्यवायेन ॥२॥

(संहिता का स्वरूप)

सू० अ०—काल का व्यवधान किए बिना जो पदान्तों का पदादियों के साथ मेल संपादन करती है वह 'संहिता' है।

उ० भा०—संहितायाः पदानि प्रकृतिभूतानीत्युक्तम्। न तु संहितायाः स्वरूपं प्रतिपादितमित्यत आह—पदान्तान्पदादिभिः यत्; (संदधदेति=) एकीकुर्वन्नेति= ग्रन्थमनुसरति; सा संहितोच्यते। कालाव्यवायेन=तु पदान्तानां (पदादिभिः) काल-क्रमानुपादानं परिपाद्य। सा च द्विविधा संहिता—आर्षी क्रमसंहिता च। आर्षी—"अयं

टि० (क) 'संहिता' पदों पर आधारित है। पदों के मिलने से ही 'संहिता' का निर्माण होता है। यही कारण है कि पदों को 'संहिता' का मूल (=प्रकृति) माना जाता है। प्रातिशाख्य-ग्रन्थ मुख्यतः उन नियमों का विधान करते हैं जिनकी सहायता से पदों से 'संहिता' सम्पन्न होती है। इस विषय में अथर्व-प्रातिशाख्य १।२ की व्याख्या में कहा गया है—"यथा तन्तूनां वासो यथा दारुशिलामृदां प्रासादस्तथा च संधिशास्त्राणि पदसंधानार्थं प्रोक्तानि"—अर्थात् जिस प्रकार तन्तुओं से वस्त्र का निर्माण होता है और जिस प्रकार लकड़ी, पत्थर और मिट्टी से प्रासाद का निर्माण किया जाता है, उसी प्रकार संधि के नियम ('संहिता' के निर्माण के लिए) पदों को मिलाने के लिए प्रोक्त हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देवाय जन्मने ।"[१] **क्रमसंहिता**—**"पर्जन्याय प्र । प्र गायत । गायत दिवः ।"**[२] **संहितासंज्ञायाः प्रयोजनम्**—**"ऋते न च द्वैपदसंहितास्वरौ ।"**[३]

उ० भा० अ०—पद 'संहिता' की प्रकृति हैं—यह कहा जा चुका है। किंतु 'संहिता' का स्वरूप प्रतिपादित नहीं किया गया है, इसलिए ('संहिता' के स्वरूप के प्रतिपादन करने के लिए सूत्रकार ने) कहा है—**पदान्तान्पदादिभिः**=पदान्तों को पदादियों के साथ; **यत्**=जो; (**संदधदेति**=मिलाती है=) एक करती है=मेल (ग्रथन) संपादन करती है; **सा**=वह; 'संहिता' कहलाती है (अर्थात् 'संहिता' वह है जो पद के अन्तिम वर्ण को दूसरे पद के प्रथम वर्ण के साथ मिलावे)। **कालाव्यवायेन**=पदान्तों और पदादियों के मध्य में काल के व्यवधान के रहते हुए भी उसको न मानकर।[क] और वह 'संहिता' दो प्रकार की (होती है)—**आर्षी** (=ऋषिदृष्ट 'संहिता') और **क्रमसंहिता**।[ख] **आर्षी** (का उदाहरण)—"अयं देवाय जन्मने।" **क्रमसंहिता** (का उदाहरण)—"पर्जन्याय प्र। प्र गायत। गायत दिवः।" **संहिता**-संज्ञा का प्रयोजन—"(क्रम-पाठ के बिना) दो पदों की **संहिता** और 'स्वर' (सिद्ध नहीं होते)।"

(विवृत्तिस्वरूपम्)

स्वरान्तरं तु विवृत्तिः ॥३॥

(विवृत्ति का स्वरूप)

सू० अ०—दो 'स्वर'-वर्णों के मध्य-अवकाश (मध्य-व्यवधान) को 'विवृत्ति' (hiatus) **(कहते हैं)।**

उ० भा०—अस्यामेव संहितायां यत्; (स्वरान्तरम्=) स्वरयोरन्तरं वक्ष्यति तत्; (विवृत्तिः=) विवृत्तिसंज्ञम्; स्यात्। "नू इत्था ते पूर्वथा च।"[४] **विवृत्तिसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"यतो दीर्घस्ततो दीर्घा विवृत्तयः"**[५] **इति ॥**

उ० भा० अ०—इसी 'संहिता' में जिस; (**स्वरान्तरम्**=) दो 'स्वर'-वर्णों के मध्य-अवकाश (मध्य-व्यवधान) को (सूत्रकार) कहेंगे वह; (**विवृत्तिः**=) 'विवृत्ति'-

टि० (क) 'प्रश्लिष्ट' आदि कतिपय संधियों में तो पदान्त और पदादि इस प्रकार मिलकर एक हो जाते हैं कि पदान्त और पदादि के मध्य में काल का व्यवधान बिलकुल नहीं रहता। 'प्रश्लिष्ट' आदि कतिपय संधियों को छोड़कर अन्य संधियों में वास्तव में काल का व्यवधान होता है किंतु वह इतना अल्प होता है कि उसको नहीं के बराबर ही माना जाता है।

(ख) 'क्रम-संहिता' के लिए ग्रन्थ के एकादश और द्वादश पटलों को देखिए।

---

[१] ऋ० १।२०।१ [२] ऋ० क० ७।१०२।१ [३] ११।७०
[४] ऋ० १।१३२।४ [५] २।७९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संज्ञक; होता है।[क] (उदाहरण)—"नू इत्था ते पूर्वथा च।"[ख] **विवृत्ति-संज्ञा का** प्रयोजन—"जहाँ (एक ओर या दोनों ओर) 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) हों वहाँ 'दीर्घ विवृत्तियाँ' (होती हैं)।"

(विवृत्तिकालः)

सा वा स्वरभक्तिकाला ॥४॥

(विवृत्ति का काल)

सू० अ०—वह ('विवृत्ति') विकल्प से 'स्वरभक्ति' के काल वाली (होती है)।

उ० भा०—सा=विवृत्तिः; स्वरभक्तिकाला वा स्यात्, अधिककाला वा। स्वरभक्तेः कालः—"द्राघीयसी सार्धमात्रा"[१]; "अर्धोनान्या"[२] इति। तत्रायं विवृत्तेर्विभागस्त्रिप्रकारः। उभयतोह्रस्वा पादमात्राकाला—"प्र ऋभुभ्यः",[३] "प्रत्यु अदर्शि।"[४] एकतोदीर्घार्धमात्राकाला—"नू इत्था ते"[५]; "सानो अव्ये।"[६] उभयतोदीर्घा पादोनमात्राकाला—"ता ईं वर्धन्ति"[७]; "इमा गावः सरमे या ऐच्छः।"[८] "विवृत्तिषु प्रत्ययादेरदर्शनम्"[९] इति दोषं वक्ष्यति, अतः "छायोष्णवद्विवृत्तिः" इति सम्यग्व्याख्यानं न भवति॥

टि० (क) प्रस्तुत सूत्र पूर्ववर्ती सूत्र (२।२) का अपवाद है। पूर्ववर्ती सूत्र में यह प्रतिपादित किया गया है कि 'संहिता' में पदान्तों के उच्चारण और पदादियों के उच्चारण के मध्य में काल का व्यवधान नहीं होता है। प्रस्तुत सूत्र में प्रतिपादित 'विवृत्ति'-संज्ञक जो व्यवधान है उसका काल चौथाई मात्रा, आधी मात्रा अथवा तीन-चौथाई मात्रा होता है, जैसा कि परवर्ती सूत्र (२।४) में प्रतिपादित किया गया है। तात्पर्य यह है कि यह सामान्य नियम है कि 'संहिता' में पदान्त और पदादि के उच्चारणों के मध्य में काल का व्यवधान नहीं होता है किंतु इसके अपवाद-स्वरूप 'विवृत्ति' में काल का व्यवधान होता है।

(ख) जहाँ पर दो 'स्वर'-वर्णों के मध्य में संधि का स्थल होते हुए भी संधि नहीं होती वहाँ उच्चारण करते समय काल का व्यवधान होता है। पदान्त के उच्चारण तथा पदादि के उच्चारण के मध्य में विद्यमान इस काल के व्यवधान को ही 'विवृत्ति' कहते हैं। प्रस्तुत उदाहरण में 'ऊ' तथा 'इ' के मध्य में २।२१ से 'क्षैप्र' संधि संभव होते हुए भी संधि नहीं हुई है, अतः यहाँ 'विवृत्ति' है। या० शि० में 'विवृत्ति' के स्वरूप के विषय में यह कहा गया है—

द्वयोस्तु स्वरयोर्मध्ये संधिर्यत्र न दृश्यते।
विवृत्तिस्तत्र विज्ञेया य ईशेति निदर्शनम् ॥९४॥

'विवृत्ति' वैदिक संधि की मुख्य विशेषता है। लौकिक संस्कृत में जहाँ साधारणतया संधि होती है वहाँ पर वैदिक संस्कृत में अनेक स्थलों पर 'स्वर'-वर्णों के मध्य में संधि न होकर 'विवृत्ति' हो जाती है।

---

१ १।३३ २ १।३५ ३ ऋ० ४।३३।१
४ ऋ० ७।८१।१ ५ ऋ० १।१३२।४ ६ ऋ० ९।९१।१
७ ऋ० १।१५५।३ ८ ऋ० १०।१०८।५ ९ १४।५९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**सा**=वह 'विवृत्ति'; **स्वरभक्तिकाला वा**='स्वरभक्ति' के काल वाली होती है या अधिक काल वाली होती है। 'स्वरभक्ति' का काल—"दीर्घतरा हो तो वह आधी मात्रा (काल वाली होती है)" और "अन्य (अर्थात् ह्रस्व 'स्वरभक्ति') आधे से कम (अर्थात् चौथाई मात्रा काल वाली होती है)।" इससे 'स्वरभक्ति' का विभाग तीन प्रकार का है। दोनों ओर 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) वाली ('विवृत्ति') चौथाई (पाद) मात्रा काल वाली (होती है) (जैसे)—"प्र ऋभुभ्यः"; "प्रत्यु अदर्शि।" एक ओर 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) वाली ('विवृत्ति') आधी मात्रा काल (वाली होती है) (जैसे)—"नू इत्था ते"; "सानो अव्ये।" दोनों ओर 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) वाली चौथाई कम एक (अर्थात् तीन-चौथाई, पौन) मात्रा काल वाली होती है (जैसे)—"ता ईं वर्धन्ति"; "इमा गावः सरमे या ऐच्छः।" "विवृत्तियों में परवर्ती (पद) के प्रथम (वर्ण) का लोप (अदर्शन) (कर दिया जाता है)"—इस दोष को (सूत्रकार) कहेंगे। इसलिए "'विवृत्ति' छाया और धूप के समान है"—यह व्याख्यान ठीक नहीं है।[क]

(संधिविषये परिभाषाः)

पदान्तादिष्वेव विकारशास्त्रं
पदे दृष्टेषु वचनात्प्रतीयात् ॥५॥

(संधिविषयक परिभाषायें)

सू० अ०—पद (-पाठ) में दिखलाई पड़ने वाले पदान्तों और पदादियों में ही विकारसम्बन्धी शास्त्र को (लागू) जानना चाहिए (और वहाँ भी वह विकार-सम्बन्धी शास्त्र) विधान (वचन) के अनुसार (ही लागू होता है)।

उ० भा०—यत्किञ्चित् विकारशास्त्रम् तत्; (पदान्तादिष्वेव=) पदान्तेषु पदादिषु

टि० (क) किसी का यह कहना है कि पदान्त के उच्चारण और पदादि के उच्चारण के मध्य में जो 'विवृत्ति'-संज्ञक काल का व्यवधान है—इससे संहिता के उच्चारण में समय की हानि होती है। इस समय की हानि की पूर्ति के लिए पदादि 'स्वर'-वर्ण का लोप (अनुच्चारण) कर देना चाहिए। जिस प्रकार छाया बढ़ने पर धूप घट जाती है अथवा धूप बढ़ने पर छाया घट जाती है, उसी प्रकार 'विवृत्ति' में अतिरिक्त समय लग जाने पर पदादि 'स्वर'-वर्ण के अनुच्चारण से उस समय की पूर्ति हो जाती है।

इसके उत्तर में भाष्यकार का यह कहना है कि यह व्याख्यान ठीक नहीं है क्योंकि १४।५९ में आचार्य ने परवर्ती पद के प्रथम वर्ण (=पदादि 'स्वर'-वर्ण) के अदर्शन (अनुच्चारण) को दोष बतलाया है, अतएव ऐसा करना त्याज्य है। दूसरी बात यह भी है कि 'विवृत्ति' के काल (चौथाई मात्रा, आधी मात्रा और तीन-चौथाई मात्रा) की पूर्ति के लिए एक मात्रा वाले ('ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण) और दो मात्रा वाले ('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण) का अदर्शन (अनुच्चारण) कथमपि उचित नहीं है। इसलिए यह व्याख्यान असंगत है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

च; वेदितव्यम्। पदे दृष्टेषु=पदावस्थायामुपलब्धेषु। पदान्तादिषु पदे दृष्टेषु अपि वचनात् प्रतीयात्। वचनमन्तरेण विकारो न भवति। पदान्तेषु—"वसुं सूनुं सहसः"[१] "त्र्यर्यमा मनुषः।"[२] पदादिषु—"आपो हि ष्ठा मयोभुवः"[३]; "परा वीरास एतन।"[४] पदे दृष्टेषु इति किम्? "ता अस्य पृशनायुवः"[५]; "तस्मा अरं गमाम वः।"[६] अत्र पद आकारस्यादृष्टत्वात्स्वरसंधिर्न भवति। वचनात् इति किम्? "अग्निमीळे पुरोहितम्"[७] अत्र मकारस्य पदान्तीयस्य वचनमन्तरेण न कश्चिद्विकारः॥

उ० भा० अ०—जो कोई; **विकारशास्त्रम्**=विकार का विधान करने वाला शास्त्र; है वह; (**पदान्तादिष्वेव**=) पदान्तों और पदादियों में ही; (लागू होता है यह) जानना चाहिए।[क] **पदे दृष्टेषु**=पद की अवस्था (=पद-पाठ) में उपलब्ध=पद (-पाठ) में दिखलाई पड़ने वाले भी पदान्तों और पदादियों में; **वचनात् प्रतीयात्**=विधान (वचन) से (विकार को) जानना चाहिए। विधान (वचन) के बिना विकार नहीं होता है। **पदान्तों में** (विकार का उदाहरण)—"वसुं सूनुं सहसः"[ख]; "त्र्यर्यमा मनुषः।"[ग] **पदादियों में** (विकार का उदाहरण) 'आपो हि ष्ठा मयोभुवः"[घ]; "परा वीरास एतन।"[ङ] "पद-पाठ में दिखलाई पड़ने वाले (पदान्तों और पदादियों) में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "ता अस्य पृशनायुवः"[च]; "तस्मा अरं गमाम वः"[छ]—यहाँ

टि० (क) तात्पर्य यह है कि आगे बतलाये जाने वाले सूत्रों में जिन संधि-नियमों का विधान किया गया वे नियम पद के अन्तिम वर्ण और प्रथम वर्ण पर ही लागू होते हैं अर्थात् उनके अनुसार संधि पदान्त और पदादि में ही होगी, जैसा कि वा० प्रा० में भी कहा गया है—"पदान्तपदाद्योः संधिः" ३।३।

(ख) वसुम्। सूनुम्। सहसः॥ प० पा०

यहाँ पर 'वसुम्' और 'सूनुम्'—इन दोनों पदों के अन्त में आने वाला मकार संहिता-पाठ में ४।१५ से 'अनुस्वार' हो गया है।

(ग) त्री। अर्यमा। मनुषः॥ प० पा०

यहाँ पर 'त्री' पद के अन्त में आने वाला ईकार संहिता-पाठ में २।२१ से यकार हो गया है।

(घ) आपः। हि। स्थ। मयःऽभुवः॥ प० पा०

यहाँ पर 'स्थ' पद के आदि में विद्यमान सकार संहिता-पाठ में ५।१२ से षकार हो गया है।

(ङ) परा। वीरासः। इतन॥ प० पा०

यहाँ पर 'इतन' पद के आदि में विद्यमान इकार संहिता-पाठ में २।७२ से एकार हो गया है।

(च) ताः। अस्य। पृशनऽयुवः॥ प० पा०

(छ) तस्मै। अरम्। गमाम। वः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १।१२७।१ [२] ऋ० ५।२९।१ [३] ऋ० १०।९।१ [४] ऋ० ५।६१।४
[५] ऋ० १।८४।११ [६] ऋ० १०।९।३ [७] ऋ० १।१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अर्थात् इन दोनों प्रत्युदाहरणों में) पद (-पाठ) में आकार के दिखलाई न पड़ने से (आकार की परवर्ती अकार के साथ) स्वरसंधि नहीं होती है। "नियम के अनुसार"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अग्निमीळे पुरोहितम्"क—यहाँ पदान्तीय मकार का, नियम के अभाव में, कोई विकार नहीं हुआ है (मकार में कोई विकार नहीं हुआ क्योंकि विकार करने के लिए कोई नियम नहीं है)।

पदं पदान्तादिवदेकवर्णं प्रश्लिष्टमपि ॥६॥

सू० अ०—एक वर्ण वाले पद को, प्रश्लिष्ट होने पर भी, पदान्तवत् और पदादिवत् (समझना चाहिए)।

उ० भा०—एको वर्णोऽस्येति एकवर्णम्। एकवर्णं यत् पदं तत्; (पदान्तादिवत्=) पदान्तवत् पदादिवच्च कार्यं लभते। (अपि=) यद्यपि; प्रश्लिष्टं भवति। "इन्द्रेहि मत्स्यन्धसः"१; "उद्वेति सुभगः॥"२

उ० भा० अ०—**एकवर्णम्**=एक वर्ण है जिसमें वह (पद)। **एकवर्णम्**=एक वर्ण वाला; जो **पदम्**=पद; है वह; **(पदान्तादिवत्=)** पदान्त की तरह और पदादि की तरह; कार्य प्राप्त करता है (अर्थात् पदान्त-सम्बन्धी और पदादि-सम्बन्धी कार्यों को प्राप्त करता है); **(अपि=)** यद्यपि (चाहे) वह; **प्रश्लिष्टम्**=(दूसरे 'स्वर' के साथ) मिला हुआ हो।ख (जैसे) "इन्द्रेहि मत्स्यन्धसः"ग; "उद्वेति सुभगः।"घ

टि० (क) अग्निम्। ईळे। पुरःऽहितम्॥ प० पा०

(ख) 'संहिता' पदान्त को पदादि से मिलाती है। जहाँ पर एक वर्ण वाला ही पद होता है तो उस वर्ण को उस पद का आदि माना जावे या अन्त माना जावे—इस प्रश्न के समाधान के लिए प्रस्तुत सूत्र का निर्माण हुआ है। इस सूत्र के अनुसार वह वर्ण पदान्त का कार्य भी करता है और पदादि का भी, जैसा कि वा० प्रा० १।१५२ में कहा गया है—"स एवादिरन्तश्च।" यह बात लोक से भी सिद्ध है, जैसे—"देवदत्तस्यैकः पुत्रः स एव ज्येष्ठः स एव कनिष्ठः" अर्थात् देवदत्त का एक पुत्र है, उसे ही ज्येष्ठ भी और कनिष्ठ भी कहा जाता है।

(ग) इन्द्र। आ। इहि। मत्सि। अन्धसः॥ प० पा०

यहाँ एक वर्ण वाला पद 'आ' है। इस 'आ' को पदान्त भी माना जाता है और पदादि भी। यह 'आ' पदादि का कार्य करके 'इन्द्र' के 'अ' के साथ मिलकर २।१५ से 'आ' बनता है जिससे यह रूप निष्पन्न होता है—इन्द्रा। इहि। मिलने (प्रश्लिष्ट होने) के अनन्तर भी पदान्त का कार्य करता हुआ यह 'आ' 'इहि' के 'इ' के साथ मिलकर २।१६ से 'ए' बन जाता है और तब यह 'संहिता' सम्पन्न होती है—"इन्द्रेहि"।

(घ) उत्। ऊँ इति। एति। सुऽभगः॥ प० पा०

---

१ ऋ० १।९।१ २ ऋ० ७।६३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आनुपूर्व्येण संधीन् ॥७॥

सू० अ०—(पदों के) क्रम (आनुपूर्व्य) से ('प्रश्लिष्ट') संधियों को (करना चाहिए)।

उ० भा०—"पदान्तान्पदादिभिः संदधदेति यत्सा कालाव्यवायेन"[१] इत्यत्र पदपाठ-क्रमानुपूर्व्येण संधय उक्ताः सामान्यतः। अथेदानीं प्रश्लिष्टान्संधीनाह—(आनुपूर्व्येण=) पदानुपूर्व्येण; प्रश्लिष्टान् संधीन् कुर्यात्। तद्यथा—"इन्द्र। आ। इहि। मत्सि। अन्धसः।"[२] इन्द्रशब्दस्य त्वाकारेण सह संधौ कृत इन्द्रा इति भवति। तत इहि अनेन सह संधौ इन्द्रेहि इति भवति।

उ० भा० अ०—"काल का व्यवधान किए बिना जो पदान्तों का पदादियों के साथ मेल संपादन करती है वह ('संहिता' है)"—यहाँ (अर्थात् इस सूत्र में) पद-पाठ के क्रम की आनुपूर्वी से संधियों को सामान्य रूप से कह दिया गया है (अर्थात् यह बतला दिया गया है कि संधियाँ 'पद-पाठ' के क्रम से होती हैं)। इसके अनन्तर अब 'प्रश्लिष्ट' संधियों के विषय में कहते हैं—(आनुपूर्व्येण=) पदों के क्रम (आनुपूर्व्य) से; 'प्रश्लिष्ट'; संधीन्=संधियों को; करना चाहिए। उदाहरण के लिए—"इन्द्र। आ। इहि। मत्सि। अन्धसः।" (को लेते हैं)। 'इन्द्र' शब्द की आकार के साथ ('प्रश्लिष्ट') संधि करने पर 'इन्द्रा' हो जाता है। तदनन्तर ('इन्द्रा' की) 'इहि' के साथ ('प्रश्लिष्ट') संधि होने पर "इन्द्रेहि" हो जाता है।

ननु—"पदान्तान्पदादिभिः संदधदेति"[३]—इत्यनेनाप्येतदेव प्राप्नोतीत्यथ किमर्थोऽयं योगः? शृणु—"पदं पदान्तादिवदेकवर्णम्"[४] इत्यनेन सूत्रेण पदान्तवत्कार्यं लभत इत्येत-त्प्रथममुक्त्वा पश्चात्पदादिवदित्युक्तम्। अतः प्रश्लिष्टस्य पदस्य पूर्वमन्तकार्याणि प्रवर्तन्ते, पश्चात् पदादिकार्याणि। तथा चानिष्टं रूपं सिध्यति। अतस्तदपवादार्थमाह—अत्रापि पदानुपूर्व्येण संधयो भवन्तीति॥

(शंका) "पदान्तों का पदादियों के साथ (जो) मेल संपादन करती है (वह 'संहिता है)"—इस (सूत्र) से भी यही प्राप्त होता है (कि पदों के क्रम से संधियों को करना चाहिए) तब यह अतिरिक्त सूत्र किस लिए (बनाया है)? (समाधान) सुनो—"एक वर्ण वाले पद को, प्रश्लिष्ट होने पर भी, पदान्तवत् और पदादिवत् (समझना चाहिए)"—इस सूत्र के द्वारा—(एक वर्ण वाला पद) पदान्त की तरह कार्य प्राप्त करता है—यह पहले कहकर बाद में यह कहा गया है कि पदादि की तरह कार्य को प्राप्त करता है। इसलिए 'प्रश्लिष्ट' (संधि) के अन्तकार्य पहले प्रवृत्त होते हैं, उसके पश्चात् पद के आदि कार्य (ऐसा कोई समझ सकता है)। और ऐसा (करने पर) अनिष्ट (अर्थात् 'संहिता' में अनुपलब्ध) रूप सिद्ध

(१३२ घ) यहाँ पर 'उ' एक वर्ण वाला पद है जो पदादि का कार्य करके 'उत्' के साथ मिलकर 'उद्' बन जाता है और तदनन्तर पदान्त का कार्य करता हुआ 'एति' के 'ए' के साथ मिलकर २।२१ से 'व्' में परिणत हो जाता है और इस प्रकार यह 'संहिता' बनती है—"उद्वेति"।

---

[१] २।२ [२] ऋ० प० १।९।१ [३] २।२ [४] २।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता है।[क] इसलिए उस (अनिष्ट रूप) के निवारण के लिए (सूत्रकार ने यह सूत्र) कहा है—यहाँ ('प्रश्लिष्ट' संधियों में) भी पदों के क्रम (आनुपूर्व्य) से संधियाँ होती हैं।

(स्वरव्यञ्जनसंधयः =)

(अनुलोमा अन्वक्षरसंधयः)

एष स्य स च स्वराश्च पूर्वे
भवन्ति व्यञ्जनमुत्तरं यदैभ्यः।
तेऽन्वक्षरसंधयोऽनुलोमाः ॥८॥

(स्वर और व्यञ्जन की संधियाँ)

(अनुलोम अन्वक्षरसंधियाँ)

सू० अ०—'एषः', 'स्यः', 'सः' या 'स्वर' (-वर्ण) जब पूर्व में होते हैं और 'व्यञ्जन' (-वर्ण) इनसे बाद में (होता है) तो वे 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियाँ (कहलाती हैं)।

उ० भा०—चतुःप्रकाराः संधयो भवन्ति। तद्यथा—द्वयोः स्वरयोः, द्वयोर्व्यञ्जनयोः; व्यञ्जनस्वरयोः; स्वरव्यञ्जनयोरिति। तत्र स्वरव्यञ्जनसंधिमाह—

एषः स्यः सः—एतानि च पदानि यदा; (पूर्वे=) पूर्वाणि; भवन्ति। स्वराश्च= स्वरान्तानि च; यदा; (पूर्वे=) पूर्वाणि पदानि; भवन्ति। व्यञ्जनं च यदा उत्तरम्; (एभ्यः=) एतेभ्यः; भवति। तदा तेऽनुलोमा अन्वक्षरसंधय इत्येवंसंज्ञा वेदितव्याः। एषः—"एष देवो अमर्त्यः।"[१] स्यः—"उत स्य वाजी क्षिपणिम्।"[२] सः—"स सुतः पीतये वृषा।"[३] स्वराः पूर्वे—"न नि मिषति सुरणः।"[४]

एष स्य स च स्वराश्च इति द्विश्चकारकरणं तुल्ययोगनिवृत्त्यर्थम्। तेनैतद्भवति—"प्रतिलोमास्तु विपर्यये त एव"[५] इत्यत्र एष स्य स इत्येते न गृह्यन्ते। यदि हि गृह्येरन्—"गमत्स गोमति"[६] इत्यत्र—"तत्र प्रथमास्तृतीयभावम्" इति तकारस्य दकारः स्यात्। द्विश्चकारकरणात्त्वयं दोषो न भवति॥

उ० भा० अ०—संधियाँ चार प्रकार की होती हैं। जैसे—दो 'स्वर' (-वर्णों) की; दो 'व्यञ्जन' (-वर्णों) की; 'व्यञ्जन' (-वर्ण) और 'स्वर' (-वर्ण) की (तथा) 'स्वर'

टि० (क) (प० पा०) "इन्द्र। आ। इहि।" में यदि 'आ' पहले पदान्त की तरह कार्य करे और फिर पदादि की तरह तो वह ('आ') 'इहि' के 'इ' के साथ मिलकर 'ए' हो जायेगा और फिर यह 'ए' 'इन्द्र' के 'अ' के साथ मिलकर 'ऐ' हो जायेगा और इस प्रकार "इन्द्रैहि" रूप सम्पन्न हो जायेगा जो संहिता-पाठ में उपलब्ध नहीं है। ऐसे रूपों के निवारण के लिए ही प्रस्तुत सूत्र का निर्माण किया गया है।

---

१ ऋ० ९।३।१ २ ऋ० ४।४०।४ ३ ऋ० ९।३७।१
४ ऋ० ३।२९।१४ ५ २।९ ६ ऋ० ७।३२।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(-वर्ण) और 'व्यञ्जन' (-वर्ण) की। उनमें से 'स्वर' (-वर्ण) और 'व्यञ्जन' (-वर्ण) की संधि को (सूत्रकार) कहते हैं—

एषः; स्यः, सः—ये पद; **यदा**=जब; **(पूर्वे=)** पूर्व में; **भवन्ति**=होते हैं। **स्वराश्च**=या 'स्वर' (-वर्ण) में अन्त होने वाले पद; **यदा**=जब; **(पूर्वे=)** पूर्व में; **भवन्ति**=होते हैं। और; **व्यञ्जनम्**='व्यञ्जन' (-वर्ण); **(एभ्यः=)** इनसे; **यदा उत्तरम्**=जब बाद में; होता है। तब; **तेऽनुलोमान्वक्षरसंधयः**=उन्हें 'अनुलोम अन्वक्षर' - संज्ञक संधियाँ जानना चाहिए। (उदाहरण) **एषः**—"एष देवो अमर्त्यः।"[क] **स्यः**—"उत स्य वाजी क्षिपणिम्।"[ख] **सः**—"स सुतः पीतये वृषा।"[ग] **'स्वर' (-वर्ण) पूर्व में होने पर**—"न नि मिषति सुरणः।"[घ]

एष स्य स च स्वराश्च में दो बार चकार शब्द का प्रयोग ('एषः,' 'स्यः', 'सः' तथा 'स्वर'-वर्णों के) तुल्य बल (योग) की निवृत्ति के लिए (किया गया है)। इससे यह (लाभ) होता है कि "('स्वर' वर्ण और 'व्यञ्जन'-वर्ण का) विपर्यय होने पर तो वे ही 'प्रतिलोम' ('अन्वक्षर' संधियाँ हो जाती हैं)"—यहाँ पर (अर्थात् इस सूत्र में) 'एषः', 'स्यः' (और) 'सः' का ग्रहण नहीं होता है। यदि इनका ग्रहण किया जावे तो "गमत्स गोमति" यहाँ (अर्थात् इस ऋचा में)—"उन ('प्रतिलोम अन्वक्षर' संधियों) में प्रथम ('स्पर्श') तृतीय ('स्पर्श') (हो जाते हैं)"—(इस सूत्र के अनुसार) तकार का दकार हो जायेगा (जो संहिता-पाठ में उपलब्ध नहीं होता है)। दो वार चकार शब्द के प्रयोग से तो यह दोष नहीं होता है।[ङ]

टि० (क) एषः। देवः। अमर्त्यः॥ प० पा०

यहाँ पर 'एषः' पूर्व में स्थित है और 'व्यञ्जन' (द्) बाद में स्थित है, अतः यहाँ 'अनुलोम अन्वक्षर' संधि है। यह ज्ञातव्य है कि 'एषः' के विसर्जनीय का लोप प्रस्तुत सूत्र से न होकर २।११ से हुआ है। अतः 'एषः' के बाद में 'व्यञ्जन' आ जाने मात्र से ही 'अनुलोम अन्वक्षर' संधि हो जाती है। प्रस्तुत सूत्र से कोई विकार नहीं होता। इसी प्रकार बाद वाले उदाहरणों को समझना चाहिए।

(ख) उत। स्यः। वाजी। क्षिपणिम्॥ प० पा०

(ग) सः। सुतः। पीतये। वृषा॥ प० पा०

(घ) न। नि। मिषति। सुऽरणः॥ प० पा०

इस उदाहरण में तीन स्थलों ("न+नि"; "नि+मि"; "ति+सु") पर 'अनुलोम अन्वक्षर' संधि है। स्पष्ट है कि कोई भी विकार नहीं हुआ है।

(ङ) गमत्। सः। गोऽमति॥ प० पा०

एष स्य स च स्वराश्च में चकार का दो बार ग्रहण यह बतलाने के लिए किया गया है कि 'एषः', 'स्यः', 'सः' तथा 'स्वर'-वर्ण समान बल वाले नहीं हैं और समान बल वाले न होने से यह लाभ होता है कि परवर्ती सूत्र २।९ में 'स्वर'-वर्ण का तो ग्रहण हो जाता है किंतु 'एषः', 'स्यः' और 'सः' का ग्रहण नहीं होता है। यदि इन तीन पदों का भी परवर्ती सूत्र में ग्रहण किया जावे तो 'व्यञ्जन' के बाद में 'एषः', 'स्यः' और 'सः' होने पर भी 'प्रतिलोम अन्वक्षर' संधि हो जायेगी।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(व्यञ्जनस्वरसंधयः)

(प्रतिलोमा अन्वक्षरसंधयः)

प्रतिलोमास्तु विपर्यये त एव ।।९।।

(व्यञ्जन और स्वर की संधि)

(प्रतिलोम अन्वक्षर संधियाँ)

सू० अ०—('स्वर'-वर्ण और 'व्यञ्जन'-वर्ण का) विपर्यय होने पर (अर्थात् 'व्यञ्जन'-वर्ण पूर्व में और 'स्वर'-वर्ण बाद में होने पर) तो वे ही 'प्रतिलोम' ('अन्वक्षर' संधियाँ हो जाती हैं) ।

उ० भा०—त एव अन्वक्षरसंधयः; (प्रतिलोमाः=) प्रतिलोमोपपदाः; भवन्ति; (विपर्यये=) यदा स्वरव्यञ्जनविपर्ययो भवति । पूर्वेषु संधिषु स्वराः पूर्वे व्यञ्जनान्युत्तराणि; इह तु व्यञ्जनानि पूर्वाणि स्वरा उत्तर इत्यर्थः । "तमिन्द्रं॰दानमीमहे ।।"[१]

उ० भा० अ०—**त एव**=वे ही; अन्वक्षरसंधियाँ; **(प्रतिलोमाः=)** 'प्रतिलोम' उपपद वाली; हो जाती हैं (अर्थात् वे 'प्रतिलोम अन्वक्षर' संधियाँ हो जाती हैं); **(विपर्यये=)** जब 'स्वर' (-वर्ण) और 'व्यञ्जन' (-वर्ण) का परस्पर स्थान-परिवर्तन (विपर्यय) हो जाता है । पूर्ववर्ती ('अनुलोम अन्वक्षर') संधियों में 'स्वर' (-वर्ण) पूर्व में (और) 'व्यञ्जन' (-वर्ण) बाद में होते हैं; यहाँ ('प्रतिलोम अन्वक्षर' संधियों में) तो 'व्यञ्जन' (-वर्ण) पूर्व में और 'स्वर' (-वर्ण) बाद में होते हैं—यह अर्थ है । (जैसे) "तमिन्द्रं दानमीमहे ।"क

(प्रतिलोमान्वक्षरसंधिषु प्रथमस्पर्शस्य तृतीयभावः)

तत्र प्रथमास्तृतीयभावं प्रतिलोमेषु नियन्ति ।।१०।।

(प्रतिलोम अन्वक्षर संधियों में प्रथम स्पर्श का तृतीय होना)

सू० अ०—उन 'प्रतिलोम' ('अन्वक्षर' संधियों) में प्रथम ('स्पर्श') तृतीय ('स्पर्श') हो जाते हैं ।

उदाहरण के लिए "गमत्सः" भी 'प्रतिलोम अन्वक्षर' संधि का स्थल होगा । ऐसा होने पर 'प्रतिलोम अन्वक्षर' संधि के नियम (२।१०) से तकार का दकार हो जायेगा जिससे यह संहिता बन जायेगी—"गमद्सः" जो उपलब्ध पाठ नहीं है । इस दोष के परिहार के लिए ही सूत्रकार ने सूत्र में चकार का दो बार प्रयोग किया है जिससे परवर्ती सूत्र में इन तीन पदों का ग्रहण नहीं होता है ।

टि० (क) तम् । इन्द्रम् । दानम् । ईमहे ।। प० पा०

इस उदाहरण में 'प्रतिलोम अन्वक्षर' संधि दो स्थलों ("म्+इ"; "म्+ई") पर है । 'व्यञ्जन' (-वर्ण) और 'स्वर' (-वर्ण) केवल मिल गए हैं । कोई विकार नहीं हुआ है ।

---

[१] ऋ० ८।४६।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—तत्र=तेषु; प्रतिलोमेषु अन्वक्षरसंधिषु प्रथमाः स्पर्शाः पदान्तीयाः तृतीयभावम्; (नियन्ति=) गच्छन्ति। "अर्वागा वर्तया हरी"[१]; "हव्यवाळग्निरजरः पिता नः"[२]; "यदङ्ग दाशुषे त्वम्"[३]; "इन्द्रस्य त्रिष्टुबिह भागः॥"[४]

उ० भा० अ०—**तत्र**=उन; **प्रतिलोमेषु**='प्रतिलोम अन्वक्षर' संधियों में; **प्रथमाः**=प्रथम 'स्पर्श'; पद के अन्त में आने पर; **तृतीयभावम्**=तृतीयभाव को; **(नियन्ति=)** प्राप्त हो जाते हैं (=तृतीय 'स्पर्श' हो जाते हैं)। (उदाहरण) "अर्वागा वर्तया हरी"क; "हव्यवाळग्निरजरः पिता नः"ख; "यदङ्ग दाशुषे त्वम्"ग; "इन्द्रस्य त्रिष्टुबिह भागः।"घ

(अनुलोमान्वक्षरसंधिषु ऊष्मलोपः)

अथेतरेषु। ऊष्मा परिलुप्यते त्रयाणां स्वरवर्जम् ॥११॥

(अनुलोम अन्वक्षर संधियों में ऊष्मन् का लोप)

सू० अ०—('प्रतिलोम अन्वक्षर' संधियों से) अन्य (अर्थात् 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियों) में तीनों (अर्थात् 'एषः', 'स्यः' और 'सः') का विसर्जनीय (ऊष्मन्), 'स्वर' (-वर्ण) को छोड़कर, लुप्त हो जाता है।

उ० भा०—**अथेतरेषु**=अनुलोमेष्वन्वक्षरसंधिषु; **ऊष्मा**=विसर्जनीयः; **(परिलुप्यते=)** लुप्यते। **त्रयाणां** पदानामेष स्य स इत्येतेषाम्। **स च; स्वरवर्जम्**=स्वरं वर्जयित्वा। "सहोपधोऽरिफितः"[५] इत्यादिना विसर्जनीयलोपे सति स्वरस्य लोपः प्राप्नोति। अतः **स्वरवर्जम्** इत्युच्यते। "एष कविरभिष्टुतः।"[६] "उत स्य वाजी।"[७] स वाज्यर्वा॥"[८]

उ० भा० अ०—**अथेतरेषु**=('प्रतिलोम अन्वक्षर' संधियों से) अन्य में='अनुलोम अन्वक्षर' संधियों में; **ऊष्मा**=विसर्जनीय; **(परिलुप्यते=)** लुप्त हो जाता है। 'एषः', 'स्यः' और 'सः' इन; **त्रयाणाम्**=तीनों का। और वः **स्वरवर्जम्**='स्वर' (-वर्ण) को छोड़कर (लुप्त होता है)। "अरिफित (विसर्जनीय) को उपधा के सहित" इत्यादि (सूत्र के) द्वारा विसर्जनीय का लोप होने पर 'स्वर' (-वर्ण) का लोप प्राप्त होता है। इसलिए "'स्वर' (-वर्ण) को छोड़कर"—यह कहा गया है।ङ (उदाहरण) "एष कविरभिष्टुतः।"च "उत स्य वाजी।"छ "स वाज्यर्वा।"ज

टि० (क) अर्वाक्। आ। वर्तय। हरी इति॥ प० पा०
(ख) हव्यऽवाट्। अग्निः। अजरः। पिता। नः॥ प० पा०
(ग) यत्। अङ्ग। दाशुषे। त्वम्॥ प० पा०
(घ) इन्द्रस्य। त्रिऽस्तुप्। इह। भागः॥ प० पा०
(ङ) १।६७ में यह बतलाया गया है कि 'अरिफित' विसर्जनीय को उपधाभूत 'स्वर'-वर्ण के साथ एक वर्ण के समान जानना चाहिए। अतएव विसर्जनीय का लोप होने पर उपधाभूत 'स्वर'-वर्ण का लोप प्राप्त होता है क्योंकि ये दोनों (विसर्जनीय और

---

१ ऋ० ४।३२।१५ २ ऋ० ५।४।२ ३ ऋ० १।१।६ ४ ऋ० १०।१३०।५
५ १।६७ ६ ऋ० ९।२७।१ ७ ऋ० ४।४०।४ ८ ऋ० ४।३६।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न तु यत्र तानि पद्याः[क] ॥१२॥

सू० अ०—जहाँ वे ('एषः', 'स्यः' और 'सः') 'पद्य' (होते हैं) (वहाँ उनके विसर्जनीय का लोप) नहीं (होता)।

उ० भा०—(तानि=) एषः स्यः सः एतेषां मध्येऽन्यतमम्; यत्र=यस्मिन्पदे; (पद्याः=) सावग्रहम्; भवति तत्र विसर्जनीयलोपो न भवति। तद्यथा—"पशुषो न वाजान्"[१] इत्याद्युदाहरणं द्रष्टव्यम् ॥

उ० भा० अ०—(तानि=) 'एषः', 'स्यः' और 'सः'—इनके मध्य में कोई भी एक; यत्र=जहाँ (अर्थात्) जिस पद में; (पद्याः=) सावग्रह; होता है वहाँ विसर्जनीय का लोप; न=नहीं; होता है। जैसे—"पशुषो न वाजान्" इत्यादि उदाहरणों को देखना चाहिए।[ख]

(अन्तःपदं विवृत्तयः, तदन्याश्च विवृत्तयः)

पुरएता तितउना प्रउगं नमउक्तिभिः।
अन्तःपदं विवृत्तयः ॥१३॥

(पद के मध्य वाली विवृत्तियाँ और उनसे अन्य विवृत्तियाँ)

सू० अ०—'पुरएता', 'तितउना', 'प्रउगम्' 'नमउक्तिभिः' (ये चार) पद के मध्य में स्थित विवृत्तियाँ हैं।

उ० भा०—"स्वरान्तरं तु विवृत्तिः"[२] इत्युक्तम्। अथ पदमध्ये या विवृत्तयस्ताः प्रतिपादयत्यवग्रहसंदेहव्युदासार्थम्। पुरएता तितउना प्रउगं नमउक्तिभिः—एताः; अन्तः-पदम्=पदस्य मध्ये; विवृत्तयः। पुरएता—"इन्द्र प्र णः पुरएतेव।"[३] ननु—"पुरएतासि महतो धनस्य"[४] इत्येतत्कस्मान्नोदाहरणं भवति? "पदवच्च पद्यान्"[५] इति परिभाषितत्वात्पद-

उपधाभूत 'स्वर'-वर्ण) मिलकर एक वर्ण होते हैं और लोप सम्पूर्ण वर्ण का ही होना चाहिए किंतु यहाँ उपधाभूत 'स्वर'-वर्ण का लोप अभीष्ट नहीं है। अतः सूत्रकार ने "स्वरवर्जम्" कहकर यह बतला दिया कि विसर्जनीय का ही लोप होता है, उसके उपधाभूत 'स्वर'-वर्ण का नहीं।

(च) एषः। कविः। अभिऽस्तुतः॥ प० पा०

(छ) उत। स्यः। वाजी॥ प० पा०

(ज) सः। वाजी। अर्वा॥ प० पा०

टि० (क) 'तानि' और 'पद्याः' में लिङ्ग-भेद "छन्दोवत्सूत्राणि भवन्ति" न्याय की ओर संकेत करता है।

(ख) पशुऽसः। न। वाजान्॥ प० पा०

'पशुऽसः' में 'सः' 'पद्य' है, अतः इसके विसर्जनीय का लोप नहीं होता, अपितु यह विसर्जनीय ४।२५ से ओकार हो जाता है।

---

[१] ऋ० ५।४१।१ [२] २।३ [३] ऋ० ६।४७।७ [४] ऋ० ९।९७।२९ [५] १।६१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संधिरेवायम्। तितउना—"सक्तुमिव तितउना।"[१] **प्रउगम्**—"छन्दः किमासीत्प्रउगम्।"[२] **नमउक्तिभिः**—"दाश्नोति नमउक्तिभिः॥"[३]

उ० भा० अ०—"दो 'स्वर' (-वर्णों) के मध्य-अवकाश को 'विवृत्ति' (कहते हैं)"—यह कहा जा चुका है। अब पद के मध्य में जो विवृत्तियाँ हैं, उनका प्रतिपादन 'अवग्रह' के सन्देह को दूर करने के लिए करते हैं।[क] **पुरएता तितउना प्रउगं नमउक्तिभिः**—ये; **अन्तःपदम्**=पद के मध्य में; **विवृत्तयः**=विवृत्तियाँ हैं। **पुरएता**-"इन्द्र प्र णः पुरएतेव।"[ख] (प्रश्न)—"पुरएतासि महतो धनस्य"[ग]—यह किस कारण से ('अन्तःपदविवृत्ति' का) उदाहरण नहीं है? (उत्तर) "पद्यों को पद के समान (जानना चाहिए)"—इस परिभाषा के अनुसार यह पदसंधि ही है।[घ] **तितउना**—"सक्तु-

टि० (क) तात्पर्य यह है कि यदि अन्तःपद विवृत्तियों का प्रतिपादन न किया जावे तो इनके स्थलों पर लोग 'अवग्रह' का संदेह करने लगेंगे। उदाहरण के लिए 'प्रउगम्' पद को लेते हैं। यदि यह न बतलाया जावे कि 'प्र' और 'उ' के मध्य में 'विवृत्ति' है तो कोई 'प्रउगम्' पद में उपसर्ग का प्रदर्शन करने के लिए 'प्र' और 'उ' के मध्य में 'अवग्रह' का सन्देह कर बैठेगा। 'विवृत्ति' का प्रतिपादन करने के अनन्तर तो ऐसा सन्देह नहीं हो सकता। यह निश्चित है कि 'विवृत्ति' के स्थल पर 'अवग्रह' नहीं होता क्योंकि 'विवृत्ति' और 'अवग्रह' का काल भिन्न है। इसीलिए भाष्यकार कह रहे हैं कि 'अवग्रह' के सन्देह को दूर करने के लिए सूत्रकार ने अन्तःपद विवृत्तियों का प्रतिपादन किया है। सम्पूर्ण ऋग्वेद में केवल इन्हीं स्थलों पर अन्तःपद विवृत्तियाँ हैं।

(ख) इन्द्र। प्र। नः। पुरएताऽइव॥ प० पा०

(ग) पुरःऽएता। असि। महतः। धनस्य॥ प० पा०

(घ) इस शंका के समाधान के लिए पहले हम इन दो पदों के पद-पाठ पर दृष्टि डालें—"पुरएताऽइव" तथा "पुरःऽएता"। दूसरे उदाहरण में हम देखते हैं कि "पुरःऽएता" सावग्रह पद है जिसका प्रत्येक 'पद्य' ('पुरः' और 'एता') "पदवच्च पद्यान्"—इस परिभाषा-सूत्र के अनुसार पद है। इसलिए 'पुरः' और 'एता'—ये दो 'पद्य' (पद) पदसंधि के द्वारा संहिता-पाठ में मिल जाते हैं क्योंकि पदान्त तथा पदादि में होने वाली जो संधि है उसे पदसंधि कहते हैं। इस प्रकार "पुरएतासि" में जो 'विवृत्ति' है वह पदसंधि के अन्तर्गत आ जाती है। इसके विपरीत पहले उदाहरण "पुरएतेव" (प० पा० "पुरएताऽइव") में 'पुरः' और 'एता' 'अवग्रह' से पृथक न होने के कारण दो 'पद्य' नहीं है। इसलिए "पुरएता" के मध्य में विद्यमान 'विवृत्ति' पदसंधि के अन्तर्गत नहीं आ सकती है। यह 'विवृत्ति' दो पदों के संधिस्थल पर नहीं, अपितु एक पद के मध्य में स्थित है। यही कारण है कि "पुरएतेव" 'अन्तःपदविवृत्ति' का उदाहरण दिया गया है, "पुरएता" नहीं।

---

[१] ऋ० १०।७१।२ [२] ऋ० १०।१३०।३ [३] ऋ० ८।४।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिव तितउना।"[क] **प्रउगम्**—"छन्दः किमासीत्प्रउगम्।"[ख] **नमउक्तिभिः**—"दाश्नोति नमउक्तिभिः।"[ग]

अतोऽन्याः पदसंधिषु ॥१४॥

सू० अ०—इन (चार विवृत्तियों) से अन्य (विवृत्तियों) को पदों की संधियों में (समझना चाहिए)।

उ० भा०—अतः=विवृत्तिचतुष्टयात्; या अन्या विवृत्तयस्ताः पदसंधिषु वेदितव्याः। "श्रुतऋषिमुग्रमभिमातिषाहम्"[१]; "कक्षीवन्तं य औशिजः॥"[२]

इत उत्तरं स्वरसंधयः प्राक्प्रकृतिभावात्—

उ० भा० अ०—**अतः**=इनसे=चार विवृत्तियों से; जो; **अन्याः**=अन्य; विवृत्तियाँ हैं उनको; **पदसंधिषु**=पदों की संधियों में; जानना चाहिए (वहाँ दो पदों के संधि-स्थल पर 'विवृत्ति' होती है)। (उदाहरण) "श्रुतऋषिमुग्रमभिमातिषाहम्"[घ]; "कक्षीवन्तं य औशिजः।"[ङ]

इसके आगे 'प्रकृतिभाव' से पहले तक स्वरसंधियों (को कहते हैं)—

(स्वरसंधयः)

(प्रश्लिष्टाः संधयः)

समानाक्षरे सस्थाने दीर्घमेकमुभे स्वरम् ॥१५॥

(स्वरसंधियाँ)

(प्रश्लिष्टसंधियाँ)

सू० अ०—समान 'स्थान' वाले दो 'समानाक्षर' एक 'दीर्घ' 'स्वर' (—वर्ण) (हो जाते हैं)।

उ० भा०—"अष्टौ समानाक्षराण्यादितः"[१] इत्युक्तम्। समानाक्षरे; (सस्थाने=) समानस्थाने; दीर्घमेकमुभे अपि स्वरम् आद्येते। "अश्वाजनि प्रचेतसः"[४]; "सद्यो जज्ञानो वि हीमिद्धः"[५]; "क्षीरं सर्पिर्मधूदकम्"।[६] समानाक्षरे इति किम्? "त एते वाचमभिपद्य पापया।"[७] सस्थानग्रहणं किम्? "द्रवन्नः सर्पिरासुतिः।"[८]

टि० (क) सक्तुम्ऽइव। तितउना॥ प० पा०
(ख) छन्दः। किम्। आसीत्। प्रउगम्॥ प० पा०
(ग) दाश्नोति। नमउक्तिऽभिः॥ प० पा०
(घ) श्रुतऽऋषिम्। उग्रम्। अभिमातिऽसहम्॥ प० पा०
(ङ) कक्षीवन्तम्। यः। औशिजः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १०।४७।३ [२] ऋ० १।१८।१ [३] १।१
[४] ऋ० ६।७५।१३ [५] ऋ० १०।४५।४ [६] ऋ० ९।६७।३२
[७] ऋ० १०।७१।९ [८] ऋ० २।७।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—"(वर्णमाला के) आदि में आठ (वर्ण) 'समानाक्षर' हैं"—यह कहा जा चुका है। (**सस्थाने**=) समान 'स्थान' वाले; **समानाक्षरे**=दो 'समानाक्षर'; **उभे**=दोनों ही; **दीर्घमेकं स्वरम्**=एक 'दीर्घ' 'स्वर' (—वर्ण); हो जाते हैं[क] (तात्पर्य यह है कि यदि पदान्त 'समानाक्षर' से परे पदादि 'सवर्ण' 'समानाक्षर' हो तो दोनों 'सवर्ण' समानाक्षरों के स्थान पर एक 'सवर्ण' 'दीर्घ' हो जाता है)। (उदाहरण) "अश्वाजनि प्रचेतसः"[ख]; "सद्यो जज्ञानो वि हीमिद्धः"[ग]; "क्षीरं सर्पिर्मधूदकम्।"[घ] "दो 'समानाक्षर'"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "त एते वाचमभिपद्य पापया।"[ङ] "समान 'स्थान' का (सूत्र में) ग्रहण" क्यों (किया)? (उत्तर) "द्रुवन्नः सर्पिरासुतिः।"[च]

इकारोदय एकारमकारः सोदयः ॥१६॥

सू० अ०—इकार ('इ' या 'ई') बाद में हो तो (पूर्ववर्ती) अकार ('अ' या 'आ') परवर्ती ('इ' या 'ई') के साथ मिलकर एकार (हो जाता है)।

उ० भा०—(इकारोदयः=) इकारपरः; अकारः एकारम् आपद्यते; सोदयः=सह परेणेकारेण। "एन्द्र सानसिं रयिम्"[१]; "एमेनं सृजता सुते।"[२]

उ० भा० अ०—(**इकारोदयः**=) इकारपर (=इकार है परे जिसके वह); **अकारः**=अकार='अ' या 'आ'; **एकारम्**=एकार; हो जाता है। **सोदयः**=परवर्ती (इकार='इ' या 'ई') के साथ (तात्पर्य यह है कि 'अ' या 'आ' पदान्त हो और 'इ' या 'ई' पदादि हो तो दोनों मिलकर 'ए' हो जाते हैं)। (उदाहरण) "एन्द्र सानसिं रयिम्"[छ]; "एमेनं सृजता सुते।"[ज]

टि० (क) पाणिनीय व्याकरण की 'दीर्घ', 'गुण' और 'वृद्धि' सन्धियों के लिए २।२० में केवल 'प्रश्लिष्ट'—संज्ञा का व्यवहार किया गया है। प्रस्तुत सूत्र में लौकिक 'दीर्घ' संधि के समान विषय का विधान किया गया है। यह बात स्मरणीय है कि ऋग्वेद में पद के अन्त में 'ऋ' कहीं भी नहीं आया है जिसके परिणाम-स्वरूप 'ऋ'+'ऋ'='ॠ' का उदाहरण नहीं मिलता।

(ख) अश्वऽअजनि। प्रऽचेतसः॥ प० पा०

(ग) सद्यः। जज्ञानः। वि। हि। ईम्। इद्धः॥ प० पा०

(घ) क्षीरम्। सर्पिः। मधु। उदकम्॥ प० पा०

(ङ) ते। एते। वाचम्। अभिऽपद्य। पापया॥ प० पा०
'ए' 'समानाक्षर' नहीं है, अतः 'ते' और 'एते' के दो 'ए' मिलकर एक 'स्वर' (-वर्ण) नहीं हुए हैं।

(च) द्रुऽअन्नः। सर्पिःऽआसुतिः॥ प० पा०
यहाँ पर 'द्रु' का 'उ' (पदान्त) और 'अन्नः' का 'अ' (पदादि)—य दोनों 'स्वर' (-वर्ण) यद्यपि 'समानाक्षर' हैं तथापि समान 'स्थान' वाले नहीं हैं। अतएव दोनों मिलकर एक 'दीर्घ' 'स्वर' (-वर्ण) नहीं हुए हैं।

(छ) आ। इन्द्र। सानसिम्। रयिम्॥ प० पा०

(ज) आ। ईम्। एनम्। सृजत। सुते॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १।८।१ [२] ऋ० १।९।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा । उकारोदय ओकारम् ॥१७॥

सू० अ०—उसी प्रकार उकार ('उ' या 'ऊ') बाद में हो तो (पूर्ववर्ती अकार='अ' या 'आ') ओकार (हो जाता है)।

उ० भा०—यथेकारोदयोऽकारः सोदय एकमेव वर्णमापद्यते; (तथा=) एवम्; अवर्ण उकारोदय ओकारम् आपद्यते। "एतायामोप गव्यन्त इन्द्रम्।"[१]

उ० भा० अ०—जिस प्रकार इकारपर (इकार है परे जिसके वह) अकार ('अ' या 'आ') परवर्ती ('इ' या 'ई') के सहित एक ही वर्ण ('ए') हो जाता है; **(तथा=)** उसी प्रकार; **उकारोदयः**=उकारपर (उकार है बाद में जिसके वह); अवर्ण ('अ' या 'आ') (परवर्ती 'उ' या 'ऊ' के सहित); **ओकारम्**=ओकार; हो जाता है[क] (तात्पर्य यह है कि 'अ' या 'आ' पदान्त हो और 'उ' या 'ऊ' पदादि हो तो दोनों मिलकर 'ओ' हो जाते हैं)। (उदाहरण) "एतायामोप गव्यन्त इन्द्रम्।"[ख]

परेष्वैकारमोजयोः ॥१८॥

सू० अ०—('समानाक्षर'-संज्ञक 'स्वर'-वर्णों के) बाद में आने वाले (अर्थात् संध्यक्षरों) के मध्य में जो विषम (=ओज='ए' 'ऐ') हैं वे बाद में हों तो (पूर्ववर्ती अकार='अ' या 'आ' परवर्ती 'ए' या 'ऐ' के सहित) ऐकार हो जाता है।

उ० भा०—परेषु=संध्यक्षरेषु; **ऐकारम्** आपद्यतेऽकारः सोदयः। किमविशेषेण? नेत्याह--**ओजयोः**=प्रथमतृतीययोः=ए ऐ इत्येतयोः। **आ एनम्**="ऐनं देवासः"[२]; "स्मदा परैदप दभ्रचेताः।"[३]

उ० भा० अ०-**परेषु**=बाद वाले परे हों तो='संध्यक्षर' परे हों तो; अकार ('अ' या 'आ') परवर्ती ('ए' या 'ऐ') के सहित; **ऐकारम्**=ऐकार; हो जाता है। क्या बिना किसी विशेष के (अर्थात् कोई भी 'संध्यक्षर' परे होने पर क्या अकार- 'अ' या 'आ'—ऐकार हो जाता है)? (उत्तर) नहीं, (सूत्रकार ने) कहा है--**ओजयोः**=विषम ('संध्यक्षर') परे होने पर=प्रथम और तृतीय परे होने पर='ए' और 'ऐ' परे होने पर (तात्पर्य यह

टि० (क) उपर्युक्त दो सूत्रों २।१६ और २।१७ में 'प्रश्लिष्ट' संधि के जिस प्रकार का विधान किया गया है वह पाणिनीय व्याकरण में 'गुण' संधि कहलाती है। केवल अन्तर इतना ही कि ऋग्वेद-संहिता में 'अ' तथा 'ऋ' की संधि से 'अर्' एकादेश नहीं होता है। ऋग्वेद-संहिता में 'अ' से परे 'ऋ' हो तो 'अ' में कोई विकार नहीं होता और 'आ' से परे 'ऋ' हो तो 'आ' का 'अ' हो जाता है। इसके लिए २।३२ को देखिए।

(ख) आ। इत। अयाम। उप। गव्यन्तः। इन्द्रम्॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १।३३।१ [२] ऋ० १।१२३।१

[३] ऋ० १०।६१।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ह कि 'अ' या 'आ' पदान्त हो और 'ए' या 'ऐ' पदादि हो तो दोनों मिलकर 'ऐ' हो जाते हैं)। (उदाहरण) आ एनम्="ऐनं देवासः"क; "स्मदा परैदप दभ्रचेताः।"ख

औकारं युग्मयोः ॥१९॥

सू० अ०—सम (even) **('संध्यक्षर'='ओ', 'औ') बाद में हों तो (पूर्ववर्ती अकार='अ' या 'आ' परवर्ती 'ओ' या 'औ' के सहित) औकार (हो जाता है)।**

उ० भा०—(युग्मयोः=) द्वितीयचतुर्थयोः=ओकारौकारयोः; अकार औकारम् आपद्यते सोदयः। "यत्रौषधीः समग्मत"१; "तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन्॥"२

उ० भा० अ०—(संध्यक्षरों में) **(युग्मयोः=)=सम**=द्वितीय और चतुर्थ=ओकार और औकार बाद में हों तो; अकार ('आ' या 'आ') परवर्ती ('ओ' या 'औ') के सहित; **औकारम्**=औकार; हो जाता है (तात्पर्य यह है कि 'अ' या 'आ' पदान्त हो और 'ओ' या 'औ' पदादि हो तो दोनों मिलकर 'औ' हो जाते हैं)। (उदाहरण) "यत्रौषधीः समग्मत"ग; "तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन्।"घ

एते प्रश्लिष्टा नाम संधयः ॥२०॥

सू० अ०—ये (१।१५ से १।१९ तक विहित) 'प्रश्लिष्ट' नाम की संधियाँ हैं।

उ०भा०—(प्रश्लिष्टा नाम=) प्रश्लिष्टसंज्ञाः; संधयः वेदितव्या एते—"समानाक्षरे सस्थाने"३ इत्यत आरभ्य। प्रयोजनम्—"प्रश्लिष्टादभिनिहितात्"४ इति॥

उ० भा० अ०—"समान 'स्थान' वाले दो 'समानाक्षर' (एक 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण हो जाते हैं)" से लेकर; **एते संधयः**=इन संधियों को; **(प्रश्लिष्टा नाम=)** 'प्रश्लिष्ट'-संज्ञक; जानना चाहिए। **(प्रश्लिष्ट-संज्ञा का) प्रयोजन "प्रश्लिष्ट** से और 'अभिनिहित' से (परवर्ती 'अनुस्वार' संहिता-पाठ में 'दीर्घ'-पूर्व हो जाता है)।"

(क्षैप्राः संधयः)

समानाक्षरमन्तस्थां स्वामकण्ठ्यं स्वरोदयम् ॥२१॥

(क्षैप्रसंधियाँ)

सू० अ०—'स्वर' (—वर्ण) बाद में हो तो (पूर्ववर्ती) अकण्ठ्य 'समानाक्षर' ('इ', 'ई', 'उ', 'ऊ') अपना 'अन्तःस्था' ('य्', 'व्') (हो जाता है)।

टि० (क) आ। एनम्। देवासः॥ प० पा०
(ख) स्मत्। आ। परा। ऐत्। अप। दभ्रऽचेताः॥ प० पा०
(ग) यत्र। ओषधीः। सम्ऽअग्मत॥ प० पा०
(घ) तम्। यज्ञम्। बर्हिषि। प्र। औक्षन्॥ प० पा०

---

१ ऋ० १०।९७।६ २ ऋ० १०।९०।७ ३ २।१५ ४ १३।२६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**समानाक्षरम्** उक्तलक्षणम्; **अन्तःस्थाम्** आपद्यते; **स्वां स्थानेन**। **अकण्ठ्यम्**=कण्ठ्यरहितम्=अकाराकाराभ्यां विना; **स्वरोदयम्**=स्वरपरम्। यथा—"अभ्यार्षेयं जमदग्निवन्नः"[१]; "अधीन्वत्र सप्तिं च सप्त च।"[२]

अकण्ठ्यग्रहणं यथासंख्यनिवृत्त्यर्थम्। यथासंख्यं हि सम्भवति—चतस्रोऽन्तःस्थाश्चत्वारश्च स्वराः—"ह्रस्वदीर्घौ सवर्णौ"[३] इति वचनात्॥

उ० भा० अ०—जिसका लक्षण कहा जा चुका है वह; **समानाक्षरम्**='समानाक्षर'; (उच्चारण-)'स्थान' के अनुसार; **स्वाम्**=अपना; **अन्तःस्थाम्**='अन्तःस्था'; हो जाता है। **अकण्ठ्यम्**=कण्ठ्यरहित=अकार और आकार के बिना; **स्वरोदयम्**=स्वरपर ('स्वर'-वर्ण है परे जिसके वह) (तात्पर्य यह है कि 'इ' या 'ई' तथा 'उ' या 'ऊ' पदान्त हो और 'स्वर'-वर्ण पदादि हो तो 'इ' या 'ई' का 'य्' और 'उ' या 'ऊ' का 'व्' हो जाता है)।[क] **जैसे**—"अभ्यार्षेयं जमदग्निवन्नः"[ख]; "अधीन्वत्र सप्तिं च सप्त च।"[ग]

अकण्ठ्य (पद का सूत्र में) ग्रहण यथासंख्य की निवृत्ति के लिए (किया गया है)। क्योंकि यथासंख्य सम्भव है। चार 'अन्तःस्था' हैं और—"('ह्रस्व' का विधान होने पर) 'सवर्ण' 'ह्रस्व' और 'दीर्घ' को (समझना चाहिए)"—इस नियम से चार 'स्वर' (-वर्ण) हैं।[घ]

न समानाक्षरे स्वे स्वे ॥२२॥

सू० अ०—यदि अपना-अपना (अकण्ठ्य) 'समानाक्षर' बाद में हो तो (पूर्ववर्ती अकण्ठ्य 'समानाक्षर' 'अन्तःस्था') नहीं (होता है)।

टि० (क) इस सूत्र में प्रतिपादित 'क्षैप्र' संधि को पाणिनीय व्याकरण में 'यण्' संधि कहा जाता है। ऋग्वेद में पद के अन्त में 'ऋ' उपलब्ध नहीं होता है, इसलिए 'ऋ' के 'र्' होने का कोई उदाहरण उपलब्ध नहीं होता है। लौकिक संस्कृत में 'ऋ' के 'र्' होने के अनेक उदाहरण उपलब्ध होते हैं।

(ख) अभि। आर्षेयम्। जमदग्निऽवत्। नः॥ प० पा०

(ग) अधि। इत्। नु। अत्र। सप्ततिम्। च। सप्त च॥ प० पा०

(घ) तात्पर्य यह है कि यदि **अकण्ठ्य**-पद का सूत्र में ग्रहण न किया जाता तो कोई यह समझ सकता था कि 'अ' ('अ' या 'आ'), 'ऋ' ('ऋ' या 'ॠ'), 'इ' ('इ' या 'ई') और 'उ' ('उ' या 'ऊ')—ये चार 'स्वर'-वर्ण क्रम से 'य्', 'र्', 'ल्' और 'व्'—ये चार 'अन्तःस्था'-वर्ण—हो जाते हैं क्योंकि चार ही 'स्वर'-वर्ण हैं और चार ही 'अन्तःस्था'-वर्ण हैं और नियम यह है कि समसम्बन्धी विधि यथासंख्य होती है अर्थात् यदि स्थानी और आदेश की संख्या समान हो तो वहाँ पर आदेश क्रम से—प्रथम को प्रथम, द्वितीय को द्वितीय—इस प्रकार से होते हैं। ऐसा करने पर प्रकृत में अनिष्ट स्थिति बनती है। इस अनिष्ट स्थिति के निवारण के लिए **अकण्ठ्य** पद को सूत्र में रखा गया है।

---

[१] ऋ० ९।९७।५१ [२] ऋ० १०।९३।१५ [३] १।५५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—न भवति क्षैप्रः समानाक्षरे स्वे स्वे। ननु तत्रोक्तः प्रश्लिष्टः संधिः ? सत्यमुक्तः; यदि नामैवं मन्यते—मात्रिके प्रश्लिष्टश्चरितार्थः। यथा—"दिवीव सूर्यं दृशे"[१]; "सूपस्थाभिर्न धेनुभिः।"[२] द्विमात्रिकेषु क्षैप्रस्यावकाशः; तन्मा भूदिति "न समानाक्षरे" इत्युक्तम् ॥

उ० भा० अ०—**समानाक्षरे स्वे स्वे**=अपना-अपना 'समानाक्षर' बाद में हो तो; 'क्षैप्र' (संधि); **न**=नहीं; होती है (अर्थात् यदि किसी 'समानाक्षर' के उपरान्त वही 'समानाक्षर' हो तो 'क्षैप्र' संधि नहीं होती है)। (शङ्का) वहाँ तो 'प्रश्लिष्ट' संधि कही जा चुकी है।[क] (समाधान) (यह) सत्य है (कि ऐसे स्थलों पर 'प्रश्लिष्ट' संधि) कही जा चुकी है (किंतु) यदि कोई यह मान ले कि एक मात्रा वाले ('समानाक्षर') में 'प्रश्लिष्ट' संधि चरितार्थ हो जाती है। जैसे—"दिवीव सूर्यं दृशे"[ख]; "सूपस्थाभिर्न धेनुभिः।"[ग] (इस प्रकार एक मात्रा वाले 'ह्रस्व' समानाक्षरों में 'प्रश्लिष्ट' संधि के चरितार्थ हो जाने पर) दो मात्रा वाले ('दीर्घ'-समानाक्षरों) में 'क्षैप्र' (संधि) का अवकाश है। ('दीर्घ' समानाक्षरों में) वह ('क्षैप्र' संधि) न हो इसलिए **न समानाक्षरे**··· यह (सूत्र) कहा है।

ते क्षैप्राः प्राकृतोदयाः ॥२३॥

सू० अ०—अविकृत (प्राकृत) परवर्ती ('स्वर'—वर्ण; उदय) वाली वे (संधियाँ) 'क्षैप्र' (कहलाती हैं) (अर्थात् 'क्षैप्र' संधियों में पदादि अविकृत रहता है)।

उ० भा०—ते क्षैप्राः संधयः; प्राकृतोदयाः=प्राकृतस्वरोदयाः। प्राकृतग्रहणं सोदयाधिकारनिवृत्त्यर्थम्। क्षैप्रसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"क्षैप्राभिनिहितेषु च।"[१]

उ० भा० अ०=**प्राकृतोदयाः**=अविकृत हैं परवर्ती 'स्वर' (-वर्ण) जिनके; **ते**=वे; संधियाँ; **क्षैप्राः**='क्षैप्र' (-संज्ञक) हैं (अर्थात् जिनके परवर्ती 'स्वर'-वर्ण बिना किसी विकार के अवस्थित रहते हैं वे उपर्युक्त संधियाँ 'क्षैप्र'-संज्ञक हैं)। (सूत्र में) प्राकृत (पद) का ग्रहण २।१६ से प्राप्त 'सोदय' अधिकार की निवृत्ति के लिए (किया गया है)।[घ] क्षैप्र-संज्ञा का प्रयोजन—"**क्षैप्र** और 'अभिनिहित' (संधियों) में।"

टि० (क) तात्पर्य यह है कि 'समानाक्षर' के उपरान्त यदि वही 'समानाक्षर' हो तो वहाँ 'प्रश्लिष्ट' संधि होती है जिसे पहले ही कहा जा चुका है। अतः इस सूत्र की क्या आवश्यकता थी ? ऐसे स्थलों पर 'प्रश्लिष्ट' संधि विहित होने के कारण 'क्षैप्र' संधि की प्राप्ति ही नहीं, तब फिर निषेध क्यों ?

(ख) दिविऽइव। सूर्यम्। दृश ॥ प० पा०

(ग) सुऽउपस्थाभिः। न। धेनुऽभिः ॥ प० पा०

(घ) तात्पर्य यह है कि 'क्षैप्र' संधियों में अकण्ठ्य 'समानाक्षर' (=इवर्ण तथा उवर्ण) (पदान्त) परवर्ती 'स्वर'-वर्ण (पदादि) के साथ मिलकर 'अन्तःस्था' नहीं होता है, अपितु अकण्ठ्य 'समानाक्षर' अकेला 'अन्तःस्था' हो जाता है और परवर्ती 'स्वर'-वर्ण (पदादि) ज्यों का त्यों बिना किसी विकार के अवस्थित रहता है।

---

[१] ऋ० १०।६०।५ [२] ऋ० ९।६१।२१, [१] ३।१३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पदवृत्तयः संधयः)

विसर्जनीयोऽरिफितो दीर्घपूर्वः स्वरोदयः ।
आकारम् ॥२४॥

(पदवृत्ति नामक संधियाँ)

सू० अ०—यदि 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) पूर्व में हो तथा 'स्वर' (-वर्ण) ('ह्रस्व' या 'दीर्घ') बाद में हो तो 'अरिफित' विसर्जनीय आकार हो जाता है) ।

उ० भा०—विसर्जनीयोऽरिफितो दीर्घपूर्वः सहोपधः; **स्वरोदयः**=स्वरपरः; **आकारम्** आपद्यते । यथा—"या ओषधीः सोमराज्ञीः ।"[१] **अरिफितः** इति किम् ? "वारिन्मण्डूक इच्छति ।"[२] **स्वरोदय**ग्रहणं समानाक्षराधिकारनिवृत्त्यर्थम् ॥

उ० भा० अ०—**दीर्घपूर्वः**='दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) है पूर्व में जिसके वह; **स्वरोदयः**='स्वर'-पर='स्वर'-वर्ण है बाद में जिसके वह; **विसर्जनीयोऽरिफितः**='अरिफित' विसर्जनीय; उपधा के सहित; **आकारम्**=आकार; हो जाता है (अर्थात् 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण पूर्व में होने पर और 'स्वर'-वर्ण—'ह्रस्व' या 'दीर्घ' बाद में होने पर 'अरिफित' पदान्त विसर्जनीय पूर्ववर्ती 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण के सहित आकार हो जाता है) । जैसे—"या ओषधीः सोमराज्ञीः ।"[क] "'अरिफित' (विसर्जनीय)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "वारिन्मण्डूक इच्छति ।"[ख] "स्वरोदयः" का सूत्र में ग्रहण 'समानाक्षर' के अधिकार की निवृत्ति के लिए है ।[ग]

उत्तमौ च द्वौ स्वरौ ॥२५॥

सू० अ०—अन्तिम (उत्तम) दो 'स्वर' (-वर्ण) ('ऐ', 'औ') भी (आकार हो जाते हैं, यदि बाद में 'स्वर'-वर्ण हो) ।

उ० भा०—(उत्तमौ द्वौ स्वरौ=) ऐ औ; आकारमापद्येते स्वरोदयौ । "सूर्याय पन्थामन्वेतवा उ"[३]; "उभा उ नूनम् ॥"[४]

टि० (क) याः । ओषधीः । सोमऽराज्ञीः ॥ प० पा०

'याः' के 'अरिफित' विसर्जनीय के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण ('आ') है और बाद में 'स्वर'-वर्ण ('ओ') है, इसलिए यह विसर्जनीय पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण ('आ'= उपधा) के सहित 'आ' हो गया ।

(ख) वाः । इत् । मण्डूकः । इच्छति ॥ प० पा०

यद्यपि 'वाः' के विसर्जनीय के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण ('आ') है और बाद में 'स्वर'-वर्ण ('इ') है, तथापि यह विसर्जनीय आकार नहीं अपितु ४।२७ से रेफ हो जाता है क्योंकि यह विसर्जनीय 'अरिफित' न होकर १।१०३ से 'रिफित' है ।

(ग) यहाँ पर 'अरिफित' विसर्जनीय के बाद में 'समानाक्षर' ही नहीं अपितु कोई भी 'स्वर'-वर्ण हो तो प्रस्तुत संधि होती है ।

---

[१] ऋ० १०।९७।१८ [२] ऋ० ९।११२।४
[३] ऋ० १।२४।८ [४] ऋ० १०।१०६।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(उत्तमौ द्वौ स्वरौ=अन्तिम दो 'स्वर'-वर्ण=) 'ऐ' 'औ'; आकार हो जाते हैं, यदि इनके बाद में 'स्वर' (-वर्ण) हो। (उदाहरण) "सूर्याय पन्थामन्वेतवा उ"क; "उभा उ नूनम्।"ख

ताः पदवृत्तयः ॥२६॥

सू० अ०—ये 'पदवृत्ति' (-संज्ञक संधियाँ हैं)।

उ० भा०—ता एतास्तिस्रः पदवृत्तय उच्यन्ते। अत्र याभिः संज्ञाभिः शास्त्रकृद्व्यवहरति तावत्यः स्वव्यवहारार्थाः। याभिर्व्यवहारो नास्ति तासां ज्ञाने धर्मः फलम् ॥

उ० भा० अ०—ताः=ये; तीन ['आः'='आ'; 'ऐ'='आ'; 'औ'='आ']; पदवृत्तयः=पदवृत्तियाँ; कही जाती हैं। जिन संज्ञाओं का शास्त्रकार (अपने ग्रन्थ में) व्यवहार करते हैं उतनी (संज्ञायें) अपने व्यवहार के लिए हैं। जिन संज्ञाओं का (ग्रन्थ में) व्यवहार नहीं हुआ है उनके ज्ञान से प्राप्त धर्म (उन संज्ञाओं का) फल है।ग

(उद्ग्राहाः संधयः)

ह्रस्वपूर्वस्तु सोऽकारम् ॥२७॥

(उद्ग्राह संधियाँ)

सू० अ०—'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) पूर्व में हो तो ('अरिफित' विसर्जनीय उपधा के सहित) अकार (हो जाता है)।

उ० भा०—ह्रस्वपूर्वस्तु; सः=अरिफितो विसर्जनीयः; सोपधः स्वरोदयः अकारम् आपद्यते। "य इन्द्र सोमपातमः।"१ "अरिफितः" इत्येव—"अन्तरिच्छन्ति तं जने ॥"२

उ० भा० अ०—ह्रस्वपूर्वस्तु='ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) है पूर्व में जिसके; सः=वह 'अरिफित' विसर्जनीय; 'स्वर' (-वर्ण) ('ह्रस्व' या 'दीर्घ') परे होने पर, उपधा के सहित अकारम्=अकार; हो जाता है (अर्थात् 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण पूर्व में हो और कोई भी 'स्वर'-वर्ण बाद में हो तो 'अरिफित' विसर्जनीय पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण के सहित 'अ' हो जाता है)। (उदाहरण) "य इन्द्र सोमपातमः।"घ (इस सूत्र में भी) 'अरिफित' (विसर्जनीय) ही (समझना चाहिए)—"अन्तरिच्छन्ति तं जने।"ङ

टि० (क) सूर्याय। पन्थाम्। अनुऽएतवै। ऊँ इति ॥ प० पा०

(ख) उभौ। ऊँ इति। नूनम् ॥ प० पा०

(ग) भाष्यकार का कहना है कि यद्यपि 'पदवृत्ति'—संज्ञा का ग्रन्थ में कहीं भी व्यवहार नहीं हुआ है तथापि यह संज्ञा करना निरर्थक नहीं है। इस संज्ञा के ज्ञान से धर्म रूप फल की प्राप्ति होती है।

(घ) यः। इन्द्र। सोमऽपातमः ॥ प० पा०
'यः' के 'अरिफित' विसर्जनीय के पूर्व में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ग ('अ') है

१ ऋ० ८।१२।१ २ ऋ० ८।७२।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्वौ चोपोत्तमात्स्वरौ ॥२८॥

सू० अ०—उपोत्तम (अन्तिम 'स्वर'-वर्ण से पूर्ववर्ती अर्थात् 'ऐ') से पूर्व वाले दो 'स्वर' (-वर्ण) ('ए' और 'ओ') भी (अकार हो जाते हैं, यदि बाद में 'स्वर'-वर्ण हो)।

उ० भा०—पूर्वौ चोपोत्तमात्। उत्तमात् पूर्वः स्वरः=ऐकारः; तस्मात् (=उपोत्तमात्) पूर्वौ (स्वरौ=) एकारौकारौ स्वरपरावकारमापद्येते। "अग्न इन्द्र वरुण मित्र देवाः"[१]; "वाय उक्थेभिर्जरन्ते ॥"[२]

उ० भा० अ०—पूर्वौ चोपोत्तमात्=उपोत्तम से पूर्व वाले दो ('स्वर'-वर्ण) भी। अन्तिम (उत्तम) ('स्वर'-वर्ण='औ') से पूर्व वाला 'स्वर' (-वर्ण) ऐकार (उपोत्तम) है; उस (उपोत्तमात्=अन्तिम से पूर्व वाले 'स्वर'-वर्ण) से पूर्व वाले दो (स्वरौ='स्वर'-वर्ण=) एकार और ओकार; 'स्वर' (-वर्ण) परे होने पर, अकार हो जाते हैं (तात्पर्य यह है कि 'स्वर'-वर्ण परे (=पदादि) होने पर, (पदान्त) 'ए' और 'ओ' का 'अ' हो जाता है)। (उदाहरण) "अग्न इन्द्र वरुण मित्र देवाः"क; "वाय उक्थेभिर्जरन्ते।"ख

त उद्ग्राहाः ॥२९॥

सू० अ०—ये 'उद्ग्राह' (-संज्ञक संधियाँ हैं)।

उ० भा०—ते; (उद्ग्राहाः=) उद्ग्राहसंज्ञाः; संधयो वेदितव्याः। "उद्ग्राहाणां पूर्वरूपाण्यकारे"[३] इति प्रयोजनम् ॥

उ० भा० अ०—ते=(२।२७ और २।२८ में कही गई) इन (संधियों) को, (उद्ग्राहाः=) 'उद्ग्राह'-संज्ञक; संधियाँ जानना चाहिए। "अकार बाद में हो तो 'उद्ग्राह' (संधियों) के पूर्व-रूप ('प्रकृतिभाव' से रहते हैं)"—यह ('उद्ग्राह'-संज्ञा का) प्रयोजन है।

(१४७घ) और बाद में 'स्वर'-वर्ण ('इ') है, इसलिए यह विसर्जनीय अपने पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण ('अ'; उपधा) के सहित 'अ' हो गया।

(ङ) अन्तः। इच्छन्ति। तम्। जने ॥ प० पा०

यद्यपि विसर्जनीय के पूर्व में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण ('अ') और बाद में 'स्वर'-वर्ण ('इ') है, तथापि यह विसर्जनीय 'अ' न होकर ४।२७ से रेफ हो गया क्योंकि यह विसर्जनीय 'अरिफित' नहीं अपितु १।७८ से 'रिफित' है।

टि० (क) अग्ने। इन्द्र। वरुण। मित्र। देवाः ॥ प० पा०

(ख) वायो इति। उक्थेभिः। जरन्ते ॥ प० पा०

---

१ ऋ० ५।४६।२ २ ऋ० १।२।२ ३ २।३३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(उद्ग्राहपदवृत्तयः संधयः)

दीर्घपरा उद्ग्राहपदवृत्तयः ॥३०॥

(उद्ग्राहपदवृत्ति संधियाँ)

सू० अ०—'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) परे हो तो (वे संधियाँ ही) उद्ग्राहपदवृत्तियाँ (कहलाती हैं)।

उ० भा०—तया त एवोद्ग्राहा दीर्घपराः सन्त उद्ग्राहपदवृत्तयः भवन्ति। "क ईषते तुज्यते"[१]; "सहस्रसावे प्र तिरन्त आयुः॥"[२]

उ० भा० अ०—उसी प्रकार वे ही 'उद्ग्राह' (संधियाँ): दीर्घपराः='दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) परे होने पर; उद्ग्राहपदवृत्तयः='उद्ग्राहपदवृत्ति' (-संज्ञक) हो जाती हैं। (उदाहरण) "क ईषते तुज्यते"[क]; "सहस्रसावे प्र तिरन्त आयः।"[ख]

(भुग्नाः संधयः)

ओष्ठ्ययोन्योर्भुग्नमनोष्ठ्ये
वकारोऽत्रान्तरागमः ॥३१॥

(भुग्न संधियाँ)

सू० अ०—'ओष्ठ्य' ('ओ' और 'औ') हैं योनि (=मूल) जिनकी ऐसे ('अ' और 'आ') के परे यदि अनोष्ठ्य ('स्वर'-वर्ण) हो तो (दोनों के) मध्य में वकार का आगम हो जाता है। (इसे) 'भुग्न' (संधि कहते हैं)।

उ० भा०—ओष्ठ्यौ=ओकारौकारौ; योनी ययोस्तौ; ओष्ठ्ययोनी=अकाराकारौ; तयोः (ओष्ठ्ययोन्योः) अनोष्ठ्ये स्वरे परभूते वकारोऽत्रान्तरागमः ~~क्रियते~~ यत ओकारौकारयोः स्थाने संभूतावतः कारणादकाराकारावोष्ठ्ययोनी। तेन वकारागमः। भुग्नं नाम चैतत्संधानं भवति। "वायवा वाहि दर्शत"[३]; "ऋतेन मित्रावरुणावृतावृधावृतस्पृशा।"[४] अनोष्ठ्ये इति किम्? "वाय उक्थेभिर्जरन्ते"[५]; "उभा उपांशु प्रथमा पिबाव।"[६]

उ० भा० अ०—'ओष्ठ्य'=ओकार और औकार; जिनकी योनि हैं, वे ~~ओष्ठ्य~~ 'ओष्ठ्य' योनि वाले=अकार और आकार; उन; (ओष्ठ्ययोन्योः='ओष्ठ्य' योनि वाले अकार

टि० (क) कः। ईषते। तुज्यते॥ प० पा०

यहाँ 'अः' 'अ' हो गया है। २।२७ के अनुसार यह 'उद्ग्राह' संधि थी किंतु 'अः' के बाद में 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण ('ई') होने के कारण प्रस्तुत सूत्र से यह 'उद्ग्राहपदवृत्ति' संधि हो गई है। 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण बाद में हो तो 'उद्ग्राह' संधि होती है और 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण बाद में हो तो 'उद्ग्राहपदवृत्ति' संधि होती है। दोनों संधियों में ही 'अः', 'ए' और 'ओ' का 'अ' हो जाता है।

(ख) सहस्रऽसावे। प्र। तिरन्ते। आयुः॥ प० पा०

यहाँ 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण ('आ') के परे रहते पदान्त 'ए' का संहिता-पाठ में 'अ' हो गया है, अतः यह 'उद्ग्राहपदवृत्ति' संधि है।

---

[१] ऋ० १।८४।१७ [२] ऋ० ३।५३।७ [३] ऋ० १।२।१
[४] ऋ० १।२।८ [५] ऋ० १।२।२ [६] ऋ० १०।८३।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और आकार) के बाद में; **अनोष्ठ्ये**=अनोष्ठ्य 'स्वर' (-वर्ण) हो तो; **वकारोऽन्तरागमः**=यहाँ (दोनों के) मध्य में वकार का आगम; हो जाता है। क्योंकि ओकार और औकार (इन 'ओष्ठ्य' 'स्वर'-वर्णों) के स्थान पर (प्रकृत अकार और आकार) आते हैं, इस कारण से (प्रकृत) अकार और आकार 'ओष्ठ्य' योनि वाले हैं। वहाँ वकार का आगम (हो जाता है) और यह 'भुग्न' नाम की संधि है (तात्पर्य यह है कि २।२५ और २।२८ के अनुसार 'औ' और 'ओ' के स्थान पर आने वाले 'आ' और 'अ' के बाद में 'उ', 'ऊ' से भिन्न 'स्वर'-वर्ण आवे तो दोनों के मध्य में 'व्' का आगम हो जाता है)। (उदाहरण) "वायवा याहि दर्शत"क "ऋतेन मित्रावरुणावृतावृधावृतस्पृशा।"ख "**अनोष्ठ्ये** ('स्वर'-वर्ण) बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "वाय उक्थेभिर्जरन्ते"ग; "उभा उपांशु प्रथमा पिबाव।"घ

(उद्ग्राहवन्तः संधयः)

ऋकार उदये कण्ठ्यावकारं तदुद्ग्राहवत् ॥३२॥

(उद्ग्राहवत् संधियाँ)

सू० अ०—ऋकार बाद में हो तो 'कण्ठ्य' ('अ' और 'आ') अकार (हो जाते हैं)। यह 'उद्ग्राहवत्' (-संज्ञक) संधि है)।

उ० भा०—कण्ठ्यौ=अकाराकारौ; **ऋकारे उदये** अकारम् आपद्येते। तत् **संधानम्**; (**उद्ग्राहवत्**=) उद्ग्राहवत्संज्ञम्; वेदितव्यम्। "**प्र ऋभुभ्यो दूतमिव**"[1] "**आप्रुषायन्मधुन ऋतस्य।**"[2]

टि० (क) वायो इति। आ। याहि। दर्शत॥ प० पा०

यहाँ पर २।२८ से 'वायो' का ओकार अकार हो जाता है। यह अकार 'ओष्ठ्य' (=ओकार) के स्थान पर आया है, इसलिए यह अकार 'ओष्ठ्य'-योनि है। इस अकार के बाद में अनोष्ठ्य 'स्वर'-वर्ण (आकार) विद्यमान है, इसलिए प्रकृत सूत्र से अकार और आकार के मध्य में वकार का आगम हो गया है। इस प्रकार यह रूप निष्पन्न होता है—वायवा याहि।

(ख) ऋतेन। मित्रावरुणौ। ऋतऽवृधौ। ऋतऽस्पृशा॥ प० पा०

यहाँ दो स्थलों पर 'भुग्न' संधि हुई है। २।२५ से औकार के स्थान पर आने वाले आकार के बाद में अनोष्ठ्य 'स्वर'-वर्ण ('ऋ' आया है जिससे दोनों स्थलों पर वकार का आगम हो गया है।

(ग) वायो इति। उक्थेभिः। जरन्ते॥ प० पा०

(घ) उभौ। उपऽअंशु। प्रथमा। पिबाव॥ प० पा०

उपर्युक्त दोनों प्रत्युदाहरणों में 'भुग्न' संधि नहीं हुई है क्योंकि 'ओष्ठ्य' योनि वाले अकार और आकार के बाद में अनोष्ठ्य 'स्वर'-वर्ण नहीं, अपितु 'ओष्ठ्य' 'स्वर'-वर्ण (उकार) विद्यमान है।

---

[1] ऋ० ४।३३।१ [2] ऋ० १०।६८।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**कण्ठ्यौ**='कण्ठ्य' ('स्वर'-वर्ण)=अकार और आकार; **ऋकारे उदये**=ऋकार परे होने पर; **अकारम्**=अकार; हो जाते हैं। **तत्**=इस; संधि को; (**उद्ग्राहवत्**=) 'उद्ग्राहवत्'-संज्ञक; जानना चाहिए (अर्थात् ऋकार परे हो तो 'अ' और 'आ' का 'अ' हो जाता है)। (उदाहरण) "प्र ऋभुभ्यो दूतमिव"[क]; "आप्रुषायन्मधुन ऋतस्य।"[ख]

(प्राच्यपदवृत्तयः पञ्चालपदवृत्तयश्च)

उद्ग्राहाणां पूर्वरूपाण्यकारे
प्रकृत्या द्वे ओ भवत्येकमाद्यम्।
प्राच्यपञ्चालपदवृत्तयस्ताः
पञ्चालानामोष्ठ्यपूर्वा भवन्ति ॥३३॥

(प्राच्यपदवृत्तियाँ और पञ्चालपदवृत्तियाँ)

सू०अ०—'उद्ग्राह' संधियों के जो पूर्व-रूप (=ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय, 'ए' और 'ओ') हैं उनके परे यदि अकार हो तो (उन पूर्व-रूपों में से) दो ('ए' और 'ओ') प्रकृति-रूप में (अर्थात् बिना किसी विकार के ज्यों के त्यों रहते हैं) (तथा) आदि वाला एक (ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय) 'ओ' हो जाता है। वे 'प्राच्यपञ्चालपदवृत्तियाँ' (कहलाती हैं)। 'ओष्ठ्य' ('ओ') है पूर्व में जिनके वे पञ्चालों की होती हैं (अर्थात् वे 'पञ्चालपदवृत्तियाँ' कहलाती हैं)। (अन्य अर्थात् एकारपूर्व प्राच्यों की होती हैं अर्थात् वे 'प्राच्यपदवृत्तियाँ' कहलाती हैं)।

उ० भा०—**उद्ग्राहाणां** संधीनां **यानि पूर्वरूपाणि**=ये पूर्वरूपा अवयवाः=ह्रस्वपूर्वो विसर्जनीय एकार ओकारश्च; **तानि अकारे** प्रत्यये **प्रकृत्या द्वे भवतः, ओ भवत्येकमाद्यम्।** **ताः च** (**प्राच्यपञ्चालपदवृत्तयः**=) प्राच्यपदवृत्तयः पञ्चालपदवृत्तयश्चोच्यन्ते। एवं सामान्यत उक्त्वा अथेदानीं विशेषमाह—**पञ्चालानामोष्ठ्यपूर्वा भवन्ति।** इतरास्तु प्राच्यपदवृत्तयः। "पुरोळाशं यो अस्मै"[१]; "प्रो अयासीदिन्दुरिन्द्रस्य।"[२] "ते अग्रेपा ऋभवो मन्दसानाः।"[३]

उ० भा० अ०—**उद्ग्राहाणाम्**='उद्ग्राह'-संज्ञक संधियों[४] के; जो; **पूर्वरूपाणि**=पूर्व-रूप=जो पूर्व-रूप अवयव (अर्थात् इन संधियों के पूर्ववर्ती पदों के अन्तिम 'अक्षर'=

टि० (क) प्र। ऋभुऽभ्यः। दूतम्ऽइव॥ प० पा०
ऋकार बाद में होने के कारण 'कण्ठ्य' ('अ') का 'अ' हो गया है अर्थात् 'अ' अविकृत रहा है।
(ख) आऽप्रुषायन्। मधुना। ऋतस्य॥ प० पा०
ऋकार बाद में आने के कारण 'कण्ठ्य' ('आ') का 'अ' हो गया है।

---

१ ऋ० ८।३१।२
२ ऋ० ९।८६।१६
३ ऋ० ४।३४।१०
४ दे०—२।२७ और २।२८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदान्त)=ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय, एकार और ओकार (हैं); **अकारे**=अकार परे (=पदादि) हो तो उन (पूर्व-रूपों) में से दो ('ए', 'ओ') प्रकृति-रूप में (=बिना किसी विकार के) रहते हैं (और) आदि वाला एक (ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय) 'ओ' हो जाता है। वे (**प्राच्य-पञ्चालपदवृत्तयः**=) 'प्राच्यपदवृत्तियाँ' और पञ्चालपदवृत्तियाँ' कहलाती हैं। इस प्रकार सामान्य रूप से कहकर अब (सूत्रकार) विशेष कहते हैं—**पञ्चालानामोष्ठ्यपूर्वा भवन्ति**='ओष्ठ्य' ('ओ') पूर्व में है जिनके वे पञ्चालों की होती हैं (अर्थात् वे 'पञ्चाल-पदवृत्तियाँ' कहलाती हैं)। अन्य (=एकार है पूर्व में जिनके वे) तो 'प्राच्यपदवृत्तियाँ' होती हैं। (उदाहरण) "पुरोळाशं यो अस्मै"क; "प्रो अयासीदिन्दुरिन्द्रस्य।"ख "ते अग्रेपा ऋभवो मन्दसानाः।"ग

(अभिनिहिताः संधयः)

अथाभिनिहितः संधिरेतैः प्राकृतवैकृतैः।
एकीभवति पादादिरकारस्तेऽत्र संधिजाः ॥३४॥

(अभिनिहित संधियाँ)

सू० अ०—अब 'अभिनिहित' संधि (बतलाई जायेगी)। (ऋचा के) पाद के आदि में स्थित अकार इन प्राकृत ('ए', 'ओ') और वैकृत (ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ 'ओ') के साथ मिलकर एक हो जाता है। वे ('ए' और 'ओ') यहाँ ('अभिनिहित' संधि में) संधि के परिणाम के रूप में (विद्यमान रहते हैं) (अर्थात् 'अभिनिहित' संधि होने के अनन्तर भी पदान्त 'ए' और 'ओ' ज्यों के त्यों रहते हैं जब कि पदादि 'अ' लुप्त हो जाता है)।

उ० भा०—अथशब्दो महाधिकारद्योतनार्थः। (अभिनिहितः=) अभिनिहितसंज्ञकः; संधिः; वक्ष्यत इति वाक्यशेषः। स च एतैः प्राकृतवैकृतैः अधस्तनैः। एकारौकाराभ्यां

टि० (क) पुरोळाशम्। यः। अस्मै ॥ प० पा०

'यः' का विसर्जनीय 'उद्ग्राह' संधि के तीन पूर्वरूपों में से प्रथम पूर्वरूप (ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय) है। इसके बाद में अकार है; इसलिए प्रस्तुत सूत्र से विसर्जनीय 'ओ' हो गया है। 'ओष्ठ्य' पूर्व में होने के कारण यह ("यो अस्मै") 'पञ्चालपदवृत्ति' का उदाहरण है।

(ख) प्रो इति। अयासीत्। इन्दुः। इन्द्रस्य ॥ प० पा०

'प्रो' का ओकार 'उद्ग्राह' संधियों का तृतीय पूर्वरूप है। इसके बाद में अकार है; इसलिए यह ओकार प्रस्तुत सूत्र से प्रकृति-रूप में रह गया है। यह भी 'पञ्चालपदवृत्ति' का उदाहरण है।

(ग) ते। अग्रेपाः। ऋभवः। मन्दसानाः ॥ प० पा०

'ते' का एकार 'उद्ग्राह' संधियों का द्वितीय पूर्वरूप है। इसके बाद में अकार है; इसलिए यह एकार प्रकृति-रूप में रह गया है और एकारपूर्व होने के कारण यह 'प्राच्यपदवृत्ति' का उदाहरण है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राकृताभ्यां ह्रस्वपूर्वेण च ओकारभूतेन वैकृतेन एकीभवति पादादिरकारः। ते च अत्र त्रयः; (संधिजाः=) संधौ दृश्यन्ते। "सुगं तत्ते तावकेभ्यो रथेभ्योऽग्ने"[१]; "दधासि रत्नं द्रविणं च दाशुषेऽग्ने"[२]; "अत्रा चिन्नो मधो पितोऽरम्।"[३] पादादिः इति किम्? "चिकित्वांसो अचेतसं नयन्ति"[४]; "आरे अस्मे च शृण्वते।"[५] अभिनिहितसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"क्षैप्राभिनिहितेषु च"[६] इति॥

उ० भा० अ०—**अथ** शब्द महाधिकार के द्योतन के लिए (सूत्र में प्रयुक्त हुआ है)। (**अभिनिहितः=**) 'अभिनिहित'-संज्ञक[क]; **संधिः**=संधि; 'वक्ष्यते' (कहेंगे) यह वाक्य-शेष है (अर्थात् वाक्य को पूरा करने के लिए 'वक्ष्यते' लगा लेना चाहिए)। और वह ('अभिनिहित' संधि) (यह है)—**एतैः**=इन; पूर्वोक्त; **प्राकृतवैकृतैः**=प्राकृत और वैकृत के साथ=प्राकृत एकार और ओकार के साथ तथा ह्रस्वपूर्व (विसर्जनीय) के स्थान पर आने वाले वैकृत ओकार के साथ (मिलकर); **एकीभवति पादादिरकारः**=पाद के आदि में स्थित अकार एक हो जाता है (तात्पर्य यह है कि ऋचा के पाद के आदि में विद्यमान 'अ' पूर्ववर्ती 'ए' या 'ओ' के साथ मिलकर एक हो जाता है अर्थात् 'अभिनिहित' संधि को प्राप्त करता है)। और; **ते**=वे तीनों (प्राकृत एकार, प्राकृत ओकार, वैकृत ओकार); **अत्र**=यहाँ (अर्थात् 'अभिनिहित' संधि में); (**संधिजाः=**) संधि होने पर दिखलाई पड़ते हैं (अर्थात् उनके स्वरूप में कोई विकार नहीं होता जब कि परवर्ती अकार अदृश्य हो जाता है)। (उदाहरण) "सुगं तत्ते तावकेभ्यो रथेभ्योऽग्ने"[ख]; 'दधासि रत्नं द्रविणं च दाशुषेऽग्ने"[ग];

टि० (क) 'अभिनिहित' संधि को पाणिनीय व्याकरण में 'पूर्वरूप' संधि कहते हैं। यह बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि लौकिक संस्कृत में 'ए' और 'ओ' के बाद में विद्यमान 'अ' सर्वत्र 'पूर्वरूप' संधि को प्राप्त करता है किंतु ऋग्वेद-संहिता में कम से कम एक चौथाई स्थलों पर 'अ' 'अभिनिहित' संधि को प्राप्त न करके 'प्रकृतिभाव' से रहता है।

(ख) सुऽगम्। तत्। ते। तावकेभ्यः। रथेभ्यः।
अग्ने।.....॥ प० पा०

यहाँ 'जगती'-छन्दस्क ऋचा के चतुर्थ पाद के आदि में स्थित ('अग्ने' पद का) अकार (पदादि) वैकृत 'ओ' (पदान्त) के साथ मिलकर एक हो गया ह और संधि के परिणाम के रूप में 'ओ' ज्यों का त्यों विद्यमान है। उसमें कोई विकार नहीं हुआ है जबकि 'अ' अदृश्य हो गया है।

(ग) दधासि। रत्नम्। द्रविणम्। च। दाशुषे।
अग्ने।..... ॥ प० पा०

यहाँ 'जगती'-छन्दस्क ऋचा के चतुर्थ पाद के आदि में स्थित ('अग्ने' पद का) अकार (पदादि) एकार (पदान्त) के साथ मिलकर एक हो गया है और संधि के परिणाम के रूप में 'ए' ज्यों का त्यों विद्यमान है जबकि 'अ' अदृश्य हो गया है।

---

१ ऋ० १।९४।११ २ ऋ० १।९४।१४ ३ ऋ० १।१८७।७
४ ऋ० ७।६०।७ ५ ऋ० १।७४।१ ६ ३।१३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"अत्रा चिन्नो मघो पितोऽरम् ।"क "पाद के आदि वाला (अकार)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "चिकित्वांसो अचेतसं नयन्ति"ख; "आरे अस्मे च शृण्वते ।"ग अभिनिहित-संज्ञा का प्रयोजन—"क्षैप्र और अभिनिहित (संधियों) में ।"

अन्तःपादमकाराच्चेत्संहितायां लघोर्लघु ।
यकाराद्यक्षरं परं वकाराद्यपि वा भवेत् ॥३५॥

सू० अ०—यदि 'संहिता' (-पाठ) में 'लघु' अकार से परे यकार से प्रारम्भ होने वाला या वकार से प्रारम्भ होने वाला 'लघु' 'अक्षर' ('=स्वर'-वर्ण) हो तो पाद के मध्य में (भी अकार एकार और ओकार के साथ मिलकर एक हो जाता है)।

उ० भा०—अन्तःपादम्=पादस्य मध्ये । अधिकारवचनम् । अकाराच्चेत्—अभिनिधीयमानस्याकारस्य विशेषणानि । अकारात् लघोः परमक्षरं लघु यकारादि वा वकारादि वा; (चेत्=) यदि; भवेत्; संहितायाम्=संहितापाठे । अथ सोऽकारः; अभिनिधीयते=प्राकृतवैकृतैरेकीभवति—इत्यर्थः ।

यकारादेः—"यमैच्छाम मनसा सोऽयमागात् ।"१ वकारादेः—"तं पृच्छन्तोऽवरासः"२; "यस्ते मन्योऽविधद्वज्र"३; "तेऽवदन्प्रथमाः ।"४ अन्तःपादग्रहणं पादाद्यधिकारनिवृत्त्यर्थम् । संहिताधिकारे पुनः संहिताग्रहणं किमर्थम् ? "अस्ति सोमो अयं सुतः"५; "माशिवासो अव क्रमुः"६ इत्येवमादिषु संहितायां गुरुत्वाद् यकारवकारादेः अक्षरस्य पदे लघावपि तस्मात्प्रकृतिभावार्थम् । लघोः इति किम् ? "व्रतैः सीक्षन्तो अव्रतम् ।"७ लघु इति किम् ? "द्रुहो निदो मित्रमहो अवद्यात् ।"८ यकाराद्यक्षरं परं वकाराद्यपि वा इति किम् ? "ऐनं देवासो अमृतासो अस्थुः"९; "वज्रेण धृष्णो अप ता नुदस्व"१०; "यथा शार्यति अपिबः ॥"११

टि० (क) अत्र । चित् । नः । मघो इति । पितो इति ।
अरम् ।..... ॥ प० पा०
यहाँ 'गायत्री'-छन्दस्क ऋचा के चतुर्थ पाद के आदि में स्थित ('अरम्' पद का) अकार (पदादि) प्राकृत ओकार (पदान्त) के साथ मिलकर एक हो गया है और संधि के परिणाम के रूप में 'ओ' ज्यों का त्यों विद्यमान है ।

(ख) चिकित्वांसः । अचेतसम् । नयन्ति ॥ प० पा०
पाद के आदि में न होने के कारण 'अचेतसम्' का अकार (पदादि) पूर्ववर्ती वैकृत ओकार (पदान्त) के साथ मिलकर एक नहीं हुआ है ।

(ग) आरे । अस्मे इति । च । शृण्वते ॥ प० पा०
पाद के आदि में न होने के कारण 'अस्मे' का अकार (पदादि) पूर्ववर्ती एकार (पदान्त) के साथ मिलकर एक नहीं हुआ ।

---

१ ऋ० १०।५३।१ २ ऋ० ६।२१।६ ३ ऋ० १०।८३।१ ४ ऋ० १०।१०९।१
५ ऋ० ८।९४।४ ६ ऋ० ७।३२।२७ ७ ऋ० ६।१४।३ ८ ऋ० ४।४।१५
९ ऋ० १।१२३।१ १० ऋ० ६।२१।७ ११ ऋ० ३।५१।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**अन्तःपादम्**=पाद के मध्य में। यह अधिकार का कथन है।[क] **अकाराच्चेत्** (इत्यादि) अभिनिधीयमान (एक हो जाने वाले) अकार के विशेषण हैं। (**चेत्**=) यदि, **संहितायाम्**=संहिता-पाठ में; **लघोः अकारात् परम्**='लघु' अकार से परे; **यकारादि वकारादि वा**=यकार से प्रारम्भ होने वाला या वकार से प्रारम्भ होने वाला; **लघु अक्षरं भवेत्**='लघु' 'अक्षर' होवे। तब वह अकार 'अभिनिधान' को प्राप्त करता है=प्राकृत और वैकृत (एकार तथा ओकार) के साथ मिलकर एक हो जाता है (तात्पर्य यह है कि पाद के मध्य में स्थित अकार भी 'अभिनिहित' संधि को प्राप्त करता है यदि (१) अभिनिधीयमान अकार 'लघु' हो (२) अभिनिधीयमान अकार के बाद में विद्यमान 'अक्षर' (i) यकार अथवा वकार से प्रारम्भ होने वाला हो और (ii) वह 'अक्षर' संहिता-पाठ में 'लघु' हो)।

यकारादि का (उदाहरण)—"यमैच्छाम मनसा सोऽयमागात्।"[ख] **वकारादि का** (उदाहरण)—"तं पृच्छन्तोऽवरासः"[ग]; "यस्ते मन्योऽविधद्वज्र"[घ]; "तेऽवदन्प्रथमाः।"[ङ] **अन्तःपाद** पद का (सूत्र में) ग्रहण (२।३४ से प्राप्त) पादादि के अधिकार की निवृत्ति के लिए (किया गया है)। (प्रश्न) 'संहिता' के अधिकार (२।१) में पुनः 'संहिता' पद का (सूत्र में) ग्रहण क्यों (किया गया है)? (उत्तर) "अस्ति सोमो अयं सुतः"[च]; और "माशिवासो अव क्रमुः"[छ] इत्यादि (स्थलों) में यकार तथा वकार से प्रारम्भ होने वाला 'अक्षर' पद-पाठ में 'लघु' होने पर भी 'संहिता' में 'गुरु' है, इसलिए (ऐसे स्थलों पर) 'प्रकृतिभाव' के लिए (सूत्र में 'संहितायाम्' पद का ग्रहण किया गया है)।[ज] "'लघु' (अकार) से (परे)"—यह

टि० (क) "अन्तःपादम्" का अधिकार २।४८ तक चलता है।

(ख) यम्। ऐच्छाम। मनसा। सः। अयम्। आ। अगात्॥ प० पा०

यहाँ पर अकार बाद में होने के कारण पूर्ववर्ती ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय २।३३ से 'ओ' हो गया जिससे यह रूप निष्पन्न हुआ—सो। अयम्। अब अभिनिधीयमान 'अ' 'लघु' है और इस 'लघु' 'अ' से परे यकार से प्रारम्भ होने वाला 'लघु' 'अक्षर' 'अ' है। अतः पाद के मध्य में होने पर भी 'अ' पूर्ववर्ती वैकृत 'ओ' के साथ मिलकर एक हो गया है। आगे के उदाहरणों को भी ऐसे ही समझ लेना चाहिए।

(ग) तम्। पृच्छन्तः। अवरासः॥ प० पा०

(घ) यः। ते। मन्यो इति। अविधत्। वज्र॥ प० पा०

(ङ) ते। अवदन्। प्रथमाः॥ प० पा०

(च) अस्ति। सोमः। अयम्। सुतः॥ प० पा०

(छ) मा। अशिवासः। अव। क्रमुः॥ प० पा०

(ज) यहाँ पर पूर्वपक्षी की शङ्का है कि 'संहिता' का अधिकार तो पहले (२।१) से ही चल रहा है, तब सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र में 'संहिता' पद का पुनः ग्रहण क्यों किया है? इसके उत्तर में भाष्यकार का कहना है कि 'संहिता'-पाठ में ही यकारादि तथा वकारादि 'अक्षर' का 'लघु' होना आवश्यक है 'पद-पाठ' में नहीं। दूसरे शब्दों में यों कह सकते हैं कि 'पद-पाठ' में यकारादि तथा वकारादि 'अक्षर' का 'लघु'

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "व्रतैः सीक्षन्तो अव्रतम्"क "'लघु' (यकारादि या वकारादि 'अक्षर')"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "द्रुहो निदो मित्रमहो अवद्यात्।"ख "यकारादि 'अक्षर' या वकारादि 'अक्षर'"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "ऐनं देवासो अमृतासो अस्थुः"ग; "वज्रेण घृष्णो अप ता नुदस्व"घ; "यथा शार्याति अपिबः।"ङ

अन्याद्यपि तथायुक्तमावोऽन्तोपहितात्सतः ॥३६॥

सू० अ०—'आवः' में समाप्त (अन्त) होने वाले (पद) से उपहित (preceded) (अभिनिधीयमान अकार) से परे (यकार और वकार से) अन्य ('व्यञ्जन') से प्रारम्भ होने वाला भी (किंतु) उसी प्रकार से युक्त ('अक्षर') हो तो (अकार का 'अभिनिधान' हो जाता है)।

उ० भा०—यकरादि वकरादि वा यदक्षरमुक्तं तदुच्यते—(अपि=) यद्यपि; (अन्यादि=) अन्यव्यञ्जनादि; तदक्षरं भवति; तथा=तेनैव प्रकारेण; युक्तं भवति=संहितायां लघोर्लघु भवति—इत्यर्थः; अथ तदा आवोऽन्तोपहितात्सतः; (तदा) अकारस्याभिनिधानं भवति। आवः एवमन्तो यस्य पदस्य तदावोऽन्तम्; तेनोपहितः=आवोऽन्तोपहितः; तस्मात्=आवोऽन्तोपहितात्सतः। "समत्र गावोऽभितोऽनवन्त।"१ तथायुक्तम् इति किम् ? "आ गावो अग्मन्।"२ आवोऽन्तोपहितात्सतः इति किम् ? ऐनं देवासो अमृतासो अस्थुः।"३

(१५५ज) अथवा 'गुरु' होना कोई महत्त्व नहीं रखता। उदाहरण के लिए—"अस्ति सोमो अयं सुतः" तथा "माशिवासो अव क्रमुः" इन स्थलों पर क्रमशः यकारादि तथा वकारादि 'अक्षर' पद-पाठ में 'लघु' होने पर भी संहिता-पाठ में 'गुरु' हैं क्योंकि इनके परे क्रमशः 'अनुस्वार' और 'संयोग' हैं। ऐसे स्थलों पर 'अभिनिहित' संधि न होकर 'प्रकृतिभाव' ही होवे—इसी के लिए सूत्रकार ने 'संहितायाम्' पद का इस सूत्र में ग्रहण किया है।

टि० (क) व्रतैः। सीक्षन्तः। अव्रतम्॥ प० पा०

यहाँ वकारादि 'अक्षर' 'लघु' है किंतु अभिनिधीयमान 'अ' संयोगपर होने के कारण 'गुरु' है। इसलिए यहाँ 'अभिनिहित' संधि नहीं हुई।

(ख) द्रुहः। निदः। मित्रऽमहः। अवद्यात्॥

यहाँ अभिनिधीयमान 'अ' 'लघु' है किंतु वकारादि 'अक्षर' संयोगपर होने के कारण 'गुरु' है। इसलिए यहाँ 'अभिनिहित' संधि नहीं हुई।

(ग) आ। एनम्। देवासः। अमृतासः। अस्थुः॥ प० पा०

(घ) वज्रेण। घृष्णो इति। अप। ता। नुदस्व॥ प० पा०

(ङ) यथा। शार्याते। अपिबः॥ प० पा०

उपर्युक्त तीनों प्रत्युदाहरणों में प्रत्येक के 'लघु' अकार से परे यद्यपि 'लघु' 'अक्षर' विद्यमान है तथापि वह ('लघु' 'अक्षर') यकार अथवा वकार से प्रारम्भ नहीं होता है, अतः अकार 'अभिनिधान' को प्राप्त नहीं करता है।

---

१ ऋ० ५।३०।१० २ ऋ० ६।२८।१ ३ ऋ० १।१२३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(अभिनिधीयमान अकार से बाद में विद्यमान) जिस 'अक्षर' को यकार से प्रारम्भ होने वाला अथवा वकार से प्रारम्भ होने वाला (२।३५ में) कहा गया है, उस ('अक्षर' के विषय में कुछ और) कहते हैं—(**अपि**=) यद्यपि; (**अन्यादि**=) अन्य 'व्यञ्जन' से प्रारम्भ होने वाला; वह 'अक्षर' होता है; (किंतु) **तथा**=उसी प्रकार से; युक्त (सम्बद्ध) होता है=संहिता-पाठ में 'लघु' ('अक्षर') से परे 'लघु' ('अक्षर') होता है—यह अर्थ है; इसके अतिरिक्त; **आवोऽन्तोपहितात्सतः**= आवः' में समाप्त (अन्त) होने वाले (पद) से उपहित (अभिनिधीयमान अकार) से परे (वह 'अक्षर' होता है तो); (तब) अकार का 'अभिनिधान' होता है (तात्पर्य यह है कि पाद के मध्य में स्थित अकार की 'अभिनिहित' संधि तब भी हो जाती है जब इसके परे यकार तथा वकार से अन्य 'व्यञ्जन' से प्रारम्भ होने वाला भी 'अक्षर' हो किंतु ऐसा तभी होता है जब (१) अभिनिधीयमान अकार 'लघु' हो (२) यकार तथा वकार से अन्य 'व्यञ्जन' से प्रारम्भ होने वाला परवर्ती 'अक्षर' भी संहिता-पाठ में 'लघु' हो (३) अभिनिधीयमान अकार के अव्यवहित पूर्व में ऐसा पद विद्यमान हो जो 'आवः' में समाप्त होता हो)। (उदाहरण) "समत्र गावोऽभितोऽनवन्त।"[क] "उसी प्रकार से युक्त"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ गावो अग्मन्।"[ख] "'आवः' में अन्त होने वाले (पद) से उपहित (अभिनिधीयमान अकार) से परे (आने पर)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "ऐनं देवासो अमृतासो अस्थुः।"[ग]

टि० (क) सम्। अत्र। गावः। अभितः। अनवन्त॥ प० पा०

यहाँ 'आवः' में अन्त होने वाला पद 'गावः' है। यह 'गावः' पद 'अभितः' पद के 'अ' की उपधा (=अव्यवहित पूर्ववर्ती पद) है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि 'अभितः' का 'अ' 'आवः' में अन्त होने वाले 'गावः' पद से उपहित है। अभिनिधीयमान अकार ('अभितः' का 'अ') 'लघु' है और इससे परे यकार अथवा वकार से अन्य 'व्यञ्जन' ('भ्') से प्रारम्भ होने वाला 'लघु' 'अक्षर' इकार है। अतः 'अभितः' के 'अ' का 'अभिनिधान' प्रकृत सूत्र से हो गया।

(ख) आ। गावः। अग्मन्॥ प० पा०

यहाँ पर 'आवः' में अन्त होने वाले 'गावः' पद से उपहित ('अग्मन्' के) 'अ' का संहिता-पाठ में 'अभिनिधान' नहीं हुआ है क्योंकि वह उसी प्रकार से युक्त नहीं है अर्थात् 'लघु' 'अक्षर' से परे 'लघु' 'अक्षर' नहीं है। अभिनिधीयमान अकार (='अग्मन्' का 'अ') 'गुरु' है क्योंकि इसके बाद में संयुक्त 'व्यञ्जन' (='संयोग') है।

(ग) आ। एनम्। देवासः। अमृतासः। अस्थुः॥ प० पा०

यहाँ पर अभिनिधीयमान अकार ('अमृतासः' का 'अ') 'लघु' है तथा इसके परे 'म्' से प्रारम्भ होने वाला 'अक्षर' (=ऋकार) भी 'लघु' है, तथापि 'अमृतासः' के 'अ' का 'अभिनिधान' नही हुआ क्योंकि यह 'अ' 'आवः' में अन्त होने वाले पद से उपहित नहीं है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अयेऽयोऽवेऽव इत्यन्तैरकारः सर्वथा भवन् ॥३७॥

सू० अ०—'अये', 'अयः', 'अवे' और 'अवः'—इनमें अन्त होने वाले (पदों) से (उपहित, preceded) सब प्रकार का अकार ('अभिनिहित' संधि को प्राप्त कर लेता है)

उ० भा०—अये अयः अवे अवः; (इत्यन्तैः=) एवमन्तैः पदैः; उपहितः अकारः; सर्वथा=सर्वप्रकारोऽपि; भवन् अभिनिधीयते। सर्वथाग्रहणं गुरुलघ्वर्थम्। अये—"अजीतयेऽहतये पवस्व।"[१] अयः—"ता अञ्जयोऽरुणयो न सस्रुः।"[२] अवे—"युवं श्वेतं पेदवेऽश्विनाश्वम्।"[३] अवः—"पुरूरवोऽनु ते केतमायम्।"[४] तदन्तग्रहणादिह न भवति—"विपा वराहमयोअग्रया हन्";[५] "तद्देवानामवो अद्या वृणीमहे।"[६] "पादमध्ये" इति किम्? "इन्द्र जामय उत येऽजामयोऽर्वाचीनासः"[७]—अत्र च प्रकारान्तरेण जातत्वात्॥

उ० भा० अ०—**अये, अयः, अवे, अवः;** (इत्यन्तैः=) इनमें अन्त होने वाले पदों से; उपहित (अर्थात् जब इनमें अन्त होने वाले पद पूर्व में हों तो); **अकारः**= (अभिनिधीयमान) अकार; **सर्वथा**=सब प्रकार का भी; **भवन्**=होता हुआ; 'अभिनिधान' को प्राप्त करता है (अर्थात् पूर्ववर्ती 'ए' या 'ओ' के साथ मिलकर एक हो जाता है)। **सर्वथा** पद का (सूत्र में) ग्रहण 'गुरु' और 'लघु' (इन दोनों के ग्रहण) के लिए किया गया है (अर्थात् 'गुरु' और 'लघु' दोनों प्रकार का अकार 'अभिनिधान' को प्राप्त करता है)। **अये**—"अजीतयेऽहतये पवस्व।"[क] **अयः** "ता अञ्जयोऽरुणयो न सस्रुः।"[ख] **अवे**—"युवं श्वेतं पेदवेऽश्विनाश्वम्।"[ग] **अवः**—"पुरूरवोऽनु ते केतमायम्।"[घ] "इनमें अन्त होने वाले"- इसका ग्रहण होने से यहाँ (अर्थात् निम्नलिखित प्रत्युदाहरणों में) ('अभिनिधान') नहीं होता है—"विपा वराहमयोअग्रया हन्"[ङ]; "तद्देवानामवो अद्या

टि० (क) अजीतये। अहतये। पवस्व॥ प० पा०

'अये' में अन्त होने वाले 'अजीतये' पद से उपहित (अर्थात् 'अजीतये' के अव्यवहित बाद में आने वाले) 'अहतये' का अकार 'अजीतये' के एकार के साथ अभिनिधान को प्राप्त कर लेता है।

(ख) ताः। अञ्जयः। अरुणयः। न। सस्रुः॥ प० पा०

(ग) युवम्। श्वेतम्। पेदवे। अश्विना। अश्वम्॥ प० पा०

(घ) पुरूरवः। अनु। ते। केतम्। आयम्॥ प० पा०

(ङ) विपा। वराहम्। अयःअग्रया। हन्निति हन्॥ प० पा०

'अग्रया' के अकार के पूर्व में अवस्थित 'अयः' पदान्त न होकर स्वयं पद है, अतः यहाँ 'अभिनिहित' संधि नहीं हुई। 'अभिनिहित' संधि के लिए पूर्व में 'अयः' में अन्त होने वाला पद होना चाहिए, स्वयं 'अयः' पद नहीं।

---

[१] ऋ० ९।९६।४ [२] ऋ० १०।९५।६ [३] ऋ० १०।३९।१० [४] ऋ० १०।९५।५
[५] ऋ० १०।९९।६ [६] ऋ० १०।३६।२ [७] ऋ० ६।२५।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वृणीमहे ।"[क] "पाद के मध्य में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) इन्द्र जामय उत येऽजामयोऽर्वाचीनासः ।"[ख]—यहाँ पर ('अभिनिधान') अन्य प्रकार से हुआ है ।

व इत्येतेन चा न प्र क्व चित्रः सवितैव कः ।
पदैरुपहितेनैतेः ॥३८॥

सू० अ०—'आ', 'न', 'प्र', 'क्व', 'चित्रः', 'सविता' 'एव' (और) 'कः'—इन (=में से किसी भी एक) पदों से उपहित (preceded) **'वः' इस (पद) से (उपहित अकार 'अभिनिधान' को प्राप्त करता है) ।**

उ० भा०—आ, न, प्र, क्व, चित्रः, सविता, एव, कः—एतैः पदैरुपहितेन वः इत्येतेन पदेनोपहितोऽकारोऽभिनिधीयते । आ—"आ वोऽहं समिति ददे ।"[१-ग] न—"न वोऽश्वाः श्रथयन्ताह सिस्रतः ।"[२-घ] प्र—"प्र वोऽच्छा रिरिचे देवयुष्पदम् ।"[३-ङ] क्व—"क्व वोऽश्वाः क्वाभीशवः ।"[-च] चित्रः—"चित्रो वोऽस्तु यामः ।"[४-छ] सविता—

टि० (क) तत् । देवानाम् । अवः । अद्य । वृणीमहे ॥ प० पा०

इस प्रत्युदाहरण में 'अद्य' के अकार के पूर्व में 'अवः' पदान्त न होकर स्वयं पद है अतः यहाँ 'अभिनिहित' संधि नहीं हुई ।

(ख) इन्द्र । जामयः । उत । ये । अजामयः । अर्वाचीनासः ॥ प० पा०

प्रस्तुत सूत्र में २।३५ से "अन्तःपादम्=पाद के मध्य में" की अनुवृत्ति हो रही है (दे. पृ. १५५ टि० क) जिसके अनुसार इस सूत्र से पाद के मध्य में स्थित अकार का 'अभिनिधान' होता है । यदि अकार पाद के आदि में स्थित है तब तो उसका 'अभिनिधान' इस सूत्र से नहीं होता अपितु उसका 'अभिनिधान' तो २।३४ से ही हो जाता है । जैसे इस प्रत्युदाहरण में 'अर्वाचीनासः' के अकार का 'अभिनिधान' इस सूत्र से नहीं हुआ अपितु २।३४ से हुआ है । 'अजामयः' के अकार का 'अभिनिधान' तो २।४६ के अनुसार निपातन से हुआ है । इस प्रकार इस प्रत्युदाहरण में प्रस्तुत सूत्र से कोई भी 'अभिनिधान' नहीं हुआ है ।

(ग) आ । वः । अहम् । सम्ऽइतिम् । ददे ॥ प० पा०

यहाँ 'वः' के पूर्व में निर्दिष्ट पदों में से प्रथम पद (अर्थात् 'आ') स्थित है, इसलिए 'वः' के बाद में विद्यमान 'अहम्' के अकार ने 'अभिनिहित' संधि को प्राप्त कर लिया है । आगे के सभी उदाहरणों को इसी प्रकार समझ लेना चाहिए ।

(घ) न । वः । अश्वाः । श्रथयन्त । अह । सिस्रतः । प० पा०

(ङ) प्र । वः । अच्छ । रिरिचे । देवऽयुः । पदम् ॥ प० पा०

(च) क्व । वः । अश्वाः । क्व । अभीशवः ॥ प० पा०

(छ) चित्रः । वः । अस्तु । यामः ॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १०।१६६।४ [२] ऋ० ५।५४।१० [३] ऋ० १०।३२।५
[४] ऋ० ५।६१।२ [५] ऋ० १।१७२।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"तत्सविता वोऽमृतत्वमासुवत् ।"[१-क] एव—"अत्रैव वोऽपि नह्यामि ।"[२-ख] कः—को वोऽन्तर्मरुत ऋष्टिविद्युतः ।[३-ग] एतैः पदैः इति किम्? "अच्छा वो अग्निमवसे ।।"[४-घ]

उ० भा० अ०—आ, न, प्र, क्व, चित्रः. सविता, एव, कः; एतैः पदैरुपहितेन=इन पदों से उपहित; व इत्येतेन='वः' इस (पद) से; उपहित अकार 'अभिनिधान' को प्राप्त करता है (तात्पर्य यह है कि 'वः' के पूर्व में निर्दिष्ट पदों में से कोई एक हो तो इस ('वः') के बाद में आने वाला 'अ' 'अभिनिधान' को प्राप्त करता है)।.....।

सर्वैरेवोदयाः परे ।।३९।।

सू० अ०—सभी (एकार और ओकार) से बाद में आने पर परवर्ती (पद) (अर्थात् २।४०में निर्दिष्ट पदों के प्रथम अकार) ('अभिनिहित' संधि को प्राप्त करते हैं)।

उ० भा०—सर्वैरेव=प्राकृतवैकृतैरेकारौकारैः; (उदयाः=) उपहिताः सन्तः; परे पदादिभूता अभिनिधीयन्ते ।।

न ज्ञायन्ते कतमे त इत्यत आह—

उ० भा० अ०—सर्वैरेव=सभी=प्राकृत और वैकृत एकार और ओकार से; (उदयाः=) उपहित होने पर; परे=परवर्ती पदों के प्रथम अकार; 'अभिनिधान' को प्राप्त करते हैं (तात्पर्य यह है कि किसी भी 'ए' अथवा 'ओ' के बाद में आने पर २।४० में निर्दिष्ट पदों के प्रथम 'अ' 'अभिनिधान' को प्राप्त कर लेते हैं)।

यह पता नहीं चलता कि वे (पद) कितने हैं, इसलिए (उन पदों को) कहते हैं—

अदादवर्त्रोऽजनयन्ताव्यत्या
अभेदयोऽपाष्टिरवन्त्ववीरता ।
अमुमुक्तममतयेऽनशामहा
अव त्वचोऽवीरतेऽवांस्यवोऽरथाः ।।४०।।

सू० अ०—'अदात्', 'अवर्त्रः', 'अजनयन्त', 'अव्यत्यै', 'अभेत्', 'अयोऽपाष्टिः' 'अवन्तु', 'अवीरता', 'अमुमुक्तम्' 'अमतये', 'अनशामहै', 'अव त्वचः', 'अवीरते', 'अवांसि'; 'अवः' (और) 'अरथाः'।

टि० (क) तत्। सविता। वः। अमृतऽत्वम्। आ। असुवत्।। प० पा०
(ख) अत्र। एव। वः। अपि। नह्यामि।। पा० पा०
(ग) कः। वः। अन्तः। मरुतः। ऋष्टिऽविद्युतः।। प० पा०
(घ) अच्छ। वः। अग्निम्। अवसे।। प० पा०
निर्दिष्ट पदों में से कोई भी 'वः' पद के पूर्व में नहीं है, अतः 'वः' के बाद में विद्यमान 'अग्निम्' पद के अकार ने संहिता-पाठ में 'अभिनिधान' को प्राप्त नहीं किया है।

---

[१] ऋ० १।११०।३ [२] ऋ० १०।१६६।३ [३] ऋ० १।१६८।५ [४] ऋ० ५।२५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—अदात्, अवर्त्रः, अजनयन्त, अव्यत्यै, अभेत्, अयोऽपाष्टिः, अवन्तु, अवीरता, अमुमुक्तम्, अमतये, अनशामहै, अव त्वचः, अवीरते, अवांसि, अवः, अरथाः।

अदात्—"स नः सनिता सनये स नोऽदात्।"[१-क] अवर्त्रः—"अमर्त्योऽवर्त्र ओषधीषु।"[२-ख] अजनयन्त—"यं देवासोऽजनयन्ताग्निम्।"[३-ग] अव्यत्यै—"उत स्म मेऽव्यत्यै पृणासि।"[४-घ] अभेत्—"वि तिग्मेन वृषभेणा पुरोऽभेत्।"[५-ङ] अयोऽपाष्टिः—"श्येनोऽयोऽपाष्टिर्हन्ति दस्यून्।"[६-च] पदादौ लक्षणतोऽभिनिहितः, पदमध्ये निपातनात्। अवन्तु—"अधि ब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान्।"[७-छ] अवीरता—"माशेषसोऽवीरता परि त्वा।"[८-ज] अमुमुक्तम्—"अत्रिं न महस्तमसोऽमुमुक्तम्।"[९-झ] अमतये—"मा नो अग्नेऽमतये।"[१०-ञ] अनशामहै—"येन वस्योऽनशामहै।"[११-ट] अव त्वचः—"शिरोऽव त्वचो भरः।"[१२-ठ] त्वचः इति किम्? "माशिवासो अव क्रमुः।"[१३-ड] अवीरते—

टि० (क) सः। नः। सनिता। सनये। सः। नः। अदात्॥ प० पा०

(ख) अमर्त्यः। अवर्त्रः। ओषधीषु॥ प० पा०

(ग) यम्। देवासः। अजनयन्त। अग्निम्॥ प० पा०

(घ) उत। स्म। मे। अव्यत्यै। पृणासि॥ प० पा०

(ङ) वि। तिग्मेन। वृषभेण। पुरः। अभेत्॥ प० पा०

(च) श्येनः। अयः अपाष्टिः। हन्ति। दस्यून्॥ प० पा०

('अयोऽपाष्टिः') पद के आदि में 'अभिनिहित' (संधि) (प्रस्तुत) नियम (लक्षण) से (हुई है), पद के मध्य में निपातन से ('अभिनिहित' संधि हुई है) (तात्पर्य यह है कि 'अयोऽपाष्टिः' के प्रथम अकार का 'अभिनिधान' प्रस्तुत सूत्र से हुआ है और द्वितीय अकार का 'अभिनिधान' निपातन से हुआ है)।

(छ) अधि। ब्रुवन्तु। ते। अवन्तु। अस्मान्॥ प० पा०

(ज) मा। अशेषसः। अवीरता। परि। त्वा॥ प० पा०

(झ) अत्रिम्। न। महः। तमसः। अमुमुक्तम्॥ प० पा०

(ञ) मा। नः। अग्ने। अमतये॥ प० पा०

(ट) येन। वस्यः। अनशामहै॥ प० पा०

(ठ) शिरः। अव। त्वचः। भरः।॥ प० पा०

(ड) मा। अशिवासः। अव। क्रमुः॥ प० पा०

'अवः' के अकार का 'अभिनिधान' तभी होता है जब 'अवः' के पश्चात् 'त्वचः' पद हो जसा कि उदाहरण में हुआ है। प्रत्युदाहरण में 'अवः' के बाद में 'त्वचः' पद नहीं है, अतः 'अवः' के अकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ है।

---

१ ऋ० १।३०।१६ | २ ऋ० ६।१२।३ | ३ ऋ० १०।८८।९
४ ऋ० १०।९५।५ | ५ ऋ० १।३३।१३ | ६ ऋ० १०।९९।८
७ ऋ० १०।१५।५ | ८ ऋ० ७।१।११ | ९ ऋ० ६।५०।१०
१० ऋ० ३।१६।५ | ११ ऋ० ८।२७।२२ | १२ ऋ० १०।१७१।२
१३ ऋ० ७।३२।२७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"मा नो अग्नेऽवीरते परा दाः।"[१-क] अवांसि—"आ दैव्या वृणीमहेऽवांसि।"[२-ख] अवः—"आ तेऽवो वरेण्यम्।"[३-ग] "आ नोऽवोभिर्मरुतो यान्त्वच्छ"[४-घ]—ये उदाहरणे। अरथाः—"अनश्वासो ये पवयोऽरथाः॥"[५-ङ]

उ० भा० अ०—अदात्, अवर्त्रः, अजनयन्त, अव्यत्यै, अभेत्, अयोऽपाष्टिः, अवन्तु, अवीरता, अमुमुक्तम्, अमतये, अनशामहै, अव त्वचः, अवीरते, अवांसि अवः (और) अरथाः।.....।

वासोवायोऽभिभुवे कवष्यः
संक्रन्दनो धीजवनः स्वधाव।
उत्सादत ऋतावः सगर्भ्यो
हिरण्यश्रृङ्ग इति चोपधाभिः॥४१॥

सू० अ०—'वासोवायः', 'अभिभुवे', 'कवष्यः', 'संक्रन्दनः', 'धीजवनः' 'स्वधावः', 'उत्सादतः', 'ऋतावः', 'सगर्भ्यः' (और) 'हिरण्यश्रृङ्गः'—इन उपधाओं (अव्यवहित पूर्ववर्ती पदों) से भी (उपहित अकार 'अभिनिहित' संधि को प्राप्त कर लेता है)।

उ० भा०—वासोवायः, अभिभुवे, कवष्यः, संक्रन्दनः, धीजवनः, स्वधावः, उत्सादतः, ऋतावः, सगर्भ्यः, हिरण्यश्रृङ्गः—इति=एवंरूपाभिः; चोपधाभिः उपहितोऽकारोऽभिनिधीयते।

वासोवायः—"वासोवायोऽवीनाम्।"[६-च] अभिभुवे—"अभिभुवेऽभिभङ्गाय।"[७-छ] कवष्यः—"कवष्योऽकोषधावनीः।"[८] संक्रन्दनः—"संक्रन्दनोऽनिमिष एकवीरः।"[९-ज]

टि० (क) मा। नः। अग्ने। अवीरते। परा। दाः॥ प० पा०
(ख) आ। दैव्या। वृणीमहे। अवांसि॥ प० पा०
(ग) आ। ते। अवः। वरेण्यम्॥ प० पा०
(घ) आ। नः। अवःऽभिः। मरुतः। यान्तु। अच्छ॥॥ प० पा०
'अवः' के अकार के 'अभिनिधान' के दो उदाहरण दिए गए हैं।
(ङ) अनश्वासः। ये। पवयः। अरथाः॥ प० पा०
(च) वासःऽवायः। अवीनाम्॥ प० पा०
'वासोवायः' पद पूर्व में होने के कारण 'अवीनाम्' के अकार ने 'अभिनिहित' संधि को प्राप्त कर लिया है अर्थात् पूर्ववर्ती 'ओ' के साथ मिलकर एक हो गया है। आगे वाले सभी उदाहरणों को ऐसे ही समझ लेना चाहिए।
(छ) अभिऽभुवे। अभिऽभङ्गाय॥ प० पा०
(ज) सम्ऽक्रन्दनः। अनिऽमिषः। एकऽवीरः॥ प० पा०

---

१ ऋ० ७।१।१९ २ ऋ० ७।९७।२ ३ ऋ० ५।३५।३
४ ऋ० १।१६७।२ ५ ऋ० ५।३१।५ ६ ऋ० १०।२६।६
७ ऋ० २।२१।२ ८ तै० ब्रा० ३।६।२।२ ९ ऋ० १०।१०३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धीजवनः—"पूषेव धीजवनोऽसि सोम ।"[१-क] स्वधावः—"रायस्पूधि स्वधावोऽस्ति हि ते ।"[२-ख] उत्सादतः—"उत्सादतोऽङ्गादङ्गादवत्तानाम् ।"[३-ग] ऋतावः—"सम्राळृतावोऽनु मा गृभाय ।"[४-घ] सगर्भ्यः—"सगर्भ्योऽनु सखा सयूथ्यः ।"[५] हिरण्यश्रृङ्गः—"हिरण्यश्रृङ्गोऽयो अस्य पादाः ॥"[६-ङ]

उ० भा० अ०—**वासोवायः, अभिभुवे, कवष्यः, संक्रन्दनः, धीजवनः, स्वधावः, उत्सादतः, ऋतावः, सगर्भ्यः, हिरण्यश्रृङ्गः**—**इति**=इस प्रकार की; **चोपधाभिः**=उपधाओं से भी; उपहित अकार 'अभिनिहित' संधि को प्राप्त कर लेता है (तात्पर्य यह है कि परवर्ती 'अ' इन निर्दिष्ट पदों के अन्तिम 'ए' या 'ओ' के साथ मिलकर एक हो जाता है) ।.....।

येऽरा रायोऽध मेऽधायि नोऽहिरग्नेऽभिदासति ।
जायमानोऽभवोऽग्नेऽयं नृतोऽपोंऽहोऽतिपिप्रति ॥४२॥

सू० अ०—(अधोलिखित द्वैपदों में अकार का 'अभिनिधान' होता है)—'येऽराः', 'रायोऽध', 'मेऽधायि', 'नोऽहिः', 'अग्नेऽभिदासति', 'जायमानोऽभवः', 'अग्नेऽयम्', नृतोऽपः' (और) 'अंहोऽतिपिप्रति' ।

उ० भा०—येऽराः, रायोऽध, मेऽधायि, नोऽहिः, अग्नेऽभिदासति, जायमानोऽभवः, अग्नेऽयम्, नृतोऽपः, अंहोऽतिपिप्रति—एते च द्वैपदा यथागृहीतमभिनिधीयन्ते ।

येऽराः—"रथानां न येऽराः ।"[७-च] रायोऽध—"सत्रा रायोऽध ये पार्थिवासः ।"[८-छ] मेऽधायि—"उप प्रागात्सुमन्मेऽधायि ।"[९-ज] नोऽहिः—"उत नोऽहिर्बुध्न्यः शृणोतु ।"[१०-झ] अग्नेऽभिदासति—"यो नो अग्नेऽभिदासति ।"[११-ञ] जायमानोऽभवः—"जायमानोऽभवो

टि० (क) पूषाऽइव । धीऽजवनः । असि । सोम ॥ प० पा०
(ख) रायः । पूर्धि । स्वधाऽवः । अस्ति । हि । ते ॥ प० पा०
(ग) उत्सादतः । अङ्गात् । अङ्गात् । अवत्तानाम् ॥ प० पा०
(घ) सम्ऽराट् । ऋतऽवः । अनु । मा । गृभाय ॥ प० पा०
(ङ) हिरण्यऽश्रृङ्गः । अयः । अस्य । पादाः ॥ प० पा०
(च) रथानाम् । न । ये । अराः ॥ प० पा०
(छ) सत्रा । रायः । अध । ये । पार्थिवासः ॥ प० पा०
(ज) उप । प्र । अगात् । सुऽमत् । मे । अधायि ॥ प० पा०
(झ) उत । नः । अहिः । बुध्न्यः । शृणोतु ॥ प० पा०
(ञ) यः । नः । अग्ने । अभिऽदासति ॥ प० पा०

---

१ ऋ० ९।८८।३ २ ऋ० १।३६।१२ ३ वा० सं० २१।४३
४ ऋ० २।२८।६ ५ ऐ० ब्रा० २।६।१२ ६ ऋ० १।१६३।९
७ ऋ० १०।७८।४ ८ ऋ० ६।३६।१ ९ ऋ० १।१६२।७
१० ऋ० ६।५०।१४ ११ ऋ० १।७९।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महान् ।"[१-क] अग्नेऽयम्—"त्वयाग्नेऽयं सुन्वन्यजमानस्य ।"[ख] नृतोऽपः—"तव त्यन्नयं नृतोऽप इन्द्र ।"[२-ग] अंहोऽतिपिप्रति—"ये नो अंहोऽतिपिप्रति ।"[३-घ]

उ० भा० अ०—येऽराः, रायोऽध, मेऽधायि, नोऽहिः, अग्नेऽभिदासति, जायमानोऽभवः, अग्नेऽयम्, नृतोऽपः (और) अंहोऽतिपिप्रति—ये द्वैपद जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे ही (संहिता-पाठ में) 'अभिनिधान' को प्राप्त करते हैं।

जम्भयतोऽहिं मरुतोऽनुभर्त्रीं
यवसेऽविष्यन्वयुनेऽजनिष्ट ।
वृत्रहत्येऽवीः समरेऽतमाना
मरुतोऽमदन्नभितोऽनवन्त ॥४३॥

सू० अ०—(अधोलिखित द्वैपदों में अकार का 'अभिनिधान' होता है)—'जम्भयन्तोऽहिम्', 'मरुतोऽनुभर्त्री, 'यवसेऽविष्यन्', 'वयुनेऽजनिष्ट', 'वृत्रहत्येऽवीः', 'समरेऽतमानाः', 'मरुतोऽमदन्' (और) 'अभितोऽनवन्त'।

उ० भा०—जम्भयन्तोऽहिम्, मरुतोऽनुभर्त्री, यवसेऽविष्यन्, वयुनेऽजनिष्ट, वृत्रहत्येऽवीः, समरेऽतमानाः, मरुतोऽमदन्, अभितोऽनवन्त—एते च द्वैपदा यथागृहीतमभिनिधीयन्ते ।

जम्भयन्तोऽहिम्—"जम्भयन्तोऽहिं वृकं रक्षांसि ।"[४-ङ] मरुतोऽनुभर्त्री—"एषा स्या वो मरुतोऽनुभर्त्री ।"[५-च] यवसेऽविष्यन्—"प्रोथदश्वो न यवसेऽविष्यन् ।"[६-छ] वयुनेऽजनिष्ट—"इळायास्पुत्रो वयुनेऽजनिष्ट ।"[७-ज] वृत्रहत्येऽवीः—"ताभिरू षु वृत्रहत्येऽवीर्नः ।"[८-झ] समरेऽतमानाः—"न यं वयन्ति समरेऽतमानाः ।"[९-ञ] मरुतोऽमदन्—"स्वर्नृषाचो मरुतोऽमदन्ननु ।"[१०-ट] अभितोऽनवन्त—"समत्र गावोऽभितोऽनवन्त ।"[११-ठ]

टि० (क) जायमानः । अभवः । महान् ॥ प० पा०
(ख) यह प्रैष-मन्त्र है ।
(ग) तव । त्यत् । नर्यम् । नृतो इति । अपः । इन्द्र ॥ प० पा०
(घ) ये । नः । अंहः । अतिऽपिप्रति ॥ प० पा०
(ङ) जम्भयन्तः । अहिम् । वृकम् । रक्षांसि ॥ प० पा०
(च) एषा । स्या । वः । मरुतः । अनुऽभर्त्री ॥ प० पा०
(छ) प्रोथत् । अश्वः । न । यवसे । अविष्यन् ॥ प० पा०
(ज) इळायाः । पुत्रः । वयुने । अजनिष्ट ॥ प० पा०
(झ) ताभिः । ऊँ इति । सु । वृत्रऽहत्ये । अवीः । नः ॥ प० पा०
(ञ) न । यम् । वयन्ति । सम्ऽअरे । अतमानाः ॥ प० पा०
(ट) स्वः । नृऽसाचः । मरुतः । अमदन् । अनु ॥ प० पा०
(ठ) सम् । अत्र । गावः । अभितः । अनवन्त ॥ प० पा०

---

१ ऋ० ९।५९।४ २ ऋ० २।२२।४ ३ ऋ० ७।६६।५ ४ ऋ० ७।३८।७
५ ऋ० १।८८।६ ६ ऋ० ७।३।२ ७ ऋ० ३।२९।३ ८ ऋ० ६।२५।१
९ ऋ० ६।९।२ १० ऋ० १।५२।९ ११ ऋ० ५।३०।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—जम्भयन्तोऽहिम्, मरुतोऽनुभर्त्री, यवसेऽविष्यन्, वयुनेऽजनिष्ट, वृत्रहत्येऽवीः, समरेऽतमानाः, मरुतोऽमदन् (और) अभितोऽनवन्त—ये द्वैपद भी जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे ही (संहिता-पाठ में) 'अभिनिधान' को प्राप्त करते हैं।.....।

ब्रुवतेऽध्वँस्तवसेऽवाचि मेऽरपद्
दधिरेऽग्ना नहुषोऽस्मत्पुरोऽभिनत्।
उप तेऽधां वहतेऽयं यमोऽदिति-
र्जनुषोऽया सुवितोऽनु श्रियोऽधित ॥४४॥

सू० अ०—(अधोलिखित द्वैपदों में अकार का 'अभिनिधान' होता है)—'ब्रुवतेऽध्वन्', 'तवसेऽवाचि', 'मेऽरपत्', 'दधिरेऽग्ना', 'नहुषोऽस्मत्', 'पुरोऽभिनत्', "उप तेऽधाम्', 'वहतेऽयम्', 'यमोऽदितिः', 'जनुषोऽया', 'सुवितोऽनु' (और) 'श्रियोऽधित'।

उ० भा०—ब्रुवतेऽध्वन्, तवसेऽवाचि, मेऽरपत्, दधिरेऽग्ना, नहुषोऽस्मत्, पुरोऽभिनत्, उप तेऽधाम्, वहतेऽयम्, यमोऽदितिः, जनुषोऽया, सुवितोऽनु, श्रियोऽधित—एते च द्वैपदा यथागृहीतमभिनिधीयन्ते।

ब्रुवतेऽध्वन्—"सं ह ब्रुवतेऽध्वन्ना।"[१-क] तवसेऽवाचि—"सत्यशुष्माय तवसेऽवाचि।"[२-ख] मेऽरपत्—उत मेऽरपद्युवतिः।"[३-ग] दधिरेऽग्ना—"वैश्वानरे दधिरेऽग्ना वसूनि।"[४-घ] नहुषोऽस्मत्—"स नृतमो नहुषोऽस्मत्सुजातः।"[५-ङ] पुरोऽभिनत्—"पुरोऽभिनदर्हन्दस्युहत्ये।"[६-च] उप तेऽधाम्—"उप तेऽधां सहमानाम्।"[७-छ] वहतेऽयम्—"वहतेऽयं मघवा सर्वसेनः।"[८-ज] यमोऽदितिः—"नराशंसश्चतुरङ्गो यमोऽदितिः।"[९-झ]

टि० (क) सम्। ह। ब्रुवते। अध्वन्। आ॥ प० पा०
(ख) सत्यऽशुष्माय। तवसे। अवाचि॥ प० पा०
(ग) उत। मे। अरपत्। युवतिः॥ प० पा०
(घ) वैश्वानरे। दधिरे। अग्ना। वसूनि॥ प० पा०
(ङ) सः। नृऽतमः। नहुषः। अस्मत्। सुऽजातः॥ प० पा०
(च) पुरः। अभिनत्। अर्हन्। दस्युऽहत्ये। प० पा०
(छ) उप। ते। अधाम्। सहमानाम्॥ प० पा०
(ज) वहते। अयम्। मघऽवा। सर्वऽसेनः॥ प० पा०
(झ) नराशंसः। चतुःऽअङ्गः। यमः। अदितिः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १।३७।१३ [२] ऋ० १।५१।१५ [३] ऋ० ५।६१।९
[४] ऋ० १।५९।३ [५] ऋ० १०।९९।७ [६] ऋ० १०।९९।७
[७] ऋ० १०।१४५।६ [८] ऋ० ५।३०।३ [९] ऋ० १०।९२।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जनुषोऽया—"न य ईषन्ते जनुषोऽया न्वन्तः ।"[१-क] सुवितोऽनु—"सुवितो देवान्त्सुवितोऽनु पत्म ।"[२-ख] श्रियोऽधित—"विश्वा अधि श्रियोऽधित ॥"[३-ग]

उ० भा० अ०—ब्रुवतेऽध्वन्, तवसेऽवाचि, मेऽरपत्, दधिरेऽग्ना, नहुषोऽस्मत्, पुरोऽभिनत्, उप तेऽधाम्, वहतेऽयम्, यमोऽदितिः, जनुषोऽया, सुवितोऽनु, (और) श्रियोऽधित—ये द्वैपद भी जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे ही (संहिता-पाठ में) 'अभिनिधान' को प्राप्त करते हैं। .....।

वपुषेऽनु विशोऽयन्त सन्तोऽवद्यानि खेऽनशः ।
भरन्तोऽवस्यवोऽवोऽस्तु बुध्न्योऽजो मायिनोऽधमः ॥४५॥

सू० अ०—(अकार का 'अभिनिधान' अधोलिखित द्वैपदों में भी होता है)—'वपुषेऽनु', 'विशोऽयन्त', 'सन्तोऽवद्यानि', 'खेऽनशः', 'भरन्तोऽवस्यवः', 'अवोऽस्तु', 'बुध्न्योऽजः' (और) 'मायिनोऽधमः'।

उ० भा०—वपुषेऽनु, विशोऽयन्त, सन्तोऽवद्यानि, खेऽनशः, भरन्तोऽवस्यवः, अवोऽस्तु, बुध्न्योऽजः, मायिनोऽधमः—एते च द्वैपदा यथागृहीतमभिनिधीयन्ते।

वपुषेऽनु—"प्र वां वयो वपुषेऽनु पप्तन् ।"[४-घ] विशोऽयन्त—"सं यद्विशोऽयन्त शूरसातौ ।"[५-ङ] सन्तोऽवद्यानि—"अन्तः सन्तोऽवद्यानि पुनानाः ।"[६-च] खेऽनशः—"खे रथस्य खेऽनशः ।"[७-छ] भरन्तोऽवस्यवः—"स्थूरं न कच्चिद्भरन्तोऽवस्यव ज अवोऽस्तु—"महि त्रीणामवोऽस्तु ।"[९-झ] बुध्न्योऽजः—"अहिर्बुध्न्योऽज एकपादुत ।"[१०-ञ] मायिनोऽधमः—"त्वं मायाभिरप मायिनोऽधमः ।"[११-ट]

टि० (क) न । ये । ईषन्ते । जनुषः । अया । नु । अन्तरिति ॥ प० पा०
(ख) सुवितः । देवान् । सुवितः । अनु । पत्म ॥ प० पा०
(ग) विश्वाः । अधि । श्रियः । अधित ॥ प० पा०
(घ) प्र । वाम् । वयः । वपुषे । अनु । पप्तन् ॥ प० पा०
(ङ) सम् । यत् । विशः । अयन्त । शूरऽसातौ ॥ प० पा०
(च) अन्तरिति । सन्तः । अवद्यानि । पुनानाः ॥ प० पा०
(छ) खे । रथस्य । खे । अनशः ॥ प० पा०
(ज) स्थूरम् । न । कत् । चित् । भरन्तः । अवस्यवः ॥ प० पा०
(झ) महि । त्रीणाम् । अवः । अस्तु ॥ प० पा०
(ञ) अहिः । बुध्न्यः । अजः । एकऽपात् । उत ॥ प० पा०
(ट) त्वम् । मायाभिः । अप । मायिनः । अधमः ॥ प० पा०

---

१ ऋ० ६।६६।४ २ ऋ० १०।५६।३ ३ ऋ० १०।१२७।१
४ ऋ० ६।६३।६ ५ ऋ० ६।२६।१ ६ ऋ० ६।६६।४
७ ऋ० ८।९१।७ ८ ऋ० ८।२१।१ ९ ऋ० १०।१८५।१
१० ऋ० २।३१।६ ११ ऋ० १।५१।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—वपुषेऽनु, विशोऽयन्त, सन्तोऽवद्यानि, खेऽनशः, भरन्तोऽवस्यवः, अवोऽस्तु, बुध्न्योऽजः, मायिनोऽधमः—ये द्वैपद भी जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे ही (संहिता-पाठ में) 'अभिनिधान' को प्राप्त करते हैं.....।

देवोऽनयत्पुरूवसोऽसुरघ्नो
भूतोऽभि श्वेतोऽरुषस्तेन नोऽद्य ।
येऽजामयस्तेऽरदन्नोऽधिवक्ता
तेऽवर्धन्त तेऽरुणेभिः सदोऽधि ॥४६॥

सू० अ०—(अधोलिखित द्वैपदों में भी अकार का 'अभिनिधान' हो जाता है)—'देवोऽनयत्', 'पुरूवसोऽसुरघ्नः', भूतोऽभि', 'श्वेतोऽरुषः', 'तेन नोऽद्य', 'येऽजामयः', 'तेऽरदत्', 'नोऽधिवक्ता', 'तेऽवर्धन्त', 'तेऽरुणेभिः' (और) 'सदोऽधि'।

उ० भा०—देवोऽनयत्, पुरूवसोऽसुरघ्नः, भूतोऽभि, श्वेतोऽरुषः, तेन नोऽद्य, येऽजामयः, तेऽरदत्, नोऽधिवक्ता, तेऽवर्धन्त, तेऽरुणेभिः, सदोऽधि—एते च द्वैपदा यथागृहीतमभिनिधीयन्ते ।

देवोऽनयत्—"देवोऽनयत्सविता सुपाणिः ।"[१-क] पुरूवसोऽसुरघ्नः—"पुरुहूत पुरूवसोऽसुरघ्नः ।"[२-ख] भूतोऽभि—"मेषो भूतोऽभि यन्नयः ।"[३-ग] श्वेतोऽरुषः—"कृष्णः श्वेतोऽरुषो यामो अस्य ।"[४-घ] तेन नोऽद्य—"तेन नोऽद्य विश्वे देवाः ।"[५] तेन इति किम्? "ते नो अद्य ते अपरं तुचे तु नः ।"[६-ङ] येऽजामयः—"इन्द्र जामय उत येऽजामयः ।"[७-च] तेऽरदत्—"प्र तेऽरदद्वरुणो यातवे पथः ।"[८-छ] नोऽधिवक्ता—

टि० (क) देवः । अनयत् । सविता । सुऽपाणिः ॥ प० पा०
(ख) पुरुऽहूत । पुरुवसो इति पुरुऽवसो । असुरऽघ्नः ॥ प० पा०
(ग) मेषः । भूतः । अभि । यन् । अयः ॥ प० पा०
(घ) कृष्णः । श्वेतः । अरुषः । यामः । अस्य ॥ प० पा०
(ङ) ते । नः । अद्य । ते । अपरम् । तुचे । तु । नः ॥ प० पा०
'अद्य' के अकार का 'अभिनिधान' तभी होता है जब पूर्ववर्ती 'नः' से पहले 'तेन' पद हो जैसा कि उदाहरण में हुआ है। प्रत्युदाहरण में 'अद्य' के अकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ क्योंकि पूर्ववर्ती 'नः' के पहले 'तेन' नहीं अपितु 'ते' पद विद्यमान है।
(च) इन्द्र । जामयः । उत । ये । अजामयः । प० पा०
(छ) प्र । ते । अरदत् । वरुणः । यातवे । पथः । प० पा०

---

१ ऋ० ३।३३।६ २ ऋ० ६।२२।४ ३ ऋ० ८।२।४०
४ ऋ० १०।२०।९ ५ ऋ० खि० १०।१९१।३ ६ ऋ० ८।२७।१४
७ ऋ० ६।२५।३ ८ ऋ० १०।७५।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"स प्रावितामघवा नोऽधिवक्ता।"[१-क] तेऽवर्धन्त—"तेऽवर्धन्त स्वतवसो महित्वना।"[२-ख] तेऽरुणेभिः—"तेऽरुणेभिर्वरमा पिशङ्गैः।"[३-ग] सदोऽधि—"राजेव दस्म नि षदोऽधि बर्हिषि।"[४-घ]

उ० भा० अ०—देवोऽनयत्, पुरूवसोऽसुरघ्नः, भूतोऽभि, श्वेतोऽरुषः, तेन नोऽद्य, येऽजामयः, तेऽरदत्, नोऽधिवक्ता, तेऽवर्धन्त, तेऽरुणेभिः, सदोऽधि—ये द्वैपद भी जैसे (सूत्र में) ग्रहण किए गए हैं वैसे 'अभिनिहित' सधि को प्राप्त करते हैं।

स्वाध्योऽजनयन्धन्वनोऽभिमाती-
रग्नेऽप दह मनसोऽधि योऽध्वनः।
योऽह्यस्तेऽविन्दँस्तपसोऽधि न योऽधि
पादोऽस्य योऽति ब्राह्मणोऽस्य योऽनयत् ॥४७॥

सू० अ०—(अधोलिखित द्वैपदों में भी अकार का 'अभिनिधान' हो जाता है)—'स्वाध्योऽजनयन्', 'धन्वनोऽभिमातीः', 'अग्नेऽप दह्', 'मनसोऽधि', 'योऽध्वनः', 'योऽह्यः', 'तेऽविन्दन्', 'तपसोऽधि', 'न योऽधि', 'पादोऽस्य', 'योऽति', 'ब्राह्मणोऽस्य' (और) 'योऽनयत्'।

उ० भा०—स्वाध्योऽजनयन्, धन्वनोऽभिमातीः, अग्नेऽप दह, मनसोऽधि, योऽध्वनः, योऽह्यः, तेऽविन्दन्, तपसोऽधि, न योऽधि, पादोऽस्य, योऽति, ब्राह्मणोऽस्य, योऽनयत्—एते च यथागृहीतमभिनिधीयन्ते।

स्वाध्योऽजनयन्—"स्वाध्योऽजनयन्ब्रह्म देवाः।"[५-ङ] धन्वनोऽभिमातीः—"ओज स्थिरेव धन्वनोऽभिमातीः।"[६-च] अग्नेऽप दह—"विश्वा अग्नेऽप दहारातीः।"[७-छ] दह इति किम्? "महो रायः सातिमग्ने अपा वृधि।"[८-ज] मनसोऽधि—"उर्वश्या

टि० (क) सः। प्रऽअविता। मघऽवा। नः। अधिऽवक्ता॥ प० पा०
(ख) ते। अवर्वन्त। स्वऽतवसः। महिऽत्वना॥ प० पा०
(ग) ते। अरुणेभिः। वरम्। आ। पिशङ्गैः॥ प० पा०
(घ) राजाऽइव। दस्म। नि। सदः। अधि। बर्हिषि॥ प० पा०
(ङ) सुऽआध्यः। अजनयन्। ब्रह्म। देवाः॥ प० पा०
(च) ओजः। स्थिराऽइव। धन्वनः, अभिऽमातीः॥ प० पा०
(छ) विश्वाः। अग्ने। अप, दह। अरातीः॥ प० पा०
(ज) महः। रायः। सातिम्। अग्ने। अप। वृधि॥ प० पा०

'अप' के अकार का 'अभिनिधान' तभी होता है जब 'अप' के बाद में 'दह' पद विद्यमान हो जैसा कि उदाहरण में हुआ है। प्रत्युदाहरण में 'अप' के अकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ क्योंकि 'अप' के बाद में 'दह' पद नहीं आया है।

---

१ ऋ० ८।९६।२० २ ऋ० १।८५।७ ३ ऋ० १।८८।२ ४ ऋ० १०।४३।२
५ ऋ० १०।६१।७ ६ ऋ० १०।११६।६ ७ ऋ० ७।१।७ ८ ऋ० ८।२३।२९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रह्मन्मनसोऽधि जातः।"[१-क] योऽध्वनः—"मनो न योऽध्वनः सद्य एति।"[२-ख] योऽह्यः—"शतचक्रं योऽह्यो वर्तनिः।"[३-ग] तेऽविन्दन्—"तेऽविन्दन्मनसा दीध्यानाः।"[४-घ] तपसोऽधि—"तपसोऽध्यजायत।"[५-ङ] न योऽधि—"भूषन्न योऽधि बभ्रूषु।"[६-च] न इति किम्? "पावमानीर्यो अध्येति।"[७-छ] पादोऽस्य—"पादोऽस्य विश्वा भूतानि।"[८-ज] योऽति—"इन्द्रो विश्वा योऽति शृण्वे।"[९-झ] ब्राह्मणोऽस्य—"ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्।"[१०-ञ] योऽनयत्—"आ योऽनयत् सधमा आर्यस्य॥"[११-ट]

उ० भा० अ०—स्वाध्योऽजनयन्, धन्वनोऽभिमातीः, अग्नेऽप दह, मनसोऽधि, योऽध्वनः, योऽह्यः, तेऽविन्दन्, तपसोऽधि, न योऽधि, पादोऽस्य, योऽति, ब्राह्मणोऽस्य (और) योऽनयत्—ये भी जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे (संहिता-पाठ में) 'अभिनिधान' को प्राप्त करते हैं।.....।

सोऽस्माकं यो द्वेषोभ्योऽन्यकृतेभ्य-
स्तेभ्योऽकरं पयस्वन्तोऽमृताश्च ॥४८॥

सू० अ०—('अभिनिधान' इन स्थलों पर) भी (हो जाता है)—'सोऽस्माकं यः', द्वेषेभ्योऽन्यकृतेभ्यः', 'तेभ्योऽकरम्' (और) 'पयस्वन्तोऽमृताश्च'।

उ० भा० सोऽस्माकं यः, द्वेषेभ्योऽन्यकृतेभ्यः, तेभ्योऽकरम्, पयस्वन्तोऽमृताः—एते च द्वैपदा यथागृहीतमभिनिधीयन्ते।

टि० (क) उर्वश्याः। ब्रह्मन्। मनसः। अधि। जातः॥ प० पा०
(ख) मनः। न। यः। अध्वनः। सद्यः। एति॥ प० पा०
(ग) शतञ्चक्रम्। यः। अह्यः। वर्तनिः॥ प० पा०
(घ) ते। अविन्दन्। मनसा। दीध्यानाः॥ प० पा०
(ङ) तपसः। अधि। अजायत॥ प० पा०
(च) भूषन्। न। यः। अधि। बभ्रूषु॥ प० पा०
(छ) पावमानीः। यः। अधिऽएति॥ प० पा०

'अधि' के अकार का 'अभिनिधान' तभी होता है, जब पूर्ववर्ती 'यः' के पूर्व में 'न' पद हो जैसा कि उदाहरण में हुआ है। प्रत्युदाहरण में 'अधि' के अकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ क्योंकि पूर्ववर्ती 'यः' के पूर्व में 'न' पद नहीं है।

(ज) पादः। अस्य। विश्वा। भूतानि॥ प० पा०
(झ) इन्द्रः। विश्वा। यः। अति। शृण्वे॥ प० पा०
(ञ) ब्राह्मणः। अस्य। मुखम्। आसीत्॥ प० पा०
(ट) आ। यः। अनयत्। सधऽमाः। आर्यस्य॥ प० पा०

---

१ ऋ० ७।३३।११ २ ऋ० १।७१।९ ३ ऋ० १०।१४४।४
४ ऋ० १०।१८१।३ ५ ऋ० १०।१९०।१ ६ ऋ० १।१४०।६
७ ऋ० ९।६७।३२ ८ ऋ० १०।९०।३ ९ ऋ० ८।२।३४
१० ऋ० १०।९०।१२ ११ ऋ० ७।१८।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सोऽस्माकं यः—"उपस्तिरस्तु सोऽस्माकं यः ।"[१-क] **यः इति किम्** ? "सास्माकमनवद्य तूतुजान ।"[२-ख] **द्वेषेभ्योऽन्यकृतेभ्यः**—"त्वं सोम तनूकृद्भ्यो द्वेषेभ्योऽन्यकृतेभ्यः ।"[३-ग] **तेभ्योऽकरम्**—"इदं तेभ्योऽकरं नमः ।"[४-घ] **पयस्वन्तोऽमृताः**—"शुक्राः पयस्वन्तोऽमृताः ॥"[५]

उ० भा० अ० **सोऽस्माकं यः, द्वेषेभ्योऽन्यकृतेभ्यः, तेभ्योऽकरम्** (और) **पयस्वन्तोऽमृताः**—ये द्वैपद भी जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे ही (संहिता-पाठ में) अभिनिधान' को प्राप्त करते हैं ।

अन्योऽर्वाकेऽथो इति नोदयेषु
पुत्रः पराके च परावतश्च ॥४६॥

सू० अ०—'पुत्रः', 'पराके' और 'परावतः' के बाद में (क्रमशः) 'अन्यः', 'अर्वाके' और 'अथो' हों तो (अकार का 'अभिनिधान' नही होता) ।

उ० भा०—"अथाभिनिहितः संधिः"[६] इत्यनुक्रम्य पादादिरकार एकीभवतीति यदुक्तं तस्यायमपवादः । **अन्यः, अर्वाके, अथो**—एतेषु पदेषु **उदयेषु**; **पुत्रः, पराके, परावतः**—एतेषु च पूर्वपदेषु यथासंख्यमभिनिहितो न भवति ।

अन्यः—"अख्खलीकृत्या पितरं न पुत्रो अन्यः ।"[७] **अर्वाके**—"यन्नासत्या पराके अर्वाके ।"[८] **अथो**—"आविवासन्परावतो अथो ॥"[९]

उ० भा० अ०—'अब 'अभिनिहित' संधि (को कहते हैं)" से प्रारम्भ करके (इस सूत्र में) जो कहा गया है कि "पाद का आदि अकार (पूर्ववर्ती एकार और ओकार के साथ मिलकर) एक हो जाता है"—उसका यह (सूत्र) अपवाद है । **अन्यः, अर्वाके, अथो**—ये पद; **उदयेषु**=बाद में होने पर; **पुत्रः, पराके, परावतः**—ये (पद) क्रमशः पूर्व

टि० (क) उपस्तिः । अस्तु । सः । अस्माकम् । यः ॥ प० पा०

(ख) सः । अस्माकम् । अनवद्य । तूतुजान ॥ प० पा०

'सः' के बाद में आने वाले 'अस्माकम्' पद के अकार का 'अभिनिधान' तभी होता है जब 'अस्माकम्' के बाद में 'यः' पद विद्यमान हो, जैसा उदाहरण में हुआ है। प्रत्युदाहरण में 'अस्माकम्' के अकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ है क्योंकि बाद में 'यः' पद नहीं है । (प० पा०) 'सः । अस्माकम् ।" =(सं० पा०) "सास्माकम्" में निपातन से विसर्जनीय का लोप होकर 'प्रश्लिष्ट' संधि हुई है, दे० २।६८ ।

(ग) त्वम् । सोम । तनूकृत्भ्यः । द्वेषेऽभ्यः । अन्यऽकृतेभ्यः ॥ प० पा०

(घ) इदम् । तेभ्यः । अकरम् । नमः ॥ प० पा०

---

१ ऋ० १०।९७।२३ २ ऋ० १।१२९।१ ३ ऋ० ८।७९।३
४ ऋ० १०।८५।१७ ५ तै० ब्रा० २।६।११।१० ६ २।३४
७ ऋ० ७।१०३।३ ८ ऋ० ८।९।१५ ९ ऋ० ९।३९।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में होने पर 'अभिनिहित' (संधि) नहीं होती है (तात्पर्य यह है कि यदि 'पुत्रः' 'पराके' और 'परावतः' पदों के तुरन्त बाद क्रमशः 'अन्यः', 'अर्वाके' और 'अथो' पद हों तो 'अभिनिहित' संधि नहीं होती है)।

अन्यः—"अख्खलीकृत्या पितरं न पुत्रो अन्यः।"[क] **अर्वाके**—"यन्नासत्या पराके अर्वाके।"[ख] **अथो**—"आविवासन्परावतो अथो।"[ग]

अन्तःपादं च वयो अन्तरिक्षे
वयो अस्याश्रथयो हेतयस्त्रयः।
वो अन्धसः शयवे अश्विनोभये
श्रवो अधि सार्ञ्जयो जामयः पयः ॥५०॥

सू० अ०—और पाद के मध्य में (इन स्थलों पर अकार का 'अभिनिधान' नहीं होता)—'वयो अन्तरिक्षे', 'वयो अस्य', 'अश्रथयः', 'हेतयः', 'त्रयः', 'वो अन्धसः', 'शयवे अश्विना', 'उभये', 'श्रवो अधि', 'सार्ञ्जयः', 'जामयः' (और) 'पयः'।

उ० भा०—"अन्तःपादम्"[१] इत्युपक्रम्य यदुक्तं तस्यायमपवादः। (अन्तःपादम् च=) पादमध्ये च—वयो अन्तरिक्षे, अश्रथयः, हेतयः, त्रयः, वो अन्धसः, शयवे अश्विना, उभये, श्रवो अधि, सार्ञ्जयः, जामयः, पयः।

वयो अन्तरिक्षे—"अग्निं वयो अन्तरिक्षे पतन्तः।"[२] अन्तरिक्षे इति कस्मात्? "आ वां वयोऽश्वासः।"[३] **वयो अस्य**—"वर्धो अग्ने वयो अस्य।"[४] अस्य इति किम्? "आ वां वयोऽश्वासः।"[५] **अश्रथयः**—"सतीनमन्युरश्रथायो अद्रिम्।"[६] **हेतयः**—"शतानीका हेतयो अस्य।"[७] **त्रयः**—"चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य।"[८] **वो अन्धसः**—"पान्तमा वो अन्धसः।"[९] अन्धसः इति किम्? "आ वोऽहं समितिं ददे।"[१०] "व इत्येतेन चा न

टि० (क) अख्खलीकृत्य। पितरम्। न। पुत्रः।
अन्यः। ..... ॥ प० पा०

(ख) यत्। नासत्या। पराके।
अर्वाके। ..... ॥ प० पा०

(ग) आऽविवासन्। पराऽवतः।
अथो इति। ..... ॥ प० पा०

उपर्युक्त स्थलों पर 'अन्यः', 'अर्वाके' तथा 'अथो'—ये पद पाद के आदि में विद्यमान हैं, अतः इनके अकार का 'अभिनिधान' २।३४ से प्राप्त होता है किंतु प्रस्तुत सूत्र में इनके 'अभिनिधान' का निषेध कर दिया गया है।

---

१ ऋ० २।३५ | २ ऋ० १०।८०।५ | ३ ऋ० ६।६३।७
४ ऋ० १।७१।६ | ५ ऋ० ६।६३।७ | ६ ऋ० १०।११२।८
७ ऋ० ८।५०।२ | ८ ऋ० ४।५८।३ | ९ ऋ० ८।९२।१
१० ऋ० १०।१६६।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्र···"[१] इत्यस्यायमपवादः। "अयेऽयोऽवेऽव इत्यन्तैः···"[२] इत्यस्यापवादाः शेषाः। शयवे अश्विना—"अपिन्वतं शयवे अश्विना गाम्।"[३] **उभये**—"यद्वां हवन्त उभये अध।"[४] **श्रवो अधि**—"यन्नार्षदाय श्रवो अध्यधत्तम्।"[५] अधि इति किम्? "श्रवोऽमृत्यु धुक्षत।"[६] **सार्ञ्जयः**—"भरद्वाजान्साञ्जयो अभ्ययष्ट।"[७] **जामयः**—"जामयो अध्वरीयताम्।"[८] **पयः**—"आसा यदस्य पयो अक्रत स्वम्॥"[९]

उ० भा० अ०—"पाद के मध्य में" से प्रारम्भ करके जो कहा गया है उसका यह अपवाद है। (**अन्तःपादं च**=) और पाद के मध्य में (इन स्थलों पर 'अभिनिधान' नहीं होता है)—**वयो अन्तरिक्षे, वयो अस्य, अश्रथयः, हेतयः, त्रयः, वो अन्धसः, शयवे अश्विना, उभये, श्रवो अधि, साञ्जयः, जामयः, पयः।**

वयो अन्तरिक्षे—"अग्निं वयो अन्तरिक्षे पतन्तः।"[क] "अन्तरिक्षे"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ वां वयोऽश्वासः।"[ख] **वयो अस्य**—"वर्धो अग्ने वयो अस्य।"[ग] "अस्य"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ वां वयोऽश्वासः।"[घ] **अश्रथयः**—"सतीनमन्युरश्रथायो अद्रिम्।"[ङ] **हेतयः**—"शतानीका हेतयो अस्य।"[च] **त्रयः**—"चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य।"[छ] **वो अन्धसः**—"पान्तमा वो अन्धसः।"[ज] "अन्धसः"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ वोऽहं समिति ददे।" "'आ', 'न', 'प्र'

टि० (क) अग्निम्। वयः। अन्तरिक्षे। पतन्तः॥ प० पा०

(ख) आ। वाम्। वयः। अश्वासः॥ प० पा०

'वयो' (='वयः') पूर्व में हो तो परवर्ती 'अन्तरिक्षे' पद के ही अकार का 'अभिनिधान' नहीं होता जैसा कि उदाहरण से स्पष्ट है। प्रत्युदाहरण में 'वयो' (='वयः') के बाद में आने वाले 'अश्वासः' पद के अकार का 'अभिनिधान' २।३७ से हो गया क्योंकि प्रस्तुत सूत्र में 'वयो' ('वयः') के बाद में आने वाले केवल 'अन्तरिक्षे' (तथा 'अस्य') पद के अकार के 'अभिनिधान' का ही निषेध किया गया है।

(ग) वर्धो इति। अग्ने। वयः। अस्य॥ प० पा०

(घ) आ। वाम्। वयः। अश्वासः॥ प० पा०

(ङ) सतीनऽमन्युः। अश्रथयः। अद्रिम्॥ प० पा०

(च) शतऽअनीकाः। हेतयः। अस्य॥ प० पा०

(छ) चत्वारि। शृङ्गा। त्रयः। अस्य॥ प० पा०

(ज) पान्तम्। आ। वः। अन्धसः॥ प० पा०

(झ) आ। वः। अहम्। सम्ऽइतिम्। ददे॥ प० पा०

२।३८ में यह विधान किया गया था कि 'आ' इत्यादि पदों से उपहित 'वः' पद से उपहित अकार का 'अभिनिधान' हो जाता है। "वो अन्धसः" में

---

[१] २।३८ [२] २।३७ [३] ऋ० १।११७।२०
[४] ऋ० ७।८२।९ [५] ऋ० १।११७।८ [६] ऋ० ६।४८।१२
[७] ऋ० ६।४७।२५ [८] ऋ० १।२३।१६ [९] ऋ० १०।१।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

('क्व', 'चित्रः' 'सविता', 'एव' और 'कः'—इन पदों से उपहित) 'वः' इस (पद) से (उपहित अकार 'अभिनिधान' को प्राप्त करता है)" इस (सूत्र) का यह ("वो अन्धसः") अपवाद है। शेष (सभी) " 'अये', 'अयः', 'अवे' और 'अवः'—इनमें अन्त होने वाले (पदों) से (उपहित अकार अभिनिधान' को प्राप्त करता है)"—इस (सूत्र) के अपवाद हैं।[क] **शयवे अश्विना** "अपिन्वतं शयवे अश्विना गाम्।"[ख] **उभये**—यद्वा हवन्त उभये अध।"[ग] **श्रवो अधि**—"यन्नार्षदाय श्रवो अध्यत्तम्।"[घ] "अधि"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "श्रवोऽमृत्यु धुक्षत।"[ङ] **साञ्जयः**—"भरद्वाजान्साञ्जयो अभ्यषष्ट।"[च] **जामयः**—"जामयो अध्वरीयताम्।"[छ] **पयः**—"आसा यदस्य पयो अक्रत स्वम्॥"[ज]

उ० भा०—इदानीं प्रकृतिभावः। तत्र प्रथमं पदसंहितामाह—

उ० भा० अ०—अब 'प्रकृतिभाव' (कहा जाता है)। इस ('प्रकृतिभाव' के) विषय में पहले (सूत्रकार ने) पद-संहिता को कहा है (अर्थात् सूत्रकार पहले पद-पाठ में होने वाले 'प्रकृतिभाव' को कहते हैं। पद-पाठ में 'इति' के साथ होने वाली पद की संहिता को यहाँ पद-संहिता कहा गया है)।

(प्रकृतिभाव)

प्रकृत्येतिकरणादौ प्रगृह्याः ॥५१॥

(प्रकृतिभाव)

सू० अ० 'इति' शब्द परे हो तो 'प्रगृह्य' ('स्वर'-वर्ण) 'प्रकृतिभाव' से (रहते हैं)।

(१७२ञ) अकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ क्योंकि प्रस्तुत सूत्र में इस स्थल पर 'अभिनिधान' का निषेध किया गया है। 'वो' (='वः') के बाद में जब 'अन्धसः' पद आता है तभी 'अभिनिधान' नहीं होता, इसलिए 'वोऽहम्' में २।३८ से 'अभिनिधान' हो गया है।

टि० (क) इस सूत्र में उल्लिखित बारह अपवादों में से केवल एक ("वो अन्धसः") २।३८ का अपवाद है। शेष सभी ग्यारह स्थल २।३७ के अपवाद हैं।

(ख) अपिन्वतम्। शयवे। अश्विना। गाम्॥ प० पा०

(ग) यत्। वाम्। हवन्ते। उभये। अध॥ प० पा०

(घ) यत्। नार्षदाय। श्रवः। अधिऽअधत्तम्॥ प० पा०

(ङ) श्रवः। अमृत्यु। धुक्षत॥ पा० पा०

इस सूत्र में यह कहा गया है कि 'श्रवः' के बाद में आने पर 'अधि' का अकार 'अभिनिधान' को प्राप्त नहीं करता है जैसा कि उदाहरण से स्पष्ट है। प्रत्युदाहरण में 'श्रवः' के बाद में आने वाले 'अमृत्यु' के अकार का 'अभिनिधान' २।३७ से हो गया है क्योंकि इसका निषेध प्रस्तुत सूत्र में नहीं किया गया है।

(च) भरत्ऽवाजान्। साञ्जयः। अभि। अयष्ट॥ प० पा०

(छ) जामयः। अध्वरिऽयताम्॥ प० पा०

(ज) आसा। यत्। अस्य। पयः। अक्रत। स्वम्॥ प० पा०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—इतिकरणादौ परभूते प्रगृह्याः प्रकृत्या भवन्ति। "इन्दो इति"; "शतक्रतो इति"; "ऊँ इति"; "प्रो इति"; "इन्द्राग्नी इति"; "द्वे इति ।।"

उ० भा० अ०—**इतिकरणादौ**='इति' शब्द परे होने पर; **प्रगृह्याः प्रकृत्या**='प्रगृह्य' ('स्वर'-वर्ण) 'प्रकृतिभाव' से; रहते हैं (अर्थात् 'प्रगृह्य' स्वरों की 'इति' के इकार के साथ संधि नहीं होती। (उदाहरण) "इन्दो इति", "शतक्रतो इति"क, "ऊँ इति",ख "प्रो इति"ग, "इन्द्राग्नी इति", "द्वे इति।"घ

स्वरेषु चार्ष्याम् ॥५२॥

सू० अ०—आर्षी ('-संहिता') में 'स्वर' ('-वर्ण') परे होने पर भी ('प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं)।

उ० भा०—स्वरेषु च परभूतेषु आर्ष्याम् संहितायाम्। ऋषिदृष्टा=आर्षी; तत्र; प्रगृह्याः प्रकृत्या भवन्ति। "राजन्ती अस्य भुवनस्य रोदसी अस्मे"[१]; "इन्द्रवायू इमे सुताः"[२]; "ते इद्विप्रा ईळते"[३]; "प्रो अयासीदिन्दुः"[४]; "सोमो गौरी अधि श्रितः ।।"[५]

उ० भा० अ०—**स्वरेषु च**='स्वर' (–वर्ण) परे होने पर भी; **आर्ष्याम्**=आर्षी संहिता में। ('आर्ष्याम्' पद की व्याख्या)—ऋषियों के द्वारा दृष्ट=आर्षी; वहाँ (अर्थात् आर्षी में='आर्ष्याम्')। 'प्रगृह्य' 'स्वर' (–वर्ण) 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं (तात्पर्य यह है कि संहिता-पाठ में पदान्त 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण के परे पदादि 'स्वर'-वर्ण हो तो दोनों 'स्वर'-वर्णों में संधि नहीं होगी)। (उदाहरण) "राजन्ती अस्य भुवनस्य रोदसी अस्मे"; "इन्द्रवायू इमे सुताः"; "ते इद्विप्रा ईळते"ङ; "प्रो अयासीदिन्दुः"; "सोमो गौरी अधि श्रितः।"च

टि० (क) 'इन्दो' और 'शतक्रतो' का ओकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है (अर्थात् अविकृत रहता है) क्योंकि यह ओकार १।६८ से 'प्रगृह्य' है तथा इसके बाद में 'इति' है।

(ख) 'ऊँ' 'प्रकृतिभाव' से रहता है क्योंकि यह १।७५ से 'प्रगृह्य' है तथा इसके बाद में 'इति' है।

(ग) 'प्रो' का ओकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है क्योंकि यह १।७० से 'प्रगृह्य' है तथा इसके बाद में 'इति' है।

(घ) 'इन्द्राग्नी' का ईकार और 'द्वे' का एकार 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं क्योंकि ये १।७१ से 'प्रगृह्य' हैं तथा इनके बाद में 'इति' है।

(ङ) 'राजन्ती' और रोदसी' का ईकार, 'इन्द्रवायू' का ऊकार और 'ते' का एकार—ये 'स्वर'-वर्ण–'प्रकृतिभाव' से रहते हैं क्योंकि ये १।७१ से 'प्रगृह्य' हैं और इनके बाद में 'स्वर'-वर्ण हैं।

(च) 'प्रो' का ओकार और 'गौरी' का ईकार 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं क्योंकि ये क्रमशः १।७० तथा १।७२ से 'प्रगृह्य' हैं तथा इनके बाद में 'स्वर'-वर्ण हैं।

---

[१] ऋ० ६।७०।२ [२] ऋ० १।२।४ [३] ऋ० ६।७०।४
[४] ऋ० ९।८६।१६ [५] ऋ० ९।१२।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथमो यथोक्तम् ॥५३॥

सू० अ०—प्रथम ('प्रगृह्य') (अर्थात् आमन्त्रितज ओकार) (आर्षी-संहिता में वैसे ही संधि को प्राप्त करता है) जैसे (२।२८, २।३१ और २।३४ आदि में) कहा गया है।

उ० भा०—प्रथमः प्रगृह्य आर्ष्यां संहितायां यथोक्तम् एव भवति। कश्च प्रथमः? "ओकार आमन्त्रितजः प्रगृह्यः"[१] इत्यनेन य उक्तः। "इन्दविन्द्राय मत्सरम्"[२]; "वाय उक्थेभिर्जरन्ते"[३]; "अत्रा चिन्नो मधो पितोऽरम्"[४]; "यददो पितो अजगन्"[५]; "पुरुहूत पुरूवसोऽसुरघ्नः।"[६] प्रथमः इति किम्? "प्रो अयासीदिन्दुरिन्द्रस्य॥"[७]

उ० भा० अ०—**प्रथमः**=प्रथम; 'प्रगृह्य' ('स्वर'-वर्ण) आर्षी-संहिता में (वैसा ही होता है) जैसा (२।२८, २।३१ और २।३४ आदि में) कहा गया है[क] (तात्पर्य यह है कि प्रथम 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण अर्थात् आमन्त्रितज ओकार 'प्रकृतिभाव' से नहीं रहता है, अपितु पूर्वोक्त नियमों—२।२८, २।३१ और २।३४ आदि के अनुसार कार्य को प्राप्त करता है)। प्रथम ('प्रगृह्य') कौन-सा है? (उत्तर) "संबोधन (आमन्त्रित) पद का अन्तिम ओकार 'प्रगृह्य' (-संज्ञक) (होता है)"— इस (सूत्र) के द्वारा जिसे कहा गया है (वह प्रथम है)। (उदाहरण) "इन्दविन्द्राय मत्सरम्"[ख]; "वाय उक्थेभिर्जरन्ते"[ग]; "अत्रा चिन्नो मधो

टि० (क) यह सूत्र पूर्ववर्ती सूत्र (२।५२) का अपवाद है। २।५२ के अनुसार संहिता-पाठ में 'स्वर'-वर्ण बाद में आने पर पूर्ववर्ती 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं किंतु यह सूत्र प्रथम 'प्रगृह्य' के 'प्रकृतिभाव' का निषेध कर देता है। इस सूत्र के अनुसार प्रथम 'प्रगृह्य' 'प्रकृतिभाव' से न रहकर पूर्वोक्त नियमों के अनुसार कार्य को प्राप्त करता है।

(ख) इन्दो इति। इन्द्राय। मत्सरम्॥ प० पा०

'इन्दो' का ओकार प्रथम (=आमन्त्रितज) है, अतः प्रस्तुत सूत्र के अनुसार यह 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त नहीं हुआ अपितु २।३१ से यहाँ 'भुग्न' संधि हो गई। पद-पाठ में तो इससे परे 'इति' शब्द है जिससे यह 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण (=ओकार) २।५१ से 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त हो गया और इति' के इकार के साथ इसकी संधि नहीं हुई।

(ग) वायो इति। उक्थेभिः। जरन्ते॥ प० पा०

'वायो' का ओकार प्रथम (=आमन्त्रितज) है, अतः प्रस्तुत सूत्र के अनुसार यह 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त नहीं हुआ, अपितु २।३८ से यहाँ 'उद्ग्राह' संधि हो गई (अर्थात् यहाँ ओकार अकार हो गया)। पद-पाठ में तो २।५१ से 'प्रकृतिभाव' हो गया।

---

[१] १।६८ [२] ऋ० ९।२६।६ [३] ऋ० १।२।२ [४] ऋ० १।१८७।७
[५] ऋ० १।१८७।७ [६] ऋ० ६।२२।४ [७] ऋ० ९।८६।१६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पितोऽरम्"क; "यददो पितो अजगन्"ख; "पुरुहूत पुरूवसोऽसुरघ्नः।"ग "प्रथमः (ओकार)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "प्रो अयासीदिन्दुरिन्द्रस्य।"घ

सहोदयास्ताः प्रगृहीतपदाः सर्वत्रैव ॥५४॥

सू० अ०—परवर्ती ('स्वर'-वर्णों) के साथ (होने वाली) ये (संहितायें) सर्वत्र (अर्थात् पद-पाठ में और संहिता-पाठ में) 'प्रगृहीतपद' (कहलाती हैं)।

उ० भा०—सह उदयेन वर्तन्त इति सहोदयाः। ताः संहिताः; (प्रगृहीतपदाः=) प्रगृहीतपदसंज्ञाः; वेदितव्याः। सर्वत्रैव=पदसंहितायामितिकरणादौ परभूते स्वरेषु चार्ष्यामुदयेषु; प्रगृहीतपदा एव। "इन्दो इति"; "शतक्रतो इति शतऽक्रतो"; "इन्द्राग्नी इति।" "अतप्यमाने अवसावन्ती अनु।"[१]

उ० भा० अ०—परवर्ती ('स्वर'-वर्ण) के साथ होती हैं=**सहोदयाः**। **ताः**=वे 'संहिता'; (**प्रगृहीतपदाः**=) 'प्रगृहीतपद'-संज्ञक; जाननी चाहिए। **सर्वत्रैव**=सर्वत्र ही='इति' शब्द परे रहते पद-संहिता में और 'स्वर'-वर्ण परे रहते आर्षी (-संहिता) में; 'प्रगृहीतपद' ही (कहलाती) हैं। (उदाहरण) "इन्दो इति"; "शतक्रतो इति शतऽक्रतो"; "इन्द्राग्नी इति।"ङ "अतप्यमाने अवसावन्ती अनु।"च

टि० (क) अत्र। चित्। नः। मघो इति। पितो इति।
अरम्।.....॥ प० पा०

'पितो' का ओकार प्रथम (=आमन्त्रितज) है, अतः प्रस्तुत सूत्र के अनुसार यह 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त नहीं हुआ अपितु २।३४ से यहाँ 'अभिनिहित' संधि हो गई। पद-पाठ में तो २।५१ से यहाँ भी 'प्रकृतिभाव' हो गया।

(ख) यत्। अदः। पितो इति। अजगन्॥ प० पा०

'पितो' का ओकार आमन्त्रितज है, अतः यह प्रकृत सूत्र से 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त नहीं हुआ, अपितु २।३३ से 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त हुआ है।

(ग) पुरुऽहूत। पुरुवसो इति पुरुऽवसो। असुरऽघ्नः॥ प० पा०

'पुरुवसो' का ओकार प्रथम (=आमन्त्रितज) है, अतः यह प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त नहीं हुआ अपितु यहाँ २।४६ से 'अभिनिहित' संधि हो गई। पद-पाठ में तो २।५१ से यहाँ भी 'प्रकृतिभाव' हो गया।

(घ) प्रो इति। अयासीत्। इन्दुः। इन्द्रस्य॥ प० पा०

'प्रो' का ओकार प्रथम (=आमन्त्रितज) नहीं है, अतः संहिता-पाठ में भी यह २।५२ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से रहेगा क्योंकि इसके परे 'स्वर'-वर्ण है। पद-पाठ में तो यह २।५१ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से रहेगा ही।

(ङ) 'इति' परे रहते 'इन्दो' और 'शतक्रतो' का ओकार तथा 'इन्द्राग्नी' का ईकार २।५१ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं। इसका यह तात्पर्य है कि ओकार और ईकार में कोई विकार नहीं होता। विकार न होने पर भी पदान्त ओकार

---

[१] ऋ० १।१८५।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्र्यक्षरान्तास्तु नेवे ॥५५॥

सू० अ०—किंतु, 'इव' पद बाद में होने पर, तीन अक्षरों (=स्वरवर्णों) वाले (पदों) के अन्त में आने वाले ('प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण आर्षी संहिता में 'प्रकृतिभाव' से) नहीं रहते (अपितु वे 'अक्षर' 'इव' के इकार के साथ संधि को प्राप्त कर लेते हैं)।

उ० भा०—(त्र्यक्षरान्तास्तु=) त्र्यक्षरपर्यन्ताः पुनः; प्रगृह्या इवे प्रत्यये न प्रकृत्या भवन्त्यार्ष्यां संहितायाम्। "दम्पतीव ऋतुविदा।"[१] आर्ष्याम् इति किम्? (दम्पतीव—) "दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव"[२]; उपधीव—"उपधी इवेत्युपधीऽइव॥"[३] त्र्यक्षरान्ताः इति किम्? "अक्षी इव चक्षुषा यातमर्वाक्।"[४] इवे इति किम्? "रोदसी आ वदत॥"[५]

उ० भा० अ०—(त्र्यक्षरान्तास्तु=) किंतु तीन अक्षरों (='स्वर'-वर्णों) वाले (पदों) के अन्त में विद्यमान; 'प्रगृह्य' ('स्वर'-वर्ण); इवे='इव' (शब्द) परे होने पर; 'प्रकृतिभाव' से; न=नहीं; रहते हैं, आर्षी संहिता में (तात्पर्य यह है कि संहितापाठ में तीन अक्षरों वाले पदों के अन्त में आने वाले 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण 'प्रकृतिभाव' से नहीं रहते, यदि उनके बाद में 'इव' पद हो जिससे पदान्त 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण की 'इव' के इकार (पदादि) के साथ संधि हो जाती है)।क (उदाहरण) "दम्पतीव ऋतुविदा।"ख "आर्षी (संहिता) में"—वह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) (सं० पा० दम्पतीव—) (प० पा०) "दम्पती

(१७६ङ) अथवा ईकार तथा पदादि इकार की 'संहिता' (मेल) तो सम्पन्न होती ही है। इस विकार-विहीन 'संहिता' को 'प्रगृहीतपद' कहा जाता है।

(च) 'स्वर'-वर्ण परे रहते 'अतप्यमाने' का एकार तथा 'अवन्ती' का ईकार २।५२ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं। अविकृत रहने पर भी 'ए' और 'ई' की परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के साथ 'संहिता' तो सम्पन्न होती ही है जिसे 'प्रगृहीतपद' कहा जाता है।

टि० (क) यह सूत्र २।५२ का अपवाद है। २।५२ में यह विधान किया गया है कि आर्षी संहिता में 'स्वर'-वर्ण परे रहते पदान्त 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार तीन अक्षरों वाले पदों के अन्त में विद्यमान 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण, 'इव' परे रहते, 'प्रकृतिभाव' से न रहकर संधि को प्राप्त कर लेते हैं।

(ख) 'दम्पती' पद का ईकार १।७१ से 'प्रगृह्य' है। इसके बाद में 'स्वर'-वर्ण 'इव' का ('इ') होने के कारण इसे २।५२ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से रहना चाहिए किंतु इस ('ई') ने प्रस्तुत सूत्र से 'इव' के साथ विकार ('श्लिष्ट' संधि) को प्राप्त कर लिया है क्योंकि यह ईकार तीन अक्षरों वाले 'दम्पती' पद के अन्त में विद्यमान है और इसके परे 'इव' पद अवस्थित है।

---

१ ऋ० २।३९।२ २ ऋ० प० २।३९।२ ३ ऋ० प० २।३९।४
४ ऋ० २।३९।५ ५ ऋ० १।६४।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इवेति दम्पतीऽइव।" (सं० पा०) उपधीव (प० पा०) "उपधी इवेत्युपधीऽइव।"[क] "तीन अक्षरों वाले (पदों) के अन्त में आने वाले ('प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अक्षी इव चक्षुषा यातमर्वाक्।"[ख] "'इव' परे होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "रोदसी आ वदत।"[ग]

आर्ष्यामेव संध्ययकारपूर्वो
विवृत्तेश्च प्रत्ययः सन्नुकारः ॥५६॥

सू० अ०—आर्षी संहिता में ही संध्य यकार है पूर्व में जिसके ऐसा (अर्थात् संधि में उत्पन्न यकार से बाद में आने वाला) (उकार) और 'विवृत्ति' से परे आने वाला उकार ('प्रकृतिभाव' से रहता है)।

उ० भा०—आर्ष्यामेव इत्यवधारणं पदसंहितानिवृत्त्यर्थम्। संधौ भवः=संध्यः। संध्यो यकारः पूर्वो यस्मादिति=संध्ययकारपूर्वः; उकारः प्रकृत्या भवति। "प्रत्यु अदर्श्याय ऽ"[१]; "अभूर्वौक्षीर्व्यु आयुरानट्।"[२]

विवृत्तेश्च; (प्रत्ययः सन्)=परभूतः; उकारः प्रकृत्या भवति। अभूदु भा उ अंशवे"[३]; "इन्द्रियं सोमं धनसा उ ईमहे।"[४] संध्यग्रहणं किम्? "ता मे जराय्वजरं मरायु।"[५] यकारपूर्वः इति किम्? "अभूर्वौक्षीः॥"[६]

उ० भा० अ०—आर्ष्यामेव[घ]=आर्षी (संहिता) में ही—यह निश्चय (अवधारण) पद-पाठ (=पद-संहिता) की निवृत्ति के लिए (किया गया है) (अर्थात् पद-पाठ में यह नियम नहीं लगता है)। संध्यः=संधि में होने वाला। संध्ययकारपूर्वः=संध्य यकार है पूर्व में जिसके वह; उकारः=उकार; 'प्रकृतिभाव' से रहता है (तात्पर्य यह है कि संधि

टि० (क) 'उपधी' का ईकार १।७१ से 'प्रगृह्य' होने पर भी आर्षी संहिता में २।५२ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से नहीं रहा और प्रस्तुत सूत्र से 'इव' के इकार के साथ मिलकर ईकार हो गया क्योंकि यह 'प्रगृह्य' ईकार तीन अक्षरों वाले 'उपधी' पद के अन्त में विद्यमान है और इसके बाद में 'इव' पद है। इसके विपरीत पद-पाठ में यह 'प्रगृह्य' ईकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है क्योंकि प्रकृत सूत्र आर्षी संहिता में ही 'प्रकृतिभाव' का निषेध कर रहा है।

(ख) 'अक्षी' पद दो अक्षरों ('स्वर'-वर्णों) से समन्वित है, अतः यहाँ 'प्रगृह्य' ईकार २।५२ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से रहा।

(ग) 'रोदसी' के परे 'इव' पद नहीं है, अतः तीन अक्षरों से समन्वित भी 'रोदसी' पद का 'प्रगृह्य' ईकार आर्षी संहिता में २।५२ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से रहा।

(घ) 'आर्ष्यामेव' का अधिकार २।५६ से लेकर २।६७ तक के सभी सूत्रों में लगता है।

---

१ ऋ० ७।८१।१ २ ऋ० १०।२७।७ ३ ऋ० १।४६।१०
४ ऋ० १०।६५।१० ५ ऋ० १०।१०६।६ ६ ऋ० १०।२७।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में उत्पन्न यकार से बाद में विद्यमान उकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है)। (उदाहरण) "प्रत्यु अदर्श्यायती"[क]; "अभूर्वाँक्षीर्व्युं आयुरानट्।"[ख]

विवृत्तेश्च='विवृत्ति' से भी; (**प्रत्ययः सन्**=) परे आने वाला; **उकारः**=उकार; 'प्रकृतिभाव' से रहता है। (उदाहरण) "अभूदु भा उ अंशवे"[ग]; "इन्द्रियं सोमं धनसा उ ईमहे।"[घ] "संध्य" का ग्रहण (सूत्र में) क्यों (किया)? (उत्तर) "ता मे जरायवजरं मरायु।"[ङ] "यकार है पूर्व में जिसके (वह उकार)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अभूर्वाँक्षीः।"[च]

ऊकारादौ स्विति ॥५७॥

सू० अ०—ऊकार से प्रारम्भ होने वाला (पद) बाद में हो तो 'सु' यह (पद) ('प्रकृतिभाव' से रहता है)।

उ० भा०—ऊकारादौ पदे परभूते सु इत्येतत् पदं प्रकृत्या भवति। "ताभिरू षु ऊतिभिरश्विना गतम्।"[१] ऊकारादौ इति किम? "सूपस्थाभिर्न धेनुभिः॥"[२]

उ० भा० अ०—**ऊकारादौ**=ऊकार से प्रारम्भ होने वाला; पद बाद में हो तो; **सु इति**='सु'—यह पद; 'प्रकृतिभाव' से रहता है। (उदाहरण) "ताभिरू षु ऊतिभिरश्विना

टि० (क) प्रति। ऊँ इति। अदर्शि। आऽयती॥ प० पा०

(ख) अभूः। ऊँ इति। औक्षीः। वि। ऊँ इति। आयुः। आनट्॥ प० पा०

दोनों ही उदाहरणों में 'स्वर'-वर्ण बाद में आने के कारण पूर्ववर्ती इकार का 'क्षैप्र' संधि से यकार हो गया है, अतः प्रस्तुत सूत्र से इस सन्धिज यकार से बाद में आने वाला उकार 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त हो गया—परवर्ती 'स्वर'-वर्ग के साथ उकार की संधि नहीं हुई।

(ग) अभूत्। ऊँ इति। भाः। ऊँ इति। अंशवे॥ प० पा०

(घ) इन्द्रियम्। सोमम्। धनऽसाः। ऊँ इति। ईमहे॥ प० पा०

दोनों ही उदाहरणों में 'विवृत्ति' से बाद में आने वाला 'उकार' 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त हो गया।

(ङ) ता। मे। जरायु। अजरम्। मरायु॥ प० पा०

'जरायु' का यकार संधि में उत्पन्न नहीं है, अतः इस (यकार) के बाद में आने वाला उकार 'प्रकृतिभाव' से न रह कर 'क्षैप्र' संधि से वकार हो गया है।

(च) अभूः। ऊँ इति। औक्षीः॥ प० पा०

पूर्व में यकार न होने के कारण उकार 'प्रकृतिभाव' से नहीं रहा—परवर्ती औकार के साथ इस उकार की 'क्षैप्र' संधि हो गई।

---

[१] ऋ० १।११२।१ [२] ऋ० ९।६१।२१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गतम् ।"क "ऊकार से प्रारम्भ होने वाला (पद) बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सूपस्थाभिर्न धेनुभिः ।"ख

पूषेत्यकारे न चेत्तदेकाक्षरतत्रपूर्वम् ॥५८॥

सू०अ०—अकार बाद में हो तो 'पूषा' यह (पद) ('प्रकृतिभाव' से रहता है), यदि उस ('पूषा' पद) के पूर्व में एक 'अक्षर' वाला (पद) या 'तत्र' (पद) न हो।

उ० भा०—पूषा इति एतत्पदम्; (अकारे=) अकारादौ पदे प्रत्यये; प्रकृत्या भवति; (चेत्=) यदि; तत्=पूषेति पदम्; (एकाक्षरतत्रपूर्वम् न=) एकाक्षरपदपूर्वं न भवति; (तथा) तत्रपूर्वं चेत् न भवति—"पूषा अविष्टु माहिनः"१; "स्वस्ति पूषा असुरो दधातु नः ।"२ न चेत्तदेकाक्षरतत्रपूर्वम् इति किम् ? "न तं पूषापि मृष्यते"३; "तत्र पूषाभवत्सचा ॥"४

उ० भा० अ०—पूषा इति=पूषा' यह पद; (अकारे=) अकार से प्रारम्भ होने वाला पद परे हो तो; 'प्रकृतिभाव' से रहता है। (चेत्=) यदि; तत्='पूषा' यह पद, (एकाक्षरतत्रपूर्वं न=) एकाक्षरपदपूर्व (एकाक्षर पद है पूर्व में जिसके वह) नहीं होता है; चेत्=यदि; तत्रपूर्व ('तत्र' है पूर्व में जिसके वह) नहीं होता है (तात्पर्य यह है कि 'पूषा' पद का आकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है यदि (१) 'पूषा' के परे अकार हो और (२) इसके पूर्व में एक 'अक्षर' वाला पद अथवा 'तत्र' पद न हो)। (उदाहरण)—"पूषा अविष्टु माहिनः"; "स्वस्ति पूषा असुरो दधातु ।"ग "एक 'अक्षर' वाला (पद) और 'तत्र' (पद) पूर्व में न हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "न तं पूषापि मृष्यते"; "तत्र पूषाभवत्सचा ।"घ

टि० (क) ताभिः । ऊँ इति । सु । ऊतिऽभिः । अश्विना । आ । गतम् ॥ प० पा०

(ख) सुऽउपस्थाभिः । न । धेनुऽभिः ॥ प० पा०

यहाँ पर 'सु' के बाद में ऊकार से प्रारम्भ होने वाला पद नहीं आया है, अतः 'सु' 'प्रकृतिभाव' से न रहकर परवर्ती उकार के साथ संधि प्राप्त कर लेता है।

(ग) दोनों उदाहरणों में 'पूषा' पद के बाद में अकारादि पद है और पूर्व में न तो एकाक्षर पद है और न 'तत्र' पद है, इसलिए 'पूषा' 'प्रकृतिभाव' को प्राप्त हो गया—परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के साथ इसकी संधि नहीं हुई।

(घ) क्रमशः एकाक्षर पद और 'तत्र' पद पूर्व में विद्यमान हैं, इसलिए दोनों प्रत्युदाहरणों में 'पूषा' पद को 'प्रकृतिभाव' न हुआ—परवर्ती 'स्वर'-वर्णों के साथ 'पूषा' पद की 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।

---

१ ऋ० १०।२६।९ २ ऋ० ५।५१।११
३ ऋ० ६।५४।४ ४ ऋ० ६।५७।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रद्धा सम्राज्ञी सुशमी स्वधोती
पृथुज्रयी पृथिवीषा मनीषा ।
अया निद्रा ज्या प्रपेति स्वराणां
मुख्ये परे पञ्चमषष्ठयोश्च ॥५६॥

सू० अ०—'स्वर'-वर्णों के मध्य में मुख्य (=प्रथम=अकार) बाद में हो या पञ्चम (=इकार) या षष्ठ (=ईकार) (बाद में हो) तो ये (अधोलिखित पद 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं)—'श्रद्धा', 'सम्राज्ञी', 'सुशमी', 'स्वधोती', 'पृथुज्रयी', 'पृथिवी', 'ईषा', 'मनीषा', 'अया', 'निद्रा', 'ज्या' और 'प्रपा'।

उ० भा०—इति=एतानि पदानि; प्रकृत्या भवन्ति। स्वराणां मध्ये; मुख्ये=प्रथमे=अकारे; पञ्चमषष्ठयोश्च स्वरयोः परभूतयोः=इकार ईकारे च—इत्यर्थः।

श्रद्धा—"श्रद्धा इत्ते मघवन्पार्ये दिवि।"[१] सम्राज्ञी—"सम्राज्ञी अधि देवृषु।"[२] सुशमी—"एते शमीभिः सुशमी अभूवन्।"[३] स्वधा—"स्वधा अवस्तात्प्रयातिः परस्तात्।"[४] ऊती—"ऊती अनूती हिरिशिप्रः सत्वा।"[५] पृथुज्रयी—"पृथुज्रयी असुर्येव।"[६] पृथिवी—"द्यावाक्षामा पृथिवी अन्तरिक्षम्।"[७] ईषा—"ईषा अक्षो हिरण्ययः।"[८] मनीषा—"वनेम पूर्वीरर्यो मनीषा अग्निः।"[९] अया—"अया ईशानस्तविषीभिरावृतः।"[१०] निद्रा—"मा नो निद्रा ईशत मोत जल्पिः।"[११] ज्या—"ज्या इयं समने पारयन्ती।"[१२] प्रपा—"धन्वन्निव प्रपा असि।"[१३] मुख्ये परे पञ्चमषष्ठयोश्च इति किम्? "आरादुप स्वधा गहि।"[१४] आर्ष्यामेव इति किम्? "सम्राज्ञीति सम्ऽराज्ञी॥"[१५]

उ० भा० अ०—इति=ये पद; 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं। स्वराणाम्='स्वर'-वर्णों के मध्य में; मुख्ये=मुख्य परे हो=प्रथम परे हो=अकार परे हो तो; पञ्चम-षष्ठयोश्च=पञ्चम या षष्ठ भी 'स्वर'(-वर्ण)परे हो तो=इकार या ईकार परे हो तो—यह अर्थ है (अर्थात् अकार या इकार या ईकार परे हो तो निर्दिष्ट पद 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं)।

....."प्रथम (मुख्य) परे हो या पञ्चम या षष्ठ ('स्वर'-वर्ण) (परे हो तो)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आरादुप स्वधा गहि।"[क]

टि० (क) आरात्। उप। स्वधा। आ। गहि॥ प० पा०

यहाँ 'स्वधा' के बाद में अकार, इकार या ईकार नहीं है अपितु आकार है, अतः 'स्वधा' पद का 'प्रकृतिभाव' नहीं हुआ जिससे परवर्ती आकार के साथ इसकी 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।

---

१ ऋ० ७।३२।१४ २ ऋ० १०।८५।४६ ३ ऋ० १०।२८।१२
४ ऋ० १०।१२९।५ ५ ऋ० ६।२९।६ ६ ऋ० १।१६८।७
७ ऋ० ३।८।८ ८ ऋ० ८।५।२९ ९ ऋ० १।७०।१
१० ऋ० १।८७।४ ११ ऋ० ८।४८।१४ १२ ऋ० ६।७५।३
१३ ऋ० १०।४।१ १४ ऋ० ८।३२।६ १५ ऋ० क० १०।८५।४६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"आर्षी (संहिता) में ही"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सम्राज्ञीति सम्ऽराज्ञी।"क

स्वरे पादादा उदये सचेति ॥६०॥

सू० अ०—पाद के आदि में स्थित 'स्वर'-वर्ण परे हो तो 'सचा' यह (पद) ('प्रकृतिभाव' से रहता है)।

उ० भा०—सचा इत्येतत् पदं प्रकृत्या भवति स्वरे पादादौ; (उदये=) उदयभूते। "मन्दिष्ट यदुशने काव्ये सचाँ इन्द्रः"[१]; "उदुस्रियाः सृजते सूर्यः सचाँ उद्यत्।"[२] स्वरे पादादा उदये इति किम्? "सचैषु सवनेष्वा।"[३] मुख्ये परे पञ्चमषष्ठयोश्चेत्यस्याधिकारस्य निवृत्त्यर्थं स्वरग्रहणम्। केचित्किल पार्षदप्रपञ्चं यज्ञप्रयोगे कुर्वन्ति - "इन्द्र इद्धर्योः सचा"[४]—इत्येतस्याभ्यासेऽपीमं प्रकृतिभाव कुर्वन्ति। तन्नोपपद्यते। कथम्? संहितायां यद्दृष्टं तदनेन शास्त्रेण व्याख्यायते; नानेनादृष्टं साध्यते॥

उ० भा० अ०—**सचा इति**='सचा' यह पद; 'प्रकृतिभाव' से रहता है; **स्वरे पादादौ**=पाद के आदि में स्थित 'स्वर' (-वर्ण); (**उदये**=) परे होने पर (तात्पर्य यह है कि ऋचा के पाद के प्रारम्भ में विद्यमान 'स्वर'-वर्ण परे हो तो 'सचा' पद का आकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है)। (उदाहरण)-"मन्दिष्ट यदुशने काव्ये सचाँ इन्द्रः"ख; "उदुस्रियाः सृजते सूर्यः सचाँ उद्यत्।"ग "पाद के आदि में स्थित 'स्वर'-वर्ण परे होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सचैषु सवनेष्वा।"घ "('स्वर'-वर्णों के मध्य में) मुख्य (=अकार) या पञ्चम (=इकार) या षष्ठ (=ईकार) परे हो तो" (२।५९ से प्राप्त) इस अधिकार की निवृत्ति के लिए (इस सूत्र में) 'स्वर' (पद) का ग्रहण किया गया है

टि० (क) आर्षी संहिता में ही इन पदों का 'प्रकृतिभाव' होता है। इसलिए क्रम-संहिता में 'सम्राज्ञी' के ईकार की परवर्ती 'इकार' के साथ 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई। ज्ञातव्य है कि २।५६ से 'आर्ष्यमिव' की अनुवृत्ति इस सूत्र में हो रही है।

(ख) मन्दिष्ट। यत्। उशने। काव्ये। सचा।
इन्द्रः.....॥ प० पा०

(ग) उत्। उस्रियाः। सृजते। सूर्यः। सचा।
उत्ऽयत्.....॥ प० पा०
दोनों उदाहरणों में इकार तथा उकार पाद के आदि में स्थित हैं, अतः पूर्ववर्ती 'सचा' पद का 'प्रकृतिभाव' हो गया।

(घ) सचा। एषु। सवनेषु। आ॥ प० पा०
इस प्रत्युदाहरण में 'एषु' पद का एकार पाद के आदि में स्थित नहीं है, अतः पूर्ववर्ती 'सचा' पद का 'प्रकृतिभाव' नहीं हुआ—परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के साथ 'सचा' की संधि हो गई।

---

१ ऋ० १।५१।११
२ ऋ० ७।८१।२
३ ऋ० १।९।३
४ ऋ० १।७।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(जिससे कोई भी 'स्वर'-वर्ण परे रहते 'सचा' 'प्रकृतिभाव' से रहता है)। कुछ लोग प्रातिशाख्य (पार्षद) के नियमों (प्रपञ्च) को यज्ञ-प्रयोग में लगाते हैं। (जैसे) "इन्द्र इद्धर्योः सचा" इस पाद के अभ्यास में भी इस 'प्रकृतिभाव' को करते हैं। वह युक्त नहीं है। (प्रश्न) क्यों? (उत्तर) संहिता (-पाठ) में जो दिखलाई पड़ता है उसी की इस शास्त्र (प्रातिशाख्य) के द्वारा व्याख्या की जाती है; (संहिता-पाठ में) जो दिखलाई नहीं पड़ता है वह इस शास्त्र से सिद्ध नहीं किया जाता है।[क]

ष्वन्तं जोषं चर्षणीश्चर्षणिभ्यः।
एकारान्तं मित्रयोरस्मदीव-
न्नमस्युरित्युपधं चेत्यपृक्तम् ॥६१॥

सू० अ०—'षु' में अन्त होने वाले (पद), 'जोषम्', 'चर्षणीः', 'चर्षणिभ्यः' 'एकारान्त' (पद), 'मित्रयोः', 'अस्मत्', 'ईवत्' (और) 'नमस्युः'—ये पूर्व में स्थित हों तो अपृक्त आकार ('प्रकृतिभाव' से रहता है, यदि पाद के आदि में स्थित 'स्वर'-वर्ण बाद में आवे)।

उ० भा०—ष्वन्तम्, जोषम्, चर्षणीः, चर्षणिभ्यः, एकारान्तम्, मित्रयोः, अस्मत्, ईवत्, नमस्युः—इत्युपधं च—इतिकरणः पदस्वरूपज्ञप्त्यर्थः, एवमुपधं च; आ इत्येतत्पदम् अपृक्तम् चेत्प्रकृत्या भवति। "स्वरे पादादा उदये" इत्यनुवृत्तिः।"

षु इत्येवमन्तं पदम्=ष्वन्तम्—"तं मर्जयन्त सुवृधं नदीष्वाँ उशन्तम्।"[१] जोषम्—"उतो न्वस्य जोषमाँ इन्द्रः।"[२] चर्षणीः—"आ याहि पूर्वीरति चर्षणीराँ अर्यः।"[३] चर्षणिभ्यः—"सं सहस्रा कारिषच्चर्षणिभ्य आँ आविः।"[४] एकारान्तं पदम्—"पोषदीने गभीर आँ उग्रपुत्रे।"[५] मित्रयोः "उदु त्यच्चक्षुर्महि मित्रयोराँ एति।"[६] न

टि० (क) "इन्द्र इद्धर्योः सचा" जैसे अनेक पादों का यज्ञ के समय प्रयोजनवश अभ्यास करना पड़ता है। अभ्यास करने पर प्रकृत पाद का यह रूप होगा—"इन्द्र इद्धर्योः सचा इन्द्र इद्धर्योः सचा।" यहाँ पर 'सचा' के बाद में पाद के आदि वाला 'इकार' आया है। कुछ लोग प्रातिशाख्य के प्रस्तुत नियम के अनुसार 'सचा' के आकार का 'प्रकृति-भाव' करके आकार और इकार की 'प्रश्लिष्ट' संधि नहीं करते। भाष्यकार का कहना है कि यह युक्त नहीं है क्योंकि अभ्यास करने पर 'सचा' के बाद में जो 'इन्द्र' पद आया है वह संहिता-पाठ में दिखलाई नहीं पड़ता। संहिता-पाठ में जो दिखलाई पड़ता है उसी की व्याख्या प्रातिशाख्य में की जाती है। जो संहिता-पाठ में दिखलाई नहीं पड़ता उसको प्रातिशाख्य से नहीं साधा जाता है। इसलिए यहाँ 'सचा' के आकार और 'इन्द्र' के इकार की 'प्रश्लिष्ट' संधि करके उच्चारण करना चाहिए।

---

१ ऋ० ९।६८।६ २ ऋ० ८।९४।६ ३ ऋ० ३।४३।२
४ ऋ० ६।४८।१५ ५ ऋ० ८।६७।११ ६ ऋ० ६।५१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चैतदुदाहरणमिह स्यात्—"एकारौकारपरौ च"[१] इत्यनेन सिद्धत्वात्। तन्न। नहि समान-लक्षणानां परित्यागो न्याय्यः। न चैतं विषयं स विधिः प्रवेष्टुं शक्नुयादत्रापृक्तग्रहणात्। तत्र च सामान्येन विधानात्। तस्मात्साधूदाहरणम्। **अस्मत्**—"इमा अस्मै मतयो वाचो अस्मदाँ ऋचः।"[२] **ईवत्**—"आ स एतु य ईवदाँ अदेवः।"[३] **नमस्युः**—"उप वो विश्व-वेदसो नमस्युराँ असृक्षि।"[४] **स्वरे पादादा उदये इति किम्?** "सोमं वज्रिण आभरत्।"[५] **इत्युपधम् इति किम्?** "आ रश्मयो गभस्त्योः स्थूरयोराध्वन्"[६]। **अपृक्तम् इति किम्?** "यः प्राणतो निमिषतो महित्वैकः॥"[७]

उ० भा० अ०—**ष्वन्तम्**='षु' में अन्त होने वाला पद; **जोषम्, चर्षणीः, चर्ष-णिभ्यः; एकारान्तम्**=एकार में अन्त होने वाला पद; **मित्रयोः, अस्मत्, ईवत्, नमस्युः—इत्युपधं च**=ये (पद) उपधा (अव्यवहित पूर्ववर्ती) हों तो; 'इति' शब्द पद के स्वरूप के ज्ञान के लिए प्रयुक्त है; **आ च**='आ' यह पद भी; यदि 'व्यञ्जन' से न मिला हुआ (=अपृक्त) हो तो; 'प्रकृतिभाव' से रहता है। 'पाद के आदि में स्थित 'स्वर'-वर्ण परे हो तो"—इसकी अनुवृत्ति (२।६० से हो रही है)।

'षु' में अन्त होने वाला पद=**ष्वन्तम्**—"तं मर्जयन्त सुवृधं नदीष्वाँ उशन्तम्।"[क] **जोषम्**—'उतो न्वस्य जोषमाँ इन्द्रः।"[ख] **चर्षणीः**—"आ याहि पूर्वीरति चर्षणीराँ अर्यः।"[ग] **चर्षणिभ्यः**—"सं सहस्रा कारिषच्चर्षणिभ्य आँ आविः।"[घ] **एकारान्त** पद—"पर्षि दीने गभीर आँ उग्रपुत्रे।"[ङ] **मित्रयोः**—"उदु त्यच्चक्षुर्महि मित्रयोराँ एति।"[च]

टि० (क) तम्। मर्जयन्त। सुऽवृधम्। नदीषु। आ
उशन्तम्।.....॥
'अपृक्त' 'आ' के पूर्व में 'षु' में अन्त होने वाला 'नदीषु' पद है और बाद में पाद के आदि में विद्यमान 'उ' है, अतः 'आ' को 'प्रकृतिभाव' प्राप्त हो गया—परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के साथ उसकी संधि नहीं हुई। अधोलिखित उदाहरणों को ऐसे ही समझ लेना चाहिए।

(ख) उतो इति। नु। अस्य। जोषम्। आ।
इन्द्रः।.....॥ प० पा०

(ग) आ। याहि। पूर्वीः। अति। चर्षणीः। आ।
अर्यः।.....॥ प० पा०

(घ) सम्। सहस्रा। कारिषत्। चर्षणिऽभ्यः। आ।
आविः।..... ॥ प० पा०

(ङ) पर्षि। दीने। गभीरे। आ।
उग्रऽपुत्रे।..... ॥ प० पा०

(च) उत्। ऊँ इति। त्यत्। चक्षुः। महि। मित्रयोः। आ।
एति।..... ॥ प० पा०

---

१ २।६२ २ ऋ० १०।९१।१२ ३ ऋ० ८।४६।२१
४ ऋ० ८।२७।११ ५ ऋ० ८।१००।८ ६ ऋ० ६।२९।२
७ ऋ० १०।१२१।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(शंका) यह उदाहरण यहाँ प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है क्योंकि (यह उदाहरण तो) "एकार और ओकार परे हो तो 'कण्ठ्य' (=अकार और आकार) ('प्रकृतिभाव' से रहते हैं)"—इस (सूत्र) से सिद्ध हो जाता है। (समाधान) यह कहना युक्त नहीं है। समान लक्षणों वाले (उदाहरणों) का परित्याग न्यायसंगत नहीं है। (२।६२ में प्रतिपादित) वह विधि इस विषय (क्षेत्र) में प्रवेश नहीं कर सकती क्योंकि यहाँ (अर्थात् इस सूत्र में) 'अपृक्त' ('व्यञ्जन' से न मिला हुआ) का ग्रहण किया गया है। और वहाँ (अर्थात् २।६२ में) सामान्यरूप से विधान किया गया है। इसलिए उदाहरण ठीक है।[क] **अस्मत्**—"इमा अस्मै मतयो वाचो अस्मदाँ ऋचः।"[ख] **ईवत्**—"आ स एतु य ईवदाँ अदेवः।"[ग] **नमस्युः**—"उप वो विश्ववेदसो नमस्युराँ असृक्षि।"[घ] "पाद के आदि में स्थित 'स्वर'-वर्ण बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सोमं वज्रिण आभरत्।"[ङ] "ये पद उपधा (=अव्यवहित पूर्ववर्ती) हों तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ रश्मयो गभस्त्यो स्थूरयोराध्वन्।"[च] "अपृक्त"—यह (सूत्र में)

टि० (क) उपर्युक्त उदाहरण २।६१ और २।६२ इन दोनों सूत्रों से सिद्ध हो जाता है। प्रस्तुत २।६१ के अनुसार 'मित्रयोः' पद पूर्व में होने के कारण और पादादि 'स्वर'-वर्ण बाद में होने के कारण 'अपृक्त' पद 'आ' 'प्रकृतिभाव' से रहता है। २।६२ के अनुसार 'ए' बाद में होने के कारण 'कण्ठ्य' ('आ') 'प्रकृतिभाव' से रहता है। २।६२ सामान्य-शास्त्र है और २।६१ का सम्बद्ध अंश अपवाद-शास्त्र है क्योंकि २।६२ का सम्बन्ध सभी अवस्थाओं में स्थित 'कण्ठ्य'-वर्णों (अकार और आकार) से है, जबकि २।६१ के सम्बद्ध अंश का सम्बन्ध केवल 'अपृक्त' आकार से है। सामान्य-शास्त्र की अपेक्षा अपवाद-शास्त्र के बलवान् होने से प्रस्तुत उदाहरण में 'प्रकृतिभाव' २।६१ से ही होता है। इसलिए यह उदाहरण युक्ति-संगत है।

(ख) इमाः। अस्मै। मतयः। वाचः। अस्मत्। आ।
ऋचः। ..... ॥ प० पा०

(ग) आ। सः। एतु। यः। ईवत्। आ।
अदेवः। ..... ॥ प० पा०

(घ) उप। वः। विश्वऽवेदसः। नमस्युः। आ।
असृक्षि। ..... ॥ प० पा०

(ङ) सोमम्। वज्रिणे। आ। अभरत्। प० पा०
यहाँ 'आ' के बाद में आने वाला 'स्वर'-वर्ण ('अभरत्' का 'अ') पाद के आदि में विद्यमान नहीं है, अतः 'आ' को 'प्रकृतिभाव' प्राप्त न हुआ और परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के साथ इसकी संधि हो गई।

(च) आ। रश्मयः। गभस्त्योः। स्थूरयोः। आ।
अध्वन्। ..... ॥ प० पा०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्यों (कहा) ? (उत्तर) "यः प्राणतो निमिषतो महित्वैकः ।"क

एकारौकारपरौ च कण्ठ्यौ लुशादर्वाक् ॥६२॥

सू० अ०—लुश (ऋषि के सूक्तों) से पूर्व (वाले सूक्तों में) एकार या ओकार परे हो तो (पूर्ववर्ती) 'कण्ठ्य' (=अकार और आकार) भी ('प्रकृतिभाव' से रहते हैं)।

उ०भा०—(एकारौकारपरौ=) एकारश्च ओकारश्च परौ ययोरकाराकारयोः तौ; (कण्ठ्यौ=) तथोक्तौ; लुशात् ऋषेः; (अर्वाक=) प्राक्; प्रकृत्या भवतः। "अबुध्रमुत्ये"[१] इत्यत्र लुशः। एकारौकारयोर्विशेषणार्थं पादादिग्रहणमिहानुवर्तते।

"आ यन्मा वेना अरुहन्नृतस्यँ एकम्"[२]; "तिस्रो द्यावः सवितुर्द्वा उपस्थाँ एका।"[३] "त्वं न इन्द्रा भरँ ओजः"[४]; "विश्वेदहानि तविषीव उग्रँ ओकः।"[५] लुशादर्वाक् इति किम्? "यः प्राणतो निमिषतो महित्वैकः।"[६] पादादौ इति किम्? "मैनमग्ने वि दहो माभि शोचः"[७]; "अमितौजा अजायत॥"[८]

उ० भा० अ०—(**एकारौकारपरौ=**) एकार या ओकार हैं परे जिन अकार और आकार के वे; (**कण्ठ्यौ=**) वैसे (अर्थात् 'कण्ठ्य') कहे जाने वाले (अकार और आकार);

(१८५च) यहाँ पर 'अपृक्त' 'आ' के बाद में पादादि 'स्वर'-वर्ण ('अध्वन्' का 'अ') विद्यमान है तथापि 'अपृक्त' 'आ' को 'प्रकृतिभाव' प्राप्त नहीं हुआ क्योंकि 'आ' के पूर्व में उल्लिखित पदों में से कोई भी पद विद्यमान नहीं है।

टि० (क) यः। प्राणतः। निऽमिषतः। महिऽत्वा।
एकः।.....॥ प० पा०

यद्यपि यहाँ 'आ' के बाद में पादादि 'स्वर'-वर्ण स्थित है, तथापि 'आ' को 'प्रकृतिभाव' न हुआ क्योंकि 'आ' अपृक्त नहीं है। भाष्यकार का यह प्रत्युदाहरण पूर्ण रूप से युक्त नहीं है क्योंकि 'आ' के 'प्रकृतिभाव' होने के लिए सूत्र में तीन शर्तें बतलाई गई हैं—(१) 'आ' 'अपृक्त' होना चाहिए (२) इस 'आ' के पूर्व में सूत्र में उल्लिखित पदों में से कोई एक पद होना चाहिए (३) 'आ' के बाद में पाद के आदि में स्थित 'स्वर'-वर्ण होना चाहिए। इस प्रत्युदाहरण में प्रथम और द्वितीय—ये दो—शर्तें पूरी नहीं हो रही हैं। यदि यहाँ 'आ' 'अपृक्त' भी होता तब भी यहाँ 'आ' का 'प्रकृतिभाव' न होता। भाष्यकार को 'अपृक्त' का ऐसा प्रत्युदाहरण देना चाहिए था जिसमें 'आ' के पूर्व में उल्लिखित पदों में से कोई एक होता, 'आ' के बाद में पादादि 'स्वर'-वर्ण भी होता किंतु 'आ' 'अपृक्त' न होता।

---

१ ऋ० १०।३५।१ २ ऋ० ८।१००।५ ३ ऋ० १।३५।६
४ ऋ० ८।९८।१० ५ ऋ० ७।२५।४ ६ ऋ० १०।१२१।३
७ ऋ० १०।१६।१ ८ ऋ० १।११।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लुशात्=लुश ऋषि (के सूक्तों) से; (**अर्वाक्**=) पहले (वाले सूक्तों में) 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं (अर्थात् लुश ऋषि के सूक्तों से पहले वाले सूक्तों में, एकार अथवा ओकार परे रहते, अकार और आकार 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं)। "अबुध्रमु त्ये" यहाँ लुश है (अर्थात् यहाँ से लुश ऋषि के सूक्त प्रारम्भ होते हैं)। एकार और ओकार के विशेषण के लिए **पादादि** की अनुवृत्ति यहाँ (अर्थात् इस सूत्र में) (२।६० से) हो रही है (जिससे यह सूत्र तभी लगेगा जब एकार और ओकार पाद के आदि में विद्यमान होंगे)।

(उदाहरण)—"आ यन्मा वेना अरुहन्नृतस्यँ एकम्"क; "तिस्रो द्यावः सवितुर्द्वा उपस्थाँ एका।" "त्वं न इन्द्रा भरँ ओजः"ग; "विश्वेदहानि तविषीव उग्रँ ओकः।"घ "लुश (ऋषि के सूक्तों से) पहले"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यः प्राणतो निमिषतो महित्वैकः।"ङ "पाद के आदि में"—यह क्यों (कहा)? (उत्तर) "मैनमग्ने वि दहो माभि शोचः"च "अमितौजा अजायत।"छ

टि० (क) आ। यत्। मा। वेनाः। अरुहन्। ऋतस्य।
एकम्।.....॥ प० पा०

(ख) तिस्रः। द्यावः। सवितुः। द्वौ। उपऽस्था।
एका।.....॥ प० पा०

उपर्युक्त दोनों उदाहरणों में पादान्त अकार और आकार के बाद में पादादि एकार विद्यमान है, अतः अकार और आकार 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं।

(ग) त्वम्। नः। इन्द्र। आ। भर।
ओजः।.....॥प० पा०

(घ) विश्वा। इत्। अहानि। तविषीऽवः। उग्र।
ओकः.....॥ प० पा०

उपर्युक्त दोनों उदाहरणों में पादान्त अकार के बाद में पादादि ओकार विद्यमान है, अतः अकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है। सूत्रकार ने, ओकार परे रहते, आकार के 'प्रकृतिभाव' का उदाहरण नहीं दिया है।

(ङ) यः। प्राणतः। निऽमिषतः। महिऽत्वा।
एकः।.....॥ प० पा०

लुश ऋषि के सूक्त १०।३५।१ से प्रारम्भ होते हैं। इससे पूर्ववर्ती सूक्तों में ही प्रस्तुत नियम लागू होता है। यह मन्त्र (१०।१२१।३) लुश ऋषि के सूक्तों से पहले वाले सूक्त में नहीं आया है, अतः यहाँ आकार 'प्रकृति-भाव' से नहीं रहा—परवर्ती 'स्वर'-वर्ण ('ए') के साथ 'आ' की 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।

(च) मा। एनम्। अग्ने। वि। दहः। मा। अभि। शोचः॥ प० पा०

'एनम्' का एकार पाद के आदि में नहीं है, अतः पूर्ववर्ती आकार 'प्रकृति-भाव' से न रहा—परवर्ती 'ए' के साथ 'आ' की 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोतमे चामिनन्त ॥६३॥

सू० अ०—गोतम (ऋषि के सूक्तों) में 'अमिनन्त' (पद) भी ('प्रकृति-भाव' से रहता है)।

उ० भा०—(गोतमे=) गोतमऋषिदृष्टे; च अमिनन्त इत्येतत्पदं प्रकृत्या भवति—"आ ते सुपर्णा अमिनन्तँ एवैः।"[१] पादमध्यप्राप्त्यर्थं पुनर्वचनम् ॥

उ० भा० अ०—(गोतमे=) गोतम ऋषि के द्वारा दृष्ट (सूक्तों) में; च अमिनन्त='अमिनन्त' यह पद भी; 'प्रकृतिभाव' से रहता है। (उदाहरण) "आ ते सुपर्णा अमिनन्तँ एवैः।"[क] पाद के मध्य में ('प्रकृतिभाव' की) प्राप्ति के लिए पुनः विधान किया गया है।[ख]

विभ्वा विधर्ता विपन्या कदा या मातेत्यृकारेऽप्यपादादिभाजि ॥६४॥

सू० अ०—पाद के आदि में न आने वाला भी ऋकार बाद में हो तो 'विभ्वा', 'विधर्ता', 'विपन्या', 'कदा', 'या' (और) 'माता' (ये पद 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं)।

उ० भा०—एतानि पदानि प्रकृत्या भवन्ति; (ऋकारे=) ऋकारादौ पदे प्रत्यये। अप्यपादादिभाजि इति अपिशब्द उभयार्थः। विभ्वा—"ते वाजो विभ्वाँ ऋभुरिन्द्रवन्तः।"[२] विधर्ता—"प्र सीमादित्यो असृजद्विधर्ताँ ऋतम्।"[३] विपन्या—"प्र शर्ध आर्त प्रथमं विपन्याँ ऋतस्य।"[४] कदा—"अग्ने कदाँ ऋतचित्।"[५] या—"औच्छत्सा रात्री परितक्म्या याँ ऋणंचये।"[६] माता—"अप या माताँ ऋणुत व्रजं गोः।"[७] ऋकारे इति किम्? "उत त्वष्टोत विभ्वानु मंसते॥"[८]

(१८७छ) अमितऽओजाः। अजायत ॥ प० पा०

● ओकार पाद के आदि में नहीं है, अतः पूर्ववर्ती अकार 'प्रकृतिभाव' से न रहा—परवर्ती 'ओ' के साथ 'अ' की 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।

टि० (क) आ। ते। सुऽपर्णाः। अमिनन्त। एवैः॥ प० पा०

(ख) तात्पर्य यह है कि पादादि 'स्वर'-वर्ण बाद में होने पर पूर्ववर्ती 'अमिनन्त' पद, पाद के अन्त में स्थित होने पर तो, पूर्ववर्ती सूत्र (२।६२) के अनुसार ही 'प्रकृति-भाव' को प्राप्त हो जाता है। यहाँ पुनः कथन यह बतलाने के लिए किया गया है कि गोतम ऋषि के सूक्तों में 'अमिनन्त' पद, पाद के मध्य में आने पर भी, 'प्रकृतिभाव' से रहता है।

---

१ ऋ० १।७९।२ २ ऋ० ४।३३।३ ३ ऋ० २।२८।४
४ ऋ० ४।१।१२ ५ ऋ० ५।३।९ ६ ऋ० ५।३०।१४
७ ऋ० ५।४५।६ ८ ऋ० ५।४६।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—ये पद 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं; (ऋकारे=) ऋकार से प्रारम्भ होने वाला पद परे हो तो; अप्यपादादिभाजि (=यदि वह ऋकार पाद के आदि में भी न हो तब भी) में जो अपि शब्द है वह उभय के लिए है (तात्पर्य यह है कि ऋकार चाहे पाद के आदि का हो और चाहे पाद के आदि का न हो, दोनों ही अवस्थाओं में ऋकार बाद में हो तो ये पूर्ववर्ती पद 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं)।.....। "ऋकार परे होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उत त्वष्टोत विभ्वानु मंसते।"क

परुच्छेपे भीषा पथेत्यकारे ॥६५॥

सू० अ०—परुच्छेप (ऋषि के सूक्तों) में, अकार बाद में हो तो, (पूर्ववर्ती) 'भीषा' (और) 'पथा' ('प्रकृतिभाव' से रहते हैं)।

उ० भा०—भीषा, पथा—इत्येते परुच्छेपे ऋषौ अकारे प्रकृत्या भवतः। भीषा—"घृणान्न भीषाँ अद्रिवः।"[१] पथा—"याहि पथाँ अनेहसा।"[२] ऋषिग्रहणादिह न भवति—"कदर्यम्णो महस्पयाति।"[३] अकारे इति किम्? "पथेव यन्तावनुशासता रजः॥"[४]

उ० भा० अ०—भीषा, पथा—इति=ये (पद); परुच्छेपे=परुच्छेप ऋषि (के सूक्तों) में; अकारे=अकार परे होने पर; 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं (तात्पर्य यह है कि परुच्छेप ऋषि के सूक्तों में, अकार परे रहते, 'भीषा' और 'पथा'—ये पद 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं)। (उदाहरण) भीषा—"घृणान्न भीषाँ अद्रिवः।" पथा—"याहि पथाँ अनेहसा।" ऋषि का ग्रहण होने से यहाँ 'प्रकृतिभाव' नहीं होता है—"कदर्यम्णो महस्पथाति।"ख "अकार बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "पथेव यन्तावनुशासता रजः।"ग

एवाँ अग्निमत्रिषु सा प्लुतोपधा ॥६६॥

सू० अ०—अत्रि (के सूक्तों) में 'एवाँ अग्निम्' (यह द्वैपद मिलता है) जो 'प्लुतोपध' (-संज्ञक है)।

टि० (क) उत। त्वष्टा। उत। विऽभ्वा। अनु। मंसते॥ प० पा०
'विभ्वा' पद के परे ऋकार नहीं अपितु अकार है, अतः 'विभ्वा' 'प्रकृतिभाव' से न रहा—परवर्ती 'स्वर'-वर्ण के साथ इसकी 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।

(ख) यह मन्त्र परुच्छेप ऋषि द्वारा दृष्ट सूक्त का नहीं है अतः यहाँ, अकार बाद में होने पर भी, पूर्ववर्ती 'पथा' को 'प्रकृतिभाव' नहीं हुआ।

(ग) यह मन्त्र परुच्छेप ऋषि द्वारा दृष्ट सूक्त का है तथापि 'पथा' को 'प्रकृतिभाव' नहीं हुआ क्योंकि 'पथा' के बाद में अकार नहीं अपितु इकार है।

---

१ ऋ० १।१३३।६ २ ऋ० १।१२९।९ ३ ऋ० १।१०५।६
४ ऋ० १।१३९।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—एवाँ अग्निम् इत्येतद् द्वैपदं यथागृहीतं भवति; (अत्रिषु=) अत्रि-मण्डले। (प्लुतोपधा सा=) प्लुतोपधसंज्ञकं संधानं भवति। "एवाँ अग्निमजूर्यमुः"[१]; "एवाँ अग्नि वसूयवः।"[२] अत्रिग्रहणं किम्? "एवाग्नि सहस्यं वसिष्ठः।"[३] प्लुतोपध-संज्ञाया इदानीमेव प्रयोजनं वक्ष्यति॥

उ० भा० अ०—एवाँ अग्निम्—यह द्वैपद जैसा (सूत्र में) उल्लिखित है वैसा होता है; (अत्रिषु=) अत्रि-मण्डल (=पञ्चम मण्डल) में। (प्लुतोपधा सा=) वह 'प्लुतो-पध'-संज्ञक संधि होती है। (उदाहरण) "एवाँ अग्निमजुर्यमुः"; "एवाँ अग्नि वसूयवः।" 'अत्रि' का (सूत्र में) क्यों उल्लेख किया? (उत्तर) "एवाग्नि सहस्यं वसिष्ठः।"[क] 'प्लुतोपध'-संज्ञा का अभी (सूत्रकार) प्रयोजन बतलायेंगे।

सचादयो या विहिता विवृत्तयः।
प्लुतोपधान्ता अनुनासिकोपधाः॥६७॥

सू० अ०—'सचा' से लेकर 'प्लुतोपधा' तक जिन विवृत्तियों का विधान किया गया है उनकी उपधा (=पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण) 'अनुनासिक' हो जाती है।

उ० भा०—"स्वरे पादादौ"[४] इत्यादिना या विहिताः (विवृत्तयः) सचादयः; (प्लुतोपधान्ताः=) "एवाँ अग्निमत्रिषु सा प्लुतोपधा"[५] इत्यन्ताः; ता अनुनासिको-पधाः भवन्ति: आनुनासिक्यमुपधानां विधीयते। "उदुस्रियाः सृजते सूर्यः सचाँ उद्यत्॥"[६]

उ० भा० अ०—"पाद के आदि में स्थित 'स्वर'-वर्ण परे होने पर"—इस (सूत्र) से प्रारम्भ करके "अत्रि-मण्डल में 'एवाँ अग्निम्' (यह द्वैपद मिलता है) जो 'प्लुतोपध' (-संज्ञक है)"—इस (सूत्र) तक जिन सचादि (विवृत्तियों का विधान किया गया है उनकी उपधा (=पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण) 'अनुनासिक' हो जाती है। (इस सूत्र से) उपधाओं (विवृत्तियों के पूर्व वाले 'स्वर'-वर्णों) के आनुनासिक्य का विधान किया गया है। (उदाहरण) "उदुस्रियाः सृजते सूर्यः सचाँ उद्यत्।"[ख]

टि० (क) यह मन्त्र अत्रि-मण्डल (=पञ्चम मण्डल) का नहीं अपितु वसिष्ठ-मण्डल (=सप्तम मण्डल) का है, इसलिए 'एव' और 'अग्निम्' की 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गयी।

(ख) 'स्वर'-वर्ण (उकार) परे रहते 'सचा' का 'आ' २।६० से 'प्रकृतिभाव' से रहता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार यह 'आ' 'अनुनासिक' हो गया है।

---

[१] ऋ० ५।६।१०
[२] ऋ० ५।२५।९
[३] ऋ० ७।४२।६
[४] २।६०
[५] २।६६
[६] ऋ० ७।८१।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कानिचिन्निपातनानि)

सेदु सास्मिन्सेमभि साभिवेगः
सेदृभवः सोपमा सौषधीरनु ।
सास्मा अरं सोत नः सेन्द्र विश्वा
सेति सास्माकमनवद्य सासि ॥६८॥

(कतिपय निपात)

सू० अ०—(अधोलिखित संधियाँ निपातन से होती हैं)—'सेदु', 'सास्मिन्', 'सेमभि', 'साभिवेगः', 'सेदृभवः', 'सोपमा', 'सौषधीरनु', 'सास्मा अरम्', 'सोत नः', 'सेन्द्र विश्वा', 'सेति', 'सास्माकमनवद्य', (और) 'सासि'।

उ० भा०—यथागृहीतान्येतानि भवन्ति। अत्र विवृत्तिलोपो निपात्यते। सेदु—"सेदु राजा क्षयति।"[१] उ इति किम्? "स इद्भोजो यो गृहवे ददाति।"[२] सास्मिन्—"त्वमीशिषे सास्मिन्ना सत्सि।"[३] सेमभि—"धिया शमी सचते सेमभि।"[४] अभि इति किम्? "स ईं ममाद महि कर्म कर्तवे।"[५] साभिवेगः—"असत्सु मे जरितः साभिवेगः।"[६] सेदृभवः—"सेदृभवो यमवथ।"[७] ऋभवः इति किम्? "स इद्देवेषु गच्छति।"[८] सोपमा—"जीवयाजं यजते सोपमा दिवः।"[९] सौषधीरनु—"सौषधीरनु रुध्यसे।"[१०] अनु इति किम्? "स ओषधीः सो अपः स वनानि।"[११] सास्मा अरम्—"सास्मा अरं बाहुभ्यां यम्।"[१२] अरम् इति किम्? "सो अस्मै चारुश्छदयदुत।"[१३] सोत नः—"बृहस्पते सोषधः सोत नो मतिम्।"[१४] सेन्द्र विश्वा—"या चकर्थ सेन्द्र विश्वास्युक्थ्यः।"[१५] विश्वा इति किम्? "स इन्द्र चित्राँ अभि तृन्धि।"[१६] सेति—"यं स्मा पृच्छन्ति कुह सेति घोरम्।"[१७] सास्माकमनवद्य—"सास्माकमनवद्य तूतुजान वेधसाम्।"[१८] अनवद्य इति किम्? "सोऽस्माकम्"[१९]—इत्येतदेव निपातनं प्रत्युदाहरणमत्र। अत्र विसर्जनीयलोपो निपात्यते; अन्यत्र तु विसर्जनीयस्य कृतौत्त्वस्याभिनिहितः। सासि—"यस्ताकृणोः प्रथमं सास्युक्थ्यः॥"[२०]

उ० भा० अ०—(ये संधियाँ) जैसी (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसी (संहिता-पाठ में) मिलती हैं। यहाँ पर 'विवृत्ति' का लोप निपातन से होता है। (उदाहरण) "सेदु राजा

---

१ ऋ० १।३२।१५ २ ऋ० १०।११७।३ ३ ऋ० १०।४४।५
४ ऋ० ९।७४।७ ५ ऋ० २।२२।१ ६ ऋ० १०।२७।१
७ ऋ० ४।३७।६ ८ ऋ० १।१।४ ९ ऋ० १।३१।१५
१० ऋ० ८।४३।९ ११ ऋ० १।१०३।५ १२ ऋ० २।१७।६
१३ ऋ० १०।३१।४ १४ ऋ० २।२४।१ १५ ऋ० २।१३।११
१६ ऋ० ६।१७।२ १७ ऋ० २।१२।५ १८ ऋ० १।१२९।१
१९ ऋ० १०।९७।२३ २० ऋ० २।१३।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्षयति।"[क] **उ**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "स इद्भोजो यो गृहवे ददाति।"[ख] **सास्मिन्**—"त्वमीशिषे सास्मिन्ना सत्सि।"[ग] **सेमभि**—"धिया शमी सचते सेमभि।"[घ] **अभि**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "स ईं ममाद महि कर्म कर्तवे।"[ङ] **साभिवेगः**—"असत्सु मे जरितः साभिवेगः।"[च] **सेदृभवः**—"सेदृभवो यमवथ।"[छ] **ऋभवः**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "स इद्देवेषु गच्छति।"[ज] **सोपमा**—"जीवयाजं यजते सोपमा दिवः।"[झ] **सौषधीरनु**—सौषधीरनु रुध्यसे।"[ञ] **अनु**—यह (सूत्र में) क्यों

टि० (क) सः। इत्। ऊँ इति। राजा। क्षयति॥ प० पा०

यहाँ २।२७ से 'सः' का 'स' होकर 'स इत्' यह रूप निष्पन्न होता है। अब 'स' और 'इत्' को 'प्रश्लिष्ट' संधि नहीं होनी चाहिए क्योंकि पद-पाठ में 'सः' दिखलाई पड़ता है, 'स' नहीं और २।५ के अनुसार संधि तो पद-पाठ में दिखलाई पड़ने वाले पदान्तों और पदादियों में ही होती है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर भी यहाँ निपातन से 'स इत्' की 'विवृत्ति' का लोप हो जाता है जिससे 'स' और 'इत्' की 'प्रश्लिष्ट' संधि हो जाती है और इस प्रकार रूप निष्पन्न होता है—सः+इत्+उ=स+इत्+उ=सेत्+उ=सेदु। इस सूत्र के सभी उदाहरणों में इसी प्रकार निपातन से 'विवृत्ति' का लोप होकर संधि हुई है।

(ख) सः। इत्। भोजः। यः। गृहवे। ददाति॥ प० पा०

'इत्' के परे 'उ' होने पर ही 'विवृत्ति' का लोप होता है जैसा उदाहरण में हुआ है। इस प्रत्युदाहरण में 'इत्' के परे 'उ' नहीं है, अतः 'विवृत्ति' का लोप न होने से संधि नहीं हुई।

(ग) त्वम्। ईशिषे। सः। अस्मिन्। आ। सत्सि॥ प० पा०

अकार परे होने के कारण 'सः' के विसर्जनीय को २।३३ से ओकार होना चाहिए किंतु यहाँ विसर्जनीय का लोप हो गया और तत्पश्चात् निपातन से 'विवृत्ति' का लोप होकर 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई (सः+अस्मिन्=स अस्मिन्=सास्मिन्)।

(घ) धिया। शमी। सचते। सः। ईम्। अभि॥ प० पा०

(ङ) सः। ईम्। ममाद। महि। कर्म। कर्तवे॥ प० पा०

'ईम्' के परे 'अभि' होने पर ही 'विवृत्ति' का लोप होता है जैसा उदाहरण में हुआ है। इस प्रत्युदाहरण में 'ईम्' के परे 'अभि' नहीं है, अतः 'विवृत्ति' का लोप नहीं हुआ जिससे संधि नहीं हुई।

(च) असत्। सु। मे। जरितरिति। सः। अभिऽवेगः॥ प० पा०

(छ) सः। इत्। ऋभवः। यम्। अवथ॥ प० पा०

(ज) सः। इत्। देवेषु। गच्छति॥ प० पा०

'इत्' के परे 'ऋभवः' होने पर 'विवृत्ति' का लोप होता है जैसा उदाहरण में हुआ है। इस प्रत्युदाहरण में 'इत्' के परे 'ऋभवः' नहीं है, अतः 'विवृत्ति' का लोप नहीं हुआ जिससे संधि नहीं हुई।

(झ) जीवऽयाजम्। यजते। सः। उपऽमा। दिवः॥ प० पा०

(ञ) सः। ओषधीः। अनु। रुध्यसे॥ प० पा०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कहा) ? (उत्तर) "स ओषधीः सो अपः स वनानि।"[क] **सास्मा अरम्**—"सास्मा अरं बाहुभ्यां यम्।"[ख] **अरम्**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सो अस्मै चारुश्छदयदुत।"[ग] **सोत नः**—"बृहस्पते सीषधः सोत नो मतिम्।"[घ] **सेन्द्र विश्वा**—"या चकर्थ सेन्द्र विश्वास्युक्थ्यः।"[ङ] **विश्वा**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "स इन्द्र चित्राँ अभि तृन्धि।"[च] **सेति**—"यं स्मा पृच्छन्ति कुह सेति घोरम्।"[छ] **सास्माकमनवद्य**—"सास्माकमनवद्य तूतुजान वेधसाम्।"[ज] **अनवद्य**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सोऽस्माकम्।"[झ]—यही निपातन यहाँ प्रत्युदाहरण है। यहाँ पर (अर्थात् 'सास्माकमनवद्य' में) विसर्जनीय का लोप निपातन से हुआ है; अन्यत्र (अर्थात् 'सोऽस्माकम्' में) ओकार हो जाने वाले विसर्जनीय की 'अभिनिहित' संधि (निपातन से) हुई है।[ञ] **सासि**—"यस्ताकृणोः प्रथमं सास्युक्थ्यः।"[ट]

टि० (क) सः। ओषधीः। सः। अपः। सः। वनानि॥ प० पा०

इस प्रत्युदाहरण में 'ओषधीः' के परे 'अनु' न होने के कारण 'विवृत्ति' का लोप नहीं हुआ जिससे संधि नहीं हुई।

(ख) सः। अस्मै। अरम्। बाहुऽभ्याम्। यम्॥ प० पा०

(ग) सः। अस्मै। चारुः। छदयत्। उत॥ प० पा०

इस प्रत्युदाहरण में 'अस्मै' के परे 'अरम्' न होने के कारण 'विवृत्ति' का लोप नहीं हुआ जिससे संधि नहीं हुई।

(घ) बृहस्पते। सीषधः। सः। उत। नः। मतिम्॥ प० पा०

(ङ) या। चकर्थ। सः। इन्द्र। विश्वा। असि। उक्थ्यः॥ प० पा०

(च) सः। इन्द्र। चित्रान्। अभि। तृन्धि॥ प० पा०

इस प्रत्युदाहरण में 'इन्द्र' के परे 'विश्वा' न होने के कारण 'विवृत्ति' का लोप नहीं हुआ जिससे संधि नहीं हुई।

(छ) यम्। स्म। पृच्छन्ति। कुह। सः। इति। घोरम्॥ प० पा०

(ज) सः। अस्माकम्। अनवद्य। तूतुजान। वेधसाम्॥ प० पा०

(झ) सः। अस्माकम्॥ प० पा०

(ञ) "सास्माकमनवद्य"—इस निपातन के प्रत्युदाहरण के रूप में—"सोऽस्माकम्"—इस निपातन को प्रस्तुत किया गया है। "सास्माकमनवद्य" में विसर्जनीय का लोप निपातन से हुआ है और उसके बाद 'विवृत्ति' का लोप निपातन से हुआ है जिससे यहाँ 'प्रश्लिष्ट' संधि होकर (यह) रूप निष्पन्न हुआ है। बाद में 'अनवद्य' पद न होने के कारण "सः। अस्माकम्" (प० पा०)="सोऽस्माकम्" (सं० पा०) में विसर्जनीय का लोप नहीं हुआ है और विसर्जनीय २।३३ के अनुसार 'ओ' हो गया है। किंतु "सोऽस्माकम्" में 'अभिनिहित' संधि निपातन से हुई है, दे० २।४८।

(ट) यः। ता। अकृणोः। प्रथमम्। सः। असि। उक्थ्यः॥ प० पा०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेदग्ने सेदग्निर्वासिष्ठं सास्माकेभिः सेदुग्रः सेमे ।
सैना सैनं सेमं सोदञ्चं सेमां सोषां सेषे सेदीषे ॥६९॥

सू० अ०—(अधोलिखित संधियाँ निपातन से होती हैं)—'सेदग्ने', वसिष्ठ के सूक्तों में 'सेदग्निः'; 'सास्माकेभिः', 'सेदुग्रः', 'सेमे', 'सैना', 'सैनम्' 'सेमम्', 'सोदञ्चम्' 'सेमाम्' 'सोषाम्' 'सेषे' (और) 'सेदीषे'।

उ० भा०—सेदग्ने, सेदग्निर्वासिष्ठम्, सास्माकेभिः, सेदुग्रः, सेमे, सैना, सैनम्, सेमम्, सोदञ्चम्, सेमाम्, सोषाम्, सेषे, सेदीशे—एतानि च यथागृहीतं भवन्ति।

सेदग्ने—"सेदग्ने अस्तु सुभगः सुदानुः।"[१-क] सेदग्निर्वासिष्ठम्—"सेदग्निरग्नी-रत्यस्त्वन्यान्।"[२-ख] वासिष्ठम् इति किम्? "स इदग्निः कण्वतमः कण्वसखा।"[३-ग] सास्माकेभिः—"सास्माकेभिरेतरी न शूषैः।"[४-घ] सेदुग्रः—"सेदुग्रो अस्तु मरुतः।"[५-ङ] उग्रः इति किम्? "स इद्देवेषु गच्छति।"[६-च] सेमे—"सेमे मही रोदसी यक्षत्।"[७-छ] सैना—"सैनानीकेन सुविदत्रः।"[८-ज] सैनम्—"सैनं सश्चद्देवो देवम्।"[९-झ] सेमम्—"सेमं नो अध्वरं यज।"[१०-ञ] सोदञ्चम्—"सोदञ्चं सिन्धुमरिणात्।"[११-ट] सेमाम्—"सेमामविड्ढि प्रभृतिं य ईशिषे।"[१२-ठ] सोषाम्—"सोषामविन्दत्स स्वः सो अग्निम्।"[१३-ड]

टि० (क) सः। इत्। अग्ने।। अस्तु। सुऽभगः।सुऽदानुः॥ प० पा०
(ख) सः। इत्। अग्निः। अग्नीन्। अति। अस्तु। अन्यान्॥ प० पा०
(ग) सः। इत्। अग्निः। कण्वऽतमः। कण्वऽसखा॥ प० पा०
यह मन्त्र वसिष्ठ के सूक्त का नहीं है, अतः यहाँ निपातन से 'विवृत्ति' का लोप होकर 'प्रश्लिष्ट' संधि नहीं हुई।
(घ) सः। अस्माकेभिः। एतरि। न। शूषैः॥ प० पा०
(ङ) सः। इत्। उग्रः। अस्तु। मरुतः॥ प० पा०
(च) सः। इत्। देवेषु। गच्छति॥ प० पा०
'इत्' के परे 'उग्रः' न होने के कारण 'विवृत्ति' का लोप नहीं हुआ।
(छ) सः। इमे इति। मही इति। रोदसी इति। यक्षत्॥ प० पा०
(ज) सः। एना। अनीकेन। सुऽविदत्रः॥ प० पा०
(झ) सः। एनम्। सश्चत्। देवः। देवम्॥ प० पा०
(ञ) सः। इमम्। नः। अध्वरम्। यज॥ प० पा०
(ट) सः। उदञ्चम्। सिन्धुम्। अरिणात्॥ प० पा०
(ठ) सः। इमाम्। अविड्ढि। प्रऽभृतिम्। यः। ईशिषे॥ प० पा०
(ड) सः। उषाम्। अविन्दत्। सः। स्वरिति स्वः। सः। अग्निम्॥ प० पा०

---

१ ऋ० ४।४।७ २ ऋ० ७।१।१४ ३ ऋ० १०।११५।५ ४ ऋ० ६।१२।४
५ ऋ० ७।४०।३ ६ ऋ० १।१।४ ७ ऋ० ९।७४।२ ८ ऋ० २।९।६
९ ऋ० २।२२।१ १० ऋ० १।१४।११ ११ ऋ० २।१५।६ १२ ऋ० २।२४।१
१३ ऋ० १०।६८।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेशे—"न सेषे यस्य रम्बते ।"[१-क] सेदीशे—"सेदीशे यस्य रोमशम् ।"[२-ख] ईशे इति किम् ? "स इद्देवेषु गच्छति ।।"[३-ग]

उ० भा० अ०—·····ये (संधियाँ) भी जैसी (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसी (संहिता-पाठ में) मिलती हैं ।···"वसिष्ठ के सूक्तों में"—यह(सूत्र में) क्यों (कहा) ?·· उग्रः—यह(सूत्र में) क्यों (कहा) ?···ईशे—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ?···।

नू इत्था ते सानो अव्ये
वा अस्मे वासौ वेद्यस्याम् ।
धिष्ण्येमे नू अन्यत्रा चित्
पादादौ नू इन्द्रोत्यर्वाक् ॥७०॥

सू० अ०—(ये पद निपातन से सिद्ध हैं)—'नू इत्था ते', 'सानो अव्ये', 'वो अस्मे', 'वासौ', 'वेद्यस्याम्', 'धिष्ण्येमे', 'नू अन्यत्रा चित्', पाद के आदि में 'नू इन्द्र' (और) 'ऊत्यर्वाक्'।

उ० भा०—यथागृहीतमेतानि पदानि भवन्ति । नू इत्था ते इति दीर्घत्वं निपात्यते, संधिस्तु पदेऽदृष्टस्य न भवति—"नू इत्था ते पूर्वथा च प्रवाच्यम् ।"[४] ते इति किम् ? "आरे अघा को न्वित्था ददर्श ।"[५] सानो अव्ये—सानावव्य इति प्राप्त ओकारो निपात्यते, संधिस्तु पदेऽदृष्टस्य न भवति—"दश स्वसारो अधि सानो अव्ये ।"[६] वो अस्मे—अभिनिहिताभावो निपात्यते—"प्रप्रा वो अस्मे स्वयशोभिः ।"[७] वासौ—"अस्य वासा उ अंचिषा"[८]—वै असौ प्रश्लेषो निपात्यते । वेद्यस्याम्—प्रगृह्यस्यान्तःस्थां निपातयति—"स्तीर्णं राये सुभरं वेद्यस्याम् ।"[९] धिष्ण्येमे—इकारलोपो निपातितः, पदान्तपदाद्योरेत्त्वं वा—"आविवासन्द्योदसी धिष्ण्येमे ।"[१०] नू अन्यत्रा चित्—दीर्घत्वं निपात्यते—"नू अन्यत्रा चिदद्रिवः ।"[११] पादादौ नू इन्द्र—पादादौ वर्तमानस्य दीर्घत्वं निपात्यते—"नू इन्द्र राये वरिवस्कृधी नः ।"[१२] पादादौ इति किम् ? "यदिन्विन्द्र पृथिवी दशभुजिः ।"[१३] ऊत्यर्वाक्—प्रकृतिभावे प्राप्तेऽन्तःस्थापत्तिर्निपात्यते—"बर्हिषदः पितर ऊत्यर्वाक् ।।"[१४]

उ० भा० अ०—ये पद जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे (संहिता-पाठ में) मिलते हैं। नू इत्था ते—यहाँ पर ('नु' के उकार का) निपातन से दीर्घत्व हो गया, संधि तो पद

टि० (क) नः । सः । ईशे । यस्य । रम्बते ॥ प० पा०
(ख) सः । इत् । ईशे । यस्य । रोमशम् ॥ प० पा०
(ग) सः । इत् । देवेषु । गच्छति ॥ प० पा०
'इत्' के परे 'ईशे' न होने के कारण 'विवृत्ति का लोप नहीं हुआ ।

---

१ ऋ० १०।८६।१६ २ ऋ० १०।८६।१६ ३ ऋ० १।१।४
४ ऋ० १।१३२।४ ५ ऋ० १०।१०२।१० ६ ऋ० ९।९१।१
७ ऋ० १।१२९।८ ८ ऋ० ५।१७।३ ९ ऋ० २।३।४
१० ऋ० ७।७२।३ ११ ऋ० ८।२४।११ १२ ऋ० ७।२७।५
१३ ऋ० १।५२।११ १४ ऋ० १०।१५।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(-पाठ) में अदृष्ट की नहीं होती—(उदाहरण) "नू इत्था ते पूर्वथा च प्रवाच्यम्।"[क] **ते**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आरे अघा को न्वित्था ददर्श।"[ख] **सानो अव्ये**—(नियम के अनुसार) 'सानावव्ये' (यह) प्राप्त होने पर निपातन से ओकार हो गया है, पद में अदृष्ट (ओकार) की संधि तो नहीं होती है—(उदाहरण) "दश स्वसारो अधि सानो अव्ये।"[ग] **वो अस्मे**—'अभिनिहित' (संधि) का अभाव निपातन से हुआ ह—"प्रप्रा वो अस्मे स्वयशोभिः।"[घ] **वासौ**—"अस्य वासा उ अर्चिषा"[ङ]—'वै असौ' में निपातन से 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई। **वेद्यस्याम्**—'प्रगृह्य' ('स्वर'-वर्ण) का निपातन से 'अन्तःस्था' हो गया—"स्तीर्णं राये सुभरं वेद्यस्याम्।"[च] **धिष्ण्येमे**—इकार का लोप निपातन से हुआ है अथवा पदान्त और पदादि का 'ए' (निपातन से हुआ है)—"आविवासन्नोदसी

टि० (क) नु। इत्था। ते। पूर्वथा। च। प्रवाच्यम्॥ प० पा०

२।२१ के अनुसार 'नु' के उकार को संहिता-पाठ में 'क्षैप्र' संधि प्राप्त होती है किंतु ऐसा न होकर उकार निपातन से 'दीर्घ' (ऊकार) हो जाता है। 'दीर्घ' होने के अनन्तर ऊकार की परवर्ती इकार के साथ संधि नहीं होती है क्योंकि ऊकार पद-पाठ में दिखलाई नहीं देता। २।५ के अनुसार संधि तो पद-पाठ में दिखलाई देने वाले वर्ण की ही होती है।

(ख) आरे। अघा। कः। नु। इत्था। ददर्श॥ प० पा०

इस प्रत्युदाहरण में 'इत्था' के अनन्तर 'ते' नहीं आया है, अतः निपातन से 'नु' का उकार 'दीर्घ' (ऊकार) नहीं हुआ अपितु २।२१ के अनुसार यहाँ 'क्षैप्र' संधि हो गई।

(ग) दश। स्वसारः। अधि। सानौ। अव्ये॥ प० पा०

२।३१ के अनुसार 'भुग्न' संधि होकर 'सानावव्ये' यह रूप प्राप्त होने पर यहाँ निपातन से औकार का ओकार हो गया है। पद-पाठ में अदृष्ट होने के कारण ओकार की पुनः 'भुग्न' संधि नहीं होती।

(घ) प्रऽप्र। वः। अस्मे इति। स्वयशःऽभिः॥ प० पा०

२।३८ से 'अभिनिहित' संधि प्राप्त होने पर यहाँ 'अभिनिहित' संधि का अभाव निपातन से हुआ।

(ङ) अस्य। वै। असौ। ऊँ इति। अर्चिषा॥ प० पा०

२।२५ से 'वै' का 'वा' होता है। इसके अनन्तर 'वा' की 'असौ' के 'अ' के साथ 'प्रश्लिष्ट' संधि नहीं होनी चाहिए क्योंकि 'वा' पद-पाठ में दृष्ट नहीं होता है किंतु निपातन से यहाँ 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।

(च) स्तीर्णम्। राये। सुऽभरम्। वेदी इति। अस्याम्॥ प० पा०

'वेदी' का ईकार १।७२ से 'प्रगृह्य' है। २।५२ के अनुसार 'वेदी' के ईकार को 'प्रकृतिभाव' से रहना चाहिए अर्थात् ईकार की परवर्ती अकार के साथ संधि नहीं होनी चाहिए किंतु यहाँ निपातन से इस 'प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण (ई) का २।२१ से 'अन्तःस्था' (य्) हो गया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धिष्ण्येमे।"[क] **नू अन्यत्रा चित्**—दीर्घत्व निपातन से हुआ है—"नू अन्यत्रा चिदद्रिवः।"[ख] **पाद के आदि में नू इन्द्र**—पाद के आदि में वर्तमान ('नु' का) दीर्घत्व निपातन से हुआ है—"नू इन्द्र राये वरिवस्कृधी नः।"[ग] "पाद के आदि में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यदिन्त्विन्द्र पृथिवी दशभुजिः।"[घ] **ऊत्यर्वाक्**—'प्रकृतिभाव' प्राप्त होने पर निपातन से 'अन्तःस्था' हो गया—"बर्हिषदः पितर ऊत्यर्वाक्।"[ङ]

उदू अयात्रजेषितं धनर्चं
शतर्चसं दशोणये दशोण्ये।
यथोहिषे यथोचिषे दशोणिं
स्वरोदयं पिबा इमं रथोळ्ह ॥७१॥

सू० अ०—(ये भी निपातन से सिद्ध हैं)—'उदू अयान्', 'रजेषितम्', 'धनर्चम्', 'शतर्चसम्', 'दशोणये', 'दशोण्ये', 'यथोहिषे', 'यथोचिषे', 'दशोणिम्' 'स्वर'-वर्ण परे होने पर 'पिबा इमम्' (और) 'रथोळ्ह'।

उ० भा०—एतानि च यथागृहीतं भवन्ति। उदू अयान्—दीर्घत्वं निपात्यते, संधिस्तु पदेऽदृष्टस्य न भवति—"उदू अयाँ उपवक्तेव बाहू।"[१] अयान् इति किम्? "उद्वेति सुभगः।"[२] रजेषितम्—विसर्जनीयस्य प्रश्लेषो निपात्यते। "अश्वेषितं रजेषितम्।"[३] धनर्चम्—उत्तरपदादिलोपः—"हिरिश्मश्रुं नार्वाणं धनर्चम्।"[४] शतर्चसम्—तुल्यं निपातनम्—"वि चक्रमे शतर्चसं महित्वा।"[५] दशोणये—अत्र पञ्चस्वौकारे प्राप्त ओकारो

टि० (क) आऽविवासन्। रोदसी इति। धिष्ण्ये इति। इमे इति॥ प० पा०

'धिष्ण्ये' का एकार २।२७ से 'प्रगृह्य' है। २।५२ के अनुसार 'धिष्ण्ये' के 'एकार' को 'प्रकृतिभाव' से रहना चाहिए किंतु ऐसा न होकर यहाँ निपातन से 'इमे' के इकार का लोप हो गया जिससे 'धिष्ण्ये+मे'='धिष्ण्येमे' रूप सम्पन्न हो गया। अथवा पदान्त (एकार) और पदादि (इकार)-ये दोनों-मिलकर एकार हो गए हैं जिससे 'धिष्ण्ये+इमे'='धिष्ण्येमे' रूप सम्पन्न हो गया है।

(ख) नु। अन्यत्र। चित्। अद्रिवः॥ प० पा०

(ग) नु। इन्द्र। राये। वरिवः। कृधि। नः॥ प० पा०

(घ) यत्। इत्। नु। इन्द्र। पृथिवी। दशऽभुजिः॥ प० पा०

पाद के आदि में वर्तमान न होने के कारण 'नु' 'दीर्घ' नहीं हुआ अपितु २।२१ के अनुसार यहाँ 'क्षैप्र' संधि हो गई।

(ङ) बर्हिऽसदः। पितरः। ऊती। अर्वाक्॥ प० पा०

२।५९ के अनुसार यहाँ 'ऊती' को 'प्रकृतिभाव' से रहना चाहिए किंतु 'प्रकृतिभाव' प्राप्त होने पर यहाँ निपातन से 'ई' का २।२१ से 'अन्तःस्था' (य्) हो गया।

---

१ ऋ० ६।७१।५ २ ऋ० ७।६३।१ ३ ऋ० ८।४६।२८
४ ऋ० १०।४६।५ ५ ऋ० ७।१००।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निपात्यते—"दशोणये कवयेऽर्कसातौ।"[१] **दशोण्ये**—"दशशिप्रे दशोण्ये।"[२] **यथोहिषे**—"वाचं दूतो यथोहिषे।"[३] **यथोचिषे**—"पिबा दधृग्यथोचिषे।"[४] **दशोणिम्**—"स वेतसुं दशमायं दशोणिम्।"[५] **स्वरोदयं पिबा इमम्**—द्वैपदमेतद्यथागृहीतं भवति—"इन्द्र सोमं पिबा इमम्। एदं बर्हिः।"[६] **स्वरोदयम्** इति किम्? "इन्द्र सोमं सोमपते पिबेमं माध्यंदिनम्।"[७] **रथोळ्ह**—औकारे प्राप्त ओकारो निपात्यते—"एनोत तुभ्यं रथोळ्ह भक्षैः॥"[८]

उ० भा० अ०—ये भी जैसे (सूत्र म) उल्लिखित हैं वैसे (संहिता-पाठ में) मिलते हैं। **उदू अयान्**—(उकार का) दीर्घत्व निपातन से होता है, (दीर्घ होने के अनन्तर ऊकार की परवर्ती अकार के साथ 'क्षैप्र') संधि तो नहीं होती (क्योंकि ऊकार) पद-पाठ में दिखलाई नहीं देता है (संधि तो पद-पाठ में दिखलाई देने वाले वर्ण की होती है)—(उदाहरण) "उदू अयाँ उपवक्तेव बाहू।"क **"अयान्"**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उद्वेति सुभगः।"ख **रजेषितम्**—विसर्जनीय का 'प्रश्लेष' निपातन से होता है—"अश्वेषितं रजेषितम्।" ग**धनर्चम्**—उत्तर-पद के आदि (वर्ण) का लोप (निपातन से) हुआ है—"हिरिश्मश्रुं नार्वाणं धनचम्।"घ **शतर्चसम्**—(पूर्ववर्ती के) तुल्य (ही यहाँ भी) निपातन है (अर्थात् 'धनर्चम्' के समान 'शतर्चसम्' में भी उत्तर-पद के आदि वर्ण-अकार-का लोप निपातन से हुआ है—"वि चक्रमे शतर्चसं महित्वा।"ङ **दशोणये**—(इससे प्रारम्भ होने वाले) इन पाँच में (२।१९ के अनुसार) औकार प्राप्त होने पर निपातन से ओकार होता है—(जैसे) "दशोणये कवयेऽर्कसातौ।"च **दशोण्ये**—"दशशिप्रे दशोण्ये।"छ **यथोहिषे**—"वाचं दूतो यथोहिषे।"ज **यथोचिषे**—"पिबा दधृग्यथोचिषे।"झ **दशोणिम्**—"स वेतसुं दशमायं दशोणिम्।"ञ **स्वर-वर्ण बाद में हो तो पिबा इमम्**—यह द्वैपद जैसा (सूत्र में) उल्लिखित है वैसा

टि० (क) उत्। ऊँ इति। अयान्। उपवक्ताऽइव। बाहू इति॥ प० पा०

(ख) उत्। ऊँ इति। एति। सुऽभगः॥ प० पा०

उकार के बाद में 'अयान्' न होने से उकार 'दीर्घ' न होकर २।२१ से 'क्षैप्र' संधि को प्राप्त हो गया।

(ग) अश्वऽइषितम्। रजःऽइषितम्॥ प० पा०

(घ) हिरिऽश्मश्रुम्। न। अर्वाणम्। धनऽअर्चम्॥ प० पा०

(ङ) वि। चक्रमे। शतऽअर्चसम्। महित्वा॥ प० पा०

(च) दशऽओणये। कवये। अर्कऽसातौ॥ प० पा०

(छ) दशऽशिप्रे। दशऽओण्ये॥ प० पा०

(ज) वाचम्। दूतः। यथा। ओहिषे॥ प० पा०

(झ) पिब। दधृक्। यथा। ओचिषे॥ प० पा०

(ञ) सः। वेतसुम्। दशऽमायम्। दशऽओणिम्॥ प० पा०

---

१ ऋ० ६।२०।४ २ ऋ० ८।५२।२ ३ ऋ० ८।५।३
४ ऋ० ८।८२।२ ५ ऋ० ६।२०।८ ६ ऋ० ८।१७।१
७ ऋ० ३।३२।१ ८ ऋ० १०।१४८।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(संहिता-पाठ में) मिलता है—(जैसे) "इन्द्र सोमं पिबा इमम् । एदं बर्हिः ।"[क] "'स्वर'-वर्ण बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "इन्द्र सोमं सोमपते पिबेमं माध्यंदिनम् ।"[ख] **रथोळ्ह**—(२।१९ के अनुसार) औकार प्राप्त होने पर ओकार निपातन से होता है—(जैसे) "एनोत तुभ्यं रथोळ्ह भक्षैः ।"[ग]

वीरास एतन तमू अकृण्वँ-
स्ततारेव प्रैषयू रोदसी मे ।
धन्वर्णसः सरपसः सचोत
प्रधीव वीळू उत सर्तवाजौ ॥७२॥

सू० अ०—(ये द्वैपद निपातन से सिद्ध हैं) 'वीरास एतन', 'तमू अकृण्वन्', 'ततारेव', 'प्रैषयुः', रोदसीमे', 'धन्वर्णसः', 'सरपसः', सचोत', 'प्रधीव', 'वीळू उत' (और) 'सर्तवाजौ' ।

उ० भा०—एतानि द्वैपदानि यथागृहीतं भवन्ति । **वीरास एतन**—"परा वीरास एतन"[१]—इकारस्य एत्वं निपात्यते । **तमू अकृण्वन्**—दीर्घत्वं निपात्यते—"तमू अकृण्वन्त्रेधा भुवे कम् ।"[२] अकृण्वन् इति किम् ? "तम्वभि प्र गायत ।"[३] **ततारेव**—"एकारौकार-परौ च कण्ठ्यौ"[४] इति सचादिविवृत्तिप्रतिषेध एत्वं च—"एवेन्नु कं सिन्धुमेभिस्ततारेव ।"[५] **प्रैषयुः**—एकारे प्राप्त ऐकारः—"प्रैषयुर्न विद्वान् ।"[६] **रोदसीमे**—प्रगृह्यसंधेरपवादः प्रश्लेषः—"अन्तर्मही बृहती रोदसीमे ।"[७] **धन्वर्णसः**—पद्यादेरकारलोप दीर्घस्य वा ह्रस्वः—"धन्वर्णसो नद्यः खादोअर्णाः ।"[८] **सरपसः**—पद्यादिलोपो ह्रस्वत्वं वा निपात्यते—"अरमयः सरपसस्तराय कम् ।"[९] **सचोत**—सचादिविवृत्तेः प्रतिषेधः—"स्वस्ति धामहे सचोतैधि ।"[१०] **प्रधीव**—प्रगृह्यस्य प्रश्लेषः—"नभ्येव न उपधीव प्रधीव ।"[११] **वीळू उत**—दीर्घत्वं निपात्यते—"वीळू उत प्रतिष्कभे ।"[१२] **सर्तवाजौ**—प्रश्लेषो निपात्यते—"अत्याँइव प्रासृजः सर्तवाजौ ॥"[१३]

टि० (क) इन्द्र । सोमम् । पिब । इमम् । आ । इदम् । बर्हिः ॥ प० पा०

(ख) इन्द्र । सोमम् । सोमऽपते । पिब । इमम् । माध्यंदिनम् ॥ प० पा०

बाद में 'स्वर'-वर्ण न होने के कारण 'पिब' और 'इमम्' की 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई ।

(ग) एना । उत । तुभ्यम् । रथऽओळ्ह । भक्षैः ॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ५।६१।४ [२] ऋ० १०।८८।१० [३] ऋ० ८।१५।१
[४] २।६२ [५] ऋ० ७।३३।३ [६] ऋ० १।१२०।५
[७] ऋ० ७।८७।२ [८] ऋ० ५।४५।२ [९] ऋ० २।१३।१२
[१०] ऋ० ५।१६।५ [११] ऋ० २।३९।४
[१२] ऋ० १।३९।२ [१३] ऋ० ३।३२।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—ये द्वैपद जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे (संहिता-पाठ में) मिलते हैं। **वीरास एतन**—"परा वीरास एतन"क—इकार का एकार निपातन से हुआ है। **तमू अकृण्वन्**—(उकार का) दीर्घत्व निपातन से हुआ—"तमू अकृण्वन्त्रेधा भुवे कम्।"ख "अकृण्वन्"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "तम्वभि प्र गायत।"ग **ततारेव**—"एकार और ओकार परे हों तो 'कण्ठ्य' (=अकार और आकार) ('प्रकृतिभाव' से रहते हैं)" से प्राप्त 'सचादिविवृत्ति' का प्रतिषेध और (अकार और एकार की 'प्रश्लिष्ट' संधि होने पर) 'ए' हो जाना (ये दोनों निपातन से हुए हैं)—(जैसे) "एवेन्नु कं सिन्धु-मेभिस्ततारेव।"घ **प्रैषयुः**—एकार प्राप्त होने पर ऐकार (निपातन से हो गया)—(जैसे) "प्रैषयुर्न विद्वान्।"ङ **रोदसीमे**—निपातन से (यहाँ पर) 'प्रश्लेष' 'प्रगृह्य' संधि का अपवाद है—(जैसे) "अन्तर्मही बृहती रोदसीमे।"च **धन्वर्णसः**—'पद्य' के आदि अकार का लोप अथवा 'दीर्घ' (आकार) का 'ह्रस्व' (अकार) निपातन से हुआ है—"धन्वर्णसो नद्यः खादोऽर्णाः।"छ **सरपसः**—'पद्य' के आदि (अकार) का लोप अथवा (आकार का) ह्रस्वत्व निपातन से होता है—"अरमयः सरपसस्तराय कम्।"ज **सचोत**—(२।६० से प्राप्त) 'सचादिविवृत्ति' का प्रतिषेध (निपातन से हुआ है) ('विवृत्ति' का लोप होने पर 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई)—(जैसे) "स्वस्ति धामहे सचोतैधि।"झ **प्रधीव**—'प्रगृह्य' ('स्वर'-वर्ण) का 'प्रश्लेष' (निपातन से हो गया)—(जैसे) "नम्येव न उपधीव प्रधीव।"ञ **वीळू उत**—(उकार का) दीर्घत्व निपातन से होता—(जैसे)

टि० (क) परा। वीरासः। इतन॥ प० पा०

(ख) तम्। ऊँ इति। अकृण्वन्। त्रेधा। भुवे। कम्॥ प० पा०

'तम्' के बाद में विद्यमान उकार 'ह्रस्व' है जो संहिता-पाठ में निपातन से 'दीर्घ' हो जाता है। पद-पाठ में उकार का जो 'दीर्घ' रूप दिखलाई दे रहा है उसके लिए १।७५ को देखिए।

(ग) तम्। ऊँ इति। अभि। प्र। गायत॥ प० पा०

यहाँ उकार के परे 'अकृण्वन्' नहीं है, अतः उकार निपातन से 'दीर्घ' नहीं हुआ। यहाँ २।२१ से 'क्षैप्र' संधि हो गई है।

(घ) एव। इत्। नु। कम्। सिन्धुम्। एभिः। ततार। एव॥ प० पा०

(ङ) प्र। इषऽयुः। न। विद्वान्॥ प० पा०

(च) अन्तः। मही इति। बृहती इति। रोदसी इति। इमे इति॥ प० पा०

(छ) धन्वऽअर्णसः। नद्यः। खादःऽअर्णाः॥ प० पा०

निपातन से या तो उत्तर-'पद्य' ('अर्णसः') के अकार का लोप होकर या आकार ("धन्व+अर्णसः=धन्वार्णसः") का अकार होकर यह रूप ('धन्वर्णसः') निष्पन्न हुआ है।

(ज) अरमयः। सरऽअपसः। तराय। कम्॥ प० पा०

(झ) स्वस्ति। धामहे। सचा। उत। एधि॥ प० पा०

(ञ) नम्याऽइव। नः। उपधी इवेत्युपधीऽइव। प्रधी इवेति प्रधीऽइव॥ प० पा०

'प्रधी' का ईकार १।७१ से 'प्रगृह्य' है जिसे २।५२ के अनुसार 'प्रकृतिभाव' से रहना चाहिए किंतु निपातन से यहाँ 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई। 'उपधीव' में जो 'प्रश्लिष्ट' संधि हुई है उसके लिए २।५५ को देखिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"वीळू उत प्रतिष्कभे।"क **सर्तवाजौ**—'प्रश्लेष' निपातन से होता है—(जैसे) "अत्यां इव प्रासृजः सर्तवाजौ।"ख

अश्विनेव पीवोपवसनानां
महो आदित्याँ उषसामिवेतयः॥
स्तोतव अम्ब्यं च सृजा इयध्यै
सचेन्द्र सानो अव्यये स्वधामिता॥७३॥

सू० अ०—(ये पद भी निपातन से सिद्ध हैं)-'अश्विनेव', 'पीवोपवसनानाम्', 'महो आदित्यान्', 'उषसामिवेतयः', 'स्तोतव अम्ब्यम्', 'सृजा इयध्यै', 'सचेन्द्र', 'सानो अव्यये' (और) 'स्वधामिता'।

उ० भा० एतानि च पदानि यथागृहीतं भवन्ति। अश्विनेव—सचादिविवृत्तेः प्रतिषेध एत्त्वं च—"यद्वा वाणीभिरश्विनेवेत्।"१ पीवोपवसनानाम्—विसर्जनीयस्य लोपः प्रश्लेषश्च निपात्यते—"अग्निष्वात्तानां पीवोपवसनानाम्।"२ महो आदित्यान्—अकास्य ओत्त्वम्—"महो आदित्याँ अदितिं स्वस्तये।"३ उषसामिवेतयः—ऐकारे प्राप्त एकारो निपात्यते—"आ ते चिकित्र उषसामिवेतयः।"४ स्तोतव अम्ब्यं च अभिनिहिताभाव एकारस्य च अत्त्वम्—"वेति स्तोतव अम्ब्यम्।"५ सृजा इयध्यै—आकारो निपात्यते—"मातुर्न सीमुप सृजा इयध्यै।"६ सचेन्द्र—सचादिविवृत्तेः प्रतिषेधः—'ब्रह्म च नो वसो सचेन्द्र।"७ सानो अव्यये औकारस्य ओत्त्वं निपात्यते—"वृषा पवित्रे अधि सानो अव्यये।"८ स्वधामिता श्रद्धादिपाठात्प्रकृतिभावे प्राप्ते प्रश्लेषो निपात्यते—"अनु स्वधामिता दस्ममीयते॥"९

उ० भा० अ०—ये पद भी जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे (संहिता-पाठ में) मिलते हैं। **अश्विनेव**—(२।६२ से प्राप्त) 'सचादिविवृत्ति' का प्रतिषेध और (आकार तथा एकार की संधि होने पर) एकार (होना) (ये दोनों निपातन से होते हैं)—(जैसे) "यद्वा वाणीभिरश्विनेवेत्।"ग **पीवोपवसनानाम्**—विसर्जनीय का लोप और 'प्रश्लेष' निपातन से होता है—(जैसे) "अग्निष्वात्तानां पीवोपवसनानाम्।" **महो आदित्यान्**—

टि० (क) वीळु। उत। प्रतिऽस्कभे॥ प० पा०
(ख) अत्यान्ऽइव। प्र। असृजः। सर्तवै। आजौ॥ प० पा०
२।२५ के अनुसार 'सर्तवै' का ऐकार आकार हो जाता ह। पद-पाठ म अदृष्ट होने के कारण अब इस अकार की परवर्ती आकार के साथ संधि नहीं होनी चाहिए किंतु निपातन से 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।
(ग) यत्। वा। वाणिभिः। अश्विना। एव। इत्॥ प० पा०

---

१ ऋ० ८।९।९ २ वा० सं० २१।४३ ३ ऋ० १०।६३।५
४ ऋ० १०।९१।४ ५ ऋ० ८।७२।५ ६ ऋ० ६।२०।८
७ ऋ० १।१०।४ ८ ऋ० ९।८६।३ ९ ऋ० ५।३४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अकार का ओकार (निपातन से होता है)—(जैसे) "महो आदित्याँ अदितिं स्वस्तये ।"क **उषसामिवेतयः**—ऐकार प्राप्त होने पर निपातन से एकार होता है—(जैसे) "आ ते चिकित्र उषसामिवेतयः ।"ख **स्तोतव अम्ब्यं च**—(२।३७ से प्राप्त) 'अभिनिहित' संधि का अभाव और एकार का अकार (ये दोनों कार्य निपातन से होते हैं)—(जैसे) "वेति स्तोतव अम्ब्यम् ।"ग **सृजा इयध्यै**—(अकार का) आकार निपातन से होता है—(जैसे) "मातुर्न सीमुप सृजा इयध्यै ।"घ **सचेन्द्र**—(२।६० से प्राप्त) 'सचादिविवृत्ति' का प्रतिषेध (निपातन से हुआ है)—(जैसे) "ब्रह्म च नो वसो सचेन्द्र ।"ङ **सानो अव्यये**—औकार का ओकार निपातन से होता है—(जैसे) "वृषा पवित्रे अधि सानो अव्यये ।"च **स्वधामिता**—'श्रद्धा' आदि पदों (२।५९) में पाठ होने से 'प्रकृतिभाव' प्राप्त होने पर निपातन से 'प्रश्लेष' हो जाता है—(जैसे) "अनु स्वधामिता दस्ममीयते ।"छ

गोओपशागोऋजीकप्रवादौ
मनीषा आ त्वा पृथिवी उत द्यौः ।
मनीषावस्यू रणया इहाव
बृहतीइवेति च यथागृहीतम् ॥७४॥

सू० अ०—(ये भी निपातन से सिद्ध हैं)—'गोओपशा', 'गोऋजीक'—किसी भी लिङ्ग और कारक में, 'मनीषा आ त्वा', 'पृथिवी उत द्यौः', 'मनीषावस्युः', 'रणया इह', 'आव' (और) 'बृहती इव'।

उ० भा०—इति=एतानि; च पदानि यथागृहीतं भवन्ति । इतिकरणः समाप्ति-वचनः । चकारः समुच्चयार्थीयः । गोओपशा गोऋजीक इत्युभयोः प्रकृतिभावो निपात्यते । प्रवादवचनाल्लिङ्गविभक्तेरनुपलक्षणम् । गोओपशा—"या ते अष्ट्रा गोओपशाघृणे ।"[१] गोऋजीकः—"असावि देवं गोऋजीकमन्धः"[२]; "इमा हि वां गोऋजीका मधूनि ।"[३] मनीषा आ त्वा—प्रकृतिभावः—"कद्वाहो अर्वागुप मा मनीषा आ त्वा ।"[४] पृथिवी उत

टि० (क) महः । आदित्यान् । अदितिम् । स्वस्तये ॥ प० पा०
२।२७ से उपधासहित विसर्जनीय अकार को प्राप्त हो जाता है जिससे यह रूप निष्पन्न होता है—"मह आदित्यान् ।" अब निपातन से अकार का ओकार हो जाता है जिससे "महो आदित्यान्" रूप निष्पन्न होता है ।
(ख) आ । ते । चिकित्रे । उषसाम्ऽइव । एतयः ॥ प० पा०
(ग) वेति । स्तोतवे । अम्ब्यम् ॥ प० पा०
(घ) मातुः । न । सीम् । उप । सृज । इयध्यै ॥ प० पा०
(ङ) ब्रह्म । च । नः । वसो इति । सचा । इन्द्र ॥ प० पा०
(च) वृषा । पवित्रे । अधि । सानौ । अव्यये ॥ प० पा०
(छ) अनु । स्वधा । अमिता । दस्मम् । ईयते ॥ प० पा०

१ ऋ० ६।५३।९ २ ऋ० ७।२१।१ ३ ऋ० ३।५८।४
४ ऋ० १०।२९।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्यौः—प्रकृतिभावः—"अदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ।"[१] **द्यौः इति किम् ? मनीषावस्युः**—श्रद्धादिपाठात्प्रकृतिभावे प्राप्ते प्रश्लेषो निपातनात्—"प्र सिन्धुमच्छा बृहती मनीषावस्युरह्वे ।"[२] **रणया इह**—दीर्घत्वं निपात्यते—"उक्थेषु रणया इह ।"[३] **आव**—सचादिविवृत्तेः प्रतिषेधः—"कदा वसो स्तोत्रं हर्यत आव ।"[४] **बृहतीइव**—प्रगृह्यलक्षणतः प्रश्लेषे प्राप्ते प्रकृतिभावः—"बृहतीइव सूनवे रोदसी ।"[५] **ययागृहीतग्रहणं च काकाक्षिवदुभयत्र संबध्यतेऽधस्ताच्चोपरिष्टाच्च ॥**

उ० भा० अ०—**इति**=य; **च**=भी; पद जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं (वैसे ही संहिता-पाठ में उपलब्ध होते हैं)। **इति**-शब्द समाप्ति का वाचक है।[क] **च**-शब्द समुच्चय अर्थ में है। 'गोओपशा' और 'गोऋजीक' इन दोनों का 'प्रकृतिभाव' निपातन से होता है। **प्रवाद**-शब्द के प्रयोग से (यह बतलाया गया है कि) लिङ्ग और विभक्ति की ओर ध्यान नहीं देना है।[ख] **गोओपशा**—"या ते अष्ट्रा गोओपशाघृणे ।"[ग] **गोऋजीकः**—"असावि देवं गोऋजीकमन्धः"[घ]; "इमा हि वां गोऋजीका मधूनि ।"[ङ] **मनीषा आ त्वा**—(निपातन से) 'प्रकृतिभाव' (हुआ है)—"कद्वाहो अर्वागुप मा मनीषा आ त्वा ।"[च] **पृथिवी उत द्यौः**—(निपातन से) 'प्रकृतिभाव' (हुआ है)—"अदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ।"[छ] **द्यौः**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ?.....।[ज] **मनीषावस्युः**—'श्रद्धा' आदि पदों (२।५९) में पाठ होने के कारण 'प्रकृतिभाव' प्राप्त होने पर 'प्रश्लिष्ट'

टि० (क) इस सूत्र के साथ ही वे स्थल समाप्त हो गये हैं जहाँ निपातन से पद के अन्त में कार्य होता है। अब इस सूत्र के बाद में सूत्रकार उन स्थलों को उद्धृत करेंगे जहाँ निपातन से पद के आदि में कार्य होता है।

(ख) यतः 'गोओपशा' पद ऋग्वेद-संहिता में केवल एक बार आया है, अतः इसके साथ 'प्रवाद' का सम्बन्ध करना अनावश्यक है।

(ग) या । ते । अष्ट्रा । गोऽओपशा । आघृणे ॥ प० पा०

(घ) असावि । देवम् । गोऽऋजीकम् । अन्धः ॥ प० पा०

(ङ) इमा । हि । वाम् । गोऽऋजीका । मधूनि ॥ प० पा०

उपर्युक्त तीनों स्थलों पर २।२८ और २।३१ से 'भुग्न' संधि प्राप्त होने पर निपातन से 'प्रकृतिभाव' हो गया।

(च) कत् । वाहः । अर्वाक् । उप । मा । मनीषा । आ । त्वा ॥ प० पा०

(छ) अदितिः । सिन्धुः । पृथिवी । उत । द्यौः ॥ प० पा०

(ज) 'द्यौः' आदि अनेक पदों के प्रत्युदाहरण भाष्यकार ने प्रस्तुत नहीं किये हैं। तब इन पदों को सूत्रों में ग्रहण क्यों किया गया है ? इसका समाधान भाष्यकार ने २।७७ के भाष्य के बाद में दिया है। उनका कहना है कि जिन विशेषण पदों के उदाहरण नहीं मिलते हैं उनके ग्रहण का प्रयोजन है—छन्दः की पूर्ति करना।

---

[१] ऋ० १।९४।१६ [२] ऋ० ३।३३।५ [३] ऋ० ८।३४।११
[४] ऋ० १०।१०५।१ [५] ऋ० १।५९।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संधि निपातन से होती है—(जैसे) "प्र सिन्धुमच्छा बृहती मनीषावस्युरह्वे ।"[क] **रणया इह**—दीर्घत्व निपातन से होता है—(जैसे) "उक्थेषु रणया इह ।"[ख] **आव**—(२।६१ से प्राप्त) 'सचादिविवृत्ति' का (निपातन से) प्रतिषेध हो जाता है—(जैसे) "कदा वसो स्तोत्रं हर्यत आव ।"[ग] **बृहतीइव**—'प्रगृह्य' के नियम से 'प्रश्लिष्ट' संधि प्राप्त होने पर (निपातन से) 'प्रकृतिभाव' हो जाता है—(जैसे) "बृहतीइव सूनवे रोदसी ।"[घ] 'यथागृहीत' शब्द काक की अक्षि के समान आगे वाले और पीछे वाले-दोनों ओर के-(सूत्रों) से सम्बद्ध होता है ।[ङ]

योनिमारैगगादारैग्दुर्योण आवृणक् ।
हन्त्यासद्रुप आरुपितमनायुधास आसता ॥७५॥

सू० अ०—(ये पद भी निपातन से सिद्ध हैं) 'योनिमारैक्', 'अगादारैक्', 'आरैक्', दुर्योण आवृणक्', 'हन्त्यासत्', 'रुप आरुपितम्' (और) 'अनायुधास आसता' ।

उ०भा०—योनिमारैक् , अगादारैक् , आरैक् , दुर्योण आवृणक् , हन्त्यासत् , रुप आरुपितम् , अनायुधास आसता—एतानि च पदानि यथागृहीतं भवन्ति ।

योनिमारैक्—"स्वसा स्वस्रे ज्यायस्यै योनिमारैक् ।"[१] योनिग्रहणं किम् ? अगादारैक्—"रुशद्वत्सा रुशती श्वेत्यागादारैक् ।"[२] आरैक्—निर्विशेषेणोपादानमर्धर्चादिज्ञापनार्थम्—"आरैक्पन्थां यातवे सूर्याय ।"[३] दुर्योण आवृणक्—"नि दुर्योण आवृणङ् मृध्रवाचम् ।"[४] दुर्योण इति किम् ? "वज्रेण हत्व्यवृणक्तुविष्वणिः ।"[५] हन्त्यासत्—"हन्ति रक्षो हन्त्यासद्वदन्तम् ।"[६] हन्ति इति किम् ? "असत्सु मे जरितः ।"[७] रुप आरुपितम्—"अग्रे रुप आरुपितं जबारु ।"[८] रुप इति किम् ? अनायुधास आसता—"अनायुधास आसता सचन्ताम् ।"[९] अनायुधास इति किम् ?

टि० (क) प्र । सिन्धुम् । अच्छ । बृहती । मनीषा । अवस्युः । अह्वे ॥ प० पा०
(ख) उक्थेषु । रणय । इह ॥ प० पा०
(ग) कदा । वसो इति । स्तोत्रम् । हर्यते । आ । अव ॥ प० पा०
(घ) बृहती इवेति बृहतीऽइव । सूनवे । रोदसी इति ॥ प० पा०
२।५५ के अनुसार तीन अक्षरों वाले 'प्रगृह्य' पद 'बृहती' का ईकार, 'इव' परे रहते, आर्षी संहिता में 'प्रकृतिभाव' से नहीं रहना चाहिए किंतु प्रकृत स्थल पर निपातन से यह ईकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है जिससे यहाँ नियमानुसार प्राप्त 'प्रश्लिष्ट' संधि नहीं होती ।
(ङ) जिस प्रकार कौवे की एक ही आँख आवश्यकतानुसार दोनों ओर के पदार्थों को देखती है, उसी प्रकार प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित 'यथागृहीत' पद का सम्बन्ध इस सूत्र से पूर्ववर्ती और परवर्ती अनेक सूत्रों के साथ है ।

---

[१] ऋ० १।१२४।८ [२] ऋ० १।११३।२ [३] ऋ० १।११३।१६
[४] ऋ० ५।३२।८ [५] ऋ० २।१७।६ [६] ऋ० ७।१०४।१३
[७] ऋ० १०।२७।१ [८] ऋ० ४।५।७ [९] ऋ० ४।५।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**योनिमारैक्, अगादारैक्, आरैक्, दुर्योण आवृणक्, हन्त्यासत्, रुप आरुपितम्, अनायुधास आसता**—ये भी पद जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे ही (संहिता-पाठ में) होते हैं।

योनिमारैक्—"स्वसा स्वस्रे ज्यायस्यै योनिमारैक्।"क **योनि**-शब्द को (सूत्र में) क्यों (कहा) ?.....। **अगादारैक्**—"रुशद्वत्सा रुशती श्वेत्यागादारैक्।"ख **आरैक्**—बिना विशेषण के जो ('आरैक्' पद का) ग्रहण किया गया है वह अर्धर्च के आदि को बतलाने के लिए (किया गया है) (तात्पर्य यह है कि अर्धर्च के आदि में जो 'अरैक्' पद होता है वह भी 'आरैक्' हो जाता है)—(जैसे) "आरैक्पन्थां यातवे सूर्याय।"ग **दुर्योण आवृणक्**—"नि दुर्योण आवृणङ् मृध्रवाचम्।"घ **दुर्योणे**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "वज्रेण हत्व्यवृणक्तुविष्वणिः।"ङ **हन्त्यासत्**—"हन्ति रक्षो हन्त्यासद्वदन्तम्।"च **हन्ति**-यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) 'असत्सु मे जरितः।"छ **रुप आरुपितम्**—"अग्र रुप आरुपितं जवारु।"ज **रुपः**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)?.....। **अनायुधास आसता**—"अनायुधास आसता सचन्ताम्।"झ **अनायुधासः**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ?.....।

अस्त्वासतो निराविध्यदभ्यादेवं क आसतः।
न्यावृणङ् नकिरादेवो न्याविध्यदेनमायुनक् ॥७६॥

सू० अ०—(ये पद भी निपातन से सिद्ध हैं) **'अस्त्वासतः', 'निराविध्यत्', 'अभ्यादेवम्', 'क आसतः', 'न्यावृणक्', 'नकिरादेवः', 'न्याविध्यत्' (और) 'एनमायुनक्'।**

टि० (क) स्वसा। स्वस्रे। ज्यायस्यै। योनिम्। अरैक् ॥ प० पा०

(ख) रुशत्ऽवत्सा। रुशती। श्वेत्या। आ। अगात्। अरैक् ॥ प० पा०

(ग) अरैक्। पन्थाम्। यातवे। सूर्याय ॥ प० पा०

उपर्युक्त तीनों उदाहरणों में 'अरैक्' निपातन से 'आरैक्' हो गया।

(घ) नि। दुर्योणे। अवृणक्। मृध्रऽवाचम् ॥ प० पा०

(ङ) वज्रेण। हत्वी। अवृणक्। तुविऽस्वनिः ॥ प० पा०

उदाहरण में 'अवृणक्' पद निपातन से आवृणक्' हो गया। प्रत्युदाहरण में 'अवृणक्' पद 'आवृणक्' नहीं हुआ क्योंकि इसके पूर्व में 'दुर्योणे' पद नहीं है।

(च) हन्ति। रक्षः। हन्ति। असत्। वदन्तम् ॥ प० पा०

(छ) असत्। सु। मे। जरितरिति ॥ प० पा०

उदाहरण में 'असत्' पद निपातन से 'आसत्' हो गया। प्रत्युदाहरण में 'असत्' पद 'आसत्' नहीं हुआ क्योंकि इसके पूर्व में 'हन्ति' पद नहीं है।

(ज) अग्रे। रुपः। अरुपितम्। जवारु ॥ पा० पा०

'अरुपितम्' पद निपातन से 'आरुपितम्' हो गया।

(झ) अनयुधासः। असता। सचन्ताम् ॥ प० पा०

'असता' निपातन से 'आसता' हो गया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—एतानि च पदानि यथागृहीतानि भवन्ति। **अस्त्वासतः**—"असन्नस्त्वासतः इन्द्र वक्ता।"[१] अस्तु इति किम्? "देवानां पूर्व्ये युगेऽसतः"[२]; "सतश्च योनिमसतश्च वि वः।"[३] **निराविध्यत्**—"निराविध्यद्गिरिभ्य आ।"[४] निः इति किम्? **अभ्यादेवम्**—"भुवद्विश्वमभ्यादेवमोजसा।"[५] अभि इति किम्? 'सनेमि त्वमस्मदा अदेवम्।"[६] **क आसतः**—"क आसतो वचसः सन्ति गोपाः।"[७] के इति किम्? "सतश्च योनिमसतश्च वि वः।"[८] **न्यावृणक्**—"इन्द्रो यः शुष्णमशुषं न्यावृणक्।"[९] नि इति किम्? "वज्रेण हत्व्यवृणक्।"[१०] **नकिरादेवः**—"ययोः शत्रुर्नकिरादेव ओहते।"[११] **नकिः** इति किम्? "अदेवो यदभ्यौहिष्ट।"[१२] **न्याविध्यत्**—"न्याविध्यदिलीबिशस्य दृळ्हा।"[१३] नि इति किम्? **एनमायुनक्**—"यमेन दत्तं त्रित एनमायुनक्।"[१४] एनम् इति किम्? "अयं रथमयुनक्सप्तरश्मिम्॥"[१५]

उ० भा० अ०—ये भी पद जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे (संहिता-पाठ में) मिलते हैं। **अस्त्वासतः**—"असन्नस्त्वासतः इन्द्र वक्ता।"क **अस्तु**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "देवानां पूर्व्ये युगेऽसतः"ख; "सतश्च योनिमसतश्च वि वः।" **निराविध्यत्**—"निराविध्यद्गिरिभ्य आ।"ग **निः**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)?.....। **अभ्यादेवम्**—"भुवद्विश्वमभ्यादेवमोजसा।"घ **अभि**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सनेमि त्वमस्मदाँ अदेवम्।"ङ **आसतः**—"क आसतो वचसः सन्ति गोपाः।"च **के**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? "सतश्च योनिमसतश्च वि वः।" **न्यावृणक्**—'इन्द्रो यः शुष्णमशुषं न्यावृणक्।"छ **नि**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "वज्रेण हत्व्यवृणक्।"ज **नकिरादेवः**—"ययोः शत्रुर्नकिरादेव ओहते।"झ **नकिः**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)?

टि० (क) असन्। अस्तु। असतः। इन्द्र। वक्ता॥ प० पा०

(ख) देवानाम्। पूर्व्ये। युगे। असतः॥ प० पा०

उदाहरण में 'असतः' पद निपातन से 'आसतः' हो गया। प्रत्युदाहरण में 'असतः' पद 'आसतः' नहीं हुआ क्योंकि इसके पूर्व में 'अस्तु' नहीं है।

(ग) निः। अविध्यत्। गिरिऽभ्यः। आ॥ प० पा०

(घ) भुवत्। विश्वम्। अभि। अदेवम्। ओजसा॥ प० पा०

(ङ) सनेमि। त्वम्। अस्मत्। आ। अदेवम्॥ प० पा०

(च) के। असतः। वचसः। सन्ति। गोपाः॥ प० पा०

(छ) इन्द्रः। यः। शुष्णम्। अशुषम्। नि। अवृणक्॥ प० पा०

(ज) वज्रेण। हत्वी। अवृणक्॥ प० पा०

(झ) ययोः। शत्रुः। नकिः। अदेवः। ओहते॥ प० पा०

---

१ ऋ० ७।१०४।८ २ ऋ० १०।७२।२ ३ आ० श्रौ० ४।६।३
४ ऋ० ८।७७।६ ५ ऋ० २।२२।४ ६ ऋ० ९।१०५।६
७ ऋ० ५।१२।४ ८ आ० श्रौ० ४।६।३ ९ ऋ० १।१०१।२
१० ऋ० २।१७।६ ११ ऋ० ८।५९।२ १२ ऋ० ६।१७।८
१३ ऋ० १।३३।१२ १४ ऋ० १।१६३।२ १५ ऋ० ६।४४।२४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(उत्तर) "अदेवो यदभ्यौहिष्ट।"[क] **न्याविध्यत्**—"न्याविध्यदिलीबिशस्य दृळहा।"[ख] **नि**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ?.....। **एनमायुनक**—"यमेन दत्तं त्रित एनमायुनक्।"[ग] **एनम्**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अयं रथमयुनक्सप्तरश्मिम्।"[घ]

अहिहन्नारिणक्पथ आयुक्षातामुदावता।
रिक्थमारैग्य आयुक्त कुरु श्रवणमावृणि ॥७७॥

सू० अ०—(ये पद भी निपातन से सिद्ध हैं) 'अहिहन्नारिणक्पथः', 'आयुक्षाताम्', 'उदावता', रिक्थमारैक्', 'य आयुक्त' (और) 'कुरुश्रवणमावृणि'।

उ० भा०—एतानि च पदानि यथागृहीतानि भवन्ति। अहिहन्नारिणक्पथः—"यो धौतीनामहिहन्नारिणक्पथः।"[१-ङ] अहिहन् इति किम् ?.....। आयुक्षाताम्—आयुक्षातामश्विना यातवे रथम्।"[२-च] उदावता—"उदावता त्वक्षसा पन्यसा च।"[३-छ] रिक्थमारैक्—"न जामय तान्वो रिक्थमारैक्।"[४-ज] रिक्थम् इति किम् ? य आयुक्त—"य आयुक्त तुजा गिरा"[५-झ] य इति किम् ? "अयुक्त सप्त शुन्ध्युवः।"[६-ञ] कुरुश्रवणमावृणि—"कुरुश्रवणमावृणि राजानम् ॥"[७-ट]

उ० भा० अ०—ये भी पद जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे ही (संहिता-पाठ में) मिलते हैं।.....।

उ० भा०—अत्र येषां विशेषणपदानामुदाहरणानि न विद्यन्ते तेषां छन्दःपरिपूर्तिः फलम्। योनिमारैगित्यादीनि यानि पदानि तेषु दीर्घत्वमादिस्वरस्य निपात्यते ॥

उ० भा० अ०—यहाँ (अर्थात् पूर्वोक्त सूक्तों में) जिन विशेषण-पदों के उदाहरण नहीं दिये गये हैं, उनका फल छन्दः की पूर्ति करना है (अर्थात् वे पद सूत्रों के छन्दः की पूर्ति के

टि० (क) अदेवः। यत्। अभि। औहिष्ट ॥ प० पा०
(ख) नि। अविध्यत्। इलीबिशस्य। दृळहा ॥ प० पा०
(ग) यमेन। दत्तम्। त्रितः। एनम्। अयुनक् ॥ प० पा०
(घ) अयम्। रथम्। अयुनक्। सप्तऽरश्मिम् ॥ प० पा०
(ङ) यः। धौतीनाम्। अहिऽहन्। अरिणक्। पथः ॥ प० पा०
(च) अयुक्षाताम्। अश्विना। यातवे। रथम् ॥ प० पा०
(छ) उत्ऽअवता। त्वक्षसा। पन्यसा। च ॥ प० पा०
(ज) न। जामये। तान्वः। रिक्थम्। अरैक्। प० पा०
(झ) यः। अयुक्त। तुजा। गिरा ॥ प० पा०
(ञ) अयुक्त। सप्त। शुन्ध्युवः ॥ प० पा०
'यः' पूर्व में होने के कारण उदाहरण में 'अयुक्त' का 'आयुक्त' हो गया जबकि 'यः' पूर्व में न होने के कारण प्रत्युदाहरण में 'अयुक्त' का 'आयुक्त' नहीं हुआ है।
(ट) कुरुऽश्रवणम्। अवृणि। राजानम् ॥ प० पा०

---

[१] ऋ०२।१३।५ [२] ऋ०१।१५७।१ [३] ऋ० ६।१८।९ [४] ऋ० ३।३१।२
[५] ऋ० ५।१७।३ [६] ऋ० १।५०।९ [७] ऋ० १०।३३।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिए सूत्रों में उल्लिखित हैं)। "योनिमारैक्" (२।७५) इत्यादि जो पद हैं उनमें (पद के) आदि 'स्वर'-वर्ण का दीर्घत्व निपातन से होता है।

(अनानुपूर्व्यसंहिताः)

शुनश्चिच्छेपं निदितं नरा वा शंसं पूषणम्।
नरा च शंसं दैव्यं ता अनानुपूर्व्यसंहिताः ॥७८॥

(अनानुपूर्व्यसंहिता)

सू० अ०—"शुनश्चिच्छेपं निदितम्", "नरा वा शंसं पूषणम्" (और) "नरा च शंसं दैव्यम्"—ये (पदों की) आनुपूर्वी (=क्रम) से संहितायें नहीं हैं (अर्थात् ऋग्वेद में ये तीन ऐसे स्थल हैं जहाँ पद-पाठ के क्रम से 'संहिता' नहीं हुई है)।

उ० भा०—शुनश्चिच्छेपं निदितम्—"शुनश्चिच्छेपं निदितं सहस्रात्।"[१] नरा वा शंसं पूषणम्—"नरा वा शंसं पूषणमगोह्यम्।"[२] नरा च शंसं दैव्यम्—"नरा च शंसं दैव्यं च धर्तरि।"[३] ता अनानुपूर्व्यसंहिताः; नह्येतेषां त्रयाणां पदानुपूर्व्येण संहितास्ति। "संहिता पदप्रकृतिः"[४]; "पदान्तान्पदादिभिः संदधदेति"[५] इत्यस्यापवादः। संज्ञाकरणप्रयोजनम्—"अनानुपूर्व्ये पदसंध्यदर्शनात्॥"[६]

उ० भा० अ०—शुनश्चिच्छेपं निदितम्—"शुनश्चिच्छेपं निदितं सहस्रात्।"क नरा वा शंसं पूषणम्—"नरा वा शंसं पूषणमगोह्यम्।"ख नरा च शंसं दैव्यम्—"नरा च शंसं दैव्यं च धर्तरि।"ग ता अनानुपूर्व्यसंहिताः=ये 'अनानुपूर्व्य संहितायें' हैं क्योंकि इन तीनों में पदों की आनुपूर्वी (=क्रम) से 'संहिता' नहीं हुई है। "पद 'संहिता' की प्रकृति हैं (और) जो पदान्तों का पदादियों के साथ मेल संपादन करती है (वह 'संहिता' है)"—इस (नियम का) (ये संहितायें) अपवाद हैं। संज्ञा करने का प्रयोजन—"अनानुपूर्व्य 'संहिता' में पदों की संधि दिखलाई न पड़ने से।"

(दीर्घा विवृत्तयः)

यतो दीर्घस्ततो दीर्घा विवृत्तयः ॥७९॥

(दीर्घ विवृत्तियाँ)

सू० अ०—"जहाँ (कम से कम) एक 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) (होता है) (वहाँ) 'दीर्घ विवृत्तियाँ' (होती हैं)

टि० (क) शुनःऽशेपम्। चित्। निऽदितम्। सहस्रात्॥ प० पा०
(ख) नराशंसम्। वा। पूषणम्। अगोह्यम्॥ प० पा०
(ग) नराशंसम्। च। दैव्यम्। च। धर्तरि॥ प० पा०
उपर्युक्त तीनों स्थलों पर पदों के क्रम की अवहेलना करके 'संहिता' हुई है।

---

[१] ऋ० ५।२।७ [२] ऋ० १०।६४।३ [३] ऋ० ९।८६।४२
[४] २।१ [५] २।२ [६] ११।१३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—"स्वरान्तरं तु विवृत्तिः"[१] इत्युक्तम्। तत्र यतः; (दीर्घः=) दीर्घस्वरः; भवति पुरस्तात्पश्चादुभयतो वा ततो दीर्घा विवृत्तयो वेदितव्याः। "गोषा इन्द्रो नृषा असि"[२]; "य आनयत्परावतः"[३]; "ता आपो देवीरिह मामवन्तु।"[४] विविधान्युदाहरणानि॥

उ० भा० अ०—"स्वरों का मध्य अवकाश 'विवृत्ति' (कहलाता है)"—यह (२।३ में) कहा जा चुका है। वहाँ (=उस 'विवृत्ति' में); यतः=जहाँ; (दीर्घः=) 'दीर्घ' 'स्वर' (-वर्ण); होता है—पहले या बाद में या दोनों ओर—ततः=वहाँ; दीर्घा विवृत्तयः='दीर्घ विवृत्तियाँ'; जाननी चाहिए (तात्पर्य यह है कि 'विवृत्ति' के एक ओर या दोनों ओर 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण हो तो वह 'दीर्घ विवृत्ति' है और किसी भी ओर 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण न हो तो वह 'ह्रस्व विवृत्ति' है)। (जैसे) "गोषा इन्द्रो नृषा असि"[क]; "य आनयत्परावतः"[ख]; "ता आपो देवीरिह मामवन्तु।"[ग] ('विवृत्ति' के) विविध उदाहरण हैं।

(द्विषन्धयो विवृत्तयः)

द्विषंधयस्तूभयतःस्वरस्वराः॥८०॥

(द्विषंधि-विवृत्तियाँ)

सू० अ०—(वे विवृत्तियाँ जिनमें) एक (मध्यवर्ती) **'स्वर'** (-वर्ण) के दोनों ओर **'स्वर'** (-वर्ण) हो वे **'द्विषंधि'** (-विवृत्तियाँ) (कहलाती हैं)

उ० भा०—द्वौ संधी यासां विवृत्तीनां ता द्विषंधयः। तास्तूभयतःस्वरस्वरा वेदितव्याः। मध्यगतस्वरस्योभयतः स्वरौ यासां विवृत्तीनां ता उभयतःस्वरस्वराः। "अभूदु भा उ अंशवे"[५]; "तस्मा उ अद्य समना सुतं भर।"[६] संज्ञाप्रयोजनम्—"अर्धर्चान्ते कुर्युरथो द्विषंधौ।"[७]

उ० भा० अ०—दो संधियाँ हैं जिन विवृत्तियों की वे **द्विषंधियाँ** (कहलाती हैं)। उन; (द्विषंधयः=) द्विषंधियों को; **उभयतःस्वरस्वर** जानना चाहिए। जिन विवृत्तियों के मध्यगत 'स्वर'-वर्ण के दोनों ओर 'स्वर'-वर्ण विद्यमान होते हैं वे **उभयतःस्वरस्वर** विवृत्तियाँ हैं। (उदाहरण) "अभूदु भा उ अंशवे"; "तस्मा उ अद्य समना सुतं भर।"[घ] संज्ञा का प्रयोजन—"अर्धर्च के अन्त में और **द्विषंधि** (—'विवृत्ति' में 'अभि' को 'स्थितोपस्थित' करना चाहिए)।"

टि० (क) २।३ से दो स्थलों पर 'विवृत्ति' है। पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण 'दीर्घ' होने के कारण दोनों ही 'दीर्घ विवृत्तियाँ' हैं।

(ख) परवर्ती 'स्वर'-वर्ण 'दीर्घ' होने के कारण 'दीर्घ विवृत्ति' है।

(ग) दोनों ओर 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण होने के कारण 'दीर्घ विवृत्ति' है।

(घ) दोनों उदाहरणों में मध्यवर्ती 'स्वर'-वर्ण ('उ') के दोनों ओर 'स्वर'-वर्ण विद्यमान हैं, अतः ये 'द्विषंधि' विवृत्तियाँ हैं।

---

१ २।३ २ ऋ० ९।२।१० ३ ऋ० ६।४५।१ ४ ऋ० ७।४९।१
५ ऋ० १।४६।१० ६ ऋ० ८।६६।७ ७ १५।१८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राच्यपञ्चालउपधानिभोदयाः शाकल्यस्य स्थविरस्य ॥८१॥

सू० अ०—वृद्ध शाकल्य के अनुसार प्राच्यपञ्चाल पदवृत्तियों के पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण (=उपधा) के सदृश ही (उनके) परवर्ती (=उदय) 'स्वर'-वर्ण (उच्चारित) होते हैं।

उ० भा०—प्राच्यपञ्चालपदवृत्तयोऽधस्तात्प्रतिपादिता विवृत्तयः। तासां शाकल्यस्य स्थविरस्य मतेन किञ्चिदुच्यते। प्राच्यपञ्चाललक्षितानां विवृत्तीनामुपधाः=प्राच्यपञ्चाल उपधाः; तन्निभाः=तादृशाः; उदया यासां ताः; तथोक्ताः (=प्राच्यपञ्चालउपधानिभोदयाः)। "एष देवो अमर्त्यः।"[१] "आङ्गिरसो जुह्वे वाजे अस्मिन्।"[२] "नो अह प्र विन्दसि।"[३]

उ० भा० अ०—'प्राच्यपञ्चाल पदवृत्ति' (=संज्ञक) विवृत्तियों को पहले (२।३३ में) प्रतिपादित किया गया था। उनके विषय में; **शाकल्यस्य स्थविरस्य**=वृद्ध शाकल्य के मत से; कुछ कहते हैं। प्राच्यपञ्चालउपधाः='प्राच्यपञ्चाल'-संज्ञक विवृत्तियों की उपधा (=अव्यवहित पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण); तन्निभाः=उनके समान हैं; उदय (=अव्यवहित परवर्ती 'स्वर'-वर्ण) जिन (विवृत्तियों) के वे तथोक्त (अर्थात् **प्राच्यपञ्चालउपधानिभोदय**) हैं (तात्पर्य यह है कि वृद्ध शाकल्य के अनुसार प्राच्यपञ्चालपदवृत्तियों के परवर्ती 'स्वर'-वर्ण का उच्चारण उनके पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण के उच्चारण के सदृश होता है)। (उदाहरण) "एष देवो अमर्त्यः।"[क] "आङ्गिरसो जुह्वे वाजे अस्मिन्।"[ख] "नो अह प्र विन्दसि।"[ग]

इतरा स्थितिः ॥८२॥

सू० अ०—(शाकल लोगों की इससे) भिन्न स्थिति है।

उ० भा०—इतरा अस्माकं शाकलानां स्थितिः—प्राकृतोदयत्वं नाम। "एष देवो अमर्त्यः।"[४] आङ्गिरसो जुह्वे वाजे अस्मिन्।"[५] "नो अह प्र विन्दसि।"[६]

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ प्रातिशाख्यभाष्ये संहितापटलं द्वितीयम्॥

उ० भा० अ०—हम शाकल लोगों की स्थिति इससे भिन्न है—(हम) परवर्ती (अकार) को बिना किसी विकार के (ज्यों का त्यों उच्चारण करते हैं)।

आनन्दपुर के निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति प्रातिशाख्य-भाष्य में संहिता-नामक द्वितीय पटल समाप्त हुआ।

टि० (क) वृद्ध शाकल्य के मत से 'अमर्त्यः' के 'अ' का उच्चारण 'देवो' के 'ओ' के सदृश होता है। इस प्रकार "देवो अमर्त्यः" का उच्चारण इस प्रकार होगा—"देवो ओमर्त्यः।"

(ख) 'अस्मिन्' के 'अ' का उच्चारण 'वाजे' के 'ए' के सदृश होता है। इस प्रकार "वाजे अस्मिन्" का उच्चारण इस प्रकार होगा—"वाजे एस्मिन्।"

(ग) "नो अह" का उच्चारण इस प्रकार होगा—"नो ओह।"

---

१ ऋ० ९।३।१ २ ऋ० १०।१४९।५ ३ ऋ० १०।८६।२
४ ऋ० ९।३।१ ५ ऋ० १०।१४९।५ ६ ऋ० १०।८६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३ : स्वरपटलम्

स्वराणां संख्या, उच्चारणप्रकारश्च
स्वराक्षरयोर्धर्मधर्मिसंबन्धः
संधौ स्वरितनिष्पत्तिः
स्वरितस्य उच्चारणप्रकारः
पदे उदात्तपूर्वस्वरितम्
पदे जात्यस्वरितम्
पदे प्रचयस्य उच्चारणप्रकारः
उदात्तादिस्वराणां संधिः
विवृत्तिव्यञ्जनव्यवधानेऽपि स्वरितनिष्पत्तिः
संधिजस्वरितानां संज्ञासूत्रम्
संहितायां प्रचयः स्वरः, तस्य उच्चारणप्रकारश्च
परिग्रहे स्वरनिरूपणम्
अवग्रहे स्वरनिरूपणम
उत्तरयोस्त्रिमात्रयोरन्त्यमात्रोच्चारणविषये मतद्वयम्
स्वरोच्चारणे केचिद्दोषाः
स्वरितविशेषेषु कम्पविधानम्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राच्यपञ्चालउपधानिभोदयाः शाकल्यस्य स्थविरस्य ॥८१॥

सू० अ०—वृद्ध शाकल्य के अनुसार प्राच्यपञ्चाल पदवृत्तियों के पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण (=उपधा) के सदृश ही (उनके) परवर्ती (=उदय) 'स्वर'-वर्ण (उच्चारित) होते हैं।

उ० भा०—प्राच्यपञ्चालपदवृत्तयोऽधस्तात्प्रतिपादिता विवृत्तयः। तासां शाकल्यस्य स्थविरस्य मतेन किञ्चिदुच्यते। प्राच्यपञ्चाललक्षितानां विवृत्तीनामुपधाः=प्राच्यपञ्चाल उपधाः; तन्निभाः=तादृशाः; उदया यासां ताः; तथोक्ताः(=प्राच्यपञ्चालउपधानिभोदयाः)। "एष देवो अमर्त्यः।"[१] "आङ्गिरसो जुह्वे वाजे अस्मिन्।"[२] "नो अह प्र विन्दसि।"[३]

उ० भा० अ०—'प्राच्यपञ्चाल पदवृत्ति' (=संज्ञक) विवृत्तियों को पहले (२।३३ में) प्रतिपादित किया गया था। उनके विषय में; शाकल्यस्य स्थविरस्य=वृद्ध शाकल्य के मत से; कुछ कहते हैं। प्राच्यपञ्चालउपधाः='प्राच्यपञ्चाल'-संज्ञक विवृत्तियों की उपधा (=अव्यवहित पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण); तन्निभाः=उनके समान हैं; उदय (=अव्यवहित परवर्ती 'स्वर'-वर्ण) जिन (विवृत्तियों) के वे तथोक्त (अर्थात् प्राच्यपञ्चालउपधानिभोदय) हैं (तात्पर्य यह है कि वृद्ध शाकल्य के अनुसार प्राच्यपञ्चालपदवृत्तियों के परवर्ती 'स्वर'-वर्ण का उच्चारण उनके पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण के उच्चारण के सदृश होता है)। (उदाहरण) "एष देवो अमर्त्यः।"[क] "आङ्गिरसो जुह्वे वाजे अस्मिन्।"[ख] "नो अह प्र विन्दसि।"[ग]

इतरा स्थितिः ॥८२॥

सू० अ०—(शाकल लोगों की इससे) भिन्न स्थिति है।

उ० भा०—इतरा अस्माकं शाकलानां स्थितिः—प्राकृतोदयत्वं नाम। "एष देवो अमर्त्यः।"[४] आङ्गिरसो जुह्वे वाजे अस्मिन्।"[५] "नो अह प्र विन्दसि।"[६]

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ प्रातिशाख्यभाष्ये संहितापटलं द्वितीयम्॥

उ० भा० अ०—हम शाकल लोगों की स्थिति इससे भिन्न है—(हम) परवर्ती (अकार) को बिना किसी विकार के (ज्यों का त्यों उच्चारण करते हैं)।

आनन्दपुर के निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति प्रातिशाख्य-भाष्य में संहिता-नामक द्वितीय पटल समाप्त हुआ।

टि० (क) वृद्ध शाकल्य के मत से 'अमर्त्यः' के 'अ' का उच्चारण 'देवो' के 'ओ' के सदृश होता है। इस प्रकार "देवो अमर्त्यः" का उच्चारण इस प्रकार होगा—"देवो ओमर्त्यः।"

(ख) 'अस्मिन्' के 'अ' का उच्चारण 'वाजे' के 'ए' के सदृश होता है। इस प्रकार "वाजे अस्मिन्" का उच्चारण इस प्रकार होगा—"वाजे एस्मिन्।"

(ग) "नो अह" का उच्चारण इस प्रकार होगा—"नो ओह।"

---

[१] ऋ० ९।३।१ [२] ऋ० १०।१४९।५ [३] ऋ० १०।८६।२
[४] ऋ० ९।३।१ [५] ऋ० १०।१४९।५ [६] ऋ० १०।८६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३ : स्वरपटलम्

स्वराणां संख्या, उच्चारणप्रकारश्च — संधिजस्वरितानां संज्ञासूत्रम्
स्वराक्षरयोर्धर्मधर्मिसंबन्धः — संहितायां प्रचयः स्वरः, तस्य
संधौ स्वरितनिष्पत्तिः — उच्चारणप्रकारश्च
स्वरितस्य उच्चारणप्रकारः — परिग्रहे स्वरनिरूपणम्
पदे उदात्तपूर्वस्वरितम् — अवग्रहे स्वरनिरूपणम
पदे जात्यस्वरितम् — उत्तरयोस्त्रिमात्रयोरन्त्यमात्रोच्चारणविषये मतद्वयम्
पदे प्रचयस्य उच्चारणप्रकारः — स्वरोच्चारणे केचिद्दोषाः
उदात्तादिस्वराणां संधिः — स्वरितविशेषेषु कम्पविधानम्
विवृत्तिव्यञ्जनव्यवधानेऽपि स्वरितनिष्पत्तिः

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(स्वराणां संख्या, उच्चारणप्रकारश्च)

उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च त्रयः स्वराः ।
आयामविश्रम्भाक्षेपैस्त उच्यन्ते ॥१॥

(स्वरों की संख्या और उच्चारण-प्रकार)

सू० अ०—'उदात्त', 'अनुदात्त' और 'स्वरित'—(ये) तीन—'स्वर' हैं। उच्चारणावयवों के ऊर्ध्वगमन ('आयाम'), अधोगमन ('विश्रम्भ') और तिर्यग्गमन ('आक्षेप') से (क्रमशः) इनका उच्चारण होता है।

उ० भा०—प्रथमपटले संज्ञापरिभाषा अनुक्रम्य द्वितीयेन संहितागतलोपागमवर्णविकारानुक्त्वा अथदानीं स्वरसंहिताम्राह। **उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च संक्षेपतः स्वरास्त्रयो वेदितव्याः**। इदानीं तानुपलक्षयितुमाह—**आयामविश्रम्भाक्षेपैस्त उच्यन्ते**। **आयामो** नाम वायुनिमित्तमूर्ध्वगमनं गात्राणाम्; तेन य उच्यते स **उदात्तः**—आ, ये। **विश्रम्भो** नामाधोगमनं गात्राणां वायुनिमित्तम्—नुः, नौ। **आक्षेपो** नाम तिर्यग्गमनं गात्राणां वायुनिमित्तम्—र्व, र्य्यक् ॥

उ० भा० अ०—प्रथम पटल में संज्ञाओं और परिभाषाओं को बतलाकर द्वितीय (पटल) के द्वारा संहितागत लोप, आगम और वर्ण-विकार को कहकर अब स्वर-संहिता को कहते हैं। **उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च**='उदात्त', 'अनुदात्त' और 'स्वरित'; संक्षेप में; **स्वरास्त्रयः**=(ये) तीन 'स्वर'; जानने चाहिए।[क] अब उन (तीन स्वरों) को समझाने के लिए (सूत्रकार) कहते हैं—**आयामविश्रम्भाक्षेपैस्त उच्यन्ते**='आयाम',

टि० (क) स्वरों की संख्या के विषय में बहुत मतभेद है। कहीं सात, कहीं पाँच, कहीं चार, कहीं तीन, कहीं दो और कहीं एक ही 'स्वर' माना गया है। महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य १।२।३३ में स्वरों की संख्या सात बतलाई है—"सप्त स्वरा भवन्ति—उदात्तः, उदात्ततरः, अनुदात्तः, अनुदात्ततरः, स्वरितः, स्वरिते य उदात्तः सोऽन्येन विशिष्टः, एकश्रुतिः सप्तमः"—अर्थात् 'स्वर' सात होते हैं—'उदात्त', 'उदात्ततर', 'अनुदात्त', 'अनुदात्ततर', 'स्वरित', 'स्वरित' के पूर्व में स्थित 'उदात्त' और 'एकश्रुति'।

ध्यानपूर्वक विचार करने से विदित हो जाता है कि मुख्य 'स्वर' तीन ही हैं—'उदात्त', 'अनुदात्त' और 'स्वरित'। पतञ्जलि द्वारा उल्लिखित 'उदात्ततर' और 'स्वरित' से पूर्व में स्थित 'उदात्त' 'उदात्त' के ही अन्तर्गत हैं; 'अनुदात्ततर' 'अनुदात्त' के ही अन्तर्गत है। 'एकश्रुति' भी 'उदात्त' और 'अनुदात्त' से भिन्न 'स्वर' नहीं है। 'स्वरित' के बाद में आने पर 'अनुदात्त' ही 'एकश्रुति' हो जाता है और इस 'एकश्रति' का उच्चारण 'उदात्त' के ही समान होता है।

उपर्युक्त तथ्य को दृष्टि में रखकर ही प्रस्तुत सूत्र में कहा गया है कि 'उदात्त' 'अनुदात्त' और 'स्वरित'—ये तीन—'स्वर' हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'विश्रम्भ' और 'आक्षेप' के द्वारा (क्रमशः) ये उच्चारित होते हैं।[क] वायु के कारण उच्चारणावयवों के ऊपर जाने को 'आयाम' (कहते हैं); उस ('आयाम') से जो उच्चारित होता है वह 'उदात्त' है—(जैसे) आ, ये।[ख] वायु के कारण उच्चारणावयवों के नीचे जाने को 'विश्रम्भ' (कहते हैं) (उस 'विश्रम्भ' से जो उच्चारित होता है वह 'अनुदात्त' है)—(जैसे) नः, नौ। वायु के कारण उच्चारणावयवों के तिरछे जाने को 'आक्षेप' (कहते हैं) (उस 'विश्रम्भ' से जो उच्चारित होता है वह 'स्वरित' है)—(जैसे) क्वं, न्यंक्।

(स्वराक्षरयोर्धर्मधर्मिसंबन्धः)

अक्षराश्रयाः ॥२॥

(स्वर और अक्षर का धर्मधर्मिसम्बन्ध)

सू० अ०—(ये 'उदात्त' आदि 'स्वर') 'अक्षर' ('स्वर'-वर्ण) पर आश्रित होते हैं।

उ० भा०—स्वरोऽक्षरमित्युक्तम्। अक्षरमाश्रयीभूतं येषां ते तथोक्ताः। स्वराणामक्षरैः धर्मधर्मिसंबन्धो न तु व्यञ्जनैः ॥

उ० भा० अ०—'स्वर'-वर्ण 'अक्षर' है—यह (१।१९ में) कहा जा चुका है। 'अक्षर' हैं आश्रय जिनका वे उस प्रकार कहे गए (अर्थात् 'उदात्त' आदि 'स्वर') हैं। स्वरों का अक्षरों ('स्वर'-वर्णों) के साथ धर्मधर्मिसम्बन्ध (=गुणगुणिसम्बन्ध) है ['स्वर'-वर्ण धर्मी

टि० (क) 'उदात्त' 'अक्षर' का उच्चारण ध्वनि के आरोह (rising tone) के साथ होता है। इसके उच्चारण में उच्चारणावयव ऊपर की ओर खिंच जाते हैं। 'अनुदात्त' 'अक्षर' का उच्चारण ध्वनि के अवरोह (falling tone) के साथ होता है। इसमें उच्चारणायव नीचे की ओर शिथिल हो जाते हैं। 'स्वरित' 'अक्षर' का उच्चारण ध्वनि के आरोह और अवरोह (rising-falling tone) से होता है। 'स्वरित' के 'उदात्त' अंश के उच्चारण में उच्चारणावयवों का आरोह होता है और 'अनुदात्त' अंश के उच्चारण में उच्चारणावयवों का अवरोह होता है।

(ख) वैदिक ग्रन्थों में 'उदात्त' आदि स्वरों की पहचान के लिए चिह्न लगे रहते हैं। वे चिह्न सब ग्रन्थों में समान नहीं हैं। ऋग्वेद में 'उदात्त' पर कोई भी चिह्न नहीं लगाया जाता है। 'अनुदात्त' के नीचे एक पड़ी रेखा (–) लगाई जाती है और 'स्वरित' के सिर पर एक खड़ी रेखा (॑) लगाई जाती है। 'उदात्त' की भाँति 'प्रचय' पर भी कोई चिह्न नहीं लगाया जाता है। दोनों का कोई चिह्न न होने के कारण 'उदात्त' और 'प्रचय' की पहचान करने में कठिनाई हो सकती है। इनकी पहचान यह है—'स्वरित' के बाद में स्थित बिना चिह्न वाला वर्ण 'प्रचय' होता है जबकि 'अनुदात्त' के बाद में स्थित बिना चिह्न वाला वर्ण 'उदात्त' होता है। यदि किसी बिना चिह्न वाले वर्ण के पूर्व में न 'स्वरित' हो और न 'अनुदात्त' तो वह भी 'उदात्त' होता है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(=गुणी) हैं और 'उदात्त' आदि 'स्वर' धर्म (=गुण) हैं], व्यञ्जनों के साथ नहीं।क

(संधौ स्वरितनिष्पत्तिः)

एकाक्षरसमावेशे पूर्वयोः स्वरितः स्वरः ॥३॥

(संधि में स्वरित की निष्पत्ति)

सू० अ०—पूर्व वाले दो (='उदात्त' और 'अनुदात्त') का एक 'अक्षर' में समावेश (=समाहार) होने पर 'स्वरित' 'स्वर' (निष्पन्न होता है)।

उ० भा०—उदात्तानुदात्तौ स्वरौ; तयोः स्वरितः स्वरो निष्पद्यत इत्याह—**एकाक्षर-समावेशे सति; पूर्वयोः**=उदात्तानुदात्तयोः; **स्वरितः स्वरो** निष्पद्यते। "तेऽवर्धन्त स्वतवसः।"[१] "ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्।"[२] स्रुचीव घृतं चम्वीव।"[३] "त्र्यम्बकं यजामहे।"[४] "द्रुवन्नः सपिरासुतिः॥"[५]

उ० भा० अ०—'उदात्त' और 'अनुदात्त' दो 'स्वर' हैं; इन दो (स्वरों) का 'स्वरित' 'स्वर' निष्पन्न होता है यह (सूत्रकार) कहते हैं— **एकाक्षरसमावेशे**=एक 'अक्षर' में समावेश होने पर; **पूर्वयोः**=पूर्व वाले दो का='उदात्त' और 'अनुदात्त' का; **स्वरितः स्वरः**='स्वरित' 'स्वर'; निष्पन्न हो जाता है। (जैसे) "तेऽवर्धन्त स्वतवसः"ख; ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्।"ग "स्रुचीव घृतं चम्वीव।"घ "त्र्यम्बकं यजामहे"ङ; "द्रुवन्नः सपिरासुतिः॥"च

(स्वरितस्य उच्चारणप्रकारः)

तस्योदात्ततरोदात्तादर्धमात्रार्धमेव वा ॥४॥

(स्वरित का उच्चारणप्रकार)

सू० अ०—उस ('स्वरित') की आधी मात्रा अथवा (सम्पूर्ण 'स्वरित' का) आधा (भाग) 'उदात्त' से उदात्ततर (=उच्चतर) (उच्चारित होता है)।

टि० (क) 'उदात्त' आदि 'स्वर' 'स्वर'-वर्णों के ही धर्म हैं, 'व्यञ्जन'-वर्णों के नहीं; क्योंकि 'स्वर'-वर्णों का ही बिना किसी अन्य वर्ण की सहायता के उच्चारण हो सकता है। जिन 'व्यञ्जन'-वर्णों का अन्य वर्ण (='स्वर'-वर्ण) की सहायता के उच्चारण भी नहीं हो सकता, उनमें 'उदात्त' आदि उच्चारण-धर्म कैसे रह सकते हैं?

(ख) ते। अवर्धन्त। स्वऽतवसः॥ प० पा०

(ग) ब्राह्मणः। अस्य। मुखम्। आसीत्॥ प० पा०

(घ) स्रुचिऽइव। घृतम्। चम्विऽइव॥ प० पा०

(ङ) त्रिऽअम्बकम्। यजामहे॥ प० पा०

(च) द्रुऽअन्नः। सपिःऽआसुतिः॥ प० पा०

इन सभी उदाहरणों में 'उदात्त' और 'अनुदात्त' का एक 'अक्षर' म समावेश होने पर 'स्वरित' 'स्वर' निष्पन्न हो गया है।

---

[१] ऋ० १।८५।७ [२] ऋ० १०।९०।१२ [३] ऋ० १०।९१।१५
[४] ऋ० ७।५९।१२ [५] ऋ० २।७।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—तस्य स्वरितस्य स्वरस्य पृथक्कृत्य द्विस्वरसंभूतस्य व्युत्पाद्य कथनं क्रियते—उदात्तात् सकाशात् उदात्ततरा आदौ अर्धमात्रा वेदितव्या—"त्र्यम्बकम्।"[१] अर्धमेव वा—द्विमात्रस्यस्वरस्यायमुदात्तांशः कथितः। "तेऽवर्धन्त॥"[२]

उ० भा० अ०—दो स्वरों ('उदात्त' और 'अनुदात्त') से निष्पन्न; **तस्य**=उस; 'स्वरित' 'स्वर' को पृथक् करके उसकी प्रकृति ('उदात्त' और 'अनुदात्त') को दृष्टि में रखकर उसका कथन किया जाता है—('ह्रस्व' 'अक्षर' वाले 'स्वरित' के) आदि में **अर्धमात्रा**=आधी मात्रा को; **उदात्तात्**='उदात्त' से; **उदात्ततरा**=उदात्ततर (=उच्चतर); जानना चाहिए—(जैसे) "त्र्यम्बकम्।"[क] ('दीर्घ' 'अक्षर' वाले 'स्वरित' का प्रथम) **अर्धमेव वा**=आधा (भाग) ही (अर्थात् एकमात्रा) ('उदात्त' से उच्चतर उच्चारित होती है)—दो मात्रा वाले (='दीर्घ') स्वर'-वर्ण का यह 'उदात्त' अंश कहा है। (जैसे) "तेऽवर्धन्त।"[ख]

अनुदात्तः परः शेषः स उदात्तश्रुतिः ॥५॥

सू० अ०—('स्वरित' का) परवर्ती अवशिष्ट 'अनुदात्त' (अंश) 'उदात्त' के समान सुना जाता है।

उ० भा०—स्वरितस्य परः शेषः (अनुदात्तः) यद्यर्धमात्रो यदि मात्रिकः स उदात्तश्रुतिः=उदात्तवच्छ्रूयते। यथा त्रपुताम्रयोः संयोगे सति कांस्यस्य धात्वन्तरस्योत्पत्तिरेवमिहापि द्रष्टव्या॥

उ० भा अ०—'स्वरित' का; **परः शेषः (अनुदात्तः)**=परवर्ती अवशिष्ट ('अनुदात्त' अंश) चाहे आधी मात्रा वाला हो और चाहे एक मात्रा वाला हो; **स उदात्तश्रुतिः**=वह उदात्तश्रुति है='उदात्त' के समान सुनाई पड़ता है।[ग] जिस प्रकार सीसे (त्रपु) और

टि० (क) त्रिऽअम्बकम्॥ प० पा०

(ख) ते। अवर्धन्त॥ प० पा०

(ग) 'उदात्त' और 'अनुदात्त' के सम्मिश्रण से 'स्वरित' 'स्वर' निष्पन्न होता है। 'उदात्त' और 'अनुदात्त' का यह सम्मिश्रण नीर-क्षीर (दुग्ध-जल) के सम्मिश्रण के सदृश न होकर तिल-तण्डुल अथवा काष्ठ-जतु के सम्मिश्रण के सदृश होता है। तात्पर्य यह है कि स्वरित' में 'उदात्त' तथा 'अनुदात्त' धर्मों का सम्मिश्रण सभी अवयवों में समान रूप से नहीं होता है। उस ('स्वरित') के आदि भाग में 'उदात्त' धर्म रहता है और बाद वाले आधे भाग में 'अनुदात्त' धर्म रहता है।

३।४ में यह विधान किया गया है कि 'स्वरित' की आधी मात्रा अथवा 'स्वरित' का आधा भाग 'उदात्त' से उच्चतर उच्चारित होता है। यदि 'ह्रस्व' 'अक्षर' 'स्वरित' है तो उस 'स्वरित' की पूर्ववर्ती आधी मात्रा ('उदात्त' अंश) 'उदात्त' से उच्चतर उच्चारित होती है और अवशिष्ट आधी मात्रा ('अनुदात्त' अंश) 'उदात्त' के समान उच्चारित होती है। यदि 'दीर्घ' 'अक्षर' 'स्वरित' है तो उस 'स्वरित' का पूर्ववर्ती आधा भाग अर्थात् एक मात्रा ('उदात्त' अंश) 'उदात्त' से उच्चतर उच्चारित होती है और अवशिष्ट आधा भाग अर्थात् एक मात्रा ('अनुदात्त' अंश) 'उदात्त' के समान उच्चारित होती है।

---

१ ऋ० ७।५९।१२ २ ऋ० १।८५।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ताम्बे (ताम्र) के संयोग से कांसा नाम की अन्य धातु की उत्पत्ति (हो जाती है), उसी प्रकार यहाँ भी देखना चाहिए[क] (अर्थात् उसी प्रकार 'उदात्त' और 'अनुदात्त' के संयोग से 'स्वरित' नाम वाला एक अन्य–तृतीय–'स्वर' निष्पन्न हो जाता है)।

न चेत्।

उदात्तं वोच्यते किंचित्स्वरितं वादरं परम् ॥६॥

सू० अ०—('स्वरित' का 'अनुदात्त' अंश तभी 'उदात्त' के समान सुना जाता है) यदि (उस 'स्वरित' के) बाद में विद्यमान 'अक्षर' ('स्वर'-वर्ण) 'उदात्त' अथवा 'स्वरित' उच्चारित न हो (अर्थात् यदि उस 'स्वरित' के बाद में 'उदात्त' या 'स्वरित' न हो)।

उ० भा०—चेत् शब्दो यद्यर्थे। यदि न भवति उदात्तमक्षरं स्वरितं वा परम्। "तेऽवर्धन्त"[१]; "दिवीव चक्षुः"[२]; "द्रवन्नः सर्पिरासुतिः।"[३] यदि तूदात्तं स्वरितं वा परं स्यात्तदानुदात्तः पर शेषः स्यात्। स च कम्प इत्युच्यते बहवृचैः। "न यो युच्छति तिष्योः यथा दिवोऽस्मे"[४]; "अभीदमेकमेको अस्मि"[५]; "अहं न्यन्यं सहसा"[६]—उदात्त-परस्योदाहरणम्। "शतचक्रं योह्यो वर्तनिः"[७]—स्वरितपरस्योदाहरणम्।

एवं च कृत्वोदात्तपूर्वाः सर्व एव कम्पाः स्युः। अनुदात्तपूर्वेषु तु क्रियमाणेषु मात्राधिक्यं स्यात्। स च दोषः—"अयथामात्रं वचनं स्वराणाम्"[८] इति। दर्शयति चोदात्तपूर्वत्वं कम्पानां क्रमहेतौ—"स्वरैकदेशं स्वरितस्य चोत्तरं यदा निहन्यात्"[९] इति॥

उ० भा० अ०—**चेत्** शब्द 'यदि' अर्थ में है। यदि; **उदात्तमक्षरं स्वरितं वा परम्**=बाद वाला 'अक्षर' ('स्वर'-वर्ण) 'उदात्त' अथवा 'स्वरित'; **न**=नहीं; होता है (तात्पर्य यह है कि 'स्वरित' का 'अनुदात्त' अंश तभी 'उदात्त' के समान उच्चारित होता है

टि० (क) भाष्यकार ने 'उदात्त' और 'अनुदात्त' के सम्मिश्रण से जायमान 'स्वरित' की उत्पत्ति को समझाने के लिये त्रपु और ताम्र के सम्मिश्रण से जायमान काँसा नामक धातु का जो दृष्टान्त दिया है वह ठीक प्रतीत नहीं होता है। काँसे के प्रत्येक अवयव में त्रपु और ताम्र का सम्मिश्रण समान रूप से अविभाज्य होता है। इसके विपरीत 'स्वरित' के प्रत्येक अंश में 'उदात्त' और 'अनुदात्त' धर्मों का सम्मिश्रण समान रूप से अविभाज्य नहीं होता। 'स्वरित' के आदि भाग में 'उदात्त' अंश होता है और बाद में 'अनुदात्त' अंश होता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि काँसे में त्रपु और ताम्र का सम्मिश्रण नीर-क्षीर (दुग्ध-जल) के सदृश होता है, जबकि 'स्वरित' में 'उदात्त' और 'अनुदात्त' धर्मों का सम्मिश्रण तिल-तण्डुल अथवा जतु-काष्ठ के सदृश होता है।

---

१ ऋ० १।८५।७ २ ऋ० १।२२।२० ३ ऋ० २।७।६
४ ऋ० ५।५४।१३ ५ ऋ० १०।४८।७ ६ ऋ० १०।४९।८
७ ऋ० १०।१४४।४ ८ १४।१० ९ ११।५६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जब उस 'स्वरित' के बाद में 'उदात्त' अथवा 'स्वरित' नहीं होता है)। (उदाहरण) "तेऽवर्धन्त"क; "दिवीव चक्षुः"ख; "द्वन्नः सपिरासुतिः।"ग यदि बाद में 'उदात्त' अथवा 'स्वरित' हो तब ('स्वरित' का) अवशिष्ट ('अनुदात्त' अंश) 'अनुदात्त' (उच्चारित) होगा। और ऋग्वेदी लोग उसे 'कम्प' कहते हैं।घ (उदाहरण) "न यो

टि० (क) ते। अवर्धन्त ॥ प० पा०

(ख) दिविऽइव। चक्षुः ॥ प० पा०

(ग) द्रुऽअन्नः। सपिःऽआसुतिः ॥ प० पा०

इन तीनों स्थलों में संहिता-पाठ में 'स्वरित' के बाद में न तो 'उदात्त' है और न 'स्वरित' है, इसलिए इन 'स्वरित' स्वरों के 'अनुदात्त' अंश 'उदात्त' के समान उच्चारित होते हैं।

(घ) ३।३४ में यह विधान किया गया है कि 'उदात्त' और 'स्वरित' ('जात्य स्वरित') बाद में होने पर 'जात्य', 'अभिनिहित', 'क्षैप्र' और 'प्रश्लिष्ट' स्वरितों का उच्चारण 'कम्प' के साथ होता है। ३।४ के अनुसार उक्त 'जात्यादि' चार प्रकार के 'स्वरित' का प्रारम्भ वाला 'उदात्त' अंश उदात्ततर (='उदात्त' से भी उच्चतर) उच्चारित होता है और ३।६ के अनुसार उक्त 'स्वरित' का अवशिष्ट 'अनुदात्त' अंश 'अनुदात्त' उच्चारित होता है। यदि बाद में 'उदात्त' हो तो पहले वाले उदात्ततर और बाद वाले 'उदात्त' उच्चारणों के बीच में 'अनुदात्त' का उच्चारण करने में कठिनाई होना स्वाभाविक है क्योंकि 'स्वरित' के प्रथम ('उदात्त') अंश का उदात्ततर के रूप में उच्चारण करने के तुरन्त बाद ही 'अनुदात्त' अंश का उच्चारण करने के लिए ध्वनि को नीचे उतरना पड़ता है और परवर्ती 'उदात्त' का उच्चारण करने के लिए ध्वनि को पुनः तुरन्त ही ऊपर चढ़ना पड़ता है। ऐसी स्थिति में 'स्वरित' के 'अनुदात्त' अंश का उच्चारण झटके के साथ होता है। इस झटके को ही 'कम्प' कहते हैं। इसी प्रकार 'स्वरित' ('जात्य स्वरित') बाद में आने पर भी पूर्ववर्ती 'स्वरित' का 'अनुदात्त' अंश 'कम्प' के सहित उच्चारित होता है क्योंकि 'स्वरित' का प्रारम्भ वाला 'उदात्त' अंश उदात्ततर उच्चारित होता है।

यदि यह 'कम्प' 'ह्रस्व' 'स्वरित' 'अक्षर' के 'अनुदात्त' अंश में होवे तो कम्प को दिखलाने के लिए 'ह्रस्व' 'स्वरित' 'अक्षर' के बाद में एक (१) संख्या को लिखते हैं और उस संख्या के ऊपर 'स्वरित' का चिह्न (̍) तथा नीचे 'अनुदात्त' का चिह्न (–) लगाया जाता है। जैसे—"न्य१न्यम्" में पूर्ववर्ती 'न्य' 'क्षैप्र स्वरित' और परवर्ती 'न्य' 'उदात्त' है, अतः 'न्य' के 'स्वरित' के 'अनुदात्त' अंश का उच्चारण 'कम्प'-सहित 'अनुदात्त' होता है। यहाँ 'कम्प' 'ह्रस्व' 'स्वरित' के 'अनुदात्त' अंश में है, इसलिए 'ह्रस्व' 'स्वरित' 'अक्षर' 'न्य' के बाद में एक (१) संख्या को लिखा गया है और संख्या के ऊपर 'स्वरित' का चिह्न (̍) तथा नीचे 'अनुदात्त' का चिह्न (–) लगाया गया है। परन्तु यदि यह 'कम्प' 'दीर्घ' 'स्वरित' 'अक्षर' के 'अनुदात्त' अंश में होवे तो कम्प को दिखलाने के लिए 'दीर्घ' 'स्वरित'

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

युच्छंति तिष्यो३ यथा दिवो३स्मे"क; "अभी३दमेकमेको अस्मि"ख; "अहं न्य१न्यं सहसा"ग— (ये) 'उदात्त'-पर ('कम्प') के उदाहरण हैं। "शतर्चक्रं यो३ह्यो वर्तनिः"घ — (यह) 'स्वरित'-पर ('कम्प') का उदाहरण है।

इस प्रकार सभी 'कम्प' ('स्वरित' के) 'उदात्त' (अंश) के बाद में (अर्थात् 'अनुदात्त' अंश में) (उच्चारित) होंगे। ('स्वरित' के) 'अनुदात्त' अंश के बाद में (कम्पों का उच्चारण) करने पर तो मात्रा का आधिक्य हो जायेगा (जैसा कि अधो-लिखित सूत्र में इस दोष को बतलाया गया है)—"('ह्रस्व', 'दीर्घ' और 'प्लुत') 'स्वर'-वर्णों का उच्चारण (कभी-कभी उनकी) मात्रा के अनुसार नहीं (किया जाता)।" क्रम-हेतु (एकादश पटल) में भी (सूत्रकार) ('स्वरित' के) 'उदात्त' (अंश) के बाद में कम्पों का स्थान बतलाते हैं—" 'स्वरित' 'स्वर' के परवर्ती एक ('अनुदात्त') अंश (देश) को (जब वक्ता) 'अनुदात्त' उच्चारण करता है।"ङ

(२१८घ) 'अक्षर' के बाद में तीन (३) संख्या को लिखते हैं और उस संख्या के ऊपर 'स्वरित' का चिह्न (।) तथा नीचे 'अनुदात्त' का चिह्न (–) लगाया जाता है। 'स्वरित' 'अक्षर' के नीचे भी 'अनुदात्त' का चिह्न (–) लगाया जाता है। जैसे—"अभी३दम्" में 'भी' 'प्रश्लिष्ट स्वरित' और 'द' 'उदात्त' है अतः 'भी' के 'स्वरित' के 'अनुदात्त' अंश का उच्चारण कम्प-सहित 'अनुदात्त' होता है। यहाँ 'कम्प' 'दीर्घ' 'स्वरित' के 'अनुदात्त' अंश में है, इसलिए 'दीर्घ' 'स्वरित' 'अक्षर' 'भी' के बाद में तीन (३) संख्या को लिखा गया है और संख्या के ऊपर 'स्वरित' का चिह्न (।) तथा नीचे 'अनुदात्त' का चिह्न (–) लगाया गया है। 'दीर्घ' 'स्वरित' 'अक्षर' के नीचे भी 'अनुदात्त' का चिह्न (–) लगाया गया है।

टि० (क) न। यः। युच्छंति। तिष्यः। यथा। दिवः। अस्मे इति॥ प० पा०

(ख) अभि। इदम्। एकम्। एकः। अस्मि॥ प० पा०

(ग) अहम्। नि। अन्यम्। सहसा॥ प० पा०

इन स्थलों पर संहिता-पाठ में 'स्वरित' के बाद में 'उदात्त' 'स्वर' है जिसके कारण यहाँ 'स्वरित' का 'अनुदात्त' अंश 'कम्प' के साथ 'अनुदात्त' ही उच्चारित होता है।

(घ) शतऽचक्रम्। यः। अह्यः। वर्तनिः॥ प० पा०

'स्वरित' के बाद में 'स्वरित' है, इसलिए पूर्ववर्ती 'स्वरित' का 'अनुदात्त' अंश 'कम्प' के साथ 'अनुदात्त' ही उच्चारित होता है।

(ङ) इस अनुच्छेद में यह बतलाया गया है कि 'स्वरित' 'स्वर' के 'उदात्त' अंश के बाद में विद्यमान जो 'अनुदात्त' अंश 'अनुदात्त' उच्चारित होता है उसमें ही 'कम्प' का उच्चारण होता है। यदि 'अनुदात्त' अंश के उच्चारण करने के अनन्तर 'कम्प' का उच्चारण किया जाता है तो ऐसी अवस्था में 'अनुदात्त' 'अक्षर' के उच्चारण में अधिक समय लगेगा क्योंकि उस 'अक्षर' में 'अनुदात्त' का उच्चारण करके तदनन्तर 'कम्प' का उच्चारण करना होगा और

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पदे उदात्तपूर्वस्वरितम्)

उदात्तपूर्वं स्वरितमनुदात्तं पदेऽक्षरम् ॥७॥

(पद में उदात्तपूर्वस्वरित)

सू० अ०—(एक ही) पद में 'उदात्त' है पूर्व में जिसके उस 'स्वरित' 'अक्षर' को (स्वभाव से) 'अनुदात्त' (समझना चाहिए) ।

उ० भा०—एवमुदात्तानुदात्तसंधौ त्रीन्स्वरितानभिधाय अथेदानीमेकपदप्रभवानाह स्वरितानुदात्तस्वरूपव्याचिख्यासया—सर्वस्मिन्नेव पद एकमक्षरमुदात्तं वा स्वरितं वा भवति, शेषमनुदात्तम्—अयं तावदुत्सर्गः । सर्वानुदात्तं त्वल्पम् । तथा ह्युदात्तैर्वा स्वरितैर्वा पदव्यपदेशः क्रियते—आद्युदात्तम्—इन्द्रः, होता । मध्योदात्तम्—अग्निना, अग्निभिः । अन्तोदात्तम्—अग्निः, जनिता । उदात्तम्—यः, नु, कः । आदिस्वरितम्—स्वर्णरे । मध्यस्वरितम्—हृदय्यया । अन्तस्वरितम्—कन्या । स्वरितमेव—क्व, स्वः । द्विरुदात्तम्—बृहस्पतिः । त्रिरुदात्तम्—इन्द्राबृहस्पती । सर्वानुदात्तम्—वः, नः । एत एकादश स्वराः पदेषु प्रत्येतव्याः । तत्प्रतिपादनार्थमाह—एकस्मिन्पदे उदात्तपूर्वं स्वरितमक्षरमनुदात्तं प्रत्येतव्यम् । सांहितिकस्तस्यायं धर्मोऽनुदात्तस्य सत उदात्तपूर्वस्य । इन्द्रः, होता ॥

उ० भा० अ०—इस प्रकार 'उदात्त' और 'अनुदात्त' की संधि होने पर जो तीन ('अभिनिहित'-'प्रश्लिष्ट'-और 'क्षैप्र'-) 'स्वरित' (निष्पन्न होते हैं) उनको कहकर इसके बाद में अब, 'स्वरित' और 'अनुदात्त' के स्वरूप को बतलाने की इच्छा से, एक पद में जायमान (स्वरितों) के विषय में कहते हैं—(एक) सम्पूर्ण पद में एक ही 'अक्षर' 'उदात्त' या 'स्वरित' होता है, शेष ('अक्षर') 'अनुदात्त' (होते हैं)—यह सामान्य-नियम (उत्सर्ग) है । 'सर्वानुदात्त' (पद) तो अल्प हैं । इसलिए उदात्तों के द्वारा अथवा स्वरितों के द्वारा पद का कथन किया जाता है । (जैसे) 'आद्युदात्त' (-पद)—'इन्द्रः', 'होता' । 'मध्योदात्त' (पद)—'अग्निना', 'अग्निभिः' । 'अन्तोदात्त' (-पद)—'अग्निः', 'जनिता' । 'उदात्त' (पद)—'यः', 'नु', 'कः' । 'आदिस्वरित' (-पद)—'स्वर्णरे' । 'मध्यस्वरित' (पद)—'हृदय्यया' । 'अन्तस्वरित' (पद)—'कन्या' । 'स्वरित' ही (पद)—'क्व', 'स्वः' । दो उदात्तों वाला (पद)—'बृहस्पतिः' । तीन उदात्तों वाला (पद)—'इन्द्राबृहस्पती' । 'सर्वानुदात्त' (पद)—'वः', 'नः' । पदों में ये ग्यारह 'स्वर' जानने चाहिए । उनके प्रतिपादन के लिए (सूत्रकार ने) कहा है—**पदे**=एक पद में; **उदात्तपूर्वं स्वरितमक्षरम्**='उदात्त'

(२१९ङ) किसी 'अक्षर' को उसकी मात्रा से अधिक समय में उच्चारण करना १४।१० में दोष बतलाया गया है । एकादश पटल के ५६ वें सूत्र से भी यही पता चलता है कि 'स्वरित' 'स्वर' के 'उदात्त' अंश के उच्चारण के अनन्तर ही 'कम्प' का उच्चारण होता है । इससे यही निश्चय होता है कि 'स्वरित' का 'अनुदात्त' अंश 'कम्प' के साथ उच्चारित होता है ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है पूर्व में जिसके उस 'स्वरित' 'अक्षर' को; **अनुदात्तम्**='अनुदात्त'; जानना चाहिए।[क] 'उदात्त' है पूर्व में जिसके ऐसे 'अनुदात्त' का यह ('स्वरित' हो जाना) धर्म है जो संहिता अर्थात् वर्णों की सन्निधि से होता है। (जैसे) 'इन्द्रः', 'होता'।

(पदे जात्यस्वरितम्)

अतोऽन्यत्स्वरितं स्वारं जात्यमाचक्षते पदे ॥८॥

(पद में जात्यस्वरित)

सू० अ०—एक पद में इस (='उदात्तपूर्व स्वरित') से अन्य जो **'स्वारंत' 'स्वर'** है उसे (व्याळि आदि आचार्य) **'जात्य स्वरित'** कहते हैं।

उ० भा०—**अतः**=प्रकृतादुदात्तपूर्वात्स्वरितात्स्वरात्; **यत् अन्यत् एकस्मिन्नेव पदे स्वरितं स्वारं तत् जात्यमाक्षते** व्याळिप्रभृतयः। किमन्यत्वम् अत्राभिप्रेतम्? अपूर्वत्वं वा नीचपूर्वत्वं वा। अपूर्वोदाहरणम्—स्वः, क्व, न्यक्। नीचपूर्वस्य—कन्या, हृदय्यया। **जात्या**=स्वरूपेणैव=उदात्तानुदात्तसंगतिं विना; जातो जात्यः। यत्तूक्तं स्वरितस्योदात्तानुदात्तसंगतिरिष्यते तत्तूदात्तपरस्यैवानुदात्तस्य सफलम्। तस्योदात्तपरस्य स्वरितपरस्य च कम्पः—कन्या३ वारवाय्यती"[१]; "क्वा३ भीशवः कथं शेक कथा यय॥"[२]

उ० भा० अ०—**पदे**=एक पद में; **अतः**=इससे=प्रकृत 'उदात्तपूर्व स्वरित' 'स्वर' से; जो; **अन्यत्**=अन्य; **स्वरितं स्वारम्**='स्वरित' 'स्वर' (होता है); उसे व्याळि आदि (आचार्य); **जात्यमाचक्षते**='जात्य' कहते हैं (अर्थात् एक पद में विद्यमान जिस 'स्वरित' 'स्वर' के पहले 'उदात्त' स्वर' नहीं होता है वह 'जात्य स्वरित' कहलाता है)। अन्य से यहाँ क्या अभिप्रेत है? (उत्तर) (या तो वह 'स्वरित') अपूर्व (जिसके पूर्व में कोई 'स्वर' नहीं है) होगा या नीचपूर्व (जिस 'स्वरित' के पूर्व में 'अनुदात्त' है) होगा। अपूर्व ('जात्य स्वरित') का उदाहरण—'स्वः', 'क्व', 'न्यक्'। नीचपूर्व ('अनुदात्त'-पूर्व) का (उदाहरण)—'कन्या'; 'हृदय्यया'। जाति (जन्म) से=स्वरूप (स्वभाव) से ही='उदात्त' और 'अनुदात्त'

टि० (क) मैक्समूलर आदि कतिपय विद्वान् इस सूत्र का अर्थ इस प्रकार करते हैं—'उदात्त' के बाद में आने वाला 'अनुदात्त' 'स्वरित' हो जाता है किंतु भाष्यकार के अनुसार इस सूत्र का अर्थ यह है—'उदात्त' के बाद में आने वाले 'स्वरित' को, स्वरूप की दृष्टि से, 'अनुदात्त' समझना चाहिए। भाष्यकार का मत ठीक प्रतीत होता है क्योंकि प्रस्तुत सूत्र में एक पद में विद्यमान 'स्वरित' के स्वरूप के विषय में कहा गया है। यह 'स्वरित' पद-पाठ में इसी रूप में उपलब्ध होता है और इसलिए प्रातिशाख्य में उसके विधान करने की कोई आवश्यकता ही नहीं है। इस सूत्र में 'उदात्त' के बाद में विद्यमान 'स्वरित' का स्वभाव बतलाया गया है।

'उदात्त' के बाद में विद्यमान 'स्वरित' को 'सामान्य स्वरित' या 'उदात्तपूर्व स्वरित' कहते हैं। इसे 'परतन्त्र स्वरित' (dependent svarita) भी कह सकते हैं क्योंकि पूर्ववर्ती 'उदात्त' पर ही इस 'स्वरित' की सत्ता निर्भर करती है।

---

[१] ऋ० ८।९१।१ [२] ऋ० ५।६१।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की संगति (सन्निधि) के बिना (जो 'स्वरित') उत्पन्न नहीं होता है वह 'जात्य'[क] ('स्वरित' कहलाता है)। यह जो कहा है कि 'स्वरित' में 'उदात्त' और 'अनुदात्त' की संगति अभीष्ट होती है वह तो 'उदात्त' के परे आने वाले 'अनुदात्त' के विषय में ही सफल है। उस ('जात्य स्वरित') के परे 'उदात्त' या 'स्वरित' होने पर 'कम्प' (होता है)। (जैसे) "कन्या३ वार-वायती"[ख]; "क्वा३ भीशवः कथं शेक कथा यय।"[ग]

(पदे प्रचयस्वरस्य उच्चारणप्रकारः)

उभाभ्यां तु परं विद्यात्ताभ्यामुदात्तमक्षरम्।
अनेकमप्यनुदात्तम् ॥९॥

(पद में प्रचय स्वर का उच्चारणप्रकार)

सू० अ०—उन दोनों ('उदात्तपूर्व स्वरित' और 'जात्य स्वरित') से परवर्ती अनेक भी 'अनुदात्त' अक्षरों को 'उदात्त' (='उदात्तश्रुति'='उदात्त' के समान सुनाई पड़ने वाला) जानना चाहिए।

उ० भा०—तु-शब्दो विशेषणार्थः। (ताभ्याम्) उभाभ्यां तु=जात्योदात्तपूर्वाभ्यां तु; परं विद्यात्=ताभ्यां परं जानीयात्। उदात्तमक्षरम्=उदात्तश्रुति; उदात्तवद्धि प्रचितः श्रूयते। अनुदात्तमनेकमपि बहून्यप्यक्षराणि। अत्राप्येतदेव कथ्यते यथा सर्वस्मिन्नेव पद एकमक्षरमुदात्तं वा स्वरितं वा भवति शेषमनुदात्तमिति। "मा३ दय३स्व"[१]; "अद३ब्धव्रतप्रमतिः॥"[२]

उ० भा० अ०—तुशब्द विशेषण के लिए (अर्थात् एक विशेष बात बतलाने के लिए) (सूत्र में प्रयुक्त किया गया है)। **(ताभ्याम्) उभाभ्यां तु**=उन दोनों से='जात्य' ('स्वरित') और 'उदात्तपूर्व' ('स्वरित') से; **परं विद्यात्**=उन दोनों से बाद वाले को जानना चाहिए। **उदात्तमक्षरम्**='उदात्त' के समान सुनाई पड़ने वाला; 'प्रचय' ('प्रचित') 'उदात्त' के समान सुनाई पड़ता है। **अनुदात्तम्**='अनुदात्त'; **अनेकमपि**=

टि० (क) 'जात्य स्वरित' को 'स्वतन्त्र स्वरित' (independent svarita) भी कहा जा सकता है क्योंकि अपने अस्तित्व के लिए 'जात्य स्वरित' 'उदात्तपूर्व स्वरित' की भाँति पूर्ववर्ती उदात्त' पर निर्भर नहीं रहता है। यह बात ध्यान में रखने की है कि 'जात्य स्वरित' सर्वदा 'य्' अथवा 'व्' में अन्त होने वाले संयुक्त वर्ण के बाद वाले 'स्वर'-वर्ण पर ही आता है। आधुनिक विद्वानों का यह मत है कि ये स्थल भी मौलिक रूप से संधि के स्थल हैं यद्यपि अब यहाँ पर संधि नहीं मानी जाती है। उदाहरण के लिए कन्या३=कनी+आ; स्वः=सु+अः। इस प्रकार ज्ञात होता है कि 'क्षैप्र स्वरित' की भाँति यहाँ भी 'उदात्त' और 'अनुदात्त' के मिलने से ही 'स्वरित' निष्पन्न होता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि दो पदों के मध्य में होने वाली 'क्षैप्र' संधि से जायमान 'स्वरित' 'क्षैप्र स्वरित' है और एक ही पद में 'क्षैप्र' संधि से जायमान 'स्वरित' 'जात्य स्वरित' है।

(ख) कन्या३। वाः। अवड्यती॥ प० पा०

(ग) क्वा३। अभीशवः। कथम्। शेक। कथा। यय॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ८।१०३।१४ [२] ऋ० २।९।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहुत अक्षरों को भी (तात्पर्य यह है कि एक पद में 'जात्य स्वरित' और 'उदात्तपूर्व स्वरित' के बाद में वर्तमान एक या बहुत 'अनुदात्त' अक्षरों का उच्चारण 'उदात्त' के समान होता है)। यहाँ पर भी यही कहा जा रहा है कि एक सम्पूर्ण पद में एक 'अक्षर' 'उदात्त' या 'स्वरित' होता है शेष ('अक्षर') 'अनुदात्त' होते हैं (अर्थात् 'स्वरित' के बाद में विद्यमान 'प्रचय' 'स्वर' तो स्वरूप की दृष्टि से 'अनुदात्त' ही हैं किंतु वे 'उदात्त' के समान उच्चारित होते हैं)।

न चेत्पूर्वं तथागतात् ॥१०॥

सू० अ०—यदि ('जात्य स्वरित' अथवा 'उदात्तपूर्व स्वरित' के बाद में विद्यमान वह 'अनुदात्त') उस प्रकार (के 'स्वर' को) प्राप्त (अर्थात् स्वरितत्व को प्राप्त और उदात्तत्व को प्राप्त 'अक्षर') से पूर्व में न हो।

उ० भा० —चेत् शब्दो यद्यर्थे। यदि न भवति पूर्वम् तथागतात् अक्षरात्= स्वरितगतादुदात्तगताद्वा=स्वरितत्वं प्राप्तादुदात्तत्वं वा प्राप्तात्। यदि त्वेवंभतादक्षरात्पूर्वं भवति अथ प्रकृत्यैवावतिष्ठते। "मा॒दय॑स्व॒ स्वे॑र्णरे।"[१] "अद॑ब्धव्रतप्रमति॒र्वसि॑ष्ठः॥"[२]

उ० भा० अ०—**चेत्**-शब्द यदि अर्थ में है (अर्थात् 'चेत्' शब्द का अर्थ यदि है)। **तथागतात्**=स्वरितगत से अथवा उदात्तगत से=स्वरितत्व को प्राप्त अथवा उदात्तत्व को प्राप्त 'अक्षर' से; **पूर्वम्**=पूर्व में; **न**=नहीं; होता है (तात्पर्य यह है कि 'स्वरित' 'अक्षर' के बाद में वर्तमान 'अनुदात्त' 'अक्षर' तभी 'उदात्त' के समान उच्चारित होता है, जब उस 'अनुदात्त' 'अक्षर' के बाद में 'उदात्त' 'अक्षर' या 'स्वरित' 'अक्षर' न हो)। किंतु यदि ऐसे (='उदात्त' या 'स्वरित') अक्षर' से पूर्व में होता है तो प्रकृति-रूप से (अर्थात् 'अनुदात्त') ही रहता है। (उदाहरण)—"मा॒दय॑स्व॒ स्वे॑र्णरे।"क "अद॑ब्धव्रतप्रमति॒र्वसि॑ष्ठः॥"ख

(उदात्तादिस्वराणां संधिः)

उदात्तवत्येकीभाव उदात्तं संध्यमक्षरम् ॥११॥

(उदात्त आदि स्वरों की संधि)

सू० अ०—(दो स्वरों की) जिस संधि (एकीभाव) में एक (पूर्ववर्ती या उत्तरवर्ती) (भी) 'अक्षर' 'उदात्त' हो, वहाँ संधि के परिणाम स्वरूप (संध्य) 'अक्षर' 'उदात्त' (होता है)।

टि० (क) 'उदात्तपूर्व स्वरित' 'य' से परवर्ती 'अनुदात्त' 'अक्षर' 'स्व' 'उदात्त' के समान उच्चारित न होकर 'अनुदात्त' ही रहता है क्योंकि 'अनुदात्त' 'अक्षर' के बाद में 'जात्य स्वरित' 'स्व' अवस्थित है। 'स्व'-इस 'जात्य स्वरित' से परवर्ती दोनों 'अनुदात्त' 'अक्षर' 'उदात्त' के समान उच्चारित होते हैं क्योंकि इनके बाद में न 'उदात्त' 'अक्षर' है और न 'स्वरित' 'अक्षर'।

(ख) 'उदात्तपूर्व स्वरित' 'द' से परवर्ती पाँच 'अनुदात्त' 'अक्षर' 'उदात्त' के समान उच्चारित होते हैं क्योंकि इनके बाद में न 'उदात्त' 'अक्षर' है और न 'स्वरित' 'अक्षर'। छठा 'अक्षर' 'ति' 'उदात्त' के समान उच्चारित न होकर 'अनुदात्त' के समान ही उच्चारित होता है क्योंकि इसके बाद में 'उदात्त' 'अक्षर' है।

---

[१] ऋ० ८।१०३।१४ [२] ऋ० २।९।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—इदानीं पदान्तपदाद्योः संधावुदात्तानुदात्तस्वरितप्रचितानां बलाबलमाह। यस्मिन्नेकीभावे पूर्वमुत्तरं वोदात्तं भवति इतरस्तु चतुर्णां स्वराणामन्यतमः स उदात्तवानेकीभावः। तस्मिन् उदात्तवत्येकीभावे उदात्तं संध्यमक्षरं जानीयात्। द्वयोरुदात्तयोः—"तानिं नरा जुजुषाणोप यातम्।"[१] "इद्रेहि मत्स्यन्धसः"[२]—अत्र मध्यगत आकार उदात्तोऽधस्तनं स्वरितमुपरितनं चानुदात्तमुदात्तीकरोति। "शतं यथेमं शरदो नयातीन्द्रः"[३]—प्रचित उदात्तेन लुप्तः॥

उ० भा० अ०—अब पदान्त और पदादि की संधि होने पर 'उदात्त', 'अनुदात्त', 'स्वारत' और 'प्रचय' के बल (=प्राबल्य) और अबल (=दौर्बल्य) को (सूत्रकार) कहते हैं। जिस एकीभाव (संधि) में पूर्ववर्ती अथवा परवर्ती ('अक्षर') 'उदात्त' होता है और (दूसरी ओर) अन्य 'अक्षर' चारों ('उदात्त', 'अनुदात्त', 'स्वरित' और 'प्रचय') में से कोई एक होता है वह 'उदात्तवान्' (='उदात्त' वाला) एकीभाव (संधि) है। उस; **उदात्तवत्येकीभावे**='उदात्तवान्' (='उदात्त' वाले) एकीभाव (संधि) में; **उदात्तं संध्यमक्षरम्**=संधि में उत्पन्न होने वाले 'अक्षर' को 'उदात्त' जानना चाहिए (तात्पर्य यह है कि 'उदात्त' वाले पदान्त अथवा पदादि 'अक्षर' की किसी भी 'स्वर' वाले 'अक्षर' के साथ संधि हो तो संधिज 'अक्षर' 'उदात्त' होगा)। दो उदात्तों की (संधि का उदाहरण)—"तानिं नरा जुजुषाणोप यातम्।"क ('स्वरित' और 'उदात्त' तथा 'उदात्त' और 'अनुदात्त' की संधि का उदाहरण)—'इन्द्रेहि मत्स्यन्धसः"ख—यहाँ ('इन्द्रेहि' में) मध्यवर्ती 'उदात्त' आकार पूर्ववर्ती 'स्वरित' को तथा परवर्ती 'अनुदात्त' को 'उदात्त' कर देता है। ('प्रचय' और 'उदात्त' की संधि का उदाहरण)—"शतं यथेमं शरदो नयातीन्द्रः"ग—'उदात्त' के द्वारा 'प्रचित' ('प्रचय') लुप्त हो गया।

अनुदात्तोदये पुनः स्वरितं स्वरितोपधे ॥१२॥

सू० अ०—किंतु 'अनुदात्त' बाद में होने पर और 'स्वरित' पूर्व में होने पर (संधिज 'अक्षर') 'स्वरित' होता है।

टि० (क) तानिं। नरा। जुजुषाणा। उप। यातम्॥ प० पा०

'णा' का 'उदात्त' और 'उ' का 'उदात्त'—ये दोनों—मिलकर 'उदात्त' ('णो') हो गये हैं।

(ख) इन्द्र। आ। इहि। मत्सि। अन्धसः॥ प० पा०

'द्र' का 'स्वरित' और 'आ' का 'उदात्त'—ये दोनों—मिलकर 'उदात्त' (द्रा) हो गए हैं। 'इन्द्रा'+'इहि'—यह स्थिति हो जाने पर 'द्रा' का 'उदात्त' और 'इ' का 'अनुदात्त'—ये दोनों—मिलकर एक 'उदात्त' (द्रे) हो गए हैं।

(ग) शतम्। यथा। इमम्। शरदः। नयाति। इन्द्रः॥ प० पा०

यहाँ पर 'इन्द्रः' के 'उदात्त' 'इ' ने 'नयाति' के 'प्रचय' 'इ' को लुप्त कर दिया अर्थात् 'प्रचय' और 'उदात्त' मिलकर 'उदात्त' (ई) हो गए हैं।

---

[१] ऋ० २।३९।८ [२] ऋ० १।९।१ [३] ऋ० १०।१६१।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—उदात्तस्तावत्सर्वान्स्वरान् लुम्पति। अथ स्वरितोऽनुदात्तं लुम्पत्येतद्दर्शयति। अनुदात्तोदये पुनरयं विशेषः। स्वरितोपधोऽनुदात्तः स्वरितमापद्यते। क्षीरं सर्पिर्मधू'दकम् ॥[1]

उ० भा० अ०—'उदात्त' तो सब स्वरों को लुप्त कर देता है। अब (सूत्रकार) यह दिखलाते हैं कि 'स्वरित' 'अनुदात्त' को लुप्त कर देता है। किंतु यह विशेष (कार्य) (=स्वरित' के द्वारा 'अनुदात्त' का लोप) 'अनुदात्त' परे होने पर (ही होता है)। 'स्वरित' है उपधा (=अव्यवहित पूर्ववर्ती) जिसकी वह 'अनुदात्त' 'स्वरित' हो जाता है (अर्थात् पूर्ववर्ती 'स्वरित' और परवर्ती 'अनुदात्त'—ये दोनों—मिलकर 'स्वरित' हो जाते हैं)। (जैसे) "क्षीरं सर्पिर्मधू'दकम्।"[क]

इकारयोश्च प्रश्लेषे क्षैप्राभिनिहितेषु च।
उदात्तपूर्वरूपेषु शाकल्यस्यैवमाचरेत् ॥१३॥

सू० अ०—दो इकारों की 'प्रश्लिष्ट' संधि में, 'क्षैप्र' (संधियों में) और 'अभिनिहित' (संधियों) में, 'उदात्त' पूर्व में होने पर (और 'अनुदात्त' बाद में होने पर), शाकल्य के मत से ऐसा (='स्वरित') करना चाहिए।

उ० भा०—ह्रस्वयोः इकारयोः प्रश्लेषे; (क्षैप्राभिनिहितेषु च=) क्षैप्रसंधिषु चाभिनिहितसंधिषु चाविशेषेण; उदात्तपूर्वरूपेषु अनुदात्तोत्तररूपेषु; (शाकल्यस्य=) शाकल्यस्याचार्यस्य मतेन; एवमाचरेत्। एवम् इति स्वरितनिर्देशः। "स्रुचीव घृतम्।"[२] "योजा न्विन्द्र ते हरी।"[३] "तेऽवर्धन्त स्वतवसः।"[४] इकारयोः इति किम्? "सद्यो जज्ञानो वि हीमिद्धः।"[५] उदात्तपूर्वरूपेषु इति किम्? "उतेमाहुर्नैषो अरतीत्येनम्।"[६] "स तु वस्त्राण्यध पेशनानि।"[७] "हिरण्यश्रृङ्गोऽयो अस्य पादः॥"[८]

उ० भा० अ०—**इकारयोः प्रश्लेषे**=दो 'ह्रस्व' इकारों की 'प्रश्लिष्ट' संधि होने पर; **(क्षैप्राभिनिहितेषु च=)** 'क्षैप्र' संधियों में और 'अभिनिहित' संधियों में बिना किसी विशेष के (अर्थात् 'क्षैप्र' संधियों और 'अभिनिहित' संधियों में सर्वत्र); **उदात्तपूर्वरूपेषु**= 'उदात्त' पूर्वरूप (अर्थात् पूर्व में) हो और 'अनुदात्त' उत्तर-रूप (अर्थात् बाद में) हो तो; **(शाकल्यस्य=)** शाकल्य आचार्य के मत से; **एवमाचरेत्**=इस प्रकार करना चाहिए। **एवम्** (=इस प्रकार) के द्वारा 'स्वरित' का निर्देश (किया गया है) (ऐसा करना चाहिए=

टि० (क) क्षीरम्। सर्पिः। मधु'। उद'कम्॥ प० पा०

यहाँ 'मधु' का 'स्वरित' (धु) पूर्व में है तथा 'उदकम्' का 'अनुदात्त' (उ) बाद में है। ये 'स्वरित' और 'अनुदात्त' मिलकर 'स्वरित' हो गए हैं।

---

[१] ऋ० ९।६७।३२ [२] ऋ० १०।९१।१५ [३] ऋ० १।८२।१
[४] ऋ० १।८५।७ [५] ऋ० १०।४५।४ [६] ऋ० २।१२।५
[७] ऋ० १०।१।६ [८] ऋ० १।१६३।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'स्वरित' करना चाहिए)।[क] (जैसे) "स्रुचीव घृतम्।"[ख] "योजा न्विन्द्र ते हरी।"[ग] "तेऽवर्धन्त स्वतवसः।"[घ] "दो 'ह्रस्व' इकारों की"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सद्यो जज्ञानो वि हीमिद्धः।"[ङ] "'उदात्त' पूर्वरूप (=पूर्व में) हों तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उतेमाहुर्नैषो अस्तीत्येनम्"[च]; "स तु वस्त्राण्यध पेशनानि"[छ]; "हिरण्यशृङ्गोऽयो अस्य पादाः।"[ज]

टि० (क) यह सूत्र ३।११ का अपवाद है। उल्लिखित तीनों संधियों में पूर्ववर्ती 'उदात्त' और परवर्ती 'अनुदात्त' मिलकर 'स्वरित' हो गये हैं।

(ख) स्रुचिऽइव। घृतम्॥ प० पा०

यहाँ २।१५ से दो 'ह्रस्व' इकारों की 'प्रश्लिष्ट' संधि हुई है जिनम पूर्ववर्ती 'इ' 'उदात्त' है और परवर्ती 'इ' 'अनुदात्त' है। 'उदात्त' ('इ') और 'अनुदात्त' ('इ') मिलकर एक 'स्वरित' ('ई') हो गए हैं।

(ग) योज। नु। इन्द्र। ते। हरी इति॥ प० पा०

यहाँ २।२१ से 'क्षैप्र' संधि हुई है। 'नु' ('उ') का 'उदात्त' और 'इन्द्र' ('इ') का 'अनुदात्त' संधि होने पर 'स्वरित' ('वि') हो गए हैं।

(घ) ते। अवर्धन्त। स्वऽतवसः॥ प० पा०

यहाँ २।४६ से 'अभिनिहित' संधि हुई है। पूर्ववर्ती 'ते' का 'उदात्त' और परवर्ती 'अ' का 'अनुदात्त' मिलकर एक 'स्वरित' ('ते') हो गए हैं।

(ङ) सद्यः। जज्ञानः। वि। हि। ईम्। इद्धः॥ प० पा०

यहाँ पूर्ववर्ती 'हि' का 'उदात्त' और परवर्ती 'ई' का 'अनुदात्त'—ये दोनों—२।१५ से मिलकर 'स्वरित' नहीं अपितु 'उदात्त' हो गए क्योंकि परवर्ती 'ई' 'दीर्घ' है। प्रस्तुत सूत्र दो 'ह्रस्व' इकारों की 'प्रश्लिष्ट' संधि में 'स्वरित' का विधान करता है। यदि एक ओर 'दीर्घ' ईकार हो तो ३।११ से संधिज 'अक्षर' 'उदात्त' ही होगा।

(च) उत। ईम्। आहुः। न। एषः। अस्ति। इति। एनम्॥ प० पा०

यहाँ 'उदात्त' ('इ') और 'अनुदात्त' ('ति'='इ') की २।१५ से 'प्रश्लिष्ट' संधि होने पर संधिज 'अक्षर' ('ती'='ई') प्रस्तुत सूत्र से 'स्वरित' न होकर ३।११ से 'उदात्त' हो गया है 'क्योंकि उदात्त' पूर्व में न होकर बाद में है और 'अनुदात्त' पूर्व में है।

(छ) सः। तु। वस्त्राणि। अध। पेशनानि॥ प० पा०

यहाँ 'उदात्त' ('अ') और 'अनुदात्त' ('णि'='इ') की २।२१ से 'क्षैप्र' संधि होने पर संधिज 'अक्षर' ('य') प्रस्तुत सूत्र से 'स्वरित' न होकर ३।११ से 'उदात्त' हो गया क्योंकि 'उदात्त' पूर्व में न होकर बाद में है और 'अनुदात्त' पूर्व में है।

(ज) हिरण्यऽशृङ्गः। अयः। अस्य। पादाः॥ प० पा०

यहाँ 'उदात्त' और 'अनुदात्त' अक्षरों की संधि होने पर संधिज 'अक्षर' ('ङ्गो') प्रस्तुत सूत्र से 'स्वरित' न होकर ३।११ से 'उदात्त' हो गया है क्योंकि 'उदात्त' पूर्व में न होकर बाद में है और 'अनुदात्त' पूर्व में है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माण्डूकेयस्य सर्वेषु प्रश्लिष्टेषु तथा स्मरेत् ॥१४॥

सू० अ०—माण्डूकेय (आचार्य के मत से) सभी 'प्रश्लिष्ट' संधियों में वैसा ('उदात्त' और 'अनुदात्त' के मिलने से 'स्वरित' होना) स्मरण करना चाहिए।

उ० भा०—माण्डूकेयस्य आचार्यस्य मतेन सर्वेषु प्रश्लिष्टेषु उदात्तपूर्वरूपेषु तथा स्मरेत्, न तु कुर्यात्। "एन्द्र याहि हरिभिः।"[१] "वि हीमिद्धो अख्यदा रोदसी॥"[२]

उ० भा० अ०—**माण्डूकेयस्य**=माण्डूकेय आचार्य के मत से; **सर्वेषु प्रश्लिष्टेषु**=सभी 'प्रश्लिष्ट' संधियों में; 'उदात्त' पूर्व में होने पर (और 'अनुदात्त' बाद में होने पर); **तथा स्मरेत्**=वैसा (='स्वरित' हो जाना) स्मरण करना चाहिए किंतु ऐसा करना नहीं चाहिए (तात्पर्य यह है कि आचार्य माण्डूकेय के अनुसार सभी 'प्रश्लिष्ट' संधियों में पूर्ववर्ती 'उदात्त' और परवर्ती 'अनुदात्त' मिलकर 'स्वरित' हो जाते हैं) (जैसे) "एन्द्र याहि हरिभिः"[क]; "वि हीमिद्धो अख्यदा रोदसी।"[ख]

इत्येकीभाविनां धर्माः ॥१५॥

सू० अ०—ये एक होने वाले (अक्षरों) के धर्म हैं।

उ० भा०—इति=एवंप्रकाराः; एकीभाविनाम् अक्षराणां धर्माः प्रत्येतव्याः—"उदात्तवत्येकीभावे"[३] इत्यत आरभ्य। समाप्त्यर्थो वा इतिशब्दः॥

उ० भा० अ०—"'उदात्तवान्' एकीभाव (संधि) में"—इस (सूत्र) से प्रारम्भ करके (३।१४ तक)—एक हो जाने वाले (अर्थात् संधि को प्राप्त करने वाले) अक्षरों के; **इति**=इस प्रकार के; **धर्माः**=धर्मों को; जानना चाहिए। अथवा **इति**—शब्द समाप्ति (बतलाने) के लिए (सूत्र में प्रयुक्त हुआ है)।

परैः प्रथमभाविनः ॥१६॥

सू० अ०—बाद में आने वाले (उदात्तों) के साथ (जो संधियाँ होती हैं उनमें तो संधिज 'अक्षर') प्रथम (='उदात्त') ही होता है।

उ० भा०—परैस्तूदात्तैर्यं एकीभावास्ते प्रथमभाविनः स्युः। द्वयोरप्याचार्ययोर्मतेनोदात्तभाविनः स्युः। "उदात्तवत्येकीभावे"[४] इत्येतद्धि प्रथममुक्तम्। "आच्या जानु दक्षिणतः।"[५] "प्रास्य पारं नवतिं नाव्यानाम्॥"[६]

टि० (क) आ। इन्द्र। याहि। हरिभिः॥ प० पा०

(ख) वि। हि। ईम्। इद्धः। अख्यत्। आ। रोदसी इति॥ प० पा०

माण्डूकेय आचार्य के मत से इन स्थलों पर 'उदात्त' और 'अनुदात्त' मिलकर एक 'स्वरित' हो जाते हैं। हमें आचार्य माण्डूकेय के इस मत को केवल स्मरण रखना चाहिए किंतु ऐसा करना नहीं चाहिए। इन दोनों स्थलों पर ३।११ से 'उदात्त' और 'अनुदात्त' मिलकर 'उदात्त' ही होते हैं, 'स्वरित' नहीं।

---

१ ऋ० ८।३४।१ २ ऋ० १०।४५।४ ३ ३।११
४ ३।११ ५ ऋ० १०।१५।६ ६ ऋ० १।१२१।१३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—परवर्ती उदात्तों के साथ जो संधियाँ होती हैं उनमें प्रथम सूत्र (३।११) के अनुसार (संधिज 'अक्षर' 'उदात्त' ही) होता है।[क] दोनों (शाकल्य और माण्डूकेय) ही आचार्यों के मत से (वहाँ संधिज 'अक्षर') 'उदात्त' हो जाता है। "'उदात्तवान्' एकीभाव (संधि) में"—यह सूत्र ('उदात्त' का विधान) पहले ही कर चुका है। (जैसे) "आच्या जानु दक्षिणतः"[ख]; "प्रास्य पारं नवतिं नाव्यानाम्।"[ग]

(विवृत्तिव्यञ्जनव्यवधानेऽपि स्वरितनिष्पत्तिः)

उदात्तपूर्वं नियतं विवृत्त्या व्यञ्जनेन वा।
स्वर्यतेऽन्तर्हितं न चेदुदात्तस्वरितोदयम् ॥१७॥

(विवृत्ति और व्यञ्जन का व्यवधान होने पर भी स्वरित की निष्पत्ति)

सू० अ०—'उदात्त' है पूर्व में जिसके वह 'अनुदात्त' ('अक्षर') (नियत) 'विवृत्ति' या 'व्यञ्जन' से व्यवहित (अन्तर्हित) होने पर भी 'स्वरित' हो जाता है, यदि (उस 'अनुदात्त' 'अक्षर' के) बाद में 'उदात्त' ('अक्षर') अथवा 'स्वरित' ('अक्षर') न हो।

उ० भा०—उदात्तः पूर्वो यस्मादित्युदात्तपूर्वम्। उदात्तपूर्वम्; नियतम्=अनुदात्तम्; विवृत्त्या व्यञ्जनेन वान्तर्हितम् अक्षरं स्वर्यते। "य इन्द्र सोमपातमः।"[१] "अग्निमीळे पुरोहितम्।"[२] न चेदुदात्तस्वरितोदयम् इति किम्? "ज्या इयं समने पार्यन्ती"[३]; "इन्द्र सोमं सोमपते पिबेमम्"[४]; "क्व१ वोऽश्वाः क्वा३भीशवः॥"[५]

उ० भा० अ०—'उदात्त' है पूर्व में जिसके वह उदात्तपूर्व है। **उदात्तपूर्वम्**='उदात्त' ('अक्षर') है पूर्व में जिसके वह; **नियतम्**='अनुदात्त' ('अक्षर'); **विवृत्त्या व्यञ्जनेन वान्तर्हितम्**='विवृत्ति' या 'व्यञ्जन' से व्यवहित (अन्तर्हित); **स्वर्यते**='स्वरित' हो जाता है (तात्पर्य यह है कि मध्य में 'विवृत्ति' अथवा 'व्यञ्जन' का व्यवधान होने पर भी 'उदात्त' ('अक्षर') के बाद में विद्यमान 'अनुदात्त' ('अक्षर') 'स्वरित' हो जाता है)।

टिं० (क) तात्पर्य यह है कि यदि बाद में 'उदात्त' 'अक्षर' हो और पूर्व में 'अनुदात्त' 'अक्षर' हो तो सभी प्रकार की संधियों में संधिज 'अक्षर' 'उदात्त' ही होता है, वहाँ 'स्वरित' कभी नहीं होता।

(ख) आऽअच्य। जानु। दक्षिणतः॥ प० पा०

(ग) प्रऽअस्य। पारम्। नवतिम्। नाव्यानाम्। प० पा०

इन दोनों स्थलों पर पूर्व में 'अनुदात्त' और बाद में 'उदात्त' है, अतः ३।१३ से यहाँ 'उदात्त' और 'अनुदात्त' मिलकर एक 'स्वरित' न होकर ३।११ से 'उदात्त' हो गए हैं।

---

[१] ऋ० ८।१२।१ [२] ऋ० १।१।१ [३] ऋ० ६।७५।३
[४] ऋ० ३।३२।१ [५] ऋ० ५।६१।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(उदाहरण) "य इन्द्र सोमपातमः ।"क अग्निमीळे पुरोहितम् ।"ख "यदि 'उदात्त' ('अक्षर') या 'स्वरित' ('अक्षर') परे न हो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "ज्या इयं समने पारयन्ती"ग; "इन्द्र सोमं सोमपते पिबेमम्"घ; "क्व वोऽश्वाः क्वाऽभीशवः ।"ङ

(संधिजस्वरितानां संज्ञासूत्रम्)

वैवृत्ततैरोव्यञ्जनौ क्षैप्राभिनिहितौ च तान् ।
प्रश्लिष्टं च यथासंधि स्वारानाचक्षते पृथक् ॥१८॥

(संधिज स्वरितों का संज्ञासूत्र)

सू० अ० - संधियों के अनुसार उन ('स्वरित') स्वरों को पृथक् रूप से 'वैवृत्त', 'तैरोव्यञ्जन', 'क्षैप्र', 'अभिनिहित' और 'प्रश्लिष्ट' ('स्वरित') कहते हैं ।

उ० भा० - विवृत्तौ भवो वैवृत्तः । "स्वरान्तरं तु विवृत्तिः"[१] इत्युक्तम् । तिरोऽन्तर्धानं व्यञ्जनं यस्येति तैरोव्यञ्जनः । क्षैप्राभिनिहितौ च प्रश्लिष्टं च । तान्=एतान्; यथासंधि—यस्मिन्संधौ=यथासंधि । तद्यथा क्षिप्रसंधौ भवः क्षैप्र इत्यादि । स्वारान्; (आचक्षते=) कथयन्ति; व्याळिप्रभृतयः । पृथक्=नाना । एते चाधस्तात्सोदाहरणाः प्रतिपादिताः । संज्ञार्थं पुनर्वचनम् ॥

टि० (क) यः । इन्द्र । सोमऽपातमः ॥ प० पा०

यहाँ पर 'य' तथा 'इ' के मध्य में 'विवृत्ति' का व्यवधान होने पर भी पूर्ववर्ती 'उदात्त' 'अक्षर' ('य') के कारण परवर्ती 'अनुदात्त' 'अक्षर' ('इ') प्रस्तुत सूत्र से 'स्वरित' हो गया ।

(ख) अग्निम् । ईळे । पुरःऽहितम् ॥ प० पा०

मध्य में 'व्यञ्जन' ('म्') का व्यवधान होने पर भी पूर्ववर्ती 'उदात्त' 'अक्षर' ('इ') के कारण परवर्ती 'अनुदात्त' 'अक्षर' ('ई') 'स्वरित' हो गया है । यहाँ भिन्न पद में अवस्थित 'अनुदात्त' 'अक्षर' 'स्वरित' हुआ है ।

(ग) ज्या । इयम् । समने । पारयन्ती ॥ प० पा०

यहाँ पर 'ज्या' के 'उदात्त' 'अक्षर' के कारण 'इयम्' का 'इ' 'स्वरित' नहीं हुआ क्योंकि 'इ' के बाद में 'उदात्त' 'अक्षर' 'य' है ।

(घ) इन्द्र । सोमम् । सोमऽपते । पिब । इमम् ॥

'इन्द्र' के 'उदात्त' 'इ' के कारण 'द्र' 'स्वरित' नहीं हुआ क्योंकि बाद में 'उदात्त' 'अक्षर' ('सो') विद्यमान है ।

(ङ) क्व । वः । अश्वाः । क्व । अभीशवः ॥ प० पा०

'वो' के 'उदात्त' 'अक्षर' के कारण 'श्वाः' का 'अनुदात्त' 'अक्षर' 'स्वरित' नहीं हुआ क्योंकि बाद में 'स्वरित' 'अक्षर' है ।

---

(१) २।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—'विवृत्ति' में होने वाला 'वैवृत्त' ('स्वरित') है।[क] "दो 'स्वर'-वर्णों के मध्यम अवकाश को 'विवृत्ति' (कहते हैं)"—यह (२।३ में) कहा जा चुका है। तिरः=अन्तर्धान=तिरोहित; हो 'व्यञ्जन' जिसमें उसे 'तैरोव्यञ्जन स्वरित' कहते हैं।[ख] **क्षैप्राभिनिहितौ च प्रश्लिष्टं च**='क्षैप्र', 'अभिनिहित' और 'प्रश्लिष्ट', **तान्**=इनको; **यथासंधि**=जिस संधि में होवे उसके अनुसार। उदाहरण के लिए 'क्षिप्र' ('क्षैप्र') संधि में होने वाला 'क्षैप्र' ('स्वरित' कहलाता है) इत्यादि। **स्वरान्**=स्वरों को; (**आचक्षते**=) कहते हैं; व्याळि इत्यादि (आचार्य)। पृथक्=नाना=भिन्न प्रकार से (तात्पर्य यह है कि जिस संधि में जो 'स्वरित' होवे उस संधि के नाम के अनुसार उस 'स्वरित को कहते हैं)। इन ('स्वरित' स्वरों) का प्रतिपादन पहले ही उदाहरणों के साथ कर दिया गया है। संज्ञा के लिए पुनः (इस सूत्र में) कहा गया है।

(संहितायां प्रचयः स्वरः, तस्य उच्चारणप्रकारश्च)

स्वरितादनुदात्तानां परेषां प्रचयः स्वरः।
उदात्तश्रुतितां यान्त्येकं द्वे वा बहूनि वा ॥१६॥

(संहिता में प्रचय स्वर और उसका उच्चारण-प्रकार)

सू० अ०—'स्वरित' से बाद में आने वाले अनुदात्तों का 'प्रचय' 'स्वर' (हो जाता है)। (ऐसी अवस्था में वे 'अनुदात्त') 'उदात्त' के समान सुनाई पड़ते हैं—चाहे वे एक हो, दो हों अथवा बहुत हों।

उ० भा० स्वरितात्परेषामनुदात्तानां प्रचयः स्वरो भवति। संहितायां प्रचयः-स्वरोऽधस्तान्न प्रतिपादित इत्यत आह। उदात्तश्रुतितां यान्ति=उदात्तश्रुतीनि भवन्ति।

टि० (क) २।३ में कहा जा चुका है कि संहिता में दो 'स्वर'-वर्णों के मध्य में विद्यमान काल के व्यवधान को 'विवृत्ति' कहते हैं। ऐसे स्थानों में पदान्त 'उदात्त' 'स्वर' से परे जहाँ पदादि 'अनुदात्त' 'स्वरित' हो जाता है, उसे 'वैवृत्त स्वरित' कहते हैं। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि जहाँ 'विवृत्ति' का व्यवधान होने पर भी पदान्त 'उदात्त' के कारण पदादि 'अनुदात्त' 'स्वरित' हो जाता है उसे 'वैवृत्त स्वरित' कहते हैं।

(ख) जहाँ 'व्यञ्जन' का व्यवधान होने पर भी पूर्ववर्ती 'उदात्त' के कारण परवर्ती 'अनुदात्त' 'स्वरित' हो जावे उस 'स्वरित' को 'तैरोव्यञ्जन स्वरित' कहते हैं। मध्य में आधी मात्रा वाले 'व्यञ्जन' का व्यवधान होने पर ऐसे स्थलों पर 'स्वरित' की प्राप्ति नहीं होनी चाहिए किंतु ३।१७ में ऐसे स्थलों पर 'स्वरित' होने का विधान कर दिया गया है। व्याकरण में इस कार्य की सिद्धि इस परिभाषा के द्वारा की गई है—"स्वरविधौ व्यञ्जनमविद्यमानवद् भवति" जिसका अर्थ है कि स्वरविधि में 'व्यञ्जन' को अविद्यमानवत् माना जाता है—'व्यञ्जन' का व्यवधान नहीं माना जाता है। 'तैरोव्यञ्जन स्वरित' को 'व्यञ्जन-व्यवहित स्वरित' भी कहा जा सकता है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकम् अक्षरं **द्वे वा** अक्षरे **बहूनि वा** अक्षराणि। "अग्निमीळे पुरोहितम्।"[१] "नासत्याभ्यां बर्हिरिव।"[२] "इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति।"[३] "वाजेवाजेऽवत वाजिनो नः॥"[४]

उ० भा० अ०—**स्वरितात्परेषामनुदात्तानाम्**=स्वरित' से परवर्ती अनुदात्तों का; **प्रचयः स्वरः**='प्रचय' 'स्वर'; हो जाता है। संहिता में 'प्रचय' 'स्वर' का पहले प्रतिपादन नहीं किया गया है इसलिए (उसके विषय में सूत्रकार इस सूत्र में) कहते हैं। **उदात्तश्रुतितां यान्ति**='उदात्तश्रुति' हो जाते हैं='उदात्त' के समान सुनाई पड़ते हैं। चाहे; **एकम्**=एक 'अक्षर' हो; **द्वे वा**=या दो 'अक्षर' हों; **बहूनि वा**=या बहुत 'अक्षर' हों (तात्पर्य यह है कि 'स्वरित' के बाद में विद्यमान एक या दो या बहुत 'अनुदात्त' अक्षरों का 'प्रचय' 'स्वर' हो जाता है और 'प्रचय' 'स्वर' 'उदात्त' के समान सुनाई पड़ता है)। एक 'प्रचय' का उदाहरण)—"अग्निमीळे पुरोहितम्।"[क] (दो प्रचयों का उदाहरण)—"नासत्याभ्यां बर्हिरिव।"[ख] (बहुत प्रचयों के उदाहरण)—"इमं गङ्ग यमुने सरस्वति"[ग]; "वाजे-वाजेऽवत वाजिनो नः।"[घ]

केचित्त्वेकमनेकं वा नियच्छन्त्यन्ततोऽक्षरम्।
आ वा शेषात्॥२०॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) अन्त से (प्रारम्भ करके) एक या एक से अधिक अक्षरों को 'अनुदात्त' कर देते हैं या अन्तिम 'अक्षर' के पूर्व तक (सभी अक्षरों को 'अनुदात्त' कर देते हैं)।

उ० भा०—**तुशब्दो विशेषणार्थः। केचित्तु आचार्या एकमक्षरमनेकं वा अक्षरं द्वे वाक्षरे; नियच्छन्ति**=**नीचीकुर्वन्ति; अन्तत** आरभ्य; **निर्निमित्तमेव**=**उदात्तं स्वरितं विनेत्यर्थः। आ शेषाद्वा, यावदेकमक्षरम्; अनेकं वाक्षरं**=**द्वे वाक्षरे; नियच्छन्ति। एकेनापि प्रचितस्वरूपं दर्शितं भवत्येवेत्यर्थः॥**

उ० भा० अ०—**तु**-शब्द विशेषण के लिए (सूत्र में प्रयुक्त है) (अर्थात् ३।१९ में प्रतिपादित नियम से सम्बद्ध एक विशेष बात इस प्रस्तुत सूत्र में बतलाई जायेगी—यह बतलाने के लिए प्रस्तुत सूत्र में 'तु' शब्द प्रयुक्त हुआ है)। **केचित्तु**=कतिपय आचार्य तो; **एकमक्षरम्**=एक 'अक्षर' को; **अनेकं वा**=या अनेक अक्षरों को=दो अक्षरों को; **नियच्छन्ति**=नीचा ('अनुदात्त') कर देते हैं; **अन्ततः**=अन्त से प्रारम्भ करके; बिना किसी निमित्त के ही=(बाद में) 'उदात्त या 'स्वरित' आए बिना ही—यह अर्थ है। **आ शेषाद्वा**=अन्तिम 'अक्षर' के पहले तक (सभी अक्षरों को), या एक 'अक्षर' को या

टि० (क) अग्निम्। ईळे। पुरःऽहितम्॥ प० पा०
(ख) नासत्याभ्याम्। बर्हिःऽइव॥ प० पा०
(ग) इमम्। मे। गङ्ग। यमुने। सरस्वति॥ प० पा०
(घ) वाजेऽवाजे। अवत। वाजिनः। नः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १।१।१ [२] ऋ० १।११६।१
[३] ऋ० १०।७५।५ [४] ऋ० ७।३८।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनेक अक्षरों को=दो अक्षरों को; नीचा ('अनुदात्त') कर देते हैं। एक भी 'अक्षर' से 'प्रचय' का स्वरूप प्रदर्शित हो ही जाता है—इसलिए (अन्य अक्षरों को 'अनुदात्त' कर दिया जाता है)[क] (इन आचार्यों का मत है कि जब एक ही 'अक्षर' 'प्रचय' के स्वरूप को दिखलाने में पर्याप्त है तब अनेक अक्षरों को 'प्रचय' करने की आवश्यकता नहीं रह जाती)।

नियुक्तं तूदात्तस्वरितोदयम् ॥२१॥

सू० अ०—बाद में 'उदात्त' या 'स्वरित' हो तो (पूर्ववर्ती 'प्रचय' को) निश्चित रूप से ('अनदात्त' कर देते हैं)।

उ० भा०—तुशब्दोऽवधारणार्थः। सर्व एवाचार्याः; नियुक्तं=निश्चितमविप्रतिपत्त्या; अनुदात्तं कुर्वन्ति; (उदात्तस्वरितोदयम्=) उदात्तोदयं स्वरितोदयम्=उदात्तपरं स्वरितपरं च। "वाजेवाजेऽवत वाजिनो नो धनेषु।"[१] "तमेव ऋषिं तमु ब्रह्माणमाहुर्यज्ञन्यम् ॥"[२]

उ० भा० अ०—तु-शब्द निश्चय (अवधारण) के लिए है। सभी आचार्य; **नियुक्तम्**=बिना किसी मतभेद के निश्चित रूप से; **(उदात्तस्वरितोदयम्=)** उदात्तोदय तथा स्वरितोदय को='उदात्त' है बाद में जिसके तथा 'स्वरित' है बाद में जिसके उस ('प्रचय') को ('अनुदात्त' कर देते हैं)। (उदाहरण) "वाजेवाजेऽवत वाजिनो नो धनेषु"[ख]; "तमेव ऋषिं तमु ब्रह्माणमाहुर्यज्ञन्यम्।"[ग]

नियमं कारणादेके प्रचयस्वरधर्मवत्।
प्रचयस्वर आचारः शाकल्यान्यतरेययोः ॥२२॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) 'प्रचय' के 'अनुदात्त' करने ('नियम') को (इस) कारण से (बतलाते हैं कि ऐसा करने से) 'प्रचय' 'स्वर' के (असाधारण) धर्म (विशेषता) (का ज्ञान हो जाता है)। 'प्रचय' 'स्वर' का यह व्यवहार शाकल्य और अन्यतरेय (आचार्यों के मतानुसार है)।

टि० (क) इस प्रकार यहाँ ये तीन मत हैं—(१) कतिपय आचार्य अन्तिम 'प्रचय' का 'अनुदात्त' उच्चारण करते हैं (२) कतिपय आचार्य अन्तिम दो 'प्रचयों' का 'अनुदात्त' उच्चारण करते हैं और (३) कतिपय आचार्य प्रथम एक 'प्रचय' को छोड़कर अन्य सभी प्रचयों का 'अनुदात्त' उच्चारण करते हैं।

(ख) वाजेऽवाजे। अवत। वाजिनः। नः। धनेषु ॥ प० पा०
'उदात्त' ('ध') बाद में आने के कारण पूर्ववर्ती 'प्रचय' ('नः'='नो') 'अनुदात्त' हो गया है।

(ग) तम्। एव। ऋषिम्। तम्। ऊँ इति। ब्रह्माणम्। आहुः। यज्ञऽन्यम् ॥ प० पा०
'स्वरित' ('न्य') बाद में आने के कारण पूर्ववर्ती 'प्रचय' ('ज्ञ') 'अनुदात्त' हो गया है।

---

[१] ऋ० ७।३८।८ [२] ऋ० १०।१०७।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**नियमम्**=नियमनम्=अनुदात्तभावम्; कारणादेके मन्यन्त आचार्याः। किं तत्कारणमिति चेत्, (**प्रचयस्वरधर्मवत्**=) प्रचयस्वरधर्मयुक्तमध्ययनं यथा स्यादिति। यदि ह्युदात्तस्वरितोदयं प्रचितं नानुदात्तं भवेदथ प्रचितोदात्तयोः को विशेषः स्यादिति? प्रचितो हि स्वरितोदात्तपरोऽनुदात्तो भवति न तूदात्तः। एवं च कृत्वा; (**प्रचयस्वरे**) प्रचितस्वरे; **आचारः** अयम्; (**शाकल्यान्यतरेययोः**=) शाकल्यस्यान्यतरेयस्य च मत एतत्कारणको द्रष्टव्यः। उक्तान्येवोदाहरणानि॥

उ० भा० अ०—**नियमम्**=नियमन='अनुदात्त' करना; **कारणादेके**=कतिपय आचार्य एक कारण से मानते हैं। यदि पूछो कि वह क्या कारण है (तो सुनो बतलाते हैं)—**प्रचयस्वरधर्मवत्**=जिससे (हमारा) अध्ययन 'प्रचय' 'स्वर' के धर्म से युक्त हो (अर्थात् 'प्रचय' 'स्वर' की विशेषता को जानने के लिए यह आवश्यक है कि हम 'उदात्त' और 'स्वरित' से अव्यवहित पूर्ववर्ती 'प्रचय' का 'अनुदात्त' उच्चारण करें)। यदि 'उदात्त' और 'स्वरित' बाद में आने पर अव्यवहित पूर्ववर्ती 'प्रचय' का 'अनुदात्त' (उच्चारण) न करें, तब 'प्रचय' और 'उदात्त' में क्या भेद होगा? क्योंकि ('प्रचय' और 'उदात्त' में यही तो भेद है कि) 'स्वरित' और 'उदात्त' परे होने पर 'प्रचय' 'अनुदात्त' हो जाता है, 'उदात्त' ('अनुदात्त') नहीं होता।[क] 'प्रचय' 'स्वर' का इस कारण वाला यह आचार ('अनुदात्त' कर देना) शाकल्य और अन्यतरेय के मत से समझना चाहिए (अर्थात् शाकल्य और अन्यतरेय —ये दो आचार्य—'स्वरित' और 'उदात्त' परे रहते, 'प्रचय' को 'अनुदात्त' कर देते हैं)। उदाहरण तो पहले ही कहे जा चुके हैं।

टि० (क) 'प्रचय' को ही 'एकश्रुति' तथा 'उदात्तश्रुति' कहते हैं। 'प्रचय' का उच्चारण 'उदात्त' के समान होता है। यदि 'प्रचय' के बाद में 'उदात्त' अथवा 'स्वरित' (जिसका आदि वाला अंश 'उदात्त' होता है) आ जावे तो 'प्रचय' का उच्चारण 'अनुदात्त' के समान करना आवश्यक है क्योंकि ऐसा न करने पर 'प्रचय' और 'उदात्त' का उच्चारण समान रूप से होने के कारण 'प्रचय' और 'उदात्त' के भेद को समझना कठिन हो जायेगा। 'प्रचय' और 'उदात्त' के समान ध्वनि से उच्चारण होने के कारण इन दोनों में उच्चारण-विषयक कोई अन्तर नहीं है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर इन दोनों में केवल यही अन्तर है कि 'उदात्त' कभी भी 'अनुदात्त' नहीं हो सकता जबकि 'प्रचय', 'उदात्त' या 'स्वरित' परे रहते, 'अनुदात्त' हो जाता है। यदि इस परिस्थिति में भी 'प्रचय' को 'अनुदात्त' नहीं किया जायेगा तब तो 'प्रचय' और 'उदात्त' में कोई भी अन्तर नहीं होगा। चिह्नों की दृष्टि से भी यही बात है। 'उदात्त' और 'प्रचय' ये दोनों ही अचिह्नित रहते हैं। यदि 'उदात्त' परे होने पर भी 'प्रचय' को 'अनुदात्त' नहीं करते तब तो 'प्रचय' और 'उदात्त' के भेद का पता ही नहीं चलेगा। इसीलिए 'उदात्त' से अव्यवहित पूर्ववर्ती 'प्रचय' को 'अनुदात्त' कर देते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(परिग्रहे स्वरनिरूपणम्)

परिग्रहे त्वनार्षान्तात्तेन वैकाक्षरीकृतात् ।
परेषां न्यासमाचारं व्याळिस्तौ चेत्स्वरौ परौ ॥२३॥

(परिग्रह में स्वर का निरूपण)

सू० अ०—व्याळि (आचार्य का कहना है कि) 'परिग्रह' में अनार्ष ('इति' शब्द) में अन्त होने वाले (पद) से बाद में आने वाले और उस (पदादि 'अक्षर') से मिलकर जो एक हो गया है उस ('इति') से बाद में आने वाले (अक्षरों) का 'अनुदात्त' करना ('न्यास') आचार है, यदि वे दो 'स्वर' ('उदात्त' और 'स्वरित') बाद में हों।

उ० भा०—तुशब्दो विशेषणार्थः। एतावानेव विसंवादोऽधस्तनेन स्वरलक्षणेन सह। परिग्रहः=वेष्टकः। एतावान्वेष्टके विशेषः। अनार्षान्तात्। अनार्षो य इतिकरण उच्यते स च द्व्यक्षर आद्युदात्तः पदाभ्यासस्य मध्ये वर्तमानः पूर्वपदान्तमादिना स्पृशति द्वितीयपदादिमन्तेन स्पृशति। तस्यायं विकारः पदसंधिरुक्तः। स चोत्तरपदादिर् व्यञ्जनादिः स्वरादिर्वा भवति। यदि व्यञ्जनादिस्तदा प्रचये प्राप्तेऽयमपवादः। (अनार्षान्तात्परेषाम्=) अनार्षादितिकरणात्परेषामक्षराणाम्; न्यासम्=अनुदात्तत्वम्; आचारम् मन्यते व्याळिः आचार्यः। यदा तु स्वरादिर्भवति तदा तेन स्वरादिना एकाक्षरीकृतात्परेषां न्यासम् इति तुल्यम्। तौ; (चेत्=) यदि; स्वरौ परौ भवत उदात्तस्वरितौ।

"सत्यानृते अवपश्यन्। सत्यानृते इति सत्यानृते।"[१] "सप्राव्य इति सप्रऽअव्यः।"[२] तेन वैकाक्षरीकृतात्—"अललाभवन्तीरित्यललाऽभवन्तीः।"[३] तौ चेत्स्वरौ परौ इति किम्? "शतऋतो इति शतऽऋतो।"[४] 'अविहर्यतऋतो इत्यविहर्यतऽऋतो॥"[५]

उ० भा० अ०—तु-शब्द विशेषण के लिए (अर्थात् एक विशेष बात बतलाने के लिए) (सूत्र में प्रयुक्त है)। पहले बतलाये गए 'स्वर' के नियमों से केवल इतना ही भेद है। **परिग्रहः**=वेष्टक=मध्य में 'इति' शब्द रखकर पद का अभ्यास करना।[क] **अनार्षान्तात्**=अनार्ष ('इति' शब्द) में अन्त होने वाले (पद) से। अनार्ष जो 'इति' शब्द है[ख] वह दो अक्षरों से समन्वित तथा 'आद्युदात्त' (होता है); पद के अभ्यास के मध्य में वर्तमान (वह 'इति' शब्द) पूर्व-पद के अन्त (=अन्तिम वर्ण) को अपने आदि (=प्रथम वर्ण='इ') से स्पर्श करता है और द्वितीय पद के आदि (=प्रथम वर्ण) को अपने अन्त (=अन्तिम वर्ण='ति'='इ') से स्पर्श करता है। (दो पदों के मध्य में आने पर) उस ('इति') में जो विकार होगा वह तो (द्वितीय

टि० (क) 'परिग्रह' के लिए पृ० ४७ पर टि० (ख) देखिए।

(ख) ऋषियों ने संहिता-पाठ का दर्शन किया था, पद-पाठ का नहीं। इसलिए पद-पाठ में उपलब्ध 'इति' को 'अनार्ष' कहा गया है।

---

[१] ऋ० क० ७।४९।३ [२] ऋ० क० २।१३।९ [३] ऋ० क० ४।१८।६
[४] ऋ० प० १।४।८ [५] ऋ० प० १।६३।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पटल में) पद-संधियों में कह दिया गया है। और वह उत्तर-पद या तो 'व्यञ्जन'-वर्ण से प्रारम्भ होता है या 'स्वर'-वर्ण से प्रारम्भ होता है। यदि 'व्यञ्जन' से प्रारम्भ होवे तो (३।१९ से) 'प्रचय' प्राप्त होने पर यह (उस 'प्रचय' को इस सूत्र से 'अनुदात्त' करना) अपवाद है। **[अनार्षान्तात्परेषाम्**=अनार्ष ('इति' शब्द) में अन्त होने वाले (पद) से परवर्ती (अक्षरों) का=] अनार्ष 'इति' शब्द से बाद में आने वाले अक्षरों का; **न्यासम्**=अनुदात्तत्व =='अनुदात्त' करना; **आचारम्**=आचार=व्यवहार; मानते हैं; **व्याळिः**=व्याळि नामक आचार्य (अर्थात् व्याळि आचार्य के मत से 'परिग्रह' में 'इति' के बाद में विद्यमान 'प्रचय' 'स्वर' 'अनुदात्त' हो जाते हैं)। यदि (उत्तर-पद) 'स्वर'-वर्ण से प्रारम्भ होवे तो; **तेन**= उस पदादि 'स्वर'-वर्ण से; **एकाक्षरीकृतात्परेषाम्**=मिलकर एक हो जाने वाले (अनार्ष 'इति' शब्द) से बाद में आने वाले (अक्षरों) का; **न्यासम्**='अनुदात्त' होना; तुल्य है (अर्थात् यदि परवर्ती पद 'स्वर'-वर्ण से प्रारम्भ होने वाला है तो पदादि 'स्वर'-वर्ण से मिलकर एक हो जाने वाले 'इति' पद से बाद में विद्यमान 'प्रचय' 'स्वर' 'अनुदात्त' हो जाते हैं)। **(चेत्**=) यदि; **तौ स्वरौ**=वे दोनों 'स्वर'='उदात्त' और 'स्वरित'; **परौ**=बाद में होते हैं। (उदाहरण) "सत्यानृते अवपश्यन्। सत्यानृते इति सत्यानृते।"क "सुप्राव्य इति सुप्र अव्यः।"ख उस (परवर्ती पद के प्रथम 'स्वर'-वर्ण) से मिलकर जो एक 'अक्षर' हो गया है उस ('इति' शब्द) से (परवर्ती अक्षरों का अनुदात्तत्व)—"अललाभवन्तीरित्यललाऽ भवन्तीः।"ग "वे दो 'स्वर' ('उदात्त' और 'स्वरित') बाद में हों तो"—यह (सूत्र में) क्यों कहा? (उत्तर) शतक्रतो इति शतऽक्रतो।"घ "अविहर्यतक्रतो इत्यविहर्यतऽक्रतो॥"ङ

टि० (क) 'इति' के 'स्वरित' के बाद में विद्यमान 'स', 'या' और 'नृ' प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'अनुदात्त' हो गए हैं। प्रस्तुत सूत्र ३।१९ का अपवाद है क्योंकि ३।१९ के अनुसार 'प्रचय' हो जाने वाले 'स' और 'या' भी प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'अनुदात्त' हो गए हैं। 'नृ' तो ३।२१ तथा प्रस्तुत सूत्र—इन दोनों—के अनुसार 'अनुदात्त' हो जाता है।

(ख) 'इति' के 'स्वरित' के बाद में विद्यमान 'सु', 'प्र' और 'अ' प्रस्तुत सूत्र से 'अनुदात्त' हो गए हैं। 'अ' का 'अनुदात्त' होना तो ३।२१ से भी सिद्ध हो जाता है।

(ग) यहाँ पर 'अललाभवन्तीः' के 'अ' के साथ मिलकर 'इति' एक हो गया है। 'क्षैप्र' संधि से प्राप्त 'स्वरित' 'य' से बाद में विद्यमान 'ल' ३।१९ के अनुसार 'प्रचय' न होकर प्रस्तुत सूत्र से 'अनुदात्त' हो गया है। 'ला' का 'अनुदात्त' होना तो प्रस्तुत सूत्र और ३।२१ —इन दोनों—से सिद्ध हो जाता है।

(घ) 'इति' के 'स्वरित' के बाद में विद्यमान 'प्रचय' प्रस्तुत सूत्र से 'अनुदात्त' न होकर ३।१९ से 'प्रचय' ही रह गए हैं क्योंकि बाद में 'उदात्त' या 'स्वरित' नहीं है।

(ङ) 'अविहर्यतऽक्रतो' के 'अ' के साथ मिले हुए 'इति' शब्द से बाद में आने वाले 'प्रचय' 'अनुदात्त' न होकर 'प्रचय' ही रह गये हैं क्योंकि बाद में न 'उदात्त' है और न 'स्वरित'।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अवग्रहे स्वरविचारः)

यथा संधीयमानानामनेकीभवतां स्वरः ।
उपदिष्टस्तथा विद्यादक्षराणामवग्रहे ॥२४॥

(अवग्रह में स्वर का विचार)

सू० अ०—संधि को प्राप्त होकर भी एक न होने वाले अक्षरों का जैसा 'स्वर' उपदिष्ट किया गया है वैसा ही (अक्षरों का 'स्वर') 'अवग्रह' होने पर भी जानना चाहिए।

उ० भा०—इदानीमवग्रहस्वरूपं निरूपयति। **यथा**=येन प्रकारेण; **संधीयमानानाम्**=एकीक्रियमाणानाम्; **अनेकीभवताम्**=प्रश्लेषमप्राप्नुवताम्=विवृत्तिव्यञ्जनतिरस्कृतानाम्; **स्वर उपदिष्टः**—"उदात्तपूर्वं नियतं विवृत्या व्यञ्जनेन वा। स्वर्यतेऽन्तर्हितम्"[1]; "स्वरितादनुदात्तानाम्"[2]—इत्यादिना च; **तथाक्षराणामवग्रहे** अपि; **(विद्यात्=)** जानीयात्। ननु च यो विवृत्तौ स्वर उक्तः स इह भवत्येव। कस्मादयं यत्नः कृतः? मात्राकालव्यवधानत्वान्न प्राप्नोति। उ॒षऽउ॑षः"[3]; "न॒ावाऽइ॑व"[4]; "ग॒णऽप॑तिम्"[5]; "गोऽप॑ते"[6]; "पर॒ऽहि॑तम्।"[7]

उ० भा० अ०—अब (सूत्रकार) 'अवग्रह' के स्वरूप का निरूपण करते हैं। **यथा**=जिस प्रकार से; **संधीयमानानाम्**=एक किये जाने वाले; **अनेकीभवताम्**=प्रश्लेष को प्राप्त न होने वाले='विवृत्ति' और 'व्यञ्जन' को तिरस्कृत करने वाले; (अक्षरों का) 'स्वर' उपदिष्ट किया गया है—"'उदात्त' से बाद में आने वाला 'अनुदात्त' 'विवृत्ति' और 'व्यञ्जन' से व्यवहित होने पर 'स्वरित' हो जाता है"; "'स्वरित' के बाद में आने वाले अनुदात्तों का" इत्यादि के द्वारा; **तथाक्षराणामवग्रहे**=वैसा (ही) अक्षरों (का 'स्वर') 'अवग्रह' होने पर; **(विद्यात्=)** जानना चाहिए।[क] (शङ्का) 'विवृत्ति' में जो 'स्वर'

टि० (क) संहिता-पाठ के एक पद को जब पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा दो पद्यों में पृथक् कर दिया जाता है तब उन दो पद्यों के उच्चारणों के मध्य में एक मात्रा काल का व्यवधान होता है (दे० १।२८)। एक मात्रा काल का व्यवधान होने के कारण पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'स्वर' का प्रभाव उत्तर-'पद्य' के प्रथम 'स्वर' पर नहीं पड़ता किंतु प्रस्तुत सूत्र में यह विधान कर दिया गया है कि मध्य में 'अवग्रह' का व्यवधान होने पर भी पूर्व-'पद्य' का अन्तिम 'स्वर' उत्तर-'पद्य' के प्रथम 'स्वर' पर ३।१७ और ३।१९ के अनुसार प्रभाव डालता है। तात्पर्य यह है कि 'विवृत्ति' और 'व्यञ्जन' के समान 'अवग्रह' को भी 'स्वर' के विषय में अविद्यमानवत् माना जाता है। 'अवग्रह' को अविद्यमानवत् (तिरोहित) मानकर किए गए 'स्वरित' को वाजसनेयी-प्रातिशाख्य १।११८ में तैरोविराम 'स्वरित'

---

[1] ३।१७ [2] ३।१९ [3] ऋ० प० १०।८।४
[4] ऋ० प० १।९७।७ [5] ऋ० प० २।२३।१ [6] ऋ० प० ८।२१।३
[7] ऋ० प० १।१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहा है वह यहाँ हो ही जाता है। (तब) किस कारण से (इस सूत्र के निर्माण का) परिश्रम किया ? (उत्तर) मात्रा काल का व्यवधान होने से ('विवृत्ति' का 'स्वर') यहाँ प्राप्त नहीं होता है।[क] (उदाहरण) "उ॒षऽउ॑षः"; "न॒ावाऽइ॑व"; ग॒णऽप॑तिम्"; "गोऽप॑ते"; "पर॒ऽहि॑तम्।"[ख]

पद्यादी॑ँस्तु द्व्युदात्तानामसंहितवदुत्तरान् ॥२५॥

सू० अ०— दो उदात्तों वाले पदों के उत्तर वाले पद्यादियों को (अर्थात् उत्तर-पद्यों के आद्य अक्षरों को) असंहितवत् (अर्थात् पूर्व-पद्यों के अन्तिम अक्षरों के साथ न मिले हुए के समान) (जानना चाहिए)।

उ० भा०—पद्यम्=पदार्धम्। **द्व्युदात्तानां** पदानां **पद्यादीनुत्तरानसंहितवत् जानीयात्स्वरविधौ।** "ऋ॒तस्य॒ पन्थ॒ामन्वे॑त॒वा उ॑"[१]; "ने॒षा गव्यू॑ति॒रप॑भर्त॒वा उ॑।"[२] **द्व्युदात्तानाम् इति किम्** ? अश्व॑पते॒ गोप॑त॒ उर्व॑रापते॥"[३]

उ० भा० अ०—**पद्य**=पद का आधा (भाग)। **द्व्युदात्तानाम्**=दो उदात्तों वाले पदों के; **पद्यादीनुत्तरानसंहितवत्**=उत्तर वाले पद्यादियों (अर्थात् उत्तर-पद्यों के प्रथम अक्षरों) को पूर्व-पद्यों के अन्तिम अक्षरों से न मिले हुए की तरह; जानना चाहिए,

(२३६ क) कहा गया है। किन्तु तैत्तिरीय-संहिता के पद-पाठ में 'अवग्रह' को अविद्यमानवत् नहीं माना गया है और वहाँ मध्य में 'अवग्रह' का व्यवधान होने पर पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'उदात्त' 'स्वर' के प्रभाव से उत्तर-'पद्य' का प्रथम 'अनुदात्त' 'स्वर' 'स्वरित' नहीं होता।

टि० (क) शङ्का यह है कि जिस प्रकार 'विवृत्ति'-रूप व्यवधान स्वरों के परस्पर प्रभाव में बाधक नहीं होता, उसी प्रकार 'अवग्रह'-रूप व्यवधान भी बाधक नहीं होगा। दोनों व्यवधान ही तो हैं। ऐसी स्थिति में इस सूत्र के निर्माण की क्या आवश्यकता थी ? इसके उत्तर में भाष्यकार का कथन है कि 'अवग्रह' में एक मात्रा काल का व्यवधान है जबकि 'विवृत्ति' में २।४ के अनुसार चौथाई, आधी अथवा तीन-चौथाई मात्रा का व्यवधान होता है। इस प्रकार अधिक व्यवधान होने से 'विवृत्ति' का 'स्वर' 'अवग्रह' में प्राप्त नहीं होता है, इसलिए इस सूत्र का निर्माण किया गया है।

(ख) इन सभी उदाहरणों में मध्य में 'अवग्रह'-रूप व्यवधान होने पर भी पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'उदात्त' 'स्वर' के प्रभाव से उत्तर-'पद्य' का प्रथम 'अनुदात्त' 'स्वर' ३।१७ की भाँति 'स्वरित' हो गया है। भाष्यकार को ऐसा भी उदाहरण देना चाहिए था जहाँ पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'स्वरित' 'स्वर' के प्रभाव से उत्तर-'पद्य' का 'अनुदात्त' 'प्रचय' हुआ हो।

---

१ ऋ० ७।४४।५ २ ऋ० १०।१४।२

३ ऋ० ८।२१।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'स्वर' के विधान में।[क] (उदाहरण) "ऋतस्य॒ पन्थ॒ामन्वे॑त॒वा उ॑"[ख]; 'नैषा गव्यू॑ति॒-रप॑भर्त॒वा उ॑।"[ग] "दो उदात्तों वाले (पदों) का" यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अश्व॑पते॒ गोप॑त॒ उर्वि॑रापते।"[घ]

जात्यवद्वा तथा वान्तौ तनू शचीति पूर्वयोः ॥२६॥

सू० अ०—(दो उदात्तों वाले पदों में) 'तनू' और 'शची' जब पूर्व ('पद्य') हों तो इनके अन्तिम अक्षरों ('ऊ' तथा 'ई') को या तो 'जात्य स्वरित' के तुल्य या उसी तरह (जानना चाहिए जिस तरह पूर्ववर्ती दो सूत्रों—३।२४ और ३।२५—में कहा गया है)।

उ० भा०—जात्येन तुल्यं जात्यवत्। यथा जात्यस्यान्तो निहन्यत उदात्ते परभूते, एवम्; (तनू शचीति पूर्वयोः=) तनूशचीपदयोः पूर्वपद्ययोः सतोः; अन्तो निहन्यते। तथा

टि० (क) यह सूत्र पूर्ववर्ती सूत्र ३।२४ का अपवाद है। इसमें यह प्रतिपादित किया गया है कि दो उदात्तों वाले सावग्रह पदों में उत्तर-'पद्य' के प्रथम 'अक्षर' को पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'अक्षर' से न मिला हुआ समझना चाहिए। इस प्रकार न मिला हुआ समझने से पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'अक्षर' के 'स्वर' का उत्तर-'पद्य' के प्रथम 'अक्षर' के 'स्वर' पर प्रभाव नहीं पड़ता है।

(ख) ऋ॒तस्य॑। पन्था॑म्। अनु॑ऽए॒त॒वै। ऊँ॒ इति॑॥ प० पा०

(ग) न। ए॒षा। गव्यू॑तिः। अप॑ऽभ॒र्त॒वै। ऊँ॒ इति॑॥ प० पा०

"अनु॑ऽए॒त॒वै" तथा "अप॑ऽभ॒र्त॒वै"—ये दोनों—दो उदात्तों वाले पद हैं। पूर्ववर्ती सूत्र (३।२४) में यह विधान किया गया था कि 'स्वर' के विषय में 'अवग्रह' को अविद्यमानवत् माना जाता है जिससे पूर्व-'पद्य' और उत्तर-'पद्य' -इन दोनों-को मिला हुआ (संहितवत्) समझा जाता है जिसके परिणामस्वरूप पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'अक्षर' के 'स्वर' का प्रभाव उत्तर-'पद्य' के प्रथम 'अक्षर' पर पड़ता है। प्रस्तुत सूत्र ३।२४ का अपवाद है। इसमें कहा गया है कि दो उदात्तों वाले पदों में 'अवग्रह' से पृथक् किए गए पूर्व-'पद्य' तथा उत्तर-'पद्य' को असंहित-वत् समझना चाहिए। पूर्ववर्ती सूत्र (३।२४) से "अनु॑ऽए॒त॒वै" तथा 'अप॑ऽभ॒र्त॒वै" के 'एतवै' का 'ए' और 'भर्तवै' का 'भ'—ये दोनों—'प्रचय' होने चाहिए किंतु प्रस्तुत सूत्र के अनुसार ये 'ए' और 'भ' 'अनुदात्त' ही रहते हैं।

(घ) अश्व॑ऽपते। गोऽप॑ते। उर्वि॑राऽपते॥ प० पा०

प्रस्तुत तीनों पदों में एक-एक ही 'अक्षर' 'उदात्त' है जिससे प्रस्तुत सूत्र (३।२५) इन स्थलों पर लागू नहीं होगा। इन स्थलों पर तो पूर्ववर्ती सूत्र (३।२४) के अनुसार 'अवग्रह' को अविद्यमानवत् मानकर पूर्व-'पद्य' और उत्तर-'पद्य' को संहितवत् माना जाता है। "अश्व॑ऽपते" में 'स्वरित' 'व' के प्रभाव से 'प' और 'ते' 'प्रचय' हैं। "गोऽप॑ते" में 'उदात्त' 'गो' के प्रभाव से 'प' स्वरित' हो गया है। "उर्वि॑राऽपते" में 'स्वरित' 'व' के प्रभाव से 'प' और 'ते' 'प्रचय' हो गए हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वान्तौ कुर्याद्यथाधस्तात्प्रतिपादितम्। तनूनपादुच्यते गर्भ आसुरः।"[१] "इन्द्रं कुत्सो वृत्रहणं शचीपतिम्।"[२] असंहितवद्वा कुर्यात्—"तनूनपादुच्यते"; "इन्द्रं कुत्सो वृत्रहणं शचीपतिम्।" संहितवद्वा कुर्यात्—"तनूनपादुच्यते"; "वृत्रहणं शचीपतिम्।"

पृथग्वाशब्दकरणं तुल्ययोगनिवृत्त्यर्थम्। तेनैतत्सिद्धं जात्यवदेवाध्ययनं यथा स्यादितरयोर्मा भूदिति। द्वयुदात्तानामित्येव—"तनूनपात्पथ ऋतस्य"[३]; शचीपते शचीनाम्॥"[४] ननु पदानां लक्षणं न कर्तव्यम्, सिद्धेषु हि पदेषु संहिताप्रवृत्तिः। सत्यमेव। यथा पुष्पाहारस्य फलाहरण दार्वाहारस्य मध्वाहरणम्, एवमेतत्॥

उ० भा० अ०—जात्यवत्=जात्य' ('स्वरित') के तुल्य। जिस प्रकार, 'उदात्त' परे रहते, 'जात्य' ('स्वरित') का अन्त (=अन्तिम अंश) 'अनुदात्त' (उच्चारित) होता है (जिससे वहाँ 'कम्प' हो जाता है), उसी प्रकार 'तनू' और 'शची'—इन पदों—के पूर्व-'पद्य' होने पर (इनका) अन्त (=अन्तिम अंश) 'अनुदात्त' (उच्चारित) होता है (तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार 'जात्य स्वरित', 'उदात्त' परे रहते, 'कम्प' के साथ उच्चारित होता है, उसी प्रकार, 'उदात्त' परे रहते, 'तनू' और 'शची' पूर्व-पद्यों के अन्तिम 'अक्षर'='ऊ' तथा 'ई'—भी कम्प के साथ उच्चारित होते हैं)। अथवा ('तनू' और 'शची' के) अन्तों (=अन्तिम अक्षरों) को वैसे (उच्चारित) करना चाहिए जैसा पहले (३।२४ और ३।२५ में) प्रतिपादित किया गया है। (उदाहरण)[क] ('जात्य स्वरित' के समान)—"तनूनपादुच्यते गर्भ आसुरः"[ख]; "इन्द्रं कुत्सो वृत्रहणं शचीपतिम्।"[ग] **अथवा असंहितवत् करना चाहिए**—तनूनपादुच्यते"[घ]; "इन्द्रं कुत्सो वृत्रहणं शचीपतिम्।"[ङ] **अथवा संहितवत्**

टि० (क) यह सूत्र पद-पाठ से सम्बद्ध है और भाष्यकार ने उदाहरण के रूप में संहिता-पाठ को प्रस्तुत किया है जो अयुक्त है। इसी प्रकार भाष्यकार ने पद-पाठ से सम्बद्ध ३।२५ के उदाहरण के रूप में भी संहिता-पाठ को ही प्रस्तुत किया है। इससे प्रतिपाद्य विषय दुरूह हो जाता है।

(ख) तनू३ऽनपात्। उच्यते। गर्भः। आसुरः॥ प० पा०

यहाँ, 'उदात्त' परे रहते, पूर्व-'पद्य' 'तनू' का 'ऊ' 'जात्य स्वरित' की तरह 'कम्प' के साथ उच्चारित होता है।

(ग) इन्द्रम्। कुत्सः। वृत्रऽहनम्। शची३ऽपतिम्॥ प० पा०

यहाँ, 'उदात्त' परे रहते, पूर्व-'पद्य' 'शची' का 'ई' 'जात्य स्वरित' की तरह 'कम्प' के साथ उच्चारित होता है।

(घ) तनूऽनपात्॥ प० पा०

पूर्व-'पद्य' ('तनू') और उत्तर-'पद्य' ('नपात्') को ३।२५ के समान न मिला हुआ समझने पर उपर्युक्त पद-पाठ होगा।

(ङ) शचीऽपतिम्॥ प० पा०

पूर्व-'पद्य' ('शची') और उत्तर-'पद्य' ('पतिम्') को ३।२५ के समान न मिला हुआ समझने पर उपर्युक्त पद-पाठ होगा।

---

[१] ऋ० ३।२९।११ [२] ऋ० १।१०६।६ [३] ऋ० १०।११०।२ [४] ऋ० १०।२४।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना चाहिए—"तनूनपादुच्यते"क; "वृत्रहणं शचीपतिम्।"ख

पृथक् रूप से (दो बार) **वा**—शब्द का (सूत्र में) उल्लेख तुल्य बल (योग) की निवृत्ति के लिए (किया गया है) (तात्पर्य यह है कि जात्यवत् तथा असंहितवत्-संहितवत्—ये दो पक्ष—समान बल वाले नहीं हैं)। इससे यह सिद्ध होता है कि 'जात्य' ('स्वरित') के तुल्य ही ('तनू' और 'शची' के अन्तिम अक्षरों का) अध्ययन हो, अन्य दो के तुल्य नहीं।ग दो उदात्तों वाले (पदों का) ही (यह विषय है)—(उदाहरण)"तनूनपात्पथ ऋतस्य"घ; "शचीपते शचीनाम्।"ङ (शङ्का) पदों का लक्षण नहीं करना चाहिए क्योंकि सिद्ध पदों में ही संहिता की प्रवृत्ति (होती है) [तात्पर्य यह है कि जो संहिता साध्य है उसका ही लक्षण करना चाहिए, सिद्ध पदों का लक्षण करना उचित नहीं है। इस प्रकार पद-पाठ से सम्बद्ध सूत्र (३।२३ से ३।२६ तक] अनावश्यक हैं]। (समाधान) ठीक कहते हो, किंतु जैसे पुष्प के साथ फल लाने में और लकड़ी के साथ मधु लाने में (कोई दोष नहीं है) उसी प्रकार यह है (अर्थात् साध्य संहिता के नियमों को बतलाते समय सिद्ध पदों के भी कतिपय नियम बतलाने में कोई दोष नहीं है)।

(उत्तरयोस्त्रिमात्रयोरन्त्यमात्रोच्चारणविषये मतद्वयम्)

त्रिमात्रयोरुत्तरयोरन्त्यापि प्रचयस्वरे।
मात्रा न्यस्ततरैकेषाम् ॥२७॥

(उत्तरवर्ती दो प्लुतों की अन्तिम मात्रा के उच्चारण के विषय में दो मत)

सू० अ०—बाद वाले दो 'प्लुत' (अक्षरों) की अन्तिम (मात्रा) 'प्रचय' 'स्वर' में (विद्यमान होने पर) 'अनुदात्ततर' ('न्यस्ततरा') (उच्चारित होती है)।

टि० (क) तनूऽनपात् ॥ प० पा०

पूर्व-'पद्य' ('तनू') और उत्तर-'पद्य' ('नपात्') को ३।२४ के समान मिला हुआ समझने पर उपर्युक्त पद-पाठ होगा।

(ख) शचीऽपतिम् ॥ प० पा०

पूर्व-'पद्य' ('शची') और उत्तर-'पद्य' ('पतिम्') को ३।२४ के समान मिला हुआ समझने पर उपर्युक्त पद-पाठ होगा।

(ग) तात्पर्य यह है कि ये तीन पक्ष समान बल वाले नहीं हैं। प्रथम पक्ष अन्य दो पक्षों से प्रबल है जिससे 'तनू' और 'शची' के अन्तिम अक्षरों को 'जात्य स्वरित' के समान मानकर यहाँ 'कम्प' होता है। ऋग्वेद की एकमात्र मुद्रित शाकल संहिता में इस पक्ष के अनुसार ही पद-पाठ उपलब्ध होता है, अन्य दो पक्षों के अनुसार नहीं।

(घ) त ऽनपात्। पथः। ऋतस्य ॥ प० पा०

(ङ) शचीऽपते। शचीनाम् ॥ प० पा०

इन प्रत्युदाहरणों में 'तनूऽनपात्' और 'शचीऽपते' दो उदात्तों वाले पद नहीं हैं, अतः इन्होंने 'जात्य स्वरित' के समान कार्य प्राप्त नहीं किया अर्थात् यहाँ 'कम्प' नहीं हुआ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—त्रीणि त्रिमात्राण्युक्तानि । तत्र त्रिमात्रयोरुत्तरयोरन्त्यापि मात्रा प्रचयस्वरे वर्तमाना एकेषाम् आचार्याणां मतेन; न्यस्ततरा=नीचतरा; स्यात् । उ॒परि॑ स्विदासी३त्"[१]; "न त्वा॒ भीरि॑व विन्दती॑३ ॥"[२]

उ० भा० अ०—तीन प्लुतों को (१।३१ में) कहा जा चुका है। उनमें; त्रिमात्रयोरुत्तरयोः=बाद वाले दो प्लुतों की; अन्त्यापि मात्रा=अन्तिम मात्रा; प्रचयस्वरे='प्रचय' 'स्वर' में वर्तमान होने पर; एकेषाम्=कतिपय आचार्यों के मत से; न्यस्ततरा='अनुदात्त' से नीची; (उच्चारित) होती है।[क] (जैसे) "उ॒परि॑ स्विदासी३त्"; "न त्वा॒ भीरि॑व विन्दती॑३।"

उभे व्याळिः समस्वरे ॥२८॥

सू० अ०—व्याळि (का मत है कि दोनों प्लुतों की अन्तिम) दो मात्रायें (अन्य मात्राओं के) समान 'स्वर' वाली (होती हैं)।

उ० भा०—व्याळिः त्वाचार्य उभे अन्त्ये मात्रे उभयोस्त्रिमात्रयोरितराभ्यां समस्वरे मन्यते। प्रचितस्वरे इत्यर्थः। उ॒परि॑ स्विदासी३त्"[३]; "न त्वा॒ भीरि॑व विन्दती॑३ ॥"[४]

उ० भा० अ०—व्याळिः=व्याळि आचार्य; तो अन्तिम; उभे=दोनों; (पूर्ववर्ती सूत्र में निर्दिष्ट) मात्राओं को; दोनों (बाद वाले) प्लुतों की अन्य दो मात्राओं के; समस्वरे=समान 'स्वर' वाली; मानते हैं (तात्पर्य यह है कि दोनों प्लुतों की सभी मात्रायें समान रूप से 'उदात्त' के समान ही उच्चारित होती हैं)। 'प्रचय' 'स्वर' वाली—यह अर्थ है। (जैसे) उ॒परि॑ स्विदासी३त्"; "न त्वा॒ भीरि॑व विन्दती॑३।"

(स्वरोच्चारणे केचिद्दोषाः)

असंदिग्धान्स्वरान्ब्रूयात् ॥२९॥

(स्वर के उच्चारण में कतिपय दोष)

सू० अ०—स्वरों का असंदिग्ध (संदेह से रहित) उच्चारण करना चाहिए।

उ० भा०—संदेहो नामास्पष्टता। उदात्तानुदात्तस्वरितप्रचितान् स्वरान्; (असंदिग्धान्=) असंदेहजनकान्; ब्रूयात् ॥

टि० (क) 'प्रचय' का उच्चारण 'उदात्त' के समान होता है। इस नियम के अनुसार इन दोनों निर्दिष्ट स्थलों पर भी 'प्रचय' 'स्वर'-विशिष्ट अक्षरों (प्लुतों) का उच्चारण 'उदात्त' के समान होना चाहिए था किंतु कतिपय आचार्यों का मत है कि इन दो 'प्लुत' अक्षरों की दो-दो मात्राओं का उच्चारण तो 'उदात्त' के ही समान होता है जबकि प्रत्येक (=दोनों) 'प्लुत' 'अक्षर' की अन्तिम (=तीसरी) मात्रा का उच्चारण 'अनुदात्त' से भी नीची ध्वनि से होता है।

---

[१] ऋ० १०।१२९।५ [२] ऋ० १०।१४६।१
[३] ऋ० १०।१२९।५ [४] ऋ० १०।१४६।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—संदेह का अर्थ है अस्पष्टता। 'उदात्त', 'अनुदात्त', 'स्वरित' और 'प्रचय'; **स्वरान्**=स्वरों का; (**असंदिग्धान्**=) (ऐसे उच्चारण करना चाहिए जिससे वे) संदेह को उत्पन्न न करें (तात्पर्य यह है कि 'उदात्त', 'अनुदात्त', 'स्वरित' और 'प्रचय' का इस प्रकार स्पष्ट रूप से उच्चारण करना चाहिए जिससे उनमें परस्पर संदेह न हो। ऐसा न हो कि श्रोता यह न समझ सके कि अमुक 'स्वर' 'उदात्त' है या 'अनुदात्त' आदि)।

अविकृष्टान् ॥३०॥

सू० अ०—(स्वरों को संधि के स्थल पर) पृथक्-पृथक् करके नहीं (उच्चारण करे)।

उ० भा०—**विकर्षो नामासुश्लिष्टता स्वराणां स्वरैः सह। स्वरसंधीनुपश्लिष्टान् कुर्यादित्यर्थः ॥**

उ० भा० अ०—स्वरों का स्वरों के साथ अच्छी प्रकार न मिलना ('असुश्लिष्टता') ही **विकर्ष** है। स्वरों की संधियों का (ऐसे उच्चारण) करे जिससे संधिज 'स्वर' पृथक्-पृथक् न सुनाई पड़ें—यह अर्थ है।

अकम्पितान् ॥३१॥

सू० अ०—(स्वरों का) कम्प (दोष) से रहित (अकम्पित) (उच्चारण करना चाहिए)।

उ० भा०—**कम्पनं नाम स्वराश्रितपाठदोषः, प्रायेण दाक्षिणात्यानां भवति। तमुपलक्ष्य स वर्ज्यः ॥**

उ० भा० अ०—**कम्पन** स्वरों का पाठ-दोष ह जो प्रायण दक्षिण भारत के वेदज्ञों में होता है। उस दोष को भली-भाँति समझकर उससे बचना चाहिए।

स्वरितं नातिनिर्हण्यात् ॥३२॥

सू० अ०—**'स्वरित'** को अत्यधिक न खींचे।

उ० भा०—**नातिप्रेरयेत्स्वरितमाक्षेपेण ॥**

उ० भा० अ०—'स्वरित' को तिर्यग्गमन ('आक्षेप') के द्वारा अत्यधिक न खींचे।

पूर्वौ नातिविवर्तयेत् ॥३३॥

सू० अ०—पूर्व वाले दो ('उदात्त' और अनुदात्त') को अत्यधिक दूर (ऊपर या नीचे) न ले जाये।

उ० भा०—**पूर्वौ**=उदात्तानुदात्तौ; उक्तौ। **नातिविवर्तयेत्**=आयामविश्रम्भाभ्यां नातिदूरं नयेत् ॥

उ० भा० अ०—**पूर्वौ**=पूर्व के दो (स्वरों)='उदात्त' और 'अनुदात्त' को; कह चुके हैं। **नातिविवर्तयेत्**=उच्चारणावयवों के ऊर्ध्वगमन ('आयाम') और उच्चारणावयवों के

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधोगमन ('विश्रम्भ') के द्वारा अति दूर न ले जावे (अर्थात् 'उदात्त' और 'अनुदात्त' के उच्चारण के समय उच्चारणाययवों को क्रमशः बहुत ऊपर और बहुत नीचे न ले जावे)।

(स्वरितविशेषेषु कम्पविधानम्)

जात्योऽभिनिहितश्चैव क्षैप्रः प्रश्लिष्ट एव च।
एते स्वाराः प्रकम्पन्ते यत्रोच्चस्वरितोदयाः ॥३४॥

(स्वरितविशेषों में कम्प का विधान)

सू० अ०—'उदात्त' ('उच्च') या 'स्वरित' बाद में हो तो 'जात्य', 'अभिनिहित', 'क्षैप्र' और 'प्रश्लिष्ट'—ये ('स्वरित') 'स्वर' 'कम्प' को प्राप्त करते हैं अर्थात् ये 'कम्प' के साथ उच्चारित होते हैं।[क]

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यसूत्रभाष्ये तृतीयं स्वरपटलम् ॥

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक
प्रातिशाख्यसूत्रभाष्य में तृतीय स्वर-पटल समाप्त हुआ।

टि० (क) 'कम्प' के लिए पृ० २१८ पर टि० (घ) को देखिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४ : संधि-पटलम्

अवशंगम आस्थापितः संधिः
वशंगम आस्थापितः संधिः
परिपन्नः (वशंगमः) संधिः
अन्तःपातसंज्ञाः संधयः
ऊष्म (=विसर्जनीय) संधेरधिकारसूत्रम्
कानिचिन्निपातनानि

विसर्जनीयसंधयः

नियतप्रश्रितसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी
रेफसंधयः (=विसर्जनीयस्य रेफः)
अकामनियतसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी
व्यापन्नविक्रान्तसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी
अन्वक्षरवक्त्रसंज्ञो विसर्जनीयसंधिः
विसर्जनीयस्याव्यापत्तिः
विसर्जनीयसंधिविषये निपातनानि
उपाचरितसंज्ञो विसर्जनीयसंधिः

नकारविकाराः

आन्पदाः पदवृत्तयो नाम संधयः
(=नकारस्य लोपः)
विवृत्त्यभिप्रायाः संधयः
स्पर्शरेफसंधयः (=नकारस्य रेफः)
नकारस्य प्रकृतिभावः
स्पर्शोष्मसंधयः (=नकारस्य
विसर्जनीयवत्त्वम्)
नकारस्य लोपरेफोष्मभावे
पूर्वस्वरस्यानुनासिकत्वम्
प्रसङ्गादन्यत्रापि अनुनासिकस्वरनिर्देशः
ईमित्यस्यान्तलोपः
शौद्धाक्षराः संधयः (=शकारषकार-
सकाररेफागमाः)
पदान्ते आकारस्य अकारः
विसर्जनीयसंधिविषये निपातनानि
अन्यानि निपातनानि (=पदमध्ये
पदादौ वा धकारस्य दकारो घकारस्य
गकारश्च)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—चत्वारः संधयः। तद्यथा पूर्वे स्वराः व्यञ्जनान्युत्तराण्यनुलोमा अन्वक्षर-संधयः। पूर्वाणि व्यञ्जनान्युत्तरे स्वराः प्रतिलोमा अन्वक्षरसंधयः। स्वरसंधिस्तु प्रश्लेषाद्यनेक-प्रकार उक्तः। इदानीं परिशिष्टो व्यञ्जनसंधिरुच्यते—

उ० भा० अ०—संधियाँ चार (प्रकार की होती हैं)। जैसे पूर्ववर्ती (=पदान्त) 'स्वर' और परवर्ती (=पदादि) 'व्यञ्जन' हों तो 'अनुलोम अन्वक्षर' संधियाँ (होती हैं)। पूर्ववर्ती (=पदान्त) 'व्यञ्जन' हों और परवर्ती (=पदादि) 'स्वर' हों तो 'प्रतिलोम अन्वक्षर' संधियाँ (होती हैं)। 'स्वर'-संधि तो 'प्रश्लिष्ट' आदि भेद से अनेक प्रकार की (द्वितीय पटल में) कही जा चुकी है। अब बची हुई (अर्थात् अनुक्त) 'व्यञ्जन'-संधि को (सूत्रकार) कहते हैं—

(अवशंगम आस्थापितः संधिः)

स्पर्शाः पूर्वे व्यञ्जनान्युत्तरा—
ण्यास्थापितानामवशंगमं तत् ॥१॥

(अवशंगम आस्थापित संधि)

सू० अ०—**'स्पर्श'** पूर्ववर्ती (=पदान्त) हों (और) **'व्यञ्जन'** परवर्ती (=पदादि) हों तो **'आस्थापित'** (संधियों) में वह **'अवशंगम'** (संधि कहलाती है)।

उ० भा०—स्पर्शाः पूर्वे, सर्वाण्येव व्यञ्जनान्युत्तराणि, आस्थापितानां संधीनां मध्ये अवशंगमं नाम तत् संधानं वेदितव्यम्। यत्र द्वयोर्व्यञ्जनयोरविकारः सोऽवशंगमः संधिः। "आरैक्पन्थां यातवे"[1]; "वषट् ते विष्णवास आ कृणोमि"[2]; "सूर्यां यत्पत्ये शंसन्तीम्"[3]; "विश्वे देवा अनु तद्वामजानन्पुत्रः"[4]; "इमम्मे वरुण श्रुधी हवम्।"[5]

आस्थापिता व्यञ्जनसंधय उक्ताः। ते च द्विविधाः। तत्रावशंगमा उक्ताः। वशंग-मार्थ आरम्भः—

उ० भा० अ०—**स्पर्शाः पूर्वे**='स्पर्श' पूर्ववर्ती (=पदान्त) हों; (और) सभी; **व्यञ्जनान्युत्तराणि**='व्यञ्जन' परवर्ती (=पदादि) हों तो; **आस्थापितानाम्**='आस्थापित' संधियों के मध्य में; **तत्**=उसे; **अवशंगमम्**='अवशंगम' नामक संधि; जानना चाहिए (अर्थात् 'स्पर्श' पदान्त और 'व्यञ्जन' पदादि हों तो वहाँ 'अवशंगम' संधि होती है। इस संधि म 'स्पर्श' और 'व्यञ्जन' पास-पास में आ जाते हैं, कोई विकार नहीं होता)। (जैसे) "आरैक्पन्थां यातवे"क; "वषट् ते विष्णवास आ कृणोमि"ख; "सूर्यां यत्पत्ये शंसन्तीम्"ग;

टि० (क) आरैक्। पन्थाम्। यातवे॥ प० पा०
(ख) वषट्। ते। विष्णो इति। आसः। आ। कृणोमि॥ प० पा०
(ग) सूर्याम्। यत्। पत्ये। शंसन्तीम्॥ प० पा०

---

[1] ऋ० १।११३।१६ [2] ऋ० ७।९९।७ [3] ऋ० १०।८५।९
[4] ऋ० १०।८५।१४ [5] ऋ० १।२५।१९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"विश्वे देवा अनु तद्वामजानन्पुत्रः"क; "इमम्मे वरुण श्रुधी हवम् ।"ख

'व्यञ्जन'-संधियों को 'आस्थापित' कहा गया है। वे ('व्यञ्जन'-संधियाँ, 'आस्थापित') दो प्रकार की हैं। उनमें से (प्रथम) 'अवशंगम' (४।१ में) कह दी गई है। (द्वितीय) 'वशंगम' का विषय आरम्भ (किया जाता है)—

(वशंगम आस्थापितः संधिः)

घोषवत्पराः प्रथमास्तृतीयान्स्वान् ॥२॥

(वशंगम आस्थापितः संधि)

सू० अ०—'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में हों तो (सभी वर्गों के) प्रथम ('स्पर्श') अपने (वर्ग के) तृतीय ('स्पर्श') हो जाते हैं।

उ० भा०—(घोषवत्पराः=) घोषवद्व्यञ्जनपराः; प्रथमाः स्पर्शाः; (स्वान्=) स्ववर्गीयान्; तृतीयान् स्पर्शानापद्यन्ते। "यद्वाग्वदन्त्यविचेतनानि"१; "आ चतुर्भिरा षड्भिर्हूयमानः"२; "यद्वा दिवि पार्ये सुष्विमिन्द्र ।"३ स्वान् इत्युत्तरसूत्रार्थं कृतम्। इह तु यथान्तरपरिभाषयापि सिध्यति ॥

उ० भा० अ०—(घोषवत्पराः=) 'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में (=पदादि) हों तो; प्रथमाः स्पर्शाः=(वर्गों के) प्रथम 'स्पर्श' (=पदान्त); (स्वान्=) अपने वर्ग के; तृतीयान्=तृतीय 'स्पर्श'; हो जाते हैं (अर्थात् 'सघोष' 'व्यञ्जन' परे होने पर प्रत्येक वर्ग का प्रथम 'स्पर्श' अपने वर्ग का तृतीय 'स्पर्श' हो जाता है)। (जैसे) "यद्वाग्वदन्त्यविचेतनानि"ग; "आ चतुर्भिरा षड्भिर्हूयमानः"घ; "यद्वा दिवि पार्ये सुष्विमिन्द्र ।"ङ

स्वान्—इस (पद का ग्रहण) परवर्ती सूत्र के लिए किया गया है। यहाँ तो यथान्तरपरिभाषा से भी सिद्ध हो जाता है।च

टि० (क) विश्वे। देवाः। अनु। तत्। वाम्। अजानन्। पुत्रः॥ प० पा०

(ख) इमम्। मे। वरुण। श्रुधि। हवम्॥ प० पा०

इन सभी उदाहरणों में 'स्पर्श' पदान्त और 'व्यञ्जन' पदादि हैं। संधि हो जाने पर 'स्पर्श' और 'व्यञ्जन' केवल पास-पास में आ गए हैं, कोई विकार नहीं हुआ है। अतः 'अवशंगम' संधि है।

(ग) यत्। वाक्। वदन्ती। अविऽचेतनानि॥ प० पा०

(घ) आ। चतुःऽभिः। आ। षट्ऽभिः। हूयमानः॥ प० पा०

(ङ) यत्। वा। दिवि। पार्ये। सुस्विम्। इन्द्र॥ प० पा०

(च) तात्पर्य यह है कि "असावमुमिति तद्भावमुक्तं यथान्तरम्" (१।५६) इस सूत्र में यह कहा जा चुका है कि कोई भी वर्ण स्थानादि की दृष्टि से अपने सर्वाधिक सन्निकृष्ट वर्ण में ही परिणत होता है। इस परिभाषा के अनुसार 'वर्ग' का प्रथम 'स्पर्श' अपने वर्ग का ही तृतीय 'स्पर्श' होगा। अतः इस सूत्र में 'स्वान्' पद का उल्लेख करना आवश्यक नहीं था तथापि परवर्ती सूत्र (४।३) के लिए 'स्वान्' पद का उल्लेख किया गया है।

---

१ ऋ० ८।१००।१० २ ऋ० २।१८।४ ३ ऋ० ६।२३।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तमानुत्तमेषूदयेषु ॥३॥

सू० अ०—अन्तिम (उत्तम) ('स्पर्श') बाद में हों तो (वर्ग के प्रथम 'स्पर्श' अपने) अन्तिम (उत्तम) ('स्पर्श') (हो जाते हैं)।

उ० भा०—प्रथमाः स्पर्शाः स्वान् उत्तमान् आपद्यन्त उत्तमेषूदयेषु सत्सु। "अर्वाङ्ङ नरा दैव्येनावसा गतम्"[१]; "बण्महाँ असि सूर्य"[२]; "तन्नो मित्रो वरुणः।"[३] स्वान् इत्युच्यते परवर्गीयेष्वपि पञ्चमेषूदयेषु सत्सु पदान्तीयपञ्चमो यथा स्यान्न तु परकीयपञ्चमः। स्पष्टार्थं वा॥

उ० भा० अ०—(वर्गों के) प्रथम 'स्पर्श' अपने 'वर्ग' के; **उत्तमान्**=अन्तिम ('स्पर्श'); हो जाते हैं; **उत्तमेषूदयेषु**=(वर्गों के) अन्तिम 'स्पर्श' बाद में हों तो (अर्थात् किसी भी 'वर्ग' का अन्तिम 'स्पर्श' बाद में (=पदादि) हो तो 'वर्ग' का प्रथम 'स्पर्श' (=पदान्त) अपने 'वर्ग' का अन्तिम 'स्पर्श' हो जाता है)। (जैसे) "अर्वाङ्ङ नरा दैव्येनावसा गतम्"क; "बण्महाँ असि सूर्य"ख "तन्नो मित्रो वरुणः।"ग **स्वान्**—इसलिए कहा है जिससे दूसरे 'वर्ग' का पञ्चम (अन्तिम) 'स्पर्श' भी बाद में (=पदादि) होने पर (प्रथम 'स्पर्श') अपने 'वर्ग' का ही पञ्चम (अन्तिम) होवे, परवर्ती ('स्पर्श') (के 'वर्ग') का पञ्चम नहीं (अर्थात् प्रथम 'स्पर्श' (पदान्त) अपने 'वर्ग' के पञ्चम 'स्पर्श' में ही परिणत होता है चाहे बाद में (=पदादि) किसी भी 'वर्ग' का पञ्चम 'स्पर्श' हो)। अथवा ('**स्वान्**' पद का ग्रहण) स्पष्टता के लिए (किया गया है)।घ

टि० (क) अर्वाक्। नरा। दैव्येन। अवसा। आ। गतम्॥ प० पा०

(ख) बट्। महान्। असि। सूर्य॥ प० पा०

(ग) तत्। नः। मित्रः। वरुणः॥ प० पा०

इन तीनों उदाहरणों में (वर्गों के) पञ्चम 'स्पर्श' बाद में (=पदादि) रहते प्रथम 'स्पर्श' (पदान्त) अपने 'वर्ग' के पञ्चम 'स्पर्श' हो गए हैं।

(घ) ४।२ में उल्लिखित 'स्वान्' पद की उपयोगिता के विषय में ४।२ के भाष्य में भाष्यकार ने कहा था कि 'स्वान्' पद का ग्रहण ४।२ के लिए नहीं अपितु ४।३ के लिए किया गया है। प्रस्तुत सूत्र (४।३) के भाष्य में सूत्रकार कह रहे हैं कि 'स्वान्' पद के कारण ही यहाँ प्रथम 'स्पर्श' (पदान्त) अपने 'वर्ग' के पञ्चम 'स्पर्श' में ही परिणत होता है यद्यपि बाद में अन्य 'वर्ग' का पञ्चम 'स्पर्श' विद्यमान हो। किंतु यदि कोई कहे कि यहाँ भी प्रथम 'स्पर्श' यथान्तर-परिभाषा से ही अपने 'वर्ग' का पञ्चम 'स्पर्श' होता है तब 'स्वान्' पद का ग्रहण स्पष्टता के लिए किया गया है जिससे कोई व्यक्ति यह न समझ बैठे कि दूसरे वर्ग का पञ्चम 'स्पर्श' बाद में (=पदादि) होने पर प्रथम 'स्पर्श' (=पदान्त) उस परवर्ती पञ्चम 'स्पर्श' में परिणत हो जाता है। 'स्वान्' पद के कथन से विषय पूर्णतया स्पष्ट हो जाता है।

---

[१] ऋ० ७।८२।८ [२] ऋ० ८।१०१।११ [३] ऋ० १।१०९।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वैः प्रथमैरुपधीयमानः
शकारः शाकल्यपितुश्छकारम् ॥४॥

सू० अ०—शाकल्य के पिता के मत से सभी प्रथम 'स्पर्श' (वर्णों) से बाद में आने वाला शकार छकार हो जाता है।

उ० भा०—सर्वैः प्रथमैः स्पर्शैः उपधीयमानः शकारः शाकल्यपितुः मतेन छकारम् आपद्यते। "शृङ्गेव नः प्रथमाः गन्तमर्वाक्छफाविव"[१]; "विपाट्छुतुद्री पयसा।"[२] सर्वग्रहणं क्रियते—"ङकारेऽघोषोष्मपरेऽन्तरैके ककारम्"[३]—इत्येवमाद्यन्तःपातप्राप्त्यर्थम्। "तवायं सोमस्त्वमेह्यर्वाङ्क्छश्वत्तमम्"[४]; "घनेव वज्रिञ्च्छ्नथिहि॥"[५]

उ० भा० अ०—सर्वैः प्रथमैः=सभी प्रथम 'स्पर्श' (वर्णों) से (अर्थात् किसी भी 'वर्ग' के प्रथम 'स्पर्श' से=क् या च् या ट् या त् या प् से); **उपधीयमानः**=उपहित होने वाला=बाद में आने वाला; **शकारः**=शकार; **शाकल्यपितुः**=शाकल्य के पिता के मत से; **छकारम्**=छकार; हो जाता है (अर्थात् पूर्व में किसी भी 'वर्ग' का प्रथम 'स्पर्श' हो तो परवर्ती शकार छकार में परिणत हो जाता है)। (जैसे) "शृङ्गेव नः प्रथमा गन्तमर्वाक्छफाविव"क; "विपाट्छुतुद्री पयसा।"ख "ङकार के परे 'अघोष' 'ऊष्मन्' हो तो दोनों के बीच में एक ककार (का आगम हो जाता है)" इत्यादि अन्तःपातों की प्राप्ति के लिए 'सर्व' (शब्द) का (सूत्र में) ग्रहण (किया गया है) (अर्थात् शकार चाहे स्वाभाविक ककारादि से बाद में हो और चाहे 'अन्तःपात' वाले ककारादि से बाद में हो दोनों ही अवस्थाओं में वह छकार हो जाता है)। (जैसे) "तवायं सोमस्त्वमेह्यर्वाङ्क्छश्वत्तमम्"ग; "घनेव वज्रिञ्च्छ्नथिहि।"घ

पदान्तैस्तैरेव तृतीयभूतै-
स्तेषां चतुर्थानुदयो हकारः ॥५॥

सू० अ०—(शाकल्य) के पिता के मत से पद के अन्त में विद्यमान (तथा अपने तृतीय ('स्पर्श' वर्णों) में परिणत उन्हीं ('वर्ग' के प्रथम 'स्पर्श' वर्णों) से (उपहित=बाद में आने वाला) परवर्ती (=पदादि) हकार उन ('वर्ग' के प्रथम 'स्पर्श' वर्णों) का चतुर्थ ('स्पर्श') (हो जाता है)।

टि० (क) शृङ्गाऽइव। नः। प्रथमा। गन्तम्। अर्वाक्। शफौऽइव॥ प० पा०

(ख) विऽपाट्। शुतुद्री। पयसा॥ प० पा०

इन दोनों ही उदाहरणों में प्रथम 'स्पर्श' वर्णों (=ककार और टकार) से बाद में स्थित पदादि शकार छकार हो गया है।

(ग) तव। अयम्। सोमः। त्वम्। आ। इहि। अर्वाङ्। शश्वत्ऽतमम्॥ प० पा०

(घ) घनाऽइव। वज्रिन्। श्नथिहि॥ प० पा०

इन दोनों उदाहरणों में 'अन्तःपात' से प्राप्त प्रथम 'स्पर्श' वर्णों (=ककार और चकार) से बाद में स्थित पदादि शकार छकार हो गया है।

---

[१] ऋ० २।३९।३ [२] ऋ० ३।३३।१ [३] ४।१६
[४] ऋ० ३।३५।६ [५] ऋ० १।६३।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—(**पदान्तैस्तैरेव** =) पदस्यान्तभूतैरेव प्रथमैः स्पर्शैः; **न तु**—"ङकारेऽघोषोष्मपरे"[१] इत्येवमादिभिरन्तःपातैः। (**तृतीयभूतैः** =) तृतीयत्वं प्राप्तैः; उपहितो **हकारः तेषाम् एव** प्रथमानां **चतुर्थान्** आपद्यते; (**उदयः** =) उदयभूतः; शाकल्यपितुर्मतेन। "आ तू न इन्द्र मद्रचग्घुवानः"[२]; "अवाड् ढव्यानि सुरभीणि कृत्वी।"[३] **पदान्तैस्तैरेव तृतीयभूतैः** इत्यवाच्यम्। हकारस्य चतुर्थभावं कृत्वा पश्चात्—"घोषवत्पराः प्रथमास्तृतीयान्"[४]—इत्यनेन तृतीयभावं करिष्यामः। तथा तावद्रूपं भवति, लघु च सूत्रं स्यात्। नैतदस्ति। परस्य पदादेरदृष्टत्वात्तृतीयभावो दुर्लभः स्यात्। तस्मात्साधूक्तं **पदान्तैस्तैरेव तृतीयभूतैः** इति॥

उ० भा० अ०—(**पदान्तैस्तैरेव** =) पद के अन्त में विद्यमान प्रथम 'स्पर्श' (वर्णों) से ही; "ङकार के परे 'अघोष' 'ऊष्मन्' हो तो (उन दोनों के) बीच में एक ककार का आगम (हो जाता है)" इत्यादि अन्तःपातों से नहीं[क]; (**तृतीयभूतैः** =) तृतीयत्व को प्राप्त से; उपहित; **हकारः तेषाम्** = हकार उन्हीं प्रथम ('स्पर्श' वर्णों) का; **चतुर्थान्** = चतुर्थ ('स्पर्श') हो जाता है; (**उदयः** =) बाद में स्थित (=पदादि); शाकल्य के पिता के मत से (अर्थात् पद के अन्त में आने वाले तथा अपने तृतीय 'स्पर्श' को प्राप्त प्रथम 'स्पर्श' से बाद में आने वाला पदादि हकार उस पूर्ववर्ती 'स्पर्श' का चतुर्थ हो जाता है)। (जैसे) "आ तू न इन्द्र मद्रचग्घुवानः।"[ख] "अवाड् ढव्यानि सुरभीणि कृत्वी।"[ग] (शंका) "पद के अन्त में विद्यमान (तथा अपने) तृतीय ('स्पर्श' वर्णों) में परिणत (प्रथम 'स्पर्श' वर्णों) से (उपहित)"—यह नहीं कहना चाहिए। (इस अंश के न होने पर बचे हुए सूत्र से)

टि० (क) भाष्यकार का यह कथन है कि ककारादि जो प्रथम 'स्पर्श' पदान्त होते हैं उनके बाद में आने वाला ही पदादि हकार विहित कार्य को प्राप्त करता है। 'अन्तःपात' के रूप में प्राप्त ककारादि प्रथम 'स्पर्श' वर्णों के बाद में आने वाला हकार विहित कार्य को प्राप्त नहीं करता है।

'अन्तःपात'-संज्ञक संधियों (४।१६-१८) के अध्ययन से ज्ञात होता है कि हकार परे रहते कोई भी वर्ण 'अन्तःपात' के रूप में नहीं आता है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर भाष्यकार का यह कहना अनावश्यक ही प्रतीत होता है कि 'अन्तःपात' के रूप में आये हुये प्रथम 'स्पर्श'-वर्णों से बाद में आने वाला हकार चतुर्थ 'स्पर्श' नहीं होता।

(ख) आ। तु। नः। इन्द्र। मद्रचक्। हुवानः। प० पा०

४।१ के अनुसार 'मद्रचक्' का ककार गकार हो गया है। पद के अन्त में स्थित तथा अपने तृतीय (=गकार) में परिणत प्रथम 'स्पर्श' (=ककार) से बाद में स्थित हकार प्रस्तुत सूत्र से प्रथम 'स्पर्श' (=ककार) के चतुर्थ 'स्पर्श' (=घकार) में परिणत हो गया है।

(ग) अवाट्। ढव्यानि। सुरभीणि। कृत्वी॥ प० पा०

प्रस्तुत सूत्र से हकार ढकार में परिणत हो गया है।

---

१ ४।१६ २ ऋ० ३।४१।१

३ ऋ० १०।१५।१२ ४ ४।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हकार का चतुर्थ 'स्पर्श' करके उसके पश्चात्—"'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में हों तो ('वर्ग' के) प्रथम 'स्पर्श' (अपने 'वर्ग' के) तृतीय 'स्पर्श' हो जाते हैं"—इस (सूत्र से) (प्रथम 'स्पर्श' को) तृतीय ('स्पर्श') बना लेंगे। ऐसा करने पर वही रूप ("अवाड् ढव्यानि" आदि) सिद्ध हो जाता है और सूत्र भी लघु हो जायेगा। (समाधान) यह (उचित) नहीं है। (हकार के स्थान पर आया हुआ) परवर्ती (चतुर्थ 'स्पर्श') (पद-पाठ में) पद के आदि में दिखलाई नहीं पड़ता है, इसलिए (प्रथम 'स्पर्श' का) तृतीयभाव (=तृतीय 'स्पर्श' में परिवर्तित हो जाना) दुर्लभ होगा। इसलिए यह ठीक कहा गया है कि "पद के अन्त में विद्यमान (तथा अपने) तृतीय ('स्पर्श' वर्णों) में परिणत (प्रथम 'स्पर्श' वर्णों) से (उपहित)।"क

विस्थाने स्पर्श उदये मकारः
सर्वेषामेवोदयस्योत्तमं स्वम् ॥६॥

सू० अ०—अन्य स्थान वाला 'स्पर्श' बाद में हो तो मकार सभी (आचार्यों) के (मत से) परवर्ती ('स्पर्श') का अपना पञ्चम (उत्तम) ('स्पर्श') (हो जाता है)।

उ० भा०—**विस्थाने**=अन्यस्थाने; **स्पर्शे**; **उदये**=परभूते; **मकारः सर्वेषामेव आचार्याणां मतेन**; **(उदयस्य=) उदयभूतस्य**; **उत्तमम्**=पञ्चमम्; **स्वम्** आपद्यते। **"यङ्कुमार नवं रथम्।"**[१] **"अहञ्च त्वञ्च वृत्रहन्।"**[२] **"तन्मे माता परि योषा जनित्री।"**[३] **विस्थानग्रहणं च वशंगमसंधिज्ञापनार्थम्। पवर्गे तु वशंगमो न भवति।**

उ० भा० अ०—**विस्थाने**=अन्य 'स्थान' वाला; **स्पर्शे**='स्पर्श' (वर्ण); **उदये**=बाद में होने पर; **मकारः**=मकार; **सर्वेषामेव**=सभी; आचार्यों के मत से; **(उदयस्य=)** परवर्ती (=पदादि) ('स्पर्श') का; **स्वम्**=अपना; **उत्तमम्**=पञ्चम ('स्पर्श'); हो जाता है [अर्थात् मकार (पदान्त) के बाद में यदि कोई अन्य 'स्थान' वाला 'स्पर्श' (पदादि) हो तो वह मकार उस बाद वाले 'स्पर्श' का पञ्चम 'स्पर्श' हो जाता है]। (जैसे)

टि० (क) शंकाकार का कथन है कि इस सूत्र में इतना ही विधान करना पर्याप्त था कि 'वर्ग' के प्रथम 'स्पर्श' (पदान्त) के बाद में आने वाला हकार (पदादि) उस प्रथम 'स्पर्श' के चतुर्थ 'स्पर्श' में परिणत हो जाता है। इसके अनुसार पदादि हकार चतुर्थ 'स्पर्श' में परिणत हो जाता और इसके पश्चात् ४।२ के अनुसार प्रथम 'स्पर्श' (पदान्त) अपने तृतीय 'स्पर्श' में परिणत हो जाता है। ऐसा करने पर वही रूप सिद्ध हो जाता है और सूत्र भी लघु हो जाता है।

इसके उत्तर में भाष्यकार का कहना है कि पहले हकार (पदादि) को चतुर्थ 'स्पर्श' में परिणत करके तदनन्तर उस चतुर्थ 'स्पर्श' को निमित्त मानकर पूर्ववर्ती प्रथम 'स्पर्श' तृतीय 'स्पर्श' नहीं हो सकता क्योंकि यह परवर्ती चतुर्थ 'स्पर्श' पद-पाठ में दिखलाई नहीं देता है। पद-पाठ में जो दिखलाई देता है उसी को निमित्त मानकर पूर्ववर्ती प्रथम 'स्पर्श' तृतीय 'स्पर्श' हो सकता है। अतः प्रस्तुत सूत्र ठीक है। इसमें परिवर्तन नहीं हो सकता।

---

[१] ऋ० १०।१३५।३ [२] ऋ० ८।६२।११ [३] ऋ० ३।४८।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"यङ्कुमार नवं रथम्"[क]; "अहञ्च त्वञ्च वृत्रहन्"[ख]; 'तन्मे माता परि योषा जनित्री।"[ग] (सूत्र में) **विस्थान** (पद) का ग्रहण 'वशंगम' संधि को बतलाने के लिए (किया गया है)। (समान स्थान वाले) पवर्ग (का 'स्पर्श') बाद में हो तो 'वशंगम' संधि नहीं होती है (अर्थात् पवर्ग का कोई 'स्पर्श' बाद में हो तो मकार में कोई परिवर्तन नहीं होता, अतः 'विस्थाने' का सूत्र में ग्रहण किया है क्योंकि 'वशगम' संधि का प्रसङ्ग चल रहा है)।

अन्तस्थासु रेफवर्जं परासु
तां तां पदादिष्वनुनासिकां तु ॥७॥

सू० अ०—पद के आदि में विद्यमान रेफव्यतिरिक्त 'अन्तःस्था'(-वर्ण) बाद में हों तो (मकार) उस-उस अनुनासिक ('अन्तःस्था') में (परिणत हो जाता है)।

उ० भा०—स एव मकारः अन्तःस्थासु; (पदादिषु=) पदादिभूतासु; (रेफवर्जम्=) रेफवर्जितासु; परासु सतीषु तां ताम् अन्तःस्थामापद्यते; यदि नाम अनुनासिकाम्। "यꣳयꣳयुजं कृणुते।"[१] "भद्रैषाꣳलक्ष्मीः।"[२] "तꣳव इन्द्रं न सुक्रतुम्।"[३] पदादिग्रहणं क्रियते पदमध्ये वशंगमसंधिनिवृत्त्यर्थम्। "अम्यक्सा त इन्द्र ऋष्टिः"[४]—नात्र मकारस्यान्तःस्थाभावः॥

उ० भा० अ०—वही मकारः **अन्तःस्थासु**=अन्तःस्था (-वर्ण) परे होने पर; **(पदादिषु=)** पद के आदि में विद्यमान; **(रेफवर्जम्=)** रेफ को छोड़कर; **परासु**=बाद में होने पर; **तां ताम्**=वह वह; 'अन्तःस्था' हो जाता है; **(अनुनासिकाम्=)** 'अनुनासिक' ('अन्तःस्था')। (अर्थात् पदादि 'अन्तःस्था' बाद में हो तो पदान्त मकार 'अनुनासिक' 'अन्तःस्था' में परिणत हो जाता है)। (जैसे) "यꣳयꣳयुजं कृणुते"[घ]; "भद्रैषाꣳलक्ष्मीः।"[ङ] "तꣳव इन्द्रं न सुक्रतुम्।"[च] **पदादि** (शब्द) का (सूत्र में) ग्रहण पद के मध्य में 'वशंगम' संधि की निवृत्ति के लिए (किया गया है)। (जैसे) "अम्यक्सा त इन्द्र ऋष्टिः"[छ]—यहाँ पर (मकार पद के मध्य में है इसलिए) मकार 'अन्तःस्था' नहीं हुआ है।

टि० (क) यम्। कुमार। नवम्। रथम्॥ प० पा०

(ख) अहम्। च। त्वम्। च। वृत्रञ्हन्॥ प० पा०

(ग) तम्। ते। माता। परि। योषा। जनित्री॥ प० पा०

(घ) यम्ऽयम्। युजम्। कृणुते॥ प० पा०

पदादि यकार बाद में होने के कारण पदान्त मकार 'अनुनासिक यकार' (यँ) हो गया है।

(ङ) भद्रा। एषाम्। लक्ष्मीः॥ प० पा०

(च) तम्। वः। इन्द्रम्। नः। सुऽक्रतुम्॥ प० पा०

(छ) अम्यक्। सा। ते। इन्द्र। ऋष्टिः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० २।२५।१ [२] ऋ० १०।७१।२ [३] ऋ० ६।४८।१४
[४] ऋ० १।१६९।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा नकार उदये लकारे ॥८॥

सू० अ०—उसी प्रकार लकार बाद में हो तो नकार ('अनुनासिक' लकार हो जाता है)।

उ० भा०—(तथा=) तेनैव प्रकारेण; नकारः लकारे; (उदये=) परभूते; लकारमेवानुनासिकमापद्यते। "श्वघ्नीव यो जिगीवाँल्लक्षमादत्।"[१]

उ० भा० अ०—(तथा=) उसी प्रकार; नकारः=नकार; लकारे=लकार; (उदये=) बाद में (=पदादि) होने पर; 'अनुनासिक' लकार हो जाता है (अर्थात् नकार पदान्त हो और लकार पदादि हो तो नकार 'अनुनासिक' लकार (ल्ँ) होता है)। (जैसे) "श्वघ्नीव यो जिगीवाल्ँलक्षमादत्।"क

ञकारं शकारचकारवर्गयोः ॥ ॥

सू० अ०—शकार और चवर्ग (का कोई वर्ण) बाद में हो तो (नकार) ञकार (हो जाता है)।

उ० भा० स एव नकारः ञकारम् आपद्यते; (शकारचकारवर्गयोः=) शकारे चवर्गे च प्रत्यये। "घनेव वञ्चिञ्छ्नथिहि।"[२] "मघवञ्छग्धि तव तन्नः।"[३] "आस्माञ्जगम्यादहिशुष्म सत्वा।"[४]

उ० भा० अ०—वही नकार; ञकारम्=ञकार; हो जाता है; (शकारचकारवर्गयोः=) शकार और चवर्ग बाद में होने पर (अर्थात् नकार पदान्त हो और शकार या चवर्ग का कोई वर्ण पदादि हो तो वह पदान्त नकार ञकार हो जाता है)। (जैसे) "घनेव वञ्चिञ्छ्नथिहि।"ख "मघवञ्छग्धि तव तन्नः।"ग "आस्माञ्जगम्यादहिशुष्म सत्वा।"घ

तकारो जकारलकारयोस्तौ ॥१०॥

सू० अ०—जकार और लकार बाद में हों तो तकार (क्रमशः) उन दोनों (में परिणत हो जाता है)।

उ० भा०—तकारो जकारलकारयोः परभूतयोः तौ एवापद्यते जकारे जकारं लकारे लकारम्। "ऋष्वा ते पादा प्र यजिगासि।"[५] "अङ्गादङ्गाल्लोम्नोलोम्नः॥"[६]

उ० भा० अ०—तकारः=तकार; जकारलकारयोः=जकार और लकार बाद में (=पदादि) होने पर; तौ=वे; ही हो जाता है—जकार बाद में (=पदादि) हो तो (तकार) जकार (हो जाता है), लकार बाद में (=पदादि) हो तो (तकार) लकार (हो

टि० (क) श्वघ्नीऽइव। यः। जिगीवान्। लक्षम्। आदत्॥ प० पा०
(ख) घनाऽइव। वञ्चिन्। श्नथिहि॥ प० पा०
(ग) मघऽवन्। शग्धि। तव। तत्। नः॥ प० पा०
(घ) आ। अस्मान्। जगम्यात्। अहिऽशुष्म। सत्वा॥ प० पा०

---

[१] ऋ० २।१२।४ [२] ऋ० १।६३।५ [३] ऋ० ८।२४।११
[४] ऋ० ५।३३।५ [५] ऋ० १०।७३।३ [६] ऋ० १०।१६३।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाता है)। (जैसे) "ऋष्वा ते पादा प्र यज्जिगासि"[क]; "अङ्गादङ्गाल्लोम्नोलोम्नः।"[ख]

तालव्येऽघोष उदये चकारम् ॥११॥

सू० अ०—'अघोष' 'तालव्य' (=च्, छ, श्) बाद में हो तो (तकार) चकार (हो जाता है)।

उ० भा०—चकारच्छकारशकारा अघोषास्तालव्याश्च। (तालव्येऽघोष उदये=) एतेषु; तकारः चकारम् आपद्यते। "तच्चक्षुर्देवहितं शुक्रमुच्चरत्"[१]; "वरूथमस्ति यच्छर्दिः"[२]; "तच्छंयोरा वृणीमहे।"[३] तालव्ये इति किम्? "तत्त आ वर्तयामसि।"[४] अघोषे इति किम्? "यद्यद्यामि तदा भर।"[५] तालव्येऽघोषे इति किम्? "यद्वो देवाश्चकृम॥"[६]

उ० भा० अ०—चकार, छकार और शकार 'अघोष' भी ह और 'तालव्य' भी। (तालव्येऽघोष उदये=) ये 'अघोष' 'तालव्य' बाद में हों तो; तकार; चकारम्=चकार; हो जाता है (अर्थात् तकार पदान्त हो और चकार या छकार या शकार पदादि हो तो वह तकार चकार हो जाता है)। (जैसे) "तच्चक्षुर्देवहितं शुक्रमुच्चरत्।"[ग] "वरूथमस्ति यच्छर्दिः।"[घ] "तच्छंयोरा वृणीमहे।"[ङ] "'तालव्य' बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "तत्त आ वर्तयामसि।"[च] "'अघोष' बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यद्यद्यामि तदा भर।"[छ] "'अघोष' 'तालव्य' बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यद्वो देवाश्चकृम।"[ज]

टि० (क) ऋष्वा। ते। पादा। प्र। यत्। जिगासि॥ प० पा०

(ख) अङ्गात्ऽअङ्गात्। लोम्नःऽलोम्नः॥ प० पा०

(ग) तत्। चक्षुः। देवऽहितम्। शुक्रम्। उत्ऽचरत्॥ प० पा०

(घ) वरूथम्। अस्ति। यत्। छर्दिः॥ प० पा०

इन दो उदाहरणों में क्रमश चकार और छकार बाद में (=पदादि) हैं, अतः पूर्ववर्ती (=पदान्त) तकार चकार हो गया है।

(ङ) शकार बाद में (=पदादि) होने के कारण पूर्ववर्ती (=पदान्त) तकार चकार हो गया है।

(च) तत्। ते। आ। वर्तयामसि॥ प० पा०

यहाँ तकार (पदान्त) के बाद में तकार (पदादि) है जो 'अघोष' तो है किंतु 'तालव्य' नहीं है। अतः प्रस्तुत सूत्र से यहाँ तकार (पदान्त) चकार नहीं हुआ है।

(छ) यत्ऽयत्। यामि। तत्। आ। भर॥ प० पा०

यहाँ तकार (पदान्त) के बाद में यकार पदादि है जो 'तालव्य' तो है किंतु 'अघोष' नहीं है। अतः प्रस्तुत सूत्र से यहाँ तकार चकार नहीं हुआ है।

(ज) यत्। वः। देवाः। चकृम॥ प० पा०

यहाँ पर तकार (पदान्त) के बाद में वकार आया है जो न 'अघोष' है और न 'तालव्य' है। अतः प्रस्तुत सूत्र से यहाँ तकार चकार नहीं हुआ।

---

[१] ऋ० ७।६६।१६ [२] ऋ० ८।६७।६ [३] ऋ० खि० १०।१९१।५
[४] ऋ० १०।५८।४ [५] ऋ० ८।६१।६ [६] ऋ० १०।३७।१२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छकारं तयोरुदयः शकारः ॥१२॥

सू० अ०—उन दोनों (=नकार के स्थान पर आए हुए ञकार तथा तकार के स्थान पर आए हुए चकार) के बाद में विद्यमान शकार छकार हो जाता है।

उ० भा०—तयोः=नकारतकारस्थाननिर्दिष्टयोर्ञकारचकारयोः; (उदयः=) उदयभूतः; शकारः छकारम् आपद्यते। "घनेव वज्रिञ्छ्नथिहि।"[१] "तच्छंयोरा वृणीमहे।"[२] ननु—"सर्वैः प्रथमैरुपधीयमानः"[३] इत्यनेन सिद्धं चकारादुत्तरस्य शकारस्य छत्वम्। सत्यम्। सिद्धं यदि नाम शाकल्यपितुर्मतेन। तकारस्य च विपरिणामे न। एतत्तु सर्वेषामाचार्याणां मतेन तकारस्य च चकारव्यापत्त्या। तस्मादुभयमपि वक्तव्यम्॥

उ० भा० अ०—**तयोः**=नकार और तकार के स्थान पर निर्दिष्ट ञकार और चकार का; **(उदयः=)** परवर्ती (=पदादि); **शकारः**=शकार; **छकारम्**=छकार हो जाता है (अर्थात् क्रमशः ४।९ और ४।११ के अनुसार नकार और तकार के स्थान पर आये हुए ञकार और चकार के बाद में पदादि शकार हो तो वह शकार छकार में परिणत हो जाता है)। (जैसे) "घनेव वज्रिञ्छ्नथिहि।"[क] "तच्छंयोरा वृणीमहे।"[ख] (शङ्का) "सभी प्रथम 'स्पर्श' वर्णों से बाद में आने वाला शकार छकार हो जाता है"—इस (सूत्र) से चकार के बाद में आने वाले शकार का छकार होना सिद्ध है।[ग] (समाधान) सच (कहते हो) सिद्ध तो है किंतु शाकल्य के पिता के मत से। (इसके अतिरिक्त) तकार के स्थान पर विकार-स्वरूप आने वाले (चकार के बाद वाले शकार का छकार) नहीं होगा।[घ] किंतु यहाँ तो

टि० (क) घनाऽइव। वज्रिन्। श्नथिहि॥ प० पा०

वज्रिन् का नकार (पदान्त) ४।९ से ञकार हो जाता है। इस ञकार के बाद वाला पदादि शकार प्रस्तुत सूत्र से छकार हो जाता है।

(ख) तत् का तकार (पदान्त) ४।११ से चकार हो जाता है। इस चकार के बाद वाला शकार (पदादि) प्रस्तुत सूत्र से छकार हो जाता है।

(ग) शंका का आशय यह है कि ४।४ में यह विधान किया गया है कि वर्गों के प्रथम 'स्पर्श' वर्णों से बाद में आने वाला शकार छकार में परिणत हो जाता है। इसके अनुसार प्रस्तुत सूत्र के उदाहरणों में भी चकार के बाद में आने वाला शकार छकार में परिणत हो जाता है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर इस सूत्र में ञकार के साथ में चकार का उल्लेख क्यों किया है?

(घ) भाष्यकार का कहना है कि यह कहना तो सच है कि ४।४ से चकार के बाद में आने वाला शकार छकार में परिणत हो जाता है किंतु यह शाकल्य के पिता के मत से ही होता है। ४।४ में तो शाकल्य के पिता का मत बतलाया गया है। सब आचार्यों का तो यह मत नहीं है। दूसरी बात यह भी है कि ४।११ से तकार के स्थान पर जो चकार आता है उसके बाद में आने वाले शकार का छकार होना ४।४ से प्राप्त नहीं होता। इस चकार को निमित्त मानकर पदादि शकार ४।४ से से छकार हो ही नहीं सकता क्योंकि यह चकार पद-पाठ

---

[१] ऋ० १।६३।५ [२] ऋ० खि० १०।१९१।५ [३] ४।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सब आचार्यों के मत से और तकार के विकारस्वरूप उसके स्थान पर आने वाले चकार (के बाद का शकार छकार होता है)। इसलिए दोनों (नकार के स्थान पर आने वाले ञकार तथा तकार के स्थान पर आने वाले चकार इन) को ही (सूत्र में) कहना चाहिए।

न शाकल्यस्य ॥१३॥

सू० अ०—शाकल्य के (मत से) (शकार छकार) नहीं (होता है)।

उ० भा०—न तु शाकल्यस्य आचार्यस्य मतेन शकारश्छकारमापद्यते। "घनेव वज्रिञ्श्नथिहि।"[१] "तच्छंयोरा वृणीमहे॥"[२]

उ० भा० अ०—किंतु; शाकल्यस्य=शाकल्य आचार्य के; मत से शकार छकार; न=नहीं; होता है। (जैसे) "घनेव वज्रिञ्श्नथिहि।"क "तच्छंयोरा वृणीमहे।"

ता वशंगमानि ॥१४॥

सू० अ०—(४।२ से लेकर ४।१३ तक प्रतिपादित) ये (संधियाँ) 'वशंगम' (कहलाती हैं)।

उ० भा०—ता-निशब्दलोपो द्रष्टव्यः। छन्दोवत्सूत्राणि भवन्ति। (ता=) तानि; संधानानि वशंगमानि वेदितव्यानि—"घोषवत्पराः प्रथमास्तृतीयान्"[३] इत्येवमादीन्यास्थापितानां संधानानां मध्ये। नह्यत्रापरिणतानि व्यञ्जनानि संयोगं गच्छन्ति, अतो वशंगमानीत्युच्यन्ते॥

उ० भा० अ०—ता-('तानि' के) 'नि' शब्द का लोप जानना चाहिए। सूत्र छन्दोभाषा के समान होते हैं (अर्थात् जिस प्रकार वैदिकभाषा में नियम-विरुद्ध लोप, आगम आदि हो जाते हैं उसी प्रकार ये सूत्रों में भी हो जाते हैं)। " 'सघोष' ('व्यञ्जन') बाद में हों तो प्रथम ('स्पर्श') (अपने' वर्ग' के) तृतीय ('स्पर्श') (हो जाते ह)" इत्यादि; (ता=) ये; संधियाँ 'आस्थापित' संधियों के मध्य में; (वशंममानि=) 'वशंगम'; जाननी चाहिए। यहाँ (अर्थात् इन संधियों में) अपरिणत (बिना किसी विकार के) 'व्यञ्जन' 'संयोग' को प्राप्त नहीं करते हैं (अर्थात् इन संधियों में वर्णों में कोई न कोई विकार अवश्य होता है), इसलिए इन्हें 'वशंगम' कहते हैं।

(२५६छ) में पदान्त के रूप में दिखलाई नहीं पड़ता है। पद-पाठ में दिखलाई पड़ने वाले पदान्त को निमित्त मानकर ही पदादि में कोई विकार हो सकता है, अन्यथा नहीं। इन्हीं दो कारणों से सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र में ञकार के साथ-साथ चकार का भी उल्लेख किया है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार तो सभी आचार्यों के मत से तकार के स्थान पर आए हुए चकार के बाद वाला पदादि शकार छकार में परिणत हो जाता है।

टि० (क) घनाऽइव। वज्रिन्। श्नथिहि॥ प० पा०।

---

१ ऋ० १।६३।५ २ ऋ० खि० १०।१९१।५ ३ ४।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[परिपन्नः (वशंगमः) संधिः]

रेफोष्मणोरुदययोर्मकारोऽ-
नुस्वारं तत्परिपन्नमाहुः ॥१५॥

[परिपन्न (वशंगम) संधि]

सू० अ०—रेफ और 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हों तो मकार 'अनुस्वार' (हो जाता है)। इस (संधि) को 'परिपन्न' कहते हैं।

उ० भा०—(रेफोष्मणोरुदययोः=) रेफे चोष्मणि चोदयभूते; मकारोऽनुस्वारम् आपद्यते। तत् संधानं परिपन्नमाहुः आचार्याः। वशंगमस्यैव द्वितीया संज्ञा कार्यार्था कृता—"सेति चास्य परिपन्नोपधा चेत्"[१]; "परिपन्नं प्राकृतमूष्मसंधिम्"[२] इत्यादिना। 'वशंगमानि' इत्यस्याप्यत्र योगो युक्तरूपः, छन्दोभङ्गभयादधस्तादुक्तः। "होतारं रत्नधातमम्"; [३] "त्वां ह त्यदिन्द्रार्णसातौ"[४]; "इन्द्रो हन्ति वृषभं शण्डिकानाम्"[५]; "वसुं सूनुं सहसः।"[६]

एवमेव वशंगमव्यञ्जनसंध्यनन्तरमागमानाह—

उ० भा० अ०—(रेफोष्मणोरुदययोः=) रेफ और 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में (=पदादि) होने पर; मकारोऽनुस्वारम्=मकार 'अनुस्वार' हो जाता है। तत्=इस; संधि को आचार्य लोग; परिपन्नमाहुः='परिपन्न' कहते हैं। 'वशंगम' (संधि) की ही यह दूसरी संज्ञा ('परिपन्न') कार्यविशेष के लिए की गई है—"यदि 'परिपन्न' (मकार के स्थान पर आने वाला 'अनुस्वार') अव्यवहित पूर्ववर्ती (=उपधा) हो तो 'स' इस ('अक्षर') का भी (सकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है)"; "'परिपन्न' (मकार के स्थान पर आए हुए 'अनुस्वार') तथा प्राकृत 'ऊष्मसंधि' (की व्याख्या करनी चाहिए)" इत्यादि (सूत्रों में 'परिपन्न' संज्ञा का व्यवहार किया गया है)। 'वशंगमानि' इस (पद) का योग यहाँ (अर्थात् इस सूत्र के साथ) भी युक्त है किंतु छन्दोभङ्ग के भय से (इस सूत्र के) पहले कह दिया गया है।[क] ('परिपन्न' संधि के उदारण) "होतारं रत्नधातमम्;"[ख] "त्वां ह त्यदिन्द्रार्णसातौ"[ग]; "इन्द्रो हन्ति वृषभं शण्डिकानाम्"[घ]; "वसुं सूनं सहसः।"[ङ]

टि० (क) 'परिपन्न' संधि 'वशंगम' संधि ही है किन्तु कार्यवश उसकी यह दूसरी संज्ञा कर दी गई है। अतः 'वशंगमानि' पद का इस सूत्र से भी संबन्ध है। इसलिए यह उचित था कि 'परिपन्न' संधि का प्रतिपादन करने के बाद यह कहते कि ये उपर्युक्त 'वशंगम' संधियाँ हैं। किंतु 'वशंगमानि' पद को इस सूत्र के अनन्तर रखने से छन्द का भङ्ग हो जाता। अतः छन्दोभङ्ग के भय से इस पद को प्रस्तुत सूत्र से पहले कह दिया गया है।

(ख) होतारम्। रत्नऽधातमम्॥ प० पा०

(ग) त्वाम्। ह। त्यत्। इन्द्र। अर्णऽसातौ॥ प० पा०

(घ) इन्द्रः। हन्ति। वृषभम्। शण्डिकानाम्॥ प० पा०

(ङ) वसुम्। सूनुम्। सहसः॥ प० पा०

---

[१] ५।२५ [२] १५।१२ [३] ऋ० १।१।१
[४] ऋ० १।६३।६ [५] ऋ० २।३०।८ [६] ऋ० १।१२७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'वशंगम' नामक 'व्यञ्जन' संधियों के अनन्तर अब आगमों को कहते हैं—

(अन्तःपातसंज्ञाः संधयः)

ङकारेऽघोषोष्मपरेऽन्तरैके ककारम् ॥१६॥

(अन्तःपात-संज्ञक संधियाँ)

सू० अ०—कतिपय (आचार्य कहते हैं कि) यदि ङकार के परे 'अघोष' 'ऊष्मन्' हो तो (उन दोनों के) बीच में ककार (का आगम हो जाता है)।

उ० भा०—ङकारेऽघोषोष्मपरे सति अन्तरा ङकारस्याघोषोष्मणश्च एके आचार्याः ककारम् आगममाहुः। "तवायं सोमस्त्वमेह्यर्वाङक् छश्वत्तमम्"[१]; "प्रत्यङक् स विश्वा भुवना।"[२] अघोषग्रहणं किम्? "दध्यङ् ह यन्मध्वाथर्वणो वाम्।"[३] ऊष्मग्रहणं किम्? "प्रत्यङ् चित्रा बिभ्रदस्य॥"[४]

उ० भा० अ०—**ङकारेऽघोषोष्मपरे**=ङकार के बाद में 'अघोष' 'ऊष्मन्' होने पर; ङकार और 'अघोष' 'ऊष्मन्' के; **अन्तरा**=मध्य में; **एके**=कतिपय आचार्य; **ककारम्**=ककार के आगम का; विधान करते हैं (अर्थात् पदान्त ङकार के बाद में पदादि 'अघोष' 'ऊष्मन्' हो तो ङकार और 'अघोष' 'ऊष्मन्' के मध्य में एक ककार का आगम हो जाता है)। (जैसे) "तवायं सोमस्त्वमेह्यर्वाङक् छश्वत्तमम्।"[क] "प्रत्यङक् स विश्वा भुवना।"[ख] "'अघोष' (का सूत्र में) ग्रहण" क्यों (किया)? (उत्तर) "दध्यङ् ह यन्मध्वाथर्वणो वाम्।"[ग] "'ऊष्मन्' (का सूत्र में) ग्रहण" क्यों (किया)? (उत्तर) "प्रत्यङ् चित्रा बिभ्रदस्य।"[घ]

टकारनकारयोस्तु। आहुः
सकारोदययोस्तकारम् ॥१७॥

सू० अ०—(वे ही आचार्य) कहते हैं कि यदि टकार और नकार के बाद में सकार हो तो (दोनों के मध्य में) तकार (का आगम हो जाता है)।

टि० (क) तव। अयम्। सोमः। त्वम्। आ। इहि। अर्वाङ्। शश्वत्तमम्॥ प० पा०

(ख) प्रत्यङ्। सः। विश्वा। भुवना॥ प० पा०

इन दोनों उदाहरणों में ङकार और 'अघोष' 'ऊष्मन्'—शकार तथा सकार—के मध्य में ककार का आगम हो गया है।

(ग) दध्यङ्। ह। यत्। मधु। आथर्वणः। वाम्॥ प० पा०

यहाँ ङकार के बाद में हकार है जो 'ऊष्मन्' तो है पर 'अघोष' नहीं है। इसलिए ङकार और हकार के मध्य में ककार का आगम नहीं हुआ है।

(घ) प्रत्यङ्। चित्रा। बिभ्रत्। अस्य॥ प० पा०

यहाँ ङकार के बाद में चकार है जो 'अघोष' तो है किंतु 'ऊष्मन्' नहीं है। इसलिए ङकार और चकार के मध्य में ककार का आगम नहीं हुआ है।

---

१ ऋ० ३।३५।६ २ ऋ० ९।८०।३
३ ऋ० १।११६।१२ ४ ऋ० १०।१२३।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—टकारनकारयोः; (तु=)पुनः; सकारोदययोः अन्तरा; (तकारम्=) तकारागमम्; आहुः एक आचार्याः। "अक्षेत्रवित्क्षेत्रविदं ह्यप्राट्त्स प्रैति"[१]; "त्वं तान्त्सं च प्रति चासि मन्मना ॥"[२]

उ० भा० अ०—तु=किंतु; टकारनकारयोः=टकार और नकार के; सकारोदययोः=सकार बाद में होने पर; मध्य में; (तकारम्=) तकार का आगम; आहुः—विधान करते हैं; कतिपय आचार्य (अर्थात् टकार या नकार के बाद में सकार हो तो दोनों के बीच में एक तकार का आगम हो जाता है)। (जैसे) "अक्षेत्रवित्क्षेत्रविदं ह्यप्राट्त्स प्रैति"क; "त्वं तान्त्सं च प्रति चासि मन्मना।"ख

अकारे शकारपरे चकारम् ॥१८॥

सू० अ०—अकार के बाद में शकार होने पर (दोनों के मध्य में) चकार (का आगम हो जाता है)।

उ० भा०—नकारस्थानगताकारग्रहणम्। अकारे शकारपरे सत्यन्तरा चकारम् आगममाहुरेक आचार्याः। "घनेव वज्रिञ्च्छ्नथिहि ॥"[३]

उ० भा० अ०—(४।९ से) नकार के स्थान पर आये हुए आकार का ग्रहण (करना चाहिए)। अकारे शकारपरे=आकार के बाद में शकार होने पर; मध्य में चकारम्=चकार का आगम; बतलाते हैं कतिपय आचार्य (अर्थात् आकार के बाद में शकार हो तो दोनों के मध्य में एक चकार आ जाता है)। (जैसे) "घनेव वज्रिञ्च्छ्नथिहि।"ग

तेऽन्तःपाताः ॥१९॥

सू० अ०—(४।१६ से ४।१८ तक प्रतिपादित) ये (संधियाँ) 'अन्तःपात' (कहलाती हैं)।

उ० भा०—अन्तः=मध्ये पदयोः; पतन्तीति अन्तःपातः। (ते=) एते; (अन्तःपाताः=) अन्तःपातसंज्ञाः संधयः; वेदितव्याः—"ङकारेऽघोषोष्मपरेऽन्तरैके"[४] इत्यादयः॥

टि० (क) अक्षेत्रऽवित्। क्षेत्रऽविदम्। हि। अप्राट्। सः। प्र। एति॥ प० पा०

(ख) त्वम्। तान्। सम्। च। प्रति। च। असि। मन्मना॥ प० पा०

इन उदाहरणों में क्रमशः टकार और नकार के बाद में सकार विद्यमान है, अतः टकार और सकार तथा नकार और सकार के मध्य में तकार का आगम हो गया है।

(ग) घनाऽइव। वज्रिन्। श्नथिहि॥ प० पा०

'वज्रिन्' का नकार ४।९ से आकार हो गया है। नकार के स्थान पर आये हुए इस आकार के बाद में शकार है, अतः प्रस्तुत सूत्र से आकार और शकार के बीच में एक चकार का आगम हो गया है।

---

[१] ऋ० १०।३२।७ [२] ऋ० २।१।१५ [३] ऋ० १।६३।५ [४] ४।१६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**अन्तः**=दो पदों के मध्य में; गिरते हैं (आ जाते हैं), इसलिए; **अन्तःपाताः**='अन्तःपात' (कहे जाते हैं)। 'ङकार के बाद में 'अघोष' 'ऊष्मन्' हो तो (दोनों के बीच में) (एक ककार आ जाता है)" इत्यादि; (**ते**=) ये; (**अन्तःपाताः**=) 'अन्तःपात'-संज्ञक संधियाँ; जाननी चाहिए।

[ऊष्म (=विसर्जनीय) संधेरधिकारसूत्रम्]

अकृतसंहितानामूष्मान्तानां पटलेऽस्मिन्विधानम् ॥२०॥

[ऊष्म (=विसर्जनीय) संधि का अधिकार-सूत्र]

सू० अ०—विसर्जनीय ('ऊष्मन्') में अन्त होने वाले जिन (पदों) की संधि का (विधान अब तक) नहीं किया गया है उनका विधान इस पटल में (करेंगे)।

उ० भा०—**येषाम्**; **ऊष्मान्तानाम्**; (**अकृतसंहितानाम्**=) **अधस्तात्संधिनं विहितस्तेषाम्**; (**अस्मिन् पटले**=) इह पटले; (**विधानम्**=) **संधानमधिकृतं वेदितव्यम्। "ओकारं ह्रस्वपूर्वः"[१]—तत्रारेफो घोषवत्परः प्रत्येतव्यो न तु स्वरपरः। तद्यथा—"एष देवो रथर्यति[२]"; न तु—"एष देवो अमर्त्यः"[३] इति॥**

उ० भा० अ०—जिन; **ऊष्मान्तानाम्**=विसर्जनीय ('ऊष्मन्') में अन्त होने वाले (पदों) की; (**अकृतसंहितानाम्**=) संधि का पहले (अर्थात् द्वितीय पटल में) विधान नहीं किया गया है उनकी; (**अस्मिन् पटले**=) इस (चतुर्थ) पटल में; (**विधानम्**) संधि अधिकृत जाननी चाहिए (अर्थात् अब उनकी संधियों का विधान होगा; उस विसर्जनीय संधि का यह अधिकार सूत्र[क] है)। "'ह्रस्व' 'स्वर'(-वर्ण) है पूर्व में जिसके (वह विसर्जनीय) ओकार (हो जाता है)"—इस (सूत्र में) 'सघोष'-पर ('सघोष' 'व्यञ्जन' है बाद में जिसके ऐसे) अरिफित (विसर्जनीय) को समझना चाहिए[ख], 'स्वर'-पर ('स्वर' है बाद में

टि० (क) यह सूत्र (४।२०) विसर्जनीय संधि का अधिकार-सूत्र है किंतु विसर्जनीय संधि ४।२४ से प्रारम्भ होती है। परवर्ती तीन सूत्रों (४।२१,२२,२३) से इस अधिकार का कोई संबन्ध नहीं है। इसलिए सूत्रकार को ४।२४ से तुरन्त पहले इस सूत्र को प्रस्तुत करना चाहिए था। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर भी सूत्रकार ने इस अधिकार-सूत्र को जो यहाँ प्रस्तुत किया है उसका कारण है—छन्दोभङ्ग का भय। यदि इस सूत्र को ४।२४ से पहले रखते तो छन्दोभङ्ग हो जाता। ऐसा ही सूत्रकार ने ४।१४ के विषय में किया है, दे० ४।१५ पर उवट-भाष्य।

(ख) विसर्जनीय-संधि दो अवस्थाओं में होती है (१) विसर्जनीय पदान्त हो तथा कोई 'स्वर'-वर्ण पदादि हो (२) विसर्जनीय पदान्त हो तथा कोई 'व्यञ्जन'-वर्ण पदादि हो। पहले प्रकार की विसर्जनीय संधि का विधान द्वितीय पटल में किया जा चुका है। दूसरे प्रकार की विसर्जनीय संधि का विधान इस पटल में किया जायेगा।

---

[१] ४।२५ [२] ऋ० ९।३।५ [३] ऋ० ९।३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिसके ऐसे) को नहीं। जैसे—"एष देवो रथर्यति" (ही इस प्रस्तुत सूत्र का उदाहरण है); "एष देवो अमर्त्यः"[क] (यह इस सूत्र का उदाहरण) नहीं है।

(कानिचिन्निपातनानि)

चित्कम्भनेनोष्मलोपः ॥२१॥

(कतिपय निपातन)

सू० अ०—'चित्कम्भनेन' में सकार ('ऊष्मन्') का लोप (निपातन से हुआ है)।

उ० भा०—चित्कम्भनेन इत्यत्र; (ऊष्मलोपः=) सकारलोपः; निपात्यते। "चास्कम्भ चित्कम्भनेन स्कभीयान्।"[१] चिद्ग्रहणादिह न भवति—"उप द्यां स्कम्भथु स्कम्भनेन॥"[२]

उ० भा० अ०—**चित्कम्भनेन**='चित्कम्भनेन' में; **(ऊष्मलोपः=)** सकार का लोप; निपातन से होता है। (जैसे) "चास्कम्भ चित्कम्भनेन स्कभीयान्।" (सूत्र में) 'चित्' का उल्लेख होने से यहाँ (अर्थात् निम्नलिखित स्थल में) (सकार का लोप) नहीं होता है—"उप द्यां स्कम्भथु स्कम्भनेन।"[ख]

ककुद्मान् ॥२२॥

सू० अ०—'ककुद्मान्' (में दकार निपातन से आया है)।

उ० भा०—ककुद्मान् इति दकारो निपात्यते—"स्वानुत्तमानुत्तमेषूदयेषु"[३] इति नकारे प्राप्ते। "मुमोद गर्भो वृषभः ककुद्मान्॥"[४]

उ० भा० अ०—"अन्तिम (उत्तम) ('स्पर्श') बाद में (=पदादि) हों तो ('वर्ग' के प्रथम 'स्पर्श') अपने अन्तिम (=उत्तम) ('स्पर्श') (हो जाते हैं)"—(इस सूत्र के अनुसार) नकार प्राप्त होने पर 'ककुद्मान्' में (तकार के स्थान पर) दकार निपातन से आया है (अर्थात् प्रकृत स्थल में ४।३ से 'ककुद्' शब्द के तकार का नकार होना चाहिए था किंतु ऐसा न होकर तकार का निपातन से दकार हो गया है)। (जैसे) "मुमोद गर्भो वृषभः ककुद्मान्।"[ग]

सम्राट्शब्दः परिपन्नापवादः ॥२३॥

सू० अ०—'सम्राट्' शब्द 'परिपन्न' (संधि) का अपवाद है।

टि० (क) इस उदाहरण के लिए २।२७ और २।३३ को देखिए।

(ख) 'स्कम्भनेन' के सकार का लोप तभी होता है जब इसके पूर्व में 'चित्' होता है, जैसा कि उदाहरण में हुआ है। प्रत्युदाहरण में 'चित्' पूर्व में न होने के कारण 'स्कम्भनेन' के सकार का लोप नहीं हुआ है।

(ग) मुमोद। गर्भः। वृषभः। ककुत्ऽमान्॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १०।१११।५ [२] ऋ० ६।७२।२
[३] ४।२-३ [४] ऋ० १०।८।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—सम्राट् इत्ययं शब्दः; (परिपन्नापवादः=) परिपन्नस्य वशंगमस्य संधेरपवादभूतः; ज्ञातव्यः। "विराट् सम्राट् विम्वीः प्रम्वीः।"[१] शब्दग्रहणं संपूर्वस्य राजतेरेकपदीभूतस्य सर्वप्रत्ययान्तस्य सर्वविभक्तिकस्य सर्वलिङ्गयुक्तस्य च ग्राहकं भवति—"सम्राजन्तमध्वराणाम्"[२]; "सम्राजावस्य भुवनस्य"[३]; "सम्राजोरव आ वृणे"[४]; "सम्राज्ञी श्वशुरे भव।"[५] एकपदार्थं च शब्दग्रहणम्; इह मा भूत्—"सं राजभी रत्नधेयाय देवाः॥"[६]

उ० भा० अ०—सम्राट्—यह शब्द; (परिपन्नापवादः=) 'परिपन्न' (नामक) 'वशंगम' संधि का अपवाद समझा जाना चाहिए। (जैसे) "विराट् सम्राट् विम्वीः प्रम्वीः।"[क] (सूत्र में) 'शब्द' शब्द का ग्रहण 'सम्' पूर्वक राज् (धातु) के एक पद होने पर सभी (=किसी भी) प्रत्ययों में अन्त होने वाले, सभी विभक्तियों से युक्त और सभी लिङ्गों से युक्त (पद) का ग्राहक होता है[ख]—(जैसे) "सम्राजन्तमध्वराणाम्"[ग]; "सम्राजावस्य भुवनस्य"[घ]; "सम्राजोरव आ वृणे"[ङ]; "सम्राज्ञी श्वशुरे भव।"[च] एक पद के लिए भी 'शब्द' शब्द का ग्रहण (किया गया है)[छ]; (जिससे) यहाँ ('परिपन्न' संधि का अपवाद) न हो—"सं राजभी रत्नधेयाय देवाः।"[ज]

टि० (क) विऽराट्। सम्ऽराट्। विऽम्वीः। प्रऽम्वीः॥

'परिपन्न' संधि (४।१५) में बतलाया गया है कि रेफ या 'ऊष्म'-वर्ण बाद में (=पदादि) हो तो पूर्ववर्ती (=पदान्त) मकार 'अनुस्वार' हो जाता है। प्रस्तुत उदाहरण ('सम्राट्') में रेफ बाद में (=पदादि) होने के कारण पूर्ववर्ती मकार का 'अनुस्वार' हो जाना चाहिए था किंतु ऐसा न होकर मकार यहाँ ज्यों का त्यों रह गया है। इसीलिए प्रस्तुत सूत्र में यह कहा गया है कि 'सम्राट्' शब्द को 'परिपन्न' संधि का अपवाद जानना चाहिए।

(ख) अर्थात् सूत्र में प्रयुक्त 'शब्द'-शब्द यह बतलाता है कि 'सम्' पूर्वक राज् धातु से जो एक पद निष्पन्न होता है वह चाहे किसी भी प्रत्यय में अन्त होने वाला हो, किसी भी विभक्ति में प्रयुक्त हो, किसी भी लिङ्ग में हो—सभी रूपों में वह पद 'परिपन्न' संधि का अपवाद होगा अर्थात् मकार 'अनुस्वार' नहीं होगा।

(ग) सम्ऽराजन्तम्। अध्वराणाम्॥ प० पा०

(घ) सम्ऽराजौ। अस्य। भुवनस्य॥ प० पा०

(ङ) सम्ऽराजोः। अवः। आ। वृणे॥ प० पा०

(च) सम्ऽराज्ञी। श्वशुरे। भव॥ प० पा०

(छ) अर्थात् जब 'सम्' उपसर्ग और 'राज' धातु मिलकर एक पद हो जावें तभी 'परिपन्न' संधि का अपवाद होता है—यह बतलाने के लिए भी सूत्र में 'शब्द' शब्द का ग्रहण किया गया है।

(ज) सम्। राजऽभिः। रत्नऽधेयाय। देवाः॥ प० पा०

यहाँ 'सम्' और 'राजभिः' एक पद नहीं अपितु भिन्न-भिन्न पद हैं, अतः यहाँ ४।१५ के अनुसार 'परिपन्न' संधि हो गई अर्थात् मकार 'अनुस्वार' हो गया।

---

[१] ऋ० १।१८८।५ [२] ऋ० १।२७।१ [३] ऋ० ५।६३।२
[४] ऋ० १।१७।१ [५] ऋ० १०।८५।४६ [६] ऋ० ४।३४।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नियतप्रश्रितसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी)

विसर्जनीय आकारमरेफी घोषवत्परः ॥२४॥

(नियत-संज्ञक और प्रश्रित-संज्ञक संधियाँ)

सू० अ०—'सघोष' ('घोषवत्') ('व्यञ्जन') बाद में हो तो 'अरिफित' विसर्जनीय (उपधा के सहित) आकार (हो जाता है)।

उ० भा०—सहोपधो विसर्जनीय आकारम् आपद्यते; अरेफी=रेफरहितः; (घोषवत्परः=) घोषवद्व्यञ्जनपरः। "पुनाना यन्त्यनिविशमानाः।"[१] रिफितस्य संधिं वक्ष्यति। घोषवत्परः इति किम्? "तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति॥"[२]

उ० भा० अ०—अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के सहित; **विसर्जनीयः**=विसर्जनीय; **आकारम्**=आकार; हो जाता है; **अरेफी**=रेफरहित; (**घोषवत्परः**=) 'सघोष' ('घोषवत्') 'व्यञ्जन' बाद में हो तो [अर्थात् 'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में (=पदादि) हो तो 'अरिफित' विसर्जनीय (पदान्त) अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के साथ आकार हो जाता है]। (जैसे) "पुनाना यन्त्यनिविशमानाः।"क 'रिफित' (विसर्जनीय) की संधि को (सूत्रकार आगे बतलायेंगे)। "'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में (=पदादि) हो तो"-यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।"ख

ओकारं ह्रस्वपूर्वः ॥२५॥

सू० अ०—'ह्रस्व' ('स्वर') है पूर्व में जिसके वह ('अरिफित' विसर्जनीय उपधा के सहित) ओकार (हो जाता है) (यदि विसर्जनीय के बाद में 'सघोष' 'व्यञ्जन' हो)।

उ० भा० सहोपधो विसर्जनीयो ह्रस्वपूर्वं ओकारम् आपद्यते घोषवत्परः सन्। "देवो देवेभिरा गमत्।[३] अरिफित इत्येव—"प्रातर्जितं भगमुग्रम्।"[४] घोषवत्पर इत्येव—यः पञ्च चर्षणीरभि॥"[५]

उ० भा० अ०—**ह्रस्वपूर्वः**='ह्रस्व' 'स्वर' है पूर्व में जिसके वह; विसर्जनीय अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण के सहित; **ओकारम्**=ओकार; हो जाता है; 'सघोष' ('घोषवत्') ('व्यञ्जन') बाद में (=पदादि) होने पर (अर्थात् 'ह्रस्व' 'स्वर' के बाद में स्थित 'अरिफित' विसर्जनीय के बाद में पदादि 'सघोष' 'व्यञ्जन' हो तो वह 'अरिफित' विसर्जनीय ओकार हो जाता है)।

टि० (क) पुनानाः। यन्ति। अनिऽविशमानाः॥प० पा०

'पुनानाः' का 'अरिफित' विसर्जनीय अव्यवहित पूर्ववर्ती 'अक्षर' (=आकार) के सहित आकार हो गया।

(ख) ताम्। विश्वऽरूपाः। पशवः। वदन्ति॥ प० पा०।

यहाँ 'अरिफित' विसर्जनीय के बाद में पदादि पकार विद्यमान है जो 'सघोष' 'व्यञ्जन' नहीं है, अतः यहाँ 'अरिफित' विसर्जनीय आकार नहीं हुआ।

---

[१] ऋ० ७।४९।१ [२] ऋ० ८।१००।११ [३] ऋ० १।१।५
[४] ऋ० ७।४१।२ [५] ऋ० ७।१५।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(जैसे) "देवो देवेभिरा गमत् ।"[क] 'अरिफित' ही (विसर्जनीय ओकार होता है) "प्रातर्जितं भगमुग्रम् ।"[ख] "'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में (=पदादि) होने पर ही ('अरिफित' विसर्जनीय ओकार होता है) "यः पञ्च चर्षणीरभि ।"[ग]

तौ संधी नियतप्रश्रितौ ॥२६॥

सू० अ०—इन दो संधियों को (क्रमशः) 'नियत' और 'प्रश्रित' कहते हैं।

उ० भा०—तौ एतौ संधी; (नियतप्रश्रितौ=) नियतप्रश्रितसंज्ञौ; वेदितव्यौ। पूर्वो नियतः—"विसर्जनीय आकारम्"[१] इति। द्वितीयः प्रश्रितः—"ओकारं ह्रस्वपूर्वः"[२] इति॥

उ० भा० अ०—तौ=इन; दो संधियों को क्रमशः; (नियतप्रश्रितौ=) 'नियत'-संज्ञक और 'प्रश्रित'-संज्ञक जानना चाहिए। "विसर्जनीय आकार (हो जाता है)"—यह पहली 'नियत' (संधि है)। "'ह्रस्व' 'स्वर' के बाद में आने वाला (विसर्जनीय) ओकार (हो जाता है)"—यह दूसरी 'प्रश्रित' (संधि है)।

(रेफसंधयः=विसर्जनीयस्य रेफः)

सर्वोपधस्तु स्वरघोषवत्परो
रेफं रेफी ते पुना रेफसंधयः ॥२७॥

(रेफसंधियाँ=विसर्जनीय का रेफ)

सू० अ०—'स्वर' या 'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में हो तो सभी (=किसी भी) उपधाओं वाला 'रिफित' विसर्जनीय रेफ हो जाता है; ये रेफसंधियाँ (कहलाती हैं)।

उ० भा०—सर्वोपधः=दीर्घोपधो ह्रस्वोपधश्च; (स्वरघोषवत्परः=) स्वरपरो घोषवत्परश्च; रेफी विसर्जनीयो रेफम् आपद्यते। ते पुना रेफसंधय उच्यन्ते। स्वरपरः—"प्रातरग्निं प्रातरिन्द्रं हवामहे"[३]; "वारिन्मण्डूक इच्छति"[४]; "अग्निरस्मि जन्मना जातवेदाः"[५]; "शं नो देवीरभिष्टये ।"[६] घोषवत्परः—"प्रातर्मित्रावरुणा"[७]; "अग्निर्वीरं श्रुत्यम्"[८]; "अश्वावतीर्गोमतीर्नः ।"[९] स्वरघोषवत्परः इति किम्? "अग्निस्तुविश्रवस्तमम्।"[१०]

टि० (क) देवः। देवेभिः। आ। गमत्॥ प० पा०

(ख) प्रातःऽजितम्। भगम्। उग्रम्॥ प० पा०
'रिफित' होने के कारण 'प्रातः' का विसर्जनीय प्रस्तुत सूत्र से ओकार नहीं हुआ अपितु ४।२७ से रेफ हो गया।

(ग) यहाँ बाद में (=पदादि) पकार है जो 'सघोष' 'व्यञ्जन' नहीं है, अतः पूर्ववर्ती (=पदान्त) 'अरिफित' विसर्जनीय ओकार नहीं हुआ।

---

१ ४।२४ | २ ४।२५ | ३ ऋ० ७।४१।१
४ ऋ० ९।११२।४ | ५ ऋ० ३।२६।७ | ६ ऋ० १०।९।४
७ ऋ० ७।४१।१ | ८ ऋ० १०।८०।१
९ ऋ० ७।४१।७ | १० ऋ० ५।२५।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**सर्वोपधः**=सभी उपधाओं वाला='दीर्घ' ('स्वर') उपधा वाला और 'ह्रस्व' ('स्वर') उपधा वाला; (**स्वरघोषवत्परः**=) 'स्वर' बाद में (=पदादि) हो या 'सघोष' ('व्यञ्जन') बाद में (=पदादि) हो तो; **रेफी**='रिफित' विसर्जनीय; **रेफम्**=रेफ; हो जाता है (अर्थात् 'रिफित' विसर्जनीय के पूर्व में चाहे 'दीर्घ' 'स्वर' हो और चाहे 'ह्रस्व' 'स्वर' हो, वह रेफ हो जाता है, यदि बाद में पदादि 'स्वर' हो या 'सघोष' 'व्यञ्जन' हो)। इन्हें रेफसंधियाँ कहा जाता है। **स्वरपर** (के उदाहरण)—"प्रातरग्निं प्रातरिन्द्रं हवामहे"क; "वारिन्मण्डूक इच्छति"ख; "अग्निरस्मि जन्मना जातवेदाः"ग; "शं नो देवीरभिष्टये।"घ **घोषवत्पर** (के उदाहरण)—"प्रातर्मित्रावरुणा"ङ; "अग्निर्वीरं श्रुत्यम्"च; "अश्वावतीर्गोमतीर्नः।"छ " 'स्वर' या 'सघोष' ('व्यञ्जन') बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अग्निस्तुविश्रवस्तमम्।"ज

(अकामनियतसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी)

रेफोदयो लुप्यते ॥२८॥

(अकाम-संज्ञक और नियत-संज्ञक विसर्जनीय संधियाँ)

सू० अ०—रेफ बाद में हो तो ('रिफित' विसर्जनीय) का लोप हो जाता है।

उ० भा०—रिफितः विसर्जनीयो रेफोदयः सन् लुप्यते। "युवो रजांसि सुयमासो अश्वा रथः॥"[१]

टि० (क) प्रातः। अग्निम्। प्रातः। इन्द्रम्। हवामहे॥ प० पा०

(ख) वाः। इत्। मण्डूकः। इच्छति॥ प० पा०

(ग) अग्निः। अस्मि। जन्मना। जातऽवेदाः॥ प० पा०

(घ) शम्। नः। देवीः। अभिष्टये॥ प० पा०

'प्रातः' का विसर्जनीय १।८१ से, 'वाः' का १।१०३ से और 'अग्निः' तथा 'देवीः' के विसर्जनीय १।७६ से 'रिफित'-संज्ञक हैं। 'स्वर' बाद में (=पदादि) होने के कारण ये 'रिफित' विसर्जनीय रेफ हो गए हैं।

(ङ) प्रातः। मित्रावरुणा॥ प० पा०

(च) अग्निः। वीरम्। श्रुत्यम्॥ प० पा०

(छ) अश्वऽवतीः। गोऽमतीः। नः॥ प० पा०

'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में (=पदादि) होने के कारण 'रिफित' विसर्जनीय रेफ हो गए हैं।

(ज) अग्निः। तुविश्रवःऽतमम्॥ प० पा०

यहाँ पर 'अग्निः' के 'रिफित' विसर्जनीय के बाद में पदादि तकार है जो न 'स्वर' है और न 'सघोष' 'व्यञ्जन' है, अतः यह 'रिफित' विसर्जनीय रेफ नहीं हुआ।

---

[१] ऋ० १।१८०।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—'रिफित' विसर्जनीय; **रेफोदयः**=रेफ बाद में (=पदादि) होने पर; **लुप्यते**=लुप्त हो जाता है (अर्थात् 'रिफित' विसर्जनीय के बाद में पदादि रेफ हो तो उस 'रिफित' विसर्जनीय का लोप हो जाता है। (जैसे) "युवो रजांसि सुयमासो अश्वा रथः।"क

द्राघितोपधा ह्रस्वस्य ॥२९॥

सू० अ०—(रेफ बाद में हो तो) 'ह्रस्व' (=ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय) का अव्यवहित पूर्ववर्ती 'अक्षर' (=उपधा) 'दीर्घ' हो जाता है।

उ० भा०—(ह्रस्वस्य=) ह्रस्वपूर्वस्य; रिफितस्य विसर्जनीयस्य रेफोदयस्य लुप्यते विसर्जनीयः; (द्राघितोपधा=) उपधा च दीर्घमापद्यते। "प्राता रत्नं प्रातरित्वा"[१]; "अग्नी रक्षांसि सेधति।"[२]

उ० भा० अ०—**(ह्रस्वस्य=)** 'ह्रस्व' 'स्वर' है पूर्व में जिसके; और रेफ है बाद में जिस 'रिफित' विसर्जनीय के वह विसर्जनीय लुप्त हो जाता है; **(द्राघितोपधा=)** और अव्यवहित पूर्ववर्ती 'अक्षर' (=उपधा) 'दीर्घ' हो जाता है (तात्पर्य यह है कि 'रिफित' विसर्जनीय के पूर्व में 'ह्रस्व' 'स्वर' हो और बाद में पदादि रेफ हो तो वह 'रिफित' विसर्जनीय लुप्त हो जाता है और उसका अव्यवहित पूर्ववर्ती 'ह्रस्व' 'स्वर' 'दीर्घ' हो जाता है)। (जैसे) "प्राता रत्नं प्रातरित्वा"ख; "अग्नी रक्षांसि सेधति।"ग

अकामनियता उभाविमौ ॥३०॥

सू० अ०—इन दो (संधियों) को (क्रमशः) 'अकाम' और 'नियत' (कहते हैं)।

उ० भा०—(अकामनियतौ=) अकामः नियतश्च; उभाविमौ संधी प्रत्येतव्यौ। पूर्वोऽकामः, द्वितीयो नियतः॥

उ० भा० अ०—**उभाविमौ**=इन दोनों संधियों को; **(अकामनियतौ=)** 'अकाम' और 'नियत'; जानना चाहिए। पहली (४।२८) 'अकाम' है, दूसरी (४।२९) 'नियत' है।

टि० (क) युवोः। रजांसि। सुऽयमासः। अश्वाः। रथः॥ प० पा०
बाद में पदादि रेफ होने के कारण 'युवोः' के 'रिफित' विसर्जनीय का लोप हो गया है।

(ख) प्रातरिति। रत्नम्। प्रातःऽइत्वा॥ प० पा०

(ग) अग्निः। रक्षांसि। सेधति॥ प० पा०
इन दोनों ही उदाहरणों में 'रिफित' विसर्जनीय के पूर्व म 'ह्रस्व' 'स्वर' है और बाद में रेफ है, इसलिए 'रिफित' विसर्जनीय का लोप हो गया है और अव्यवहित पूर्ववर्ती 'स्वर' 'दीर्घ' हो गया है।

---

[१] ऋ० १।१२५।१ [२] ऋ० ७।१५।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(व्यापन्नविक्रान्तसंज्ञौ विसर्जनीयसंधी)

अघोषे रेफ्यरेफी चोष्माणं स्पर्श उत्तरे।
तत्सस्थानमनूष्मपरे ॥३१॥

(व्यापन्न-संज्ञक और विक्रान्त-संज्ञक विसर्जनीय संधियाँ)

सू० अ०—'ऊष्म'-वर्ण नहीं है बाद में जिसके ऐसा 'अघोष' 'स्पर्श' बाद में हो तो 'रिफित' और 'अरिफित' विसर्जनीय उस (बाद वाले 'अघोष' 'स्पर्श') के समान 'स्थान' वाले 'ऊष्म' (-वर्ण) (हो जाते हैं)।

उ० भा०—अघोषे स्पर्श उत्तरे रेफ्यरेफी च विसर्जनीय ऊष्माणम् आपद्यते; (तत्सस्थानम्=) तस्याघोषस्य परत्रावस्थितस्य समानस्थानम्; अनूष्मपरे स्पर्शे। "ऋषि॒को विप्र ओहते"[१], "य॒ककुभो निधारयः।"[२] "अग्निश्च सोम सक्रतू अधत्तम्"[३]; "यद्वो देवाश्चकृम।"[४] "अग्निस्तुविश्रवस्तमम्"[५]; "देवास्तं सर्वे।"[६] "वायु॒पूषा"[७]; "स न॒पर्षदति द्विषः।"[८] अनूष्मपरे इति किम्? "महः क्षोणस्याश्विना कण्वाय"[९]; "शतक्रतुः त्सरद्गन्धर्वमस्तृतम्।"[१०]

उ० भा० अ०—अघोषे स्पर्श उत्तरे='अघोष' 'स्पर्श' बाद में (=पदादि) हो तो; रेफ्यरेफी च='रिफित' और 'अरिफित' विसर्जनीय; ऊष्माणम्='ऊष्म' (-वर्ण); हो जाता है; (तत्सस्थानम्=) बाद में (=पदादि) अवस्थित उस 'अघोष' ('व्यञ्जन') के समान स्थान वाला ('ऊष्म'-वर्ण होता है); अनूष्मपरे—'ऊष्म' (-वर्ण) नहीं है बाद में जिसके (ऐसा 'अघोष') 'स्पर्श' बाद में (=पदादि) हो तो (तात्पर्य यह है कि यदि 'रिफित' या 'अरिफित' विसर्जनीय के बाद में ऐसा पदादि 'अघोष' 'स्पर्श' होवे जिसके बाद में 'ऊष्म'-वर्ण नहीं है, तो वह विसर्जनीय पदादि 'अघोष' 'स्पर्श' के समान स्थान वाला-'ऊष्म'-वर्ण हो जाता है)। (जैसे) "ऋषि॒को विप्रो ओहते"क; "य॒ककुभो निधारयः।"ख

टि० (क) ऋषिः। कः। विप्रः। ओहते॥ प० पा०

(ख) यः। ककुभः। निऽधारयः॥ प० पा०

इन उदाहरणों में क्रमशः 'रिफित' और 'अरिफित' विसर्जनीय पदान्त हैं और ककार पदादि है। इस पदादि ककार के बाद में 'ऊष्म'-वर्ण नहीं है। अतः प्रस्तुत सूत्र से विसर्जनीय ककार के समान स्थान वाले षष्ठ 'ऊष्म'-वर्ण (='जिह्वामूलीय') में परिणत हो गए हैं। ककार और षष्ठ 'ऊष्म'-वर्ण (='जिह्वामूलीय')—ये दोनों—१।४१ से समान (जिह्वामूल) 'स्थान' वाले हैं।

---

[१] ऋ० ८।३।१४ [२] ऋ० ८।४१।४ [३] ऋ० १।९३।५
[४] ऋ० १०।३७।१२ [५] ऋ० ५।२५।५ [६] ऋ० ६।७५।१९
[७] ऋ० ७।३९।२ [८] ऋ० १०।१८७।१ [९] ऋ० १।११७।८
[१०] ऋ० ८।१।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अग्निश्च सोम सक्तू अधत्तम्''क; "यद्वो देवाश्चकृम ।''ख "अग्निस्तुविश्रवस्तमम्''ग "देवास्तं सर्वे ।''घ "वायुऽपूषा''ङ; "स नऽपर्षदति द्विषः ।''च "('अघोष' स्पर्श' के) बाद में 'ऊष्म'–वर्ण न हो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर)"महः क्षोणस्याश्विना कण्वाय''छ; "शतक्रतुः त्सरद्गन्धर्वमस्तृतम् ।''ज

तमेवोष्माणमूष्मणि ॥३२॥

सू० अ०—('अघोष') 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो (विसर्जनीय) वही (परवर्ती) 'ऊष्म' (-वर्ण) (हो जाता है) ।

टि० (क) अग्निः । च । सोम । सक्तू इति सऽक्तू । अधत्तम् ॥ प० पा० ।

(ख) यत् । वः । देवाः । चकृम ॥ प० पा०

इन उदाहरणों में क्रमशः 'रिफित और 'अरिफित' विसर्जनीय पदान्त हैं और चकार पदादि है । इस पदादि चकार के बाद में 'ऊष्म'–वर्ण नहीं है । अतः प्रस्तुत सूत्र से विसर्जनीय चकार के समान स्थान वाले द्वितीय 'ऊष्म'–वर्ण (=शकार) हो गए हैं । चकार और द्वितीय 'ऊष्म'-वर्ण (=शकार)–ये दोनों–१।४२ से समान (तालु) 'स्थान' वाले हैं ।

(ग) अग्निः । तुविश्रवःऽतमम् ॥ प० पा०

(घ) देवाः । तम् । सर्वे ॥ प० पा०

इन उदाहरणों में क्रमशः रिफित' और 'अरिफित' विसर्जनीय पदान्त हैं और तकार पदादि है । इस पदादि तकार के बाद में 'ऊष्म'-वर्ण नहीं है । अतः प्रस्तुत सूत्र से विसर्जनीय तकार के समान 'स्थान' वाले चतुर्थ 'ऊष्म'-वर्ण (=सकार) हो गए हैं । तकार और चतुर्थ 'ऊष्म'वर्ण (=सकार)—ये दोनों–१।४४-४५ से समान (दन्तमूल) 'स्थान' वाले हैं ।

(ङ) वायुः । पूषा ॥ प० पा०

(च) सः । नः । पर्षत् । अति । द्विषः ॥ प० पा०

इन उदाहरणों में क्रमशः 'रिफित' और 'अरिफित' विसर्जनीय पदान्त हैं और पकार पदादि है । इस पकार के बाद में 'ऊष्म'-वर्ण नहीं है । अतः प्रस्तुत सूत्र से विसर्जनीय पकार के समान स्थान वाले सप्तम 'ऊष्म'-वर्ण (='उपध्मानीय') हो गए हैं । पकार और सप्तम 'ऊष्म'-वर्ण(='उपध्मानीय')—ये दोनों १।४७ से समान (ओष्ठ) 'स्थान' वाले हैं ।

(छ) महः । क्षोणस्य । अश्विना । कण्वाय ॥ प० पा०

यद्यपि पदान्त विसर्जनीय है और पदादि 'अघोष' 'स्पर्श' ककार है तथापि यह पदान्त विसर्जनीय षष्ठ 'ऊष्म'-वर्ण(='जिह्वामूलीय') नहीं हुआ है क्योंकि पदादि 'अघोष' 'स्पर्श'(=ककार)के बाद में 'ऊष्म'-वर्ण (षकार) है (क्+ष्=क्ष)।

(ज) शतऽक्रतुः । त्सरत् । गन्धर्वम् । अस्तृतम् ॥ प० पा० ।

यद्यपि पदान्त विसर्जनीय है और पदादि 'अघोष' 'स्पर्श' तकार है तथापि यह पदान्त विसर्जनीय चतुर्थ 'ऊष्म'-वर्ण (=सकार) नहीं हुआ है क्योंकि पदादि 'अघोष' 'स्पर्श' (=तकार) के बाद में 'ऊष्म'-वर्ण (सकार) है ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० – अघोष ऊष्मणि परत्रावस्थिते तमेवोष्माणम् आपद्यते विसर्जनीयः। "यो वश्शिवतमो रसः"[१]; देवीष्षळुर्वीरुरु नः कृणोत"[२]; "ये नस्सपत्ना अप ते भवन्तु।"[३] अघोषे इति किम्? "अग्निर्होता नो अध्वरे॥"[४]

उ० भा० अ०—'अघोष'; ऊष्मणि='ऊष्म' (-वर्ण) बाद में अवस्थित हो तो; विसर्जनीय; तमेवोष्माणम्=वही 'ऊष्म' (-वर्ण); हो जाता है। (जैसे) "यो वश्शिवतमो रसः"क; "देवीष्षळुर्वीरुरु नः कृणोत"ख; "ये नस्सपत्ना अप ते भवन्तु।"ग "'अघोष' ('ऊष्म'-वर्ण) बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अग्निर्होता नो अध्वरे।"घ

प्रथमोत्तमवर्गीये स्पर्शे वा ॥३३॥

सू० अ०—प्रथम और अन्तिम (उत्तम) वर्ग का ('अघोष') 'स्पर्श' बाद में हो तो (४।३१ में प्रतिपादित संधि) बिकल्प से (होती है)।

अ० भा०—प्रथमोत्तमवर्गीये अघोषे स्पर्शे; वा=विकल्पतः; तत्स्थानमूष्माणमापद्यते विसर्जनीयो रेफ्यरेफी च। "य॒ककुभो निधारयः"[५]; "यः ककुभो निधारयः।" "य॒पञ्च चर्षणीरभि"[६]; "यः पञ्च चर्षणीरभि।"

उ० भा० अ०—प्रथमोत्तमवर्गीये=प्रथम और अन्तिम (उत्तम) वर्ग का; स्पर्शे= 'अघोष' 'स्पर्श' बाद में हो तो; 'रिफित' और 'अरिफित' विसर्जनीय उस (बाद में आने वाले 'अघोष' 'स्पर्श') के समान 'स्थान' वाले 'ऊष्म'-वर्ण में; वा=विकल्प से; परिणत होता है (अर्थात् 'रिफ़ित' अथवा 'अरिफित' विसर्जनीय पदान्त हो और कवर्ग अथवा पवर्ग का कोई 'अघोष' 'स्पर्श' पदादि हो तो वह पदान्त विसर्जनीय पदादि के समान 'स्थान' वाले 'ऊष्म'-

टि० (क) यः। वः। शिवश्तमः। रसः॥ प० पा०

(ख) देवीः। षट्। उर्वीः। उरु। नः। कृणोत॥ प० पा०

(ग) ये। नः। सश्पत्नाः। अप। ते। भवन्तु॥ प० पा०

इन उदाहरणों में विसर्जनीय पदान्त है और 'अघोष' 'ऊष्म'-वर्ण (अर्थात् शकार, षकार और सकार) पदादि हैं, इसलिए पदान्त विसर्जनीय प्रस्तुत सूत्र के अनुसार उन्हीं 'ऊष्म'-वर्णों (अर्थात् क्रमशः शकार, षकार और सकार) में परिणत हो गया है।

(घ) अग्निः। होता। नः। अध्वरे॥ प० पा०

यहाँ बाद में (=पदादि) 'अघोष' 'ऊष्म'-वर्ण न होकर 'सघोष' 'ऊष्म'-वर्ण हकार है, अतः पदान्त विसर्जनीय उसी 'ऊष्म'-वर्ण (अर्थात् हकार) में परिणत नहीं हुआ।

---

[१] ऋ० १०।९।२
[२] ऋ० १०।१२८।५
[३] ऋ० १०।१२८।९
[४] ऋ० ४।१५।१
[५] ऋ० ८।४१।४
[६] ऋ० ७।१५।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्ण में विकल्प से परिणत होता है)। (जैसे) "य⌣ककुभो निधारयः"[क]; "यः ककुभो निधारयः।" "य⌣पञ्च चर्षणीरभि"[ख]; "यः पञ्च चर्षणीरभि।"

ऊष्मणि चानते ॥३४॥

सू० अ०—'दन्त्य' के स्थान पर न आया हुआ 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो ४।३२ में प्रतिपादित संधि) भी (विकल्प से होती है)।

उ० भा०—अघोष ऊष्मणि चानते। दन्त्यमूर्धन्यापत्तिर्नतिर् इत्युपरिष्टाद्वक्ष्यति। विकल्पतो विसर्जनीयः स्यात्। "यो वश्शिवतमो रसः"[1]; "यो वः शिवतमो रसः।" "देवीष्षळुर्वीः"[2]; "देवीः षळुर्वीः।" "ये नस्सपत्ना अप"[3]; "ये नः सपत्ना अप। अनते इति किम्? "निष्षिध्वरीस्ते॥"[4]

उ० भा० अ०—**ऊष्मणि चानते**='दन्त्य' के स्थान पर न आया हुआ 'अघोष' 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में होने पर। 'दन्त्य' के स्थान पर 'मूर्धन्य' होना 'नति' है—यह बाद में (अर्थात् पञ्चम पटल में) (सूत्रकार) कहेंगे। विकल्प से विसर्जनीय रहता है (अर्थात् विसर्जनीय के बाद में ऐसा 'अघोष' 'ऊष्म' -वर्ण हो जो 'दन्त्य' के स्थान पर नहीं आया है तो विसर्जनीय विकल्प से ४।३२ के अनुसार 'ऊष्म'-वर्ण में परिणत हो जायेगा और पक्ष में बिना किसी परिवर्तन के ज्यों का त्यों रहेगा)। (जैसे) "यो वश्शिवतमो रसः"[ग]; "यो वः शिवतमो रसः।" "देवीष्षळुर्वीः"[घ]; "देवीः षळुर्वीः।" "ये नस्सपत्ना अप"[ङ]; "ये नः सपत्ना अप।" "'दन्त्य' के स्थान पर न आया हुआ ('ऊष्म'—वर्ण बाद में हो तो)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "निष्षिध्वरीस्ते।"[च]

टि० (क) यः। ककुभः। निऽधारयः॥ प० पा०

(ख) यः। पञ्च। चर्षणीः। अभि॥ प० पा०

इन उदाहरणों में ककार और पकार बाद में (=पदादि) होने के कारण पदान्त विसर्जनीय विकल्प से ककार के समान (जिह्वामूल) 'स्थान' वाले 'जिह्वामूलीय' और पकार के समान (ओष्ठ) 'स्थान' वाले 'उपध्मानीय' में परिणत हो गये हैं। पक्ष में विसर्जनीय बिना किसी विकार के ज्यों के त्यों रह गये हैं।

(ग) यः। वः। शिवऽतमः। रसः॥प० पा०

(घ) देवीः। षट्। उर्वीः॥प० पा०

(ङ) ये। नः। सऽपत्नाः। अप॥प० पा०

(च) निःऽसिध्वरीः। ते॥प० पा०

"निःऽसिध्वरीः" का सकार ५।१ से षकार हो जाता है। अब 'निः' के विसर्जनीय के बाद में 'दन्त्य' (=सकार) के स्थान पर आया हुआ षकार है जिससे विसर्जनीय पक्ष में ज्यों का त्यों न रहकर ४।३२ के अनुसार अवश्य ही 'ऊष्म'—वर्ण (=षकार) हो जाता है।

---

[1] ऋ० १०।९।२ [2] ऋ० १०।१२८।५ [3] १०।१२८।९
[4] ऋ० ३।५५।२२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यापन्न ऊष्मसंधिः स विक्रान्तः प्राकृतोपधः ॥३५॥

सू० अ०—जहाँ विसर्जनीय 'ऊष्म' (-वर्ण) हो जाता है वह 'व्यापन्न' (—संज्ञक) संधि है और जहाँ विसर्जनीय (=संधि की उपधा) ज्यों का त्यों (प्राकृत) रहता है वह 'विक्रान्त' (—संज्ञक) संधि है।

उ० भा०—**व्यापन्न ऊष्मसंधिः स** वेदितव्यो नाम्ना यत्र विसर्जनीयो व्यापद्यते। **(विक्रान्तः=)** विक्रान्तसंधिस्तु; प्राकृतोपधो वेदितव्यो यत्र विसर्जनीयः श्रूयते। उक्तान्येवोदाहरणानि ॥

उ० भा० अ० - **व्यापन्न ऊष्मसंधि सः** =उसे 'व्यापन्न'—संज्ञक ऊष्मसंधि; जानना चाहिए जिसमें विसर्जनीय ('ऊष्म'-वर्ण में) परिणत हो जाता है। **प्राकृतोपधः**=ज्यों की त्यों (अर्थात् प्राकृत) है उपधा (अव्यवहित पूर्ववर्ती=विसर्जनीय) जिसकी उसे; **(विक्रान्तः=)** 'विक्रान्त' संधि; जानना चाहिए जिसमें विसर्जनीय सुनाई पड़ता है। उदाहरण तो कहे ही जा चुके हैं।

(अन्वक्षरवक्त्रसंज्ञो विसर्जनीयसंधिः)

ऊष्मण्यघोषोदये लुप्यते परे नतेऽपि ॥३६॥

(अन्वक्षरवक्त्र-संज्ञक विसर्जनीय संधि)

सू० अ०—'अघोष' ('व्यञ्जन') है बाद में जिसके 'ऐसा' 'नत' (='दन्त्य' के स्थान पर आया हुआ) भी (और 'अनत' भी) 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो (पदान्त विसर्जनीय) लुप्त हो जाता है।

उ० भा०—**ऊष्मणि परे। कथंभूते? अघोषोदये। लुप्यते** विसर्जनीयो **नतेऽपि अनतेऽप्यूष्मणि। "समुद्र स्थः कलशः सोमधानः"**[१]; **"प्र व स्पळक्न् सुविताय दावने"**[२]; **"कः स्विद् वृक्षो निष्ठितः"**[३]; **"नि ष्टनिहि दुरिता।"**[४] अघोषोदये इति कस्मात्? **"देवीः षळुर्वीः"**[५]; **"त्रिः स्म माह्नः।"**[६] किमर्थमिदमुच्यते? त्रयः सकारा मा भुवन्निति। नैतदस्ति प्रयोजनम्। प्रतिषिध्यते द्विर्वचनम्—**"न तूष्मा स्वरोष्मपरः"**[७] इति। एवं तर्हि परस्य द्विर्वचनार्थम्—**"ऊष्मणो वा"**[८] इति ॥

उ० भा० अ०—**ऊष्मणि**='ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो। कैसा ('ऊष्म'-वर्ण बाद में हो)? (उत्तर) 'अघोष' ('व्यञ्जन') है बाद में जिसके (ऐसा 'ऊष्म'-वर्ण बाद में हो तो)। **लुप्यते**=विसर्जनीय लुप्त हो जाता है; **नतेऽपि ऊष्मणि**='नत' ('दन्त्य' के स्थान पर आया हुआ) भी और 'अनत' ('दन्त्य' के स्थान पर न आया हुआ) भी 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो (अर्थात् पदान्त विसर्जनीय का लोप हो जाता है यदि (१) पदादि 'ऊष्म'-वर्ण हो तथा (२) पदादि 'ऊष्म'-वर्ण के बाद में 'अघोष' 'व्यञ्जन' हो)। (जैसे)

---

१ ऋ० ६।६९।६ २ ऋ० ५।५९।१ ३ ऋ० १।१८२।७
४ ऋ० ६।४७।३० ५ ऋ० १०।१२८।५ ६ ऋ० १०।९५।५
७ ६।१० ८ ६।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"समुद्र स्थः कलशः सोमधान"[क]; "प्र व स्पळ्कन् सुविताय दावने"[ख]; "कः स्विद् वृक्षो निष्ठितः"[ग]; "नि ष्टनिहि दुरिता।"[घ] "'अघोष' 'व्यञ्जन' है बाद में जिसके"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "देवीः षळुर्वीः"[ङ]; "त्रिः स्म माह्नः।"[च] (पूर्वपक्षी) यह (सूत्र) किस लिए कहा गया है ?[छ] (सिद्धान्ती) (संहिता-पाठ में) तीन सकार न हो जावें (इसलिए यह सूत्र कहा गया है)।[ज] (पूर्वपक्षी) (सूत्र का) यह प्रयोजन नहीं है

टि० (क) समुद्रः। स्थः। कलशः। सोमऽधानः॥ प० पा०

(ख) प्र। वः। स्पट्। अक्रन्। सुविताय। दावने॥ प० पा०

(ग) कः। स्वित्। वृक्षः। निःऽस्थितः॥ प० पा०

(घ) निः। स्तनिहि। दुःऽइता॥ प० पा०

इन उदाहरणों में विसर्जनीय का लोप प्रस्तुत सूत्र से हो गया है क्योंकि विसर्जनीय के बाद मे ऐसा 'ऊष्म'-वर्ण है जिसके परे 'अघोष' 'व्यञ्जन' अवस्थित है।

(ङ) देवीः। षट्। उर्वीः॥ प० पा०

यहाँ पर 'देवीः' के विसर्जनीय का लोप नहीं हुआ क्योंकि विसर्जनीय के बाद में विद्यमान 'ऊष्म'-वर्ण (=षकार) के बाद में 'अघोष' 'व्यञ्जन' नहीं, अपितु 'स्वर'-वर्ण (=अकार) है।

(च) त्रिः। स्म। मा। अह्नः॥ प० पा०

यहाँ पर 'त्रिः' के विसर्जनीय का लोप नहीं हुआ क्योंकि विसर्जनीय के बाद में विद्यमान 'ऊष्म'-वर्ण (=सकार) के बाद में 'अघोष' 'व्यञ्जन' नहीं, अपितु 'सघोष' 'व्यञ्जन' (=मकार) है।

(छ) पूर्वपक्षी का आशय यह है कि प्रस्तुत सूत्र के अनुसार "समुद्रः। स्थः।" इस उदाहरण में 'समुद्रः' के विसर्जनीय का लोप होता है जिससे संहिता-पाठ में यह रूप बनता है—"समुद्र स्थः।" अब संहिता-पाठ और पद-पाठ में समान रूप से लागू होने वाले द्वित्व-विधायक सूत्र ६।१ से 'स्थः' के सकार का द्वित्व हो जाता है जिससे यह रूप निष्पन्न होता है—"समुद्र स्स्थः।" यदि प्रस्तुत सूत्र के द्वारा 'समुद्रः' के विसर्जनीय का लोप न भी किया जावे तो भी ४।३२ के अनुसार विसर्जनीय की 'व्यापन्न' संधि करके वही रूप ("समुद्रस्स्थ :") निष्पन्न होता है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर विसर्जनीय का लोप करना व्यर्थ है और लोप का विधान करने वाला यह सूत्र भी व्यर्थ है।

(ज) पूर्वपक्षी की उपर्युक्त शंका के समाधान में सिद्धान्ती का कथन है कि सम्बद्ध स्थलों में संहिता-पाठ में अप्राप्त तीन सकार न हो जावे, इसलिए सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र का प्रणयन किया है। सिद्धान्ती का आशय यह है कि प्रस्तुत सूत्र के द्वारा यदि विसर्जनीय का लोप न किया जावे तो ४।३२ से विसर्जनीय का सकार होकर "समुद्र स्स्थः" रूप बनेगा और तब विसर्जनीय के स्थान पर आने वाले सकार का ६।१ से द्वित्व हो जाएगा जिससे यह रूप निष्पन्न होगा—"समुद्र स्स्स्थः" किंतु यह रूप संहितापाठ में उपलब्ध नहीं होता है। इस तृतीय सकार की निवृत्ति के लिए ही प्रस्तुत सूत्र का निर्माण किया गया है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क्योंकि) "'स्वर-(वर्ण) या 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो 'ऊष्म' (-वर्ण) (का द्वित्व) नहीं (होता)"—(इस सूत्र से) द्वित्व (द्विर्वचन) का प्रतिषेध कर दिया गया है।[क] (सिद्धान्ती) ऐसी (बात है) तो—"ऊष्म' (—वर्ण) से बाद में आने वाले 'स्पर्श' (का द्वित्व) विकल्प से (होता है)"—(इस सूत्र से) परवर्ती ('स्पर्श') के द्वित्व (द्विर्वचन) के लिए (यह सूत्र है)।[ख]

सोऽन्वक्षरसंधिर्वक्त्रः ॥३७॥

सू० अ०—यह संधि 'अन्वक्षरवक्त्र' (कहलाती है)।

उ० भा०—स संधिः; (अन्वक्षरवक्त्रः=) अन्वक्षरवक्त्रसंज्ञः, वेदितव्यः। भिन्नक्रमः संधिशब्दो द्रष्टव्यः॥

उ० भा० अ०—स संधिः=इस संधि को; (अन्वक्षरवक्त्रः=) 'अन्वक्षरवक्त्र' संज्ञक जानना चाहिए। संधिः शब्द को भिन्न क्रम वाला समझना चाहिए।[ग]

(विसर्जनीयस्याव्यापत्तिः)

अव्यापत्तिः कखपफेषु वृत्तिः ॥३८॥

(विसर्जनीय की अव्यापत्तिः)

सू० अ०—क, ख, प और फ बाद में (=पदादि) होने पर विसर्जनीय का ('ऊष्म'-वर्ण में) परिवर्तन न करना ('अव्यापत्ति') व्यवहार है।

टि० (क) पूर्वोक्त समाधान का खण्डन करते हुए पूर्वपक्षी का कहना है कि तृतीय सकार की निवृत्ति के लिए प्रस्तुत सूत्र नहीं हो सकता क्योंकि विसर्जनीय के स्थान पर आने वाले सकार के द्वित्व होने का प्रतिषेध तो ६।१० के द्वारा ही हो जाता है। जब द्वित्व होता ही नहीं तब उसकी निवृत्ति के लिए यह सूत्र कैसे ?

(ख) पूर्वपक्षी के उपर्युक्त खण्डन को स्वीकार करते हुए सिद्धान्ती का कहना है कि तब तो इस सूत्र का निर्माण परवर्ती 'अघोष' 'स्पर्श' के द्वित्व के लिए किया गया है। सिद्धान्ती का आशय यह है कि संहिता-पाठ में "समुद्रः। स्थः" का विकल्प से यह रूप होता है—"समुद्र स्थः।" स्पष्ट है कि यहाँ सकार के परवर्ती थकार का द्वित्व हुआ है और द्वित्व से प्राप्त थकार ६।२ से तकार हो गया है। यदि प्रस्तुत सूत्र न होता तो परवर्ती थकार का द्वित्व नहीं हो सकता था क्योंकि 'स्थः' का सकार संयोग का प्रथम वर्ण हो और 'स्वर' से बाद में विद्यमान हो तो तभी थकार का द्वित्व ६।६ से हो सकता है, अन्यथा नहीं और 'स्थः' का सकार तभी संयोग का प्रथम वर्ण और 'स्वर' से बाद में विद्यमान हो सकता है जब विसर्जनीय का लोप हो चुका हो। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'समुद्रः' के विसर्जनीय का लोप हो जाता है और तब 'स्वर' से बाद में विद्यमान एवं संयोग के आदिभूत वर्ण (=सकार) का परवर्ती थकार द्वित्व को प्राप्त कर लेता है और संहिता-पाठ में उपलब्ध पाठ सिद्ध हो जाता है। सकार के परवर्ती 'स्पर्श' के द्वित्व के लिए ही सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र का निर्माण किया है।

(ग) अर्थात् सूत्र में 'संधिः' शब्द को 'वक्त्रः' शब्द के बाद में रखना चाहिए था किंतु इसे 'अन्वक्षर' और 'वक्त्रः' के मध्य में रख दिया गया है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—कखपफेषु परत्रावस्थितेषु अव्यापत्तिः एव वृत्तिः। "य कृन्तदिद्वि योन्यम्।"[१] अगस्त्यः खनमानः खनित्रैः।"[२] "यः पञ्च चर्षणीरभि।"[३] "याः फलिनीर्या अफलाः।"[४] वृत्तिग्रहणं यथाशाखं तथापाठवृत्त्युपलक्षणार्थम्। तथा हि—"प्रथमोत्तमवर्गीये स्पर्शे वा"[५]; "ऊष्मणि"[६]; "अव्यापत्तिः कखपफेषु वृत्तिः"[७] इत्येवमादयो विकल्पा व्यवतिष्ठन्ते। यत्र चैकः पाठोऽभिमतस्तत्र यत्नं करोति—"संधिर्विक्रान्त एवैषः"[८] इति। तस्मादयमेवार्थः प्रतिपत्तव्यः॥

उ० भा० अ०—**कखपफेषु**=क, ख, प और फ बाद में स्थित हों तो; **अव्यापत्तिः**=विसर्जनीय का 'ऊष्म' वर्ण में परिवर्तन न करना ही; **वृत्तिः**=व्यवहार; है (अर्थात् क, ख, प या फ बाद में हो तो ४।३१ के अनुसार विसर्जनीय 'ऊष्म' वर्ण में परिणत नहीं होता है अपितु विसर्जनीय ज्यों का त्यों रहता है—ऐसा व्यवहार है)। (जैसे) "यःकृन्तदिद्वि योन्यम्।"[क] "अगस्त्यः खनमानः खनित्रैः।"[ख] "यः पञ्च चर्षणीरभि।"[ग] "याः फलिनीर्या अफलाः।"[घ] **वृत्ति**-शब्द का (सूत्र में) ग्रहण यह सूचित करने के लिए किया गया है कि शाखा में प्राप्त पाठ के अनुसार ही यह पाठ का व्यवहार कहा गया है। उदाहरण के लिए "प्रथम और पञ्चम 'वर्ग' का 'स्पर्श' बाद में हो तो (विसर्जनीय) विकल्प से (उसी 'स्थान' वाले 'ऊष्म'-वर्ण में परिणत होता है)"; "'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो (विसर्जनीय) विकल्प से ('ऊष्म' वर्ण हो जाता है)"; "क, ख, प या फ बाद में होने पर विसर्जनीय का ('ऊष्म'-वर्ण में परिवर्तन न करना व्यवहार है)" इत्यादि विकल्प व्यवस्थित किये गए हैं।[ङ] जहाँ एक पाठ अभिमत होता है वहाँ (सूत्रकार) (वैसा) यत्न करते हैं—"यह 'विक्रान्त' संधि ही है।" इसलिए यही अर्थ समझना चाहिए।

(विसर्जनीयस्य रेफः)

रेफं स्वर्धूःपूरघोषेष्वविग्रहे॥३६॥

(विसर्जनीय का रेफ)

सू० अ०—'अघोष' 'व्यञ्जन' बाद में होने पर 'स्वः' 'धूः' और 'पूः' (का विसर्जनीय) रेफ (हो जाता है), (यदि 'स्वः', 'धूः' और 'पूः') पृथक् पद नहीं होते हैं।

टि० (क) यः। कृन्तत्। इत्। वि। योन्यम्॥ प० पा०
(ख) अगस्त्यः। खनमानः। खनित्रैः॥ प० पा०
(ग) यः। पञ्च। चर्षणीः। अभि॥ प० पा०
(घ) याः। फलिनीः। याः। अफलाः॥ प० पा०
(ङ) तात्पर्य यह है कि ऋग्वेद की किसी शाखा में विसर्जनीय 'ऊष्म'-वर्ण में परिणत हो जाता है और किसी शाखा में ज्यों का त्यों रहता है। शाखाओं में उपलब्ध पाठों के आधार पर ही यहाँ विकल्पों का विधान किया गया है।

---

[१] ऋ० ८।४५।३० [२] ऋ० १।१७९।६ [३] ऋ० ७।१५।२ [४] ऋ० १०।९७।१५
[५] ४।३३ [६] ४।३४ [७] ४।३८ [८] ४।७८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**रेफम्** आपद्यते विसर्जनीयः; स्वः, धूः, पूः; अघोषेषु प्रत्ययेषु; **अविग्रहे**=अपृथक्पदे सति। **स्वः**—"विप्रः कविः काव्येना स्वर्चनाः"[१]; "स्वर्षामप्सां वृजनस्य गोपाम्।"[२] **धूः**—"तिष्ठद्रथं न धूर्षदम्।"[३] **पूः**—"मित्रायुवो न पूर्पतिम्।"[४] **अविग्रहे** इति किम्? "स्वः सनिष्यवः पृथक्।"[५] "पूश्च पृथ्वी बहुला न उर्वी॥"[६]

उ० भा० अ०—**स्वः, धूः** (और) **पूः** (इन पदों का) विसर्जनीय; **रेफम्**=रेफ; हो जाता है; **अघोषेषु**='अघोष' ('व्यञ्जन') बाद में होने पर; **अविग्रहे**=पृथक् (स्वतन्त्र) पद न होने पर (अर्थात् 'पद्य' होने पर 'स्वः', 'धूः' और 'पूः' का विसर्जनीय रेफ हो जाता है यदि बाद में 'अघोष' 'व्यञ्जन' हो)। **स्वः**—"विप्रः कविः काव्येना स्वर्चनाः"[क]; "स्वर्षामप्सां वृजनस्य गोपाम्।"[ख] **धूः**—"तिष्ठद्रथं न धूर्षदम्।"[ग] **पूः**—"मित्रायुवो न पूर्पतिम्।"[घ] "पृथक् (पद) न होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "स्वः सनिष्यवः पृथक्।"[ङ] "पूश्च पृथ्वी बहुला न उर्वी।"[च]

(विसर्जनीयसंधिविषये निपातनानि)

नाक्षा इन्दुः स्वधितीवाह एव
भूम्याददेऽहोभिरुषर्वसूयवः।
आवर्तमोऽहोरात्राण्यदो पितो
प्रचेता राजन्वर्तवीरहेति च॥४०॥

(विसर्जनीयसंधि के विषय में निपातन)

सू० अ०—(अधोलिखित स्थलों पर विसर्जनीय पूर्ववर्ती नियमों के अनुसार) नहीं (होता है) (अर्थात् ये निपातन हैं)—'अक्षा इन्दुः', 'स्वधितीव', 'अह एव'

टि० (क) विप्रः। कविः। काव्येन। स्वःऽचनाः॥ प० पा०

(ख) स्वःऽसाम्। अप्साम्। वृजनस्य। गोपाम्॥ प० पा०

(ग) तिष्ठत्। रथम्। नः। धूःऽसदम्॥ प० पा०

(घ) मित्रऽयुवः। न। पूःऽपतिम्॥ प० पा०

इन उदाहरणों में 'स्वः', 'धूः' और 'पूः' पृथक् पद न होकर समास के अङ्ग हैं और इनके परे 'अघोष' 'व्यञ्जन' स्थित हैं, अतः तीनों पदों का विसर्जनीय रेफ हो गया है।

(ङ) स्वरिति स्वः। सनिष्यवः। पृथक्॥ प० पा०

(च) पूः। च। पृथ्वी। बहुला। नः। उर्वी॥ प० पा०

इन उदाहरणों में 'अघोष' 'व्यञ्जन' बाद में होने पर भी 'स्वः' और 'पूः' का विसर्जनीय रेफ नहीं हुआ है क्योंकि यहाँ 'स्वः' और 'पूः' पृथक् पद हैं।

भाष्यकार ने 'धूः' का प्रत्युदाहरण नहीं दिया है।

---

[१] ऋ० ९।८४।५ [२] ऋ० १।९१।२१ [३] ऋ० १०।१३२।७
[४] ऋ० १।१७३।१० [५] ऋ० १।१३१।२ [६] ऋ० १।१८९।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'भूम्या ददे', 'अहोभिः', 'उषर्वसूयवः', 'आवर्तमः', 'अहोरात्राणि', 'अदो पितो', 'प्रचेता राजन्' और 'वर्तनीरह'।

उ० भा०—इति च विसर्जनीयो यथाप्राप्तं न भवति, अतो निपात्यते। "परि ष्य सुवानो अक्षा इन्दुः"[१]—अक्षारिन्दुरिति प्राप्ते रेफलोपः। "प्र स्वधितीव रीयते"[२]—स्वधितिरिवेति प्राप्ते। "मोत सूरो अह एवा चन"[३]—अहरेवेति प्राप्ते। "दिवि षद् भूम्या ददे"[४]—भूमिरा दद इति प्राप्ते। ददे इति किम्? "भूमिरावपनं महत्।"[५] अहोभिरद्भिरक्तुभिः"[६]—अर्हभिरिति प्राप्ते। "तां त्वामुषर्वसूवयः"[७]—उषो वसूयव इति प्राप्ते। "गावो न व्रजं व्युषा आवर्तमः"[८]—आवस्तम इति प्राप्ते। "अहोरात्राणि विदधत्"[९]—अहारात्राणीति प्राप्ते। "यददो पितो अजगन्"[१०]—अदः पितो इति प्राप्ते। "क्षयन्नस्मभ्यमसुर प्रचेता राजन्"[११]—प्रचेतो राजन्निति प्राप्ते। "अनु श्येनी सचते वर्तनीरह"[१२]—वर्तनिरहेति प्राप्ते॥

उ० भा० अ०—इति च=इन (स्थलों) पर; विसर्जनीय जैसा (पूर्वोक्त नियमों के अनुसार) प्राप्त होता है (वैसा नहीं होता है), अतः निपातन से इन रूपों को प्राप्त करता है। (जैसे) "परि ष्य सुवानो अक्षा इन्दुः"क—"अक्षारिन्दुः" प्राप्त होने पर रेफ का लोप (हो गया है)। "प्र स्वधितीव रीयते"ख—"स्वधितिरिव" प्राप्त होने पर। "मोत सूरो अह एवा चन"ग—"अहरेव" प्राप्त होने पर। "दिवि षद् भम्या ददे"घ—"भूमिरा ददे"

टि० (क) परि। स्यः। सुवानः। अक्षारिति। इन्दुः॥प० पा०

१।७९ के अनुसार 'अक्षाः' पद 'रिफित'—संज्ञक है। ४।२७ से 'अक्षाः' के विसर्जनीय का रेफ होकर "अक्षारिन्दुः"—यह रूप होना चाहिए था किंतु यहाँ निपातन से रेफ का लोप होकर "अक्षा इन्दुः"—यह रूप बना।

(ख) स्वधितिःइव। रीयते॥प० पा०

"स्वधितिःइव" में 'स्वधितिः' के विसर्जनीय का ४।२७ से रेफ होकर "स्वधितिरिव" रूप निष्पन्न होना चाहिए था किंतु यहाँ निपातन से रेफ का लोप होकर पुनः 'प्रश्लिष्ट' संधि हो गई।

(ग) मा। उत। सूरः। अहरिति। एव। चन॥प० पा०

१।१०३ के अनुसार 'अहः' पद 'रिफित'—संज्ञक है। ४।२७ से 'अहः' के विसर्जनीय का रेफ होकर "अहरेव" रूप निष्पन्न होना चाहिए था किंतु यहाँ निपातन से रेफ का लोप होकर "अह एव" रूप बना।

(घ) दिवि। सत्। भूमिः। आ। ददे॥ प०पा०

'भूमिः' के 'रिफित' विसर्जनीय का ४।२७ से रेफ होकर "भूमिरा ददे" रूप निष्पन्न होना चाहिए था किन्तु यहाँ निपातन से रेफ का लोप होकर और पुनः 'क्षैप्र' संधि होकर "भूम्या ददे" रूप निष्पन्न हो गया।

---

१ ऋ० ९।९८।३ २ ऋ० ५।७।८ ३ ऋ० ६।४८।१७
४ ऋ० ९।६१।१० ५ आ०श्रौ० १०।९।२ ६ ऋ० १०।१४।९
७ ऋ० १।४९।४ ८ ऋ० १।९२।४ ९ ऋ० १०।१९०।२
१० ऋ० १।१८७।७ ११ ऋ० १।२४।१४ १२ ऋ० १।१४०।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राप्त होने पर। **ददे**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "भूमिरावपनं महत्।"[क] "अहोभिरद्भिरक्तुभिः"[ख]—"अर्हभिः" प्राप्त होने पर। "तां त्वामुषर्वसूयवः"[ग]—"उषो वसूयवः" प्राप्त होने पर। "गावो न व्रजं व्युषा आवर्तमः"[घ]—"आवस्तमः" प्राप्त होने पर। "अहोरात्राणि विदधत्"[ङ]—"अहारात्राणि" प्राप्त होने पर। "यददो पितो अजगन्"[च] "अदः पितो" प्राप्त होने पर। "क्षयन्नस्मभ्यमसुर प्रचेता राजन्"[छ]—"प्रचेतो

टि० (क) "भूमिः। आ" के बाद में जब 'ददे' पद होता है तभी निपातन से कार्य होता है। बाद में 'ददे' पद न हो तो ४।२७ से 'रिफित'-संधि होती है।

(ख) अहःऽभिः। अत्ऽभिः। अक्तुऽभिः॥ प०पा०

१।१०३ के अनुसार 'अहः' पद 'रिफित'-संज्ञक है जिससे 'भिः' के साथ मिलकर यहाँ "अर्हभिः" रूप निष्पन्न होना चाहिए था किन्तु यहाँ 'अहः' का विसर्जनीय निपातन से 'अरिफित' माना गया है जिसके परिणामस्वरूप यह विसर्जनीय रेफ न होकर ४।२५ से 'ओ' हो गया और "अहोभिः" रूप निष्पन्न हो गया।

(ग) ताम्। त्वाम्। उषः। वसुऽयवः॥ प०पा०

'उषः' पद के 'अरिफित' विसर्जनीय को निपातन से 'रिफित' माना गया है जिसके परिणामस्वरूप यह विसर्जनीय ४।२५ से 'ओ' न होकर ४।२७ से रेफ हो गया और "उषर्वसूयवः" रूप निष्पन्न हो गया।

(घ) गावः। न। व्रजम्। वि। उषाः। आवरित्यावः। तमः॥ प०पा०

१।९९ के अनुसार 'आवः' पद 'रिफित'-संज्ञक है। यतः इस 'रिफित' विसर्जनीय के बाद में यहाँ 'अघोष' 'व्यञ्जन' (=तकार) है, अतः ४।३१ के अनुसार यह 'रिफित' विसर्जनीय 'ऊष्म'-वर्ण (=सकार) में परिणत होता है जिससे "आवस्तमः" रूप निष्पन्न होना चाहिए था किन्तु यहाँ विसर्जनीय निपातन से रेफ हो जाता है जिससे "आवर्तमः" रूप निष्पन्न होता है।

(ङ) अहोरात्राणि (अहः+रात्राणि)। विऽदधत्॥ प० पा०

१।१०३ से 'रिफित'-संज्ञक पद 'अहः' के विसर्जनीय का ४।२८ से लोप होकर और उसको उपधा ४।२९ से 'दीर्घ' होकर "अहारात्राणि" रूप निष्पन्न होना चाहिए था किंतु यहाँ 'अहः' का 'रिफित' विसर्जनीय निपातन से 'अरिफित' माना जाता है जिससे ४।२५ के अनुसार यह 'ओ' में परिणत हो जाता है और "अहोरात्राणि" रूप निष्पन्न होता है।

(च) यत्। अदः। पितो इति। अजगन्॥ प० पा०

'अदः' पद के बाद में पञ्चम 'वर्ग' का 'अघोष' 'व्यञ्जन' (=पकार) है, इसलिए विसर्जनीय को ४।३३ से विसर्जनीय ही रहना चाहिए था किंतु निपातन से परवर्ती पकार को 'सघोष' 'व्यञ्जन' के समान मानकर पूर्ववर्ती विसर्जनीय ४।२५ से 'ओ' हो गया है।

(छ) क्षयन्। अस्मभ्यम्। असुर। प्रचेत इति प्रऽचेतः। राजन्॥ प० पा०

'प्रचेतः' पद के 'अरिफित' विसर्जनीय को ४।२५ से 'ओ' होना चाहिए था

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजन्" प्राप्त होने पर। "अनु श्येनी सचते वर्तनीरह"क—"वर्तनिरह" प्राप्त होन पर।

(उपाचरितसंज्ञो विसर्जनीयसंधिः)

यथादिष्टं नामिपूर्वः षकारं
सकारमन्योऽरिफितः ककारे।
पकारे च प्रत्यये ऽन्तःपदं तु
सर्वत्रैवोपाचरितः स संधिः ॥४१॥

(उपाचरित-संज्ञक विसर्जनीय संधि)

सू० अ०—जैसा (आगे वाले सूत्रों में) बतलाया गया है, 'मूर्धन्यभाव' करने वाला 'स्वर' ('नामिन्') है पूर्व में जिसके वह (विसर्जनीय) षकार (हो जाता है) और अन्य (=जिसके पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला 'स्वर' नहीं है वह) 'अरिफित' विसर्जनीय सकार (हो जाता है), यदि बाद में ककार या पकार विद्यमान हो। पद के मध्य में तो सर्वत्र ही (ऐसा होता है)। यह संधि 'उपाचरित' (कहलाती है)।

उ० भा०—यथादिष्टम्=यथोक्तम्; आपद्यते। वक्ष्यमाणे संधौ नामिपूर्वो विसर्जनीयः षकारम् आपद्यते। सकारम्; अन्यः=अनामिपूर्वः; अरिफितः च। ककारे पकारे च प्रत्यये। अन्तःपदं तु सर्वत्रैव। एतदधिकृतं वेदितव्यम्। (उपाचरितः=) उपाचरितसंज्ञः; स संधिः वेदितव्यः। "अथो यूयं स्थ निष्कृतीः"१; "यातं छर्दिष्या उत नः परस्या।"२ "नि काव्या वेधसः शश्वतस्कः"३; "यस्पतिर्वार्याणाम्।"४ यथादिष्टम् इति किम्? "यः पञ्च चर्षणीरभिः।"५ अरिफितः इति किम्? "भोजा जिग्युरन्तःपेयम्।"६ उपाचरितसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"प्लुतोपाचरिते नतिः॥"७

उ० भा० अ०—यथादिष्टम्=जैसा (परवर्ती सूत्रों में) कहा गया है वैसा; होता है। आगे बतलाई जाने वाली संधि में; नामिपूर्वः='मूर्धन्यभाव' करने वाला 'स्वर'

(२७८छ) और तब "प्रचेतो राजन्" रूप निष्पन्न होना चाहिए था किंतु 'अरिफित' विसर्जनीय यहाँ निपातन से 'रिफित' माना गया है जिससे ४।२८ से इस विसर्जनीय का लोप हो गया है और ४।२९ से इसकी उपधा 'दीर्घ' हो गई है जिससे "प्रचेता राजन्" रूप निष्पन्न हो गया है।

टि० (क) अनु। श्येनी। सचते। वर्तनिः। अह॥ प० पा०
४।२७ से विसर्जनीय का रेफ होकर "वर्तनिरह" रूप निष्पन्न होना चाहिए था किंतु निपातन से 'नि' का इकार ईकार हो गया जिससे "वर्तनीरह" रूप निष्पन्न हो गया।

---

१ ऋ० १०।९७।९ २ ऋ० ८।९।११ ३ ऋ० १।७२।१
४ ऋ० १०।२४।३ ५ ऋ० ७।१५।२ ६ ऋ० १०।१०७।९
७ १०।२०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

('नामिन्') है पूर्व में जिसके वह; (पदान्त) विसर्जनीय: **षकारम्**=षकार; हो जाता है। **अन्य:**='मूर्धन्यभाव' करने वाला 'स्वर' ('नामिन्') पूर्व में नहीं है जिसके वह; **अरिफित:**='अरिफित' होने पर; **सकारम्**=सकार (हो जाता है)। **ककारे पकारे च प्रत्यये**=ककार या पकार बाद में होने पर (अर्थात् पदान्त विसर्जनीय से ठीक पहले अ या आ से भिन्न 'स्वर' हो और बाद में पदादि ककार या पकार होवे तो वह पदान्त विसर्जनीय षकार हो जाता है; किंतु यदि पदान्त विसर्जनीय से ठीक पहले अ या आ हो और बाद में पदादि ककार या पकार हो तो विसर्जनीय सकार हो जाता है)। **अन्त:पदं तु सर्वत्रैव**=पद के मध्य में तो सर्वत्र ही (पूर्वोक्त 'सकारभाव') होता है)। इस (सूत्र) को अधिकार जानना चाहिए।[क] **स संधि:**—यह संधि; (**उपाचरित:**=) 'उपाचरित'-संज्ञक; जाननी चाहिए। (जैसे) "अथो यूयं स्थ निष्कृती:"[ख]; "यातं छर्दिष्पा उत न परस्पा।"[ग] "नि काव्या वेधस: शश्वतस्क:"[घ]; "यस्पतिर्वार्याणाम्।"[ङ] "जैसा (आगे वाले सूत्रों में) कहा गया है"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "य: पञ्च चर्षणीरभि।"[च] "अरिफित' (विसर्जनीय)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर)

टि० (क) "अन्त:पदं तु सर्वत्रैव" को अधिकार-सूत्र का अंश नहीं समझना चाहिए। यह तो स्वतन्त्र सूत्र के समान है जैसा कि ४।५० के उवट-भाष्य में माना गया है। दो पदों के मध्य में 'उपाचरित' संधि उन्हीं-उन्हीं परिस्थितियों में होती है जिनका कथन आगे वाले सूत्रों में किया गया है। इसी तथ्य को बतलाने के लिए आलोच्यमान सूत्र में "यथादिष्टम्" पद रखा गया है। पद के मध्य में तो सर्वत्र ही 'उपाचरित' संधि होती है। इसके लिए किसी भी प्रकार की परिस्थिति का कथन नहीं किया गया है और इसलिए "यथादिष्टम्" का संबन्ध "अन्त:पदं तु सर्वत्रैव" के साथ नहीं है।

(ख) अथो इति। यूयम्। स्थ। नि:ऽकृती:॥ प० पा०

(ग) यातम्। छर्दि:ऽपौ। उत। न:। पर:ऽपा॥ प० पा०

'नि:ऽकृती:' और 'छर्दि:ऽपौ' में पद के मध्य में अवस्थित विसर्जनीय के पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला ('नामिन्') 'स्वर' है और बाद में क्रमश: ककार और पकार हैं, अत: दोनों ही स्थलों पर विसर्जनीय षकार हो गया है।

(घ) नि। काव्या। वेधस:। शश्वत:। क:॥ प० पा०

विसर्जनीय के पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला (='नामिन्') 'स्वर' न होकर अकार है तथा बाद में ककार है, अत: ४।४३ के अनुसार विसर्जनीय सकार हो गया।

(ङ) य:। पति:। वार्याणाम्॥ प० पा०

विसर्जनीय के पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला (='नामिन्') 'स्वर' न होकर अकार है तथा बाद में पकार है, अत: ४।४२ के अनुसार विसर्जनीय सकार हो गया।

(च) य:। पञ्च। चर्षणी। अभि॥ प० पा०

यहाँ पर विसर्जनीय के पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला (='नामिन्)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"भोजा जिग्युरन्तःपेयम् ।"[क] **उपाचरित**-संज्ञा का प्रयोजन—" 'प्लुत', 'उपाचरित' और 'नति' ('प्रकृतिभाव' से रहते हैं)।"

अन्तःपादं विग्रहेऽकारपूर्वः
पतिशब्दे द्व्यक्षरे पुंस्प्रवादे ॥४२॥

सू०अ०—पाद के मध्य में, विग्रह में (समास में नहीं), अकार के बाद में आने वाला (विसर्जनीय) (सकार हो जाता है), यदि बाद में दो अक्षरों वाला पुंलिङ्गवाची 'पति' शब्द हो।

उ० भा०—**अन्तःपादम्** इत्यधिकारवचनम्। **विग्रहे** इत्यन्तःपदं तु सर्वत्रैवेत्यस्य निवृत्त्यर्थम्। **अकारपूर्वो** विसर्जनीयः सकारमापद्यते **पतिशब्दे** प्रत्यये **द्व्यक्षरे**; **पुंस्प्रवादे**=पुंशब्दवाचिनि। "उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते"[१]; "वाचस्पतिं विश्वकर्माणम्।"[२] **अन्तःपादम्** इति किम्? "तं जानतीः प्रत्युदायन्नुषासः पतिः।"[३] **अकारपूर्वः** इति किम्? "आधीषमाणायाः पतिः।"[४] **द्व्यक्षरे** इति किम्? "ऋतस्य नः पतयो मृळयन्तु।"[५] **पुंस्प्रवादे** इति किम्? "अतः पत्नीर्दशस्यत।"[६] शब्दग्रहणं **पुंस्प्रवाद**ग्रहणं चोक्तोत्तरम् ॥

उ० भा० अ०—**अन्तःपादम्**-यह अधिकार का वाचक है।[ख] **विग्रहे**-यह पद "पद के मध्य में तो सर्वत्र ही"-इसकी निवृत्ति के लिए (सूत्र में प्रयुक्त हुआ है)। **अकारपूर्वः**=अकार है पूर्व में जिसके वह (अर्थात् अकार के बाद में स्थित) विसर्जनीय सकार हो जाता है; **द्व्यक्षरे**=दो अक्षरों वाला; **पुंस्प्रवादे**=पुंलिङ्गवाची; **पतिशब्दे**='पति' शब्द बाद में हो तो (अर्थात् पाद के मध्य में अकार से बाद में स्थित विसर्जनीय सकार हो जाता है यदि उस विसर्जनीय के बाद में दो अक्षरों वाला पुंलिङ्गवाची 'पति' शब्द हो)।

(२८०च) 'स्वर' न होकर अकार है तथा बाद में पकार है तथापि विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है क्योंकि आगे कोई भी ऐसा सूत्र नहीं है [illegible] के अनुसार प्रस्तुत विसर्जनीय सकार हो जावे। दो पदों के मध्य में जो 'सकारभाव' ('उपाचरित') होता है उसके लिए प्रस्तुत सूत्र केवल अधिकार-सूत्र है। दो पदों के मध्य में होने वाले 'सकारभाव' ('उपाचरित') के विधायक सूत्र तो आगे बतलाये जायेंगे।

टि० (क) भोजाः। जिग्युः। अन्तःऽपेयम्॥ प० पा०

'अन्तःऽपेयम्' पद के मध्य में वर्तमान विसर्जनीय के पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला ('नामिन्') 'स्वर' न होकर अकार है तथा बाद में पकार है तथापि यह विसर्जनीय सकार नहीं हुआ क्योंकि 'अन्तः' पद १।७९ तथा १।९५ के अनुसार 'रिफित'-संज्ञक है। 'अरिफित' विसर्जनीय ही सकार होता है, रिफित नहीं।

(ख) विपरीत उल्लेख न होने पर 'अन्तःपादम्' के अधिकार को सामान्यतः ४।४२ से लेकर ४।६५ के सभी सूत्रों में समझना चाहिए।

---

[१] ऋ० १।४०।१ [२] ऋ० १०।८१।७ [३] ऋ० ३।३१।४
[४] ऋ० १०।२६।६ [५] ऋ० ४।५७।२ [६] ऋ० ५।५०।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(जैसे) "उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते"[क]; "वाचस्पतिं विश्वकर्माणम्"[ख]। "पाद के मध्य में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "तं जानतीः प्रत्युदायन्नुषासः पतिः।"[ग] "अकार है पूर्व में जिसके वह (विसर्जनीय)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आधीषमाणायाः पतिः।"[घ] "दो अक्षरों वाला"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "ऋतस्य नः पतयो मृळयन्तु।"[ङ] "पुंलिङ्गवाची"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अतः पत्नीर्दशस्यत।"[च] 'शब्द' तथा 'संस्प्रवाद'—इन (शब्दों) के ग्रहण करने का उत्तर (४।२३ में) दे चुके हैं।

करं कृतं कृधि करत्करित्यपि परेषु ॥४३॥

सू० अ०—'करम्', 'कृतम्', 'कृधि', 'करत्' (और) 'कः'—ये भी (पद) बाद में हों तो (अकार से बाद में विद्यमान विसर्जनीय सकार हो जाता है)।

उ० भा०—करम्, कृतम्, कृधि, करत्, कः; (इति=) एतेषु; अपि परेषु अकारपूर्वो विसर्जनीयः सकारमापद्यते। करम्—"अहं न्यन्यं सहसा सहस्करम्।"[१-छ]

टि० (क) उत्। तिष्ठ। ब्रह्मणः। पते॥ प० पा०

(ख) वाचः। पतिम्। विश्वऽकर्माणम्॥ प० पा०

इन दोनों उदाहरणों में पाद के मध्य में अवस्थित तथा अकार के बाद में आने वाले विसर्जनीय के बाद में दो अक्षरों वाला तथा पुंलिङ्गवाची 'पति' शब्द है, इसलिए यह विसर्जनीय सकार हो गया है।

(ग) तम्। जानतीः। प्रति। उत्। आयन्। उषसः।
पतिः।.....॥ प० पा०

यहाँ पर विसर्जनीय पाद के मध्य में नहीं है अपितु पाद के अन्त में है, अतः, 'पति' शब्द परे रहते भी, विसर्जनीय सकार नहीं हुआ।

(घ) आऽधीषमाणायाः। पतिः॥ प० पा०

यहाँ विसर्जनीय के पूर्व में अकार नहीं अपितु आकार है, इसलिए, दो अक्षरों वाला तथा पुंलिङ्गवाची 'पति' शब्द परे रहते भी, विसर्जनीय सकार नहीं हुआ।

(ङ) ऋतस्य। नः। पतयः। मृळयन्तु॥ प० पा०

यहाँ पर तीन अक्षरों वाला 'पति' शब्द बाद में है, इसलिए पूववर्ती विसर्जनीय सकार नहीं हुआ।

(च) 'अतः' का विसर्जनीय सकार नहीं हुआ क्योंकि बाद में पुंलिङ्गवाची 'पति' शब्द नहीं अपितु स्त्रीलिङ्गवाची 'पति' शब्द (पत्नीः) है। 'पति' शब्द में नकार का आदेश होकर तथा 'ङीप्' प्रत्यय लगकर 'पत्नी' शब्द निष्पन्न होता है।

(छ) अहम्। नि। अन्यम्। सहसा। सहः। करम्॥ प० पा०

---

१ ऋ० १०।४९।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृतम्—"सोमं न चारुं मघवत्सु नस्कृतम् ।"[१-क] कृधि—"उरुकृदुरु णस्कृधि ।"[२-ख] करत्—"कुवित्नो वस्यसस्करत् ।"[३-ग] कः—"नि काव्या वेधसः शश्वतस्कः ॥"[४-घ]

उ० भा० अ०—करम्, कृतम्, कृधि, करत् (और) कः; (इति=) ये; अपि=भी; परेषु=बाद में हों तो; अकार से बाद में आने वाला विसर्जनीय सकार हो जाता है।.....।

पादान्तगते परीति च ॥४४॥

सू० अ०—पाद के अन्त में स्थित 'परि' यह (पद) भी बाद में हो तो (अकार से बाद में विद्यमान विसर्जनीय सकार हो जाता है)।

उ० भा०—(पादान्तगते=)पादान्तप्राप्ते; परि; इति=अस्मिन्; पदे परभूतेऽकारपूर्वो विसर्जनीयः सकारमापद्यते। "तदुत्तानपदस्परि।"[५] पादान्तगते इति किम्? "यदोषधीभ्यः परि जायते विषम्।"[६] अकारपूर्वः इति किम्? "दक्षाद्वदितिः परि॥"[७]

उ० भा० अ०—(पादान्तगते=) पाद के अन्त में स्थित; परि='परि'; इति=यह; पद बाद में हो तो अकार से बाद में विद्यमान विसर्जनीय सकार हो जाता है (अर्थात् यदि विसर्जनीय पदान्त हो और पाद के अन्त में स्थित 'परि' पद परवर्ती हो तो वह विसर्जनीय सकार हो जाता है)। (जैसे) "तदुत्तानपदस्परि।"[ङ] "पाद के अन्त में स्थित"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यदोषधीभ्यः परि जायते विषम्।"[च] "अकार से बाद में स्थित"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "दक्षाद्वदितिः परि।"[छ]

असोऽन्तोऽरेफवतः पारशब्दे
परि कृतानि करतीति चैषु।
अपादान्तीयेष्वपि प्रत्ययेषु ॥४५॥

सू० अ०—पाद के अन्त में न आने वाले भी 'पार' शब्द तथा 'परि', 'कृतानि' और 'करति'—ये (पद) बाद में हों तो रेफरहित तथा 'असः' (में अन्त होने वाले पद का) अन्त (=विसर्जनीय) (सकार हो जाता है)।

टि० (क) सोमम्। न। चारुम्। मघवत्ऽसु। नः। कृतम्॥ प० पा०
(ख) उरुऽकृत्। उरु। नः। कृधि॥ प० पा०
(ग) कुवित्। नः। वस्यसः। करत्॥ प० पा०
(घ) नि। काव्या। वेधसः। शश्वतः। कः॥ प० पा०
इन सभी उदाहरणों में सूत्रोक्त ककारादि पद बाद में होने के कारण अकार से बाद में विद्यमान विसर्जनीय सकार हो गया है।
(ङ) तत्। उत्तानऽपदः। परि॥ प० पा०
(च) यत्। ओषधीभ्यः। परि। जायते। विषम्॥ प० पा०
यहाँ पर 'परि' पद पाद के अन्त में नहीं अपितु पाद के मध्य में स्थित है, इसलिए अकार से बाद में विद्यमान भी पूर्ववर्ती विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है।

---

१ ऋ० १०।३९।२ २ ऋ० ८।७५।११ ३ ऋ० ८।९१।४ ४ ऋ० १।७२।१
५ ऋ० १०।७२।३ ६ ऋ० ७।५०।३ ७ ऋ० १०।७२।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**अरेफवतः**=रेफरहितस्य; (**असोऽन्तः**=) असः इत्यस्य योऽन्तः; स सकारमापद्यते; **पारशब्दे** परभूते। **परि, कृतानि, करति**—इत्येषु परभूतेषु **अपादान्तीयेष्वपि** सकारमापद्यते। "अतारिष्म तमसस्पारमस्य"[१]; "इन्द्राविष्णू अपसस्पारे अस्य।"[२] "अविह्वरन्तं मनसस्परि ध्यया।"[३] **कृतानि**—"इन्द्रस्येव प्र तवसस्कृतानि।"[४] **करति**—"सुपेशस्करति जोषिषद्धि।"[५] **असोऽन्तः** इति किम्? "सुजातासः परि चरन्ति वीराः"[६]; "सद्यो अस्याध्वनः पारमश्नुथ"[७]; "यदोषधीभ्यः परि जायते विषम्।"[८] **अरेफवतः** इति किम्? "रजसः पार ईङ्खितम्।"[९] पादान्ताधिकारनिवृत्त्यर्थमपादान्तीयग्रहणम्॥

उ० भा० अ०—**अरेफवतः**=रेफरहित का; (**असोऽन्तः**=) 'असः' इस (में अन्त होने वाले पद) का जो अन्त (=अन्त में स्थित विसर्जनीय); वह सकार हो जाता है; **पारशब्दे**='पार' शब्द का कोई भी रूप बाद में हो तो। **अपादान्तीयेष्वपि**=पाद के अन्त में न आने वाले भी; **परि, कृतानि, करति—इत्येषु**=ये (पद) बाद में हों तो; (विसर्जनीय) सकार हो जाता है (तात्पर्य यह है कि रेफरहित एवं 'असः' में अन्त होने वाले पद के अन्त में विद्यमान विसर्जनीय सकार हो जाता है यदि उस विसर्जनीय के बाद में पाद के अन्त में न आने वाले भी ये हों—'पार' शब्द का कोई भी रूप, 'परि', 'कृतानि' और 'करति')। (जैसे) "अतारिष्म तमसस्पारमस्य"[क]; "इन्द्राविष्णू अपसस्पारे अस्य।"[ख] "अविह्वरन्तं मनसस्परि ध्यया।"[ग] **कृतानि**—"इन्द्रस्येव प्र तवसस्कृतानि।"[घ] **करति**—"सुपेशसस्करति जोषिषद्धि।"[ङ] "'असः' (में अन्त होने वाले पद) का अन्त (=अन्त में स्थित विसर्जनीय)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सुजातासः परि चरन्ति

(२८३ छ) दक्षात्। ऊँ इति। अदितिः। परि॥ प० पा०

यद्यपि यहाँ 'परि' पद पाद के अन्त में विद्यमान है तथापि पूर्ववर्ती विसर्जनीय सकार नहीं हुआ क्योंकि विसर्जनीय के पूर्व में अकार नहीं अपितु इकार है।

टि० (क) अतारिष्म। तमसः। पारम्। अस्य॥ प० पा०

(ख) इन्द्राविष्णू इति। अपसः। पारे। अस्य॥ प० पा०

(ग) अविऽह्वरन्तम्। मनसः। परि। ध्यया॥ प० पा०

(घ) इन्द्रस्यऽइव। प्र। तवसः। कृतानि॥ प० पा०

(ङ) सुऽपेशसः। करति। जोषिषत्। हि॥ प० पा०

इन पाँच उदाहरणों में 'असः' में समाप्त होने वाले पदों का विसर्जनीय सकार हो गया है क्योंकि विसर्जनीय के बाद में निर्दिष्ट पदों में से कोई एक पद स्थित है।

---

[१] ऋ० १।९२।६ [२] ऋ० ६।६९।१ [३] ऋ० ४।३६।२
[४] ऋ० ७।६।१ [५] ऋ० २।३५।१ [६] ऋ० ७।१।१५
[७] ऋ० ५।५४।१० [८] ऋ० ७।५०।३ [९] ऋ० १०।१४३।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वीराः"क; "सद्यो अस्याध्वनः पारमश्नुथ"ख; "यदोषधीभ्यः परि जायते विषम्।"ग "रेफरहित (पद) का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "रजसः पार ईङ्खितम्"घ 'पादान्त' के अधिकार की निवृत्ति के लिए 'अपादान्तीय' का ग्रहण (किया गया है)।

वास्तोरित्येतत्पतिशब्द उत्तरे ॥४६॥

सू० अ०—'पति' शब्द बाद में हो तो 'वास्तोः' इस (पद का) विसर्जनीय सकार हो जाता है)।

उ० भा०—**वास्तोः इत्येतत्पतिशब्द उत्तरे** यथाप्राप्तमुपाचरति। शब्दग्रहणं लिङ्गविभक्तिवचनग्रहणार्थम्। "वास्तोष्पते ध्रुवा स्थूणा"१; "वास्तोष्पति व्रतपां निरतक्षन्॥"२

उ० भा० अ०—**पतिशब्द उत्तरे**='पति' शब्द बाद में हो तो; **वास्तोः इत्येतत्**= 'वास्तोः' यह (शब्द); 'सकारभाव' ('उपाचरित') को प्राप्त होता है जैसा कि (संहितापाठ) में प्राप्त है (अर्थात् 'वास्तोः' शब्द का विसर्जनीय सकार हो जाता है)। (सूत्र में) 'शब्द' शब्द का ग्रहण लिङ्ग, विभक्ति और वचन के ग्रहण के लिए है (अर्थात् 'पति' शब्द किसी भी लिङ्ग, विभक्ति या वचन में हो प्रत्येक अवस्था में उसके पूर्ववर्ती 'वास्तोः' पद का विसर्जनीय सकार हो जाता है)। (जैसे) "वास्तोष्पते ध्रुवा स्थूणा"ङ; "वास्तोष्पति व्रतपां निरतक्षन्।"च

आविर्हविर्ज्योतिरित्युत्तरश्चेत्ककारः ॥४७॥

सू० अ०—यदि बाद में ककार हो तो 'आविः', 'हविः', (और) 'ज्योतिः'—इन (पदों का विसर्जनीय षकार हो जाता है)।

टि० (क) सुञ्जातासः। परि। चरन्ति। वीराः॥ प० पा०

(ख) सद्यः। अस्य। अध्वनः। पारम्। अश्नुथ॥ प० पा०

(ग) यत्। ओषधीभ्यः। परि। जायते। विषम्॥ प० पा०

इन तीनों प्रत्युदाहरणों में विसर्जनीय के बाद में निर्दिष्ट पदों म से कोई एक पद स्थित है तथापि विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है क्योंकि यह विसर्जनीय ऐसे पदों के अन्त में आया है जो 'असः' में समाप्त नहीं होते हैं। 'सुजातासः' पद भी 'असः' में नहीं अपितु 'आसः' में समाप्त है।

(घ) रजसः। पारे। ईङ्खितम्॥ प० पा०

'असः' में समाप्त होने वाले 'रजसः' पद का विसर्जनीय, 'पारे' बाद में होने पर भी, सकार नहीं हुआ क्योंकि 'रजसः' पद रेफरहित न होकर रेफसहित है।

(ङ) वास्तोः। पते। ध्रुवा। स्थूणा॥ प० पा०

(च) वास्तोः। पतिम्। व्रतऽपाम्। निः। अतक्षन्॥ प० पा०

---

१ ऋ० ८।१७।१४ २ ऋ० १०।६१।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—आविः, हविः, ज्योतिः—एतेषां विसर्जनीयः षकारमापद्यत उत्तरः; (चेत्=) यदि; ककारः स्यात्। आविः—"आविष्कर्त महित्वना।"[१-क] हविः—"हविष्कृणुध्वमा गमत्।"[२-ख] ज्योतिः—"ज्योतिष्कर्ता यदुश्मसि॥"[३-ग]

उ० भा० अ०—आविः, हविः (और) ज्योतिः—इनका विसर्जनीय षकार हो जाता है; उत्तरः=बाद में; (चेत्=) यदि; ककारः=ककार; होवे।.....।

अथो पान्तपश्यन्तिशब्दौ ॥४८॥

सू० अ०—यदि 'पान्त' और 'पश्यन्ति' शब्द भी (बाद में हों तो तब भी ४।४७ में निर्दिष्ट पदों का विसर्जनीय षकार हो जाता है)।

उ० भा०—अथो=अपि च; पान्तपश्यतिशब्दौ यद्युत्तरौ भवत एतेषामेव शब्दानाम् अथ विसर्जनीयः षकारमापद्यते। पान्तम्—"हविष्पान्तमजरं स्वर्विदि।"[४] पश्यन्ति—"ज्योतिष्पश्यन्ति वासरम्।"[५] शब्दग्रहणमुक्तार्थम्॥

उ० भा० अ०—(अथो) पान्तपश्यन्तिशब्दौ='पान्त' और 'पश्यन्ति' शब्द भी; यदि बाद में हों तो तब इन्हीं (४।४७ में निर्दिष्ट) शब्दों का विसर्जनीय षकार हो जाता है। (जैसे) पान्तम्—"हविष्पान्तमजरं स्वर्विदि।"[घ] पश्यन्ति—"ज्योतिष्पश्यन्ति वासरम्।"[ङ] (सूत्र में) 'शब्द' के ग्रहण करने का प्रयोजन (४।२३ में) बतलाया जा चुका है।

इळाया गा नमसो देवयुर्दुहो
मातुरिळस्तानि पदप्रवादे ॥४९॥

सू० अ०—'पद' शब्द का कोई भी रूप बाद में हो तो 'इळायाः', 'गाः', 'नमसः', 'देवयुः', 'दुहः', 'मातुः' (और) 'इळः'—ये (पद) ('सकारभाव') को प्राप्त होते हैं)।

उ० भा०—इळायाः, गाः, नमसः, देवयुः, दुहः, मातुः, इळः; तानि=एतानि; (पदप्रवादे=) पदशब्दप्रवादे; उपाचारितं लभन्ते। इळायाः—"इळायास्पदे सुदिनत्वे

टि० (क) आविः। कर्त। महिऽत्वना॥ प० पा०

(ख) हविः। कृणुध्वम्। आ। गमत्॥ प० पा०

(ग) ज्योतिः। कर्त। यत्। उश्मसि॥ प० पा०

(घ) हविः। पान्तम्। अजरम्। स्वःऽविदि॥ प० पा०

(ङ) ज्योतिः। पश्यन्ति। वासरम्॥ प० पा०

भाष्यकार ने ऐसा उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया है जहाँ 'पान्त' अथवा 'पश्यन्ति' शब्द के पूर्व में 'आविः' के विसर्जनीय का षकार हुआ हो।

---

[१] ऋ० १।८६।९ [२] ऋ० ८।७२।१ [३] ऋ० १।८६।१०
[४] ऋ० १०।८८।१ [५] ऋ० ८।६।३०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अह्लाम्।"[१-क] गाः—"य ऋते चिद् गाष्पदेभ्यो दात्।"[२-ख] नमसः—"उपो एनं जुजुषुर्नमसस्पदे।"[३-ग] देवयुः—"प्र वोऽच्छा रिरिचे देवयुष्पदम्।"[४-घ] द्रुहः—"मा न स्तेनेभ्यो ये अभि द्रुहस्पदे।"[५-ङ] मातुः—"मातुष्पदे परमे अन्ति षद्गोः।"[६-च] इळः—इळस्पदे समिध्यसे॥"[७-छ]

उ० भा० अ०—इळायाः, गाः, नमसः, देवयुः, द्रुहः, मातुः इळः; तानि=ये; (पदप्रवादे=) 'पद' शब्द का कोई भी रूप बाद में हो तो; 'सकारभाव' ('उपाचरित') को प्राप्त होते हैं।.....।

पूर्वः पुरः पूरिति पूर्वपद्यान्
पदानि चापोह्य नवैतदेवम् ॥५०॥

सू० अ०—'पूर्वः', 'पुरः' (और) 'पूः' जब पूर्व-'पद्य' हों तो इनको और (४।५१ में उल्लिखित) नौ पदों को छोड़कर यह (विसर्जनीय का सकार होना) इसी प्रकार (होता है)।

उ० भा०—पूर्वः, पुरः, पूः—इति=एतान्; पूर्वपद्यान्; अपोह्य=परित्यज्य=वर्जयित्वा; पदानि नव च वक्ष्यमाणानि वर्जयित्वा; एतत् उपाचारप्रकरणं विहितम् एवम् प्रत्येतव्यम्। अपवादविधिरयं सामान्यविधेः प्रभवितुमर्हति। "अन्तःपदं तु सर्वत्रैव"[८] अस्य विधेस्तावदयमपवादः। पूर्वः—"पूर्वःपूर्वो यजमानो वनीयान्।"[९] पुरः—"पुरःप्रस्रवणा बलिम्।"[१०] पूः—"मित्रायुवो न पूर्पति सुशिष्टौ।"[११]

ननु—"रेफं स्वर्धूःपूरघोषेष्वविग्रहे"[१२] इत्यनेनैव सिद्धत्वादतिरिक्तमेतदिति यश्चोदयेत्तं प्रति ब्रूमः। प्रतिकण्ठं तावन्न भवति येन सर्वापवादकं स्यात्। सर्वापवादकं हि तत्पठितम्—"सर्वशास्त्रार्थं प्रतिकण्ठमुक्तम्"[१३] इति। अपवादस्तु विसर्जनीयस्य भवति, रेफमापद्यते

टि० (क) इळायाः। पदे। सुदिनऽत्वे। अह्लाम्॥ प० पा०
(ख) यः। ऋते। चित्। गाः। पदेभ्यः। दात्॥ प० पा०
(ग) उपो इति। एनम्। जुजुषुः। नमसः। पदे॥ प० पा०
(घ) प्र। वः। अच्छ। रिरिचे। देवऽयुः। पदम्॥ प० पा०
(ङ) मा। नः। स्तेनेभ्यः। ये। अभि। द्रुहः। पदे॥ प० पा०
(च) मातुः। पदे। परमे। अन्ति। सत्। गोः॥ प० पा०
(छ) इळः। पदे। सम्। इध्यसे॥ प० पा०

सूत्र में उल्लिखित पदों का विसर्जनीय सकार या षकार हो गया है क्याोंक बाद में 'पद' शब्द का कोई एक रूप विद्यमान है।

---

[१] ऋ० ३।२३।४ [२] ऋ० ८।२।३९ [३] ऋ० ८।२३।९
[४] ऋ० १०।३२।५ [५] ऋ० २।२३।१६ [६] ऋ० ४।५।१०
[७] ऋ० १०।१९१।१ [८] ४।४१ [९] ऋ० ५।७७।२
[१०] ऋ० ८।१००।९ [११] ऋ० १।१७३।१० [१२] ४।३९ [१३] १।५४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विसर्जनीयः स्वर्धूःपूरघोषेष्विति। अयमप्युपाचरितापवाद एव—"अन्तःपदं तु सर्वत्रैव"[१] इत्यस्योत्सर्गस्य। अतो द्वयोरुत्सर्गयोर्द्वावपवादौ युक्तरूपाविति नातिरिक्तम् ॥

इदानीं नव पदान्युच्यन्ते—

उ० भा० अ०—**पूर्वः, पुरः, पूः—इति**=इन; **पूर्वपद्यान्**=पूर्व पद्यों को; **अपोद्य**=परित्यज्य=छोड़कर; आगे बतलाये जाने वाले; **पदानि नव च**=नौ पदों को भी; छोड़कर; **एतत्**=यह; 'सकारभाव' ('उपाचार') का प्रकरण; (जैसा) विहित है; **एवम्**=वैसा ही; समझना चाहिए। यह अपवाद-विधि सामान्य-विधि को दबा लेने में समर्थ है। "पद के मध्य में तो सर्वत्र ही (विसर्जनीय सकार होता है)"—इस विधि का यह अपवाद है। **पूर्वः**—"पूर्वःपूर्वो यजमानो वनीयान्"[क] **पुरः**—"पुरःप्रस्रवणा बलिम्।"[ख] **पूः**—"मित्रायुवो न पूर्पति सुशिष्टौ।"[ग]

"जब 'स्वः', 'धूः' और 'पूः' पृथक् (पद) नहीं होते हैं तब इनका विसर्जनीय रेफ हो जाता है, यदि 'अघोष' 'व्यञ्जन' बाद में हों"—इस (सूत्र) से ही सिद्ध हो जाने से यह (=सूत्र में 'पूः' का ग्रहण) व्यर्थ है[घ]—जो इस प्रकार शङ्का करेगा उसको बतलाते हैं—यह (४।३९) निपातन-सूत्र ('प्रतिकण्ठ') तो है नहीं जिससे वह सब (सूत्रों) का अपवाद होवे। वह (निपातन-सूत्र ही) सब (सूत्रों) का अपवाद बतलाया गया है—"सम्पूर्ण के शास्त्र-(अपवाद) के लिए निपातन-सूत्रों ('प्रतिकण्ठ') को (कहा गया है)। " 'अघोष' ('व्यञ्जन') बाद में हों तो 'स्वः' 'धूः' और 'पूः' का विसर्जनीय रेफ हो जाता है"—यह तो विसर्जनीय का अपवाद है।[ङ] "पद के मध्य में तो सर्वत्र ही ('सकारभाव' हो जाता है)"—इस

टि० (क) पूर्वःऽपूर्वः। यजमानः। वनीयान् ॥ प० पा०

(ख) पुरःऽप्रस्रवणाः। बलिम् ॥ प० पा०

(ग) मित्रऽयुवः। न। पूःऽपतिम् ॥ प० पा०

इन तीनों उदाहरणों में पद के मध्य में स्थित भी विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है।

(घ) शङ्का का आशय यह है कि ४।३९ में 'पूः' के विसर्जनीय के रेफ होने का विधान कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में 'पूः' के विसर्जनीय के सकार होने का प्रश्न ही नहीं उठता, इसलिए प्रस्तुत सूत्र में इसका निषेध करना व्यर्थ है।

(ङ) 'पूः' का विसर्जनीय ४।३८ के अनुसार विसर्जनीय न रहकर ४।३९ के अनुसार रेफ हो जाता है, इसलिए ४।३९ अपवाद है ४।३८ का। किंतु ४।३९ केवल ४।३८ का ही अपवाद है। वह ४।३८ में विहित विसर्जनीय के कार्य का ही निषेध करता है, अन्य सूत्रों में विहित विसर्जनीय के कार्यों का वह निषेध नहीं कर सकता है क्योंकि ४।३९ अपवाद-विधि है, निपातन-विधि नहीं। इसलिए 'पूः' के विसर्जनीय के सकार होने का निषेध प्रस्तुत सूत्र में किया गया है। इस सूत्र में यह निषेध न किया जाता तो 'पूः' का विसर्जनीय, पद के मध्य में स्थित होने के कारण, ४।४१ से सकार हो जाता।

---

१ ४।३१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य-नियम ('उत्सर्ग') से विहित 'सकारभाव' ('उपाचरित') का यह (=प्रस्तुत सूत्र में विहित 'पूः' के विसर्जनीय का रेफ होना) अपवाद है। इसलिए दो सामान्य-नियमों के दो अपवाद होने ठीक हैं; (अत एव 'पूः' का प्रस्तुत सूत्र में ग्रहण) व्यर्थ नहीं है।

अब नौ पदों को कहते हैं--

अस्या यः सोमो बृहतोऽस्य पूर्व्य
उरु ज्योतिर्जात इमो वृधोऽन्यः ॥५१॥

सू० अ०—(नौ पद ये हैं) 'अस्या यः', 'सोमः', 'बृहतः', 'अस्य पूर्व्यः', 'उरु ज्योतिः', 'जातः', 'इमः', 'वृधः' (और) 'अन्यः'। (इनमें 'सकारभाव' नहीं होता है)

उ० भा०—अस्या यः, सोमः, बृहतः, अस्य पूर्व्यः, उरु ज्योतिः, जातः, इमः, वृधः, अन्यः। अस्या यः—"दीर्घायुरस्या यः पतिः।"[१-क] अस्याः इति किम्? "यस्पतिर्वार्याणाम्।"[२-ख] सोमः—"सोमः पती रयीणाम्।"[३-ग] बृहतः—"ऋष्ववीरस्य बृहतः पतिर्भूः।"[४-घ] अस्य पूर्व्यः—"उतो नो अस्य पूर्व्यः पतिर्दन्।"[५-ङ] अस्य इति किम्? "अहं भुवं वसुनः पूर्व्यस्पतिः।"[६-च] उरु ज्योतिः—"उरु ज्योतिः कृणुहि मत्सि देवान्।"[७-छ]

टि० (क) दीर्घायुः। अस्याः। यः। पतिः॥ प० पा० ४।४२ का अपवाद। 'पति' शब्द बाद में होने पर भी 'ह्रस्व' 'स्वर' के बाद में विद्यमान विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है।

(ख) यः। पतिः। वार्याणाम्॥ प० पा० यहाँ पर 'यः' का विसर्जनीय ४।४२ से सकार हो गया है क्योंकि 'यः' के पूर्व में 'अस्याः' पद नहीं है। 'पति' शब्द बाद में होने पर 'यः' का विसर्जनीय तभी सकार नहीं होता जब इसके पूर्व में 'अस्याः' पद होता है।

(ग) सोमः। पतिः। रयीणाम्॥ प० पा०

(घ) ऋष्वऽवीरस्य। बृहतः। पतिः। भूः॥ प० पा०

(ङ) उतो इति। नः। अस्य। पूर्व्यः। पतिः। दन्॥ प० पा० उपर्युक्त तीनों स्थल ४।४२ के अपवाद हैं।

(च) अहम्। भुवम्। वसुनः। पूर्व्यः। पतिः॥ प० पा० 'पूर्व्यः' का विसर्जनीय ४।४२ से सकार हो गया है क्योंकि 'पूर्व्यः' के पूर्व में 'अस्य' पद नहीं है। 'पति' शब्द बाद में होने पर 'पूर्व्यः' का विसर्जनीय तभी सकार नहीं होता जब इसके पूर्व में 'अस्य' पद होता है।

(छ) उरु। ज्योतिः। कृणुहि। मत्सि। देवान्॥ प० पा० ४।४७ का अपवाद। ककार बाद में होने पर 'ज्योतिः' का विसर्जनीय षकार नहीं हुआ है।

---

१ ऋ० १०।८५।३९ २ ऋ० १०।२४।३ ३ ऋ० ९।१०१।६
४ ऋ० १।५२।१३ ५ ऋ० १।१५३।४ ६ ऋ० १०।४८।१
७ ऋ० ९।९४।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उरु इति किम् ? "ज्योतिष्कर्ता यदुश्मसि ।"[१-क] जातः—"भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् ।"[२-ख] इमः—"उप त्वेमः कृधि नो भागधेयम् ।"[३-ग] वृधः—"इन्द्रासि सुन्वतो वृधः पतिर्दिवः ।"[४-घ] अन्यः—"स्विष्टमद्यान्यः करदिषा ।।"[५-ङ]

ब्रह्मणो द्वे त्रातर्ऋतो विदुर्वसुः
पशुरेतानि कविशब्द उत्तरे ।।५२।।

सू० अ०—'कवि' शब्द बाद में हो तो 'ब्रह्मणः', 'त्रातर्ऋतः' ये दो पद, 'विदुः', 'वसुः', (और) 'पशुः'—ये ('सकारभाव' को प्राप्त होते हैं) ।

उ० भा०—ब्रह्मणः, त्रातर्ऋतः इति द्वे पदे, विदुः, वसुः, पशुः—एतानि उपाचारं लभन्ते कविशब्दे; (उत्तरे=) परभूते । ब्रह्मणः—"रक्षा णो ब्रह्मणस्कवे ।"[६-च] द्वे त्रातर्ऋतः—"अग्ने त्रातर्ऋतस्कविः ।"[७-छ] द्वे इति किम् ? "पवमान ऋतः कविः ।"[८-ज]

टि० (क) ज्योतिः । कर्त । यत् । उश्मसि ।। प० पा०

'ज्योतिः' का विसर्जनीय ४।४७ से षकार हो गया है क्योंकि 'ज्योतिः' के पूर्व में 'उरु' पद नहीं है । ककार बाद में होने पर 'ज्योतिः' का विसर्जनीय तभी षकार नहीं होता जब इसके पूर्व में 'उरु' पद होता है ।

(ख) भूतस्य । जातः । पतिः । एकः । आसीत् ।। प० पा०

४।४२ का अपवाद ।

(ग) उप । त्वा । आ । इमः । कृधि । नः । भागऽधेयम् ।। प० पा०

४।४३ का अपवाद । 'कृधि' बाद में होने पर अकार के बाद में विद्यमान विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है ।

(घ) इन्द्र । असि । सुन्वतः । वृधः । पतिः । दिवः ।। प० पा०

४।४२ का अपवाद ।

(ङ) ४।४३ का अपवाद । 'करत्' बाद में होने पर अकार के बाद में विद्यमान विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है ।

(च) रक्ष । नः । ब्रह्मणः । कवे ।। प० पा०

(छ) अग्ने । त्रातः । ऋतः । कविः ।। प० पा०

(ज) पवमानः । ऋतः । कविः ।। प० पा०

यहाँ 'ऋतः' का विसर्जनीय सकार नहीं हुआ क्योंकि यहाँ एक ही पद 'ऋतः' है । जब 'त्रातर्ऋतः'—ये दोनों पद एक ही साथ प्रयुक्त होते हैं तभी 'ऋतः' का विसर्जनीय सकार होता है ।

---

१ ऋ० १।८६।१० २ ऋ० १०।१२१।१ ३ ऋ० ८।९६।८
४ ऋ० ८।९८।५ ५ प्रै० पृ० १४२ ६ ऋ० ६।१६।३०
७ ऋ० ८।६०।५ ८ ऋ० ९।६२।३०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विदुः—"प्र मर्षिष्ठा अभि विदुष्कविः सन् ।"[१-क] **वसुः**—"स इधानो वसुष्कविः ।"[२-ख] **पशुः**—"पशुष्कविरशयच्चायमानः ।"[३-ग] **शब्दग्रहणात्प्रातिपदिकमात्रं गृह्यते ॥**

उ० भा० अ० **ब्रह्मणः, ऋतर्तृतः**—ये; **द्वे**=दो पद; **विदुः, वसुः पशुः**—**एतानि**=ये; 'सकारभाव' ('उपाचार') को प्राप्त होते हैं; **कविशब्दे**='कवि' शब्द; **उत्तरे**=बाद में हो तो (अर्थात् 'कवि' शब्द बाद में होने पर सूत्रोक्त पदों का विसर्जनीय सकार हो जाता है) । .....(सूत्र में) 'शब्द' (शब्द) के ग्रहण से प्रातिपदिक मात्र का ग्रहण होता है (अर्थात् 'कवि' शब्द का कोई भी रूप बाद में हो तो सूत्रोक्त पदों का विसर्जनीय सकार हो जाता है) ।

पथिशब्दे जिन्वथश्चेतथो महः ॥५३॥

सू० अ०—'पथि' शब्द बाद में हो तो 'जिन्वथः', 'चेतथः' (और) 'महः' (ये पद 'सकारभाव' को प्राप्त होते हैं) ।

उ० भा०—पथिशब्दे प्रत्यये जिन्वथः, चेतथः, महः—इत्येतानि पदान्युपाचारं लभन्ते । शब्दग्रहणात्प्रातिपदिकमुक्तार्थम् । जिन्वथः—"आ वर्तनिं मधुना जिन्वथस्पथः ।"[४-घ] **चेतथः**—"विश्वाँ अनु स्वधया चेतथस्पथः ।"[५-ङ] **महः**—"कदर्यम्णो महस्पथा ॥"[६-च]

उ० भा० अ०—**पथिशब्दे**='पथि' शब्द बाद में होने पर; **जिन्वथः, चेतथः** (और) **महः**—ये पद 'सकारभाव' ('उपाचार') को प्राप्त होते हैं । (सूत्र में) 'शब्द' (शब्द) के ग्रहण से प्रातिपदिक (का ग्रहण होता है जिस) प्रयोजन को (४।५२ में) कहा जा चुका है ।.....।

पृथुशब्दे विश्वतो वीळितो रजः ॥५४॥

सू० अ०—'पृथु' शब्द बाद में होने पर 'विश्वतः', 'वीळितः' (और) 'रजः' ('सकारभाव' को प्राप्त होते हैं) ।

उ० भा०—पृथुशब्दे परभूते विश्वतः, वीळितः, रजः—इत्येतेषां पदानां विसर्जनीयः सकारमापद्यते । विश्वतः—"गिरिर्न विश्वतस्पृथुः पतिर्दिवः ।"[७-छ] **वीळितः**—"रध्रचोदः

टि० (क) प्र । मर्षिष्ठाः । अभि । विदुः । कविः । सन् ॥ प० पा०
(ख) सः । इधानः । वसुः । कविः ॥ प० पा०
(ग) पशुः । कविः । अशयत् । चायमानः ॥ प० पा०
(घ) आ । वर्तनिम् । मधुना । जिन्वथः । पथः ॥ प० पा०
(ङ) विश्वान् । अनु । स्वधया । चेतथः । पथः ॥ प० पा०
(च) कत् । अर्यम्णः । महः । पथा ॥ प० पा०
(छ) गिरिः । न । विश्वतः । पृथुः । पतिः । दिवः ॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १।७१।१० [२] ऋ० १।७९।५ [३] ऋ० ७।१८।८
[४] ऋ० ४।४५।३ [५] ऋ० ४।४५।६ [६] ऋ० १।१०५।६
[७] ऋ० ८।९८।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्नथनो वीळितस्पृधः ।"[१-क] रजः—"वि द्यामेषि रजस्पृथु ॥"[२-ख]

उ० भा० अ०—पृथुशब्दे='पृथु' शब्द बाद में होने पर; 'विश्वतः' 'वीळितः' (और) 'रजः'—इन पदों का विसर्जनीय सकार हो जाता है। .....।

कामपोषपूर्धिशब्देषु रायः ॥५५॥

सू० अ०—'काम', 'पोष' (और) 'पूर्धि' शब्द बाद में होने पर 'रायः' (पद का विसर्जनीय सकार हो जाता है)।

उ० भा०—काम, पोष, पूर्धि—इत्येतेषु (शब्देषु) परभूतेषु रायः इत्येतत्पदमुपाचरति। कामः—"रायस्कामो वज्रहस्तं सुदक्षिणम्।"[३-ग] पोषम्—"रायस्पोषं यजमानेषु धारय।"[४-घ] पूर्धि—"रायस्पूर्धि स्वधावोऽस्ति हि ते ॥"[५-ङ]

उ० भा० अ०—काम, पोष (और) पूर्धि—ये; (शब्देषु=शब्द) बाद में होने पर; रायः—यह पद 'सकारभाव' ('उपाचार') को प्राप्त होता है (अर्थात् 'रायः' का विसर्जनीय सकार होता है)।.....।

पादादिरन्तश्च दिवस्परीति च ॥५६॥

सू० अ०—पाद के आदि और अन्त में 'दिवस्परि' (यह द्वैपद मिलता है)।

उ० भा०—दिवस्परि इत्येतद् द्वैपदं निपात्यते; (पादादिरन्तश्च=) पादादौ पादान्ते च वर्तमानम्। "दिवस्परि सुग्रथितं तदादः।"[६] "अयं स यो दिवस्परि"[७]; पादादिरन्तश्च इति किम्? "धृष्टि दिवः परि स्रव।"[८] नन्वकारपूर्वविसर्जनीयानुवृत्तौ

टि० (क) रघ्रऽचोदः। श्नथनः। वीळितः। पृथुः॥ प० पा०

(ख) वि। द्याम्। एषि। रजः। पृथु॥ प० पा०

(ग) रायःऽकामः। वज्रऽहस्तम्। सुऽदक्षिणम्॥ प० पा०

सभी हस्तलेखों में यह उदाहरण मिलता है परन्तु इस सूत्र का यह शुद्ध उदाहरण नहीं है क्योंकि यह समस्त पद है और इसमें 'सकारभाव' "अन्तःपदं तु सर्वत्रैवोपाचरितः" (४।४१) से ही हो जाता है। एक हस्तलेख में इस उदाहरण को प्रस्तुत करके इसे इन शब्दों में अशुद्ध ठहराया गया है—"अन्तःपदं तु सर्वत्रैवेत्यनेनैव सिद्धत्वान्नेदमुदाहरणम्। किंतु "रायस्कामो जरितारं त आगन्निति।" (ऋ० ७।२०।९)।

रायः। कामः। जरितारम्। ते। आ। अगन्॥ प० पा०

(घ) रायः। पोषम्। यजमानेषु। धारय॥ प० पा०

(ङ) रायः। पूर्धि। स्वधाऽवः। अस्ति। हि। ते॥ प० पा०

---

१ ऋ० २।२१।४ २ ऋ० १।५०।७ ३ ऋ० ७।३२।३
४ ऋ० १०।१२२।८ ५ ऋ० १।३६।१२ ६ ऋ० १।१२१।१०
७ ऋ० ९।३९।४ ८ ऋ० ९।८।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्याम्—"पादान्तगते परि"[१] इत्यनेनैव सिद्धत्वाद्यदिह अन्तश्च दिवस्परि इत्युच्यते तदतिरिक्तमिति । नातिरिक्तम् । तस्यावकाशः—"दिवो अन्तेभ्यस्परि"[२] इत्यादिष्वेव । इहान्तग्रहणेऽक्रियमाणे पादादिग्रहणेनैवैतद् द्वैपदं निपातितं स्यात्पादादावेव, न त्वन्ते । तस्मान्नातिरिक्तम् ॥

उ० भा० अ०—(पादादिरन्तश्च=) पाद के आदि तथा पाद के अन्त में वर्तमान होने पर; **दिवस्परि**—यह द्वैपद; निपातन से सिद्ध है । "दिवस्परि सुग्रथितं तदादः"क; "अयं स यो दिवस्परि ।"ख "पाद के आदि और अन्त में (वर्तमान होने पर)"- यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "वृष्टिं दिवः परि स्रव ।"ग (शङ्का) (४।४२ से) अकारपूर्व विसर्जनीय की अनुवृत्ति होने पर "पाद के अन्त में वर्तमान 'परि' बाद में आवे तो (अकार पूर्व विसर्जनीय सकार हो जाता है)"—इस (सूत्र) से ही सिद्ध हो जाने से यहाँ (अर्थात् इस सूत्र में) जो **अन्तश्च दिवस्परि** कहा गया है वह व्यर्थ (अतिरिक्त) है ।घ (समाधान) व्यर्थ (अतिरिक्त) नहीं है । उस सूत्र (४।४४) का अवकाश—"दिवो अन्तेभ्यस्परि" इत्यादि (स्थलों) पर ही है । इस (सूत्र) में अन्त का ग्रहण न करके यदि पादादि का ही ग्रहण करते तो यह द्वैपद पाद के आदि में ही निपातन से होता, (पाद के) अन्त में न होता । इसलिए व्यर्थ (अतिरिक्त) नहीं है ।ङ

टि० (क) दिवः । परि । सुऽग्रथितम् । तत् । आ । अदरित्यदः ॥ प० पा०

(ख) अयम् । सः । यः । दिवः । परि ॥ पा० पा०

(ग) वृष्टिम् । दिवः । परि । स्रव ॥ प० पा०

यहाँ "दिवः परि" न तो पाद के आदि में स्थित है और न पाद के अन्त में, अतः यहाँ 'दिवः' का विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है ।

(घ) शंकाकार का कहना है कि "अयं स यो दिवस्परि" उदाहरण तो ४।४४ से ही सिद्ध हो जाता है क्योंकि ४।४४ में यह बतलाया गया है कि पाद के अन्त में स्थित 'परि' बाद में हो तो अकार के बाद में आने वाला विसर्जनीय सकार हो जाता है । ऐसी वस्तुस्थिति होने पर प्रस्तुत सूत्र में केवल इतना ही कहना चाहिए था कि पाद के आदि में "दिवस्परि" प्राप्त होता है । पाद के अन्त का ग्रहण करना व्यर्थ है । जो पहले ही से ज्ञात है उसका पुनः विधान करना व्यर्थ ही है ।

(ङ) उपर्युक्त शंका का निवारण करते हुए भाष्यकार का कहना है कि यद्यपि यह सत्य है कि ४।४४ से ही "अयं स यो दिवस्परि" में विसर्जनीय के सकार होने की सिद्धि हो जाती है तथापि प्रस्तुत सूत्र में "पाद के अन्त में" का ग्रहण करना अत्यावश्यक है । यदि इस सूत्र में पाद के अन्त का ग्रहण न करके पाद के आदि का ही ग्रहण करते तो यह द्वैपद (="दिवस्परि") पाद के आदि में ही होता, पाद के अन्त में नहीं । "पाद के अन्त में" का ग्रहण न करने पर प्रस्तुत सूत्र का अथ यह होता—"दिवस्परि"—यह द्वैपद पाद

---

[१] ४।४४ [२] ऋ० १।४९।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिवस्पृथिव्या अधमस्पदीष्ट पूर्वं पादादौ यदि ॥५७॥

सू० अ०—"दिवस्पृथिव्याः" (और) "अधमस्पदीष्ट" (ये दो निपातन से 'सकारभाव' को प्राप्त होते हैं); पहला (="दिवस्पृथिव्याः") यदि पाद के आदि में (हो तो 'सकारभाव' को प्राप्त होता है)।

उ० भा०—दिवस्पृथिव्याः; अधमस्पदीष्ट—एतद् द्वैपदद्वयं निपात्यते। अत्र पूर्वं द्वैपदं पादादौ यदि स्यात्। "दिवस्पृथिव्याः पर्योज उद्भृतम्।"[१] "विश्वस्य जन्तोरधमस्पदीष्ट।"[२] पूर्वं पादादौ इति किम्? "प्र ये दिवः पृथिव्या न बर्हणा॥"[३]

उ० भा० अ०—दिवस्पृथिव्याः (और) अधमस्पदीष्ट—ये दो द्वैपद निपातन से ('सकारभाव' को प्राप्त होते) हैं। इनमें; पूर्वम्=पहला द्वैपद (="दिवस्पृथिव्याः"); यदि पाद के आदि में हो (तभी 'सकारभाव' को प्राप्त होता है।) (जैसे) "दिवस्पृथिव्याः पर्योज उद्भृतम्।"[क] "विश्वस्य जन्तोरधमस्पदीष्ट।"[ख] "पहला (द्वैपद) पाद के आदि में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "प्र ये दिवः पृथिव्या न बर्हणा।"[ग]

सस्पदीष्ट ॥५८॥

सू० अ०—'सस्पदीष्ट' (इस पद में भी निपातन से 'सकारभाव' होता है)।

उ० भा०—एतद् द्वैपदं निपात्यते। "यो नो द्वेष्ट्यधरः सस्पदीष्ट॥"[४]

उ० भा० अ०—यह द्वैपद निपातन से होता है। "यो नो द्वेष्ट्यधरः सस्पदीष्ट।"[घ]

(२९३ङ) के आदि में (ही) होता है। इससे स्वभावतः यह भाव निकलता कि पाद के मध्य में तथा पाद के अन्त में यह द्वैपद नहीं होता है। अतः ४।४४ के होते हुए भी पाद के अन्त में "दिवस्परि" द्वैपद सिद्ध न होता। इसकी सिद्धि के लिए ही सूत्र में "अन्तश्च" रखा गया है। यह व्यर्थ नहीं है। यह कहना भी युक्त नहीं है कि ऐसी स्थिति में ४।४४ चरितार्थ ही नहीं होगा क्योंकि ४।४४ का अवकाश तो "दिवो अन्तेभ्यस्परि" इत्यादि स्थलों पर है जहाँ पाद के अन्त में स्थित 'परि' पद के पूर्व में 'दिवः' को छोड़कर अन्य ऐसे अकारान्त पद हों जिनके बाद में विसर्जनीय हो।

टि० (क) दिवः। पृथिव्याः। परि। ओजः। उत्ऽभृतम्॥ प० पा०

(ख) विश्वस्य। जन्तोः। अधमः। पदीष्ट॥ प० पा०

(ग) प्र। ये। दिवः। पृथिव्याः। न। बर्हणा॥ प० पा०
पाद के आदि में स्थित न होने से 'दिवः' का विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है।

(घ) यः। नः। द्वेष्टि। अधरः। सः। पदीष्ट॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ६।४७।२७ [२] ऋ० ७।१०४।१६
[३] ऋ० १०।७७।३ [४] ऋ० ३।५३।२१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शवसो महः सहस इळायाः
पात्वित्येकं पुत्रशब्दे पराणि ॥५९॥

सू० अ०—'शवसः', 'महः', 'सहसः' (और) 'इळायाः' (इन पदों में से) एक (='शवसः'), 'पातु' (शब्द बाद में होने पर), ('सकारभाव' को प्राप्त होता है), अन्य (='महः', 'सहसः' और 'इळायाः'), 'पुत्र' शब्द बाद में होने पर, ('सकारभाव' को प्राप्त होते हैं)।

उ० भा०—शवसः, महः, सहसः, इळायाः—इत्येतानि पदान्युपाचरन्ति। किमविशेषेण। नेत्याह—पातु इत्येतस्मिन्पदे परभूते एकं प्रथमं पदमुपाचरति पुत्रशब्दे पराणि उपाचरन्ति। शवसः—"वाजो नु ते शवसस्पात्वन्तम्।"[१-क] महः—महस्पुत्रासो असुरस्य वीराः।"[२-ख] सहसः—"सहसस्पुत्रो अद्भुतः।"[३-ग] इळायाः—"इळायास्पुत्रो वयुनेऽजनिष्ट॥"[४-घ]

उ० भा० अ०—शवसः, महः, सहसः (और) इळायाः—ये पद 'सकारभाव' ('उपाचार') को प्राप्त होते हैं (अर्थात् इन पदों का विसर्जनीय सकार हो जाता है)। क्या बिना किसी विशेष के? (उत्तर) नहीं, (सूत्रकार ने) कहा है- पातु—यह पद बाद में हो तो; एकम्=पहला एक; पद 'सकारभाव' ('उपाचार') को प्राप्त होता है। पुत्रशब्दे='पुत्र' शब्द बाद में होने पर; पराणि=अन्य='महः', 'सहसः' (और) 'इळायाः'; 'सकारभाव' ('उपाचार') को प्राप्त होते ह।.....।

रायस्खां महस्करथो महस्परं
निष्क्रव्यादं निष्कृथ निष्पिपर्तन ॥६०॥

सू० अ०—(अधोलिखित द्वैपदों में निपातन से 'सकारभाव' होता है)—'रायस्खाम्', 'महस्करथः', 'महस्परम्', 'निष्क्रव्यादम्', 'निष्कृथ'(और)'निष्पिपर्तन'।

उ० भा०—इत्येतानि द्वैपदानि निपात्यन्ते। रायस्खाम्—"स रायस्खामुप सृजा गृणानः।"[४-ङ] महस्करथः—"महस्करथो वरिवो यथा नः।"[३-च] महस्परम्—"क्व

टि० (क) वाजः। नु। ते। शवसः। पातु। अन्तम्॥ प० पा०
(ख) महः। पुत्रासः। असुरस्य। वीराः॥ प० पा०
(ग) सहसः। पुत्रः। अद्भुतः॥ प० पा०
(घ) इळायाः। पुत्रः। वयुने। अजनिष्ट॥ प० पा०
(ङ) सः। रायः। खाम्। उप। सृज। गृणानः॥ प० पा०
(च) महः। करथः। वरिवः। यथा। नः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ५।१५।५
[२] ऋ० १०।१०।२
[३] ऋ० २।७।६
[४] ऋ० ३।२९।३
[५] ऋ० ६।३६।४
[६] ऋ० ६।५०।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्विदस्य रजसो महस्परम् ।"[१-क] निष्क्रव्यादम्—"निष्क्रव्यादमनीनशत् ।"[२-ख] निष्कृथ—"यदामयति निष्कृथ ।"[३-ग] निष्पिपर्तन—"विश्वस्मान्नो अंहसो निष्पिपर्तन ॥"[४-घ]

उ० भा० अ०—ये द्वैपद निपातन से सिद्ध हैं ।.....।

कबन्धं पृथु कण्वासः पुत्रः पातु पथा पयः ।
पायुः पृष्ठं पदं तेषां प्रवादा उदये दिवः ॥६१॥

सू० अ०—'कबन्धम्', 'पृथु', 'कण्वासः', 'पुत्रः', 'पातु', 'पथा', 'पयः', 'पायुः', 'पृष्ठम्' (और) 'पदम्'—इन (पदों) का कोई भी रूप बाद में होने पर 'दिवः' (का विसर्जनीय सकार हो जाता है) ।

उ० भा०—कबन्धम्, पृथु, कण्वासः, पुत्रः, पातु, पथा, पयः, पायुः, पृष्ठम्, पदम्—(तेषाम्=) इत्येतेषां पदानाम्; प्रवादा उदये वर्तमाना दिवः इत्येतस्य पदस्योपाचारं जनयन्ति । कबन्धम्—"दिवस्कबन्धमव दर्षदुद्रिणम् ।"[५-ङ] पृथु—"अरित्रं वां दिवस्पृथु ।"[६-च] कण्वासः—"दिवस्कण्वास इन्दवः ।"[७-छ] पुत्रः—"दिवस्पुत्रा अङ्गिरसो भवेम ।"[८-ज] पातु—"सूर्यो नो दिवस्पातु ।"[९-झ] पथा—"दिवस्पथा वध्वो यन्त्यच्छ ।"[१०-ञ] पयः—"दिवस्पयो दिधिषाणा अवेषन् ।"[११-ट] पायुः—"दिवस्पायुर्दुरोणयुः ।"[१२-ठ] पृष्ठम्—

टि० (क) क्व । स्वित् । अस्य । रजसः । महः । परम् ॥ प० पा०
(ख) निः । क्रव्यऽअदम् । अनीनशत् ॥ प० पा०
(ग) यत् । आमयति । निः । कृथ ॥ प० पा०
(घ) विश्वस्मात् । नः । अंहसः । निः । पिपर्तन ॥ प० पा०
(ङ) दिवः । कबन्धम् । अव । दर्षत् । उद्रिणम् ॥ प० पा०
(च) अरित्रम् । वाम् । दिवः । पृथु ॥ प० पा०
(छ) दिवः । कण्वासः । इन्दवः ॥ प० पा०
(ज) दिवः । पुत्राः । अङ्गिरसः । भवेम ॥ प० पा०
(झ) सूर्यः । नः । दिवः । पातु ॥ प० पा०
(ञ) दिवः । पथा । वध्वः । यन्ति । अच्छ ॥ प० पा०
(ट) दिवः । पयः । दिधिषाणाः । अवेषन् ॥ प० पा०
(ठ) दिवः । पायुः । दुरोणऽयुः ॥ प० पा०

---

१ ऋ० १।१६८।६
२ ऋ० १०।१६२।२
३ ऋ० १०।९७।९
४ ऋ० १।१०६।१
५ ऋ० ९।७४।७
६ ऋ० १।४६।८
७ ऋ० १।४६।९
८ ऋ० ४।२।१५
९ ऋ० १०।१५८।१
१० ऋ० ५।४७।६
११ ऋ० १।११४।१
१२ ऋ० ८।६०।१९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"दिवस्पृष्ठं भन्दमानः सुमन्मभिः ।"[१-क] पदम्—"अभि प्रिया दिवस्पदम्"[२-ख]; "अभि प्रिया दिवस्पदा ॥"[३-ग]

उ० भा० अ०—कबन्धम्, पृथु, कण्वासः, पुत्रः, पातु, पथा, पयः, पायुः पृष्ठम्, (और) पदम्—(तेषाम्=) इन पदों के; प्रवादाः=सभी रूप; उदये=बाद में विद्यमान होने पर; दिवः—इस पद के 'सकारभाव' ('उपाचार') को उत्पन्न कर देते हैं।.....।

रजसस्पात्यन्तस्पथाः कस्काव्या चतुरस्कर ।
स्वादुष्किल निदस्पातु द्यौष्पितर्वसतिष्कृता ॥६२॥

सू० अ०—(अधोलिखित स्थलों पर विसर्जनीय निपातन से 'सकारभाव' को प्राप्त होता है)—'रजसस्पाति', 'अन्तस्पथाः', 'कस्काव्या', 'चतुरस्कर', 'स्वादुष्किल', 'निदस्पातु', 'द्यौष्पितः', 'वसतिष्कृता'।

उ० भा०—रजसस्पाति, अन्तस्पथाः, कस्काव्या, चतुरस्कर, स्वादुष्किल, निदस्पातु, द्यौष्पितः, वसतिष्कृता—एतानि पदानि यथागृहीतं निपात्यन्ते। रजसस्पाति—"वि चक्रमे रजसस्पात्यन्तौ"[४-घ] अन्तस्पथाः—अरिफितस्य विसर्जनीयस्य यदुक्तम्—"अन्तः-पदं तु सर्वत्रैव"[५] इति तदिह रिफितस्य दृश्यते, अतो निपात्यते—"अन्तस्पथा अनुपथाः।"[६-ङ] कस्काव्या—"कस्काव्या मरुतः को ह पौंस्या।"[७-च] चतुरस्कर—'कनिष्ठ आह चतुरस्करेति।"[८-छ] स्वादुष्किल—"स्वादुष्किलायं मधुमाँ उतायम्।"[९-ज] निदस्पातु—"सरस्वती

टि० (क) दिवः। पृष्ठम्। भन्दमानः। सुमन्मऽभिः॥ प० पा०

(ख) अभि। प्रिया। दिवः। पदम्॥ प० पा०

(ग) अभि। प्रिया। दिवः। पदा॥ प० पा०

(घ) वि। चक्रमे। रजसः। पाति। अन्तौ॥ प० पा०

(ङ) अन्तःऽपथाः। अनुऽपथाः॥ प० पा०

'अन्तः' पद का विसर्जनीय १।७८ तथा १।९५ के अनुसार 'रिफित' है। इसलिए पद के मध्य में होने पर भी इस 'रिफित' विसर्जनीय का सकार नहीं होना चाहिए था किंतु निपातन से यह 'रिफित' विसर्जनीय 'अरिफित' विसर्जनीय के समान सकार हो गया है।

(च) कः। काव्या। मरुतः। कः। ह। पौंस्या॥ प० पा०

(छ) कनिष्ठः। आह। चतुरः। कर। इति॥ प० पा०

(ज) स्वादुः। किल। अयम्। मधुऽमान्। उत। अयम्॥ प० पा०

---

१ ऋ० ३।२।१२ २ ऋ० ९।१०।९ ३ ऋ० ९।१२।८
४ ऋ० ५।४७।३ ५ ४।४१ ६ ऋ० ५।५२।१०
७ ऋ० ५।५९।४ ८ ऋ० ४।३३।५ ९ ऋ० ६।४७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निदस्पातु।"[१-क] **द्यौष्पितः**—"**द्यौष्पितः पृथिवि मातरध्रुक्।**"[२-ख] **वसतिष्कृता**—"**पर्णे वो वसतिष्कृता॥**"[३-ग]

उ० भा० अ०—**रजसस्पति, अन्तस्पथाः, कस्काव्या, चतुरस्कर, स्वादुष्किल, निदस्पातु, द्यौष्पितः, वसतिष्कृता**—ये पद जैसे (प्रस्तुत सूत्र में) ग्रहण किए गए हैं (वैसे ही संहिता-पाठ में) निपातन से होते हैं।·····**अन्तस्पथाः**—'अरिफित' विसर्जनीय के विषय में जो कहा गया है—"पद के मध्य में तो सर्वत्र ही ('अरिफित' विसर्जनीय सकार हो जाता है)"—वह (कार्य) यहाँ 'रिफित' (विसर्जनीय) का दिखलाई पड़ रहा है, अतः ('रिफित' का 'अरिफित' के समान कार्य यहाँ) निपातन से हुआ है।

तपोष्पवित्रं त्रिष्पूत्वी धीष्पीपाय विभिष्पतात्।
द्यौष्पिता रजसस्पृष्टो ददुष्पज्राय नस्करः॥६३॥

सू० अ०—(अधोलिखित स्थलों पर विसर्जनीय निपातन से 'सकारभाव' को प्राप्त होता है)-'**तपोष्पवित्रम्**', '**त्रिष्पूत्वी**' '**धीष्पीपाय**', **विभिष्पतात्**', '**द्यौष्पिता**', '**रजसस्पृष्टः**', '**ददुष्पज्राय**' (और) '**नस्करः**'।

उ० भा०—**एतानि पदानि निपात्यन्ते। तपोष्पवित्रम् तपोष्पवित्रं विततं दिवस्पदे।**"[४-घ] **त्रिष्पूत्वी**—"**अपालामिन्द्र त्रिष्पूत्वी।**"[५-ङ] **धीष्पीपाय**—"**धीष्पीपाय बृहद्दिवेषु मानुषा।**"[६-च] **विभिष्पतात्**—"**यद्वां रथो विभिष्पतात्।**"[७-छ] **द्यौष्पिता**—"**द्यौष्पिता जनिता सत्यमुक्षन्।**"[८-ज] **रजसस्पृष्टः**—"**धर्ता दिवो रजसस्पृष्ट ऊर्ध्वः।**"[९-झ] **ददुष्पज्राय**—"**ददुष्पज्राय साम्ने।**"[१०-ञ] **नस्करः**—"**अधा त्वं हि नस्करः॥**"[११-ट]

उ० भा० अ०—ये पद निपातन से सिद्ध हैं।·····।

टि० (क) सरस्वती। निदः। पातु॥ प० पा०
(ख) द्यौः। पितरिति। पृथिवि। मातः। अध्रुक्॥ प० पा०
(ग) पर्णे। वः। वसतिः। कृता॥ प० पा०
(घ) तपोः। पवित्रम्। विऽततम्। दिवः। पदे॥ प० पा०
(ङ) अपालाम्। इन्द्र। त्रिः। पूत्वी॥ प० पा०
(च) धीः। पीपाय। बृहत्ऽदिवेषु। मानुषा॥ प० पा०
(छ) यत्। वाम्। रथः। विऽभिः। पतात्॥ प० पा०
(ज) द्यौः। पिता। जनिता। सत्यम्। उक्षन्॥ प० पा०
(झ) धर्ता। दिवः। रजसः। पृष्टः। ऊर्ध्वः॥ प० पा०
(ञ) ददुः। पज्राय। साम्ने॥ प० पा०
(ट) अध। त्वम्। हि। नः। करः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ६।६१।११ [२] ऋ० ६।५१।५ [३] ऋ० १०।९७।५
[४] ऋ० ९।८३।२ [५] ऋ० ८।९१।७ [६] ऋ० २।२।९
[७] ऋ० १।४६।३ [८] ऋ० ४।१।१० [९] ऋ० ३।४९।४
[१०] ऋ० ८।६।४७ [११] ऋ० ८।८४।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वसुष्कुविन्मनुष्पिता पितुष्पिता पितुष्परि ।
प्र णस्पुरो मयस्करन्नभस्पयस्त्रयस्परः ॥६४॥

सू० अ०—(अधोलिखित स्थलों पर विसर्जनीय निपातन से सकार होता है) 'वसुष्कुवित्', 'मनुष्पिता', 'पितुष्पिता', 'पितुष्परि', 'प्र णस्पुरः', 'मयस्करन्', 'नभस्पयः' (और) 'त्रयस्परः'।

उ० भा०—एते चोपाचारा यथागृहीतं भवन्ति। वसुष्कुवित् "वसुष्कुविद्वसुभिः काममावरत्।"[१-क] मनुष्पिता "यामथर्वा मनुष्पिता।"[२-ख] पितुष्पिता "गर्भे मातुः पितुष्पिता।"[३-ग] पितुष्परि "अहमिद्धि पितुष्परि।"[४-घ] प्र णस्पुरः "सक्ष्वा देव प्र णस्पुरः।"[५-ङ] प्र इति किम्? "भद्रं भवाति नः पुरः।"[६-च] मयस्करन् "मयस्करन्परतरे चनाहन्।"[७-छ] नभस्पयः "हरिरोपशं कृणुते नभस्पयः।"[८ ज] त्रयस्परः "ये त्रिंशति त्रयस्परः॥"[९-झ]

उ० भा० अ०—ये 'सकारभाव' ('उपाचार') जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं (वैसे ही संहिता-पाठ में उपलब्ध) होते हैं।.....।

टि० (क) वसुः। कुवित्। वसुऽभिः। कामम्। आऽवरत्॥ प० पा०

(ख) याम्। अथर्वा। मनुः। पिता॥ प० पा०

(ग) गर्भे। मातुः। पितुः। पिता॥ प० पा०

(घ) अहम्। इत्। हि। पितुः। परि॥ प० पा०

(ङ) सक्ष्व। देव। प्र। नः। पुरः॥ प० पा०

(च) भद्रम्। भवाति। नः। पुरः॥ प० पा०

'प्र' पूर्व में न होने के कारण 'नः' का विसर्जनीय सकार नहीं हुआ है यद्यपि 'नः' के बाद में 'पुरः' है।

(छ) मयः। करन्। परऽतरे। चन। अहन्॥ प० पा०

(ज) हरिः। ओपशम्। कृणुते। नभः। पयः॥ प० पा०

(झ) ये। त्रिंशति। त्रयः। परः॥ प० पा०

---

१ ऋ० १।१४३।६
२ ऋ० १।८०।१६
३ ऋ० ६।१६।३५
४ ऋ० ८।६।१०
५ ऋ० १।४२।१
६ ऋ० २।४१।११
७ ऋ० १०।९५।१
८ ऋ० ९।७१।१
९ ऋ० ८।२८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नकारविकाराः)

(आन्पदाः पदवृत्तयो नाम संधयः=नकारस्य लोपः)

नकार आकारोपधः पद्यान्तोऽपि
स्वरोदयः । लुप्यते ॥६५॥

(नकार के विकार)

(आन्पद-पदवृत्ति-संज्ञक संधियाँ=नकार का लोप)

सू० अ०—आकार है पूर्व में जिसके वह नकार 'पद्य' के अन्त में होने पर भी (और 'पद्य' के अन्त में न होने पर भी अर्थात् पद के अन्त में होने पर भी) लुप्त हो जाता है, यदि 'स्वर'-वर्ण बाद में हो ।

उ० भा०—इत उत्तरं नकारविकारा उच्यन्ते "ईमित्यन्तलोप एषूदयेषु"[१]—अस्मान्नकारलोपादा । आकारोपधः नकारः पद्यान्तः (अपि) अपद्यान्तोऽपि च । विग्रहाधिकारनिवृत्यर्थं पद्यान्तग्रहणम्, अन्तःपादाधिकारानुवृत्त्यर्थं च । स्वरोदयः सन् लुप्यते । "सर्गाँ इव सृजतं सुष्टुतीरुप"[२]; "महाँ इन्द्रो नृवदा चर्षणिप्राः ।"[३] आकारोपधः इति किम् ? "केतुं कृण्वन्नकेतवे ।"[४] स्वरोदयः इति किम् ? "अयोदंष्ट्रान्विधावतो वराहून् ।"[५] अन्तःपादाधिकारानुवृत्तिः किम् ? "तयेह विश्वाँ अवसे यजत्राना सादय ॥"[६]

उ० भा० अ०—इसके आगे—"ये (सूत्रोक्त पद) बाद में होने पर 'ईम्' के अन्त (=अन्तिम वर्ण=मकार) का लोप हो जाता है"—इस मकार-लोप (४।८३) से पूर्व तक नकार के विकारों को कहते हैं। **आकारोपधः**=आकार है पूर्व में जिसके वह; **नकारः**=नकार; **पद्यान्तः** (अपि)='पद्य' के अन्त में होने पर भी और 'पद्य' के अन्त में न होने पर भी। 'विग्रह' के अधिकार की निवृत्ति के लिए और 'अन्तःपाद' के अधिकार की अनुवृत्ति के लिए **पद्यान्त** का ग्रहण (सूत्र) में किया गया है ।[क] **स्वरोदयः**=बाद में (पदादि) 'स्वर'-(वर्ण) हो तो (पूर्वोक्त नकार); **लुप्यते**=लुप्त हो जाता है (तात्पर्य यह है कि पूर्वपद्यान्त या पदान्त नकार का लोप हो जाता है यदि (१) नकार के पूर्व में आकार हो (२) नकार के बाद में पदादि 'स्वर'-वर्ण हो और (३) पदादि नकार पाद के मध्य में हो) (जैसे) "सर्गाँ इव सृजतं सुष्टुतीरुप"[ख]; "महाँ इन्द्रो नृवदा चर्षणिप्राः ।"[ग]

टि० (क) ४।४२ से प्राप्त 'विग्रहे' अधिकार की निवृत्ति तथा ४।४२ से ही प्राप्त 'अन्तःपाद' अधिकार की अनुवृत्ति के लिए प्रस्तुत सूत्र में 'पद्यान्त' शब्द का ग्रहण किया गया है ।

(ख) सर्गान्ऽइव । सृजतम् । सुऽस्तुतीः । उप ॥ प० पा०

(ग) महान् । इन्द्रः । नृऽवत् । आ । चर्षणिऽप्राः ॥ प० पा०

इन उदाहरणों में क्रमशः पूवपद्यान्त तथा पदान्त नकार के पूर्व में आकार है और बाद में पदादि 'स्वर'—वर्ण है, अतः नकार का लोप हो गया ।

---

१ ४।८३ २ ऋ० ८।३५।२० ३ ऋ० ६।१९।१
४ ऋ० १।६।३ ५ ऋ० १।८८।५ ६ ऋ० ३।५७।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"आकार है पूर्व में जिसके वह (नकार)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "केतुं कृण्वन्नकेतवे ।"क "'स्वर' (-वर्ण) बाद में (=पदादि) हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अयोदंष्ट्रान्विधावतो वराहून्। "ख "'अन्तःपाद' के अधिकार की निवृत्ति के लिए"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "तयेह विश्वाँ अवसे यजत्राना सादय ।"ग

अज्राञ्जग्रसानाञ्जघन्वान्देवहूतमान् । बद्बधानाँ इन्द्र
सोमाँस्तृषाणान्नो देव देवान् । हन्त देवाँ इति च ॥६६॥

सू० अ०—(पाद के अन्त में आने पर भी अधोलिखित पदों के नकार लुप्त हो जाते है) 'अज्रान्', 'जग्रसानान्', 'जघन्वान्', 'देवहूतमान्', 'बद्बधानान्', 'इन्द्र सोमान्', 'तृषाणान्', 'नो देव देवान्' और 'हन्त देवान्'।

उ० भा०—पादान्त एतेषु पदेषु नकारा लुप्यन्ते। पादान्तीयार्थ आरम्भः। अज्रान्—"आ सूर्यो बृहतस्तिष्ठदज्राँ ऋजु ।"१-घ जग्रसानान्—"सृजः सिन्धूँरहिना जग्रसानाँ आत् ।"२-ङ जघन्वान्—"त्वमपो यद्ध वृत्रं जघन्वाँ अत्याँइव ।"३-च देवहूतमान्—"युक्ष्वा हि देवहूतमाँ अश्वान् ।"४-छ बद्बधानान्—"त्वमुत्साँ ऋतुभिर्बद्बधानाँ

टि० (क) केतुम् । कृण्वन् । अकेतवे ॥ प० पा०
'कृण्वन्' के नकार का लोप नहीं हुआ है क्योंकि 'कृण्वन्' के पूर्व में आकार नहीं अपितु अकार है ।

(ख) अयःऽदंष्ट्रान् । विऽधावतः । वराहून् ॥ प० पा०
'दंष्ट्रान्' के नकार का लोप नहीं हुआ क्योंकि 'दंष्ट्रान्' के बाद में 'स्वर' नहीं अपितु 'व्यञ्जन' है ।

(ग) तया । इह । विश्वान् । अवसे । यजत्रान् ।
आ । सादय ।.....॥ प० पा०
'यजत्रान्' का नकार पाद के मध्य में नहीं अपितु पाद के अन्त में है, अतः नकार का लोप नहीं हुआ है। पाद के मध्य में होने के कारण 'विश्वान्' के नकार का लोप हो गया है ।

(घ) आ । सूर्यः । बृहतः । तिष्ठत् । अज्रान् ।
ऋजु ।..... ॥ प० पा०

(ङ) सृजः । सिन्धून् । अहिना । जग्रसानान् ।
आत् ।.....॥ प० पा०

(च) त्वम् । अपः । यत् । ह । वृत्रम् । जघन्वान् ।
अत्यान्ऽइव ।.....॥ प० पा०
'जघन्वान्' के नकार का लोप प्रस्तुत सूत्र से और 'अत्यान्' के नकार का लोप ४।६५ से हुआ है ।

(छ) युक्ष्व । हि । देवऽहूतमान् ।
अश्वान् ।.....॥ प० पा०

---

१ ऋ० ४।१।१७ २ ऋ० १०।१११।९ ३ ऋ० ३।३२।६ ४ ऋ० ८।७५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अरंहः।"[१-क] इन्द्र सोमान्—"यथापिबः पूर्व्यं इन्द्र सोमाँ एव।"[२-ख] इन्द्र इति किम्? ग तृषाणान्—"धन्वान्यञ्जाँ अपृणक्तृषाणाँ अधोक्।"[३-घ] नो देव देवान्—"उत नो देव देवाँ अच्छ।"[४-ङ] नः इति किम्? "अच्छा नो मित्रमहो देव देवानग्ने।"[५-च] हन्त देवान्—"यजामहै यज्ञियान्हन्त देवाँ ईळामहै।"[६-छ] हन्त इति किम्? "यथायज ऋतुभिर्देव देवानेव।"[७-ज] इति च॥

उ० भा० अ०—पाद के अन्त में (आने पर भी) इन पदों में नकार लुप्त हो जाते हैं। पाद के अन्त में आने वाले (नकार के लोप के लिए) आरम्भ किया है।.....।

टि० (क) त्वम्। उत्सान। ऋतुऽभिः। बद्बधानान्।
अरंहः।.....॥ प० पा०

'बद्बधानान्' के नकार का लोप प्रस्तुत सूत्र से हुआ है और 'उत्सान्' के नकार का लोप ४।६५ से हुआ है।

(ख) यथा। अपिबः। पूर्व्यान्। इन्द्र। सोमान्।
एव।.....॥ प० पा०

'सोमान्' के नकार का लोप प्रस्तुत सूत्र से हुआ है और 'पूर्व्यान्' के नकार का लोप ४।६५ से हुआ है।

(ग) भाष्यकर ने प्रत्युदाहरण प्रस्तुत नहीं किया है।

(घ) धन्वानि। अञ्जान्। अपृणक्। तृषाणान्।
अधोक्।.....॥ प०पा०

'तृषाणान्' के नकार का लोप प्रस्तुत सूत्र से हुआ है और 'अञ्जान्' के नकार का लोप ४।६५ से हुआ है।

(ङ) उत। नः। देव। देवान्।
अच्छ।.....॥ प० पा०

(च) अच्छ। नः। मित्रऽमहः। देव। देवान्।
अग्ने।.....॥प० पा०

'देवान्' के नकार का लोप नहीं हुआ क्योंकि 'देवान्' के पूर्व में स्थित 'देव' पद के पूर्व में 'नः' पद नहीं है।

(छ) यजामहै। यज्ञियान्। हन्त। देवान्।
ईळामहै।.....॥ प० पा०

(ज) यथा। अयजः। ऋतुऽभिः। देव। देवान्।
एव।.....॥ प० पा०

'देवान्' के नकार का लोप नहीं हुआ क्योंकि 'देवान्' के पूर्व म 'हन्त' नहीं है।

---

१ ऋ० ५।३२।२ २ ऋ० ३।३६।३ ३ ऋ० ४।१९।७
४ ऋ० ८।७५।२ ५ ऋ० ६।२।११ ६ ऋ० १०।५३।२
७ ऋ० १०।७।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एता आन्पदाः पदवृत्तयः ॥६७॥

सू० अ०—ये 'आन्पद-पदवृत्तियाँ' हैं।

उ० भा०—एताः च—"अज्रान्"[1] इत्यादिका अधस्तनाश्च—"नकार आकारोपधः"[2] इत्यादिका आन्पदाः पदवृत्तय उच्यन्ते ॥

उ० भा० अ०—एताः=ये; "अज्रान्" इत्यादि भी और "आकार पूर्व में हो तो नकार" इत्यादि ये पूर्ववर्ती भी 'आन्पद-पदवृत्तियाँ' कहलाती हैं।

(विवृत्त्यभिप्रायाः संधयः)

विवृत्त्यभिप्रायेषु च पीवोअन्नाँ रयिवृधः।
दधन्वाँ यो जुजुर्वाँ यः स्ववाँ यातु दद्वाँ वेति ॥६८॥

(विवृत्त्यभिप्राय-संज्ञक संधियाँ)

सू० अ०—'विवृत्त्यभिप्राय' (नामक संधियों) में भी (नकार का लोप हो जाता है)—'पीवोअन्नाँ रयिवृधः', 'दधन्वाँ यः', 'जुर्जुर्वाँ यः', 'स्ववाँ यातु' (और) 'दद्वाँ वा'।

उ० भा०—विवृत्त्यभिप्रायेषु च संधिषु नकार आकारोपधो लुप्यतेऽन्तःस्था-व्यञ्जनोदय इत्येतेषु द्वैपदेषु। "पीवोअन्नाँ रयिवृधः सुमेधाः"[3]-क; "दधन्वाँ यो नर्यो अप्स्वन्तरा"[4]-ख; "जुजुर्वाँ यो मुहुरा युवा भूत्"[5]-ग; "सुमृळीकः स्ववाँ यात्वर्वाङ्"[6]-घ; "दद्वाँ वा यत्पुष्यति रेक्णः।"[7]-ङ

उ० भा० अ०—'विवृत्त्यभिप्राय' संधियों में भी आकार के बाद में आने वाला नकार, 'अन्तःस्था'-रूप 'व्यञ्जन' बाद में होने पर, लुप्त हो जाता है—इन द्वैपदों में (अर्थात् इन द्वैपदों में 'अन्तःस्था' बाद में होने पर आकार के बाद में आने वाला नकार लुप्त हो गया है)।.....।

टि० (क) पीवःऽअन्नान्। रयिऽवृधः। सुऽमेधाः॥ प० पा०

(ख) दधन्वान्। यः। नर्यः। अप्ऽसु। अंन्तः। आ॥ प० पा०

(ग) जुजुर्वान्। यः। मुहुः। आ। युवा। भूत्॥ प० पा०

(घ) सुऽमृळीकः। स्वऽवान्। यातु। अर्वाङ्॥ प० पा०

(ङ) दद्वान्। वा। यत्। पुष्यति। रेक्णः॥ प० पा०

---

[1] ४।६६
[2] ४।६५
[3] ऋ० ७।९१।३
[4] ऋ० ९।१०७।१
[5] ऋ० २।४।५
[6] ऋ० १।११८।१
[7] ऋ० १०।१३२।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(स्पर्शरेफसंधयः=नकारस्य रेफः)

हतं योनौ वचोभिर्यान्युवन्यूँर्वनिषीष्टेति ।
ईकारोकारोपहितो रेफमेषु ॥६९॥

(स्पर्शरेफ-संज्ञक संधियाँ=नकार का रेफ होना)

सू० अ०—'हतम्', 'योनौ', 'वचोभिः', 'यान्', 'युवन्यून्', 'वनिषीष्ट'—ये (पद) बाद में हों तो ईकार और ऊकार से बाद में आने वाला (नकार) रेफ (हो जाता है)।

उ० भा०—हतम्, योनौ, वचोभिः, यान्, युवन्यून्, वनिषीष्ट—(एषु=) एतेषु पदेषु प्रत्ययभूतेषु; (ईकारोकारोपहितः=) ईकारोपहित ऊकारोपहितश्च; नकारो रेफम् आपद्यते। हतम्—"उत्पणीँर्हतमूर्म्या मदन्ता।"[१-क] योनौ—वि दस्यूँर्योनावकृतः।"[२-ख] वचोभिः—"पणीँर्वचोभिरभि योधदिन्द्रः।"[३-ग] यान्—"सखीँर्याँ इन्द्र चकृषे सुकृत्या।"[४-घ] युवन्यून्—"रुद्रस्य सूनूँर्युवन्यूँरुदश्याः।"[५-ङ] वनिषीष्ट—"प्रियाँ अपिधीँर्वनिषीष्ट॥"[६-च]

उ० भा० अ०—हतम्, योनौ, वचोभिः, यान्, युवन्यून्, वनिषीष्ट—(एषु=) ये पद बाद में हों तो; (ईकारोकारोपहितः=) ईकार से उपहित और ऊकार से उपहित (=ईकार से बाद में स्थित और ऊकार से बाद में स्थित); नकार; रेफम्=रेफ; हो जाता है (अर्थात् निर्दिष्ट पदों में से कोई भी पद बाद में हो तो ईकार या ऊकार के पश्चात् आने वाला नकार रेफ हो जाता है)।.....।

स्वरेषु च ॥७०॥

सू० अ०—'स्वर' (-वर्ण) बाद में होने पर भी (ईकार और ऊकार से बाद में स्थित नकार रेफ हो जाता है)।

टि० (क) उत्। पणीन्। हतम्। ऊर्म्या। मदन्ता॥ प० पा०

(ख) वि। दस्यून्। योनौ। अकृतः॥ प० पा०

(ग) पणीन्। वचःऽभिः। अभि। योधत्। इन्द्रः॥ प० पा०

(घ) सखीन्। यान्। इन्द्र। चकृषे। सुऽकृत्या॥ प० पा०

(ङ) रुद्रस्य। सूनून्। युवन्यून्। उत्। अश्याः॥ प० पा०

(च) प्रियान्। अपिऽधीन्। वनिषीष्ट॥ प० पा०

इन सभी उदाहरणों में ईकार तथा ऊकार के बाद में स्थित नकार का लोप हो गया है।

---

[१] ऋ० १।१८४।२ [२] ऋ० १।६३।४
[३] ऋ० ६।३९।२ [४] ऋ० ४।३५।७
[५] ऋ० ५।४२।१५ [६] ऋ० १।१२७।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**स्वरेषु च प्रत्ययेष्वीकारोकारोपहितो नकारो रेफमापद्यते। "रश्मीँरिव यच्छतम्।"**[१-क] **अभीशूँरिव सारथिः।"**[२-ख] **परिधीँरति ताँ इहि।"**[३-ग] **"बन्धूँरिमाँ अवरान्।"**[४-घ] **अन्तःपादाधिकारानुवृत्तेरिह न भवति—"अतो न आ नृनतिथीनतः॥"**

उ० भा० अ०—**स्वरेषु च**='स्वर' (-वर्ण) बाद में (=पदादि) होने पर भी; ईकार और ऊकार से बाद में स्थित नकार रेफ हो जाता है।.....। 'अन्तःपाद' के अधिकार की अनुवृत्ति होने से यहाँ (अर्थात् इस उदाहरण में) (नकार रेफ) नहीं होता है—"अतो न आ नृनतिथीनतः।"[५-ङ]

दस्यूँरेको नृँरभि च ॥७१॥

सू० अ०—'दस्यूँरेकः' और 'नृँरभि' (इन द्वैपदों में) भी (नकार रेफ हो गया है)।

उ० भा०—**दस्यूँरेकः, नृँरभि**—**अनयोः च द्वैपदयोर्नकारो रेफमापद्यते। "त्वं ह नु त्यददमायो दस्यूँरेकः।"**[६] **पादान्तार्थ आरम्भः। नृँरभि—येना स्वर्ण ततनाम नृँरभि।"**[७] **ऋकारोपधत्वान्नकारस्य रेफविधानमेतत्॥**

उ० भा० अ०—**दस्यूँरेकः, नृँरभि**—इन दो द्वैपदों का; च=भी; नकार रेफ हो जाता है। (जैसे) "त्वं ह नु त्यददमायो दस्यूँरेकः।"च पादान्त के लिए आरम्भ

टि० (क) रश्मीन्ऽइव। यच्छतम्॥ प० पा०

(ख) अभीशून्ऽइव। सारथिः॥ प० पा०

(ग) परिऽधीन्। अति। तान्। इहि॥ प० पा०

(घ) बन्धून्। इमान्। अवरान्॥ प० पा०

इन उदाहरणों में पदादि 'स्वर'-वर्ण बाद में होने पर ईकार और ऊकार के बाद में विद्यमान नकार रेफ हो गया है।

(ङ) अतः। नः। आ। नृन्। अतिथीन्।

अतः।.....॥ प० पा०

यद्यपि 'अतिथीन्' पद के नकार के पूर्व में ईकार तथा बाद में 'स्वर'-वर्ण है तथापि नकार रेफ नहीं हुआ है क्योंकि यह पद पाद के अन्त में विद्यमान है। इस सूत्र में ४।४२ से 'अन्तःपादम्' की अनुवृत्ति हो रही है जिसके अनुसार प्रस्तुत सूत्र में विहित कार्य (नकार का रेफ होना) तभी होता है जब नकार पाद के मध्य में हो। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि ईकार या ऊकार से बाद में आने वाला नकार तभी रेफ होता है जब पदादि 'स्वर'-वर्ण उसी पाद में स्थित हो जिस पाद में नकार स्थित है।

(च) त्वम्। ह। नु। त्यत्। अदमयः। दस्यून्।

एकः।.....॥ प० पा०

---

१ ऋ० ८।३५।२१ २ ऋ० ६।५७।६ ३ ऋ० ९।१०७।१९

४ ऋ० ९।९७।१७ ५ ऋ० ५।५०।३ ६ ऋ० ६।१८।३

७ ऋ० ५।५४।१५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(किया है)।[क] नॄँरभि—"येना स्वर्ण ततनाम नॅरभि।"[ख] ऋकार पूर्व में होने से यह नकार का रेफ-विधान (किया गया है)।[ग]

ते स्पर्शरेफसंधयः ॥७२॥

सू० अ०—ये 'स्पर्शरेफ' (—संज्ञक) संधियाँ हैं।

उ० भा०—ते=एते—"हतं योनौ"[१] इत्याद्यारभ्य स्पर्शरेफसंधयो वेदितव्याः "स्पर्शोष्मसंधीन्स्पर्शरेफसंधीनभिप्रायांश्च परिपादयन्ति"[२] इत्यादिभिः संज्ञाव्यवहारः॥

उ० भा० अ०—"हतं योनौ" इत्यादि से लेकर; ते=ये; **स्पर्शरेफसंधयः=** 'स्पर्शरेफ' (-संज्ञक) संधियाँ जाननी चाहिए। "'स्पर्शोष्म' संधियों का, 'स्पर्शरेफ' संधियों का और 'विवृत्त्यभिप्राय' संधियों का सानुस्वार उच्चारण करते हैं" इत्यादि (सूत्रों) में ('स्पर्शरेफ' आदि) संज्ञाओं का व्यवहार हुआ है।

(नकारस्य प्रकृतिभावः)

नास्मानुपैतावान्स्फुरान्गच्छान्देवानयाड् वहान्।
हिरण्यचक्रान्मायावान्घोषाँस्तानश्विनाविद्वान्।
पयस्वान्पुत्राना धेह्यायजीयान्पतीनुरोः॥७३॥

(नकार का प्रकृतिभाव)

सू० अ०—(अधोलिखित स्थल ४।६५ और ४।७० के अपवाद हैं। इन स्थलों पर नकार में विकार) नहीं (होता है)—'अस्मानुप', 'एतावान्', 'स्फुरान्', 'गच्छान्', 'देवानयाट्', 'वहान्', 'हिरण्यचक्रान्', 'मायावान्', 'घोषान्', 'तानश्विना', 'अविद्वान्', 'पयस्वान्', 'पुत्राना धेहि', 'आ यजीयान्' (और) 'पतीनुरोः'।

टि० (क) पूर्ववर्ती सूत्र (४।७०) में यह विधान किया गया था कि यदि पदान्त नकार के पूर्व में ईकार या ऊकार हो और बाद में पदादि 'स्वर'-वर्ण हो तो पदान्त नकार रेफ हो जाता है। 'दस्यून्' के पदान्त नकार के पूर्व में भी ऊकार है और बाद में 'स्वर'-वर्ण है तथापि पूर्ववर्ती सूत्र (४।७०) से 'दस्यून्' का नकार रेफ नहीं होता है क्योंकि उस सूत्र के अनुसार पाद के मध्य में विद्यमान नकार ही रेफ होता है। "दस्यूँरेकः" को पृथक् सूत्र में रखने का कारण यह है कि 'दस्यून्' का नकार पाद के अन्त में स्थित है।

(ख) येन। स्वः। न। ततनाम। नॄन्। अभि॥ प० पा०

(ग) "नॄँरभि" को पृथक् सूत्र में रखने का यह कारण है कि पूर्ववर्ती सूत्र (४।७०) के अनुसार केवल वही नकार रेफ होता है जिसके पहले ईकार अथवा ऊकार हो। यहाँ तो नकार के पहले ऋकार है। ऋग्वेद में ऋकार के बाद में आने वाले नकार के रेफ होने का केवल यही एक उदाहरण उपलब्ध होता है। अन्य स्थलों पर तो ऋकार के बाद में आने वाला नकार, 'स्वर'-वर्ण परे रहते, रेफ में परिणत न होकर अविकृत रहता है।

---

१ ४।६९ २ १४।३७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—अस्मानुप, एतावान्, स्फुरान्, गच्छान्, देवानयाट्, वहान्, हिरण्यचक्रान्, मायावान्, घोषान्, तानश्विना, अविद्वान्, पयस्वान्, पुत्राना धेहि, आयजीयान्, पतीनुरोः—एते नकाराः प्रकृत्या भवन्ति। अस्मानुप—"धेनुर्वागस्मानुप सुष्टुतैतु।"[१-क] उप इति किम्? "प्रास्माँ अव पृतनासु प्र विक्षु।"[२-ख] एतावान्—"एतावानस्य महिमा।"[३-ग] स्फुरान्—"अनु यद् गावः स्फुरानृजिप्यम्।"[४-घ] गच्छान्—"गच्छानिद्दुषो रातिम्।"[५-ङ] देवानयाट्—"देवानयाडयाँ अपिप्रेयें ते होत्रे।"[६] अयाट् इति किम्? "देवाँ आ वीतये वह।"[७-च] वहान्—"कस्मै देवा आ वहानाशु होम।"[८-छ] हिरण्यचक्रान्—"पश्यन्हिरण्यचक्रानयोदंष्ट्रान्।"[९-ज] मायावान्—"नि मायावानब्रह्मा दस्युरर्त।"[१०-झ] घोषान्—"आ यत्ते घोषानुत्तरा युगानि।"[११-ञ] तानश्विना—"तानश्विना सरस्वतीमिन्द्रं सुत्रामाणम्।"[ट] अश्विना इति किम्? "ताँ इन्द्र

टि० (क) धेनुः। वाक्। अस्मान्। उप। सुऽस्तुता। आ। एतु॥ प० पा०

(ख) प्र। अस्मान्। अव। पृतनासु। प्र। विक्षु॥ प० पा०।

'अस्मान्' के नकार का लोप ४।६५ के अनुसार हो गया है क्योंकि यहाँ 'अस्मान्' के बाद में 'उप' पद नहीं है। 'उप' पद बाद में होन पर ही 'अस्मान्' के नकार का लोप नहीं होता है।

(ग) एतावान्। अस्य। महिमा॥ प० पा०

(घ) अनु। यत्। गावः। स्फुरान्। ऋजिप्यम्॥ प० पा०

(ङ) गच्छान्। इत्। ददुषः। रातिम्॥ प० पा०

(च) देवान्। आ। वीतये। वह॥ प० पा०

'देवान्' के नकार का लोप ४।६५ के अनुसार हो गया है क्योंकि यहाँ 'देवान्' के बाद में 'अयाट्' पद नहीं है। 'अयाट्' पद बाद में होने पर ही 'देवान्' के नकार का लोप नहीं होता है।

(छ) कस्मै। देवाः। आ। वहान्। आशु। होम॥ प० पा०

(ज) पश्यन्। हिरण्यऽचक्रान्। अयःऽदंष्ट्रान्॥ प० पा०

(झ) नि। मायाऽवान्। अब्रह्मा। दस्युः। अर्त॥ प० पा०

(ञ) आ। यत्। ते। घोषान्। उत्ऽतरा। युगानि॥ प० पा०

(ट) यह उद्धरण वाजसनेयी-संहिता (२१।४२) और मैत्रायणी-संहिता (३।११।४) में मिलता है किंतु ऋग्वेद-संहिता में नहीं मिलता। कतिपय हस्तलेखों में यहाँ "प्रैषोऽनुमेयः" ये शब्द मिलते हैं।

---

१ ऋ० ८।१००।११
२ ऋ० ६।४१।५
३ ऋ० १०।९०।३
४ ऋ० ६।६७।११
५ ऋ० ८।७९।५
६ प्रै० पृ० १४५
७ ऋ० ५।२६।२
८ ऋ० १।८४।१८
९ ऋ० १।८८।५
१० ऋ० ४।१६।९
११ ऋ० ३।३३।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहसे पिब।"[१-क] अविद्वान्—"अविद्वानित्थापरो अचेताः।"[२-ख] पयस्वान्—"पयस्वानग्न आ गहि।"[३-ग] पुत्राना धेहि—"दशास्यां पुत्राना धेहि।"[४-घ] आ धेहि इति किम्? "पुंसः पुत्राँ उत विश्वापुषं रयिम्।"[५-ङ] धेहि इति किम्? मृग्यं प्रत्युदाहरणम्।[च] आयजीयान्—"होता होतुर्होतुरायजीयानग्ने यान्।"[६-छ] पतीनुरोः—"प्रियधाम्नः प्रियव्रतान्महः स्वसरस्य पतीनुरोः।"[७-ज] उरोः इति किम्? "रिशादसः सत्पतीँरदब्धान्।"[८-झ]

टि० (क) तान्। इन्द्र। सहसे। पिब॥ प० पा०

यहाँ पर 'तान्' के नकार का लोप ४।६५ से हो गया है क्योंकि बाद में 'अश्विना' पद नहीं है। 'अश्विना' पद बाद में होने पर ही 'तान्' के नकार का लोप नहीं होता है।

(ख) अविद्वान्। इत्था। अपरः। अचेताः॥ प० पा०

(ग) पयस्वान्। अग्ने। आ। गहि॥ प० पा०

(घ) दश। अस्याम्। पुत्रान्। आ। धेहि॥ प० पा०

(ङ) पुंसः। पुत्रान्। उत। विश्वऽपुषम्। रयिम्॥ प० पा०

यहाँ 'पुत्रान्' के नकार का लोप ४।६५ से हो गया है क्योंकि बाद में "आ धेहि" नहीं है। "आ धेहि" बाद में होने पर ही 'पुत्रान्' के नकार का लोप नहीं होता है।

(च) यहाँ यह प्रश्न उठता है कि 'पुत्रान्' के बाद में 'आ' और 'धेहि' ये दो पद सूत्र में क्यों रखे गए हैं? 'धेहि' पद की उपयोगिता दिखलाने के लिए भाष्यकार को ऐसा प्रत्युदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए था जहाँ 'पुत्रान्' के बाद में 'आ' हो और 'धहि' न हो तथा जहाँ नकार का लोप हुआ हो। ऐसा प्रत्युदाहरण हो तो तब यह कहा जा सकता है कि 'पुत्रान्' के नकार का लोप तभी नहीं होता है जब 'पुत्रान्' के बाद में 'आ' और 'धेहि' ये दो पद हों। भाष्यकार ने ऐसा प्रत्युदाहरण प्रस्तुत न करके कहा है कि ऐसा प्रत्युदाहरण खोजना चाहिए। यदि ऐसा प्रत्युदाहरण न मिले तो यही कहना होगा कि छन्दः की परिपूर्ति के लिए ही सूत्र में 'धेहि' पद का ग्रहण किया गया है। देखिए २।७७ पर उवट-भाष्य।

(छ) ४।६५ का अपवाद। 'स्वर'-वर्ण परे रहते पदान्त नकार का लोप नही हुआ हैं।

(ज) यह ४।७० का अपवाद है। ४।७० में यह विधान किया गया था कि पदान्त नकार के पूर्व में ईकार या ऊकार हो और बाद में पदादि 'स्वर'-वर्ण हो तो नकार रेफ हो जाता है। किंतु प्रस्तुत उदाहरण में नकार रेफ नहीं हुआ है।

(झ) रिशादसः। सत्ऽपतीन्। अदब्धान्॥ प० पा०

४।७० से नकार रेफ हो गया है क्योंकि 'पतीन्' पद के बाद में 'उरोः' पद नहीं है। 'उरोः' पद बाद में होने पर ही 'पतीन्' का नकार रेफ नहीं होता है।

---

१ ऋ० १।१६।६
२ ऋ० १।१२०।२
३ ऋ० १।२३।२३
४ ऋ० १०।८५।४५
५ ऋ० १।१६२।२२
६ प्रै० पृ० १४५
७ प्रै० पृ० १४६
८ ऋ० ६।५१।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—अस्मानुप, एतावान्, स्फुरान्, गच्छान्, देवानयाट्, वहान्, हिरण्यचक्रान्, मायावान्, घोषान्, तानश्विना, अविद्वान्, पयस्वान्, पुत्राना धेहि, आयजीयान्, पतीनुरोः—ये (अर्थात् इन स्थलों पर) नकार 'प्रकृतिभाव' से (अर्थात् अविकृत) रहते हैं।[क]·····।

(स्पर्शोष्मसंधयः=नकारस्य विसर्जनीयवत्त्वम्)

चरति चक्रे चमसाँश्च चो चित्
चरसि च्यौत्नश्चतुरश्चिकित्वान्।
एतेषु सर्वत्र विसर्जनीयवद्दीर्घोपधः ॥७४॥

(स्पर्शोष्म संधियाँ=नकार का विसर्जनीय के समान होना)

सू० अ०—'चरति', 'चक्रे', 'चमसान्', 'च', 'चो', 'चित्', 'चरसि', 'च्यौत्नः', 'चतुरः' (और) 'चिकित्वान्'—ये (पद) बाद में हों तो 'दीर्घ' 'स्वर' के बाद में आने वाला (नकार) सर्वत्र विसर्जनीय के समान (कार्य प्राप्त करता है)।

उ० भा०—चरति, चक्रे, चमसान्, च, चो, चित्, चरसि, च्यौत्नः, चतुरः, चिकित्वान्—एतेषु पदेषु परभूतेषु; सर्वत्र=अन्तःपादं पादान्ते च वर्तमानः; दीर्घोपधो नकारो विसर्जनीयवत्प्रत्येतव्यः=विसर्जनीयधर्मालँलभते नकारः—इत्यर्थः। कतमे त इति चेत्? "अघोषे रेफ्यरेफी चोष्माण स्पर्श उत्तरे तत्सस्थानम्।"[१] इति।

चरति—"अन्तर्महाँश्चरति रोचनेन।"[२-ख] चक्रे—"पशून्ताँश्चक्रे वायव्यान्।"[३-ग] चमसान्—"विभ्राजमानाँश्चमसाँ अहेव।"[४-घ] च—"अस्माञ्च ताँश्च प्र हि नेषि वस्य आ।"[५-ङ] चो—"याँश्चो नु दाधृविर्भरध्यै।"[६-च] चित्—"ताँश्चिदेवापि गच्छतात्।"[७-छ]

टि० (क) प्रस्तुत सूत्र में निर्दिष्ट १५ स्थलों में से १४ स्थल ४।६५ के अपवाद हैं। इन स्थलों पर आकार के बाद में आने वाला पदान्त नकार पदादि 'स्वर'-वर्ण के पूर्व में होने पर भी रेफ नहीं होता है अपितु अविकृत रहता है। पदादि 'स्वर' वर्ण से पूर्व में पदान्त नकार को अविकृत रखने की यह प्रवृत्ति परवर्ती वैदिक साहित्य में निरन्तर वृद्धि को प्राप्त होती रही और लौकिक संस्कृत में तो 'स्वर'-वर्ण से पूर्व में आने वाला पदान्त नकार कभी भी रेफ में परिणत नहीं होता है अपितु सर्वत्र अविकृत रहता है।

(ख) अन्तः। महान्। चरति। रोचनेन॥ प० पा०

(ग) पशून्। तान्। चक्रे। वायव्यान्॥ प० पा०

(घ) विऽभ्राजमानान्। चमसान्। अहाऽइव॥ प० पा०

(ङ) अस्मान्। च। तान्। च। प्र। हि। नेषि। वस्यः। आ॥ प० पा०

(च) यान्। चो इति। नु। दाधृविः। भरध्यै॥ प० पा०

(छ) तान्। चित्। एव। अपि। गच्छतात्॥ प० पा०

---

[१] ४।३१ [२] ऋ० ३।५५।९ [३] ऋ० १०।९०।८
[४] ऋ० ४।३३।६ [५] ऋ० २।१।१६ [६] ऋ० ६।६६।३ [७] ऋ० १०।१५४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चरसि—"अन्तर्महाँश्चरसि रोचनेन।"[१-क] **च्यौत्नः**—"भुवो नूँश्च्यौत्नो विश्वस्मिन्भरे।"[२-ख] **चतुरः**—"रायः समुद्राँश्चतुरः।"[३-ग] **चिकित्वान्**—"विद्वाँश्चिकित्वान्हर्यश्व वर्धसे।"[४-घ] **दीर्घोपधः इति किम्?** "अहञ्च वृत्रं नमुचिमुताहन्।"[५-ङ]

उ० भा० अ०—**चरति, चक्रे, चमसान्, च, चो, चित्, चरसि, च्यौत्नः, चतुरः, चिकित्वान्**—**एतेषु**=ये पद बाद में हों तो; **सर्वत्र**=पाद के मध्य में और पाद के अन्त में भी वर्तमान; **दीर्घोपधः**='दीर्घ' 'स्वर' के बाद में विद्यमान; नकार; **विसर्जनीयवत्**=विसर्जनीय के समान; समझा जाना चाहिए=नकार विसर्जनीय के धर्मों को प्राप्त कर लेता है—यह अर्थ है (तात्पर्य यह है कि पदान्त नकार के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर' हो और बाद में चकार से प्रारम्भ होने वाले निर्दिष्ट पदों में से कोई भी एक हो तो वह नकार पाद के मध्य में अथवा पाद के अन्त में होने पर भी विसर्जनीय के समान कार्य को प्राप्त करता है)। यदि (पूछो कि) वे (धर्म) कौन हैं? (उत्तर देते हैं) "'अघोष' 'स्पर्श' परे (=पदादि) हो तो 'रिफित' और 'अरिफित' विसर्जनीय उस (पदादि 'अघोष' 'स्पर्श') के समान स्थान वाले 'ऊष्म' (-वर्ण) (हो जाते हैं)"—(इस सूत्र में प्रतिपादित विसर्जनीय के धर्मों को नकार प्राप्त कर लेता है)।.....।

अस्माञ्चमसान्पशून्न ॥७५॥

सू० अ०—**'अस्मान्' 'चमसान्' (और) 'पशून्' (का नकार विसर्जनीय के कार्य को प्राप्त) नहीं (करता है)।**

उ० भा०—**अस्मान्, चमसान्, पशून्**—**न अत्र नकारो विसर्जनीयवत्कार्यं लभते। अस्मान्**—"अस्माञ्च ताँश्च प्र हि।"[६-च] **चमसान्**—"यदावाख्यच्चमसाञ्चतुरः।"[७-छ]

टि० (क) अन्तः। महान्। चरसि। रोचनेन॥ प० पा०

(ख) भुवः। नॄन्। च्यौत्नः। विश्वस्मिन्। भरे॥ प० पा०

(ग) रायः। समुद्रान्। चतुरः॥ प० पा०

(घ) विद्वान्। चिकित्वान्। हरिऽअश्व। वर्धसे॥ प० पा०

४।३१ के अनुसार चकार बाद में (=पदादि) हो तो पदान्त विसर्जनीय शकार हो जाता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार, चकारादि निर्दिष्ट पद परे रहते, नकार भी विसर्जनीय के समान कार्य प्राप्त करता है, अतः वह भी शकार हो जाता है। इस सूत्र के सभी उदाहरणों में नकार शकार हो गया है।

(ङ) अहन्। च। वृत्रम्। नमुचिम्। उत। अहन्॥ प० पा०

'अहन्' के नकार के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर' नहीं है, अतः, 'च' पद परे होने पर भी, नकार प्रस्तुत सूत्र से शकार नहीं हुआ अपितु ४।९ से ञकार हो गया है।

(च) अस्मान्। च। तान्। च। प्र। हि॥ प० पा०

(छ) यदा। अवऽअख्यत्। चमसान्। चतुरः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १०।४।२ [२] ऋ० १०।५०।४

[३] ऋ० ९।३३।६ [४] ऋ० ३।४४।२ [५] ऋ० ७।१९।५

[६] ऋ० २।१।१६ [७] ऋ० १।१६१।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पशून्—"पशूंश्च स्थातॄंश्चरथं च पाहि ॥"[१-क]

उ० भा० अ०—अस्मान्, चमसान् (और) पशून्—यहाँ पर नकार विसर्जनीय के समान कार्य ; न=नहीं ; प्राप्त करता है (अर्थात् इन पदों का नकार ४।७४ से शकार नहीं होता है)।.....।

ताँस्ते सर्वाँस्तान्देवाँस्त्वं ताँस्त्रायस्वावदँस्त्वं च ॥७६॥

सू० अ०—(अधोलिखित द्वैपदों में नकार विसर्जनीय के समान कार्य प्राप्त करता है) 'ताँस्ते', 'सर्वाँस्तान्', देवाँस्त्वम्', 'ताँस्त्रायस्व' और 'आवदँस्त्वम्'।

उ० भा० अ०—एतेषां द्वैपदानां नकारो विसर्जनीयवद्भवति। ताँस्ते—"तांस्ते अश्याम पुरुकृत्पुरुक्षो।"[२-ख] सर्वाँस्तान्—"सर्वांस्ताँ इन्द्र गच्छसि।"[३-ग] देवाँस्त्वम्—"देवाँस्त्वं परिभूरसि।"[४-घ] ताँस्त्रायस्व—"तांस्त्रायस्व सहस्य।"[५-ङ] आवदँस्त्वम्—"आवदंस्त्वं शकुने भद्रमा वद ॥"[६-च]

उ० भा० अ०—इन द्वैपदों का नकार विसर्जनीय के समान होता है।.....।

विसर्जनीयं परेष्विति ते स्पर्शोष्मसंधयः ॥७७॥

सू० अ०—आगे आने वाली (जिन संधियों) में (नकार) विसर्जनीय (हो जाता है) वे (तथा ४।७४-७५-७६ में जिनका प्रतिपादन किया गया है वे) 'स्पर्शोष्म' संधियाँ (कहलाती हैं)।

उ० भा०—येषु परेषु संधिषु विसर्जनीयं वयं वक्ष्यामः; ये चैते—"चरति चक्रे"[७] इत्यादयः—त उभयेऽपि स्पर्शोष्मसंधयो वेदितव्याः। एकत्र स्पर्श एकत्रोष्मेत्यन्वर्थसंज्ञा। एवमधस्तना अपि संज्ञा वेदितव्याः। दिङ्मात्रं त्वेतत्प्रदर्शितम् ॥

टि० (क) पशून्। च। स्थातॄन्। चरथम्। च। पाहि ॥ प० पा०

प्रस्तुत सूत्र ४।७४ का अपवाद है। ४।७४ के अनुसार 'च' तथा 'चतुरः' बाद में होने पर 'दीर्घ' 'स्वर' के बाद में आने वाला पदान्त नकार शकार हो जाता है किन्तु प्रस्तुत सूत्र ने इन तीन स्थलों पर नकार के शकार होने का निषेध कर दिया है। यहाँ ४।९ के अनुसार नकार ऽकार हो गया है।

(ख) तान्। ते। अश्याम। पुरुऽकृत्। पुरुक्षो इति पुरुऽक्षो ॥ प० पा०

(ग) सर्वान्। तान्। इन्द्र। गच्छसि ॥ प० पा०

(घ) देवान्। त्वम्। परिऽभूः। असि ॥ प० पा०

(ङ) तान्। त्रायस्व। सहस्य ॥ प० पा०

(च) आऽवदन्। त्वम्। शकुने। भद्रम्। आ। वद ॥ प० पा०

४।३१ के अनुसार तकार बाद में हो तो पूर्ववर्ती विसर्जनीय सकार हो जाता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार इन द्वैपदों में नकार भी विसर्जनीय के समान कार्य प्राप्त करता है, अतः इन सभी द्वैपदों में नकार सकार हो गया है।

---

[१] ऋ० १।७२।६ [२] ऋ० ९।९१।५ [३] ऋ० ८।९३।६ [४] ऋ० ५।१३।६
[५] ऋ० ७।१६।८ [६] ऋ० २।४३।३ [७] ४।७४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—जिन; **परेषु**=परवर्ती; संधियों में हम (नकार के); **विसर्जनीयम्**=विसर्जनीय (होने) को; कहेंगे और जो ये "चरति चक्रे" इत्यादि (संधियाँ हैं)—**ते**=वे दोनों ही; 'स्पर्शोष्म' (-संज्ञक) संधियाँ जाननी चाहिए। एक स्थान (=पद-पाठ) में जो 'स्पर्श' है वही एक स्थान (=संहिता-पाठ) में 'ऊष्मन्' हो जाता है—इस प्रकार यह संज्ञा अर्थानुसारिणी है। इसी प्रकार पूर्ववर्ती संज्ञाओं को भी समझ लेना चाहिए। यह तो केवल दिग्दर्शन कराया है।

नॄँः पतिभ्यो नॄँः प्रणेत्रं नॄँः पात्रं स्वतवाँः पायुः।
संधिर्विक्रान्त एवैषः ॥७८॥

सू० अ०—'नॄँः पतिभ्यः', 'नॄँः प्रणेत्रम्', 'नॄँः पात्रम्' (और) 'स्वतवाँ पायुः'—यह 'विक्रान्त' संधि ही है।

उ० भा०—एव इत्यवधारणवचनम्; नात्र द्वितीयः पक्षः। नॄँः पतिभ्यः—"नॄँः पतिभ्यो योनिं कृण्वाने।"[१] नॄँः प्रणेत्रम्—"नराशंसं नृशस्तं नॄँः प्रणेत्रम्।"[२] नॄँः पात्रम्—"कदित्था नॄँः पात्रं देवयताम्।"[३-क] स्वतवाँः पायुः—"भुवस्तस्य स्वतवाँः पायुरग्ने॥"[४-ख]

उ० भा० अ०—**एव**—यह निश्चय (अवधारण) का वाचक है; इस विषय में दूसरा पक्ष नहीं है (अर्थात् नकार के स्थान पर आया हुआ विसर्जनीय अविकृत ही रहता है; वह ४।३३ के अनुसार विकल्प से 'ऊष्म'-वर्ण में परिणत नहीं होता है)।

नॄँः पाहि शृणुधीति च ॥७९॥

सू० अ०—'नॄँः पाहि शृणुधि' यह भी ('विक्रान्त' संधि ही है)।

उ० भा०—"नॄँः पाहि शृणुधी गिरः"[५]—इत्ययं च विक्रान्तसंधिरेव। शृणुधि इति किम्? "रक्षा नृन्पाह्यसुर त्वमस्मान्॥"[६]

उ० भा० अ०—"नॄँः पाहि शृणुधी गिरः"[ग]—यह भी 'विक्रान्त' संधि ही है (अर्थात् यहाँ भी नकार के स्थान पर आए हुए विसर्जनीय में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है)।

टि० (क) कत्। इत्था। नॄन्। पात्रम्। देवय्यताम्॥ प० पा०

(ख) भुवः। तस्य। स्वश्तवान्। पायुः। अग्ने॥ प० पा०

सभी स्थलों पर नकार विसर्जनीय हो गया है। इसके बाद विसर्जनीय में कोई विकार नहीं हुआ है। वह ४।३३ के अनुसार विकल्प से 'ऊष्म'-वर्ण में परिणत नहीं हुआ है।

टि० (ग) नॄन्। पाहि। शृणुधि। गिरः॥ प० पा०

यहाँ नकार विसर्जनीय में परिणत हो गया है। इसके बाद वह विसर्जनीय ४।३३ के अनुसार विकल्प से 'ऊष्म'-वर्ण में परिणत नहीं हुआ है।

---

[१] प्रै० पृ० १४२ [२] प्रै० पृ० १४२ [३] ऋ० १।१२१।१
[४] ऋ० ४।२।६ [५] ऋ० ८।८४।३। [६] ऋ० १।१७४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शृणुधि—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) (उत्तर) "रक्षा नॄन्पाह्यसुर त्वमस्मान् ।"[क]

(नकारस्य लोपरेफोष्मभावे पूर्वस्वरस्यानुनासिकत्वम्)

नकारस्य लोपरेफोष्मभावे
पूर्वस्तत्स्थानादनुनासिकः स्वरः ॥८०॥

(नकार का लोप, रेफ और ऊष्मन् होने पर पूर्ववर्ती स्वर का अनुनासिक होना)

सू० अ०—जहाँ नकार का लोप होता है या रेफ होता है या 'ऊष्मन्' होता है वहाँ उस (नकार) के स्थान से पूर्व वाला 'स्वर'-वर्ण 'अनुनासिक' हो जाता है ।

उ० भा०—नकारविकारानुक्त्वा अथेदानीं नकारसहचरितान्स्वरविकारानाह । (नकारस्य लोपरेफोष्मभावे=) यत्र यत्र नकारस्य लोपभाव उक्तो रेफभाव ऊष्मभावश्च तत्र तत्र; पूर्वः; (तत्स्थानात्=) नकारस्थानात्; अनुनासिकः स्वरो वेदितव्यः । स्वरग्रहणं व्यञ्जनानुनासिक्यपरिहारार्थम् । लोपभावे नकारस्य—"सर्गाँ इव सृजतम्"[१]; "महाँ इन्द्रो नृवत्"[२]; "पीवोअन्नाँ रयिवृधः ।"[३] रेफभावः—"रश्मीँरिव यच्छतम्"[४]; "रुद्रस्य सूनूँर्युवन्यूँरुदश्याः ।"[५] ऊष्मभावः—"महाँश्चरस्योजसा"[६]; "ताँस्ते अश्याम"[७]; "नॄँः पतिभ्यो योनिम् ॥"[८]

उ० भा० अ०—नकार के विकारों को कहकर अब नकार (के विकार) के साथ होने वाले 'स्वर' (-वर्ण) के विकारों को कहते हैं । (नकारस्य लोपरेफोष्मभावे=) जहाँ-जहाँ नकार का लोप होना, रेफ होना और 'ऊष्मन्' होना कहा गया है वहाँ-वहाँ; (तत्स्थानात्=) नकार के स्थान से; पूर्वः=पूर्ववर्ती; स्वरः='स्वर'-वर्ण को; अनुनासिकः='अनुनासिक'; जानना चाहिए । [तात्पर्य यह है कि पूर्ववर्ती सूत्रों (४।६५-७९) के अनुसार जहाँ-जहाँ पदान्त नकार का लोप, रेफ अथवा 'ऊष्मन्' होता है वहाँ-वहाँ उस नकार के स्थान से पूर्ववर्ती 'स्वर'-वर्ण 'अनुनासिक' हो जाता है] । (सूत्र में) 'स्वर' शब्द का ग्रहण 'व्यञ्जन' के आनुनासिक्य के परिहार के लिए किया गया है । **नकार का लोप होने पर**—"सर्गाँ इव सृजतम्"[ख]; "महाँ इन्द्रो नृवत्"[ग]; "पीवोअन्नाँ रयिवृधः ।"[घ] **रेफ होने पर**—"रश्मीँरिव

टि० (क) रक्ष । नॄन् । पाहि । असुर । त्वम् । अस्मान् ॥ प० पा०
यहाँ "नॄन्' का नकार विसर्जनीय नहीं हुआ क्योंकि इसके बाद में 'पाहि' और 'शृणुधि' ये दो पद नहीं हैं, केवल 'पाहि' पद है । 'नॄन्' का नकार तभी विसर्जनीय होता है जब उसके बाद में 'पाहि' और 'शृणुधि' ये दोनों पद होते हैं ।
(ख) सर्गान्ऽइव । सृजतम् ॥ प० पा०
(ग) महान् । इन्द्रः । नृऽवत् ॥ प० पा०
(घ) पीवःऽअन्नान् । रयिऽवृधः ॥ प० पा०
इन उदाहरणों में ४।६५ तथा ४।६८ से नकार का लोप हो गया है । प्रस्तुत सूत्र से नकार के पूर्ववर्ती 'स्वर' 'अनुनासिक' हो गये हैं ।

---

[१] ऋ० ८।३५।२० [२] ऋ० ६।१९।१ [३] ऋ० ७।९१।३ [४] ऋ० ८।३५।२१
[५] ऋ० ५।४२।१५ [६] ऋ० ८।३३।८ [७] ऋ० ९।९१।५ [८] प्रै० पृ० १४२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यच्छतम्"क; "रुद्रस्य सूनूंर्युवन्यूंरुदस्याः।"ख ऊष्म होने पर—"महाँश्चरस्योजसा"ग; "ताँस्ते अश्याम"घ; "नृँः पतिभ्यो योनिम्।"ङ

(प्रसङ्गादन्यत्रापि अनुनासिकस्वरनिर्देशः)

आदिस्वरश्चोत्तरेषां पदेऽपि ॥८१॥

(प्रसङ्ग से अन्यत्र भी अनुनासिक स्वर का निर्देश)

सू० अ०—आगे कहे जाने वाले (पदों) का प्रथम 'स्वर' (-वर्ण) पद-पाठ में भी ('अनुनासिक') हो जाता है।

उ० भा०—उत्तरेषां पदानामादिस्वरोऽनुनासिको वेदितव्यः। पदेऽपि इत्यपिशब्द-प्रयोगः संहितायामेतदविधानमिति द्योतनार्थः॥

उ० भा० अ०—उत्तरेषाम्=परवर्ती (अर्थात् ४।८२ में उल्लिखित) पदों का; आदिस्वरः=प्रथम 'स्वर'-वर्ण; 'अनुनासिक' समझा जाना चाहिए। पदेऽपि में अपि शब्द का प्रयोग यह बतलाने के लिए हुआ है कि संहिता में यह विधान नहीं किया गया है।च

माँस्पचन्या माँश्चत्वे मँश्चतोश्च ॥८२॥

सू० अ०—(४।८१ में निर्दिष्ट पद ये हैं) 'माँस्पचन्याः', 'माँश्चत्वे' (और) 'मँश्चतोः'।

उ० भा०—माँस्पचन्याः, माँश्चत्वे, मँश्चतोः—एतानि पदानि। माँस्पचन्याः—

टि० (क) रश्मीन्ऽइव। यच्छतम्॥ प० पा०

(ख) रुद्रस्य। सूनून्। युवन्यून्। उत्। अश्याः॥ प० पा०

इन उदाहरणों में ४।६९ तथा ४।७० के अनुसार नकार रेफ हो गया है। प्रस्तुत सूत्र से नकार के पूर्ववर्ती 'स्वर' 'अनुनासिक' हो गए हैं।

(ग) महान्। चरसि। ओजसा॥ प० पा०

(घ) तान्। ते। अश्याम। प० पा०

(ङ) इन उदाहरणों में ४।७४, ४।७६ और ४।७८ के अनुसार नकार 'ऊष्मन्' (क्रमशः शकार, सकार और विसर्जनीय) हो गया है। प्रस्तुत सूत्र से नकार के पूर्ववर्ती 'स्वर' 'अनुनासिक' हो गए हैं।

(च) तात्पर्य यह है कि जब पद-पाठ में ही इन पदों का प्रथम 'स्वर' 'अनुनासिक' होता है तब संहिता-पाठ में तो वह स्वयं ही 'अनुनासिक' हो जायेगा। जो स्वयं प्राप्त है उसका विधान नहीं किया जाता है। यतः पद-पाठ में इन पदों के प्रथम 'स्वर' का 'अनुनासिक' होना प्राप्त नहीं था, अतः वहाँ उनके 'अनुनासिक' होने का विधान इस सूत्र में कर दिया गया है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"यन्नीक्षणं माँस्पचन्या उखायाः।"[१-क] माँश्चत्वे—"माँश्चत्वे वा पृशने वा वधत्रे।"[२-ख] मँश्चतोः—"ब्रध्नं मँश्चतोर्वरुणस्य बभ्रुम्॥"[३-ग]

उ० भा० अ०—माँस्पचन्याः, माँश्चत्वे (और) मँश्चतोः—ये पद हैं (जो ४।८१ में निर्दिष्ट किए गए हैं)।.....।

(ईमित्यस्यान्तलोपः)

ईमित्यन्तलोप एषूदयेषु
गर्भं गावो वत्सं मृजन्ति पृच्यते।
सखायो विव्याच पुना रिणन्ति
रथमित्यन्वक्षरसंधिरेव सः॥८३॥

(ईम् के अन्तिम वर्ण का लोप)

सू० अ०—'ईम्' (निपात) के अन्त (=अन्तिम वर्ण=मकार) का लोप हो जाता है यदि ये (पद) बाद में हों—'गर्भम्', 'गावः', 'वत्सम्', 'मृजन्ति', 'पृच्यते' 'सखायः', 'विव्याच', 'पुनः', 'रिणन्ति' (और) 'रथम्'। यह 'अन्वक्षर' संधि ही है।

उ० भा०—इदानीं वर्णलोप उच्यते। ईम् इत्यस्य अन्तलोपो भवति एषूदयेषु सत्सु—गर्भम्, गावः, वत्सम्, मृजन्ति, पृच्यते, सखायः, विव्याच, पुनः, रिणन्ति, रथम्। इतिकरणः समाप्तिवचनः। अन्वक्षरसंधिरेव सः अयं वेदितव्यः, योऽधस्तात्प्रतिपादितः—"एष स्य स च स्वराश्च पूर्वे"[४] इत्यादिकः।

गर्भम्—"यमी गर्भमृतावृधः।"[५-घ] गावः—"समी गावो मतयो यन्ति संयतः।"[६-ङ] वत्सम् "समी वत्सं न मातृभिः।"[७-च] मृजन्ति—"तमी मृजन्त्यायवः।"[८-छ] पृच्यते—"समी पृच्यते समनेव केतुः।"[९-ज] सखायः—"समी सखायो अस्वरन्।"[१०-झ] विव्याच—

टि० (क) यत्। निऽईक्षणम्। माँस्पचन्याः। उखायाः॥ प० पा०
(ख) माँश्चत्वे। वा। पृशने। वा। वधत्रे इति॥ प० पा०
(ग) ब्रध्नम्। मँश्चतोः। वरुणस्य। बभ्रुम्॥ प० पा०
(घ) यम्। ईमिति। गर्भम्। ऋतऽवृधः॥प० पा०
(ङ) सम्। ईमिति। गावः। मतयः। यन्ति। सम्ऽयतः॥ प० पा०
(च) सम्। ईमिति। वत्सम्। न। मातृऽभिः॥ प० पा०
(छ) तम्। ईमिति। मृजन्ति। आयवः॥ प० पा०
(ज) सम्। ईमिति। पृच्यते। समनाऽइव। केतुः॥ प० पा०
(झ) सम्। ईमिति। सखायः। अस्वरन्॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १।१६२।१३ [२] ऋ० ९।९७।५४ [३] ऋ० ७।४४।३
[४] २।८ [५] ऋ० ९।१०२।६ [६] ऋ० ९।७२।६
[७] ऋ० ९।१०४।२ [८] ऋ० ९।६३।१७ [९] ऋ० १।१०३।१
[१०] ऋ० ९।४५।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"समी विव्याच सवना पुरूणि ।"[१-क] पुनः—"संवत्सरे वावृधे जग्धमी पुनः ।"[२-ख] रिणन्ति—"ए रिणन्ति बर्हिषि प्रियं गिरा ।"[३-ग] रथम्—"समी रथं न भुरिजोरहेषत ॥"[४-घ]

उ० भा० अ०—अब वर्ण-लोप को बतलाते हैं। **ईम्**=इस निपात का; **अन्तलोपः**=अन्तिम वर्ण (=मकार) का लोप; हो जाता है; **एषूदयेषु**=ये पद बाद में हों तो—**गर्भम्, गावः, वत्सम्, मृजन्ति, पृच्यते, सखायः, विव्याच, पुनः, रिणन्ति (और) रथम्** (तात्पर्य यह है कि प्रस्तुत सूत्र में निर्दिष्ट पदों में से कोई भी पद बाद में हो तो 'ईम्' पद के मकार का लोप हो जाता है)। **इति**-शब्द समाप्ति का वाचक है। **अन्वक्षरसंधिरेव सः**=इसे 'अन्वक्षर' संधि ही जानना चाहिए जिसे—" 'एषः', 'स्यः', 'सः' और 'स्वर' (—वर्ण) पूर्व में हों" इत्यादि (सूत्र) में पहले ही (२।८) में प्रतिपादित कर दिया गया है।

(शौद्धाक्षराः संधयः)

पुरु पृथ्वधि पूर्वेषु शकार उपजायते ।
ह्रस्वे च पूर्वपद्यान्ते चन्द्रशब्दे परेऽन्तरा ॥८४॥

(शौद्धाक्षर संधियाँ)

सू० अ०—जब 'पुरु' 'पृथु' या 'अधि' पूर्व में हो और 'चन्द्र' शब्द बाद में हो तो (दोनों के) बीच में शकार का आगम हो जाता है। (समास के) पूर्व-'पद्य' का अन्तिम ('अक्षर') यदि 'ह्रस्व' हो तब भी ('चन्द्र' शब्द बाद में होने पर बीच में शकार का आगम हो जाता है)।

उ० भा०—पुरु, पृथु, अधि—एतेषु; (पूर्वेषु=) पूर्वपदेषु सत्सु; ह्रस्वे च; (पूर्वपद्यान्ते=) पूर्वपद्यस्यान्ते सति; चन्द्रशब्दे च परेऽन्तरा; (शकारः=) शकारागमः; उपजायते। पुरु—"महि क्षेत्रं पुरु श्चन्द्रं विविद्वान् ।"[५] पृथु—"पृथु श्चन्द्रमवसे चर्षणिप्राः ।"[६] अधि "अधि श्चद्रं बृहत्पृथु ।"[७] ह्रस्वे च पूर्वपद्यान्ते—"हरिश्चन्द्रो मरुद्गणः ।"[८] ह्रस्वग्रहणं विस्पष्टार्थं दीर्घात्परस्य पद्यस्य चन्द्रशब्दस्याभावात्। पूर्वपद्यान्ते इति कस्मात्? "अभि चन्द्रा भर्तवे नो हिरण्या ॥"[९]

उ० भा० अ०—**पुरु, पृथु, अधि**—ये; (पूर्वेषु=) पूर्व-पद हों; **ह्रस्वे च**=और 'ह्रस्व' 'स्वर' (-वर्ण); (पूर्वपद्यान्ते=) पूर्व-'पद्य' का अन्तिम ('अक्षर') हो तो; **चन्द्रशब्दे च परे**=और 'चन्द्र' शब्द बाद में हो तो; **अन्तरा**=(दोनों के) मध्य में;

टि० (क) सम्। ईमिति। विव्याच। सवना। पुरूणि ॥ प० पा०
(ख) संवत्सरे। ववृधे। जग्धम्। ईमिति। पुनरिति ॥ प० पा०
(ग) आ। ईमिति। रिणन्ति। बर्हिषि। प्रियम्। गिरा ॥ प० पा०
(घ) सम्। ईमिति। रथम्। न। भुरिजोः। अहेषत ॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ३।३६।८ [२] ऋ० १।१४०।२ [३] ऋ० ९।७१।६
[४] ऋ० ९।७१।५ [५] ऋ० ३।३१।१५ [६] ऋ० ४।२।१३
[७] ऋ० ८।६५।११ [८] ऋ० ९।६६।२६ [९] ऋ० ९।९७।५०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शकार उपजायते=शकार का आगम हो जाता है (अर्थात् यदि पूर्व में 'पुरु' हो या 'पृथु' हो या 'अधि' हो या पूर्व-'पद्य' का अन्तिम ('अक्षर') 'ह्रस्व' हो और बाद में 'चन्द्र' शब्द हो तो दोनों के मध्य में एक शकार आ जाता है)। **पुरु**—"महि क्षेत्रं पुरु श्चन्द्रं विविद्वान्।"[क] **पृथु**—"पृथु श्चन्द्रमवसे चर्षणिप्राः।"[ख] **अधि**—"अधि श्चन्द्रं बृहत्पृथु।"[ग] **पूर्व-'पद्य' के अन्तिम ('अक्षर') के 'ह्रस्व' होने पर**—"हरिश्चन्द्रो मरुद्गणः।"[घ] 'ह्रस्व' (शब्द) का (सूत्र में) ग्रहण स्पष्टता के लिए (किया गया है) क्योंकि 'दीर्घ' 'अक्षर' के बाद में 'चन्द्र' शब्द रूप 'पद्य' का अभाव है।[ङ] "पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'अक्षर' (के 'ह्रस्व' होने पर)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अभि चन्द्रा भर्तवे नो हिरण्या।"[च]

परीति पद्ये कृपरे षकारः ॥८५॥

सू० अ०—यदि 'परि' 'पद्य' के बाद में 'कृ' हो तो (दोनों के बीच में) षकार (का आगम होता है)।

उ० भा०—परि इत्येतस्मिन्; (पद्ये=) पूर्वपद्ये; कृपरे सत्यन्तरा; (षकारः=) षकारागमः; उपजायते। "परिष्कृण्वन्ननिष्कृतम्॥[1]

उ० भा० अ०—**परि**—यह; **(पद्ये=)** पूर्व-'पद्य'; **कृपरे**='कृ' है बाद में जिसके ऐसा हो तो; मध्य में; **(षकारः=)** षकार का आगम; हो जाता है (तात्पर्य यह है कि यदि

टि० (क) महि। क्षेत्रम्। पुरु। चन्द्रम्। विविद्वान्॥ प० पा०

(ख) पृथु। चन्द्रम्। अवसे। चर्षणिऽप्राः॥ प० पा०

(ग) अधि। चन्द्रम्। बृहत्। पृथु॥ प० पा०

(घ) हरिऽचन्द्रः। मरुत्ऽगणः॥ प० पा०

यहाँ पर पूर्व-'पद्य' 'हरि' का अन्तिम 'अक्षर' (=इकार) 'ह्रस्व' है और इसके बाद में दूसरा 'पद्य' 'चन्द्रः' है। प्रस्तुत सूत्र से दोनों के मध्य में शकार का आगम हो गया है जिससे 'हरिश्चन्द्रः' रूप सम्पन्न हो गया है।

(ङ) तात्पर्य यह है कि ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिलता जहाँ पूर्व-'पद्य' के अन्त में 'दीर्घ' 'अक्षर' हो और उसके बाद में दूसरा 'पद्य' 'चन्द्र' शब्द हो। अतएव सूत्र में 'ह्रस्व' शब्द का प्रयोग करना आवश्यक नहीं था तथापि स्पष्टता के लिए उसका प्रयोग कर दिया गया है। उपलब्ध उदाहरणों में पूर्व-'पद्य' के अन्तिम 'अक्षर' के 'ह्रस्व' होने पर ही बाद में 'चन्द्र' शब्द आया है और दोनों के बीच में शकार का आगम हो गया है।

(च) अभि। चन्द्रा। भर्तवे। नः। हिरण्या॥ प० पा०

यहाँ 'अभि' और 'चन्द्रा' के मध्य में शकार का आगम नहीं हुआ है क्योंकि 'चन्द्रा' के पूर्व में पूर्व-'पद्य' का 'ह्रस्व' 'अक्षर' न होकर पूर्व-पद का 'ह्रस्व' 'अक्षर' है।

---

[1] ऋ० ९।३९।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'परि' पूर्व-'पद्य' हो और उसके बाद में 'कृ' से आरम्भ होने वाला उत्तर-'पद्य' हो तो दोनों के बीच में षकार का आगम हो जाता है)। (जैसे) "परिष्कृण्वन्ननिष्कृतम्।"क

वनेति रेफः सदशब्द उत्तरे ॥८६॥

सू० अ०—'वन' (इस पूर्व-'पद्य') के बाद में 'सद' शब्द हो तो (दोनों के बीच में) रेफ (का आगम हो जाता है)।

उ० भा०—वन इत्येतस्मिन्पूर्वपद्ये सदशब्द उत्तरेऽन्तरा रेफो जायते। "तिष्ठद्रथं न धूर्षदं वनर्षदम्॥"[1]

उ० भा० अ०—**वन**—यह पूर्व-'पद्य' हो; **सदशब्द उत्तरे**='सद' शब्द बाद म हो तो; मध्य में रेफ का आगम हो जाता है (अर्थात् पूर्व-'पद्य' 'वन' के बाद में 'सद' शब्द हो तो दोनों के बीच में रेफ आ जाता है)। (जैसे) "तिष्ठद्रथं न धूर्षदं वनर्षदम्।"ख

परिष्कृण्वन्ति वेधसः ॥८७॥

सू० अ०—"परिष्कृण्वन्ति वेधसः" (इस स्थल पर निपातन से षकार का आगम हो गया है)।

उ० भा०—परिष्कृण्वन्ति इति निपात्यते षकारागमः। "तं त्वा विप्रा वचोविदः परिष्कृण्वन्ति वेधसः।"[2] **अपद्यार्थं वचनम्। वेधसः इति किम्? मृग्यं प्रत्युदाहरणम्॥**

उ० भा० अ०—**परिष्कृण्वन्ति** में षकार का आगम निपातन से हुआ है। (जैसे) "तं त्वा विप्रा वचोविदः परिष्कृण्वन्ति वेधसः।"ग 'पद्य' न होने के कारण (पुनः) कथन (किया गया है)।घ **वेधसः**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) प्रत्युदाहरण खोजना चाहिए।

अस्कृतोषसम् ॥८८॥

सू० अ०—"अस्कृतोषसम्" (में सकार का आगम निपातन से हो गया है)।

उ० भा०—अस्कृत इति निपात्यते सकारोपजनः। "निरु स्वसारमस्कृतोषसम्।"[3] **उषसम् इति किम्? "युजं ह्यन्यमकृत प्रवेपनी॥"**[4]

टि० (क) परिऽकृण्वन्। अनिःऽकृतम्॥ प० पा०

(ख) तिष्ठत्। रथम्। नः। धूऽसदम्। वनऽसदम्॥ प० पा०

(ग) तम्। त्वा। विप्राः। वचःऽविदः। परि। कृण्वन्ति। वेधसः॥ प० पा०

(घ) तात्पर्य यह है कि 'परि' के अनन्तर 'कृ' होने पर षकार के आगम का विधान तो ४।८५ में किया गया है किंतु वह सूत्र 'परि' के पूर्व 'पद्य' होने पर ही लगता है। प्रस्तुत स्थल में 'परि' पूर्व-'पद्य' नहीं है, अतः उस सूत्र से प्रस्तुत में षकार का आगम सिद्ध नहीं होता है, जिससे यहाँ उसका पुनः कथन किया गया है।

---

[1] ऋ० १०।१३२।७
[2] ऋ० ९।६४।२३
[3] ऋ० १०।१२७।३
[4] ऋ० ५।३४।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**अस्कृत** में सकार का आगम निपातन से हुआ है। "निरु स्वसारमस्कृतोषसम्।"[क] **उषसम्**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "युजं ह्यन्यमकृत प्रवेपनी।"[ख]

शौद्धाक्षराः संधयः एत उक्ताः ॥८९॥

सू० अ०—(४।८४ से ४।८८ तक) ये 'शौद्धाक्षर' (-संज्ञक) संधियाँ कही गई हैं।

उ० भा०—य एते पुरुपृथ्वादयः संधयस्ते; (शौद्धाक्षराः=) शौद्धाक्षरसंज्ञाः; वेदितव्याः। "शौद्धाक्षरागमोऽपैति"[१] इत्यादि संज्ञाप्रयोजनम्॥

उ० भा० अ०—"पुरुपृथु" (४।८४) से प्रारम्भ करके (४।८८ तक) जो; **एते**=ये; **संधयः**=संधियाँ हैं; **ते**=उन्हें; (**शौद्धाक्षराः**=) 'शौद्धाक्षर'—संज्ञक; जानना चाहिए। "'शौद्धाक्षर' (—संज्ञक) आगम का लोप हो जाता है" इत्यादि संज्ञा का प्रयोजन है।

(पदान्ते आकारस्य अकारः)

मेधातिथौ वरुणान्तव्रतान्तौ
स्पर्शान्तस्थाप्रत्ययौ निर्ह्रसेते ॥९०॥

(पदान्त में आकार का अकार होना)

सू० अ०—मेधातिथि (ऋषि के सूक्तों) में 'वरुणान्त' ('वरुण' शब्द में अन्त होने वाले) और 'व्रतान्त' ('व्रत' शब्द में अन्त होने वाले) (समास) 'ह्रस्व' हो जाते हैं, यदि बाद में 'स्पर्श' या 'अन्तःस्था' हो।

उ० भा०—**मेधातिथौ** ऋषौ। "अग्निं दूतं वृणीमहे"[२]—इत्यारभ्य—"कस्य नूनम्"[३]—इति यावन्मेधातिथिः। वरुणोऽन्ते यस्य समासस्य स वरुणान्तः। एवमेव व्रतान्तोऽपि गृह्यते। (**स्पर्शान्तस्थाप्रत्ययौ**=) स्पर्शप्रत्ययेऽन्तःस्थाप्रत्यये; (**वरुणान्तव्रतान्तौ**) **निर्ह्रसेते**=ह्रस्वौ भवतः। वरुणान्तः—"इन्द्रावरुण नू नु वाम्।"[४] "इन्द्रावरुण यां हुवे।"[५] व्रतान्तः—"युवं दक्षं धृतव्रत मित्रावरुण दूळभम्।"[६] **मेधातिथौ** इति किम्? "इन्द्रावरुणा मदे अस्य मायिनः"[७]; "इन्द्रावरुणा युवमध्वराय नः।"[८] **स्पर्शान्तःस्थाप्रत्ययौ** इति किम्? "ता मित्रावरुणा हुवे॥"[९]

उ० भा० अ०—**मेधातिथौ**=मेधातिथि ऋषि (के सूक्तों में)। "अग्निं दूतं वृणीमहे"—इससे लेकर—"कस्य नूनम्"—इस (मन्त्र से पहले) तक मेधातिथि (के सूक्त

टि० (क) निः। ऊँ इति। स्वसारम्। अकृत। उषसम्॥ प० पा०
(ख) युजम्। हि। अन्यम्। अकृत। प्रऽवेपनी॥ प० पा०
बाद में 'उषसम्' न होने से यहाँ सकार का आगम नहीं हुआ है।

---

१ १०।२१ | २ ऋ० १।१२।१ | ३ ऋ० १।२४।१
४ ऋ० १।१७।८ | ५ ऋ० १।१७।९ | ६ ऋ० १।१५।६
७ ऋ० ७।८२।३ | ८ ऋ० ७।८२।१ | ९ ऋ० १।२३।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं)। 'वरुण' (शब्द) है अन्त में जिस समास के वह **वरुणान्त** है। उसी प्रकार **व्रतान्त** का भी ग्रहण होता है (अर्थात् 'व्रत' शब्द है अन्त में जिस समास के वह **व्रतान्त** है)। **(स्पर्शान्तःस्थाप्रत्ययौ=)** 'स्पर्श' बाद में होने पर और 'अन्तःस्था' बाद में होने पर; **(वरुणान्तव्रतान्तौ=**'वरुणान्त' और 'व्रतान्त' समास) **निर्ह्रसेते**='ह्रस्व' हो जाते हैं (अर्थात् 'स्पर्श' या 'अन्तःस्था' बाद में होने पर 'वरुणान्त' और 'व्रतान्त' समासों का अन्तिम 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण 'ह्रस्व' हो जाता है)। **वरुणान्त** (समासों के उदाहरण)—"इन्द्रावरुण नू नु वाम्"क; "इन्द्रावरुण यां हुवे।"ख; **व्रतान्त** (का उदाहरण)—"युवं दक्षं घृतव्रत मित्रावरुण दूळभम्।"ग "मेधातिथि (के सूक्तों) में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "इन्द्रावरुणा मदे अस्य मायिनः"घ; "इन्द्रावरुणा युवमध्वराय नः।"ङ "'स्पर्श' और 'अन्तःस्था' बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "ता मित्रा-वरु णा हुवे।"च

आदित्या देवा वरुणासुरेति येत्यादिषु ॥९१॥

सू० अ०—(४।९३ में उल्लिखित) 'या' इत्यादि (शब्द) बाद में हों तो 'आदित्या', 'देवा', 'वरुणा' और 'असुरा' (ये पद 'ह्रस्व' हो जाते हैं)।

उ० भा०—आदित्या, देवा, वरुणा, असुरा—एतानि पदानि ह्रस्वानि भवन्ति या इत्यादिषु पदेषु परभूतेषु। तानि तूपरिष्टाद्वक्ष्यति; अत उपरिष्टादेवोदाहरिष्यामः॥

उ० भा० अ०—**आदित्या, देवा, वरुणा** और **असुरा**—ये पद 'ह्रस्व' हो जाते हैं; **या इत्यादिषु**='या' इत्यादि पद बाद में होने पर (अर्थात् ४।९३ में निर्दिष्ट पदों में से कोई भी पद बाद में हो तो प्रस्तुत सूत्र में निर्दिष्ट पदों का अन्तिम 'स्वर'-वर्ण 'ह्रस्व' हो जाता है)। (सूत्रकार) उन (पदों) को आगे (४।९३ में) कहेंगे; इसलिए हम आगे (अर्थात् ४।९३ के भाष्य में) ही उदाहरण देंगे।

वयमित्यत्र मित्रा ॥९२॥

सू० अ०—'वयम्' यह पद बाद में हो तो 'मित्रा' (का अन्तिम 'स्वर'-वर्ण) ('ह्रस्व' हो जाता है)।

टि० (क) इन्द्रावरुणा। नु। नु। वाम्॥ प० पा०

(ख) इन्द्रावरुणा। याम्। हुवे॥ प० पा०

इन दोनों उदाहरणों में 'इन्द्रावरुणा' प्रस्तुत सूत्र से 'इन्द्रावरुण' हो गया है।

(ग) युवम्। दक्षम्। धृतऽव्रता। मित्रावरुणा। दुःऽदभम्॥ प० पा०

यहाँ 'धृतव्रता' प्रस्तुत सूत्र से 'धृतव्रत' हो गया है।

(घ) इन्द्रावरुणा। मदे। अस्य। मायिनः॥ प० पा०

(ङ) इन्द्रावरुणा। युवम्। अध्वराय। नः॥ प० पा०

ये दोनों ही मन्त्र मेधातिथि के नहीं हैं, अतः 'इन्द्रावरुणा' का 'इन्द्रावरुण' नहीं हुआ है। भाष्यकार ने 'धृतव्रता' का प्रत्युदाहरण प्रस्तुत नहीं किया है।

(च) ता। मित्रावरुणा। हुवे॥ प० पा०

यद्यपि यह मन्त्र मेधातिथि ऋषि का है तथापि 'इन्द्रावरुणा' का 'इन्द्रावरुण' नहीं हुआ है क्योंकि 'मित्रवरुणा' के बाद में हकार है जो न 'स्पर्श' है और न 'अन्तःस्था' है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—वयम् इति; अत्र=एतस्मिन् पदे परभूते; मित्रा इत्येतत्पदं ह्रस्वीभवति। "मित्र वयं च सूरयः॥"[१]

उ० भा० अ०—वयम्; अत्र=यह पद बाद में हो तो; **मित्रा**—यह पद 'ह्रस्व' हो जाता है (अर्थात् 'वयम्' पद बाद में होने पर 'मित्रा' पद का अन्तिम 'स्वर'-वर्ण 'ह्रस्व' हो जाता है)। (जैसे) "मित्र वयं च सूरयः।"[क]

या सुप्रतीकं निष्कृतं पुरोहितिः
क्षत्रं दाशति शवसा भिषज्यथः॥९३॥

सू० अ०—(४।९१ में सूचित 'या' आदि पद ये हैं)—'या', 'सुप्रतीकम्', निष्कृतम्', 'पुरोहितिः', 'क्षत्रम्', 'दाशति', 'शवसा' (और) 'भिषज्यथः'।

उ० भा०—या, सुप्रतीकम्, निष्कृतम्, पुरोहितिः, क्षत्रम्, दाशति, शवसा, भिषज्यथः—एते ते यादयो येऽधस्तादुपदिष्टाः। या—"प्र सा क्षितिरसुर या महि प्रिया।"[२-ख] सुप्रतीकम्—"उद्वां चक्षुर्वरुण सुप्रतीकम्।"[३-ग] निष्कृतम्—"बळित्था देव निष्कृतमादित्या।"[४-घ] पुरोहितिः—"इयं देव पुरोहितिर्युवभ्याम्।"[५-ङ] क्षत्रम्—"युवं नो येषु वरुण क्षत्रम्।"[६-च] दाशति—"इन्द्रा यो वां वरुण दाशति त्मन्।"[७-छ] शवसा—"य आदित्य शवसा वां नमस्वान्।"[८-ज] भिषज्यथः—"यद्वा देव भिषज्यथः॥"[९-झ]

उ० भा० अ०—या, सुप्रतीकम्, निष्कृतम्, पुरोहितिः, क्षत्रम्, दाशति, शवसा, भिषज्यथः—ये वे 'या' आदि पद हैं जिनका पहले (४।९१) में संकेत किया गया है।....।

(विसर्जनीयसंधिविषये निपातनानि)

सो चिन्नवगस्त्ये दशमे च मण्डले॥९४॥

(विसर्जनीय संधि के विषय में निपातन)

सू० अ०—अगस्त्य (ऋषि के सूक्तों) में और दशम मण्डल में 'सो चिन्नु' (यह निपातन से होता है)।

टि० (क) मित्रा। वयम्। च। सूरयः॥ प० पा०
(ख) प्र। सा। क्षितिः। असुरा। या। महि। प्रिया॥ प० पा०
(ग) उत्। वाम्। चक्षुः। वरुणा। सुऽप्रतीकम्॥ प० पा०
(घ) वट्। इत्था। देवा। निःऽकृतम्। आदित्या॥ प० पा०
(ङ) इयम्। देवा। पुरःऽहितिः। युवऽभ्याम्॥ प० पा०
(च) युवम्। नः। येषु। वरुणा। क्षत्रम्॥ प० पा०
(छ) इन्द्रा। यः। वाम्। वरुणा। दाशति। त्मन्॥ प० पा०
(ज) यः। आदित्या। शवसा। वाम्। नमस्वान्॥ प० पा०
(झ) यत्। वा। देवा। भिषज्यथः॥ प० पा०

---

१ ऋ० ५।६६।६ २ ऋ० १।१५१।४ ३ ऋ० ७।६१।१
४ ऋ० ५।६७।१ ५ ऋ० ७।६०।१२ ६ ऋ० ५।६४।६
७ ऋ० ६।६८।५ ८ ऋ० ७।८५।४ ९ ऋ० ८।९।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—सो चित् इति निपात्यत ओत्वं विसर्जनीयस्य; (अगस्त्ये=) अगस्त्य ऋषौ; दशमे मण्डले च। "सो चिन्नु न मराति नो वयम्।"[१] "सो चिन्नु सख्या नर्य इन स्तुतः।"[२] अगस्त्ये दशमे च मण्डले इति किम्? "स चिन्न्वासां पती रयीणाम्"[३]; "स चिद्विवेद निहितम्॥"[४]

उ० भा० अ०—**सो चित्**—(यहाँ पर) विसर्जनीय का ओकार निपातन से होता है; **(अगस्त्ये=)** अगस्त्य ऋषि (के सूक्तों) में); **दशमे मण्डले च**=और दशम मण्डल में (अर्थात् अगस्त्य ऋषि के सूक्तों में और दशम मण्डल में 'सो चित्' इस स्थल पर विसर्जनीय निपातन से ओकार होता है)। (जैसे) "सो चिन्नु न मराति नो वयम्।"क "सो चिन्नु सख्या नर्य इन स्तुतः।"ख "अगस्त्य (ऋषि के सूक्तों) में और दशम मण्डल में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "स चिन्न्वासां पती रयीणाम्"ग; "स चिद्विवेद निहितम्।"घ

सा न्वीयते ॥६५॥

सू० अ०—'सा न्वीयते' (में 'सः' का विसर्जनीय निपातन से आकार हो गया है)।

उ० भा०—सा न्वीयते इति विसर्जनीयस्य आत्वं निपात्यते- -"स चिकित्वाँ ईयते सा न्वीयते।"[५] ईयते इति किम्? प्रत्युदाहरणं प्रत्येष्यम्॥

टि० (क) सः। चित्। नु। न। मराति। नो इति। वयम्॥ प० पा०
२।११ के अनुसार 'सः' के विसर्जनीय का लोप होकर "स चिन्नु" रूप होना चाहिए था किंतु अगस्त्य ऋषि के सूक्त में होने के कारण प्रकृत सूत्र से विसर्जनीय का ओकार हो गया जिससे "सो चिन्नु" रूप निष्पन्न हो गया है।

(ख) सः। चित्। नु। सख्या। नर्यः। इनः। स्तुतः॥ प० पा०
दशम मण्डल में होने के कारण निपातन से 'सो चिन्नु' रूप निष्पन्न हो गया है।

(ग) सः। चित्। नु। आसाम्। पतिः। रयीणाम्॥ प० पा०
यह मन्त्र न तो अगस्त्य ऋषि (ऋ० १।१६५–१९१) का है और न दशम मण्डल का है, इसलिए 'सः' के विसर्जनीय का लोप २।११ से हो गया है।

(घ) सः। चित्। विवेद। निऽहितम्॥ प० पा०
यह मन्त्र न तो अगस्त्य ऋषि का है और न दशम मण्डल का है, इसलिए 'सः' के विसर्जनीय का लोप २।११ से हो गया है। वास्तव में यह प्रत्युदाहरण पूर्णतया ठीक नहीं है क्योंकि 'चित्' के बाद में यहाँ 'नु' नहीं है। 'सः' का विसर्जनीय निपातन से तभी ओकार होता है जब 'सः' के बाद में 'चित्' और 'नु' ये दो पद हों। अगस्त्य ऋषि के सूक्तों में और दशम मण्डल में होने पर भी प्रस्तुत प्रत्युदाहरण में 'सः' के विसर्जनीय का ओकार न होता।

---

[१] ऋ० १।१९१।१० [२] ऋ० १०।५०।२ [३] ऋ० १।६८।४
[४] ऋ० ९।८७।३ [५] ऋ० १।१४५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**सा न्वीयते** में विसर्जनीय का आकार निपातन से हो गया है। (जैसे) "स चिकित्वाँ ईयते सा न्वीयते।"[क] **ईयते**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) प्रत्युदाहरण खोजना चाहिए।

सः पलिक्नीः ॥९६॥

सू० अ०—"सः पलिक्नीः" (यहाँ 'सः' के विसर्जनीय का लोप न होना निपातन से सिद्ध है)।

उ० भा०—**(सः पलिक्नीः) विसर्जनीयस्यालोपो निपातितः। "न ता अगृभ्रन्नजनिष्ट हि षः पलिक्नीः॥"**[१]

उ० भा० अ०—**(सः पलिक्नीः**—यहाँ पर) विसर्जनीय का अलोप निपातन से हुआ है। (जैसे) "न ता अगृभ्रन्नजनिष्ट हि षः पलिक्नीः।"[ख]

हि षस्तव ॥९७॥

सू० अ०—"हि षस्तव" (में विसर्जनीय का लोप न होना निपातन से सिद्ध है)।

उ० भा०—**(हि षस्तव) अत्र विसर्जनीयस्यालोपो निपात्यते। "नहि षस्तव नो मम।"**[२] **हि इति किम्? "स तवोती गोषु गन्ता।"**[३] **नहीत्येतत्पदे हीति यत्पदावयवग्रहणं तच्छन्दोभङ्गभयात्॥**

उ० भा० अ०—**(हि षस्तव)** यहाँ निपातन से विसर्जनीय का अलोप हुआ है। (जैसे) "नहि षस्तव नो मम।"[ग] **हि**—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "स तवोती गोषु गन्ता।"[घ] 'नहि' इस पद में से जो पद के अवयव 'हि' का (सूत्र में) ग्रहण किया गया है वह छन्दः के भङ्ग के भय से (किया गया है)।[ङ]

टि० (क) सः। चिकित्वान्। ईयते। सः। नु। ईयते॥ प० पा०

(ख) न। ताः। अगृभ्रन्। अजनिष्ट। हि। सः। पलिक्नीः॥ प० पा०
२।११ के अनुसार 'सः' के विसर्जनीय का लोप प्राप्त होता है किंतु प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'सः' के विसर्जनीय का लोप नहीं हुआ है।

(ग) नहि। सः। तव। नो इति। मम॥ प० पा०
२।११ से 'सः' के विसर्जनीय का लोप प्राप्त होता है किंतु प्रस्तुत सूत्र के अनुसार निपातन से विसर्जनीय का लोप नहीं हुआ और तब वह विसर्जनीय ४।३१ से सकार हो गया है।

(घ) सः। तव। ऊती। गोषु। गन्ता॥ प० पा०
यहाँ 'सः' के पूर्व में 'हि' नहीं है अतः २।११ के अनुसार विसर्जनीय का लोप हो गया है। 'हि' पूर्व में होने पर ही 'सः' के विसर्जनीय का लोप नहीं होता है।

(ङ) तात्पर्य यह है कि 'नहि' पूर्व में होने पर ही 'सः' के विसर्जनीय का लोप नहीं होता है जैसा कि उदाहरण से स्पष्ट है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर भी सूत्र में 'नहि' के स्थान पर 'हि' का संनिवेश छन्दोभङ्ग के भय से किया गया है। सूत्र में 'नहि' पद रखने पर छन्दः का भङ्ग हो जाता है।

---

१ ऋ० ५।२।४ २ ऋ० ८।३३।१६ ३ ऋ० ८।७१।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अन्यानि निपातनानि=धकारस्य दकारो घकारस्य गकारश्च)

जुगुक्षतो दुदुक्षन्गा अदुक्षद्
दुक्षन्वृधेऽस्य दुक्षतानु दक्षि ।
दक्षन्न पत्मन्दक्षुषोऽभि दक्षत्
कृष्णासो दक्षि हियानस्य दक्षोः ॥९८॥

(अन्य निपातन=धकार का दकार और घकार का गकार)

सू० अ०—(अधोलिखित पद जैसे सूत्र में उल्लिखित है वैसे ही निपातन से संहिता-पाठ में उपलब्ध होते हैं) 'जुगुक्षतः', 'दुदुक्षन्', 'गा अदुक्षत्', 'दुक्षन्वृधे', 'अस्य दुक्षत', 'अनु दक्षि', 'दक्षन्न', 'पत्मन्दक्षुषः', 'अभि दक्षत्', 'कृष्णासो दक्षि' (और) 'हियानस्य दक्षोः'।

उ० भा०—यथापठितान्येतानि निपातितानि। जुगुक्षतः "सुमतिं न जुगुक्षतः।"[१-क] दुदुक्षन्—"सहस्रधारां बृहतीं दुदुक्षन्।"[२-ख] गा अदुक्षत्—"निर्ज्योतिषा तमसो गा अदुक्षत्।"[३-ग] गा इति किम्? "अधुक्षत्पिप्युषीमिषम्।"[४-घ] दुक्षन्वृधे—"हरिं यत्ते मन्दिनं दुक्षन्वृधे।"[५-ङ] वृधे इति किम्? "निर्धुक्षन्वक्षणाभ्यः।"[६-च] अस्य दुक्षत—"विश्वाहा शुक्रं पयो अस्य दुक्षत।"[७-छ] अस्य इति किम्? "भरद्वाजायाव धुक्षत द्विता।"[८-ज] अनु दक्षि—"त्वं वि भास्यनु दक्षि दावने।"[९-झ] अनु इति किम्? "नीचा तं धक्ष्यतसं न शुष्कम्।"[१०-ञ] दक्षन्न—"दक्षन्न विश्वं ततृषाणमोषति।"[११-ट] न इति किम्? "द्रविर्न

टि० (क) सुऽमतिम्। न। जुघुक्षतः॥ प० पा०

(ख) सहस्रऽधाराम्। बृहतीम्। दुधुक्षन्॥ प० पा०

(ग) निः। ज्योतिषा। तमसः। गाः। अधुक्षत्॥ प० पा०

(घ) अधुक्षत्। पिप्युषीम्। इषम्॥ प० पा०

(ङ) हरिम्। यत्। ते। मन्दिनम्। धुक्षन्। वृधे॥ प० पा०

(च) निः। धुक्षन्। वक्षणाभ्यः॥ प० पा०

(छ) विश्वाहा। शुक्रम्। पयः। अस्य। धुक्षत्॥ प० पा०

(ज) भरत्ऽवाजाय। अव। धुक्षत। द्विता॥ प० पा०

(झ) त्वम्। वि। भासि। अनु। धक्षि। दावने॥ प० पा०

(ञ) नीचा। तम्। धक्षि। अतसम्। न। शुष्कम्॥ प० पा०

(ट) धक्षत्। न। विश्वम्। ततृषाणम्। ओषति॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ८।३१।७ [२] ऋ० १०।७४।४ [३] ऋ० १।३३।१०
[४] ऋ० ८।७२।१६ [५] ऋ० १।१२१।८ [६] ऋ० ८।१।१७
[७] ऋ० १।१६०।३ [८] ऋ० ६।४८।१३ [९] ऋ० २।१।१०
[१०] ऋ० ४।४।४ [११] ऋ० १।१३०।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्रावयति दारु धक्षत् ।"[१-क] पत्मन्दक्षुषः--"तस्य पत्मन्दक्षुषः ।"[२-ख] पत्मन् इति किम् ? प्रत्युदाहरणं मृग्यम् । अभि दक्षत्—"स यो व्यस्थादभि दक्षदुर्वीम् ।"[३-ग] अभि इति किम् ? "द्रविर्न द्रावयति दारु धक्षत् ।"[४-घ] कृष्णासो दक्षि—"आदस्य ते कृष्णासो दक्षि सूरयः ।"[५-ङ] कृष्णास इति किम् ? "नीचा तं धक्ष्यतसं न शुष्कम् ।"[६-च] हियानस्य दक्षोः—"संदृष्टिरस्य हियानस्य दक्षोः ।"[७-छ] हियानस्य इति किम् ? "धक्षोर्न वाताः परि सन्त्यच्युताः ॥"[८-ज]

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये चतुर्थपटलम् ।

उ० भा० अ०—ये (पद) जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे निपातन से (संहिता-पाठ में उपलब्ध) होते हैं ।..... ।

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक प्रातिशाख्यभाष्य में चतुर्थ पटल समाप्त हुआ ।

टि० (क) द्रविः । न । द्रवयति । दारु । धक्षत् ॥ प० पा०
(ख) तस्य । पत्मन् । धक्षुषः ॥ प० पा०
(ग) सः । यः । वि । अस्थात् । अभि । धक्षत् । उर्वीम् ॥ प० पा०
(घ) द्रविः । न । द्रवयति । दारु । धक्षत् ॥ प० पा०
(ङ) आत् । अस्य । ते । कृष्णासः । धक्षि । सूरयः ॥ प० पा०
(च) नीचा । तम् । धक्षि । अतसम् । न शुष्कम् ॥ प० पा०
(छ) सम्ऽदृष्टिः । अस्य । हियानस्य । धक्षोः ॥ प० पा०
(ज) धक्षोः । न । वाताः । परि । सन्ति । अच्युताः ॥ प० पा०

इस सूत्र के ग्यारह स्थलों में से प्रथम स्थल में घकार गकार हो गया है। अन्य दस स्थलों में घकार दकार हो गया है। सभी प्रत्युदाहरणों में घकार दकार न होकर घकार ही रहा है।

---

[१] ऋ० ६।३।४ [२] ऋ० १।१४१।७ [३] ऋ० २।४।७
[४] ऋ० ६।३।४ [५] ऋ० १।१४१।८ [६] ऋ० ४।४।४
[७] ऋ० २।४।४ [८] ऋ० १०।११५।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५ : नति-पटलम्

नतिसंधेरधिकारसूत्रम्

नतिव्यापत्त्योः पौर्वापर्यम्

नतिसंधिः (=सकारस्य षकारः)

नतिसंधिः (=षकारपूर्वस्य तवर्गस्य टवर्गः)

नतिसंधिः (=सकारस्य षकारः) (पूर्वानुवृत्तः)

नतिसंधिः (=नकारस्य णकारः)

नतिसंधिविषयकनिपातनानि

नतिसंधिः (=नकारस्य णकारः) (पूर्वानुवृत्तः)

नतिसंज्ञा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नतिसंधेरधिकारसूत्रम्)

अन्तःपादं नाम्युपधः सकारः षकारमप्यूष्म-
परैर्यथोक्तम् । अन्यैरेकारात् ॥१॥

(नतिसंधि का अधिकारसूत्र)

सू० अ०—पाद के मध्य में, एकार से अन्य 'नामि' (–'स्वर'–वर्णों) से बाद में स्थित सकार षकार (हो जाता है) जैसा (परवर्ती सूत्रों में) कहा गया है, चाहे (उन पूर्ववर्ती 'नामि'–'स्वर'–वर्णों से) बाद में विसर्जनीय ('ऊष्मन्') भी हो।

उ० भा०—**अन्तःपादम्**=पादस्य मध्ये । **(नाम्युपधः सकारः)**=नामिनो यस्योपधाभूताः स तथोक्तः सकारः। "ऋकारादयो दश नामिनः स्वराः"[1] इत्युक्तम्। **सकारः षकारम्** आपद्यत इत्येतदधिकृतं वेदितव्यम्। **ऊष्मपरैः** नामिभिरुपहितः। अप्यनूष्मपरैरिति अपिशब्दः। **यथोक्तम्** इत्यधिकारोपसंहारवचनम्। **अन्यैरेकारात्** इति नामिसामान्यप्रसक्तावस्य निवृत्तिवचनम्।

"यच्च गोषु दुष्ठवप्न्यम्।"[2] **अन्तःपादम्** इति किम्? "तन्न इन्द्रस्तद्वरुणस्तदग्निस्तत्।"[3] **नाम्युपधः** इति किम्? "परः सोऽस्तु तन्वा तना च।"[4] **यथोक्तग्रहणं** किम्? "ताभिर्याति स्वयुक्तिभिः।"[5] **अन्यैरेकारात्** इति किम्? "ये स्था मनोर्यज्ञियाः॥"[6]

उ० भा० अ०– **अन्तःपादम्**=पाद के मध्य में। **(नाम्युपधः सकारः)**='नामि' ('स्वर'-वर्ण) जिसकी उपधा (=अव्यवहित पूर्ववर्ती) है वह इस प्रकार का सकार। "ऋकार से प्रारम्भ करके दस 'स्वर' (-वर्ण) 'नामिन्' हैं"—यह (१।६५ में) कहा जा चुका है। **सकारः षकारम्**=सकार षकार हो जाता है—इसे अधिकार जानना चाहिए। **ऊष्मपरैः**=विसर्जनीय ('ऊष्मन्') है बाद में जिनके ऐसे 'नामि'-'स्वर' (-वर्णों) से; बाद में स्थित। **अपि** शब्द (यह बतलाने के लिए सूत्र में प्रयुक्त है कि) विसर्जनीय ('ऊष्मन्') जिनके बाद में नहीं है ऐसे 'नामि' (-'स्वर'-वर्णों) से बाद में स्थित तो (सकार षकार हो ही जाता है) (अर्थात् सकार षकार हो जाता है यदि (१) सकार के अव्यवहित पूर्व में 'नामि' 'स्वर' हो अथवा (२) पूर्ववर्ती 'नामि'-स्वर' और सकार के मध्य में विसर्जनीय का व्यवधान हो)। **यथोक्तम्**=जैसे (परवर्ती सूत्रों में) कहा गया है - यह अधिकार के उपसंहार का वाचक है।[क] **अन्यैरेकारात्**=एकार से अन्य ('नामि'-'स्वर'-वर्णों)

टि० (क) सकार के षकार होने का जो अधिकार है वह उन्हीं स्थलों तक सीमित है जिन्हें आगे वाले सूत्रों में प्रतिपादित किया गया है। 'नामि'–'स्वर'–वर्ण के बाद में आने पर भी सकार सर्वदा सामान्य रूप से षकार नहीं हो जाता है। यह विकार (सकार का षकार होना) केवल वहीं-वहीं होता है जहाँ-जहाँ परवर्ती सूत्रों में कहा गया है। तुलना कीजिए—७।१ पर उवट-भाष्य।

---

[1] १।६५ [2] ऋ० ८।४७।१४ [3] ऋ० १।१०७।३
[4] ऋ० ७।१०४।११ [5] ऋ० १।५०।९ [6] ऋ० १०।३६।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से (बाद में)—इसके द्वारा 'नामि'-सामान्य से प्राप्त (एकार की) निवृत्ति की गई है।[क]

(उदाहरण) "यच्च गोषु दुष्ष्वप्न्यम्"[ख] "पाद के मध्य में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "तन्न इन्द्रस्तद्वरुणस्तदग्निस्तत्।"[ग] "'नामि' (–'स्वर'–वर्ण) के बाद में विद्यमान"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "परः सो अस्तु तन्वा तना च।"[घ] "'यथोक्त' (शब्द) का ग्रहण" (सूत्र में) क्यों (किया) ? (उत्तर) "ताभिर्याति स्वयुक्तिभिः।"[ङ] "एकार से अन्य ('नामि'–'स्वर'–वर्णों से)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "ये स्था मनोर्यज्ञियाः।"[च]

टि० (क) एकार भी 'नामि'–'स्वर' है। अतः 'नामि'–'स्वर' कहने से उसकी भी प्राप्ति हो रही थी। "अन्यैरेकारात्" के द्वारा एकार की निवृत्ति हो गई जिससे ज्ञात हुआ कि एकार से बाद में आने वाला सकार षकार नहीं होता है। यदि "अन्यैरेकारात्" का सूत्र में ग्रहण न किया जाता तो एकार के बाद में स्थित सकार भी षकार हो जाता।

(ख) यत्। च। गोषु। दुःस्वप्न्यम्॥ प० पा०

यहाँ पर 'स्वप्न्यम्' के सकार और पूर्ववर्ती 'नामि'-'स्वर' (=उकार) के मध्य में विसर्जनीय का व्यवधान होने पर भी 'स्वप्न्यम्' का सकार ५।२१ से षकार हो गया है।

(ग) तत्। नः। इन्द्रः। तत्। वरुणः। तत्। अग्निः।
तत्।.....॥ प० पा०

यहाँ 'अग्निस्' का सकार ५।३३ के अनुसार षकार होना चाहिए किंतु यह सकार षकार नहीं होता है क्योंकि यह पाद के मध्य में न होकर पाद के अन्त में है।

(घ) परः। सः। अस्तु। तन्वा। तना। च॥ प० पा०

यहाँ 'सः' तथा अस्तु' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि सकार के पूर्व में 'नामि' 'स्वर'-वर्ण नहीं है।

(ङ) ताभिः। याति। स्वयुक्तिऽभिः॥ प० पा०

'यथोक्त' के द्वारा यह बतलाया गया है कि 'नामि'-'स्वर'-वर्ण के बाद में आने पर भी सकार सर्वदा षकार नहीं होता है। यह सकार केवल वहाँ षकार होता है जहाँ परवर्ती सूत्रों में कह दिया गया है। बाद वाले सूत्रों में से किसी भी सूत्र के द्वारा 'स्वयुक्तिभिः' का सकार षकार नहीं होता है।

(च) ये। स्थ। मनोः। यज्ञियाः॥ प० पा०

'स्थ' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि इसके पूर्व में एकार से अन्य 'नामि'-'स्वर'-वर्ण न होकर एकार ही है। यदि पूर्व में एकार से अन्य कोई 'नामि'-'स्वर'-वर्ण होता तो ५।१२ के अनुसार 'स्थ' का सकार षकार हो जाता। एकार पूर्व में होने पर सकार षकार नहीं होता ह।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नतिव्यापत्त्योः पौर्वापर्यम्)

नतिरत्र पूर्वा ततो व्यापत्तिर्भवतीति विद्यात् ॥२॥

(नति और व्यापत्ति का पौर्वापर्य)

सू० अ०—(यहाँ पर अर्थात् जब 'नामि'-'स्वर'-वर्ण के बाद में विसर्जनीय हो) यह जान लेना चाहिए कि 'नति' (=सकार का षकार होना='मूर्धन्यभाव') पहले होती है और 'व्यापत्ति' (=विसर्जनीय का 'ऊष्मन्' होना='ऊष्मभाव') तदनन्तर होती है।

उ० भा०—एकस्मिन् विषये यत्र कार्यद्वयं प्रवर्त्तते तत्रावश्यंभावी क्रमः। तत्र यथायोगं कार्यक्रमो भवतीत्येतद्दर्शनायाह—नतिरत्र पूर्वा (ततो व्यापत्तिर्भवति) इति। यदि हि व्यापत्तिः पूर्वं क्रियेत पश्चान्नतिस्तदा—"तमेवोष्माणमूष्मणि"[१] इति सकारो नम्यस्य सकारस्य व्यवधायकः स्यान्नामिभिः सह ततो न प्रवर्तेत नतिः। अतः पूर्वमेव नतिः क्रियते पश्चात्—"तमेवोष्माणमूष्मणि"[२] इति ॥

उ० भा० अ०—एक स्थल में जहाँ दो कार्य प्रवृत्त होते हैं वहाँ क्रम निश्चित करना आवश्यक होता है। वहाँ पर परिस्थिति के अनुसार (यथायोगम्) (दोनों) कार्यों का क्रम होता है—यह दिखलाने के लिए (सूत्रकार ने) कहा है—**नतिरत्र पूर्वा (ततो व्यापत्तिर्भवति)**=यहाँ 'नति' ('मूर्धन्यभाव') पहले होती है (और 'व्यापत्ति' बाद में)। क्योंकि यदि 'व्यापत्ति' (='विसर्जनीय' का 'ऊष्मन्' होना) पहले की जावे और 'नति' (=मूर्धन्यभाव') बाद में तब—" 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में होने पर विसर्जनीय वही 'ऊष्म' (-वर्ण) (हो जाता है)"—(इस सूत्र के अनुसार विसर्जनीय के स्थान पर आने वाला सकार 'नामि'-'स्वर'-वर्णों के साथ 'नम्य' ('मूर्धन्यभाव' से प्रभावित होने वाले) सकार का व्यवधायक हो जायेगा, जिससे 'मूर्धन्यभाव' ('नति') प्रवृत्त नहीं होगा।[क] इसलिए 'मूर्धन्यभाव' ('नति') पहले ही कर लिया जाता है और (इसके) पश्चात्—" 'ऊष्म' (—वर्ण) बाद में होने पर विसर्जनीय वही 'ऊष्म' (—वर्ण) हो जाता है" (यह सूत्र प्रवृत्त होता है)।

टि० (क) तात्पर्य यह है कि विसर्जनीय के स्थान पर सकार ('व्यापत्ति') पहले कर लेने पर 'नामि'-'स्वर'-वर्ण और 'नम्य' सकार के मध्य में विसर्जनीय के स्थान पर आने वाले सकार का व्यवधान हो जायेगा जिससे 'नामि'-स्वर'-वर्ण 'नम्य' सकार को षकार नहीं कर सकेगा क्योंकि प्रस्तुत सूत्र के अनुसार केवल विसर्जनीय का व्यवधान ही 'मूर्धन्यभाव' में बाधक नहीं होता है। इसलिए सकार के षकार-भाव और विसर्जनीय के 'ऊष्मभाव' इन दोनों को उपपन्न करने के लिए पहले सकार का षकारभाव कर लिया जाता है और तब विसर्जनीय का 'ऊष्मभाव' किया जाता है।

---

१ ४।३२ २ ४।३२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नतिसंधिः = सकारस्य षकारः)

सूती नकिः स्वैर्युरु नह्यभि त्री नि हीति सः ॥३॥

(नतिसंधि = सकार का षकार होना)

सू० अ०—'सु', 'ऊती', 'नकिः', 'स्वैः', 'वि', 'उरु', 'नहि', 'अभि', 'त्री', 'नि' (और) 'हि'—(इन शब्दों में से कोई भी पूर्व में हो तो) 'सः' ('मूर्धन्यभाव' को प्राप्त हो जाता है अर्थात् 'सः' का सकार षकार हो जाता है)।

उ० भा०—सु, ऊती, नकिः, स्वैः, वि, उरु, नहि, अभि, त्री, नि, हि—इत्येतैर्नामिभिरुपहितः सः इति सकारः षकारमापद्यते। सु—"प्र सु ष विभ्यो मरुतः।"[१-क] ऊती—"ऊती ष बृहतो दिवः।"[२-ख] नकिः—"नकिष्षो अस्त्यरणो जहुर्हि तम्।"[३-ग] स्वैः—"स्वैष्ष एवै रिरिषीष्ट युर्जनः।"[४-घ] वि—"ओभे अप्रा रोदसी वि ष आवः।"[५-ङ] उरु—"उरु ष सरथं सारथये कः।"[६-च] नहि—"नहि षस्तव नो मम।"[७-छ] अभि—"अभि ष द्युम्नैरुत।"[८-ज] त्री—"त्री ष पवित्रा हृद्यन्तरा दधे।"[९-झ] नि—"नि ष हीयतां तन्वा तना च।"[१०-ञ] हि—"यूपादमुञ्चो अशमिष्ट हि षः॥"[११-ट]

उ० भा० अ०—सु, ऊती, नकिः, स्वैः, वि, उरु, नहि, अभि, त्री, नि (और) हि—इन 'नामि' (-पदों) (अर्थात् 'नामि'-'स्वर'-वर्णान्त इन पदों में से किसी भी पद) से बाद में आने वाले 'सः' इस (पद) का सकार षकार हो जाता है।.....।

टि० (क) प्र। सु। सः। विभ्यः। मरुतः॥ प० पा०

'सु' से बाद में आने के कारण 'सः' का सकार संहिता-पाठ में षकार हो गया है। आगे के सभी उदाहरणों को ऐसे ही समझ लेना चाहिए।

(ख) ऊती। सः। बृहतः। दिवः॥ प० पा०

(ग) नकिः। सः। अस्ति। अरणः। जहुः। हि। तम्॥ प० पा०

(घ) स्वैः। सः। एवैः। रिरिषीष्ट। युः। जनः॥ प० पा०

(ङ) आ। उभे इति। अप्राः। रोदसी इति। वि। सः। आवरित्यावः॥ प० पा०

(च) उरु। सः। सऽरथम्। सारथये। कः॥ प० पा०

(छ) नहि। सः। तव। नो इति। मम॥ प० पा०

(ज) अभि। सः। द्युम्नैः। उत॥ प० पा०

(झ) त्री। सः। पवित्रा। हृदि। अन्तः। आ। दधे॥ प० पा०

(ञ) नि। सः। हीयताम्। तन्वा। तना। च॥ प० पा०

(ट) यूपात्। अमुञ्चः। अशमिष्ट। हि। सः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ४।२६।४ [२] ऋ० ६।२।४ [३] ऋ० २।२४।७
[४] ऋ० ८।१८।१३ [५] ऋ० ९।९७।३८ [६] ऋ० ६।२०।५
[७] ऋ० ८।३३।१६ [८] ऋ० ८।२०।१६ [९] ऋ० ९।७३।८
[१०] ऋ० ७।१०४।१० [११] ऋ० ५।२।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्व्यक्षरेणैव सत्स्थः ॥४॥

सू० अ०—दो अक्षरों वाले ही (पद) से (बाद में आने वाले) 'सत्' और 'स्थः' (का सकार षकार होता है)।

उ० भा०—द्व्यक्षरेणैव पदेन नाम्यन्तेनोपहितः सत् स्थः इत्येतयोः सकारः षकारमापद्यते। सत्—"दिवि षद् भूम्या ददे।"[१] स्थः—"यदिन्द्राग्नी दिवि ष्ठो यत्पृथिव्याम।"[२] द्व्यक्षरेणैव इति किम्? "युवं हि स्थः स्वर्पती॥"[३]

उ० भा० अ०—'नामि'-'स्वर'-वर्णान्त; द्व्यक्षरेणैव=दो अक्षरों वाले ही पद से; बाद में आने वाले सत् और स्थः—इन दोनों (पदों) का सकार षकार हो जाता है। सत्—"दिवि षद् भूम्या ददे।"क स्थः—"यदिन्द्राग्नी दिवि ष्ठो यत्पृथिव्याम्।"ख "दो अक्षरों वाले ही (पद) से"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "युवं हि स्थः स्वर्पती।"ग

स्वबह्वक्षरेण ॥५॥

सू० अ०—अबह्वक्षर (बहु 'अक्षर' नहीं है जिसमें ऐसे पद) से (बाद में विद्यमान) 'सु' ('मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है अर्थात् 'सु' का सकार षकार हो जाता है)।

उ० भा०—सु इत्येतत्पदं नम्यते अबह्वक्षरेण नामिनोपहितं चेत्। "मो ष्वद्य दुर्हणावान्"[४]; "अभी ष्वर्यः पौंस्यैर्भवेम।"[५] अबह्वक्षरेण इति किम्? "सुदीतिभिः सु दीदिहि॥"[६]

उ० भा० अ०—यदि अबह्वक्षर 'नामिन्' (='मूर्धन्यभाव' करने वाले 'स्वर'-वर्ण में अन्त होने वाले पद) से बाद में आवे तो सु—यह पद 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है (अर्थात् इस पद का सकार षकार हो जाता है)। (उदाहरण) "मो ष्वद्य दुर्हणावान्"घ;

टि० (क) दिवि। सत्। भूमिः। आ। ददे॥ प० पा०

(ख) यत्। इन्द्राग्नी इति। दिवि। स्थः। यत्। पृथिव्याम्॥ प० पा०
दो अक्षरों वाले 'दिवि' पद से बाद में विद्यमान 'सत्' और 'स्थः' का सकार षकार हो गया है।

(ग) युवम्। हि। स्थः। स्वःपती इति स्वःऽपती॥ प० पा०
यहाँ 'स्थः' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि पूर्व में दो अक्षरों वाला पद नहीं, अपितु एक 'अक्षर' वाला ('हि') पद है।

(घ) मो इति। सु। अद्य। दुःऽहनावान्॥ प० पा०

---

१ ऋ० ९।६१।१०
२ ऋ० १।१०८।११
३ ऋ० ९।१९।२
४ ऋ० ८।२।२०
५ ऋ० १०।५९।३
६ ऋ० ६।४८।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"अभी ष्वर्यः पौंस्यैर्भवेम ।"क "अबह्वक्षर (पद) से"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सुदीतिभिः सु दीदिहि ।"ख

पदादयश्च स्यिति स्किति स्निति ॥६॥

सू० अ०—पद के आदि में विद्यमान 'स्य्', 'स्क्' और 'स्न्' भी ('मूर्धन्य-भाव' को प्राप्त होते हैं यदि इनके पूर्व में अबह्वक्षर 'नामि'-पद हो)।

उ० भा०—पदानामादिभूताः सकाराः षकारमापद्यन्ते यकारककारनकारपराः सन्तः। इतिकरणः प्रकारार्थः। स्यिति—"गोभिष्ष्याम सधमादः।"[१] स्किति—यजु ष्कन्नं प्रथमं देवयानम्।"[२] स्निति "अधि ष्णुना धन्व सानो अव्ये।"[३] अबह्वक्षरेणैवेत्येव—"तव प्रियासः सूरिषु स्याम"[४]; "उप द्यां स्कम्भथु स्कम्भनेन॥"[५]

उ० भा० अ०—पदों के आदि में विद्यमान सकार षकार हो जाते हैं यदि (सकार के) बाद में यकार, ककार अथवा नकार स्थित हों। ('स्य्', 'स्क्' और 'स्न्' के बाद में लगा हुआ) 'इति' शब्द प्रकार के लिए है (अर्थात् 'स्यिति' का अर्थ है 'स्य्' से प्रारम्भ होने वाला कोई भी पद)। **स्य्**—"गोभिष्ष्याम सधमादः।"ग **स्क्**—"यजु ष्कन्नं प्रथमं देवयानम्।"घ **स्न्**—"अधि ष्णुना धन्व सानो अव्ये।"ङ अबह्वक्षर ('नामि'-पद) से ही (बाद में आने पर सकार षकार होता है)—"तव प्रियासः सूरिषु स्याम"; च"उप द्यां स्कम्भथु स्कम्भनेन।"छ

अरेफस्य च स्मिति ॥७॥

सू० अ०—रेफरहित (पद) के (आदि में विद्यमान) 'स्म्' (भी 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है यदि इसके पूर्व में अबह्वक्षर 'नामि'-पद हो)।

टि० (क) अभि। सु। अर्यः। पौंस्यैः। भवेम॥ प० पा०

(ख) सुदीतिऽभिः। सु। दीदिहि॥ प० पा०

यहाँ 'सु' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि इसके पूर्व में अबह्वक्षर (एक या दो अक्षरों वाला) पद न होकर बह्वक्षर पद है।

(ग) गोभिः। स्याम। सधऽमादः॥ प० पा०

(घ) यजुः। स्कन्नम्। प्रथमम्। देवऽयानम्॥ प० पा०

(ङ) अधि। स्नुना। धन्व। सानौ। अव्ये॥ प० पा०

(च) तव। प्रियासः। सूरिषु। स्याम॥ प० पा०

(छ) उप। द्याम्। स्कम्भथुः। स्कम्भनेन॥ प० पा०

'स्याम' और 'स्कम्भनेन' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि पूर्व में अबह्वक्षर (एक या दो अक्षरों वाला) पद नहीं अपितु बह्वक्षर पद हैं।

---

[१] ऋ० ५।२०।४ [२] ऋ० १०।१८१।३ [३] ऋ० ९।९७।१६
[४] ऋ० ७।१९।७ [५] ऋ० ६।७२।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—अरेफस्य च पदस्य स्मिति पदादिर्नम्यते। "नहि ष्मा ते शतं चन।"[१] अरेफस्य इति किम्? "प्रति स्मरेथां तुजयद्भिरेवैः।"[२] अबह्वक्षरेणेवेत्येव—"वहामि स्म पूषणमन्तरेण॥"[३]

उ० भा० अ०—**अरेफस्य च स्मिति**=रेफरहित (पद) का 'स्म्' भी, पद के आदि में विद्यमान होने पर, 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है। (उदाहरण) "नहि ष्मा ते शतं चन।"[क] "रेफरहित (पद) का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "प्रति स्मरेथां तुजयद्भिरेवैः।"[ख] अबह्वक्षर (एक या दो अक्षरों वाले) ('नामि'-पद) से ही (बाद में होने पर सकार षकार होता है)—"वहामि स्म पूषणमन्तरेण।"[ग]

एकारेणापि स्विति नःपरं चेत् ॥८॥

सू० अ०—यदि 'नः' बाद में हो तो 'सु' ('मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है, चाहे वह 'सु') एकार से भी (बाद में विद्यमान हो)।

उ० भा०—(एकारेणापि=) एकारान्तेनापि; नामिनोपहितं सु इति एतत्पदं नम्यते; (नःपरम्=) नःपदं परम्; चेत् भवति। "ते षु णो मरुतो मृळयन्तु।"[४] नःपरम् इति किम्? "त्वे सु पुत्र शवसः।"[५] अप्राप्तप्राप्तिवचनो अपि शब्दः॥

उ० भा० अ०—(**एकारेणापि**=) एकार में अन्त होने वाले भी; 'नामि'-पद से बाद में विद्यमान; **सु इति**='सु'-यह पद; 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है; **चेत्**=यदि; **नःपरम्**='नः' पद ('सु' के) बाद में होता है (अर्थात् एकार के बाद में विद्यमान 'सु' का सकार षकार हो जाता है यदि बाद में 'नः' पद हो)। (उदाहरण) "ते षु णो मरुतो मृळयन्तु।"[घ] "'नः' बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "त्वे सु पुत्र शवसः।"[ङ] **अपि** शब्द अप्राप्त (एकार) की प्राप्ति का वाचक है।[च]

टि० (क) नहि। स्म। ते। शतम्। चन॥ प० पा०

(ख) प्रति। स्मरेथाम्। तुजयत्ऽभिः। एवैः॥ प० पा०
'स्मरेथाम्' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि यह पद रेफरहित नहीं है।

(ग) वहामि। स्म। पूषणम्। अन्तरेण॥ प० पा०
यहाँ 'स्म्' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि पूर्व में अबह्वक्षर (एक या दो अक्षरों वाला) पद नहीं अपितु बह्वक्षर पद है।

(घ) ते। सु। नः। मरुतः। मृळयन्तु॥ प० पा०
पूर्व में एकार तथा बाद में 'नः' होने के कारण 'सु' का सकार षकार हो गया है।

(ङ) त्वे इति। सु। पुत्र। शवसः॥ प० पा०
'सु' पद का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'सु' के बाद में 'नः' पद नहीं है।

(च) तात्पर्य यह है कि ५।१ में यह बतलाया गया था कि एकार के बाद में आने पर सकार षकार नहीं होता है। इस प्रकार एकार के बाद में अप्राप्त ('मूर्धन्यभाव'; 'षत्व') की प्राप्ति के लिए ही इस सूत्र में 'अपि' शब्द का ग्रहण किया गया है। यहाँ पर एकार के बाद में विद्यमान भी सकार षकार हो जाता है।

---

[१] ऋ० ४।३१।९ [२] ऋ० ७।१०४।७ [३] ऋ० १०।३३।१
[४] ऋ० १।१६९।५ [५] ऋ० ८।९२।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीर्घो न स्यिति ॥९॥

सू० अ०—(पूर्ववर्ती) 'दीर्घ' ('स्वर') 'स्य्' को ('मूर्धन्य') नहीं (बनाता है)।

उ० भा०—दीर्घो नाम्युपधाभूतोऽपि स्यिति पदादिं न नमयति। "वीरैः स्याम सधमादः।"[१] दीर्घग्रहणं किम्? "गोभिष् ष्याम सधमादः॥"[२]

उ० भा० अ०—**दीर्घः**='दीर्घ' 'नामि' (-'स्वर'-वर्ण), पूर्व में होने पर भी, पद के आदि में विद्यमान; **स्यिति**='स्य्' को; **न**=नहीं; 'मूर्धन्य' बनाता है (अर्थात् 'दीर्घ' 'नामि'-'स्वर'-वर्ण पूर्व में हो तो 'स्य्' का सकार षकार नहीं होता है)। (उदाहरण) "वीरैः स्याम सधमादः।"[क] "'दीर्घ' शब्द का (सूत्र में) ग्रहण क्यों किया? (उत्तर) "गोभिष् ष्याम सधमादः।"[ख]

उ च नास्पर्शपूर्वम् ॥१०॥

सू० अ०—यदि 'स्पर्श' (-'व्यञ्जन') पूर्व में न हो तो 'उ' भी (परवर्ती पद के आदि में विद्यमान 'स्य्' को 'मूर्धन्य' नहीं बनाता है)।

उ० भा०—उ-इत्येतत्पदं पूर्वं स्यिति पदादिं न नमयति; (अस्पर्शपूर्वम्=) स्पर्शपूर्वं यदि न भवति। "एष उ स्य पुरुव्रतः।"[३] अस्पर्शपूर्वम् इति किम्? "उदु ष्य शरणे दिवः॥"[४]

उ० भा० अ०—**उ**-यह पद, पूर्व में स्थित होने पर, (परवर्ती) पद के आदि में विद्यमान 'स्य्' को; **न**=नहीं; 'मूर्धन्य' बनाता है; **(अस्पर्शपूर्वम्=)** यदि (उस 'उ' के) पूर्व में 'स्पर्श' (-'व्यञ्जन') नहीं होता है (अर्थात् 'स्पर्श' पूर्व में न हो तो 'उ' भी पद के आदि में विद्यमान 'स्य्' के सकार को षकार नहीं बनाता है)। (उदाहरण) "एष उ स्य पुरुव्रतः।"[ग] "'स्पर्श' पूर्व में न हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उदु ष्य शरणे दिवः।"[घ]

टि० (क) वीरैः। स्याम। सधऽमादः॥ प० पा०

यह सूत्र ५।६ का अपवाद है। यहाँ 'स्याम' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'स्याम' के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर' ऐकार है।

(ख) गोभिः। स्याम। सधमादः॥ प० पा०

यहाँ 'स्याम' का सकार ५।६ से षकार हो गया है क्योंकि 'स्याम' के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर' नहीं अपितु 'ह्रस्व' 'स्वर' इकार है।

(ग) एषः। ऊँ इति। स्यः। पुरुऽव्रतः॥ प० पा०

यह सूत्र ५।६ का अपवाद है। यहाँ 'स्यः' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'स्यः' के पूर्व में स्थित 'नामि-पद' 'उ' के पूर्व में 'स्पर्श'-'व्यञ्जन' नहीं अपितु 'ऊष्म'-'व्यञ्जन' षकार है।

(घ) उत्। ऊँ इति। स्यः। शरणे। दिवः॥ प० पा०

यहाँ पूर्ववर्ती 'उ' ने परवर्ती 'स्यः' के सकार को ५।६ के अनुसार षकार बना दिया है क्योंकि 'उ' के पूर्व में 'स्पर्श'-'व्यञ्जन' दकार है।

---

१ ऋ० ५।२०।४ २ ऋ० ५।२०।४
३ ऋ० ९।३।१० ४ ऋ० ८।२५।१९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नतिसंधिः=षकारपूर्वस्य तवर्गस्य टवर्गः)

तकारवर्गस्तु टकारवर्ग-
मन्तःपदस्थोऽपि षकारपूर्वः ॥११॥

(नतिसंधि=षकारपूर्व तवर्ग का टवर्ग होना)

सू० अ०—एक पद के मध्य में विद्यमान भी (और भिन्न पद में विद्यमान भी) तकारवर्ग टकारवर्ग हो जाता है, यदि षकार पूर्व में हो।

उ० भा०—तकारवर्गस्तु पुनः टकारवर्गम् आपद्यते यथासंख्यम्। अन्तःपदस्थोऽपि नानापदस्थोपि षकारपूर्वः चेत्। "कः स्विद्वृक्षो निष्ठितो मध्ये अर्णसः।"[1] "आपो हि ष्ठा मयोभुवः।"[2] "नकिष्टं घ्नन्त्यन्तितो न दूरात्।"[3] षकारपूर्वः इति किम्? "युवं हि स्थः स्वर्पती॥"[4]

उ० भा० अ०—**तकारवर्गस्तु**=तकारवर्ग तो पुनः; टकारवर्गम्=टकारवर्ग; हो जाता है क्रम से (अर्थात् तवर्ग का प्रथम वर्ण टवर्ग के प्रथम वर्ण में परिणत हो जाता है, द्वितीय वर्ण द्वितीय वर्ण में, इत्यादि)। **अन्तःपदस्थोऽपि**=पद के मध्य में (अर्थात् एक पद में) स्थित होने पर भी; भिन्न पद में स्थित होने पर भीक; **षकारपूर्वः**=यदि षकार (तकारवर्ण के) पूर्व में विद्यमान हो। (उदाहरण) "कः स्विद्वृक्षो निष्ठितो मध्ये अर्णसः"[ख]; "आपो हि ष्ठा मयोभुवः।"[ग] "नकिष्टं घ्नन्त्यन्तितो न दूरात्।"[घ] "षकार पूर्व में विद्यमान हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "युवं हि स्थः स्वर्पती।"[ङ]

टि० (क) इस सूत्र में यह विधान किया गया है कि पूर्ववर्ती षकार के प्रभाव से परवर्ती तवर्गीय वर्ण इन दो परिस्थितियों में टवर्गीय वर्ण हो जाता है—(१) जब षकार और तवर्गीय वर्ण—ये दोनों एक ही पद में विद्यमान हों अथवा (२) जब षकार और तवर्गीय वर्ण—ये दोनों—भिन्न-भिन्न पदों में विद्यमान हों। दूसरी परिस्थिति में षकार पदान्त होता है और तवर्गीय वर्ण पदादि होता है।

(ख) कः। स्वित्। वृक्षः। निःऽस्थितः। मध्ये। अर्णसः॥ प० पा०

(ग) आपः। हि। स्थ। मयःऽभुवः॥ प० पा०
इन दोनों उदाहरणों में षकार ने उसी पद में स्थित थकार को ठकार बना दिया है।

(घ) नकिः। तम्। घ्नन्तिः। अन्तित। न। दूरात्॥ प० पा०
यहाँ पदान्त षकार ने पदादि तकार को टकार बना दिया है।

(ङ) युवम्। हि। स्थः। स्वःऽपती इति स्वःऽपती॥ प० पा०
यहाँ थकार ठकार नहीं हुआ है क्योंकि थकार के पूर्व में षकार न होकर सकार है।

---

[1] ऋ० १।१८२।७ [2] ऋ० १०।९।१ [3] २।२७।१३ [4] ऋ० ९।१९।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नतिसंधिः=नकारस्य णकारः) (पूर्वानुवृत्तः)

सितां सधस्थात्स्तनिहि स्तवाम
स्तवे स्तुवन्ति स्तुहि सीं स्तुत स्थ ।
साहि स्त स्तुप्सत्सि सत्सत्स्वनीति
स्तोभेत्यादिश्चापि बह्वक्षरान्त्यैः ॥१२॥

(नतिसंधि=नकार का णकार) (पूर्वानुवृत्त)

सू० अ०—'सिताम्', 'सधस्थात्', 'स्तनिहि', 'स्तवाम', 'स्तवे', 'स्तुवन्ति', 'स्तुहि', 'सीम्', 'स्तुतः', 'स्थ', 'साहि', 'स्तः', 'स्तुप्', 'सत्सि', 'सत्सत्', 'स्वनि'—इनका और 'स्तोभ' इस (के सभी रूपों) का आदि (=प्रथम वर्ण अर्थात् सकार) ('मूर्धन्यभाव' को प्राप्त हो जाता है अर्थात् षकार हो जाता है), चाहे (वह सकार) बहुत अक्षरों वाले (पद) के अन्त में विद्यमान ('नामि'-'स्वर') से भी (बाद में हो)।

उ० भा०—सिताम्, सधस्थात्, स्तनिहि, स्तवाम, स्तवे, स्तुवन्ति, स्तुहि, सीम्, स्तुतः, स्थ, साहि, स्तः, स्तुप्, सत्सि, सत्सत्, स्वनि—इत्येतेषां पदानाम् आदिः, स्तोभ इत्येतस्य च पदस्य सप्रवादस्य आदिः नम्यते। अपि बह्वक्षरान्त्यैः नामिभिरुपहितः। अप्यबह्वक्षरान्त्यैरिति अपिशब्दः।

सिताम्—"पदि षितामसुञ्चता यजत्राः।"[१-क] सधस्थात्—"निष्षीमद्भ्यो धमथो निष्षधस्थात्।"[२-ख] स्तनिहि—"नि ष्टनिहि दुरिता बाधमानः॥"[३-ग] स्तवाम—"तमु ष्टवाम यं गिरः।"[४-घ] स्तवे—'विश्वा यद्वामन ष्टवे।"[५-ङ] स्तुवन्ति—"अनु ष्टुवन्ति पूर्वथा।"[६-च] स्तुहि—"तमु ष्टुहीन्द्रं यो ह सत्वा।"[७-छ] सीम्—"निष्षीमद्भ्यो धमथो निष् षधस्थात्।"[८-ज] स्तुतः—"नू ष्टुत इन्द्र नू गृणानः।"[९-झ] स्थ—"आपो हि ष्ठा

टि० (क) पदि। सिताम्। अमुञ्चत। यजत्राः॥ प० पा०
(ख) निः। सीम्। अत्ऽभ्यः। धमथः। निः। सधऽस्थात्॥ प० पा०
(ग) निः। स्तनिहि। दुःऽइता। बाधमानः॥ प० पा०
(घ) तम्। ऊँ इति। स्तवाम। यम्। गिरः॥ प० पा०
(ङ) विश्वा। यत्। वाम्। अनु। स्तवे॥ प० पा०
(च) अनु। स्तुवन्ति। पूर्वऽथा॥ प० पा०
(छ) तम्। ऊँ इति। स्तुहि। इन्द्रम्। यः। ह। सत्वा॥ प० पा०
(ज) निः। सीम्। अत्ऽभ्यः। धमथः। निः। सधऽस्थात्॥ प० पा०
(झ) नु। स्तुतः। इन्द्र। नु। गृणानः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ४।१२।६ [२] ऋ० ५।३१।९ [३] ऋ० ६।४७।३०
[४] ऋ० ८।९५।६ [५] ऋ० ५।७३।४ [६] ऋ० ८।३।८
[७] ऋ० १।१७३।५ [८] ऋ० ५।३१।९ [९] ऋ० ४।१६।२१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मयोभुवः ।"[१-क] साहि—"वि षाह्यग्ने गृणते मनीषाम् ।"[२-ख] स्तः—"नास्य ते महिमानं परि ष्टः ।"[३-ग] स्तुप्—"सोमो विराजमनु राजति ष्टुप् ।"[४-घ] सत्सि—"अग्ने नि षत्सि नमसाधि बर्हिषि ।"[५-ङ] सत्सत्—"नि हि षत्सदन्तरः पूर्वो अस्मत् ।"[६-च] स्वनि—"यदि क्लोशमनु ष्वणि ।"[७-छ] स्तोभेत्यादिः—"परि ष्टोभत विंशतिः"[८-ज]; "परि ष्टोभन्तु नो गिरः ॥"[९-झ]

उ० भा० अ०—सिताम्, सधस्थात्, स्तनिहि, स्तवाम, स्तवे, स्तुवन्ति, स्तुहि, सीम्, स्तुतः, स्थ, साहि, स्तः, स्तुप्, सत्सि, सत्सत् (और) स्वनि—इन पदों का; आदिः=प्रथम वर्ण=सकार और स्तोभ—इस पद के किसी भी रूप का; आदिः=प्रथम वर्ण=सकार; 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त हो जाता है (अर्थात् षकार हो जाता है)। अपि बह्वक्षरान्त्यैः=बहुत अक्षरों वाले (पदों) के अन्त में विद्यमान 'नामि' (–'स्वर'–वर्णों) से; बाद में स्थित भी। अपि–शब्द (यह बतलाने के लिए सूत्र में प्रयुक्त है कि) अबह्वक्षर (पदों) के अन्त में विद्यमान ('नामि'–स्वर–वर्णों) से भी (बाद में स्थित सकार षकार हो जाता है) (तात्पर्य यह है कि सूत्रोक्त पदों के आदि में विद्यमान सकार षकार हो जाता है चाहे इस सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि'–'स्वर'–वर्ण हो जो बह्वक्षर पद के अन्त में स्थित है और चाहे ऐसा 'नामि'–'स्वर'–वर्ण हो जो अबह्वक्षर पद के अन्त में स्थित है)।.....।

नि परीति स्व सीत्यादी चकारवर्गीयोदयौ ॥१३॥

सू० अ०—'नि' (और) 'परि' (ये दो 'नामि'-पद) (पद के) आदि में विद्यमान 'स्व' और 'सि' को ('मूर्धन्य' बना देते हैं), यदि ('स्व' और 'सि' के) बाद में चवर्ग का कोई वर्ण हो।

उ० भा०—नि परि इत्येतौ नामिनौ स्व सि; (इत्यादी=) इत्यंभूतौ पदादी; नमयतः। किमविशेषेण ? नेत्याह चकारवर्गीयोदयौ चेत्स्याताम्=चकारवर्गवर्ण-

टि० (क) आपः। हि। स्थ। मयःऽभुवः॥ प० पा०
(ख) वि। साहि। अग्ने। गृणते। मनीषाम्॥ प० पा०
(ग) न। अस्य। ते इति। महिमानम्। परि। स्त इति स्तः॥ प० पा०
(घ) सोमः। विऽराजम्। अनु। राजति। स्तुप्॥ प० पा०
(ङ) अग्ने। नि। सत्सि। नमसा। अधि। बर्हिषि॥ प० पा०
(च) नि। हि। सत्सत्। अन्तरः। पूर्वः। अस्मत्॥ प० पा०
(छ) यदि। क्लोशम्। अनु। स्वनि॥ प० पा०
(ज) परि। स्तोभत। विंशतिः॥ प० पा०
(झ) परि। स्तोभन्तु। नः। गिरः॥ प० पा०

---

१ ऋ० १०।९।१ | २ ऋ० ४।११।२ | ३ ऋ० १।६१।८
४ ऋ० ९।९६।१८ | ५ ऋ० ८।२३।२६ | ६ ऋ० १०।५३।१
७ ऋ० ६।४६।१४ | ८ ऋ० १।८०।९ | ९ ऋ० ८।९२।१९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पराभित्यर्थः। नि—"महान्तं कोशमुदचा नि षिञ्च।"[१-क] परि—"सहस्रधारः परि षिच्यते हरिः।"[२-ख] "परि ष्वजध्वं दश कक्ष्याभिः"[३-ग]; "परि ष्वजन्ते जनयो यथा पतिम्।"[४-घ] चकारवर्गीयोदयौ इति किम्? "व्युच्छन्ती परि स्वसुः॥"[५]

उ० भा० अ०—नि (और) परि—ये दो 'नामि' (-पद); स्व सि; (इत्यादी=) इस प्रकार के पदादियों को; 'मूर्धन्य' बना देते हैं। क्या बिना किसी विशेष के? (उत्तर) नहीं, (सूत्रकार) ने कहा है—चकारवर्गीयोदयौ=यदि ('स्व' और 'सि' के) बाद में चकारवर्गीय हो=बाद में चकारवर्ग (=चवर्ग) का कोई वर्ण हो तो—यह अर्थ है (तात्पर्य यह है कि 'सि' और 'स्व' का सकार षकार हो जाता है यदि(?) 'सि' और 'स्व' के पूर्व में 'नि' या 'परि' हो और बाद में चवर्ग का कोई भी वर्ण हो)।.....। "बाद में चवर्ग का (कोई वर्ण) हो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "व्युच्छन्ती परि स्वसुः।"[ङ]

दकारे चोत्तरे परान्से स सीति स्वरोदये ॥१४॥

सू० अ०—('नि' और 'परि') परवर्ती (=पदादियों)—'से', 'स' (और) 'सी' (को 'मूर्धन्य' बना देते हैं), यदि ('से', 'स' और 'सी' के) बाद में ऐसा दकार हो जिसके बाद में 'स्वर' (-वर्ण) है।

उ० भा०—दकारे चोत्तरे। चकारः समुच्चयार्थीयो निपरी समुच्चिनोति। पराम्=पदादीन्; नमयतः। कथं भूतान्पदादीन्? अत आह—से, स, सी। इतिकरणः प्रकारार्थः। स्वरोदये—दकारस्य विशेषणमेतत्। से, स, सी—इति पदादीन्दकारे स्वरपरे निपरी नमत इत्यर्थः।

से—"परि यज्ञं नि षेदथुः।"[६] स—"नि षदा पीतये मधु"[७]; "शुनं नरः परि षदन्नुषासम्।"[८] सी—"नि षीद होत्रमृतुथा यजस्व।"[९] निपरी इति किम्? "इमं यम प्रस्तरमा हि सीद।"[१०] दकारे इति किम्? "नि समना भूमिः।" स्वरोदये इति किम्? "दिवश्चरन्ति परि सद्या अन्तान्॥"[११]

टि० (क) महान्तम्। कोशम्। उत्। अच। नि। सिञ्च॥ प० पा०
(ख) सहस्रऽधारः। परि। सिच्यते। हरिः॥ प० पा०
(ग) परि। स्वजध्वम्। दश। कक्ष्याभिः॥ प० पा०
(घ) परि। स्वजन्ते। जनयः। यथा। पतिम्॥ प० पा०
(ङ) विऽउच्छन्ती। परि। स्वसुः॥ प० पा०

'परि' के बाद में आने पर भी 'स्व' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'स्व' के बाद में चवर्ग का कोई वर्ण न होकर सकार है।

---

[१] ऋ० ५।८३।८ [२] ऋ० ९।८६।३३ [३] ऋ० १०।१०१।१०
[४] ऋ० १०।४३।१ [५] ऋ० ४।५२।१ [६] ऋ० ४।५६।७
[७] ऋ० ८।९७।८ [८] ऋ० ४।३।११ [९] ऋ० १०।९८।४
[१०] ऋ० १०।१४।४ [११] ऋ० ५।४७।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**दकारे चोत्तरे**=दकार बाद में होने पर भी। समुच्चयार्थीय चकार 'नि' और 'परि' का समुच्चय करता है। **परान्**=बाद में आने वालों को=पदादियों को; 'मूर्धन्य' बना देते हैं। किस प्रकार के पदादियों को (यह प्रश्न उठता है)? इसलिए (सूत्रकार) ने कहा है—**से, स, सी** को। **इति**—शब्द (सूत्र में) प्रकार के लिए (प्रयुक्त है) (अर्थात् 'से', 'स' अथवा 'सी' से प्रारम्भ होने वाले किसी भी पद के सकार को पूर्ववर्ती 'नि' और 'परि' 'मूर्धन्य' बना देते हैं)। **स्वरोदये**='स्वर' (-वर्ण) बाद में होने पर—यह दकार का विशेषण है। पद के आदि में विद्यमान 'से', 'स' (और) 'सी' को (पूर्ववर्ती) 'नि' और 'परि' 'मूर्धन्य' बना देते हैं, यदि ('से', 'स' और 'सी' के) बाद में ऐसा दकार हो जिसके बाद में 'स्वर' (-वर्ण) हो—यह अर्थ है।

से—"परि यज्ञं नि षेदथुः।"क **स**—"नि षदा पीतये मधु"ख "शुनं नरः परि षदन्नुषासम्।"ग **सी**—नि षीद होत्रमृतुथा यजस्व।"घ "'नि' और 'परि'"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "इमं यम प्रस्तरमा हि सीद।"ङ "दकार बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "नि समना भूमिः।"च "'स्वर' (-वर्ण) बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "दिवश्चरन्ति परि सद्यो अन्तान्।"छ

टि० (क) परि। यज्ञम्। नि। सेदथुः॥ प० पा०

(ख) नि। सद। पीतये। मधु॥ प० पा०

(ग) शुनम्। नरः। परि। सदन्। उषसम्॥ प० पा०

(घ) नि। सीद। होत्रम्। ऋतुऽथा। यजस्व॥ प० पा०

इन चारों उदाहरणों में पूर्ववर्ती 'नि' और 'परि' ने परवर्ती पदों के आदि सकार को षकार बना दिया है।

(ङ) इमम्। यम। प्रऽस्तरम्। आ। हि। सीद॥ प० पा०

यहाँ 'सीद' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि इसके पूर्व में न 'नि' है और न 'परि' अपितु 'हि' है।

(च) यद्यपि पूर्व में 'नि' विद्यमान है तथापि 'समना' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'स' के बाद में दकार न होकर मकार है।

"नि समना भूमिः" यह उद्धरण न तो ऋग्वेद में उपलब्ध होता है और न किसी अन्य ग्रन्थ में। "वि समना भूमि"—यह उद्धरण तो ऋग्वेद (२।११।१७) में उपलब्ध होता है किंतु यह स्थल प्रकृत सूत्र का उदाहरण नहीं बन सकता है क्योंकि 'स' के पूर्व में 'नि' होना चाहिए, 'वि' नहीं। हो सकता है कि भाष्यकार ने भ्रान्ति से 'वि' को 'नि' समझ कर यह उद्धरण प्रस्तुत किया हो। किसी-किसी हस्तलेख में 'नि' के स्थान पर 'वि' लिखा है और किसी-किसी हस्तलेख में इस प्रत्युदाहरण के स्थान पर "मृग्यं प्रत्युदाहरणम्"—ये शब्द लिखे हुए मिलते हैं।

(छ) दिवः। चरन्ति। परि। सद्यः। अन्तान्॥ प० पा०

यहाँ पर यद्यपि 'सद्यः' के सकार के पूर्व में 'परि' है और बाद में दकार है तथापि सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि दकार के बाद में 'स्वर'-वर्ण नहीं अपितु यकार है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेध स्वापय सस्वजे सस्वजाते ससाद च ॥१५॥

सू० अ०—'सेध', 'स्वापय', 'सस्वजे', 'सस्वजाते' और 'ससाद' (इन पदों के आदि में विद्यमान सकार को भी 'नि' और 'परि' 'मूर्धन्य' बना देते हैं)।

उ० भा०—सेध स्वापय, सस्वजे, सस्वजाते, ससाद—चकारोच्चारणादेतान्पदादीन्निपरी नमयतः। सेध—"वाचस्पते नि षेधेमान्।"[१-क] स्वापय—"नि ष्वापया मिथूदृशा।"[२-ख] सस्वजे—"तमिन्दुः परि षस्वजे।"[३-ग] सस्वजाते—"समानं वृक्षं परि षस्वजाते।"[४-घ] ससाद—"नि षसाद धृतव्रतः॥"[५-ङ]

उ० भा० अ०—सेध, स्वापय, सस्वजे, सस्वजाते, ससाद—(सूत्र में) चकार के उच्चारण से (यह अर्थ हुआ कि) इन पदों के आदियों (=सकार) को 'नि' और 'परि' 'मूर्धन्य' बना देते हैं। .....।

सन्तं सन्तः सन्ति पूर्वी स्थु स्था स्थादिति चोत्तरः ॥१६॥

सू० अ०—(इन 'नि' और 'परि' में से) बाद वाला (अर्थात् 'परि') 'सन्तम्', 'सन्तः', 'सन्ति पूर्वीः', 'स्थुः', 'स्थाः' और 'स्थात्'—इन (पदों के सकार को षकार बना देता है)।

उ० भा०—सन्तम्, सन्तः, सन्ति पूर्वीः, स्थुः, स्थाः, स्थात् इति च पदादिसकारान् उत्तरो नामी नमयति। कश्चोत्तरः? पाठक्रमेण परीति। सन्तम्—"अस्मे वत्सं परि षन्तं न विन्दन्।"[१-च] सन्तः—"नाद्रयः परि षन्तो वरन्त।"[७-छ] सन्ति पूर्वीः—"ता ईं विश्वतः परि षन्ति पूर्वीः।"[८-ज] पूर्वीः इति किम्? "धक्षोर्न वाताः परि सन्त्यच्युताः।"[९-झ] स्थुः—

टि० (क) वाचः। पते। नि। सेध। इमान्॥ प० पा०

(ख) नि। स्वापय। मिथुऽदृशा॥ प० पा०

(ग) तम्। इन्दुः। परि। सस्वजे॥ प० पा०

(घ) समानम्। वृक्षम्। परि। सस्वजाते इति॥ प० पा०

(ङ) नि। ससाद। धृतऽव्रतः॥ प० पा०

पूर्ववर्ती 'नि' और 'परि' ने सूत्रोक्त पदों के आदि सकार को षकार बना दिया है।

(च) अस्मे इति। वत्सम्। परि। सन्तम्। न। विन्दन्॥ प० पा०

(छ) न। अद्रयः। परि। सन्तः। वरन्त॥ प० पा०

(ज) ताः। ईम्। विश्वतः। परि। सन्ति। पूर्वीः॥ प० पा०

(झ) धक्षोः। न। वाताः। परि। सन्ति। अच्युताः॥ प० पा०

उदाहरण में 'पूर्वीः' बाद में होने के कारण 'सन्ति' का सकार षकार हो गया है जब कि प्रत्युदाहरण में 'पूर्वीः' बाद में न होने के कारण 'सन्ति' का सकार षकार नहीं हुआ है।

१ ऋ० १०।१६६।३ २ ऋ० १।२९।३ ३ ऋ० ९।१२।५
४ ऋ० १।१६४।२० ५ ऋ० १।२५।१० ६ ऋ० १।७२।२
७ ऋ० ३।३२।१६ ८ ऋ० ९।८९।५ ९ ऋ० १०।११५।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"अर्णो न द्वेषो धृषता परि ष्ठुः ।"[१-क] स्थाः—"परि ष्ठा इन्द्र मायया ।"[२-ख] स्थात्—"मा नो मर्तस्य दुर्मतिः परि ष्ठात् ॥"[३-ग]

उ० भा० अ० सन्तम्, सन्तः, सन्ति पूर्वीः, स्थुः, स्थाः, स्थात्—इति च=इन पदों के भी, आदि सकारों को; उत्तरः=बाद वाला; 'नामि'—पद 'मूर्धन्य' बना देता है। बाद वाला कौन है ? (उत्तर) पाठ-क्रम से (जो बाद में स्थित है अर्थात्) 'परि'; (तात्पर्य यह है कि 'परि' यह 'नामि'—पद सूत्रोक्त पदों के सकार को षकार बना देता है) ।..... ।

हि पिञ्च तू पिञ्च रजःसु पीद-
न्नितो पिञ्चताभि षतः किमु ष्वित् ।
सूरिभिष्ष्याम दिवि पन्तु के ष्ठ
प्रति ष्फुर त्री षधस्था कमु ष्वित् ॥१७॥

सू० अ०—(अधोलिखित स्थलों पर सकार निपातन से षकार हुआ है) 'हि पिञ्च', 'तू पिञ्च', 'रजःसु पीदन्', 'इतो पिञ्चत', 'अभि षतः', 'किमु ष्वित्', 'सूरिभिष्ष्याम', 'दिवि पन्तु', 'के ष्ठ', 'प्रति ष्फुर्' 'त्री षधस्था' (और) 'किमु ष्वित्' ।

उ० भा०—हि पिञ्च, तू पिञ्च, रजःसु पीदन्, इतो पिञ्चत, अभि षतः, किमु ष्वित्, सूरभिष्ष्याम, दिवि पन्तु, के ष्ठ, प्रति ष्फुर, त्री षधस्था, कमु ष्वित्—एतानि यथागृहीतानि निपात्यन्ते। हि पिञ्च—"अध्वर्यवा तु हि षिञ्च ।"[४-घ] तू पिञ्च—"आ तु षिञ्च हरिमीं द्रोरुपस्थे ।"[५-ङ] रजःसु षीदन्—"बुध्ने नदीनां रजःसु षीदन् ।"[६-च] इतो षिञ्चत—"परीतो षिञ्चता सुतम्"[७-छ]—ओत्वं षत्वं च निपात्यते।

टि० (क) अर्णः । न । द्वषः । धृषता । परि । स्थुः ॥ प० पा०
(ख) परि । स्थाः । इन्द्र । मायया ॥ प० पा०
(ग) मा । नः । मर्तस्य । दुःऽमतिः । परि । स्थात् ॥ प० पा०
(घ) अध्वर्यो इति । आ । तु । हि । सिञ्च ॥ प० पा०
(ङ) आ । तु । सिञ्च । हरिम् । ईम् । द्रोः । उपऽस्थे ॥ प० पा०
(च) बुध्ने । नदीनाम् । रजःसु । सीदन् ॥ प० पा०
(छ) परि । इतः । सिञ्चत । सुतम् ॥ प० पा०

४।३४ के अनुसार 'इतः' का विसर्जनीय अविकृत रहता है जिससे संहिता-पाठ में "इतः सिञ्चत" रूप होना चाहिए किंतु यहाँ निपातन से 'इतः' का विसर्जनीय ओकार हो गया है और 'सिञ्चत' का सकार षकार हो गया है जिससे संहिता-पाठ में उपलब्ध "इतो षिञ्चत" रूप सम्पन्न हो गया है।

---

१ ऋ० १।१६७।९ २ ऋ० ४।३०।१२ ३ ऋ० ३।१५।६
४ ऋ० ८।३२।२४ ५ ऋ० १०।१०१।१० ६ ऋ० ७।३४।१६
७ ऋ० ९।१०७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभि षतः—"महो विश्वाँ अभि षतः"[1-क]; अभी षतस्तदाभर।"[2-ख]

उ० भा० अ०—**हि पिञ्च, तू षिञ्च, रजःसु षीदन्, इतो षिञ्चत, अभि षतः, किमु ष्वित्, सूरिभिष्ष्याम, दिवि षन्तु, के ष्ठ, प्रति ष्फुर, त्री षधस्था** (और) **कमु ष्वित्**—ये (द्वैपद या त्रैपद) जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे (संहिता-पाठ में) निपातन से उपलब्ध होते हैं।·····। (विसर्जनीय का) ओकार तथा (सकार का) षकार—ये दोनों-निपातन से होते हैं। **अभि षतः**—"महो विश्वाँ अभि षतः"; "अभी षतस्तदा भर।"

नन्वभि षत इति निपातनं च यथाश्रुतमेव ग्रहीतुं न्याय्यम्। अतः—"अभी षतस्तदा भर"[3]—इत्यत्र षत्वं न प्राप्नोत्यभिशब्दस्य दीर्घत्वात्। सत्यमेवमेतत् यदि नामाधस्तादेव परिभाषितं यथा सामवशाः संधयो नियतविषयापवादका भवन्ति, न तु सर्वत्र। सामवशा इति चैवापवादाज्जानीयादनुलोमानामन्वक्षरसंधीनां नान्येषां केषाञ्चिदिति। तथा च ज्ञापकं भवति—"नु ष प्र"[4] इति। "भसन्नु ष प्र पूर्व्यः"[5] इत्युदाहरणम्। अत्र प्रेति यद्विशेषणं तत्—"प्र नू स मर्तः शवसा"[6]—इत्यस्य निर्धारणार्थम्। यदि नुशब्दो दीर्घोऽपि विधातं षत्वस्य न कुर्यात्तदा प्रशब्दग्रहणं सार्थकं स्यादिति। तस्मात्सामवशाः संधयोऽपवादका अनुलोमानामन्वक्षरसंधीनां नान्यत्रेति सिद्धम्।

(शङ्का) "अभि षतः"—इस निपातन को वैसे ही ग्रहण करना उचित है जैसे कि (सूत्र में) उल्लिखित है। इसलिए "अभी षतस्तदा भर" में (प्रस्तुत सूत्र से) 'षत्व' प्राप्त नहीं होता है क्योंकि यहाँ 'अभि' शब्द 'दीर्घ' है।[ग] (समाधान) यह बात तो सच है किंतु पहले ही (१।६० के भाष्य में) यह बतला दिया गया है कि 'सामवश' संधियाँ निश्चित विषय का ही अपवादक होती हैं, सर्वत्र नहीं। 'सामवश' संधियों को 'अनुलोमान्वक्षर' संधियों का ही अपवाद जानना चाहिए, अन्य किन्हीं का नहीं।[घ] वैसा (अर्थात्

टि० (क) महः। विश्वान्। अभि। सतः॥ प० पा०

(ख) अभि। सतः। तत्। आ। भर॥ प० पा०

७।४३ के अनुसार 'अभि' का इकार 'दीर्घ' हो गया है। इस दीर्घत्व के अनन्तर भी 'अभि' के बाद में आने के कारण 'सतः' का सकार प्रकृत सूत्र से षकार हो गया है।

(ग) शङ्काकार का आशय यह है कि प्रकृत सूत्र में "अभि षतः" का ग्रहण किया गया है, "अभी षतः" का नहीं; इसलिए—"अभी षतस्तदा भर" में जो 'षत्व' हुआ है वह प्रकृत सूत्र से नहीं हो सकता है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर भाष्यकार ने "अभी षतस्तदा भर" को जो इस सूत्र के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है वह युक्त नहीं है।

(घ) उपर्युक्त शङ्का के उत्तर में भाष्यकार का कहना है कि "अभी षतः" पद-पाठ में "अभि। सतः" के रूप में है। संधि करने पर यहाँ २।८ के अनुसार 'अनुलोमान्वक्षर' संधि हुई जिसके अनुसार 'अभि' के इकार में कोई विकार नहीं

---

[1] ऋ० ८।२३।२६ [2] ऋ० ७।३२।२४ [3] ऋ० ७।३२।२४
[4] ५।१८ [5] ऋ० ६।१४।१ [6] ऋ० १।६४।१३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस तथ्य का) ज्ञापक[क] (सूचक) भी (परवर्ती सूत्र ५।१८) है—"नु ष प्र।" "भसन्नु ष प्र पूर्व्यः"—यह ५।१८ का उदाहरण है। यहाँ (=५।१८ में) जो 'प्र' विशेषण है वह "प्र नू स मर्तः शवसा"—इसके (='सः' के 'षत्व' के) निवारण के लिए है। यदि 'दीर्घ' भी 'नु' शब्द (सकार के) 'षत्व' का विघात न करे तब ही (५।१८ में) 'प्र' शब्द का ग्रहण सार्थक होगा। इसलिए यह सिद्ध हो गया कि 'सामवश' संधियाँ 'अनुलोमान्वक्षर' संधियों का ही अपवादक होती ह, अन्यत्र नहीं।

किमु ष्वित्—"किमु ष्विदस्मै निविदो भनन्त।"[१-ख] **किम् इति किम्?** "इन्द्रं

(३४४घ) होता है किंतु ७।४३ के अनुसार यहाँ 'सामवश' संधि हो गई है जिससे 'अभि' का इकार 'दीर्घ' हो गया है। यहाँ 'सामवश' संधि (७।४३) ने 'अनुलोमान्वक्षर' संधि (२।८) का बाध कर दिया है क्योंकि पहले हो १।६० में यह कह दिया गया है कि 'सामवश' संधियों को 'अनुलोमान्वक्षर' संधियों का अपवाद समझना चाहिए। इस प्रकार 'सामवश' संधियाँ 'अनुलोमान्वक्षर' संधियों का ही अपवाद होती हैं, अन्य किसी का नहीं। प्रकृत स्थल में जो 'सामवश' संधि हुई है उसने 'अनुलोमान्वक्षर' संधि का तो बाध कर दिया है किंतु यह 'सामवश' संधि 'मूर्धन्यभाव' ('नति'='षत्व') में बाधा उत्पन्न नहीं कर सकती है। अतएव ७।४३ के अनुसार 'अभि' के इकार के 'दीर्घ' होने के उपरान्त भी 'अभि' के कारण 'सतः' का सकार प्रकृत सूत्र से षकार हो गया है।

टि० (क) 'सामवश' संधि 'मूर्धन्यभाव' ('नति') में बाधक नहीं होती है—इस तथ्य की पुष्टि के लिए भाष्यकार एक ज्ञापक प्रमाण देते हैं। ५।१८ में यह विधान किया गया है कि यदि (१) 'सः' के पूर्व में 'नु' हो और (२) बाद में 'प्र' हो तो 'सः' का सकार षकार हो जाता है। इसका उदाहरण यह है—"भसन्नु ष प्र पूर्व्यः।" सूत्र में उल्लिखित 'प्र' पद की उपयोगिता दिखलाने के लिए प्रत्युदाहरण यह है— "प्र नू स मर्तः शवसा।" इस प्रत्युदाहरण में 'नु' ('नू') के बाद में विद्यमान 'सः' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'सः' के बाद में 'प्र' नहीं है। प्रत्युदाहरण में 'नु' ७।२६ के अनुसार 'नू' हो गया है जो 'सामवश' संधि है। यदि 'सामवश' संधि से प्राप्त 'नू' 'मूर्धन्यभाव' ('षत्व') में बाधक होता तो सूत्र में 'प्र' को विशेषण के रूप में ग्रहण करना अनर्थक होता क्योंकि तब तो 'नू' ही प्रत्युदाहरण में 'षत्व' का बाध कर देता। यदि 'नु' शब्द 'दीर्घ' ('नू') होने पर भी 'षत्व' का विघात (बाध) न करे तभी ५।१८ में 'प्र' शब्द का ग्रहण सार्थक होगा और तथ्य यही है कि ५।१८ में 'प्र' का ग्रहण प्रत्युदाहरण में 'षत्व' का बाध करने के लिए किया गया है। इससे सिद्ध हो गया कि 'सामवश' संधि से प्राप्त 'नू' 'षत्व' में बाधक नहीं होता है और "अभी षतस्तदा भर" को जो इस प्रकृत सूत्र का उदाहरण दिया गया है वह युक्त है।

(ख) किम्। ऊँ इति। स्वित्। अस्मै। निऽविदः। भनन्त॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ४।१८।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क उ स्विदा चके।"[१-क] सूरिभिष्ष्याम—"घ्नन्तो वृत्राणि सूरिभिष्ष्याम।"[२-ख] दिवि पन्तु—"उत स्वानासो दिवि षन्त्वग्नेः।"[३-ग] के ष्ठ—"के ष्ठा नरः श्रेष्ठतमाः।"[४-घ] प्रति ष्फुर—"प्रति ष्फुर वि रुज वीड्वंहः।"[५-ङ] त्री षधस्था—"त्री षधस्था सिन्धवस्त्रिः।"[६-च] कमु ष्वित्—"कमु ष्विदस्य सेनया।"[७-छ] कम् इति किम्? "उक्थे क उ स्विदन्तमः॥"[८-ज]

उ षुवाणो दिवि षन्सूरिभिष्ष्या-
मृच्छन्ति ष्म नू ष्ठिरं वंसु षीदति।
नु ष प्र हि ष्ठो यशसा मही षा
वि षा भूयामो षु यति ष्ठनेति च ॥१८॥

सू० अ०—(अधोलिखित स्थलों पर सकार निपातन से षकार होता है) 'उ षुवाणः', 'दिवि पन्', 'सूरिभिष्ष्याम्', 'ऋच्छन्ति ष्म', 'नू ष्ठिरम्', 'वंसु षीदति', 'नु ष प्र', 'हि ष्ठो यशसा', 'मही षा', 'वि षा', 'भूयामो षु' (और) 'यति ष्ठन'।

टि० (क) इन्द्रम्। कः। ऊँ इति। स्वित्। आ। चके॥ प० पा०

उकार के बाद में स्थित 'स्वित्' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि उकार के पहले 'किम्' नहीं है।

(ख) घ्नन्तः। वृत्राणि। सूरिऽभिः। स्याम॥ प० पा०

(ग) उत। स्वानासः। दिवि। सन्तु। अग्नेः॥ प० पा०

(घ) के। स्थ। नरः। श्रेष्ठऽतमाः॥ प० पा०

यद्यपि ५।१२ के अनुसार भी 'स्थ' का सकार षकार हो जाता है किंतु "के ष्ठ" में ५।१२ के अनुसार सकार षकार नहीं होता है क्योंकि यहाँ सकार के पूर्व में एकार है जो सकार को षकार में परिणत नहीं करता है; क्योंकि ५।१ में कह दिया गया था कि एकार को छोड़कर अन्य 'नामि'-'स्वर'-वर्ण ही सकार को षकार में परिणत करते हैं। अतः "के ष्ठ" में सकार प्रकृत सूत्र के अनुसार निपातन से षकार होता है।

(ङ) प्रति। स्फुर। वि। रुज। वीळु। अंहः॥ प० पा०

(च) त्री। सधऽस्था। सिन्धवः। त्रिः॥ प० पा०

(छ) कम्। ऊँ इति। स्वित्। अस्य। सेनया॥ प० पा०

(ज) उक्थे। कः। ऊँ इति। स्वित्। अन्तमः॥ प० पा०

उदाहरण में उकार के बाद में स्थित 'स्वित्' का सकार षकार हो गया है; क्योंकि उकार के पूर्व में 'कम्' है। प्रत्युदाहरण में उकार के बाद में स्थित 'स्वित्' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि उकार के पूर्व में 'कम्' नहीं है।

---

[१] ऋ० ८।६४।८ [२] ऋ० ७।९२।४ [३] ऋ० ५।२।१०
[४] ऋ० ५।६१।१ [५] ऋ० ४।३।१४ [६] ऋ० ३।५६।५
[७] ऋ० ८।७५।७ [८] ऋ० ८।६४।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—उ षुवाणः, दिवि षन्, सूरिभिष्ष्याम्, ऋच्छन्ति ष्म, नू ष्ठिरम्, वंसु षीदति, नु ष प्र, हि ष्ठो यशसा, मही षा, वि षा, भूयामो षु, यति ष्ठन—इति च यथागृहीतानि पदानि भवन्ति। उ षुवाणः—'सोम उ षुवाणः सोतृभिः।'[१-क] दिवि षन्—"दिवि षञ्छुक्र आततः।"[२-ख] सूरिभिष्ष्याम्—'आ वां सुम्ने वरिमन्सूरिभिष्ष्याम्।"[३-ग] ऋच्छन्ति ष्म—'ऋच्छन्ति ष्मा निष्पदो मुद्गलानीम्।"[४-घ] नू ष्ठिरम्—'नू ष्ठिरं मरुतो वीरवन्तम्।"[५-ङ] वंसु षीदति—"श्येनो न वंसु षीदति।"[६-च] नु ष प्र—"भसन्नु ष प्र पूर्व्यः।"[७-छ] प्र इति किम्? "प्र नू स मर्तः शवसा।"[८-ज] हि ष्ठो यशसा—"दूतेव हि ष्ठो यशसा जनेषु।"[९-झ] यशसा इति किम्? "युवं हि स्थः स्वर्पती।"[१०-ञ] मही षा—"विदे हि माता महो मही षा।"[११-ट] वि षा—"वि षा होत्रा विश्वमश्नोति।"[१२-ठ] भूयामो षु—"भूयामो षु त्वावतः।"[१३-ड] यति ष्ठन—"विश्वे देवासो मनुषो यति ष्ठन॥"[१४-ढ]

उ० भा० अ०—उ षुवाणः, दिवि षन्, सूरिभिष्ष्याम्, ऋच्छन्ति ष्म, नू ष्ठिरम्, वंसु षीदति, नु ष प्र, हि ष्ठो यशसा, मही षा, वि षा, भूयामो षु, यति ष्ठन—इति च=ये पद भी; जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं वैसे (संहिता-पाठ में) उपलब्ध होते हैं।.....।

टि० (क) सोमः। ऊँ इति। सुवानः। सोतृऽभिः॥ प० पा०
(ख) दिवि। सन्। शुक्रः। आऽततः॥ प० पा०
(ग) आ। वाम्। सुम्ने। वरिमन्। सूरिऽभिः। स्याम्॥ प० पा०
(घ) ऋच्छन्ति। स्म। निःऽपदः। मुदगलानीम्॥ प० पा०
(ङ) नु। स्थिरम्। मरुतः। वीरऽवन्तम्॥ प० पा०
(च) श्येनः। न। वंसु। सीदति॥ प० पा०
(छ) भसत्। नु। सः। प्र। पूर्व्यः॥ प० पा०
(ज) प्र। नु। सः। मर्तः। शवसा॥ प० पा०
'नू' ('नु') के बाद में विद्यमान सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'सः' के बाद में 'प्र' नहीं है।
(झ) दूताऽइव हि। स्थः। यशसा। जनेषु॥ प० पा०
(ञ) युवम्। हि। स्थः। स्वःपती इति स्वःऽपती॥ प० पा०
'स्थः' का सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'स्थः' के बाद में यशसा' नहीं है।
(ट) विदे। हि। माता। महः। मही। सा॥ प० पा०
(ठ) वि। सा। होत्रा। विश्वम्। अश्नोति॥ प० पा०
(ड) भूयामो इति। सु। त्वाऽवतः॥ प० पा०
(ढ) विश्वे। देवासः। मनुषः। यति। स्थन॥ प० पा०

---

१ ऋ० ९।१०७।८ २ ऋ० ६।२।६ ३ ऋ० ६।६३।११
४ ऋ० १०।१०२।६ ५ ऋ० १।६४।१५ ६ ऋ० ९।५७।३
७ ऋ० ६।१४।१ ८ ऋ० १।६४।१३ ९ ऋ० १०।१०६।२
१० ऋ० ९।१९।२ ११ ऋ० ६।६६।३ १२ ऋ० १०।६४।१५
१३ ऋ० ४।३२।६ १४ ऋ० १०।६३।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाजी स्तुतो वहन्ति सीं पतिः स्यां दित्ससि स्तुतः ।
अपो सु म्यक्ष श्रुधि सु त्रिः स्म स्तुहि स्तुहीति न ॥१९॥

सू० अ०—(अधोलिखित स्थलों पर सकार षकार) नहीं (होता है)—'वाजी स्तुतः', 'वहन्ति सीम्', 'पतिः स्याम्', 'दित्ससि स्तुतः' 'अपो सु म्यक्ष', 'श्रुधि सु', 'त्रिः स्म' (और) 'स्तुहि स्तुहि'।

उ० भा०—वाजी स्तुतः, वहन्ति सीम्, पतिः स्याम्, दित्ससि स्तुतः, अपो सु म्यक्ष, श्रुधि सु, त्रिः स्म, स्तुहि स्तुहि—इत्येतेषु पदेषु यथाप्राप्तं षत्वं प्रतिषिध्यते। वाजी स्तुतः—"वाजी स्तुतो विदथे दाति वाजम्।"[१-क] वहन्ति सीम्—"वहन्ति सीमरुणासो रुशन्तः।"[२-ख] पतिः स्याम्—"अस्य पतिः स्यां सुगवः सुवीरः।"[३-ग] दित्ससि स्तुतः—"यद्दित्ससि स्तुतो मघम्।"[४-घ] अपो सु म्यक्ष—"अपो सु म्यक्ष वरुण।"[५-ङ] म्यक्ष इति किम्? "अपो षु ण इयं शरुः।"[६-च] श्रुधि सु—"इन्द्र श्रुधि सु मे हवम्।"[७-छ] त्रिः स्म—"त्रिः स्म माह्नः श्नथयो वैतसेन।"[८-ज] स्तुहि स्तुहि—"स्तुहि स्तुहीदेते घा ते॥"[९-झ]

टि० (क) वाजा। स्तुतः। विदथे। दाति। वाजम्॥ प० पा०

(ख) वहन्ति। सीम्। अरुणासः। रुशन्तः॥ प० पा०
उपर्युक्त दोनों स्थल ५।१२ के अपवाद हैं।

(ग) अस्य। पतिः। स्याम्। सुऽगवः। सुऽवीरः॥ प० पा०
५।६ का अपवाद।

(घ) यत्। दित्ससि। स्तुतः। मघम्॥ प० पा०
५।१२ का अपवाद।

(ङ) अपो इति। सु। म्यक्ष। वरुण॥ प० पा०
५।५ का अपवाद।

(च) अपो इति। सु। नः। इयम्। शरुः॥ प० पा०
'सु' का सकार ५।५ से षकार हो गया है क्योंकि 'सु' के बाद में 'म्यक्ष' नहीं है।

(छ) इन्द्र। श्रुधि। सु। मे। हवम्॥ प० पा०
५।५ का अपवाद।

(ज) त्रिः। स्म। मा। अह्नः। श्नथयः। वैतसेन॥ प० पा०
५।७ का अपवाद।

(झ) स्तुहि। स्तुहि। इत्। एते। घ। ते॥ प० पा०
५।१२ का अपवाद।

---

१ ऋ० ६।२४।२ २ ऋ० ६।६४।३ ३ ऋ० १।११६।२५
४ ऋ० ८।१४।४ ५ ऋ० २।२८।६ ६ ऋ० ८।६७।१५
७ ऋ० ८।८२।६ ८ ऋ० १०।९५।५ ९ ऋ० ८।१।३०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—वाजी स्तुतः, वहन्ति सीम्, पतिः स्याम्, दित्ससि स्तुतः, अपो सु म्यक्ष, श्रुधि सु, त्रिः स्म (और) स्तुहि स्तुहि—इन पदों में नियम से प्राप्त 'षत्व' नहीं होता है।.....।

युग्मान्तस्थादन्तमूलीयपूर्वै-
रन्तःपदं नम्यतेऽन्तःपदस्थैः ॥२०॥

सू० अ०—समसंख्यक (युग्म, even) 'अन्तःस्था' (='र्' और 'व्') अथवा 'दन्तमूलीय' (=स्, त्, थ्, द्, ध्, न्) हैं पूर्व में जिनके तथा जो पद के मध्य में स्थित हैं (ऐसे 'नामि'-'स्वर'-वर्णों से बाद में आने वाला) सकार, (उसी) पद के मध्य में स्थित होने पर, 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त हो जाता है (अर्थात् षकार हो जाता है)।

उ० भा०—युग्मान्तःस्थापूर्वैर्नामिभिरुपहितः सकारः=रेफवकारपूर्वैः—इत्यर्थः। दन्तमूलीयपूर्वैश्च नामिभिरुपहितः सकारो नम्यते। दन्तमूलीयाः=सकारस्तवर्गश्च। अन्तःपदम्=एकस्मिन्पदे। अन्तःपदस्थैः=पदान्तर्वर्तिभिः। युग्मान्तःस्थापूर्वैः—"त्रैष्टुभाद्वा त्रैष्टुभं निरतक्षत"[१]; "विषितस्तुका रोदसी नृमणाः।"[२] दन्तमूलीयपूर्वैः—"सुषाव सोममद्रिभिः"[३]; "सुषुवुषो मनीषाम्।"[४] "दुष्टरस्तरन्नरातीः।"[५] युग्मान्तःस्थादन्तमूलीयपूर्वैः इति किम्? "इयं शुष्मेभिर्बिसखा इवारुजत्।"[६] अन्तःपदम् इति किम्? "सना ज्योतिः सना स्वः।"[७] अन्तःपदस्थैः इति किम्? "पुरुहूत पुरुवसोऽसुरघ्नः॥"[८]

उ० भा० अ०—**युग्मान्तःस्थापूर्वैः**=समसंख्यक (युग्म, even) 'अन्तःस्था' हैं पूर्व में जिनके ऐसे; 'नामि' (-'स्वर'-वर्णों) से बाद में आने वाला सकार=रेफ और वकार हैं हैं पूर्व में जिनके ऐसे ('नामि'-'स्वर'-वर्णों) से बाद में आने वाला सकार—यह अर्थ है। **दन्तमूलीयपूर्वैः**='दन्तमूलीय' है पूर्व में जिनके ऐसे; 'नामि' (-'स्वर'-वर्णों) से बाद में आने वाला भी सकार; **नम्यते**='मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है। दन्तमूलीय=सकार और तवर्ग[क]। **अन्तःपदम्**=एक पद (के मध्य) में। **अन्तःपदस्थैः**=पद के मध्य में वर्तमान (अर्थात् 'नामि'-'स्वर'-वर्ण के बाद में स्थित सकार षकार हो जाता है यदि (१) 'नामि'–'स्वर'–वर्ण के पूर्व में र्, व्, स्, त्, थ्, द्, ध्, न्—इनमें से कोई भी एक वर्ण हो; (२) 'नामि'–'स्वर'–वर्ण पद के मध्य में विद्यमान हो और (३) 'नम्य' सकार

टि० (क) यद्यपि "सकाररेफलकाराश्च" (१।४५) के अनुसार रेफ और लकार भी 'दन्तमूलीय' हैं तथापि भाष्यकार ने 'दन्तमूलीय' की व्याख्या में इनका अन्तर्भाव नहीं किया है क्योंकि इस सूत्र में 'अन्तःस्था' का पृथक् उल्लेख किया गया है।

---

[१] ऋ० १।१६४।२३ [२] ऋ० १।१६७।५ [३] ऋ० ९।१०७।१
[४] ऋ० १०।९४।१४ [५] ऋ० ३।२४।१ [६] ऋ० ६।६१।२
[७] ऋ० ९।४।२ [८] ऋ० ६।२२।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी उसी पद के मध्य में स्थित हो)। **समसंख्यक (युग्म, even) अन्तःस्था है पूर्व में जिनके**—"त्रैष्टुभाद्वा त्रैष्टुभं निरतक्षत"[क]; 'विषितस्तुका रोदसी नृमणाः।"[ख] **दन्तमूलीय है पूर्व में जिनके**—"सुषाव सोममद्रिभिः"[ग] "सुषुवुषो मनीषाम्"[घ]; "दुष्टरस्तरन्नरातीः।"[ङ] "समसंख्यक ('अन्तःस्था') और 'दन्तमूलीय' हैं पूर्व में जिनके"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "इयं शुष्मेभिर्विसखा इवारुजत्"[च] "पद के मध्य में (स्थित सकार)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सना ज्योतिः सना स्वः।"[छ] "पद के मध्य में स्थित ('नामि' 'स्वर'-वर्णों) से (बाद में आने वाला)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "पुरुहूत पुरूवसोऽसुरघ्नः।"[ज]

टि० (क) त्रैस्तुभात्। वा। त्रैस्तुभम्। निःऽअतक्षत॥ प० पा०

पद के मध्य में वर्तमान सकार षकार हो गया है क्योंकि (१) इस सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि'-'स्वर'-वर्ण ऐकार है (२) जिसके पूर्व में रेफ है तथा (३) जो उसी पद के मध्य में वर्तमान है।

(ख) विसितऽस्तुका। रोदसी। नृऽमनाः॥ प० पा०

पद के मध्य में वर्तमान सकार षकार हो गया है क्योंकि (१) इस सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि'-'स्वर'-वर्ण इकार है (२) जिसके पूर्व में वकार है तथा (३) जो उसी पद के मध्य में वर्तमान है।

(ग) सुसाव। सोमम्। अद्रिऽभिः॥ प० पा०

(घ) सुसुऽवुषः। मनीषाम्॥ प० पा०

(ङ) दुस्तरः। तरन्। अरातीः॥ प० पा०

उपर्युक्त तीनों उदाहरणों में पद के मध्य में वर्तमान सकार षकार हो गया है क्योंकि (१) सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि'-'स्वर'-वर्ण उकार है (२) जिसके पूर्व में 'दन्तमूलीय' (क्रमशः स्, स् और द्) है तथा (३) जो उसी पद के मध्य में वर्तमान है।

(च) इयम्। शुष्मेभिः। बिसखाःऽइव। अरुजत्॥ प० पा०

'बिसखाः' का सकार पद के मध्य में है। पूर्ववर्ती 'नामि'-'स्वर'-वर्ण (इकार) भी उसी पद के मध्य में वर्तमान है तथापि सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि 'नामि'-'स्वर'-वर्ण के पूर्व में वकार है जो न तो समसंख्यक (युग्म, even) 'अन्तःस्था' है और न 'दन्तमूलीय' है।

(छ) सन। ज्योतिः। सन। स्वः॥ प० पा०

'सन' के सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि'-'स्वर'-वर्ण (इकार) विद्यमान है जिसके पूर्व में 'दन्तमूलीय' (तकार) है, तथापि यह सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि यह पद के मध्य में नहीं अपितु पद के आदि में विद्यमान है।

(ज) पुरुऽहूत। पुरुवसो इति पुरुऽवसो। असुरऽघ्नः॥ प० पा०

सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि'-'स्वर'-वर्ण ओकार विद्यमान है जिसके पूर्व में 'दन्तमूलीय' (सकार) वर्तमान है तथापि यह सकार षकार नहीं हुआ ह क्योंकि 'नामि'-'स्वर'-वर्ण ओकार पद के मध्य में नहीं, अपितु पद के अन्त में विद्यमान है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्यपूर्वैरपि पद्यादिभाक्सन् ॥२१॥

सू० अ०—(युग्म 'अन्तःस्था' और 'दन्तमूलीय' से) अन्य भी (वर्ण) हैं पूर्व में जिनके ऐसे ('नामि'-'स्वर'-वर्णों से बाद में स्थित सकार) 'पद्य' के आदि में होने पर (षकार हो जाता है)।

उ० भा०—अन्यपूर्वैरपि नामिभिरुपहितः सकारो नम्यते। युग्मान्तःस्थादन्तमूलीय-पूर्वैरित्यपिशब्दः। (पद्यादिभाक्सन्=) पद्यादिं भजते यदि। अन्यपूर्वैः—"चमूषच्छ-च्येनः शकुनः"[१]; "ये त्वा मृजन्त्यृषिषाण वेधसः।"[२] युग्मान्तःस्थादन्तमूलीयपूर्वैः—"इन्द्रस्य त्रिष्टुविह भागो अह्नः"[३]; "स संस्तिरो विष्टिरः सं गृभायति"[४]; "वेदिषदे प्रियधामाय॥"[५]

उ० भा० अ०—अन्यपूर्वैरपि=(युग्म 'अन्तःस्था' और 'दन्तमूलीय' से) अन्य भी (वर्ण) हैं पूर्व में जिनके ऐसे; 'नामि' (-'स्वर'-वर्णों) से बाद में स्थित सकार षकार हो जाता है। (सूत्र में उल्लिखित) अपि—शब्द (यह बतलाता है कि) युग्म 'अन्तःस्था' और 'दन्तमूलीय' हैं पूर्व में जिनके ऐसे भी ('नामि'–'स्वर'–वर्णों से बाद में स्थित सकार षकार हो जाता है)। (पद्यादिभाक्सन्=) यदि (सकार) 'पद्य' के आदि में होवे। (अर्थात् 'पद्य' के आदि में स्थित सकार षकार हो जाता है चाहे पूर्ववर्ती 'नामि'-'स्वर' के पूर्व में कोई भी 'व्यञ्जन' हो) अन्य पूर्व में होने पर—"चमूषच्छ्येनः शकुनः"[क]; "ये त्वा मृजन्त्यृषिषाण वेधसः।"[ख] युग्म 'अन्तःस्था' और 'दन्तमूलीय' पूर्व में होने पर—"इन्द्रस्य त्रिष्टुविह भागो अह्नः"[ग]; "स संस्तिरो विष्टिरः सं गृभायति"[घ]; "वेदिषदे प्रियधामाय।"[ङ]

टि० (क) चमूऽसत्। श्येनः। शकुनः॥ प० पा०

'पद्य' के आदि में वर्तमान सकार षकार हो गया है यद्यपि सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि' 'स्वर'–वर्ण (ऊकार) है जिसके पूर्व में मकार है जो न तो युग्म 'अन्तःस्था' है और न 'दन्तमूलीय' है।

(ख) ये। त्वा। मृजन्ति। ऋषिऽसान। वेधसः॥ प० पा०

'पद्य' के आदि में वर्तमान सकार षकार हो गया है यद्यपि सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि'–'स्वर'–वर्ण (इकार) है जिसके पूर्व में षकार है जो न तो युग्म 'अन्तःस्था' है और न 'दन्तमूलीय' है।

(ग) इन्द्रस्य। त्रिऽस्तुप्। इह। भागः। अह्नः॥ प० पा०

(घ) सः। सम्ऽस्तिरः। विऽस्तिरः। सम्। गृभायति॥ प० पा०

(ङ) वेदिऽसदे। प्रियऽधामाय॥ प० पा०

उपर्युक्त तीनों उदाहरणों में 'पद्य' के आदि में वर्तमान सकार षकार हो गया है क्योंकि सकार के पूर्व में ऐसा 'नामि'–'स्वर'–वर्ण (इकार) है जिसके पूर्व में यथाक्रम युग्म 'अन्तःस्था' (रेफ, वकार) और 'दन्तमूलीय' (दकार) है।

---

[१] ऋ० ९।९६।१९ [२] ऋ० ९।८६।४ [३] ऋ० १०।१३०।५
[४] ऋ० १।१४०।७ [५] ऋ० १।१४०।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकाररेफपूतनोपधश्च ॥२२॥

सू० अ०—एकार, रेफ अथवा 'पूतना' (शब्द) पूर्व में हों तो ('पद्य' के आदि में वर्तमान सकार षकार हो जाता है)।

उ० भा०—(एकाररेफपूतनोपधः=) एकारोपधो रेफोपधः पूतनोपधः। चशब्दाच्छ्रूयते पद्यादिः सकारः। एकारोपधः—"धियो रथेष्ठामजरं नवीयः।"[१-क] रेफोपधः—"स्वर्षामप्सां वृजनस्य।"[२-ख] पूतनोपधः—"पूतनाषाह्याय च॥"[३-ग]

उ० भा० अ०—(एकाररेफपूतनोपधः=) एकार पूर्व में हो, (अथवा) रेफ पूर्व में हो, (अथवा) पूतना' (शब्द) पूर्व में हो तो। (सूत्र में उल्लिखित) च-शब्द से (प्राप्त होता है कि) 'पद्य' के आदि में वर्तमान सकार षकार हो जाता है (अर्थात् सकार षकार हो जाता है यदि (१) सकार 'पद्य' के आदि में हो और (२) सकार के पूर्व में एकार, रेफ या 'पूतना' शब्द वर्तमान हो)।.....।

रेफर्कारर्कारपरः प्रकृत्या ॥२३॥

सू० अ०—रेफ, ऋकार या ऋ॒कार बाद में हो तो (सकार) 'प्रकृतिभाव' से (=अविकृत) (रहता है)।

उ० भा०—इदानीमपवादः। (रेफर्कारर्कारपरः=) रेफपर ऋकारपर ऋकारपरश्च; सकारः प्रकृत्या भवति। रेफपरः—"पुनाति ते परिस्रुतम्।"[४-घ] ऋकारपरः—"इन्द्रस्य यन्तु प्रसवे विसृष्टाः।"[५-ङ] ऋ॒कारपरः—"तिसृणां सप्ततीनाम्॥"[६-च]

उ० भा० अ०—अब अपवाद (कहे जाते हैं)। (रेफर्कारर्कारपरः=) रेफ बाद में हो, ऋकार बाद में हो अथवा ऋ॒कार बाद में हो तो; सकार; प्रकृत्या='प्रकृतिभाव' से (=अविकृत); रहता है (अर्थात् रेफ, ऋकार या ऋ॒कार बाद में हो तो सकार षकार नहीं होता है)।.....।

टि० (क) धियः। रथेऽस्याम्। अजरम्। नवीयः॥ प० पा०

(ख) स्वःऽसाम्। अप्साम्। वृजनस्य॥ प० पा०

(ग) पूतनाऽसह्याय। च॥ प० पा०

(घ) पुनाति। ते। परिऽस्रुतम्॥ प० पा०

(ङ) इन्द्रस्य। यन्तु। प्रऽसवे। विऽसृष्टाः॥ प० पा०
ये दोनों उदाहरण ५।२१ के अपवाद हैं।

(च) तिसृणाम्। सप्ततीनाम्॥ प० पा०
५।२० का अपवाद।

---

[१] ऋ० ६।२१।१ [२] ऋ० १।९१।२१ [३] ऋ० ३।३७।१
[४] ऋ० ९।१।६ [५] ऋ० ८।१००।१२ [६] ऋ० ८।१९।३७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्पृक्स्वृ सर्स्वरिति चाक्षराणाम् ॥२४॥

सू० अ०—'सम्', 'स्पृक्', 'स्वृ', 'सर्' और 'स्वर्'—इन अक्षरों (=एकाक्षर-घटित पदों) का भी (सकार 'प्रकृतिभाव' से रहता है)।

उ० भा०—सम्, स्पृक्, सर्, स्वर्—एतेषां चाक्षाराणां सकाराः प्रकृत्या भवन्ति पद्यादावपद्यादौ च सताम्। सम्—"सुसमिद्धो न आ वह।"[१] स्पृक्—"दिविस्पृग्यात्यरुणानि।"[२] स्वृ—"ते देवाः परिस्वृतेष्वेषु लोकेषु।"[३] शाङ्खायनब्राह्मणमेतत्। ननु नैवैतदुदाहरणम्, ब्राह्मणं ह्येतत्। न च ब्राह्मणस्याप्युदाहरणं श्रुतं प्लुतत्रयविधानात्। एवं तर्हि यथोदकाहारस्य मत्स्याहरणं पुष्पाहारस्य फलाहरणमविरुद्धमेवमेतदपि। सर्—"विसर्माणं कृणुहि।"[४] स्वर्—"मेषं विप्रा अभिस्वरा॥"[५]

उ० भा० अ०—सम्, स्पृक्, स्वृ, सर्—चाक्षराणाम्=इन अक्षरों के भी; सकार 'प्रकृतिभाव' से (=अविकृत) रहते हैं, चाहे वे (सकार) 'पद्य' के आदि में हों या 'पद्य' के आदि में न हों। सम्—"सुसमिद्धो न आ वह।"[क] स्पृक्—"दिविस्पृग्यात्यरुणानि।"[ख] स्वृ—"ते देवाः परिस्वृतेष्वेषु लोकेषु।"[ग] यह शाङ्खायन-ब्राह्मण (का उदाहरण है)। (शङ्का) यह उदाहरण नहीं हो सकता है, क्योंकि यह ब्राह्मण है। और ब्राह्मण का उदाहरण नहीं दिया जा सकता है क्योंकि तीन प्लुतों का विधान हुआ है।[घ] (समाधान) ठीक है किंतु जल लाने के साथ-साथ मछली लाने में और पुष्प लाने के साथ-साथ फल लाने में जिस प्रकार कोई विरोध नहीं है उसी प्रकार यहाँ भी (संहिता के

टि० (क) सुऽसमिद्धः। नः। आ। वह॥ प० पा०

(ख) दिविऽस्पृक्। याति। अरुणानि॥ प० पा०
उपर्युक्त दोनों उदाहरण ५।२१ के अपवाद हैं।

(ग) ५।२१ का अपवाद

(घ) इस प्रातिशाख्य-ग्रन्थ में केवल ऋग्वेद-संहिता को ही दृष्टि म रखा गया है, ब्राह्मण-ग्रन्थों को नहीं। उदाहरण के लिए १।३१ में यह कहा गया है कि केवल तीन ही 'प्लुत' हैं। प्लुतों की यह संख्या ऋग्वेद-संहिता को ही दृष्टि में रखकर कही गई है क्योंकि ऋग्वेद-संहिता में ही तीन 'प्लुत' हैं। यदि सूत्रकार ब्राह्मण-ग्रन्थों को दृष्टि में रखते तो प्लुतों की संख्या तीन न बतलाते क्योंकि ब्राह्मण-ग्रन्थों में तो प्लुतों की संख्या बहुत अधिक है। इससे ज्ञात होता है कि सूत्रकार ने ऋग्वेद-संहिता को ही दृष्टि में रखकर प्रातिशाख्य के सूत्रों की रचना की है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर भाष्यकार ने जो ब्राह्मण-ग्रन्थ का उदाहरण दिया है वह युक्त नहीं है। भाष्यकार ने इस शङ्का का समाधान भाष्य में कर दिया है।

---

१ ऋ० १।१३।१ २ ऋ० १०।१६८।१ ३ कौ० ब्रा० ८।८
४ ऋ० ५।४२।९ ५ ऋ० ८।९७।१२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साथ-साथ कहीं ब्राह्मण का उदाहरण देने में भी कोई विरोध नहीं है)। **सर्**—"विसर्माणं कृणुहि।"[क] **स्वर्**—"मेषं विप्रा अभिस्वरा।"[ख]

सेति चास्य परिपन्नोपधा चेत् ॥२५॥

सू० अ०—मकार के स्थान पर आने वाले 'अनुस्वार' ('परिपन्न'; देखिए ४।१५) के अव्यवहित पूर्व में स्थित 'स' इस ('अक्षर') का (सकार अविकृत रहता है)।

उ० भा०—स; इति=इत्थंभूतस्य; (**चास्य**=) चाक्षरस्य; आदिसकारः प्रकृत्या भवति। (**चेत्**=) यदि; तदक्षरं सकारादि; (**परिपन्नोपधा**=) अनुस्वारस्योपधाभूतम्; स्यात्। "सुसंसन्मित्रो अतिथिः शिवो नः।"[१] परिपन्नोपधा चेत् इति किम्? "नि षदा पीतये मधु॥"[२]

उ० भा० अ०—**स इति**='स' इस प्रकार के; (**चास्य**=) 'अक्षर' का भी; आदिभूत सकार 'प्रकृतिभाव' से (=अविकृत) रहता है। (**चेत्**=) यदि; सकार से प्रारम्भ होने वाला वह 'अक्षर'; (**परिपन्नोपधा**=) 'अनुस्वार' के पूर्व में होवे (अर्थात् 'अनुस्वार' के अव्यवहित पूर्व में स्थित सकार षकार नहीं होता है)। (उदाहरण) "सुसंसन्मित्रो अतिथिः शिवो नः।"[ग] "यदि 'अनुस्वार' ('परिपन्न') के पूर्व में हो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "नि षदा पीतये मधु।"[घ]

संयोगस्य चाप्यनुनासिकादेः ॥२६॥

सू० अ०—'अनुनासिक' (-वर्ण) से प्रारम्भ होने वाले संयुक्त 'व्यञ्जन' (='संयोग') के भी (पूर्व में स्थित 'स' 'अक्षर' सकार अविकृत रहता है)।

उ० भा०—संयोगस्य चापि। कथंभूतस्य? (अनुनासिकादेः=) अनुनासिको वर्ण आदिभूतो यस्य तस्य। यः सकारलक्षणोऽक्षरविशेष उपधाभूतः स प्रकृत्या भवति। "सुसन्दृशं सुप्रतीकम्।"[३] "सुसङ्काशा मातृमृष्टेव।"[४] संयोगस्य इति किम्? "अभिस्वरा निषदा गः।"[५] अनुनासिकादेः इति किम्? "यच्च गोषु दुष्ष्वप्न्यम्॥"[६]

टि० (क) विऽसर्माणम्। कृणुहि॥ प० पा०

(ख) मेषम्। विप्राः। अभिऽस्वरा॥ प० पा०

ये दोनों उदाहरण ५।२१ के अपवाद हैं।

(ग) सुऽसंसत्। मित्रः। अतिथिः। शिवः। नः॥ प० पा०

यह ५।२१ का अपवाद है। 'सु' के बाद में विद्यमान सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि इस सकार के बाद में मकार के स्थान पर आने वाला 'अनुस्वार' विद्यमान है।

(घ) नि। सद। पीतये। मधु॥ प० पा०

यहाँ सकार ५।१४ से षकार हो गया है क्योंकि सकार के बाद में 'अनुस्वार' न होकर दकार है।

---

[१] ऋ० ७।९।३ [२] ऋ० ८।९७।८ [३] ऋ० ७।१०।३
[४] ऋ० १।१२३।११ [५] ऋ० २।२१।५ [६] ऋ० ८।४७।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**संयोगस्य चापि**=संयुक्त 'व्यञ्जन' ('संयोग') का भी। कैसे ('संयोग') का? (**अनुनासिकादेः**=) 'अनुनासिक' (-वर्ण) है आदि में जिसके उस ('संयोग') का; अव्यवहित पूर्ववर्ती (उपधाभूत) जो सकाररूप 'अक्षर'-विशेष है वह 'प्रकृतिभाव' से (=अविकृत) रहता है (अर्थात् 'अनुनासिक' से प्रारम्भ होने वाले संयुक्त 'व्यञ्जन' के पूर्व में स्थित 'स' का सकार षकार नहीं होता है)। (उदाहरण) "सुसन्दृशं सुप्रतीकम्"[क]; "सुसङ्काशा मातृमृष्टव।"[ख] "संयुक्त 'व्यञ्जन' (='संयोग') के (पूर्व में स्थित"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अभिस्वरा निषदा गाः।"[ग] "'अनुनासिक' (-वर्ण) से प्रारम्भ होने वाले ('संयोग' के)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यच्च गोषु दुष्ष्वप्न्यम्।"[घ]

टि० (क) सुऽसन्दृशम्। सुऽप्रतीकम्॥ प० पा०

यह ५।२१ का अपवाद है। यहाँ 'सु' के बाद में स्थित सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि इस सकार के बाद में 'अनुनासिक'-वर्ण (=नकार) से प्रारम्भ होने वाला संयुक्त 'व्यञ्जन' ('संयोग') है।

(ख) सुऽसङ्काशा। मातृमृष्टाऽइव॥ प० पा०

यह भी ५।२१ का अपवाद है। यहाँ 'सु' के बाद में स्थित सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि इस सकार के बाद में 'अनुनासिक'-वर्ण (=ङकार) से प्रारम्भ होने वाला संयुक्त 'व्यञ्जन' ('संयोग') है।

(ग) अभिऽस्वरा। निऽसदा। गाः॥ प० पा०

भाष्यकार का यह प्रत्युदाहरण ठीक नहीं है क्योंकि यहाँ 'स' के बाद में 'अनुनासिक'-वर्ण है ही नहीं। यही कारण है कि एक हस्तलेख में इस प्रत्युदाहरण को अशुद्ध ठहराकर किनारे पर यह शुद्ध प्रत्युदाहरण दिया गया है—"उत नो गोषणि धियम्।" (ऋ० ६।५३।१०)

उत। नः। गोऽसनिम्। धियम्॥ प० पा०

यहाँ सकार ५।२१ से षकार हो गया है क्योंकि बाद में स्थित 'अनुनासिक' वर्ण (=नकार) संयुक्त 'व्यञ्जन' (संयोग) के आदि में विद्यमान नहीं है। यहाँ संयुक्त 'व्यञ्जन' ('संयोग') है ही नहीं।

(घ) यत्। च। गोषु। दुःऽस्वप्न्यम्॥ प० पा०

भाष्यकार का यह प्रत्युदाहरण भी ठीक नहीं है क्योंकि यहाँ 'स' 'अक्षर' ही नहीं है। यही कारण है कि उपर्युक्त हस्तलेख में इस प्रत्युदाहरण को अशुद्ध ठहराकर किनारे पर यह शुद्ध प्रत्युदाहरण दिया गया है—"परिष्वद्यं ह्यरणस्य रेक्णः।" (ऋ० ७।४।७)

परिऽसद्यम्। हि। अरणस्य। रेक्णः॥ प० पा०

यहाँ सकार ५।२१ से षकार हो गया है क्योंकि सकार के बाद में विद्यमान संयुक्त 'व्यञ्जन' ('संयोग') 'अनुनासिक' वर्ण से प्रारम्भ नहीं होता है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहस्रं सनिता स्थात्रां सावित्रं सूवरी स्नुषे ।
समुद्रं सदृशा सारे सायकः साधनी सह ॥
सनित स्पष्टः सदृशः सखायं
सप्तैरेते सानुशब्दश्च पद्याः ॥२७॥

सू० अ०—'सहस्रम्', 'सनिता', 'स्थात्राम्', 'सावित्रम्', 'सूवरी', 'स्नुषे', 'समुद्रम्', 'सदृशा', 'सारे', 'सायकः', 'साधनी,' 'सह', 'सनितः', 'स्पष्टः', 'सदृशः', 'सखायम्', 'सप्तैः'—ये (पद) और 'सानु' शब्द (ये सब) 'पद्य' होने पर ('प्रकृति-भाव' से रहते हैं अर्थात् इनका सकार षकार नहीं होता है)।

उ० भा०—सहस्रम्, सनिता, स्थात्राम्, सावित्रम्, सूवरी, स्नुषे, समुद्रम्, सदृशा, सारे, सायकः, साधनी, सह, सनितः, स्पष्टः, सदृशः, सखायम्, सप्तैः—एते पद्याः सानुशब्दश्च सप्रवादः प्रकृत्या भवन्ति। सहस्रम्—"चतुःसहस्रं गव्यस्य ॥"[१-क] सनिता—"सनेम तत्सुसनिता सनित्वभिः।"[२-ख] स्थात्राम्—"भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम्।"[३-ग] सावित्रम्—"सुसावित्रमासाविषत्"[४-घ] इति प्रैषैकदेशः। सूवरी—"सुषूमा बहुसूवरी।"[५-ङ] स्नुषे—"सुपुत्र आदु सुस्नुषे।"[६-च] समुद्रम्—"चतुःसमुद्रं धरुणं रयीणाम्।"[७-छ] सदृशा—"विसदृशा जीविताभिप्रचक्षे।"[८-ज] सारे—"हिरण्यकेशो रजसो विसारे।"[९-झ] सायकः—"द्युम्नी सुशिप्रो हरिमन्यु सायकः।"[१०-ञ] साधनी—

टि० (क) चतुःऽसहस्रम्। गव्यस्य ॥ प० पा०
(ख) सनेम। तत्। सुऽसनिता। सनित्वऽभिः ॥ प० पा०
(ग) भूरिऽस्थात्राम्। भूरि। आऽवेशयन्तीम् ॥ प० पा०
(घ) यह प्रैष का एक भाग है। पूरा प्रैष यह है—"होता यक्षद्देवं सवितारं परामीवां सावित्रम् पराद्यशंसं सुसावित्रमसाविषत्तदस्मै सुन्वते यजमानाय करदेवं देवः सविता जुषतां मन्दतां वेतु पिबतु सोमं होतर्यज।"
(ङ) सुऽसूमा। बहुऽसूवरी ॥ प० पा०
(च) सुऽपुत्रे। आत्। ऊँ इति। सुऽस्नुषे ॥ प० पा०
(छ) चतुःऽसमुद्रम्। धरुणम्। रयीणाम् ॥ प० पा०
(ज) विऽसदृशा। जीविता। अभिऽप्रचक्षे ॥ प० पा०
(झ) हिरण्यऽकेशः। रजसः। विऽसारे ॥ प० पा०
(ञ) द्युम्नी। सुऽशिप्रः। हरिमन्युऽसायकः ॥ प० पा०

---

१ ऋ० ५।३०।१५
२ ऋ० १०।३६।९
३ ऋ० १०।१२५।३
४ प्रै० पृ० १४७
५ ऋ० २।३२।७
६ ऋ० १०।८६।१३
७ ऋ० १०।४७।२
८ ऋ० १।११३।६
९ ऋ० १।७९।१
१० ऋ० १०।९६।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"आघृणे पशुसाधनी।"[१-क] सह—"यथा वः सुसहासति।"[२-ख] सनितः—"सनितः सुसनितरुग्र।"[३-ग] स्पष्टः—"अनुस्पष्टो भवत्येषो अस्य।"[४-घ] सदृशः—"यमाइव सुसदृशः सुपेशसः।"[५-ङ] सखायम्—"तीव्रं सोमं पिबति गोसखायम्।"[६-च] सप्तैः—"त्रिसप्तैः शूर सत्वभिः।"[७-छ] सानुशब्दः—"पृदाकुसानुर्यजतो गवेषणः।"[८-ज] "इदा हि त उषो अद्रिसानो।"[९-झ]

उ० भा० अ०—सहस्रम्, सनिता, स्थात्राम्, सावित्रम्, सूवरी, सुषे, समुद्रम्, सदृशा, सारे, सायकः, साधनी, सह, सनितः, स्पष्टः, सदृशः सखायम्, सप्तैः—एते पद्याः=ये 'पद्य' होने पर; सानुशब्दश्च=और 'सानु' शब्द के सभी रूप, 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं (अर्थात् इनका सकार षकार नही होता है)। .....।

सुते सोमे वक्षणेऽग्रामि चर्षणि
स्वभिष्टीत्येवमुपधाश्च सर्वे ॥२८॥

सू० अ०—'सुते', 'सोमे', 'वक्षणे', 'अग्रामि', 'चर्षणि', 'स्वभिष्टि'—इनके बाद में वर्तमान सभी (सकार अविकृत रहते हैं, यदि वे 'पद्य' के आदि में हों)।

उ० भा०—सुते, सोमे, वक्षणे, अग्रामि, चर्षणि, स्वभिष्टि (इत्येवमुपधाः) इत्येवंशब्दोपधाभूताः; सर्वे एव पद्यादिसकाराः प्रकृत्या भवन्ति। सुते—"सुतेसुते न्योकसे।"[१०-ञ]

टि० (क) आघृणे। पशुऽसाधनी॥ प० पा०

(ख) यथा। वः। सुऽसह। असति॥ प० पा०

(ग) सनितरिति। सुऽसनितः। उग्र॥ प० पा०

(घ) अनुऽस्पष्टः। भवति। एषः। अस्य॥ प० पा०

(ङ) यमाःऽइव। सुऽसदृशः। सुऽपेशसः॥ प० पा०

(च) तीव्रम्। सोमम्। पिबति। गोऽसखायम्॥ प० पा०

(छ) त्रिऽसप्तैः। शूर। सत्वऽभिः॥ प० पा०

(ज) पृदाकुऽसानुः। यजतः। गोऽएषणः॥ प० पा०

(झ) इदा। हि। ते। उषः। अद्रिसानो इत्यद्रिऽसानो॥ प० पा०

उपर्युक्त सभी उदाहरणों में 'पद्य' के आदि में स्थित सकार षकार नहीं हुआ है। ये सभी स्थल ५।२१ के अपवाद हैं।

(ञ) सुतेऽसुते। निऽओकसे॥ प० पा०

---

१ ऋ० ६।५३।९
२ ऋ० १०।९९।४
३ ऋ० ८।४६।२०
४ ऋ० १०।१६०।४
५ ऋ० ५।५७।४
६ ऋ० ५।३७।४
७ ऋ० १।१३३।६
८ ऋ० ८।१७।१५
९ ऋ० ६।६५।५
१० ऋ० १।९।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सोमे –"यत्सोमेसोम आभवः ।"[१-क] **वक्षणे**–"सुसंशिता वक्ष्यो वक्षणेस्थाः ।"[२-ख] **अप्रामि**–"अप्रामिसत्य मघवन् ।"[३-ग] **चर्षणि** "हर्यश्वं सत्पतिं चर्षणीसहम् ।"[४-घ] **स्वभिष्टि**–"तूतुजिमिन्द्रः स्वभिष्टिसुम्नः ॥"[५-ङ]

उ० भा० अ०—**सुते, सोमे, अप्रामि, चर्षणि, स्वभिष्टि**—(इत्येवमुपधाः=) ये शब्द पूर्व में हों तो; **सर्वे**=सभी; 'पद्य' के आदि में वर्तमान सकार 'प्रकृतिभाव' से (=अविकृत) रहते हैं (अर्थात् सकार षकार हो जाता है यदि वह (१) सूत्रोक्त पदों के बाद में हो और (२) 'पद्य' का आदि हो) ।.....।

अभिसत्वा रयिस्थानो यासिसीष्ठाः सिसक्षि च ।
तिस्तिरे तिस्तिराणा च सिसिचे सिसिचुश्च न ॥२९॥

सू० अ०—**अभिसत्वा', रयिस्थानः', 'यासिसीष्ठाः', 'सिसक्षि', 'तिस्तिरे', 'तिस्तिराणा', 'सिसिचे'** और **'सिसिचुः'**—(इन पदों में मूर्धन्यभाव') **नहीं (होता है)** ।

उ० भा०—**चकार समुच्चयार्थीयः** । एतेषु यथाप्राप्तं षत्वं प्रतिषिध्यते । **अभिसत्वा**—"अभिवीरो अभिसत्वा सहोजाः ।"[६-च] **रयिस्थानः**—"रयिस्थानो रयिमस्मासु धेहि ।"[७-छ] **यासिसीष्ठाः**—"देवस्य हेळोऽव यासिसीष्ठाः ।"[८-ज] **सिसक्षि**—"छायेव विश्वं भुवनं सिसक्षि ।"[९-झ] **तिस्तिरे**—"तिस्तिरे बर्हिरानुषक् ।"[१०-ञ] **तिस्तिराणा**—"यतस्रुचा

टि० (क) यत् । सोमेऽसोमे । आ । अभवः ॥ प० पा०
(ख) सुऽसंशिताः । वक्ष्यः । वक्षणेऽस्थाः ॥ प० पा०
उपर्युक्त तीनों स्थल ५।२२ के अपवाद हैं ।
(ग) अप्रामिऽसत्य । मघऽवन् ॥ प० पा०
(घ) हरिऽअश्वम् । सत्ऽपतिम् । चर्षणिऽसहम् ॥ प० पा०
(ङ) तूतुजिम् । इन्द्रः । स्वभिष्टिऽसुम्नः ॥ प० पा०
उपर्युक्त तीनों स्थल ५।२१ कें अपवाद हैं ।
(च) अभिऽवीरः । अभिऽसत्वा । सहःऽजाः ॥ प० पा०
(छ) रयिऽस्थानः । रयिम् । अस्मासु । धेहि ॥ प० पा०
उपर्युक्त दोनों स्थल ५।२१ के अपवाद हैं ।
(ज) देवस्य । हेळः । अव । यासिसीष्ठाः ॥ प० पा०
(झ) छायाऽइव । विश्वम् । भुवनम् । सिसक्षि ॥ प० पा०
(ञ) तिस्तिरे । बर्हिः । आनुषक् ॥ प० पा०

---

१ ऋ० ८।९३।१७
२ ऋ० ५।१९।५
३ ऋ० ८।६१।४
४ ऋ० ८।२१।१०
५ ऋ० ६।२०।८
६ ऋ० १०।१०३।५
७ ऋ० ६।४७।६
८ ऋ० ४।१।४
९ ऋ० १।७३।८
१० ऋ० ३।४१।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बर्हिरु तिस्तिराणा।"[१-क] सिसिचे—"सेक्तेव कोशं सिसिचे पिबध्यै।"[२-ख] सिसिचुः—"बहु साकं सिसिचुरुत्समुद्रिणम् ॥"[३-ग]

उ० भा० अ०—(सूत्र में उल्लिखित) चकार समुच्चय के लिए है। इन (पदों में) साधारण नियम से प्राप्त 'षत्व' का निषेध किया जाता है।.....।

गोष्ठादिव गोषतमा उपष्टुत्सप्रवादो नार्षदः पर्यषस्वजत्।
स्वादुषंसदः पुरुषन्तिशब्दः सुषंसदं सुषमिधानुसेषिधत् ॥३०॥

सू० अ०—(अधोलिखित पदों में सकार निपातन से षकार होता है) 'गोष्ठादिव', 'गोषतमाः', 'उपष्टुत्', 'नार्षद' शब्द के सभी रूप, 'पर्यषस्वजत्', स्वादुषंसदः', 'पुरुषन्ति' शब्द के सभी रूप, 'सुषमिधा' (और) 'अनुसेषिधत्'।

उ० भा०—एतेषु पदेषु षत्वं निपात्यते। गोष्ठादिव—"गावो गोष्ठादिवेरते।"[४] गोषतमाः—"दिवि ष्याम पार्ये गोषतमा.।"[५] उपष्टुत्—"शिक्षा शचीवस्तव ता उपष्टुत्।"[६] सप्रवादो नार्षदः=सर्वविभक्त्यन्तः—"यन्नार्षदाय श्रवः"[७]; "पुरू सदन्तो नार्षदम्॥"[८] पर्यषस्वजत्—"यं तौग्र्यो नाधितः पर्यषस्वजत्।"[९] स्वादुषंसदः—"स्वादुषंसदः पितरो वयोधाः"[१०]—"सेति चास्य परिपन्नोपधा चेत्"[११]—इत्यस्य निषेधस्य प्रतिप्रसवः। पुरुषन्तिशब्दः सर्वविभक्त्यन्तः—"याभिर्ध्वसन्ति पुरुषन्तिमावतम्"[१२]; "ध्वस्रयोः पुरुषन्त्योः"[१३]—"संयोगस्य चाप्यनुनासिकादेः"[१४]—इत्यस्य निषेधस्य प्रतिप्रसवः। सुषंसदम्—"परिप्रयन्तं वय्यं सुषंसदम्[१५]—"सेति चास्य परिपन्नोपधा चेत्"[१६]—इत्यस्य निषेधस्य प्रतिप्रसवः। सुषमिधा—"अग्ने भव सुषमिधा"[१७]—"समित्यक्षरनिषेधस्य प्रतिप्रसवः।" अनुसेषिधत्—पद्यादेः सकारस्य षत्वे प्राप्ते परस्य षत्वं निपात्यते—"षड् युक्ताँ अनुसेषिधत्।"[१८] गोष्ठादिवेत्यादिपञ्चस्वप्राप्ते षत्वे वचनम्॥

उ० भा० अ०—इन पदों में 'षत्व' निपातन से होता है। गोष्ठादिव—"गावो

टि० (क) यतऽस्रुचा। बर्हिः। ऊँ इति। तिस्तिराणा॥ प० पा०
(ख) सेक्ताऽइव। कोशम्। सिसिचे। पिबध्यै॥ प० पा०
(ग) बहु। साकम्। सिसिचुः। उत्सम्। उद्रिणम्॥ प० पा०
उपर्युक्त सभी स्थल ५।२० के अपवाद हैं।

---

[१] ऋ० १।१०८।४
[२] ऋ० ३।३२।१५
[३] ऋ० २।२४।४
[४] ऋ० १०।९७।८
[५] ऋ० ६।३३।५
[६] ऋ० ९।८७।९
[७] ऋ० १।११७।८
[८] ऋ० १०।६१।१३
[९] ऋ० १।१८२।७
[१०] ऋ० ६।७५।९
[११] ५।२५
[१२] ऋ० १।११२।२३
[१३] ऋ० ९।५८।३
[१४] ५।२६
[१५] ऋ० ९।६८।८
[१६] ५।२५
[१७] ऋ० ७।१७।१
[१८] ऋ० १।२३।१५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोष्ठादिवेरते।"क **गोषतमाः**—"दिवि ष्याम पार्ये गोषतमाः।"ख **उपष्टुत्**—"शिक्षा शचीवस्तव ता उपष्टुत्।"ग **प्रवादसहित नार्षद**=सभी विभक्तियों में अन्त होने वाला ('नार्षद') "यन्नार्षदाय श्रवः"घ; 'पुरू सदन्तो नार्षदम्।"ङ **पर्यषस्वजत्**—"यं तौग्र्यो नाधितः पर्यषस्वजत्।"च **स्वादुषंसदः**—"स्वादुषंसदः पितरो वयोधाः"छ—"मकार के स्थान पर आने वाले 'अनुस्वार' के अव्यवहित पूर्व में स्थित 'स' ('अक्षर') का (सकार षकार नहीं होता है"—इस अपवाद (निषेध) का यह अपवाद (=पुनर्विधान) है।ज सब विभक्तियों में अन्त होने वाला **पुरुषन्ति**-'याभिर्ध्वसन्ति पुरुषन्तिमावतम्"झ; 'ध्वस्रयोः पुरुषन्त्योः"ञ—'अनुनासिक' वर्ण से प्रारम्भ होने वाले संयुक्त 'व्यञ्जन' ('संयोग') के भी पूर्व में स्थित (सकार षकार नहीं होता है)"—इस अपवाद (निषेध) का यह अपवाद (पुनर्विधान) है।ट **सुषंसदम्**—'परिप्रयन्तं वय्यं सुषंसदम्"ठ—'मकार के स्थान पर आने वाले 'अनुस्वार' के अव्यवहित पूर्व में स्थित 'स' ('अक्षर') का (सकार षकार नहीं

टि० (क) गावः। गोस्थात्ऽइव। ईरते॥ प० पा०

(ख) दिवि। ष्याम। पार्ये। गोसऽतमाः॥ प० पा०

इन दोनों उदाहरणों में 'नामि'-'स्वर'-वर्ण के पूर्व में न तो युग्म 'अन्त.स्था' (=र् या व्) विद्यमान हैं और न 'दन्तमूलीय' (सकार या तवर्ग), इसलिए यहाँ ५।२० से 'षत्व' प्राप्त नहीं होता है। नियम से अप्राप्त 'षत्व' यहाँ निपातन से सिद्ध होता है।

(ग) शिक्ष। शचीऽवः। तव। ताः। उपऽस्तुत्॥ प० पा०

(घ) यत्। नार्सदाय। श्रवः॥ प० पा०

(ङ) पुरु। सदन्तः। नार्सदम्॥ प० पा०

(च) यम्। तौग्र्यः। नाधितः। परिऽअसस्वजत्॥ प० पा०

इन चारों उदाहरणों में सकार के पूर्व में 'नामि'-'स्वर'-वर्ण विद्यमान नहीं है, इसलिए सकार का षकार होना नियम से अप्राप्त है किंतु निपातन से यहाँ 'षत्व' हो जाता है।

(छ) स्वादुऽसंसदः। पितरः। वयःऽधाः॥ प० पा०

(ज) ५।२१ से प्रकृत में प्राप्त 'षत्व' का निषेध ५।२५ के द्वारा किया गया है। यह प्रस्तुत सूत्र प्रकृत में 'षत्व' का पुनर्विधान कर देता है। इस प्रकार यह अपवाद का अपवाद है। 'प्रतिप्रसव' का अर्थ है पुनर्विधान अर्थात् अपवाद का अपवाद।

(झ) याभिः। ध्वसन्तिम्। पुरुऽसन्तिम्। आवतम्॥ प० पा०

(ञ) ध्वस्रयोः। पुरुऽसन्त्योः॥ प० पा०

(ट) ५।२१ से 'पुरुषन्ति' के सकार का षकार होना प्राप्त था किंतु इसका निषेध ५।२६ से किया गया है। अब प्रस्तुत सूत्र ने पुनः सकार के षकार होने का विधान कर दिया। इस प्रकार यह अपवाद का अपवाद है।

(ठ) परिऽप्रयन्तम्। वय्यम्। सुऽसंसदम्॥ प० पा०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता है)"—इस अपवाद (निषेध) का यह अपवाद (पुनर्विधान) है।[क] **सुषमिधा**—"अग्ने भव सुषमिधा"[ख]—'सम्' इस 'अक्षर' में (षकार के) अपवाद (निषेध) का यह अपवाद (पुनर्विधान) है।[ग] **अनुसेषिधत्**—'पद्य' के आदि सकार का 'षत्व' प्राप्त होने पर परवर्ती (सकार) का 'षत्व' निपातन से होता है।[घ]—(जैसे) "षड् युक्ताँ अनुसेषिधत्।"[ङ] "गोष्ठादिव" इत्यादि (प्रथम) पाँच में 'षत्व' प्राप्त न होने पर (प्रस्तुत सूत्र में 'षत्व' का) विधान हुआ है।

तकारे पूर्वपद्यान्तो व्यापन्नोऽरेफसंहिते।
नामिपूर्वः ॥३१॥

सू० अ०—विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ सकार ('व्यापन्न'), पूर्व-'पद्य' के अन्त में स्थित होने पर, षकार हो जाता है, यदि उस (सकार) के पूर्व में 'नामि'-'स्वर'-वर्ण हो और बाद में ऐसा तकार हो जो रेफ से मिला हुआ न हो।

उ० भा०—तकारे परत्रावस्थिते; (पूर्वपद्यान्तः=) पूर्वपद्यस्यान्तः। कथंभूतः? व्यापन्नः=सत्वं प्राप्तः। (अरेफसंहिते=) अरेफसंलग्ने तकारे। नामिपूर्व इति पूर्वपद्यान्तव्यापन्नविशेषणम्। षकारमापद्यते। "प्र पाकं शास्सि प्र दिशो विदुष्टरः"[१]; "आविष्टचो वर्धते चारुरासु।"[२] तकारे इति किम्? "सक्षन्त इन्द्र निस्सृजः।"[३] पूर्व-पद्यान्तः किम्? "त्वमग्ने प्रमतिस्त्वं पितासि नः।"[४] व्यापन्नोच्चारणं पदेऽदृष्टस्य सकारस्य षत्वं यथा स्यात्। अरेफसंहिते इति किम्? "चतुस्त्रिशद्वाजिनो देवबन्धोः।"[५] नामिपूर्वग्रहणं पुनः क्रियमाणमेकारस्य संग्रहं करोति। "अग्नेष्ट्वास्येन प्राश्नामि॥"[६]

उ० भा० अ०—तकारे=तकार बाद में स्थित होने पर; (पूर्वपद्यान्तः=) पूर्व-'पद्य' का अन्त (=अन्तिम वर्ण)। कैसा? (उत्तर) व्यापन्नः='सत्व' को प्राप्त (विसर्जनीय)। (अरेफसंहिते=) रेफ से न मिला हुआ तकार बाद में होने पर। "'नामि'-'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके"—यह पूर्व-'पद्य' के अन्त में स्थित 'व्यापन्न'

टि० (क) ५।२१ से प्रकृत में प्राप्त 'षत्व' का निषेध ५।२५ से हुआ है। यह प्रस्तुत सूत्र 'षत्व' का पुनर्विधान कर देता है। इस प्रकार यह अपवाद का अपवाद है।

(ख) अग्ने। भव। सुऽसमिधा॥ प० पा०

(ग) ५।२१ से प्राप्त 'षत्व' का ५।२४ के द्वारा 'सम्' 'अक्षर' (=एकाक्षरघटित शब्द) में निषेध कर दिया गया था। इस निषिद्ध 'षत्व' का यहाँ पुनर्विधान किया गया है। इस प्रकार यह अपवाद का अपवाद है।

(घ) तात्पर्य यह है कि ५।२१ से 'अनुसेषिधत्' के प्रथम सकार का षकार होना चाहिए किंतु निपातन से उस सकार का षकार नहीं हुआ अपितु द्वितीय सकार का षकार हो गया है।

(ङ) षट्। युक्तान्। अनुऽसेसिधत्॥ प० पा०

---

१ ऋ० १।३१।१४ २ ऋ० १।९५।५ ३ ऋ० १।१३१।३
४ ऋ० १।३१।१० ५ ऋ० १।१६२।१८ ६ कौ० ब्रा० ६।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(विसर्जनीय के स्थान पर आये हुए सकार) का विशेषण है। षकार हो जाता है; (अर्थात् विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ सकार षकार हो जाता है यदि (१) वह सकार पूर्व-'पद्य' के अन्त में स्थित हो, (२) उस सकार के पूर्व में कोई भी 'नामि'-'स्वर'-वर्ण हो और (३) उस सकार के बाद में रेफ से न मिला हुआ तकार हो)। (उदाहरण) "प्र पाकं शास्सि प्र दिशो विदुष्टरः";[क] "आविष्टचो वर्धते चारुरासु।"[ख] "तकार बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सक्षन्त इन्द्र निस्सृजः।"[ग] "पूर्व-'पद्य' का अन्त"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "त्वमग्ने प्रमतिस्त्वं पितासि नः।"[घ] 'व्यापन्न' का उल्लेख (उच्चारण) इसलिए किया है जिससे पद-पाठ में अदृष्ट सकार का 'षत्व' हो जावे।[ङ] "रेफ से न मिला हुआ (तकार) बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "चतुस्त्रिंशद्वाजिनो देवबन्धोः।"[च] "नामिपूर्वः" का जो (सूत्र में) दोबारा ग्रहण किया गया है वह एकार का संग्रह करता है।[छ] (जैसे) "अग्नेष्ट्वास्येन प्राश्नामि।"[ज]

टि० (क) प्र। पाकम्। शास्सि। प्र। दिशः। विदुःऽतरः॥ प० पा०

(ख) आविःऽत्यः। वर्धते। चारुः। आसु॥ प० पा०

इन दोनों उदाहरणों में विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ सकार षकार हो गया है क्योंकि (१) सकार पूर्व-'पद्य' के अन्त में स्थित है (२) सकार के पूर्व में 'नामि'-'स्वर'-वर्ण है और (३) सकार के बाद में ऐसा तकार है जो रेफ से मिला हुआ नहीं है।

(ग) सक्षन्तः। इन्द्र। निःऽसृजः॥ प० पा०

यहाँ विसर्जनीय के स्थान पर आए हुए सकार के बाद में तकार नहीं अपितु सकार विद्यमान है, अतः यह सकार षकार नहीं हुआ है।

(घ) त्वम्। अग्ने। प्रऽमतिः। त्वम्। पिता। असि। नः॥ प० पा०

यहाँ सकार पूर्व-'पद्य' के अन्त में नहीं अपितु उत्तर-'पद्य' के अन्त में स्थित है, अतः यह सकार षकार नहीं हुआ है।

(ङ) प्रकृत 'व्यापन्न' सकार पद-पाठ में दिखलाई नहीं देता है अतः वह 'षत्व' को प्राप्त नहीं कर सकता क्योंकि २।५ में यह बतलाया गया है कि पद-पाठ में दिखलाई देने वाले पदान्तों और पदादियों में ही विकार हो सकता है। पद-पाठ में दिखलाई न देने वाले सकार के 'षत्व'-विधान के लिए ही सूत्र में 'व्यापन्न'-शब्द का ग्रहण किया गया है जिससे वह सकार भी 'षत्व' को प्राप्त हो जाता है जो पद-पाठ में विसर्जनीय के रूप में अवस्थित होता है।

(च) चतुःऽत्रिंशत्। वाजिनः। देवऽबन्धोः॥ प० पा०

यहाँ पूर्व-'पद्य' के अन्त में स्थित सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि बाद में रेफ से मिला हुआ तकार स्थित है।

(छ) 'नामिपूर्वः' का अधिकार तो ५।१ से ही चला आ रहा था अतः उसका इस सूत्र में पुनः ग्रहण करना आवश्यक नहीं था; तथापि इसका पुनः ग्रहण यहाँ एकार के संग्रह के लिए किया गया है। पूर्ववर्ती सूत्रों में एकार पूर्व में स्थित होने पर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विग्रहे तु त्वा त इत्यनुदात्तयोः ॥३२॥

सू० अ०—'अनुदात्त' 'त्वा' या 'ते' बाद में हो तो असमस्त (पद) के बाद में होने पर (विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ सकार षकार हो जाता है)।

उ० भा०—विग्रहे; तु=पुनः; त्वा ते इत्येतयोः पदयोः परत्रावस्थितयोः अनुदात्तयोः व्यापन्नः षत्वमापद्यते। त्वा—"हविष्ट्वा सन्तं हविषा यजाम।"[१] ते—"आभिष्टे अद्य गीर्भिर्गृणन्तः।"[२] अनुदात्तयोः इति किम्? "य इत्तद्विदुस्ते अमृतत्वम्॥"[३]

उ० भा० अ०—**विग्रहे**=असमस्त (पद) होने पर; **तु**=पुनः (=किंतु); **त्वा ते इति**='त्वा' और 'ते'—ये दो पद; **अनुदात्तयोः**='अनुदात्त' होते हुए; बाद में स्थित हों तो, विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ ('व्यापन्न') सकार 'षत्व' को प्राप्त हो जाता है (अर्थात् विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ सकार षकार हो जाता है यदि (१) वह पूर्व-'पद्य' का अन्तिम वर्ण न भी हो और (२) उस सकार के बाद में 'अनुदात्त' 'त्वा' या 'ते' हो)। (उदाहरण) **त्वा**—"हविष्ट्वा सन्तं हविषा यजाम।"[क] **ते**—"आभिष्टे अद्य गीर्भिर्गृणन्तः।"[ख] "'अनुदात्त' ('त्वा') या 'ते') बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "य इत्तद्विदुस्ते अमृतत्वम्॥"[ग]

अग्निरेकाक्षरस्यादौ ॥३३॥

सू० अ०—'अग्निः' (के विसर्जनीय के स्थान पर आने वाला सकार षकार हो जाता है यदि यह सकार तकार से प्रारम्भ होने वाले) एकाक्षर (पद) के आदि में (वर्तमान हो)।

उ० भा०—अग्निः इत्ययं विसर्जनीयो व्यापन्नस्तकारादेः एकाक्षरस्य पदस्य आदौ वर्तमानो नम्यते। "अग्निष्टं ब्रह्मणा सह।"[४] एकाक्षरस्यादौ इति किम्? "अग्निस्तु-विश्रवस्तमम्॥"[५]

(३६२छ) 'मूर्धन्यभाव' नहीं हुआ है क्योंकि एकार के बाद में 'मूर्धन्यभाव' का निषेध ५।१ में ही कर दिया गया था। इस सूत्र में "नामिपूर्वः" का पुनः ग्रहण करके सूत्रकार ने यह बतलाया है कि यहाँ एकार पूर्व में स्थित होने पर भी 'मूर्धन्य-भाव' होता है।

(ज) विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ सकार, एकार के बाद में आने पर भी, षकार हो गया है।

टि० (क) हविः। त्वा। सन्तम्। हविषा। यजाम॥ प० पा०।

(ख) आभिः। ते। अद्य। गीःऽभिः। गृणन्तः॥ प० पा०

(ग) ये। इत्। तत्। विदुः। ते। अमृतऽत्वम्॥ प० पा०

यहाँ विसर्जनीय के स्थान पर आने वाला सकार षकार नहीं हुआ है क्योंकि बाद में स्थित 'ते' 'अनुदात्त' नहीं अपितु 'उदात्त' है।

---

[१] ऋ० १०।१२४।६ [२] ऋ० ४।१०।४ [३] ऋ० १।१६४।२३
[४] ऋ० १०।१६२।२ [५] ऋ० ५।२५।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**अग्निः** (पद) का विसर्जनीय, सकार में परिणत होने पर; और तकार से प्रारम्भ होने वाले; **एकाक्षरस्य**=एक 'अक्षर' वाले पद के; **आदौ**=पूर्व में; वर्तमान होने पर 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है। (उदाहरण) "अग्निष्टं ब्रह्मणा सह।"क "एक 'अक्षर' वाले (पद के) आदि में" यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अग्निस्तुविश्रवस्तमम्।"ख

नकिश्च ॥३४॥

सू० अ०—'नकिः' ('नकिस्' का सकार) भी (षकार हो जाता है)।

उ० भा०—नकिः इत्ययं विसर्जनीयो नम्यते। चकाराद्व्यापन्नस्तकारादावेकाक्षरे पदे परभूते। "नकिष्टं कर्मणा नशत्॥"[१]

उ० भा० अ०—**नकिः** (पद) का विसर्जनीय 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त हो जाता है। (सूत्र में प्रयुक्त) चकार ('च') से (यह अर्थ निकलता है कि) विसर्जनीय के स्थान पर आने वाला सकार ('व्यापन्न') (षकार हो जाता है यदि) तकार से प्रारम्भ होने वाला एकाक्षर पद बाद में हो (अर्थात् तकार से प्रारम्भ होने वाला एकाक्षर पद बाद में हो तो 'नकिस्' का सकार षकार हो जाता है)। (उदाहरण) "नकिष्टं कर्मणा नशत्।"ग

अथो तनूष्विति ॥३५॥

सू० अ०—'तनूषु' (पद) भी बाद में हो तो ('नकिः'='नकिस्' का सकार षकार हो जाता है)।

उ० भा०—(अथो=) अपि च; तनूषु इत्येतस्मिन्पदे परभूते नकिः इत्ययं विसर्जनीयो व्यापन्नो नम्यते। "नकिष्टनूषु येतिरे।"[२]

उ० भा० अ०—**अथो**=इसके अतिरिक्त; **तनूषु**='तनूषु' यह; पद भी बाद में हो तो 'नकिः' (पद) का विसर्जनीय, सकार में परिणत होकर, 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है। (उदाहरण) "नकिष्टनूषु येतिरे।"घ

टि० (क) अग्निः। तम्। ब्रह्मणा। सह॥ प० पा०

यहाँ पर (१) 'अग्निः' का विसर्जनीय सकार हुआ है और (२) उस सकार के बाद में तकार से प्रारम्भ होने वाला एकाक्षर पद 'तम्' है। अतः यह सकार षकार हो गया है।

(ख) अग्निः। तुविश्रवःऽतमम्॥ प० पा०

यहाँ 'अग्निः' (अग्निस्') के बाद में एक 'अक्षर' वाला पद नहीं अपितु अनेक अक्षरों वाला पद है। अतः सकार षकार नहीं हुआ है।

(ग) नकिः। तम्। कर्मणा। नशत्॥ प० पा०

(घ) नकिः। तनूषु। येतिरे॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ८।३१।१७ [२] ऋ० ८।२०।१२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तत्ततन्युस्ततक्षुस्तं तौग्र्यमित्युत्तरेषु निः ॥३६॥

सू० अ०—'तत्', 'ततन्युः', 'ततक्षुः', 'तम्' (और) 'तौग्र्यम्'–ये (पद) बाद में हों तो 'निः' (='निस्') (का सकार षकार हो जाता है)।

उ० भा०—तत्, ततन्युः, ततक्षुः, तम्, तौग्र्यम्—इत्येतेषु; (उत्तरेषु=) उत्तरपदेषु सत्सु; निः इत्ययं विसर्जनीयो व्यापन्नो नम्यते। तत्—"निष्टज्जभार चमसं न वृक्षात्।"[१-क] ततन्युः—"मिहं न सूरो अति निष्टतन्युः।"[२-ख] ततक्षुः—"वेनादेकं स्वधया निष्टतक्षुः।"[३-ग] तम्—"निष्टमूहथूः सुयुजा रथेन।"[४-घ] तौग्र्यम्—"निष्टौग्र्यं पारयथः समुद्रात्॥"[५-ङ]

उ० भा० अ०—तत्, ततन्युः, ततक्षुः, तम् (और) तौग्र्यम्—ये; उत्तरेषु= उत्तरपद (अर्थात् परवर्ती पद) हों तो; निः (पद) का विसर्जनीय, सकार में परिणत होकर, 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है।.....॥

पायुभिः पर्तृभिस्त्रिभिर्ददिर्वेरस्मयुः शुचिः।
उत्तरे त्वमिति ॥३७॥

सू० अ०—'त्वम्' (पद) बाद में हो तो 'पायुभिः', 'पर्तृभिः', 'त्रिभिः', 'ददिः', 'वेः', 'अस्मयुः' (और) 'शुचिः' (पदों के विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ सकार षकार हो जाता है)।

उ० भा०—इत्येतेषां पदानां विसर्जनीयो व्यापन्नः त्वम् इत्येतस्मिन्पद उत्तरे नम्यते। पायुभिः—"अदब्धेभिः सवितः पायुभिष्ट्वम्।"[६-च] पर्तृभिः—'पर्षि तोकं तनयं पर्तृभिष्ट्वम्।"[७-छ] त्रिभिः—"त्रिभिष्ट्वं देव सवितः।"[८-ज] ददिः—"ददिष्ट्वमिन्द्रापांसि वाजान्"[९-झ]; "सन्ति कामासो हरिवो ददिष्ट्वम्।"[१०-ञ] वेः—"पावकशोचे

टि० (क) निः। तत्। जभार। चमसम। न। वृक्षात्॥ प० पा०
(ख) मिहम्। न। सूरः। अति। निः। ततन्युः॥ प० पा०
(ग) वेनात्। एकम्। स्वधया। निः। ततक्षुः॥ प० पा०
(घ) निः। तम्। ऊहथुः। सुऽयुजा। रथेन॥ प० पा०
(ङ) निः। तौग्र्यम्। पारयथः। समुद्रात्॥ प० पा०
(च) अदब्धेभिः। सवितरिति। पायुऽभिः। त्वम्॥ प० पा०
(छ) पर्षि। तोकम्। तनयम्। पर्तृऽभिः। त्वम्॥ प० प०
(ज) त्रिऽभिः। त्वम्। देव। सवितः॥ प० पा०
(झ) ददिः। त्वम्। इन्द्र। अपांसि। वाजान्॥ प० पा०
(ञ) सन्ति। कामासः। हरिऽवः। ददिः। त्वम्॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १०।६८।८ [२] ऋ० १।१४१।१३ [३] ऋ० ४।५८।४
[४] ऋ० १।११७।१५ [५] ऋ० १।११८।६ [६] ऋ० ६।७१।३
[७] ऋ० ६।४८।१० [८] ऋ० ९।६७।२६ [९] ऋ० २।१७।८
[१०] ऋ० ८।२१।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेष्ट्वम् ।"[१-क] अस्मयुः—"एतं शंसमिन्द्रास्मयुष्ट्वम् ।"[२-ख] शुचिः—"शुचिष्ट्वमसि प्रियो न मित्रः ॥"[३-ग]

उ० भा० अ०—इन पदों का विसर्जनीय, सकार में परिणत होकर, (तब) 'मूर्धन्य-भाव' को प्राप्त हो जाता है, यदि 'त्वम्'—यह पद बाद में हो तो ।.....।

ईयुष्टे वावृधुष्टे सधिष्टव । गोभिष्टरेम क्रतुष्टम् ॥३८॥

सू० अ०—(अधोलिखित द्वैपदों में सकार निपातन से षकार हो जाता है) 'ईयुष्टे', 'वावृधुष्टे', 'सधिष्टव', 'गोभिष्टरेम' (और) 'क्रतुष्टम्' ।

उ० भा०—एते च द्वैपदा व्यापन्नोष्मकृतषत्वा निपात्यन्ते । ईयुष्टे—"ईयुष्टे ये पूर्वतरामपश्यन् ।"[४-घ] वावृधुष्टे—"पुरू शंसेन वावृधुष्ट इन्द्रम् ।"[५-ङ] सधिष्टव—"अप्स्वग्ने सधिष्टव ।"[६-च] गोभिष्टरेम—"गोभिष्टरेमामतिं दुरेवाम् ।"[७-छ] क्रतुष्टम्—"इन्द्र क्रतुष्टमा भर ॥"[८-ज]

उ० भा० अ०—इन द्वैपदों में विसर्जनीय सकार होकर पुनः निपातन से षकार हो गया है । ..... ।

नाहुर्निष्षिध्वरीः प्रभोः ।
वन्दारुः षष्टिराविश्त्रिर्बाह्वोरित्यनुदात्तयोः ॥३९॥

सू० अ०—'अनुदात्त' ('त्वा' और 'ते') बाद में स्थित हों तो 'आहुः', 'निष्षिध्वरीः', 'प्रभोः', 'वन्दारुः', 'षष्टिः', 'आविः', 'त्रिः' (और) 'बाह्वोः' (इन पदों के विसर्जनीय के स्थान पर आने वाला सकार षकार) नहीं (होता है) ।

उ० भा०—यदुक्तम् "त्वा ते इत्यनुदात्तयोः" तदेतेषां पदानां सम्बन्धिनो विसर्जनीयस्य न भवति । आहुः—"आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि ।"[९-झ] निष्षिध्वरीः—"निष्षिध्वं-

टि० (क) पावकऽशोचे । वेः । त्वम् ॥ प० पा०
(ख) एतम् । शंसम् । इन्द्र । अस्मऽयुः । त्वम् ॥ प० पा०
(ग) शुचिः । त्वम् । असि । प्रियः । न । मित्रः ॥ प० पा०
(घ) ईयुः । ते । ये । पूर्वऽतराम् । अपश्यन् ॥प० पा०
(ङ) पुरु । शंसेन । ववृधुः । ते । इन्द्रम् ॥ प० पा०
(च) अप्ऽसु । अग्ने । सधिः । तव ॥ प० पा०
(छ) गोभिः । तरेम । अमतिम् । दुःऽएवाम् ॥ प० पा०
(ज) इन्द्र । क्रतुः । तम् । आ । भर ॥ प० पा०
(झ) आहुः । ते । त्रीणि । दिवि । बन्धनानि ॥ प० पा०

५।३२ का अपवाद । यहाँ ५।३२ के अनुसार 'आहुः' ('आहुस्') के सकार का षकार होना चाहिए क्योंकि बाद में 'अनुदात्त' 'ते' स्थित है किंतु प्रस्तुत सूत्र से 'षत्व' का बाध हो गया है । इस सूत्र के सभी उदाहरण ५।३२ के अपवाद ह ।

---

[१] ऋ० ६।१५।१४ [२] ऋ० १०।९३।११ [३] ऋ० १।९१।३
[४] ऋ० १।११३।११ [५] ऋ० १०।७३।२ [६] ऋ० ८।४३।९
[७] ऋ० १०।४२।१० [८] ऋ० ५।३५।१ [९] ऋ० १।१६३।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रीस्त ओषधीः ।"[१-क] प्रभोः—"प्रभोस्ते सतः परि यन्ति केतवः ।"[२-ख] वन्दारुः—वन्दारुस्ते तन्वं वन्दे अग्ने ।"[३ ग] षष्टिः—"त्रिः षष्टिस्त्वा मरुतो वावृधानाः ।"[४-घ] आविः—"आविस्ते शुष्मो भवतु ।"[५-ङ] त्रिः—"त्रिस्ते अन्नं कृणवत्सस्मिन्नर्हन् ।"[६-च] बाह्वो—"बाह्वोस्ते बलं हितम् ॥"[७-छ]

उ० भा० अ०—(५।३२ में) जो यह कहा गया था कि "'अनुदात्त' 'त्वा' और 'ते' बाद में हों तो (विसर्जनीय के स्थान पर आया हुआ सकार पकार हो जाता है)"—वह इन पदों के विसर्जनीय का नहीं होता है। .....।

(नतिसंधिः=नकारस्य णकारः)

ऋकाररेफपकारा नकारं समानपदेऽवगृह्ये नमन्ति ।
अन्तःपदस्थमककारपूर्वा अपि संध्याः ॥४०॥

(नतिसंधि=नकार का णकार)

सू० अ०—ककार जिनके पूर्व में नहीं है ऐसे संधि में उत्पन्न होने वाले (और संधि में न उत्पन्न होने वाले भी) ऋकार, रेफ और पकार पद के मध्य में वर्तमान नकार को 'मूर्धन्य' (=णकार) बना देते हैं, यदि वे (ऋकार, रेफ और पकार) उसी सावग्रह पद में विद्यमान हों (जिसमें नकार स्थित है)।

उ० भा०—ऋकारश्च रेफश्च षकारश्च=ऋकाररेफषकाराः; नकारं नमन्ति। समानपदे=एकस्मिन्पदे वर्तमाना नकारेण सह। कथंभूते पदे? अवगृह्ये=द्विखण्डे। कथंभूतं नकारम्? अन्तःपदस्थम्=पदमध्ये वर्तमानम्। अककारपूर्वा इति ऋकारादीनां विशेषणम्। अपि संध्याः; अप्यसंध्याः=प्राकृताः।

ऋकारस्य—"पन्थामनु प्रविद्वान्पितृयाणम् ।"[८] रेफस्य—"प्रयाणे जातवेदसः"[९] "तदा रभस्व दुर्हणो ।"[१०] पकारस्य—"विदुर्विषाणं परिपानम् ।"[११] समानपदे इति

टि० (क) निःऽसिध्वरीः। ते। ओषधीः॥ प० पा०

(ख) प्रऽभोः। ते। सतः। परि। यन्ति। केतवः॥ प० पा०

(ग) वन्दारुः। ते। तन्वम्। वन्दे। अग्ने॥ प० पा०

(घ) त्रिः। षष्टिः। त्वा। मरुतः। वावृधानाः॥ प० पा०

(ङ) आविः। ते। शुष्मः। भवतु॥ प० पा०

(च) त्रिः। ते। अन्नम्। कृणवत्। सस्मिन्। अहन्॥ प० पा०

(छ) बाह्वोः। ते। बलम्। हितम्॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ३।५५।२२ [२] ऋ० ९।८६।५ [३] ऋ० १।१४७।२
[४] ऋ० ८।९६।८ [५] ऋ० ९।७९।५ [६] ऋ० ४।१२।१
[७] ऋ० १।८०।८ [८] ऋ० १०।२।७ [९] ऋ० ८।४३।६
[१०] ऋ० १०।१५५।३ [११] ऋ० ५।४४।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किम् ? "त्रिरनुव्रते जने।"[१] अवगृह्ये इति किम् ? "उष्ट्रानां विंशति शता।"[२] अंतः-पदस्थम् इति किम् ? "जुहुराणश्चिन्मनसा परियन्।"[३] अककारपूर्वाः इति किम् ? "यमासा कृपनीळम्"[४]; "यो अग्निः क्रव्यवाहनः"[५]; "अक्षानहो नह्यतनोत सोम्याः।"[६] "अनुव्रते जने"[७] इत्यत्र प्राप्नोति—"पूर्वो नन्ता नतिषु नम्यमुत्तरम्"[८] इति वचनान्न भवति ॥

उ० भा० अ०—**ऋकाररेफषकाराः**=ऋकार, रेफ और षकार। **नकारं नमन्ति**=नकार को 'मूर्धन्य' (=णकार) बना देते हैं। **समानपदे**=नकार के साथ समान पद अर्थात् एक पद में वर्तमान होने पर। कैसे पद में ? (उत्तर) **अवगृह्ये**=(पद-पाठ में) 'अवग्रह' के द्वारा दो खण्डों में विभक्त (पद) में। किस प्रकार के नकार को ? (उत्तर) **अन्तःपदस्थम्**=पद के मध्य में स्थित (नकार) को। **अककारपूर्वाः**=ककार जिनके पूर्व में नहीं है—यह ऋकार आदि का विशेषण है। **अपि संध्याः**=चाहे वे (ऋकार, रेफ और षकार) संधि में उत्पन्न हों और चाहे संधि में उत्पन्न न हों अर्थात् प्राकृत हों (अर्थात् ऋकार, रेफ और षकार नकार को णकार बना देते है यदि (१) ऋकार रेफ और षकार उसी पद में स्थित हों जिसमें नकार है, (२) वह पद पद-पाठ में 'अवग्रह' से पृथक् किया गया हो, (३) नकार पद के मध्य में स्थित हो और (४) ऋकार, रेफ और षकार के पूर्व में ककार न हो)।

ऋकार का (उदाहरण)—"पन्थामनु प्रविद्वान्पितृयाणम्।"[क] **रेफ का** (उदाहरण)—"प्रयाणे जातवेदसः"[ख]; "तदा रभस्व दुर्हणो।"[ग] **षकार का** (उदाहरण)—"विदुर्विषाणं परिपानम्।"[घ] "एक ही पद में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "त्रिरनुव्रते

टि० (क) पन्थाम्। अनु। प्रऽविद्वान्। पितृऽयाणम्॥ प० पा०

यहाँ ऋकार ने नकार को णकार बना दिया है क्योंकि (१) ऋकार उसी पद में स्थित है जिसमें नकार है, (२) 'पितृयाणम्' पद पद-पाठ में 'अवग्रह' से पृथक् किया गया है, (३) नकार पद के मध्य में स्थित है और (४) ऋकार के पूर्व में ककार नहीं है।

(ख) प्रऽयाने। जातऽवेदसः॥ प० पा०

(ग) तत्। आ। रभस्व। दुर्हनो इति दुःऽहनो॥ प० पा०

दोनों ही उदाहरणों में रेफ न नकार को णकार बना दिया है क्योंकि (१) रेफ उसी पद में स्थित है जिसमें नकार है, (२) 'प्रयाणे' और 'दुर्हणो' पद पद-पाठ में 'अवग्रह' से पृथक् किए गए हैं, (३) नकार पद के मध्य में स्थित है और (४) रेफ के पूर्व में ककार नहीं है।

(घ) विदुः। विऽसानम्। परिऽपानम्॥ प० पा०

सूत्रोक्त सभी शर्तें पूरी होने के कारण षकार ने नकार को णकार बना दिया है।

---

[१] ऋ० १।३४।४ [२] ऋ० ८।४६।२२ [३] ऋ० १।१७३।११
[४] ऋ० १०।२०।३ [५] ऋ० १०।१६।११ [६] ऋ० १०।५३।७
[७] ऋ० १।३४।४ [८] १।६६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जने।"क "'अवग्रह' से पृथक् किए गए (पद) में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उष्ट्रानां विंशतिं शता।"ख "पद के मध्य में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "जुहुराणश्चिन्मनसा परियन्।"ग "ककार जिनके पूर्व में नहीं है"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यमासा कृपनीळम्"घ; "यो अग्निः क्रव्यवाहनः"ङ; "अक्षानहो नह्यतनोत सोम्याः।"च "अनुव्रते जने" यहाँ पर (नकार का 'णत्व') प्राप्त होता है किंतु "'मूर्धन्यभाव' में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला वर्ण पूर्व में होता है और 'मूर्धन्यभाव' से प्रभावित होने वाला वर्ण बाद में होता है"—इस विधान से ('णत्व') नहीं होता है।छ

संध्य उष्माप्यनिङ्ग्ये ॥४१॥

सू० अ०—संधि में उत्पन्न ('संध्य') 'ऊष्म' (-वर्ण) (नकार को णकार बना देता है) चाहे वह ('ऊष्म'-वर्ण), 'अवग्रह'-रहित (पद) में भी (विद्यमान हो)।

टि० (क) त्रिः। अनुऽव्रते। जने॥ प० पा०

रेफ ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि रेफ उसी पद ('अनु') में स्थित नहीं है जिसमें नकार है।

(ख) उष्ट्रानाम्। विंशतिम्। शता॥ प० पा०

रेफ ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि 'उष्ट्रानाम्' पद पद-पाठ में 'अवग्रह' से पृथक् नहीं किया गया है।

(ग) जुहुराणः। चित्। मनसा। परिऽयन्॥ प० पा०

रेफ ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि नकार पद के मध्य में स्थित न होकर पद के अन्त में स्थित है।

(घ) यम्। आसा। कृपऽनीळम्॥ प० पा०

(ङ) यः। अग्निः। क्रव्यऽवाहनः॥ प० पा०

(च) अक्षऽनहः। नह्यतन। उत। सोम्याः॥ प० पा०

तीनों प्रत्युदाहरणों में ऋकार, रेफ और षकार ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि ककार पूर्व में है।

(छ) अनुऽव्रते। जने॥ प० पा०

"अनुव्रते" में (१) रेफ उसी पद में स्थित है जिसमें नकार है, (२) "अनुव्रते" पद पद-पाठ में 'अवग्रह' से पृथक् किया गया है, (३) नकार पद के मध्य में स्थित है और (४) रेफ के पूर्व में ककार नहीं है।

इस प्रकार प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित सभी शर्तें इस प्रत्युदाहरण में उपलब्ध हैं, इसलिए इस सूत्र के अनुसार नकार का णकार हो जाना चाहिए किंतु ऐसा नहीं होता है क्योंकि १।६६ में यह विधान किया गया है कि 'मूर्धन्यभाव' में 'मूर्धन्यभाव' करने वाला वर्ण पूर्व में होता है और 'मूर्धन्यभाव' से प्रभावित होने वाला वर्ण बाद में होता है। इस विधान के अनुसार पूर्ववर्ती ही ऋकार, रेफ या षकार परवर्ती नकार को णकार कर सकता है। "अनुव्रते" में नकार णकार नहीं होता है क्योंकि रेफ नकारके पूर्व में न होकर बाद में स्थित है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—संधौ भवः=संध्यः=संधिजः, ऊष्माप्यनिङ्ग्ये पदे वर्तमानो नकारं नमयति। "यदि क्लोशमनु ष्वणि।"[१] संध्यः इति किम्? "महीमे अस्य वृषनाम शूषे॥"[२]

उ० भा० अ०—**संध्यः**=संधि में होने वाला=संधिज; **'ऊष्मा**='ऊष्म'-वर्ण (=षकार); **अप्यनिङ्ग्ये**=अवग्रह'-रहित पद में भी; वर्तमान होने पर नकार को 'मूर्धन्य' बना देता है; (अर्थात् पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा विभक्त न किए गए पद में भी वर्तमान षकार नकार को णकार बना देता है)। (उदाहरण) "यदि क्लोशमनु ष्वणि।"[क] "संधि में उत्पन्न ('ऊष्म'-वर्ण)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "महीमे अस्य वृषनाम शूषे।"[ख]

न मध्यमै स्पर्शवर्गैर्व्यवेतम् ॥४२॥

सू० अ०—'स्पर्श' (-व्यञ्जनों) के मध्यम वर्गों (=चवर्ग, टवर्ग और तवर्ग) से व्यवहित (नकार) को (ऋकार, रेफ और षकार 'मूर्धन्य') नहीं (बनाते हैं)।

उ० भा०—न नमयन्ति नकारमृकाररेफषकारा मध्यमैः स्पर्शवर्गैः; (व्यवेतम्=) व्यवहितम्। चवर्गटवर्गतवर्गा मध्यमाः। "ऋजुनीती नो वरुणः।"[३] "आ निवर्तन वर्तय।"[४] "अभिष्टने ते अद्रिवः॥"[५]

उ० भा० अ०—**मध्यमैः स्पर्शवर्गैः**=मध्यम 'स्पर्श-वर्गों से; **(व्यवेतम्=)** व्यवहित; नकार को ऋकार, रेफ और षकार; **न**=नहीं; 'मूर्धन्य' बनाते हैं। चवर्ग, टवर्ग और तवर्ग मध्यम ('स्पर्श'-वर्ग हैं); (अर्थात् रेफ या षकार तथा नकार के मध्य में चवर्ग, टवर्ग अथवा तवर्ग का कोई वर्ण हो तो नकार णकार नहीं होता है)। (उदाहरण) "ऋजुनीती नो वरुणः।"[ग] "आ निवर्तन वर्तय।"[घ] "अभिष्टने ते अद्रिवः॥"[ङ]

टि० (क) यदि। क्लोशम्। अनु। स्वनि॥ प० पा०

सकार के स्थान पर आए हुए (="संध्य') 'ऊष्म'-वर्ण (=षकार) ने परवर्ती नकार को णकार बना दिया है यद्यपि 'ष्वणि' पद पद-पाठ में 'अवग्रह' से पृथक् नहीं किया गया है।

(ख) महि। इमे इति। अस्य। वृषनाम। शूषे इति॥ प० पा०

यहाँ षकार संधि में उत्पन्न नहीं है अर्थात् सकार के स्थान पर नहीं आया है, अतः यह षकार नकार को णकार नहीं बनाता है।

(ग) ऋजुऽनीती। नः। वरुणः॥ प० पा०

ऋकार ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि ऋकार और नकार के मध्य में जकार का व्यवधान है।

(घ) आ। निऽवर्तन। वर्तय॥ प० पा०

रेफ ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि रेफ और नकार के मध्य में तकार का व्यवधान है।

(ङ) अभिऽस्तने। ते। अद्रिऽवः॥ प० पा०

षकार ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि षकार और नकार के मध्य में टकार का व्यवधान है।

---

[१] ऋ० ६।४६।१४ [२] ऋ० ९।९७।५४ [३] ऋ० १।९०।१
[४] ऋ० १०।१२।८ [५] ऋ० १।८०।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिप्रऋषीन्द्रादिषु चोत्तमेन ॥४३॥

सू० अ०—'परि', 'प्र', 'ऋषि' और 'इन्द्र' से प्रारम्भ होने वाले (सावग्रह पदों) में अन्तिम ('स्पर्श'-वर्ग के वर्ण) से भी (व्यवहित नकार को ऋकार, रेफ या षकार 'मूर्धन्य' नहीं बनाते हैं)।

उ० भा०—परि, प्र, ऋषि, इन्द्र—इत्येवम् आदिषु पदेषु उत्तमेन अपि स्पर्शवर्गेण पकारादिना व्यवहितं नकारमृकाररेफषकारा न नमयन्ति। परि—"परिपानमन्ति ते"[१]; यमस्य माता पर्युह्यमाना।"[२] प्र—"प्रमिनती मनुष्या युगानि।"[३] ऋषि—"ऋषिमना य ऋषिकृत्स्वर्षाः।"[४] इन्द्र—"इदं त्यत्पात्रमिन्द्रपानम्।"[५] आदिग्रहणादिह न भवति निषेधः—"सुप्रपाणं भवत्वघ्न्याभ्यः॥"[६]

उ० भा० अ०—परि, प्र, ऋषि (और) इन्द्र—इनसे; आदिषु=प्रारम्भ होने वाले पदों में; उत्तमेन=पकार से प्रारम्भ होने वाले अन्तिम भी स्पर्श-वर्ग से; व्यवहित नकार को ऋकार, रेफ और षकार 'मूर्धन्य' (=णकार) नहीं बनाते हैं; (अर्थात् ऋकार, रेफ या षकार तथा नकार के मध्य में पवर्ग का कोई भी वर्ण हो तो सूत्रोक्त 'परि' इत्यादि से प्रारम्भ होने वाले पदों में नकार का णकार नहीं होता है)। परि—"परिपानमन्ति ते"क; "यमस्य माता पर्युह्यमाना।"ख प्र—"प्रमिनती मनुष्या युगानि।"ग ऋषि—"ऋषिमना य ऋषिकृत्स्वर्षाः।"घ इन्द्र—"इदं त्यत्पात्रमिन्द्रपानम्।"ङ (सूत्र में) आदि का ग्रहण होने से यहाँ ('मूर्धन्यभाव') का निषेध नहीं होता है—"सुप्रपाणं भवत्वघ्न्याभ्यः।"च

टि० (क) परिऽपानम्। अन्ति। ते॥ प० पा०

(ख) यमस्य। माता। परिऽउह्यमाना॥ प० पा०

(ग) प्रऽमिनती। मनुष्या। युगानि॥ प० पा०

(घ) ऋषिऽमनाः। यः। ऋषिऽकृत्। स्वःऽसाः॥ प० पा०

(ङ) इदम्। त्यत्। पात्रम्। इन्द्रऽपानम्॥ प० पा०

इन सभी उदाहरणों में 'मूर्धन्यभाव' करने वाले वर्ण (ऋकार, रेफ या षकार) और 'मूर्धन्यभाव' से प्रभावित होने वाले वर्ण (नकार) के मध्य में पवर्ग का वर्ण है, अतः 'मूर्धन्यभाव' नहीं हुआ है। सूत्रोक्त 'परि' इत्यादि से प्रारम्भ होने वाले पदों को छोड़कर अन्यत्र पवर्ग का व्यवधान 'मूर्धन्यभाव' में बाधक नहीं होता है। इसी प्रकार 'स्वर'-वर्णों, कवर्ग, 'अनुस्वार' तथा य्, र्, व् और ह् का व्यवधान भी 'मूर्धन्यभाव' में बाधक नहीं होता है।

(च) सुऽप्रपानम्। भवतु। अघ्न्याभ्यः॥ प० पा०

यद्यपि यहां पर भी 'मूर्धन्यभाव' करने वाले वर्ण (रेफ) और 'मूर्धन्यभाव' से प्रभावित होने वाले वर्ण (नकार) के मध्य में पकार का व्यवधान है तथापि यहाँ 'मूर्धन्यभाव' हो गया है क्योंकि 'सुप्रपाणम्' पद 'प्र' से प्रारम्भ न होकर 'सु' से प्रारम्भ होता है। 'परि', 'प्र', 'ऋषि' और 'इन्द्र' से प्रारम्भ होने वाले पदों में ही प्रस्तुत सूत्र से 'मूर्धन्यभाव' का निषेध किया गया है।

---

[१] ऋ० ५।४४।११ [२] ऋ० १०।१७।१ [३] ऋ० १।१२४।२
[४] ऋ० ९।९६।१८ [५] ऋ० ६।४४।१६ [६] ऋ० ५।८३।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा शकारसकारव्यवेतं सर्वादिषु ॥४४॥

सू० अ०—उसी प्रकार सभी (अर्थात् किसी भी) (शब्दों) से प्रारम्भ होने वाले (सावग्रह पदों) में शकार और सकार से व्यवहित (नकार) को (ऋकार, रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं)।

उ० भा०—यथाधस्तनयोर्मध्यमोत्तमवर्गव्यवेतं नकारमृकारेफषकारा न नमयन्ति तथा शकारसकारव्यवेतं नकारमृकाररेफषकारा न नमयन्ति सर्वादिषु पदेषु। "अहन्नहिं परिशयानमर्णः।"[१] "इदा हि त उषो अद्रिसानो।"[२] सर्वादिग्रहणं परिप्रऋषीन्द्रादिष्वेवेति निवृत्त्यर्थम्॥

उ० भा० अ०—जिस प्रकार पूर्ववर्ती दो (सूत्रों—५।४२ और ५।४३) में मध्यम और अन्तिम ('स्पर्श'-) वर्गों से व्यवहित नकार को ऋकार, रेफ और षकार 'मूर्धन्यभाव' (=णकार) नहीं बनाते हैं; **तथा शकारसकारव्यवेतम्**=उसी प्रकार शकार और सकार से व्यवहित; नकार को ऋकार, रेफ और षकार 'मूर्धन्य' (=णकार) नहीं बनाते हैं; **सर्वादिषु**=सभी (अर्थात् किसी भी) शब्दों से प्रारम्भ होने वाले पदों में; (अर्थात् ऋकार, रेफ या षकार तथा नकार के मध्य में शकार या सकार का व्यवधान हो तो नकार णकार नहीं होता है)। (उदाहरण) "अहन्नहिं परिशयानमर्णः"क; "इदा हि त उषो अद्रिसानो।"ख "'परि', 'प्र', 'ऋषि' और 'इन्द्र' से प्रारम्भ होने वाले (पदों) में ही (नकार को णकार नहीं बनाते)"—इसकी निवृत्ति के लिए (सूत्र में) **सर्वादि** का ग्रहण किया गया है।

पूर्वपदान्तगं च ॥४५॥

सू० अ०—(सावग्रह पद के) पूर्व-पद (=पूर्व-'पद्य') के अन्त में विद्यमान (नकार) को भी (ऋकार, रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं)।

उ० भा०—(पूर्वपदान्तगं च=) पूर्वपदस्य चान्तगतम्; नकारमृकाररेफषकारा न नमयन्ति। "कर्मन्कर्मञ्छतमूतिः॥"[३]

उ० भा० अ०—(**पूर्वपदान्तगं च**=) पूर्व-पद (=पूर्व-'पद्य') के अन्त में विद्यमान भी; नकार को ऋकार, रेफ और षकार 'मूर्धन्य'(=णकार) नहीं बनाते हैं। (उदाहरण) "कर्मन्कर्मञ्छतमूतिः।"ग

टि० (क) अहन्। अहिम्। परिऽशयानम्। अर्णः॥ प० पा०

(ख) इदा। हि। ते। उषः। अद्रिसानो इत्यद्रिऽसानो॥ प० पा०

दोनों ही उदाहरणों में सावग्रह पदों में नकार णकार नहीं हुआ है क्योंकि 'मूर्धन्यभाव' करने वाले वर्ण (रेफ) और 'मूर्धन्यभाव' से प्रभावित होने वाले वर्ण (नकार) के मध्य में क्रमशः शकार और सकार का व्यवधान है।

(ग) कर्मन्ऽकर्मन्। शतम्ऽऊतिः॥ प० पा०

---

१. ऋ० ३।३२।११ २. ऋ० ६।६५।५ ३. ऋ० १।१०२।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाभिनिर्णिक्प्रवादादी ॥४६॥

सू० अ०—'नाभि' और 'निर्णिक्' के किसी भी रूप के आदि में स्थित (नकार) को (भी ऋकार, रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं)।

उ० भा०—(नाभिनिर्णिक्प्रवादादी=) नाभिनिर्णिक्शब्दयोरादिभूतम्; नकार-मूकाररेफषकारा न नमयन्ति। नाभि—"रथेन वृषनाभिना।"[१] निर्णिक्—"अतः सहस्र-निर्णिजा"[२]; "पतरेव चचरा चन्द्रनिर्णिक्।"[३] आदिशब्दोच्चारणं परस्य णत्वं साधयति॥

उ० भा० अ०—(नाभिनिर्णिक्प्रवादादी=) 'नाभि' और 'निर्णिक्' शब्दों के किसी भी रूप के आदि में स्थित; नकार को ऋकार, रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं। (उदाहरण) नाभि—"रथेन वृषनाभिना।"[क] निर्णिक्—"अतः सहस्रनिर्णिजा"[ख]; "पतरेव चचरा चन्द्रनिर्णिक्।"[ग] (सूत्र में) आदि-शब्द का उच्चारण दूसरे (नकार) के 'णत्व' का साधक है।[घ]

यकारस्पर्शसंहितम् ॥४७॥

सू० अ०—यकार और 'स्पर्श' से मिले हुए (नकार) को (णकार नहीं बनाते हैं)

उ० भा०—(यकारस्पर्शसंहितम्=) यकारसंलग्नं स्पर्शसंलग्नम्; नकारमूकार-रेफषकारा न नमयन्ति। यकारसंहितम्—"द्युम्नी सुशिप्रो हरिमन्युसायकः।"[४] स्पर्शसंहितम्—"वृत्रघ्ने परि षिच्यसे"[५]; "सुषुम्नेषितत्वता।"[६] यकारस्पर्शसंहितम् इति किम? "प्रात-र्याण्णः सहस्कृत॥"[७]

उ० भा० अ०—(यकारस्पर्शसंहितम्=) यकार से मिले हुए या 'स्पर्श' से मिले हुए; नकार को ऋकार, रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं। **यकार से मिले हुए को**—"द्युम्नी सुशिप्रो हरिमन्युसायकः।"[ङ] **स्पर्श से मिले हुए को**—"वृत्रघ्ने परि

टि० (क) रथेन। वृषऽनाभिना॥ प० पा०

(ख) अतः। सहस्रऽनिर्निजा॥ प० पा०

(ग) पतराऽइव। चचरा। चन्द्रऽनिर्निक्॥ प० पा०

(घ) अर्थात् सूत्र में आदि शब्द के उल्लेख से यह ज्ञात होता है कि 'निर्णिक्' के प्रथम नकार के 'णत्व' का ही यहाँ निषेध किया गया है। इसीलिए तो 'निर्णिक्' का दूसरा नकार णकार हो गया है।

(ङ) द्युम्नी। सुऽशिप्रः। हरिमन्युऽसायकः॥ प० पा०

रेफ ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि नकार यकार से मिला हुआ है।

---

[१] ऋ० ८।२०।१० [२] ऋ० ८।८।११ [३] ऋ० १०।१०६।८
[४] ऋ० १०।९६।३ [५] ऋ० ९।९८।१० [६] ऋ० १०।१३२।२
[७] ऋ० १।४५।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

षिच्यसे"क; "सुषुम्नेषितत्वता।"ख "यकार और 'स्पर्श' से मिले हुए को"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "प्रातर्याण्णः सहस्कृत।"ग

कर्मनिष्ठां दीर्घनीथे ॥४८॥

सू० अ०—'कर्मनिष्ठाम्' (और) 'दीर्घनीथे' (के नकार को ऋकार, रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं)।

उ० भा०—इत्येतयोः पदयोर्नकारमृकाररेफषकारा न नमयन्ति। कर्मनिष्ठाम्—"अग्निर्वीरं श्रुत्यं कर्मनिष्ठाम्।"[१] दीर्घनीथे—"दीर्घनीथे दमूनसि॥"[२]

उ० भा० अ०—इन दो पदों के नकार को ऋकार, रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं। कर्मनिष्ठाम्—"अग्निर्वीरं श्रुत्यं कर्मनिष्ठाम्।"घ दीर्घनीथे—"दीर्घनीथे दमूनसि।"ङ

भानुशब्दे ॥४९॥

सू० अ०—'भानु' शब्द में (वर्तमान नकार को णकार नहीं बनाते हैं)।

उ०भा०—(भानुशब्दे=)भानुशब्दस्य नकारम्; ऋकारादयो यथासंभवं न नमयन्ति। "स्वर्भानोरध॥"[३]

उ० भा० अ०—(भानुशब्दे=) 'भानु' शब्द के नकार को; ऋकार आदि णकार नहीं बनाते हैं, यद्यपि वहाँ नियम से ('णत्व') प्राप्त होता है—"स्वर्भानोरध।"च

हिनोमि च ॥५०॥

सू० अ०—'हिनोमि' (के नकार को) भी (णकार नहीं बनाते हैं)।

टि० (क) वृत्रञ्ज्ञे। परि। सिच्यसे॥ प० पा०
ऋकार ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि नकार 'स्पर्श' (घकार) से मिला हुआ है।

(ख) सुञ्सुम्ना। इषितत्वता॥ प० पा०
षकार ने नकार को णकार नहीं बनाया है क्योंकि नकार 'स्पर्श' (मकार) से मिला हुआ है।

(ग) प्रातःञ्याव्नः। सहःञ्कृत॥ प० पा०
रेफ ने ५।४० से नकार को णकार बना दिया है क्योंकि यहाँ नकार न तो यकार से मिला हुआ है और न 'स्पर्श' से।

(घ) अग्निः। वीरम्। श्रुत्यम्। कर्मनिःञ्स्थाम्॥ प० पा०

(ङ) दीर्घञ्नीथे। दमूनसि॥ प० पा०

(च) स्वःञ्भानोः। अध॥ प०पा०

---

[१] ऋ० १०।८०।१ [२] ऋ० ८।५०।१० [३] ऋ० ५।४०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—हिनोमि इति च नकारमृकारादयो न नमयन्ति। "यां वां होत्रां परिहिनोमि मेधया ॥"[१]

उ० भा० अ०—हिनोमि के नकार को भी ऋकार आदि णकार नहीं बनाते हैं। (उदाहरण) "यां वां होत्रां परिहिनोमि मेधया।"[क]

ह्रस्वोदयं त्वेषपुर्वेवमादिषु ॥५१॥

सू० अ०—'त्वेष' और 'पुरु' से प्रारम्भ होने वाले (सावग्रह पदों) में (वर्तमान नकार को रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं)।

उ० भा०—ह्रस्व उदयो यस्य नकारस्य स तथोक्तः। तं ह्रस्वोदयं त्वेष पुरु इति एवमादिषु पदेषु वर्तमानं नकारं रेफषकारौ न नमयतः। त्वेष—"यतो जज्ञ उग्रस्त्वेषनृम्णः।"[२] पुरु—"पुरुनृम्णाय सत्वने।"[३] ह्रस्वोदयम् इति किम्? "पुरुणीथा जातवेदो जरस्व ॥"[४]

उ० भा० अ०—'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) है बाद में जिसके वह उस प्रकार का (अर्थात् ह्रस्वोदय) है। उस; ह्रस्वोदयम्='ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) है बाद में जिसके उसको; (तथा) त्वेष पुरु एवमादिषु=त्वेष (या) पुरु—इनसे प्रारम्भ होने वाले (पदों) में; वर्तमान नकार को रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं; (अर्थात् रेफ और षकार उस नकार को णकार नहीं बनाते हैं जो (१) 'त्वेष' या 'पुरु' से प्रारम्भ होने वाले सावग्रह पद में वर्तमान है और (२) जिसके बाद में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण विद्यमान है)। त्वेष—"यतो यज्ञ उग्रस्त्वेषनृम्णः।"[ख] पुरु—"पुरुनृम्णाय सत्वने।"[ग] "'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) है बाद में जिसके"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "पुरुणीथा जातवेदो जरस्व।"[घ]

त्रिशुभ्रयुष्मादिषु चोभयोदयम् ॥५२॥

सू० अ०—'त्रि', 'शुभ्र' (और) 'युष्मा' से प्रारम्भ होने वाले (सावग्रह पदों) में (वर्तमान नकार को) भी (रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं), चाहे (उस नकार के) बाद में दोनों (अर्थात् 'ह्रस्व' 'स्वर' और 'दीर्घ' 'स्वर') हों।

टि० (क) याम्। वाम्। होत्राम्। परिऽहिनोमि। मेधया॥ प०पा०

(ख) यतः। जज्ञे। उग्रः। त्वेषऽनृम्णः॥ प० पा०

(ग) पुरुऽनृम्णाय। सत्वने॥ प० पा०

(घ) पुरुऽनीथा। जातऽवेदः। जरस्व॥ प० पा०

यद्यपि नकार 'पुरु' से प्रारम्भ होने वाले सावग्रह पद में विद्यमान है तथापि रेफ ने ५।४० से नकार को णकार बना दिया है क्योंकि नकार के बाद में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण नहीं, अपितु 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है।

---

१ ऋ० ७। १०४। ६
२ ऋ० १०।१२०।१
३ ऋ० ८।४५।२१
४ ऋ० ७।९।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—त्रि, शुभ्र, युष्मा–इत्येवम् आदिषु पदेषु। उभयोदयम्=ह्रस्वोदयं दीर्घोदयं च। नकारं रेफषकारौ न नमयतः। त्रि—"त्रिनाके त्रिदिवे दिवः"[१]; "त्रिनाभि चक्रमजरम्"[२]–इत्यस्य तु "नाभिर्निर्णिक्प्रवादादी"[३]–इत्यनेनापि सिद्धो नतिप्रतिषेधः। शुभ्र—"वहेथे शुभ्रयावाना।"[४] युष्मा—"युष्मानीतो अभयम्॥"[५]

उ० भा० अ०—**त्रि, शुभ्र, युष्मा**—इनसे; **आदिषु**=प्रारम्भ होने वाले पदों में। **उभयोदयम्**=दोनों बाद में होने पर='ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण बाद में होने पर या 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण बाद में होने पर। नकार को रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं; (अर्थात् 'त्रि', 'शुभ्र' और 'युष्मा' से प्रारम्भ होने वाले पदों में रेफ और षकार नकार को णकार नहीं बनाते हैं, चाहे उस नकार के बाद में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण हो और चाहे 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण हो)। **त्रि**—"त्रिनाके त्रिदिवे दिवः।"[क] "त्रिनाभि चक्रमजरम्"[ख]–इस ('त्रिनाभि') का 'णत्व'-प्रतिषेध तो "नाभि' और 'निर्णिक्' शब्दों के आदि में स्थित (नकार को ऋकार, रेफ और षकार णकार नहीं बनाते हैं" से भी सिद्ध है (और प्रस्तुत सूत्र से भी सिद्ध है)। **शुभ्र**—"वहेथे शुभ्रयावाना।"[ग] **युष्मा**—"युष्मानीतो अभयम्।"[घ]

अहकारेष्वधिकत्र्यक्षरेषु च
पुरःपुनर्दुश्चतुर्ज्योतिरादिषु ॥५३॥

सू० अ०—जिन (सावग्रह पदों) में हकार नहीं है तथा तीन से अधिक 'अक्षर' हैं और जो 'पुरः', 'पुनः', 'दुः', तथा 'ज्योतिः' से प्रारम्भ होते हैं, उन (पदों) में (वर्तमान नकार णकार नहीं होता है)।

उ० भा०—(अहकारेषु=) हकारवर्जितेषु। अधिकत्र्यक्षरेषु च पदेषु=चतुरक्षरादिषु चेत्यर्थः। उभयविशेषणविशिष्टानि पदानि गृह्यन्ते। पुरः, पुनः, दुः, चतुः, ज्योतिः—इति आदिषु च नकारो वर्तमानो नतिं न लभते। पुरः–"पुरोयावानमाजिषु।"[ङ-ङ] पुनः—"पुनरागाः पुनर्नव।"[७-च] दुः–"दुर्नियन्तुः परिप्रीतो न मित्रः।"[८-छ]

टि० (क) त्रिऽनाके। त्रिऽदिवे। दिवः॥ प० पा०
(ख) त्रिऽनाभि। चक्रम्। अजरम्॥ प० पा०
(ग) वहेथे इति। शुभ्रऽयावाना॥ प० पा०
(घ) युष्माऽनीतः। अभयम्॥ पा० पा०
(ङ) पुरःऽयावानम्। आजिषु॥ प० पा०
(च) पुनः। आ। अगाः। पुनःऽनव॥ प० पा०
(छ) दुःऽनियन्तुः। परिऽप्रीतः न। मित्रः॥ प० पा०

---

१ ऋ० ९।११३।९ २ ऋ० १।१६४।२ ३ ऋ० १।५।४६
४ ऋ० ८।२६।१९ ५ ऋ० २।२७।११ ६ ऋ० ८।८४।८
७ ऋ० १०।१६१।५ ८ ऋ० १।१९०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चतुः—"स जिह्वया चतुरनीकः ।"[१-क] ज्योतिः—"शं नो अग्निर्ज्योतिरनीको अस्तु ।"[२-ख] अहकारेषु इति किम् ? "कुमारदेष्णा जयतः पुनर्हणः ।"[३] अधिकत्र्यक्षरेषु इति किम् ? "दुर्णामा योनिमाशये ॥"[४]

उ० भा० अ०—**अहकारेषु**=हकार से रहित (पदों) में । **अधिकत्र्यक्षरेषु च**=एवं तीन से अधिक अक्षरों वाले (पदों) में=चार इत्यादि (अर्थात् चार या चार से अधिक) अक्षरों वाले (पदों) में—यह अर्थ है । दोनों विशेषणों से विशिष्ट पदों का ग्रहण किया जाता है । **दुः, चतुः, ज्योतिः** इनसे; **आदिषु**=प्रारम्भ होने वाले (पदों) में; वर्तमान नकार 'मूर्धन्यभाव'('नति')को प्राप्त नहीं होता है; (अर्थात् उन सावग्रह पदों में नकार णकार नहीं होता है जिनमें (१) हकार नहीं होता है (२) तीन से अधिक 'अक्षर' होते हैं और जो (३) 'पुरः', 'पुनः', 'दुः', 'चतुः' या 'ज्योतिः' से प्रारम्भ होते हैं) । ..... । "हकार-रहित' (पदों) में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "कुमारदेष्णा जयतः पुनर्हणः ।"[ग] "तीन से अधिक अक्षरों वाले (पदों) में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "दुर्णामा योनिमाशये ।"[घ]

उस्रयाम्णेऽनुस्रयाम्णे सुषाम्णे
वृषमण्यवोऽधिषवण्या प्रण्यः ॥५४॥

सू० अ०—(अधोलिखित पदों में नकार निपातन से णकार हो जाता है) **'उस्रयाम्णे', 'अनुस्रयाम्णे', 'सुषाम्णे', 'वृषमण्यवः', 'अधिषवण्या'** (और) **'प्रण्यः'** ।

टि० (क) सः । जिह्वया । चतुःऽअनीकः ॥ प० पा०

(ख) शम् । नः । अग्निः । ज्योतिःऽअनीकः । अस्तु ॥ प० पा०

उपर्युक्त पाँचों उदाहरणों में ऐसे सावग्रह पद हैं जिनमें (१) हकार नहीं है (२) तीन से अधिक 'अक्षर' हैं और जो (३) 'पुरः', 'पुनः', 'दुः', 'चतुः', अथवा 'ज्योतिः' से प्रारम्भ होते हैं । प्रस्तुत सूत्र के अनुसार इन पदों का नकार णकार नहीं हुआ है ।

(ग) कुमारऽदेष्णाः । जयतः । पुनःऽहनः ॥ प० पा०

'पुनर्हणः' में नकार ५।४० से णकार हो गया है क्योंकि इस पद में हकार विद्यमान है ।

(घ) दुःऽनामा । योनिम् । आऽशये ॥ प० पा०

'दुर्णामा' में नकार ५।४० से णकार हो गया है क्योंकि इस पद में तीन से अधिक 'अक्षर' नहीं, अपितु तीन ही 'अक्षर' हैं ।

---

१ ऋ० ५।४८।५ २ ऋ० ७।३५।४ ३ ऋ० १०।३४।७
४ ऋ० १०।१६२।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० - एतेषु षट्सु पदेषु णत्वं निपात्यते—"यकारस्पर्शसंहिताम्"[1] इत्यनेन निषिद्धं सत्। उस्रयाम्णे—"अरं म उस्रयाम्णे।"[2-क] अनुस्रयाम्णे—"अरमनुस्रयाम्णे।"[3-ख] सुषाम्णे—युवं वरो सुषाम्णे"[4-ग]—स्पर्शसंहितानि त्रीण्युदाहरणानि। वृषमण्यवः—"समानमेकं वृषमण्यवः पृथक्।"[5-घ] अधिषवण्या—"यत्र द्वाविव जघनाधिषवण्या कृता।"[6-ङ] प्रण्यः—"इमा उ ते प्रण्यो वर्धमानाः"[7-च]—एतानि त्रीणि यकारसंहितानि॥

उ० भा० अ०—यकार और 'स्पर्श' से मिले हुए (नकार) को (णकार नहीं बनाते)"—इस (सूत्र) से निषिद्ध होने पर 'णत्व' इन छः पदों में निपातन से हो जाता है।.....। 'स्पर्श' से मिले हुए (नकार के) ये तीन उदाहरण हैं।.....। यकार से मिले हुए (नकार के) ये तीन उदाहरण हैं।

(नतिसंधिविषयकनिपातनानि)

दूढ्यदूणाशदूळभप्रवादा
दुर्दूभूतमक्षरं तेषु नन्तृ ॥५५॥

(नतिसंधिविषयक निपातन)

सू० अ०—'दूढ्य', 'दूणाश' (और) 'दूळभ' के सभी रूपों (में 'दन्त्य' 'मूर्धन्य' हो गया है)। 'दुर्' 'अक्षर' 'दू' होकर इन (पदों) में 'मूर्धन्य' करने वाला ('नन्तृ') है।

उ० भा०—दूढ्य, दूणाश, दूळभ—एते प्रवादाः कृतदन्त्यमूर्धन्यभावा निपातिताः। न चाप्यत्र ऋकाररेफषकाराणामन्यतमोऽपि विद्यते, अतः कारणमपि दर्शयति। दुरित्येतदक्षरं मात्रिकं दूभूतं द्विमात्रिकं सदेतेषु नन्तृ धकारनकारदकारेषु।

दूढ्य "न दूढ्ये अनु ददासि वामम्"[8-छ]; "मन्युं जनस्य दूढ्यः।"[9-ज] दूणाश-

टि० (क) अरम्। मे। उस्रऽयाम्ने॥ प० पा०

(ख) अरम्। अनुस्रऽयाम्ने॥ प० पा०

(ग) युवम्। वरो इति। सुऽसाम्ने॥ प० पा०

(घ) समानम्। एकम्। वृषऽमन्यवः। पृथक्॥ प० पा०

(ङ) यत्र। द्वौऽइव। जघना। अधिऽसवन्या। कृता॥ प० पा०

(च) इमाः। ऊँ इति। ते। प्रऽन्यः। वर्धमानाः॥ प० पा०

५।४७ में 'मूर्धन्यभाव' ('नति') का जो निषेध किया गया था उसका बाध करके इन उदाहरणों में नकार णकार (प्रतिप्रसव) हो गया है।

(छ) न। दुःऽध्ये। अनु। ददासि। वामम्॥ प० पा०

(ज) मन्युम्। जनस्य। दुःऽध्यः॥ प० पा०

---

[1] ५।४७ [2] ऋ० ४।३२।२४ [3] ऋ० ४।३२।२४
[4] ऋ० ८।२६।२ [5] ऋ० १।१३१।२ [6] ऋ० १।२८।२
[7] ऋ० ३।३८।२ [8] ऋ० १।१९०।५ [9] ऋ० ८।१९।१५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"दूणाशं सख्यं तव"[१-क]; "त्रिरुत्तमा दूणशा ।"[२-ख] दूळभ—"इमे मित्रो वरुणो दूळभासः"[३-ग]; "परि ते दूळभो रथः ॥"[४-घ]

उ० भा० अ०—दूढ्य, दूणाश और दूळभ—इनके सभी रूपों में 'दन्त्य' (वर्ण) निपातन से 'मूर्धन्य' हो गए हैं। यहाँ (अर्थात् इन पदों में) ऋकार, रेफ और षकार में से कोई एक भी विद्यमान नहीं है, इसलिए (सूत्रकार 'मूर्धन्यभाव' का) कारण दिखलाते हैं--एक मात्रा वाला 'दुर्' 'अक्षर' दो मात्रा वाला 'दू' ('अक्षर') होकर इन धकार, नकार और दकार में 'मूर्धन्य' करने वाला ('नन्तृ') है (अर्थात् 'दू' ही धकार को ढकार, नकार को णकार और दकार को ळकार बनाता है)।.....।

(नतिसंधिः=नकारस्य णकारः) (पूर्वानुवृत्तः)

अव्यवेतं विग्रहे विघ्नकृद्भी
रेफोष्माणौ सर्वपूर्वौ यथोक्तम् ॥५६॥

(नतिसंधि=नकार का णकार) (पूर्वानुवृत्त)

सू० अ०—सब (अर्थात् कोई भी वर्ण) पूर्व में हो तो रेफ और षकार ('ऊष्मन्') भिन्न पद में (स्थित) तथा ('मूर्धन्यभाव' में) विघ्न (बाधा) करने वाले (तीन मध्यम वर्गों) के द्वारा अव्यवहित (नकार) को (णकार बना देते हैं), जैसा (बाद वाले सूत्रों में) कहा गया है।

उ० भा०—अव्यवेतम्=अव्यवहितम्; नकारम्। विग्रहे=नानापदे; वर्तमानं नकारमेव। विघ्नकृद्भिः=विघ्नकर्तारस्त्रयो मध्यमा वर्गास्तैः; अव्यवेतं नकारमेव। रेफोष्माणौ=रेफषकारौ; नकारं नमयतः। सर्वपूर्वौ=ककारपूर्वावपि। यथोक्तम्=येन प्रकारेणोक्तम् एतदधिकृतं वेदितव्यम्।

वक्ष्यति—"नयत्यर्थं च प्र परीति पूर्वौ"[५] इति—"अध्वरेषु प्र णीयते"[६]; "वाजी सन्परि णीयते।"[७] अव्यवेतम् इति किम्? "इह श्रवो वीरवत्तक्षता नः।"[८] "प्लुताकारान्तं षकारम्"[९] इति प्राप्तिः। सर्वपूर्वौ इति किम्? "शिक्षा णो अस्मिन्पुरुहूत।"[१०] विग्रहग्रहणं समानपदाधिकारनिवृत्त्यर्थम्। रेफोष्मग्रहणमृकारनिवृत्त्यर्थम्। यथोक्तग्रहणादिह न भवति—"बलं धेहि तनूषु नः ॥"[११]

टि० (क) दुःऽनशम्। सख्यम्। तव॥ प० पा०
(ख) त्रिः। उत्ऽतमा। दुःऽनशा॥ प० पा०
(ग) इमे। मित्रः। वरुणः। दुःऽदभासः॥ प० पा०
(घ) परि। ते। दुःऽदभः। रथः॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ६।४५।२६ [२] ऋ० ३।५६।८ [३] ऋ० ७।६०।६
[४] ऋ० ४।९।८ [५] ५।५७ [६] ऋ० ३।२७।८
[७] ऋ० ४।१५।१ [८] ऋ० ४।३६।९ [९] ५।५८
[१०] ऋ० ७।३२।२६ [११] ऋ० ३।५३।१८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**अव्यवेतम्**=अव्यहित; नकार को। **विग्रहे**=पृथक् पद में; वर्तमान नकार को भी। **विघ्नकृद्भिः**=('मूर्धन्यभाव' में) विघ्न करने वाले (जो) तीन मध्यम 'वर्ग' (=चवर्ग, टवर्ग तथा तवर्ग) हैं उनके द्वारा; अव्यवहित नकार को ही; **रेफोष्माणौ**=रेफ और षकार; नकार को णकार; बना देते हैं। **सर्वपूर्वौ**=सब (वर्ण) पूर्व में होने पर=ककार पूर्व में होने पर भी। **यथोक्तम्**=जैसा (बाद वाले सूत्रों में) कहा गया है—इसे अधिकार जानना चाहिए; (अर्थात् किसी भी वर्ण के बाद में स्थित रेफ और षकार भिन्न पद में वर्तमान नकार को भी णकार बना देते हैं यदि रेफ या षकार तथा नकार के मध्य में चवर्ग, टवर्ग तथा तवर्ग का कोई भी वर्ण न हो)।

(५।५७ में सूत्रकार) बतलायेंगे—"पूर्व में अवस्थित 'प्र' और 'परि' 'नयति' धातु से उत्पन्न सभी शब्दों को ('मूर्धन्य' बना देते हैं)" (जिसके उदाहरण ये हैं)—"अध्वरेषु प्र णीयते"[क]; "वाजी सन्परि णीयते।"[ख] 'अव्यवहित (नकार) को'"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "इह श्रवो वीरवत्तक्षता नः"[ग]—'दीर्घत्व को प्राप्त अकार में अन्त होने वाले तथा षकारसहित (पद से बाद में स्थित 'नः' 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त करता है)"—इससे ('णत्व' की) प्राप्ति थी।[घ] "सब (अर्थात् कोई भी) पूर्व में हो तो"=यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "शिक्षा णो अस्मिन्पुरुहूत।"[ङ] (सूत्र में) **विग्रहे** (पद) का ग्रहण (५।४० से प्राप्त) 'समानपद' के अधिकार की निवृत्ति के लिए (किया गया है)। (सूत्र में) **रेफ** और **ऊष्मन्** का ग्रहण (५।४० से प्राप्त) ऋकार की निवृत्ति के लिए किया

टि० (क) अध्वरेषु। प्र। नीयते॥ प० पा०

(ख) वाजी। सन्। परि। नीयते॥ प० पा०

५।५७ में यह विधान किया गया है कि पूर्ववर्ती 'प्र' और 'परि' 'नयति' धातु से उत्पन्न सभी शब्दों को 'मूर्धन्य' कर देते हैं जिसके अनुसार उपर्युक्त दोनों उदाहरणों में 'नीयते' का 'णीयते' हो गया है।

(ग) इह। श्रवः। वीरऽवत्। तक्षत। नः॥ प० पा०

(घ) यहाँ ५।५८ से 'नः' के नकार को णकार होना चाहिए किंतु षकार और नकार के मध्य में मध्यम वर्ग के वर्ण (=तकार) का व्यवधान होने से नकार णकार नहीं होता है।

(ङ) शिक्ष। नः। अस्मिन्। पुरुऽहूत॥ प० पा०

५।४० में यह कहा गया था कि यदि पूर्व में ककार न हो तो ऋकार, रेफ और षकार नकार को णकार बनाते हैं जिससे "शिक्षा णः" में नकार को णकार नहीं होना चाहिए था क्योंकि षकार के पूर्व में ककार है। सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र में "सर्वपूर्वौ" शब्द का ग्रहण करके यह बतला दिया है कि रेफ और षकार के पूर्व में ककार होने पर भी प्रकृत स्थलों में नकार का णकार हो जायेगा जिससे "शिक्षा णः" में 'णत्व' की प्राप्ति हो गई है। यहाँ ५।५८ से नकार णकार हुआ है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया है। (सूत्र में) यथोक्त का ग्रहण होने से यहाँ (नकार णकार) नहीं होता है—"वलं घेहि तनूषु नः।"क

आनीन्नु त्यं नोनुवुर्नोनुमश्च
नयत्यर्थं च प्र परीति पूर्वौ ॥५७॥

सू० अ०—पूर्व में अवस्थित 'प्र' और 'परि' (इन पदों को 'मूर्धन्य' बना देते हैं)—'आनीत्', 'नु त्यम्', 'नोनुवुः', 'नोनुमः' और 'नयति' धातु का अर्थ रखने वाले (शब्दों को) (='नयति' धातु से उत्पन्न सभी शब्दों को)।

उ०भा०—आनीत्, नु त्यम्, नोनुवुः, नोनुमः—इत्येतानि च पदानि नयत्यर्थं च। अर्थग्रहणान्नयतेः सर्वाणि रूपाणि गृह्यन्ते। प्र परि इति एतौ पूर्वौ सन्तौ नमयतः। आनीत्—"अद्येदु प्राणीदममन्।"१-ख नु त्यम्—"प्र णु त्यं विप्रमध्वरेषु।"२-ग त्यम् इति किम्? "प्र नू स मर्तः।"३-घ नोनुवुः—"अभि प्र णोनुर्वुगिरः।"४-ङ नोनुमः—"इमा अभि प्र णोनुमः।"५-च नयत्यर्थं च—"वाजी सन्परि णीयते"६-छ; "अध्वरेषु प्र णीयते।"७-ज पूर्वौ इति वचनाद्व्यवहितस्य न भवति "प्र यं राये निनीषसि॥"८

उ० भा० अ०—आनीत्, नु त्यम्, नोनुवुः, नोनुमः—ये पद; नयत्यर्थं च= और 'नयति' (धातु) से उत्पन्न सभी शब्द। (सूत्र में) अर्थ का ग्रहण होने से 'नयति'

टि० (क) बलम्। धेहि। तनूषु। नः॥ प० पा०

यद्यपि यहाँ पर (१) षकार और नकार भिन्न-भिन्न पदों में वर्तमान हैं और (२) दोनों के मध्य में विघ्न करने वाले मध्यम वर्गों (चवर्ग, टवर्ग तथा तवर्ग) का कोई भी वर्ण नहीं है तथापि षकार ने नकार को णकार नहीं बनाया है। इसका कारण यह है कि सूत्र में "यथोक्त" पद का ग्रहण किया गया है। सूत्र में उल्लिखित सभी शर्तें पूरी होने पर भी सर्वत्र 'मूर्धन्यभाव' नहीं होता है, अपितु केवल वही होता है जहाँ बाद वाले सूत्रों में विहित है। बाद वाले किसी भी सूत्र से "तनूषु नः" में 'मूर्धन्यभाव' नहीं होता है।

(ख) अद्य। इत्। ऊँ इति। प्र। आनीत्। अममन्॥ प० पा०

(ग) प्र। नु। त्यम्। विप्रम्। अध्वरेषु॥ प० पा०

(घ) प्र। नु। सः। मर्तः॥ प० पा०

यहाँ 'नु' के बाद में 'त्यम्' नहीं है, अतः नकार णकार नहीं हुआ है।

(ङ) अभि। प्र। नोनुवुः। गिरः॥ प० पा०

(च) इमाः। अभि। प्र। नोनुमः॥ प० पा०

(छ) वाजी। सन्। परि। नीयते॥ प० पा०

(ज) अध्वरेषु। प्र। नीयते॥ प० पा०

---

१ ऋ० १०।३२।८ २ ऋ० ५।१।७ ३ ऋ० १।६४।१३
४ ऋ० ६।४५।२५ ५ ऋ० ८।६।७ ६ ऋ० ४।१५।१
७ ऋ० ३।२७।८ ८ ऋ० ८।१०३।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(धातु) के सभी रूपों का ग्रहण होता है। प्र और परि—ये; **पूर्वौ**=पूर्व में स्थित होने पर; (उपर्युक्त पदों को) 'मूर्धन्य' बना देते हैं।.....। (सूत्र में) **पूर्वौ** का उल्लेख होने से व्यवहित का ('मूर्धन्यभाव') नहीं होता है—"प्र यं राये निनीषसि।"[क]

पुरुप्रिया ब्रह्म सुतेषु नेषि
प्लुताकारान्तं सषकारमिन्द्र
नते सु स्मेति सवनेषु पर्षि
स्वर्यमा प्रोरु परीति तैर्नः ॥५८॥

सू० अ०—'पुरुप्रिया', 'ब्रह्म', 'सुतेषु', 'नेषि', दीर्घत्व को प्राप्त ('प्लुत') अकार में अन्त होने वाला तथा षकारसहित (सषकार) (पद), 'इन्द्र', 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त ('नत') 'सु' (और) 'स्म' ये (दो पद), 'सवनेषु', 'पर्षि', 'स्वः', 'अर्यमा', 'प्र', 'उरु', 'परि'—इन (पदों) से बाद में आने वाला 'नः' ('मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है)।

उ० भा०—पुरुप्रिया, ब्रह्म, सुतेषु, नेषि, प्लुताकारान्तं सषकारम्—मात्रिकोऽकारः स लक्षणवशाद् द्विमात्रिकः सन्प्लुत उच्यते। प्लुतोऽकारोऽन्ते यस्य पदस्य तत्तथोक्तम्। सह षकारेण वर्तत इति सषकारं पदम्। इन्द्र, नते सु स्मेति=नति प्राप्ते सु स्म इत्येते पदे, सवनेषु, पर्षि, स्वः, अर्यमा, प्र, उरु, परि इति—(तैः=) एतैः; पदैरुपहितं सत् नः इत्येतत्पदं नम्यते।

पुरुप्रिया—"पुरुप्रिया ण ऊतये।"[१-ख] ब्रह्म—"ब्रह्मा ण इन्द्रोप याहि विद्वान्।"[२-ग] सुतेषु—"शक्रो यथा सुतेषु णः।"[३-घ] नेषि—"नेषि णो यथा पुरा।"[४-ङ] प्लुताकारान्तं सषकारम्—"क्षरा णो अभि वार्यम्"[५-च]; "अर्षा णः सोम शं गवे।"[६-छ] प्लुताकारान्तम्

टि० (क) प्र। यम्। राये। निनीषसि॥ प० पा०

सूत्र में 'पूर्वौ' पद का उल्लेख यह बतलाने के लिए किया गया है कि अव्यवहित पूर्व में होने पर ही 'प्र' और 'परि' निर्दिष्ट पदों में 'मूर्धन्यभाव' करते हैं। यदि 'प्र' या 'परि' तथा निर्दिष्ट पदों के मध्य में कोई व्यवधान हो तो 'मूर्धन्यभाव' नहीं होता है, जैसा कि इस प्रत्युदाहरण से स्पष्ट है।

(ख) पुरुऽप्रिया। नः। ऊतये॥ प० पा०
(ग) ब्रह्म। नः। इन्द्र। उप। याहि। विद्वान्॥ प० पा०
(घ) शक्रः। यथा। सुतेषु। नः॥ प० पा०
(ङ) नेषि। नः। यथा। पुरा॥ प० पा०
(च) क्षर। नः। अभि। वार्यम्॥ प० पा०
(छ) अर्ष। नः। सोम। शम्। गवे॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ८।५।४ [२] ऋ० ७।२८।१ [३] ऋ० १।१०।५
[४] ऋ० १।१२९।५ [५] ऋ० ९।३५।३ [६] ऋ० ९।६१।१५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इति किम् ? "तेन सोमाभि रक्ष नः"[१-क]; "पूषा नो यथा वेदसामसद् वृधे।"[२-ख] सषकारम् इति किम् ? "यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्।"[३-ग] इन्द्र—"समिन्द्र णो मनसा नेषि गोभिः।"[४-घ] नते सु स्मेति—"अभी षु णः सखीनाम्"[५-ङ]; "मो षु णः परापरा"[६-च]; "त ऊ षु णो महो यजत्राः"[७-छ]; आसु ष्मा णो मघवन्निन्द्र पृत्सु।"[८-ज] नते इति किम् ? "प्र सू न आयुर्जीवसे तिरेतन"[९-झ]; "इन्द्र सूरीन्कृणुहि स्मा नो अर्धम्।"[१०-ञ] सवनेषु —"रारन्धि सवनेषु णः।"[११-ट] पर्षि —"पर्षि णः पारमंहसः

(३८२छ) 'क्षरा' (='क्षर') और 'अर्षा' (=अर्ष)—ये दोनों पद (१) 'प्लुत' (दीर्घत्व को प्राप्त) अकार में अन्त होते हैं तथा (२) इनमें षकार भी विद्यमान है, अतः इन पदों के बाद में वर्तमान 'नः' 'णः' हो गया है।

टि० (क) तेन। सोम। अभि। रक्ष। नः॥ प० पा०

यद्यपि 'रक्ष' षकार-सहित पद है तथापि इसके बाद में वर्तमान 'नः' 'णः' नहीं हुआ है क्योंकि 'रक्ष' पद 'प्लुत' (दीर्घत्व को प्राप्त) अकार में अन्त नहीं होता है अर्थात् 'रक्ष' का 'अ' संहिता-पाठ में 'आ' नहीं होता है।

(ख) पूषा। नः। यथा। वेदसाम्। असत्। वृधे॥ प० पा०

'पूषा' पद में षकार भी विद्यमान है और इसका अन्त भी आकार में होता है तथापि इसके बाद में वर्तमान 'नः' 'णः' नहीं हुआ क्योंकि 'पूषा' का आकार अकार के स्थान पर दीर्घत्व ('प्लुति') के परिणामस्वरूप नहीं आया है, अपितु यह स्वाभाविक है जैसा कि पद-पाठ से स्पष्ट है।

(ग) यत्र। नः। चक्र। जरसम्। तनूनाम्॥ प० पा०

यहाँ 'नः' 'णः' नहीं हुआ है क्योंकि 'नः' के पूर्व में विद्यमान 'यत्रा' (=यत्र) पद 'प्लुत' अकार (=आ) में अन्त होने वाला तो है किंतु उसमें षकार नहीं है।

(घ) सम्। इन्द्र। नः। मनसा। नेषि। गोभिः॥ प० पा०

(ङ) अभि। सु। नः। सखीनाम्॥ प० पा०

(च) मो इति। सु। नः। पराऽपरा॥ प० पा०

(छ) ते। ऊँ इति। सु। नः। महः। यजत्राः॥ प० पा०

(ज) आसु। स्म। नः। मघऽवन्। इन्द्र। पृत्ऽसु॥ प० पा०

(झ) प्र। सु। नः। आयुः। जीवसे। तिरेतन॥ प० पा०

(ञ) इन्द्र। सूरीन्। कृणुहि। स्म। नः। अर्धम्॥ प० पा०

इन दोनों प्रत्युदाहरणों में 'नः' 'णः' नहीं हुआ है क्योंकि 'नः' के पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त 'सु' ('षु') और 'स्म' ('ष्म') वर्तमान नहीं हैं।

(ट) ररन्धि। सवनेषु। नः॥ प० पा०

---

१ ऋ० ९।११४।४ २ ऋ० १।८९।५ ३ ऋ० १।८९।९
४ ऋ० ५।४२।४ ५ ऋ० ४।३१।३ ६ ऋ० १।३८।६
७ ऋ० १०।६१।२७ ८ ऋ० ६।४४।१८ ९ ऋ० ८।१८।२२
१० ऋ० ६।४४।१८ ११ ऋ० ३।४१।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वस्ति ।"[१-क] स्वः—"ईशानासो ये दधते स्वर्णः ।"[२-ख] अर्यमा—"अर्यमा णो अदितिः ।"[३-ग] प्र—"प्र ण स्पार्हाभिरुतिभिः ।"[४-घ] उरु—"उरु णो वाजसातये ।"[५-ङ] परि—"परि णः शर्मयन्त्या ॥"[६-च]

उ० भा० अ०—पुरुप्रिया, ब्रह्म, सुतेषु, नेषि; प्लुताकारान्तं सषकारम्= दीर्घत्व को प्राप्त ('प्लुत') अकार में अन्त होने वाला तथा षकारसहित (सषकार) (पद)—अकार एक मात्रा वाला है वह (अकार) नियम से दो मात्राओं वाला होने पर 'प्लुत' कहा जाता है। 'प्लुत' अकार है अन्त में जिस पद के वह उस प्रकार कहा गया (अर्थात् प्लुताकारान्त) (पद) है। षकार के साथ (अर्थात् षकार से युक्त) होता है इसलिए सषकार पद (कहा गया है)। इन्द्र; नते सु स्मेति='मूर्धन्यभाव' ('नति') को प्राप्त 'सु' (और) 'स्म'—ये दो पद; सवनेषु, पर्षि, स्वः, अर्यमा, प्र, उरु, परि—(तैः=) इन; पदों के बाद में वर्तमान होने पर नः—यह पद 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है (अर्थात् 'णः' हो जाता है)।

हेळो मुञ्चतं मित्राय राया पूषा गध्यविषच्छकारवत् ।
नव्येभिस्त्मने वाजान्कृणोत द्वे नय प्रतरं परेषु न ॥५९॥

सू० अ०—'हेळः', 'मुञ्चतम्', 'मित्राय', 'राया', 'पूषा', 'गधि', 'अविषत्', 'छकार वाला (पद), 'नव्येभिः', 'त्मने', 'वाजान्', 'कृणोत', और 'नय प्रतरम्' ये दो (पद)—यदि ये (अर्थात् इनमें से कोई भी) बाद में हों तो 'नः' (५।५८ में उल्लिखित पदों के बाद में वर्तमान होने पर 'मूर्धन्य') नहीं (होता है)।

उ० भा०—हेळः, मुञ्चतम्, मित्राय, राया, पूषा, गधि, अविषत्, छकारवत्= छकारसयुक्तं पदम्, नव्येभिः, त्मने, वाजान्, कृणोत, द्वे पदे नय प्रतरम्—इत्येतेषु पदेषु; (परेषु=) परभूतेषु; नः इत्येतस्य पदस्य यदुक्तं पुरुप्रियादिभिरुपपदैर्णत्वं तत् न भवति।

हेळः "परि नो हेळो वरुणस्य ।"[७-छ] मुञ्चतम्—"प्र नो मुञ्चतं वरुणस्य पाशात् ।"[८-ज] मित्राय—"प्र नो मित्राय वरुणाय वोचः ।"[९-झ] राया—"प्र नो राया

टि० (क) पर्षि । नः । पारम् । अंहसः । स्वस्ति ॥ प० पा०
(ख) ईशानासः । ये । दधते । स्वः । नः ॥ प० पा०
(ग) अर्यमा । नः । अदितिः ॥ प० पा०
(घ) प्र । नः । स्पार्हाभिः । ऊतिऽभिः ॥ प० पा०
(ङ) उरु । नः । वाजऽसातये ॥ प० पा०
(च) परि । नः । शर्मऽयन्त्या ॥ प० पा०
(छ) परि । नः । हेळः । वरुणस्य ॥ प० पा०
(ज) प्र । नः । मुञ्चतम् । वरुणस्य । पाशात् ॥ प० पा०
(झ) प्र । नः । मित्राय । वरुणाय । वोचः ॥ प० पा०

१ ऋ० २।३३।३ | २ ऋ० ७।९०।६ | ३ ऋ० ३।५४।१८
४ ऋ० ७।५८।३ | ५ ऋ० ५।६४।६ | ६ ऋ० ९।४१।६
७ ऋ० ७।८४।२ | ८ ऋ० ६।७४।४ | ९ ऋ० ७।६२।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परीणसा।"[१-क] **पूषा**—"प्र नः पूषाः चरथम्।"[२-ख] **गधि**—"एन्द्र नो गधि प्रियः।"[३-ग] **अविषत्**—"स वाजेषु प्र नोऽविषत्।"[४-घ] **छकारवत्**—"प्र नो यच्छत्वर्यमा।"[५-ङ] **नव्येभिः**—"प्र नो नव्येभिस्तिरतम्।"[६-च] **त्मने**—"नू मित्रो वरुणो अर्यमा नस्त्मने।"[७-छ] **वाजान्**—"प्र नो वाजान्रथ्यो अश्वबुध्यान्।"[८-ज] **कृणोत**—"देवीः षळुर्वीरुरु नः कृणोत।"[९-झ] उक्तिलि णत्वे प्राप्ते प्रतिषेधः। **द्वे नय प्रतरम्**—"प्र नो नय प्रतरं वस्यो अच्छ।"[१०-ञ] द्वे इति किम्? "प्र णो नय वस्यो अच्छ॥"[११-ट]

उ० भा० अ०—**हेळः, मुञ्चतम्, मित्राय, राया, पूषा, गधि, अविषत्, छकारवत्**=छकार से युक्त पद, **नव्येभिः, त्मने, वाजान्, कृणोत, द्वे पदे नय प्रतरम्**='नय प्रतरम्' ये दो पद—ये पद बाद में हों तो **नः**—इस पद के विषय में जो (५।५८ में) कहा गया है कि 'पुरुप्रिया' आदि उपपदों से (बाद में होने पर) 'णत्व' हो जाता है वह; **न**=नहीं; होता है; (अर्थात् इन पदों में से कोई भी पद 'नः' के बाद में हो तो ५।५८ में उल्लिखित पदों के बाद में आने पर भी 'नः' 'णः' नहीं होगा)।.....। 'उरु' के कारण 'णत्व' प्राप्त होने पर (प्रस्तुत सूत्र से) निषेध हो गया है।.....।

टि० (क) प्र। नः। राया। परीणसा॥ प० पा०

(ख) प्र। नः। पूषा। चरथम्॥ प० पा०

(ग) आ। इन्द्र। नः। गधि। प्रियः॥ प० पा०

(घ) सः। वाजेसु। प्र। नः। अविषत्॥ प० पा०

(ङ) प्र। नः। यच्छतु। अर्यमा॥ प० पा०

(च) प्र। नः। नव्येभिः। तिरतम्॥ प० पा०

(छ) नु। मित्रः। वरुणः। अर्यमा। नः। त्मने॥ प० पा०

(ज) प्र। नः। वाजान्। रथ्यः। अश्वऽबुध्यान्॥ प० पा०

(झ) देवीः। षट्। उर्वीः। उरु। नः। कृणोत॥ प० पा०

(ञ) प्र। नः। नय। प्रऽतरम्। वस्यः। अच्छ॥ प० पा०

(ट) प्र। नः। नय। वस्यः। अच्छ॥ प० पा०

यहाँ 'प्र' के बाद में वर्तमान 'नः' ५।५८ से 'णः' हो गया है क्योंकि 'नः' के बाद में 'नय प्रतरम्' ये दो पद नहीं हैं, अपितु एक ही पद 'नय' है।

---

[१] ऋ० ५।१०।१ [२] ऋ० १०।९२।१३ [३] ऋ० ८।९८।४
[४] ऋ० १।८१।१ [५] ऋ० १०।१४१।२ [६] ऋ० ७।९३।४
[७] ऋ० ७।६२।६ [८] ऋ० १।१२१।१४ [९] ऋ० १०।१२८।५
[१०] ऋ० ६।४७।७ [११] ऋ० ८।७१।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गोरोहेण निर्गमाणीन्द्र एणा इन्द्र एणं स्वर्ण परा णुदस्व अग्नेरवेण वार्ण शक्र एणम् ॥६०॥

सू० अ०—(इन स्थलों पर नकार णकार हो जाता है)—'गोरोहेण', 'निर्गमाणि', 'इन्द्र एणाः', 'इन्द्र एणम्', 'स्वर्ण', 'परा णुदस्व', 'अग्नेरवेण', 'वार्ण' और 'शक्र एणम्'।

उ० भा०—इत्येतेषु नकारः संधिजैरपि पूर्वपदस्थैर्निमित्तैर्नम्यते। गोरोहेण—"गोरोहेण तौग्र्यो न जिव्रिः।"[१-क] निर्गमाणि—"तिरश्चता पार्श्वान्निर्गमाणि।"[२-ख] इन्द्र एणाः—"इन्द्र एणा नि यच्छतु।"[३-ग] इन्द्र एणम्—"इन्द्र एणं प्रथमो अध्यतिष्ठत्।"[४-घ] स्वर्ण—"स्वर्ण वस्तोरुषसामरोचि।"[५-ङ] परा णुदस्व—"परा णुदस्व मघवन्नमित्रान्।"[६-च] अग्नेरवेण—"अग्नेरवेण मरुताम्।"[७-छ] वार्ण—"वार्ण पथा रथ्येव।"[८-ज] शक्र एणम्—"शक्र एणं पीपयत्॥"[९-झ]

उ० भा० अ०—पूर्ववर्ती पद में स्थित संधिज भी (और असंधिज भी) निमित्तों से इन (पदों) में नकार 'मूर्धन्यभाव' (='नति') को प्राप्त होता है (अर्थात् णकार हो जाता है)।.....।

टि० (क) गोः। ओहेन। तौग्र्यः। न। जिव्रिः॥ प० पा०

(ख) तिरश्चता। पार्श्वात्। निः। गमानि॥ प० पा०

दोनों उदाहरणों में ४।२७ से विसर्जनीय के स्थान पर आने वाला तथा पूर्वदर्ती पद में स्थित रेफ दूसरे पद के नकार के 'णत्व' का निमित्त है।

(ग) इन्द्रः। एनाः। नि। यच्छतु॥ प० पा०

(घ) इन्द्रः। एनम्। प्रथमः। अधि। अतिष्ठत्॥ प० पा०

पूर्ववर्ती पद ('इन्द्रः') में स्थित रेफ दूसरे पद के नकार के 'णत्व' का निमित्त है।

(ङ) स्वः। न। वस्तोः। उषसाम्। अरोचि॥ प० पा०

(च) परा। नुदस्व। मघऽवन्। अमित्रान्॥ प० पा०

(छ) अग्नेः। अवेन। मरुताम्॥ प० पा०

(ज) वाः। न। पथा। रथ्याऽइव॥ प० पा०

(झ) शक्रः। एनम्। पीपयत्॥ प० पा०

---

१ ऋ० १।१८०।५ २ ऋ० ४।१८।२ ३ ऋ० १०।१९।२
४ ऋ० १।१६३।२ ५ ऋ० ७।१०।२ ६ ऋ० ७।३२।२५
७ ऋ० १।१२८।५ ८ ऋ० २।४।६ ९ ऋ० ८।१।१९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(नतिसंज्ञा)

एषा नतिर्दन्त्यमूर्धन्यभावः ॥६१॥

(नति-संज्ञा)

सू० अ०—यह 'नति' है जिसमें 'दन्त्य' 'मूर्धन्य' हो जाता है।

उ० भा०—"अन्तःपादं नाम्युपधः सकारः"[१] इत्येवमादि यदुक्तम्; (एषा नतिः=) तन्नतिः; इति वेदितव्यम्। (दन्त्यमूर्धन्यभावः=) दन्त्यानां वर्णानां मूर्धन्यभावः; नतिरित्यभिधीयते। नतिसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"नतिं प्लुतोपाचरिते"[२] इति॥

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये पञ्चमं पटलम्॥

उ० भा० अ०—"पाद के मध्य में 'नामि'–'स्वर'–वर्ण से बाद में आने वाला सकार (षकार हो जाता है)"—इस (सूत्र) से प्रारम्भ करके जो कहा गया है; (एषानतिः=) यह 'नति' है—यह जानना चाहिए। (दन्त्यमूर्धन्यभावः=) 'दन्त्य' वर्णों का 'मूर्धन्य' होना 'नति' कहलाता है। नति-संज्ञा का प्रयोजन—"'नति', 'प्लुति' और 'उपाचरित' को (प्रकृति-रूप में ले आवे)।"

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक
प्रातिशाख्यभाष्य में पञ्चम पटल समाप्त हुआ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६ : ध्वन्यागम-पटलम्

क्रमः (=वर्णद्विर्वचनम्)
नियमानां सर्वत्र संगतिः
अभिनिधानम्
यमः
स्वरभक्तिः
ध्रुवसंज्ञो नादः
अभिनिधानलोपे मतद्वयम्
प्रथमस्पर्शस्य द्वितीयस्पर्शभावः
'क्शा'-स्थाने 'ख्या'ऽऽदेशः

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क्रमः=वर्णद्विर्वचनम्)

स्वरानुस्वरोपहितो द्विरुच्यते
संयोगादिः स क्रमोऽविक्रमे सन् ॥१॥

(क्रम=वर्ण का द्विरुच्चारण)

सू० अ०—संयुक्त वर्ण ('सयोग') का आदि (=प्रथम 'व्यञ्जन') दो बार उच्चारित होता है (=प्रथम 'व्यञ्जन' द्वित्व को प्राप्त होता है) यदि (इसके) पूर्व में 'स्वर' अथवा 'अनुस्वार' हो। अपरिवर्तित विसर्जनीय पर लागू न होता हुआ यह (विधान) 'क्रम' (कहलाता है)।

उ० भा०—(स्वरानुस्वारोपहितः=) स्वरेणानुस्वारेण चोपहितः; संयोगादिः वर्णः अविक्रमे वर्तमानः सन्; द्विरुच्यते; सः=एषः विधिः; (क्रमः=) क्रमसंज्ञः; वेदितव्यः। "आ त्वा रथं यथोतये"[१]; "सोमानं स्वरणम्।"[२] स्वरानुस्वारोपहितः इति कस्मात्? "त्वावतः पुरूवसो।"[३] संयोगादिः इति कस्मात्? "आ ते पितर्मरुताम्"[४]; "अयं स यस्य शर्मन्।"[५] अविक्रमे इति कस्मात्? "यः प्राणतो निमिषतः॥"[६]

उ० भा० अ०—(स्वरानुस्वारोपहितः=) 'स्वर' और 'अनुस्वार' से बाद में विद्यमान; संयोगादिः=संयुक्त वर्ण ('संयोग') का आदि (=प्रथम 'व्यञ्जन'); द्विरुच्यते= दो बार उच्चारित होता है (=द्वित्व को प्राप्त होता है); (अर्थात् 'व्यञ्जन' का द्वित्व हो जाता है यदि वह (१) 'स्वर' अथवा 'अनुस्वार' के बाद में स्थित हो और (२) संयुक्त वर्ण ('संयोग') का प्रथम 'व्यञ्जन' हो)। अविक्रमे सन्=अपरिवर्तित विसर्जनीय ('विक्रम') पर लागू न होते हुए; सः=इस विधान को; (क्रमः=) 'क्रम'-संज्ञक; जानना चाहिए। (उदाहरण)—"आ त्वा रथं यथोतये।" "सोमानं स्वरणम्।" "'स्वर' और 'अनुस्वार' से बाद में विद्यमान"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "त्वावतः पुरूवसो।"[क] "संयुक्त वर्ण ('संयोग') का प्रथम 'व्यञ्जन'" यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ ते पितर्मरुताम्"[ख]; "अयं स यस्य शर्मन्।"[ग] "अपरिवर्तित विसर्जनीय

टि० (क) यहाँ संयुक्त वर्ण ('संयोग') के प्रथम 'व्यञ्जन' (=तकार) का द्वित्व नहीं हुआ है क्योंकि इस (तकार) के पूर्व में न 'स्वर' है और न 'अनुस्वार'।

(ख) 'स्वर' (आ) के भी बाद में विद्यमान तकार का द्वित्व नहीं हुआ है क्योंकि यह तकार संयुक्त वर्ण ('संयोग') का प्रथम 'व्यञ्जन' नहीं है।

(ग) अनुस्वार के भी बाद में विद्यमान सकार का द्वित्व नहीं हुआ है क्योंकि यह सकार संयुक्त वर्ण ('संयोग') का प्रथम 'व्यञ्जन' नहीं है।

---

[१] ऋ० ८।६८।१ [२] ऋ० १।१८।१ [३] ऋ० ८।४६।१
[४] ऋ० २।३३।१ [५] ऋ० १०।६।१ [६] ऋ० १०।१२१।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर लागू न होता हुआ"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यः प्राणतो निमिषतः।"[क]

सोष्मा तु पूर्व्येण सहोच्यते सकृत्स्वेन ॥२॥

सू० अ०—'महाप्राण' ('सोष्म'-वर्ण) तो अपने पूर्ववर्ती (='अल्पप्राण' 'व्यञ्जन') के साथ एक बार उच्चारित होता है।

उ०भा०—सोष्मा तु वर्णः; स्वेन पूर्व्येण=स्ववर्गीयेण पूर्व्येण; सहोच्यते सकृत्। "वि ह्यक्ख्यं मनसा"[१]; "अब्भ्रातेव पुंसः॥"[२]

उ० भा० अ०—**सोष्मा तु**='महाप्राण' वर्ण ('सोष्म'-वर्ण) तो; **स्वेन पूर्व्येण सह**=अपने 'वर्ग' के पूर्ववर्ती ('अल्पप्राण' वर्ण) के साथ; **उच्यते सकृत्**=एक बार उच्चारित होता है।[ख] (उदाहरण)—"वि ह्यक्ख्यं मनसा"[ग]; "अब्भ्रातेव पुंसः।"[घ]

टि० (क) प्रस्तुत सूत्र से 'यः' के विसर्जनीय का द्वित्व प्राप्त होता है क्योंकि (१) इस विसर्जनीय ('व्यञ्जन') के पूर्व में 'स्वर' (अकार) है और (२) यह संयुक्त (:प्र) वर्ण ('संयोग') का प्रथम 'व्यञ्जन' है। किंतु इस विसर्जनीय का द्वित्व नहीं होता है। इसीलिये सूत्रकार ने सूत्र में कह दिया है कि 'क्रम' का यह विधान अपरिवर्तित विसर्जनीय पर लागू नहीं होता है। वास्तव में यह उपलक्षण है। ४।३१ से विसर्जनीय के परिणामात्मक जिह्वामूलीय और उपध्मानीय (परिवर्तित विसर्जनीय) का भी द्वित्व नहीं होता है। हाँ, ४।३१ से विसर्जनीय के परिणामात्मक शकार, षकार और सकार (परिवर्तित विसर्जनीय) का तो द्वित्व होता है जैसे—श्श्चोतन्ति, वष्ष्यान् और स्स्यन्दन्ताम्।

(ख) जब ६।१ के अनुसार 'महाप्राण' ('सोष्म'-वर्ण) का द्वित्व होता है तो वर्गों के द्वितीय (='महाप्राण') 'व्यञ्जन' का द्वित्व उसी वर्ग के प्रथम (=अल्पप्राण) 'व्यञ्जन' से और चतुर्थ ('महाप्राण') 'व्यञ्जन' का द्वित्व उसी वर्ग के तृतीय ('अल्पप्राण') 'व्यञ्जन' से दिखलाया जाता है। इस नियम के मूल में यही तथ्य विद्यमान है कि दो 'महाप्राण' वर्णों का साथ-साथ उच्चारण करने में असुविधा होती है जिससे बचने के लिए प्रथम 'महाप्राण' वर्ण को 'अल्पप्राण' कर दिया जाता है। भाषा-विज्ञान में इस नियम को 'अल्पप्राणीकरण' (deaspiration) कहते हैं। इसी नियम के आधार पर ग्रासमैन ने ग्रिम नियम के विध्वंसक अनेक अपवादों का समाधान किया था।

(ग) ६।१ के अनुसार एक खकार के स्थान पर दो खकार प्राप्त होते हैं। प्रस्तुत सूत्र से इनमें से प्रथम खकार को ककार कर दिया गया है।

(घ) ६।१ के अनुसार एक भकार के स्थान पर दो भकार प्राप्त होते हैं। प्रस्तुत सूत्र से इनमें से प्रथम भकार को बकार कर दिया गया है।

---

[१] ऋ० १।१०९।१ [२] ऋ० १।१२४।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

असंयोगादिरपि च्छकारः ॥३॥

सू० अ०—संयुक्त वर्ण ('संयोग') का आदि (=प्रथम 'व्यञ्जन') न होने पर भी छकार (द्वित्व को प्राप्त हो जाता है)।

उ० भा०—(असंयोगादिरपि च्छकारः) क्रामति। "उप च्छायामिव घृणेः"[१]; "तुच्छेचनाभ्वपिहितं यदासीत् ॥"[२]

उ० भा० अ०—[असंयोगादिरपि च्छकारः=संयुक्त वर्ण ('संयोग') का प्रथम 'व्यञ्जन' न होने पर भी छकार] द्वित्व को प्राप्त हो जाता है। (उदाहरण)—"उप च्छायामिव घृणेः"क; "तुच्छचेनाभ्वपिहितं यदासीत्।"ख

परं रेफात् ॥४॥

सू० अ०—रेफ से परवर्ती ('व्यञ्जन') (द्वित्व को प्राप्त हो जाता है)।

उ० भा०—रेफात्परं क्रामति—"अर्द्धं वीरस्य।"[३] "परं रेफात्" इत्यविशेषेणोक्तत्वाद् "राजा" इत्यत्र आकारस्य प्राप्नोति। स्वरोपहिताधिकारान्न। एवमपि "पुरोहितम्" इत्योकारस्य प्राप्नोति। संयोगाद्यधिकारान्न। तत्सिद्धं स्वरोपहितात् संयोगादे रेफात्परमिति॥

उ० भा० अ०—रेफात्परम्=रेफ से बाद में आने वाला ('व्यञ्जन'); द्वित्व को प्राप्त हो जाता है—(जैसे) "अर्द्धं वीरस्य।"ग "रेफ से बाद में आने वाला"—इसे विशेषण-रहित कहने से 'राजा' के आकार का (द्वित्व) प्राप्त होता है। "'स्वर'-वर्ण से बाद में आने पर"—इस अधिकार से नहीं होता है।घ इसी प्रकार 'पुरोहितम्' में ओकार का

टि० (क) यद्यपि 'छकार' संयुक्त वर्ण ('संयोग') का प्रथम 'व्यञ्जन' नहीं है तथापि 'स्वर' के बाद में आने के कारण ही प्रस्तुत सूत्र से उसका द्वित्व हो गया है। ६।२ से प्रथम छकार चकार हो गया है।

(ख) संयुक्त वर्ण ('संयोग') के प्रथम 'व्यञ्जन' (छकार) का द्वित्व हो गया है। ६।२ से प्रथम छकार चकार हो गया है।

(ग) 'स्वर'-वर्ण (अकार) से बाद में विद्यमान संयोगादि रेफ का ६।१ के अनुसार द्वित्व प्राप्त होता है जिसका निषेध ६।८ अथवा ६।११ के द्वारा हो गया है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार रेफ के बाद में आने वाले धकार का द्वित्व होता है। द्वित्व से आया हुआ प्रथम धकार ६।२ के अनुसार दकार हो गया है।

(घ) यदि केवल यह विधान किया जाये कि रेफ से परवर्ती वर्ण का द्वित्व होता है तो 'राजा' पद के रेफ के बाद में विद्यमान आकार का भी द्वित्व हो जायेगा जो किसी भी पाठ में उपलब्ध नहीं है। ६।१ से प्राप्त "'स्वर'-वर्ण से बाद में आने वाला"—इस अधिकार से आकार का द्वित्व नहीं होता है क्योंकि 'राजा' के आकार के पूर्व में 'स्वर'-वर्ण नहीं है किंतु 'व्यञ्जन'-वर्ण (ज्) है।

---

[१] ऋ० ६।१६।३८ [२] ऋ० १०।१२९।३ [३] ऋ० ७।१८।१६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(द्वित्व) प्राप्त होता है। "संयुक्त वर्ण ('संयोग') का आदि"—इस अधिकार से नहीं होता है।[क] इसलिए सिद्ध हुआ कि 'स्वर'-वर्ण से बाद में आने वाले और संयुक्त वर्ण ('संयोग') के आदि रेफ से बाद में आने वाले ('व्यञ्जन' का द्वित्व होता है)।[ख]

स्पर्श एवं लकारात् ॥५॥

सू० अ०—उसी प्रकार लकार से (बाद में आने वाला) 'स्पर्श' (-वर्ण) (द्वित्व को प्राप्त होता है)।

उ० भा०—यथा रेफात्परं व्यञ्जनं क्रामति एवं लकारात् परः स्पर्शः क्रामति। "महत्तदुल्बं स्थविरम्।"[१] स्वरोपहितात्संयोगादेरित्येव—"अललाभवन्तीः"।[२] स्पर्शः इति किम्? "शतवल्शः"॥[३]

उ० भा० अ०—जिस प्रकार रेफ से बाद में आने वाला 'व्यञ्जन' द्वित्व को प्राप्त होता है; **एवं लकारात्**=उसी प्रकार लकार से बाद में आने वाला; **स्पर्शः**='स्पर्श'-वर्ण; द्वित्व को प्राप्त होता है। (उदाहरण)—"महत्तदुल्बं स्थविरम्।" "'स्वर'-वर्ण से बाद में आन वाले तथा संयुक्त वर्ण ('संयोग') के आदि ही (लकार से बाद में आने वाले 'स्पर्श' का द्वित्व होता है)—"अललाभवन्तीः"।[ग] "स्पर्श"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "शतवल्शः"।[घ]

ऊष्मणो वा ॥६॥

सू० अ०—'ऊष्म' (-वर्ण) से (बाद में आने वाला 'स्पर्श'-वर्ण) विकल्प से (द्वित्व को प्राप्त होता है)।

टि० (क) यदि यही विधान किया जाये कि रेफ से परवर्ती वर्ण का द्वित्व हो जाता है तब 'पुरोहितम्' पद के रेफ के बाद में विद्यमान 'ओकार' का भी द्वित्व हो जायेगा जो कहीं भी उपलब्ध नहीं है। ६।१ से प्राप्त "'संयुक्त वर्ण ('संयोग') का आदि"—इस अधिकार से ओकार का द्वित्व नहीं होता है क्योंकि ओकार ('संयोग') का आदि वर्ण नहीं है।

(ख) इस पटल में ६।१ से ६।१४ तक "स्वरानुस्वारोपहितः" "संयोगादिः" और "अविक्रमे सन्"—ये अधिकार लागू रहते हैं। जहाँ स्पष्ट रूप से कोई विपरीत उल्लेख हो तभी इन अधिकारों की निवृत्ति होती है। ये अधिकार कभी तो द्वित्व को प्राप्त होने वाले वर्ण के विशेषण होते हैं जैसे ६।२ में और कभी परवर्ती वर्ण के द्वित्व को करने वाले वर्ण के विशेषण होते हैं जैसे ६।४-६ में।

(ग) यहाँ भकार का द्वित्व नहीं हुआ है क्योंकि इसके पूर्व में विद्यमान लकार यद्यपि 'स्वर'-वर्ण के बाद में विद्यमान है, तथापि वह लकार संयुक्त वर्ण ('संयोग') का आदि नहीं है।

(घ) यद्यपि लकार (१) 'स्वर'-वर्ण के बाद म स्थित है और (२) संयुक्त वर्ण का प्रथम 'व्यञ्जन' है, तथापि लकार के बाद में स्थित शकार का द्वित्व नहीं हुआ है क्योंकि शकार 'स्पर्श' वर्ण नहीं है अपितु 'ऊष्म'-वर्ण है।

---

[१] ऋ० १०।५१।१ [२] ऋ० ४।१८।६ [३] ऋ० ३।८।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—ऊष्मणः परः स्पर्शो वा क्रामति। "प्रास्तौदृष्वौजा ऋष्वेभिः"[१]; "आपो हि ष्ठा मयोभुवः"[२]; "प्र व स्पळक्रन्सुविताय"[३]; "अङ्गिरसां सामभि स्तूयमानाः।"[४] ऊष्मणः परेषां प्रथमद्वितीयानामेव स्पर्शानां द्विर्वचनमिष्यते, न सर्वेषाम्। तस्मात् "अस्मे" इत्यूष्मणः एव द्विर्वचनं भवति, न परस्य। दशानामिष्टमिति कथमेतदध्यवसीयत इति चेत्। "ऊष्मण्यघोषोदये लुप्यते"[५] इत्यत्र लघुना स्पर्शग्रहणेन सिद्धेऽघोषस्पर्शोदय इति—"त्रिः स्म माह्नः"[६] इत्यत्र मकारस्य द्विर्वचनप्रतिषेधार्थं यदघोषग्रहणं करोति तज्ज्ञापयति न सर्वेषां स्पर्शानां द्विर्वचनं भवतीति। शास्त्रान्तरेष्वपि तथा दृश्यते। "शरः खयः"[७] इति शरः परेषां खयां द्विर्वचनं भवतीति॥

हकारात्सर्वेषां विभाषा द्विर्वचनमिष्यते। ब्रह्म, ब्रह्म्म; अह्ना,[८] अह्न्ना। स्पर्श इति कस्मात्? अश्श्वः; वह्ह्वः; अह्ह्नः[९]; प्रस्स्वः; कृणुष्व॥

उ० भा० अ०—**उष्मणः**='ऊष्म' (-वर्ण) से; बाद में आने वाला 'स्पर्श' (-वर्ण); **वा**=विकल्प से; द्वित्व को प्राप्त होता है। (उदाहरण)—"प्रास्तौदृष्वोजा ऋष्वेभिः"; "आपो हि ष्ट्ठा मयोभुवः"; "प्र व स्पळक्रन्सुविताय"; "अङ्गिरसां सामभि स्तूयमानाः।" 'ऊष्म' (-वर्ण) से बाद में आने वाले ('वर्ग' के) प्रथम और द्वितीय ही 'स्पर्श' (-वर्णों) का द्विरुच्चारण अभीष्ट है, सभी ('स्पर्श'-वर्णों) का नहीं। इसलिए 'अस्मे' (अस्स्मे) में 'ऊष्म' (-वर्ण) का ही द्विरुच्चारण होता है, परवर्ती (मकार) का नहीं। यदि कोई पूछे कि यह निश्चय कैसे किया गया है कि दस 'स्पर्श' (-वर्णों—क ख, च छ, ट ठ, त थ, प फ) का ही ('ऊष्म'-वर्ण के बाद में द्वित्व होना) अभीष्ट है (तो उत्तर देते हैं)—"'अघोष' ('स्पर्श') है बाद में जिसके ऐसा 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद म हो तो (विसर्जनीय) का लोप हो जाता है" —यहाँ लघु 'स्पर्श' ग्रहण से सिद्ध हो जाने पर—"त्रिः स्म माह्नः"—यहाँ पर मकार के द्विरुच्चारण के प्रतिषेध के लिए "'अघोष' 'स्पर्श' बाद में होने पर" में जो 'अघोष' का ग्रहण (सूत्रकार) करते हैं वह यह बतलाता है कि सभी 'स्पर्श' (-वर्णों) का द्विरुच्चारण नहीं होता है।[क] अन्य शास्त्रों में भी वैसा दिखलाई पड़ता है—(जैसे) "शरः खयः" (इस सूत्र में पाणिनि ने यह विधान किया है कि) 'शर्' (श, ष, स) के बाद में आने वाले 'खय्' (ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प) का द्विरुच्चारण होता है।

टि० (क) ४।३६ के भाष्य में यह बतलाया गया है कि उस सूत्र (४।३६) का निर्माण 'ऊष्म'-वर्ण के बाद म विद्यमान 'अघोष' 'स्पर्श' के द्वित्व के लिए किया गया है। इस तथ्य का स्पष्ट व्याख्यान पृ० २७३-२७४ पर किया गया है। यदि सूत्रकार को 'ऊष्म' वर्णों के बाद मे आने वाले सभी 'स्पर्श'-वर्णों का द्वित्व अभीष्ट होता तो वे ४।३६ में 'अघोष' शब्द का उल्लेख न करते। इस ज्ञापक से यह स्पष्ट हो जाता है कि 'ऊष्म'-वर्ण के बाद में आने पर सभी 'स्पर्श'-वर्णों का द्वित्व नहीं होता, अपितु केवल प्रथम और द्वितीय 'स्पर्श'-वर्णों का द्वित्व होता है।

---

[१] ऋ० १०।१०५।६ [२] ऋ० १०।९।१ [३] ऋ० ५।५९।१
[४] ऋ० १।१०७।२ [५] ४।३६ [६] ऋ० १०।९५।५
[७] पा० वा० ८।४।४७ [८] ऋ० ४।१६।३ [९] ऋ० ९।७७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हकार से परे सभी ('स्पर्श'-वर्णों) का द्विरुच्चारण विकल्प से अभीष्ट ह—ब्रह्म, ब्रह्म्म; अह्ना, अह्न्ना। "'स्पर्श' (-वर्ण)" यह क्यों (कहा)? (उत्तर) "अश्श्वः", "बह्ह्वः", "अह्ह्यः", "प्रस्स्वः", "कृणुष्व्व"।[क]

नावसितम् ॥७॥

सू० अ०—(रेफ से बाद में आने वाला 'व्यञ्जन' पद के) अन्त में विद्यमान (होने पर द्वित्व को प्राप्त) (होता है)।

उ० भा०—न खलु; (अवसितम्=) पदावसाने वर्तमानम्; रेफात्परं व्यञ्जनं क्रामति। "दर्त्"[१]; "वर्क्"[२]॥

उ० भा० अ०—रेफ से बाद में स्थित 'व्यञ्जन'; (अवसितम्=) पद के अन्त में वर्तमान होने पर; न=नहीं; द्वित्व को प्राप्त होता है। (उदाहरण) "दर्त्"; "वर्क्"।[ख]

न रेफः ॥८॥

सू० अ०—रेफ (द्वित्व को प्राप्त) नहीं (होता है)।

उ० भा०—रेफः च न क्रामति। "अर्द्ध वीरस्य।"[३] नैतदुदाहरणं युक्तम्—'न परक्रमोपधा'[४] इत्यनेनैव सिद्धत्वात्। इदं तर्हि युक्तं यत्र परक्रमः प्रतिषिध्यते। "दर्त्"[५]; "वर्क्"[६]—इत्यप्राप्तप्राप्त्यर्थम्॥

उ० भा० अ०—रेफः=रेफ; भी; न=नहीं; द्वित्व को प्राप्त होता है। (उदाहरण) "अर्द्ध वीरस्य।" यह उदाहरण युक्त नहीं है क्योंकि "परवर्ती द्विरुक्त ('व्यञ्जन') का पूर्ववर्ती ('व्यञ्जन') (द्वित्व को प्राप्त) नहीं (होता है)"—इस (सूत्र) से ही यह सिद्ध हो जाता है। तब यह (उदाहरण) युक्त है जहाँ (रेफ के) परवर्ती ('व्यञ्जन') के द्वित्व का निषेध हो गया है। "दर्त्"; "वर्क्"।[ग] यह (सूत्र) अप्राप्त की प्राप्ति के लिए है।[घ]

टि० (क) प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'ऊष्म'-वर्ण के बाद में आने पर 'स्पर्श'-वर्ण का ही द्वित्व होता है। यही कारण है कि इन चारों प्रत्युदाहरणों में 'ऊष्म'-वर्णों के बाद में आने पर भी 'अन्तःस्था'-वर्णों (वकार और यकार) का द्वित्व नहीं हुआ है।

(ख) प्रस्तुत सूत्र ६।४ का अपवाद है। ६।४ के अनुसार रेफ से बाद में आने वाले 'व्यञ्जन' का द्वित्व होता है किन्तु प्रस्तुत सूत्र के अनुसार रेफ से बाद में आने वाला 'व्यञ्जन' यदि पद के अन्त में विद्यमान हो तो उसका द्वित्व नहीं होता है।

(ग) प्रस्तुत सूत्र ६।१ का अपवाद है। इन दोनों उदाहरणों में ६।१ के अनुसार रेफ का द्वित्व होना चाहिए किंतु प्रस्तुत सूत्र के द्वारा रेफ के द्वित्व का निषेध कर दिया गया है।

(घ) रेफ के द्वित्व का निषेध अप्राप्त था। उस अप्राप्त निषेध की प्राप्ति के लिए यह सूत्र है। इस सूत्र के अभाव में ६।१ के अनुसार रेफ का द्वित्व हो जाता।

---

[१] ऋ० १।१७४।२ [२] ऋ० १०।८।९ [३] ऋ० ७।१८।१६
[४] ६।११ [५] ऋ० १।१७४।२ [६] ऋ० १०।८।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वोष्मा संयुक्तोऽनुपधः ॥९॥

सू० अ०—पूर्व में कोई (वर्ण) न हो तो संयुक्त 'ऊष्म' (-वर्ण) विकल्प से (द्वित्व को प्राप्त होता है)।

उ० भा०—अनुपधः संयुक्त ऊष्मा वा क्रामति। "ह्ह्वयाम्यग्निम्"[१] "श्श्चोतन्ति कोशाः"[२]; "स्स्यन्दन्तां कुल्याः।"[३] ऊष्मा संयुक्तः इति किम्? "सोमः"। अनपधः इति कस्मात्? "मुहुरा ह्ह्लादुनीवृतः॥"[४]

उ० भा० अ०—अनुपधः=जिसके पूर्व में कोई (वर्ण) नहीं है वह; संयुक्तः ऊष्मा=अन्य "व्यञ्जन' से मिला हुआ 'ऊष्म' (-वर्ण); वा=विकल्प से; द्वित्व को प्राप्त होता है। (उदाहरण) "ह्ह्वयाम्यग्निम्"; "श्श्चोतन्ति कोशाः"; "स्स्यन्दन्तां कुल्याः।" "सयुक्त 'ऊष्म' (-वर्ण)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सोमः"।[क] जिसके पूर्व में कोई (वर्ण) न हो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "मुहुरा ह्ह्लादुनीवृतः।"[ख]

न तूष्मा स्वरोष्मपरः ॥१०॥

सू० अ०—'स्वर' (-वर्ण) और 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो 'ऊष्म' (-वर्ण) (द्वित्व को प्राप्त) नहीं (होता है)।

उ० भा०—न तु खलु ऊष्मा; (स्वरोष्मपरः=) स्वरोपरो वा ऊष्मपरो वा; क्रामति। स्वरपरः—"प्रत्यु अदर्शि"[५] "पर्षि"।[६] ऊष्मपरः—"यस्सोम सख्ये तव।"[७] किमर्थमिदमुच्यते? त्रयः सकारा मा भूवन्निति। स्वरोष्मपरः इति कस्मात्? "अदश्श्र्यायती"[८]; "आविर्दूतान्कृणुते वर्ष्ष्याँ अह॥"[९]

उ० भा० अ०—तु=किंतु; (स्वरोष्मपरः=) 'स्वर' (-वर्ण) और 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में होने पर; ऊष्मा='ऊष्म' (-वर्ण); न=नहीं; द्वित्व को प्राप्त होता है। स्वरपर (का उदाहरण) "प्रत्यु अदर्शि"; "पर्षि"। ऊष्मपर (का उदाहरण) "यस्सोम सख्ये तव।" यह किस लिए कहा गया है? (उत्तर) तीन सकार न हो जायें (इसलिए कहा है)।[ग] "'स्वर' (-वर्ण) और 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में न होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों

टि० (क) यहाँ 'ऊष्म'-वर्ण (सकार) का द्वित्व नहीं हुआ है क्योंकि यह सकार संयुक्त अर्थात् किसी अन्य 'व्यञ्जन' से मिला हुआ नहीं है।

(ख) पूर्व में 'स्वर' वर्ण (आकार) होने के कारण संयुक्त 'ऊष्म' वर्ण (=हकार) का प्रस्तुत सूत्र के अनुसार विकल्प से द्वित्व नहीं होता है अपितु ६।१ के अनुसार अवश्य ही द्वित्व होता है।

(ग) यदि 'ऊष्म'-वर्ण बाद में होने पर भी पूर्ववर्ती 'ऊष्म'-वर्ण का द्वित्व हो जावे तो वहाँ तीन सकार हो जायेंगे जो अभीष्ट नहीं है।

---

१ ऋ० १।३५।१ २ ऋ० १।८७।२ ३ ऋ० ५।८३।८
४ ऋ० ५।५४।३ ५ ऋ० ७।८१।१ ६ ऋ० ८।६७।११
७ ऋ० १।९१।१४ ८ ऋ० ७।८१।१ ९ ऋ० ५।८३।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कहा) ? (उत्तर) "अदश्श्र्यायती"; "आविर्दूतान्कृणुते वष्ट्र्याँ अह ।"क

न परक्रमोपधा ॥११॥

सू० अ०--परवर्ती द्विरुक्त ('व्यञ्जन') का पूर्ववर्ती ('व्यञ्जन') (द्वित्व को प्राप्त) नहीं (होता है)।

उ० भा०—न तु खलु; (परक्रमोपधा=) परक्रमस्योपधा; क्रामति। "महत्त-दुल्बम्।"[१] "प्रास्तौदृष्वौजाः॥"[२]

उ० भा० अ०—(परक्रमोपधा=) परवर्ती द्विरुक्त ('व्यञ्जन') का पूर्ववर्ती ('व्यञ्जन'); न=नहीं; द्वित्व को प्राप्त होता है; (अर्थात् द्विरुक्त 'व्यञ्जन' के पूर्व में विद्यमान 'व्यञ्जन' का द्वित्व नहीं होता है)। (उदाहरण) "महत्तदुल्बम्"; "प्रास्तौदृष्वौजाः।"ख

सहातिहाय पवमान यस्य
द्वे तने चेत्युपहितः पदादिः। छकारः ॥१२॥

सू०अ०—'सह', 'अतिहाय', 'पवमान', 'यस्य' (और) 'तने च'—ये दो (पद)-इनसे बाद में आने वाला पदादि छकार (द्वित्व को प्राप्त नहीं होता है)।

उ० भा०—सह, अतिहाय, पवमान, यस्य, द्वे तने च—इत्येतैः उपहितः पदादिश्छकारो न क्रामति। सह—"सहस्तोमाः सहछन्दस आवृतः।"[१] अतिहाय—"अतिहाय छिद्रा गात्राणि।"[२] पवमान—"यत्र ब्रह्मा पवमान छन्दस्याम्।"[३] यस्य—"यस्य छायामृतम्।"[४] द्वे तने च—"अध स्मा यच्छ तन्वे तने च छर्दिः।"[५] पदादि-ग्रहणमुत्तरार्थम्। द्वे इति कस्मात्? "उतो तदस्मै मध्विच्चच्छद्यात्॥"[६]

उ० भा० अ०—सह, अतिहाय, पवमान, यस्य; द्वे तने च=तने च—(य) दो (पद); इत्युपहितः=इनसे बाद में विद्यमान; पदादिश्छकारः=पद के आदि में स्थित छकार; द्वित्व को प्राप्त नहीं होता है।.....। पदादि का (सूत्र में) ग्रहण परवर्ती

टि० (क) इन दो उदाहरणों में 'ऊष्म'-वर्णों (=शकार और षकार) का ६।१ से द्वित्व हो गया है क्योंकि इनके बाद में न तो 'स्वर'-वर्ण है और न 'ऊष्म'-वर्ण है।

(ख) ६।१ का अपवाद। ६।१ के अनुसार लकार और सकार का द्वित्व होना चाहिए किंतु यहाँ लकार और सकार के बाद में (६।५ से प्राप्त) द्विरुक्त बकार (ब्ब) तथा द्विरुक्त तकार (त्त) हैं। इसलिए लकार और सकार का द्वित्व नहीं हुआ है।

---

[१] ऋ० १०।५१।१ [२] ऋ० १०।१०५।६ [३] ऋ० १०।१३०।७
[२] ऋ० १।१६२।२० [३] ऋ० ९।११३।६ [४] ऋ० १०।१२१।२
[४] ऋ० ६।४६।१२ [६] ऋ० १०।७३।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(सूत्र) के लिए (किया गया है)। दो ('तने च') यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "उतो तदस्मै मध्विच्चच्छद्यात्।"[क]

दीर्घेण च मेतिवर्जम् ॥१३॥

सू० अ०—'मा' को छोड़कर (अन्य किसी) 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) से भी (बाद में विद्यमान छकार द्वित्व को प्राप्त नहीं होता है)।

उ० भा०—दीर्घेण च उपहितः पदादिश्छकारो न क्रामति; (मेतिवर्जम्=) मा इत्येतद्दीर्घं वर्जयित्वा। "मर्माणि ते वर्मणा छादयामि।"[१] दीर्घण इति कस्मात् ? "उप च्छायामिव घृणेः।"[२] मेतिवर्जम् इति कस्मात् ? "मा च्छेद्म रश्मीँरिति।"[३] पदादिः इति किम् ?" ऐच्छाम त्वा बहुधा जातवेदः ॥"[४]

उ० भा० अ०—**दीर्घेण च**='दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) से भी; बाद में विद्यमान पदादि छकार द्वित्व को प्राप्त नहीं होता है; **मेतिवर्जम्**='मा'—इस 'दीर्घ' ('दीर्घ'-'स्वर'-वर्ण-घटित पद) को छोड़कर (अर्थात् 'मा' के अतिरिक्त अन्य कोई भी 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण पूर्व में हो तो पदादि छकार का द्वित्व नहीं होता है)। (उदाहरण) "मर्माणि ते वर्मणा छादयामि।"[ख] "'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) से"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "उप च्छायामिव घृणेः।"[ग] "'मा' को छोड़कर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "मा च्छेद्म रश्मीँरिति।"[घ] "पद का आदि"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "ऐच्छाम त्वा बहुधा जातवेदः।"[ङ]

टि० (क) छकार का द्वित्व ६।३ से हो गया है क्योंकि इसके पूर्व में 'तने च' ये दो शब्द नहीं हैं अपितु एक ही शब्द 'च' है। यहाँ छकार पद का आदि नहीं है, इसलिए यदि 'पदादि' को इस प्रस्तुत सूत्र के लिए समझा जायेगा तो पद के आदि में न होने के कारण ही छकार का द्वित्व हो जायेगा और छकार के पूर्व में 'तने च' इन दो पदों के होने की आवश्यकता नहीं रहेगी। किंतु भाष्यकार ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि प्रस्तुत सूत्र में पदादि का ग्रहण परवर्ती सूत्र के लिए किया गया है। ऐसा मानने पर इन दोनों पदों की सार्थकता बन जाती है।

(ख) प्रस्तुत सूत्र ६।३ का अपवाद है। प्रस्तुत सूत्र से 'छादयामि' के छकार का द्वित्व नहीं होता है।

(ग) ६।३ से छकार का द्वित्व हो गया है क्योंकि छकार के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण न होकर 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण है।

(घ) ६।३ से छकार का द्वित्व हो गया है क्योंकि छकार के पूर्व में 'मा' है।

(ङ) 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण ('ऐ') पूर्व में होने पर भी 'ऐच्छाम' के छकार का ६।३ से द्वित्व हो गया है क्योंकि यहाँ छकार पदादि नहीं है। 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण पूर्व में होने पर पदादि ही छकार के द्वित्व का निषेध प्रस्तुत सूत्र में किया गया है।

---

[१] ऋ० ६।७५।१८ [२] ऋ० ६।१६।३८
[३] ऋ० १।१०९।३ [४] ऋ० १०।५१।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संयुक्तं तु व्यञ्जनं शाकलेन ॥१४॥

सू० अ०—('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण से बाद में विद्यमान) संयुक्त वर्ण (का प्रथम 'व्यञ्जन') शाकल के मत से (द्वित्व को प्राप्त नहीं होता है)।

उ० अ०—संयुक्तं व्यञ्जनं दीर्घात्परं न क्रामति शाकलेन विधानेन। व्यञ्जनग्रहणं छकाराधिकारनिवृत्त्यर्थम्। "आ त्वा रथं यथोतये।"[१] शाकलेन इति कस्मात्? "आ त्वा रथम्।" पदादिरित्येवानुवर्तते—"रात्र्याश्चिदन्धो अति देव।"[२] संयुक्तम् इति कस्मात्? "मा च्छेद्म।"[३] एवमेके।

अपरे दीर्घग्रहणं पदादिग्रहणं च नानुवर्तयन्ति। अविशेषेण सर्वत्र शाकलमिच्छन्ति। "आ त्वा रथम्।" "रात्र्याश्चिदन्धः।" "तव त्यत्।"[४] "यज्जायथा अपूर्व्य॥"[५]

उ० भा० अ०—**संयुक्तं व्यञ्जनम्**=संयुक्त 'व्यञ्जन'; 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) से बाद में आने पर द्वित्व को प्राप्त नहीं होता है; **शाकलेन**=शाकल के विधान से (अर्थात् 'दीर्घ' स्वर'-वर्ण से बाद में स्थित संयुक्त वर्ण के प्रथम 'व्यञ्जन' का द्वित्व नहीं होता है)। (सूत्र में) **'व्यञ्जन'** का ग्रहण (६।१२ से प्राप्त) छकार के अधिकार को निवृत्ति के लिए (किया गया है)। (उदाहरण) "आ त्वा रथं यथोतये।" "शाकल के मत से"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ त्वा रथम्।"[क] (६।१२ से) **पदादि** की अनुवृत्ति (इस (इस सूत्र में भी) हो रही है—"रात्र्याश्चिदन्धो अति देव।"[ख] "संयुक्त ('व्यञ्जन')"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "मा च्छेद्म।"[ग] इस प्रकार कतिपय (आचार्य इस सूत्र की व्याख्या करते हैं)।

दूसरे (आचार्य इस सूत्र में) **दीर्घ**ग्रहण और **पदादि**ग्रहण की अनुवृत्ति नहीं करते हैं। बिना किसी विशेष के शाकल के मत को अभीष्ट मानते हैं। (इन आचार्यों के अनुसार शाकल के मत से इन सभी उदाहरणों में द्वित्व नहीं होगा) "आ त्वा रथम्"; "रात्र्याश्चिदन्धः"; "तव त्यत्"; "यज्जायथा अपूर्व्य।"

पदान्तीयो ह्रस्वपूर्वो ङकारो
नकारश्च क्रामत उत्तरे स्वरे ॥१५॥

सू० अ०—**'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) पूर्व में हो तो पद के अन्त में विद्यमान ङकार और नकार द्वित्व को प्राप्त होते हैं, यदि बाद में 'स्वर' (-वर्ण) ('ह्रस्व' या 'दीर्घ') हो।**

टि० (क) दूसरे आचार्यों के मत से यहाँ द्वित्व हो गया है।

(ख) 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण (आकार) के बाद में विद्यमान संयुक्त 'व्यञ्जन' तकार का ६।१ से द्वित्व हो गया है क्योंकि यह तकार पद के आदि में विद्यमान नहीं है।

(ग) 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण ('मा') के बाद में विद्यमान छकार का द्वित्व ६।१ से हो गया है क्योंकि यहाँ छकार संयुक्त 'व्यञ्जन' नहीं है।

---

[१] ऋ० ८।६८।१ [२] ऋ० १।९४।७ [३] ऋ० १।१०९।३
[४] ऋ० ८।१५।७ [५] ऋ० ८।८९।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—पदान्तीयो ह्रस्वपूर्वो ङ्कारो नकारश्च क्रामत उत्तरे स्वरे सति। "कीदृङ्ङिन्द्रः सरमे"[1]; "अहन्नहिं परिशयानम्।"[2] ह्रस्वपूर्वः इति कस्मात्? "अर्वाङेहि सोमकामं त्वाहुः"[3]; "पशून्ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान्।"[4] पदान्तीयः इति किम्? "सिनीवालि॥"[5]

उ० भा० अ०—**ह्रस्वपूर्वः**='ह्रस्व' (स्वर'-वर्ण) हो पूर्व में जिसके वह; **पदान्तीयो ङ्कारो नकारश्च**=पद के अन्त में विद्यमान ङ्कार और नकार; **क्रामतः**=द्वित्व को प्राप्त होते हैं; **उत्तरे स्वरे**=बाद में 'स्वर'वर्ण ('ह्रस्व' या 'दीर्घ') होने पर; (अर्थात् ङ्कार और नकार का द्वित्व हो जाता है यदि (१) इनके पूर्व में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण हो, (२) बाद में 'ह्रस्व' या 'दीर्घ' कोई भी 'स्वर'-वर्ण हो और (३) ये ङ्कार और नकार पद के अन्त में विद्यमान हों)। (उदाहरण) "कीदृङ्ङिन्द्रः सरमे"; "अहन्नहिं परिशयानम्।" "ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) पूर्व में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) 'अर्वाङेहि सोमकामं त्वाहुः"; पशून्ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान्।"[क] "पद के अन्त में विद्यमान"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सिनीवालि।"[ख]

(नियमानां सर्वत्र संगतिः)

अनादेशे पटलेऽस्मिन्विधानं
सर्वत्र विद्यादपि वैकृतानाम् ॥१६॥

(नियमों की सर्वत्र संगति)

सू० अ०—(पदान्त और पदादि का स्पष्ट) उल्लेख न होने पर इस पटल में (उल्लिखित) विधानों को सर्वत्र (अर्थात् केवल पदान्त और पदादि में ही नहीं अपितु पद के मध्य में भी) जानना चाहिए। वैकृत (वर्णों) पर भी (ये विधान लागू होते हैं)।

उ० भा०—अनादेशे। कस्य? पदान्तपदाद्योः। अस्मिन्पटले द्विर्वचनादि यत् विधानं तत्—"पदान्तादिष्वेव विकारशास्त्रं पदे दृष्टेषु"[6] इत्येतां परिभाषामुपमर्द्य सर्वत्र भवतीति विद्यात्। अपि वैकृतानां वर्णानां किं पुनः प्राकृतानाम्। के पुनर्वैकृताः? ये पदेऽदृष्टाः। यथा—प्रथमास्तृतीयभूता अन्तःपाताश्चेत्येवमादयः॥

उ० भा० अ०—**अनादेशे**=उल्लेख न होने पर। किसका (उल्लेख न होने पर)? (उत्तर) पदान्त और पदादि का। **अस्मिन्पटले**=इस (छठे) पटल में; द्विर्वचन (द्वित्व)

टि० (क) इन दोनों प्रत्युदाहरणों में 'स्वर'-वर्ण बाद में होने पर भी ङ्कार और नकार का द्वित्व नहीं हुआ है क्योंकि इनके पहले 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण न होकर 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है।

(ख) पूर्व में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण और बाद में 'स्वर'-वर्ण होने पर भी नकार का द्वित्व नहीं हुआ है क्योंकि यह नकार पद के अन्त में विद्यमान नहीं है।

---

[1] ऋ० १०।१०८।३ [2] ऋ० ३।३२।११ [3] ऋ० १।१०४।९
[4] ऋ० १०।९०।८ [5] ऋ० २।३२।६ [6] २।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदि जो; **विधानम्**=विधान है वह—"पद-पाठ में दिखलाई देने वाले पदान्तों और पदादियों में विकार-शास्त्र (लागू होता है)"—इस परिभाषा का उल्लंघन करके; **सर्वत्र**=सब स्थानों पर (=पदान्त, पदादि और पदमध्य में) लागू होता है; **विद्यात्**=यह जानना चाहिए। **अपि वैकृतानाम्**=वैकृत वर्णों में भी; प्राकृत (वर्णों) का तो कहना ही क्या? वैकृत कौन हैं? (उत्तर) जो पद-पाठ में दिखलाई नहीं देते हैं। जैसे—तृतीय को प्राप्त प्रथम (वर्ण)[क] और 'अन्तःपात'[ख] इत्यादि।

(अभिनिधानम्)

अभिनिधानं कृतसंहितानां
स्पर्शान्तस्थानामपवाद्य रेफम्।
संधारणं संवरणं श्रुतेश्च
स्पर्शोदयानाम् ॥१७॥

(अभिनिधान)

सू० अ०—'स्पर्श' (-वर्णों) का और रेफ को छोड़कर (अन्य) 'अन्तःस्था' (-वर्णों) का, संहिता करने के पश्चात्, 'अभिनिधान' (होता है), यदि (इनके) बाद में 'स्पर्श' (-वर्ण) हों। (वर्ण का) अवरोध (संधारण) और (वर्ण की) ध्वनि (श्रुति) का दबाना (संवरण) ('अभिनिधान' कहलाता है)।

उ० भा०—अभिनिधानमित्यधिकारः। यदित ऊर्ध्वमनुक्रमिष्यामः; कृतसंहितानाम्=(वर्णानाम्) संहिताकार्येषु कृतेषु; पश्चाद्भवतीत्यर्थः। केषामभिनिधानम्? (स्पर्शान्तस्थानाम्=) स्पर्शानां च अन्तःस्थानां च; अपवाद्य रेफं स्पर्शोदयानां तद्भवति। किं पुनस्तदभिनिधानं नाम? संधारणं च वर्णस्य, संवरणं च; (श्रुतेः=) वर्णश्रुतेः-एतदभिनिधानमिति वेदितव्यम्। "अर्वाग् देवा अस्य"[१]; "उप मा षड् द्वाद्वा"[२]; "यद् देवा अदः सलिले"[३]; "पुरू यो दग्धासि वना"[४]; "अब्दया चित्।"[५] "उल्कामिव"[६]; "दधिक्राव्णः।"[७]

कृतसंहिताग्रहणम्—"यद्यद् यामि"[८]—इत्यसंयुक्तेऽभिनिधाने तृतीयश्रवणार्थम्। "स्पर्शान्तःस्थानाम् इति कस्मात्? ब्रह्म; विष्णुः; स्म; पृश्निः। अपवाद्य रेफम् इति कस्मात्? "अर्चन्त्यर्कमर्किणः।"[९] स्पर्शोदयानाम् इति कस्मात्? "अद्याद्या श्वःश्वः"[१०]; "अध्वानयद्दुरिता।"[११] "सिनीवाल्यै जुहोतन"[१२]; "वव्रिवांसं महीरपः॥"[१३]

टि० (क) देखिए ४।२
(ख) देखिए ४।१६-१८

१ ऋ० १०।१२९।६ २ ऋ० ८।६८।१४ ३ ऋ० १०।७२।६
४ ऋ० ५।९।४ ५ ऋ० ५।५४।३ ६ ऋ० १०।६८।४
७ ऋ० ४।३९।२ ८ ऋ० ८।६१।६ ९ ऋ० १।१०।१
१० ऋ० ८।६१।१७ ११ ऋ० ६।१८।१० १२ ऋ० २।३२।७
१३ ऋ० ९।६१।२२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—'आभनिधान'—यह अधिकार है। इसके आगे जो कहेंगे वह; **कृतसंहितानाम्**=(वर्णों के) संहिताकार्यों को कर लेने पर; बाद में होता है—यह अर्थ है (अर्थात् वर्णों की संहिता निष्पन्न हो जाने के उपरान्त 'अभिनिधान' होता है)। (प्रश्न) किन (वर्णों) का ('अभिनिधान' होता है)? (उत्तर) **(स्पर्शान्तस्थानाम्**=) 'स्पर्श' (-वर्णों) का और 'अन्तःस्था' (-वर्णों) का; **अपवाद्य रेफम्**=रेफ को छोड़कर; **स्पर्शोदयानाम्**='स्पर्श' (-वर्ण) बाद में होने पर; वह ('अभिनिधान') होता है; (अर्थात् 'स्पर्श' वर्ण बाद में होने पर पूर्ववर्ती 'स्पर्श' वर्णों का, और रेफ को छोड़कर अन्य 'अन्तःस्था' वर्णों का 'अभिनिधान' होता है)। (प्रश्न) किंतु वह 'अभिनिधान' है क्या (वस्तु)? (उत्तर) **संधारणम्**=वर्ण को अवरुद्ध करना और; **(श्रुतेः**=) वर्ण की ध्वनि (श्रुति) का; **संवरणम्**=दबाना (=अपूर्ण उच्चारण करना)—इसे 'अभिनिधान' जानना चाहिए; (अर्थात् दो समीपवर्ती व्यञ्जनों में से प्रथम 'व्यञ्जन' को द्वितीय 'व्यञ्जन' से कुछ पृथक् करके और तब उसकी ध्वनि को कुछ दबाकर उसका अपूर्ण उच्चारण करना 'अभिनिधान' कहलाता है)। (उदाहरण)—"अर्वाग् देवा अस्य"[क]; "उप मा षड् द्वाद्वा"; "यद् देवा अदः सलिले"; "पुरू यो दग्धासि वना"; "अब्दया चित्।" "उल्कामिव"; "दधिक्रावृणः।"

"संहिता करने के अनन्तर" का (सूत्र में) ग्रहण—"यद्यद् यामि"—इस 'असंयुक्त अभिनिधान' में तृतीय ('व्यञ्जन') के श्रवण के लिए (किया गया है)।[ख] "'स्पर्श' (-वर्णों) का और 'अन्तःस्था' (-वर्णों) का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) 'ब्रह्म'; 'विष्णुः'; 'स्म' (और) 'पृश्निः'।[ग] "रेफ को छोड़कर"—यह (सूत्र में) क्यों

टि० (क) यहाँ 'अर्वाक्' के ककार और 'देवाः' के दकार की संहिता करने पर "अर्वाग्देवाः" रूप निष्पन्न होता है। अब 'स्पर्श' (गकार) के बाद में 'स्पर्श' (दकार) विद्यमान है; अतः प्रस्तुत सूत्र के अनुसार गकार का उच्चारण 'अभिनिधान' को प्राप्त होता है। गकार के तुरन्त बाद में दकार है जिससे गकार के उच्चारण के तुरन्त बाद में दकार का उच्चारण करना चाहिए किंतु प्रस्तुत सूत्र के अनुसार ऐसा न करके गकार को दकार से थोड़ा पृथक् करके तथा गकार की ध्वनि को कुछ दबाकर उच्चारण किया जाता है। यही अपूर्ण उच्चारण (incomplete articulation) 'अभिनिधान' है। अन्य उदाहरणों में भी 'अभिनिधान' को ऐसे ही समझ लेना चाहिए।

(ख) 'अभिनिधान' में सम्बद्ध व्यञ्जनों के मध्य में इतना विच्छेद हो जाता है कि 'अभिनिधान' के अनन्तर वे व्यञ्जन एक दूसरे पर प्रभाव नहीं डालते और एक के कारण दूसरे में विकार नहीं होता है। "यत्ऽयत्। यामि" (प०पा०) जैसे स्थलों पर यदि संहिता करने से पहले 'अभिनिधान' कर लिया जाय तो फिर ४।२ के अनुसार तकार दकार नहीं होगा किन्तु संहिता में दकार उपलब्ध होता है। इसलिए पहले वर्णों की संहिता कर लेते हैं और तब 'अभिनिधान' करते हैं।

(ग) इन चारों स्थलों पर स्पर्श बाद में होने पर भी हकार, षकार, सकार और शकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ है क्योंकि ये न तो 'स्पर्श' हैं और न 'अन्तःस्था' हैं अपितु 'ऊष्मन्' हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कहा) ? (उत्तर) "अर्चन्त्यर्कमर्किणः ।"क "'स्पर्श' (वर्ण) वाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अद्याद्या श्वःश्वः"; "अव्वानयद्दुरिता ।" "सिनीवाल्यै जुहोतन"; "वव्रिवांसं महीरपः ।"ख

अपि चावसाने ॥१८॥

सू० अ०—अन्त (अवसान) में (वर्तमान होने पर) भी (इन वर्णों का 'अभिनिधान' होता है)।

उ० भा०—अवसानेऽपि च वर्तमानानामेतेषां वर्णानामभिनिधानं वेदितव्यम् । वाक्; विट्; यत्; त्रिष्टुप् ॥

उ० भा० अ०—अवसानेऽपि च=अन्त में भी; वर्तमान इन वर्णों का 'अभिनिधान' जानना चाहिए। (उदाहरण) वाक्; विट्; यत्; त्रिष्टुप्।ग

अन्तस्थाः स्वे स्वे च परेऽपि रक्ताः ॥१९॥

सू० अ०—अपना-अपना (वर्ण) बाद में रहने पर 'अनुनासिक' ('रक्त') भी 'अन्तःस्था' (वर्ण) ('अभिनिधान') को प्राप्त होते हैं।

उ० भा०—अन्तःस्था अभिनिधीयन्ते स्वे स्वे च प्रत्यये; अरक्ता अपि रक्ता अपि । "यय्ँ यय्ँ युजम्"[१]; "इमल्ँ लोगम्"[२]; 'अङ्गादङ्गाल् लोम्नोलोम्नः[३]; "तवँ् वो दस्ममृतीषहम्"[४]; "तमर्व्वन्तम् ।"[५] स्वे स्वे च इति किम् ? "सिनीवाल्यै ॥"[६]

उ० भा० अ०—स्वे स्वे च=अपना-अपना (वर्ण) बाद में होने पर भी; अन्तःस्थाः='अन्तःस्था' (वर्ण); 'अभिनिधान' को प्राप्त होते हैं; रक्ता अपि='अनुनासिक' भी और 'अननुनासिक' भी। (अर्थात् 'अनुनासिक' और 'अननुनासिक' 'अन्तःस्था' वर्ण 'अभिनिधान' को प्राप्त होते हैं, यदि बाद में वही-वही 'अन्तःस्था' वर्ण हो)। (उदाहरण) "यय्ँ यय्ँ युजम्"; "इमल्ँ लोगम्"; "अङ्गादङ्गाल् लोम्नोलोम्नः"; "तवँ् वो दस्ममृतीषहम्"; "तमर्व्वन्तम् ।" "अपना-अपना वर्ण परे होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सिनीवाल्यै"।घ

टि० (क) 'स्पर्श' परे होने पर भी रेफ का 'अभिनिधान' नहीं हुआ है क्योंकि सूत्र में यह विधान किया गया है कि रेफ को छोड़कर अन्य 'अन्तःस्था' वर्णों का 'अभिनिधान' होता है, रेफ का नहीं।

(ख) इन चारों उदाहरणों में 'स्पर्श'-वर्णों और 'अन्तःस्था'-वर्णों का 'अभिनिधान' नहीं हुआ है क्योंकि बाद में 'स्पर्श'-वर्ण नहीं हैं।

(ग) इन स्थलों पर क्रमशः ककार, टकार, तकार और पकार का 'अभिनिधान' होता है।

(घ) लकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ है क्योंकि उसके बाद में वही 'अन्तःस्था' (=लकार) न होकर अन्य 'अन्तःस्था' (=यकार) है।

---

१ ऋ० २।२५।२ ऋ० ८।८८।१ २ ऋ० १०।१८।१३ ३ ऋ० १०।१६३।६ ४ ऋ० ४।१५।६ ५ ऋ० २।३२।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लकार ऊष्मस्वपि शाकलेन ॥२०॥

सू० अ०—शाकल के मत से 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में होने पर भी लकार ('अभिनिधान' को प्राप्त हो जाता है)।

उ० भा०—लकारः अभिनिधीयत ऊष्मस्वपि प्रत्ययेषु शाकलेन विधानेन। "नारायासो न जल्हवः"[१]; "वनस्पते शतवल्शः।"[२] शाकलेन इति कस्मात्? "न जल्हवः"; "शतवल्शः" ॥

उ० भा० अ०—**ऊष्मस्वपि**='ऊष्म' (वर्ण) बाद में रहने पर भी; **लकारः**=लकार; 'अभिनिधान' को प्राप्त होता है; **शाकलेन**=शाकल के विधान से। (उदाहरण) 'नारायासो न जल्हवः"; "वनस्पते शतवल्शः।" "शाकल के मत से"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "न जल्हवः"; "शतवल्शः"।[क]

खकारे चैवमुदये ककारः ख्यातेर्धातोः ॥२१॥

सू० अ०—उसी प्रकार खकार बाद में होने पर 'ख्या' धातु का ककार भी ('अभिनिधान' को प्राप्त होता है)।

उ० भा०—खकारे चोदये ख्यातेर्धातोः ककार एवम्। कथम्? शाकलेनाभिधीयते। "अक्ख्यद्देवः।"[३] शाकलेन इति कस्मात्? "अक्ख्यद्देवः॥"

उ० भा० अ०—**खकारे चोदये**=और खकार बाद में होने पर; **ख्यातेर्धातोः ककारः**='ख्या' धातु का ककार; **एवम्**=उसी प्रकार (होता है)। (प्रश्न) किस प्रकार? (उत्तर) शाकल के मत से 'अभिनिधान' को प्राप्त होता है। (उदाहरण) "अक्ख्यद्देवः।" "शाकल के मत से"—यह क्यों (कहा)? (उत्तर) "अक्ख्यद्देवः।"[ख]

रप्शतेर्वा पकारः ॥२२॥

सू० अ०—'रप्श्' (-धातु) का पकार भी ('अभिनिधान') को प्राप्त होता है)।

उ० भा०—रप्शतेः; (वा=) च; पकारः शकार एवम्। कथम्? शाकलेनाभिनिधीयते। "विरप्शी गोमती मही।"[४] शाकलेनेति कस्मात्? "विरप्शी गोमती मही।"

उ० भा० अ०—**रप्शतेः**='रप्श्' (धातु) का; **पकारः**=पकार; **(वा=)** भी; शकार बाद में रहने पर, उसी प्रकार (होता है)। (प्रश्न) किस प्रकार? (उत्तर) शाकल

टि० (क) अन्य आचार्यों के मत से इन दोनों स्थलों पर 'अभिनिधान' नहीं होता है। केवल शाकल के मत से 'ऊष्म'-वर्ण बाद में रहने पर भी लकार 'अभिनिधान' को प्राप्त होता है।

(ख) अन्य आचार्यों के मत से खकार परे होने पर 'ख्या' धातु का ककार 'अभिनिधान' को प्राप्त नहीं होता है।

---

[१] ऋ० ८।६१।११ [२] ऋ० ३।८।११ [३] ऋ० ४।१४।१ [४] ऋ० १।८।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के मत से 'अभिनिधान' को प्राप्त होता है। (उदाहरण) "विरप्शी गोमती मही।" "शाकल के मत से"—यह क्यों (कहा) ? (उत्तर) "विरप्शी गोमती मही।"क

पदान्तीया यरवोष्मोदयाश्च स्पर्शाः पदादिष्ववरे मकारात् ॥२३॥

सू० अ०—मकार से पूर्व वाले (अर्थात् क् से लेकर भ् तक) 'स्पर्श', पद के अन्त में आने पर, (शाकल के मत से 'अभिनिधान' को प्राप्त होते हैं), यदि पद के आदि में वर्तमान य, र, व और 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हों।

उ० भा०—पदान्तीयाः स्पर्शाः; (अवरे मकारात्=) मकारं वर्जयित्वा; (यरवोष्मोदयाश्च पदादिषु=) य, र, व, ऊष्मा—इत्येतेषु च पदादिषु वर्तमानेषूदयेषु; शाकलेनाभिनिधीयन्ते। "यद्यद्यामि तदा भर।"१ "तद् रासभो नासत्या।"२ "यान् वो नरो देवयन्तः।"३ "दध्यङ् ह मे"४; "अर्वाक् शफाविव"५; "शर्मन् स्याम।"६

स्पर्शग्रहणमन्तःस्थाधिकारनिवृत्त्यर्थम्। पदान्तीयाः इति कस्मात् ? "त्वं तान्त्सं च"७—इत्यत्रान्तःपातलक्षणस्य तकारस्य न भवत्यपदान्तत्वात्। पदादिषु इति कस्मात् ? "उद्वेति सुभगः"८—इत्यत्र उकारस्य पदादित्वात्पूर्वस्य न भवति। अवरे मकारात् इति कस्मात् ? "सम्राज्ञी श्वसुरे भव॥"९

उ० भा० अ०—**पदान्तीयाः स्पर्शाः**=पद के अन्त में विद्यमान 'स्पर्श' (-वर्ण); **(अवरे मकारात्=)** मकार को छोड़कर; शाकल के मत से 'अभिनिधान' को प्राप्त होते हैं; **(यरवोष्मोदयाश्च पदादिषु=)** पद के आदि में विद्यमान य, र, व और 'ऊष्म' (-वर्ण) – ये बाद में हों तो; (अर्थात् 'क्' से लेकर 'भ्' तक का कोई भी 'स्पर्श' 'अभिनिधान' को प्राप्त हो जाता है, यदि वह (१) पद के अन्त में विद्यमान हो और (२) पद के आदि में वर्तमान य, र, व या 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हों)। (उदाहरण) "यद्यद् यामि तदा भर।"ख "तद् रासभो नासत्या।" "यान् वो नरो देवयन्तः।" "दध्यङ् ह मे"; "अर्वाक् शफाविव"; "शर्मन् स्याम।"

(सूत्र में) **'स्पर्श'** का ग्रहण (६।१७ से प्राप्त) 'अन्तःस्था' के अधिकार की निवृत्ति के लिये (किया गया है)। "पद के अन्त में विद्यमान (स्पर्श)"—यह (सूत्र में) क्यों

टि० (क) अन्य आचार्यों के मत से शकार बाद में होने पर 'रप्श्' धातु का पकार 'अभिनिधान' को प्राप्त नहीं होता है।

(ख) यहाँ द्वितीय 'यद्'-पद के दकार का 'अभिनिधान' हो गया क्योंकि यह दकार (१) पद के अन्त में विद्यमान है और (२) इसके बाद में पद के आदि में विद्यमान यकार है। इसी प्रकार अन्य उदाहरणों को भी समझना चाहिये।

---

१ ऋ० ८।६१।६ २ ऋ० १।११६।२ ३ ऋ० ३।८।६
४ ऋ० १।१३९।१ ५ ऋ० २।३९।३ ६ ऋ० ७।३४।२५
७ ऋ० २।१।१५ ८ ऋ० ७।६३।१ ९ ऋ० १०।८५।४६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कहा) ? (उत्तर) "त्वं तान्तसं च"—यहाँ पर पद के अन्त में न आने से 'अन्तःपात' रूप तकार का 'अभिनिधान' नहीं होता है।[क] "पद के आदि में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "उद्वेति सुभगः"—यहाँ उकार के पदादि होने से पूर्ववर्ती (अर्थात् दकार) का ('अभिनिधान') नहीं होता है।[ख] "भकार से पूर्व वाले"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सम्राज्ञी श्वसुरे भव।"[ग]

असंयुक्तं शाकलम् ॥२४॥

सू० अ०—शाकल के मत (से निष्पन्न 'अभिनिधान') असंयुक्त है (अर्थात् सम्बद्ध व्यञ्जनों का संयुक्त उच्चारण नहीं होता है)।

उ० भा०—"लकार ऊष्मस्वपि शाकलेन"[१] इत्येवमादि यदनुक्रान्तं शाकलं तत् असंयुक्तं भवतीति वेदितव्यम्। उक्तान्येवोदाहरणानि॥

उ० भा० अ०—"शाकल के मत से 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में होने पर भी लकार ('अभिनिधान' को प्राप्त होता है)"—इस (सूत्र) से प्रारम्भ करके (६।२३ तक) जो **शाकलम्**= शाकल का मत; कहा गया है वह; **असंयुक्तम्**=असंयुक्त ('अभिनिधान'); होता है[घ]—यह जानना चाहिये। उदाहरण कहे ही जा चुके हैं।

तन्न पद्ये स्वित्युत्तरे ॥२५॥

सू० अ०—'सु' 'पद्य' बाद में हो तो वह (=शाकल का मत) नहीं (लागू होता है)।

टि० (क) त्वम्। तान्। सम्। च॥ प० पा०

संहिता-पाठ में तकार ४।१७ के अनुसार 'अन्तःपात' के रूप में आया है। यहाँ पदान्त नकार है, तकार नहीं। पद के अन्त में न होने के कारण तकार 'अभिनिधान' को प्राप्त नहीं होता है।

(ख) उत्। ऊँ इति। एति। सुऽभगः॥ प० पा०

पद के अन्त में विद्यमान होने पर भी (तकार के स्थान पर आने वाला) दकार 'अभिनिधान' को प्राप्त नहीं होता है क्योंकि इसके बाद में वकार तो है परन्तु वह वकार पदादि नहीं है। यहाँ पदादि उकार है।

(ग) सम्ऽराज्ञी। श्वसुरे। भव॥ प० पा०

पदादि रेफ परे होने पर भी पदान्तीय मकार 'अभिनिधान' को प्राप्त नहीं हुआ है क्योंकि प्रस्तुत सूत्र में यह विधान किया गया है कि मकार को छोड़कर अन्य स्पर्शों का 'अभिनिधान' होता है, मकार का नहीं।

(घ) इन स्थलों पर संयुक्त व्यञ्जनों का सहोच्चारण नहीं होता है। यद्यपि सभी आचार्यों के अनुसार जहाँ-जहाँ 'अभिनिधान' होता है वहाँ-वहाँ प्रथम 'व्यञ्जन' का अवरोध करके ही उच्चारण होता है तथापि दोनों व्यञ्जनों के मध्य में अधिक व्यवधान नहीं होता है। शाकल के मत से व्यवधान अधिक होता है।

---

[१] ६।२०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—न खलु; (तत्=) शाकलम्; वेदितव्यं सु इति एतस्मिन् उत्तरे पद्ये। "अप्स्वग्ने सधिष्टव।"[१] स्वित्युत्तरे इति कस्मात्? "यद्यद् यामि तदा भर॥"[२]

उ० भा० अ०—सु इति='सु' यह; उत्तरे पद्ये='पद्य' बाद में हो तो; तत्=वह=शाकल का मत; न=नहीं; जानना चाहिये; (अर्थात् 'सु' 'पद्य' बाद में हो तो शाकल के द्वारा प्रतिपादित 'अभिनिधान' नहीं होता है)। (उदाहरण) "अप्स्वग्ने सधिष्टव।"क "'सु' बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यद्यद् यामि तदा भर।"

वा त्वनेकाक्षरान्त्याः ॥२६॥

सू० अ०—अनेक अक्षरों वाले पद के अन्त में विद्यमान ('स्पर्श') ('सु' 'पद्य' बाद में होने पर) विकल्प से ('अभिनिधान' को प्राप्त होते हैं)।

उ० भा०—अनेकाक्षरान्त्याः तु स्पर्शा वा शाकलमापद्यन्ते पद्ये स्वित्युत्तरे। "वाजमर्वत्सु पय उस्रियासु।"[३] अनेकाक्षरान्त्याः इति कस्मात्? "हृत्सु क्रतुं वरुणो अप्स्वग्निम्"[४] इति॥

उ० भा० अ०—अनेकाक्षरान्त्याः तु=किंतु अनेक अक्षरों वाले (पद) के अन्त में आने वाले; 'स्पर्श' तो; वा=विकल्प से; शाकल के द्वारा प्रतिपादित ('अभिनिधान') को प्राप्त होते हैं, यदि 'सु' 'पद्य' बाद में हो। (उदाहरण) "वाजमर्वत्सु पय उस्रियासु"ग ("वाजमर्वत्सु पय उस्रियासु")। "अनेक अक्षरों वाले (पद) के अन्तिम 'स्पर्श'"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "हृत्सु क्रतुं वरुणो अप्स्वग्निम्।"घ

सर्वत्रैके करणस्थानभेदे वा शाकलम् ॥२७॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) शाकल के मत को सर्वत्र विकल्प से (मानते हैं), यदि (दोनों सम्बद्ध व्यञ्जनों में) 'करण' (आभ्यन्तर प्रयत्न) अथवा (उच्चारण-) 'स्थान' (अथवा दोनों) का भेद हो।

टि० (क) अप्ऽसु। अग्ने। सधिः। तव॥ प० पा०

यह सूत्र ६।२३ का अपवाद है। 'ऊष्म'-वर्ण (=सकार) बाद में होने पर पकार का 'अभिनिधान' नहीं हुआ है।

(ख) दकार का 'अभिनिधान' हो गया है क्योंकि बाद में 'सु 'पद्य' नहीं है।

(ग) वाजम्। अर्वत्ऽसु। पयः। उस्रियासु॥ प० पा०

(घ) हृत्ऽसु। क्रतुम्। वरुणः। अप्ऽसु। अग्निम्॥ प० पा०

'हृत्सु' और 'अप्सु' में 'अभिनिधान' नहीं हुआ है क्योंकि तकार और पकार अनेकाक्षर पदों (पद्यों) के अन्त में नहीं, अपितु एकाक्षर पदों (पद्यों) के अन्त में वर्तमान है।

---

[१] ऋ० ८।४३।९ [२] ऋ० ८।६१।६
[३] ऋ० ५।८५।२ [४] ऋ० ५।८५।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**सर्वत्र**=पद्ये चापद्ये च। **एके** आचार्याः; (**करणस्थानभेदे**=) करणभेदे च स्थानभेदे च; **वा**=विभाषा; **शाकलम्** इच्छन्ति। करणभेदे। क्रियत इति करणं प्रयत्नो वर्णात्मगुणतत्त्वता। तस्य भेदे—"सकृत् सु नः।"[१] स्थानभेदे—"अब्जाः"[२]; "यद् बंहिष्ठम्।"[३] उभयोर्भेदे—"अप्स्वग्ने"[४]; "नृषद् वरसत्।"[५] करण-स्थानभेदे इति कस्मात्? 'तत्तदग्निः"[६]; "यत् ते यमम्।"[७] "वा त्वनेकाक्षरान्त्याः"[८] इति प्रकृते वाग्रहणे पुनर्वाग्रहणमनेकाक्षराधिकारनिवृत्त्यर्थम्॥

उ० भा० अ०—**सर्वत्र**='पद्य' में और 'अपद्य' में; **एके**=कतिपय आचार्य; **करणस्थानभेदे**='करण' का भेद होने पर और 'स्थान' का भेद होने पर; **वा**=विभाषा=विकल्प से; **शाकलम्**=शाकल के मत को; अभीष्ट मानते हैं; (अर्थात् दोनों सम्बद्ध व्यञ्जनों में आभ्यंतर 'प्रयत्न' अथवा उच्चारण-'स्थान' अथवा दोनों का भेद हो तो शाकल के मत को विकल्प से मानते हैं)। **करण का भेद होने पर**—"क्रियत इति करणम्" (इस निर्वचन से (आभ्यंतर) 'प्रयत्न' को 'करण' (कहते हैं) जो ('करण') वर्णों का गुण-तत्त्व है। उस ('करण') का भेद होने पर—"सकृत् सु नः।"[क] **'स्थान' का भेद होने पर**—"अब्जाः[ख]"; "यद् बंहिष्ठम्।"[ग] **दोनों** (आभ्यंतर 'प्रयत्न' और उच्चारण 'स्थान') **का भेद होने पर**—"अप्स्वग्ने"; "नृषद् वरसत्।" "आभ्यंतर 'प्रयत्न' और उच्चारण-'स्थान' का भेद होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "तत्तदग्निः"; "यत् ते यमम्।"[घ] "अनेक अक्षरों वाले पद के अन्त में विद्यमान ('स्पर्श') ('सु' 'पद्य' परे होने पर) विकल्प से ('अभिनिधान' को प्राप्त होते हैं)"—इस (सूत्र) से **वा** का ग्रहण प्रस्तुत होने पर भी (इस सूत्र में) जो पुनः **वा** का ग्रहण किया गया है वह (६।२६ से प्राप्त) 'अनेकाक्षर' के अधिकार की निवृत्ति के लिये (किया गया है)।

टि० (क) तकार और सकार—ये दोनों—समान 'स्थान' वाले अर्थात् 'दन्त्य' हैं तथापि इनमें आभ्यंतर 'प्रयत्न' का भेद है। तकार का आभ्यंतर 'स्पृष्ट' है जबकि सकार का आभ्यंतर 'प्रयत्न' 'विवृत्त' है।

(ख) बकार और जकार—इन दोनों का आभ्यंतर 'प्रयत्न' समान अर्थात् 'स्पृष्ट' है किंतु उच्चारण 'स्थान' की दृष्टि से दोनों में भेद है। बकार 'ओष्ठ्य' है जबकि जकार 'तालव्य' है।

(ग) दकार और बकार—इन दोनों का आभ्यंतर 'प्रयत्न' समान अर्थात् 'स्पृष्ट' है किंतु उच्चारण-'स्थान' की दृष्टि से दोनों में भेद है। दकार 'दन्त्य' है जबकि बकार 'ओष्ठ्य' है।

(घ) दोनों उदाहरणों में तकार और तकार इन दोनों में न तो आभ्यंतर 'प्रयत्न' का भेद है और न उच्चारण-'स्थान' का।

---

१ ऋ० १०।३३।३ २ ऋ० ४।४०।५ ३ ऋ० ५।६२।९
४ ऋ० ८।४३।९ ५ ऋ० ४।४०।५ ६ ऋ० ८।३९।४
७ ऋ० १०।५८।१ ८ ६।२६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथमे स्पर्शवर्गे ॥२८॥

सू० अ०—प्रथम 'स्पर्श'-वर्ग में (कतिपय आचाय शाकल-मत को मानते हैं)।

उ० भा०—(प्रथमे स्पर्शवर्गे=) प्रथमस्पर्शवर्गस्य; एके आचार्याः शाकलमिच्छन्ति। "सम्यक् स्रवन्ति"[1]; "अर्वाग् रथं विश्ववारम्"[2]; "प्रत्यङ् विश्वं स्वः ॥"[3]

उ० भा० अ०—(प्रथमे स्पर्शवर्गे=) प्रथम 'स्पर्श'-वर्ग (=कवर्ग) के विषय में; कतिपय आचार्य शाकल के मत को अभीष्ट मानते हैं। (उदाहरण) "सम्यक् स्रवन्ति"; "अर्वाग् रथं विश्ववारम्"; "प्रत्यङ् विश्वं स्वः।"

(यमः)

स्पर्शा यमाननुनासिकाः स्वा-
न्परेषु स्पर्शेष्वनुनासिकेषु ॥२९॥

(यम)

सू० अ०—'अननुनासिक' 'स्पर्श' अपने यमों को प्राप्त हो जाते हैं, यदि बाद में 'अनुनासिक' 'स्पर्श' हों।

उ० भा०—अननुनासिकाः स्पर्शाः स्वान्यमान् आपद्यन्ते अनुनासिकेषु स्पर्शेषु परेषु। "पलिक्नीरित्"[4]; "चक्रथुः"; "परि ग्मन्"[5]; "वृत्रघ्ने परि"[6]; "निदो यत्र मुमुच्महे"[7]; "परिज्मानमिव"[8]; "आत्मा ते वातः"[9]; "अमथ्नादन्यम्"[10]; "वद्मा सूनो"[11]; "आ ते दारूणि दध्मसि"[12]; "आप्नानं तीर्थम्"[13]; "गृभ्णाणि ते।"[14] स्पर्शाः इति कस्मात्? "स्त्री हि ब्रह्मा"[15]; "दधिक्राव्णः।"[16] अननुनासिकाः इति कस्मात्? "अर्वाङ् नरा"[17] "समन्या यन्ति।"[18] स्वान् इति किमर्थमुच्यते? संज्ञाप्रकरणे—"चतस्रोऽन्तस्थाः"[19]; "अष्टा ऊष्माणः"[20] इति वर्णाः कृतसंख्या निर्दिश्यन्ते, न तथा यमाः। तस्मादिह स्पर्शा यमाननुनासिका इत्युच्यमाने विंशतित्वात्स्थानिनामादेशानामपि यमानां विंशतित्वप्रसङ्गः। स मा भूत्। चतुर्णामेव यमानां प्रथमाः प्रथमं द्वितीया द्वितीयमेवमा पञ्चमादापद्येरन्नित्युच्यते। स्पर्शेषु इति कस्मात्? "उपस्थाँ एका।"[21] अनुनासिकेषु इति कस्मात्? "यद्बंहिष्ठम् ॥"[22]

उ० भा० अ०—अननुनासिकाः स्पर्शाः='अननुनासिक' 'स्पर्श'; स्वान् यमान्= अपने 'यम'; हो जाते हैं; अनुनासिकेषु स्पर्शेषु परेषु='अनुनासिक' 'स्पर्श' बाद में हों तो;

---

[1] ऋ० ४।५८।६ [2] ऋ० ६।३७।१ [3] ऋ० १।५०५।
[4] ऋ० ५।२।४ [5] ऋ० ४।४३।६ [6] ऋ० ९।९८।१०
[7] ऋ० ९।२९।५ [8] ऋ० १।१२७।२ [9] ऋ० ७।८७।२
[10] ऋ० १।९३।६ [11] ऋ० ६।१३।६ [12] ऋ० ८।१०२।२०
[13] ऋ० १०।११४।७ [14] ऋ० १०।८५।३६ [15] ऋ० ८।३३।१९
[16] ऋ० ४।४०।१ [17] ऋ० ७।८२।८ [18] ऋ० २।३५।३
[19] ऋ० १।९ [20] ऋ० १।१०
[21] ऋ० १।३५।६ [22] ऋ० ५।६२।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अर्थात् वर्गों के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ण अपने-अपने 'यम' हो जाते हैं, यदि बाद में वर्गों के पञ्चम वर्ण हों)।[क] (उदाहरण) "पलिक्नीरित्"; "चक्रथुः"[ख]; "परिग्मन्"; "वृत्रघ्ने परि"; "निदो यत्र मुमुच्महे"; "परिज्मानमिव"; "आत्मा ते वातः"; "अमथ्नादन्यम्"; "वद्मा सूनो"; "आ ते दारूणि दध्मसि"; "आप्नानं तीर्थम्"; "गृभ्णामि ते।" "स्पर्श"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "स्त्री हि ब्रह्मा"; "दधिक्राव्णः।"[ग] "अननुनासिक"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अर्वाङ् नरा"; "समन्त्या यन्ति।"[घ]

"अपने ('यम')"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) संज्ञा-प्रकरण में—"चार 'अन्तःस्था' हैं"; "आठ 'ऊष्मन्' हैं"—इस प्रकार वर्णों की संख्या बतलाकर उनका निर्देश किया गया है; उस प्रकार यमों (का संख्या के साथ निर्देश नहीं किया गया है)। इसलिये यहाँ " 'अननुनासिक' 'स्पर्श' 'यम' (हो जाते हैं)"—यह कहे जाने पर 'स्थानी' के बीस होने से आदेशरूप यमों के भी बीस होने का प्रसङ्ग (उपस्थित हो जाता है); वह न होवे। यमों के चार ही होने से प्रथम ('स्पर्श') प्रथम ('यम'). द्वितीय ('स्पर्श') द्वितीय ('यम')—इस प्रकार पाँच से पहले (अर्थात् चार) तक होते हैं—इसलिये (सूत्र में) "अपने 'यम'" कहा गया है।[ङ] " 'स्पर्श' बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों

टि० (क) तै० प्रा० (२१।१२), अ० प्रा० (१।९९), ना० शि० (२।२।८-९) इत्यादि ग्रन्थों के अनुसार 'अननुनासिक' 'स्पर्श' वर्ण के बाद में 'अनुनासिक' 'स्पर्श' हो तो उन दोनों के मध्य में 'अनुनासिक' 'स्पर्श' से अतिरिक्त एक 'नासिक्य' वर्ण का आगम हो जाता है जिसे 'यम' कहते हैं किंतु ऋग्वेद-प्रातिशाख्य के अनुसार 'यम' आगम नहीं है। इसके अनुसार 'अनुनासिक' 'स्पर्श' बाद में होने पर 'अननुनासिक' 'स्पर्श ही 'यम'-संज्ञक 'नासिक्य' वर्ण हो जाता है।

(ख) यह पद ऋग्वेद में नहीं मिलता है इसलिये अनेक हस्तलेखों में इस पद का ग्रहण नहीं किया गया है।

(ग) 'अनुनासिक' 'स्पर्श' (मकार और णकार) बाद में होने पर भी हकार और वकार 'यम' नहीं हुए हैं क्योंकि हकार और वकार 'स्पर्श' नहीं हैं।

(घ) 'अनुनासिक' 'स्पर्श' (नकार) बाद में होने पर भी ङकार और नकार 'यम' नहीं हुए हैं क्योंकि ङकार और नकार 'अननुनासिक' न होकर 'अनुनासिक' हैं।

(ङ) यमों की संख्या के विषय में मतभेद है। कतिपय आचार्यों का मत है कि प्रत्येक 'अननुनासिक' 'स्पर्श' के लिए एक 'यम' है जिससे 'अननुनासिक' स्पर्शों ('स्थानी') के बीस होने के कारण 'यम' भी बीस हैं। सूत्रकार ने यमों की संख्या के विषय में कुछ नहीं कहा है किंतु भाष्यकार के अनुसार 'यम' चार हैं जिन्हें इस प्रकार दिखलाया जा सकता है—

(१) 'अघोष' 'अल्पप्राण' 'यम'—क्ँ, च्ँ, ट्ँ, त्ँ, प्ँ।

(२) 'अघोष' 'महाप्राण' 'यम'—ख्ँ, छ्ँ, ठ्ँ, थ्ँ, फ्ँ।

(३) 'सघोष' 'अल्पप्राण' 'यम'—ग्ँ, ज्ँ, ड्ँ, द्ँ, ब्ँ।

(४) 'सघोष' 'महाप्राण' 'यम'—घ्ँ, झ्ँ, ढ्ँ, ध्ँ, भ्ँ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कहा) ? (उत्तर) "उपस्थाँ एका ।"क "'अनुनासिक' 'स्पर्श' बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "यद्बंहिष्ठम् ।"ख

न स्पर्शस्योष्मप्रकृतेः प्रतीयाद्यमापत्तिम् ॥३०॥

सू० अ०—यह जानना चाहिये कि 'ऊष्मन्' से उत्पन्न होने वाला 'स्पर्श' 'यम' नहीं होता है ।

उ० भा०—न खलु स्पर्शस्योष्मप्रकृतेर्यमापत्तिम्; (प्रतीयात्=) जानीयात् । "प्रदोधुवच्छ्मश्रुषु ॥"[१]

उ० भा० अ०—**ऊष्मप्रकृतेः**='ऊष्मन्' से उत्पन्न होने वाले; **स्पर्शस्य**='स्पर्श' को; **यमापत्तिम्**='यम' की प्राप्ति; **न**=नहीं (होती है); (**प्रतीयात्**=) यह जानना चाहिये; (अर्थात् 'ऊष्मन्' से उत्पन्न 'स्पर्श' 'यम' नहीं होता है)। (उदाहरण) "प्रदोधुवच्छ्मश्रुषु ।"ग

नाभिनिधानभावम् ॥३१॥

सू० अ०—('ऊष्मन्' से उत्पन्न 'स्पर्श' का) 'अभिनिधान' नहीं होता है ।

उ० भा०—अभिनिधानभावं चोष्मप्रकृतेः स्पर्शस्य न प्रतीयात् । "घनेव वज्रिञ्छ्नथिहि ॥"[२]

उ० भा० अ०—'ऊष्मन्' से उत्पन्न होने वाले 'स्पर्श' के; **अभिनिधानभावम्**='अभिनिधान' होने को; **न**=नहीं; जानना चाहिये (अर्थात् 'ऊष्मन्' से उत्पन्न होने वाले 'स्पर्श' का 'अभिनिधान' नहीं होता है)। (उदाहरण) "घनेव वज्रिञ्छ्नथिहि ।"घ

यमः प्रकृत्यैव सदृक् ॥३२॥

सू० अ०—'यम' (अपनी) प्रकृति (=अपने मूलभूत 'व्यञ्जन') के सदृश होता है ।

उ० भा०—यमः प्रकृत्यैव सदृग्भवति । यस्य यमापत्तिरुच्यते तत्स्वरूपो भवतीत्यर्थः । "पलिक्नीः"[३] **इत्यत्र ककाररूपो यमो वेदितव्यः; "अग्मन्"**[४] **इति गकाररूपः;**

टि० (क) थकार 'यम' नहीं हुआ है क्योंकि बाद में 'अनुनासिक' 'स्पर्श' 'व्यञ्जन' नहीं अपितु 'अनुनासिक' 'स्वर' है ।

(ख) 'अननुनासिक' 'स्पर्श (दकार) 'यम' नहीं हुआ है क्योंकि बाद में 'अनुनासिक' 'स्पर्श' न होकर 'अननुनासिक' 'स्पर्श' (बकार) है ।

(ग) प्रऽदोधुवत् । श्मश्रुषु ॥ प० पा०

यहाँ छकार 'यम' नहीं हुआ है क्योंकि यह छकार ४।१२ के अनुसार शकार ('ऊष्मन्') के स्थान पर आया है ।

(घ) घनाऽइव । वज्रिन् । श्नथिहि ॥ प० पा०

---

[१] ऋ० २।११।१७ [२] ऋ० १।६३।५

[३] ऋ० ५।२।४ [४] ऋ० १।१२२।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"जघ्नथुः"[१] इति घकाररूपः; "परिज्मानम्"[२] इति जकाररूपः; "अप्नस्वतीम्"[३] इति पकाररूपः ॥

उ० भा० अ०—**यमः प्रकृत्यैव सदृक्** = 'यम' अपने मूलभूत 'व्यञ्जन' के ही सदृश; होता है। जिस (मूलभूत 'व्यञ्जन') की 'यम'-प्राप्ति कही जाती है (अर्थात् जो मूलभूत 'व्यञ्जन' 'यम' होता है) उस (मूल-भूत 'व्यञ्जन') के समान ही (वह 'यम') होता है—यह अर्थ है। (जैसे) "पलिक्नीः" में 'यम' को ककाररूप जानना चाहिये; "अग्मन्" में ('यम' को) गकाररूप (जानना चाहिये); "जघ्नथुः" में ('यम' को) घकाररूप (जानना चाहिये); "परिज्मानम्" में ('यम' को) जकाररूप (जानना चाहिये); "अप्नस्वतीम्" में ('यम' को) पकाररूप (जानना चाहिये)।

श्रुतिर्वा यमेन मुख्यास्ति समानकाला ॥३३॥

सू० अ०—अथवा 'यम' के उच्चारण के काल में ही मुख में एक (स्पर्शात्मक) ध्वनि (=उच्चारण) होती है।

उ० भा०—(वा=) अथवा; (यमेन=) यमोच्चारणेन; समानकाला; (मुख्या=) मुखे भवा; श्रुतिः अस्ति यया यमस्तद्रूपो लक्ष्यते। "पलिक्नीः"[४]; "यज्ञस्य"[५]; "गृभ्णामि ते।"[६] यस्माद्यमा नासिकास्थानाश्चत्वारः सन्तो विंशतिस्थानिनां सरूपा लक्ष्यन्ते; तस्मादिदमुच्यते ॥

उ० भा० अ०—(वा=) अथवा; (यमेन) समानकाला='यम' के उच्चारण के समय में ही; (मुख्या=) मुख में होने वाली; श्रुतिः=ध्वनि (=उच्चारण); होती है जिससे 'यम' उसके (=मूलभूत 'व्यञ्जन' के) रूप वाला दिखलाई पड़ता है (अर्थात् 'यम' वर्ण के 'नासिक्य' उच्चारण के साथ ही साथ मुख में मूलभूत 'व्यञ्जन' के अनुरूप स्पर्शात्मक उच्चारण भी होता है)। यतः नासिका स्थान वाले 'यम' चार होते हुए भी बीस 'स्थानी' ('स्पर्श' व्यञ्जनों) के रूप वाले हैं— अतः यह कहा गया है।

अनन्यस्तु प्रकृतेः प्रत्ययार्थे ॥३४॥

सू० अ०—बाद में आने वाले (='यम') के कार्य के विषय में तो ('यम') मूलभूत 'व्यञ्जन' (प्रकृति) से अभिन्न है।

उ० भा०—अनन्यस्तु प्रकृतेः प्रत्ययार्थे वेदितव्यः। प्रत्ययार्थे किमुक्तं भवति? यमः प्रकृत्याश्रयाणि कार्याणि लभते—इत्यर्थः। तस्मात्—"उपद्ध्मातेव धमति"[७] इत्यत्र—"सोष्मा तु पूवण सहोच्यते सकृत्"[८] इति दकारेण सहोच्यते यमः ॥

उ० भा० अ०—**प्रत्ययार्थे**=बाद में आने वाले (='यम') के कार्य के विषय में (अर्थात् जहाँ तक 'यम' के कार्य का सम्बन्ध है वहाँ तो); **अनन्यस्तु प्रकृतेः**=('यम') मलभूत 'व्यञ्जन' से अभिन्न होता है। बाद में आने वाले (='यम') के कार्य के विषय

---

१ ऋ० ७।९९।४ २ ऋ० १।२०।३ ३ ऋ० १।११२।२४
४ ऋ० ५।२।४ ५ ऋ० १।१।१ ६ ऋ० १०।८५।३६
७ ऋ० ५।९।५ ८ ६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में क्या कहा गया है ? (उत्तर) 'यम' मूलभूत 'व्यञ्जन' (प्रकृति) के ही कार्यों को प्राप्त करता है—यह अर्थ है। इसलिए—"उप द्ध्मातेव धमति"—यहाँ पर—" 'सोष्म' (-वर्ण) तो अपने पूर्ववर्ती ('अल्पप्राण' 'व्यञ्जन') के साथ एक बार उच्चारित होता है"—इस (सूत्र) से 'यम' दकार के साथ (एक बार) उच्चारित होता है।

न संयोगं स्वरभक्तिर्विहन्ति ॥३५॥

सू० अ०—'स्वरभक्ति' संयुक्त वर्ण ('संयोग') का विच्छेद नहीं करती है।

उ० भा०—न खलु; संयोगम् संयोगकार्याणि; स्वरभक्तिर्विहन्ति। "या सुजूर्णिः श्रेणिः सुम्नआपिर्ह्वदेचक्षुः"[१]—स्वरभक्तिव्यवायेऽपि "परं रेफात्"[२]—इति क्रामति ॥

उ० भा० अ०—**स्वरभक्तिः**='स्वरभक्ति'क; **संयोगम्**=संयुक्त वर्ण ('संयोग') के कार्यों का; **न**=नहीं; **विहन्ति**=विच्छेद करती है। (उदाहरण) "या सुजूर्णिः श्रेणिः सुम्नआपिर्ह्वदेचक्षुः"—'स्वरभक्ति' का व्यवधान होने पर भी—"रेफ से परवर्ती (वर्ण का द्वित्व होता है)"—इससे (णकार) द्वित्व को प्राप्त होता है।

यमान्नासिक्या स्वरभक्तिरुत्तरा गार्ग्यस्य ॥३६॥

सू० अ०—गार्ग्य के मत से 'यम' के बाद में नासिका 'स्थान' वाली 'स्वरभक्ति' होती है।

उ० भा०—यमादुत्तरा; (नासिक्या=) नासिकास्थाना; स्वरभक्तिः आगमो भवति गार्ग्यस्य भगवतोऽभिप्रायेण। "पलिक्नीरित्"[३]; "परिज्मानमिव ॥"[४]

उ० भा० अ०—**यमादुत्तरा**='यम' से बाद में; **(नासिक्या=)** नासिका 'स्थान' वाली; **स्वरभक्तिः**='स्वरभक्ति'-रूप आगम; होता है; **गार्ग्यस्य**=भगवान् गार्ग्य के अभिप्राय से (अर्थात् गार्ग्य के मत से 'यम' के बाद में नासिका 'स्थान' वाली 'स्वरभक्ति' का आगम होता है)। (उदाहरण) "पलिक्नीरित्"; "परिज्मानमिव।"

ऊष्मा सोष्मणः ॥३७॥

सू० अ०—(गार्ग्य के मत से) 'सोष्म' (-'यम') से बाद में (नासिका 'स्थान' वाले) 'ऊष्मन्' का (आगम होता है)।

उ० भा०—तस्यैवाभिप्रायेण सोष्मणो यमादुत्तरो नासिकास्थानः; (ऊष्मा=) ऊष्मागमः, भवति। "अमथ्नादन्यम् ॥"[५]

उ० भा० अ०—उन्हीं गार्ग्य आचार्य के अभिप्राय से; **सोष्मणः**='सोष्मन्'; 'यम' से बाद में नासिका 'स्थान' वाला; **(ऊष्मा=)** 'ऊष्म'-रूप आगम; होता है। (उदाहरण) "अमथ्नादन्यम्।"

टि० (क) 'स्वरभक्ति' के लिये पृ० ६५ पर टि० (क) तथा ६।४६ को देखिए।

---

१ ऋ० १०।९५।६ २ ६।४ ३ ऋ० ५।२।४
४ ऋ० १।१२७।२ ५ ऋ० १।९३।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्जयेत्तम् ॥३८॥

सू० अ०—उस (आगम) का परित्याग करना चाहिए।

उ० भा०—तम् ऊष्माणं वर्जयेत्। "अमन्थादन्यम्॥"[१]

उ० भा अ०—**तम्**=उस; 'ऊष्म' (–रूप आगम) का; **वर्जयेत्**=परित्याग करना चाहिए (अर्थात् पूर्ववर्ती सूत्र में निर्दिष्ट 'ऊष्म'–रूप आगम का उच्चारण नहीं करना चाहिए)।

(ध्रवसंज्ञो नादः)

नादः परोऽभिनिधानाद् ध्रुवं तत्तत्कालस्थानम् ॥३९॥

(ध्रव-संज्ञक नाद)

सू० अ०—('सघोष' 'व्यञ्जन' के') 'अभिनिधान' से बाद में उसी ('अभिनिधान') के (उच्चारण) के काल तक रहने वाले नाद का आगम होता है जिसे 'ध्रुव' कहते हैं।

उ० भा०—घोषवतः अभिनिधानात्परो नाद आगमो भवति; (ध्रुवम्=) ध्रुवसंज्ञम्; च तत् भवति। तत्कालस्थानम्=अभिनिधानकालस्थानम्—इत्यर्थः। "अर्वाग् देवाः"[२]; "यद् देवा अदः।"[३] तत्रैक आहुः—

ध्रुवकालमनिर्देश्यमल्पत्वात्कवयो विदुः।
यद्धि प्रागणुमात्रायाः कालभेदेऽपि तत्समम्।
नादो ह्यभिनिधानेन पीड्यमानो न नश्यति।
तस्मादुच्चार्यते तस्य यावद्वर्णात्मनः परम्।
एकान्तलोपं कवयो वर्णयन्ति ध्रुवस्य च।
नासिकास्थानं रक्तस्य तथा रूपेण निर्दिशेत्।
सप्तमीकालनिर्दिष्टे पूर्वस्य विधिरिष्यते।
पञ्चम्यास्तूत्तरस्याहुस्तस्मात्कृच्छ्रस्त्वणुर्भवेत् ॥ इति।

ध्रुवसंज्ञायाः प्रयोजनम् "सवर्णपूर्वस्य सहध्रुवस्य"[४] इति॥

उ० भा० अ०—'सघोष'; **अभिनिधानात्परः**='अभिनिधान' से बाद में; **तत्कालस्थानम्**=उस ('अभिनिधान') के (उच्चारण) के काल तक रहने वाले; **नादः**=नाद का; आगम होता है; **तत् ध्रुवम्**=इसे 'ध्रुव' (कहते हैं) (अर्थात् 'सघोष' 'व्यञ्जन' का जब 'अभिनिधान' होता है तब उस 'अभिनिधान' के बाद में 'ध्रुव'-संज्ञक नाद का आगम होता है। इस नाद का काल 'अभिनिधान' के काल के बराबर होता है—जब तक

---

[१] ऋ० १।९३।६
[२] ऋ० १०।१२९।६
[३] ऋ० १०।७२।६
[४] ६।४५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अभिनिधान' रहता है तब तक यह नाद भी होती रहती है)। (उदाहरण) "अर्वाग् देवाः"; "यद् देवा अदः।"[क] इसके विषय में कतिपय आचार्य कहते हैं—

विद्वान् लोगों का कहना है कि अल्प होने के कारण 'ध्रुव' के काल का निर्देश नहीं किया जा सकता है। यदि काल का भेद (विवेक) किया जाये तो वह ('ध्रुव') अणुमात्रा (सबसे छोटे संभव काल) के आरम्भ भाग (अर्थात् एक अंश) के बराबर होगा। 'अभिनिधान' के द्वारा दबाया जाने पर भी यह ('ध्रुव'-संज्ञक) नाद विनष्ट नहीं होता है। इसलिए (अभिनिधीयमान) वर्ण के काल के बाद में उस ('ध्रुव') का उच्चारण होता है। कतिपय विद्वान् 'ध्रुव' का पूर्णतया लोप बतलाते हैं। 'अनुनासिक' ('रक्त') ('अभिनिधान') से बाद में विद्यमान ('ध्रुव') नासिका 'स्थान' वाला होता है, इसलिए उसका वैसा ही (=नासिक्य ही) उच्चारण करना चाहिए। सप्तमी के द्वारा निर्दिष्ट होने पर पूर्ववर्ती का विधान अभीष्ट होता है। किन्तु पञ्चमी के द्वारा निर्दिष्ट होने पर परवर्ती का विधान अभीष्ट होता है इसलिए ('अभिनिधान' के बाद में 'ध्रुव' का उच्चारण होता है) चाहे वह काल कितना ही अल्प हो। **ध्रुव**-संज्ञा का प्रयोजन—"सवर्णपूर्व तथा **ध्रुव**-सहित ('अभिनिधान') का।"

अश्रुति त्वघोषात् ॥४०॥

सू० अ०—किंतु 'अघोष' ('अभिनिधान') से (बाद में आने वाला 'ध्रुव') सुनाई नहीं पड़ता है।

उ० भा०—अघोषात् अभिनिधानात् तु ध्रुवम् अश्रुति भवति। "वाक् पतङ्गाय"[१]; "यत् ते यमम् ॥"[२]

उ० भा० अ०—**तु**=किन्तु; **अघोषात्**='अघोष' 'अभिनिधान' से; बाद में आने वाला 'ध्रुव'; **अश्रुति**=न सुनाई पड़ने वाला; होता है (अर्थात् 'अघोष' 'अभिनिधान' से बाद में स्थित 'ध्रुव'-संज्ञक नाद का श्रवण नहीं होता है)। (उदाहरण) "वाक् पतङ्गाय"; "यत् ते यमम्।"

नासिकास्थानमनुनासिकाच्चेत् ॥४१॥

सू० अ०—यदि 'अनुनासिक' ('अभिनिधान') से (बाद में हो तो 'ध्रुव') नासिका 'स्थान' वाला होता है।

उ० भा०—नासिकास्थानं ध्रुवं वेदितव्यम् अनुनासिकात् अभिनिधानात्; (चेत्=) यदि; परं भवति। "अर्वाङ् नरा"; [३] "तन् मे जुषस्व ॥"[४]

टि० (क) इन दोनों स्थलों पर ६।१७ के अनुसार गकार और दकार का 'अभिनिधान' होता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार इन 'सघोष' व्यञ्जनों (गकार और दकार) के 'अभिनिधान' के बाद में 'ध्रुव'-संज्ञक नाद का आगम होता है।

---

[१] ऋ० १०।१८९।३ [२] ऋ० १०।५८।१ [३] ऋ० ७।८२।८
[४] ऋ० ७।९९।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(**चेत्**=) यदि; **अनुनासिकात्**='अनुनासिक' 'अभिनिधान' से; बाद में हो तो 'ध्रुव' को; **नासिकास्थानम्**=नासिका 'स्थान' वाला; जानना चाहिए; (अर्थात् 'अनुनासिक' 'व्यञ्जन' में होने वाले 'अभिनिधान' से बाद में स्थित 'ध्रुव' का उच्चारण नासिका से होता है)। (उदाहरण) "अर्वाङ् नरा"; "तन् मे जुषस्व।"

अन्तस्थायाः पूर्वस्वरूपमेव ॥४२॥

सू० अ०—'अन्तःस्था' से (बाद में आने वाला 'ध्रुव') पूर्व (='अन्तःस्था') के स्वरूप का ही (होता है)।

उ० भा०—**अन्तःस्थाया ध्रुवं पूर्वस्वरूपमेव भवति। "यय्ँ यय्ँ युजम्"[1]; "वयव्ँ वयं ते"[2]; "तव्ँ वो दस्मम्"[3]; "पर्व्वतश्चित्"[4]; "इमल्ँ लोगम्॥"[5]**

उ० भा० अ०—**अन्तःस्थायाः**='अन्तःस्था' से; बाद में हो तो 'ध्रुव'; **पूर्वस्वरूपमेव**=पूर्ववर्ती के स्वरूप का ही; होता है; (अर्थात् 'अन्तःस्था'-संज्ञक व्यञ्जन का 'अभिनिधान' हो तो 'अन्तःस्था' के स्वरूप का ही 'ध्रुव' होता है)। (उदाहरण) "यय्ँ यय्ँ युजम्"; "वयव्ँ वयं ते"; "तव्ँ वो दस्मम्"; "पर्व्वतश्चित्"; "इमल्ँ लोगम्।"

(अभिनिधानलोपे मतद्वयम्)

व्याळेः सर्वत्राभिनिधानलोपः ॥४३॥

(अभिनिधान के लोप के विषय में दो मत)

सू० अ०—व्याळि के मत से सर्वत्र "अभिनिधान' का लोप होता है।

उ० भा०—(**व्याळेः**=) व्याळेराचार्यस्य; **सर्वत्र**; (**अभिनिधानलोपः**=) अभिनिधानस्य लोपः; भवति। "उप द्ध्मातेव"[6] "अर्वाग्देवाः।"[7] सर्वत्रग्रहणमन्तःस्थाधिकारनिवृत्त्यर्थम्॥

उ० भा० अ०—(**व्याळेः**=) व्याळि आचार्य के मत से; **सर्वत्र**=सभी स्थलों पर; (**अभिनिधानलोपः**=) 'अभिनिधान' का लोप; होता है। (उदाहरण) "उप द्ध्मातेव"; "अर्वाग्देवाः।" (सूत्र में) **सर्वत्र** का ग्रहण (६।४२ से प्राप्त) 'अन्तःस्था' के अधिकार की निवृत्ति के लिये (किया गया है)।

परक्रमस्वररेफोपधे न ॥४४॥

सू० अ०—जब परवर्ती ('व्यञ्जन') का द्वित्व हुआ हो अथवा पूर्व में 'स्वर' या रेफ हो तो ('अभिनिधान' का लोप) नहीं (होता है)।

उ० भा०—**व्याळेराचार्यस्य; परक्रमस्वररेफोपधे**=परक्रमे च स्वरोपधे च रेफोपधे च; **न लोपो भवत्यभिनिधानस्य। परक्रमे**-"महत्तदुल्बम्।"[8] **स्वरोपधे**-"अर्वाग्देवाः।"[9]

---

[1] ऋ० २।२५।२ [2] ऋ० १०।२२।१२ [3] ऋ० ८।८८।१
[4] ऋ० ५।६०।३ [5] ऋ० १०।१८।१३ [6] ऋ० ५।९।५
[7] ऋ० १०।१२९।६ [8] ऋ० १०।५६।१ [9] ऋ० १०।१२९।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कथमिदमुभयत्रोदाह्रियते लोपे चालोपे च ? द्वयोगकारयोरुत्तरस्मिन्नभिनिधानलोपः, पूर्वस्मिन्नलोपः। तस्मादुभयत्रोदाह्रियते। रेफोपधे "परा वर्क् ॥"[१]

उ० भा० अ०—व्याळि आचार्य के मत से; (**परक्रमस्वररेफोपधे** =) परवर्ती ('व्यञ्जन') का द्वित्व होने पर अथवा 'स्वर' पूर्व में होने पर अथवा रेफ पूर्व में होने पर; 'अभिनिधान' का लोप; **न**=नहीं; होता है।[क] **परवर्ती का द्वित्व होने पर**—"महत्तदुल्बम्।" **स्वर पूर्व में होने पर**—"अर्वाग्देवाः।" लोपपक्ष और अलोपपक्ष—इन दोनों में इस (अर्वाग्देवाः) का उदाहरण कैसे दे रहे हो ? (उत्तर) दो गकारों में से बाद वाले में 'अभिनिधान' का लोप होता है तथा पहले वाले में ('अभिनिधान' का) लोप नहीं होता है (अर्थात् "अर्वाग्देवाः" का द्वितीय गकार ६।४३ का उदाहरण है और प्रथम गकार ६।४४ का उदाहरण है)। इसलिए दोनों (=लोपपक्ष और अलोपपक्ष) में उदाहरण दिया गया है। **रेफ पूर्व में होने पर**—"परा वर्क्।"

सवर्णपूर्वस्य सहध्रुवस्य विपर्ययो ध्रुवशिष्टेऽपरेषाम् ॥४५॥

सू० अ०—दूसरे आचार्यों के अनुसार 'ध्रुव' के विधान में (यह ज्ञातव्य है कि) 'सवर्ण' ('व्यञ्जन') से पूर्व में विद्यमान तथा 'ध्रुव'-सहित ('अभिनिधान') का विपर्यय (=लोप) (होता है)।

उ० भा० **एतस्मिन्; ध्रुवशिष्टे**=ध्रुवविधाने; **अपरेषाम्** आचार्याणां **सवर्णपूर्वस्य; सहध्रुवस्य**=ध्रुवसहितस्य; **अभिनिधानस्य विपर्ययो** वेदितव्यः। **कश्च विपर्ययः ? अलोप इति प्रकृतस्तस्य; विपर्ययः**=लोपः। "यद्देवा अदः।"[२] "व्याळेः सर्वत्राभिनिधानलोपः"[३] इत्येवं सिद्धे नियमार्थमिदमुच्यते। सवर्णपूर्वस्यैव स्यात्, इह मा भूत्—"अर्वाग् देवाः"[४] इति। "परक्रमस्वररेफोपधे न" इत्येवानुवर्तते। **सहध्रुवस्य** इति कस्मात् ? "यत् ते यमम् ॥"[५]

उ० भा० अ०—**अपरेषाम्**=दूसरे आचार्यों के मत से; इस; **ध्रुवशिष्टे**='ध्रुव' के विधान में; **सवर्णपूर्वस्य**='सवर्ण' ('व्यञ्जन') से पूर्व में विद्यमान; तथा; (**सहध्रुवस्य**=) 'ध्रुव'-सहित; 'अभिनिधान' का; **विपर्ययः**=लोप; जानना चाहिए। विपर्यय क्या है ? (उत्तर) अलोप (पूर्ववर्ती सूत्र से) प्रस्तुत है, उसका; विपर्यय=लोप; (अर्थात् इन आचार्यों के अनुसार 'अभिनिधान' का लोप हो जाता है यदि (१) वह 'अभिनिधान' 'सवर्ण' 'व्यञ्जन' का हो और (२) उस 'अभिनिधान' के बाद में 'सवर्ण' 'व्यञ्जन' हो)। (उदाहरण) "यद्देवा अदः।" "व्याळि के मत से 'अभिनिधान' का सर्वत्र लोप हो

टि० (क) व्याळि के मत से 'अभिनिधान' के केवल ये तीन स्थल हैं—(१) जब संयुक्त वर्ण ('संयोग') के द्वितीय 'व्यञ्जन' का द्वित्व होता है तो द्वित्व के परिणामस्वरूप आने वाले 'व्यञ्जन' का, अथवा (२) 'स्वर' के बाद में विद्यमान 'व्यञ्जन' का अथवा (३) रेफ के बाद में विद्यमान 'व्यञ्जन' का 'अभिनिधान' होता है।

---

[१] ऋ० ८।७५।१२ [२] ऋ० १०।७२।६ [३] ६।४३
[४] ऋ० १०।१२९।६ [५] ऋ० १०।५८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाता है"—इससे ही (लोप) सिद्ध होने पर यह सूत्र नियम के लिए कहा गया है। 'सवर्ण' ('व्यञ्जन') से पूर्ववर्ती ('अभिनिधान' का ही लोप) होवे; यहाँ (लोप) न होवे—"अर्वाग् देवाः।"क "('संयोग' के) परवर्ती ('व्यञ्जन') का द्वित्व होने पर तथा 'स्वर' या रेफ पूर्व में होने पर"—इसकी (६।४४ से) अनुवृत्ति हो रही है। 'ध्रुव'-सहित ('अभिनिधान') का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यत् ते यमम।"ख

(स्वरभक्तिः)

रेफात्स्वरोपहिताद्व्यञ्जनोदयादृकारवर्णा
स्वरभक्तिरुत्तरा ॥४६॥

(स्वरभक्ति)

सू० अ०—'स्वर' (वर्ण) पूर्व में और 'व्यञ्जन' (वर्ण) बाद में हो जिसके ऐसे रेफ से बाद में ऋवर्णात्मक 'स्वरभक्ति' (उत्पन्न होती है)।

उ० भा०—**रेफात्स्वरोपहिताद्व्यञ्जनोदयादृकारवर्णा स्वरभक्तिरुत्तरा उपजायते।** "यदद्य कर्हि कर्हि चित्"१; "अर्चन्त्यर्कमर्किणः।"२ **स्वरोपहितात्** इति कस्मात्? "आष्ट्रचां पदं कुणुते अग्निधाने।"३ **व्यञ्जनोदयात्** इति कस्मात्? "नुरूपकृत्नुम्॥"४

उ० भा० अ०—**स्वरोपहितात्**='स्वर' (-वर्ण) है पूर्व में जिसके ऐसे; **व्यञ्जनोदयात्**='व्यञ्जन' (-वर्ण) है बाद में जिसके ऐसे; **रेफात्**=रेफ से; **उत्तरा**=बाद में; **ऋकारवर्णा स्वरभक्तिः**=ऋवर्णात्मक 'स्वरभक्ति'ग; उत्पन्न होती है; (अर्थात् यदि (१) रेफ के पूर्व में 'स्वर'-वर्ण हो और (२) बाद में 'व्यञ्जन' वर्ण हो तो रेफ और परवर्ती 'व्यञ्जन' के मध्य में एक अति 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण का उच्चारण किया जाता है जिसे 'स्वरभक्ति' कहते हैं)। (उदाहरण) "यदद्य कर्हि कर्हि चित्"घ; "अर्चन्त्यर्कमर्किणः।"ङ

टि० (क) यहाँ गकार के 'अभिनिधान' का लोप नहीं हुआ है क्योंकि इस 'अभिनिधान' के बाद में गकार का 'सवर्ण' 'व्यञ्जन' नहीं अपितु 'असवर्ण' 'व्यञ्जन' (दकार) है।

(ख) यहाँ तकार के 'सवर्ण' 'व्यञ्जन' के पूर्व में होने पर भी तकार के 'अभिनिधान' का लोप नहीं हुआ है क्योंकि ६।४० के अनुसार तकार ('अघोष' 'व्यञ्जन') के 'अभिनिधान' के बाद में 'ध्रुव'-संज्ञक नाद का आगम नहीं होता है।

(ग) 'स्वरभक्ति' के लिए पृष्ठ ६५ पर टि० (क) को देखिए।

(घ) 'स्वर'-वर्ण (अकार) पूर्व में और 'व्यञ्जन'-वर्ण (ह्कार) बाद में होने के कारण रेफ के बाद में ऋवर्णात्मक 'स्वरभक्ति' का उच्चारण होता है। इस प्रकार 'कर्हि' का उच्चारण 'कर्ऋहि' होगा।

(ङ) इस उदाहरण में 'स्वरभक्ति' के तीन स्थल हैं। पूर्व में स्वर'-वर्ण (अकार) और बाद में 'व्यञ्जन' वर्ण (चकार और ककार) होने के कारण रेफ से बाद में ऋवर्णात्मक 'स्वरभक्ति' का उच्चारण होता है। इस उदाहरण का उच्चारण इस प्रकार होगा—"अर्ऋचन्त्यर्ऋकमर्ऋकिणम्।"

---

१ ऋ० ८।७३।५ २ ऋ० १।१०।१ ३ ऋ० १०।१६५।३ ४ ऋ० १।४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"'स्वर' पूर्व में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "आष्ट्र्यां पदं कृणुते अग्निधाने।"[क] "'व्यञ्जन' बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सुरूपकृत्नुम्।"[ख]

विच्छेदात्स्पर्शोष्मपराच्च घोषिणः ॥४७॥

सू० अ०—'सघोष' 'अभिनिधान' ('विच्छेद') से (बाद में भी 'स्वरभक्ति' उत्पन्न होती है), यदि बाद में 'स्पर्श' (-वर्ण) अथवा 'ऊष्म' (-वर्ण) हो।

उ० भा०—(घोषिणः) विच्छेदात्=घोषिणोऽभिनिधानात्; (स्पर्शोष्मपराच्च) स्पर्शपरादूष्मपराच्च; स्वरभक्तिरुत्तरोपजायते। "अर्वाग् देवाः।"[१] "शतवल्शः।"[२] "विच्छेदात् इति कस्मात् ? "अर्वाग्देवाः"; "शतवल्शः।" स्पर्शोष्मपरात् इति कस्मात् ? "यद्यद् यामि तदा भर।"[३] घोषिणः इति कस्मात् ? "सम्यक् स्रवन्ति॥"[४]

उ० भा० अ०—(स्पर्शोष्मपराच्च=) 'स्पर्श' (-वर्ण) या 'ऊष्म' (-वर्ण) है बाद में जिसके ऐसे; घोषिणः विच्छेदात्='सघोष' 'अभिनिधान' से; बाद में 'स्वरभक्ति' उत्पन्न होती है; (अर्थात् 'सघोष' 'अभिनिधान' से बाद में 'स्पर्श' अथवा 'ऊष्मन्' हो तो दोनों के मध्य में एक अति 'ह्रस्व' 'स्वर' का आगम होता है)। (उदाहरण) "अर्वाग् देवाः।" "शतवल्शः।" "'अभिनिधान' ('विच्छेद') से बाद में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अर्वाग्देवाः।" "शतवल्शः"।[ग] "'स्पर्श' (-वर्ण) या 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "यद्यद् यामि तदा भर"।[घ] "'सघोष' ('अभिनिधान') से"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सम्यक् स्रवन्ति।"[ङ]

द्राघीयसी तूष्मपरा ॥४८॥

सू० अ०—'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो (वह 'स्वरभक्ति') 'दीर्घ' (होती है)।

टि० (क) यहाँ रेफ के बाद में 'स्वरभक्ति' का उच्चारण नहीं होता है क्योंकि रेफ के पूर्व में 'स्वर'-वर्ण नहीं है।

(ख) यहाँ रेफ के बाद में 'स्वरभक्ति' का उच्चारण नहीं होता है क्योंकि रेफ के बाद में 'व्यञ्जन'—वर्ण नहीं अपितु 'स्वर'-वर्ण है।

(ग) इन दो प्रत्युदाहरणों में क्रमशः 'स्पर्श'-वर्ण और 'ऊष्म'-वर्ण बाद में होने पर भी गकार और लकार के बाद में 'स्वरभक्ति' का आगम नहीं होता है क्योंकि यहाँ गकार और लकार का 'अभिनिधान' ही नहीं हुआ है।

(घ) यहाँ 'सघोष' 'अभिनिधान' (द्) से बाद में 'स्वरभक्ति' का आगम नहीं हुआ है क्योंकि बाद में न 'स्पर्श'-वर्ण है और न 'ऊष्म'-वर्ण है अपितु 'अन्तःस्था'-वर्ण (यकार) है।

(ङ) यहाँ 'अभिनिधान' से बाद में 'स्वरभक्ति' का आगम नहीं हुआ है क्योंकि यह 'अभिनिधान' 'सघोष' नहीं अपितु 'अघोष' है।

---

१ ऋ० १०।१२९।६ २ ऋ० ३।८।११
३ ऋ० ८।६१।६ ४ ऋ० ४।५८।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—ऊष्मपरा तु स्वरभक्तिर्द्राघीयसी वेदितव्या। "यदद्य कहि कहि चित्।"[१] ऊष्मपरा इति कस्मात्? "अर्चन्त्यर्कमर्किणः॥"[२]

उ० भा० अ०—**ऊष्मपरा तु**='ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो; 'स्वरभक्ति'; **द्राघीयसी**=दीर्घ; जाननी चाहिये। (उदाहरण) "यदद्य कहि कहि चित्।"[क] "'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अर्चन्त्यर्कमर्किणः"।[ख]

इतरा क्रमे ॥४९॥

सू० अ०—द्वित्व ('क्रम') को प्राप्त ('ऊष्म'-वर्ण) बाद में हो तो (वह 'स्वरभक्ति') अन्य (='ह्रस्व') (होती है)।

उ० भा०—इतरा एव स्वरभक्तिरूष्मणः क्रमे वेदितव्या। इतरा कतरा? योष्मपरा सा तु द्राघीयसी तस्या अपेक्षयेतरा ह्रस्वा। "वर्ष्ण्यान्"[३]; "अदर्श्र्यायती"॥[४]

उ० भा० अ०—**क्रमे**='ऊष्म' (-वर्ण) का द्वित्व होने पर; (अर्थात् द्वित्व को प्राप्त 'ऊष्म'—वर्ण बाद में हो तो); **इतरा**=अन्य; ही 'स्वरभक्ति' जाननी चाहिये। अन्य कौन सी? जो 'ऊष्म'-पर होती है वह तो (६।४८ के अनुसार) दीर्घ होती है), उसकी अपेक्षा अन्य ह्रस्व है। (उदाहरण) "वर्ष्ण्यान्"; "अदर्श्र्यायती।"[ग]

सर्वत्रैके स्वरभक्तेरभावम् ॥५०॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) सर्वत्र 'स्वरभक्ति' का अभाव मानते हैं।

उ० भा०—**सर्वत्र**=अन्तःपदं च नानापदे च रेफाच्च विच्छेदाच्च; **स्वरभक्तेरभावम् एके आचार्या मन्यन्ते**। "वर्ष्ण्यान्"[५]; "अग्निर्हृत्यम्"[६]; "अर्वाग् देवाः॥"[७]

उ० भा० अ०—**एके**=कतिपय आचार्य; **सर्वत्र**=पद के मध्य में और भिन्न-भिन्न पदों में; रेफ से बाद में और 'अभिनिधान' ('विच्छेद') से बाद में; **स्वरभक्तेरभावम्**='स्वरभक्ति' का अभाव; मानते हैं; (अर्थात् इन आचार्यों के अनुसार 'स्वरभक्ति' का आगम कहीं भी नहीं होता है)। (उदाहरण) "वर्ष्ण्यान्"; "अग्निर्हृत्यम्"; "अर्वाग् देवाः।"

टि० (क) 'स्वरभक्ति' के बाद में 'ऊष्म'-वर्ण (हकार) है इसलिये यह 'दीर्घ स्वरभक्ति' है।

(ख) इस प्रत्युदाहरण में तीन स्थलों पर 'ह्रस्व स्वरभक्ति' है. 'दीर्घ स्वरभक्ति' नहीं क्योंकि तीनों स्थलों पर 'स्वरभक्ति' के बाद में 'ऊष्म'-वर्ण न होकर 'स्पर्श'-वर्ण (क्रमशः चकार, ककार और ककार) है।

(ग) 'स्वरभक्ति' के बाद में ६।४ से द्वित्व को प्राप्त 'ऊष्म'-वर्ण (षकार तथा शकार) हैं, इसलिये दोनों उदाहरणों में 'स्वरभक्ति' ह्रस्व है।

---

[१] ऋ० ८।७३।५ [२] ऋ० १।१०।१ [३] ऋ० ५।८३।३
[४] ऋ० ७।८१।१ [५] ऋ० ५।८३।३ [६] ऋ० १०।८०।३
[७] ऋ० १०।१२९।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रेफोपधामपरे विद्यमानाम् ॥५१॥

सू० अ०—अन्य आचार्य रेफपूर्व (रेफ है पूर्व में जिसके उस) 'स्वरभक्ति' को विद्यमान मानते हैं।

उ० भा०—रेफोपधां स्वरभक्तिम् अपरे आचार्या विद्यमानां मन्यन्ते। "कर्हि अर्चन्ति।" रेफोपधाम् इति कस्मात्? "अर्वाग् देवाः॥"[१]

उ० भा० अ०—अपरे=दूसरे आचार्य; रेफोपधाम्=रेफ है पूर्व में जिसके ऐसी 'स्वरभक्ति' को; विद्यमानाम्=विद्यमान; मानते हैं; (अर्थात् इन आचार्यों के अनुसार रेफ से बाद में 'स्वरभक्ति' का आगम होता है)। (उदाहरण) "कर्हि अर्चन्ति।" "रेफ पूर्व में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अर्वाग् देवाः।"क

अक्रान्तोष्मप्रत्ययाभावमेके ॥५२॥

सू० अ०—कतिपय आचार्य अद्विरुक्त (अक्रान्त) 'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में होने पर ('स्वरभक्ति' की) सत्ता को (मानते हैं)।

उ० भा०—(अक्रान्तोष्मप्रत्ययाभावम्=) अक्रान्त ऊष्मा प्रत्ययो यस्याः स्वरभक्तेस्तस्या भावम्; एके आचार्या मन्यन्ते। "वर्षम्"[२]; "कर्हि"[३]; "अदर्शि"[४]; "जल्हवः।"[५] अक्रान्त इति कस्मात्? "वर्ष्यान्"[६]; "अदर्श्यायती॥"[७]

उ० भा० अ०—(अक्रान्तोष्मप्रत्ययाभावम्=) अद्विरुक्त (अक्रान्त) 'ऊष्म' (-वर्ण) है बाद में जिसके उस 'स्वरभक्ति' की सत्ता को; एके=कतिपय आचार्य; मानते हैं; (अर्थात् बाद में अद्विरुक्त 'ऊष्म'-वर्ण हो तो पूर्व-प्रतिपादित 'स्वरभक्ति' होती है)। (उदाहरण) "कर्हि"; "अदर्शि"; "जल्हव"। "अद्विरुक्त (अक्रान्त)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "वर्ष्यान्"; "अदर्श्यायती।"ख

पूर्वोत्तरस्वरसरूपतां च ॥५३॥

सू० अ०—(कतिपय आचार्य) ('स्वरभक्ति' की) पूर्ववर्ती 'स्वर' और उत्तरवर्ती 'स्वर' से समानता को भी मानते हैं।

टि० (क) इन आचार्यों के अनुसार यहाँ रेफ के बाद में 'स्वरभक्ति' का आगम होता है किंतु 'सघोष' 'अभिनिधान' (ग) के बाद में 'स्वरभक्ति' का आगम नहीं होता है।

(ख) इन आचार्यों के अनुसार इन दोनों प्रत्युदाहरणों में रेफ के बाद में 'स्वरभक्ति' का आगम नहीं हुआ है क्योंकि रेफ के बाद में द्विरुक्त (द्वित्व को प्राप्त) 'ऊष्म'-वर्ण (षकार तथा शकार) विद्यमान है।

---

१ ऋ० १०।१२९।६ २ ऋ० ५।५८।७ ३ ऋ० ५।७४।१०
४ ऋ० १।४६।११ ५ ऋ० ८।६१।११ ६ ऋ० ५।८३।३
७ ऋ० ७।८१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—(पूर्वोत्तरस्वरसरूपतां च=) पूर्वस्वरसरूपतां चोत्तरस्वरसरूपतां च स्वरभक्तेरेक आचार्या मन्यन्ते। न केवलमृकाररूपा स्वरभक्तिर्भवतीत्यर्थः। "धूर्षदम्"[१]—इत्यूकाररूपा स्वरभक्तिः। "बर्हिषदः"[२]—इति इकाररूपा स्वरभक्तिः॥

उ० भा० अ०—कतिपय आचार्य 'स्वरभक्ति' की; (पूर्वोत्तरस्वरसरूपतां च=) पूर्ववर्ती 'स्वर' (—वर्ण) से समानता को और परवर्ती 'स्वर' (—वर्ण) से समानता को; मानते हैं। 'स्वरभक्ति' केवल ऋकार-रूप ही नहीं होती—यह अर्थ है; (अर्थात् 'स्वरभक्ति' केवल ऋकाररूप ही नहीं अपितु पूर्ववर्ती 'स्वर' अथवा परवर्ती 'स्वर' के रूप वाली भी होती है)। (उदाहरण) "धूर्षदम्" में 'स्वरभक्ति' ऊकार-रूप है। "बर्हिषदः" में 'स्वर-भक्ति' इकार-रूप है।[क]

(प्रथमस्पर्शस्य द्वितीयस्पर्शभावः)

ऊष्मोदयं प्रथमं स्पर्शमेके
द्वितीयमाहुरपदान्तभाजम् ॥७४॥

(प्रथम स्पर्श का द्वितीय स्पर्श होना)

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) कहते हैं कि पद के अन्त में न आने वाला प्रथम 'स्पर्श' द्वितीय ('स्पर्श') हो जाता है यदि (उस प्रथम 'स्पर्श' के) बाद में 'ऊष्म'-वर्ण हो।

उ० भा०—ऊष्मोदयं प्रथमं स्पर्शमपदान्तभाजमेके आचार्या द्वितीयमाहुः। "शशः ख्षुरं प्रत्यञ्चं जगार"[३]; "प्रत्यङ्ख्स्वमसुं यन्"[४]; शतक्रतुः थ्सरत्"[५]; "विरफ्शी गोमती मही।"[६] अपदान्तभाजम् इति कस्मात्? "ऋक्सामाभ्याम्"[७]; "विराट् सम्राट्"; "यत्सोम"[८]; अप्स्वग्ने॥"[९]

उ० भा० अ०—एके=कतिपय आचार्य; ऊष्मोदयम्='ऊष्म'-वर्ण है बाद में जिसके ऐसे; प्रथमं स्पर्शम्=प्रथम 'स्पर्श'-वर्ण को; अपदान्तभाजम्=पद के अन्त में न आने पर; द्वितीयमाहुः=द्वितीय 'स्पर्श' कहते हैं; (अर्थात् इन आचार्यों का यह मत है कि 'ऊष्म'-वर्ण बाद में होने पर प्रत्येक 'वर्ग' का प्रथम वर्ण उसी 'वर्ग' का द्वितीय हो जाता है)। (उदाहरण) "शशः ख्षुरं प्रत्यञ्चं जगार"; "प्रत्यङ्ख्स्वमसुं यन्"; "शतक्रतुः थ्सरत्"; "विरफ्शी गोमती मही"। "पद के अन्त में न आने पर"—यह (सूत्र में)

टि० (क) इन आचार्यों के अनुसार 'धूर्षदम्' का उच्चारण "धूरुषदम्" तथा "बर्हिषदः" का उच्चारण "बरिहिषदः" होगा।

---

[१] ऋ० १।१४३।७ [२] ऋ० ९।६८।१ [३] ऋ० १०।२८।९
[४] ऋ० १०।१२।१ [५] ऋ० ८।१।११ [६] ऋ० १।८।८
[७] ऋ० १०।८५।११ [८] ऋ० १।१८८।५ [९] ऋ० ९।१९।१
[१०] ऋ० ८।४३।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्यों (कहा) ? (उत्तर) "ऋक्सामाभ्याम्"; "विराट् सम्राट्"; "यत्सोम"; "अप्स्वग्ने।"क

('क्शा'-स्थाने 'ख्या'ऽऽदेशः)

क्शातौ खकारयकारा उ एके ॥५५॥

('क्शा' के स्थान पर 'ख्या'ऽऽदेश)

सू० अ०—कतिपय (आचार्य कहते हैं कि) 'क्शा' धातु में (ककार और शकार के स्थान पर) खकार और यकार (का उच्चारण करना चाहिये)।

उ० भा०—(क्शातौ=) क्शातेर्धातोः; ककारशकारयोः स्थाने खकारयकारौ कर्त्तव्यौ मन्यन्त एक आचार्याः। "अख्यद्देवः॥"[१]

उ० भा० अ० -कतिपय आचार्य मानते हैं कि; (क्शातौ=) 'क्शा' धातु के; ककार और शकार के स्थान पर; **खकारयकारौ**=खकार और यकार का (उच्चारण) करना चाहिए। (उदाहरण) "अख्यद्देवः।"

तावेव ख्यातिसदृशेषु नामसु ॥५६॥

सू० अ०—'ख्याति' धातु के सदृश नामों में उन्हीं दो (अर्थात् खकार और यकार का) (उच्चारण करना चाहिये)।

उ० भा०—तावेव=खकारयकारौ; ख्यातिसदृशेषु नामसु कर्तव्यौ मन्यन्त एक आचार्याः। "सख्ये सखायस्तन्वे तनूभिः"[२] इति॥

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये षष्ठं पटलम्॥

प्रथमोऽध्यायः॥

उ० भा० अ०—कतिपय आचार्य मानते हैं कि; ख्यातिसदृशेषु नामसु='ख्याति' के सदृश नामों में; **तावेव**=उन्हीं दो=खकार और यकार का; (उच्चारण) करना चाहिये। (उदाहरण) "सख्ये सखायस्तन्वे तनूभिः।"

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक प्रातिशाख्यभाष्य में षष्ठ पटल समाप्त हुआ।

॥ प्रथम अध्याय समाप्त हुआ ॥

टि० (क) इन चारों प्रत्युदाहरणों में प्रथम 'स्पर्श' द्वितीय 'स्पर्श' नहीं हुए हैं क्योंकि ये प्रथम 'स्पर्श' पद के अन्त में विद्यमान हैं।

---

[१] ऋ० ४।१४।१ [२] ऋ० १।१६५।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७ : प्लुति-पटलम्

सामवशसंधेरधिकारसूत्रम्

प्लुतिसंज्ञा

पदान्ते मक्षौ च ह्रस्वस्य दीर्घभावः

अपादान्ते पदान्तह्रस्वस्य दीर्घभावः

पादादौ पदान्तह्रस्वस्य दीर्घभावः

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीर्घं ह्रस्वो व्यञ्जनेऽन्यस्तृकाराद्
यथादिष्टं सामवशः स संधिः ॥१॥

सू० अ०—ऋकार से अन्य 'ह्रस्व' ('स्वर'), 'व्यञ्जन' बाद में होने पर, 'दीर्घ' ('स्वर') (हो जाता है) जैसा कि (बाद वाले सूत्रों में) विधान किया गया है। इस संधि को 'सामवश' कहते हैं।

उ० भा०—ऋकारादन्यो ह्रस्वः; (दीर्घम्=) दीर्घत्वमापद्यते; व्यञ्जने प्रत्यये—इत्येतदधिकृतं वेदितव्यम्। इत उत्तरं यत्र यत्र वक्ष्यामस्तत्र तत्रोदाहरिष्यामः। सामवशो नाम स संधिर्वेदितव्यः। व्यञ्जनग्रहणं स्वरे दीर्घत्वप्रतिषेधार्थम्। नैतदस्ति प्रयोजनम्; स्वरेषु हि सर्वेषु संधयो विधीयन्ते, तेऽस्य बाधका भविष्यन्ति। लृकारेऽकारस्य न किञ्चिद्विधीयते, तत्र स्यात्। नैव लृकारादिपदमस्ति, तस्मादन्तरेणापि व्यञ्जनग्रहणं व्यञ्जन एव भविष्यति। न सिध्यति। कथम्? "मक्तित्था"[1] इत्यत्र प्रतिपदविधानाद्दीर्घत्वं प्रसज्येत। अस्तु कृतेऽपि दीर्घत्वे समानाक्षरत्वस्याविघातादन्तःस्थापत्तिर्भविष्यति। तथा सति—"पदे दृष्टेषु"[2] इति वचनान्न प्राप्नोति। तस्माद्व्यञ्जनग्रहणं क्रियते।

उ० भा० अ०—**ऋकारादन्यो ह्रस्वः**=ऋकार से अन्य 'ह्रस्व' ('स्वर'); [**दीर्घम्**='दीर्घ' (हो जाता है)=] दीर्घत्व को प्राप्त हो जाता है; **व्यञ्जने**='व्यञ्जन' बाद में होने पर—इसे अधिकार जानना चाहिए। इसके बाद जहाँ-जहाँ (दीर्घत्व के विषय में) कहेंगे वहाँ-वहाँ उदाहरण देंगे। **सामवशः**='सामवश' नाम वाली; **स संधिः**=वह संधि; जाननी चाहिए। 'व्यञ्जन' का ग्रहण, 'स्वर' बाद में होने पर, दीर्घत्व के प्रतिषेध के लिए (किया गया है)।[क] (पू०) यह प्रयोजन नहीं है; क्योंकि सभी 'स्वर' परे रहते संधियों का विधान किया जा चुका है, वे (संधियाँ) इसकी (='स्वर' परे रहते 'सामवश' संधि की) बाधक होंगी।[ख] (सि०) पदादि लृकार परे रहते पदान्त अकार की (संधि का) कोई विधान नहीं किया गया है, वहाँ ('अ'+'लृ' में) (अकार 'दीर्घ') हो जायेगा (अर्थात् 'अ'+'लृ' में अकार के दीर्घत्व के निषेध के लिए ही सूत्र में 'व्यञ्जने' पद का ग्रहण किया गया है)। (पू०) लृकार से प्रारम्भ होने वाला पद ही नहीं है (इसलिए उपर्युक्त कथन युक्त नहीं है), अतएव (सूत्र में) 'व्यञ्जन' का ग्रहण किये बिना भी (वस्तुगत्या) 'व्यञ्जन'

टि० (क) सूत्रकार ने सूत्र में 'व्यञ्जने' पद का ग्रहण यह बतलाने के लिए किया है कि पदान्त 'ह्रस्व' 'स्वर' तभी 'दीर्घ' होगा जब उसके बाद में पदादि 'व्यञ्जन' होगा। इसलिये यदि पदान्त 'ह्रस्व' 'स्वर' के बाद में पदादि 'स्वर' हो तो 'ह्रस्व' '-स्वर' 'दीर्घ' नहीं होगा।

(ख) यदि पदान्त 'ह्रस्व' 'स्वर' के बाद में कोई भी पदादि 'स्वर' हो तो वहाँ उन स्वरों को 'प्रश्लिष्ट' आदि संधि हो जायेगी—यह पहले ही द्वितीय पटल में बतलाया जा चुका है। इसलिए, पदादि 'स्वर' परे रहते, पदान्त 'ह्रस्व' 'स्वर' के दीर्घत्व की प्राप्ति ही नहीं होती; तब उसका निषेध करना अनर्थक है।

---

[1] ऋ० १।२।६ [2] २।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परे होने पर ही (पदान्त 'ह्रस्व' 'स्वर' का दीर्घत्व) होगा। (सि०) ('व्यञ्जन' का ग्रहण किए बिना 'व्यञ्जन' ही परे रहते 'ह्रस्व' 'स्वर' का 'दीर्घ' होना) सिद्ध नहीं होता है। (पू०) क्यों (सिद्ध नहीं होता है) ? (सि०) (७।५ में) प्रतिपद-विधान होने से "मक्षित्था" (मक्षु। इत्था ॥ प० पा०) में दीर्घत्व की प्राप्ति हो जायेगी।[क] (पू०) (दीर्घत्व) होने दीजिए, ('मक्षु' के उकार के) 'दीर्घ' होन पर भी उसके ('क्षैप्र' संधि के निर्वाहक) 'समानाक्षर' होने में तो कोई बाधा नहीं होती है, (इसलिए) 'अन्तःस्था' (वकार) की प्राप्ति हो जायेगी।[ख] (सि०) वैसा (='दीर्घ') होने पर—"पद-पाठ में दिखलाई देने वाले (पदान्तों और पदादियों में ही)"—इस विधान से ('अन्तःस्था') प्राप्त नहीं होता है।[ग] इसलिए (प्रस्तुत सूत्र में) 'व्यञ्जन' का ग्रहण किया गया है।

एवमपि न कर्तव्यम्। प्रतिपदविधानस्य व्यञ्जने सावकाशत्वादिह—"मक्षित्था" इत्यत्रोभयप्रसङ्गे "शास्त्रानुपूर्व्येण संधयो भवन्ति" इति पूर्वमेवान्तःस्थापत्तौ कृतायामुकाराभावादेव न दीर्घत्वं भविष्यति। तस्मान्नार्थो व्यञ्जनग्रहणेन। इह तर्हि - "अच्छ ऋषे मारुतम्"[१] इत्यत्र—"ऋकार उदये कण्ठ्यावकारम्"[२] इति कृतेऽपि पदे दृष्टो ह्रस्वोऽपि विद्यत इति दीर्घत्वं प्राप्नोति; तत्प्रतिषेधार्थं व्यञ्जनग्रहणं क्रियते।

(पू०) फिर भी (सूत्र में 'व्यञ्जन' का ग्रहण) नहीं करना चाहिए। (७।५ में 'मक्षु' के 'दीर्घ' होने का) जो प्रतिपद विधान किया गया है उसके, 'व्यञ्जन' परे रहते, सावकाश होने पर यहाँ "मक्षित्था" में दोनों ("क्षैप्र" संधि और दीर्घत्व) की प्राप्ति (प्रसक्ति) होने पर "शास्त्र की आनुपूर्वी से संधियाँ होती हैं"—इस (नियम) से 'अन्तःस्था' की

टि० (क) ७।५ में 'मक्षु' पद का ग्रहण करके यह विधान किया गया है कि 'मक्षु' पद सर्वत्र ही 'दीर्घ' हो जाता है। इस विधान से मक्षु+इत्था में 'मक्षु' का उकार 'दीर्घ' हो जायेगा जिससे यहाँ 'क्षैप्र' संधि नहीं होगी। ऐसा होने पर संहिता-पाठ में अनुपलब्ध ("मक्षू इत्था") पाठ की प्राप्ति होगी। "मक्षु। इत्था" (प० पा०)—इस स्थल पर 'मक्षु' में दीर्घत्व के प्रतिषेध के लिए ही प्रस्तुत सूत्र में 'व्यञ्जने' पद का ग्रहण किया गया है।

(ख) 'मक्षु' के 'मक्षू' हो जाने पर भी 'मक्षू'+'इत्था' में 'क्षैप्र' संधि होकर "मक्षित्था"—इस प्रकार अभीष्ट रूप सम्पन्न हो जायेगा क्योंकि २।२१ में यह विधान किया गया है कि 'स्वर' परे रहते 'समानाक्षर' अपना 'अन्तःस्था' हो जाता है। 'मक्षु' का उकार 'दीर्घ' (=ऊकार) होने पर भी 'समानाक्षर' तो रहता ही है।

(ग) २।५ में यह विधान किया गया है कि पद-पाठ में दृष्ट पदान्तों और पदादियों में ही विकार हो सकता है। इस विधान के अनुसार 'दीर्घ' होने के बाद 'मक्षू' का 'ऊ' 'अन्तःस्था' नहीं होगा क्योंकि 'ऊ' पद-पाठ में दृष्ट नहीं है, पद-पाठ में तो 'उ' है।

---

१ ऋ० ५।५२।१४ २ २।३२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राप्ति पहले ही कर लेने पर उकार का अभाव होने से ही दीर्घत्व न होगा।[क] इसलिए (सूत्र में) 'व्यञ्जन' का ग्रहण करना व्यर्थ है। (सि०) तब यहाँ—"ऋकार परे हो तो 'कण्ठ्य' (='अ' और 'आ') अकार हो जाते हैं"—इस (सूत्र) से— "अच्छ ऋषे मारुतम्" में ('अच्छ' के अकार के स्थान पर अकार) कर लेने पर भी पद-पाठ में दृष्ट 'ह्रस्व' 'स्वर' भी विद्यमान रहता है—अतः दीर्घत्व प्राप्त होता है। उस (दीर्घत्व) के प्रतिषेध के लिए (सूत्र में) 'व्यञ्जन' का ग्रहण किया गया है।[ख]

नैकमुदाहरणं व्यञ्जनग्रहणं प्रयोजयति। यद्येतावत्प्रयोजनं स्यात्—"नास्येति व्यञ्जनोपधः"[१] इत्येतस्मिन्प्रतिषेधप्रकरण एवास्य निपातनं कुर्यात्—"अच्छ ऋषि" इति। तस्मात्सर्वस्मिन्दीर्घभावे व्यञ्जन एव प्लुतिः स्यात्स्वरे मा भूदित्येवमर्थं व्यञ्जनग्रहणं कृतं द्रष्टव्यम्। यदुक्तमधस्तात्प्रतिपदविधानस्य व्यञ्जने सावकाशत्वान्मक्षित्थेत्यत्रोभयप्रसङ्गे शास्त्रानुपूर्व्येणैव पूर्वमेवान्तःस्थापत्तौ कृतायामुकाराभावादेव प्लुतेरप्राप्तेर्व्यञ्जनग्रहणानर्थक्यमिति; तदेतदसम्यगुक्तम्। कथम्? यत्रैकस्मिन्नुभे कार्ये तुल्यबले युगपत्प्राप्नुतस्तत्र शास्त्रानुपूर्व्येण संधिर्भवति। यथा "तवेमे" इत्यत्र व इत्येतस्य पदावस्थायामेव—"उदात्तपूर्वं स्वरितमनुदात्तम्"[२] इत्यनुदात्तत्वे कृत उत्तरेण संधौ क्रियमाणे—"उदात्तपूर्वं नियतं विवृत्या व्यञ्जनेन वा स्वर्यतेऽन्तर्हितम्"[३] इति स्वरितश्च प्राप्नोति; "इकारोदय एकारमकारः"[४]

टि० (क) 'मक्षु' के 'दीर्घ' होने का जो पद-ग्रहण करके विधान किया गया है वह (दीर्घत्व) निर्विवाद रूप से हो जाता है यदि 'व्यञ्जन' बाद में हो। इस प्रकार, 'व्यञ्जन' परे रहते, 'मक्षु' का 'दीर्घ' होना सावकाश है—दीर्घत्व के लिए स्थान प्राप्त है। 'स्वर'-वर्ण परे होने पर तो यहाँ 'क्षैप्र' संधि और 'सामवश' संधि (=दीर्घत्व)—इन दोनों—की प्राप्ति हाती है। यतः ग्रन्थ में 'क्षैप्र'-संधि का पूर्व (२।२१) में विधान किया गया है, अतः यहाँ 'क्षैप्र' संधि होती है जिससे यह रूप निष्पन्न होता है—"मक्षित्था"। 'क्षैप्र' संधि होने पर 'मक्षु' का उकार नहीं रहता है; तब उसके 'दीर्घ' होने का प्रसङ्ग ही नहीं रहता है। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि 'मक्षु' में दीर्घत्व के निषेध के लिए सूत्र में 'व्यञ्जन' का ग्रहण किया गया है।

(ख) यदि सूत्र में यह न कहा जाये कि पदान्त 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण, पदादि 'व्यञ्जन'-वर्ण परे होने पर, 'दीर्घ' होता है तो "अच्छ ऋषे" में 'अच्छ' का अकार भी 'दीर्घ' हो जायेगा जिससे "अच्छा ऋषे" पाठ निष्पन्न होगा जो संहिता-पाठ में उपलब्ध नहीं है। 'मक्षित्था' स्थल में तो 'क्षैप्र' संधि होने के पश्चात् दीर्घत्व का प्रसङ्ग ही नहीं रहता किंतु "अच्छ ऋषे" में २।३२ के अनुसार 'उद्ग्राहवत्' संधि होने के पश्चात् भी 'अच्छ' के अकार के 'दीर्घ' होने का प्रसङ्ग ज्यों का त्यों बना रहता है क्योंकि संधि होने के पश्चात् भी 'अच्छ' रहता है जो पद-पाठ में दिखलाई पड़ता है। 'अच्छ' के अकार के दीर्घत्व के प्रतिषेध के लिए ही सूत्र में 'व्यञ्जन' पद का ग्रहण किया गया है।

---

१ ७।८ २ ३।७ ३ ३।१७ ४ २।१६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इति च संधिः। तयोः शास्त्रानुपूर्व्येण पूर्वः संधिर्भवति। अतोऽन्यत्र पूर्वानुत्सर्गान्बाधित्वा तदुत्तरेऽपवादा भवन्ति। यथा—"भूतं देवानामवमे अवोभिः"[१] इत्यत्र—"अवीरतेऽवांस्यवोऽरथाः"[२] इति प्रतिपदविहितमप्यभिनिहितं बाधित्वापवादान्तरम्—"प्रकृत्येतिकरणादौ प्रगृह्याः। स्वरेषु चार्ष्याम्"[३] इति प्रकृतिभावो भवति। एवं मक्षित्थेत्येवमादिष्वप्यपवादाद् दीर्घत्वं प्रसज्येत। तस्माद्व्यञ्जनग्रहणं क्रियते।

(पू०) एक उदाहरण (सूत्र में) 'व्यञ्जन' के ग्रहण का प्रयोजन नहीं हो सकता है। यदि ('व्यञ्जन' के ग्रहण का) इतना ही प्रयोजन होता तो "'व्यञ्जन' पूर्व में होने पर 'अस्य' (का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ') नहीं (होता है)"—इस प्रतिषेध-प्रकरण में ही इसका निपातन कर लिया जाता—(जैसे) "अच्छ ऋषि" (अर्थात् 'ऋषि' पद परे होने पर 'अच्छ' का अन्तिम अकार 'दीर्घ' नहीं होता है)। (सि०) (आपका यह कहना ठीक है कि एक उदाहरण सूत्र में 'व्यञ्जन' पद के ग्रहण का प्रयोजन नहीं हो सकता है)। इसलिए सभी (अर्थात् 'स्वर' और 'व्यञ्जन') परे होने पर (पदान्त 'ह्रस्व' 'स्वर' का) दीर्घत्व प्राप्त होने पर—"'व्यञ्जन' परे होने पर ही दीर्घत्व ('प्लुति') हो, 'स्वर' परे होने पर नहीं"—इसी प्रयोजन के लिए (सूत्र में) 'व्यञ्जन' का ग्रहण किया गया है—यह समझना चाहिए। जो (आपने) पहले यह कहा है कि 'व्यञ्जन' परे होने पर प्रतिपद विधान के सावकाश होने से "मक्षित्था" में दोनों की प्रसक्ति होने पर शास्त्र की आनुपूर्वी से पहले ही 'अन्तःस्था' की प्राप्ति हो जाने पर उकार का अभाव हो जाने से ही दीर्घत्व ('प्लुति') की प्राप्ति नहीं होगी—इसलिए (सूत्र में) 'व्यञ्जन' का ग्रहण अनर्थक है—यह कथन युक्तियुक्त नहीं है। (पू०) क्यों? (सि०) जहाँ एक (स्थल) में तुल्य बल वाले दो कार्य एक साथ ही प्राप्त होते हैं वहाँ शास्त्र की आनुपूर्वी से संधि होती है। जैसे—"तवेमे" (तव। इमे॥ प० पा०) में "'उदात्त' से बाद में विद्यमान 'स्वरित' को 'अनुदात्त' (समझना चाहिए)"—इसके अनुसार पद की अवस्था में 'व' को 'अनुदात्त' कर लेने पर (तदनन्तर) परवर्ती ('इमे' के 'इ') के साथ संधि करने पर—"'उदात्त' के बाद में विद्यमान 'अनुदात्त' 'स्वरित' हो जाता है चाहे मध्य में 'विवृत्ति' और 'व्यञ्जन' का भी व्यवधान हो"—इससे (व) का 'स्वरित' होना प्राप्त होता है और "इकार बाद में हो तो अकार (इकार के साथ) एकार (हो जाता है)"—इससे ('प्रश्लिष्ट') संधि (प्राप्त होती है)। इन दोनों में से शास्त्र की आनुपूर्वी से पहले पूर्ववर्ती (२।१६ में विहित) ('प्रश्लिष्ट') संधि होता है (और तत्पश्चात् ३।१७ से 'तवेमे' का 'वे' 'स्वरित' होता है जो पुनः परवर्ती 'उदात्त' के कारण 'अनुदात्त' हो जाता है)। इससे अन्यत्र (अर्थात् ऐसे स्थलों से अन्य स्थलों पर) पूर्ववर्ती सामान्य-नियमों (=उत्सर्गों) का बाध करके उसके बाद वाले अपवाद होते हैं। जैसे—"भूतं देवानामवमे अवोभिः"—यहाँ पर—"'अवीरते', 'अवांसि', 'अवः' (और) 'अरथाः' (का अकार पूर्ववर्ती एकार और ओकार के साथ अभिनिहित' संधि को प्राप्त होता है)"—इससे प्रतिपद विहित भी (पूर्ववर्ती) 'अभिनिहित' (संधि) को बाधकर—"(पद-पाठ में) 'इति' शब्द परे हो तो और आर्षसंहिता में 'स्वर' परे हों तो 'प्रगृह्य' ('स्वर') 'प्रकृतिभाव' से रहते हैं"—इस (परवर्ती) दूसरे अपवाद से

[१] ऋ० १।१८५।११ [२] २।४० [३] २।५१-५२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यहाँ 'प्रकृतिभाव' होता है। इस प्रकार "मक्षित्थ्या" इत्यादि में भी अपवाद से दीर्घत्व की प्राप्ति होती है (क्योंकि बाद में विहित 'सामवश' संधि द्वितीय पटल में विहित संधियों का अपवाद है)। इसलिए (इस दीर्घत्व के प्रतिषेध के लिए ही सूत्र में) 'व्यञ्जन' का ग्रहण किया गया है।

अन्यस्त्वृकारादित्यनर्थकम्। कथम्? पदान्तादिष्वेव विकारशास्त्रं विधीयते। नहि ऋकारान्तं पदमस्ति। क्व वा प्रयोजयति? "सर्वत्र पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते वसुमघयोः परयोः"[१] इत्यत्र प्रयोजयति यद्यस्ति पितृवसुः, मातृवसुः इति वा। यथादिष्टग्रहणमनादिष्टानाम्—"यज्ञस्य देवम्"[२] आदीनां प्रतिषेधार्थम्। यदि सर्वेषां ह्रस्वानां सामान्येनैव दीर्घत्वं स्यादुत्तरेषामनुक्रमणमनर्थकं स्यात्; नानर्थकम्, नियमार्थमेव स्यात्—अमुष्यामुष्मिन्नेवेति॥

(पू०) (सूत्र में) "ऋकार से अन्य" (जो कहा गया है वह) अनर्थक है। (सि०) क्यों? (पू०) पदान्तों और पदादियों में ही विकारशास्त्र का विधान (२।५ में) किया गया है और ऋकार में अन्त होने वाला पद नहीं है। (तब बतलाइये कि सूत्र में ऋकार के ग्रहण का) क्या प्रयोजन है? (सि०) "'वसु' और 'मघ' बाद में हों तो पूर्व-पद के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाते हैं"—यह (सूत्र) प्रयोजन है क्योंकि यदि 'पितृवसुः' और 'मातृवसुः' (पद किसी शाखा में) हों।[क] (सूत्र में) 'यथादिष्ट' का ग्रहण 'अनादिष्ट' "यज्ञस्य देवम्" आदि (में दीर्घत्व) के प्रतिषेध के लिए (किया गया है) (अर्थात् बाद वाले सूत्रों में जहाँ-जहाँ दीर्घत्व का विधान किया गया है वहीं दीर्घत्व होगा, अन्यत्र नहीं)। यदि सभी 'ह्रस्व' स्वरों का सामान्य रूप से दीर्घत्व हो जावे तो परवर्ती पदों का अनुक्रमण अनर्थक हो जायेगा; किंतु वह अनर्थक नहीं है, नियम के लिए है—(नियम इस प्रकार है)—"यह परे रहते इसका (दीर्घत्व होता है)।"

(प्लुति-संज्ञा)

सैव प्लुतिः ॥२॥

(प्लुति-संज्ञा)

सू० अ०—यही 'प्लुति' (=दीर्घता) है।

उ० भा०—सैव प्लुतिः इति वेदितव्या या ह्रस्वस्य दीर्घता। प्लुतिसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"प्लुतोपाचारिते नतिः॥[३]"

उ० भा० अ०—'ह्रस्व' 'स्वर' की जो दीर्घता (='दीर्घ' होना) है; **सैव प्लुतिः**=इसे ही 'प्लुति'; जानना चाहिए। **'प्लुति'**—संज्ञा का प्रयोजन—"प्लुत, 'उपाचरित' और 'नति' (प्रकृति-रूप में होते हैं)।"

टि० (क) अर्थात् यद्यपि ऋग्वेद की उपलब्ध शाखा में ऋकारान्त पद नहीं है तथापि किसी अन्य शाखा में 'पितृवसुः' और 'मातृवसुः' पद हो सकते हैं और वहाँ ९।१ के अनुसार ऋकार 'दीर्घ' हो जायेगा। उस दीर्घत्व के बाध के लिए ही सूत्र में "ऋकार से अन्य"—यह ग्रहण किया गया है।

१ ९।१ २ ऋ० १।१।१ ३ १०।२०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या स्वरेषूपदिष्टा ॥३॥

सू० अ०—स्वरों में (अर्थात् स्वर-संधियों में) जिसका उपदेश किया गया है (वह भी 'प्लुति' है)।

उ० भा०—या च; (स्वरेषु=) स्वरसंधिषु; उपदिष्टा "एवाँ अग्निमत्रिषु सा प्लुतोपधा"[१] इति सा च प्लुतिर्ह्रस्वस्य दीर्घता वेदितव्या ॥

उ० भा० अ०—(स्वरेषु=स्वरों में=) स्वर-संधियों में—"अत्रिमण्डल में "एवाँ अग्निम्' (द्वैपद मिलता है) वह 'प्लुतोपध' (=संज्ञक है)"—के द्वारा; या उपदिष्टा=जिसका उपदेश किया गया है, 'ह्रस्व' 'स्वर' के उस 'दीर्घ' होने को भी 'प्लुति' जानना चाहिए।

योनिमारैगादिषु चोदयादेः ॥४॥

सू० अ०—"योनिमारैक्" इत्यादि (संधियों) में परवर्ती (पद) के आदि ('स्वर'-वर्ण) का (जो 'दीर्घ' होना है वह) भी ('प्लुति' है)।

उ० भा०—"योनिमारैक्"[२]; (आदिषु=) इत्येवमादिषु; चोदयादेः ह्रस्वस्य या दीर्घता निपातिता सा च प्लुतिरित्यत्र वेदितव्या। तस्मात्—"प्लुतादीनि"[३] इत्युच्यन्ते ॥

उ० भा० अ०—"योनिमारैक्"; (आदिषु=) इत्यादि (संधियों) में; चोदयादेः=परवर्ती (पद) के आदि 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) की; जो दीर्घता निपातन से होती है उसे भी 'प्लुति' जानना चाहिए। इसलिए ('आरैक्' इत्यादि पदों को) "'प्लुत' (दीर्घत्व को प्राप्त) आदि वाला (='दीर्घ' हो गया है आदि वर्ण जिनका ऐसा)" कहा गया है।

(पदान्ते मक्षौ च ह्रस्वस्य दीर्घभावः)

मत्त्वित्युकारः प्लवते सर्वत्राप्यपदान्तभाक् ॥५॥

(पदान्त में और मत्तु में ह्रस्व का दीर्घ होना)

सू० अ०—'मक्षु' (पद) का उकार सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाता है, चाहे वह पद के अन्त में विद्यमान न भी हो।

उ० भा०—मक्षु इत्यत्र उकारः प्लवते सर्वत्र; अप्यपदान्तभाक् किं पुनः पदान्तभाक्। "मक्षू देववतो रथः"[४]; "मक्षूमक्षू कृणुहि गोजितो नः"[५]; "मक्षूयुभिर्नरा हयेभिः।"[६] उकारग्रहणमकारस्याप्रसङ्गार्थम्। नैतत्प्रयोजनं पदान्तादिष्वेव विकारशास्त्रविधेः। अप्यपदान्तभाक् इति प्राप्नोति, तन्निवृत्त्यर्थमुकारग्रहणम्।

सर्वत्रग्रहणं क्रियते—"सर्वत्र पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते वसुमघयोः"[७] इति नियमात्—"मक्षूमक्षू कृणुहि"[८]—इत्यत्र पूर्वपदस्य दीर्घत्वं न स्यादिति। अन्तःपादाधिकारनिवृत्तिख्यापनार्थं वा। तस्मात्—"प्र नव्यसा सहसः सूनुमच्छा यज्ञेन"[९]; "वैश्वानरं मनसाग्निं निचाय्या हविष्मन्तः"[१०]—इत्येवमादिषु दीर्घत्वं सिद्धं भवति।

---

१ २।६६ २ २।७५ ३ १०।३ ४ ऋ० ८।३१।१५
५ ऋ० ३।३१।२० ६ ऋ० ७।७४।४ ७ ९।१
८ ऋ० ३।३१।२० ९ ऋ० ६।६।१ १० ऋ० ३।२६।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**मक्षु**—इस (पद) का; **उकारः**=उ-वर्ण('उ'); **सर्वत्र प्लवते**=सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाता है; **अप्यपदान्तभाक्**=पद के अन्त में विद्यमान न होने पर भी; पद के अन्त में विद्यमान ('मक्षु' के उकार) का तो कहना ही क्या (अर्थात् वह तो 'दीर्घ' हो ही जायेगा)। (उदाहरण)—"मक्षू देववतो रथः"क; "मक्षूमक्षू कृणुहि गोजितो नः"ख; "मक्षूयुभिर्नरा ह्येभिः।"ग (सूत्र में) **उकार** का ग्रहण अकार की अप्रसक्ति के लिए (किया गया है); (अर्थात् सूत्र में उकार का ग्रहण यह बतलाने के लिए किया गया है कि 'मक्षु' का उकार ही 'दीर्घ' होता है, अकार नहीं)। (पू०) (सूत्र में उकार के ग्रहण करने का) यह प्रयोजन नहीं हो सकता है क्योंकि पदान्तों और पदादियों में ही विकारशास्त्र का विधान किया गया है।घ (सि०) "पद के अन्त में न होने पर भी"—इससे (अकार का दीर्घत्व) प्राप्त होता है, उसकी निवृत्ति के लिए (सूत्र में) उकार का ग्रहण (किया गया है)।ङ

"'वसु' और 'मघ' (पद) बाद में हों तो पूर्व-पद के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाते हैं"—इस नियम से "मक्षूमक्षू कृणुहि" में पूर्व-पद ('मक्षु') का दीर्घत्व न होता—इसलिए (सूत्र में) 'सर्वत्र' (शब्द) का ग्रहण किया गया है।च और 'अन्तःपाद' के अधिकार की निवृत्ति बतलाने के लिए भी (सूत्र में 'सर्वत्र' पद का ग्रहण किया गया है)। इसी कारण से—"प्र नव्यसा सहसः सूनुमच्छा यज्ञेन"छ; "वैश्वानरं मनसाग्निं निचाय्या हविष्मन्तः"ज इत्यादि में दीर्घत्व सिद्ध होता है।झ

टि० (क) मक्षु। देवऽवतः। रथः॥ प० पा०

(ख) मक्षुऽमक्षु। कृणुहि। गोऽजितः। नः॥ प० पा०

(ग) मक्षुयुऽभिः। नरा। हयेभिः॥ प० पा०

(घ) आशय यह है कि 'मक्षु' के अकार के 'दीर्घ' होने का प्रश्न ही नहीं उठता है क्योंकि नियम यह है कि विकार या तो पद के अन्तिम वर्ण में होता है और या पद के प्रथम (आदि) वर्ण में। किंतु 'मक्षु' का अकार न तो 'मक्षु' का अन्तिम वर्ण है और न प्रथम वर्ण। इसलिए अकार के दीर्घत्व के निषेध के लिए सूत्र में उकार-ग्रहण का जो प्रयोजन बतलाया गया है वह युक्त नहीं है।

(ङ) यदि प्रस्तुत सूत्र में उकार का ग्रहण न किया जाता तो 'मक्षु' के अकार और उकार—इन दोनों—का 'दीर्घ' होना प्राप्त था क्योंकि प्रस्तुत सूत्र में कहा गया है कि पद के अन्त में विद्यमान न होने पर भी 'दीर्घ' हो जाता है।

(च) ९।१ में यह विधान किया गया है कि 'वसु' और 'मघ' बाद में हों तो पूर्व-पद के अन्तिम 'स्वर' सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाते हैं। इस विधान से "मक्षुऽमक्षु" में पूर्व-पद के उकार को दीर्घत्व की प्राप्ति नहीं होती क्योंकि इसके बाद में न तो 'वसु' है और न 'मघ'। इसलिए प्रस्तुत सूत्र में 'सर्वत्र' पद का ग्रहण किया गया जिससे पूर्व-पद 'मक्षु' के उकार को भी दीर्घत्व की प्राप्ति हो गई।

(छ) प्र। नव्यसा। सहसः। सूनुम्। अच्छ। यज्ञेन॥ प० पा०

(ज) वैश्वानरम्। मनसा। अग्निम्। निऽचाय्य। हविष्मन्तः॥ प० पा०

(झ) 'अच्छ' और 'निचाय्य'—ये दोनों—पाद के अन्त में विद्यमान है। यदि 'अन्तःपाद' (=पाद के मध्य में) की अनुवृत्ति यहाँ होती तो ये दोनों पद 'दीर्घ' न होते। 'सर्वत्र' पद से 'अन्तःपाद' की निवृत्ति हो गई जिससे पाद के अन्त में विद्यमान इन दोनों पदों के अन्तिम 'स्वर'-वर्ण 'दीर्घ' हो गए हैं।

113440

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुता याहीत्यतोऽन्येषु पदेष्वच्छेति विग्रहे ॥६॥

सू० अ०—'सुताः' (और) 'याहि'–इनसे अन्य पद बाद में हों तो 'अच्छ'-यह (पद) ('दीर्घ' हो जाता है), यदि (वह 'अच्छ' पद) असमस्त हो (अर्थात् किसी दूसरे शब्द के साथ मिला हुआ न हो)।

उ० भा०—सुता याहि; (इत्यतः=) इत्येताभ्याम्; अन्येषु अच्छ इत्येतत्पदं विग्रहे वर्तमानं प्लवते। "अच्छा वद तवसम्।"[१] सुता याहीत्यतोऽन्येषु इति कस्मात्? "इन्द्रमच्छ सुता इमे।"[२] "अच्छ याह्या वह।"[३] विग्रहग्रहणमपदान्तभाग्ग्रहणादिनिवृत्त्यर्थम्, अधिकारार्थं च। निवृत्त्यर्थत्वात्—"गोकामा मे अच्छदयन्"[४] इति न प्लवते। अधिकारार्थत्वात्—"पुरुहुतं पुरुष्टुतम्"[५] इत्यत्र—"सार्धमद्यादिभिः प्लुतैः पादादौ"[६] इति न भवति। तथा—"यद्वा पुरु पुरुभुजा"[७] इति—"षष्ठं चाष्टाक्षरेऽक्षरम्"[८] इति न भवति। यद्ययं विग्रहाधिकारस्तत्राप्यनुवर्तते—"अन्तःपादं विग्रह एष्वपृक्तः"[९] इति किमर्थम्? तस्य प्रयोजनं तत्रैव वक्ष्यामः॥

उ० भा० अ०—**सुताः**(और) याहि; (**इत्यतः**=) इन दो (पदों) से; **अन्येषु**= अन्य (पद) बाद में हों तो; **अच्छ**—यह पद; **विग्रहे**=पृथक् रूप से वर्तमान होने पर= असमस्त होने पर; 'दीर्घ' हो जाता है; (अर्थात् 'अच्छ' पद का अन्तिम अकार 'दीर्घ' हो जाता है यदि (१) 'अच्छ' पद के बाद में 'सुताः' और 'याहि' को छोड़कर कोई भी अन्य पद हो और (२) 'अच्छ' पद किसी पद से न मिला हुआ हो)। (उदाहरण)—"अच्छा वद तवसम्।"क "'सुताः' (और) 'याहि' से अन्य (पद) बाद में हों तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "इन्द्रमच्छ सुता इमे"ख; "अच्छ याह्या वह।"ग (सूत्र में) **विग्रह** का ग्रहण (७।५ से प्राप्त) 'अपदान्तभाक्' (=पद के अन्त में न होने पर) के ग्रहण आदि की निवृत्ति के लिए (किया गया है) और अधिकार के लिए। ('अपदान्तभाक्' की) निवृत्ति के लिए होने से—"गोकामा मे अच्छदयन्"घ—यहाँ ('अच्छ'

टि० (क) अच्छ। वद। तवसम्॥ प० पा०

(ख) इन्द्रम्। अच्छ। सुताः। इमे॥ प० पा०

'सुताः' बाद में होने के कारण 'अच्छ' का अन्तिम अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ग) अच्छ। याहि। आ। वह॥ प० पा०

'याहि' बाद में होने के कारण 'अच्छ' 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(घ) गोऽकामाः। मे। अच्छदयन्॥ प० पा०

'अच्छ' पद का अन्तिम अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि यह अकार पद के अन्त में नहीं अपितु पद के मध्य में है। यदि सूत्र में 'विग्रहे' पद का ग्रहण करके ७।५ से प्राप्त 'अपदान्तभाक्' की निवृत्ति न की जाती तो प्रकृत स्थल पर 'अच्छ'

---

१ ऋ० ५।८३।१ | २ ऋ० ३।१०६।१ | ३ ऋ० १।३१।१७
४ ऋ० १०।१०८।१० | ५ ऋ० ८।१५।१ | ६ ७।३३
७ ऋ० ५।७३।१ | ८ ८।३९ | ९ ८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का अकार) 'दीर्घ' नहीं होता है। अधिकार के लिए होने से—"पुरुहुतं पुरुष्टुतम्"क में—"दीर्घत्व ('प्लुति') को प्राप्त (='प्लुत') 'अद्य' आदि (शब्दों) के साथ पाद के आदि में ('दीर्घ' हो जाते हैं)"—से ('पुरु' 'दीर्घ') नहीं होता है। उसी प्रकार—"यद्वा पुरू पुरुभुजा"ख में—"आठ अक्षरों वाले पाद में छठा 'अक्षर' ('दीर्घ' हो जाता है)"—से ('पुरु' का अन्तिम उकार 'दीर्घ') नही होता है। (पू०) यदि 'विग्रह' का यह अधिकार वहाँ (८।३९) में भी अनुवृत्त हो रहा है तब—"ये बाद में हों तो पाद के मध्य में और असमस्त (पद) होने पर ('विग्रहे') 'अपृक्त' (उकार 'दीर्घ' हो जाता है")—यह ('विग्रह' पद का पुनः ग्रहण) किस लिए (किया गया है)? (सि०) उसका प्रयोजन वहाँ पर ही कहेंगे।

अनाकारोपधश्चान्त्यो येत्युत्तरपदस्य यः।
उदात्तादेर्द्व्यक्षरस्य ॥७॥

सू० अ०—'उदात्त' है आदि (=प्रथम 'अक्षर') जिसका ऐसे दो अक्षरों वाले उत्तर-पद का जो अन्तिम ('अक्षर') 'य' है (वह 'दीर्घ' हो जाता है), यदि (उस 'य' का) अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण (उपधा) आकार न हो।

उ० भा०—अनाकारोपधो य इत्युदात्तादेर्द्व्यक्षरस्योत्तरपदस्य योऽन्त्यः स च प्लवते। "आयूंया धृष्णो अभिगूर्या त्वम्।"[१] अनाकारोपधः इति कस्मात्? "परिदाय रसं दुहे।"[२] अनाकारोपधो येति कस्मात्? वैश्वानरं मनसाग्निं निचाय्या हविष्मन्तः।"[३] इत्यत्रान्त्यो यकार आकारोपधो न भवति। य इति किम्? "इमां समेत पश्यत।"[४] उत्तरपदस्य इति कस्मात्? "मर्यश्री स्पृहयद्वर्णः।"[५] उदात्तादेः इति कस्मात्? "अप्रामिसत्य मघवन्।"[६] द्व्यक्षरस्य इति कस्मात्? "सवीर्यस्य पतयः स्याम"[७] नैतदुदाहरणं युक्तं—"नास्येति व्यञ्जनोपधः"[८] इत्येवं सिद्धत्वात्; "अतिथिग्वस्य वीरान्"[९] इति यथा। तस्मात्—"आमूरज प्रत्यावर्तय"[१०] इत्येवंविधमन्यद्व्यञ्जनोदयं मृग्यम्॥

(३३४घ) पद का अन्तिम अकार. पद के मध्य में होने पर भी 'मक्षु' के उकार की भाँति, 'दीर्घ' हो जाता जिससे संहिता-पाठ में अनुपलब्ध पाठ प्रसक्त होता। ऐसे पाठ के निवारण के लिए ही सूत्र में 'विग्रहे' पद का ग्रहण किया गया है।

टि० (क) पुरुहुतम्। पुरुष्टुतम्॥ प० पा०

'पुरुहुतम्' के 'पुरु' के अन्तिम उकार को ८।३३ के अनुसार 'दीर्घ' हो जाना चाहिए था किन्तु असमस्त पद ('विग्रहे') न होने के कारण यहां 'पुरु' का उकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ख) यत्। वा। पुरु। पुरुभुजा॥ प० पा०

'पुरुभुजा' के 'पुरु' के अन्तिम उकार को ८।३९ के अनुसार 'दीर्घ' हो जाना चाहिए था किंतु असमस्त पद न होने के कारण यहाँ 'पुरु' का उकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

---

[१] ऋ० २।३७।३ [२] ऋ० १।१०५।२ [३] ऋ० ३।२६।१
[४] ऋ० १०।८५।३३ [५] ऋ० २।१०।५ [६] ऋ० ८।६१।४
[७] ऋ० ६।४७।१२ [८] ७।८ [९] ऋ० २।१४।७
[१०] ऋ० ६।४७।३१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०=**उदात्तादेः**='उदात्त' है आदि (=प्रथम 'अक्षर') जिसका (अर्थात् 'आद्युदात्त'); **द्व्यक्षरस्योत्तरपदस्य**=दो अक्षरों वाले उत्तर-पद का; **योऽन्त्यः य इति**=जो अन्तिम 'य' यह ('अक्षर') है वह; **च**=भी; 'दीर्घ' हो जाता है; **अनाकारोपधः**=आकार अव्यवहित पूर्ववर्ती वर्ण न हो तो; (अर्थात् 'य' 'अक्षर' का अकार 'दीर्घ' हो जाता है यदि (१) उस 'य' के पूर्व में 'आ' न हो और (२) वह 'य' ऐसे उत्तर-पद का अन्तिम 'अक्षर' हो (i) जिसका प्रथम 'अक्षर' 'उदात्त' हो और (ii) जिसमें दो 'अक्षर' हों)। (उदाहरण)"आयूया धृष्णो अभिगूर्या त्वम् ॥"[क] "आकार पूर्व में न हो जिसके—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर)"परिदाय रसं दुहे।"[ख] "आकार जिसके पूर्व में न हो वह 'य' "—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "वैश्वानरं मनसाग्निं निचाय्या हविष्मन्तः"[ग]—यहाँ पर अन्तिम यकार के पूर्व में आकार नहीं है। "'य' ('दीर्घ' हो जाता है)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "इमां समेत पश्यत।"[घ] "उत्तर-पद का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "मर्यश्री स्पृहयद्वर्णः।"[ङ] "'उदात्त' है आदि (=प्रथम 'अक्षर') जिस (उत्तर-पद) का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अप्रामिसत्य मघवन्।"[च] "दो अक्षरों वाले (उत्तर-पद) का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर)

टि० (क) आऽयूय। घृष्णो इति। अभिऽगूर्य। त्वम् ॥ प० पा०

'आऽयूय' और 'अभिऽगूर्य'—इन दोनों—के 'य' का अकार 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि (१) 'य' के पूर्व में 'आ' नहीं है और (२) 'य' ऐसे उत्तर-पदों (क्रमशः 'यूय' और 'गूर्य') का अन्तिम 'अक्षर' है (i) जिनके प्रथम 'अक्षर' (क्रमशः 'यू' और 'गू') 'उदात्त' हैं और (ii) जिनमे दो-दो 'अक्षर' हैं।

(ख) परिऽदाय। रसम्। दुहे ॥ प० पा०

यहाँ आकार पूर्व में है अतः उत्तर-पद 'दाय' के 'य' का अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ग) वैश्वानरम्। मनसा। अग्निम्। निऽचाय्य। हविष्मन्तः ॥ प० पा०

यहाँ उत्तर-पद 'चाय्य' के उपान्त्य 'य्' के अव्यवहित पूर्व में आकार है, अन्त्य 'य' के नहीं। अतः अन्त्य 'य' का अकार 'दीर्घ' हो गया है।

(घ) इमाम्। समऽग्मत। पश्यत ॥ प० पा०

यहाँ पर 'एत' उत्तर-पद है जिसके (१) अन्तिम 'अक्षर के पूर्व में आकार नहीं है, (२) जिसका प्रथम 'अक्षर' (=ए) उदात्त है और (३) जिसमें दो 'अक्षर' हैं। ऐसी स्थिति होने पर भी 'एत' का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि वह 'त' है, 'य' नहीं।

(ङ) मर्यश्रीः। स्पृहयत्ऽवर्णः ॥ प० पा०

'मर्य' के 'य' का अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'मर्य' उत्तर-पद नहीं अपितु पूर्व-पद है।

(च) अप्रामिऽसत्य। मघऽवन् ॥ प० पा०

उत्तर-पद 'सत्य' का 'य' दीर्घ नहीं हुआ है क्योंकि सत्य का प्रथम 'अक्षर' ('स') 'उदात्त' नहीं है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"सुवीर्यस्य पतयः स्याम ।"क (पू०) यह उदाहरण युक्त नहीं है क्योंकि "अतिथिग्वस्य वीरान्"ख की तरह यह भी—"'व्यञ्जन' पूर्व में हो तो 'अस्य' का अन्तिम 'अक्षर' ('दीर्घ') नहीं (होता है)"—इससे ही सिद्ध हो जाता है। इसलिए "आमूरज प्रत्यावर्तय"ग इस प्रकार का कोई अन्य उदाहरण खोजना चाहिए।घ

नास्येति व्यञ्जनोपधः ॥८॥

सू० अ०—'अस्य' (का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ') नहीं (होता है), यदि ('अस्य' के) पूर्व में 'व्यञ्जन' हो।

उ० भा०—न खलु अस्य इत्ययमन्तः प्लवते व्यञ्जनोपधः सन्। "राजामि कृष्टेरुपमस्य वृत्रेः"१; "तेजिष्ठयातिथिग्वस्य वर्तनी।"२ व्यञ्जनोपधः इति कस्मात्? "अवास्या शिशुमतीरदीदेः ॥"३

उ० भा० अ०—**अस्य** का अन्त (=अन्तिम 'अक्षर'), **न**=नहीं; 'दीर्घ' होता है; **व्यञ्जनोपधः**='व्यञ्जन' पूर्व में होने पर। (उदाहरण) "राजामि कृष्टेरुपमस्य वृत्रेः"ङ; "तेजिष्ठयातिथिग्वस्य वर्तनी।"च "'व्यञ्जन' पूर्व में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों

टि० (क) सुऽवीर्यस्य। पतयः। स्याम ॥ प० पा०

उत्तर-पद 'वीर्यस्य' दो अक्षरों वाला नहीं अपितु तीन अक्षरों वाला है, अतः 'य' 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ख) अतिथिऽग्वस्य। वीरान् ॥ प० पा०

यहाँ 'य' के अकार के 'दीर्घ' होने का निषेध ७।८ से हुआ है।

(ग) आ। अमूः। अज। प्रतिऽआवर्तय। (इमाः) ॥ प० पा०

(घ) 'आमूरज प्रत्यावर्तय' भी प्रत्युदाहरण नहीं हो सकता है क्योंकि इसके बाद में 'स्वर'-वर्ण ('इमाः' का इकार) है और 'स्वर'-वर्ण परे रहते तो पदान्त 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण 'दीर्घ' होता ही नहीं। इसलिए कोई ऐसा प्रत्युदाहरण खोज लेना चाहिए (१) जिसके 'य' के पूर्व में 'आ' न हो, (२) वह 'य' ऐसे उत्तर-पद का अन्तिम 'अक्षर' हो (i) जिसका प्रथम 'अक्षर' 'उदात्त' हो तथा (ii) जिसमें दो से अधिक 'अक्षर' हों, (३) जिसमें दीर्घत्व का निषेध ७।८ से ही सिद्ध न हो जावे और(४) जिसके 'य' के बाद में 'व्यञ्जन' हो। उद्धृत 'प्रत्यावर्तय' पद अन्य तो सभी शर्तों को पूरी करता है किंतु उसके बाद में 'व्यञ्जन'-वर्ण न होकर 'स्वर'-वर्ण है। इसलिये यह प्रत्युदाहरण नहीं बन सकता है।

(ङ) राजामि। कृष्टेः। उपमस्य। वृत्रेः ॥ प० पा०

(च) तेजिष्ठया। अतिथिऽग्वस्य। वर्तनी ॥ प० पा०

दोनों उदाहरणों में 'व्यञ्जन' (क्रमशः मकार और वकार) पूर्व में होने के कारण 'अस्य' का 'अन्तिम' 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है। प्रस्तुत सूत्र ७।७ का अपवाद है।

---

१ ऋ० ४।४२।१ २ ऋ० १।५३।८ ३ ऋ० १।१४०।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कहा) ? (उत्तर) "अवास्या शिशुमतीरदीदेः ॥[क]

नियूय पिष्टतमयाभिपद्य प्रास्य संगत्यानुदृश्याभिवृत्य ।
आरभ्य संमील्य मक्षुंगमाभिरभिव्लग्य यत्र निषद्य वीति च ॥६॥

सू० अ०—'नियूय पिष्टतमया', 'अभिपद्य', 'प्रास्य', 'संगत्य', 'अनुदृश्य', 'अभिवृत्य', 'आरभ्य', 'संमील्य', 'मक्षुंगमाभिः', 'अभिव्लग्य यत्र' और 'निषद्य वि'—इनमें भी (७।५ और ७।७ से प्राप्त दीर्घत्व नहीं होता है)।

उ० भा०—इत्येतानि च पूर्वलक्षणप्राप्तानि न प्लवन्ते। नियूय पिष्टतमया—"वनस्पते रशनया नियूयख पिष्टतमया वयुनानि विद्वान्"[१] पिष्टतमया इति कस्मात् ? "वनस्पते रशनया नियूया देवानाम्।"[२-ग] अभिपद्य—"त एते वाचमभिपद्यख पापया।"[३] प्रास्य—"प्रास्यख पारं नवतिम्।"[४] संगत्य—"सर्वाः संगत्यख वीरुधः।"[५] अनुदृश्य—"पूर्वेषां पन्थामनुदृश्य धीराः।"[६] अभिवृत्य—"अभिवृत्यख सपत्नान्।"[७] आरभ्य—"ये त्वारभ्यख चरामसि।"[८] संमील्य—"संमील्यख यद्भुवना।"[२-घ] मक्षुंगमाभिः—"मक्षुंगमाभिरूतिभिः।"[१०] अभिव्लग्य यत्र—"अभिव्लग्यख यत्र हता अमित्राः।"[११] यत्र इति कस्मात् ? "अभिव्लग्या चिदद्रिवः।"[१२-घ] निषद्य वि—"पिबा निषद्यख वि मुचा हरी इह।"[१३] वि इति कस्मात् ? "ताविन्द्राग्नी सध्यञ्चा निषद्या वृषणः।"[१४-ङ] चकार एकैकस्य समुच्चयार्थः ॥

उ० भा० अ०—ये भी पूर्ववर्ती नियमों (७।५ और ७।७ से प्राप्त दीर्घत्व ('प्लुति') को प्राप्त नहीं होते हैं। च.....। चकार एक-एक के समुच्चय के लिए है।

टि० (क) अव॒ऽअस्य॑। शिशु॑ऽमतीः। अ॒दी॒दे॒ः॥ प० पा०
पूर्व में 'व्यञ्जन'-वर्ण न होकर 'स्वर' (अकार) है, अतः 'अस्य' का अन्तिम 'अक्षर' ७।७ से 'दीर्घ' हो गया है।

(ख) नि॒ऽयूय॑। अ॒भि॒ऽपद्य॑। प्र॒ऽअस्य॑। स॒म्ऽगत्य॑। । अ॒नु॒ऽदृश्य॑। अ॒भि॒ऽवृत्य॑। आ॒ऽरभ्य॑। स॒म्ऽमील्य॑। अ॒भि॒ऽव्लग्य॑। नि॒ऽसद्य॑॥ प० पा०

(ग) वन॑स्पते। र॒श॒नया॑। नि॒ऽयूय॑। दे॒वाना॑म्॥ प० पा०
'निऽयूय' के 'य' का अकार ७।७ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि बाद में 'पिष्टतमया' नहीं है।

(घ) अ॒भि॒ऽव्लग्य॑। चि॒त्। अ॒द्रि॒ऽवः॥ प० पा०
बाद में 'यत्र' न होने से 'अभिव्लग्य' के 'य' का अकार ७।७ से 'दीर्घ' हो गया है।

(ङ) तौ। इ॒न्द्रा॒ग्नी इति॑। स॒ध्य॒ञ्चा। नि॒ऽसद्य॑। वृ॒ष्णः॥ प० पा०
बाद में 'वि' न होने से 'निषद्य' के 'य' का अकार ७।७ से 'दीर्घ' हो गया है।

(च) 'मक्षुंगमाभिः' ७।५ का अपवाद है। अन्य सभी स्थल ७।७ के अपवाद हैं।

---

[१] प्रै० पृ० १४४ [२] ऋ० १०।७०।१० [३] ऋ० १०।७१।९
[४] ऋ० १।१२१।१३ [५] ऋ० १०।९७।२१ [६] ऋ० १०।१३०।७
[७] ऋ० १०।१७४।२ [८] ऋ० १।५७।४ [९] ऋ० १।१६१।१२
[१०] ऋ० ८।२२।१६ [११] ऋ० १।१३३।१ [१२] ऋ० १।१३३।२
[१३] ऋ० १।१७७।४ [१४] ऋ० १।१०८।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहि जह्यभि वीर्येण कृधीति कृणुथेति च
एतान्येकाक्षरे पदे क्षैप्रीभाव्ये ॥१०॥

सू० अ०—'नहि', 'जहि', 'अभि', 'वीर्येण', 'कृधि' और 'कृणुथ'—ये (पद) भी ('दीर्घ' हो जाते हैं), यदि 'क्षैप्र' (संधि) को प्राप्त एकाक्षर पद बाद में हो।

उ०भा०—नहि, जहि, अभि, वीर्येण, कृधि, कृणुथ—इत्येतानि च पदानि प्लवन्त एकाक्षरे पदे परे; (क्षैप्रीभाव्ये=) क्षैप्रसंधिभूते प्रत्यये। नहि—"नही न्वस्य प्रतिमानम्"[१-क] जहि—"जही न्यत्रिणम्।"[२] अभि—"अभी ष्वर्यः पौंस्यैर्भवेम।"[३] वीर्येण—"इन्द्रं माता वीर्येणा न्यृष्टम्।"[४] कृधि—"कृधी ष्वस्माँ अदितेः।"[५] कृणुथ—"अज्रे चिदस्मै कृणुथा न्यञ्चनम्।"[६] एतानि इति कस्मात्? "उतो जो अस्या उषसो जुषेत ह्यर्कस्य।"[७-ख] एकाक्षरे इति कस्मात्? "तमर्यमाभि रक्षत्यृजूयन्तम्।"[८-ग] क्षैप्रीभाव्ये इति कस्मात्? "नहि नु ते महिमनः समस्य॥"[९-घ]

उ० भा० अ०—**नहि, जहि, अभि, वीर्येण, कृधि,** (और) **कृणुथ—इत्येतानि च**=ये पद भी; 'दीर्घ' हो जाते हैं; (**क्षैप्रीभाव्ये**=) 'क्षैप्र' संधि को प्राप्त; **एकाक्षरे पदे**=एक 'अक्षर' वाला पद बाद में हो तो; (अर्थात् सूत्रोक्त पदों का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाता है यदि बाद में कोई ऐसा एकाक्षर पद हो जिसका 'स्वर' 'अन्तःस्था' में परिणत हो गया हो)।.....।

पराणि च ॥११॥

सू० अ०—परवर्ती (अर्थात् ७।१२ से ७।१८ तक उल्लिखित पद) भी ('दीर्घ' हो जाते हैं यदि बाद में एक 'अक्षर' वाला ऐसा पद हो जिसका 'स्वर' 'अन्तःस्था' हो गया हो)।

टि० (क) 'नहि' का इकार 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि इसके बाद में एक 'अक्षर' वाला पद 'नि' है जो 'अन्तःस्था' (=न्य्) हो गया है। आगे के सभी उदाहरणों को ऐसे ही समझ लेना चाहिए।

(ख) 'ह्य' ('हि') परे रहते भी 'जुषेत' का अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि सूत्रोक्त पदों में 'जुषेत' का उल्लेख नहीं है।

(ग) 'रक्षति' पद का इकार 'अन्तःस्था' हो गया है तथापि पूर्ववर्ती 'अभि' पद का इकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'रक्षति' एक 'अक्षर' वाला पद नहीं है।

(घ) 'अभि' पद का इकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि परवर्ती एकाक्षर पद ('नु') का 'स्वर'-वर्ण (='उ') 'अन्तःस्था' नहीं हुआ है।

---

[१] ऋ० ४।१८।४ [२] ऋ० ६।५१।१४ [३] ऋ० १०।५९।३
[४] ऋ० ४।१८।५ [५] ऋ० ४।१२।४ [६] ऋ० ८।२७।१८
[७] ऋ० १।१३१।६ [८] ऋ० १।१३६।५ [९] ऋ० ६।२७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—पराणि च यानि वक्ष्यामस्तानि च प्लवन्ते क्षैप्रीभाव्ये। तान्युत्तरत्रोदाहरिष्यामः। क्षैप्रीभाव्ये इति कस्मात् ? "मनोवाता अध नु धर्मणि ग्मन् ॥"[१]

उ० भा० अ०—**पराणि च**=परवर्ती (पद) भी; जिनको (७।१२ से ७।१८ तक) कहेंगे वे भी 'दीर्घ' हो जाते हैं, यदि 'क्षैप्र' (संधि) को प्राप्त (एकाक्षर पद) बाद में हो। उनके उदाहरण आगे देंगे। "'क्षैप्र' को प्राप्त" यह क्यों (कहा) ? (उत्तर) "मनोवाता अध नु धर्मणि ग्मन्।"क

युक्ष्व मन्दस्व विद्मेति हीति ॥१२॥

सू० अ०—'हि' बाद में हो तो 'युक्ष्व', 'मन्दस्व', (और) 'विद्म' ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ०भा०—युक्ष्व, मन्दस्व, विद्म—इत्येतानि प्लवन्ते हि इत्येतस्मिन्प्रत्यये। युक्ष्व—"युक्ष्वा ह्यरुषी रथे।"[२] "सार्धमद्यादिभिः प्लुतैः"[३] इति सिद्धे संयोगपरार्थं ग्रहणम्। मन्दस्व—"स मन्दस्वा ह्यन्धसः।"[४] विद्म—"विद्म ह्यस्य वीरस्य।"[५] संयोगपरार्थं ग्रहणम् ॥

उ० भा० अ०—**युक्ष्व, मन्दस्व** (और) **विद्म**—ये 'दीर्घ' हो जाते हैं, **हि**—यह (एकाक्षर पद) बाद में हो तो। **युक्ष्व**—"युक्ष्वा ह्यरुषी रथे।" "दीर्घत्व को प्राप्त 'अद्य' आदि के साथ" इससे ही सिद्ध होने पर 'संयोग'-पर के लिए ग्रहण (किया गया है)।ख **मन्दस्व**—"स मन्दस्वा ह्यन्धसः।" **विद्म**—"विद्मा ह्यस्य वीरस्य।" 'संयोग'-पर के लिए ग्रहण (किया गया है)।ग

टि० (क) 'अध' के अकार को ७।१५ के अनुसार दीर्घ हो जाना चाहिए किंतु परवर्ती एकाक्षर पद 'नु' का उकार 'अन्तःस्था' नहीं हुआ है, इसलिए 'अध' का अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ख) 'युक्ष्व' का अकार, 'व्यञ्जन' परे रहते, ७।३३ से ही 'दीर्घ' हो जाता है किंतु संयुक्त वर्ण ('संयोग') परे रहते ७।३३ से 'युक्ष्व' का अकार 'दीर्घ' नहीं होता है। "संयुक्त वर्ण परे होने पर 'युक्ष्व' का अकार 'दीर्घ' होता है"—यह विधान करने के लिए ही 'युक्ष्व' पद का प्रस्तुत सूत्र में ग्रहण किया गया है।

(ग) 'विद्म' के अकार का 'दीर्घ' होना तो ७।३३ से भी सिद्ध होता है। "संयुक्त वर्ण परे होने पर 'विद्म' का अकार 'दीर्घ' हो जाता है"—यही विधान करने के लिए 'विद्म' का प्रस्तुत सूत्र में ग्रहण किया गया है। परवर्ती सूत्रों के भाष्य में जहाँ-जहाँ यह कहा गया है कि 'संयोग'-पर के लिये ग्रहण किया गया है वहाँ यही बात समझनी चाहिए।

---

[१] ऋ० ३।३८।२ [२] ऋ० १।१४।१२ [३] ७।३३
[४] ऋ० ३।४१।६ [५] ऋ० ८।२।२१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्धि पिब त्विति ॥१३॥

सू० अ०—'तु' बाद में हो तो 'विद्धि' और 'पिब' ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०—विद्धि पिब—इत्येते प्लवेते तु इत्येतस्मिन्प्रत्यये। विद्धि—"विद्धी त्वस्य नो वसो।"[१] पिब—"पिबा त्वस्य गिर्वणः।"[२] संयोगपरार्थं ग्रहणम् ॥

उ० भा० अ०—विद्धि (और) पिब—ये 'दीर्घ' हो जाते हैं, तु इति='तु'—यह (एकाक्षर पद) बाद में हो तो। विद्धि—"विद्धी त्वस्य नो वसो।" पिब—"पिबा त्वस्य गिर्वणः।" संयोग-पर के लिए (इस सूत्र में 'पिब' का) ग्रहण किया गया है।

जुहोत यज धासथ शिशीत भरेति स्विति ॥१४॥

सू० अ०—'सु' बाद में हो तो 'जुहोत', 'यज', 'धासथ', 'शिशीत' और 'भर' ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०—जुहोत, यज, धासथ, शिशीत, भर—इत्येतानि सु इत्येतस्मिन्प्रत्यये प्लवन्ते। जुहोत—"आ जुहोता स्वध्वरम्।"[३] यज—"यजा स्वध्वरं जनम्।"[४] संयोग-परार्थं ग्रहणम्। धासथ—"तन्नः शर्धाय धासथा स्विन्द्रियम्।"[५] शिशीत—"तं शिशीता स्वध्वरम्।"[६] "यथोदयानि"[७] इति सिद्धे संयोगपरार्थं ग्रहणम्। भर—"त्वं पुरूण्या भरा स्वश्व्या॥"[८]

उ० भा० अ०—जुहोत, यज, धासथ, शिशीत (और) भर—ये 'दीर्घ' हो जाते हैं, सु—यह (पद) बाद में हो तो।..... । 'संयोग'-पर के लिए (इस सूत्र में 'यज' पद का) ग्रहण (किया गया है)। ..... । "चाहे बाद में कोई भी (पद) हो"—इससे ही (दीर्घत्व) सिद्ध हो जाने पर 'संयोग'-पर के लिए (इस सूत्र में 'शिशीत' पद का) ग्रहण (किया गया है)।.....।

सु नु हीत्येतेषु परेष्वधेति ॥१५॥

सू० अ०—'सु', 'नु' (और) 'हि'—ये बाद में हों तो 'अध' ('दीर्घ' हो जाता है)।

उ० भा०—सु, नु, हि—इत्येतेषु परेषु अध इत्येतत्प्लवते। सु—"रुद्रस्य मर्या अधा स्वश्वाः।"[९] नु—"अधा न्वस्य संदृशम्।"[१०] हि—"अधा ह्यग्ने क्रतोः।"[११] संयोग-परार्थं ग्रहणम् ॥

उ० भा० अ०—सु, नु (और) हि—इत्येतेषु परेषु=ये बाद में हों तो; अध इति='अध'—यह (पद) 'दीर्घ' हो जाता है।..... । 'संयोग'-पर के लिए ग्रहण किया गया है।

---

१ ऋ० ७।३१।४ २ ऋ० ८।१।२६ ३ ऋ० ३।९।८
४ ऋ० १।४५।१ ५ ऋ० १।१११।२ ६ ऋ० ८।४०।११
७ ८।१५ ८ ऋ० १०।११३।१० ९ ऋ० ७।५६।१
१० ऋ० ७।८८।२ ११ ऋ० ४।१०।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तृम्पर्तेन मुञ्चताद्येति वीति ॥१६॥

सू० अ०—'वि' बाद में हो तो 'तृम्प', 'ऋतेन', 'मुञ्चत' (और) 'अद्य' ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०—तृम्प, ऋतेन, मुञ्चत, अद्य—इत्येतानि वि इत्येतस्मिन्प्रत्यये प्लवन्ते। तृम्प—"तृम्पा व्यश्नुही मदम्।"[१] ऋतेन—"ददृशुषीस्तदृतेना व्यायन्।"[२] मुञ्चत—"एवो ष्वस्मन्मुञ्चता व्यंहः।"[३] अद्य—"संवत्सर इदमद्या व्यख्यत्॥"[४]

उ० भा० अ०—तृम्प, ऋतेन, मुञ्चत (और) अद्य—ये 'दीर्घ' हो जाते हैं; वि इति=वि—यह (पद) बाद में होने पर।.....।

सु न्वित्यनर्यपरयोरुकारः पदम् ॥१७॥

सू० अ०—'अर्य' बाद में नहीं है जिनके ऐसे 'सु' और 'नु' बाद में हों तो उकार पद ('दीर्घ' हो जाता है)।

उ० भा०—सु नु इत्येतयोः अनर्यपरयोरुकारः पदं प्लवते। सु—"इमामू ष्वासुरस्य श्रुतस्य।"[४] नु—"कदू न्वस्याकृतम्।"[५] अनर्यपरयोः इति कस्मात्? "यस्मा इरस्यसीदु न्वर्यः।"[७] संयोगपरार्थं ग्रहणम्। पदम् इति कस्मात्? "वहस्वा सु स्वश्व्यम्॥"[८]

उ० भा० अ०—अनर्यपरयोः='अर्य' (शब्द) बाद में नहीं है जिनके ऐसे; सु नु इति='सु' और 'नु'—ये (पद) बाद में होने पर; उकारः पदम्=उकार पद; 'दीर्घ' हो जाता है; (अर्थात् 'उ' 'दीर्घ' हो जाता है यदि (१) 'उ' के बाद में 'सु' या 'नु' हो, (२) उक्त 'सु' या 'नु' के बाद में 'अर्य' शब्द न हो और (३) 'उ' स्वयं पद हो)। नु—"कदू न्वस्याकृतम्।" "'अर्य' बाद में नहीं है जिनके"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "यस्मा इरस्यसीदु न्वर्यः।"क 'संयोग'-पर के लिए ग्रहण (किया गया है)। "पद"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "वहस्वा सु स्वश्व्यम्।"ख

तयोरुत्तरे योज घेति ॥ १८ ॥

सू० अ०—उन (७।१७ में उल्लिखित 'सु' और 'नु') में से बाद वाला (='नु') बाद में हो तो (पूर्ववर्ती) 'योज' (और) 'घ' ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

टि० (क) 'नु' बाद में होने पर भी उकार पद 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'नु' के बाद में 'अर्य' शब्द वर्तमान है।

(ख) बाद में 'सु' होने पर भी 'सु' का उकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि यहाँ उकार स्वयं पद नहीं; पद तो 'सु' है।

---

१ ऋ० ८।४५।२२ २ ऋ० १०।१३९।४ ३ ऋ० ४।१२।६
४ ऋ० १।१६१।१३ ५ ऋ० ५।८५।५ ६ ऋ० ८।६६।९
७ ऋ० १०।८६।३ ८ ऋ० ८।२६।२३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०– तयोः=सु, नु इत्येतयोः; उत्तरे=नु इत्येतस्मिन्प्रत्यये; योज, घ इत्येते प्लवेते। योज—"योजा न्विन्द्र ते हरी।"[१] घ—"प्र घा न्वस्य महतः।"[२] "यथोदये" सिद्धे संयोगपरार्थं ग्रहणम् ॥

इति क्षैप्रीभाव्याधिकारः ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अष्टाक्षरे पादे षष्ठाक्षरस्य दीर्घभावः)

षष्ठं चाष्टाक्षरेऽक्षरम् ॥३९॥

(आठ अक्षरों के पाद में छठे अक्षर का दीर्घ होना)

सू० अ०—आठ अक्षरों वाले (पाद) में छठा 'अक्षर' भी ('दीर्घ' हो जाता है, यदि बाद में संहिता-पाठ में 'लघु' 'अक्षर' हो)।

उ० भा०—**अष्टाक्षरे च पादे षष्ठमक्षरं प्लवत एवम्। कथम्? यथैकादशि-द्वादशिनोरष्टममक्षरं दशमं च। "ईशानो यवया वधम्।"[१] अष्टाक्षरे इति कस्मात्? "पिबा सोममभि यमुग्र तर्दः।"[२] लघौ इति कस्मात्? "आ पवस्व देव सोम।"[३] संहिताकाले इति कस्मात्? "नेमिं तष्टेव सुद्रवम्॥"[४]**

उ० भा० अ०—**अष्टाक्षरे च**=आठ अक्षरों वाले भी; पाद में; **षष्ठमक्षरम्**=छठा अक्षर; उसी प्रकार 'दीर्घ' हो जाता है। किस प्रकार? (उत्तर) जिस प्रकार ग्यारह और बारह (अक्षरों) वाले (पादों) में अष्टम और दशम ('अक्षर') ('दीर्घ' हो जाता है) (उदाहरण) "ईशानो यवया वधम्।" "आठ अक्षरों वाले (पाद) में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "पिबा सोममभि यमुग्र तर्दः।"क "लघु' ('अक्षर') बाद में होने पर"—यह क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ पवस्व देव सोम।"ख "संहिता-पाठ में ('लघु')"—यह क्यों (कहा)? (उत्तर) "नेमिं तष्टेव सुद्रवम्।"ग

(ऊने पादे क्षैप्रवर्ण-प्रश्लिष्टादीनाम् अन्तर्विभागेन पादपूरणम्)

न्यूनैः संपत्समीक्ष्योने क्षैप्रवर्णैकभाविनाम् ॥४०॥

(न्यूनाक्षर पाद में क्षैप्रवर्ण तथा प्रश्लिष्ट आदि के अन्तर्विभाग के द्वारा पादपूर्ति)

सू० अ०—न्यून अक्षरों वाले (पाद) में 'क्षैप्र'-वर्णों ('अन्तःस्था'-वर्णों) और

टि० (क) छठा 'अक्षर' ('अभि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि यह आठ अक्षरों का पाद न होकर ग्यारह अक्षरों का पाद है।

(ख) आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('देव' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि छठे 'अक्षर' के बाद में 'लघु' 'अक्षर' न होकर 'गुरु' 'अक्षर' ('सो') है।

(ग) नेमिम्। तष्टाऽइव। सुद्रवम्॥ प० पा०

आठ अक्षरों वाले पाद में छठा 'अक्षर' ('तष्टेव' का अन्तिम अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि संहिता-पाठ में छठे 'अक्षर' के बाद में 'गुरु' 'अक्षर' ('सु') है। 'सु' 'गुरु' है क्योंकि 'सु' के बाद में संयुक्त वर्ण ('संयोग') है। पद-पाठ म 'सु' 'गुरु' न होकर 'लघु' है क्योंकि 'सु' के बाद में 'अवग्रह' है, संयुक्त वर्ण ('संयोग') नहीं।

---

१ ऋ० १।५।१० २ ऋ० ६।१७।१ ३ ऋ० ९।६७।३०
४ ऋ० ७।३२।२०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिलकर एक हो जाने वाले (अक्षरों) के पृथक्करण ('व्यूह') के द्वारा (पाद के अक्षरों की) पूर्णता (=अपेक्षित संख्या) संपादित करनी चाहिए।

उ० भा०—**ऊने पादे (क्षैप्रवर्णैकभाविनाम्=)** क्षैप्रवर्णानां च संधीनामेकीभाविनां च; **व्यूहैः** पादस्य संपत्; **(समीक्ष्या=)** समीक्षितव्या। "उद्वत्स्वस्मा अकृणोतना तृणम्"[१]—इति क्षैप्रसंधिव्यूहाद् द्वादशाक्षरस्य पादस्य दशममक्षरं प्लवते। "क्षैप्रैकभाविनाम्" इत्येव सिद्धे वर्णग्रहणसामर्थ्यात्—"गोर्न पर्व वि रदा तिरश्चा"[२] इति वर्णव्यूहादेकादशाक्षरस्याष्टममक्षरं प्लवते। "प्रेता जयता नरः"[३] इत्येकीभावव्यूहादष्टाक्षरस्य षष्ठमक्षरं प्लवते। एवं संपत्सर्वत्र समीक्ष्या। ऊने इति वचनात्पूर्णे व्यूहो न भवति—"प्रत्यग्रभीष्म नृतमस्य नृणाम्॥"[४]

उ० भा० अ०—**ऊने**=न्यून अक्षरों वाले पाद में; **(क्षैप्रवर्णैकभाविनाम्=)** 'क्षैप्र'-वर्णों (='अन्तःस्था'-वर्णों) के और संधि होने पर एक हो जाने वाले (वर्णों) के; **व्यूहैः**[क]=पृथक्करण के द्वारा; पाद की पूर्णता (संपत्); **(समीक्ष्या=)** संपादित करनी चाहिए; (अर्थात् जहाँ पाद में अक्षरों की अपेक्षित संख्या पूरी न हो, वहाँ उस पाद में विद्यमान 'अन्तःस्था'-वर्ण तथा संधि से मिलकर एक बने हुए ('प्रश्लिष्ट' आदि) वर्ण को पृथक् करके पाद के अक्षरों की संख्या पूरी करनी चाहिए)। (जैसे) "उद्वत्स्वस्मा अकृणोतना तृणम्" में 'क्षैप्र' संधि को पृथक् करने से बारह अक्षरों वाले पाद का दशम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाता है।[ख] "क्षैप्रैकीभाविनाम्" इससे ही सिद्ध हो जाने पर जो (सूत्र में) 'वर्ण' का ग्रहण किया गया है उसकी सामर्थ्य से—"गोर्न पर्व वि रदा तिरश्चा" में ('क्षैप्र') वर्ण (व) को पृथक् करने से ग्यारह अक्षरों वाले (पाद) का अष्टम 'अक्षर' (८।३६ से) 'दीर्घ' हो जाता है।[ग] "प्रेता जयता नरः" में मिलकर एक बने हुए ('ए' 'अक्षर') को पृथक् करने से

टि० (क) 'व्यूह' के लिए पृ० ३९ पर टि० (क) और (ख) तथा १७।२२ और १७।३३ को देखिए।

(ख) उद्वत्ऽसु। अस्मै। अकृणोतन। तृणम्॥ प० पा०

यह 'जगती' छन्द का एक पाद है जिसमें बारह 'अक्षर' होने चाहिए किंतु इसमें ग्यारह ही 'अक्षर' हैं। पाद के अक्षरों की संख्या पूरी न होने के कारण हम 'क्षैप्र' संधि से निष्पन्न 'स्वस्मै' के वकार को पृथक् करके "सु+अस्मै" बना लेते हैं जिससे अक्षरों की संख्या पूर्ण (=बारह) हो जाती है। अब बारह अक्षरों के इस जगती पाद का दशम 'अक्षर' ('अकृणोतन' का अन्तिम अकार) ८।३८ से 'दीर्घ' हो जाता है।

(ग) गोः। न। पर्व। वि। रद। तिरश्चा॥ प० पा०

'त्रिष्टुप्' छन्द के इस पाद में ग्यारह 'अक्षर' न होकर दस 'अक्षर' हैं जिससे यह पाद एक 'अक्षर' से न्यून है। इस न्यूनता की पूर्ति 'पर्व' के वकार के पृथक्करण (परु+अ=पर्व) से की जाती है। यह 'अन्तःस्था'-वर्ण (वकार) संधिज नहीं है। इससे ज्ञात होता है कि पाद के अक्षरों की पूर्ति

१ ऋ० १।१६१।११ २ ऋ० १।६१।१२ ३ ऋ० १०।१०३।१३ ४ ऋ० ५।३०।१२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आठ अक्षरों वाले (पाद) का छठा 'अक्षर' ('जयत' का अन्तिम अकार) 'दीर्घ' हो जाता है।[क] इस प्रकार सर्वत्र पूर्णता ('संपत्') का संपादन करना चाहिए। "न्यून अक्षरों वाला (पाद) होने पर"—इस विधान से पूर्ण (अक्षरों वाले पाद) में (वर्णों का) पृथक्करण ('व्यूह') नहीं होता है। (जैसे) "प्रत्यग्रभीष्म नृतमस्य नृणाम्।"[ख]

(षष्ठाष्टमदशमाक्षराणां दीर्घभावेऽपवादाः)

न वावृधन्त वातस्यावद्यानि जिघांससि।
सासह्याम ववृत्याम दीदिह्यष्टममूर्णुहि ॥४१॥

(षष्ठ, अष्टम और दशम अक्षरों के दीर्घत्व में अपवाद)

सू० अ०—(अधोलिखित में ८।३६-३९ से प्राप्त दीर्घत्व) नहीं (होता है)—'वावृधन्त', 'वातस्य', 'अवद्यानि', 'जिघांससि', 'सासह्याम', 'ववृत्याम', 'दीदिहि' में अष्टम (अर्थात् 'दीदिहि' का अन्तिम इकार यदि वह पाद का अष्टम 'अक्षर' हो) और 'ऊर्णुहि'।

उ० भा०—न तु खल्वेकादशिद्वादशिनोरष्टाक्षरे चैवमादीनि प्लवन्ते यानि वक्ष्यामः—वावृधन्त, वातस्य, अवद्यानि, जिघांससि सासह्याम, ववृत्याम, दीदिहि अष्टमम्, ऊर्णुहि इति। वावृधन्त—"द्युतद्यामानं वावृधन्त नृणाम्।"[१-ग] वातस्य—"युजानो अश्वा वातस्य धुनी।"[२]

प्रतिषेधाधिकारे वातस्येति ग्रहणमनर्थकं दशाक्षरत्वात्पादस्य। नानर्थकम्। व्यूहेन द्वादशाक्षरं लिङ्गं भवति। नास्य व्यूह इष्यते। कस्मात्? सर्वानुक्रमण्यामनुष्टुभस्ताः

(४९६ग) करने के लिए 'अन्तःस्था'-वर्ण को पृथक् किया जाता है चाहे वह 'अन्तःस्था'-वर्ण 'क्षैप्र' संधि से उत्पन्न हो (दे० टि० ख) और चाहे 'क्षैप्र'-संधि से उत्पन्न न होकर स्वाभाविक ही हो। इसी तथ्य को सूचित करने के लिए सूत्रकार ने सूत्र में 'वर्ण' शब्द का संनिवेश किया है।

टि० (क) प्र। इत। जयत। नरः॥ प० पा०

यह 'अनुष्टुप्' छन्द का पाद है जिसमें आठ 'अक्षर' होने चाहिए किंतु इसमें सात ही 'अक्षर' हैं। पाद के अक्षरों की संख्या पूरी न होने के कारण हम 'प्रश्लिष्ट' संधि से निष्पन्न 'प्रेत' के एकार को पृथक् करके "प्र+इत" बना लेते हैं जिससे अक्षरों की संख्या पूर्ण (आठ) हो जाती है। अब आठ अक्षरों के इस 'गायत्र' पाद का छठा 'अक्षर' ८।३९ से 'दीर्घ' हो जाता है।

(ख) प्रति। अग्रभीष्म। नृतमस्य। नृणाम्॥ प० पा०

यह 'त्रिष्टुप्' छन्द का एक पाद है जिसमें अक्षरों की संख्या ग्यारह है। इस पाद म अक्षरों की संख्या पूर्ण (ग्यारह) है जिससे यहाँ 'अन्तःस्था'-वर्ण ('प्रत्यग्रभीष्म' के यकार) का पृथक्करण ('व्यूह') नहीं किया जाता है।

(ग) ८।३८ का अपवाद। बारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

---

[१] ऋ० १०।९३।१२ [२] ऋ० १०।२२।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वराजो बृहत्यो वा विराजोऽव्यूह इत्यनूहः। तस्मादुभयोरपि दशाक्षर एवायं पादो भवति। अत एव वातस्येति ग्रहणमनर्थकं भवतीति। मर्तस्येति तस्य स्थाने पठन्ति—"यज्ञं मर्तस्य रिपोः।"[१]

उ० भा० अ०—ग्यारह, बारह और आठ अक्षरों के पादों में ये 'दीर्घ' नहीं होते हैं जिन्हें हम कहगे.....।

(पू०) प्रतिषेध के अधिकार में 'वातस्य' का ग्रहण अनर्थक है क्योंकि (प्रस्तुत) पाद दस अक्षरों का है (और दस अक्षरों के पाद में तो दीर्घत्व की प्रसक्ति ही नहीं है)। (सि०) ('वातस्य' का ग्रहण) अनर्थक नहीं है। पृथक्करण ('व्यूह') के द्वारा बारह अक्षरों का (पाद हो जायेगा और तब) दीर्घत्व की प्रसक्ति हो जायेगी।[क] (पू०) इस (पाद) में पृथक्करण ('व्यूह') अभीष्ट नहीं है। (सि०) क्यों? (पू०) सर्वानुक्रमणी में ऐसे स्थलों पर पृथक्करण ('व्यूह') न करके उन्ह 'स्वराट् अनुष्टुप्' अथवा 'विराट् बृहती' कहा गया है—इस प्रकार (प्रकृत पाद में 'व्यूह' के द्वारा बारह अक्षरों की) कल्पना करना युक्त नहीं है। इसलिए दोनों ही (पक्षों) में (अर्थात् चाहे इसे 'स्वराट् अनुष्टुप्' माना जाये और चाहे विराट् बृहती' दोनों ही तरह) यह दस अक्षरों का ही पाद है। अत एव (प्रतिषेध के अधिकार में) 'वातस्य' का ग्रहण अनर्थक है। (सि०) इस कारण से इस (='वातस्य') के स्थान पर (सूत्र में) 'मर्तस्य' का पाठ करते हैं।[ख] (जिसका उदाहरण यह है)—"यज्ञं मर्तस्य रिपोः।"[ग]

उ० भा०—अवद्यानि—"अन्तः सन्तोऽवद्यानि पुनानाः।"[२-घ] **जिघांससि**—"यत् स्तोतारं जिघांससि सखायम्।"[३-घ] **सासह्याम**—"इन्द्रत्वोतासः सासह्याम पृतन्यतः।"[४-घ] **ववृत्याम**—"आ ते मनो ववृत्याम मघाय।"[५-घ] **दीदिहि अष्टमम्**—"शोचा शोचिष्ठ दीदिहि विशे मयः।"[६-घ] **अष्टमम् इति कस्मात्?** "अहा विश्वा सुमना

टि० (क) सिद्धान्ती का कहना है कि प्रस्तुत पाद में विद्यमान वकार तथा यकार का विभाग करने पर यह पाद बारह अक्षरों का हो जाता है। तब 'वातस्य' का अन्तिम अकार इस पाद का दशम 'अक्षर' होता है जो ८।३८ से 'दीर्घ' नहीं होता है क्योंकि प्रस्तुत सूत्र में इसके 'दीर्घ' होने का निषेध कर दिया गया है।

(ख) पूर्वपक्षी का कहना है कि वकार तथा यकार का विभाग करके बारह अक्षरों का पाद बनाना अनावश्यक है। यह पाद दस अक्षरों का है जो सर्वानुक्रमणी के अनुसार 'स्वराट् अनुष्टुप्' अथवा 'विराट् बृहती' का पाद है। (सि०) तब सूत्र में 'वातस्य' के स्थान पर 'मर्तस्य' का पाठ करना चाहिए।

(ग) ८।३९ का अपवाद। आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(घ) ८।३६ के अपवाद। ग्यारह और बारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('अवद्यानि', 'जिघांससि' तथा 'दीदिहि' के अन्तिम इकार और 'सासह्याम' तथा 'ववृत्याम' के अन्तिम अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

---

[१] ऋ० ८।११।४ [२] ऋ० ६।६६।४ [३] ऋ० ७।८६।४
[४] ऋ० १।१३२।१ [५] ऋ० ७।२७।५ [६] ऋ० ८।६०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीदिही नः ।"[१-क] ऊर्णुहि—"पुनान इन्द्र ऊर्णुहि वि वाजान् ॥"[२-ख]

पुरुप्रजातस्याभि नः
कृणुहि द्व्यक्षरोपधम् ।
हर्यश्वोत भवन्त्विन्द्र
सदनायास्ति नाम चित् ॥४२॥

सू० अ०—(अधोलिखित में ८।३६-३८ से प्राप्त दीर्घत्व नहीं होता है)—'पुरुप्रजातस्य', 'नः' हो बाद में जिसके ऐसा 'अभि', द्व्यक्षर (पद) से बाद में स्थित 'कृणुहि', 'हर्यश्व', 'उत', 'भवन्तु', 'इन्द्र', 'सदनाय', 'अस्ति', 'चित्' हो बाद में जिसके ऐसा 'नाम' ।

उ० भा०—इत्येतानि चैकादशिद्वादशिनोरष्टाक्षरे च न प्लवन्ते । पुरुप्रजातस्य—"विदत्पुरुप्रजातस्य गुहा यत् ।"[३-ग] अभि नः—"पतिरिव जायामभि नो न्येतु ।"[४-ग] नः इति कस्मात् ? "तं दुरोषमभी नरः ।"[५-घ] कृणुहि द्व्यक्षरोपधम्—"वर्षीयो वयः कृणुहि शचीभिः ।"[६-ङ] द्व्यक्षरोपधम् इति कस्मात् ? "जहि वृष्ण्यानि कृणुहि पराचः ।"[७-च] हर्यश्व—"स नः प्रजायै हर्यश्व मृळय ।"[८-छ] उत—"अदिते मित्र

टि० (क) ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('दीदिहि' का इकार) ८।३८ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'दीदिहि' का इकार यहाँ अष्टम 'अक्षर' नहीं है । पाद का अष्टम 'अक्षर' होने पर ही 'दीदिहि' का इकार 'दीर्घ' नहीं होता है ।

(ख) ८।३६ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('ऊर्णुहि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(ग) ८।३६ के अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('पुरुप्रजातस्य' का अकार और 'अभि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

(घ) आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('अभि' का इकार) ८।३९ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'अभि' के बाद में 'नः' नहीं है ।

(ङ) ८।३६ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('कृणुहि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(च) ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('कृणुहि' का इकार) ८।३६ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'कृणुहि' के पूर्व में दो अक्षरों वाला पद न होकर बहुत अक्षरों वाला पद है ।

(छ) ८।३६ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम अक्षर ('हर्यश्व' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

---

[१] ऋ० ३।५४।२२ [२] ऋ० ९।९१।४ [३] ऋ० १०।६१।१३
[४] ऋ० १०।१४९।४ [५] ऋ० ९।१०१।३ [६] ऋ० ६।४४।९
[७] ऋ० ६।२५।३ [८] ऋ० १०।१२८।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वरुणोत मृळ।"[1]-क **भवन्तु**—"स्वस्तय आदित्यासो भवन्तु नः।"[2]-क **इन्द्र**—"यथा त्रिते छन्द इन्द्र जुजोषसि।"[3]-ख **सदनाय**—"सूर्यामासा सदनाय सधन्या।"[4]-ख **अस्ति**—"रायस्पूर्धि स्वधावोऽस्ति हि ते।"[5]-ग **नाम चित्**—"वृषा समत्सु दासस्य नाम चित्।"[6]-ग **चित् इति कस्मात्?** "दिवेदिवे अधि नामा दधाना॥"[7]-घ

उ० भा० अ०—ग्यारह, बारह और आठ अक्षरों वाले (पादों) में ये भी 'दीर्घ' नहीं होते हैं।.....।

चमसाँइवात्रि वसवान
द्वादशिनः सृजास्य विमदस्य।
सुमखाय धारय ददातु
रक्ष धिया दधातु दिधिषेय॥४३॥

सू० अ०—(अधोलिखित में भी ८।३६-३९ से प्राप्त दीर्घत्व नहीं होता है)—'चमसाँइव', 'अत्रि', 'वसवान', बारह (अक्षरों के पाद) का 'सृज', 'अस्य', 'विमदस्य', 'सुमखाय', 'धारय', 'ददातु', 'धिया' है बाद में जिसके ऐसा 'रक्ष', 'दधातु' (और) 'दिधिषेय'।

उ० भा०—इत्येतानि चैकादशिद्वादशिनोरष्टाचक्षरे च न प्लवन्ते। **चमसाँइव**—"धारया चमसाँइव विवक्षसे।"[8]-ङ **अत्रि**—"देवस्य त्रातुरत्रि भगस्य।"[9]-ङ **त्रसवान**—"मा रिषण्यो वसवान वसुः सन्।"[10]-ङ **द्वादशिनः सृज**—"सं राया भूयसा सृज मयोभुना।"[11]-ङ **द्वादशिनः इति कस्मात्?** "स्वादोः स्वादीयः स्वादुना सृजा सम्।"[12]-च

टि० (क) ८।३८ के अपवाद। बारह और ग्यारह अक्षरों के पादों में दशम 'अक्षर' ('उत' का अकार और 'भवन्तु' का उकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(ख) ८।३६ के अपवाद। बारह और ग्यारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('इन्द्र' का अकार और 'सदनाय' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(ग) ८।३८ के अपवाद। बारह और ग्यारह अक्षरों के पादों में दशम 'अक्षर' ('अस्ति' का इकार और 'नाम' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(घ) ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('नाम' का अकार) ८।३६ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'नाम' के बाद में 'चित्' नहीं है।

(ङ) ८।३६ के अपवाद। बारह और ग्यारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('इव', 'वसवान' तथा 'सृज' के अकार तथा 'अत्रि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(च) यहाँ 'सृज' का अकार (पाद का दशम 'अक्षर') ८।३८ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि यह पाद बारह अक्षरों का न होकर ग्यारह अक्षरों का है।

---

[1] ऋ० २।२७।१४ [2] ऋ० ५।५१।१२ [3] ऋ० ८।५२।१
[4] ऋ० १०।९३।५ [5] ऋ० १।३६।१२ [6] ऋ० ५।३३।४
[7] ऋ० १।१२३।४ [8] ऋ० १०।२५।४ [9] ऋ० ४।५५।५
[10] ऋ० १०।२२।१५ [11] ऋ० ३।१६।६ [12] ऋ० १०।१२०।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अस्य—"सम्वारन्नकिरस्य मघानि ।"[१-क] विमदस्य—"तव चेन्द्र विमदस्य च ऋषेः ।"[२-क] सुमखाय—"कद्रुद्राय सुमखाय हविर्दे ।"[३-क] धारय—"अस्मे रयिं नि धारय वि वो मदे ।"[४-क] ददातु—"अग्निरिषां सख्ये ददातु नः ।"[५-ख] रक्ष धिया—"ज्योतिष्मतः पथो रक्ष धिया कृतान् ।"[६-ग] धिया इति कस्मात् ?.....। दधातु—"स्वस्ति पूषा असुरो दधातु नः ।"[७-घ] दिधिषेय—"स्तोतारमिद्दिधिषेय रदावसो ॥"[८-ङ]

अङ्ग सरस्वति पञ्च चरन्ति
ग्नाभिरिहेन्वसि रण्यसि धाव ।
विद्धि षु णोऽभि षतः सुविताय
त्वा समिधान दधीमहि देव ॥४४॥

सू० अ०—(अधोलिखित में भी ८।३६-३९ से प्राप्त दीर्घत्व नहीं होता है)—'अङ्ग', 'सरस्वति', 'पञ्च', 'चरन्ति', 'ग्नाभिः' पूर्व में हो तो 'इह', 'इन्वसि', 'रण्यसि', 'धाव', विद्धि षु णः' (में 'षु'), 'अभि षतः' (में 'अभि'), 'सुविताय', 'त्वा समिधान', दधीमहि' (और) देव' ।

उ० भा०—इत्येतानि च षष्ठमष्टमं दशममष्टाक्षर एकादशे द्वादशे च न प्लवन्ते । अङ्ग—' इन्द्रासोमा युवमङ्ग तरुत्रन् ।"[९-च] सरस्वति–"अयमु ते सरस्वति वसिष्ठः ।"[१०-च]

उ० भा० अ०—ग्यारह, बारह और आठ अक्षरों वाले (पादों) में ये भी 'दीर्घ' नहीं होते हैं ।.....।

टि० (क) ८।३६ के अपवाद। ग्यारह और बारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('अस्य', 'विमदस्य', 'सुमखाय' और 'धारय' के अन्तिम अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

(ख) ८।३८ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('ददातु' का उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(ग) ८।३६ का अपवाद । बारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('रक्ष' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(घ) ८।३८ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('दधातु' का उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(ङ) ८।३६ का अपवाद । बारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('दिधिषेय' का अकार) 'दीर्घ' नही हुआ है ।

(च) ८।३६ के अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('अङ्ग' का अकार तथा 'सरस्वति' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

---

१ ऋ० १०।१३२।३ २ ऋ० १०।२३।७ ३ ऋ० ४।३।७
४ ऋ० १०।२४।१ ५ ऋ० ८।७१।१३ ६ ऋ० १०।५३।६
७ ऋ० ५।५१।११ ८ ऋ० ७।३२।१८ ९ ऋ० ६।७२।५
१० ऋ० ७।९५।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पञ्च—"विश्वे देवाः अदितिः पञ्च जनाः।"[१-क] वृत्तात्प्रायबलीयस्त्वान्नैतदुदाहरणम्। इदं तर्ह्युदाहरणम् "ये युक्त्वाय पञ्च शता।"[२-ख] **चरन्ति**—"समश्वपर्णाश्चरन्ति नो नरः।"[३-ग] **ग्नाभिरिह**—"शं नस्त्वष्टा ग्नाभिरिह शृणोतु।"[४-ग] **ग्नाभिः** इति कस्मात्?

टि० (क) प्रस्तुत पाद ग्यारह अक्षरों का है। किन्तु 'विश्वे' पद के वकार का पृथक्करण ('व्यूह्'=विशु+ए) करके इसको बारह अक्षरों का पाद (='जागत' पाद) माना गया है। इसका कारण यह है कि इस पाद का उपोत्तम 'अक्षर' (='ज' का अकार) 'लघु' है। बारह अक्षरों के ही पाद का उपोत्तम 'अक्षर' 'लघु' होता है। ग्यारह अक्षरों के पाद का उपोत्तम 'अक्षर' 'गुरु' होता है। उपोत्तम 'अक्षर' के इस 'लघु' 'गुरु' होने को ही पाद का 'वृत्त' कहते हैं (देखिए १७।३९)। बारह अक्षरों के इस पाद में 'पञ्च' पद का अन्तिम अकार इस पाद का दशम 'अक्षर' है। दशम 'अक्षर' होने के कारण इसे ८।३८ से 'दीर्घ' हो जाना चाहिए। किंतु 'पञ्च' पद के अन्तिम अकार के 'दीर्घ' होने का निषेध प्रस्तुत सूत्र में कर दिया गया है।

यहाँ पूर्वपक्षी का कहना है कि 'पञ्च' पद के अन्तिम 'अक्षर' के दीर्घत्व के निषेध के लिए यह उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है क्योंकि इस पाद को 'वृत्त' के कारण बारह अक्षरों का मानना ठीक नहीं है। 'वृत्त' की अपेक्षा अधिकार ('प्रायः') अधिक बलवान् होता है ('वृत्त', 'प्रायः' और उनके बलाबल के लिए १७।२५-२६ और १७।३९ को देखिए)। यह पाद 'त्रिष्टुप्' छन्द का है क्योंकि प्रस्तुत मन्त्र 'त्रिष्टुप्' छन्द के अधिकार में आया है। इस मन्त्र से पूर्ववर्ती दो मन्त्र 'त्रिष्टुप्' छन्द के हैं। इस प्रकार यह पाद ग्यारह अक्षरों का है और 'पञ्च' पद का अन्तिम अकार इस पाद का दशम 'अक्षर' न होकर नवम 'अक्षर' है। दशम 'अक्षर' न होने के कारण इसमें ८।३६ से दीर्घत्व प्रसक्त नहीं है। जब दीर्घत्व प्रसक्त ही नहीं है तब उसके निषेध करने का प्रश्न ही नहीं उठता। इसलिए 'पञ्च' पद के अन्तिम अकार के दीर्घत्व के निषेध के लिए इस उदाहरण को जो प्रस्तुत किया है वह ठीक नहीं है। इस बात को स्वीकार करके भाष्यकार ने 'पञ्च' के दीर्घत्व के निषेध के लिए दूसरा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

(ख) ८।३९ का अपवाद। आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('पञ्च' का अन्तिम अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ग) ८।३६ के अपवाद। ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('चरन्ति' का इकार तथा 'इह' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

---

१ ऋ० १।८९।१०
२ ऋ० १०।९३।१४
३ ऋ० ६।४७।३१
४ ऋ० ७।३५।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"अधा ते अग्ने किमिहा वदन्ति ।"[१-क] इन्वसि—'वृषा यज्ञो यमिन्वसि वृषा हवः ।"[२-ख] रण्यसि —"उक्थे वा यस्य रण्यसि समिन्दुभिः ।"[३-ख] धाव—"अव्यो वारे परि धाव मधु प्रियम् ।"[४-ख] विद्धि षु णः—"वयं ते वय इन्द्र विद्धि षु णः ।"[५-ग] विद्धि इति कस्मात् ? "द्युभिर्हितो जरिमा सू नो अस्तु ।"[६-घ] अभि षतः—'महो विश्वाँ अभि षतः ।"[७-ङ] सतः इति कस्मात् ? "तं दुरोषमभी नरः ।"[८-च] सुविताय—"इन्द्रा याहि सुविताय महे नः ।"[९-छ] त्वा समिधान—'मर्तासस्त्वा समिधान हवामहे ।"[१०-छ] दधीमहि—' प्रति स्तोमं दधीमहि तुराणाम् ।"[११-छ] देव—"कृधि नो अहयो देव सवितः ॥"[१२-छ]

उ० भा० अ०—ये (अर्थात् अधोलिखित पदों के अन्तिम 'अक्षर') भी षष्ठ, अष्टम और दशम ('अक्षर' होने पर) आठ, ग्यारह और बारह (अक्षरों वाले पादों) में 'दीर्घ' नहीं होते हैं ।..... । 'वृत्त' की अपेक्षा 'प्रायः' के अधिक बलवान् होने से यह उदाहरण नहीं है । तब यह उदाहरण है ।..... ।

जामिषु जासु चिकेत किरासि
स्मस्युप पात्यसि सोम शतस्य ।
आयुषि चेतति विष्टपि मास्व
प्रोश्मसि मूर्धनि सद्म वरन्त ॥४५॥

सू० अ०—(अधोलिखित में भी ८।३६-३९ से प्राप्त दीर्घत्व नहीं होता है)—'जामिषु', 'जासु', 'चिकेत', 'किरासि', स्मसि', 'उप', 'पाति', 'असि', 'सोम',

टि० (क) ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('इह' का अकार) ८।३६ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'इह' के पूर्व में 'ग्नाभिः' नहीं है ।

(ख) ८।३६ के अपवाद । बारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('इन्वसि' और 'रण्यसि' के इकार तथा 'धाव' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

(ग) ८।३८ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('षु' का उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(घ) ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('सु' का उकार) ८।३६ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'सु' के पहले 'विद्धि' नहीं है ।

(ङ) ८।३९ का अपवाद । आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('अभि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(च) आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('अभि' का इकार) ८।३९ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'अभि' के बाद में 'सतः' नहीं है ।

(छ) ८।३६ के अपवाद । ग्यारह और बारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('सुविताय', 'समिधान' और 'देव' के अकार तथा 'दधीमहि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

---

१ ऋ० ४।५।१४ २ ऋ० ८।१३।३२ ३ ऋ० ८।१२।१८ ४ ऋ० ९।८६।४८
५ ऋ० २।२०।१ ६ ऋ० १०।५९।४ ७ ऋ० ८।२३।२६ ८ ऋ० ९।१०१।३
९ ऋ० ६।४०।३ १० ऋ० १०।१५०।२ ११ ऋ० ७।४०।१ १२ ऋ० १०।९३।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'शतस्य', 'आयुषि', 'चेतति', 'विष्टपि', 'मास्व', 'प्र', 'उश्मसि', 'मूर्धनि', "सद्म' (और) 'वरन्त'।

उ० भा०—जामिषु, जासु, चिकेत, किरासि, स्मसि, उप, पाति, असि, सोम, शतस्य, आयुषि, चेतति, विष्टपि, मास्व, प्र, उश्मसि, मूर्धनि, सद्म, वरन्त—इत्येतानि चैकादशिद्वादशिनोरष्टाक्षरे च न प्लवन्ते। जामिषु—"गर्भं दधासि जामिषु विवक्षसे।"[१-क] जासु—"अनमीवो रुद्र जासु नो भव।"[२-क] चिकेत—"अयं ध्रुवो रयीणां चिकेत यत्।"[३-ख] किरासि—"आ यथा मन्दसानः किरासि नः।"[४-ख] स्मसि—"युष्मे इद्धो अपि ष्मसि सजात्ये।"[५-ग] उप—"इमामु षु सोमसुतिमुप नः।"[६-घ] पाति—"जातो बृहन्नभि पाति तृतीयम्।"[७-ङ] असि—"पुरू यो दग्धासि वना।"[८-च] सोम—"अनु हि त्वा सुतं सोम मदामसि।"[९-छ] शतस्य—"नि धेहि शतस्य नृणाम्।"[१०-ज] आयुषि—"पिप्रीषति स्व आयुषि दुरोणे।"[११-झ] चेतति—"सोमो जैत्रस्य चेतति यथा विदे।"[१२-झ] विष्टपि—"समुद्रस्याधि विष्टपि मनीषिणः।"[१३-झ] मास्व—"नू नो रयिमुप मास्व नृवन्तम्।"[१४-झ]

टि० (क) ८।३६ के अपवाद। बारह और ग्यारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('जामिषु' और 'जासु' के उकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(ख) ८।३८ के अपवाद। ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('चिकेत' का अकार तथा 'किरासि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(ग) ८।३६ का अपवाद। ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('स्मसि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(घ) ८।३८ का अपवाद। ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('उप' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ङ) ८।३६ का अपवाद। ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('पाति' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(च) ८।३९ का अपवाद। आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('असि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(छ) ८।३६ का अपवाद। बारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('सोम' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ज) ८।३९ का अपवाद। आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('शतस्य' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(झ) ८।३६ के अपवाद। ग्यारह और बारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('आयुषि', 'चेतति', तथा 'विष्टपि' के इकार और 'मास्व' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

---

[१] ऋ० ९।१०७।१४ [२] ऋ० ९।९३।५ [३] ऋ० १०।२१।८ [४] ऋ० ७।४६।२
[५] ऋ० ९।१०२।४ [६] ऋ० ८।४९।४ [७] ऋ० ८।१८।१९ [८] ऋ० ७।९३।६
[९] ऋ० १०।१।३ [१०] ऋ० ५।९।४ [११] ऋ० ९।११०।२ [१२] ऋ० १।४३।७
[१३] ऋ० ४।४।७ [१४] ऋ० १०।१०६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्र—"अभि सव्येन प्र मृश ।"[१-क] उश्मसि—"ता वां वास्तून्युश्मसि गमध्यै ।"[२-ख] मूर्धनि—"नि पर्वतस्य मूर्धनि सदन्ता ।"[३-ख] सद्म—"नक्षद्धोता परि सद्म मिता यन् ।"[४-ख] वरन्त—"माद्भिः शरद्भिर्दुरो वरन्त वः ॥"[५-ग]

उ० भा० अ०—जामिषु·····वरन्त—ये (अर्थात् इनके अन्तिम 'अक्षर') भी ग्यारह, बारह और आठ अक्षरों के (पादों) में 'दीर्घ' नहीं होते हैं ।·····।

प्रदिवि वरुण तमसि तिरसि
घृतमिव दिवि मम हि नु विशः ।
उषसि पृथिवि रजसि वहसि
हनति पितरि वि विहि नि मधु ॥४६॥

सू० अ०—(अधोलिखित में भी ८।३६-३९ से प्राप्त दीर्घत्व नहीं होता है)—'प्रदिवि', 'वरुण', 'तमसि', 'तिरसि', 'घृतमिव', 'दिवि', 'मम', 'हि', 'विशः' है पूर्व में जिसके ऐसा 'नु', 'उषसि', 'पृथिवि', 'रजसि', 'वहसि', 'हनति', 'पितरि', 'वि', 'विहि', 'नि' और 'मधु' ।

उ० भा०—प्रदिवि, वरुण, तमसि, तिरसि, घृतमिव, दिवि, मम, हि, नु विशः, उषसि, पृथिवि, रजसि, वहसि, हनति, पितरि, वि, विहि, नि, मधु—इत्येतानि चैकादशिद्वादशिनोरष्टाक्षरे च न प्लवन्ते । प्रदिवि—"इन्द्रं सोमासः प्रदिवि सुतासः ।"[१-घ] वरुण—"अव ते हेळो वरुण नमोभिः ।"[७-घ] तमसि—"यो अपाचीने तमसि मदन्तीः ।"[८-घ] तिरसि—"प्र वेधसश्चित्तिरसि मनीषाम् ।"[९-घ] घृतमिव—"मधुश्चुतं घृतमिव सुपूतम् ।"[१०-घ] दिवि "श्येनाइवेदधि दिवि निषेद ।"[११-घ] मम—"अधा कामा इमे

टि० (क) ८।३९ का अपवाद । आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('प्र' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(ख) ८।३६ के अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('उश्मसि' तथा 'मूर्धनि' का इकार और 'सद्म' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

(ग) ८।३८ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('वरन्त' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(घ) ८।३६ के अपवाद । ग्यारह और बारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('प्रदिवि', 'तमसि', 'तिरसि' तथा 'दिवि' के इकार और 'वरुण' तथा 'घृतमिव' के अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

---

१ ऋ० ८।८१।६ २ ऋ० १।१५४।६ ३ ऋ० ७।७०।३
४ ऋ० १।१७३।३ ५ ऋ० २।२४।५ ६ ऋ० ३।४६।४
७ ऋ० १।२४।१४ ८ ऋ० ७।६।४ ९ ऋ० ४।६।१
१० ऋ० ४।५७।२ ११ ऋ० ४।३५।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मम वि वो मदे।"[१-क] हि—"यूपादमुञ्चो अशमिष्ट हि षः।"[२-ख] नु विशः—"तृणस्कन्दस्य नु विशः।"[३-ग] विशः इति कस्मात्? "तूर्वन्न यामन्नेतशस्य नू रणे।"[४-घ] उषसि—"तमिद्दोषा तमुषसि यविष्ठम्।"[५-ङ] पृथिवि—"तदृतं पृथिवि बृहत्।"[६-च] रजसि—"असूर्ते सूर्ते रजसि निषत्ते।"[७-छ] वहसि—"अतन्द्रो हव्या वहसि हविष्कृतः।"[८-छ] हनति—"पुरू च वृत्रा हनति नि दस्यून्।"[९-छ] पितरि—"कामं कृण्वाने पितरि युवत्याम्।"[१०-छ] वि—"ओभे अप्रा रोदसी वि ष आवः।"[११-छ] विहि—"यजस्व वीर प्र विहि मनायतः।"[१२-छ] नि—"पराजितासो अप नि लयन्ताम्।"[१३-छ] मधु—"आन्नो वायो मधु पिब॥"[१४-ज]

उ० भा०—**प्रदिवि**.....**मधु**—ये भी ग्यारह, बारह और आठ अक्षरों वाले (पादों) में 'दीर्घ' नहीं होते हैं।

टि० (क) ८।३६ का अपवाद। बारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('मम' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ख) ८।३८ का अपवाद। ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('हि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ग) ८।३९ का अपवाद। आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('नु' का उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(घ) बारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('नु' का उकार) ८।३८ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'नु' के बाद में 'विशः' नहीं है।

(ङ) ८।३६ का अपवाद। ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('उषसि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(च) ८।३९ का अपवाद। आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('पृथिवि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(छ) ८।३६ के अपवाद। ग्यारह और बारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('रजसि', 'वहसि', 'हनति', पितरि', 'वि', 'विहि' और 'नि' के इकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(ज) ८।३९ का अपवाद। आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('मधु' का उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

---

[१] ऋ० १०।२५।२ [२] ऋ० ५।२।७ [३] ऋ० १।१७२।३
[४] ऋ० ६।१५।५ [५] ऋ० ७।३।५ [६] ऋ० ५।६६।५
[७] ऋ० १०।८२।४ [८] ऋ० ८।६०।१५ [९] ऋ० ६।२९।६
[१०] ऋ० १०।६१।६ [११] ऋ० ९।९७।३८ [१२] ऋ० २।२६।२
[१३] ऋ० १०।८४।७ [१४] ऋ० ८।२६।२०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहस्राणि श्रोमतेनासनाम
च्छायामिवेषण्यसि सस्तु पाहि ।
गोपीथ्याय पवमानो वसन्ता-
न्सख्याय वोचेमहि मानुषस्य ॥४७॥

सू० अ०—(अधोलिखित में भी ८।३६-३९ से प्राप्त दीर्घत्व नहीं होता है)—'सहस्राणि', 'श्रोमतेन', 'असनाम', 'छायामिव', 'इषण्यसि', 'सस्तु', 'पाहि', 'गोपीथ्याय', 'पवमान', 'वसन्तान्' हो बाद में जिसके ऐसा उकार, 'सख्याय', 'वोचेमहि' (और) 'मानुषस्य' ।

उ० भा०—सहस्राणि, श्रोमतेन, असनाम, छायामिव, इषण्यसि, सस्तु, पाहि, गोपीथ्याय, पवमान, उ वसन्तान्, सख्याय, वोचेमहि, मानुषस्य—इत्येतानि चैकादशिद्वादशिनोरष्टाक्षरे च न प्लवन्ते ।

सहस्राणि—"त्वं पुरू सहस्राणि शतानि च ।"[१]-क श्रोमतेन—"केनो नु कं श्रोमतेन न शुश्रुवे ।"[२]-क असनाम—"रथं युक्तमसनाम सुषामणि ।"[३]-क छायामिव—"उप च्छायामिव घृणेः ।"[४]-ख इषण्यसि—"कं नश्चित्रमिषण्यसि चिकित्वान् ।"[५]-ग सस्तु—"सस्तु माता सस्तु पिता ।"[६]-घ पाहि—"इन्द्र त्वं रथिरः पाहि नो रिषः ।"[७]-ङ गोपीथ्याय—"जज्ञिष इत्था गोपीथ्याय हि ।"[८]-च पवमान—'सोम जहि पवमान दुराध्यः ।"[९]-छ उ वसन्तान्—"शतं हेमन्ताञ्छतमु वसन्तान् ।"[१०]-छ वसन्तान् इति

टि० (क) ८।३६ के अपवाद । बारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('सहस्राणि' का इकार और 'श्रोमतेन' तथा 'असनाम' के अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

(ख) ८।३९ का अपवाद । आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('छायामिव' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(ग) ८।३६ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('इषण्यसि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(घ) ८।३९ का अपवाद । आठ अक्षरों के पाद में छठा 'अक्षर' ('सस्तु' का उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(ङ) ८।३६ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('पाहि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(च) ८।३८ का अपवाद । ग्यारह अक्षरों के पाद में दशम 'अक्षर' ('गोपीथ्याय' का अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

(छ) ८।३६ के अपवाद । बारह और ग्यारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('पवमान' का अकार तथा 'उ') 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

---

[१] ऋ० ८।६१।८ [२] ऋ० ८।६६।९ [३] ऋ० ८।२५।२२
[४] ऋ० ६।१६।३८ [५] ऋ० १०।९९।१ [६] ऋ० ७।५५।५
[७] ऋ० ३।३१।२० [८] ऋ० १०।९५।११ [९] ऋ० ९।७९।३
[१०] ऋ० १०।१६१।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कस्मात् ? 'इदं त एकं पर ऊ त एकम् ।"[१-क] सख्याय—"मरुत्वन्तं सख्याय हवामहे ।"[२-ख] वोचेमहि—"वयं श्वो वोचेमहि समर्ये ।"[३-ख] मानुषस्य—"अप द्रुहो मानुषस्य दुरो वः ॥"[४-ख]

उ० भा० अ०—सहस्राणि·····मानुषस्य—ये (अर्थात् इनके अन्तिम 'अक्षर') भी ग्यारह, बारह और आठ अक्षरों (के पादों) में 'दीर्घ' नहीं होते हैं ।·····।

(पादान्ते ह्रस्वस्य दीर्घभावः)

आव्य भूमेति पादान्तौ व्यञ्जनेषु ॥४८॥

(पाद के अन्त में ह्रस्व का दीर्घ होना)

सू० अ०—पाद के अन्त में विद्यमान 'आव्य' और 'भूम' ('दीर्घ' हो जाते हैं), यदि बाद में 'व्यञ्जन' हों ।

उ० भा०—आव्य, भूम—इत्येतौ पादान्तौ व्यञ्जनेषु प्लवेते । आव्य—"अया धिया मनवे श्रुष्टिमाव्या साकम् ।"[५-ग] भूम—"सं विव्य इन्द्रो वृजनं न भूमा भर्ति"[६-घ]; "तपन्ति शत्रुं स्वर्ण भूमा महासेनासः ।"[७-ङ] व्यञ्जनाधिकारे पुनर्व्यञ्जनग्रहणं लघावित्यधिकारनिवृत्त्यर्थम् । पादान्तौ इति कस्मात् ? "शूने भूम कदा चन ॥"

उ० भा० अ०—आव्य (और) भूम—ये दो; पादान्तौ=पाद के अन्त में विद्यमान होने पर; व्यञ्जनेषु='व्यञ्जन' बाद में होने पर; 'दीर्घ' हो जाते हैं; (अर्थात् 'आव्य' और 'भूम' 'दीर्घ' हो जाते हैं यदि (१) ये पाद के अन्त में वर्तमान हों और (२) इनके बाद में 'व्यञ्जन' हो) । ·····(७।१ से प्राप्त) 'व्यञ्जन' के अधिकार में पुनः 'व्यञ्जन' का ग्रहण (८।३६ से प्राप्त) 'लघौ' के अधिकार की निवृत्ति के लिए (किया गया है) । "पाद के अन्त में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "शूने भूम कदा चन ।"[च]

टि० (क) ग्यारह अक्षरों के पाद में अष्टम 'अक्षर' ('उ') ८।३६ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'उ' के बाद में 'वसन्तान्' पद नहीं है ।

(ख) ८।३६ के अपवाद । बारह और ग्यारह अक्षरों के पादों में अष्टम 'अक्षर' ('सख्याय' तथा 'मानुषस्य' के अकार और 'वोचेमहि' का इकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं ।

(ग) अया । धिया । मनवे । श्रुष्टिम् । आव्य ।
साकम्·····॥ प० पा०

(घ) सम् । विव्ये । इन्द्रः । वृजनम् । न । भूम ।
भर्ति ।····· ·····॥ प० पा०

(ङ) तपन्ति । शत्रुम् । स्वः । न । भूम ।
महाऽसेनासः ।·····॥ प० पा०

(च) 'भूम' का अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'भूम' पाद के अन्त में स्थित नहीं है ।

---

[१] ऋ० १०।५६।१ [२] ऋ० १।१०१।१ [३] ऋ० १।१६७।१० [४] ऋ० १।१२१।४
[५] ऋ० १।१६६।१३ [६] ऋ० १।१७३।६ [७] ऋ० ७।३४।१९ [८] ऋ० १।१०५।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रुधी हवम् ॥४९॥

सू० अ०—(पाद के अन्त में स्थित) 'श्रुधि' ('दीर्घ' हो जाता है), यदि 'हवम्' (बाद में हो)।

उ० भा०—श्रुधि इत्ययं पादान्तो हवम् इत्येतस्मिन्प्लवते। श्रुधी हवम्—"इमं मे वरुण श्रुधी हवम्।"[१] हवम् इति कस्मात्? उत्तरेष्वप्येवं योजना॥

उ० भा० अ०—हवम्—यह (पद) बाद में हो तो पाद के अन्त में स्थित श्रुधि—यह (पद) 'दीर्घ' हो जाता है। श्रुधि हवम्—"इमं मे वरुण श्रुधी हवम्।"[क] हवम्—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? आगे वाले (अर्थात् ८।५० में निर्दिष्ट स्थलों) के विषय में भी इस प्रकार की योजना है (अर्थात् वहाँ भी ऐसे प्रश्न पूछे जा सकते हैं)।

सद्मा होता स्मा सनेमि धर्मा सं भूषता रथः ॥५०॥

सू० अ०—(पाद के अन्त में स्थित) 'सद्म', 'स्म', 'धर्म' (और) 'भूषत' ('दीर्घ' हो जाते हैं) यदि (बाद में क्रमशः) 'होता', 'सनेमि', 'सम्' (और) 'रथः' हो।

उ० भा०—इत्येते च पादान्ता यथागृहीतं प्लवन्ते। सद्मा होता—"स दूतो विश्वेदभि वष्टि सद्मा होता।"[२-ख] स्मा सनेमि—"कृतं चिद्धि ष्मा सनेमि।"[३-ग] धर्मा सम्—"समिध्यमानः प्रथमानु धर्मा सम्।"[४-घ] भूषता रथः—"अभूदिदं वयुनमो षु भूषता रथः॥"[५-ङ]

टि० (क) इमम्। मे। वरुण। श्रुधि।
हवम्।.....॥ प० पा०

(ख) सः। दूतः। विश्वा। इत्। अभि। वष्टि। सद्म।
होता।.....॥ प० पा०
'होता' बाद में होने पर 'सद्म' 'दीर्घ' हो गया है।

(ग) कृतम्। चित्। हि। स्म।
सनेमि।..... ॥ प० पा०
'सनेमि' बाद में होने पर 'स्म' 'दीर्घ' हो गया है।

(घ) सम्ऽइध्यमानः। प्रथमा। अनु। धर्म।
सम्।..... ॥ प० पा०
'सम्' बाद में होने पर 'धर्म' 'दीर्घ' हो गया है।

(ङ) अभूत्। इदम्। वयुनम्। ओ इति। सु। भूषत।
रथः।..... ॥ प० पा०
'रथः' बाद में होने पर 'भूषत' 'दीर्घ' हो गया है।

---

[१] ऋ० १।२५।१९ [२] ऋ० ४।१।८ [३] ऋ० ४।१०।७
[४] ऋ० ३।१७।१ [५] ऋ० १।१८२।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्येऽष्टमं पटलम् ॥

उ० भा० अ०—पाद के अन्त में स्थित ये भी (संहिता-पाठ में) वैसे ही 'दीर्घ' हो जाते हैं जैसे (सूत्र में) उल्लिखित हैं।.....।

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक
प्रातिशाख्यभाष्य में अष्टम पटल समाप्त हुआ।

———

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६ : प्लुति-पटलम् (३)

पूर्वपदान्ते ह्रस्वस्य दीर्घभावः

अवग्रहरहितेषु पदेषु पद्येषु चान्तर्ह्रस्वस्य दीर्घभावः

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पूर्वपदान्ते ह्रस्वस्य दीर्घभावः)

सर्वत्र पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते वसुमघयोः परयोः ॥१॥

(पूर्व-पद के अन्त में ह्रस्व का दीर्घ होना)

सू० अ०—'वसु' और 'मघ' बाद में हों तो पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाते हैं।

उ० भा०—पूर्वपदान्ताः सर्वत्र प्लवन्ते; (वसुमघयोः=) वसुमघ इत्येतयोः; परयोः सतोः। वसु—"पुरूवसुर्हि मघवन्"[१]; "विश्वावसुं सोम गन्धर्वमापः।"[२] मघ—"अश्वामघा गोमघा वां हुवेम"[३]; "तुविदेष्णं तुवीमघम्।"[४]

उ० भा० अ०—पूर्वपदान्ताः=पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर'); सर्वत्र प्लवन्ते=सभी स्थलों पर 'दीर्घ' हो जाते हैं; (वसुमघयोः=) 'वसु' और 'मघ'—ये (शब्द); परयोः=बाद में हों तो। वसु—"पुरूवसु[क]-र्हि मघवन्"; "विश्वावसु[क] सोम गन्धर्वमापः।" मघ—"अश्वामघा[क] गोमघा वां हुवेम"; "तुविदेष्णं तुवीमघम्[क]।"

उ० भा०—सर्वत्रग्रहणं पादान्ताधिकारनिवृत्यर्थम्। नैतदस्ति प्रयोजनम्। पूर्वपदान्ता इत्येव सिद्धम्। नहि पूर्वपदान्तस्य पादान्ते संभवोऽस्ति। वक्ष्यति हि—"पदाभेदेन पादानां विभागः"[५] इति। तस्मान्नार्थः सर्वत्रग्रहणेन। यदि न क्रियेत पादान्ते वर्तमानयोरेव वसुमघयोः पूर्वपदान्ताः प्लवन्त इति विज्ञायेत। तदेहैव स्यात्—"त्वावतः पुरूवसो"[६] "तुविदेष्णं तुवीमघम्"[७] इति। इह न स्यात्—"पुरूवसुर्हि मघवन्"[८]; "अश्वामघा गोमघा"[९] इति। नैष दोषः। नैवं हि शक्यं विज्ञातुं प्रथमानिर्दिष्टत्वात्पादान्तग्रहणस्य।

उ० भा० अ०—(सूत्र में) सर्वत्र का ग्रहण पादान्त के अधिकार की निवृत्ति के के लिए किया गया है।[ख] (पू०) (सूत्र में 'सर्वत्र' के ग्रहण का) यह प्रयोजन नहीं है। (सूत्र में जो यह कहा गया है कि) पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' ('दीर्घ' हो जाते हैं)—उससे ही यह सिद्ध (हो जाता है) क्योंकि पूर्व-पद के अन्तिम 'अक्षर' का पाद के अन्त में स्थित होना संभव नहीं है। (सूत्रकार) बतलायेंगे—"पदों का विभाग किए बिना पादों

टि० (क) पुरुऽवसुः। विश्वऽवसुम्। अश्वऽमघा। तुविऽमघम्॥ प० पा०

(ख) सिद्धान्ती का कहना है कि प्रस्तुत सूत्र में 'सर्वत्र' पद के ग्रहण करने का प्रयोजन है ८।४८ से प्राप्त 'पादान्तौ' के अधिकार की निवृत्ति। 'सर्वत्र' का ग्रहण करके 'पादान्तौ' की निवृत्ति न की जाती तो पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर', पाद के अन्त में वर्तमान होने पर ही, 'दीर्घ' होते।

---

[१] ऋ० ७।३२।२४ [२] ऋ० १०।१३९।४ [३] ऋ० ७।७१।१
[४] ऋ० ८।८१।२ [५] १७।२४ [६] ऋ० ८।४६।१
[७] ऋ० ८।८१।२ [८] ऋ० ७।३२।२४ [९] ऋ० ७।७१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का विभाग (करना चाहिए)।"[क] इसलिए (सूत्र में) **सर्वत्र** का ग्रहण करना निष्प्रयोजन है। (सि०) यदि (सूत्र में **सर्वत्र** का ग्रहण करके 'पादान्त' अधिकार की निवृत्ति) न की जावे तो यह समझ लिया जायेगा कि "पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' तभी 'दीर्घ' होते हैं जब 'वसु' और 'मघ' पाद के अन्त में वर्तमान होंवे।" तब यहीं पर (दीर्घत्व) होगा—"त्वावतः पूरूवसो"; "तुविदेष्णं तुवीमघम्।" (किंतु) यहाँ पर (दीर्घत्व) नहीं होगा—"पुरूवसुर्हि मघवन्"; "अश्वामघा गोमघा।" (पू०) यह दोष नहीं है।[ख] यह कोई भी नहीं समझ सकता है क्योंकि (८।४८ में) 'पादान्त' शब्द को प्रथमा (विभक्ति) में निर्दिष्ट किया गया है।[ग]

उ० भा०—अन्तःपादाधिकारनिवृत्त्यर्थं तर्हि सर्वत्रग्रहणं क्रियते। ननु चैतदपि पूर्वपदान्ता इत्येव सिद्धम्। नहि पूर्वपदान्ता अनन्तःपादं संभवन्ति। न सिध्यति। नहि पादादिस्थस्यान्तःपादकार्याणीष्यन्ते। कस्मात्? यदयं दधिमादिषु यथोदयेषु स्तवशब्दस्य

टि० (क) पूर्वपक्षी का कहना है कि पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' पाद के अन्त में वर्तमान नहीं हो सकते हैं। १७।२४ में यह विधान किया गया है कि पादों का विभाग करते समय पद का विभाग नहीं करना चाहिए। इस विधान के अनुसार ऐसी स्थिति कभी नहीं हो सकती है कि किसी समस्त-पद का पूर्व-पद किसी पाद के अन्त में हो और उत्तर-पद दूसरे पाद के प्रारम्भ में हो। इसलिए सूत्र में 'सर्वत्र' पद का ग्रहण करके 'पादान्तौ' के अधिकार को निवृत्त करने की आवश्यकता ही नहीं है।

(ख) सिद्धान्ती का कहना है कि यदि सूत्र में 'सर्वत्र' पद का ग्रहण करके 'पादान्तौ' के अधिकार की निवृत्ति न की जावे तो 'पादान्तौ' को 'वसु' और 'मघ' के साथ सम्बद्ध माना जा सकता है जिससे पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' तभी 'दीर्घ' होंगे जब 'वसु' और 'मघ' पाद के अन्त में विद्यमान होंवे। ऐसी स्थिति में पाद के अन्त में वर्तमान भाष्योक्त 'पुरूवसो' (पुरुवसो इति पुरुऽवसो॥ प० पा०) और 'तुवीमघम्' (तुविऽमघम्॥ प० पा०) आदि स्थलों में ही पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' होंगे। भाष्योक्त 'पुरूवसुः' (पुरुऽवसुः॥ प० पा०) और 'अश्वामघा' (अश्वऽमघा॥ प० पा०) आदि स्थलों पर पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं होंगे क्योंकि यहाँ 'वसु' और 'मघ' पाद के अन्त में वर्तमान नहीं है। किंतु संहिता-पाठ में इन स्थलों पर भी पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' होते हैं। इसलिए 'पादान्तौ' के अधिकार की निवृत्ति करना आवश्यक है।

(ग) पूर्ववक्षी का कहना है कि 'पादान्तौ' 'वसु' और 'मघ' के साथ सम्बद्ध नहीं हो सकता है क्योंकि 'पादान्तौ' प्रथमा विभक्ति में है और 'वसुमघयोः' षष्ठी विभक्ति में है। इन दोनों का अन्वय नहीं हो सकता है। इसलिए कोई भी यह नहीं समझ सकता है कि पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' तभी 'दीर्घ' होंगे जब पाद के अन्त में वर्तमान 'वसु' और 'मघ' बाद में होंवे। इसलिए सूत्र में 'सर्वत्र' का ग्रहण निष्प्रयोजन है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाठे सति—"शृणुधि शृणुत यन्त यच्छत स्तव इति"[१] पादादिप्लुत्यर्थं शते च पठति तज्ज्ञापयति न पादादिस्थस्यान्तःपादकार्याणि भवन्तीति ।

उ० भा० अ०—(सि०) तब (सूत्र में) **सर्वत्र** का ग्रहण **अन्तःपाद** (पाद के मध्य में) के अधिकार की निवृत्ति के लिए किया गया है।[क] (पू०) (सूत्र में जो यह कहा गया है कि) पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' ('दीर्घ' हो जाते हैं)—उससे ही यह भी सिद्ध हो जाता है। (क्योंकि) पाद के मध्य को छोड़ कर अन्यत्र पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' नहीं आ सकते हैं।[ख] (सि०) सिद्ध नहीं होता है। पाद के मध्य में स्थित (वर्ण अथवा पद) के लिए विहित कार्य पाद के आदि में स्थित (वर्ण अथवा पद) के विषय में (सूत्रकार को) अभीष्ट नहीं है। (पू०) क्यों ? (सि०) यथादय 'दधिम' आदि में 'स्तव' शब्द का पाठ होने पर (भी) जो ये (सूत्रकार) पाद के आदि में स्थित (स्तव) के दीर्घत्व के लिए सौ (शब्दों) में 'स्तव' (शब्द) का पाठ "शृणुधि शृणुत यन्त यच्छत स्तव" करते हैं उससे यह बतलाते हैं कि पाद के मध्य में स्थित (वर्ण अथवा पद) के लिए विहित कार्य पाद के आदि में स्थित (वर्ण अथवा पद) पर लागू नहीं होते हैं।[ग]

टि० (क) सिद्धान्ती का कहना कि ८।१ से प्राप्त 'अन्तःपाद' (पाद के मध्य में) की निवृत्ति के लिए सूत्र में 'सर्वत्र' पद का ग्रहण किया गया है। यदि 'सर्वत्र' पद का ग्रहण करके 'अन्तःपाद' (पाद के अध्य में) के अधिकार को निवृत्त नहीं किया जावे तो पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर', पाद के मध्य में स्थित होने पर ही, 'दीर्घ' होंगे। पाद के आदि में सूत्र की प्रवृत्ति नहीं होगी। इस अधिकार की निवृत्ति होने पर तो पाद के आदि में स्थित होने पर भी पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जायेंगे।

(ख) पूर्वपक्षी का कहना है कि पाद के आदि में सूत्र की प्रवृत्ति करने के लिए अन्तः-पाद' (पाद के मध्य में) के अधिकार की निवृत्ति करना अनावश्यक है। पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' सर्वदा पाद के मध्य में ही स्थित होते हैं। जब पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' पाद के आदि में स्थित ही नहीं हो सकते तब पूर्व-पदों के अन्तिम अक्षरों के दीर्घत्व के विधायक इस सूत्र की पादादि में प्रवृत्ति कराना अनावश्यक है। पाद के आदि में स्थित पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' भी तो पाद के मध्य में ही स्थित हैं, इसलिए इनके अन्तिम अक्षरों का 'दीर्घ' होना भी इसी सूत्र से सिद्ध हो जायेगा।

(ग) सिद्धान्ती का कहना है कि 'अन्तःपाद' (पाद के मध्य में) के अधिकार की निवृत्ति न करने पर तो इस सूत्र से पाद के आदि में स्थित पूर्व-पदों के अन्तिम अक्षरों का 'दीर्घ' होना सिद्ध नहीं होता है। ८।१५ में पाद के मध्य में स्थित 'दधिम' पद के अन्तिम 'अक्षर' के 'दीर्घ' होने का विधान किया गया है और ७।३३ में पाद के आदि में स्थित 'दधिम' पद के अन्तिम 'अक्षर' के दीर्घत्व का विधान किया गया है। 'दधिम' का अन्तिम 'अक्षर' तो पाद के मध्य में

---

[१] ७।३३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यद्येतज्ज्ञाप्यते पूर्वस्मिन्नन्तःपादाधिकारे—"महाँ इन्द्रः परश्च"[१] इति नकारस्य लोपो न प्राप्नोति। नैष दोषः। नात्र पदं गृहीत्वा कार्यमुच्यते। किं तर्हि ? नकारम्। नकारः पुनरन्तःपादं भवति। यत्र तर्हि पदं गृहीत्वा कार्यमुच्यते तत्र दोषो भवत्येव। यथा—"वास्तोरित्येतत्पतिशब्द उत्तरे"[२] इति—"वास्तोष्पते प्रति जानीह्यस्मान्"[३] इति पादादिस्थस्य न स्यात्; "अमीवहा वास्तोष्पते"[४] इत्येतत्पादान्तःस्थस्यैव स्यात्। तथा—शवसो महः सहस इळायाः पात्वित्येकं पुत्रशब्दे पराणि"[५] इतीहैव स्यात्—"पिपर्षि यत्सहसस्पुत्र देवान्"[६] इति; इह न स्यात्—"सहसस्पुत्रो अद्भुतः"[७] इति। एवं तर्हि दीर्घभाव एवैतज्ज्ञापकं भविष्यतीति प्रकरणात्। अन्यत्र त्वन्तःपादाधिकारे वर्तमाने षत्वसत्वयोर्वर्णविशेषणत्वात्—"वास्तोष्पते प्रति जानीह्यस्मान्"[८]; "सहसस्पुत्रो अद्भुतः"[९] इति सिद्धं भवति।

उ० भा० अ०—(पू०) यदि यह ज्ञापक है तो **अन्तःपाद** का अधिकार पहले से लागू होने से—"महाँ इन्द्रः परश्च"—यहाँ नकार का लोप प्राप्त नहीं होता है।[क] (सि०) यह दोष नहीं है। यहाँ पद का ग्रहण करके कार्य (लोप) का विधान नहीं किया गया है। (पू०) तब किसको ? (सि०) नकार को। नकार तो पाद के मध्य में ही स्थित होता है।[ख] (पू०) तब तो (अर्थात् ऐसी वस्तुस्थिति होने पर तो) जहाँ पद का ग्रहण करके कार्य का विधान किया जाता है वहाँ दोष होता ही है। जैसे—" 'पति' शब्द बाद में हो तो 'वास्तोः' यह (पद) ('षत्व' को प्राप्त होगा)"—इस (सूत्र) से—

(५१५ग) ही विद्यमान होता है चाहे 'दधिम' पद पाद के आदि में हो और चाहे पाद के मध्य में स्थित हो। एसी स्थिति होने पर भी पाद के आदि में स्थित 'दधिम' के अन्तिम 'अक्षर' के दीर्घत्व का विधान सूत्रकार ने पृथक् सूत्र में किया है। इससे यह ज्ञापक सिद्ध हो गया है—पाद के मध्य में स्थित वर्ण अथवा पद के लिए विहित कार्य पाद के आदि में स्थित वर्ण अथवा पद पर लागू नहीं होते हैं।

टि० (क) इकार बाद में होने पर 'महान्' के नकार का लोप ४।६५ से होता है। ४।६५ में 'अन्तःपादम्' (पाद के मध्य में) का अधिकार ४।४२ से अनुवृत्त है। पूर्वपक्षी का कहना है कि यदि पाद के मध्य में स्थित वर्ण अथवा पद के विषय में विहित कार्य पाद के आदि में स्थित वर्ण अथवा पद में नहीं होता है तो 'महान्' के नकार का लोप ४।६५ से नहीं होना चाहिए क्योंकि 'महान्' पद पाद के आदि में स्थित है।

(ख) सिद्धान्ती का कहना है कि ४।६५ में पद का ग्रहण करके कार्य का विधान नहीं किया गया है। वहाँ तो यह विधान है कि 'स्वर'-वर्ण बाद में होने पर आकार के बाद में स्थित नकार का लोप हो जाता है। नकार तो पाद के मध्य में ही स्थित है, अतः उसके लोप होने में कोई बाधा नहीं है।

---

[१] ऋ० १।८।५ [२] ४।४६ [३] ऋ० ७।५४।१
[४] ऋ० ७।५५।१ [५] ४।५९ [६] ऋ० ५।४।६
[७] ऋ० २।७।६ [८] ऋ० ७।५४।१ [९] ऋ० २।७।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"वास्तोष्पते प्रति जानीह्यस्मान्"—यहाँ पाद के आदि में स्थित ('वास्तोः' का) ('षत्व') नहीं होगा; "अमीवहा वास्तोष्पते"—यहाँ पाद के मध्य में स्थित ('वास्तोः' का) ही ('षत्व') होगा।[क] उसी प्रकार—"'शवसः', 'महः', 'सहसः' (और) 'इळायाः' (इन पदों में से) एक (='शवसः'), 'पातु' (शब्द बाद में होने पर), ('सत्व' को प्राप्त होता है), अन्य (='महः', 'सहसः' और 'इळायाः'), 'पुत्र' शब्द बाद में होने पर, ('सत्व' को प्राप्त होते हैं)"—इस (सूत्र) से यहीं ('सत्व') होगा—"पिपर्षि यत्सहसस्पुत्र देवान्"; यहाँ ('सत्व') नहीं होगा—"सहस्पुत्रो अद्भुतः।" (सि०) इस प्रकार तो (अर्थात् ऐसी वस्तुस्थिति होने पर तो) 'दीर्घभाव' में ही यह ज्ञापक होगा क्योंकि दीर्घभाव के प्रकरण में ही यह ज्ञापक स्थापित हुआ है। किंतु अन्यत्र तो (जहाँ विसर्जनीय का) 'षत्व' तथा 'सत्व' हुआ है वहाँ (पाद के मध्य में स्थित पद के लिए विहित कार्य पाद के आदि में स्थित पद में) सिद्ध होता है क्योंकि (४।४२ में अन्तःपाद अधिकार) वर्ण का विशेषण है—"वास्तोष्पते प्रति जानीह्यस्मान्"; "सहसस्पुत्रो अद्भुतः।"[ख]

तज्ज्ञापकादिहैव स्यात्—"वाजेषु प्रासहं युजम्"[१] इत्येवमादिषु ; इह न स्यात्—'प्रासहा सम्राट्"[२] इत्येवमादिषु। तस्मात्सर्वत्रग्रहणं क्रियते। वसुमघयोः इति कस्मात् ? "हरी विपक्षसा रथे"[३]

उ० भा० अ०—इस ज्ञापक से यहीं पर (दीर्घत्व) होगा—"वाजेषु प्रासहं[ग] युजम्" इत्यादि में; यहाँ पर (दीर्घत्व) नहीं होगा—"प्रासहा[ग] सम्राट्" इत्यादि में।

टि० (क) भाष्योक्त दोनों ही उदाहरणों में 'वास्तोष्पते' (वास्तोः। पते ॥ प० पा०) में 'वास्तोः' के विसर्जनीय का 'षत्व' ४।४६ से हुआ है। ४।४६ में 'अन्तःपादम्' का अधिकार ४।४२ से अनुवृत्त है। पूर्वपक्षी का कहना है कि उपर्युक्त ज्ञापक के प्रकाश में प्रथम उदाहरण में 'वास्तोः' के विसर्जनीय का 'षत्व' नहीं होना चाहिए क्योंकि (१) 'वास्तोः' पद पाद के आदि में वर्तमान है और (२) ४।४६ में 'वास्तोः' पद का ग्रहण करके ही 'षत्व' का विधान किया गया है। ठीक उसी प्रकार द्वितीय उदाहरण में 'सहसः' के विसर्जनीय का 'सत्व' भी ४।५९ से नहीं होगा क्योंकि (१) ४।५९ में भी 'अन्तःपाद' का अधिकार ४।४२ से प्राप्त है, (२) 'सहसः' पाद के आदि में वर्तमान है और (३) ४।५९ में 'सहसः' पद का ग्रहण करके ही 'सत्व' का विधान है।

(ख) सिद्धान्ती ने पूर्वपक्षी के आरोप को स्वीकार कर लिया है और उपर्युक्त ज्ञापक को दीर्घभाव तक ही सीमित कर दिया है जिससे यह निश्चित हो गया है कि पाद के मध्य में स्थित वर्ण अथवा पद के लिए विहित कार्य पाद के आदि में स्थित वर्ण अथवा पद पर दीर्घभाव के प्रसङ्ग में लागू नहीं होते हैं, अन्यत्र तो लागू होते हैं।

(ग) प्रऽसहम्। प्रऽसहा ॥ प० पा०

इन दोनों स्थलों पर ९।४ से 'प्र' का अकार 'दीर्घ' होता है। यदि ९।१ में 'सर्वत्र' पद का ग्रहण न करके 'अन्तःपादम्' (पाद के मध्य में) के अधिकार को निवृत्त न किया जाता तो 'अन्तःपादम्' का अधिकार ९।४ में भी अनुवृत्त

[१] ऋ० १।१२९।४ [२] ऋ० ८।४६।२० [३] ऋ० १।६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसलिए (सूत्र में) **सर्वत्र** का ग्रहण किया गया है। "'वसु' और 'मघ' बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "हरी विपक्षसा रथे।"क

रवे तुवि ॥२॥

सू० अ०—'रव' बाद में हो तो 'तुवि' ('दीर्घ' हो जाता है)।

उ० भा०—रवे प्रत्यये **तुवि** इत्ययं पूर्वपदान्तः प्लवते। "स इद्दासं तुवीरवम्[ख]"[१]; "कथा कविस्तुवीरवान्[ख]।"[२] **रवे** इति कस्मात् ? "तुविदेष्णं तुवीमघम् ॥"[३-ग]

उ० भा० अ० –**रवे**='रव' बाद में हो तो; **तुवि**—इस पूर्व-पद का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाता है।..... ।

विश्व विभ्व धन्व रथर्ति
शत्रु द्युम्न यज्ञेति सहतौ ॥३॥

सू० अ०—'सह' धातु बाद में हो तो 'विश्व', 'विभ्व', 'धन्व', 'रथ', 'ऋति', 'शत्रु', 'द्युम्न' (और) 'यज्ञ'–ये (अर्थात् इन पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर') ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०—विश्व, विभ्व, धन्व, रथ, ऋति, शत्रु, द्युम्न, यज्ञ—इत्येते पूर्व-पदान्ताः सहतौ प्रत्यये प्लवन्ते। विश्व—"विश्वासाह[घ]-मवसे।"[४] विभ्व—"होतर्विभ्वासहं[घ] रयिम्।"[५] धन्व—"धन्वासहा[घ] नायते।"[६] रथ—"युक्ष्वा हि त्वं रथासहा[घ]।"[७] ऋति—"तं वो दस्ममृतीषहम्[घ]।"[८] शत्रु—"शत्रूषाहः[घ] स्वर्नयः।"[९] द्युम्न—"द्युम्नासाह-मभि[घ] योधान उत्सम्।"[१०] यज्ञ—"यज्ञासाहं[घ] टुव इषे।"[११]

(५१७ ग) होता। इससे 'प्रासहा' में दीर्घत्व न होता क्योंकि 'प्रासहा' पाद के आदि में विद्यमान है और पाद के आदि में विद्यमान पर ९।४ लागू न होता। ९।१ में 'सर्वत्र' का ग्रहण होने से यहाँ भी दीर्घत्व सिद्ध होता है।

टि० (क) हरी इति। विऽपक्षसा। रथे ॥ प० पा०

पूर्व-पद 'वि' का इकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'वि' के बाद में न 'वसु' है और न 'मघ'।

(ख) तुविऽरवम्। तुविऽरवान् ॥ प० पा०

(ग) तुविऽदेष्णम्। तुविऽमघम् ॥ प० पा०

'तुवि' का अन्तिम 'अक्षर' (इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'तुवि' के बाद में 'रव' न होकर 'देष्णम्' है। 'मघम्' बाद में होने पर 'तुवि' का अन्तिम 'अक्षर' (इकार) ९।१ से 'दीर्घ' हुआ है।

(घ) विश्वऽसहम्। विभ्वऽसहम्। धन्वऽसहा। रथऽसहा। ऋतिऽसहम्। शत्रुऽसहः। द्युम्नऽसहम्। यज्ञऽसहम् ॥ प० पा०

---

[१] ऋ० १०।९९।६ [२] ऋ० १०।६४।४ [३] ऋ० ८।८१।२
[४] ऋ० ३।४७।५ [५] ऋ० ५।१०।७ [६] ऋ० १।१२७।३
[७] ऋ० ८।२६।२० [८] ऋ० ८।८८।१ [९] ऋ० ८।६०।६
[१०] ऋ० १।१२१।८ [११] ऋ० १०।२०।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—विश्व·····यज्ञ—इन पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर'); सहतौ=सह' धातु बाद में होने पर; 'दीर्घ' हो जाते हैं।·····।

प्र चाप्लुते ॥४॥

सू० अ०—दीर्घत्व को न प्राप्त ('अप्लुत') ('सह' धातु) बाद में हो तो 'प्र' भी ('दीर्घ' हो जाता है)।

उ० भा०—प्र इत्ययं च पूर्वपदान्तः प्लवते अप्लुते सहतौ प्रत्यये। "अचेति प्रासहस्पतिस्तुविष्मान्।"[१-क] अप्लुते इति कस्मात्? "मत्सरासो जर्हृषन्त प्रसाहम्।"[२-ख]

उ० भा० अ०—प्र—इस पूर्व-पद का; च=भी; अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाता है; अप्लुते=दीर्घत्व को न प्राप्त; 'सह' धातु बाद में होने पर; (अर्थात् पूर्व-पद 'प्र' का अकार आकार हो जाता है यदि इसके बाद में ऐसी 'सह' धातु होवे जिसका अकार आकार न हुआ हो)।·····।

सहप्रवादा उदयास्तमान्ताः ॥५॥

सू० अ०—(पूर्व-पदों के) बाद में आने वाले 'तम' पर्यन्त (शब्दों) को सभी रूपों ('प्रवाद') के सहित (समझना चाहिए)।

उ० भा०—वसु, मघ, रव, सहति, वृति, वर्त, यवस, तम—इत्येते च तमान्ता उदयाः सहप्रवादा वेदितव्याः। एतेषामाद्यानां चतुर्णां सहप्रवादानामुक्तान्युदाहरणानि। अवशिष्टानामुत्तरत्रोदाहरिष्यामः ॥

उ० भा० अ०—वसु. मघ, रव, सहति, वृत्ति, वर्त, यवस (और) तम—इन तमान्ताः=('वसु' से लेकर) 'तम' पर्यन्त; उदयाः=(पूर्व-पदों के) बाद में आने वालों को; सहप्रवादाः=सभी रूपों के सहित; जानना चाहिए; (अर्थात् ९।१ में निर्दिष्ट 'वसु' शब्द से लेकर ९।७ में निर्दिष्ट 'तम' शब्द तक उल्लिखित पदों का कोई भी रूप बाद में होने पर पूर्व-पद का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाता है)। इनमें से पहले वाले चार ('वसु', 'मघ', 'रव' और 'सहति') के उदाहरण सभी रूपों में दिये जा चुके हैं। अवशिष्ट ('वृति', 'वर्त', 'यवस' और 'तम') के उदाहरणों को आगे देंगे।

पर्यभ्यपापीति वृताववृर्णे ॥६॥

सू० अ०—'ऋ' वर्ण वाली 'वृत' (धातु) बाद में हो तो 'परि', 'अभि', 'अप' (और) 'अपि'—ये (अर्थात् इनके अन्तिम 'अक्षर') (दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०—परि, अभि, अप, अपि—इत्येते च पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते वृतौ तु

टि० (क) अचेति। प्रऽसहः। पतिः। तुविष्मान् ॥ प० पा०

(ख) मत्सरासः। जर्हृषन्त। प्रऽसहम् ॥ प० पा०

'प्र' 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि संहिता पाठ में 'प्र' के बाद में दीर्घत्व' को न प्राप्त 'सह' धातु न होकर, दीर्घत्व को प्राप्त 'सह' धातु (=साहम्) है।

१ ऋ० १०।७४।६ २ ऋ० ६।१७।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋवर्णे प्रत्यये। परि—"अपो बिभ्रतं तमसा परीवृतम्[क]।"[१] अभि—"घृतेन द्यावा-पृथिवी अभीवृते[क]"[२]; "अभीवृतं[क] कृशनैर्विश्वरूपम्।"[३] अप—"राधो विश्वायु शवसे अपावृतम्[क]।"[४] अपि—"अपीवृतो[क] अधयन्मातुरूधः।"[५] **ऋवर्णे इति कस्मात्?** "उत व्रजमपवर्तासि गोनाम्॥"[६-ख]

उ० भा० अ०—**परि, अभि, अप** (और) **अपि**—इन पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') भी 'दीर्घ' हो जाते हैं; **ऋवर्णे वृतौ**='ऋ' वर्ण वाली 'वृत' (धातु) बाद में होने पर।.....।

अभीवर्तः सूयवसो रथीतमः
पुरूतमोऽनन्तरर्धर्च उत्तमः ॥७॥

सू० अ०—'अभीवर्तः', 'सूयवसः', 'रथीतमः'(और) पुरूतमः' (के पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाते हैं)। अन्तिम (अर्थात् 'पुरूतमः') अर्धर्च के मध्य में न हो (तो तभी इसके पूर्व-पद का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' होता है)।

उ० भा०—**अभीवर्तः, सूयवसः, रथीतमः, पुरूतमः**—इत्येतेषां च पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते। **उत्तमः**=पुरूतम इति तु; (**अनन्तरर्धर्चे**=) अर्धर्चस्यादावन्ते वा वर्तमानः; प्लवते। **अभीवर्तः**—"अभीवर्तेन[ग] हविषा।"[७]; "अभीवर्तो[ग] यथाससि।"[८] **सूयवसः**—"प्रजावतीः सूयवसं[ग] रिशन्तीः"[९]; "धेनुं न त्वा सूयवसे[ग]।"[१०] **रथीतमः**—"रथीतमं[ग] रथीनाम्"[११]; "पवमानो रथीतमः[ग]।"[१२] **पुरूतमः**—"पुरूतमं[ग] पुरूणाम्"[१३]; "अध्वराणां पुरूतमम्[क]।"[१४] **अनन्तरर्धर्च इति कस्मात्?** "मरुतां पुरुतममपूर्व्यम्॥"[१५-घ]

उ० भा० अ०—**अभीवर्तः, सूयवसः, रथीतमः** (और) **पुरूतमः**—इन पूर्व-पदों के भी अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं। **उत्तमः**=अन्तिम='पुरूतमः'-यह (पद); तो; (**अनन्तरर्धर्चे**=अर्धर्च के मध्य में न होने पर=) अर्धर्च के आदि में अथवा अन्त में वर्तमान होने पर; 'दीर्घ' होता है।.....।

टि० (क) परिऽवृतम्। अभिवृते इत्यभिऽवृते। अभिऽवृतम्। अपऽवृतम्। अपिऽवृतः॥ प० पा०

(ख) उत। व्रजम्। अपऽवर्ता। असि। गोनाम्॥ प० पा०

'अप' का अन्तिम 'अक्षरं' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'अप' के बाद में 'वर्ती' है जिसमें 'ऋ' वर्ण नहीं है।

(ग) अभिऽवर्तेन। अभिऽवर्तः। सुऽयवसम्। सुऽयवसे। रथिऽतमम्। रथिऽतमः। पुरुऽतमम्॥ प० पा०

(घ) मरुताम्। पुरुऽतमम्। अपूर्व्यम्॥ प० पा०

'पुरु' का अन्तिम 'अक्षर' (उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि यहाँ 'पुरु-तमम्' अर्धर्च के मध्य में है।

---

[१] ऋ० १०।११३।६ [२] ऋ० ६।७०।४ [३] ऋ० १।३५।४ [४] ऋ० १।५७।१
[५] ऋ० १०।३२।८ [६] ऋ० ४।२०।८ [७] ऋ० १०।१७४।१ [८] ऋ० १०।१७४।३
[९] ऋ० ६।२८।७ [१०] ऋ० ७।१८।४ [११] ऋ० १।११।१ [१२] ऋ० ९।६६।२६
[१३] ऋ० ६।८५।२१ [१४] ऋ० ८।१०२।७ [१५] ऋ० ५।५६।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवर्दु धान्य मिथु चर्षणि स्तन
पिबेति सर्वत्र यथोदयं च ॥८॥

सू० अ०—'कव', 'ऋदु', 'धान्य', 'मिथु', 'चर्षणि', 'स्तन' (और) 'पिब'—ये (अर्थात् इनके अन्तिम 'अक्षर') सर्वत्र ('दीर्घ' हो जाते हैं), चाहे इनके बाद में कोई भी (पद) हो।

उ० भा० कव, ऋदु, धान्य, मिथु, चर्षणि, स्तन, पिब—इत्येते च पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते। यथोदयं च=यस्मिन्कस्मिन् वा प्रत्यये। कव—"तनूशुभ्रं मघवा यः कवा-सखः[क]।"[१] ऋदु—"ऋदूपे[क] चिदूदूवृधा[क]।"[२] धान्य—"वपन्तो बीजमिव धान्याकृतः[क]।"[३] मिथु—"निष्वापया मिथूदृशा[क]।"[४] चर्षणि—"गां न चर्षणीसहम्[क]"; "चर्षणीधृत[क] मघवानमुक्थ्यम्।"[६] स्तन—'स्तनाभुजो[क] अशिश्वीः।"[७] पिब—"पिबापिबे[क]-दिन्द्र शूर सोमम्।"[८] सर्वत्रग्रहणमनन्तरर्धर्च इत्यधिकारनिवृत्त्यर्थम्॥

उ० भा० अ०—**कव** ·····**पिब**—इन पूर्व-पदों के भी अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं। **यथोदयं च**=जो कोई भी (पद) बाद में होने पर।·····। (सूत्र में) 'सर्वत्र' का ग्रहण "अर्धर्च के मध्य में न होने पर"—इस अधिकार की निवृत्ति के लिए (किया गया है)।

त्विष्युक्थेत्येता उदये मकारे ॥९॥

सू० अ०—मकार बाद में होने पर 'त्विषि' (और) 'उक्थ'—ये दो (पद 'दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०—त्विषि, उक्थ—इत्येतौ पूर्वपदान्तौ प्लवेते मकारे उदये। त्विषि—"त्विषीमन्तो अध्वरस्येव।"[१०-ख] उक्थ—"बृहस्पतिरुक्थामदानि शंसिषत्।"[१०] मकारे इति कस्मात्? "उक्थभृतं सामभृतम्॥"[११-ग]

उ० भा० अ०—**त्विषि** (और) **उक्थ**—इन दो पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं; **मकारे उदये**=मकार बाद में होने पर।·····।

टि० (क) कदऽसखः। ऋदुऽपे। ऋदुऽवृधा। धान्यऽकृतः। मिथुऽदृशा। चर्षणिऽसहम्। चर्षणिऽधृतम्। स्तनऽभुजः। पिबऽपिब॥ प० पा०

(ख) त्विषिऽमन्तः। अध्वरस्यऽइव॥ प० पा०

(ग) उक्थऽभृतम्। सामऽभृतम्॥ प० पा०

यहाँ 'उक्थ' 'दीर्घ' नहीं हुआ ह क्योंकि 'उक्थ' के बाद में मकार न होकर भकार है।

---

१ ऋ० ५।३४।३ २ ऋ० ८।७७।११ ३ ऋ० १०।९४।१३
४ ऋ० १।२९।३ ५ ऋ० ८।१।२ ६ ऋ० ३।५१।१
७ ऋ० १।१२०।८ ८ ऋ० २।११।११ ९ ऋ० ६।६६।१०
१० ऐ० ब्रा० २।३८।९ ११ ऋ० ७।३३।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर्युर्वक्षेत्यमकारेऽनुनासिके ॥१०॥

सू० अ०—मकार के अतिरिक्त अन्य कोई 'अनुनासिक' ('व्यञ्जन') बाद में हो तो 'परि', 'उरु' और 'अक्ष' ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०—परि, उरु, अक्ष—इत्येते पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते अनुनासिके प्रत्यये; (अमकारे=) मकारं वर्जयित्वा। परि—"चक्राणासः परीणहं[क] पृथिव्याः।"[१] उरु—"उरूणसा-वसुतृपौ।"[२-क] अक्ष—"अक्षानहो[क] नह्यतनोत सोम्याः।"[३] अमकारे इति कस्मात्? "विप्रासः परिमामृशुः॥"[४-ख]

उ० भा० अ०—**परि, उरु, अक्ष**—इन पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं; (**अमकारे**=) मकार को छोड़कर; **अनुनासिके**='अनुनासिक' ('व्यञ्जन') बाद में होने पर; (अर्थात् मकार को छोड़कर अन्य कोई भी 'अनुनासिक' 'व्यञ्जन' बाद में हो तो 'परि', 'उरु' और 'अक्ष'—इन पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाते हैं)।.....।

पित्र्य माहिनाकृषि भङ्गुराश्व
विश्वदेव्य भेषज तुग्रच पस्त्य।
सुम्नर्तारातीत्युदये वकारे ॥११॥

सू० अ०—**वकार** बाद में हो तो 'पित्र्य', 'माहिन', 'अकृषि', 'भङ्गुर', 'अश्व', 'विश्वदेव्य', 'भेषज', 'तुग्रय', 'पस्त्य', 'सुम्न', 'ऋत' (और) 'अराति' ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०—पित्र्य, माहिन, अकृषि, भङ्गुर, अश्व, विश्वदेव्य, भेषज, तुग्रथ, पस्त्य, सुम्न, ऋत, अराति—इत्येते च पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते **वकारे**; (उदये=) प्रत्यये। पित्र्य—"योषेव पित्र्यावती[ग]।"[५] माहिन—"त्र्यनीकः पत्यते माहिनावान्[ग]।"[६] अकृषि—"बह्वन्नामकृषीवलाम्[ग]।"[७] भङ्गुर—"अप हत रक्षसो भङ्गुरावतः[ग]।"[८] अश्व—"अश्वावता[ग] सोमावतीम्[घ]।"[९] विश्वदेव्य—"विश्वकर्मणा विश्वदेव्यावता[ग]।"[१०] भेषज—"भेषटि० (क) परिऽनहम्। उरुऽनसौ। अक्षऽनहः॥ प० पा०

(ख) विप्रासः। परिऽममृशुः॥ प० पा०

यहाँ 'परि' का अन्तिम 'अक्षर' (इकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'परि' के बाद में मकार है, कोई अन्य 'अनुनासिक' 'व्यञ्जन' नहीं।

(ग) पित्र्यऽवती। माहिनऽवान्। अकृषिऽवलाम्। भङ्गुरऽवतः। अश्वऽवतीम्। विश्वदेव्यऽवता॥ प० पा०

(घ) 'सोमवतीम्' (सोमऽवतीम्॥ प० पा०) के दीर्घत्व के लिए ९।२३ को देखिए।

---

[१] ऋ० १।३३।८ [२] ऋ० १०।१४।१२ [३] ऋ० १०।५३।७
[४] ऋ० ८।९।३ [५] ऋ० ९।४६।२ [६] ऋ० ३।५६।३
[७] ऋ० १०।१४६।६ [८] ऋ० १०।७६।४ [९] ऋ० १०।९७।७
[१०] ऋ० १०।१७०।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जावान्।" तुग्रथ–मन्दन्तु तुग्रचावृधः[क]।"[१] पस्त्य–"मर्यो देव धन्व पस्त्यावान्[क]।"[२] सुम्न–"सुम्नावरी[क] सूनृता ईरयन्ती।"[३] ऋत–"ऋतावा[क] यस्य रोदसी।"[४] अराति–"अरातीवा[क] मा नस्तारीत्।"[५] वकारे इति कस्मात्? "ये अश्वदा उत॥"[६-ख]

उ० भा० अ०–**वकारे (उदये)**=वकार बाद में होने पर; **पित्र्य**..... **अराति**–इन पूर्व-पदों के भी अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं।.....।

वैभ्वादयश्च ॥१२॥

सू० अ०–(वकार बाद में होने पर) (९।१७ में उल्लिखित) 'वैभु' आदि भी ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०–वैभ्वादयश्च पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते वकारे प्रत्यये। वैभ्वादीनुत्तरत्रोदाहरिष्यामः॥

उ० भा० अ०–**वैभ्वादयश्च**=(९।१७ में उल्लिखित) 'वैभु' आदि भी; पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं, वकार बाद में होने पर। 'वैभु' आदि के उदाहरणों को आगे (९।१७ के भाष्य में) प्रस्तुत करेंगे।

पृशनादयस्तु यकारे ॥१३॥

सू० अ०–यकार बाद में होने पर तो (९।१६ में उल्लिखित) 'पृशन' आदि ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

उ० भा०–पृशनादयस्तु पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते यकारे प्रत्यये। पृशनादींश्चोत्तरत्रोदाहरिष्यामः॥

उ० भा० अ०–**पृशनादयस्तु**=(९।१६ में उल्लिखित) 'पृशन' आदि पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर'); 'दीर्घ' हो जाते हैं; **यकारे**=यकार बाद में होने पर। 'पृशन' आदि के उदाहरणों को (९।१६ के भाष्य में) प्रस्तुत करेंगे।

अराति कवि सुक्रतु श्रुधि
पितु सुम्न रय्यृताश्वेति चैते ॥१४॥

सू० अ०–(यकार बाद में होने पर) 'अराति', 'कवि', 'सुक्रतु', 'श्रुधि', 'पितु', 'सुम्न', 'रयि', 'ऋत' (और) 'अश्व'–ये भी ('दीर्घ' हो जाते हैं)।

टि० (क) तुग्रचऽवृधः। पस्त्यऽवान्। सुम्नऽवरी। ऋतऽवा। अरातिऽवा॥ पा० पा०

(ख) ये। अश्वऽदाः। उत॥ प० पा०

'अश्व' का अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'अश्व' के बाद में वकार न होकर दकार है। वकार बाद में होने पर ही सूत्र में उक्त शब्दों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' होते हैं।

---

[१] ऋ० ८।१।१५ [२] ऋ० ९।९७।१८ [३] ऋ० १।११३।१२
[४] ऋ० ३।१३।२ [५] ऋ० ९।११४।४ [६] ऋ० ५।४२।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—इत्येते च पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते यकारे प्रत्यये। अराति—"अरातीयतो[क] नि दहाति वेदः।"[१] कवि—"कवीयमानः[क] क इह प्र वोचत।"[२] सुक्रतु—"वि यो ममे रजसी सुक्रतूयया[क]।"[३] श्रुधि—श्रुधीयत[क]-श्चिद्यतथः।"[४] पितु—"प्रवत्ते अग्ने जनिमा पितूयतः[क]।"[५] सुम्न—"सुम्नायव[क] ईमहे देवयन्तः।"[६] रयि—"अयमु वां पुरुतमो रयीयन्[क]।"[७] ऋत—"ऋतायिनी[क] मायिनी।"[८] अश्व—"अश्वायन्तो[क] गव्यन्तः।"[९] यकारे इति कस्मात्? "ये अश्वदा उत॥"[१०-ख]

उ० भा० अ०—इन पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') भी 'दीर्घ' हो जाते हैं, यदि यकार बाद में हो।.....।

न त्वश्व सुम्नर्त वृषेति पद्या
एकाक्षरादा उदये यकारे ॥१५॥

सू० अ०—किंतु 'अश्व', 'सुम्न', 'ऋत' (और) 'वृष'—ये (पूर्व-) 'पद्य' होने पर ('दीर्घ') नहीं (होते हैं), यदि इनके बाद में एकाक्षर (शब्द) के आदि में स्थित यकार हो।

उ० भा० न तु खलु प्लवन्ते अश्व, सुम्न, ऋत, वृष—इत्येते पद्या एकाक्षरादौ यकारे; (उदये=) प्रत्यये। अश्व—"अश्वयु[ग]-र्गव्यू रथयुः।"[११] सुम्न—"तं वः शर्धं मारुतं सुम्नयुः[ग]।"[१२] ऋत—"त्वं न इन्द्र ऋतयुः[क]।"[१३] वृष—"अत्यो न यूथे वृषयुः।"[१४-घ]

टि० (क) अरातिऽयतः। कविऽयमानः। सुक्रतुऽयया। श्रुधिऽयतः। पितुऽयतः। सुम्नऽयवः। रयिऽयन्। ऋतयिनी इत्यृतऽयिनी। अश्वऽयन्तः॥ प० पा०

(ख) ये। अश्वऽदाः। उत॥ प० पा०

'अश्व' का अन्तिम 'अक्षर' (उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि इस बाद में यकार न होकर दकार है।

(ग) अश्वऽयुः। सुम्नऽयुः। ऋतऽयुः॥ प० पा०

९।१४ के अपवाद। 'अश्व', 'सुम्न' और 'ऋत' के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुए हैं क्योंकि बाद में एकाक्षर शब्द ('युः') के आदि में विद्यमान यकार स्थित है।

(घ) अत्यः। न। यूथे। वृषऽयुः॥ प० पा०

९।१३ का अपवाद। ९।१६ में उल्लिखित 'वृष' का अंतिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि बाद में एकाक्षर शब्द ('युः') के आदि में विद्यमान यकार स्थित है।

---

१ ऋ० १।९९।१ २ ऋ० १।१६४।१८ ३ ऋ० १।१६०।४
४ ऋ० ६।६७।३ ५ ऋ० १०।१४२।२ ६ ऋ० ६।१।७
७ ऋ० ३।६२।२ ८ ऋ० १०।५।३ ९ ऋ० १०।१६०।५
१० ऋ० ५।४२।८ ११ ऋ० १।५१।१४ १२ ऋ० २।३०।११
१३ ऋ० ८।७०।१० १४ ऋ० ९।७७।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकाक्षरादौ इति कस्मात् ? "अश्वायन्तोक गव्यन्तः"[१]; "सुम्नायवक ईमहे"[२]; "ऋतायिनीक मायिनी"[३]; "वृषायमाणोऽवृणीत ।"[४-ख] यकारे इति कस्मात् ? "ऋतावा यस्य रोदसी ॥"[५-ग]

उ० भा० अ०—तु=किंतु; अश्व, सुम्न, ऋत, (और) वृष—ये; पद्याः=(पूर्व-) 'पद्य' होने पर; न=नहीं; 'दीर्घ' होते हैं; एकाक्षरादौ यकारे=एक 'अक्षर' वाले (शब्द) के आदि में स्थित यकार; (उदये—) बाद में होने पर; (अर्थात् प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित शब्द 'दीर्घ' नहीं होते हैं यदि (१) ये पूर्व-पद्य' हों और (२) इन पदों के बाद में ऐसा यकार हो जो एकाक्षर पद के आदि में स्थित हो) ।··· ····· ।

पृशनाजिरर्जु मधु पुत्रि जनि
क्रतु वल्गु वन्धुर वृकाङ्कु दम ।
वृजिनाध्वरीषु वृष मध्य सखि
स्तभु दुच्छुनाघ यवि शत्रु वसु ॥१६॥

सू० अ०—(९।१३ में निर्दिष्ट 'पृशन' आदि शब्द ये हैं) —'पृशन', 'अजिर', 'ऋजु', 'मधु', 'पुत्रि', 'जनि', 'क्रतु', 'वल्गु', 'वन्धुर', 'वृक', 'अङ्कु', 'दम', 'वृजिन', 'अध्वरि', 'इषु', 'वृष', 'मध्य', 'सखि', 'स्तभु', 'दुच्छुन', 'अघ', 'यवि', 'शत्रु' (और) 'वसु' ।

उ० भा०—पृशन, अजिर, ऋजु, मधु, पुत्रि, जनि, क्रतु, वल्गु, वन्धुर, वृक, अङ्कु, दम, वृजिन, अध्वरि, इषु, वृष, मध्य, सखि, स्तभु, दुच्छुन, अघ, यवि,

टि० (क) अश्वऽयन्तः । सुम्नऽयवः । ऋतऽयिनी इत्यृतऽयिनी ॥ प० पा०
९।१४ से 'अश्व', 'सुम्न' और 'ऋत' के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो गए हैं क्योंकि इनके बाद में विद्यमान यकार एक 'अक्षर' वाले शब्द के आदि में स्थित न होकर एक से अधिक अक्षरों वाले शब्दों के आदि में स्थित है ।

(ख) वृषऽयमाणः । अवृणीत ॥ प० पा०
९।१३ से 'वृष' का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि इसके बाद में विद्यमान यकार एक 'अक्षर' वाले शब्द के आदि में स्थित न होकर एक से अधिक अक्षरों वाले शब्दों के आदि में स्थित है ।

(ग) ऋतऽवा । यस्य । रोदसी इति ॥ प० पा०
९।११ से 'ऋत' का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि इसके बाद में यकार से प्रारम्भ होने वाला एकाक्षर शब्द न होकर वकार से प्रारम्भ होने वाला एकाक्षर शब्द है ।

---

१ ऋ० १०।१६०।५ २ ऋ० ६।१।७ ३ ऋ० १०।५।३
४ ऋ० १।३२।३ ५ ऋ० ३।१३।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शत्रु, वसु इतीमे पृशनादयो ये पूर्वसूत्रे निर्दिष्टाः। पृशन—"ता अस्य पृशनायुवः[क]।"[१] अजिर—"स्तोम इन्द्राजिरायते[क]।"[२] ऋजु—"ऋजूयन्तमनु[क] व्रतम्।"[३] मधु—"शमू षू वां मधूयुवा[क]।"[४] पुत्रि—"पुत्रीयन्तः[क] सुदानवः।"[५] जनि—"जनीयन्तो[क] न्वग्रवः।"[६] क्रतु—क्रतूयन्ति[क] क्रतवः।"[७] वल्गु—"वल्गूयति[क] वन्दते।"[८] वन्धुर—"यः सूर्या वहति वन्धुरायुः[क]।"[९] वृक—"वृकायु[क]-रादिदेशति।"[१०] अङ्कु—"यमङ्कूयन्त[क]-मानयन्।"[११] दम—"भृण्वे वीर उग्रमुग्रं दमायन्[क]।"[१२]

वृजिन—"सत्यध्वृतं वृजिनायन्तम्[क]।"[१३] अध्वरि—"जामयो अध्वरीयताम्[क]।"[१४] इषु—"क्रत्वा वेधा इषूयते[क]।"[१५] वृष—"वृषायमाण[क] उप।"[१६] मध्य—"मध्यायुव[क] उप शिक्षन्ति।"[१७] सखि—"विश्वश्रुष्टिः सखीयते[क]।"[१८] स्तभु—"स्तभूयमानं[क] वहतो वहन्ति।"[१९] दुच्छुन—"किमस्मान्दुच्छुनायसे[क]।"[२०] अघ—"अघायते[क] जातवेदः।"[२१] यवि—"स धर्ता जज्ञे सहसा यवीयुत्[क]।"[२२] शत्रु—"शत्रूयन्तो[क] अभि।"[२३] वसु—"अश्वयुर्गव्यू रथयुर्वसूयुः[क]॥"[२४]

उ० भा० अ०—पृशन ·····वसु—ये हैं वे 'पृशन' आदि (शब्द) जो पूर्व-सूत्र (९।१३) में निर्दिष्ट हैं।·····।[ख]

वैभु ह्रादुनि पुष्ट पर्वताहुति
शुभ्र हृदयामति सह वृष्ण्य शक्ति।
सप्ति स्वधिति कृशन वयुनर्ण
घृणि हित धित विपु सुतर्त्विय नीथ॥१७॥

सू० अ० (९।१२ में निर्दिष्ट 'वैभु' आदि शब्द ये हैं) "वैभु", 'ह्रादुनि', 'पुष्ट', 'पर्वत', 'आहुति', 'शुभ्र', हृदय', अमति', 'सह', 'वृष्ण्य', 'शक्ति', 'सप्ति',

टि० (क) पृशनऽयुवः। अजिरऽयते। ऋजुऽयन्तम्। मधुऽयुवा। पुत्रिऽयन्तः। जनिऽयन्तः। क्रतुऽयन्ति। वल्गुऽयति। वन्धुरऽयुः। वृकऽयुः। अङ्कुऽयन्तम्। दमऽयन्। वृजिनऽयन्तम्। अध्वरिऽयताम्। इषुऽयते। वृषऽयमाणः। मध्यऽयुवः। सखिऽयते। स्तभुऽयमानम्। दुच्छुनऽयसे। अघऽयते। यविऽयुत्। शत्रुऽयन्तः। वसुऽयुः।

(ख) इस सूत्र में उन शब्दों को गिनाया गया है जिनके दीर्घत्व का विधान ९।१३ में किया गया है।

---

[१] ऋ० १।८४।११ [२] ऋ० ८।१४।१० [३] ऋ० १।१३६।५
[४] ऋ० ५।७४।९ [५] ऋ० ७।९६।४ [६] ऋ० ७।९६।४
[७] ऋ० १०।६४।२ [८] ऋ० ४।५०।७ [९] ऋ० ४।४४।१
[१०] ऋ० १०।१३३।४ [११] ऋ० ६।१५।१७ [१२] ऋ० ६।४७।१६
[१३] ऋ० १०।२७।१ [१४] ऋ० १।२३।२६ [१५] ऋ० १।१२८।४
[१६] ऋ० ३।५२।५ [१७] ऋ० १।१७३।१० [१८] ऋ० १।१२८।१
[१९] ऋ० ३।७।४ [२०] ऋ० ७।५५।३ [२१] ऋ० ८।७१।७
[२२] ऋ० १०।६१।९ [२३] ऋ० १०।८९।१५ [२४] ऋ० १।५१।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'स्वधिति', 'कृशन', 'वयुन', 'ऋण', 'घृणि', 'हित', 'धित', 'विषु', 'सुत', 'ऋत्विय' (और) 'नीथ'।

उ० भा०—वैभु, ह्रादुनि, पुष्ट, पर्वत, आहुति, शुभ्र, हृदय, अमति, सह, वृष्ण्य, शक्ति, सप्ति, स्वधिति, कृशन, वयुन, ऋण, घृणि, हित, धित, विषु, सुत, ऋत्विय, नीथ—इतीमे वैभ्वादयो ये पूर्वसूत्रे निर्दिष्टाः। वैभु—"वैभूवसो[क] मूर्धन्यघ्न्यायाः।"[१] ह्रादुनि—"अब्दया चिन्मुहुरा ह्रादुनीवृतः[क]।"[२] पुष्ट "पुष्टावन्तो[क] यथा पशुम्।"[३] पर्वत "क्षरन्तः पर्वतावृधः[क]।"[४] आहुति—"युवानमाहुतीवृधम्[क]।"[५] शुभ्र—"अन्तः शुभ्रावता[क] पथा।"[६] हृदय—'उतापवक्ता हृदयाविध[क]-श्चित।"[७] अमति—"न मे स्तोतामतीवा[क] न।"[८] सह "सहावा[क] इन्द्र सानसिः।"[९] वृष्ण्य—"यः पत्यते वृषभो वृष्ण्यावान्[क]।"[१०] शक्ति—"शक्तीवो[क] यद्विभरा रोदसी।"[११]

सप्ति—"सप्तीवन्ता[क] सपर्यवः॥"[१२] स्वधिति—"रुक्मो न चित्र स्वधितीवान्[क]।"[१३] कृशन "मदच्युतः कृशनावतः[क]।"[१४] वयुन—"वि होत्रा दधे वयुनाविद[क]-देक इत्।"[१५] ऋण—"ऋणावा[क] विभ्यद्धनमिच्छ- मानः।"[१६] घृणि—"घृणीवा[क]-ञ्चेततित्मना।"[१७] हित—"विपन्यामहे वि पर्णिहितावान्[क]।"[१८] धित—श्रुष्टीवानं धितावानम्[क]।"[१९] विषु "विषूवृ[क]-दिन्द्रो अमतेः।"[२०] सुत—'सुतावन्त[क]-स्त्वा वयम्।"[२१] ऋत्विय—"इयं त ऋत्वियावती[क]।"[२२] नीथ—"नीथाविदो[क] जरितारः॥"[२३]

उ० भा० अ०—वैभु ···· नीथ—ये हैं वे 'वैभु' आदि (शब्द) जो पूर्व-सूत्र (९।१२) में निर्दिष्ट हैं।.....।ख

टि० (क) वैभुऽवसः। ह्रादुनिऽवृतः। पुष्टऽवन्तः। पर्वतऽवृधः। आहुतिऽवृधम्। शुभ्रऽवता। हृदयऽविधः। अमतिऽवा। सहऽवान्। वृष्ण्यऽवान्। शक्तिऽवः। सप्तिऽवन्ता। स्वधितिऽवान्। कृशनऽवतः। वयुनऽवित्। ऋणऽवा। घृणिऽवान्। हितऽवान्। धितऽवानम्। विषुऽवृत। सुतऽवन्तः। ऋत्वियऽवती। नीथऽविदः॥ प० पा०

(ख) इस सूत्र में उन शब्दों को गिनाया गया है जिनके दीर्घत्व का विधान ९।१२ म किया गया है।

---

१ ऋ० १०।४६।३ २ ऋ० ५।५४।३ ३ ऋ० ८।४५।१६
४ ऋ० ९।४६।१ ५ ऋ० ९।६७।२९ ६ ऋ० ९।१५।३
७ ऋ० १।२४।८ ८ ऋ० ८।१९।२६ ९ ऋ० १।१७५।२
१० ऋ० ६।२२।१ ११ ऋ० ५।३१।६ १२ ऋ० ७।९४।१०
१३ ऋ० १।८८।२ १४ ऋ० १।१२६।४ १५ ऋ० ५।८१।१
१६ ऋ० १०।३४।१० १७ ऋ० १०।१७६।३ १८ ऋ० १।१८०।७
१९ ऋ० ३।२७।२ २० ऋ० १०।४३।३ २१ ऋ० ८।६५।६
२२ ऋ० ८।१२।१० २३ ऋ० ३।१२।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नर्तवाकेनाश्ववित्सुम्नयन्ता
वसुवसु प्रसहानोऽभिवावृते ।
परिवृतं नाभिवृत्य ॥१८॥

सू० अ०—(अधोलिखित समस्त-पदों के पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' दीर्घ') नहीं (होते हैं) 'ऋतवाकेन', 'अश्ववित्', 'सुम्नयन्ता', 'वसुवसु', 'प्रसहानः', 'अभिवावृते', नकार बाद में हो तो 'परिवृतम्' (और) 'अभिवृत्य'।

उ० भा०—ऋतवाकेन, अश्ववित्, सुम्नयन्ता, वसुवसु, प्रसहानः, अभिवावृते, परिवृतं न, अभिवृत्य—इत्येते पूर्वपदान्ताः पूर्वलक्षणप्राप्ता न प्लवन्ते। ऋतवाकेन—"ऋतवाकेन[क] सत्येन।"[१] अश्ववित्—"परि णो अश्वमश्ववित्[क]।"[२] सुम्नयन्ता—"गीर्भिर्मित्रावरुणा सुम्नयन्ता।"[३-ख] वसुवसु—"वसुवसु वः पार्थिवाय।"[४-ग] प्रसहानः—"स सनीळेभिः प्रसहानो अस्य।"[५-घ] "प्र चाप्लुते"[६] इति प्राप्ते। अभिवावृते—"येनेन्द्रो अभिवावृते।"[७] "पर्यभ्यपापीति वृतावृवर्णे"[८] इति प्राप्ते। अत्रोच्यते—वकारेण व्यवधानात्प्राप्तिरेव नास्ति। तस्मान्नार्थः प्रतिषेधनिपातनेन। एवं सिद्धे सति यन्निपातनं करोति तज्ज्ञापयत्याचार्यः व्यवहितेऽपि निमित्ते क्वचित्कार्यं भविष्यतीति। किमेतस्य ज्ञापनेन प्रयोजनम्? "उदात्तपूर्वं स्वरितमनुदात्तं पदेऽक्षरम्"[९] इति इन्द्रः इत्यत्र नकारदकाररेफ-व्यवहितस्यापि स्वरितस्याकारस्यानुदात्तत्वं भवतीति। स्यान्मतं वचनाद्भविष्यतीति। अस्ति वचनस्यावकाशः—"प्रउगम्"[१०] इति। परिवृतं न—"अपा वृधि परिवृतं न राधः।"[११] न इति कस्मात्—"अपो बिभृतं तमसा परीवृतम्।"[१२] अभिवृत्य—"अभिवृत्य सपत्नान्।"[१३]

टि० (क) ऋतऽवाकेन। अश्वऽवित्॥ प० पा०
९।११ के अपवाद। वकार बाद में होने पर भी 'ऋत' और 'अश्व' के अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(ख) गीःऽभिः। मित्रावरुणा। सुम्नऽयन्ता॥ प० पा०
९।१४ का अपवाद। यकार बाद में होने पर भी 'सुम्न' का अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ग) वसुऽवसु। वः। पार्थिवाय। सुन्वते॥ प० पा०
९।१ का अपवाद। 'वसु' बाद में होने पर भी पूर्व-पद का अन्तिम 'अक्षर' (उकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(घ) सः। सऽनीळेभिः। प्रऽसहानः। अस्य॥ प० पा०
९।४ का अपवाद। दीर्घत्व को न प्राप्त 'सह' धातु बाद में होने पर भी 'प्र' का अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

---

१ ऋ० ९।११३।२ २ ऋ० ९।६१।३ ३ ऋ० ६।४९।१
४ ऋ० १०।७६।८ ५ ऋ० १०।९९।२ ६ ९।४
७ ऋ० १०।१७४।१ ८ ९।६ ९ ३।७
१० ऋ० १०।१३०।३ ११ ऋ० ७।२७।२ १२ ऋ० १०।१११३।६
१३ ऋ० १०।१७४।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**ऋतवाकेन, अश्ववित्, सुम्नयन्ता, वसुवसु, प्रसहानः, अभिवावृते, परिवृतं न**=नकार बाद में हो तो 'परिवृतम्' (और) **अभिवृत्य**–इन (समस्त-पदों) में पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') पूर्व-नियमों के अनुसार 'दीर्घ' नहीं होते हैं।.....। **अभिवावृते**—"येनेन्द्रो अभिवावृते"क—"'ऋ' वर्ण वाली 'वृत' (धातु) बाद में हो तो 'परि', 'अभि', 'अप' (और) 'अपि' (के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाते हैं)"—इससे ('अभि' के इकार का दीर्घत्व) प्राप्त होने पर (प्रस्तुत सूत्र से निषेध किया गया है)। (पू०) यहाँ हमारा कहना है कि वकार का व्यवधान होने से (दीर्घत्व की) प्राप्ति ही नहीं होती है। इसलिए प्रतिषेध का निपातन करने का कोई प्रयोजन ही नहीं है।ख (सि०) इस प्रकार (वकार के व्यवधान के कारण प्रतिषेध) सिद्ध होने पर जो (प्रतिषेध का) निपातन करते हैं उससे आचार्य बतलाते हैं कि कहीं-कहीं निमित्त के व्यवहित होने पर भी विकार होता है। (पू०) यह बतलाने का क्या प्रयोजन है? (सि०) "एक पद में 'उदात्त' है पूर्व में जिसके ऐसे 'स्वरित' 'अक्षर' को 'अनुदात्त' (जानना चाहिए)"–इस (सूत्र) से 'इन्द्रः' में नकार, दकार और रेफ से व्यवहित 'स्वरित' अकार 'अनुदात्त' होता है।ग (पू०) मैं मानता हूँ कि ('स्वरित' का यह अनुदात्तत्व) इस सूत्र से होता है।घ (सि०) सूत्र का अवकाश है—"प्रउगम्"।ङ **परिवृतं न**—"अपा वृधि परिवृतं न राधः।"च **न**–

टि० (क) येन। इन्द्रः। अभिऽववृते॥ प० पा०
९।६ का अपवाद। 'ऋ' वर्ण वाली 'वृत' धातु बाद में होने पर भी 'अभि' का इकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ख) पू०—'अभि' और 'वृत' धातु के मध्य में वकार का व्यवधान है जिससे 'वृत' (विकार का निमित्त) के कारण 'अभि' के इकार के 'दीर्घ' होने का प्रश्न ही नहीं उठता। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर 'अभि' के इकार के 'दीर्घ' होने का निषेध करना व्यर्थ है।

(ग) सि०—यद्यपि 'अभि' के इकार का 'दीर्घ' न होना इस प्रस्तुत निषेध के बिना भी सिद्ध है तथापि आचार्य ने इसका निषेध प्रस्तुत सूत्र में किया है। इससे सूचित होता है कि कहीं-कहीं विकार करने वाले और विकृत होने वाले के मध्य में व्यवधान होने पर भी विकार होता है। उदाहरण के लिए 'इन्द्रः' पद को लेते हैं। 'उदात्त' इकार तथा 'स्वरित' अकार के मध्य में नकार, दकार तथा रेफ का व्यवधान होने पर भी 'उदात्त' के कारण 'स्वरित' को ३।७ के अनुसार 'अनुदात्त' समझा जाता है।

(घ) पू०—३।७ के जितने भी उदाहरण हैं उन सब में 'उदात्त' और 'स्वरित' के मध्य में 'व्यञ्जन' का व्यवधान होता है। अतः ३।७ को चरितार्थ करने के लिए व्यवधान होने पर भी 'स्वरित' को 'अनुदात्त' समझा जाता है।

(ङ) सि०—'प्रउगम्' ऐसा स्थल है जहाँ 'उदात्त' और 'स्वरित' के मध्य में 'व्यञ्जन' का व्यवधान नहीं है। इस स्थल पर ३।७ चरितार्थ हो जाता है। अतः यह कहना ठीक नहीं है कि ३।७ को चरितार्थ करने के लिए ही व्यवधान

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अपो बिभ्रतं तमसा परीवृतम् ।"क अभिवृत्य– "अभिवृत्य सपत्नान् ।"ख

अश्ववच्च पादान्ते ॥१९॥

सू० अ०—पाद के अन्त में विद्यमान 'अश्ववत्' में भी (पूर्व-पद का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं होता है) ॥

उ० भा०—अश्ववत् इत्येतस्मिन्पूर्वपदान्तः पादान्ते न तु प्लवते । अश्ववत्— "दधानो गोमदश्ववत् ।"[१] पादान्ते इति कस्मात् ? "अश्वावद्गोमद्यवमत् ॥"[२]

उ० भा० अ०—**अश्ववत्**—इस (समस्त-पद) में पूर्व-पद का अन्त (=अन्तिम 'अक्षर'); **पादान्ते**=पाद के अन्त में विद्यमान होने पर; 'दीर्घ' नहीं होता है। **अश्ववत्**— "दधानो गोमदश्ववत् ।"ग "पाद के अन्त में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अश्वावदगोमद्यवमत् ।"घ

सर्वत्र परे मघस्य ॥२०॥

सू० अ०—'मघस्य' बाद में हो तो (पूर्व-पद का अन्तिम 'अक्षर') सर्वत्र (अर्थात् कहीं भी) ('दीर्घ' नहीं होता) है ।

उ० भा०—मघस्य इति षष्ठ्यन्ते परे सति वसुमघयोरिति प्राप्ते पूर्वपदान्तो न प्लवते । मघस्य—'प्रायं स्तुषे तुविमघस्य दानम् ।"[३] षष्ठ्यन्तादन्यत्र प्लवते—"श्रुधि चित्रामघे हवम् ।"[४] सर्वत्रग्रहणं पादान्ताधिकारनिवृत्त्यर्थम् ॥

(५२९ ङ) रहते हुए भी यहाँ विकार होता है । अतः 'इन्द्रः' इस उदाहरण से सूचित होता है कि कहीं-कहीं विकार करने वाले और विकृत होने वाले के मध्य में व्यवधान रहते हुए भी विकार हो जाता है । इसीलिए प्रस्तुत सूत्र में सूत्रकार ने 'अभि' के दीर्घत्व का निषेध किया है ।

(च) परिऽवृतम् ॥ प० पा० ॥ ९।६ का अपवाद । 'वृत' धातु बाद में होने पर भी 'परि' का इकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है ।

टि० (क) 'परि' का इकार ९।६ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'परीवृतम्' ('परिऽवृतम्' ॥ प० पा०) के बाद में 'न' नहीं है ।

(ख) अभिऽवृत्य ॥ प० पा० ॥ ९।६ का अपवाद ।

(ग) दधानः । गोऽमत् । अश्वऽवत् ॥ प० पा० ॥ ९।११ का अपवाद । वकार बाद में होने पर 'अश्व' का अन्तिम 'अक्षर' 'दीघ' नहीं हुआ है ।

(घ) अश्वऽवत् । गोऽमत् । यवऽमत् ॥ प० पा० ॥ यहाँ 'अश्व' का अन्तिम 'अक्षर' ९।११ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'अश्ववत्' पाद के अन्त में नहीं है ।

---

[१] ऋ० ८।४६।५ [२] ऋ० ८।९३।२
[३] ऋ० ५।३३।६ [४] ऋ० १।४८।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**मघस्य**—यह षष्ठ्यन्त (पद); **परे**=बाद में होने पर "'वसु' और 'मघ' बाद में होने पर"—इस (९।१) के अनुसार (दीर्घत्व) प्राप्त होने पर पूर्व-पद का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं होता है। **मघस्य**—"प्रार्य स्तुषे तुविमघस्य दानम्।" षष्ठ्यन्त से अन्यत्र दीर्घत्व होता है—"श्रुधि चित्रामघे हवम्।"[क] (सूत्र में) **सर्वत्र** का ग्रहण (९।१९ से प्राप्त) 'पादान्त' के अधिकार की निवृत्ति के लिए (किया गया है)।

अश्वयूपायाश्वयुजोऽश्वयोगाः
सहवाहः सुम्नयन्ततयन्त।
सहवसुं सहवत्सतयुक्तिं
सहवीरं वयुनवच्चकार ॥२१॥

सू० अ०—(अधोलिखित समस्त-पदों के पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं होते हैं) 'अश्वयूपाय', अश्वयुजः', 'अश्वयोगाः', 'सहवाहः', 'सुम्नयन्ता', 'ऋतयन्त', 'सहवसुम्', 'सहवत्सा', 'ऋतयुक्तिम्', 'सहवीरम्' (और) 'वयुनवत्'—जब इसके बाद में चकार हो।

उ० भा०—इत्येतेषां च पूर्वपदान्ताः पूर्वलक्षणप्राप्ताः न प्लवन्ते। **अश्वयूपाय**—"चषाल ये अश्वयूपायख तक्षति।"[१] **अश्वयुजः**—"वयोवृधो अश्वयुजःख परिज्मयः।"[२] **अश्वयोगाः**—'उत न ईं मतयोऽश्वयोगाःख।"[३] **सहवाहः**—"बृहस्पतिं सहवाहोग वहन्ति।"[४] **सुम्नयन्ता**—"गोभिर्मित्रावरुणा सुम्नयन्ताघ।"[५] **ऋतयन्त**—"कदु स्तुवन्त ऋतयन्त।"[६]

टि० (क) यह सूत्र ९।१ का अपवाद है। 'तुविमघस्य' (तुविऽमघस्य ॥ प० पा०) में 'तुवि' का इकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'तुवि' के बाद में 'मघस्य' विद्यमान है। 'चित्रामघे' (चित्रऽमघे ॥ प० पा०) में 'चित्र' का अकार ९।१ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'चित्र' के बाद में 'मघस्य' नहीं अपितु 'मघे' है।

(ख) अश्वऽयूपाय। अश्वऽयुजः। अश्वऽयोगाः ॥ प० पा० ॥ ९।१४ के अपवाद। यकार बाद में होने पर 'अश्व' का अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ग) सहऽवाहः ॥ प० पा० ॥ ९।१२ का अपवाद। वकार बाद में होने पर ९।१७ में उल्लिखित 'सह' का अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(घ) सुम्नऽयन्ता। ऋतऽयन्त ॥ प० पा०॥ ९।१४ के अपवाद। यकार बाद में होने पर 'सुम्न' और 'ऋत' के अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं। 'सुम्नयन्ता' में 'सुम्न' के दीर्घत्व का निषेध दो बार (९।१८ और ९।२१ में) किया गया है। यह पुनरुक्ति चिन्त्य है।

---

[१] ऋ० १।१६२।६ [२] ऋ० ५।५४।२ [३] ऋ० १।१८६।७
[४] ऋ० ७।९७।६ [५] ऋ० ६।४९।१ [६] ऋ० ८।३।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहवसुम्–"यो नार्मरं सहवसुम्[क]।"[१] सहवत्सा–"दानुः शये सहवत्सा न[क]।"[२] ऋतयुक्तिम्–"ऋतं वदन्त ऋतयुक्ति[ख]-मग्मन्।"[३] सहवीरम्—"धाता रयिं सहवीर[ग] तुरासः।"[४] वयुनवच्चकार—"सूर्येण वयुनव[ग]-च्चकार।"[५] चकार इति कस्मात्? "ज्योतिस्तमसो वयुनाव[घ]-दस्थात्॥"[६]

उ० भा० अ०—इन (समस्त-पदों) के पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') पूर्व-नियमों से प्राप्त दीर्घत्व को प्राप्त नहीं होते हैं।.....।

सुम्नायुर्जुह्व ऋतायन्नृतायु-
मुग्रादेवं दक्षिणावानृतायोः।
वृषारवाय सूमयं शताव-
न्नपीजुवापरीवृतोऽनपावृत् ॥२२॥

सू० अ०—(अधोलिखित समस्त-पदों के पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाते हैं) 'जुह्वे' बाद में हो तो 'सुम्नायुः', 'ऋतायन्', 'ऋतायुम्', 'उग्रादेवम्', 'दक्षिणावान्', 'ऋतायोः', 'वृषारवाय', 'सूमयम्', 'शतावन्', 'अपीजुवा', 'अपरीवृतः' (और) 'अनपावृत्'।

उ० भा०—सुम्नायुर्जुह्वे, ऋतायन्, ऋतायुम्, उग्रादेवम्, दक्षिणावान्, ऋतायोः, वृषारवाय, सूमयम्, शतावन्, अपीजुवा, अपरीवृतः, अनपावृत्—

टि० (क) सहऽवसुम्। सहऽवत्सा॥ प० पा०॥ ९।१२ के अपवाद। वकार बाद में होने पर ९।१७ में उल्लिखित 'सह' का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ख) ऋतऽयुक्तिम्॥ प० पा०॥ ९।१४ का अपवाद। यकार बाद में होने पर 'ऋत' का अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है।

(ग) सहऽवीरम्। वयुनऽवत्॥ प० पा०॥ ९।१२ के अपवाद। वकार बाद में होने पर ९।१७ में उल्लिखित 'सह' और 'वयुन' के अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं।

(घ) वयुनऽवत्॥प० पा०॥ ९।१७ में उल्लिखित 'वयुन' का अन्तिम 'अक्षर' (अकार) ९।१२ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'वयुनवत्' के बाद में चकार नहीं है।

---

[१] ऋ० २।१३।८ [२] ऋ० १।३२।९ [३] ऋ० १०।६१।१०
[४] ऋ० ३।५४।१३ [५] ऋ० ६।२१।३ [६] ऋ० ४।५१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इत्येतेषां पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते। सुम्नायुर्जुह्वे—"सुम्नायु[क]-र्जुह्वे अध्वरे।"[१] जुह्वे इति कस्मात्? "देवाञ्जिगाति सुम्नयु:[ख]"[२]—ऋतायन्—"सर्गो न सृष्टो अर्वतीऋतायन्[क]।"[३] ऋतायुम्—"उदीमृतायु[क]-मीरयत्"[४]—एतेषां त्रयाणाम्—"एकाक्षरादा उदये यकारे"[५] इति प्रतिषेधे प्राप्ते निपातनम्। उग्रादेवम्—"उग्रादेव[ग] हवामहे।"[६] दक्षिणावान्—"हस्ते दधे दक्षिणे दक्षिणावान्[ग]।"[७] ऋतायोः—"प्रणेतारः कस्य चिदृतायोः[घ]"[८]—अस्यापि प्रतिषेधे प्राप्ते निपातनम्। वृषारवाय—"वृषारवाय[ङ] वदते।"[९] सूमयम्—"तुविक्षं ते सुकृतं सूमयं[ङ] धनुः।"[१०] शतावन्—"वहिष्ठयोः शताव[ङ]-ऋश्वयोरा।"[११] अपीजुवा—"उषासानक्ता जगतामपीजुवा[ङ]।"[१२] अपरीवृतः—"अपरीवृतो[ङ] वसति प्रचेताः।"[१३] अनपावृत्—"इत्था सृजाना अनपावृ[ङ]-दर्थम्॥"[१४]

उ० भा० अ०—सुम्नायुर्जुह्वे='जुह्वे' बाद में होने पर 'सुम्नायु:'.....अनपावृत्—इनके पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं।.....।

इन्द्रावतः सोमावतीमवायती
दीर्घाधियोऽमित्रायुधो रथीतरः।
अन्नावृधं विश्वापुषं वसूजुवं
विश्वाभुवे यज्ञायते घृतावृधा॥२३॥

सू० अ०—(अधोलिखित समस्त-पदों के पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाते हैं) 'इन्द्रावतः', सोमावतीम्', 'अवायती', 'दीर्घाधियः', 'अमित्रायुधः',

टि० (क) सुम्नऽयुः। ऋतऽयन्। ऋतऽयुम्॥ प० पा०

यकार बाद में होने पर पूर्ववर्ती 'सुम्न' और 'ऋत' के 'दीर्घत्व' का विधान ९।१४ में किया गया है। ९।१५ में यह विधान किया गया है कि परवर्ती यकार यदि एकाक्षर पद के प्रारम्भ में विद्यमान हो तो 'सुम्न' और 'ऋत' 'दीर्घ' नहीं होते हैं। इस प्रतिषेध के कारण प्रस्तुत तीनों उदाहरणों ('सुम्नायुर्जुह्वे', 'ऋतायन्' और 'ऋतायुम्') में 'सुम्न' और 'ऋत' के अन्तिम अक्षरों को 'दीर्घ' नहीं होना चाहिए था किंतु प्रस्तुत सूत्र में इनके दीर्घत्व का पुनः विधान ('प्रतिप्रसव') कर दिया गया है जिससे इन पूर्व-पदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो गए हैं।

(ख) सुम्नऽयुः॥ प० पा०॥ 'सुम्न' का अकार ९।१४ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि बाद में 'जुह्वे' नहीं है।

(ग) उग्रऽदेवम्। दक्षिणऽवान्॥ प० पा०

(घ) ऋतऽयोः॥ प० पा०॥ ९।१४ में विहित 'ऋत' के दीर्घत्व का ९।१५ के द्वारा निषेध हो जाने पर इस सूत्र में पुनः विधान ('प्रतिप्रसव') किया गया है।

(ङ) वृषऽरवाय। सुऽमयम्। शतऽवन्। अपिऽजुवा। अपरिऽवृतः। अनपऽवृत्॥ प० पा०

---

१ ऋ० ६।२।३ २ ऋ० ३।२७।१ ३ ऋ० ७।८७।१ ४ ऋ० ८।७९।६
५ ९।१५ ६ ऋ० १।३६।१८ ७ ऋ० ३।३९।६ ८ ऋ० १।१६९।५
९ ऋ० १०।१४६।२ १० ऋ० ८।७७।११ ११ ऋ० ६।४७।९ १२ ऋ० २।३१।५
१३ ऋ० २।१०।३ १४ ऋ० ६।३२।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'रथीतरः', 'अन्नावृधः', 'विश्वापुषम्', 'वसूजुवम्', 'विश्वाभुवे', 'यज्ञायते' (और) 'घृतावृधा'।

उ० भा०—इन्द्रावतः, सोमावतीम्, अवायती, दीर्घाधियः, अमित्रायुधः, रथीतरः, अन्नावृधम्, विश्वापुषम्, वसूजुवम्, विश्वाभुवे, यज्ञायते, घृतावृधा—इत्येतेषां पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते। इन्द्रावतः—"ऋजिप्य ईमिन्द्रावतो[क] न भुज्युम्।"[१] सोमावतीम्—"अश्वावतीं सोमावतीम्[क]।"[२] अवायती—"कन्या वारवायती[क]।"[३] दीर्घाधियः—"दीर्घाधियो[क] रक्षमाणा असुर्यम्।"[४] अमित्रायुधः—'अमित्रायुधो[क] मरुतामिव प्रयाः।"[५] रथीतरः—"नकिष्ट्वद्रथीतरः[क]।"[६] अन्नावृधम्—"अन्नावृधं[क] प्रतिचरन्त्यन्नैः।"[७] विश्वापुषम्—"पुंसः पुत्राँ उत विश्वापुषं[क] रयिम्।"[८] वसूजुवम्—"वसवानं वसूजुवम्[क]।"[९] विश्वाभुवे—"अर्चा विश्वानराय विश्वाभुवे[क]।"[१०] यज्ञायते—'यज्ञायते[क] वा पशुः।"[११] घृतावृधा—"घृतश्रिया घृतपृचा घृतावृधा[क]।"[१२]

उ० भा० अ०—इन्द्रावतः ····· घृतावृधा—इन (समस्त-पदों) के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं।

सुम्नायन्निन्मित्रायुव ऋषीवो देवावान्दिवः।
एवावदस्य क्षेत्रासामृताञ्ने सदनासदे ॥२४॥

सू० अ०—(अधोलिखित समस्त-पदों के पूर्व-प्रदों के अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाते हैं) 'इत्' बाद में होने पर 'सुम्नायन्', 'मित्रायुवः', 'ऋषीवः', 'दिवः' बाद में होने पर 'देवावान्', 'एवावदस्य', 'क्षेत्रासाम्', 'ऋताञ्ने' (और) 'सदनासदे'।

उ० भा०—सुम्नायन्नित् मित्रायुवः, ऋषीवः, देवावान्दिवः, एवावदस्य, क्षेत्रासाम्, ऋताञ्ने, सदनासदे—इत्येतेषां पूर्वपदान्ताः प्लवन्ते। सुम्नायन्नित्—"सुम्नाय[ख]न्निद्विशो अस्माकम्।"[१३] इत् इति कस्मात्? 'अर्चामि सुम्नय[ग]न्नहम्।"[१४]

टि० (क) इन्द्रऽवतः। सोमऽवतीम्। अवऽयती। दीर्घऽधियः। अमित्रऽयुधः। रथिऽतरः, अन्नऽवृधम्। विश्वऽपुषम्। वसुऽजुवम्। विश्वऽभूवे। यज्ञऽयते। घृतऽवृधा॥ प० पा०

(ख) सुम्नऽयन्॥ प० पा०॥ 'सुम्न' के अन्तिम 'अक्षर' के दीर्घत्व का पुनः विधान ('प्रतिप्रसव') किया गया है; दे० पृ० ५३३ पर टि० (क)।

(ग) सुम्नऽयन्॥ प० पा०॥ 'सुम्न' का अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'सुम्नयन्' के बाद में 'इत्' नहीं है।

---

[१] ऋ० ४।२७।४ [२] ऋ० १०।९७।७ [३] ऋ० ८।९१।१
[४] ऋ० २।२७।४ [५] ऋ० ३।२९।१५ [६] ऋ० १।८४।६
[७] ऋ० १०।१।४ [८] ऋ० १।१६२।२२ [९] ऋ० ८।९९।८
[१०] ऋ० १०।५०।१ [११] ऋ० ५।४१।१ [१२] ऋ० ६।७०।४
[१३] ऋ० १।११४।३ [१४] ऋ० १।१३८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मित्रायुवः—"मित्रायुवो[क] न पूर्पतिम्।"[१] **ऋषीवः**—"शिप्रिन्नृषीवः[क] शचीवः।"[२] **देवावान्दिवः**—"सोमं भरद्दादृहाणो देवावा[क]न्दिवः।"[३] **दिवः** इति कस्मात्? "स गृणानो अद्भिर्देववा[ख]निति।"[४] **एवावदस्य**—"एवावदस्य[क] यजतस्य।"[५] **क्षेत्रासाम्**—"क्षेत्रासां[क] ददथुर्वरासाम्।"[६] **ऋताव्ने**—"ऋताव्ने[क] बृहते शुक्रशोचिषे।"[७] **सदनासदे**—"देवाय सदनासदे[क]॥"[८]

उ० भा० अ०—**सुम्नायन्नित्**='इत्' बाद में होने पर सुम्नायन्'..... **सदनासदे**—इन (समस्त-पदों) के पूर्व-पदों के अन्त (=अन्तिम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाते हैं।.....।

(अवग्रहरहितेषु पदेषु पद्येषु चान्तर्ह्रस्वस्य दीर्घभावः)

पदेष्वन्तरनिङ्ग्येषु प्लुतिः पद्येषु चोत्तरा ॥२५॥

(अवग्रहरहित पदों और पद्यों के मध्य में ह्रस्व का दीर्घ होना)

सू० अ०—परवर्ती (सूत्रों में विहित) दीर्घत्व ('प्लुति') पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् न किए गए ('अनिङ्ग्य') पदों के मध्य में और पद्यों (के मध्य में) भी (होती है)।

उ० भा०—**अनिङ्ग्येषु पदेषु चान्तः पद्येषु च अन्तः उत्तरा प्लुतिः भविष्यति यदित ऊर्ध्वमनुक्रमिष्यामः। उत्तरत्रोदाहरिष्यामः॥**

उ० भा० अ०—**उत्तरा प्लुतिः**=परवर्ती दीर्घत्व; **अनिङ्ग्येषु पदेषु चान्तः**=पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् न किए गए ('अनिङ्ग्य') पदों के मध्य में भी; **पद्येषु च**=और पद्यों के मध्य में भी; होगा जिसका प्रतिपादन इस (सूत्र) के आगे करेंगे। आगे (ही) उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

वृषस्व वन्थ वृद्ध्वांसं वाता वातुर्वनो वृतुः॥
वृते वृषाणा वृषाणो वृजे वन्धि मृजुर्मृशुः।
मृजे मृजीत वानैषां वमेति सदृशादिषु ॥२६॥

सू० अ०—'व' और 'म' ('दीर्घ' हो जाते हैं) यदि—**'वृषस्व', 'वन्थ', 'वृद्ध्वांसम्', 'वाता', 'वातुः', 'वनः', 'वृतुः', 'वृते', 'वृषाणाः', 'वृषाणः', 'वृजे',**

टि० (क) मित्रऽयुवः। ऋषिऽवः। देवऽवान्। एवऽवदस्य। क्षेत्रऽसाम्। ऋतऽव्ने। सदनऽसदे॥ प० पा०

(ख) देवऽवान्॥ प० पा०॥ 'देव' का अकार 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'देववान्' के बाद में 'दिवः' नहीं है।

---

१ ऋ० १।१७३।१०
२ ऋ० ८।२।२८
३ ऋ० ४।२६।६
४ ऋ० १०।६१।२६
५ ऋ० ५।४४।१०
६ ऋ० ४।३८।१
७ ऋ० ८।१०३।८
८ ऋ० ९।९८।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'वन्धि', 'मृजुः', 'मृशुः', 'मृजे', 'मृजीत' और 'वान'–इनमें से सदृश (वर्ण) से प्रारम्भ होने वाला (कोई) शब्द बाद में हो।

उ० भा०—वृषस्व, वन्थ, वृद्ध्वांसम्, वाता, वातुः, वनः, वृतुः, वृतेः, वृषाणाः, वृषाणः, वृजे, वन्धि, मृजुः, मृशुः, मृजे, मृजीत, वान—इति; (एषाम्=) एतेषामुदयानाम्; सदृशादिषु उदयेषु; (वमेति=) वकारमकारौ; प्लवेते। वृषस्व—"उद्वावृषस्वक मघवन्।"[१] वन्थ—"यद्वावन्थक पुरुष्टुत।"[२] वृद्ध्वांसम्—इति ग्रहणमनर्थकं श्रावयादिषु 'वावृध' इति पाठात्। नानर्थकम्–श्रावयादिषु 'वावृध' इति धकारान्तस्य ग्रहणम्। इह तु दकारान्तग्रहणम्—"सोष्मा तु पूर्व्येण सहोच्यते सकृत्स्वेन"[३] इति दकारभावात्। वृद्ध्वांसम्—"वावृद्ध्वांसक चिदद्रिवः।"[४] वाता—"उप ब्रध्नं वावाताक वृषणा।"[५] वातुः—"वावातुःक सख्युरा गहि।"[६] वनः—"विश्वेभिर्यद्वावनःक शुक्र।"[७] वृतुः—"विश्वा चक्रेव वावृतुः।"[८]

वृते—"येनेन्द्रो अभिवावृतेक।"[९] वृषाणाः—"महो वाजस्य सातौ वावृषाणाःक।"[१०] वृषाणः–"उद्वावृषाणोक राधसे।"[११] वृजे—"प्र वावृजेक सुप्रया बर्हिः।"[१२] वन्धि–"वावन्धिक यज्यूँरुत तेषु धेहि।"[१३] मृजुः—'वशं देवासस्तन्वो नि मामृजुःक।"[१४] मृशुः—"विप्रासः परिमामृशुःक।"[१५] मृजे–"नि मामृजेक पुर इन्द्रः सु सर्वाः।"[१६] मृजीत–"वि सातये तन्वं मामृजीतक।"[१७] वान—"यद्वावानक पुरुतमं पुराषाट्।"[१८]

पदेष्वन्तः इति पूर्वपदान्ताधिकारनिवृत्त्यर्थम्। अन्तरनिङ्नित्येषु इति कस्मात्? "सं ते शस्तिर्देववाता जरेत।"[१९] सदृशादिषु इति कस्मात्? वकारस्य मकारादिषु मा भूत्, मकारस्य वकारादिषु॥

उ० भा० अ०—वृषस्व.....वान—(एषाम्=) बाद में आने वाले इनमें से; **सदृशादिषु**=सदृश वर्ण से प्रारम्भ होने वाले (शब्द) बाद में होने पर; **(वमेति=)** वकार और मकार; 'दीर्घ' हो जाते हैं; (अर्थात् पूर्ववर्ती व' का अकार 'दीर्घ' हो जाता है यदि सूत्रोक्त शब्दों में से वकार से प्रारम्भ होने वाला कोई शब्द बाद में होवे। उसी प्रकार पूर्ववर्ती 'म' का अकार 'दीर्घ' हो जाता है यदि सूत्रोक्त शब्दों में से मकार से प्रारम्भ होने वाला कोई शब्द बाद में होवे)।.....। (पू०) (सूत्र में) **वृद्ध्वांसम्** का ग्रहण

टि० (क) ववृषस्व। ववन्थ। ववृद्ध्वांसम्। ववाता। ववातुः। ववनः। ववृतुः। अभिऽववृते। ववृषाणाः। उत्ऽववृषाणः। ववृजे। ववन्धि। ममृजुः। परिऽममृशुः। ममृजे। ममृजीत। ववान॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ८।६१।७ [२] ऋ० ८।६६।५ [३] ऋ० ६।२
[४] ऋ० ८।२८।८ [५] ऋ० ८।४।१४ [६] ऋ० ८।१।१६
[७] ऋ० ४।११।२ [८] ऋ० ४।३०।२ [९] ऋ० १०।१७४।१
[१०] ऋ० ६।२६।१ [११] ऋ० ४।२९।३ [१२] ऋ० ७।३९।२
[१३] ऋ० ५।३१।१३ [१४] ऋ० १०।६६।९ [१५] ऋ० ८।९।३
[१६] ऋ० ७।२६।३ [१७] ऋ० ७।९५।३ [१८] ऋ० १०।७४।६
[१९] ऋ० ४।३।१५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनर्थक है क्योंकि 'श्रावय' आदि में 'वावृध' का पाठ हुआ है। (सि०) अनर्थक नहीं है। 'श्रावय' आदि में 'वावृध' इस धकारान्त का ग्रहण हुआ है। किन्तु यहाँ (अर्थात् प्रस्तुत सूत्र में) तो दकारान्त ('वृद्ध्वांसम्) का ग्रहण हुआ है—" 'सोष्म' (-वर्ण) तो अपने पूर्ववर्ती (वर्ण) के साथ एक बार उच्चारित होता है"—इस (सूत्र) से ('वृद्ध्वांसम्') में दकार हुआ है।[क] "पदों के मध्य में" का (९।२५ में) ग्रहण (९।१ से प्राप्त) "पूर्वपदान्त" के अधिकार की निवृत्ति के लिए (किया गया है)। " 'अवग्रह'-रहित (पदों) के मध्य में"—यह (९।२५ में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सं ते शस्तिर्देववाता जरेत।"[ख] "सदृश (वर्ण) से प्रारम्भ होने वाले (शब्द) बाद में हों तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) (यह इसलिए कहा है जिससे) मकार से प्रारम्भ होने वाला (शब्द) बाद में होने पर वकार ('दीर्घ') न हो, वकार से प्रारम्भ होने वाला (शब्द) बाद में होने पर मकार ('दीर्घ') न हो।

सहेत्यादिः पूर्वपदोपधः स-
न्नेकाक्षरचर्षणिधन्ववर्जम् ॥२७॥

सू० अ०—(i) एकाक्षर (पद), (ii) 'चर्षणि' और (iii) 'धन्व' को छोड़कर अन्य किसी पूर्व-पद के बाद में विद्यमान 'सह' (धातु) का आदि (=प्रथम 'अक्षर') ('दीर्घ' हो जाता है)।

उ० भा०—सह इत्यादिः पूर्वपदोपधः सन् प्लवते; (एकाक्षरचर्षणिधन्व-वर्जम्=) एकाक्षरं च पूर्वपदं चर्षणि धन्व इत्येते च वर्जयित्वा। "विश्वासाहमवसे नूतनायोग्रम्"[१] "शत्रूषाहः स्वग्नयः।"[२] पूर्वपदोपधः सन् इति कस्मात् ? "अषाळ्हाय सहमानाय वेधसे।"[३] एकाक्षरचर्षणिधन्ववर्जम् इति कस्मात् ? एकाक्षरम्—"प्रासहा सम्राट् सहुरिम्।"[४] चर्षणि—"गां न चर्षणीसहम्।"[५] धन्व—"धन्वासहा नायते।"[६] सहेत्यादिः इति धातुग्रहणात्—"चतुःसहस्रम्"[७] इत्यत्र न भवति॥

टि० (क) 'वृध्वांसम्' के धकार का ६।१ से द्वित्व होता है। इनमें से प्रथम धकार ६।२ से दकार हो जाता है जिससे 'वृद्ध्वांसम्' रूप निष्पन्न होता है। 'वृद्ध्वांसम्' के पूर्व में स्थित 'व' के अकार का 'दीर्घ' होना ९।३२ से सिद्ध नहीं होता है। वकार, ऋकार और धकार—ये तीन वर्ण बाद में हों तो तभी 'व' का अकार ९।३२ से 'दीर्घ' होता है। यहाँ तो बाद में वकार, ऋकार और दकार हैं। यही कारण है कि प्रस्तुत सूत्र में 'वृद्ध्वांसम्', का ग्रहण किया गया है।

(ख) यहाँ 'देव' का अन्तिम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'देववाता' (देवऽवाता॥ प० पा०) को पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् किया जाता है।

---

१ ऋ० ३।४७।५ २ ऋ० ८।६०।६ ३ ऋ० २।२१।२
४ ऋ० ८।४६।२० ५ ऋ० ८।१।२ ६ ऋ० १।१२७।३
७ ऋ० ५।३०।१५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**पूर्वपदोपधः सन्**=(किसी समस्त-पद का) पूर्व-पद पूर्व में हो तो; **सह इत्यादिः**=सह (धातु) का आदि (=प्रथम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो जाता है; **(एकाक्षर-चर्षणिधन्ववर्जम्=)** एक 'अक्षर' वाले पूर्व-पद को और 'चर्षणि' तथा 'धन्व'—इन दो-को छोड़कर; (अर्थात् 'सह'-धातु-घटित उत्तर-पद का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो जाता है यदि, 'सह' के पूर्व में एकाक्षर पद, 'चर्षणि' और 'धन्व' को छोड़कर अन्य कोई भी पूर्व-पद हो)। (जैसे) "विश्वासाह[क]-मवसे नूतनायोग्रम्"; "शत्रूषाहः[क] स्वग्नयः।" "पूर्व में कोई पूर्व-पद हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अषाळहाय सहमानाय[ख] वेधसे।" "एकाक्षर (पद), 'चर्षणि' और 'धन्व' को छोड़कर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) **एकाक्षर** (पद)—"प्रासहा[ग] सम्राट् सहुरिम्।" **चर्षणि**—"गां न चर्षणीसहम्[ग]।" **धन्व**—"धन्वासहा[ग] नायते।" **सहेत्यादिः** के द्वारा धातु का ग्रहण होने से—"चतुःसहस्रम्"[घ]—यहाँ ('सह' का अन्तिम 'अक्षर' 'दीर्घ') नहीं होता है।

न तु पादस्याष्टिनोऽन्तं गतस्य ॥२८॥

सू० अ०—किंतु आठ (अक्षरों) वाले (पाद) के अन्त में विद्यमान ('सह' धातु का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ') नहीं (होता है)।

उ० भा०—न तु खलु; (अष्टिनः=) अष्टाक्षरस्य; पादस्य अन्तं गतस्य सह इत्यादिः प्लवते। "तं वो दस्ममृतीषहम्।"[१] अष्टिनः इति कस्मात्? "सहस्रवाजमभि-मातिषाहम्।"[२] अन्तं गतस्य इति कस्मात्? "यज्ञासाहं दुव इषे॥"[३]

उ० भा० अ०—**तु**=किन्तु; **अष्टिनः**=आठ अक्षरों वाले; **पादस्य**=पाद के; **अन्तं गतस्य**=अन्त में विद्यमान; 'सह' (धातु) का आदि (=प्रथम 'अक्षर'); **न**=नहीं; 'दीर्घ' होता है; (अर्थात् आठ अक्षरों वाले पाद के अन्त में विद्यमान 'सह' का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं होता है)। (जैसे) "तं वो दस्ममृतीषहम्।"[ङ] "आठ (अक्षरों) वाले (पाद

टि० (क) विश्वऽसहम्। शत्रुऽसहः॥ प० पा०

(ख) सहमानाय॥ प० पा०॥ 'सह' धातु का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'सह' धातु के पूर्व में कोई पूर्व-पद नहीं है।

(ग) प्रऽसहा। चर्षणिऽसहम्। धन्वऽसहा॥ प० पा०

'सह' के प्रथम 'अक्षर' (अकार) 'दीर्घ' नहीं हुए हैं क्योंकि 'सह' धातु-घटित उत्तर-पदों के पूर्व में एकाक्षर पद ('प्र'), 'चषणि' और 'धन्व' विद्यमान हैं।

(घ) चतुःऽसहस्रम्॥ प० पा०॥ 'सह' का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि यहाँ 'सह' धातु नहीं है।

(ङ) ऋतिऽसहम्॥ प० पा०॥ ९।२७ का अपवाद। पूर्व-पद के बाद में आने वाली 'सह' धातु का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि 'सह' आठ अक्षरों के पाद के अन्त में विद्यमान है।

---

[१] ऋ० ८।८८।१ [२] ऋ० १०।१०४।७ [३] ऋ० १०।२०।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सहस्रवाजमभिमातिषाहम्[क]।" "अन्त में विद्यमान का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "यज्ञासाहं[ख] दुव इषे।"

न द्वादशिनोऽनभिमातिपूर्वः ॥२९॥

सू० अ०—बारह अक्षरों वाले (पाद) के (अन्त में विद्यमान भी 'सह' धातु का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं होता है, यदि ('सह' के) पूर्व में 'अभिमाति' न हो।

उ० भा०—न तु खलु; (द्वादशिनः=) द्वादशाक्षरस्य; पादस्य; अन्ते वर्तमानस्योत्तरपदस्य सहतेरादिः अनभिमातिपूर्वः सन् प्लवते। "सत्रासाहो जनभक्षो जनंसहः।"[१] द्वादशिनः इति कस्मात् ? "सतोवीरा उरवो व्रातसाहाः।"[२] अन्तं गतस्य इति कस्मात् ? "सत्रासाहे नम इन्द्राय वोचत।"[३] अनभिमातिपूर्वः इति कस्मात् ? "श्रुतऋषिमुग्रमभिमातिषाहम् ॥"[४]

उ० भा० अ०—**अनभिमातिपूर्वः**='अभिमाति' पूर्व में न होने पर; **द्वादशिनः**=बारह अक्षरों वाले; पाद के; अन्त में वर्तमान उत्तर-पद 'सह' धातु का आदि (=प्रथम 'अक्षर'); **न**=नहीं; 'दीर्घ' होता है; (अर्थात् 'सह'-धातु-घटित उत्तर-पद का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं होता है यदि वह उत्तर-पद (१) बारह अक्षरों वाले पाद के अन्त में विद्यमान हो और (२) उसके पूर्व में 'अभिमाति' न हो। (जैसे) "सत्रासाहो जनभक्षो जनंसहः[ग]।" "बारह (अक्षरों) के (पाद) का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सतोवीरा उरवो व्रातसाहाः[घ]।" "अन्त में विद्यमान"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "सत्रासाहे[ङ] नम इन्द्राय वोचत।" "'अभिमाति' पूर्व में न होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "श्रुतऋषिमुग्रमभिमातिषाहम्[च]।"

टि० (क) अभिमातिऽसहम् ॥ प० पा० ॥ 'सह' का प्रथम 'अक्षर' ९।२७ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'सह' आठ अक्षरों के पाद के अन्त में न होकर ग्यारह अक्षरों के पाद के अन्त में विद्यमान है।

(ख) यज्ञऽसहम् ॥ प० पा० ॥ 'सह' का प्रथम 'अक्षर' ९।२७ 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'सह' आठ अक्षरों के पाद के अन्त में नहीं अपितु मध्य में विद्यमान है।

(ग) जनम्ऽसहः ॥ प० पा० ॥ ९।२७ का अपवाद। उत्तर-पद के रूप में स्थित 'सह' का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि (१) यह बारह अक्षरों के पाद के अन्त में विद्यमान है और (२) इसके पूर्व में 'अभिमाति' नहीं है।

(घ) व्रातऽसहाः ॥ प० पा० ॥ 'सह' का प्रथम 'अक्षर' ९।२७ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'सह' बारह अक्षरों वाले पाद के अन्त में नहीं, अपितु ग्यारह अक्षरों वाले पाद के अन्त में विद्यमान है।

(ङ) सत्राऽसहे ॥ प० पा० ॥ 'सह' का प्रथम 'अक्षर' ९।२७ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि 'सह' बारह अक्षरों वाले पाद के अन्त में नहीं अपितु मध्य में विद्यमान है।

(च) अभिमातिऽसहम् ॥ प० पा० ॥ 'सह' का प्रथम 'अक्षर' ९।२७ से 'दीर्घ' हो गया है क्योंकि पूर्व में 'अभिमाति' पद विद्यमान है।

---

[१] ऋ० २।२१।३ [२] ऋ० ६।७५।९ [३] ऋ० २।२१।२ [४] ऋ० १०।४७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिमातिनृपृतनोपधस्तु सर्वत्र
परे प्लवते यकारे ॥३०॥

सू० अ०—किंतु 'अभिमाति', 'नृ' या 'पृतना' पूर्व में हो तो ('सह' धातु का प्रथम 'अक्षर') सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाता है, यदि बाद में यकार होवे।

उ० भा०—(अभिमातिनृपृतनोपधस्तु=) अभिमाति, नृ, पृतना इत्येवमुपधस्तु; सहतेरादिः सर्वत्र यकारे परे प्लवते। अभिमाति—"इन्द्राभिमातिषाह्ये।"[१] नृ—"नृषाह्ये सासह्वाँ अमित्रान्"[२]; "अस्मभ्यं तद्विरीहि सं नृषाह्ये।"[३] पृतना—"पृतनाषाह्याय च।"[४] किमर्थं सहतेर्यकारे परे पुनरेव विधीयते ननु पूर्वेणैव सिद्धम्? न सिध्यति। कथम्? "शेषे चापठिते सति"[५] इत्यधिकारात्–पूर्वेण संयोगे न प्राप्नोति–तस्मात् संयोगपरार्थं पुनर्विधीयते। यकारे इति कस्मात्–"तग्ग्ने पृतनाषहम्।"[६] सर्वत्र इति कस्मात्? अष्टिद्वादशिनोः पादान्तगतस्येत्यधिकारात्—"नृषाह्ये सासह्वाँ अमित्रान्"[७]; "पृतनाषाह्याय च"[८] इत्यत्र न स्यादिति तस्मात्सर्वत्रग्रहणम्॥

उ० भा० अ०—(**अभिमातिनृपृतनोपधस्तु=**) अभिमाति', 'नृ' या 'पृतना' पूर्व में हो तो; 'सह' (धातु) का आदि (=प्रथम 'अक्षर'); **सर्वत्र**=सभी स्थलों पर; **यकारे परे**=यकार बाद में होने पर; **प्लवते**='दीर्घ' हो जाता है; (अर्थात् 'सह' धातु का प्रथम 'अक्षर' सर्वत्र 'दीर्घ' हो जाता है यदि (१) 'सह' के पूर्व में 'अभिमाति' या 'नृ' या 'पृतना' हो और (२) 'सह' के बाद में यकार हो)। **अभिमाति**—"इन्द्राभिमातिषाह्ये[क]।" **नृ**—"नृषाह्ये[क] सासह्वाँ अमित्रान्"; "अस्मभ्यं तद्विरीहि सं नृषाह्ये[क]।" **पृतना**—"पृतनाषाह्याय[क] च।" (पू०) यकार बाद में होने पर 'सह' (धातु) का (दीर्घत्व) किसलिए विधान किया जा रहा है क्योंकि (यकार बाद में होने पर भी 'सह' धातु का दीर्घत्व) पूर्व वाले ही (सूत्र) से सिद्ध हो जाता है? (सि०) सिद्ध नहीं होता है। (पू०) क्यों? (उत्तर) "(परवर्ती संयोगादि पद का) पाठ न होने पर परवर्ती (सूत्रों) में (विहित) भी (दीर्घत्व संयुक्त वर्ण परे होने पर नहीं होता है)"—इस अधिकार से—पूर्व वाले (सूत्र) से 'संयोग' (संयुक्त वर्ण) बाद में होने पर ('सह' धातु का दीर्घत्व) प्राप्त नहीं होता है—इसलिए 'संयोग'-पर (संयुक्त वर्ण है बाद में जिसके) के लिए पुनः विधान किया गया है।[ख] "यकार बाद में होने पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर)

टि० (क) अभिमातिऽसह्ये। नृऽसह्ये। नृऽसह्ये। पृतनाऽसह्याय॥ प० पा०

(ख) पू०—यकार बाद में होने पर भी 'सह' धातु के प्रथम 'अक्षर' का दीर्घत्व ९।२७ से ही सिद्ध हो जाता है। ऐसी स्थिति में 'सह' के प्रथम 'अक्षर' के दीर्घत्व का इस सूत्र में पुनः विधान क्यों किया गया है?

---

[१] ऋ० ३।३७।३ [२] ऋ० १।१००।५ [३] ऋ० ६।४६।८
[४] ऋ० ३।३७।१ [५] ७।३३ [६] ऋ० ५।२३।२
[७] ऋ० १।१००।५ [८] ऋ० ३।३७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"तमग्ने पृतनाषहम्[क]।" "सभी स्थलों पर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "आठ अक्षरों और बारह अक्षरों के पाद के अन्त में विद्यमान का" इस अधिकार से "नृषाह्येख सासह्वाँ अमित्रान्" (और) "पृतनाषाह्यायख च"—यहाँ पर (दीर्घत्व) न होता, इसलिए (सूत्र में) **सर्वत्र** (पद) का ग्रहण किया गया है।

श्रावयादीनामुदयास्त्रिवर्णाः
पदैकदेशा इति तान्प्रतीयात् ॥३१॥

सू० अ०—'श्रावय' आदि (शब्दों) का (दीर्घत्व को प्राप्त 'अक्षर' से) बाद वाला (भाग) तीन वर्णों से समन्वित होता है। उन ('श्रावय' आदि) को पदों का एक भाग (देश) जानना चाहिए।

उ० भा०—(श्रावयादीनाम्=) श्रावय इत्येवमादीनाम्; प्लुतानाम् उदयास्त्रिवर्णा एव वेदितव्याः। अकार उच्चारणार्थो द्रष्टव्यः। (पदैकदेशाः=) पदानामेकदेशा इति; तान् श्रावयादीन्प्रतीयात्। तस्माच्छ्रावयेति गृहीते—"आश्रावयन्तइव"[१] इत्यत्रापि भवति। तानुत्तरत्रोदाहरिष्यामः॥

उ० भा० अ०—(श्रावयादीनाम्=) 'श्रावय' इत्यादि के; दीर्घत्व को प्राप्त (प्रथम अक्षरों) के; उदयाः=बाद वाले (भागों) को; त्रिवर्णाः=तीन वर्णों से समन्वित; जानना

(५४०ख) सि०—९।२७ में ७।३३ से "यदि संयोगादि पद का पाठ न किया गया हो तो संयुक्त वर्ण परे रहते परवर्ती सूत्रों में विहित भी दीर्घत्व नहीं होता है"—इस अधिकार की अनुवृत्ति हो रही है। इस अनुवृत्ति के कारण संयुक्त वर्ण बाद में होने पर 'सह' धातु के प्रथम 'अक्षर' का दीर्घत्व ९।२७ से सिद्ध नहीं होता है। संयुक्त वर्ण बाद में रहते 'सह' धातु के प्रथम 'अक्षर' के दीर्घत्व के विधान के लिए प्रस्तुत सूत्र का निर्माण किया गया है।

टि० (क) पृतनाऽसहम्॥ प० पा०॥ यद्यपि 'पृतना' पूर्व में है तथापि 'सह' का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' नहीं हुआ है क्योंकि बाद में यकार नहीं है।

(ख) यदि प्रस्तुत सूत्र में 'सर्वत्र' पद का ग्रहण न किया जाता तो ९।२८ और ९।२९ से "आठ अक्षरों वाले और बारह अक्षरों वाले पादों के अन्त में विद्यमान"—इस अधिकार की प्राप्ति प्रस्तुत सूत्र में भी हो जाती जिससे उपर्युक्त दोनों उदाहरणों (नृषाह्ये=नृऽसह्ये॥ प० पा० और पृतनाषाह्याय=पृतनाऽसह्याय॥ प० पा०) में 'सह' धातु का प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' न होता क्योंकि इन दोनों उदाहरणों में 'सह' धातु आठ अक्षरों अथवा बारह अक्षरों के पाद के अन्त में विद्यमान नहीं है। ऐसे स्थलों पर दीर्घत्व के लिए प्रस्तुत सूत्र में 'सर्वत्र' पद का ग्रहण किया गया है।

---

[१] ऋ० १।१३९।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चाहिए। अकार को उच्चारण के लिए समझना चाहिए।[क] **तान्**=उन ('श्रावय' आदि) को; (**पदैकदेशाः**=) पदों का एक भाग; **प्रतीयात्**=जानना चाहिए; (अर्थात् ९।३२ में उल्लिखित 'श्रावय' आदि शब्द सम्पूर्ण पद न होकर पदों के भाग हैं)। इसलिए (सूत्र में) 'श्रावय' का ग्रहण होने पर—"आश्रावयन्तइव' में भी (दीर्घत्व) (९।३२ से ही) होता है। उन ('श्रावय' आदि के) उदाहरणों को आगे (अर्थात् ९।३२ के भाष्य में) प्रस्तुत करेंगे।

श्रावय यावय च्यावय
यामय रामय मामह वावस
द्रावय दादह वावृध
तातृष सासह रारप।
आद्यक्षरं प्लुतं तेषाम् ॥३२॥

सू० अ०—'श्रावय', 'यावय', 'च्यावय', 'यामय', 'रामय', 'मामह', 'वावस', 'द्रावय', 'दादह', 'वावृध', 'तातृष' 'सासह', (और) 'रारप'—इनका प्रथम 'अक्षर' 'दीर्घ' हो गया है।

उ० भा०—श्रावय, यावय, च्यावय, यामय, रामय, मामह, वावस, द्रावय, दादह, वावृध, तातृष, सासह, रारप—इत्येते श्रावयादयः। तेषामाद्यक्षरं प्लुतं भवति। श्रावय—"श्रावया[ख] वाचम्"[१]; "आश्रावयन्तइव[ख] श्लोकम्।"[२] यावय—"यावया[ख] वृक्यं वृकम्।"[३] च्यावय—"आ च्यावय[ख]-स्यूतये।"[४] यामय—"आ नः सुम्नेषु यामय[ख]।"[५] रामय—"नि रामय[ख] जरितः सोमे।"[६] मामह—"तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्ताम्[ख]"[७];

टि० (क) 'श्रावय' इत्यादि शब्दों के प्रथम 'स्वर'-वर्णों के 'दीर्घ' होने का विधान ९।३२ में किया गया है। यहाँ यह बतलाया जा रहा है कि ९।३२ से 'दीर्घ' बने हुए प्रथम अक्षरों से बाद वाले भाग तीन अक्षरों से समन्वित हैं किन्तु यह तभी हो सकता है जब इन बाद वाले भागों के अन्तिम अकारों को न गिना जाये। इसीलिए भाष्यकार कह रहे हैं कि अन्तिम अकार को तो केवल उच्चारण के लिए समझना चाहिए, तीन वर्णों में उसकी गणना नहीं करनी चाहिए। इन पदों के अन्त में यदि अकार न रखते तो इन पदों के अन्तिम व्यञ्जनों का उच्चारण कठिन होता क्योंकि 'व्यञ्जन' का उच्चारण 'स्वर' की सहायता से ही होता है। इस प्रकार 'श्रावय' शब्द के बाद वाले भाग के तीन वर्ण ये हैं—वकार, अकार और यकार।

(ख) श्रवय। आश्रवयन्तःऽइव। यवय। च्यवयसि। यमय। रमय। ममहन्ताम्॥ प० पा०

---

[१] ऋ० ८।९६।१२ [२] ऋ० १।१३९।३ [३] ऋ० १०।१२७।६
[४] ऋ० ८।९२।७ [५] ऋ० ८।३।२ [६] ऋ० १०।४२।१
[७] ऋ० १।९४।१६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"को न्वत्र मरुतोः मामहेक[क]वः ।"[१] वावस—"वावसाना[क] विवस्वति"[२]; "सव्यामनु स्फिग्यं वावसेक[क] ।"[३] द्रावय—"अध्वर्यो द्रावया[क]त्वम्"[४]; "सूर्यस्येव रश्मयो द्रावयित्नवः[क]"[५] दादृह—"दादृहाणो[क] वज्रमिन्द्रो गभस्त्योः ।"[६] वावृध—"वावृधाना[क] शुभस्पती"[७]; "वावृधीयाः[क] अहोभिरिव द्यौः ।"[८] तातृष—"तीर्थे नाच्छा तातृषाण[क]-मोकः"[९]; "यस्तातृषाण[क] उभयाय ।"[१०] सासह—"येना समत्सु सासहः[क]"[११]; "सुप्रकेतेभिः सासहि[क]-र्दधानः ।"[१२] रारप—"शोचिषा रारपीति[क] मित्रमहाः ।।"[१३]

उ० भा० अ०—श्रावय ·····रारप —ये 'श्रावय' आदि हैं। तेषामाद्यक्षरम्= इनका प्रथम 'अक्षर'; प्लुतम्='दीर्घ'; हो जाता है।····· ।

अनन्वित्यस्य मध्यमम् ॥३३॥

सू० अ०—'अननु' इस (शब्द) का मध्यम ('अक्षर') ('दीर्घ' हो जाता है)।

उ० भा०—अननु इति; (अस्य=) एतस्य; मध्यमम् अक्षरं प्लुतं भवति। अननु—"अनानुदो वृषभो जग्मिः ॥"[१४]

उ० भा० अ०—अननु; (अस्य=) इस (शब्द) का; मध्यमम्=मध्यम 'अक्षर'; 'दीर्घ' हो जाता है। अननु—"अनानुदो वृषभो जग्मिः ।"

द्विवर्णः प्रत्ययोऽन्त्यस्य ॥३४॥

सू० अ०—(९।३२ में उल्लिखित शब्दों में) अन्तिम (='रारप') का बाद वाला (भाग) दो वर्णों से समन्वित (होता है)।

उ० भा०—तेषां श्रावयादीनाम्; अन्त्यस्य=रारप इत्येतस्य; द्विवर्ण एव प्रत्ययो वेदितव्यः। "सोम रारन्धि नो हृदि ॥"[१५]

उ० भा० अ०—उन 'श्रावय' आदि में से; अन्त्यस्य=अन्तिम का='रारप' का; प्रत्ययः=('दीर्घत्व' को प्राप्त प्रथम 'अक्षर' से) बाद वाला (भाग); द्विवर्णः=दो वर्णों वाला ही; जानना चाहिए। (जैसे) "रारन्धि नो हृदि ।"ख

टि० (क) ममहे । ववसाना । ववसे । द्रवय । द्रवयित्नवः । ददृहाणः । ववृधाना । ववृधीथाः । ततृषाणम् । ततृषाणः । ससहः । ससहिः । ररपीति ॥ प० पा०

(ख) ९।३२ में उल्लिखित 'रारप' शब्द के 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण (=आकार) से बाद वाले दो वर्णों (=रेफ और अकार) को ही बाद वाले भाग के अन्तर्गत जानना चाहिए अर्थात् रेफ और अकार बाद में होने पर ही 'र' का अकार 'दीर्घ' हो

---

[१] ऋ० १।१६५।१३ [२] ऋ० १।४६।१३ [३] ऋ० ८।४।८
[४] ऋ० ८।४।११ [५] ऋ० ९।६९।६ [६] ऋ० १।१३०।४
[७] ऋ० ८।५।११ [८] ऋ० १।१३०।१० [९] ऋ० १।१७३।११
[१०] ऋ० १।३१।७ [११] ऋ० ८।१९।२० [१२] ऋ० १।१७१।६
[१३] ऋ० ६।३।६ [१४] ऋ० २।२३।११ [१५] ऋ० १।९१।१३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रवादाः षळितः परे ॥३५॥

सू० अ०—यहाँ से आगे वाले छः (पदों) के सभी रूप (प्रवाद) ('दीर्घ' होते हैं)।

उ० भा०—(इतः) परे ये वक्ष्यन्ते ते प्रवादा इति षट् एवेति च वेदितव्याः तानुत्तरत्रोदाहरिष्यामः ॥

उ० भा० अ०—(यहाँ से) आगे जिन्हें कहेंगे उनके सब रूपों (प्रवाद) को समझना चाहिए और वे छः ही हैं—यह भी समझना चाहिए; (अर्थात् आगे वाले सात सूत्रों में छः ही पदों के दीर्घत्व का विधान किया गया है। उन छः पदों के सभी रूप 'दीर्घ' होते हैं)। उनके उदाहरणों को आगे प्रस्तुत करेंगे।

दूणाशः ॥३६॥

उ० भा० अ०—पूर्ववर्ती (पद) से किये गये (विकृत) रूप का (को) पुनःकथन ('प्रत्यादान') में उच्चारण न करे, परवर्ती पद से किये गये (विकृत) रूप का (को) (क्रम-वर्ग के) अन्त (=अवसान) में उच्चारण न करे। **पूर्वकृत रूप** (के उदाहरण) "यच्छक्वरीषु। शक्वरीषु बृहता।"क "मो षु। मो इति मो। सु त्वा।"ख "प्र णः। न इन्दो।"ग **उत्तरकृत रूप** (के उदाहरण) "घनेव वज्रिन्। घनेवेति घनाऽइव। वज्रिञ्छ्नथिहि।"घ "अग्ने अच्छ। अच्छा वद।"ङ

टि० (क) यच्छक्वरीषु बृहता॥ सं० पा०॥ यत्। शक्वरीषु। बृहता॥ प० पा०
यच्छक्वरीषु। **शक्वरीषु** बृहता॥ क्र० पा०

४।११ से 'यत्' का तकार चकार हो गया है। इस चकार के कारण परवर्ती (=पदादि) शकार ४।१२ से छकार हो गया है। पूर्ववर्ती चकार से किये गये विकृत छकार का प्रस्तुत सूत्र से पुनः कथन में उच्चारण नहीं किया जाता है; प्राकृत शकार का ही उच्चारण किया जाता है।

(ख) मो षु त्वा॥ सं० पा०॥ मो इति। सु। त्वा॥ प० पा०
मो षु। मो इति मो। **सु** त्वा॥ क्र० पा०

५।५ से 'मो' के ओकार के कारण 'सु' का सकार षकार हो गया है। पूर्ववर्ती 'मो' के ओकार से किये गये विकृत षकार का पुनः कथन में उच्चारण नहीं किया जाता है; प्राकृत सकार का ही उच्चारण किया जाता है।

(ग) प्र ण इन्द्रो॥ सं० पा०॥ प्र। नः। इन्दो इति॥ प० पा०
प्र णः। **न** इन्दो॥ क्र० पा०

५।५६ से पूर्ववर्ती रेफ के कारण 'न' का 'ण' हो गया है। पूर्ववर्ती रेफ से किये गये विकृत णकार का पुनः कथन में उच्चारण नहीं किया जाता है; प्राकृत नकार का ही उच्चारण किया जाता है।

(घ) घनेव वज्रिञ्छ्नथिहि॥ सं० पा०॥ घनाऽइव। वज्रिन्। श्नथिहि॥ प० पा०
घनेव **वज्रिन्**। घनेवेति घनाऽइव। वज्रिञ्छ्नथिहि॥ क्र० पा०

४।८ से परवर्ती (=पदादि) शकार के कारण पूर्ववर्ती (=पदान्त) नकार ञकार हो गया है। परवर्ती (=पदादि) शकार से किये गये विकृत ञकार का प्रस्तुत सूत्र के अनुसार क्रम-वर्ग के अवसान में उच्चारण नहीं किया जाता है; प्राकृत नकार का ही उच्चारण किया जाता है।

(ङ) अग्ने अच्छा वद॥ सं० पा०॥ अग्ने। अच्छ। वद॥ प० पा०
अग्ने **अच्छ**। अच्छा वद॥ क्र० पा०

---

[1] ऋ० क्र० ७।३३।४ [2] ऋ० क्र० ७।३२।१ [3] ऋ० क्र० ९।४४।१
[4] ऋ० क्र० १।६३।५ [5] ऋ० क्र० १०।१४१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वमेवान्यद्यथासंहितमाचरेत् ॥६॥

सू० अ०—अन्य सभी (विकार) को संहिता-पाठ के अनुसार करे।

उ० भा०—पूर्वकृताद्रूपादुत्तरकृताच्च यत् अन्यत् सर्वम् यथासंहितमाचरेत्=यथा संहताविधाने विहितं तथैवाचरेत्—इत्यर्थः। "वाजेषु सासहिः। सासहिर्भव॥"[१]

उ० भा० अ०—पूर्ववर्ती (पद) से किये गये (विकृत) रूप और उत्तरवर्ती (पद) से किये गये (विकृत) रूप से; अन्यत् सर्वम्=अन्य जो सभी (विकृत रूप) हैं; उसे यथासंहितमाचरेत्=संहिता-पाठ के अनुसार करे=जैसा संहिता-विधान में विहित है वैसा ही करे—यह अर्थ है। (उदाहरण) "वाजेषु सासहिः। सासहिर्भव।"क

(क्रमपाठे पदविशेषाणां परिग्रहः)

अवगृह्याण्यतिक्रम्य सहेतिकरणानि च।
धक्षिधुक्षिप्रवादौ च विकृतादी प्लुतादि च॥
अन्तःपदं च येषां स्याद्विकारोऽनन्यकारितः।
एतानि परिगृह्णीयात् ॥७॥

(क्रम-पाठ में पदविशेषों का परिग्रह)

सू० अ०—(१) वे पद जो पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् किये जाते हैं; (२) जिन पदों के साथ पद-पाठ में 'इति' लगाते हैं; (३) 'धक्षि' और 'धुक्षि' धातुओं का कोई भी रूप जिसका प्रथम 'अक्षर' विकृत हुआ हो; (४) दीर्घत्व को प्राप्त हुआ है प्रथम 'अक्षर' जिसका ऐसा कोई पद; (५) जिन (पदों) के मध्य में ऐसा विकार हुआ हो जो अन्य (पद) के द्वारा नहीं किया गया है—इन (उपर्युक्त) का (को) अतिक्रमण करके (अर्थात् इनके द्वारा क्रम-वर्ग को पूरा करके) (तदनन्तर) इनका 'परिग्रह' करे (अर्थात् मध्य में 'इति' रखकर इन पदों का दो बार उच्चारण करे)।

उ० भा०—अवगृह्याणि=द्विखण्डानि=पूर्वोत्तरपद्यभूतानि पदानि; (अतिक्रम्य=) अतीत्य; (एतानि) परिगृह्णीयात्—"ऋषिभिरीड्यः। ऋषिभिरित्यृषिऽभिः।"[२]

(५७०ङ) ७।६ से परवर्ती (=पदादि) वकार के कारण पूर्ववर्ती 'अच्छ' पद 'अच्छा' हो गया है। परवर्ती (=पदादि) वकार से किये गये विकृत 'अच्छा' पद का प्रस्तुत सूत्र के अनुसार क्रम-वर्ग के अवसान में उच्चारण नहीं किया जाता है; 'अच्छ' पद का ही उच्चारण किया जाता है।

टि० (क) वाजेषु सासहिर्भव॥ सं० पा०॥ वाजेषु। ससहिः। भव॥ प० पा०
वाजेषु **सासहिः। सासहि**र्भव॥ क्र० पा०
'सासहिः' पद का प्रथम 'अक्षर' ९।३२ के अनुसार 'दीर्घ' हुआ है। यह दीर्घत्व न तो पूर्ववर्ती पद के कारण हुआ है और न परवर्ती पद के कारण। अतः अवसान तथा पुनः कथन—इन दोनों स्थलों पर संहिता-पाठ में प्राप्त 'सासहिः' पद का ही उच्चारण किया जाता है।

---

[१] ऋ० क्र० ३।३७।६ [२] ऋ० क्र० १।१।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सहेतिकरणानि च=इतिकरणसहितानि च; **पदानि अतिक्रम्य (एतानि) परिगृह्णीयात्**—"इन्द्राग्नी अपात्। इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी।"[१]

उ० भा० अ०—**अवगृह्याणि**=दो खण्डों वाले (अर्थात् पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा दो खण्डों में विभक्त)=पूर्व और उत्तर पद्यों के रूप में अवस्थित पदों का (को); **(अतिक्रम्य=)** अतिक्रमण करके; **(एतानि) परिगृह्णीयात्**=(इनको=इनका) 'परिग्रह' करे; (अर्थात् पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् किये गये पदों से सम्बद्ध 'क्रम'-वर्गों को पूरा करके उन पदों का पुनः दो बार उच्चारण किया जाता है और उन पदों के दो उच्चारणों के मध्य में 'इति' का उच्चारण किया जाता है)। (उदाहरण) "ऋषिभिरीड्यः। ऋषिभिरित्यृषिऽभिः।"ख

सहेतिकरणानि च=इति' शब्द सहित भी; पदों से (को); **अतिक्रम्य**=क्रम-वर्गों को पूरा करके; **(एतानि) परिगृह्णीयात्**=(इनको=इनका) 'परिग्रह' करे; (अर्थात् पद-पाठ में जिन पदों के साथ 'इति' जोड़ा जाता है उन पदों के द्वारा सम्बद्ध क्रम-वर्गों को पूरा करके उन पदों का पुनः दो बार उच्चारण किया जाता है और उन पदों के दो उच्चारणों के मध्य में 'इति' का उच्चारण किया जाता है)। (उदाहरण) "इन्द्राग्नी अपात्। इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी।"

उ० भा०—**(धक्षिधुक्षिप्रवादौ च=)** धक्षि धुक्षि इत्येतौ च प्रवादौ; **विकृतादी** सन्तौ **अतिक्रम्य (एतानि) परिगृह्णीयात्**। "अनु दक्षि। दक्षि दावने। धक्षीति धक्षि।"[२] "मन्दिनं दुक्षन्। दुक्षन्वृधे। धुक्षन्निति धुक्षन्।"[३] **विकृतादी इति किम्?** "नीचा तम्। तं धक्षि। धक्ष्यतसम्।"[४] "निर्धुक्षन्। धुक्षन्वक्षणाभ्यः।"[५]

प्लुतादि च पदम् अतिक्रम्य परिगृह्णीयात्। "आरैक्पन्थाम्। अरैगित्यरैक्।"[६] "आयुक्षातामश्विना। अयुक्षातामित्ययुक्षाताम्।"[७]

उ० भा० अ०—**विकृतादी**=जिनके आदि (=प्रथम वर्ण) विकृत हो गय हैं उन; **(धक्षिधुक्षिप्रवादौ च=)** 'धक्षि' और 'धुक्षि'—के सभी रूपों से (को); **अतिक्रम्य**

टि० (क) 'परिग्रह' के लिए पृ० ४७ पर टि० (ख) को देखिए।

(ख) ऋषिभिरीड्यः॥ सं० पा०॥ ऋषिऽभिः। ईड्यः॥ प० पा०
ऋषिभिरीड्यः। **ऋषिभिरित्यृषिऽभिः॥ क्र० पा०**
'ऋषिभिः' पद को पद-पाठ में 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् किया गया है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'ऋषिभिः' पद से क्रम-वर्ग को पूरा करके इसका 'परिग्रह' किया गया है।

(ग) इन्द्राग्नी अपात्॥ सं० पा०॥ इन्द्राग्नी इति। अपात्॥ प० पा०
इन्द्राग्नी अपात्। **इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी॥** क्र० पा०
प्रगृह्य-संज्ञक 'इन्द्राग्नी' पद के साथ पद-पाठ में 'इति' लगाया जाता है अतः 'इन्द्राग्नी' पद का प्रस्तुत सूत्र से 'परिग्रह' किया गया है।

---

१ ऋ० क्र० ६।५९।६ २ ऋ० क्र० २।१।१० ३ ऋ० क्र० १।१२१।८
४ ऋ० क्र० ४।४।४ ५ ऋ० क्र० ८।१।१७ ६ ऋ० क्र० १।११३।१६
७ ऋ० क्र० १।१५७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(एतानि) परिगृह्णीयात्=क्रम-वर्गों को पूरा करके (इनका) 'परिग्रह' करे; (अर्थात् जहाँ पर 'धक्षि' और 'धुक्षि' पदों के किसी भी रूप के आदि वर्ण में विकार हुआ हो वहाँ उसका 'परिग्रह' किया जाता है)। (उदाहरण) "अनु दक्षि। दक्षि दावने। धक्षीति धक्षि।"[क] "मन्दिनं दुक्षन्। दुक्षन्वृधे। धुक्षन्निति धुक्षन्।"[ख] "विकृत हो गया है आदि (=प्रथम वर्ण) जिनका"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "नीचा तम्। तं धक्षि। धक्ष्यतसम्।"[ग] "निर्धुक्षन्। धुक्षन्वक्षणाभ्यः।"[घ]

प्लुतादि च='दीर्घ' हो गया है आदि (=प्रथम 'स्वर'-वर्ण) जिसका उस पद से (को); **अतिक्रम्य परिगृह्णीयात्**=क्रम-वर्ग को पूरा करके (तदनन्तर उसका) 'परिग्रह' करे। (उदाहरण) "आरैक्पन्थाम्। अरैगित्यरैक्।"[ङ] "आयुक्षातामश्विना। अयुक्षाता-मित्ययुक्षाताम्।"[च]

उ० भा०—(अन्तःपदं च येषाम्=) अन्तः=मध्ये. येषां पदानाम्; विकारः; अनन्यकारितः=आत्मकारितः (स्यात्)-इत्यर्थः। **तानि च अतिक्रम्य परिगृह्णीयात्। "सुषुमा यातम्। सुसुमेति सुसुम।"**[१] **'वावृधाना शुभः। ववृधानेति ववृधाना।"**[२] **अनन्यकारितः इति किम्? "शक्र एणम्। एनं पीपयत्॥"**[३]

टि० (क) अनु दक्षि दावने॥ सं० पा०॥ अनु। धक्षि। दावने॥ प० पा०
अनु दक्षि। दक्षि दावने। **धक्षीति धक्षि॥** क्र० पा०
४।९८ से प्रथम वर्ण (=धकार) संहिता-पाठ में दकार हो गया है। अतः 'धक्षि' का 'परिग्रह' किया गया है।

(ख) मन्दिनं दुक्षन्वृधे॥ सं० पा०॥ मन्दिनम्। धुक्षन्। वृधे॥ प० पा०
मन्दिनं दुक्षन्। दुक्षन्वृधे। **धुक्षन्निति धुक्षन्॥** क्र० पा०
४।९८ से 'धुक्षन्' का प्रथम वर्ण (=धकार) संहिता-पाठ में दकार हो गया है। अतः 'धुक्षन्' का 'परिग्रह' किया गया है।

(ग) नीचा तं धक्ष्यतसम्॥ सं० पा०॥ नीचा। तम्। धक्षि। अतसम्॥ प० पा०
नीचा तम्। तं धक्षि। धक्ष्यतसम्॥ क्र० पा०

(घ) निर्धुक्षन्वक्षणाभ्यः॥ सं० पा०॥ निः। धुक्षन्। वक्षणाभ्यः॥ प० पा०
निर्धुक्षन्। धुक्षन्वक्षणाभ्यः॥ क्र० पा०
'धक्षि' तथा 'धुक्षन्' के प्रथम वर्ण (=धकार) संहिता-पाठ में विकार को प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः इन पदों का 'परिग्रह' नहीं किया गया है।

(ङ) आरैक्पन्थाम्॥ सं० पा०॥ अरैक्। पन्थाम्॥ प० पा०
आरैक्पन्थाम्। **अरैगित्यरैक्॥** क्र० पा०

(च) आयुक्षातामश्विना॥ सं० पा०॥ अयुक्षाताम्। अश्विना॥ प० पा०
आयुक्षातामश्विना। **अयुक्षातामित्ययुक्षाताम्॥** क्र० पा०
२।७५ और २।७७ से क्रमशः 'अरैक्' तथा 'अयुक्षाताम्' के प्रथम 'स्वर'-वर्ण (अकार) 'दीर्घ' हो गए हैं। अतः इन पदों का 'परिग्रह' किया गया है।

---

[१] ऋ० क० १।१३७।१ [२] ऋ० क० ८।५।११ [३] ऋ० क० ८।१।१९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**(अन्तःपदं च येषाम्=)** जिन पदों के, अन्तः=मध्य में; **अनन्यकारितः**=अन्य (पद) के द्वारा न किया गया=अपने ही द्वारा किया गया—यह अर्थ है; **विकारः (स्यात्)**=विकार (होवे)। उनसे भी; **अतिक्रम्य परिगृह्णीयात्**=क्रम-वर्गों को पूरा करके (तदनन्तर) उनका 'परिग्रह' करे; (अर्थात् उन पदों का भी 'परिग्रह' किया जाता है जिनके मध्य में ऐसा कोई विकार हुआ हो जो पूर्ववर्ती पद अथवा उत्तरवर्ती पद के प्रभाव से नहीं हुआ है)। (उदाहरण) "सुषुमा यातम्। सुसुमेति सुसुम।"[क] "वावृधाना शुभः। ववृधानेति ववृधाना।"[ख] "अन्य के द्वारा न किया गया (विकार)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "शक्र एणम्। एनं पीपयत्।"[ग]

बहुमध्यगतानि च ॥८॥

सू० अ०—बहुत पदों वाले (क्रम-वर्ग) के मध्य में स्थित (पदों) का (को) भी ('परिग्रह' करे)।

उ० भा०—(बहुमध्यगतानि च=)बहूनां पदानां मध्यगतानि च यानि पदानि तानि; चातिक्रम्य परिगृह्णीयात्। "ईयते नरा च शंसं दैव्यम्। नराशंसमिति नराशंसम्। वेति च।"[१] "शुनश्चिच्छेपं निदितम्। शुनःशेपमिति शुनःऽशेपम्। चिदिति चित्।"[२] "नरा वा शंसं पूषणम्। नराशंसमिति नराशंसम्। वेति वा।"[३] "मो षु णः। मो इति मो। स्विति सु॥"[४]

उ० भा० अ०—**(बहुमध्यगतानि च=)** बहुत पदों वाले (क्रम-वर्ग) के मध्य में स्थित जो पद हैं उनसे (-को)भी क्रम-वर्गों को पूरा करके उनका 'परिग्रह' करे। (उदाहरण)

टि० (क) सुषुमा यातम्॥ सं० पा०॥ सुसुम। आ। यातम्॥ प० पा०
सुषुमा यातम्। **सुसुमेति सुसुम॥** क्र० पा०
'सुसुम' के द्वितीय 'सु' के सकार का षकार अन्य पद के प्रभाव से न होकर ५।२० से पूर्ववर्ती उकार के कारण हुआ है। अतः इसका 'परिग्रह' किया गया है।

(ख) वावृधाना शुभः॥ सं० पा०॥ ववृधाना। शुभः॥ प० पा०
वावृधाना शुभः। ववृधानेति ववृधाना॥ क्र० पा०
'ववृधाना' का प्रथम 'अक्षर' (='स्वर'-वर्ण) किसी अन्य पद के प्रभाव से 'दीर्घ' न होकर ९।३२ के अनुसार अपने ही द्वारा हुआ है। अतः इसका 'परिग्रह' किया गया है।

(ग) शक्र एणं पीपयत्॥ सं० पा०॥ शक्रः। एनम्। पीपयत्॥ प० पा०
शक्र एणम्। एनं पीपयत्॥ क्र० पा०
'एनम्' का नकार ५।६० से अन्य (पूर्ववर्ती 'शक्रः' के रेफ) के कारण णकार हुआ है। अतः यहाँ 'परिग्रह' नहीं किया गया है।

---

१ ऋ० क० ९।८६।४२ २ ऋ० क० ५।२।७
३ ऋ० क० १०।६४।३ ४ ऋ० क० १।३८।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"ईयते नरा च शंसं दैव्यम्। नराशंसमिति नराशंसम्। चेति च।"[क] "शुनश्चिच्छेपं निदितम्। शुनःशेपमिति शुनःऽशेपम्। चिदिति चित्।"[ख] "नरा वा शंसं पूषणम्। नराशंसमिति नराशंसम्। वेति वा।"[ग] "मो षु णः। मो इति मो। स्विति सु।"[घ]

अर्धर्चान्त्यं च ॥९॥

सू० अ०—अर्धर्च के अन्त में स्थित (पद) का (को) भी ('परिग्रह' करे)।

उ० भा०—(अर्धर्चान्त्यम्=) अर्धर्चान्ते वर्तमानम्; च अतीत्य परिगृह्णीयात्। "पुत्राय मीळहुषे। मीळहुष इति मीळहुषे॥"[१]

उ० भा० अ०—(अर्धर्चान्त्यम् च=) अर्धर्च के अन्त में वर्तमान (पद) से (को) भी; क्रम-वर्ग को पूरा करके (उसका) 'परिग्रह' करे। (उदाहरण) "पुत्राय मीळहुषे। मीळहुष इति मीळहुषे।"[ङ]

नाकारं प्रागतोऽननुनासिकम् ॥१०॥

सू० अ०—इस (अर्थात् अर्धर्च के अन्त में वर्तमान पद) से पहले आने वाले 'अननुनासिक' आकार (को) का ('परिग्रह' न करे)।

उ० भा०—अननुनासिकमाकारम्; (अतः=) अर्धर्चान्त्यात्; प्राङ् न परिगृह्णीयात्। "मन्द्रमा वरेण्यम्।" प्रागत इति किम्? "तनूष्वा। एत्या।"[२] अननुनासिकम् इति किम्? "गम्भीर आँ उग्रपुत्रे। एत्या॥"[४]

टि० (क) ईयते नरा च शंसं दैव्यम्॥ सं० पा०॥ ईयते। नराशंसम्। च। दैव्यम्॥ प० पा०
ईयते नरा च शंसं दैव्यम्। **नराशंसमिति नराशंसम्। चेति च॥** क्र० पा०
१०।२ के अनुसार बहुत (=चार) पदों का एक क्रम-वर्ग बना है। इस क्रम-वर्ग के मध्यवर्ती दो पदों (=नराशंसम्' तथा 'च') का प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' किया गया है।

(ख) शुनश्चिच्छेपं निदितम्॥ सं० पा०॥ शुनःऽशेपम्। चित्। निऽदितम्॥ प० पा०
शुनश्चिच्छेपं निदितम्। **शुनःशेपमिति शुनःऽशेपम्। चिदिति चित्॥** क्र० पा०

(ग) नरा वा शंसं पूषणम्॥ सं० पा०॥ नराशसम्। वा। पूषणम्॥ प० पा०
नरा वा शसं पूषणम्। **नराशंसमिति नराशंसम्। वेति वा॥** क्र० पा०

(घ) मो षु णः॥ सं० पा०॥ मो इति। सु। नः॥ प० पा०
मो षु णः। मो इति मो। **स्विति सु॥** क्र० पा०

(ङ) पुंत्राय मीळहुषे॥ सं० पा०॥ पुत्राय मीळहुषे॥ प० पा०
पुत्राय मीळहुषे। **मीळहुष इति मीळहुषे॥** क्र० पा०
'मीळहुषे' पद अर्धर्च के अन्त में वर्तमान है। अतः इसका 'परिग्रह' किया गया है।

---

[१] ऋ० क्र० ७।१०२।१
[२] ऋ० क्र० ९।६५।२९
[३] ऋ० क्र० ९।६५।३०
[४] ऋ० क्र० ८।६७।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(**अतः**=इससे=) अर्धर्च के अन्तिम (पद) से; **प्राक्**=पहले वाले; **अननुनासिकमाकारम्**='अननुनासिक' आकार (को) का; **न**=नहीं; 'परिग्रह' करे; (अर्थात् अर्धर्च के अन्तिम पद से पहले अर्थात् अर्धर्च के मध्य में कहीं भी स्थित 'अननुनासिक' आकार का 'परिग्रह' नहीं किया जाता है)। (उदाहरण) "मन्द्रमा वरेण्यम्।"क "इस (अर्थात् अर्धर्च के अन्तिम पद) से पहले वाला"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "तनूष्वा। एत्या।"ख "अननुनासिक' (आकार)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "गभीर आँ उग्रपुत्रे। एत्या।"ग

प्रत्यादायैव तं ब्रूयादुत्तरेण पुनः सह ॥११॥

सू० अ०—उस ('अननुनासिक' आकार) का (को) दोबारा ग्रहण करके (उसका) बाद वाले (पद) के साथ पुनः उच्चारण करे।

उ० भा०—प्रत्यादाय; तम्=अननुनासिकमाकारम्; **पुनरुत्तरेणैव सह ब्रूयात्। "मन्द्रमा वरेण्यम्। आ वरेण्यम्॥"**[1]

उ० भा० अ०—**तम्**=उसको='अननुनासिक' आकार को; **प्रत्यादाय**=दोबारा ग्रहण करके; **पुनरुत्तरेणैव सह**=फिर बाद वाले पद के ही साथ; **ब्रूयात्**=उच्चारण करे; (अर्थात् 'अननुनासिक' आकार को सम्बद्ध क्रम-वर्ग के मध्य में रखकर तदनन्तर उसका बाद

टि० (क) मन्द्रमा वरेण्यम्॥ सं० पा०॥ मन्द्रम्। आ। वरेण्यम्॥ प० पा०
मन्द्रमा वरेण्यम्॥ क्र० पा०

१०।८ का अपवाद। बहुत (=तीन) पदों के मध्य में स्थित 'अननुनासिक' आकार का प्रस्तुत सूत्र से 'परिग्रह' नहीं किया गया है क्योंकि यह आकार अर्धर्च के अन्तिम पद से पहले विद्यमान है। यह 'अननुनासिक' आकार अर्धर्च के अन्तिम पद से पहले अर्धर्च के मध्य में कहीं भी हो सकता है। यहाँ अव्यवहित पहले होने का प्रश्न नहीं है। सम्बद्ध अर्धर्च इस प्रकार है—

आ मन्द्रमा-वरेण्यमा विप्रमा मनीषिणम्॥ सं० पा०

(ख) तनूष्वा॥ सं० पा०॥ तनूषु। आ॥ प० पा०॥ तनूष्वा। **एत्या॥** क्र० पा०

यहाँ 'अननुनासिक' आकार अर्धर्च के अन्त में विद्यमान है। अतः इस आकार का 'परिग्रह' १०।९ से किया गया है।

(ग) गभीर आँ उग्रपुत्रे॥ सं० पा०॥ गभीरे। आ। उग्रऽपुत्रे॥ प० पा०
गभीर आँ उग्रपुत्रे। **एत्या॥** क्र० पा०

यहाँ अर्धर्च के अन्तिम पद से पहले आने वाले भी आकार का 'परिग्रह' १०।८ से हो गया है क्योंकि यह आकार 'अननुनासिक' न होकर 'अनुनासिक' है। सम्बद्ध अर्धर्च इस प्रकार है—

पर्षि दीने गभीर आँ उग्रपुत्रे जिघांसतः॥ सं० पा०

---

[1] ऋ० क० ९।६५।२९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाले पद के साथ दोबारा उच्चारण किया जाता है)। (उदाहरण) "मन्द्रमा वरेण्यम्। आ वरेण्यम्।"[क]

(उपस्थितसंज्ञा)

उपस्थितं सेतिकरणम् ॥१२॥

सू० अ०—'इति' शब्द सहित पद को 'उपस्थित' कहते हैं।

उ० भा०—(सेतिकरणम्=) इतिकरणयुक्तम् पदम्; तत्; (उपस्थितम्=) उपस्थितसंज्ञम्; वेदितव्यम्। "बाहू इति।"[१] उपस्थितसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"व्ययवद्ध्युपस्थिते"[२] इति ॥

उ० भा० अ०—(सेतिकरणम्=) इति 'शब्द' से युक्त (=जिस पद के बाद में 'इति' जोड़ा गया है) उस पद को; (उपस्थितम्=) 'उपस्थित'-संज्ञक; जानना चाहिये। (उदाहरण) "बाहू इति।" उपस्थित-संज्ञा का प्रयोजन--"उपस्थित में (पद) विकृत (होता है)।"

(स्थितसंज्ञा)

केवलं तु पदं स्थितम् ॥१३॥

सू० अ०—केवल (पद) को तो 'स्थित' कहते हैं।

उ० भा०—केवलं तु पदम्=इतिकरणरहितम्; (स्थितम्=) स्थितसंज्ञम्; वेदितव्यम्। "अग्निम्।" स्थितसंज्ञायाः प्रयोजनम्—"स्थितिस्थितोपस्थितयोश्च दृश्यते पदं यथावत्"[३] इति ॥

उ० भा० अ०—केवलं तु पदम्='इति' शब्दरहित (पद) को (=जिस पद के बाद में 'इति' नहीं जोड़ा गया है उसको); (स्थितम्=) 'स्थित'-संज्ञक; जानना चाहिये। (उदाहरण) "अग्निम्।" स्थित-संज्ञा का प्रयोजन—" 'स्थित' और 'स्थितोपस्थित' अवस्थाओं में पद ठीक रूप में दिखलाई पड़ता है।

(स्थितोपस्थितसंज्ञा)

तत्स्थितोपस्थितं नाम यत्रोभे आह संहिते ॥१४॥

सू० अ०—जहाँ (वक्ता) दोनों (='स्थित' और 'उपस्थित') का साथ-साथ उच्चारण करे वह 'स्थितोपस्थित' कहा जाता है।

उ० भा०—तत् पदं नाम स्थितोपस्थितं वेदितव्यम्। कतरत्तत्? उभे=स्थितोपस्थिते; यत्राह संहिते वक्ता—"विभावसो इति विभाऽवसो।"[४] स्थितोपस्थित-संज्ञायाः प्रयोजनम्—"स्थितिस्थितोपस्थितयोश्च दृश्यते पदं यथावत्"[५] इति ॥

टि० (क) मन्द्रमा वरेण्यम् ॥ सं० पा० ॥ मन्द्रम्। आ। वरेण्यम् ॥ प० पा०
मन्द्रमा वरेण्यम्। आ वरेण्यम् ॥ क्र० पा०
दो पदों के मध्य में उच्चारण करने के अनन्तर 'आ' का परवर्ती पद के साथ दोबारा उच्चारण प्रस्तुत सूत्र से किया गया है।

---

[१] ऋ० प० १।९५।७ [२] ११।६१ [३] ११।६१ [४] ऋ० प० १।४४।१० [५] ११।६१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**तत्**=उस पद को; **स्थितोपस्थितम्**='स्थितोपस्थित'-संज्ञक; जानना चाहिये। उसे किसको ? **उभे**=दोनों को='स्थित' और 'उपस्थित' को; वक्ता; **यत्राह संहिते**=जहाँ पर साथ-साथ उच्चारण करता है; (अर्थात् जहाँ पर 'उपस्थित' तथा 'स्थित' इन दोनों को मिलाकर उच्चारण किया जाता है उस पद को 'स्थितोपस्थित' कहते हैं)। (उदाहरण) "विभावसो इति विभाऽवसो।" **स्थितोपस्थित**-संज्ञा का प्रयोजन—"'स्थित' और 'स्थितोपस्थित' अवस्थाओं में पद ठीक रूप में दिखलाई पड़ता है।"

(परिग्रहविषयेऽन्ये नियमाः)

अदृष्टवर्णे प्रथमे चोदकः स्यात्प्रदर्शकः । एतदिष्टम् ॥१५॥

(परिग्रह के विषय में अन्य नियम)

सू० अ०—यदि प्रथम (क्रम-वर्ग) में (प्रथम पद के अन्त में कोई ऐसा) वर्ण हो जो दिखलाई नहीं देता है तो यह अभीष्ट है कि परिग्रह' (चोदक) (इस वर्ण को) दिखलावे।

उ० भा०—प्रथमे द्वैपदे; (अदृष्टवर्णे=) पूर्वपदस्यान्ते वर्णेऽदृष्टे; तस्य प्रदर्शक-श्चोदकः स्यात्। चोदकः=परिग्रहः—इत्यनर्थान्तरम्। "तन्नः। तदिति तत्"[१] "तं नः। तमिति तम्।"[२] "तां त्वाम्। तामिति ताम्।"[३] एतत्प्रदर्शनमिष्टम्। कस्मादिति ? न पठ्यते। इष्टवचनादेवास्यानित्यत्वं गम्यते॥

उ० भा० अ०—**प्रथमे**=(अर्धर्च के) प्रथम द्वैपद में; **(अदृष्टवर्णे=)** प्रथम पद के अन्त वाले वर्ण के दिखलाई न पड़ने पर; उसका; **प्रदर्शकश्चोदकः स्यात्**=दिखलाने वाला 'परिग्रह' होवे; (अर्थात् अर्धर्च के प्रथम क्रम-वर्ग के प्रथम पद का अन्तिम वर्ण दिखलाई न पड़े तो उसको दिखलाने के लिए प्रथम पद का 'परिग्रह' किया जाता है)। **चोदकः**='परिग्रह'—ये दोनों भिन्नार्थक नहीं हैं (अर्थात् ये समानार्थक हैं)। (उदाहरण) "तन्नः। तदिति तत्।"[क] "तं नः। तमिति तम्।"[ख] तां त्वाम्। तामिति ताम्।"[ग] **एतत्प्रदर्शन-मिष्टम्**=('परिग्रह' के द्वारा प्रथम पद के अन्तिम वर्ण का) यह प्रदर्शन अभीष्ट है। (पू०) क्यों (अभीष्ट है) ? (सि०) (इस वर्ण के मूलरूप का) पाठ नहीं होता है (और इस प्रकार इसके मूलरूप के विषय में सन्देह हो सकता है)। (सूत्र में प्रयुक्त) **इष्ट** शब्द से ही इस (विधान की) अनित्यता ज्ञात होती है।[घ]

टि० (क) तन्नः ॥ सं० पा० ॥ तत् । नः ॥ प० पा० ॥ तन्नः । **तदिति तत्** ॥ क्र० पा०
(ख) तं नः ॥ सं० पा० ॥ तम् । नः ॥ प० पा० ॥ तं नः । **तमिति तम्** ॥ क्र० पा०
(ग) तां त्वाम् ॥ सं० पा० ॥ ताम् । त्वाम् ॥ प० पा०
तां त्वाम् । **तामिति ताम्** ॥ क्र० पा०
(घ) अर्थात् अर्धर्च के प्रथम द्वैपद के प्रथम पद के अन्तिम वर्ण के दिखलाई न देने पर उसको 'परिग्रह' के द्वारा दिखलाना अनिवार्य नहीं है। तथापि स्पष्टता के लिए इसको दिखलाया जावे तो अच्छा है।

---

[१] ऋ० क्र० १।१०७।३ [२] ऋ० क्र० २।३४।७ [३] ऋ० क्र० १।४९।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समासाँस्तु पुनर्वचन इङ्गयेत् ॥१६॥

सू० अ०—समासों को तो ('परिग्रह' के) द्वितीय वचन में 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् करे।

उ० भा०—**समासास्तु**=अवगृह्याणि पदानि। तानि च; **पुनर्वचने**=परिग्रहस्य द्वितीये वचने; **इङ्गयेत्**=अवगृह्णीयात्। "पुरोजिती वः। पुरोजितीति पुरःऽजिती॥"[१]

उ० भा० अ०—**समासास्तु**=अवगृह्य पद (=पद-पाठ में 'अवग्रह' से पृथक किए जाने वाले पद); उनको भी; **पुनर्वचने**='परिग्रह' के द्वितीय वचन[क] में; **इङ्गयेत्**='अवग्रह' के द्वारा पृथक् करे।[ख] (उदाहरण) "पुरोजिती वः। पुरोजितीति पुरःऽजिती।"[ग]

इतिपूर्वेषु संधानं पूर्वैः स्वः स्यादसंहितम्।
तदवग्रहवद् ब्रूयात् ॥१७॥

सू० अ०—प्राचीन (आचार्यों) ने 'इति' से बाद में आने वाले पदों में संधि को (अभीष्ट माना है)। किंतु 'स्वः' की (पूर्ववर्ती 'इति' के साथ) संधि नहीं होती है। इसको 'अवग्रह' के समान उच्चारण किया जाता है।

उ० भा०—**इतिपूर्वेषु पदेषु**=परिग्रहे क्रियमाणे य इतिपूर्वास् तेषु; **इतिना संधानं पूर्वैः** आचार्यैरिष्टम्। अस्माकमपि। **स्वः** इतीदं पदम् असंहितं स्यात्। आचार्यग्रहणं पूजार्थम्। असंहितमिति यथेतिकरणान्तो निघातं न प्राप्नुयात्स्वरिति प्रत्यये। **तदवग्रहवद् ब्रूयात्**=अवग्रहवदिति यथा मात्राकालोऽन्तरं स्यात्–"स्व१रितिं स्व१ः"॥[२]

उ० भा० अ०—**इतिपूर्वेषु**='इति' है पूर्व में जिनके ऐसे पदों में='परिग्रह' करने पर जो 'इति' के बाद में पद हों उनमें; 'इति' के साथ; **संधानम्**=संधि; **पूर्वैः**=प्राचीन; आचार्यों के द्वारा मानी गयी है; (अर्थात् प्राचीन आचार्यों का मत है कि 'परिग्रह' में प्रयुक्त 'इति' पद की परवर्ती पद के साथ संधि हो जाती है)। हमारा भी (यही मत है)। **स्वः**='स्वः' यह पद; **असंहितं स्यात्**=संधि को प्राप्त नहीं होता है; (अर्थात् 'स्वः' पद की पूर्ववर्ती 'इति' के साथ संधि नहीं होती है)। 'आचार्य' (शब्द) का ग्रहण सम्मान प्रकट करने के लिए किया गया है। (सूत्र में) 'असंहितम्' (संधि को प्राप्त नहीं होता है) (इसलिए कहा गया है) जिससे 'इति' शब्द का अन्त (=अन्तिम 'अक्षर'='इ'), 'स्वः' (पद) परे रहते,

टि० (क) 'परिग्रह' के द्वितीय वचन के लिए पृ० ४७ पर टि० (ख) देखिए।

(ख) पद-पाठ में जिन पदों को 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् किया जाता है उनका 'परिग्रह' १०।७ से किया जाता है। ऐसे पदों के 'परिग्रह' करने की यह पद्धति है कि 'इति' से पूर्व में अवगृह्य पद का संहिता-रूप दिया जाता है और 'इति' के बाद में उच्चारित होने वाले रूप को 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् किया जाता है।

(ग) पुरोजिती वः॥ सं० पा०॥ पुरःऽजिती। वः॥ प० पा०।
पुरोजिती वः। **पुरोजितीति पुरःऽजिती**॥ क्र० पा०

---

[१] ऋ० क्र० ९।१०१।१ [२] ऋ० प० १।५२।१२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अनुदात्त' ('निघात') न होवे। **तदवग्रहवद् ब्रूयात्**=उसका 'अवग्रह' के समान उच्चारण करना चाहिए। (सूत्र में) "'अवग्रह' की तरह" (कहा गया है) जिससे ('इति' और 'स्वः' के मध्य में) मात्राकाल ('अवग्रह' का काल) का व्यवधान होवे–"स्व॑रिति॑ स्वः।"क

(क्रमपाठेऽर्धर्चयोः संधिनिषेधः)

संधिर्नार्धर्चयोर्भवेत् ॥१८॥

(क्रम-पाठ में अर्धर्चों की संधि का निषेध)

सू० अ०—दो अर्धर्चों की संधि न होवे।

उ० भा०—अस्मिन्क्रमविधाने अर्धर्चयोः संधिर्न भवेत्। केन प्राप्तावयं प्रतिषेध आरभ्यते। "दृष्टक्रमत्वात्समयान् संदध्यात्सर्वशः क्रमे"[१] इति प्राप्ते॥

उ० भा० अ०—इस क्रम-विधान में; **अर्धर्चयोः संधिर्न भवेत्**=दो अर्धर्चों की संधि न होवे। किससे प्राप्त होने पर यह प्रतिषेध किया जा रहा है? (उत्तर) "क्रम-पाठ के (पहले ही) दिखलाई पड़ने से 'समय'-संज्ञक पदों को क्रम-पाठ में पूर्णतया एक साथ मिलावे" इससे प्राप्त होने पर।

(क्रमपाठे समयैः सह संधेः प्रकारः)

दृष्टक्रमत्वात्समयान्संदध्यात्सर्वशः क्रमे।
पदेन च पदाभ्यां च प्रागवस्येदतीत्य च ॥१९॥

(क्रम-पाठ में समय के साथ संधि का प्रकार)

सू० अ०—'समय'-संज्ञक पदों को क्रम-पाठ में पूर्णतया एक साथ मिला देना चाहिए क्योंकि उनका क्रम-पाठ (पहले ही) दिखाई पड़ता है। ('समय' से) पहले (क्रम-वर्ग का) ('समय' के) एक पद से (अवसान करे) और ('समय' का) अतिक्रमण करके (परवर्ती) दो पदों से (क्रम-वर्ग का) अवसान करे।

उ० भा०—दृष्टक्रमत्वात् हेतोः समयान् संदध्यात्सर्वशः क्रमे। पदेन च (प्राक्)=समयं प्राप्य पदेनावस्येत्। समयम् अतीत्य पदाभ्यामवस्येत्। "प्रप्र वः। प्रप्रेति प्रऽप्र। वस्त्रिष्टुभमिषं मन्दद्वीरायेन्दवे।"[२] "योनिष्ट इन्द्र सदने अकारि। अकारि तमा नृभिः पुरुहूत।"[३] दृष्टक्रमत्वात् इति हेतुसामान्ये सत्यपि—"अग्नेर्वयं प्रथमस्या-

टि० (क) यदि पूर्ववर्ती 'इति' के साथ 'स्वः' की संधि होती तो 'इति' का 'ति', 'स्वरित' से पूर्व में होने के कारण, ३।२१ से 'अनुदात्त' हो जाता जिससे यह रूप सम्पन्न होता - "स्व॑रिति॑ स्वः" किंतु यह रूप संहिता-पाठ में उपलब्ध नहीं है। अतः प्रस्तुत सूत्र में यह विधान किया गया है कि 'स्वः' की पूर्ववर्ती 'इति' के साथ संधि नहीं होती है।

---

१ १०।१९ २ ऋ० क० ८।६९।१ ३ ऋ० क० ७।२४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मृतानाम्"[1] — **इत्येवमादीनामनुदृष्टानां सर्वशः संदध्यात् इति तन्नोपपद्यते। कस्मात् ? समयसंज्ञाया अभावात् ॥**

उ० भा० अ०—**दृष्टक्रमत्वात्**=क्रम-पाठ के (पहले ही) दिखलाई पड़ने के कारण; **समयान् संदध्यात्सर्वशः क्रमे**='समय'-संज्ञक[क] पदों को क्रम पाठ में पूर्णतया एक साथ मिला देना चाहिए। **पदेन च (प्राक्)**='समय' को प्राप्त करके पद के द्वारा (क्रम-वर्ग का) अवसान करे। **अतीत्य**='समय' का अतिक्रमण करके; **पदाभ्यामवस्येत्**=(परवर्ती) दो पदों के द्वारा (क्रम-वर्ग का) अवसान करे। (उदाहरण) "प्रप्र वः। प्रप्रेति प्रऽप्र। वस्त्रिष्टुभमिषं मन्दद्वीरायेन्दवे।"[ख] "योनिष्ट इन्द्र सदने अकारि। अकारि तमा नृभिः पुरुहूत।"[ग] "क्रम-पाठ के (पहले ही) दिखलाई पड़ने से"—यह हेतु समान रूप से होने पर भी—"अग्नेर्वयं प्रथमस्यामृतानाम्" इत्यादि पुनरुक्त (पदों) में

टि० (क) तीन अथवा तीन से अधिक पदों का समूह जब संहिता में एक से अधिक बार आया हो तो प्रथम स्थल को छोड़कर अन्यत्र उसको 'समय' अथवा 'गलित पद' कहते हैं। परम्परा के अनुसार 'समय'-संज्ञक पदों का पद-पाठ नहीं किया जाता है किंतु मुद्रित ऋक्संहिताओं में तो स्पष्टार्थ इनका पद-पाठ किया गया है।

(ख) प्रप्र **वस्त्रिष्टुभमिषं** मन्दद्वीरायेन्दवे ॥ सं० पा०
प्रऽप्र। वः। त्रिऽस्तुभम्। इषम्। मन्दत्ऽवीराय। इन्दवे ॥ प० पा०
प्रऽप्र। **वस्त्रिष्टुभमिषम्**। मन्दत्ऽवीराय। इन्दवे ॥प०पा०॥ परम्परा के अनुसार
प्रप्र वः। प्रप्रेति प्रऽप्र। **वस्त्रिष्टुभमिषं मन्दद्वीरायेन्दवे** ॥ क्र० पा०
"वस्त्रिष्टुभमिषम्" ('वः', 'त्रिऽस्तुभम्' और 'इषम्') ये तीन पद 'समय'-संज्ञक हैं जो ऋग्वेद की मुद्रित संहिता में इसके पहले नहीं मिलते; अन्य शाखा में मिल सकते हैं। 'समय'-संज्ञक पदों का क्रम-पाठ सामान्य नियम के अनुसार दो-दो पदों के द्वारा नहीं किया गया है अपितु इनको एक साथ मिला दिया गया है। 'समय' के पूर्ववर्ती क्रम-वर्ग का अवसान 'समय' के एक पद ('वः') के द्वारा किया गया है और दूसरे क्रम-वर्ग का अवसान 'समय' के बाद वाले दो पदों ('मन्दद्वीराय' और 'इन्दवे') के द्वारा किया गया है। 'प्रप्र' का 'परिग्रह' तो १०।७ से किया गया है।

(ग) **योनिष्ट इन्द्र** सदने **अकारि तमा** नृभिः पुरुहूत ॥ सं० पा०
योनिः। ते। इन्द्र। सदने। अकारि। तम्। आ। नृऽभिः। पुरुऽहूत ॥ प० पा०
योनिष्ट इन्द्र। सदने। **अकारि तमा**। नृऽभिः। पुरुहूत ॥ प० पा० ॥ परम्परा के अनुसार।
योनिष्ट इन्द्र सदने अकारि। अकारि तमा नृभिः पुरुहूत ॥ क्र० पा०
यहाँ "योनिष्ट इन्द्र" (योनिः, ते, इन्द्र) और "अकारि तमा" (अकारि तम्, आ) ये दो पद-समूह 'समय'-संज्ञक हैं। ये दोनों पद-समूह ऋ०१।१०४।१ में आ चुके हैं।

---

[1] ऋ० १।२४।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्णतया एक साथ मिला देना चाहिए"—यह लागू नहीं होता है। (पू०) क्यों? (सि०) **समय**–संज्ञा का अभाव होने से।[क]

(परिग्रहे संधिविशेषाणां प्रकृतिभावः)

नकारस्योष्मवद्वृत्तं प्लुतोपाचरिते नतिः।
प्रश्लेषश्च प्रगृह्यस्य प्रकृत्या स्युः परिग्रहे ॥२०॥

(परिग्रह में संधिविशेषों का प्रकृतिभाव)

सू० अ०– (१) नकार का विसर्जनीय ('ऊष्मन्') की तरह वर्तन (व्यवहार), (२) 'ह्रस्व' 'स्वर' का 'दीर्घ' होना ('प्लुत'), (३) विसर्जनीय का सकार होना ('उपाचरित'), (४) 'दन्त्य' वर्ण का 'मूर्धन्य' होना ('नति') और (५) 'प्रगृह्य' (स्वरों) का 'प्रश्लेष'—ये (उपर्युक्त) 'परिग्रह' में 'प्रकृतिभाव' से (अर्थात् मूल-रूप में) रहते हैं।

उ० भा०—नकारस्य यत् ऊष्मवद्वृत्तम्; (प्लुतोपाचरिते) प्लुतश्चोपाचरितश्च; नतिः च प्रश्लेषश्च प्रगृह्यस्य यः—एतानि सर्वाणि प्रकृत्या; (स्युः) भवन्ति; परिग्रहे क्रियमाणे।

नकारस्योष्मवद्वृत्तम्—"अस्माँ अस्माँ इत्। अस्मानस्मानित्यस्मान्ऽअस्मान्।"[१] "अभीशूँरिव सारथिः। अभीशूनिवेत्यभीशून्ऽइव।"[२] "विभ्राजमानाँश्चमसान्। विभ्राजमानानिति विऽभ्राजमानान्।"[३] "आवदँस्त्वम्। आवदन्नित्याऽवदन्।"[४] "स्वतवाँः पायुः। स्वतवानिति स्वऽतवान्॥"[५]

उ० भा० अ०—**नकारस्योष्मवद्वृत्तम्**=नकार का विसर्जनीय ('ऊष्मन्') के समान जो वर्तन (व्यवहार) है वह; **(प्लुतोपाचरिते=)** 'ह्रस्व' 'स्वर' का 'दीर्घ' होना ('प्लुत') और विसर्जनीय का सकार होना ('उपाचरित'); **नतिः**='दन्त्य' वर्ण का 'मूर्धन्य' होना; **प्रश्लेषश्च प्रगृह्यस्य**='प्रगृह्य' का जो 'प्रश्लेष' है—ये सब; **परिग्रहे**='परिग्रह' करने पर (='परिग्रह' में); **प्रकृत्या (स्युः)**='प्रकृति भाव' से रहते हैं (अर्थात् 'परिग्रह' में इन सबका मूल-रूप दिखलाया जाता है)।

टि० (क) तीन अथवा तीन से अधिक पद पुनरुक्त होने पर भी सर्वदा 'समय'-संज्ञक नहीं होते हैं। कौन पुनरुक्त पद-समूह 'समय'-संज्ञक है और कौन नहीं—इसमें केवल परम्परा ही नियामक है। ऋग्वेद के 'समय'-संज्ञक पदों का उल्लेख लक्ष्मीधरसूरिविरचित 'गलितप्रदीप' नामक ग्रन्थ में किया गया है। "अग्नेर्वयं प्रथमस्यामृतानाम्" यह पद-समूह 'समय'-संज्ञक नहीं है। अतः यहाँ सामान्य-नियम के अनुसार दो-दो पदों से क्रम-वर्ग इस प्रकार होंगे—

अग्नेर्वयम्। वयं प्रथमस्य। प्रथमस्यामृतानाम्॥

---

[१] ऋ० क० ४।३२।४ [२] ऋ० क० ६।५७।६ [३] ऋ० क० ४।३३।६
[४] ऋ० क० २।४३।३ [५] ऋ० क० ४।२।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नकार का विसर्जनीय ('ऊष्मन्') के समान वर्तन (व्यवहार) होना[क]— "अस्माँअस्माँ इत् । अस्मानस्मानित्यस्मान्ऽअस्मान् ।"[ख] "अभीशूँरिव सारथिः । अभीशूनिवेत्यभीशून्ऽइव ।"[ग] "विभ्राजमानाँश्चमसान् । विभ्राजमानानिति विऽभ्राजमानान् ।"[घ] "आवदँस्त्वम् । आवदन्नित्याऽवदन् ।"[ङ] "स्वतवाँ पायुः । स्वतवानिति स्वऽतवान् ।"[च]

उ० भा०—प्लुतः—"मक्षूमक्षू कृणुहि । मक्षुमक्षिवति मक्षुऽमक्षु ।"[१]

उपाचरितः—"ज्योतिष्कृदसि । ज्योतिःकृदिति ज्योतिःऽकृत् ।"[२]

नतिः—"सुषुमा यातम् । सुसुमेति सुसुम ।"[३] "पितृयाणं द्युमत् ।" "पितृयानमिति पितृऽयानम् ।"[४]

प्रगृह्यस्य प्रश्लेषः—"दम्पतीव क्रतुविदा । दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव ।"[५] **प्रगृह्यस्य**—**इति किम् ?** "श्वघ्नीव यः । श्वघ्नीवेति श्वघ्नीऽइव ॥"[६]

टि० (क) चतुर्थ पटल (४।६५-४।८०) में विहित नकार-विकारों के प्रसङ्ग में नकार के तीन प्रकार के विकार बतलाये गये हैं—(१) नकार का लोप होना (४।६५-४।६७) (२) नकार का रेफ होना (४।६९-४।७२) (३) नकार का विसर्जनीय ('ऊष्मन्') के समान होना (४।७४-४।८०)। इससे स्पष्ट होता है कि चतुर्थ पटल में ये तीनों स्थल पृथक्-पृथक् हैं किंतु प्रस्तुत सूत्र में विहित 'नकार का विसर्जनीय ('ऊष्मन्') के समान होना" में इन तीनों का अन्तर्भाव होता है जैसा कि उदाहरणों से भी स्पष्ट है।

(ख) अस्माँअस्माँ इत् ॥ सं० पा० ॥ अस्मान्ऽअस्मान् । इत् ॥ प० पा०
अस्माँअस्माँ इत् । **अस्मानस्मानित्यस्मान्ऽस्मान् ॥** क० पा०

(ग) अभीशूँरिव सारथिः । सं० पा० ॥ अभीशून्ऽइव सारथिः ॥ प० पा०
अभीशूँरिव सारथिः । **अभीशूनिवेत्यभीशून्ऽइव ॥** क० पा०

(घ) विभ्राजमानाँश्चमसान् ॥ सं० पा० ॥ विऽभ्राजमानान् । चमसान् ॥ प० पा०
विभ्राजमानाँश्चमसान् । **विभ्राजमानानिति विऽभ्राजमानान् ॥** क० पा०

(ङ) आवदँस्त्वम् ॥ सं० पा० ॥ आऽवदन् । त्वम् ॥ प० पा०
आवदँस्त्वम् । **आवदन्नित्याऽवदन् ॥** क० पा०

(च) स्वतवाँः पायुः ॥ सं० पा० ॥ स्वऽतवान् । पायुः ॥ प० पा०
स्वतवाँ पायुः । **स्वतवानिति स्वऽतवान् ॥** क० पा०

'अस्मान्', 'अभीशून्, 'विभ्राजमानान्', 'आवदन्' और 'स्वतवान्' के नकार वर्ण का क्रमशः लोप, रेफ, शकार, सकार और विसर्जनीय क्रमशः ४।६५, ४।७०, ४।७४, ४।७६ और ४।७८ से हो गया है। सर्वत्र 'परिग्रह' में मूल-रूप (नकार) को दिखलाया गया है।

---

[१] ऋ० क० ३।३१।२० [२] ऋ० क० १।५०।४ [३] ऋ० क० १।१३७।१
[४] ऋ० क० १०।२।७ [५] ऋ० क० २।३९।२ [६] ऋ० क० २।१२।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**प्लुत**—"मक्षूमक्षू कृणुहि। मक्षुमक्ष्विति मक्षुऽमक्षु।"क

उपाचरित—"ज्योतिष्कृदसि। ज्योतिःकृदिति ज्योतिःऽकृत।ख

नति—"सुषुमा यातम्। सुसुमेति सुसुम।"ग "पितृयाणं द्युमत्। पितृयानमिति पितृऽयानम्।"घ

प्रगृह्य ('स्वर') का प्रश्लेष—"दम्पतीव क्रतुविदा। दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव।"ङ "प्रगृह्य(-'स्वर') का प्रश्लेष"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "श्वघ्नीव यः। श्वघ्नीवेति श्वघ्नीऽइव।" च

टि० (क) मक्षूमक्षू कृणुहि ॥ सं० पा० ॥ मक्षुऽमक्षु। कृणुहि ॥ प० पा०
मक्षूमक्षू कृणुहि। **मक्षुमक्ष्विति मक्षुऽमक्षु** ॥ क्र० पा०

'मक्षु' का उकार ७।५ से 'दीर्घ' हो गया है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' में मूल-रूप (=उकार) को ही दिखलाया गया है।

(ख) ज्योतिष्कृदसि ॥ सं० पा० ॥ ज्योतिःऽकृत्। असि ॥ प० पा०
ज्योतिष्कृदसि। **ज्योतिःकृदिति ज्योतिःऽकृत्** ॥ क्र० पा०

'ज्योतिः' का विसर्जनीय ४।४७ से षकार हो गया है। 'परिग्रह' में मूल-रूप (=विसर्जनीय) को ही दिखलाया गया है।

(ग) सुषुमा यातम् ॥ सं० पा० ॥ सुसुम। आ। यातम् ॥ प० पा०
सुषुमा यातम्। **सुसुमेति सुसुम** ॥ क्र० पा०

'सुसुम' का द्वितीय सकार ५।२० से षकार हो गया है। 'परिग्रह' में मूल-रूप (=सकार) को ही दिखलाया गया है।

(घ) पितृयाणं द्युमत् ॥ सं० पा० ॥ पितृऽयानम्। द्युऽमत् ॥ प० पा०
पितृयाणं द्युमत्। **पितृयानमिति पितृऽयानम्** ॥ क्र० पा०

'पितृयानम्' का नकार ५।४० से णकार हो गया है। 'परिग्रह' में मूल-रूप (=नकार) को ही दिखलाया गया है।

(ङ) दम्पतीव क्रतुविदा ॥ सं० पा० ॥ दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव। क्रतुऽविदा ॥ प० पा०
दम्पतीव क्रतुविदा। **दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव** ॥ क्र० पा०

यहाँ पर 'दम्पती' के 'प्रगृह्य' ईकार का २।५५ से परवर्ती इकार के साथ 'प्रश्लेष' हो गया है। 'परिग्रह' में मूल-रूप (=ईकार) को ही दिखलाया गया है।

(च) श्वघ्नीव यः ॥ सं० पा० ॥ श्वघ्नीऽइव। यः ॥ प० पा०
श्वघ्नीव यः। **श्वघ्नीवेति श्वघ्नीऽइव** ॥ क्र० पा०

'श्वघ्नी' का ईकार 'प्रगृह्य'-संज्ञक नहीं है। अतः परवर्ती इकार के साथ 'प्रश्लेष' होने पर भी इसके मूल-रूप को 'परिग्रह' में नहीं दिखलाया गया है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शौद्धाक्षरागमोऽपैति ॥२१॥

सू० अ०—'शौद्धाक्षर'(-संज्ञक) आगम ('परिग्रह' में) लुप्त हो जाता है।

उ० भा०—(शौद्धाक्षरागमः=) शौद्धाक्षराणां संधीनामागमः; य उक्तः सः अपैति परिग्रहे क्रियमाणे। "पुरुश्चन्द्रं यजतम्। पुरुचन्द्रमिति पुरुऽचन्द्रम्।"[१] "वनर्षदो वायवः। वनसद इति वनऽसदः॥"[२]

उ० भा० अ०—(शौद्धाक्षरागमः=) 'शौद्धाक्षर'-संधियों का आगम; जो (४।८४-८९ में) कहा गया था वह; अपैति=लुप्त हो जाता है; 'परिग्रह' करने पर। (उदाहरण) "पुरुश्चन्द्रं यजतम्। पुरुचन्द्रमिति पुरुऽचन्द्रम्।"[क] "वनर्षदो वायवः। वनसद इति वनऽसदः।"[ख]

न्यायं यान्त्युत्तरे त्रयः।
रिफितान्यूष्मणोऽघोषे दूभावः स्वधितीव च ॥२२॥

सू० अ०—ये आगे (बतलाई जाने) वाली तीन (संधियाँ भी) अपने मूल-रूप (प्रकृति) को प्राप्त होती हैं—(१) 'अघोष' ('व्यञ्जन') बाद में होने पर 'ऊष्मन्' के स्थान पर आने वाले रिफित, (२) 'दू' में परिवर्तन और (३) 'स्वधितीव' पद।

उ० भा०—न्यायं यान्ति=प्रकृतिं गच्छन्ति-इत्यर्थः। उत्तरे त्रयः संधयः परिग्रहे क्रियमाणे—रिफितानि च ऊष्मणो यानि अघोषे प्रत्यये; दूभावः च; स्वधितीव इति च पदम्। अघोषे रिफितानि—"स्वर्चक्षा रथिरः। स्वश्चक्षा इति स्वःऽचक्षाः।"[३] "धूर्षदं वनर्षदम्। धूःसदमिति धूःऽसदम्।"[४] "स्वर्पतिं यत्। स्वःपतिमिति स्वःऽपतिम्।"[५] दूभावः—"दूणाशं सख्यम्। दुर्नशमिति दुःऽनशम्।"[६] "जनस्य दूढ्यः। दुर्ध्य इति दुःऽध्यः।"[७] "दूळभो रथः। दुर्दभ इति दुःऽदभः।"[८] स्वधितीव—"स्वधितीव रीयते। स्वधितिरिवेति

टि० (क) पुरुश्चन्द्रं यजतम्॥ सं० पा०॥ पुरुऽचन्द्रम्। यजतम्॥ प० पा०
पुरुश्चन्द्रं यजतम्। **पुरुचन्द्रमिति पुरुऽचन्द्रम्॥** क्र० पा०
४।८४ से 'पुरु' और 'चन्द्रम्' के मध्य में 'शौद्धाक्षर'-संज्ञक शकार का आगम हो गया है। 'परिग्रह' में इस शकार का लोप करके मूल रूप को ही दिखलाया जाता है।

(ख) वनर्षदो वायवः॥ सं० पा०॥ वनऽसदः। वायवः॥ प० पा०
वनर्षदो वायवः। **वनसद इति वनऽसदः॥** क्र० पा०
४।८६ से 'वन' और 'सद' के मध्य में 'शौद्धाक्षर'-संज्ञक रेफ का आगम हो गया है। 'परिग्रह' में इस रेफ का लोप करके मूल-रूप को ही दिखलाया जाता है।

---

[१] ऋ० क० ५।८।१ [२] ऋ० क० १०।४६।७ [३] ऋ० क० ९।९७।४६
[४] ऋ० क० १०।१३२।७ [५] ऋ० क० ८।९७।११ [६] ऋ० क० ६।४५।२६
[७] ऋ० क० ८।१९।१५ [८] ऋ० क० ४।९।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वधितिःऽइव ।"[1] अघोषे इति किम् ? "स्वर्जितं महि । स्वर्जितमिति स्वःऽजितम् ।"[2] अपर इदं सूत्रं योगविभागेन वर्णयन्ति ॥

उ० भा० अ०—**उत्तरे त्रयः**=आगे बतलाई जाने वाली तीन संधियाँ; 'परिग्रह' करने पर; **न्यायं यान्ति**=प्रकृति (=मूल-रूप) को प्राप्त होती हैं—यह अर्थ है। **अघोषे**='अघोष' ('व्यञ्जन') बाद में होने पर; **ऊष्मणो रिफितानि**=विसर्जनीय ('ऊष्मन्') के स्थान पर आनेवाले जो रिफित हैं वे; **दूभावः**='दू' में परिवर्तन; **स्वधितीव च**=और 'स्वधितीव' पद। **'अघोष' ('व्यञ्जन') बाद में होने पर रिफित**—"स्वर्चक्षा रथिरः। स्वश्चक्षा इति स्वःऽचक्षाः"[क]; "धूर्षदं वनर्षदम्। धूःसदमिति धूःऽसदम्।"[ख] "स्वर्पतिं यत्। स्वःपतिमिति स्वःऽपतिम्।"[ग] **'दू' में परिवर्तन**—"दूणाशं सख्यम्। दुर्नशनमिति दुःऽनशम्"[घ]; "जनस्य दूढ्यः। दुर्ध्य इति दुःऽध्यः"[ङ]; "दूळभो रथः। दुर्दभ इति दुःऽदभः।"[च] **स्वधितीव**—"स्वधितीव रीयते। स्वधितिरिवेति स्वधितिःऽइव।"[छ] **'अघोष' 'व्यञ्जन' बाद में होने पर**"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "स्वर्जितं महि। स्वर्जितमिति स्वःऽजितम्।"[ज]

टि० (क) स्वर्चक्षा रथिरः ॥ सं० पा० ॥ स्वःऽचक्षाः। रथिरः ॥ प० पा०
स्वर्चक्षा रथिरः। **स्वश्चक्षा इति स्वःऽचक्षाः ॥** क० पा०

(ख) धूर्षदं वनर्षदम् ॥ सं० पा० ॥ धूःऽसदम्। वनऽसदम् ॥ प० पा०
धूर्षदं वनर्षदम्। **धूःसदमिति धूःऽसदम् ॥** क० पा०

(ग) स्वर्पतिं यत् ॥ सं० पा० ॥ स्वःऽपतिम्। यत् ॥ प० पा०
स्वर्पतिं यत्। **स्वःपतिमिति स्वःऽपतिम् ॥** क० पा०

उपर्युक्त तीनों उदाहरणों में 'अघोष' 'व्यञ्जन' बाद में होने पर विसर्जनीय संहिता-पाठ में रेफ हो गया है। अतः प्रस्तुत सूत्र से 'परिग्रह' में तीनों स्थलों के मूल-रूप को दिखलाया गया है।

(घ) दूणाशं सख्यम् ॥ सं० पा० ॥ दुःऽनशम्। सख्यम् ॥ प० पा०
दूणाशं सख्यम्। **दुर्नशमिति दुःऽनशम् ॥** क० पा०

(ङ) जनस्य दूढ्यः ॥ सं० पा० ॥ जनस्य। दुःऽध्यः ॥ प० पा०
जनस्य दूढ्यः। **दुर्ध्य इति दुःऽध्यः ॥** क० पा०

(च) दूळभो रथः ॥ सं० पा० ॥ दुःऽदभः। रथः ॥ प० पा०
दूळभो रथः। **दुर्दभ इति दुःऽदभः ॥** क० पा०

उपर्युक्त तीनों स्थलों पर 'दुर्' संहिता-पाठ में 'दू' हो गया है। अतः 'परिग्रह' में तीनों स्थलों के मूल-रूप को दिखलाया गया है।

(छ) स्वधितीव रीयते ॥ स० पा० ॥ स्वधितिःऽइव। रीयते ॥ प० पा०
स्वधितीव रीयते। **स्वधितिरिवेति स्वधितिःऽइव ॥** क० पा०

४।४० के अनुसार 'स्वधितिःऽइव' निपातन से 'स्वधितीव' हो गया है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' में 'स्वधितीव' के मूल-रूप को ही दिखलाया गया है।

(ज) स्वर्जितं महि ॥सं० पा०॥ स्वःऽजितम्। महि ॥ प० पा०

---

[1] ऋ० क० ५।७।८ [2] ऋ० क० १०।१६७।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरे इस सूत्र की व्याख्या योग-विभाग करके इस प्रकार करते हैं—

न्यायं यान्त्युत्तरे त्रयः ॥

सू० अ०—परवर्ती तीन (संधियाँ) अपने मूल-रूप (न्याय) को प्राप्त कर लेती हैं।

उ० भा०—शौद्धाक्षरागमात् उत्तरे त्रयः संधयः; (न्यायम्=) प्रकृतिम्; यान्ति परिग्रहे क्रियमाणे। कतरे त्रयः ? जुघुक्षत इति धक्षिधुक्षिप्रवादौ च। "न जुगुक्षतः। जुघुक्षत इति जुघुक्षतः।"[१] "अनु दक्षि। दक्षि दावने। धक्षीति धक्षि।"[२] "दुक्षन्वृधे। धुक्षन्निति धुक्षन्।"[३] योगविभागादृते परिग्रह एतेषां प्रकृतिभावो न सिध्यति। योगविभागे ह्यसत्युत्तरे त्रय इति ग्रहणमनर्थकं भवति ॥

उ० भा० अ०—'शौद्धाक्षर' (–संज्ञक) आगम (४।८९) से; **उत्तरे**=बाद वाली; **त्रयः**=तीन संधियाँ; **(न्यायम्=)** मूल-रूप (प्रकृति) को; **यान्ति**=प्राप्त हो जाती हैं; 'परिग्रह' करने पर। कौन सी तीन? (उत्तर) 'जुघुक्षतः' और 'धक्षि' तथा 'धुक्षि' के सभी रूप। "न जुगुक्षतः। जुघुक्षत इति जुघुक्षतः।"क "अनु दक्षि। दक्षि दावने। धक्षीति धक्षि।"ख "दुक्षन्वृधे। धुक्षन्निति धुक्षन्।"ग (सूत्र के) योग का विभाग किये बिना 'परिग्रह' में इन (तीन) का प्रकृति-रूप में होना सिद्ध नहीं होता है। योग-विभाग न किया जाये तो (सूत्र में) "बाद वाली तीन (संधियाँ)"—यह ग्रहण करना अनर्थक होगा।

(५८६ज) स्वर्जितं महि। **स्वर्जितमिति स्वःऽजितम्** ॥ क० पा०

यहाँ पर विसर्जनीय का रेफ में परिवर्तन 'अघोष' 'व्यञ्जन' बाद में होने पर नहीं अपितु 'सघोष' 'व्यञ्जन' बाद में होने पर हुआ है। अतः 'परिग्रह' में 'स्वर्जितम्' का मल-रूप नहीं दिखलाया गया है।

टि० (क) न जुगुक्षतः ॥सं० पा०॥ न। जुघुक्षतः ॥ प० पा०

न जुगुक्षतः। **जुघुक्षत इति जुघुक्षतः** ॥ क० पा०

४।९८ से 'जुघुक्षतः' का घकार संहिता-पाठ में गँकार हो जाता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' में मूल-रूप (=जुघुक्षतः) को ही दिखलाया गया है।

(ख) अनु दक्षि दावने ॥सं० पा०॥ अनु। धक्षि। दावने ॥ प० पा०

अनु दक्षि। दक्षि दावने। **धक्षीति धक्षि** ॥ क० पा०

(ग) दुक्षन्वृधे ॥सं० पा०॥ धुक्षन्। वृधे ॥ प० पा०

दुक्षन्वृधे। **धुक्षन्निति धुक्षन्** ॥ क० पा०

४।८९ के अनुसार 'धक्षि' और 'धुक्षन्' का धकार दकार हो जाता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' में मूल-रूप (='धक्षि' और 'धुक्षन्') को ही दिखलाया जाता है।

---

१ ऋ० क० ८।३१।७ २ ऋ० क० २।१।१० ३ ऋ० क० १।१२१।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रिफितान्यूष्मणोऽघोषे दूभावः स्वधितीव च ।

सू० अ०—'अघोष' ('व्यञ्जन') बाद में होने पर 'ऊष्मन्' के स्थान पर आने वाले रिफित, 'दू' में परिवर्तन और 'स्वधितीव' पद [ये 'परिग्रह' में अपने मूल-रूप (प्रकृति) को प्राप्त होते हैं]।

उ० भा०—इति यथोक्तमेवेति ॥

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये क्रमपटलं दशमम् ॥

उ० भा० अ०—जैसा पहले कहा गया है वैसा ही होता है।

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक प्रातिशाख्य-भाष्य में क्रम-पटल नामक दशम (पटल) समाप्त हुआ ॥

———

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

११ : क्रम-हेतु-पटलम्

क्रमपाठस्य सामान्यस्वरूपम्
क्रमपाठे पदविशेषाणामतिक्रमणे कारणानि, अतिक्रमणे मतभेदाश्च
क्रमपाठे विकृतरूपविषयकनियमः
क्रमपाठे समयैः सह संधेः प्रकारः
क्रमपाठे पदविशेषाणां परिग्रहः
स्थितसंज्ञा
उपस्थितसंज्ञा
स्थितोपस्थितसंज्ञा
परिग्रहविषयेऽन्ये नियमाः
परिग्रहविषयेऽपवादः
यदृच्छोपनते बहुक्रमे कश्चित् विशेषः
परिग्रहे संधिविशेषाणां प्रकृतिभावः
क्रमपाठे विकृतरूपविषयकनियमः (पूर्वानुवृत्तः)
परिग्रहे संधिविशेषाणां प्रकृतिभावः (पूर्वानुवृत्तः)
बहुक्रममन्तरे ऽपि आर्षीलोपापत्तेः स्थलानि
आर्षीलोपविषये मतभेदः
परिग्रहस्योपयोगः
शास्त्रविहितक्रमपाठस्य प्रशंसा
आक्षेपनिरसनपूर्वकं क्रमपाठस्यार्थवत्त्वनिरूपणम्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क्रमपाठस्य सामान्यस्वरूपम्)

अथार्ष्यलोपेन यदाह स क्रमः
समानकालं पदसंहितं द्वयोः ॥१॥

(क्रमपाठ का सामान्य स्वरूप)

सू० अ०—आर्षी संहिता का लोप किये बिना जब (वक्ता) दो पदों और उनकी संहिता (मेल) का (को) समान काल में उच्चारण करता है तो वह क्रम-पाठ कहलाता है।

उ० भा०—अथ; (आर्ष्यलोपेन=) आर्ष्याः संहिताया अलोपेन; द्वयोः पद-संहितम्=ते च पदे तयोश्च संहिताम्; समानकालम्=तुल्यकालम्; यदाह वक्ता स क्रमोऽधिकृतो वेदितव्यः। "अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्।"[1] समानकालं पदसंहितं द्वयोः इति किम्? "स्वरानुस्वारोपहितो द्विरुच्यते संयोगादिः स क्रमः"[2] इति मा भूत्॥

उ० भा० अ०—(आर्ष्यलोपेन=) आर्षी संहिता का लोप न करके; द्वयोः पदसंहितम्=दो पदों को और उनकी संहिता (मेल) का (को); समानकालम्=तुल्य काल में; यदाह=जब वक्ता उच्चारण करता है; स क्रमः=वह क्रम-पाठ है—यह अधिकार जानना चाहिए। (उदाहरण) "अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्।"क "दो पदों और उनकी संहिता (मेल) को समान काल में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "संयुक्त वर्ण के आदि (=प्रथम 'व्यञ्जन') का द्वित्व हो जाता है यदि उसके पूर्व में 'स्वर' अथवा 'अनुस्वार' हो"—यह (यहाँ) न होवे।ख

(क्रमपाठे पदविशेषाणामतिक्रमणे कारणानि, अतिक्रमणे मतभेदाश्च)

अथो बहूनामविलोपकारणः
परैरवस्यन्त्यतिगम्य कानिचित् ॥२॥

(क्रमपाठ में पदविशेषों के अतिक्रमण में कारण और अतिक्रमण के विषय में मतभेद)

सू० अ०—(आर्षी संहिता का) लोप न हो इस कारण (उद्देश्य) से (कभी-कभी) बहुत (=दो से अधिक) (पदों) का भी (एक क्रम-वर्ग बनाया जाता है)।

टि० (क) अग्निमीळे पुरोहितम्॥ सं० पा०॥ अग्निम्। ईळे। पुरःऽहितम्॥ प० पा० अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्॥ क्र० पा०

(ख) ६।१ में जिस 'क्रम' का विधान किया गया है उसे वर्ण-क्रम कहा जा सकता है। उसमें वर्ण का द्वित्व (द्विरुच्चारण) होता है। प्रस्तुत सूत्र में विहित 'क्रम' पदों का क्रम है। इसमें एक पद का दो बार उच्चारण होता है। इसके अतिरिक्त एक वर्ग में दो पदों और उनकी संहिता का एक ही समय में उच्चारण होता है।

---

[1] ऋ० क्र० १।१।१ [2] ६।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(उस अवस्था में) कतिपय (पदों) का (को) अतिक्रमण करके परवर्ती (पदों) से (क्रम-वर्ग का) अवसान करते हैं।

उ० भा०—(अथो=) अपि; बहूनां पदानाम्; (अविलोपकारणः=) आर्ष्या अविलोपार्थम्; क्रमो भवतीति वेदितव्यम्। तत्र परैः पदैः अवस्यन्त्यतिगम्य कानिचित् पदानि। तानि पदान्युत्तरत्रोदाहरिष्यामः॥

उ० भा० अ०—(अविलोपकारणः=) आर्षी संहिता के अलोप के लिये; बहूनाम्=बहुत (=दो से अधिक) पदों का; अथो=भी; क्रम (-वर्ग) होता है—यह जानना चाहिये। वहाँ (=उस अवस्था में); कानिचित् अतिगम्य=कतिपय पदों का (को) अतिक्रमण करके; परैः=परवर्ती पदों से; अवस्यन्ति=(क्रम-वर्ग का) अवसान करते हैं; (अर्थात् आर्षी संहिता का लोप न हो इसलिये अवस्था-विशेष में दो से अधिक पदों का एक क्रम-वर्ग बनाया जाता है)। (क्रम-वर्गों के अवसान में न आने वाले) उन पदों के उदाहरणों को आगे (११।३ इत्यादि में) देंगे।

अपृक्तमेकाक्षरमद्वियोनि यत्
तदानुनासिक्यभयादतीयते ॥३॥

सू० अ०—एक 'अक्षर' वाला जो (पद) (१) 'व्यञ्जन'-रहित (अपृक्त) होता है तथा (२) 'संध्यक्षर' (द्वियोनि) नहीं होता है, उस (एकाक्षर पद) का (को) आनुनासिक्य के भय से अतिक्रमण कर दिया जाता है।

उ० भा०—अपृक्तम्=अव्यञ्जनम्; एकाक्षरम्; अद्वियोनि=असंध्यक्षरम्; यत् तत् पदम् आनुनासिक्यभयादतीयते। "अष्टावाद्यानवसानेऽप्रगृह्यानाचार्या आहुरनुनासिकान्स्वरान्"[1] इति तन्मा भूदिति। "मन्द्रमा वरेण्यम्।"[2] "उद्वेति।"[3] अपृक्तम् इति किम्? "दुहितुराः।"[4] एकाक्षरग्रहणं पदविशेषणम्। अपृक्तमेकाक्षरं पदमनवसानीयमिति। इतरथा ह्यक्षरं विशेष्येत। अपृक्तमद्वियोनि यदक्षरं तदन्तमनवसानीयमिति। अत्र को दोषः? "शमीध्वमग्निगा३उ"[5]—इत्यवसानं न स्यात्। अद्वियोनि इति किम्? "अभूदो॥"[6]

उ० भा० अ०—अपृक्तम्='व्यञ्जन'-रहित (='व्यञ्जन' से न मिला हुआ), अद्वियोनि=असंध्यक्षर(='संध्यक्षर' न होने पर); यत्=जो; एकाक्षरम्=एक 'अक्षर' वाला पद; तत्=उस पद का (वह पद); आनुनासिक्यभयादतीयते=आनुनासिक्य के भय से अतिक्रमण कर दिया जाता है[क]; (अर्थात् 'अनुनासिक' न हो जाये इसलिये एक

टि० (क) देखिये १०।३। एकाक्षर-पद आदि क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं आते हैं—इसका विधान तो दशम पटल में ही किया जा चुका है। इन पदों को क्रम-वर्ग के अवसान में क्यों नहीं रखा जाता है—इसका कारण यहाँ बतलाया जा रहा है। यही कारण है कि प्रस्तुत पटल का नाम क्रम-हेतु-पटल है।

---

[1] १।६३ [2] ऋ० क० ९।६५।२९ [3] ऋ० क० ७।६३।२ [4] ऋ० क० १०।६१।५ [5] मै० सं० ४।१३।४ (ऐ० ब्रा० २।७।११) [6] ऋ० क० १।११३।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अक्षर' वाले पद को क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है यदि वह (१) 'व्यञ्जन' से मिला हुआ न हो और (२) 'संध्यक्षर' न हो)। "आचार्य लोग प्रथम आठ 'स्वर' (–वर्णों) का (को) 'अनुनासिक' उच्चारण करते हैं (जब वे आठ 'स्वर'-वर्ण) 'प्रगृह्य' नहीं होते और अवसान में आते हैं"—इससे आनुनासिक्य न हो जाये। (उदाहरण) "मन्द्रमा वरेण्यम्।"[क] "उद्वेति।"[ख] "'व्यञ्जन'-रहित"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "दुहितुराः।"[ग] (सूत्र में) **एकाक्षर** का ग्रहण पद के विशेषण के रूप में किया गया है (जिससे यह अर्थ होता है)—'व्यञ्जन'-रहित एकाक्षर पद (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं आता है। अन्यथा (अर्थात् यदि 'एकाक्षर' को 'पद' का विशेषण न माना जाये तो) ('अपृक्त' और 'अद्वियोनि') ये 'अक्षर' के विशेषण होते (जिससे यह अर्थ होगा)—'व्यञ्जन' से न मिले हुए ('अपृक्त') तथा असंध्यक्षर ('अद्वियोनि') 'अक्षर' में अन्त होने वाला पद (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं आता है। (पू०) इस (अर्थ में) क्या दोष है? (सि०) "शमीध्वमध्रिगा३उ"—यहाँ अवसान नहीं होगा।[घ] "असंध्यक्षर"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अभूदो"।[ङ]

नतं च पूर्वेण परस्य कारणं
नतेः परस्योभयहेतुसंग्रहात् ॥४॥

सू० अ०—(१) पूर्ववर्ती (पद) के कारण जिसने 'मूर्धन्यभाव' ('नति') को प्राप्त किया है तथा (२) जो परवर्ती (पद के) 'मूर्धन्यभाव' ('नति') का कारण है, परवर्ती (पद) के ('मूर्धन्यभाव'='नति') के दोनों हेतुओं के संग्रह के लिये, वह (पद) (क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है)।

उ० भा०—नतं च पूर्वेण पदेन परस्य च नतेर्यत्कारणं तत्पदमनवसानीयं भवति। किं कारणम्? परस्य पदस्य (उभयहेतुसंग्रहात्=) उभयहेतुसंग्रहार्थम्। "मो षु णः"[१]

टि० (क) मन्द्रमा वरेण्यम् ॥ सं० पा० ॥ मन्द्रम्। आ। वरेण्यम् ॥ प० पा०
मद्रमा वरेण्यम् ॥ क्र० पा०

(ख) उद्वेति ॥ सं० पा० ॥ उत्। ऊँ इति। एति ॥ प० पा० ॥ उद्वेति ॥ क्र० पा०
यदि आकार तथा उकार को क्रम-वर्ग के अवसान में रखा जाये तो ये १।६३ से अनुनासिक हो जायेंगे। इससे आर्षी संहिता का लोप हो जायेगा क्योंकि आर्षी संहिता में ये 'अनुनासिक' नहीं हैं।

(ग) दुहितुराः ॥ सं० पा० ॥ दुहितुः। आः ॥ प० पा० ॥ दुहितुराः ॥ क्र० पा०
यहाँ एकाक्षर पद 'आ' को क्रम-वर्ग के अवसान में रखा गया है क्योंकि यह आकार 'व्यञ्जन' (=विसर्जनीय) से युक्त है।

(घ) यहाँ 'उ' पद नहीं अपितु 'अक्षर' है। अतः 'उ' में अन्त होने वाले 'अध्रिगा३उ' पद को अवसान में रखा गया है।

(ङ) अभूदो ॥ सं० पा० ॥ अभूत्। ओ इति ॥ प० पा० ॥ अभूदो ॥ क्र० पा०
'ओ' को क्रम-वर्ग के अवसान में रखा गया है क्योंकि यह 'संध्यक्षर' है।

---

[१] ऋ० क्र० १।३८।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इत्यत्र—"स्वबह्वक्षरेण"[१]—इति नामिनिमित्तं षत्वम्। "षु णः"—इत्यत्र—"नते सु स्म"[२]—इति षत्वनिमित्तं णत्वम्। नाम्यभावे षत्वं न स्यात्। षत्वाभावे णत्वं न स्यात्। स विलोपः। अत उभयहेतुसंग्रहार्थमतीयते। "मो षु णः।"[३] "आसु ष्मा णः॥"[४]

उ० भा० अ०—**नतं च पूर्वेण**=पूर्ववर्ती पद के द्वारा जिसने 'मूर्धन्यभाव' ('नति') को प्राप्त किया है; और जो; **परस्य नतेः कारणम्**=परवर्ती (पद) के 'मूर्धन्यभाव' ('नति') का कारण है; वह पद (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं रखा जाता है। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) **परस्य**=परवर्ती (पद) के ('मूर्धन्यभाव' के); **उभयहेतु-संग्रहात्**=दोनों हेतुओं के संग्रह के लिये।[क] (जैसे) "मो षु णः" में—"अवह्वक्षर (एक या दो अक्षरों वाले) पद से बाद में आने वाला 'सु' 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त होता है"—इस (सूत्र) से 'नामि' ('-स्वर') के कारण 'षत्व' हुआ है। "षु णः" में "'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त 'सु' और 'स्म' (के बाद में आने वाला 'नः' पद 'मूर्धन्यभाव' को प्राप्त हो जाता है"—इस (सूत्र) से 'षत्व' के कारण 'णत्व' हुआ है। 'नामि'-'स्वर' के अभाव में 'षत्व' नहीं होगा और 'षत्व' के अभाव में 'णत्व' नहीं होगा। (इस प्रकार यदि ऐसे पद को क्रम-वर्ग के अवसान में रखा जायेगा तो) वह आर्षी संहिता का लोप होगा। इसलिये (परवर्ती पद की 'नति' के) दोनों कारणों के संग्रह के लिये उस 'षु' पद का अतिक्रमण कर दिया जाता है। (उदाहरण) "मो षु णः।"[ख] "आसु ष्मा णः।"[ग]

टि० (क) इस सूत्र से उस पद का भी क्रम-वर्ग के अन्त में नहीं रखा जाता है जिसमें (१) पूर्ववर्ती पद के कारण 'मूर्धन्यभाव' हुआ हो और जो (२) परवर्ती पद के 'मूर्धन्य-भाव' का कारण हो। ऐसा करने से परवर्ती पद के 'मूर्धन्यभाव' के दोनों कारणों का सग्रह हो जाता है।

(ख) मो षु णः॥ सं० पा०॥ मो इति। सु। नः॥ प० पा०॥ मो **षु** णः॥क० पा०

(ग) आसु ष्मा णः॥ सं० पा०॥ आसु। स्म। नः॥ प० पा०
आसु **ष्मा** णः॥ क० पा०

उपर्युक्त दोनों स्थलों पर पूर्ववर्ती 'नामि'-'स्वर' के कारण ५।५ से 'षत्व' हुआ है तथा इस 'षत्व' के कारण ५।५८ से 'णत्व' हुआ है। यहाँ पर 'णत्व' के दो कारण हैं (१) पूर्ववर्ती षकार 'णत्व' का साक्षात् कारण है और षकार से पूर्ववर्ती 'नामि'-'स्वर' 'णत्व' का असाक्षात् कारण है। यदि 'षु' और 'ष्म' को क्रम-वर्ग के अवसान में रखा जाये तो दूसरे क्रम-वर्ग के प्रारम्भ में ये 'सु' और 'स्म' के रूप में आयेंगे। इससे 'नः' के नकार का 'णत्व' नहीं होगा। इसलिये 'णत्व' की सिद्धि के लिये 'षु' और 'ष्म' को क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है।

---

[१] ५।५
[२] ५।५८
[३] ऋ० क० १।३८।६
[४] ऋ० क० ६।४४।१८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परीत इत्युत्तरमेतयोर्द्वयोः परंहि पूर्वं नमतीत्यतीयते ॥५॥

सू० अ०—'परि' और 'इतः'—इन दो में से दूसरे (पद) (=इतः) का (को) अतिक्रमण कर दिया जाता है क्योंकि (इसका) पूर्ववर्ती (पद) (=परि) (इसके) परवर्ती (पद) (='सिञ्चत' पद) को 'मूर्धन्य' बनाता है।

उ० भा०—परि इतः इत्येतयोर्द्वयोः पदयोः; (उत्तरम्=) परम्; पदम्; (अतीयते=) अनवसानीयं भवति। किं कारणम्? अनवसानीयात्परं सिञ्चतेति पदं व्यवहितमपि पूर्वं परीति पदं नमतीति। "परीतो षिञ्चत"[१] इति॥

उ० भा० अ०—**परि इतः इत्येतयोर्द्वयोः**='परि' और 'इतः' इन दो पदों में; **(उत्तरम्=)** परवर्ती पद (=इतः); **(अतीयते**=अतिक्रमण कर दिया जाता है=) (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं रखा जाता है। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) अवसान में न आने वाले ('इतः' पद) से; **परम्**=परवर्ती='सिञ्चत'—इस पद को; **पूर्वम्**=पूर्ववर्ती='परि' यह पद; व्यवहित होने पर भी; **नमति**='मूर्धन्य' बना देता है। (उदाहरण) "परीतो षिञ्चत।"[क]

ततोऽपरे संध्यमवेक्ष्य कारणं
तदर्थजं द्विक्रममत्र कुर्वते ॥६॥

सू० अ०—इनसे अन्य (आचार्य) संधि से उत्पन्न (ओकार) को ('सिञ्चत' के षत्व' का) कारण देखकर (=मानकर) और (इस ओकार को) उस ('षत्व') के लिये उत्पन्न (मानकर) यहाँ पर दो पदों का क्रम-वर्ग बनाते हैं।

उ० भा०—**ततः**=तेभ्यः; **अपरे** आचार्या अस्यामवस्थायाम्; **संध्यम्**=संधिजम्; **कारणमवेक्ष्य**। किं कारणम्? "इतो षिञ्चत"[२] इत्योत्वनिपातनम्। **तदर्थजम् एव**=षत्वार्थमेव; ओत्वं मन्यमाना **द्विक्रममत्र कुर्वते**। "परीतः। इतो षिञ्चत॥"[३]

उ० भा० अ०—**ततोऽपरे**=(पूर्ववर्ती सूत्र में निर्दिष्ट मत को मानने वाले) इन आचार्यों से दूसरे आचार्य; इस अवस्था में; **संध्यम्**=संधि से उत्पन्न को; **कारणमवेक्ष्य**=कारण देखकर (मानकर)। क्या कारण है? (उत्तर) 'इतो षिञ्चत"

टि० (क) परीतो षिञ्चत॥ सं० पा॥ परि। इतः। षिञ्चत॥ प० पा०
परीतो षिञ्चत॥ क्र० पा०
'षिञ्चत' में जो 'मूर्धन्यभाव' हुआ है उसका निमित्त परि का रेफ है। यदि 'इतः' के द्वारा क्रम-वर्ग का अवसान कर दिया जाये तो निमित्त से पृथक् हो जाने के कारण 'षिञ्चत' में 'मूर्धन्यभाव' नहीं होगा। किंतु आर्षी संहिता में 'मूर्धन्यभाव' दृष्ट है। आर्षी संहिता में दृष्ट 'मूर्धन्यभाव' की सिद्धि (रक्षा) के लिए 'इतः' को क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है।

---

[१] ऋ० क० ९।१०७।१ [२] ५।१७ [३] ऋ० क० ९।१०७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में ओत्व का निपातन। **तदर्थजम्**=उसके लिय उत्पन्न='षत्व' के लिये ही उत्पन्न; ओत्व को मानते हुये; **द्विक्रममत्र कुर्वते**=यहाँ पर दो पदों का क्रम-वर्ग बनाते हैं।क "परीतः। इतो षिञ्चत।"ख

तमःपरं रेफनिमित्तसंशयात्
तथावरित्येतदपोह्यते पदम् ॥७॥

सू० अ०—रेफ के कारण के विषय में संशय होने से, 'तमः' है बाद में जिसके ऐसे 'आवः' पद का (को) उसी प्रकार अतिक्रमण कर दिया जाता है (=क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है)।

उ० भा०—तमःपरम् आवरित्येतत्पदं तथा। यथा पूर्वोक्तम्। अवसानात्; अपोह्यते=अपनीयते। किं कारणम्? रेफनिमित्तसंशयात्—नहि विज्ञायते पूर्वेण पदान्तेनोत्तरेण वा पदादिना रेफो भवतीति। अत उभयहेतुसंग्रहार्थमपनीयते। "उषा आवर्तमः॥"१

उ० भा० अ०—जिस प्रकार पूर्वोक्त ('इतः' पद को) (क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है); **तमःपरम् आवरित्येतत्पदं तथा**=उसी प्रकार 'तमः' है बाद में जिसके ऐसे 'आवः' पद को; अवसान से; **अपोह्यते**=हटा दिया जाता है (अर्थात् क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है)। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) रेफ के कारण के विषय में संशय होने से—क्योंकि यह ज्ञात नहीं होता है कि पूर्ववर्ती पदान्त ('आवः' के विसर्जनीय) के कारण रेफ होता है अथवा परवर्ती पदादि ('तमः' के तकार) के कारण। इसलिये (रेफ के) दोनों हेतुओं के संग्रह के लिये ('आवः' अवसान से) हटा दिया जाता है। (उदाहरण) "उषा आवर्तमः।"ग

टि० (क) पूर्ववर्ती सूत्र के अनुसार 'परि' के रेफ के कारण 'सिञ्चत' का सकार षकार होता है। अतः निमित्त और नैमित्तिक को साथ रखने के लिये यहाँ तीन पदों का क्रम-वर्ग बनाया जाता है। अन्य आचार्यों का यह मत है कि (१) 'सिञ्चत' का सकार 'इतो' के ओकार के कारण षकार होता है और (२) 'सिञ्चत' के सकार को षकार बनाने के लिये ही 'इतः' का विसर्जनीय ५।१७ के अनुसार निपातन से ओकार होता है।

(ख) परीतो षिञ्चत ॥म० पा०॥ परि। इतः। सिञ्चत॥ प० पा०
परीतः। **इतो** षिञ्चत॥ क्र० पा०

(ग) उषा आवर्तमः॥ म० पा०॥ उषाः। आवरित्यावः। तमः॥ प० पा०
उषा **आव**र्तमः॥ क्र० पा०॥

रेफ के निमित्त के विषय में संशय होने के कारण यहाँ तीन पदों का क्रम-वर्ग बना है जिससे निमित्त और नैमित्तिक साथ-साथ रह सकें।

---

१ ऋ० क्र० १।९२।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अदो पितो सो चिदुषर्वसूयवो
न धक्षि धुक्षीत्यपि चातियन्ति किम् ॥८॥

सू० अ०—(यदि ऐसी बात है तो) 'अदो पितो', 'सो चित्', 'उषर्वसूयवः' (इन द्वैपदों के प्रथम पदों) का और 'धक्षि' तथा 'धुक्षि' का भी अतिक्रमण क्यों नहीं करते हैं ?

उ० भा०—यद्यावरित्येतत्पदं रेफनिमित्तसंशयादनवसानीयं भवति, सांशयिकनिमित्तानि अदो पितो सो चित् उषर्वसूयवः इतीमानि पदानि धक्षि धुक्षि; इत्यपि = इत्येतौ च प्रवादौ; किं कारणं नातियन्ति ? इमान्यपि हि तेन तुल्यानि। सत्यम्। क्रमशास्त्रेऽनवसानीयेऽननुगृहीतानीमानि। तस्मान्नातियन्ति। तत्र गृहीतानामिह हेतुरुच्यते ॥

उ० भा० अ०—(पू०) यदि 'आवः' यह पद रेफ के कारण के विषय में संशय होने से (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं रखा जाता है तो संशय से युक्त कारण वाले **'अदो पितो', 'सो चित्'** और **'उषर्वसूयवः'** इन पदों को = इन द्वैपदों के (पूर्ववर्ती पदों का) तथा **'धक्षि'** और **'धुक्षि'**; **इत्यपि** = इनके (= इन धातुओं के) सभी रूपों का (को); **किम्** = किस कारण से; **नातियन्ति** = अतिक्रमण नहीं करते हैं।[क] ये भी उसी (आवर्तमः) के तुल्य हैं। (सि०) सच कहते हो (कि आवर्तमः' के समान इनके निमित्त के विषय में भी संशय है) किंतु क्रम-शास्त्र (= दशम पटल) में अवसान में न आने वालों में (इन 'अदो पितो' आदि स्थलों का) ग्रहण नहीं किया गया है। वहाँ (= दशम पटल में) जिनका ग्रहण किया गया है उनका ही यहाँ हेतु (= कारण) बतलाया गया है।

स्वसारमित्येतदपोद्यते पदं
परः सकारोपजनोऽस्कृतेति च।
निरस्कृतेति ह्युपसर्गकारित-
स्तदन्वयादाचरितं तु पञ्चभिः ॥९॥

सू० अ०—'स्वसारम्' यह पद (क्रम-वर्ग के अवसान से) हटा दिया जाता है और 'अस्कृत' यह (परवर्ती पद) भी (हटा दिया जाता है)। यतः 'निरस्कृत' में सकार का आगम ('निर') उपसर्ग के कारण हुआ है, अतः उस (उपसर्ग) के सम्बन्ध (अन्वय) के कारण पाँच (पदों) से (क्रम-वर्ग) बनाया गया है।

उ० भा०—स्वसारमित्येतत्पदम् अवसानात् अपोद्यते। अस्कृतेति च परं पदमपोद्यते। किं कारणम् ? परः सकारोपजनः = सकारागमः—इत्यर्थः। निरस्कृतेत्युपसर्ग-कारितः। तदन्वयात् = उपसर्गान्वयात्; पञ्चभिः एव पदैः आचरितं क्रमं विद्यात्। आचार्यैः। 'निरु स्वसारमस्कृतोषसम् ॥'[१]

टि० (क) "अदो पितो" के लिए ४।४०; "सो चित्' के लिए ४।९४; "उषर्वसूयवः" के लिए ४।४० और 'धक्षि' तथा धुक्षि' के लिए ४।९८ को देखिए।

---

[१] ऋ० क० १०।१२७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**स्वसारमित्येतत्पदम्**='स्वसारम्'—यह पद; (क्रम-वर्ग के) अवसान में (से) **अपोह्यते**=नहीं रहने दिया जाता है। **अकृतेति च**='अकृत'—यह परवर्ती पद भी (क्रम-वर्ग के) अवसान में (से) नहीं रहने दिया जाता है। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) **परः सकारोपजनः**=सकार का आगम—यह अर्थ है। **निरस्कृतेत्युपसर्गकारितः**='अस्कृत' में सकार का आगम 'निर्' उपसर्ग के कारण हुआ है। **तदन्वयात्**=उसके संबन्ध के कारण से=उपसर्ग के संबन्ध के कारण से; **पञ्चभिः**=पाँच पदों से; **आचरितम्**=बनाया गया; क्रम(-वर्ग) जानना चाहिये। आचार्यों के द्वारा। (उदाहरण) "निरु स्वसारमस्कृतोषसम्।"[क]

सहेति चेमेति च रक्तसंहितं
गुणागमादेतनभावि चेतन।
पदं च चास्कम्भ चिदित्यतः परं
प्लुतादि चैतानि निमित्तसंशयात् ॥१०॥

सू० अ०—(१) 'इति' के साथ 'ईम्', (२) आनुनासिक्य से युक्त 'आ' (३) गुण स्वर (ए) के आ जाने से 'एतन' हो जाने वाला 'इतन', (४) 'चास्कम्भ चित्'—इससे बाद वाला पद और (५) 'दीर्घ' हो गया है आदि (=प्रथम 'अक्षर') जिसका वह (पद)—ये भी (क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं आते हैं) क्योंकि इनके (विकारों) के कारण (निमित्त) के विषय में संशय है।

उ० भा०—सहेति चेम्—इतिकरणयुक्तमीमित्येतत्पदं लुप्तमकारमनवसानीयं भवति। किं कारणम्? निमित्तसंशयात्—न हि विज्ञायते पूर्वेण वा पदान्तेनोत्तरेण वा पदादिना मकारस्य लोपो भवतीति। अत उभयहेतुसंग्रहार्थमतीयते। "यमी गर्भम्।"[१]

उ० भा० अ०—**सहेति चेम्**='इति' शब्द से युक्त 'ईम्' (संहिता-पाठ में) जब 'ईम्' का मकार लुप्त हो जाता है तभी वह (पद-पाठ में) 'इति' शब्द से युक्त होता है; (ऐसा 'ईम्' पद क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं रखा जाता है। इसका क्या कारण है? (उत्तर) **निमित्तसंशयात्**=कारण के विषय में संशय होने से—क्योंकि यह ज्ञात नहीं होता है कि पूर्ववर्ती पदान्त के द्वारा अथवा परवर्ती पदादि के द्वारा मकार का लोप होता है।

टि० (क) निरु स्वसारमस्कृतोषसम्॥ सं० पा०॥
निः। ऊँ इति। स्वसारम्। अकृत। उषसम्॥ प० पा०
निरु **स्वसारमस्कृतोषसम्॥** क्र० पा०
'निर्' उपसर्ग के कारण 'अकृतम्' में सकार का आगम होकर 'अस्कृतम्' रूप बना है। निमित्त (निर्) और नैमित्तिक ('अस्कृतम्' के सकार) को साथ-साथ रखने के लिये यहाँ पाँच पदों का एक क्रम-वर्ग बनाया गया है।

---

१ ऋ० क्र० ९।१०२।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसलिये दोनों हेतुओं के संग्रह के लिय अतिक्रमण किया जाता है। (उदाहरण) "यमी गर्भम्।"क

उ० भा०—एति च रक्तसंहितम्—आ इत्येतत्पदं रक्तसंहितं यत्तदनवसानीयं भवति। किं कारणम्? निमित्तसंशयात्—न ज्ञायते पूर्वेण वा पदान्तेनोत्तरेण वा पदादिना आकारस्य रागो भवतीति। अत उभयहेतुसग्रहार्थम्। "अभ्र आँ अपः।"१

उ० भा० अ०—**एति च रक्तसंहितम्**—अनुनासिकता से युक्त (अर्थात् 'अनुनासिक') 'आ' यह पद भी (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं रखा जाता है। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) कारण के विषय में संशय होने से—यह ज्ञात नहीं होता है कि पूर्ववर्ती पदान्त के द्वारा अथवा परवर्ती पदादि के द्वारा आकार की अनुनासिकता होती है। इसलिये दोनों (सांशयिक) हेतुओं के संग्रह के लिये ('अनुनासिक' आकार=आँ अवसान में नहीं रखा जाता है)। (उदाहरण) "अभ्र आँ अपः।"ख

उ० भा०—गुणागमादेतनभावि चेतन—गुणागमात्=एकारागमात्; एतनभूतम् इतन इत्येतत्पदमनवसानीयं भवति। किं कारणम्? न ज्ञायते पूर्वेण वा पदान्तेनोत्तरेण वा पदादिना एकारो गुणागमो भवतीति। अत उभयगतः संशयः—"वीरास एतन मर्यासः।"२

उ० भा० अ०—**गुणागमादेतनभावि चेतन**—गुणागमात्=गुण का आगम होने से=एकार का आगम होने से; 'एतन' को प्राप्त 'इतन'—यह पद क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) यह ज्ञात नहीं होता है कि पूर्ववर्ती पदान्त के द्वारा अथवा परवर्ती पदादि के द्वारा एकाररूप गुणागम होता है। इसलिये दोनों के विषय में संशय है (इससे दोनों सांशयिक हेतुओं के संग्रह के लिये 'एतन' को अवसान में नहीं रखा जाता है)। (उदाहरण) "वीरास एतन मर्यासः।"ग

टि० (क) यमी गर्भम्॥ सं० पा०॥ यम्। ईमिति। गर्भम्॥ प० पा०
यमी गर्भम्॥ क्र० पा०
यहाँ 'ईम्' के मकार का लोप ४।८३ से हुआ है। पद-पाठ में इस 'ईम्' के साथ 'इति' का प्रयोग हुआ है। मकार के लोप का कारण पूर्ववर्ती पदान्त ('यम्' का मकार) है अथवा परवर्ती पदादि (='गर्भम्' का गकार) है—यह निश्चय न होने से यहाँ तीन पदों का क्रम-वर्ग बनाया जाता है। इससे निमित्त और नैमित्तिक साथ-साथ रहते हैं।

(ख) अभ्र आँ अपः॥ सं० पा०॥ अभ्रे। आ। अपः॥ प० पा०॥
अभ्र आँ अपः॥ क्र० पा०
आँ के अनुनासिक्य के निमित्त के विषय में संशय होनें से यहाँ तीन पदों का एक क्रम-वर्ग बनता है जिससे निमित्त और नैमित्तिक साथ-साथ रह सकें।

(ग) वीरास एतन मर्यासः॥ सं० पा०॥ वीरासः। इतन। मर्यासः॥ प० पा०
वीरास **एतन** मर्यासः॥ क्र० पा०

---

१ ऋ० क्र० ५।४८।१ २ ऋ० क्र० ५।६१।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—पदं च चास्कम्भ चिदित्यतः परम्—चास्कम्भ चित् इत्यस्माद् द्वैपदात्परं स्कम्भनेन इति च पदमनवसानीयम्। किं कारणम्? केन निमित्तेन सकारस्य लोपो भवतीत्युभयगतः संशयः। "चित्कम्भनेन स्कभीयान्।"[१]

प्लुतादि च—प्लुतादि च एदं योनिमारैक् इत्येवमाद्यनवसानीयं भवति। "प्लुतादि-प्रभृतीनि च"[२] इत्यत्र गतम्। "योनिमारैगप।"[३] अत्र आकारागमः पूर्ववत्संशयितः॥

उ० भा० अ०—पदं च चास्कम्भ चिदित्यतः परम्="चास्कम्भ चित्"—इस द्वैपद से परवर्ती 'स्कम्भनेन' यह पद; (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं रखा जाता है। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) (पूर्ववर्ती पदान्त तथा परवर्ती पदादि—इनमें से) किस कारण से सकार का लोप होता है—यह दोनों के विषय में संशय है (इसलिये दोनों सांशयिक हेतुओं के संग्रह के लिये 'स्कम्भनेन' पद को क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है)। (उदाहरण) "चित्कम्भनेन स्कभीयान्।"[क]

प्लुतादि च='दीर्घ' हो गया है प्रथम 'अक्षर' जिसका वह; "योनिमारैक्" इत्यादि पद भी (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं रखा जाता है: "प्लुतादि (='दीर्घ' हो गये हैं आदि 'स्वर'-वर्ण जिनके) प्रभृति का अतिक्रमण करके (क्रम-वर्ग का) अवसान करते हैं" इससे कहा जा चुका है। (उदाहरण) "योनिमारैगप"[ख]—यहाँ आकार रूप आगम के विषय में पूर्ववत् संशय है (इसलिये दोनों सांशयिक हेतुओं के संग्रह के लिये 'आरैक्' क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है)।

द्व्यभिक्रमं पूर्वनिमित्तमानिनस्
त्रिषूत्तमेष्वाहुरनन्तरं हि तत् ॥११॥

सू० अ०—पूर्वपद को (विकार का) निमित्त मानने वाले लोग कहते हैं कि अन्तिम तीन स्थलों पर दो-दो पदों के क्रम-वर्ग बनाने चाहिये क्योंकि वह (पूर्वपद) तुरन्त पूर्व में है।

उ० भा०—(द्व्यभिक्रमम्=) द्वाभ्यां पदाभ्यामभिक्रमम्; इच्छन्ति उत्तमेषु त्रिषु निमित्तसंशयेषु। (पूर्वनिमित्तमानिनः=) अनवसानीयात्पूर्वं पदं निमित्तं मन्यन्ते। किं कारणम्? अनन्तरं हि तत् पूर्वं पदं गुणागमः सकारलोपश्च दीर्घत्वं चैषां त्रयाणां भवतीति। "वीरास एतन।"[४] "चित्कम्भनेन।"[५] "योनिमारैक्।"[६]

टि० (क) (चास्कम्भ) चित्कम्भनेन स्कभीयान्॥ सं० पा०॥ चित्। स्कम्भनेन। स्कभीयान्॥ प० पा०॥ चित्कम्भनेन स्कभीयान्॥ क्र० पा०

सकार का लोप ४।२१ के अनुसार निपातन से हुआ है।

(ख) योनिमारैगप॥ सं० पा०॥ योनिम्। अरैक्। अप॥ प० पा०

योनिमारैगप॥ क्र० पा०

'अरैक्' का अकार २।७५ के अनुसार निपातन से आकार हुआ है।

---

[१] ऋ० क्र० १०।१११।५ [२] १०।४ [३] ऋ० क्र० १।१२४।८
[४] ऋ० क्र० ५।६१।४ [५] ऋ० क्र० १०।१११।५ [६] ऋ० क्र० १।१२४।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—संशय से युक्त हैं निमित्त जिनके ऐसे; **उत्तमेषु त्रिषु**=अन्तिम तीन (="वीरास एतन मर्यासः" "चित्कम्भनेन स्कभीयान्". "योनिमारैगप") में; **(द्वयभिक्रमम्=)** दो-दो पदों से क्रम-वर्ग बनाना; अभीष्ट मानते हैं। **(पूर्वनिमित्त-मानिनः=)** अवसान में न आने वाले पद से पूर्ववर्ती पद को निमित्त मानते हैं। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) गुणागम, सकारलोप और दीर्घत्व—इन तीनों का जो पूर्ववर्ती पद है; **अनन्तरं हि तत्**=वह (इन तीनों के) तुरन्त समीप में है=मध्य में कोई व्यवधान नहीं है।[क] (उदाहरण) "वीरास एतन।"[ख] "चित्कम्भनेन।"[ग] "योनिमारैक्।"[घ]

अनन्तरं त्वेव चतुर्थषष्ठयोः
परं कथं तत्र च न द्वयभिक्रमम् ॥१२॥

सू० अ०—चतुथ और षष्ठ (स्थलों) में तो परवर्ती (पद) निश्चय ही तुरन्त समीप में है—वहाँ पर दो-दो पदों के क्रम-वर्ग क्यों नहीं बनाते हैं?

उ० भा०—**अनन्तरम्; तु**=पुनः; **चतुर्थषष्ठयोः** अनवसानीययोः—"उषा आवर्तमः"[1]; "यमी गर्भम्"[2]—इत्येतयोः **परं** पदं निमित्तं भवितुमर्हति। पूर्वनिमित्तमानिनां हेतुसामान्यात् **कथं तत्र च** ते पूर्वनिमित्तमानिनो **द्वयभिक्रमं न** कुर्वन्त्येवं स्थितेऽपि। यदि चतुर्थषष्ठयोर्द्वयभिक्रमं न कुर्वन्ति त्रिषूत्तमेष्वपि न कर्तव्यम्। अथोत्तमेषु कुर्वन्ति चतुर्थषष्ठयोरपि कर्तव्यम्, उभयत्रापि हि विकारहेतुरानन्तर्यमेव॥

उ० भा० अ०—"उषा आवर्तमः" और "यमी गर्भम्"—इन दो; **चतुर्थषष्ठयोः**=चतुर्थ (देखिये ११।७) और षष्ठ (देखिये ११।१०) स्थलों पर; अवसान में न आने वाले ('आवः' और 'ईम्') के; **परम्**=परवर्ती; पद ('तमः' और 'गर्भम्'); **अनन्तरं तु**=तुरन्त समीप में हैं; (अतः ये परवर्ती पद विकार का) निमित्त होने में सर्वथा समर्थ हैं क्योंकि पूर्ववर्ती पद को निमित्त मानने वालों के हेतु के यह समान है। ऐसी वस्तु-स्थिति होने पर भी पूर्ववर्ती (पद) को निमित्त मानने वाले लोग; **तत्र**=वहाँ पर (=चतुर्थ और षष्ठ स्थलों में) **द्वयभिक्रमम्**=दो-दो पदों के क्रम-वर्ग; **कथम् न**=क्यों नहीं बनाते हैं? यदि चतुथ

टि० (क) इन आचार्यों का मत है कि "वीरास एतन", "चित्कम्भनेन" और "योनिमारैक्" में जो क्रमशः गुणागम, सकारलोप और दीर्घत्व हुआ है उसके निमित्त के विषय में कोई संशय नहीं है। अव्यवहित पूर्ववर्ती पदों के कारण ही इन स्थलों पर (क्रमशः २।७२, ४।२१ और २।७५ से) निर्दिष्ट विकार हुए हैं। निमित्त के विषय में संशय न होने से यहाँ दो-दो पदों का एक-एक क्रम-वर्ग बनाना ही उचित है।

(ख) वीरास एतन॥ सं० पा०॥ वीरासः। इतन॥ प० पा०॥ वीरास एतन॥ क्र० पा०

(ग) चित्कम्भनेन॥ सं० पा०॥ चित्। स्कम्भनेन॥ प० पा०॥ चित्कम्भनेन॥ क्र० पा०

(घ) योनिमारैक्॥ सं० पा०॥ योनिम्। अरैक्॥ प० पा०॥ योनिमारैक्॥ क्र० पा०

---

[1] ऋ० क्र० १।९२।४ [2] ऋ० क्र० ९।१०२।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और षष्ठ (स्थलों) में दो-दो पदों के क्रम-वर्ग नहीं बनाते हैं तो अन्तिम तीन में भी (दो-दो पदों के क्रम-वर्ग) नहीं बनाने चाहिये। यदि अन्तिम (तीन) में (दो-दो पदों के क्रम-वर्ग) बनाते हैं तो चतुर्थ और षष्ठ में भी (दो-दो पदों के क्रम-वर्ग) बनाने चाहिये क्योंकि दोनों ही स्थलों पर विकार का हेतु आनन्तर्य ही है।

अनानुपूर्व्ये पदसंध्यदर्शनात्
पदव्यवेतं च पदं व्यवायि च ॥१३॥

सू० अ०—अनानुपूर्वी संहिता में (अन्य) पद के द्वारा पृथक् किया गया (पद) और पृथक् करने वाला (पद) (ये दोनों पद क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखे जाते हैं) क्योंकि (ऐसा न करने पर) इन दोनों पदों की संधि दिखलाई नहीं देगी।

उ० भा०—(अनानुपूर्व्ये=) अनानुपूर्व्यसंहिते; क्रमे क्रियमाणे; (पदव्यवेतम्=) पदेन यद्व्यवेतम्; यत् च (पदम्) (व्यवायि=) व्यवैति—ते उभे अनवसानीये भवतः। किं कारणम्? पदसंध्यदर्शनात्। शुनःशेपम् चित् इत्येतयोः पदयोरन्योन्येन सह संधिरदृष्टो भवति। "शुनश्चिच्छेपं निदितम् ॥"[१]

उ० भा० अ०—(अनानुपूर्व्ये=) अनानुपूर्वी संहिता[क] में; क्रम-वर्ग बनाते समय; (पदव्यवेतम्=) (अन्य) पद के द्वारा जो पृथक् किया जाता है और जो (पदम्=पद) (व्यवायि=) पृथक् करता है—वे दोनों (क्रम-वर्ग के) अवसान में नहीं रखे जाते हैं। (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) पदसंध्यदर्शनात्= पदों की संधि दिखलाई न पड़ने से। 'शुनःशेपम्' और 'चित्'—इन दोनों की एक दूसरे के साथ संधि—दिखलाई नहीं पड़ती है। (उदाहरण) "शुनश्चिच्छेपं निदितम्।"[ख]

ततोऽपरे द्विक्रममाहुराश्रयात्
कृताविलुप्तात्र हि वर्णसंहिता ॥१४॥

सू० अ०—इनसे अन्य (आचार्य) दो-दो (पदों) के क्रम-वर्गों को मानते हैं क्योंकि यहाँ नियम के अनुसार वर्णों की संहिता होती है जिससे (संहिता) लुप्त नहीं होती है।

टि० (क) अनानुपूर्वी संहिता के लिये २।७८ को देखिये।

(ख) शुनश्चिच्छेपं निदितम् ॥ सं० पा० ॥ शुनःश्शेपम्। चित्। निदितम् ॥ प० पा० शुनश्चिच्छेपं निदितम् ॥ क्र० पा०

यदि दो-दो पदों के क्रम-वर्ग बनाये जावें तो संहिता-पाठ में दिखलाई पड़ने वाली संधि (मेल) क्रम-पाठ में दिखलाई नहीं देगी। इससे आर्षी संहिता का लोप हो जायेगा।

---

१ ऋ० क्र० ५।२।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**ततोऽपरे** आचार्या अस्यामवस्थायां द्विक्रमम् ; (**आहुः**=) इच्छन्ति । किं कारणम् ? **आश्रयात्**=लक्षणात्; कृता हि अत्र; (**अविलुप्ता**=) अविलोपेन; (**वर्ण-संहिता**=) वर्णानां वर्णैः सह संहिता; भवतीति । शुन इत्यत्र विसर्जनीयश्चिदिति प्रत्यये—"अघोषे रेफ्यरेफी चोष्माणं स्पर्श उत्तरे"[१] इति शकारमापन्नः । चिदित्यत्र तकारः शेप-प्रत्यये—"तालव्येऽघोष उदये चकारम्"[२] इति चकारमापन्नः । "सर्वैः प्रथमैरुपधीयमानः शकारः शाकल्यपितुश्छकारम्"[३] इति शकारश् छकारमापन्नः । शेपमित्यत्र मकारः पदान्ते वर्तमानो नकारे प्रत्यये—"विस्थाने स्पर्श उदय मकारः सर्वेषामेवोदयस्योत्तमं स्वम्"[४] इति नकारमापन्नः । "शुनश्चित् । चिच्छेपम् । शेपन्निदितम् ॥"[५]

उ० भा० अ०—**ततोऽपरे**=इनसे अन्य आचार्य; इस अवस्था में; **द्विक्रमम्**= दो-दो पदों के क्रम-वर्गों को; (**आहुः**=कहते हैं=) अभीष्ट मानते हैं । (इसका) क्या कारण है ? (उत्तर) क्योंकि; **अत्र**=यहाँ पर (**वर्ण-संहिता**=) वर्णों की वर्णों के साथ संहिता; **आश्रयात्**=लक्षण के अनुसार; **कृता**=की जाने पर; (**अविलुप्ता**=) बिना किसी लोप के; हो जाती है ।[क] जैसे—'शुनः'-इसका विसर्जनीय, 'चित्' बाद में होने पर, "'अघोष' ('स्पर्श') बाद में हो तो रिफित या अरिफित विसर्जनीय (उस बाद वाले 'अघोष' 'स्पर्श' के समान स्थान वाला) 'ऊष्म'-वर्ण हो जाता है"—इस सूत्र से शकार हो जाता है । 'चित्' का तकार, 'शेप' बाद में होने पर, "'अघोष' 'तालव्य' बाद में हो तो (तकार) चकार हो जाता है"—इस (सूत्र) से चकार हो जाता है । "शाकल्य के पिता के मत से सभी प्रथम 'स्पर्श'-वर्णों से बाद में आने वाला शकार छकार हो जाता है"—इस (सूत्र) के अनुसार शकार छकार हो जाता है । पद के अन्त में विद्यमान 'शेपम्' का मकार, नकार बाद में होने पर, "अन्य 'स्थान' वाला 'स्पर्श' बाद में हो तो मकार सभी (आचार्यों) के (मत से) परवर्ती ('स्पर्श') का अपना पञ्चम 'स्पर्श' (हो जाता है)"—इस (सूत्र) से नकार हो जाता है । (उदाहरण) "शुनश्चित् । चिच्छेपम् । शेपन्निदितम् ।"[ख]

पदानुपूर्व्येण सपूर्व आ ततस्
ततो व्यवेतं च सह व्यवायि च ॥१५॥

सू० अ०—पूर्वसहित ('अनानुपूर्वी संहिता') में उस ('अनानुपूर्वी संहिता') तक ('क्रम' पूर्ववर्ती) पदों के आनुपूर्व्य से (साधारण नियम के अनुसार होता है) । तदनन्तर पृथक् किया गया पद और पृथक् करने वाला पद—ये दोनों (अपने पूर्ववर्ती और परवर्ती पदों के साथ) साथ-साथ (एक क्रम-वर्ग में रखे जाते हैं) ।

टि० (क) इन आचार्यों का मत है कि यहाँ दो-दो पदों के क्रम-वर्ग बनाने पर भी वर्णों की वर्णों के साथ संहिता नियमों के अनुसार हो जाती है । इससे अविलुप्त संहिता का लोप नहीं होता है ।

(ख) शुनश्चिच्छेपं निदितम् ॥ सं० पा० ॥ शुनःऽशेपम् । चित् । निदितम् ॥ प० पा० शुनश्चित् । चिच्छेपम् । शेपन्निदितम् ॥ क्र० पा०

---

१ ४।३१ २ ४।११ ३ ४।४
४ ४।६ ५ ऋ० क्र० ५।२।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—(पदानुपूर्व्येण=) पदानामानुपूर्व्येण; सपूर्वे=विद्यमानपूर्वे; अनानुपूर्व्यसंहितेऽर्धर्चस्य पूर्वे द्वैपदशः क्रमो वक्तव्यः; आ ततः=अनानुपूर्व्यसंहितायाः। "द्वा जना। जना यातयन्। यातयन्नन्तः। अन्तरीयते।"[१] किमर्थमिदमुच्यते? ननु—"क्रमो द्वाभ्यामभिक्रम्य"[२] इत्येव सिद्धम्। न सिद्ध्यति। ईयत इत्येतस्य नरा इत्येतेन पदैकदेशेन सह संधिर्दृष्टः। नराशंसमित्येतेन पदेन सह संधिरदृष्टः। तदा पदसंध्यदर्शनादीयत इत्येतस्यापि पदस्यानवसानीयता प्राप्नोति। सा मा भूदित्युच्यते।

ततो व्यवेतं च पदम्; (व्यवायि च=) यच्च व्यवैति ते उभे सह वक्तव्ये। केन सह? ईयते दैव्यम् इत्येताभ्यां सह। "ईयते नरा च शंसं दैव्यम्।"[३] एवमेके।

उ० भा० अ०—सपूर्व=जिसके पूर्व में कोई पद विद्यमान है[क]; ऐसी उस 'अनानुपूर्वी संहिता' में, अर्धर्च के पूर्व (पाद) में; आ ततः=उस तक='अनानुपूर्वी संहिता' तक; (पदानुपूर्व्येण=) (क्रम-पाठके सामान्य नियम के अनुसार) पदों के आनुपूर्व्य से; 'क्रम' को कहना चाहिए। (उदाहरण) "द्वा जना। जना यातयन्। यातयन्नन्तः। अन्तरीयते।" (पू०) यह किसलिए कहते हो? क्योंकि "दो पदों से प्रारम्भ करके (इसके आगे दो-दो पदों से) क्रम (-पाठ) (का संपादन करना चाहिए)"—इससे ही यह सिद्ध है। (सि०) सिद्ध नहीं होता है। 'ईयते'—इस (पद) की ('नराशंसम्' पद के) के एक भाग (देश) 'नरा' इसके साथ संधि दृष्ट है, (किंतु) 'नराशंसम्'—इस पद के साथ संधि अदृष्ट है। इस अवस्था में पदों की संधि दिखलाई न पड़ने से ईयते' पद का क्रम-वर्ग के अन्त में न आना प्राप्त होता है। वह मत होवे—इसलिए यह कहा गया है।

ततो व्यवेतं च=तदनन्तर पृथक् किया गया पद; (व्यवायि च=) और पृथक् करने वाला (पद)—इन दोनों का (को); सह=साथ में; उच्चारण करना चाहिए। किसके साथ में? (उत्तर) 'ईयते' और 'दैव्यम्' इन दो—(पदों) के साथ में।[क] (उदाहरण) "ईयते नरा च शंसं दैव्यम्।"[ख] इस प्रकार कतिपय आचार्य (व्याख्या) करते हैं।

उ० भा० अपरे पुनरन्यथा। ईयत इत्येतस्यानवसानीयता नैव प्राप्नोति। कथम्? पदैकदेशेन वा कृत्स्नेन वा पदसंधिर्दृष्टो भवतीति। किमर्थं तर्हीदमुच्यते? "ततो व्यवेतं च सह व्यवायि च" इत्येवमाद्यपूर्वविधिः। स चानुक्तः पुनरुच्यते॥

टि० (क) जिस 'अनानुपूर्वी संहिता' के पूर्व में कोई पद विद्यमान हो उसमें (१) उस 'अनानुपूर्वी संहिता' के पहले तक पदों के क्रम से दो-दो पदों के क्रम-वर्ग बनाने चाहिए। इसके बाद (२) अन्य पद के द्वारा पृथक् किये गये पद और पृथक् करने वाले पद—इन दोनों को इनके पूर्ववर्ती तथा परवर्ती पदों के साथ एक ही क्रम-वर्ग में रख देना चाहिए। इस प्रकार यहाँ पर चार पदों का एक क्रम-वर्ग बनता है।

(ख) द्वा जना यातयन्नन्तरीयते नरा च शंसं दैव्यम्॥ सं० पा०
द्वा। जना। यातयन्। अन्तः। ईयते। नराशंसम्। च। दैव्यम्॥ प० पा०
द्वा जना। जना यातयन्। यातयन्नन्तः। अन्तरीयते। ईयते नरा च शंसं दैव्यम्॥ क्र० पा०

---

[१] ऋ० क्र० ९।८६।४२ [२] १०।१-२ [३] ऋ० क्र० ९।८६।४२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—दूसरे (आचार्य) अन्य प्रकार से (व्याख्या) करते हैं। (उनका कहना है कि) 'ईयते' का क्रम-वर्ग के अवसान में न आना प्राप्त नहीं होता है। कैसे (प्राप्त नहीं होता है)? (उत्तर) पद के एक भाग (देश) के साथ अथवा सम्पूर्ण (पद) के साथ पद-संधि दिखलाई देती है। तब यह (सूत्र) किस लिए कहा गया है? (उत्तर) "तदनन्तर पृथक् होने वाला (पद) और पृथक् करने वाला (पद)—इन दोनों का साथ में"—इत्यादि अपूर्व विधि है। वह (विधि) कही नहीं गई है, इसलिए पुनः कथन किया गया है।

ततो निराहेतरयोश्च ते पदे
ततोऽव्यवेतेन परस्य संहिता ॥१६॥

सू० अ०—तदनन्तर (क्रम-वक्ता) इन दोनों (पृथक्-भूत और पृथक् करने वाले) पदों का पुनः उच्चारण करता है (अर्थात् इनका 'परिग्रह' करता है); अन्य दो (स्थलों=जहाँ पर 'अनानुपूर्वी संहिता' के पूर्व में कोई पद नहीं होता है) पर भी (ऐसा ही किया जाता है)। तब पृथक् न किये गये (पद) के साथ परवर्ती पद की संहिता (करनी चाहिये)।

उ० भा०—**ततोऽस्यामवस्थायाम्; निराह** वक्ता=परिग्रहेण योजयति इत्यर्थः। **ते पदे**। कतरे? व्यवेतं च यच्च व्यवैति। "नराशंसमिति नराशंसम्। चेति च।"[१] **इतरयोश्च**। कतरयोः? अविद्यमानपूर्वयोस्ते पदे निराह। "शुनश्चिच्छेपं निदितम्। शुनःशेपमिति शुनःऽशेपम्। चिदिति चित्।"[२] "नरा वा शंसं पूषणम्। नराशंसमिति नराशंसम्। वेति वा।"[३] **ततोऽव्यवेतेन** पदेन परस्य संहिता कर्तव्या—"दैव्यं च।"[४] "निदितं सहस्रात्।"[५] "पूषणमगोह्यम्।"[६] असंदिग्धार्थमिदमाचार्येण विस्तरेणोक्तम्॥

उ० भा० अ०—**ततः**=इसके बाद में; ऐसा हो जाने पर (=पूर्व सूत्र के अनुसार पृथक् किए गए और पृथक् करने वाले पदों का उनके पूर्ववर्ती तथा परवर्ती पदों के साथ एक क्रम-वर्ग में सहोच्चारण हो जाने पर); (क्रम-) पाठी; **ते पदे**=उन दो पदों का (को); **निराह**=पुनः उच्चारण करता है='परिग्रह' से युक्त कर देता है—यह अर्थ है। किन दो (पदों) को? (उत्तर) पृथक् किये गये (पद) को और पृथक् करने वाले पद को। (उदाहरण) "नराशंसमिति नराशंसम्। चेति च।"[क] **इतरयोश्च**=अन्य दो में भी। किन दो में? (उत्तर) जिनके पूर्व में (कोई पद) विद्यमान नहीं है उन दो (अनानुपूर्वी संहिताओं में) भी—उन दो पदों का पुनः उच्चारण करता है। (उदाहरण) "शुनश्चिच्छेपं निदितम्। शुनःशेपमिति शुनःऽशेपम्। चिदिति चित्।"[ख] "नरा वा शंसं पूषणम्। नरा-

टि० (क) ईयते नरा च शंसं दैव्यं च॥ सं० पा०
ईयते। नराशंसम्। च। दैव्यम्। च॥ प० पा०
ईयते नरा च शंसं दैव्यम्। नराशंसमिति नराशंसम्। चेति च। दैव्यं च॥ क० पा०

---

१ ऋ० क० ९।८६।४२ २ ऋ० क० ५।२।७ ३ ऋ० क० १०।६४।३
४ ऋ० क० ९।८६।४२ ५ ऋ० क० ५।२।७ ६ ऋ० क० १०।६४।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शंसमिति नराशंसम् । वेति वा ।"क **ततोऽव्यवेतेन**=तदनन्तर पृथक् न हुए पद के साथ; **परस्य संहिता**=परवर्ती पद की संहिता; करनी चाहिए। (उदाहरण) "दैव्यं च ।" "निदितं सहस्रात् ।" "पूषणमगोह्यम् ।" संदेह न रहे–इसलिये आचार्य (शौनक) ने इसको विस्तार में कहा है ।

अनन्तरे त्रिक्रमकारणे यदि
त्रिभिश्च गार्ग्यः पुनरेव च त्रिभिः ॥१७॥

सू० अ०—यदि (ऐसे दो पद) अव्यवहित रूप से आ जावें, जिन (दो पदों) में से प्रत्येक पद तीन पदों के एक क्रम-वर्ग का कारण हो, (वहाँ) गार्ग्य तीन (पदों) से (एक क्रम-वर्ग को बनाते हैं) और फिर तीन (पदों) से (दूसरा क्रम-वर्ग बनाते हैं) ।

उ० भा०—अनन्तरे=अव्यवहिते; **त्रिक्रमकारणे** द्वे यदि भवतः त्रिभिः पदैरवसानमिच्छत्याचार्यो **गार्ग्यः** । तेषामेव त्रयाणां मध्यमं पदं प्रत्यादाय **पुनरेव च त्रिभिः** । किं कारणम् ? एवमपि निमित्तनिमित्तिनामविलोपो भवतीति । "उदू षु । ऊ षु णः ॥"[1]

उ० भा० अ०—**यदि**=यदि; **त्रिक्रमकारणे**=तीन (पदों) के क्रम-वर्ग के कारणभूत; दो (पद); **अनन्तरे**= अव्यवहित रूप से आ जावें तो; **गार्ग्यः**=गार्ग्य आचार्य; **त्रिभिः**=तीन (पदों) से; (एक क्रम-वर्ग का) अवसान करना चाहते हैं । उन्हीं तीन (पदों) के (क्रम-वर्ग के) मध्यम पद को; **पुनरेव**=पुनः; लेकर; **त्रिभिः**=तीन ही (पदों से अवसान करते हैं) । क्या कारण है ? (उत्तर) इस प्रकार भी निमित्त और नैमित्तिक का विलोप नहीं होता है । (उदाहरण) "उदू षु । ऊ षु णः ।"ख

(६०५ख) शुनश्चिच्छेपं निदितं सहस्रात् ॥ सं० पा०
शुनःऽशेपम् । चित् । निऽदितम् । सहस्रात् ॥ प० पा०
शुनश्चिच्छेपं निदितम् । शुनःशेपमिति शुनःऽशेपम् । चिदिति चित् । निदितं सहस्रात् ॥ क्र० पा०

टि० (क) नरा वा शंसं पूषणमगोह्यम् ॥ सं० पा०
नराशंसम् । वा । पूषणम् । अगोह्यम् ॥ प० पा०
नरा वा शंसं पूषणम् । नराशंसमिति नराशंसम् । वेति वा ।
पूषणमगोह्यम् ॥ क्र० पा०

(ख) उदू षु णः ॥ सं० पा० ॥ उत् । ऊँ इति । स । नः ॥ प० पा०
उदू षु । ऊ षु णः ॥ क्र० पा०

उकार के कारण 'सु' का सकार ५।५ से षकार होता है और 'षु' के षकार के कारण 'नः' का नकार ५।५८ से णकार होता है । निमित्त और नैमित्तिक को साथ-साथ रखने के लिए गार्ग्य पहले तीन पदों का एक क्रम-वर्ग बनाते हैं । इसके बाद इस क्रम-वर्ग के मध्यम पद से प्रारम्भ करके तीन पदों का दूसरा क्रम-वर्ग बनाते हैं ।

[1] ऋ०, क्र० ८।७०।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्रिसंगमे पञ्चभिरार्ष्यनुग्रहः ॥१८॥

सू० अ०—यदि तीन (निमित्त और नैमित्तिक) साथ-साथ आवें तो पाँच पदों के क्रम-वर्ग को बनाकर आर्षी संहिता का परिपालन होता है।

उ० भा०—(त्रिसंगमे) अस्मिन्निमित्तनिमित्तिनां त्रयाणां नामिषत्वणत्वानां संगमे; (पञ्चभिः=) पञ्चक्रमेण; (आर्ष्यनुग्रहः=) आर्ष्या अविलोपः; भवतीति मन्यन्त एक आचार्याः। किं कारणम्? उक्तं हि—"उदू षु णः"[१]—इत्यत्र नामिनिमित्तं षत्वम्। षत्वनिमित्तं णत्वम्। नाम्यभावे षत्वं न स्यात्। षत्वाभावे णत्वं न स्यात्। स विलोप इति। न इत्येतस्यानवसानीयत्वं कस्मात्? नकारस्योत्तरेण पदेन सह प्रत्यादाने णो वसो इति सह सन्धिरदृष्टो भवतीति—"उदू षु णो वसो ॥"[२]

उ० भा० अ०—(त्रिसंगमे=) तीन निमित्त और नैमित्तिक अर्थात् 'नामि'-'स्वर' (-वर्ण), 'षत्व' और 'णत्व' के इस सगम में; (पञ्चभिः=) पाँच (पदों) के क्रम-वर्ग से; (आर्ष्यनुग्रहः=) आर्षी संहिता का अविलाप होता है—यह कतिपय आचार्य मानते हैं। (इसका) क्या कारण है? यह कह ही चुके हैं कि "उदू षु णः" में 'षत्व' का निमित्त 'नामि'-'स्वर' (-वर्ण) है। 'णत्व' का निमित्त 'षत्व' है। 'नामि'-'स्वर' का अभाव होने पर 'षत्व' नहीं होगा और 'षत्व' का अभाव होने पर 'णत्व' नहीं होगा। वह (संहिता का) विलोप हो जायेगा। (पू०) 'न' (क्रम-वर्ग के) अवसान में किस कारण से नहीं आता है? (सि०) (यदि 'न' को क्रम-वर्ग के अवसान में रख दिया जाये तो) 'न' का परवर्ती पद के साथ पुनरुच्चारण (प्रत्यादान) करने में 'णो वसो'—इनकी साथ-साथ संधि अदृष्ट होती है। (इसलिए यहाँ पर पाँच पदों का एक क्रम-वर्ग बनाया जाता है)। (उदाहरण) "उदू षु णो वसो।"[क]

चतुःक्रमस्त्वाचरितोऽत्र शाकलैः ॥१९॥

सू० अ०—किंतु शाकल के अनुयायी यहाँ चार (पदों) का एक क्रम-वर्ग बनाते हैं।

उ० भा०—एवं पक्षान्तरगमनेऽपि; (अत्र=) अस्मिंस्त्रिसङ्गमे; (चतुःक्रम आचरितः शाकलैः=) शाकलाश्चतुःक्रममाचरन्ति। तुशब्दः पक्षान्तरनिवृत्त्यर्थः "उदू षु णः ॥"[३]

टि० (क) उदू षु णो वसो ॥ सं० पा० ॥ उत् । ऊँ इति । सु । नः । वसो इति ॥ प० पा० उदू षु णो वसो ॥ क्र० पा०

यहाँ पर 'ऊ', 'षु' और 'णः'—ये तीन निमित्त और नैमित्तिक एक साथ आये हैं। आर्षी संहिता का लोप न हो इसलिए यहाँ पाँच पदों का एक क्रम-वर्ग बनाया जाता है। पू०—सम्बद्ध स्थल में चार पदों का क्रम-वर्ग (उदू षु णः) बनाने से भी निमित्त और नैमित्तिक एक साथ आ जाते हैं। ऐसी वस्तु-स्थिति होने पर पाँच पदों का क्रम-वर्ग बनाना अनावश्यक है। सि०—तब तो 'णः' का प्रत्यादान करने पर 'नो वसो' रूप होगा जो संहिता-पाठ में उपलब्ध नहीं है। इस प्रकार आर्षी संहिता-का लोप हो जायेगा।

---

[१] ऋ० क्र० ८।७०।९ [२] ऋ० क्र० ८।७०।९ [३] ऋ० क्र० ८।७०।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ० - अन्य पक्ष का इस प्रकार का मत होने पर भी; (अत्र=) तीन (निमित्तों और नैमित्तिकों) के इस संगम में; (चतुःक्रम आचरितः शाकलैः=) शाकल के अनुयायी चार (पदों) का एक क्रम-वर्ग बनाते हैं। (सूत्र में उल्लिखित) तु-शब्द पक्षान्तर की निवृत्ति के लिये है। (उदाहरण) "उदू षु णः।"[क]

अलोपभावादपरे बहुक्रमं
प्रतिस्वमार्षीति न कुर्वते क्वचित् ॥२०॥

सू० अ०—दूसरे (आचार्य) कहीं पर भी बहुत (=दो से अधिक) (पदों) का क्रम-वर्ग नहीं बनाते हैं क्योंकि प्रत्येक शब्द में आर्षी संहिता (दिखलाई पड़ने से) (उस आर्षी संहिता का) लोप नहीं होता है।

उ० भा०—अलोपभावात्=आर्ष्या लोपस्याभावात्; अपरे आचार्या बहुक्रमं क्वचित् अपि न कुर्वते। यदि बहुक्रमो न क्रियते निमित्तनैमित्तिकविप्रयोगे कथमार्ष्या अलोपो भवति? प्रतिस्वमार्षी भवतीति—पदान्तस्य पदादिना संन्धौ क्रियमाणे लोपागमविकाराः प्रतिस्वं भवन्ति। एवं द्वयोर्द्वयोः पदयोरार्ष्या अलोपो भवति। "मो षु। सु नः॥"[१]

उ० भा० अ०—**अपरे**=दूसरे आचार्य; **अलोपभावात्**=आर्षी संहिता का अलोप होने से;[ख] **बहुक्रमम्**=बहुत (=दो से अधिक) (पदों) का एक क्रम-वर्ग; **क्वचित् न कुर्वते**=कहीं पर भी नहीं बनाते हैं। (पू०) यदि बहुत पदों का क्रम-वर्ग नहीं बनाया जाता है तो निमित्त और नैमित्तिक का विप्रयोग होने पर किस प्रकार आर्षी संहिता का अलोप होता है? (सि०) **प्रतिस्वमार्षी**=प्रति शब्द आर्षी संहिता; होती है—(दो-दो पदों का क्रम-वर्ग बनाने पर भी) पदान्त की पदादि के साथ संधि किये जाने पर प्रतिशब्द लोप, आगम और विकार होते हैं। इस प्रकार दो-दो पदों के (क्रम-वर्ग बनाने पर) आर्षी संहिता का अलोप होता है। (उदाहरण) "मो षु। सु नः।"[ग]

असर्वशस्त्रिप्रभृतिष्वनेकशः
स्मरन्ति संख्यानियमेन शाकलम् ॥२१॥

सू० अ०—(पूर्ववर्ती सूत्र में उक्त नियम के) पूर्णतया (ठीक न होने के कारण) अनेक आचार्य (पदों की) संख्या के नियम के अनुसार तीन अथवा अधिक (पदों) के बने हुए (क्रम-वर्गों के) विषय में शाकल के विधान को मानते हैं।

उ० भा० - प्रतिस्वमार्षीति यदुक्तं तत्; असर्वशः=न सर्वत्र युज्यते—इत्यर्थः। कथम्? यत्र पदान्तपदाद्योरन्योन्यं प्रति निमित्तत्वं तत्र युक्तम्। "तन्नः। नो मित्रः"[२] इत्यादौ। यत्र तु ताभ्यां पूर्वं पदं विकारस्य निमित्तं भवति न तत्र युक्तम्। त्रिप्रभृतिषु

टि० (क) उदू षु णः॥ सं० पा०॥ उत्। ऊँ इति। सु। नः॥ प० पा०॥ उदू षु णः॥ क्र० पा०

(ख) इन आचार्यों का मत है कि दो-दो पदों के क्रम-वर्ग बनाने पर भी आर्षी संहिता का कहीं लोप नहीं होता है।

(ग) मो षु णः॥ सं० पा०॥ मो इति। सु। नः॥ प० पा०। मो षु॥ सु नः। क्र० पा०

---

[१] ऋ० क्र० १।३८।६ [२] ऋ० क्र० १।१०७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदेषु। "मो षु णः"[१]—इत्यत्र नामिनिमित्तं षत्वम्। षत्वनिमित्तं णत्वम्। नाम्यभावे षत्वं न स्यात्। षत्वाभावे णत्वं न स्यात्। "ययापदं सन्धिमपेतहेतुषु"[२] इति वक्ष्यमाणत्वात्। स विलोप इत्युक्तम्। तस्मात्; अनेकशः=बहवः; स्मरन्ति=इच्छन्ति आचार्याः; संख्यानियमेन=त्रिक्रमश्चतुक्रमः पञ्चक्रम इत्येतेन संख्यानियमेन; (शाकलम्=) शाकलविधानम्। "मो षु णः।"[३] "उदू षु णः।"[४] "निरु स्वसारमस्कृतोषसम्॥"[५]

उ० भा० अ०—प्रतिपद आर्षी संहिता होती है—जो यह कहा गया है वह; असर्वशः=सर्वत्र युक्त नहीं है—यह अर्थ है। कैसे? जहाँ पदान्त और पदादि का एक दूसरे के प्रति निमित्तत्व है वहाँ यह (नियम) युक्त है। (जैसे) "तन्नः। नो मित्रः"—इत्यादि में। किंतु जहाँ उन दोनों से पूर्व वाला पद विकार का निमित्त होता है वहाँ यह (नियम) युक्त नहीं है। त्रिप्रभृतिषु=तीन इत्यादि=तीन या अधिक (पदों के क्रम-वर्ग) में—"मो षु णः"—यहाँ पर 'षत्व' का निमित्त 'नामि'-'स्वर' है। 'णत्व' का निमित्त 'षत्व' है। 'नामि'-'स्वर' के अभाव में 'षत्व' नहीं होगा। 'षत्व' के अभाव में 'णत्व' नहीं होगा—जैसा कि "(जो पद अपने विकार के) हेतुओं से पृथक् (प्रयुक्त होते हैं), उनमें मूल-पद के अनुसार संधि करे" में कहा जाने वाला है। वह (आर्षी संहिता का) विलोप होगा—यह कहा जा चुका है। इसलिए; अनेकशः=बहुत से आचार्य; संख्यानियमेन=तीन पदों का क्रम-वर्ग, चार पदों का क्रम-वर्ग, पाँच पदों का क्रम-वर्ग—इस संख्या के नियम के विषय में; शाकलम्=शाकल के विधान को; स्मरन्ति=अभीष्ट मानते हैं। (उदाहरण) "मो षु णः"[क]; "उदू षु णः"[ख]; "निरु स्वसारमस्कृतोषसम्।"[ग]

अयावने पूर्वविधानमाचरेत् ॥२२॥

सू० अ०—यदि (कोई) मिश्रण नहीं है (अर्थात् क्रम-वर्ग के पदों के साथ उनके पूर्ववर्ती पद का निमित्त के रूप में सम्बन्ध नहीं है) तो (क्रम-वर्ग बनाने में) पूर्व विधान को मानना चाहिये।

उ० भा०—अयावने=अमिश्रणे। किमुक्तं भवति? यत्र क्रमे वचनप्राप्ताभ्यां पदाभ्यां पूर्वपदं निमित्तं न भवति तत्रेत्युक्तं भवति। पूर्वविधानमाचरेत् इति=द्वाभ्यां क्रममाचरेत्-इत्यर्थः। "अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्।"[६] यत्र यत्र यावनं तत्र तत्र बहुक्रममाचरेत्—"मो षु णः" इति॥[७]

टि० (क) मो षु णः॥ सं० पा०॥ मो इति। सु। नः॥ प० पा०॥ मो षु णः॥ क्र० पा०

(ख) उदू षु णः॥ सं० पा०॥ उत्। ऊँ इति। सु। नः॥ प० पा०
उदू षु णः॥ क्र० पा०

(ग) निरु स्वसारमस्कृतोषसम्॥ सं० पा०
निः। ऊँ इति। स्वसारम्। अकृत। उषसम्॥ प० पा०
निरु स्वसारमस्कृतोषसम्॥ क्र० पा०

---

१ ऋ० क्र० १।३८।६ २ ११।२३ ३ ऋ० क्र० १।३८।६
४ ऋ० क्र० ८।७०।९ ५ ऋ० क्र० १०।१२७।३ ६ ऋ० क्र० १।१।१
७ ऋ० क्र० १।३८।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ० – **अयावने**=मिश्रण न होने पर। यह कहने का क्या तात्पर्य है? (उत्तर) जहाँ 'क्रम' में नियम (वचन) से प्राप्त दो पदों से पूर्ववर्ती पद (किसी विकार का) निमित्त नहीं होता है वहाँ यह कहने का तात्पर्य है। (ऐसे स्थलों पर) **पूर्वविधानमाचरेत्**=पूर्व-विधान के अनुसार कार्य करे=दो-दो पदों से 'क्रम'-वर्गों का निर्माण करे–यह अर्थ है। (उदाहरण) "अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्।" जहाँ-जहाँ मिश्रण हो वहाँ-वहाँ बहुत (पदों) के क्रम-वर्ग बनावे। (उदाहरण) "मो षु णः।"[क]

(क्रमपाठे विकृतरूपविषयकनियमः)

यथापदं संधिमपेतहेतुषु ॥२३॥

(क्रमपाठ में विकृतरूपविषयक नियम)

सू० अ०—(जो पद अपने विकार के) हेतुओं से पृथक् (प्रयुक्त होते हैं), उनमें मूल-पद के अनुसार संधि करे।

उ० भा० – **यथापदं संधिं कुर्यात् अपेतहेतुषु पदेषु। "प्र णः। न इन्द्रो"[१]— प्रशब्दो णत्वहेतुस्तस्याषाय उत्तरेण सह प्रत्यादाने क्रियमाणे नत्वम्। विलोपसंशयनिवृत्त्यर्थं ग्रहणम्। "न इन्दो॥"**

उ० भा० अ०—**अपेतहेतुषु**=(विकार के) हेतु पृथक् हो गये हैं जिनके ऐसे पदों में; **यथापदम्**=मूल-पद के अनुसार; **संधिम्**=संधि को; करे। (जैसे) "प्र णः। न इन्दो"—यहाँ 'प्र' शब्द 'णत्व' का हेतु है। उस 'प्र' के पृथक् हो जाने पर जब ('नः' का) परवर्ती पद के साथ 'प्रत्यादान' होता है तब नकार ही रहता है। विलोप के संशय की निवृत्ति के लिये ग्रहण किया है।[ख] (उदाहरण) "न इन्दो।"[ग]

(क्रमपाठे समयैः सह संधेः प्रकारः)

अथो पदाभ्यां समयं पदेन च
क्रमेष्ववस्येदतिगम्य संदधत् ॥२४॥

(क्रम-पाठ में समय के साथ संधि का प्रकार)

सू० अ०—क्रम-पाठ में 'समय' का अतिक्रमण करके ('समय' से परवर्ती) दो पदों के द्वारा क्रम-वर्ग का अवसान करे और (पूर्ववर्ती पद के साथ 'समय' की)

टि० (क) मो षु णः॥ सं० पा०॥ मो इति। सु। नः॥ प० पा०॥ मो षु णः॥ क्र० पा०

(ख) यद्यपि पुनर्वचन ('प्रत्यादान') में 'नः' का उच्चारण करने पर आर्षी संहिता का लोप होता है तथापि यह आचार्य को अभीष्ट है।

(ग) प्र ण इन्दो॥ सं० पा०॥ प्र। नः। इन्दो इति॥ प० पा०
प्र णः। न इन्दो॥ क्र० पा०
'णः' के 'णत्व' के हेतुभूत रेफ के पृथक् हो जाने पर पुनर्वचन में 'नः' का उच्चारण किया जाता है।

---

[१] ऋ० क्र० ९।४४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संधि करता हुआ ('समय' के) एक पद के द्वारा (पूर्ववर्ती क्रम-वर्ग का अवसान करे)।

उ० भा०— अथो पदाभ्यां समयम् ; (अतिगम्य=) अतिक्रम्य; अवस्येत् संदधत् तथा समयं पदेन। किं पुनः कारणं समयातिक्रमणे ? "दृष्टक्रमत्वात्"[1] — इत्युक्तं क्रमशास्त्र एव। किमर्थं पुनर्द्वाभ्यामतिक्रम्यावसानम् ? अदृष्टक्रमत्वादिति वक्तव्यम्। एकेन कस्मात्संदधदवस्यति। संध्यर्थमिति वक्तव्यम्। "त्वां ह। ह त्यदिन्द्राणंसातौ स्वर्मीळ्हे।"[2]

क्रमेषु इति ग्रहणात्पादव्यवस्थायां समयोत्तरपदद्वयान्तेऽवसानं न स्यात्—"त्वां ह त्यदिन्द्राणंसातौ"[3] इत्यादिषु। "यच्चिद्धि सत्य सोमपाः"[4] इत्यादिषु तु समयोत्तरपदद्वयान्तेऽवसानं स्यादेव पादलक्षणवशात्॥

उ० भा० अ०— **समयम् (अतिगम्य)**='समय' का अतिक्रमण करके; ('समय' से) परवर्ती दो पदों के द्वारा (क्रम-वर्ग का) अवसान करे। उसी प्रकार; **समयं संदधत्** = (पूर्ववर्ती पद के साथ) 'समय'की संधि (मेल) करता हुआ (पूर्ववर्ती क्रम-वर्ग का अवसान 'समय' के प्रथम) पद के द्वारा (करे)।[क] 'समय' का अतिक्रमण करने में क्या कारण है ? (उत्तर) "क्रम-पाठ के (पहले ही) दिखलाई देने से"—यह क्रम-शास्त्र (१०।१९) में ही कहा जा चुका है। ('समय' का) अतिक्रमण करके (परवर्ती) दो (पदों) से (क्रम-वर्ग का) अवसान किस लिए किया जाता है ? (उत्तर) "क्रम-पाठ दिखलाई न पड़ने से"—यह कहना चाहिए। ('समय' की) संधि करता हुआ एक (पद) से अवसान किस कारण से करे ? (उत्तर) "संधि (मेल) के लिए"—यह कहना चाहिए। (उदाहरण) "त्वां ह। ह त्यदिन्द्राणंसातौ स्वर्मीळ्हे।"[ख]

(सूत्र में) "क्रम-पाठ में" का ग्रहण होने से पादों की व्यवस्था में 'समय' से बाद

टि० (क) 'समय' के लिए १०।१९ तथा पृ० ५८१ पर टि० (क) देखिए।

(ख) त्वां ह त्यदिन्द्रार्गसातौ स्वर्मीळ्हे॥ सं० पा०

त्वाम्। ह। त्यत्। इन्द्र। अर्णऽसातौ। स्वःऽमीळ्हे॥ प० पा०

त्वाम्। ह त्यदिन्द्र। अर्णऽसातौ। स्वःऽमीळ्हे॥ प० पा०॥ परम्परा के अनुसार

त्वां ह। ह त्यदिन्द्राणंसातौ स्वर्मीळ्हे॥ क्र० पा०

"ह त्यदिन्द्र"—यह 'समय' (पुनरुक्त पदसमूह) है। (१) क्रम-पाठ में "ह त्यदिन्द्र" का अतिक्रमण किया गया है क्योंकि इसका क्रम-पाठ तो पहले ही १।६३।४ में किया जा चुका है। 'समय' से पूर्ववर्ती क्रम-वर्ग का अवसान 'समय' के प्रथम पद 'ह' के साथ किया गया है। इससे 'समय' की पूर्ववर्ती पद के साथ संधि (मेल) निष्पन्न हो जाती है। (३) जिस क्रम-वर्ग में 'समय' को रखा गया है उसका अवसान 'समय' से परवर्ती दो पदों ('अर्णसातौ' तथा 'स्वर्मीळ्हे') के द्वारा हुआ है। इससे इन दो पदों का क्रम-पाठ निष्पन्न हो जाता है।

---

[1] १०।१९ [2] ऋ० क्र० १।६३।६ [3] ऋ० १।६३।६ [4] ऋ० १।२९।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाले दो पदों के अन्त में अवसान नहीं होगा—"त्वा ह त्यदिन्द्रार्णसातौ"[क] इत्यादि में। "यच्चिद्धि सत्य सोमपाः"[ख] इत्यादि में तो पाद के लक्षण के अनुसार 'समय' से बाद वाले दो पदों के अन्त में अवसान होगा ही।

(क्रमपाठे पदविशेषाणां परिग्रहः)

सहेतिकाराणि समासमन्तभाग्
बहुक्रमे मध्यगतानि यानि च।
तृतीयतां गच्छति यस्य चोष्मवा-
ननन्ययोगं विकृतं प्लुतादि च।
अतीत्य तेषां पदतां प्रदर्शयेत् ॥२५॥

(क्रम-पाठ में पदविशेषों का परिग्रह)

सू० अ०—(१) 'इति' शब्द से युक्त पद, (२) सावग्रह पद, (३) (अर्धर्च के) अन्त में विद्यमान पद, (४) बहुत (=दो से अधिक) (पदों) के क्रम-वर्गों के मध्य में जो स्थित होते हैं वे पद, (५) जिस (पद) का ('सघोष') 'महाप्राण' (ऊष्मवान्='सोष्मन्') (अपने 'वर्ग' का) तृतीय ('व्यञ्जन') हो जाता है वह (पद), (६) जिस (पद) में विकार अन्य (पद) के द्वारा नहीं किया गया है वह (पद) और (७) जिस (पद) का प्रथम ('अक्षर') 'दीर्घ' हो गया है वह (पद) - इन (पदों) का अतिक्रमण करके (अर्थात् इनके द्वारा क्रम-वर्गों को पूरा करके) इनके पद-रूप (मूल-रूप) को दिखलावे।

उ० भा०—सहेतिकाराणि=इतिकरणयुक्तानि। समासम्=अवगृह्याणि। अन्तभाक्=अर्धर्चान्तं यत्पदं भजते। बहुक्रमे मध्यगतानि यानि च=त्रिक्रमप्रभृतिषु बहुक्रमेषु यानि मध्यगतानि पदानि: तृतीयतां गच्छति यस्य चोष्मवान्=जुगुक्षतो दुदुक्षन्तित्येवमादि—तेषु सोष्मा घकारादिश् चतुर्थः स्ववर्गतृतीयं गकारादिमापद्यते, तत्। अनन्ययोगं विकृतम्=अनन्यकृतो यस्य विकारः=आत्मकारितः—इत्यर्थः। प्लुतादि च=प्लुतादीनि

टि० (क) त्वां ह त्यदिन्द्रार्णसातौ स्वर्मीळ्हे नर आजा हवन्ते ॥
यह त्रिष्टुप् छन्द का प्रथम अर्धर्च है। इसके प्रथम पाद का अवसान 'अर्णसातौ' पर ही हो जाता है क्योंकि यहाँ पाद की अपेक्षित 'अक्षर'-संख्या पूरी हो जाती है। पादों के अवसान के विषय में यह नियम लागू नहीं होता है कि 'समय' से परवर्ती दो पदों के बाद में ही अवसान होवे। सूत्र में 'क्रमेषु' पद का ग्रहण करके यही सूचित किया गया है कि यह नियम क्रम-पाठ तक ही सीमित है।

(ख) यच्चिद्धि सत्य सोमपा अनाशस्ता इव स्मसि।
यह पंक्ति छन्द का प्रथम अर्धर्च है। इसके प्रथम पाद का अवसान "यच्चिद्धि" इस 'समय' से परवर्ती दो पदों ('सत्य' और 'सोमपाः') के बाद में ही होता है क्योंकि यहीं पर पाद की अपेक्षित 'अक्षर'-संख्या पूरी होती है। क्रम-वर्ग का अवसान भी 'सोमपाः' के बाद में ही होगा।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

च पदानि—"योनिमारैक्"[1]–इत्येवमादीनि। तेषां पदानामुत्तरेण सह प्रत्यादानं कृत्वा या पदे प्रकृतिर्दृष्टा तां प्रदर्शयेत्। केन ? परिग्रहेण। किं कारणम् ? "स्विति सु"[2]; "स्त इति स्तः"[3]—इत्यत्र—"युग्मान्तस्थादन्तमूलीयपूर्वः"[4]– इति परिग्रहस्य द्वितीये वचने षत्वप्रसङ्गः, स मा भूदिति। समास इति—"दुर्हनो इति दुःऽहनो"[5] इत्यत्र "ऋकाररेफषकारा नकारम्"[6] इति परिग्रहस्य पूर्ववचने णत्वप्रसङ्गः, स मा भूदिति।

उ० भा० अ०—(१) **सहेतिकाराणि**=(पद-पाठ में) 'इति' शब्द से युक्त (पद); (२) **समासम्**=(पद-पाठ में) 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् किये जाने वाले (पद); (३) **अन्तभाक्**=अर्धर्च के अन्त में जो पद आता है उसको; (४) **बहुक्रमे मध्यगतानि यानि च**=तीन या तीन से अधिक (पदों) के क्रम-वर्गों के मध्य में जो पद होते हैं उनको; (५) **तृतीयतां गच्छति यस्य चोष्मवान्**='जुगुक्षतः' और 'दुदुक्षन्' इत्यादि—इन (पदों) में घकारादि चतुर्थ 'सोष्म'–वर्ण अपने वर्ग का तृतीय गकारादि हो जाता है वह (पद); (६) **अनन्ययोगं विकृतम्**=जिस (पद) का विकार अन्य (पद) के द्वारा नहीं किया गया है=अपने द्वारा ही किया गया है—यह अर्थ है; (७) **प्लुतादि च**='दीर्घ' हो गये हैं आदि, (=प्रथम 'अक्षर') जिनके वे ('अरैक्' इत्यादि पद जिन्हें) "योनिमारैक्" इत्यादि (सूत्रों में प्रतिपादित किया गया है)। इन पदों का परवर्ती (पद) के साथ 'प्रत्यादान' करके इनका जो मूल-रूप (प्रकृति) पद-पाठ में दिखलाई पड़ता है उसको दिखलावे। किसके द्वारा ? (उत्तर) 'परिग्रह' के द्वारा। (इसका) क्या कारण है ? (उत्तर) "स्विति सु"क; "स्त इति स्तः"ख—यहाँ पर "समसंख्यक (युग्म) 'अन्तःस्था' अथवा 'दन्तमूलीय' से बाद में विद्यमान (तथा पद के मध्य में स्थित 'नामि'–'स्वर'–वर्णों) से (बाद में स्थित

टि० (क) मो षु णः ॥ सं० पा० ॥ मो इति। सु। नः ॥ प० पा०
मो षु णः। **स्विति सु** ॥ क्र० पा०
तीन पदों के क्रम-वर्ग (मो षु णः) के मध्य में स्थित 'षु' पद के पद-रूप को 'परिग्रह' के द्वारा दिखलाया गया है। यदि प्रस्तुत सूत्र में पद-रूप दिखलाने का विधान न किया जाता तो 'परिग्रह' के द्वितीय वचन में 'सु' का सकार षकार हो जाता। किंतु यह उपलब्ध पाठ नहीं है।

(ख) परि ष्टः ॥ सं० पा० ॥ परि। स्त इति स्तः ॥ प० पा०
परि ष्टः। **स्त इति स्तः** ॥ क्र० पा०
पद-पाठ में 'स्तः' पद के साथ 'इति' शब्द लगाया जाता है। इसलिये प्रस्तुत सूत्र से 'स्तः' पद के मूल-रूप को 'परिग्रह' के द्वारा दिखलाया गया है। यह 'सहेतिकाराणि' का उदाहरण है। भाष्यकार ने 'सहेतिकाराणि' प्रतीक देकर उदाहरण को प्रस्तुत नहीं किया है जैसा कि उन्होंने अन्य स्थलों के विषय में किया है।

---

१ २।७५ २ ऋ० क० १।३८।६ ३ ऋ० क० १।६१।८
४ ५।२० ५ ऋ० क० १०।१५५।३ ६ ५।४०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकार षकार हो जाता है''—के अनुसार[क] 'परिग्रह' के द्वितीय वचन में 'षत्व' का प्रसङ्ग उपस्थित होता है—वह न होवे (इसलिए पद-रूप दिखलाने के लिए कहा है)। **समास** (का उदाहरण) "दुर्हनो इति दुःऽहनो"[ख]—यहाँ पर—' ऋकार, रेफ और षकार नकार को''—इस (सूत्र) के अनुसार 'परिग्रह' के पूर्व-वचन में 'णत्व' का प्रसङ्ग उपस्थित होता है—वह न होवे (इसलिये पद-रूप दिखलाने के लिए कहा है)।

उ० भा०—अन्तभाक्—"महान्हि षः। स इति सः"[१] इत्यत्र—"युग्मान्तस्था"[२] इति पूर्ववत्। बहुक्रमे मध्यगतानि—"मो षु णः (स्विति सु)"[३] इत्यत्र पूर्ववत्। तृतीयतां गच्छति यस्य चोष्मवान् "जुघुक्षत इति जुघुक्षतः"[४]—इत्यत्र परिग्रहस्य संहितावत्पूर्ववचनं पदवदुत्तरमिति परिग्रहस्य पूर्वे वचने तृतीयत्वप्रसङ्गः—स मा भूदिति। अनन्ययोगं विकृतम्—"सुसुमेति सुसुम"[५]—इत्यत्र परिग्रहस्य संहितावत्पूर्ववचनं पदवदुत्तरमिति परिग्रहस्य पूर्ववचने षत्वप्रसङ्गः स मा भूदिति। प्लुतादि—"योनिमारैक्"[६]—इत्येवमादिषु। "अरैगित्यरैक्"[७] इत्यत्र पूर्ववचने दीर्घत्वप्रसङ्गः—स मा भूदिति।

उ० भा० अ०—(अर्धर्च के) **अन्त में आने वाला** (पद)—"महान्हि षः। स इति सः"[ग] में "समसंख्यक अन्तःस्था" के अनुसार पूर्व की तरह। **बहुत** (पदों) **के क्रम-वर्ग के मध्य में आने वाले** (पद)—"मो षु णः (स्विति सु)" पूर्व की तरह।[घ] **जिसका 'सोष्म'** (-वर्ण) **तृतीय हो गया हो**—"जुघुक्षत इति जुघुक्षतः"[ङ]—में " 'परिग्रह' का पूर्ववचन संहिता-पाठ के समान होता है और उत्तरवचन पद-पाठ के समान होता है''—इससे 'परिग्रह' के पूर्ववचन में तृतीयत्व (=गकार होने) का प्रसङ्ग (उपस्थित होता है)—

टि० (क) भाष्यकार का यह कथन ठीक नहीं है कि "स्विति सु" और "स्त इति स्तः" म सकार का 'मूर्धन्यभाव' ५।२० से प्राप्त होता है। पूर्ववर्ती 'नामि'-'स्वर' पद के अन्त में स्थित है। अतः इन दोनों स्थलों पर ५।२० की प्रवृत्ति नहीं होती है। यहाँ 'मूर्धन्यभाव' की प्रवृत्ति क्रमशः ५।५ और ५।१२ से होती है।

(ख) रभस्व दुर्हणो ॥ सं० पा० ॥ रभस्व। दुर्हनो इति दुःऽहनो ॥ प० पा०
रभस्व दुर्हणो। **दुर्हनो इति दुःऽहनो** ॥ क्र० पा०

(ग) महान्हि षः ॥ सं० पा० ॥ मह न्। हि। सः ॥ प० पा०
महान्हि षः। **स इति सः** ॥ क्र० पा०
'मूर्धन्यभाव' के लिए टि० (क) देखिए।

(घ) पृ० ६१३ पर टि० (क) देखिये।

(ङ) न जुगुक्षत. ॥ सं० पा० ॥ न। जुघुक्षतः ॥ प० पा०
न जुगुक्षतः। **जुघुक्षत इति जुघुक्षतः** ॥ क्र० पा०
'जुघुक्षतः' का घकार ४।९८ से संहिता-पाठ में गकार हो जाता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' में मूल-रूप (घकार) को दिखलाया गया है।

---

१ ऋ० क्र० ८।१३।१ २ ५।२० ३ ऋ० क्र० १।३८।६
४ ऋ० क्र० ८।३१।७ ५ ऋ० क्र० १।१३७।१ ६ २।७५
७ ऋ० क्र० १।१२४।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वह न होवे (इसलिये पद-रूप दिखलाने के लिये कहा है)। **अन्य (पद) के सम्बन्ध से विकृत न किया गया** (पद)—"सुसुमेति सुसुम"[क]—में "'परिग्रह' का पूर्ववचन संहिता-पाठ के समान होता है और उत्तरवचन पद-पाठ के समान होता है"—इससे 'परिग्रह' के पूर्ववचन में 'षत्व' का प्रसङ्ग (उपस्थित होता है)—वह न होवे (इसलिये पद-रूप दिखलाने के लिये कहा है)। **जिस (पद) का आदि (=प्रथम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो गया है**—"योनिमारैक्" इत्यादि सूत्रों में (उल्लिखित पद)—"अरैगित्यरैक्"—यहाँ पर पूर्ववचन में दीर्घत्व का प्रसङ्ग उपस्थित होता है।

उ० भा०—अस्यैवापरा योजना। **अतीत्य तेषां पदतां प्रदर्शयेत्** इति=सहेति-कारणीत्येवमादीन्यतिक्रम्य परिग्रहेण तेषां पदानां पदतां प्रदर्शयेत्। किं कारणम्? नहि परिग्रहादृते तेषां पदता दृश्यते। सहेतिकारेषूपस्थितान्तप्रदर्शनार्थं च—"इन्द्राग्नी तपन्ति। इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी।"[१] प्रगृह्यत्वप्रदर्शनार्थं च। "प्रातः सोमम्। प्रातरिति प्रातः"[२]—रेफप्रदर्शनार्थं च। समासेष्ववग्रहप्रदर्शनार्थं च—"पुरोहितं यज्ञस्य। पुरोहितमिति पुरःऽहितम्।"[३] अन्तभागृक्ष्वर्धचान्तिख्यापनार्थम्—"अर्णाचित्ररथावधीः। अवधीरित्यवधीः।"[४] पदादिप्रदर्शनार्थं च। बहुक्रमे मध्यगतेषु पदवद्भावप्रदर्शनार्थम्—"निरु स्वसारमस्कृतोषसम्। ऊँ इत्यूँ। स्वसारमिति स्वसारम्। अकृतेत्यकृत।"[५]

उ० भा० अ०—इसी की दूसरी योजना है।[ख] **अतीत्य तेषां पदतां प्रदर्शयेत्**=='इति' शब्द सहित आदि (पदों) के द्वारा सम्बद्ध क्रम-वर्गों को पूरा करके 'परिग्रह' के द्वारा उन पदों के पद-रूप (मूल-रूप) को दिखलावे। (इसका) क्या कारण है? 'परिग्रह' के बिना उनका पद-रूप दिखलाई नहीं पड़ता है। 'इति' शब्द सहित (पदों) में उपस्थितान्त को दिखलाने के लिए भी ('परिग्रह' किया जाता है)। (उदाहरण) "इन्द्राग्नी तपन्ति। इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी।"[ग] प्रगृह्यत्व दिखलाने के लिए भी ('परिग्रह' किया

टि० (क) सुषमा यातम्॥ सं० पा०॥ सुसुम। आ। यातम्॥ प० पा०
सुषुमा यातम्। **सुसुमेति सुसुम॥** क्र० पा०
'सुसुम' का द्वितीय सकार ५।२० से संहिता-पाठ में षकार हो जाता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' में मूल-रूप (सकार) को दिखलाया गया है।

(ख) पहली योजना के अनुसार प्रतिपाद्य विषय यह है—"पद-पाठ में इन पदों का जो मूल-रूप है उसको दिखलाना चाहिये।" "किसके द्वारा मूल-रूप को दिखलावे?" इस प्रश्न के उत्तर के रूप में 'परिग्रह' की उपस्थिति होती है। दूसरी योजना के अनुसार 'परिग्रह' ही प्रतिपाद्य विषय है क्योंकि 'परिग्रह' के बिना इन पदों का मूल-रूप नहीं दिखलाया जा सकता है। इसी योजना के अनुसार प्रस्तुत सूत्र १०।७-९ से सम्बद्ध है।

(ग) इन्द्राग्नी तपन्ति॥ सं० पा०॥ इन्द्राग्नी इति। तपन्ति॥ प० पा०
इन्द्राग्नी तपन्ति। **इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी॥** क्र० पा०

---

[१] ऋ० क० ६।५९।८ [२] ऋ० क० ७।४१।१ [३] ऋ० क० १।१।१
[४] ऋ० क० ४।३०।१८ [५] ऋ० क० १०।१२७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाता है)। "प्रातः सोमम्। प्रातरिति प्रातः"क--यहाँ पर रेफ-प्रदर्शन के लिए भी ख ('परिग्रह' किया जाता है)। समासों में 'अवग्रह' दिखलाने के लिए भी ('परिग्रह' किया जाता है)। (जैसे) "पुरोहितं यज्ञस्य। पुरोहितमिति पुरःऽहितम्"ग। (अर्धर्च के) अन्त में विद्यमान (पद) का ('परिग्रह') ऋचाओं में अर्धर्च के अन्त को बतलाने के लिए भी (किया जाता है)। (जैसे) "अर्णाचित्ररथावधीः। अवधीरित्यवधीः।"घ पद के आदि को दिखलाने के लिए भी ङ ('परिग्रह' किया जाता है)। बहुत (पदों) के 'क्रम' में मध्य में स्थित (पदों) में पदवद्भाव को दिखलाने के लिए भी ('परिग्रह' किया जाता है)। (उदाहरण) "निरु स्वसारमस्कृतोषसम्। ऊँ इत्यूँ। स्वसारमिति स्वसारम्। अकृतेत्यकृत।"च

टि० (क) प्रातः सोमम्॥ सं० पा०॥ प्रातरिति। सोमम्॥ प० पा०
प्रातः सोमम्। **प्रात्ररिति प्रातः॥** क्र० पा०

(ख) इस प्रकार 'इति' शब्द सहित पदों का 'परिग्रह' करने के ये प्रयोजन हैं—(१) 'षत्व' का निवारण जैसे "स्त इति स्तः" में, (२) उपस्थितान्त ('इति' सहित पद के अन्तिम वर्ण) को दिखलाना जैसे "इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी" में, (३) प्रगृह्यत्व को दिखलाना जैसे "इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी" में और (४) रिफित विसर्जनीय के रेफ-मूलत्व को दिखलाना जैसे "प्रातरिति प्रातः।" में।

(ग) पुरोहितं यज्ञस्य॥ सं० पा०॥ पुरःऽहितम्। यज्ञस्य॥ प० पा०
पुरोहितम् यज्ञस्य। **पुरोहितमिति पुरःऽहितम्॥** क्र० पा०

समासों का 'परिग्रह' करने के ये दो प्रयोजन बतलाये गये हैं—(१) 'णत्व' का निवारण जैसे--"दुर्हनो इति दुःऽहनो" में और (२) 'अवग्रह' दिखलाना जैसे—"पुरोहितमिति पुरःऽहितम्।" में।

(घ) अर्णाचित्ररथावधीः॥ सं० पा०॥ अर्णाचित्ररथा। अवधीः॥ प० पा०
अर्णाचित्ररथावधीः। **अवधीरित्यवधीः॥** क्र० पा०

(ङ) अर्धर्च के अन्तिम पद का 'परिग्रह' करने के ये प्रयोजन बतलाये गये हैं (१) 'मूर्धन्य-भाव' का निवारण जैसे "स इति सः" में (२) ऋचाओं के अर्धर्चों के अन्त को बतलाना और (३) पदादि को दिखलाना। अर्धर्च के अन्तिम पद का 'प्रत्यादान' नहीं किया जाता है। अतः 'परिग्रह' न किया जाता तो अनेक स्थलों पर अर्धर्च के अन्तिम पद के प्रथम वर्ण का ज्ञान करना कठिन हो जाता।

(च) निरु स्वसारमस्कृतोषसम्॥ सं० पा०
निः। ऊँ इति। स्वसारम्। अकृत। उषसम्॥ प० पा०
निरु स्वसारमस्कृतोषसम्। **ऊँ इत्यूँ। स्वसारमिति स्वसारम्। अकृतेत्यकृत॥** क्र० पा०

बहुत पदों के क्रम-वर्ग के मध्य में स्थित पदों का 'परिग्रह' करने के ये दो प्रयोजन बतलाये गये हैं—(१) 'षत्व' का निवारण जैसे—"स इति सः" में और (२) यह सूचित करना कि क्रम-वर्ग के मध्य में स्थित ये पद भी अन्य पदों के समान ही हैं भले ही ये क्रम-वर्ग के अन्त और आदि में नहीं आते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—तृतीयतां गच्छति यस्य चोष्मवान् इति पृथग्ग्रहणमनर्थकम्। अनन्य-योगं विकृतम् इत्येव सिद्धत्वात्। नानर्थकम्। परिग्रहस्योभयोरपि वचनयोः पदत्वप्रदर्श-नार्थम्। "दक्षुषः कृष्णजंहसः। धक्षुष इति धक्षुषः।"[१] किमुच्यत उभयोरपि वचनयोः पदत्वप्रदर्शनार्थं पृथग्ग्रहणमिति ? अन्येष्वप्यनन्ययोगविकृतेषूभयोरपि वचनयोः प्रदर्श्यते। सत्यम्। "नकारलोपोष्मरभावमानयेत्"[२] इत्येवमादिवचनात्। यत्र यत्र तु वचनं नास्ति तत्र तत्र परिग्रहस्य पूर्ववचने विकारो भवत्येव। यथा—रजेषितमिति रजःऽइषितम्।[३] अनन्ययोगविकृतेषु पदत्वप्रदर्शनार्थमेव। सुषुमा यातम्। सुसुमेति सुसुम॥"[४] प्लुतादिषु पदत्वप्रदर्शनार्थमेव। "आरैक्पन्थाम्। अरैगित्यरैक्॥"[५]

उ० भा० अ०—(पू०) जिस (पद) का 'सोष्म' (-वर्ण) तृतीय हो जाता है"—इसका (सूत्र में) पृथक् ग्रहण अनर्थक है क्योंकि यह तो "किसी अन्य के द्वारा जिस (पद) में विकार नही हुआ है"—इससे ही सिद्ध है। (सि०) अनर्थक नहीं है। 'परिग्रह' के दोनों ही वचनों में पदत्व (पद-रूप) के प्रदर्शन के लिये (पृथक् ग्रहण किया गया है)। जैसे "दक्षुषः कृष्णजंहसः। धक्षुष इति धक्षुषः।"[क] (पू०) क्या कह रहे हो कि दोनों ही वचनों में पदत्व (पद-रूप) के प्रदर्शन के लिये पृथक् ग्रहण किया गया है। जहाँ पर अन्य (पद) के सम्बन्ध से विकार नहीं हुआ है ऐसे अन्य भी स्थलों पर दोनों ही वचनों में पदत्व (पद-रूप) दिखलाया जाता है। (सि०) यह तो सच है—"नकार के लोपभाव, ऊष्मभाव और रभाव को 'परिग्रह' में इसके आनुनासिक्य-विहीन मूल-रूप में दिखलावे"—इत्यादि वचन (नियम) से (वहाँ) दोनों वचनों में पदत्व (पद-रूप) दिखलाया जाता है। किंतु जहाँ-जहाँ वचन (नियम) नहीं है वहाँ-वहाँ 'परिग्रह' के पूर्व-वचन में विकार होता ही है। जैसे—"रजेषितमिति रजःऽइषितम्।"[ख] जिन (पदों) में अन्य (पदों) से विकार नहीं हुआ है उनमें पदत्व (पद-रूप) के प्रदर्शन के लिये ही ('परिग्रह' किया जाता है—"सुषुमा यातम्। सुसुमेति सुसुम।"[ग] जिन पदों का आदि (=प्रथम 'अक्षर') 'दीर्घ' हो गया है उनमें पदत्व (पद-रूप) के प्रदर्शन के लिए ही ('परिग्रह' किया जाता है) —"आरैक्पन्थाम्। अरैगित्यरैक्।"[घ]

टि० (क) दक्षुषः कृष्णजंहसः॥ सं० पा०॥ धक्षुषः। कृष्णऽजंहसः॥ प० पा०
दक्षुषः कृष्णजंहसः। **धक्षुष इति धक्षुषः॥** क्र० पा०

(ख) अश्वेषितं रजेषितम्॥ सं० पा०॥ अश्वऽइषितम्। रजःऽइषितम्॥ प० पा०
अश्वेषितं रजेषितम्। **रजेषितमिति रजःऽइषितम्॥** क्र० पा०

(ग) सुषुमा यातम्॥ सं० पा०॥ सुसुम। आ। यातम्॥ प० पा०
सुषुमा यातम्। **सुसुमेति सुसुम॥** क्र० पा०

(घ) आरैक्पन्थाम्॥ स० पा०॥ अरैक्। पन्थाम्॥ प० पा०
आरैक्पन्थाम्। **अरैगित्यरैक्॥** क्र० पा०

---

[१] ऋ० क्र० १।१४१।७ [२] ११।३६ [३] ऋ० क्र० ८।४६।२८
[४] ऋ० क्र० १।१३७।१ [५] ऋ० क्र० १।११३।१६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृते तु गार्ग्यस्य पुनस्त्र्यभिक्रमे ॥२६॥

सू० अ०—किंतु गार्ग्य के पक्ष (तीन पदों के क्रम-वर्ग के विषय) में तीन पदों के क्रम-वर्ग के दोबारा कर लेने पर ही (पदों के मूल-रूप को दिखलाना चाहिये)।

उ० भा०—गार्ग्यस्य आचार्यस्य पक्षे—"त्रिभिश्च गार्ग्यः पुनरेव च त्रिभिः"[१] इति **पुनस्त्र्यभिक्रमे** कृते एव पदतां प्रदर्शयेत् । "उद्वृ षु । ऊ षु णः । ऊँ इत्यूँ । स्विति सु ॥"[२]

उ० भा० अ०—"गार्ग्य तीन (पदों) से (एक क्रम-वर्ग को बनाते हैं) और फिर तीन (पदों) से (दूसरा क्रम-वर्ग बनाते हैं)"—**गार्ग्यस्य**= गार्ग्य आचार्य के इस पक्ष में; **पुनस्त्र्यभिक्रमे कृते**=तीन (पदों) के दूसरे क्रम-वर्ग के कर लेने पर ही; ('परिग्रह' के द्वारा पदों के) मूल-रूप को दिखलाना चाहिये। (उदाहरण) "उद्वृ षु। ऊ षु णः। ऊँ इत्यूँ। स्विति सु।"[क]

अदृष्टवर्णे प्रथमे प्रदर्शनं
स्मरन्ति तत्त्वत्र निराह चोदकः ॥२७॥

सू० अ०—(अर्धर्च के) प्रथम (द्वैपद) में यदि (प्रथम पद का अन्तिम) वर्ण अदृष्ट हो तो (आचार्य) इसका प्रदर्शन करना अभीष्ट मानते हैं। 'परिग्रह' ('चोदक') इसका प्रदर्शन करता है।

उ० भा०—**प्रथमे** द्वैपदे; (**अदृष्टवर्णे**=) पूर्वपदस्यान्त्यवर्णेऽदृष्टे; तस्य **प्रदर्शनम्** आचार्याः; **स्मरन्ति**=इच्छन्ति। तत्तु प्रदर्शनम्; **निराहेति**=प्रवदति; **चोदकः**=परिग्रहः। किं कारणम्? पदान्तसंशयनिवृत्त्यर्थम् । तान्त्वाम्"[३]—इत्यत्रार्धर्चाद्ये द्वैपदे न ज्ञायते नकारान्तं वा पदं मकारान्तं वा। तस्मात्परिगृह्णाति—तामिति ताम् ॥[४]

उ० भा० अ०—**प्रथमे** (अर्धर्च के) प्रथम द्वैपद में; (**अदृष्टवर्णे**=) प्रथम पद का अन्तिम वर्ण दिखलाई न देता हो तो; उसका; **प्रदर्शनम्**=प्रदर्शन (दिखलाना); आचार्य लोग; **स्मरन्ति**=अभीष्ट मानते हैं। **चोदकः**='परिग्रह'; इस प्रदर्शन को; **निराह**=निष्पन्न करता है।[ख] (इसका) क्या कारण है? (उत्तर) पदान्त के संशय की निवृत्ति के लिये। (जैसे)"तान्त्वाम्"—इस अर्धर्च के प्रथम द्वैपद में ज्ञात नहीं होता है कि (प्रथमपद) नकारान्त है अथवा मकारान्त है। इसलिये 'परिग्रह' करते हैं—(जैसे) 'तामिति ताम्।"[ग]

टि० (क) उद्वृ षु णः ॥ सं० पा० ॥ उत् । ऊँ इति । सु । नः ॥ प० पा०
उद्वृ षु । ऊ षु णः । **ऊँ इत्यूँ । स्विति सु** ॥ क्र० पा०

(ख) अर्थात् अर्धर्च के प्रथम द्वैपद के प्रथम पद का अन्तिम वर्ण दिखलाई न देता हो तो प्रथम पद का 'परिग्रह' करके उसको दिखलाया जाता है।

(ग) तान्त्वाम् ॥ सं० पा० ॥ ताम् । त्वाम् ॥ प० पा०
तान्त्वाम् । **तामिति ताम्** ॥ क्र० पा०

---

[१] ११।१७ [२] ऋ० क्र० ८।७०।९
[३] ऋ० १।४९।४ [४] ऋ० क्र० १।४९।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(स्थितसंज्ञा)

पदं यदा केवलमाह सा स्थितिः ॥२८॥

(स्थित-संज्ञा)

सू० अ०—जब (वक्ता) केवल (='इति' शब्द-रहित) पद का उच्चारण करता है तब वह (पद) 'स्थिति' ('स्थित') कहलाता है।

उ० भा०—पदम्; केवलम्=अनितिकरणम्; यदाह वक्ता सा स्थितिः इति वेदितव्या। संज्ञाकरणं स्थित्यभिक्रमार्थम्। "तन्नः।"[१] तत्। "तान्नः।"[२] ताम्॥

उ० भा० अ०—यदा=जब; वक्ता; केवलम्='इति' शब्द से रहित; पदमाह=पद का उच्चारण करता है; सा=उसे; स्थिति='स्थिति'-संज्ञक जानना चाहिये। 'स्थिति' के अभिक्रम के लिये संज्ञा की है। (उदाहरण) "तन्नः।" तत्। "तान्नः।" ताम्।

(उपस्थितसंज्ञा)

यदेतिकारान्तमुपस्थितं तदा ॥२९॥

(उपस्थित-संज्ञा)

सू० अ०—जब (वक्ता) इतिकरणान्त (पद) (का उच्चारण करे) तब (वह पद) 'उपस्थित' (कहलाता है)।

उ० भा०—(इतिकारान्तम्=) इतिकरणान्तम्; यत् पदमाह वक्ता (तदा) तत्पदम् (उपस्थितम्=) उपस्थितसंज्ञम्; वेदितव्यम्। संज्ञाकरणमुपस्थितेनाभिक्रमार्थम्। "इन्द्राग्नी इति॥"[३]

उ० भा० अ०—वक्ता; (इतिकारान्तम्=) 'इति' शब्द में अन्त होने वाले; यत्=जिस; पद का उच्चारण करता है (तदा=तब) उस पद को; (उपस्थितम्=) 'उपस्थित'-संज्ञक; जानना चाहिये। 'उपस्थित' के अभिक्रम के लिये संज्ञा की है। (उदाहरण) "इन्द्राग्नी इति।"

(स्थितोपस्थितसंज्ञा)

अथो विपर्यस्य समस्य चाह ते
यदा स्थितोपस्थितमाचरन्त्युत ॥३०॥

(स्थितोपस्थित-संज्ञा)

सू० अ०—किन्तु इसके अतिरिक्त जब (वक्ता) उन दोनों का विपर्यय करके उनका साथ-साथ उच्चारण करता है तो वह 'स्थितोपस्थित' बन जाता है।

---

[१] ऋ० १।१०७।३ [२] ऋ० १०।१५६।२ [३] ऋ० प० ६।५९।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अथो; ते = पदे स्थित्युपस्थिते; विपर्यस्य = उपस्थितं तत्पूर्वं कृत्वा स्थितं पश्चात्; समस्य च यदाह वक्ता तत्पदम्; (स्थितोपस्थितम्) स्थितोपस्थितसंज्ञम्; वेदितव्यम्। संज्ञाकरणं स्थितोपस्थितेनाभिक्रमणार्थम्। "विभावसो इति विभाऽवसो।"[१] "तान्नः। तामिति ताम्।"[२] आचरन्त्युत = एवं स्थित्युपस्थितस्थितोपस्थितानामन्यतमेन पदप्रदर्शनमाचरन्ति॥

उ० भा० अ०—अथो = किन्तु; यदा = जब; वक्ता; ते = उन दो = 'स्थिति' और 'उपस्थित' पदों का (को); विपर्यस्य = विपर्यय करके = 'उपस्थित' को पूर्व में करके और 'स्थिति' को बाद में करके; समस्य च आह = साथ-साथ में उच्चारण करता है; उस पद को; (स्थितोपस्थितम्=) 'स्थितोपस्थित'-संज्ञक; जानना चाहिए। 'स्थितोपस्थित' के अभिक्रम के लिए संज्ञा की है। (उदाहरण) "विभावसो इति विभाऽवसो।" "तान्नः। तामिति ताम्।" आचरन्त्युत = इस प्रकार 'स्थिति', 'उपस्थित' और 'स्थितोपस्थित' में से किसी एक के द्वारा पद का प्रदर्शन करते हैं (जैसे—तत्॥ इन्द्राग्नी इति॥ तामिति ताम्॥)।

(परिग्रहविषयेऽन्ये नियमाः)

पुनर्ब्रुवँस्तत्र समासमिङ्गयेत् ॥३१॥

(परिग्रह के विषय में अन्य नियम)

सू० अ०—वहाँ (='स्थितोपस्थित' की स्थिति में) दोबारा उच्चारण करते हुए (वक्ता) समास को 'अवग्रह' के द्वारा पृथक करे।

उ० भा०—तत्र = स्थितोपस्थिते क्रियमाणे; पुनर्ब्रुवन् वक्ता समासम्; (इङ्गयेत्=) अवगृह्णीयात्। "पुरोहितमिति पुरःऽहितम्।"[३] "अतीत्य तेषां पदतां प्रदर्शयेत्"[४]—इत्येवं सिद्ध इदं वचनं परिग्रहस्य पूर्वे वचनेऽवग्रहप्रतिषेधार्थम्॥

उ० भा० अ०—तत्र = वहाँ = 'स्थितोपस्थित' करने पर; वक्ता; पुनर्ब्रुवन् = दोबारा उच्चारण करता हुआ; समासम् (इङ्गयेत्=) समास को 'अवग्रह' के द्वारा पृथक् करे (अर्थात् 'परिग्रह' के द्वितीय वचन में ही समास को 'अवग्रह' से पृथक् करे)। (उदाहरण) "पुरोहितमिति पुरःऽहितम्।" "(क्रम-वर्गों को) पूरा करके उनका पद-रूप दिखलावे"—से ही ('अवग्रह' के द्वारा समास का पृथक् होना) सिद्ध होने पर यह वचन (नियम) 'परिग्रह' के पूर्ववचन में 'अवग्रह' का प्रतिषेध करने के लिये है।

स्वरित्यतोऽन्येषु च संधिमाचरेत्।
अवग्रहस्येव हि कालधारणा
परिग्रहेऽस्तीत्युपधेत्यनुस्मृता॥३२॥

सू० अ०—('स्थितोपस्थित' में) 'स्वः' को छोड़कर अन्य पदों में संधि (मेल) करना चाहिये; क्योंकि 'स्वः' के विषय में यह माना गया है कि 'परिग्रह' में 'इति' के बाद में 'अवग्रह' के समान काल-धारणा (pause) है।

---

[१] ऋ० क० १।४४।१० [२] ऋ० क० १०।१५६।२
[३] ऋ० क० १।१।१ [४] ११।२५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—तस्मिन्नेव च स्थितोपस्थिते; (स्वरित्यतोऽन्येषु=) स्वरित्येतत्पदं वर्जयित्वान्येष्; पदेष्वितिकरणात्परेषु सत्स्वितिना तेषां यथोक्तं संधिम्; (आचरेत्=) कुर्यात्। "और्वभृगुवदित्यौर्वभृगुवत्।"[1] "इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी।"[2] स्वरित्यतोऽन्येषु इति कस्मात्? स्वरित्येतस्य हि पदस्य अवग्रहस्येव हि मात्राकालः कालधारणा परिग्रहे; इत्युपधास्तीति=इतिपूर्वा शाकलैः अनुस्मृता। आचार्यग्रहणं पूजार्थम्। "स्व॑रिति स्वः।"[3] क्रमशास्त्र एव हेतुरुक्तः—"इतिपूर्वेषु सन्धानं पूर्वैः"[4] इति॥

उ० भा० अ०—उसी 'स्थितोपस्थित' में; (स्वरित्यतोऽन्येषु=) 'स्वः' इस पद को छोड़कर अन्य; पद 'इति' शब्द से बाद में हों तो 'इति' के साथ उन (पदों) की नियम से प्राप्त; संधिम्=संधि (मेल) को; (आचरेत्=) करे। (उदाहरण) "और्वभृगुवदित्यौर्वभृगुवत्।"[क] "इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी।"[ख] 'स्वः' इस पद से अन्य बाद में हों तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) परिग्रहे='परिग्रह' में; इत्युपधा='इति' के बाद में; 'स्वः'—इस पद की; अवग्रहस्येव हि कालधारणा='अवग्रह' की तरह काल का अवरोध; अस्ति=होता है; इत्यनुस्मृता=शाकल के अनुयायियों ने यह माना है।[ग] 'आचार्य' का ग्रहण सम्मान प्रकट करने के लिए किया गया है। (उदाहरण) "स्व॑रिति स्वः।"[घ] क्रम-शास्त्र में ही हेतु कहा जा चुका है—"प्राचीन (आचार्यों) ने 'इति' से बाद वाले (पदों) में संधि (को अभीष्ट माना है)।"

अभिक्रमेतोभयतोऽनुसंहितं
ततोऽस्य पश्चात्पदतां प्रदर्शयेत्।
यथापदं वान्यतरेण संदधत्
त्रिषूत्तमेष्वेतदलोपसंभवात्॥३३॥

सू० अ०—अथवा (१) दोनों ओर संहिता-पाठ के अनुसार क्रम-वर्ग बनावे; तदनन्तर इस (विकृत पद) के पद-रूप को दिखलावे। अथवा (२) दोनों (पूर्ववर्ती और परवर्ती) में से किसी एक (पद) के साथ पद-पाठ के अनुसार

टि० (क) और्वभृगुवच्छुचिम्॥ सं० पा०॥ और्वभृगुवत्। शुचिम्॥ प० पा० और्वभृगुवच्छुचिम्। **और्वभृगुवदित्यौर्वभृगुवत्॥** क्र० पा०

(ख) इन्द्राग्नी तपन्ति॥ सं० पा०॥ इन्द्राग्नी इति। तपन्ति॥ प० पा० इन्द्राग्नी तपन्ति। **इन्द्राग्नी इतीन्द्राग्नी॥** क्र० पा०

(ग) अर्थात् 'परिग्रह' में 'इति' के बाद में विद्यमान पद की 'इति' के साथ संधि (मेल) हो जाती है किंतु 'इति' के बाद में विद्यमान भी 'स्वः' पद की 'इति' के साथ संधि नहीं होती है। 'इति' और 'स्वः' के मध्य में एक मात्राकाल का व्यवधान होता है।

(घ) पृ० ५८० पर टि० (क) देखिए।

---

[1] ऋ० क्र० ८।१०२।४ [2] ऋ० क्र० ६।५९।८
[3] ऋ० प० १।५२।१२ [4] १०।१७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(विकृत पद को) मिलाता हुआ (क्रम-वर्गों को बनावे)। (इस प्रकार क्रम-वर्ग बनाने से) ('संहिता' का) अलोप संभव होने से यह अन्तिम तीन स्थलों पर (लागू होता है)।

उ० भा०—(अलोपसंभवात्=) अलोपसंभवदर्शनात्; अथवा; (अभिक्रमेत=) अभिक्रमं कुर्यात्; उभयतः=पूर्वेण च परेण च; अनुसंहितम्। ततः पश्चादस्य पदस्य पदतां प्रदर्शयेत्। क्व ? त्रिषूत्तमेषु निमित्तसंशयेषु। निमित्तहेतोरेवमप्यलोपः संभवति। "वीरास एतन। एतन मर्यासः। इतनेतीतन।"[१] "चित्कम्भनेन। कम्भनेन स्कभीयान्। स्कम्भनेनेति स्कम्भनेन।"[२] "योनिमारैक्। आरैगप। अरैगित्यरैक्।"[३]

यथापदं वान्यतरेण पदेन पूर्वेण परेण वा सह संदधत् क्रमं ब्रूयात्। "वीरास एतन। इतन मर्यासः। वीरास इतन। एतन मर्यासः।"[४] "चित्कम्भनेन। स्कम्भनेन स्कभीयान्। चित्स्कम्भनेन। कम्भनेन स्कभीयान्।"[५] "योनिमारैक्। अरैगप।" योनिमरैक्। आरैगप।"[६] एवमप्यलोपः संभवति।

द्वाविमौ पक्षौ। उभयतोऽनुसंहितम् इति च यथापदं वान्यतरेण इति च। एतयोः कोऽभिप्रायः ? अज्ञायमाने विकारनिमित्तेऽन्यतरयोगे विकारो भवतीति पूर्वस्याभिप्रायः। अन्यतरवचनादन्यतरं निमित्तं भवितुमर्हतीति परस्य। एवमेके वर्णयन्ति॥

उ० भा० अ०—अथवा; (अलोपसम्भवात्=) अलोप सम्भव दिखलाई पड़ता है इसलिये; उभयतः=दोनों के साथ=पूर्ववर्ती तथा परवर्ती पद के साथ; अनुसंहितम्=संहिता-पाठ के अनुसार; (अभिक्रमेत=) (विकृत-पद के) क्रम-वर्गों को बनावे। ततः पश्चात्=इसके बाद; अस्य=इस (विकृत-)पद के; पदताम्=पद-रूप (मूल-रूप) को; प्रदर्शयेत्=दिखलावे। कहाँ ? (उत्तर) त्रिषूत्तमेषु=अन्तिम तीन में; जहाँ (विकार के) निमित्त के विषय में संशय है। इस प्रकार भी निमित्त रूप हेतु का अलोप सम्भव है। (उदाहरण) "वीरास एतन। एतन मर्यासः। इतनेतीतन।" चित्कम्भनेन। कम्भनेन स्कभीयान्। स्कम्भनेनेति स्कम्भनेन।" "योनिमारैक्। आरैगप। अरैगित्यरैक्।

अथवा; अन्यतरेण=दोनों में से किसी एक पद के साथ=पूर्ववर्ती (पद) के साथ अथवा परवर्ती पद के साथ; यथापदम्=पद-पाठ के अनुसार; संदधत्=(विकृत पद को) मिलाता हुआ; क्रम-वर्गों का उच्चारण करे। (उदाहरण) "वीरास एतन। इतन मर्यासः।" "वीरास इतन। एतन मर्यासः।"क 'चित्कम्भनेन। स्कम्भनेन

टि० (क) वीरास एतन॥ सं० पा०॥ वीरासः। इतन॥ प० पा०
प्रथम आचार्य—वीरास एतन। एतन मर्यासः। इतनेतीतन॥ क्र० पा०
द्वितीय आचार्य (i)—वीरास एतन। इतन मर्यासः॥ क्र० पा०
अथवा (ii)—वीरास इतन। एतन मर्यासः॥ क्र० पा०

---

[१] ऋ० क० ५।६१।४ [२] ऋ० क० १०।१११।५ [३] ऋ० क० १।१२४।८
[४] ऋ० क० ५।६१।४ [५] ऋ० क० १०।१११।५ [६] ऋ० क० १।१२४।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्कभीयान् ।" "चित्स्कम्भनेन । कम्भनेन स्कभीयान् ।"क "योनिमारैक् । अरैगप ।" "योनिमरैक् । आरैगप ।"ख इस प्रकार भी अलोप संभव है ।

ये दो पक्ष हैं—दोनों ओर संहिता-पाठ के अनुसार अथवा दो में से एक ओर पद-पाठ के अनुसार । इन दोनों का क्या अभिप्राय है ? पूर्ववर्ती (पक्ष) का अभिप्राय यह है कि जब विकार का निमित्त ज्ञात नहीं होता है तब दोनों में से किसी एक के योग में विकार होता है । दूसरे (पक्ष) का अभिप्राय यह है कि दोनों में से एक का कथन कर देने से वही एक निमित्त हो सकता है । इस प्रकार कुछ लोग वर्णन करते हैं ।

उ० भा०—अपरे पुर्नानवृत्तत्वान्निमित्तसंशयाधिकारस्य त्रिषूत्तमेष्विति प्रकृतानामेव—"सहेतिकाराणि"[1] इत्येतेषां त्रिषूत्तमेषु—"तृतीयतां गच्छति यस्य चोष्मवान्"[2] इत्येवमादिषु वर्णयन्ति । "पत्मन्दक्षुषः । दक्षुषः कृष्णजंहसः । धक्षुष इति धक्षुषः ।"[3] "वरुणो मामहन्ताम् । मामहन्तामदितिः । ममहन्तामिति ममहन्ताम् ।"[4] योनिमारैक् । आरैगप । अरैगित्यरैक् ।"[5] पूर्वोत्तरयोः—"अतीत्य तेषां पदतां प्रदर्शयेत्"[6] इत्येव सिद्धत्वादिह ग्रहणमनर्थकम् । नानर्थकम् । "यथापदं वान्यतरेण संदधत्" इत्यपूर्वार्थविधिः । तत्रोक्तोप्यर्थः पुनः कीर्त्यते । "पत्मन्दक्षुषः । धक्षुषः कृष्णजंहसः ।"[7] "वरुणो मामहन्ताम् । ममहन्तामदितिः ।"[8] "योनिमारैक् । अरैगप ।"[9] यदवशिष्टं तत्पूर्ववद् द्रष्टव्यम् ॥

उ० भा० अ०—किंतु दूसरे लोग निमित्त-विषयक-संशय के अधिकार के निवृत्त हो जाने से "अन्तिम तीन में"—यहाँ पर प्रकृत ही "इतिकरण सहित"—इनमें से अन्तिम तीन—"जिस (पद) का 'सोष्म' (-वर्ण) तृतीय हो जाता है" इत्यादि में (इस सूत्र का) वर्णन करते हैं—"पत्मन्दक्षुषः । दक्षुषः कृष्णजंहसः । धक्षुष इति धक्षुषः ।" "वरुणो मामहन्ताम् । मामहन्तामदितिः । ममहन्तामिति ममहन्ताम् ।" "योनिमारैक् । आरैगप । अरैगित्यरैक् ।" (पू०) पूर्ववर्ती और परवर्ती (वचन) में—"('क्रम' वर्गों को) पूरा करके उन (पदों) का पद-रूप दिखलावे"—इससे ही (पद-रूप) सिद्ध होने पर यहाँ ग्रहण अनर्थक है । (सि०) अनर्थक नहीं है । "एक के साथ पद-पाठ के अनुसार मिलाता

टि० (क) चित्कम्भनेन स्कभीयान् ॥ सं० पा० ॥ चित् । स्कम्भनेन । स्कभीयान् ॥ प०पा०
प्रथम आचार्य-चित्कम्भनेन । कम्भनेन स्कभीयान् । स्कम्भनेनेति स्कम्भनेन ॥ क०पा०
द्वितीय आचार्य (i)–चित्कम्भनेन । स्कम्भनेन स्कभीयान् ॥ क० पा०
अथवा (ii) —चित्स्कम्भनेन । कम्भनेन स्कभीयान् ॥ क० पा०

(ख) योनिमारैक् ॥ सं० पा० ॥ योनिम् । अरैक् ॥ प० पा०
प्रथम आचार्य–योनिमारैक् । आरैगप । अरैगित्यरैक् ॥ क० पा०
द्वितीय आचार्य (i)–योनिमारैक् । अरैगप ॥ क० पा०
अथवा (ii) —योनिमरैक् । आरैगप ॥ क० पा०

---

[1] ११।२५ [2] ११।२५ [3] ऋ० क० १।१४१।७
[4] ऋ० क० १।९४।१६ [5] ऋ० क० १।१२४।८ [6] ११।२५
[7] ऋ० क० १।१४१।७ [8] ऋ० क० १।९४।१६ [9] ऋ० क० १।१२४।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुआ"—यह अपूर्व विषय का विधान है। (इसलिये) वहाँ (११।२५ में) कहा गया विषय भी पुनः कहा गया है।[क] (उदाहरण) "पत्मन्दक्षुषः। धक्षुषः कृष्णजंहसः।"[ख] "वरुणो मामहन्ताम्। ममहन्तामदितिः।"[ग] "योनिमारैक्। अरैगप।"[घ] जो अवशिष्ट ह उसे पूर्व की तरह समझना चाहिये।[ङ]

(परिग्रहविषयेऽपवादः)

अरक्तसंध्येत्यपवाद्यते पदं
पुनस्तदुक्त्वाध्यवसाय पूर्ववत् ॥३४॥

(परिग्रह के विषय में अपवाद)

सू० अ०—आनुनासिक्य से न मिला हुआ (अर्थात् अननुनासिक) 'आ' यह पद ('परिग्रह' से) मुक्त कर दिया जाता है। उस ('आ') को दोबारा कहकर और पहले की तरह (परवर्ती पद से) समाप्त करके (क्रम-वर्ग को बनावे)।

उ० भा०—अरक्तसंधि आ इत्येतत्पदमपवाद्यते। कस्मात्? परिग्रहात्। कस्य हेतोः? "बहुक्रमे मध्यगतानि यानि च"[१] इति परिग्रहोऽस्य मा भूदिति। कथं तर्हि वक्तव्यम्? पुनस्तत् पदम् उक्त्वा। कतरत्? आ इत्येतत्। पूर्ववत् परेण पदेन; (अध्यवसाय=) अध्यवसानं कृत्वा; क्रमेत। "मन्द्रमा वरेण्यम्। आ वरेण्यम्।"[२] अरक्तसंधि इति कस्मात्? "अभ्र आँ अपः। एत्या।"[३]

उ० भा० अ०—**अरक्तसंधि आ इति पदम्**=आनुनासिक्य से न मिला हुआ 'आ' यह पद; **अपवाद्यते**=हटा दिया जाता है। किससे (हटा दिया जाता है)? (उत्तर)

टि० (क) पू०—इस सूत्र के पूर्वार्ध में विहित तथ्य का विधान तो ११।२५ में ही कर दिया गया था। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर यहाँ पुनर्विधान व्यर्थ है। सि०—इस सूत्र के उत्तरार्ध में नितान्त नवीन तथ्य का विधान किया गया है। इसके साथ-साथ ११।२५ में विहित तथ्य का भी अनुवाद कर दिया गया है।

(ख) पत्मन्दक्षुषः कृष्णजंहसः॥ सं० पा०॥ पत्मन्। धक्षुषः। कृष्णञ्जंहसः॥ प० पा० प्रथम आचार्य—पत्मन्दक्षुषः। दक्षुषः कृष्णजंहसः। धक्षुष इति धक्षुषः॥ क्र० पा० द्वितीय आचार्य—पत्मन्दक्षुषः। धक्षुषः कृष्णजंहसः॥ क्र० पा०

(ग) वरुणो मामहन्तामदितिः॥ सं० पा०॥ वरुणः। ममहन्ताम्। अदितिः॥ प० पा० प्रथम आचार्य—वरुणो मामहन्ताम्। मामहन्तामदितिः। ममहन्तामिति ममहन्ताम्॥ क्र० पा०

द्वितीय आचार्य—वरुणो मामहन्ताम्। ममहन्तामदितिः॥ क्र० पा०

(घ) पृष्ठ ६२३ पर टि० (ख) को देखिए।

(ङ) अर्थात् अवशिष्ट क्रम-वर्ग क्रम से इस प्रकार होंगे—

"पत्मन्दक्षुषः। दक्षुषः कृष्णजंहसः।" "वरुणो ममहन्ताम्। मामहन्तामदितिः।" "योनिमरैक्। आरैगप।"

---

१ ११।२५ २ ऋ० क० ९।६५।२९ ३ ऋ० क० ५।४८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'परिग्रह' से (हटा दिया जाता है)। किस कारण से? (उत्तर) "बहुत (पदों) के क्रम-वर्ग में जो मध्य में स्थित हैं उनको भी"—इस (सूत्र) से इस ('आ') का 'परिग्रह' न होवे। तब कैसे उच्चारण करना चाहिये? **पुनस्तदुक्त्वा**=उस पद का पुनः उच्चारण करके। किसका? (उत्तर) 'आ' इस (पद) का। **पूर्ववत्**=पहले की तरह (अर्थात् जैसे पूर्ववर्ती क्रम-वर्ग में किया गया है वैसे); परवर्ती पद के साथ; **अध्यवसाय**=(क्रम-वर्ग को) समाप्त करके; क्रम-वर्ग बनाना चाहिये।[क] (उदाहरण) "मन्द्रमा वरेण्यम्। आ वरेण्यम्।"[ख] "आनुनासिक्य से न मिला हुआ"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अभ्र आँ अपः। एत्या।"[ग]

(यदृच्छोपनते बहुक्रमे कश्चित् विशेषः)

तथा यदृच्छोपनते बहुक्रमे
क्रमेत तस्यैकपदानि निःसृजन् ॥३५॥

(यदृच्छा से किये गए बहुक्रम में एक विशेष बात)

सू० अ०—उसी प्रकार बहुत (पदों) के उस क्रम-वर्ग में जो (पूर्ववर्ती) नियम से अविहित है, उस (क्रम-वर्ग) के एक-एक पद को पृथक् करता हुआ क्रम-वर्ग बनाये।

उ० भा०—तथा। कथम्? यथा आकारस्य पदप्रदर्शनार्थं प्रत्यादानमुक्तं पूर्ववदध्यवसानम्। यदृच्छोपनते बहुक्रमे तस्य बहुक्रमस्य; (एकपदानि=) एकैकं पदम्; निःसृजन्=अपनयन्; वक्ता क्रमेत। कस्य हेतोः? यथा सर्वे पदान्ताः स्वराश्च सार्थदृष्टाः स्युरिति "आ त्वेता नि। त्वेता नि। एता नि। इता नि।"[१] निमित्तनैमित्तिकप्रसङ्गेन यो बहुक्रमः क्रमशास्त्रेषु नाम्नातः स यदृच्छोपनतः। यथा—"आ त्वेता नि" इत्यत्र आ तु इति द्वाभ्यामवसाने क्रियमाणे तकारस्य द्वित्वाभावात्तदनवसानीयं भवति। अनुनासिकभयात्तृतीयम्। दीर्घभावार्थं चतुर्थम्॥

टि० (क) यह सूत्र ११।२५ का अपवाद है। तीन पदों के क्रम-वर्ग के मध्य में आने पर भी अननुनासिक 'आ' का 'परिग्रह' नहीं किया जाता है। तीन पदों के क्रम-वर्ग के मध्य में रखने के उपरान्त 'आ' का पुनः ग्रहण करके उसको दूसरे क्रम-वर्ग के प्रारम्भ में रखा जाता है और उस दूसरे क्रम-वर्ग के अन्त में 'आ' से बाद में स्थित उसी पद (वरेण्यम्) को रखा जाता है जो पूर्ववर्ती क्रम-वर्ग के अन्त में रखा गया था।

(ख) मन्द्रमा वरेण्यम्॥ सं० पा०॥ मन्द्रम्। आ। वरेण्यम्॥ प० पा०
मन्द्रमा वरेण्यम्। आ वरेण्यम्॥ क्र० पा०

(ग) अभ्र आँ अपः॥ सं० पा०॥ अभ्रे। आ। अपः॥ प० पा०
अभ्र आँ अपः। एत्या॥ क्र० पा०
यहाँ 'आ' 'अनुनासिक' है। अतः ११।२५ से 'आ' का 'परिग्रह' किया गया है।

---

[१] ऋ० क्र० १।५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**तथा**=उसी प्रकार। किस प्रकार? (उत्तर) जिस प्रकार आकार के पद-प्रदर्शन के लिये (आकार का) पुनः ग्रहण (प्रत्यादान) और पूर्व की तरह (परवर्ती पद के द्वारा) अध्यवसान (क्रम-वर्ग की समाप्ति) कहा गया है। **यदृच्छोपनते बहुक्रमे**=(पूर्ववर्ती) नियम से अविहित बहुत (पदों) के क्रम-वर्ग में; **तस्य**=उसके=बहुत (पदों) के क्रम-वर्ग के; (**एकपदानि**=) एक-एक पदों को; **निःसृजन्**=पृथक् करता हुआ; वक्ता; **क्रमेत**=क्रम-वर्ग बनाये।[क] किस कारण से? (उत्तर) जिससे सभी पदान्त और 'स्वर' साथ-साथ दिखलाई दे जावें। (उदाहरण) "आ त्वेता नि। त्वेता नि। एता नि। इता नि।"[ख] निमित्त और नैमित्तिक के प्रसङ्ग से जो बहुत (पदों) का क्रम-वर्ग क्रम-शास्त्रों में नहीं बतलाया गया है वह यदृच्छा से किया गया है। (जैसे) "आ त्वेता नि" में 'आ तु'—इस प्रकार दो पदों से क्रम-वर्ग का अवसान करने पर तकार का द्वित्व नहीं होगा, इसलिये 'तु' अवसान में नहीं रखा जाता है।[ग] 'अनुनासिक' के भय से तृतीय ('तु' के बाद में विद्यमान 'आ') (अवसान में नहीं रखा जाता है)।[घ] दीर्घभाव के लिये चतुर्थ (='इत') (अवसान में नहीं रखा जाता है)।[ङ]

टि० (क) क्रम-शास्त्र में विहित बहुत पदों के क्रम-वर्गों से अन्य बहुत पदों का क्रम-वर्ग यदि बनाया जाये तो वहाँ बहुत पदों का क्रम-वर्ग बनाने के अनन्तर उस क्रम-वर्ग के मध्यवर्ती पदों को एक-एक करके लिया जाता है और आगे वाले क्रम-वर्ग के प्रारम्भ में रखा जाता है। सभी क्रम-वर्गों के अवसान में वही पद रखा जाता है जो बहुत पदों के क्रम-वर्ग के अवसान में रखा हुआ हो।

(ख) आ त्वेता नि ॥ सं० पा० ॥ आ। तु। आ। इत। नि॥ प० पा०
आ त्वेता नि। त्वेता नि। एता नि। इता नि॥ क्र० पा०
यहाँ पाँच पदों का एक क्रम-वर्ग बना है। क्रम-शास्त्र में इस बहुक्रम का विधान नहीं किया गया है। इसलिये यह बहुत पदों का क्रम-वर्ग यदृच्छा से किया गया है।

(ग) यदि 'आ तु' यह दो पदों का क्रम-वर्ग बनाया जाता तो तकार का द्वित्व न होता क्योंकि ६।१ के अनुसार 'स्वर' के बाद में आने पर संयुक्त वर्ण का ही प्रथम 'व्यञ्जन' द्वित्व को प्राप्त होता है। किंतु यह द्वित्व अनिवार्य है क्योंकि यह संहिता-पाठ में दृष्ट है।

(घ) यदि 'आ' से क्रम-वर्ग का अवसान किया जाता तो वह १।६३ के अनुसार 'आनुनासिक' हो जाता। अतः आनुनासिक्य के भय से इसे क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है।

(ङ) यदि 'इत' को क्रम-वर्ग के अवसान में रखा जाये तो 'इत' का अकार, 'व्यञ्जन' बाद में न होने के कारण, 'दीर्घ' नहीं होगा। अतः इस आकार को 'दीर्घ' करने के लिये 'इत' को क्रम-वर्ग के अवसान में नहीं रखा जाता है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(परिग्रहे संधिविशेषाणां प्रकृतिभावः)
नकारलोपोष्मरभावमानयेदपेतरागां प्रकृति परिग्रहे ॥३६॥
(परिग्रह में संधिविशेषों का प्रकृतिभाव)

सू० अ०—नकार के लोपभाव, ऊष्मभाव और रभाव को 'परिग्रह' में इसके आनुनासिक्यविहीन मूल-रूप में ले आवे।

उ० भा० (नकारलोपोष्मरभावम्=) नकारस्य खलु लोपभावं चोष्मभावं च रभावं च; अपेतरागां=रागवर्जिताम्; प्रकृतिमानयेत्परिग्रहे क्रियमाणे। कस्य हेतोः? पदप्रदर्शनार्थम्। दृष्टा हि लोपोष्मरभावा द्वैपदाभिक्रमेण भवन्ति। तस्मात्त्वां प्रकृतिमानयेत्। लोपभावः—"अस्माँअस्माँ इत्। अस्मानस्मानित्यस्मान्ऽअस्मान्।"[१] ऊष्मभावः—"स्वतवाँः पायु। स्वतवानिति स्वऽतवान्।"[२] नैतदुदाहरणं युक्तम्। स्वतवाँः पायुरिति पायुशब्दे हि नकारस्य विसर्जनीयसम्बन्धः। इदं तर्ह्युदाहरणम्। "नृँः पात्रमिति नृन्पात्रम्।"[३] "विभ्राजमानाँश्चमसान्। विभ्राजमानानिति विऽभ्राजमानान्।"[४] रभावः—'अभीशूँरिव सारथिः। अभीशूनिवेत्यभीशून्ऽइव।"[५]

उ० भा० अ०—(नकारलोपोष्मरभावम्=) नकार के लोपभाव, ऊष्मभाव और रभाव को; अपेतरागाम्=आनुनासिक्यविहीन; प्रकृतिमानयेत्=मूल-रूप में ले आवे; परिग्रहे='परिग्रह' करने पर।[क] किस कारण से? (उत्तर) पद-प्रदर्शन के लिये; क्योंकि दो-दो पदों के क्रम-वर्ग बनाने में लोपभाव, ऊष्मभाव और रेफभाव दिखलाई पडते हैं। इसलिये (उनको) उनके मूल-रूप में ले आवे। लोपभाव (का उदाहरण) "अस्माँअस्माँ इत्। अस्मानस्मानित्यस्मान्ऽअस्मान्।"[ख] ऊष्मभाव (का उदाहरण) "स्वतवाँः पायुः।"[ग]

टि० (क) संहिता-पाठ में जहाँ प्रकृतिभूत नकार का लोप (४।६५-६८ से) होता है अथवा जहाँ नकार 'ऊष्म'-वर्ण के समान कार्य को (४।७४-७९ से) प्राप्त करता है अथवा जहाँ नकार का रेफ (४।६९-७१ से) होता है वहाँ क्रम-वर्ग में संहिता के रूप को दिखलाकर तत्पश्चात् 'परिग्रह' में मूल-रूप को दिखलाया जाता है

(ख) अस्माँअस्माँ इत् ॥ सं० पा० ॥ अस्मान्ऽअस्मान्। इत् ॥ प० पा०
अस्माँअस्माँ इत्। **अस्मानस्मानित्यस्मान्ऽअस्मान्** ॥ क्र० पा०
यहाँ संहिता-पाठ में ४।६५ से नकार का लोप होता है। क्रम-वर्ग में संहिता-रूप को दिखलाकर तत्पश्चात् 'परिग्रह' में मूल-रूप को दिखलाया गया है।

(ग) स्वतवाँः पायुः ॥ सं० पा० ॥ स्वऽतवान्। पायुः ॥ प० पा०
स्वतवाँः पायु। **स्वतवानिति स्वऽतवान्** ॥ क्र० पा०
'परिग्रह' में 'स्वतवान्' का नकार विसर्जनीय हो ही नहीं सकता क्योंकि 'पायु' शब्द बाद में होने पर ही 'स्वतवान्' का नकार विसर्जनीय हो सकता है। अतः 'परिग्रह' में 'स्वतवान्' के मूल-रूप के दिखलाने का विधान करना अनावश्यक है। यही कारण है कि यह स्थल प्रस्तुत सूत्र का उदाहरण नहीं बन सकता है।

---

१ ऋ० क० ४।३२।४ २ ऋ० क० ४।२।६ ३ ऋ० क० १।१२१।१
४ ऋ० क० ४।३३।६ ५ ऋ० क० ६।५७।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वतवानिति स्वञ्तवान् ।" यह उदाहरण युक्त नहीं है। "स्वतवाँः पायुः" में 'पायु' शब्द बाद में होने पर नकार विसर्जनीय होता है। तब यह उदाहरण है—"नृँपात्रमिति नृन्पात्रम् ।"[क] "विभ्राजमानाँश्चमसान् । विभ्राजमानानिति विऽभ्राजमानान् ।"[ख] रभाव (का उदाहरण) "अभीशूँरिव सारथिः । अभीशूनिवेत्यभीशून्ऽइव ।"[ग]

उ० भा०—"अतीत्य तेषां पदतां प्रदर्शयेत्"[१] इत्येवं सिद्धे किमर्थं नकारलोपादीनां संहितानां परिग्रहे पुनर्निवृत्तिरुच्यते । परिग्रहस्योभयोर्वचनयोर्विकारनिवृत्त्यर्थम् । तेन हृघुत्तरस्मिन्नेव स्यात् । नैष दोषः । तेनाप्युभयोर्भवतीति ज्ञापकं ब्रूमः । यदयम्—"पुनर्ब्रूवंस्तत्र समासमिङ्गयेत्"[२] इति पूर्वस्मिन्वचनेऽवग्रहप्रतिषेधार्थं कुर्वन्नेतद् ज्ञापयति अन्यत्रोभयोरपि वचनयोः पदतया प्रदर्शनं भवतीति । एवं च—"अतीत्य तेषां पदतां प्रदर्शयेत्"[३] इत्येवं सिद्धे नकारलोपोष्मरभावमानयेदित्येवमादीनां नियमार्थमनुक्रमणं कुर्वञ्ज्ञापयति—अननुक्रान्तानां विकाराणां परिग्रहस्य पूर्ववचने निवृत्तिर्न भवति । यथा—"धनर्चमिति धनऽअर्चम् ।"[४] "ककुभ्मानिति ककुत्ऽमान् ।"[५] "अहोभिरित्यहःऽभिः ।"[६] "दशोणिमिति दशऽओणिम् ।।"[७]

उ० भा० अ०—(पू०) "क्रम-वर्गों को पूरा करके उनके मूल-रूप को दिखलावे"—इस (सूत्र) से ही (विकार की निवृत्ति) सिद्ध होने पर नकारलोपादि संधियों की 'परिग्रह' में दोबारा निवृत्ति क्यों की गई है? (सि०) 'परिग्रह' के दोनों वचनों में विकार की निवृत्ति के लिये (दोबारा निवृत्ति की गई है) क्योंकि उससे (=११।२५ से) परवर्ती (वचन) में ही (विकार की निवृत्ति) होती। (पू०) यह दोष नहीं है। उससे (११।२५ से) भी दोनों में (विकार की निवृत्ति) होती है—इस विषय में ज्ञापक बतलाते हैं। जो यह (सूत्रकार)—"पुनरुच्चारण करता हुआ समास का 'अवग्रह' करे" इससे (परिग्रह' के) पूर्ववचन में 'अवग्रह' के प्रतिषेध के लिये सूत्र बनाते हैं उसके द्वारा यह बतलाते हैं—अन्यत्र दोनों ही वचनों में पद-रूप (मूल-रूप) का प्रदर्शन होता है। (सि०) ऐसी वस्तु-स्थिति होने पर "क्रम-वर्गों को पूरा करके उनके मूल-रूप को दिखलावे"—इस (सूत्र) से ही ('परिग्रह' के दोनों वचनों में विकार की निवृत्ति) सिद्ध होने पर "नकार के लोपभाव, ऊष्मभाव और रभाव को (मूल-रूप में) ले आवे" इत्यादि का नियम के लिये अनुक्रमण

टि० (क) नृँः पात्रम् ।। सं० पा०।। नृन्। पात्रम्।।प०पा०।। नृँः पात्रमिति नृन्पात्रम् ।। क०पा०

(ख) विभ्राजमानाँश्चमसान् ।। सं० पा० ।। विऽभ्राजमानान् । चमसान् ।। प० पा०
विभ्राजमानाँश्चमसान् । **विभ्राजमानानिति विऽभ्राजमानान्** ।। क० पा०

(ग) अभीशूँरिव सारथिः ।। सं० पा० ।। अभीशून्ऽइव । सारथिः ।। प० पा०
अभीशूँरिव सारथिः । **अभीशूनिवेत्यभीशून्ऽइव** ।। क० पा०
यहाँ नकार ४।७० से रेफ हो जाता है। क्रम-वर्ग में संहिता-रूप को दिखलाकर तत्पश्चात् 'परिग्रह' में मूल-रूप को दिखलाया गया है।

---

[१] ११।२५ [२] ११।३१ [३] ११।२५
[४] ऋ० क० १०।४६।५ [५] ऋ० क० १०।८।२ [६] ऋ० क० १०।१४।९
[७] ऋ० क० ६।२०।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करते हुए (सूत्रकार) यह बतलाते हैं कि जिन विकारों का अनुक्रमण नहीं किया गया है उन (विकारों) की 'परिग्रह' के पूर्व-वचन में निवृत्ति नहीं होती है। (जैसे) "धनर्चमिति धनऽअर्चम्।"[क] "ककुद्मानिति ककुत्ऽमान्।"[ख] "अहोभिरित्यहःऽभिः।"[ग] "दशोणिमिति दशऽओणिम्।"[घ]

नतिम् ॥३७॥

सू० अ०—'मूर्धन्यभाव' ('नति') को (इसके मूल-रूप में ले आवे)।

उ० भा०—नतिं च प्रकृतिमानयेत्परिग्रहे क्रियमाणे। कस्य हेतोः ? पदप्रदर्शनार्थम्। "सुषुमा यातम्। सुसुमेति सुसुम।"[१] "दुर्हनो इति दुःऽहनो॥"[२]

उ० भा० अ०—'परिग्रह' करने पर; नतिम्='मूर्धन्यभाव' को; मूल-रूप में ले आवे। किस कारण से ? (उत्तर) पद-रूप (मूल-रूप) के प्रदर्शन के लिये। (उदाहरण) "सुषुमा यातम्। सुसुमेति सुसुम।"[ङ] "दुर्हनो इति दुःऽहनो।"[च]

प्लुतोपाचरिते च ॥३८॥

सू० अ०—दीर्घत्व ('प्लुत') और सकार-भाव ('उपाचरित') को भी (मूल-रूप में ले आवे)।

उ० भा०—प्लुतं चोपाचरितं च=प्लुतोपाचरिते; एते प्रकृतिमानयेत्परिग्रहे क्रियमाणे। कस्य हेतोः ? समानो हेतुः पूर्वेण। प्लुतः—"मक्षूमक्षू कृणुहि। मक्षुमक्ष्विति मक्षुऽमक्षु।"[३] उपाचरितः—"ज्योतिष्कृदसि। ज्योतिःकृदिति ज्योतिःऽकृत्॥"[४]

टि० (क) अर्वाणं धनर्चम्॥ सं० पा०॥ अर्वाणम्। धनऽअर्चम्॥ प० पा०
अर्वाणं धनर्चम्। **धनर्चमिति धनऽअर्चम्॥** क० पा०

(ख) वृषभः ककुद्मान्॥ सं० पा०॥ वृषभः। ककुत्ऽमान्॥ प० पा०
वृषभः ककुद्मान्। **ककुद्मानिति ककुत्ऽमान्॥** क० पा०

(ग) अहोभिरद्भिः॥ सं० पा०॥ अहःऽभिः। अत्ऽभिः॥ प० पा०
अहोभिरद्भिः। **अहोभिरित्यहःऽभिः॥** क० पा०

(घ) दशमायं दशोणिम्॥ सं० पा०॥दशऽमायम्। दशऽओणिम्॥ प० पा०
दशमायं दशोणिम्। दशमायमिति दशऽमायम्। **दशोणिमिति दशऽओणिम्** क० पा०॥

उपर्युक्त चारों स्थलों पर 'परिग्रह' के पूर्ववचन में मूल-रूप को नहीं दिखलाया गया है क्योंकि ११।३६ आदि सूत्रों में इन स्थलों का उल्लेख नहीं किया गया है।

(ङ) पृ० ६१५ पर टि० (क) देखिए।

(च) पृ० ६१४ पर टि० (ख) देखिए।

---

१ ऋ० क० १।१३७।१
२ ऋ० क० १०।१५५।३
३ ऋ० क० ३।३१।२०
४ ऋ० क० १।५०।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**प्लुतोपाचरिते च**=दीर्घत्व और सकारभाव को भी; 'परिग्रह' करने पर मूल-रूप में ले आवे। किस कारण से? (उत्तर) पूर्व के समान (=पद-रूप का प्रदर्शन) हेतु है। **प्लुत** (का उदाहरण)—"मक्षूमक्षू कृणुहि। मक्षुमक्ष्विति मक्षुऽमक्षु।"[क] **उपाचरित** (का उदाहरण) "ज्योतिष्कृदसि। ज्योतिःकृदिति ज्योतिःऽकृत्।"[ख]

यत्र च प्रगृह्यमेकीभवति स्वरोदयम् ॥३९॥

सू० अ०—जहाँ 'स्वर' बाद में होने पर (पूर्ववर्ती) 'प्रगृह्य' ('स्वर') (उस परवर्ती 'स्वर' के साथ मिलकर) एक हो जाता है (उस स्थल को भी मूल-रूप में ले आवे)।

उ० भा०—**यत्र**=यस्मिन्समुदाये; **स्वरोदयं प्रगृह्यं** पदम्; (**एकीभवति**=) एकीभावं गच्छति। यथा—"त्र्यक्षरान्तास्तु नेवे"[१] इति प्रकृतिभावे प्रतिषिद्धे। तच्च प्रकृतिमानयेत्परिग्रहे क्रियमाणे। कस्य हेतोः? प्रगृह्यस्य प्रकृतिभावप्रदर्शनार्थम्। "दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव॥"[२]

उ० भा० अ०—**यत्र**=जहाँ=जिस समुदाय में; **स्वरोदयम्**='स्वर' बाद में होने पर; **प्रगृह्यम्**='प्रगृह्य' पद; ('स्वर' के साथ मिलकर); **(एकीभवति=)** एकीभाव को प्राप्त होता है। (जैसे) "'इव' बाद में होने पर, तीन अक्षरों वाले (पदों) के अन्त में आने वाले ('प्रगृह्य' 'स्वर'-वर्ण आर्षी संहिता में 'प्रकृतिभाव' से) नहीं रहते"—इससे 'प्रकृतिभाव' का प्रतिषेध होने पर। उसको भी 'परिग्रह' करने पर मूल-रूप में ले आवे। किस कारण से? (उत्तर) 'प्रगृह्य' ('स्वर') के 'प्रकृतिभाव' को दिखलाने के लिये। (उदाहरण) "दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव।"[ग]

प्रवादिनो दूणाशदूढ्यदूळभान् ॥४०॥

सू० अ०—'दूणाश', 'दूढ्य' और 'दूळभ' के सभी रूपों को (उनके मूल-रूप में ले आवे।

उ० भा०—(**प्रवादिनः**=) **प्रवादान्**; (**दूणाशदूढ्यदूळभान्**=) **दूणाश दूढ्य दूळभ इत्येतान्**; **च प्रकृतिमानयेत्परिग्रहे क्रियमाणे। कस्य हेतोः? पदप्रकृतिप्रदर्शनार्थम्।**

टि० (क) मक्षूमक्षू कृणुहि॥ सं० पा०॥ मक्षुऽमक्षु। कृणुहि॥ प० पा०
मक्षूमक्षू कृणुहि। **मक्षुमक्ष्विति मक्षुऽमक्षु**॥ क्र० पा०
(ख) ज्योतिष्कृदसि॥ सं० पा०॥ ज्योतिःऽकृत्। असि॥ प० पा०
ज्योतिष्कृदसि। **ज्योतिःकृदिति ज्योतिःऽकृत्**॥ क्र० पा०
(ग) दम्पतीव क्रतुविदा॥ सं० पा०॥ दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव। क्रतुऽविदा॥ प०पा०
दम्पतीव क्रतुविदा। **दम्पतीइवेति दम्पतीऽइव**॥ क्र० पा०
२।५५ से 'दम्पती' का ईकार 'इव' के इकार के साथ मिलकर एक हो जाता है। प्रस्तुत सूत्र से 'परिग्रह' में इस स्थल को मूल-रूप में दिखलाया जाता है।

---

[१] २।५५ [२] ऋ० क्र० २।३९।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"दूणाशं सख्यम्। दुर्नशमिति दुःऽनशम्।"[१] "जनस्य दूढ्यः। दुर्ध्य इति दुःऽध्यः।"[२] "दूळभो रथः। दुर्दभ इति दुःऽदभः॥"[३]

उ० भा० अ०—'परिग्रह' करने पर; (दूणाशदूढ्यदूळभान् प्रवादिनः=) 'दूणाश', 'दूढ्य' और 'दूळभ'—इनके सभी रूपों को; मूल-रूप में ले आवे। किस कारण से? पद की प्रकृति (मूल-रूप) को दिखलाने के लिये। (उदाहरण) "दूणाशं सख्यम्। दुर्नशमिति दुःऽनशम्।"क "जनस्य दूढ्यः। दुर्ध्य इति दुःऽध्यः।"ख "दूळभो रथः। दुर्दभ इति दुःऽदभः।"ग

परेष्वघोषेषु च रेफमूष्मणः ॥४१॥

सू० अ०—'अघोष' बाद में होने पर 'ऊष्म' (-वर्ण) का जो रेफ बन जाता है; उसे भी ('परिग्रह' के समय मूल-रूप में ले आवे)।

उ० भा०—अघोषेषु च परेषूष्मणः; रेफः क्रियते तम् (रेफम्) च प्रकृतिमानयेत्परिग्रहे क्रियमाणे। कस्य हेतोः? पदप्रकृतिप्रदर्शनार्थम्। "काव्येना स्वर्चनाः। स्वश्चना इति स्वःऽचनाः।"[४] "धूर्षदं वनर्षदम्। धूःसदमिति धूःऽसदम्।"[५] "पूर्पति सुशिष्टौ। पूःपतिमिति पूःऽपतिम्॥"[६]

उ० भा० अ०—अघोषेषु च परेषु=('अघोष' बाद में होने पर; ऊष्मणः (रेफम्=) 'ऊष्म'-वर्ण का जो रेफ हो जाता है उसको; 'परिग्रह' करने पर मूल-रूप में ले आवे। किस कारण से? पद की प्रकृति (मूल-रूप) दिखलाने के लिये। (उदाहरण) "काव्येना स्वर्चनाः। स्वश्चना इति स्वःऽचनाः।"घ "धूर्षदं वनर्षदम्। धूःसदमिति धूःऽसदम्।"ङ "पूर्पति सुशिष्टौ। पूःपतिमिति पूःऽपतिम्।"च

टि० (क) दूणाशं सख्यम्॥ सं० पा०॥ दुःऽनशम्। सख्यम्॥ प० पा०
दूणाशं सख्यम्। **दुर्नशमिति दुःऽनशम्॥** क्र० पा०

(ख) जनस्य दूढ्यः॥ सं० पा०॥ जनस्य। दुःऽध्यः॥ प० पा०
जनस्य दूढ्यः। **दुर्ध्य इति दुःऽध्यः॥** क्र० पा०

(ग) दूळभो रथः॥ सं० पा०॥ दुःऽदभः। रथः॥ प० पा०
दूळभो रथः। **दुर्दभ इति दुःऽदभः॥** क्र० पा०

(घ) काव्येना स्वर्चनाः॥ सं० पा०॥ काव्येन। स्वःऽचनाः॥ प० पा०
काव्येना स्वर्चनाः। **स्वश्चना इति स्वःऽचनाः॥** क्र० पा०

(ङ) धूर्षदं वनर्षदम्॥ सं० पा०॥ धूःऽसदम्। वनऽसदम्॥ प० पा०
धूर्षदं वनर्षदम्। **धूःसदमिति धूःऽसदम्॥** क्र० पा०

(च) पूर्पति सुशिष्टौ॥ सं० पा०॥ पूःऽपतिम्। सुऽशिष्टौ॥ प० पा०
पूर्पति सुशिष्टौ। **पूःपतिमिति पूःऽपतिम्॥** क्र० पा०

'अघोष' 'व्यञ्जन' (चकार, षकार और पकार) बाद में होने पर 'स्वः', 'धूः' और 'पूः' के विसर्जनीय रेफ ('ऊष्मन्') हो गए हैं। प्रस्तुत सूत्र से 'परिग्रह' में रेफ का मूल-रूप (विसर्जनीय) दिखलाया गया है।

---

[१] ऋ० क० ६।४५।२६ [२] ऋ० क० ८।१९।१५ [३] ऋ० क० ४।९।८
[४] ऋ० क० ९।८४।५ [५] ऋ० क० १०।१३२।७ [६] ऋ० क० १।१७३।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाप्रदेशं स्वधितीव चानयेत् ॥४२॥

सू० अ०—विस्तृत क्षेत्र वाले ('प्रतिकण्ठ', 'निपातन') 'स्वधितीव' इस (पद) को भी ('परिग्रह' के समय मूल-रूप में) ले आवे।

उ० भा०—महाप्रदेशं स्वधितीव इत्येतत् च पदं प्रकृतिम् आनयेत् परिग्रहे क्रियमाणे। महाप्रदेशमिति—महानयं प्रदेशो यत्प्रतिकण्ठमस्य ग्रहणम्। सर्वाणि हि शास्त्राणि प्रतिकण्ठं पठ्यन्ते। "सर्वशास्त्रार्थं प्रतिकण्ठमुक्तम्।"[१] प्रतिकण्ठे चास्य विधिरुक्तः। "नाक्षा इन्दुः स्वधितीवाह एव"[२]— इति रेफस्य च लोपो दीर्घत्वं च पुरा निपातितम्। तस्मात्स महाप्रदेशः "स्वधितिरिवेति स्वधितिःऽइव॥"[३]

उ० भा० अ०—**महाप्रदेशम्**=विस्तृत क्षेत्र वाले; **स्वधितीव च**='स्वधितीव' इस पद को भी; मूल-रूप में; **आनयेत्**=ले आवे; 'परिग्रह' करने पर; (अर्थात् 'परिग्रह' में 'स्वधितीव' का मूल-रूप दिखलाया जाता है)। **महाप्रदेश**—जो 'प्रतिकण्ठ' ('निपातन') होता है उसका क्षेत्र विशाल होता है; उस 'प्रतिकण्ठ' ('निपातन') का यहाँ ग्रहण किया गया है। 'प्रतिकण्ठ' सभी शास्त्रों के (अपवाद के रूप में) पढ़े जाते हैं—"सभी शास्त्रों के अपवादों के रूप में 'प्रतिकण्ठ' ('निपातन') का प्रतिपादन किया गया है।" 'प्रतिकण्ठ' के प्रसङ्ग में इस ('स्वधितीव') का विधान किया गया है—" 'अक्षा इन्दुः', 'स्वधितीव' और 'अह एव' (ये निपातन हैं)"—यहाँ पर (अर्थात् 'स्वधितीव' में) रेफ का लोप और पूर्ववर्ती (वर्ण) का दीर्घत्व ये दोनों निपातन से होते हैं। (उदाहरण) "स्वधितिरिवेति स्वधितिःऽइव।"[क]

नुदेच्च शौद्धाक्षरसंध्यमागमम् ॥४३॥

सू० अ०—'शौद्धाक्षर' नामक संधि से उत्पन्न आगम को ('परिग्रह' करने पर) हटा दें।

उ० भा०—नुदेत्; (शौद्धाक्षरसंध्यमागमम् च=) शौद्धाक्षरसंधिजं चागमम्। प्रकृतिमानयेत् परिग्रहे क्रियमाणे। कस्य हेतोः? पदप्रकृतिप्रदर्शनार्थम्। "सुश्चन्द्र दस्म। सुचन्द्रेति सुऽचन्द्र।"[४] "परिष्कृण्वन्ननिष्कृतम्। परिकृण्वन्निति परिऽकृण्वन्।"[५] "धूर्षदं वनर्षदम्। धूःसदमिति धूःऽसदम्।" "वनसदमिति वनऽसदम्॥"[६]

उ० भा० अ०—(**शौद्धाक्षरसंध्यमागमम् च**=) 'शौद्धाक्षर' संधि[ख] से उत्पन्न आगम को भी; **नुदेत्**=हटा दे। (जिस पद में 'शौद्धाक्षर'-संज्ञक आगम होता है उस पद को) 'परिग्रह' करने पर मूल-रूप में ले आवे। किस कारण से? (उत्तर) पद की प्रकृति

टि० (क) स्वधितीव रीयते॥ सं० पा०॥ स्वधितिःऽइव। रीयते॥ प० पा०
स्वधितीव रीयते। **स्वधितिरिवेति स्वधितिःऽइव**॥ क्र० पा०
(ख) 'शौद्धाक्षर' संधि के लिए ४।८४–८९ को देखिए।

---

[१] १।५४ [२] ४।४० [३] ऋ० क० ५।७।८
[४] ऋ० क० ५।६।५ [५] ऋ० क० ९।३९।२ [६] ऋ० क० १०।१३२।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(मूल-रूप) को दिखलाने के लिये। (उदाहरण) "सुश्चन्द्र दस्म। सुचन्द्रेति सुऽचन्द्र।"क "परिष्कृण्वन्ननिष्कृतम्। परिकृण्वन्निति परिऽकृण्वन्।"ख "धूर्षदं वनर्षदम्। धूःसदमिति धूःऽसदम्।" वनसदमिति वनऽसदम्।"ग

(क्रमपाठे विकृतरूपविषयकनियमः) (पूर्वानुवृत्तः)

अभिक्रमे पूर्वविधानमाचरेत्
पुनर्ब्रुवँस्तूत्तरकारितं क्रमे।
विकारमन्यद्यदतोऽनुसंहितं
तदाचरेदन्तगताद्ययोस्तु न ॥४४॥

(क्रम-पाठ में विकृतरूपविषयक नियम) (पूर्वानुवृत्त)

सू० अ०—(जब कोई पद) 'क्रम' में प्रथम बार आवे तो पूर्ववर्ती (पद) से उत्पन्न किये गये (विकार) का उच्चारण करे। पुनः उच्चारण करता हुआ परवर्ती (पद) से किये गये (विकार का उच्चारण करे)। इनसे अन्य जो विकार है उसका (-को) संहिता-पाठ के अनुसार उच्चारण करे। किंतु (अर्धर्च के) अन्त में स्थित और आदि में स्थित (पदों) में (यह नियम लागू) नहीं (होता है)।

उ० भा०—(क्रमे=) क्रमविधौ; अभिक्रमे=द्वंपदस्य प्रथमे वचने; पूर्वविधानमाचरेत्=पूर्वप्रयुक्तं विकारं पठेत्–इत्यर्थः। यथा—"प्र ण इन्दो"[१] इत्यत्र–प्र णः। पुनर्ब्रुवन्=द्वितीये वचने; उत्तरकारितम् आचरेत्, न पूर्वकारितं विकारम्—न इन्दो। अन्यदिति=यदतः पूर्वोत्तरकृतविकारादन्यत्=यत् पदं स्वयंविकृतम्; तदनुसंहितमाचरेत्=क्रमकाल उभयवचनेऽपि यथासंहितं पठेत् इत्यर्थः। अन्तगताद्ययोस्तु न=अन्तगतस्यादिगतस्य स्वयंविकृतस्याप्युभयवचने नाचरणं कुर्यात्; तयोरुभयवचनस्याभावादिति भावः॥

उ० भा० अ०—(क्रमे=) क्रम-विधि में; अभिक्रमे=दो पदों के प्रथम वचन में; पूर्वविधानमाचरेत्=पूर्व-विधान का (को) आचरण करे=पूर्ववर्ती (पद) से किये

टि० (क) सुश्चन्द्र दस्म ॥ सं० पा० ॥ सुऽचन्द्र। दस्म ॥ प० पा०
सुश्चन्द्र दस्म। **सुचन्द्रेति सुऽचन्द्र** ॥ क्र० पा०
(ख) परिष्कृण्वन्ननिष्कृतम् ॥ सं० पा० ॥ परिऽकृण्वन्। अनिःऽकृतम् ॥ प० पा०
परिष्कृण्वन्ननिष्कृतम्। **परिकृण्वन्निति परिऽकृण्वन्** ॥ क्र० पा०
(ग) धूर्षदं वनर्षदम् ॥ सं० पा० ॥ धूःऽसदम्। वनऽसदम् ॥ प० पा०
धूर्षदं वनर्षदम्। **धूःसदमिति धूःऽसदम्। वनसदमिति वनऽसदम्** ॥ क्र० पा०
'सुश्चन्द्र' में ४।८४ से शकार का, 'परिष्कृण्वन्' में ४।८५ से षकार का और 'वनर्षदम्' में ४।८६ से रेफ का आगम हुआ है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' करने पर इन सब आगमों को हटा दिया गया है और इन पदों के मूल-रूप को दिखलाया गया है।

---

[१] ऋ० ९।४४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गये विकार का (को) पाठ करे। जैसे—"प्र ण इन्दो"[क] में "प्र णः"; **पुनर्ब्रुवन्**=पुनः उच्चारण करता हुआ=द्वितीय वचन में; **उत्तरकारितम्**=परवर्ती (पद) से किये गये (विकार) का (को); पाठ करे, पूर्ववर्ती (पद) से किये गये विकार का (को) नहीं—"न इन्दो"। **अन्यत्**=पूर्ववर्ती तथा परवर्ती (पदों) से किये गये विकारों से अन्य=जो पद स्वयं ही विकृत हो गया है; **तदनुसंहितमाचरेत्**=उसको संहिता-पाठ के अनुसार करना चाहिये=क्रम-काल में दोनों ही वचनों में संहिता-पाठ के अनुसार पाठ करना चाहिये। **अन्तगताद्ययोस्तु न**=(अर्धर्च के) अन्त में स्थित और आदि में स्थित (पद) का दोनों वचनों में आचरण नहीं करना चाहिये=संहिता-पाठ के अनुसार पाठ नहीं करना चाहिए चाहे वह स्वयं से ही विकृत हो। उन दोनों (=अर्धर्च के प्रथम और अन्तिम पदों) में उभय वचन का अभाव होता है यह भाव है।

(परिग्रहे संधिविशेषाणां प्रकृतिभावः) (पूर्वानुवृत्तः)

सकृद्यथासंहितमेषु वाचरेत्
पुनर्विवक्षन्पदमप्यसंदधत्।
परिग्रहे संधिषु कारणान्वयात् ॥४५॥

(परिग्रह में संधिविशेषों का प्रकृतिभाव) (पूर्वानुवृत्त)

सू० अ०—(११।३६ आदि सूत्रों में उलिखित) इन (स्थलों) में 'परिग्रह' करते समय एक बार (='परिग्रह' के प्रथम वचन में) संहिता-पाठ के अनुसार पाठ करे। पुनः (='परिग्रह' के द्वितीय वचन में) वक्ता पद में (को) संधि न करता हुआ पाठ करे क्योंकि (इन) संधियों में ('परिग्रह' के प्रथम वचन में) कारण का अन्वय हो जाता है।

उ० भा०—अथ च सकृद्यथासंहितमेषु वाचरेत्। एषु कतरेषु ? "नकारलोपोष्म-रभावमानयेत्"[१] इत्येवमादिषु। पुनः=द्वितीयं वचनम्; विवक्षन्=वक्ता; पदमपि क्रियते; असंदधत्=संधिमकुर्वन्; परिग्रहे क्रियमाणे। कस्य हेतोः ? संधिषु कारणान्वयात्—एषु हि नकारलोपादिषु संधिषु यस्मिंस्ते नकारलोपादयो विहितास् तत्कारणमन्वेति परिग्रहस्य पूर्ववचने। श्येनाँइव ध्रजतः। श्येनाँइवेति श्येनान्ऽइव।"[२] 'विश्वश्चन्द्रा अमित्रहन्। विश्वश्चन्द्रा इति विश्वऽचन्द्राः॥"[३]

उ० भा० अ०—**सकृद्यथासंहितमेषु वाचरेत्**=अथवा इनमें एक बार संहिता-पाठ के अनुसार पाठ करना चाहिए। इनमें किनमें ? (उत्तर) "नकार के लोपभाव, ऊष्मभाव और रभाव को (मूल-रूप में) ले आवे" इत्यादि में। **पुनः विवक्षन्**=द्वितीय वचन में (को) वक्ता; **पदमप्यसंदधत्**=पद में (को) संधि (मेल) न करता हुआ; पाठ करे;

टि० (क) प्र ण इन्दो॥ सं० पा०॥ प्र। नः। इन्दो इति॥ प० पा०
प्र णः। न इन्दो॥ क्र० पा०

१ ११।३६ २ ऋ० क० १।१६५।२ ३ ऋ० क० १०।१३४।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिग्रहे='परिग्रह' करते समय।[क] किस कारण से? (उत्तर) **संधिषु कारणान्वयात्**= इन नकारलोप आदि संधियों में जिस (कारण) के परे रहते ये नकारलोप आदि विहित हैं वह कारण 'परिग्रह' के प्रथम वचन में अन्वित हो जाता है (जिससे आर्षी संहिता का लोप नहीं होता है)। (उदाहरण) "श्येनाँइव ध्रजतः। श्येनाँइवेति श्येनान्ऽइव।"[ख] "विश्वश्चन्द्रा अमित्रहन्। विश्वऽचन्द्राः।"[ग]

अविक्रमं द्व्यूष्मसु चोष्मसंधिषु ॥४६॥

सू० अ०—दो 'ऊष्म' (-वर्णों) वाली 'ऊष्म' संधियों में ('परिग्रह' के प्रथम वचन में) अपरिवर्तित विसर्जनीय (का उच्चारण) नहीं (करना चाहिये)।

उ० भा०—अविक्रमम् एव कुर्याद्वक्ता द्व्यूष्मसूष्मसंधिषु परिग्रहे क्रियमाणे। किमर्थमिदमुच्यते? इह "निष्षिध्वरीः" "स्वर्षाता" इति च नते रेफस्य च निवृत्तौ कृतायां पुनर्विसर्जनीयस्य—"तथेवोष्माणमूष्मणि"[१] इति नित्यविधिं बाधित्वा—"ऊष्मणि चानते"[२] इति विभाषा प्राप्नोति। तत्र व्यापत्तिरेवेष्यते न विक्रमः। एवमर्थमिदमुच्यते। "निष्षिध्वरीस्ते। निस्सिध्वरीरिति निःऽसिध्वरीः।"[३] "स्वर्षाता यत्। स्वस्सातेति स्वःऽसाता।"[४] द्व्यूष्मसु इति कस्मात्? "दिवः पृथिव्योः"[५] इत्यत्राप्युपाचारस्य निवृत्तौ कृतायाम्—"प्रथमोत्तमवर्गीये स्पर्शे वा"[६] इति व्यापत्तिरेव स्यात्। अविक्रमम् इति परिग्रहे विक्रमस्य प्रतिषेधात्। स्यान्मतम्—"अव्यापत्तिः कखपफेषु वृत्तिः"[७] इत्युक्तत्वान्न भविष्यतीति। तच्च न। परिग्रहादन्यत्र सावकाशत्वात्तस्य॥

उ० भा० अ०—'परिग्रह' करने पर; **द्व्यूष्मसूष्मसंधिषु**=दो 'ऊष्म' (-वर्णों) वाली 'ऊष्म' संधियों में; **अविक्रमम्**=अपरिवर्तित विसर्जनीय नहीं; (उच्चारण) करना चाहिये; (अर्थात् दो 'ऊष्म'-वर्णों वाली 'ऊष्म'-संधियों में 'परिग्रह' के प्रथम वचन में परिवर्तित विसर्जनीय का उच्चारण करना चाहिये)। यह किसलिये कह रहे हो? (उत्तर) यहाँ (अर्थात् 'परिग्रह' के प्रथम वचन में) 'निष्षिध्वरीः' और 'स्वर्षाता' में (क्रमशः) 'मूर्धन्यभाव' ('नति') और रेफ की निवृत्ति हो जाने पर पुनः विसर्जनीय की—"'ऊष्म'(-वर्ण) बाद में हो तो (विसर्जनीय) वही 'ऊष्म'(-वर्ण) हो जाता है"—इस नित्य-विधि को बाध करके—

टि० (क) ११।३६ आदि सूत्रों में उल्लिखित स्थलों में 'परिग्रह' के विषय में यह भी किया जा सकता है:—(१) 'परिग्रह' के प्रथम वचन में संहिता-पाठ के अनुसार पाठ करे जिसमें विकार दिखलाया जाता है किंतु (२) 'परिग्रह' के द्वितीय वचन में विकार को न दिखलाकर पद-पाठ में दृष्ट रूप को दिखलाया जाता है।

(ख) श्येनाँइव ध्रजतः॥ सं० पा०॥ श्येनान्ऽइव। ध्रजतः॥ प० पा०
श्येनाँइव ध्रजतः। **श्येनाँइवेति श्येनान्ऽइव**॥ क्र० पा०

(ग) विश्वश्चन्द्रा अमित्रहन्॥ सं० पा०॥ विश्वऽचन्द्राः। अमित्रऽहन्॥ प० पा०
विश्वश्चन्द्रा अमित्रहन्। **विश्वश्चन्द्रा इति विश्वऽचन्द्राः**॥ क्र० पा०

---

[१] ४।३२ [२] ४।३४ [३] ऋ० क्र० ३।५५।२२
[४] ऋ० क्र० ६।३३।४ [५] ऋ० क्र० २।२।३ [६] ४।३३ [७] ४।३८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"'दन्त्य' के स्थान पर न आया हुआ 'ऊष्म'(-वर्ण) बाद में हो तो (विसर्जनीय वही 'ऊष्म'-वर्ण विकल्प से होता है)"—इससे विभाषा प्राप्त होती है। वहाँ परिवर्तित विसर्जनीय ('व्यापत्ति') ही अभीष्ट है, अपरिवर्तित विसर्जनीय ('विक्रम') नहीं है—इसलिये यह कहा जा रहा है। (उदाहरण) "निष्षिध्वरीस्ते। निस्सिध्वरीरिति निःऽसिध्वरीः।"क "स्वर्षाता यत्। स्वस्सातेति स्वःऽसाता।"ख "दो 'ऊष्म'(-वर्णों) की ('ऊष्म' संधियों में)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "दिवःपृथिव्योः"ग यहाँ पर सकारभाव ('उपाचार') की निवृत्ति कर लेने पर "प्रथम और अन्तिम 'वर्ग' का ('अघोष') 'स्पर्श' बाद में हो तो (विसर्जनीय उस बाद वाले 'अघोष' 'स्पर्श' के समान स्थान वाला 'ऊष्म-वर्ण विकल्प से होता है)"—इस सूत्र से परिवर्तित विसर्जनीय ('व्यापत्ति') ही होता क्योंकि (सूत्र में) "अपरिवर्तित विसर्जनीय नहीं"—इसके द्वारा 'परिग्रह' में अपरिवर्तित विसर्जनीय ('विक्रम')

टि० (क) निष्षिध्वरीस्ते ॥ सं० पा० ॥ निःऽसिध्वरीः। ते ॥ प० पा०
निष्षिध्वरीस्ते। **निस्सिध्वरीरिति** निःऽसिध्वरीः ॥ क्र० पा०

'निःऽसिध्वरीः' का सकार ५।२१ से षकार होता है और विसर्जनीय ४।३२ से षकार होता है जिससे 'निष्षिध्वरीः' रूप निष्पन्न होता है। इस 'ऊष्म' संधि में दो 'ऊष्म'-वर्णों में विकार हुआ है। ११।३७ से 'परिग्रह' में 'निष्षिध्वरीः' का द्वितीय षकार सकार हो जाता है। फिर प्रथम षकार विसर्जनीय हो जाता है जिससे 'निःऽसिध्वरीः' रूप निष्पन्न होता है। अब ४।३४ के अनुसार विसर्जनीय सकार भी हो सकता है और विकल्प से विसर्जनीय भी रह सकता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' के प्रथम वचन में विसर्जनीय का निराकरण कर विसर्जनीय के सकारभाव की व्यवस्था की गई है।

(ख) स्वर्षाता यत् ॥ सं० पा० ॥ स्वःऽसाता। यत् ॥ प० पा०
स्वर्षाता यत्। **स्वस्सातेति** स्वःऽसाता ॥ क्र० पा०

'स्वःऽसाता' का विसर्जनीय, 'अघोष' (-वर्ण) बाद में रहते, ४।३९ से रेफ हो जाता है और इस रेफ के कारण 'साता' का सकार ५।२२ से षकार होता है जिससे संहिता-पाठ में 'स्वर्षाता' रूप निष्पन्न होता है। इस 'ऊष्म' संधि में दो 'ऊष्म'-वर्णों में विकार हुआ है। ११।४१ से 'परिग्रह' करने पर रेफ विसर्जनीय में परिवर्तित हो जाता है जिससे षकार भी सकार हो जाता है और यह मूल-रूप प्राप्त हो जाता है—'स्वःऽसाता'। अब ४।३४ के अनुसार विसर्जनीय सकार भी हो सकता है और विकल्प से विसर्जनीय भी रह सकता है। प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'परिग्रह' के प्रथम वचन में विसर्जनीय का निराकरण कर विसर्जनीय के सकारभाव की व्यवस्था की गई है।

(ग) 'दिवःपृथिव्योः' का विसर्जनीय ४।५७ से सकार होता है। इस 'ऊष्म'-संधि में एक ही 'ऊष्म' (-वर्ण) में विकार हुआ है। अतः प्रस्तुत सूत्र इस स्थल पर लागू नहीं होगा। अतः 'परिग्रह' के पूर्ववचन में अपरिवर्तित विसर्जनीय को ही दिखलाया जायेगा, परिवर्तित विसर्जनीय को नहीं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का निषेध किया गया है। (पू०) मैं मानता हूँ कि "क, ख, प और फ बाद में होने पर विसर्जनीय का ('ऊष्म'-वर्ण में) परिवर्तन न करना ('अव्यापत्ति') व्यवहार है"—इसके अनुसार ('व्यापत्ति') न होती। (सि०) ऐसी बात नहीं है क्योंकि वह (४।३८) 'परिग्रह' से अन्यत्र सावकाश है।[क]

(बहुक्रममन्तरेण आर्षीलोपापत्तेः स्थलानि)

समानकालावसमानकारणा-
वनन्तरौ वा यदि संनिगच्छतः।
पदस्य दोषावथ हेत्वसंग्रहे
नियुक्तमार्ष्यन्यतरेण लुप्यते ॥४७॥

(बहुत पदों के क्रम-वर्ग के विना आर्षी के लोप के स्थल)

सू० अ०—यदि किसी पद के भिन्न-भिन्न कारण वाले दो विकार (दोष) (निमित्त से) अव्यवहित अथवा (निमित्त से व्यवहित) होने पर एक समय में एक ही साथ होते हैं तो (उसी क्रम-वर्ग में) निमित्त (हेतु) का संग्रह न किये जाने पर आर्षी संहिता दोनों में से किसी एक (पद) के साथ (क्रम-वर्ग में) निश्चय ही लुप्त हो जाती है।

उ० भा०—समानकालौ=एककालौ; असमानकारणौ=नानानिमित्तौ; अनन्तरौ वा=अव्यवहितौ निमित्ताद्वचवहितौ वा; (यदि=) यत्र; संनिगच्छतः=संनिहितौ भवतः; पदस्य दोषौ=विकारौ—इत्यर्थः। अथ=अस्यामवस्थायाम्। हेत्वसंग्रहे=बहुक्रमेण निमित्तापरिग्रहे सति। नियुक्तम्=नियोगतः। आर्षी संहिता। अन्यतरेण वचनेन लुप्यते। पूर्वेण वा परेण वा। "प्र णः"[१] इत्यत्र प्रनिमित्तं णत्वमुदात्तनिमित्तमनुदात्तस्य स्वरितत्वं चोत्तरेण सह प्रत्यादाने क्रियमाणे लुप्यते। "न इन्दो।"[२] व्यवहिते—"शक्र एणम्"[३]—इत्यत्र रेफनिमित्तं णत्वमुदात्तनिमित्तमनुदात्तस्य स्वरितत्वं तदुत्तरेण प्रत्यादाने क्रियमाणे च लुप्यते। "एनं पीपयत्॥"[४]

टि० (क) पू०—पकार बाद में होने के कारण विसर्जनीय ४।३८ से ही विकार को प्राप्त नहीं करेगा। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर यह कहना उचित नहीं है कि 'परिग्रह' के पूर्ववचन में अपरिवर्तित विसर्जनीय ('दिवःपृथिव्योः' आदि) की सिद्धि के लिये "दो 'ऊष्म'-वर्णों वाली ('ऊष्म' संधियों में)"—का सूत्र में ग्रहण किया गया है। सि०—४।३८ 'परिग्रह' से अन्यत्र स्थलों पर लागू होता है, 'परिग्रह' में नहीं। इसलिये 'परिग्रह' के पूर्ववचन में अपरिवर्तित विसर्जनीय की सिद्धि के लिये सूत्र में जो—"दो 'ऊष्म' (-वर्णों) वाली ('ऊष्म'-संधियों में)"—यह कहा गया है वह उचित है।

---

[१] ऋ० क० ९।४४।१
[२] ऋ० क० ९।४४।१
[३] ऋ० क० ८।१।१९
[४] ऋ० क० ८।१।१९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**समानकालौ**=एक समय में होने वाले; **असमानकारणौ**=भिन्न-भिन्न कारण वाले; **अनन्तरौ वा**=निमित्त के बाद में बिना किसी व्यवधान के होने वाले अथवा व्यवधान से होने वाले; **पदस्य दोषौ**=एक पद के दो दोष=विकार—यह अर्थ है; (**यदि**=) जहाँ; **संनिगच्छतः**=साथ-साथ होते हैं; **अथ**=इस अवस्था में; **हेत्वसंग्रहे**=बहुत (पदों) का क्रम-वर्ग बनाकर यदि (उसी क्रम-वर्ग में) निमित्त का ग्रहण न किया जावे तो; **नियुक्तम्**=निश्चित रूप से; **आर्षी**=आर्षी संहिता; **अन्यतरेण**=दोनों में से किसी एक पद के साथ; **लुप्यते**=लुप्त हो जाती है—पूर्ववर्ती पद के साथ अथवा परवर्ती पद के साथ। (उदाहरण) "प्र र्णः" में रेफ के कारण होने वाला 'णत्व' और (पूर्ववर्ती) 'उदात्त' के कारण 'अनुदात्त' के स्थान पर होने वाला 'स्वरित'—ये दोनों लुप्त हो जाते हैं जब ('ण' का) परवर्ती (पद) के साथ प्रत्यादान किया जाता है। (जैसे) "न इन्दो।"क **व्यवहित होने पर**—शुक्र एणम्"—यहाँ पर रेफ के कारण होने वाला 'णत्व' और (पूर्ववर्ती) 'उदात्त' के कारण 'अनुदात्त' के स्थान पर होने वाला 'स्वरित'—ये दोनों लुप्त हो जाते हैं जब ('ण' का) परवर्ती (पद) के साथ प्रत्यादान किया जाता है; (जैसे) "एनं पीपयत्।"ख

मकारलोपे विकृतस्वरोपधे
तृतीयभावे प्रथमस्य च ध्रुवम् ॥४८॥

सू० अ०—विकृत स्वर' है पूर्व में जिसके ऐसे मकार का लोप हो जावे अथवा ('वर्ग' का) प्रथम ('व्यञ्जन') तृतीय हो जावे तो (आर्षी संहिता का) निश्चय ही (लोप हो जाता है)।

उ० भा०—मकारलोपे विकृतस्वरोपधे सति प्रथमस्य तृतीयभावे च बहुक्रमेऽक्रियमाणे ध्रुवम् आर्षी लुप्यते। "ए रिणन्ति"[1] इत्यत्र चैकादेशनिमित्तमेत्वमुदात्तत्वं च तदुत्तरेण प्रत्यादाने क्रियमाणे लुप्यते। "ई रिणन्ति।" प्रथमस्य तृतीयभावे—'इन्द्रस्य त्रिष्टुप्'—इत्यत्र पकारस्य परनिमित्तं तृतीयत्वं तत्पूर्वेण वचने लुप्यते। "इन्द्रस्य त्रिष्टुबिह॥"[2]

उ० भा० अ०—**विकृतस्वरोपधे**=विकृत 'स्वर' (-वर्ण) है पूर्व में जिसके ऐसे; **मकारलोपे**=मकार का लोप होने पर; **प्रथमस्य तृतीयभावे च**=और ('वर्ग' के) प्रथम ('व्यञ्जन') का तृतीय ('व्यञ्जन') होने पर; **ध्रुवम्**=निश्चय ही; आर्षी संहिता का लोप हो जाता है यदि बहुत पदों का एक क्रम-वर्ग न बनाया जाये। (जैसे) "ए रिणन्ति"—में ('अ' और 'इ' के) एकादेश के कारण 'एत्व' और 'उदात्तत्व' होता है और परवर्ती

टि० (क) प्र र्णं इन्दो॥ सं० पा०॥ प्र। नुः। इन्दो इति॥ प० पा०
प्र र्णः। नु इन्दो॥ क्र० पा०
(ख) शुक्र एणं पीपयत्॥ सं० पा०॥ शुक्रः। एनम्। पीपयत्॥ प० पा०
शुक्र एणम्। एनं पीपयत्॥ क्र० पा०

---

[1] ऋ० ९।७१।६ [2] ऋ० १०।१३०।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पद) के साथ पुनरुच्चारण ('प्रत्यादान') करने पर वह ('एत्व' तथा 'उदात्तत्व') लुप्त हो जाता है—(जैसे) "इ॒रि॒णन्ति॒"क में। **प्रथम ('व्यञ्जन') के स्थान पर तृतीय ('व्यञ्जन') होने पर**—"इन्द्रस्य त्रिष्टुप्" में परवर्ती पद के कारण होने वाला पकार का तृतीयत्व पूर्ववर्ती (पद) के साथ वाले वचन में लुप्त हो जाता है—"इन्द्रस्य त्रिष्टुबिह।"ख

विपर्य्ययो वेतरथाभ्युपेयुषाम् ॥४९॥

सू० अ०—अन्य प्रकार से मानने वालों के मत से यह विपरीत है (अर्थात् आर्षी संहिता का लोप नहीं होता है)।

उ० भा०—(वा=) अथवा; बहुक्रमादृतेऽपि प्रथमस्य तृतीयभावे विपर्ययः। कश्च विपर्ययः? लोप इति प्रकृतमलोपस्तस्य विपर्ययः। इतरथाभ्युपेयुषाम्। कथम्? "तस्मादन्यमवसाने तृतीयं गार्ग्य स्पर्शम्"१ इति गार्ग्यमतं येऽभ्युपगच्छन्ति तेषाम्। "इन्द्रस्य त्रिष्टुब् ॥"२

उ० भा० अ०—(वा=) अथवा; बहुत (पदों) का क्रम-वर्ग न बनाने पर भी प्रथम ('व्यञ्जन') के तृतीय 'व्यञ्जन' होने पर; **विपर्ययः**=विपरीत (स्थिति) है। विपर्यय क्या है? (उत्तर) लोप का प्रसङ्ग चल रहा है, अलोप उसका विपर्यय है। **इतरथाभ्युपेयुषाम्**=अन्य प्रकार से मानने वालों के मत से। कैसे? "उस ('अनुनासिक') से अन्य 'स्पर्श' को (पद के) अवसान में स्थित होने पर गार्ग्य ('वर्ग' का) तृतीय (मानता है)"—इस गार्ग्य-मत को जो मानते हैं। (उदाहरण) "इन्द्रस्य त्रिष्टुब्।"ग

अथोभयेषामनुनासिकोदये ॥५०॥

सू० अ०—(यदि 'वर्ग' के प्रथम 'व्यञ्जन' के) बाद में 'अनुनासिक' हो तो दोनों के मत से (आर्षी संहिता का लोप हो जाता है)।

उ० भा०—अथ=अपि; आर्षी लुप्यत एव अनुनासिकोदये प्रथमे सति। उभयेषाम्—गार्ग्यमतं येऽभ्युपगच्छन्ति ये च शाकटायनमतम्। "त्रिककुम्निवर्तत्"३ इत्यत्र पकारस्य परनिमित्तं मत्वं तत्पूर्वेण सह वचने लुप्यते। "प्रसर्गे त्रिककुप् ॥"४

टि० (क) ए रि॑णन्ति ॥ सं० पा० ॥ आ। इ॒मिति॑। रि॒ण॒न्ति॒ ॥ प० पा०
एम्। इ॒ रि॒ण॒न्ति॒ ॥ क्र० पा०

(ख) इन्द्र॑स्य त्रि॒ष्टु॒बि॒ह ॥ सं० पा० ॥ इन्द्र॑स्य। त्रि॒ऽस्तुप्। इ॒ह ॥ प० पा०
इन्द्र॑स्य त्रि॒ष्टुप्। त्रि॒ष्टु॒बि॒ह ॥ क्र० पा०

(ग) गार्ग्य आचार्य के मत से अवसान में सर्वदा 'वर्ग' का तृतीय 'व्यञ्जन' ही आता है, प्रथम 'व्यञ्जन' कभी नहीं आता है। अतः दो पदों का क्रम-वर्ग करने पर भी क्रम-वर्ग के अवसान में तृतीय 'व्यञ्जन' ही होगा जिससे आर्षी संहिता के लोप होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

---

१ १।१।.
२ ऋ० क० १०।१३०।५
३ ऋ० क० १।१२१।४
४ ऋ० क० १।१२१।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**अनुनासिकोदये**=प्रथम ('व्यञ्जन') के बाद में 'अनुनासिक हो तो; **उभयेषाम्**=जो गार्ग्य के मत को मानते हैं और जो शाकटायन के मत को मानते हैं—उन दोनों के मत से; **अथ**=ही; आर्षी संहिता का लोप हो जाता है। (जैसे) "त्रिककुम्निवर्तत्"क—यहाँ पर परवर्ती (पद) के कारण पकार का मकार होता है और वह मकार पूर्व (पद) के साथ वचन में लुप्त हो जाता है; (जैसे) "प्रसर्गे त्रिककुप्।"

अथो नतेनोपहितेऽनुनासिके ॥५१॥

सू० अ०—जब 'अनुनासिक' के पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' ('नति') को प्राप्त वर्ण हो (तब भी आर्षी संहिता का लोप होता है)।

उ० भा०—अथो नतेनोपहितेऽनुनासिके सति परेण सह बहुक्रमेऽक्रियमाण आर्षी लुप्यते। "मो षु णः"१ इत्यत्र षत्वनिमित्तं णत्वं तदुत्तरेण सह प्रत्यादाने क्रियमाणे लुप्यते। "नः परापरा॥"२

उ० भा० अ०—**नतेनोपहितेऽनुनासिके**—'अनुनासिक' के पूर्व में 'मूर्धन्यभाव' ('नति') को प्राप्त वर्ग हो तो; बहुत (पदों) का क्रम-वर्ग न करने पर परवर्ती (पद) के साथ (=द्वितीय वचन में); **अथो**=भी; आर्षी संहिता का लोप हो जाता है। (जैसे) "मो षु णः"—यहाँ पर 'षत्व' के कारण 'णत्व' हुआ है और परवर्ती (पद) के साथ पुनरुच्चारण ('प्रत्यादान') करने पर (यह 'णत्व') लुप्त हो जाता है; (जैसे) "नः परापरा।"ख

तथाक्षरस्य क्रम एकपातिनः ॥५२॥

सू० अ०—उसी प्रकार (पद के रूप में) अकेले प्रयुक्त होने वाले 'अक्षर' का द्वित्व होने पर (आर्षी संहिता का लोप हो जाता है)।

उ० भा०—(एकपातिनः) अक्षरस्य (=एकाक्षरस्य पदस्य); क्रमः=द्विर्वचनम्; बहुक्रमेऽक्रियमाण उभयोर्वचनयोर्लुप्यते। "मुञ्चता वि। व्यंहः॥"३

उ० भा० अ०—**(एकपातिनः) अक्षरस्य**=एक 'अक्षर' वाले पद का; **क्रमः**=द्विर्वचन=द्वित्व; ('परिग्रह' के) दोनों वचनों में लुप्त हो जाता है, यदि बहुत (पदों) का क्रम-वर्ग न बनाया जाये (अर्थात् जहाँ एकाक्षर पद-रूप 'अक्षर' का द्वित्व होता है वहाँ बहुत पदों का क्रम-वर्ग न बनाने पर द्वित्व का लोप हो जाता है); (जैसे) "मुञ्चता वि। व्यंहः।"ग

टि० (क) प्रसर्गे त्रिककुम्निवर्तत्॥ सं० पा०॥ प्रऽसर्गे। त्रिऽककुप्। निऽवर्तत्॥ प० पा०
प्रसर्गे त्रिककुप् (-ब्)। त्रिककुम्निवर्तत्॥ क्र० पा०

(ख) मो षु णः॥ सं० पा०॥ मो इति। सु। नः॥ प० पा०
मो षु णः। **नः परापरा**॥ क्र० पा०

(ग) मुञ्चता व्यंहः॥ सं० पा०॥ मुञ्चत। वि। अंहः॥ प० पा०
मुञ्चता वि। व्यंहः॥ क्र० पा०

---

१ ऋ० १।३८।६ २ ऋ० क्र० १।३८।६ ३ ऋ० क्र० ४।१२।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न चात्र पूर्वः स्वरितेन संहितां
लभेत तस्मिन्नियतस्वरोदये ॥५३॥

सू० अ०—बाद में 'अनुदात्त' 'स्वर' हो तो यहाँ (=उपर्युक्त स्थल पर) पूर्ववर्ती ('स्वर') 'स्वरित' के साथ 'संहिता' को प्राप्त नहीं करेगा।

उ० भा०—अत्र=एकपातिनः क्रमे; तस्मादेकपातिनः **पूर्वः स्वरः स्वरितेन संहितां न; (लभेत=) लभते; तस्मिन्नियतस्वरोदये** सति। "हंसि॒ नि। न्य॒॑त्रिण॑म् ॥"[१]

उ० भा० अ०—**अत्र**=यहाँ=एकाक्षर पद-रूप 'अक्षर' का द्वित्व होने पर; उस एकाक्षर रूप 'अक्षर' से; **पूर्वः**=पूर्ववर्ती; 'स्वर'; **स्वरितेन**='स्वरित' के साथ; **संहितां न (लभेत)**='संहिता' को प्राप्त नहीं होता है; **तस्मिन्नियतस्वरोदये**=यदि उस (एकाक्षर पद-रूप 'अक्षर') के बाद में 'अनुदात्त' हो; (अर्थात् जहाँ एकाक्षर पद-रूप 'अक्षर' का द्वित्व हुआ हो वहाँ उस एकाक्षर पद-रूप 'अक्षर' का पूर्ववर्ती 'स्वर' परवर्ती 'स्वरित' के साथ संहिता को प्राप्त नहीं होता है)। (उदाहरण) "हंसि॒ नि। न्य॒॑त्रिण॑म।"क

यदा च गच्छत्यनुदात्तमक्षरं
वशं पदादेरुदयस्य तेन च ॥५४॥

सू० अ०—जब 'अनुदात्त' 'अक्षर' परवर्ती पद के आदि ('उदात्त' 'अक्षर') के अधिकार में आ जाता है तो इससे भी (आर्षी संहिता का लोप हो जाता है)।

उ० भा०—**यदा चानुदात्तमक्षरम्; (उदयस्य=) उदात्तस्य; पदादेर्वशं गच्छति**। स्वरितं च। **"उदात्तवत्येकीभाव उदात्तं संध्यमक्षरम्"**[२] इति **तेनोदात्तेनैकीभावे। तदा च बहुक्रमेऽक्रियमाणे ध्रुवमार्षी लुप्यते** —**"आ तेऽवः"**[३] **इत्यत्र त इत्यनुदात्तस्याव इत्युत्तरे-**

(६४० ग) संहिता-पाठ में 'स्वर'-वर्ण (आकार) पूर्व में होने के कारण संयुक्त-वर्ण के प्रथम 'व्यञ्जन' (वकार) का ६।१ से द्वित्व होता है। 'परिग्रह' के प्रथम वचन में वकार संयुक्त-वर्ण का प्रथम 'व्यञ्जन' नहीं रहता और द्वितीय वचन में वकार के पूर्व में 'स्वर' नहीं आता है। अतः दोनों ही वचनों में वकार का (६।१ से प्राप्त) द्वित्व नहीं होता है। इससे आर्षी संहिता का लोप हो जाता है।

टि० (क) हंसि॒ न्य॒॑त्रिण॑म् ॥ सं० पा० ॥ हंसि। नि। अ॒त्रिण॑म् ॥ प० पा०
हंसि॒ नि। न्य॒॑त्रिण॑म् ॥ क्र० पा०

यहाँ 'नि' एक 'अक्षर' वाला पद है जिसका प्रथम (='व्यञ्जन' नकार) संहितापाठ में ६।१ से द्वित्व को प्राप्त होता है। 'नि' के बाद में 'अत्रिणम्' का 'अ' 'अनुदात्त' है। संहिता-पाठ में 'हंसि' के 'अनुदात्त' 'इ' (जो 'नि' का पूर्ववर्ती 'स्वर' है) की 'संहिता' परवर्ती 'क्षैप्र' 'स्वरित' के साथ दिखलाई पड़ रही है। दो-दो पदों का क्रम-वर्ग करने पर 'हंसि' के 'अनुदात्त' की परवर्ती 'स्वरित' के साथ 'संहिता' नहीं दिखलाई देती है। इससे आर्षी संहिता का लोप हो जाता है।

---

[१] ऋ० क० ८।१२।१ [२] ३।११ [३] ऋ० ५।३५।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

णैकादेश उदात्तत्वम्। तत् पूर्वेण सह वचने लुप्यते—"आ तें।" "त्वां सोम॒ पवमानं स्वा॒ध्योऽनु॑"[१] इत्यत्र स्वाध्य इति स्वरितस्य—"उदात्तवत्येकीभावे"[२] इत्युत्तरेणैकादेश उदात्तत्वं तत्पूर्वेण सह पठने लुप्यते। "पवमानं स्व॒ार्ध्यः॥"

उ० भा० अ०—**यदा**=जब; **अनुदात्तमक्षरम्**='अनुदात्त' 'अक्षर'; **पदादेः**=पद के आदि में वर्तमान; (**उदयस्य**=) बाद वाले के='उदात्त' के; **वशं गच्छति**=अधिकार में आ जाता है (अर्थात् 'उदात्त' हो जाता है); और 'स्वरित' भी (जब परवर्ती 'उदात्त' के अधिकार में आ जाता है)। "(दो स्वरों की) जिस संधि में एक (पूर्ववर्ती या परवर्ती) 'अक्षर' 'उदात्त' हो, वहाँ संधि के परिणामस्वरूप (संध्य) 'अक्षर' 'उदात्त' (होता है)"—इस (सूत्र) से (परवर्ती) 'उदात्त' के साथ एक हो जाता है। तब भी आर्षी संहिता का निश्चित ही लोप हो जाता है यदि बहुत (पदों) का क्रम-वर्ग न बनाया जावे। (जैसे) "आ तेऽव॑:'क—यहाँ पर 'ते'—इस 'अनुदात्त' की 'अवः' इस परवर्ती (पद) के ('उदात्त' के) साथ संधि होने पर (संधिज 'अक्षर') 'उदात्त' हो जाता है। पूर्ववर्ती पद के साथ क्रम-पाठ (वचन) करने में वह ('उदात्त') लुप्त हो जाता है—"आ तें।" "त्वां सोम॒ पवमानं स्वा॒ध्योऽनु॑"ख—यहाँ पर 'स्वा॒र्ध्यः' के 'स्वरित' की—"(दो स्वरों की) जिस संधि में एक (पूर्ववर्ती या परवर्ती) 'अक्षर' 'उदात्त' हो (वहाँ संधिज 'अक्षर' 'उदात्त' होता है")—इससे परवर्ती पद के साथ संधि होने पर (वह 'स्वरित') 'उदात्त' होता है और वह ('उदात्त') पूर्ववर्ती (पद) के साथ पाठ करने में लुप्त हो जाता है—'पवमानं स्व॒ार्ध्यः।"

उदात्तपूर्वे नियतस्वरोदये
परो विलोपोऽनियतो यदावरः॥५५॥

सू० अ०—(१) जहाँ पूर्ववर्ती 'उदात्त' और परवर्ती 'अनुदात्त' (की संधि होती है) वहाँ द्वितीय वचन में (आर्षी संहिता का) लोप होता है। (२) प्रथम (वचन) में भी (आर्षी संहिता का लोप होता है) यदि 'उदात्त' (अनियत) (बाद में होता है और 'अनुदात्त' पूर्व में होता है)।

उ० भा०—उदात्तपूर्वे एकादेशे नियतस्वरोदये सति। परः=परेण सह वचने—इत्यर्थः। आर्ष्या विलोपो भवतीति। अनियतो यदावरः—अनियतः=उदात्तः; यदा परो भवत्यनुदात्तश्च पूर्वस्तदा; अवरः=पूर्वेण सह वचने—इत्यर्थः। आर्ष्या विलोपो भवति। यद्येवं पूर्वस्यायं शेषः। इह कस्मादुच्यते? उदात्तपूर्वेऽप्येकादेशे—"इकारयोश्च प्रश्लेषे"[३] इत्येवमादौ शाकले विधाने पूर्वेणापि सह वचन आर्ष्या विलोपो भवतीति ख्यापनार्थम्।

टि० (क) आ तेऽव॑:॥ सं० पा०॥ आ। ते॒। अव॑:॥ प० पा०
आ तें। तेऽव॑:॥ क्र० पा०
(ख) त्वां सोम॒ पवमानं स्वा॒ध्योऽनु॑॥ सं० पा०
त्वाम्। सो॒म॒। पवमानम्। सु॒ऽआ॒र्ध्यः। अनु॑॥ प० पा०
त्वां सोम। सो॒म॒ पवमानम्। पवमानं स्व॒ार्ध्यः। स्वा॒ध्योऽनु॑॥ क्र० पा०

[१] ऋ० ९।८६।२४ [२] ३।११ [३] ३।१३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उदात्तपूर्वे—"एन्द्र सानसिम्"[१] इत्यत्र आकारेण सहैकादेशनिमित्तमिकारस्योदात्तत्वम्। तस्य परेण सह प्रत्यादाने विलोपः—"इन्द्र सानसिम्।" तथा—"तेऽवन्तु"[२] इत्यत्र ते' इत्युदात्तस्य 'अवन्तु' इत्यनुदात्तेन सहैकादेशनिमित्तं स्वरितत्वम्। तस्य पूर्वेण सह वचने विलोपः—"ब्रुवन्तु ते"[३] इति।

"अनियतो यदावरः" इत्येतस्य पूर्वसूत्रे निर्दिष्टमेवोदाहरणम्॥

उ० भा० अ०—**उदात्तपूर्वे**='उदात्त' (वाला 'अक्षर') है पूर्ववर्ती (वर्ण) जिसमें; **नियतस्वरोदये**=(और) 'अनुदात्त' 'स्वर' (वाला 'अक्षर' है) परवर्ती (वर्ण) जिसमें; उस संधि में; **परः**=परवर्ती (पद) के साथ वचन में (=द्वितीय वचन में)—यह अर्थ है। आर्षी संहिता का लोप हो जाता है। **अनियतो यदावरः**—अनियत='उदात्त'; जब बाद में होता है और 'अनुदात्त' पूर्व में होता है तब; अवर=पूर्ववर्ती (पद) के साथ वचन में—यह अर्थ है। आर्षी संहिता का लोप हो जाता है। (पू०) यदि ऐसी बात है तो यह (तथ्य) पूर्ववर्ती (सूत्र) की पुनरावृत्ति (शेष) है। किस कारण से (इस तथ्य को) यहाँ (=पृथक् सूत्र में) कहा गया है? (सि०) "दो 'ह्रस्व' इकारों की 'श्लिष्ट' संधि में"—इत्यादि शाकल-विधान में जहाँ एकादेश का पूर्ववर्ती 'स्वर' 'उदात्त' होता है वहाँ पूर्ववर्ती (पद) के साथ वचन में आर्षी संहिता का लोप होता है—इस (नवीन तथ्य) को सूचित करने के लिये (पूर्ववर्ती सूत्र में उक्त तथ्य की प्रस्तुत सूत्र में पुनरुक्ति की गयी है)।

'उदात्त' पूर्व में होने पर—"एन्द्र सानसिम्"—यहाँ पर आकार के साथ संधि होने के कारण इकार 'उदात्त' हुआ है। परवर्ती (पद) के साथ पुनरुच्चारण (प्रत्यादान) करने पर उस ('उदात्त') का लोप हो जाता है—"इन्द्र सानसिम्।"[क] उसी प्रकार "तेऽवन्तु"—यहाँ पर "ते" के 'उदात्त' की "अवन्तु" के 'अनुदात्त' (अकार) के साथ जो संधि हुई है उसके कारण 'स्वरित' होता है। पूर्ववर्ती (पद) के साथ वचन में उस ('स्वरित') का लोप हो जाता है—"ब्रुवन्त ते।"[ख]

"प्रथम (वचन) में भी (आर्षी संहिता का लोप होता है) यदि 'उदात्त' (अनियत) (बाद में होता है और 'अनुदात्त' पूर्व में होता है)—इसका उदाहरण तो पूर्व सूत्र में ही दिया गया है।

स्वरैकदेशं स्वरितस्य चोत्तरं
यदा निहन्यादनिमित्तमक्षरम्॥५६॥

सू० अ०—जब (वक्ता) (परवर्ती 'उदात्त' अथवा 'स्वरित' के कारण) 'स्वरित' 'स्वर' के बाद वाले एक अंश का (को) 'अनुदात्त' उच्चारण करता है तो वह

टि० (क) एन्द्र सानसिम्॥ सं० पा०॥ आ। इन्द्र। सानसिम्॥ प० पा०
एन्द्र। इन्द्र सानसिम्॥ क्र० पा०
(ख) ब्रुवन्त तेऽवन्तु॥ सं० पा०॥ ब्रुवन्त। ते। अवन्तु॥ प० पा०
ब्रुवन्त ते। तेऽवन्तु॥ क्र० पा०

[१] ऋ० १।८।१ [२] ऋ० क्र० १०।१५।५ [३] ऋ० क्र० १०।१५।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अक्षर' (प्रथम क्रम-वर्ग में) ('अनुदात्त' उच्चारण के) निमित्त के बिना ही (रखा जाता है जिससे आर्षी संहिता में दृष्ट 'स्वर' का लोप हो जाता है)।

उ० भा० - (स्वरितस्य=) स्वरितस्वरस्य; उत्तरम् अनुदात्तम्; (स्वरैकदेशम्=) एकदेशम्; तूदात्तस्वरितपरं सन्तम्; (निहन्यात्=) निहन्ति; वक्ता। "ओ॒ण्यो॒३॒॑ रस॑म्।[1]" इति। तत् अक्षरम् यदा पूर्वेण सहानिमित्तं ब्रूयादार्षी लुप्यते। "सो॒तार॑ ओ॒ण्योः॑॥"[2]

उ० भा० अ०—(स्वरितस्य=) 'स्वरित' 'स्वर' के; उत्तरम्=बाद वाले 'अनुदात्त'-रूप; (स्वरैकदेशम्=) एक अंश को; जब वक्ता 'उदात्त' और 'स्वरित बाद में होने पर; (निहन्यात्=) 'अनुदात्त' उच्चारण करता है—(जैसे) "ओ॒ण्यो॒३॒॑ रस॑म्" में। उस; अक्षरम्=('स्वरित' विशिष्ट) 'अक्षर' का जब पूर्ववर्ती (पद) के साथ ('अनुदात्त' उच्चारण) के निमित्त के बिना उच्चारण करता है तो आर्षी संहिता का लोप हो जाता है—(जैसे) "सो॒तार॑ ओ॒ण्योः॑।"[क]

उदात्तपूर्वोऽप्यनुदात्तसंगमो
यदा स्वरौ द्वौ लभतेऽपि वा बहून् ॥५७॥

सू० अ०—'उदात्त' पूर्व में होने पर जब 'अनुदात्त' अक्षरों का समुदाय दो अथवा बहुत स्वरों को प्राप्त हो जाता है (तब भी आर्षी संहिता का लोप हो जाता है)।

उ० भा०—उदात्तपूर्वोऽपि स्वरितपूर्वोऽपि; (अनुदात्तसंगमः)= अनुदात्तानामक्षराणां समवायः; यदा द्वौ स्वरौ लभते; अपि वा बहून् स्वरान्; तदा बहुक्रमेऽक्रियमाण आर्षी लुप्यते। "उ॒त दे॑वा॒ अव॑हितम्"[3] इत्यत्र देवा इत्यनुदात्तसंगमस्य पूर्वनिमित्तमाद्यस्य स्वरितत्वम्। तदुत्तरेण सह प्रत्यादाने क्रियमाणे लुप्यते—"दे॒वा॒ अव॑हितम्।" तथा परनिमित्तमन्त्यस्यानुदात्तत्वम्। तत्पूर्वेण सह वचने लुप्यते—"उ॒त दे॑वाः।"

स्वरबहुत्वे—"पु॒रू पु॑रुभुजा॒ यत्"[4] इत्यत्र पूर्वापाये स्वरितो लुप्यते स्वरितापाये प्रचयाः—"पु॒रु॒भु॒जा॒ यत्।" उत्तरापाये चानुदात्तः—'पु॒रू पु॑रुभुजा।"

टि० (क) सो॒तार॑ ओ॒ण्यो॒३॒॑ रस॑म्॥ सं० पा०॥ सो॒तारः॑। ओ॒ण्योः॑। रस॑म्॥ प० पा० सो॒तार॑ ओ॒ण्योः॑। ओ॒ण्यो॒३॒॑ रस॑म्॥ क्र० पा०

परवर्ती 'उदात्त' (रेफ) के कारण 'ओ॒ण्योः॑' के 'स्वरित' (यो-ओ) के 'अनुदात्त' अंश का उच्चारण ३।६ के अनुसार 'अनुदात्त' होता है। प्रथम क्रम-वर्ग में जब 'ओ॒ण्योः॑' पद 'रस॑म्' पद से पृथक् हो जाता है तो 'यो' इस 'स्वरित' 'अक्षर' का 'अनुदात्त' अंश 'अनुदात्त' उच्चारित न होकर ३।५ के अनुसार 'उदात्तश्रुति' उच्चारित होता है। इस प्रकार प्रथम क्रम-वर्ग में आर्षी संहिता का लोप हो जाता है। पृ० २१९ पर टि० (ङ) को भी देखिये।

---

[1] ऋ० ९।१६।१ [2] ऋ० क० ९।१६।१
[3] ऋ० १०।१३७।१ [4] ऋ० ५।७३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वरितपूर्वः—"वदता वदद्भ्यः"[१] इत्यत्र पूर्वपाये प्रचयस्वरौ लुप्येते। "वाचं वदत"[२] इत्यत्रोत्तरापायेऽनुदात्तः।

यस्माद्बहुक्रमेऽक्रियमाणे—"समानकालावसमानकारणौ"[३] इत्येवमादिभिर्विहितेष्वार्षी लुप्यते तस्माद्बहुक्रममिच्छन्त्येक आचार्याः॥

उ० भा० अ०—**उदात्तपूर्वोऽपि**='उदात्त' पूर्व में होने पर भी; (और) 'स्वरित' पूर्व में होने पर भी; **(अनुदात्तसंगमः=)** 'अनुदात्त' अक्षरों का समवाय; **यदा द्वौ स्वरौ लभते**=जब दो स्वरों को प्राप्त होता है; **अपि वा बहून्**=अथवा जब बहुत; स्वरों को (प्राप्त होता है); तब बहुत (पदों) का क्रम-(वर्ग) न बनाने पर आर्षी संहिता का लोप हो जाता है। (उदाहरण) "उत देवा अवहितम्"—यहाँ पर 'देवाः' इस 'अनुदात्त' समुदाय में से प्रथम ('अनुदात्त') पूर्ववर्ती ('उदात्त') के कारण 'स्वरित' होता है। परवर्ती (पद) के साथ पुनरुच्चारण (प्रत्यादान) करने पर उस ('स्वरित') का लोप हो जाता है—"देवा अवहितम्"। उसी प्रकार अन्तिम ('अनुदात्त') का 'अनुदात्त' होना परवर्ती (पद) के कारण है। पूर्ववर्ती (पद) के साथ वचन में वह 'अनुदात्त' लुप्त हो जाता है—'उत देवाः।"क

बहुत स्वर होने पर—"पुरू पुरुभुजा यत्"—यहाँ पर पूर्ववर्ती (पद) के पृथक् होने पर 'स्वरित' का लोप हो जाता है और 'स्वरित' का लोप होने पर प्रचयों (का लोप हो जाता है) "पुरूभुजा यत्।" परवर्ती (पद) के पृथक् होने पर 'अनुदात्त' (का लोप हो जाता है)—"पुरू पुरुभुजा।"ख

स्वरित पूर्व में होने पर="वदता वदद्भ्यः"—यहाँ पर पूर्व (='वाचम्') के पृथक् होने पर 'प्रचय' 'स्वर' का लोप हो जाता है। "वाचं वदत"—यहाँ पर उत्तर पद के पृथक् होने पर 'अनुदात्त' का लोप हो जाता है।"ग

टि० (क) उत देवा अवहितम्॥ सं० पा०॥ उत। देवाः। अवऽहितम्॥ प० पा० उत देवाः। देवा अवहितम्॥ क्र० पा०

संहिता-पाठ में 'देवाः' का 'दे' (ए) पूर्ववर्ती 'उदात्त' (त=अ) के कारण ३।७ से 'स्वरित' होता है और 'देवाः' का 'वाः' (आः) परवर्ती 'उदात्त' (अ) के कारण 'अनुदात्त' होता है। इस स्थिति में दो-दो पदों का क्रम-वर्ग करने पर प्रथम 'वचन' में 'देवाः' के 'अनुदात्त' 'स्वर' का लोप हो जाता है और द्वितीय वचन में 'देवाः' के 'स्वरित' का लोप हो जाता है।

(ख) पुरू पुरुभुजा यत्॥ सं० पा०॥ पुरु। पुरुऽभुजा। यत्॥ प० पा० पुरू पुरुभुजा। पुरुभुजा यत्॥ क्र० पा०

(ग) वाचं वदता वदद्भ्यः॥ सं० पा०॥ वाचम्। वदत्। वदत्ऽभ्यः॥ प० पा० वाचं वदत। वदता वदद्भ्यः॥ क्र० पा०

---

१ ऋ० क्र० १०।९४।१ २ ऋ० क्र० १०।९४।१ ३ ११।४७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यतः बहुत पदों का क्रम-वर्ग न करने पर "समान काल वाले तथा भिन्न-भिन्न कारण वाले"—इत्यादि से विहित (स्थलों) पर आर्षी संहिता लुप्त हो जाती है, अतः कतिपय आचार्य (इन स्थलों पर) बहुत (पदों) के क्रम (-वर्ग) को बनाना अभीष्ट मानते हैं।

(आर्षीलोपविषये मतभेदः)

यथा प्रकल्पृप्ते स्वरवर्णसंहिते
तयोस्तयोरक्षरवर्णयोस्तथा।
अदर्शनेऽनार्ष्यविलोप उच्यते
क्रमेष्वनार्षं ब्रुवतेऽपरे स्वरम् ॥५८॥

(आर्षी के लोप के विषय में मतभेद)

सू० अ०—स्वरों की संहिता और वर्णों की संहिता जिस प्रकार आर्षी संहिता में दिखलाई पड़ती हैं उस प्रकार यदि वे स्वरों की संहिता और वर्णों की संहिता (क्रम-पाठ में) दिखलाई न दें तो यह आर्षी संहिता का लोप कहा जाता है। किन्तु दूसरे (आचार्य) 'स्वर' को 'अनार्ष' कहते हैं (अर्थात् आर्षी संहिता में दृष्ट 'स्वर' को क्रम-पाठ में दिखलाना आवश्यक नहीं मानते हैं)।

उ० भा०—यथा=येन प्रकारेण; प्रकल्पृप्ते=विहिते; (स्वरवर्णसंहिते=) स्वरसंहिता वर्णसंहिता च; तयोस्तयोरक्षरवर्णयोः—अक्षरस्य=स्वरस्य, संहिता वर्णानां च वर्णसंहिता; तयोः स्वरवर्णसंहितयोः; अदर्शने सति उच्यते अनार्ष्यविलोपः। किमिदमनार्ष्यविलोपः? आर्षीविलोपः—इत्यर्थः। कोऽस्य विग्रहः? विलोपः=विनाशः। तस्याभावः अविलोपः। आर्ष्या अविलोपः=आर्ष्यविलोपः। न आर्ष्यविलोपः=अनार्ष्यविलोपः।

"प्र ण॑:"[1] इत्यस्मिन्वचने णत्वस्वरितयोर्दर्शनादप्यनार्ष्यविलोपो भवतीति। यद्यपि णत्वस्वरितौ तत्र दृष्टौ, "न॒ इ॒न्दो। इ॒न्दो॒ म॒हे"[2] इत्यत्रेन्दो इत्येतस्य प्रचयस्वरस्याभावाद्विलोप एव। नैष दोषः। क्रमेषु ह्यपर आचार्याः स्वरमनार्षं ब्रुवते॥

उ० भा० अ०—यथा=जिस प्रकार से; (स्वरवर्णसंहिते=) स्वरों की संहिता (मेल) और वर्णों की संहिता (मेल); प्रकल्पृप्ते=(आर्षी संहिता में) दिखलाई पड़ती हैं। तयोस्तयोरक्षरवर्णयोः—'अक्षर' की='स्वर' की; संहिता (मेल) (स्वरसंहिता) है और वर्णों की (संहिता) वर्णसंहिता है; वे स्वरसंहिता और वर्णसंहिता; अदर्शने=दिखलाई न दें तो; उच्यतेऽनार्ष्यविलोप=अनार्ष्यविलोप कहा जाता है। यह अनार्ष्यविलोप क्या है? (उत्तर) आर्षी का विलोप—यह अर्थ है। इसका विग्रह कैसे होता है? (उत्तर) विलोप=विनाश। उस (विलोप) का अभाव=अविलोप। आर्षी का अविलोप=आर्ष्यविलोप। आर्ष्यविलोप का न होना=अनार्ष्यविलोप।

"प्र ण॑:"—इस क्रम-वर्ग में 'णत्व' और 'स्वरित' के दिखलाई पड़ने पर भी आर्षी का विलोप (अनार्ष्यविलोप) होता है। यद्यपि 'णत्व' और 'स्वरित' वहाँ (="प्र ण॑:" में)

[1] ऋ० क० ९।४४।१ [2] ऋ० क० ९।४४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिखलाई पड़ रहे हैं। तथापि "न इन्दो। इन्दो मंहे"क में 'इन्दो' के 'प्रचय' 'स्वर' के अभाव के कारण (आर्षी संहिता का) विलोप ही है। यह दोष नहीं है। (क्योंकि) अन्य आचार्य क्रम-पाठ में 'स्वर' को 'अनार्ष' कहते हैं (अर्थात् यह आवश्यक नहीं है कि आर्षी संहिता में दृष्ट 'स्वर' ही क्रम-पाठ में होवे)।ख

अदृष्टमार्ष्यां यदि दृश्यते क्रमे
विलोपमेवं ब्रुवतेऽपरे तथा।
स कारणान्यार्ष्यविलोपविक्रमः
क्रमेण युक्ताऽपि बहूनि सन्दधत् ॥५६॥

सू० अ०—आर्षी संहिता में न दिखलाई देने वाला कोई रूप क्रम-पाठ में दिखलाई दे तो अन्य आचार्य इसे उसी प्रकार आर्षी संहिता का विलोप ही बतलाते हैं। आर्षी का विलोप न हो जावे इसलिए वह क्रम-पाठ में तत्पर व्यक्ति (क्रमक) (विकार के) बहुत कारणों को भी मिलाता हुआ (क्रम-पाठ करता है)।

उ० भा०—यद्यप्यन्यतरस्मिन्वचन आर्षी दृश्यते पुनः अदृष्टं (आर्ष्याम्) संहितायाम्; यदि क्रमे दृश्यते; एवम्=अस्यामवस्थायाम् अपर आचार्या विलोपम्; (ब्रुवते=) मन्यन्ते। कस्मात्? असतः प्रादुर्भावात्—"न इन्दो।" तथा। कथम्? यथा—"समानकालावसमानकारणौ"२ इति विहितेषु। स क्रमकः। आर्ष्यविलोप-विक्रमः=आर्ष्यविलोपहेतुः। क्रमेण युक्तस्तमलोपं प्रति; कारणानि=निमित्तानि; बहून्यपि पदानि संदधत्पठति। "इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमम्॥"३

उ० भा० अ०—यद्यपि दोनों (प्रथम और द्वितीय वचनों) में से किसी एक वचन में आर्षी संहिता दिखलाई देती है किंतु; (आर्ष्याम्) अदृष्टम्=आर्षी संहिता में अदृष्ट (कोई रूप); यदि क्रमे दृश्यते=यदि क्रम-पाठ में दिखलाई पड़े तो; एवम्=इस अवस्था में भी; अपरे=दूसरे आचार्य; विलोपम्=(आर्षी संहिता का) विलोप; ब्रुवते=मानते

टि० (क) प्र णं इन्दो मंहे ॥ सं० पा० ॥ प्र। नः। इन्दो इति। मंहे ॥ प० पा०
प्र णंः। न इन्दो। इन्दो मंहे ॥ क्र० पा०

(ख) इस सूत्र में दो मत प्रस्तुत किये गये हैं। **प्रथम मत**—आर्षी संहिता में दृष्ट स्वर-संहिता और वर्णसंहिता यदि क्रम-पाठ में दिखलाई न दे तो यह आर्षी संहिता का लोप माना जायेगा। उपर्युक्त उदाहरण में यद्यपि वर्णसंहिता ('णत्व') का लोप नहीं हुआ है तथापि स्वरसंहिता का लोप हो गया है—आर्षी संहिता में दृष्ट 'इन्दो' पद का 'प्रचय' 'स्वर' किसी भी क्रम-वर्ग में दिखलाई नहीं दे रहा है। **द्वितीय मत**—यह आवश्यक नहीं है कि आर्षी संहिता में दृष्ट 'स्वर' ही क्रम-पाठ में भी हो। 'स्वर' के कारण आर्षी संहिता का लोप नहीं होता। अतः उपर्युक्त उदारहण में आर्षी संहिता का लोप नहीं हुआ है।

---

१ ऋ० क० ९।४४।१ २ ११।४७ ३ ऋ० क० १०।७५।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। क्यों (मानते हैं); (उत्तर) (आर्षी संहिता में) अविद्यमान का प्रादुर्भाव होने से—(जैसे) "न इन्द्रो।" उसी प्रकार (लोप होता है)। किस प्रकार (लोप होता है)। (उत्तर) जिस प्रकार—"समान काल वाले और भिन्न-भिन्न कारण वाले" इस (सूत्र) से विहित स्थलों में। **आर्ष्यविलोपविक्रमः**=आर्षी का लोप न हो इस कारण से; **क्रमेण युक्तः सः**=क्रम-पाठ करने में लगा हुआ वह क्रमक; आर्षी संहिता के अलोप के लिए; **बहून्यपि कारणानि**=(विकार के) निमित्तभूत बहुत से भी पदों को; **संदधत्**=मिलाता हुआ; क्रम-पाठ करता है। (उदाहरण) "इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमम्।"क

(परिग्रहस्योपयोगः)

पदं पदान्तश्च यदा न गच्छति
स्वरावसानं स तु योऽत्र युज्यते।
तदा न रूपं लभते निराकृतं
न चेन्निराहोपनिवृत्य तत्पदम् ॥६०॥

(परिग्रह का उपयोग)

सू० अ०—जब कोई पद अपने 'स्वर' को प्राप्त नहीं करता है और पद का अन्तिम वर्ण अपने अन्तिम रूप को प्राप्त नहीं करता है तब यहाँ (अर्थात् क्रम-पाठ में) लगा हुआ जो (व्यक्ति) है वह उस आच्छादित रूप को प्राप्त नहीं करता है यदि वह लौटकर उस पद का 'परिग्रह' न करे।

उ० भा०—(**पदं पदान्तश्च यदा न गच्छति स्वरावसानम्**=) पदं यदा स्वरं न गच्छति पदान्तश्च यदावसानं न गच्छति; **तदा न रूपं लभते**; **निराकृतम्**=विस्मृतम् =अन्येन केनचित् छादितम्—इत्यर्थः; पदकाले स्वरकृतं च वर्णकृतं चोभयम्। **यः त्वत्र युज्यते** क्रमकः स उपनिवृत्य तत्पदं न चेत्; (**निराह**=) निर्ब्रवीति। **स्वरकृतम्**—"तऽवदन्। त इति ते"[1]—अत्र परिग्रहादृत उदात्ताकृतं रूपं न लभते। **वर्णकृतम्**—"नू इत्या। न्विति नु"[2]—अत्र ह्रस्वकृत रूपं न लभते॥

उ० भा० अ०—(**पदं पदान्तश्च यदा न गच्छति स्वरावसानम्**=) जब कोई पद (अपने) 'स्वर' को प्राप्त नहीं करता है और पदान्त जब अन्तिम रूप को प्राप्त नहीं करता है; **तदा न रूपं लभते**=तब (क्रमक) (संहिता में प्राप्त) रूप को प्राप्त नहीं करता है; (जो

टि० (क) इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमम्॥ सं० पा०
इमम्। मे। गङ्गे। यमुने। सरस्वति। शुतुद्रि। स्तोमम्॥ प० पा०
इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमम्॥ क्र० पा०

इन आचार्यों के मतानुसार यहाँ सात पदों का एक क्रम-वर्ग बनाया गया है। इन सात पदों में से एक को भी छोड़ने पर आर्षी सहिता में दृष्ट 'स्वर' में परिवर्तन हो जायेगा। इससे आर्षी संहिता का लोप हो जायेगा क्योंकि इन आचार्यों का मत है कि आर्षी संहिता में अदृष्ट कोई भी रूप क्रम-पाठ में आ जावे तो आर्षी संहिता का लोप हो जाता है।

[1] ऋ० क्र० १०।१०९।१ [2] ऋ० क्र० १।१३२।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूप); **निराकृतम्**=विस्मृत है=अन्य किसी (पद) के द्वारा आच्छादित है—यह अर्थ है; पद-काल में जो 'स्वर' से सम्बद्ध रूप है और जो वर्ण से सम्बद्ध रूप है—ये दोनों। **यः त्वत्र युज्यते**=जो यहाँ (=क्रम-पाठ में) लगा हुआ है; **सः**=वह क्रमक; **चेत्**=यदि; **उपनिवृत्य**=लौटकर; **तत् पदं न (निराह)**=उस पद का 'परिग्रह' न करे तो।[क] **स्वर का** (रूप)—"तेऽवदन्।" "त इति ते।"[ख]—यहाँ पर 'परिग्रह' के बिना उदात्तरूप प्राप्त नहीं होता है। **वर्ण का** (रूप)—"नू इत्था। न्विति नु"[ग]—यहाँ पर ('परिग्रह') के बिना) 'ह्रस्व' रूप प्राप्त नहीं होता है।

स्थितिस्थितोपस्थियोश्च दृश्यते
पदं यथावद्व्ययवद्व्युपस्थिते।
क्वचित्स्थितौ चैवमतोऽधि शाकलाः
क्रमे स्थितोपस्थितमाचरन्त्युत ॥६१॥

सू० अ०—'स्थिति' (केवल इतिरहित) तथा 'स्थितोपस्थित' (इतिसहित तथा इतिरहित) अवस्थाओं में ही पद मूल रूप में दिखलाई पड़ता है। 'उपस्थित' (केवल इतिसहित) अवस्था में पद विकृत रहता है और कभी-कभी 'स्थिति' (केवल इतिरहित) में भी (पद विकृत रहता है)। इसलिये शाकल के अनुयायी क्रम-पाठ में 'स्थितोपस्थित' (इतिसहित तथा इतिरहित) रूप में ही पद को दिखलाते हैं।

उ० भा०—यदुक्तमधस्तात्स्थित्युपस्थितस्थितोपस्थितानामन्यतमेन पदप्रदर्शनमाचरन्तीति तदयुक्तम्। कस्मात्? स्थितिस्थितोपस्थितयोः; (च=) एव; हि यथावत्पदं दृश्यते।

"आर॒ैक्पन्था॑म्। अर॒ैगिति॑"—एवमुपस्थिते सति पदान्तस्य पदे दृष्टं स्वरितत्वं तत्र न दृश्यते। तस्माद् (उपस्थिते) व्ययवत् इत्युच्यते। तथा—"मो षू णः"[1]—इत्यत्रोपस्थित्युक्ते ह्रस्वान्तं न दृश्यते। क्वचित्स्थितौ; (च=) अपि; एवम्। यथोपस्थिते तथा व्ययवद् दृश्यते। "प्रातः सोमम्। प्रातः"[2]—इत्यत्र पदे दृष्टो रेफः स न दृश्यते।

अतोऽधि=अस्माद्धेतोः; शाकलाः क्रमे वर्तमाने स्थितोपस्थितम्; (उत=) एव; आचरन्ति। "अर॒ैगित्यरैक्", 'स्विति सु", "प्रातरिति प्रातः।"

टि० (क) अर्थात् जब किसी पद का संहिता में प्राप्त 'स्वर' क्रम-वर्ग में दिखलाई न पड़े और किसी पद का अन्तिम वर्ण क्रम-वर्ग में दिखलाई न पड़े तो वहाँ सम्बद्ध पदों का 'परिग्रह' न करने पर संहिता में प्राप्त 'स्वर' तथा संहिता में प्राप्त वर्ण दिखलाई नहीं पड़ेगा।

(ख) तेऽवदन् ॥ स० पा० ॥ ते। अ॒व॒द॒न् ॥ प० पा० ॥ तेऽवदन्। त इति॒ ते॥ क्र०पा०

(ग) न्वित्था ॥ सं० पा० ॥ नु। इत्था ॥ प० पा० ॥ नू इत्था। न्विति नु ॥ क्र० पा०

---

[1] ऋ० क्र० १।११३।१६ [2] ऋ० १।१७३।१२ [3] ऋ० क्र० ७।४१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—यह जो पहले (११।३० में) कहा गया था कि 'स्थिति' (केवल इतिरहित), 'उपस्थित' (केवल इतिसहित) और 'स्थितोपस्थित' (इतिसहित तथा इतिरहित) में से किसी एक के द्वारा पद को दिखलाया जाता है—वह ठीक नहीं है। (पू०) क्यों (ठीक नहीं है) ? (सि०) **स्थितिस्थितोपस्थितयोः**='स्थिति' (केवल इतिरहित) और 'स्थितोपस्थित' (इतिसहित तथा इतिरहित) में; **(च=)** ही; **यथावत्पदं दृश्यते**=पद मूल रूप में दिखलाई पड़ता है।

"आर॒ैक्पन्थ॑म्। अर॒ैगिति॑"[क]—इस प्रकार 'उपस्थित' (इतिसहित) होने पर पदान्त (रै) का पद-पाठ में दिखलाई देने वाला स्वरितत्व वहाँ (अर्थात् 'उपस्थित' में) दिखलाई नहीं देता है। इसलिये; **(उपस्थिते) व्ययवत्**=('उपस्थित' में) विकारयुक्त होता है)—यह कहा गया है। उसी प्रकार—"मो षू णः[ख]"—यहाँ पर 'उपस्थित' (स्विति) में कहने पर ('सु' पद) ह्रस्वान्त दिखलाई नहीं पड़ता है। **क्वचित्स्थितौ**=कभी-कभी 'स्थिति' (केवल इतिरहित) में; **(च=)** भी; **एवम्**=इसी प्रकार (होता है)। जैसा 'उपस्थित' (केवल इतिसहित) में वैसा ('स्थिति'=केवल इतिरहित में भी) विकारयुक्त दिखलाई पड़ता है। (जैसे) "प्रातः सोमम् प्रातः[ग]"—यहाँ 'प्रातः' ('स्थिति') में पद-पाठ के समय रेफ दिखलाई पड़ता है किंतु वह ('स्थिति' में) नहीं दिखलाई देता है।

अतोऽधि=इस कारण से; **शाकलाः**=शाकल के अनुयायी; **क्रमे**=क्रम-पाठ के विषय में; **स्थितोपस्थितम्**='स्थितोपस्थित' (इतिसहित तथा इतिरहित) को; **(उत=)** ही; **आचरन्ति**=दिखलाते हैं। (जैसे) "अरैगित्यरैक्", "स्विति सु", "प्रातरिति प्रातः।"

टि० (क) आर॒ैक्पन्थ॑म्॥ सं० पा०॥ **अरै॑क्**। पन्थ॑म्॥ प० पा०
आर॒ैक्पन्थ॑म्। **अरै॑गिति॑**॥ क्र० पा०

'अरैक्' का 'रै' पद-पाठ में 'स्वरित' है किंतु 'अर॒ैगिति॑' में 'अनुदात्त' हो गया है। अतः यहाँ (='उपस्थित' में) पद मूल रूप में दिखलाई नहीं देता है।

(ख) मो षू णः॥ सं० पा०॥ मो इति। **सु**। नः॥ प० पा०
मो षू णः। **स्विति**॥ क्र० पा०

'सु' का अन्त पद-पाठ में 'ह्रस्व' 'अक्षर' (उकार) में होता है किंतु 'स्विति' में उकार दिखलाई नहीं पड़ रहा है। अतः यहाँ (='उपस्थित' में) पद मूल रूप में दिखलाई नहीं देता है।

(ग) प्रातः सोमम्॥ सं० पा०॥ **प्रातरिति**। सोमम्॥ प० पा०
प्रातः सोमम्। **प्रातः**॥ क्र० पा०

पद-पाठ में 'प्रातरिति' में रेफ दिखलाई दे रहा है किंतु 'प्रातः' में रेफ दिखलाई नहीं पड़ रहा है। अतः यहाँ (='स्थिति' में) पद मूल रूप में दिखलाई नहीं देता है।

उपर्युक्त तीनों ही स्थलों में 'स्थितोपस्थित' ("अर॒ैगित्यरै॑क्"; "स्विति सु" और "प्रातरिति प्रातः") में पद मूल रूप में दिखलाई पड़ते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रमेत सर्वाणि पदानि निर्ब्रुवन्निति स्मरन्ति ॥६२॥

सू० अ०—(दूसरे आचार्य) मानते हैं कि सभी पदों को ('परिग्रह' के द्वारा) दिखलाते हुए क्रम-वर्गों को बनावे।

उ० भा०—**क्रमेत**—क्रमं ब्रूयात्; क्रमकः; **सर्वाणि पदानि**=एकैकं पदम्; **निर्ब्रुवन्** द्विक्रमे बहुक्रमे वेति; **स्मरन्ति**=एवमिच्छन्त्येक आचार्याः। कस्य हेतोः? एवं सुखतरमार्ष्या अविलोपो भवतीति। "आ मन्द्रम्। एत्या। मन्द्रमा वरेण्यम्। मन्द्रमिति मन्द्रम्। आ वरेण्यम्। एत्या।"[१] एवं सर्वत्र॥

उ० भा० अ०—क्रम-पाठी दो (पदों) के क्रम-वर्ग में अथवा बहुत (पदों) के क्रम-वर्ग में; **सर्वाणि पदानि**=सब पदों को=एक-एक पद को; **निर्ब्रुवन्**=('परिग्रह' के द्वारा) कहता हुआ; **क्रमेत**=क्रम-वर्ग बनाये; **स्मरन्ति**=स्मरण करते ह=इसे कुछ आचार्य अभीष्ट मानते हैं। किस कारण से? (उत्तर) ऐसा करने से आसानी से आर्षी संहिता का अलोप होता है। "आ मन्द्रम्। एत्या। मन्द्रमा वरेण्यम्। मन्द्रमिति मन्द्रम्। आ वरेण्यम्। एत्या।"[क] इस प्रकार सर्वत्र (करना चाहिये)।

(शास्त्रविहितक्रमपाठस्य प्रशंसा)

आचरितं तु नोत्क्रमेत्।
क्रमस्य वर्त्म स्मृतिसंभवौ ब्रुवन्।
समाधिमस्यान्वितराणि कीर्तयेत् ॥६३॥

(शास्त्र में विहित क्रम-पाठ की प्रशंसा)

सू० अ०—(दशम पटल में) विहित (क्रम-शास्त्र का) उल्लंघन नहीं करना चाहिए। क्रम-पाठ के मार्ग में (को) शास्त्र (स्मृति) और युक्ति (संभव) को अपनाता हुआ क्रम-पाठी इस (क्रम-पाठ) के उत्कर्ष के लिए अन्य (=एकादश पटल में हेतुओं) को कहे।

उ० भा०—**पार्षदे यत्**; **आचरितम्**=पूर्वशास्त्रविहितम्—"क्रमो द्वाभ्यामभिक्रम्य"[२] इत्येवमादि; **तत् तु**; **नोत्क्रमेत्**=नान्यथाकुर्यात्—इत्यर्थः। **क्रमस्य वर्त्म** वृत्तं **स्मृतिसंभवौ** हेतू; **ब्रुवन्**=वक्ता। स्मृतिः=शास्त्रदर्शनादि। संभवः=उपपत्तिः—इत्यनर्थान्तरम्। **अस्य**=क्रमस्य; **समाधिम्**=संपदम्। **अन्वितराणि**। अनुगम्यानुलक्ष्य च। **इतराणि** कतराणि? क्रमहेतौ शासनानि। **कीर्तयेत्**। किमुक्तं भवति? पूर्वस्मिन्क्रमशास्त्रे या

टि० (क) आ मन्द्रमा वरेण्यमा॥ सं० पा०॥ आ। मन्द्रम्। आ। वरेण्यम्। आ॥ प० पा० आ मन्द्रम्। एत्या। मन्द्रमा वरेण्यम्। मन्द्रमिति मन्द्रम्। आ वरेण्यम्। एत्या॥ क्र० पा०

---

१ ऋ० क्र० १।६५।२९ २ १०। १-२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संपदुक्ता तस्या अविरोधेन हेतूक्तानि कुर्यात् —इत्यर्थः। "अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्।"[१] हेतौ परिगृह्यमाणेऽत्रापि त्रिक्रमः प्राप्नोति—"अदृष्टमार्ष्यां यदि दृश्यते क्रमे"[२] इति॥

अपरे वर्णयन्ति—**समाधिमस्यान्वितराणि कीर्तयेत्**—अस्य क्रमस्य समाधिमात्रमितराणि क्रमहेतौ शासनानि कीर्तयेत्। किमुक्तं भवति? पूर्वस्मिन्क्रमशास्त्रे या संपदुक्ता तस्या अविरोधेन हेतूक्तानि कुर्यात्-इत्यर्थः। यथा—"अदृष्टवर्णे प्रथमे प्रदर्शनम्।"[३] यथा च प्लुतादिप्रभृतीनीत्येवमादीनि॥

उ० भा० अ०—प्रातिशाख्य (पार्षद) में जो; **आचरितम्**=प्रतिपादित किया गया है="दो पदों से प्रारम्भ करके (दो-दो पदों से क्रम-पाठ किया जाता है)" इत्यादि जो पूर्व-शास्त्र (दशम पटल में) विहित है; उसका (उसको); **तु नोत्क्रमेत्**=उल्लंघन नहीं करना चाहिए=इसके विपरीत (क्रम-पाठ) नहीं करना चाहिए—यह अर्थ है। **क्रमस्य वर्त्म**=क्रम-पाठ का जो मार्ग (दशम पटल में) निश्चित किया गया है उसमें (उसको); **ब्रुवन्**=वक्ता; **स्मृतिसंभवौ**=स्मृति और संभव को; हेतु के रूप में अपनावे। स्मृति=शास्त्रदर्शनादि (=दशम पटल में कहे गये नियम)। संभव=युक्ति—ये भिन्नार्थक नहीं हैं (अर्थात् 'संभव' और 'युक्ति'—ये दोनों समानार्थक हैं)। **अस्य**=इस क्रम-पाठ के; **समाधिम्**=उत्कर्ष को; **अन्वितराणि**—अनु=अनुगमन करके और उस पर दृष्टि रखकर; **इतराणि**=अन्य। अन्य कौन? (उत्तर) क्रम-हेतु पटल में उपदेश। **कीर्तयेत्**=कहने चाहिए। कहने का क्या तात्पर्य है? (उत्तर) पूर्ववर्ती क्रम-शास्त्र (दशम पटल) में जो तथ्य बतलाये गये हैं उनका विरोध न करते हुए (एकादश पटल में नवीन) हेतुओं का कथन करना चाहिए—यह अर्थ है।[क] "आर्षी संहिता में अदृष्ट कोई रूप यदि क्रम-पाठ में दिखलाई पड़े (तो इससे आर्षी संहिता का लोप हो जाता है)"—इस (तथ्य) का हेतु-पटल (एकादश पटल) में ग्रहण होने से यहाँ "अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्।"[ख] में भी तीन पदों का एक क्रम-वर्ग प्राप्त होता है।

टि० (क) इन आचार्यों का मत है कि (१) दशम मण्डल में प्रतिपादित नियमों के अनुसार ही क्रम-पाठ का निर्माण करना चाहिए और एकादश पटल में हेतुओं को भी ऐसे बतलाना चाहिए जिससे दशम पटल के नियमों का उल्लंघन न हो। (२) कभी-कभी युक्ति के आधार पर क्रम-पाठ के निर्माण में कुछ हेर-फेर किया जा सकता है। ऐसी अवस्था में भी दशम-पटल के नियमों पर सर्वदा दृष्टि रखनी चाहिए।

(ख) अग्निमीळे पुरोहितम्॥ सं० पा०॥ अग्निम्। ईळे। पुरःऽहितम्॥ प० पा० अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्॥ क्र० पा०॥ दशम पटल के अनुसार। अग्निमीळे पुरोहितम्॥ क्र० पा०॥ इन आचार्यों के अनुसार।

दो-दो पदों के क्रम-वर्ग बनाने पर क्रम-पाठ में 'ईळे' का 'स्वर' आर्षी संहिता में दृष्ट 'स्वर' से भिन्न हो जाता है। अतः ये आचार्य आर्षी संहिता के अलोप के लिए यहाँ तीन पदों का एक क्रम-वर्ग बनाते हैं।

---

[१] ऋ० क्र० १।१।१ [२] ११।५९ [३] ११।२७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरे आचार्य इस प्रकार व्याख्या करते हैं—**समाधिमस्यान्वितराणि कीर्तयेत्**= इस क्रम-पाठ के उत्कर्षमात्र के लिए अन्य को अर्थात् क्रम-हेतु-पटल में उपदेशों को कहना चाहिए। कहने का क्या तात्पर्य है? (उत्तर) पूर्ववर्ती क्रम-शास्त्र (दशम पटल) में जो तथ्य बतलाये गये हैं उनका विरोध न करते हुए (एकादश पटल में) हेतुओं को कहना चाहिए—यह अर्थ है। जैसे—"प्रथम (द्वैपद) में (प्रथम पद का अन्तिम) वर्ण दिखलाई न पड़े (तो 'परिग्रह' के द्वारा इसको) दिखलाते हैं।" और जैसे 'दीर्घ' हो गए हैं प्रथम 'अक्षर' जिनके—इत्यादि (के हेतुओं) को (ही कहना चाहिए)।[क]

यथोपदिष्टं क्रमशास्त्रमादितः
पुनः पृथक्त्वैर्विविधैर्न साधुवत् ॥६४॥

सू० अ०—क्रम-शास्त्र जैसा प्रारम्भ में उपदिष्ट किया था वही ठीक है। किंतु अनेक आचार्यों ने पृथक्-पृथक् रूप से (जिस क्रम-शास्त्र को कहा है) वह ठीक नहीं है।

उ० भा०—**यथोपदिष्टं क्रमशास्त्रमादितः तदेव साधुवदध्येतव्यम्। पुनः पृथक्त्वैर्विविधैः; यदुक्तं तन्न साधुवत् विद्यात्। किं कारणम्? सर्वथाभिक्रमे क्रियमाणे स्वं स्वं पक्षान्तरमाश्रित्य संहिताया अविलोप इत्युच्यते॥**

उ० भा० अ०—**यथोपदिष्टं क्रमशास्त्रमादितः**=प्रारम्भ में क्रम-शास्त्र जैसा उपदिष्ट किया गया था; वही ठीक है—यह जानना चाहिये। **पुनः पृथक्त्वैर्विविधैः**= किंतु अनेक (आचार्यों) के द्वारा पृथक्-पृथक् रूप से; जिसको कहा गया है। वह; **साधुवत् न**=ठीक नहीं है—यह जानना चाहिये। क्या कारण है? क्रम-वर्गों को बनाने के विषय में सबने अपने-अपने पक्ष का आश्रय लेकर कहा है कि इस प्रकार आर्षी संहिता का लोप नहीं होता है (सबने अनेक कल्पनायें की हैं)।

इति प्र बाभ्रव्य उवाच च क्रमं।
क्रमप्रवक्ता प्रथमं शशंस च ॥६५॥

सू० अ०—इसलिए क्रम-पाठ के प्रवक्ता बाभ्रव्य ने सर्वप्रथम क्रम-पाठ का प्रवचन किया था और इसकी प्रशंसा की थी।

उ० भा०—**इति**=एवम्; **बाभ्रव्यः**=बभ्रुपुत्रो भगवान्पाञ्चालः; (**क्रमप्रवक्ता**=) **क्रमस्य प्रवक्ता; शिष्येभ्यः क्रमं प्रथमं प्रोवाच प्रशशंस च हिताय। कथं ज्ञायते हितायेति? प्रथममधिगम्य क्रमकाः कृतसंक्रमा इव मार्गमाक्रमन्तः सुखमाक्रमन्ते। संशय-दुर्गाणि च क्रमन्ते। भवति चात्र श्लोकः—**

क्रमाभिगमभिन्नानि दुर्गाणि सुमहान्त्यपि।
विलीयन्तेऽर्कभिन्नानि तमांसीव निशात्यये॥ इति

टि० (क) दूसरे आचार्यों का मत है कि दशम पटल के नियमों का पूर्णतया पालन करना चाहिए। उनमें किसी भी अवस्था में हेर-फेर नहीं किया जा सकता है। दशम पटल में विहित नियमों की पुष्टि करने के लिए ही एकादश पटल में हेतुओं का कथन करना चाहिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**इति**=इसलिए (अर्थात् शुद्ध क्रम-पाठ की रक्षा के लिए); (**क्रमप्रवक्ता**=) 'क्रम' के प्रवक्ता; **बाभ्रव्यः**=बभ्रु के पुत्र भगवान पाञ्चाल ने; शिष्यों के लिये; **क्रमं प्रथमं प्रोवाच**=क्रम-पाठ का सर्वप्रथम प्रवचन किया; (और) हित के लिय; **प्रशशंस च**=(इसकी) प्रशंसा भी की। (यह) कैसे ज्ञात होता है कि हित के लिये? (उत्तर) क्रम-पाठी लोगों ने उस प्रथम ज्ञान को प्राप्त करके शिष्य-परम्परा से क्रम-मार्ग को प्रशस्त किया और संशय रूपी दुर्गों को पार कर गये। इस विषय में श्लोक भी है—

"रात्रि के व्यतीत हो जाने पर सूर्य के द्वारा जिस प्रकार अन्धकार विनष्ट हो जाते हैं उसी प्रकार क्रम-पाठ के ज्ञान से (संशय के) विशाल भी दुर्ग टूट कर विलीन हो जाते हैं।"

(आक्षेपनिरसनपूर्वकं क्रमपाठस्यार्थवत्त्वनिरूपणम्)

क्रमेण नार्थः पदसंहिताविदः
पुराप्रसिद्धाश्रयपूर्वसिद्धिभिः।
अकृत्स्नसिद्धश्च न चान्यसाधको
न चोदयापायकरो न च श्रुतः ॥६६॥

(आक्षेप का निराकरण करके क्रम-पाठ की उपयोगिता का निरूपण)

सू० अ०—क्रम-पाठ का कोई प्रयोजन नहीं है क्योंकि (पद-पाठ और संहिता-पाठ जानने के अनन्तर (यह प्रारम्भ होता है)। यह (पद-पाठ और संहिता-पाठ के) पूर्व में असिद्ध है क्योंकि यह आश्रय (पद-पाठ और संहिता-पाठ) के सिद्ध होने पर ही सिद्ध होता है। इसके अतिरिक्त यह पूर्णतया सिद्ध भी नहीं है और न यह किसी अन्य वस्तु को सिद्ध करता है। यह न लाभकर है और न हानिकर है तथा यह शास्त्र में भी नहीं सुना गया है।

उ० भा०—योऽयं विहितो विधिः—"क्रमो द्वाभ्यामभिक्रम्य"[१] इति तेन (क्रमेण) **नार्थः**। कस्य हेतोः? पदसंहिताविदः=पदानि विदुषः संहितां च; उत्तरकालं क्रमविधिरारभ्यते। किंच—पुराप्रसिद्धाश्रयपूर्वसिद्धिभिः—हेतौ तृतीया। पुराप्रसिद्धः=एवं चास्य क्रमस्य पदसंहितात् पूर्वमप्रसिद्धेः। आश्रयपूर्वसिद्धिभिः=पदसंहितं क्रमस्याश्रयस्तत्पूर्विकाश्चास्य सिद्धयो भवन्ति। पुरा चेन्न विधीयते, न चान्यतो विधीयते; तस्मात्पदसंहितादनन्योऽयं क्रमो भवति। अविशेषे हि विशेषारम्भोऽनर्थकः।

उ० भा० अ०—"दो पदों से प्रारम्भ करके (दो-दो पदों से क्रम-वर्गों को बनावे)"—इससे जिस क्रम-पाठ का विधान किया गया है उस (**क्रमेण**=क्रम-पाठ) से; **नार्थः**=कोई प्रयोजन नहीं है (अर्थात् वह निष्प्रयोजन है)। क्यों? (उत्तर) **पदसंहिताविदः**=पद-पाठ को जानकर और संहिता-पाठ को जानकर बाद में क्रम-पाठ का विधान प्रारम्भ होता है। इसके अतिरिक्त; **पुराप्रसिद्धाश्रयपूर्वसिद्धिभिः**—हेतु-कथन में तृतीया है। पुरा-

[१] ऋ० १०।१–२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रसिद्धः=पद-पाठ और संहिता-पाठ से पूर्व में यह क्रम-पाठ सिद्ध नहीं है। **आश्रयपूर्व-सिद्धिभिः**=पद-पाठ और संहिता-पाठ क्रम-पाठ के आधार हैं; उनके बाद में ही इसकी सिद्धि होती है। यतः (यह क्रम-पाठ) (पद-पाठ और संहिता-पाठ के) पूर्व में विहित नहीं है और (इन दोनों के अतिरिक्त किसी) अन्य से विहित नहीं है; अतः यह क्रम-पाठ पद-पाठ और संहिता-पाठ से भिन्न वस्तु नहीं है। पृथक् (विशेष) न होने पर पृथक् (विशेष) प्रयत्न करना अनर्थक है।

उ० भा०—अकृत्स्नसिद्धश्च=न कृत्स्नसिद्धः क्रमः। यद्यपि चास्य विशेषाः सन्ति संहिताया अविलोपार्थं तथापि पदसंहिताश्रयत्वादकृत्स्नसिद्ध इत्युच्यते। **न चान्यसाधकः** इति=नायं क्रमोऽन्यशास्त्राश्रयत्वाद् विशेषान् साधयति। अकृत्स्नसिद्धस्य ह्यन्यसाधनं न विद्यते। **न चोदयापायकरः** इति=न चायं क्रमोऽध्येतुरभ्युदयकरो न चापायकरः। **न च श्रुतः** इति=न चायं क्रमोऽष्टानां ब्राह्मणपथानामन्यतमस्मिन् ब्राह्मणपथे श्रूयते। यथा ऋषिदैवतच्छन्दोयुक्तः स्वाध्यायो यज्ञकर्मसु संहताविधिः। यथा च नामाख्यातोपसर्गनिपाताः पदमिति पदविधिः। एभिः कारणैः क्रमेण नार्थ इत्युच्यते। भवति चात्र श्लोकः—

यदि विषयगतो नान्यं जनयति कंचिद् गुणविशेषं कृत्स्नम्।
कलुषमतिकरं साधुस् तत्पर्षदि न वदेदिति॥

उ० भा० अ०—**अकृत्स्नसिद्धश्च**=क्रम-पाठ पूर्णतया सिद्ध नहीं है। यद्यपि आर्षी संहिता के अविलोप के लिए इस (क्रम-पाठ) में विशेष बातें बतलाई गई हैं तथापि पद-पाठ और संहिता-पाठ पर आश्रित होने के कारण "यह पूर्णतया सिद्ध नहीं है"—यह कहा जाता है। **न चान्यसाधकः**=अन्य शास्त्रों पर आश्रित होने के कारण यह क्रम-पाठ किसी विशेष वस्तु को सिद्ध नहीं करता है। जो (स्वयं) पूर्णतया सिद्ध नहीं होता है वह अन्य का साधन नहीं हो सकता है। **न चोदयापायकरः**=यह क्रम-पाठ अध्यता का न लाभ करता है और न हानि करता है। **न च श्रुतः**=यह शास्त्र में नहीं सुना गया है=आठ ब्राह्मणपथों में से किसी भी ब्राह्मणपथ में यह क्रम-पाठ नहीं सुना गया है। जैसे—ऋषि, देवता और छन्द से समन्वित स्वाध्याय यज्ञकर्मों में (प्रयुक्त होता है)—यह संहिता-पाठ का विधान है। और जैसे—'नाम', 'आख्यात', 'उपसर्ग' और 'निपात' पद हैं—यह पद-पाठ का विधान है। इन कारणों से क्रम-पाठ से प्रयोजन नहीं है—यह कहा जाता है। यहाँ (=इस विषय में) यह श्लोक है—

"यदि किसी विषय को प्राप्त करके व्यक्ति किसी दूसरे सर्वाङ्गपूर्ण विशिष्ट गुण को उत्पन्न नहीं करता है और जो (विषय) बुद्धि को मलिन कर देने वाला है उसे सत्पुरुष सभा में न कहे।"

असिध्यतः सिद्धिविपर्य्ययो यदि
प्रसिध्यतोऽसिद्धिविपर्य्ययस्तथा॥६७॥

सू० अ०—(पद-पाठ और संहिता-पाठ के पूर्व में) सिद्ध न होने से यदि (क्रम-पाठ की) सिद्धि का विपर्यय (=असिद्धि) है तो (सिद्ध पद-पाठ और संहिता-पाठ पर आश्रित होने के कारण इस क्रम-पाठ के) सिद्ध होने से (इस क्रम-पाठ की) असिद्धि का विपर्यय (=सिद्धि) है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—(यदि असिध्यतः=) यदुक्तं पदसंहितात्पूर्वमयं क्रमो न सिध्यति तस्मादस्य; (सिद्धिविपर्य्ययः=) प्रसिद्धिविपर्ययः; इति। तन्नास्ति। कस्य हेतोः? प्रसिध्यतः; (असिद्धिविपर्य्ययः=) असिद्धत्वस्य विपर्ययः; तथा भविष्यति। प्रसिद्धं हि पदसंहितमाश्रित्य यद्ययं क्रमो वर्तते ततः प्रसिद्ध एव। अनन्यश्चायं पदसंहितात् क्रमो भवतीति प्रतिज्ञा पूर्वमुक्ता। एकदेशं हि साधयत्येकदेशी ॥

उ० भा० अ०—(यदि असिध्यतः=) जो यह कहा गया था कि पद-पाठ और संहिता-पाठ से पूर्व में यह क्रम-पाठ सिद्ध नहीं होता है इसलिये इस (क्रम-पाठ) की; (सिद्धिविपर्य्ययः=) सिद्धि का विपर्यय (=असिद्धि) है—वह ठीक नहीं है। क्या कारण है? प्रसिध्यतः=सिद्ध होने वाले (क्रम-पाठ की); उसी प्रकार; (असिद्धिविपर्य्ययः=) असिद्धि का विपर्यय (=सिद्धि) होगा। यतः प्रसिद्ध पद-पाठ और संहिता-पाठ को आश्रय बनाकर यह (क्रम-पाठ) प्रवृत्त होता है इसलिए यह (क्रम-पाठ) भी सिद्ध ही है। संहिता-पाठ और पद-पाठ से क्रम-पाठ अभिन्न है—यह प्रतिज्ञा पहले ही कही जा चुकी है। पूर्ण वस्तु अपने अङ्ग को सिद्ध कर देती है (अतः सिद्ध पद-पाठ और संहिता-पाठ अपने आश्रित क्रम-पाठ को भी सिद्ध कर देते हैं)।

सहापवादेषु च सत्सु न क्रमः
प्रदेशशास्त्रेषु भवत्यनर्थकः ॥६८॥

सू० अ०—निन्दा की गई है जिनकी ऐसे प्रदेशशास्त्रों के विद्यमान होने पर यह क्रम-पाठ भी अनर्थक नहीं है।

उ० भा०—अपवादः=निन्दा-इत्यर्थः। सहापवादेषु प्रदेशशास्त्रेषु सत्सु। यैरर्थाः प्रदिश्यन्ते तानि प्रदेशशास्त्राणि यथा सांख्ययोगशास्त्राणि। तेष्वप्यन्यस्मिन्नन्यस्यापवादो दृश्यते। तेषु शास्त्रेषु! सत्सु=विद्यमानेषु-इत्यर्थः। न अयं क्रमोऽनर्थकः; (भवति=) भवितुमर्हति ॥

उ० भा० अ०—अपवाद=निन्दा—यह अर्थ है। सहापवादेषु प्रदेशशास्त्रेषु सत्सु—प्रदेश शास्त्र वे हैं जिनके द्वारा अर्थों का उपदेश होता है जैसे सांख्यशास्त्र और योगशास्त्र। (उन प्रदेशशास्त्रों) में भी एक में दूसरे की निन्दा मिलती है। (निन्दा होने पर भी) उन शास्त्रों के विद्यमान होने पर यह; क्रमोऽनर्थकः न भवति=क्रम-पाठ अनर्थक नहीं होता है; (अर्थात् यद्यपि ११।६६ में क्रम-पाठ की निन्दा की गई है तथापि उस निन्दा के कारण यह शास्त्र अनर्थक नहीं हो जाता है)।

विपर्य्ययाच्छास्त्रसमाधिदर्शनात्
पुराप्रसिद्धेरुभयोरनाश्रयात्।
समभ्युपेयाद् बहुभिश्च साधुभिः
श्रुतेश्च सन्मानकरः क्रमोऽर्थवान् ॥६९॥

सू० अ०—(१) (११।६७ में दिखलाये गये) विपर्यय से (२) समाधि के दर्शन से (३) पहले ही प्रसिद्ध होने से (४) (पद-पाठ और संहिता-पाठ पर)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आश्रित न होने से (५) अनेक ऋषियों के द्वारा गृहीत होने से (६) और श्रुति का सम्मान करने से—यह क्रम-पाठ उपयोगी है।

उ० भा०—**विपर्ययात्** इति—"क्रमेण नार्थः पदसंहिताविदः"[१] इत्युक्त्वा—"प्रसिध्यतोऽसिद्धिविपर्ययस्तथा"[२] इत्युक्तं स विपर्ययः। असिद्धा अपि हि भावाः सिद्धानाश्रित्य सिद्धा भवन्ति। **शास्त्रसमाधिदर्शनात्** चायं क्रमोऽर्थवान्भवति। **शास्त्रसमाधिदर्शनात्** इति—क्रमशास्त्रे ह्यनेकविधिविशेषाः संहितापदादिपदान्तानुग्रहार्था विधीयन्ते। यथैवानवसानीयानीति निमित्तसंशयानीत्येवमादयः।

उ० भा० अ०—**विपर्ययात्**—"पद-पाठ और संहिता-पाठ जानने वाले के लिये क्रम-पाठ का कोई प्रयोजन नहीं है"—यह कहकर—"उसी प्रकार सिद्ध होने वाले (क्रम-पाठ) की असिद्धि का विपर्यय (=सिद्धि) है"—यह जो कहा गया है वह विपर्यय है। असिद्ध भी पदार्थ सिद्ध पदार्थों के आश्रय से सिद्ध हो जाते हैं। **शास्त्रसमाधिदर्शनात्**=शास्त्र का उत्कर्ष दिखलाई पड़ने से=क्रम-शास्त्र में संहिता के पदादि और पदान्त के स्वरूप-ज्ञान के लिए अनेक विशिष्ट विधियों का विधान किया गया है। जैसे—(क्रम-वर्गों के) अन्त में न आने वाले (पद) और (वे पद जिनके विकार के) निमित्त संशय से युक्त हैं इत्यादि।

उ० भा० पुराप्रसिद्धेः चायं क्रमोऽर्थवान्भवति। **पुराप्रसिद्धेः** इति। कथं हि नाम पुरा अप्रसिद्धः सन्नवसानीयादीन्विशेषानारभेत? **उभयोरनाश्रयात्**। उभे अपि पदसंहिते अनाश्रित्य क्रमो वर्तते तस्मादप्यर्थवान्क्रमः। कथमनाश्रयादित्युच्यते? व्यतिरिक्ते हि पदसंहिते विशेषारम्भश्च क्रमशास्त्रे दृश्यते। यथैवावगृह्याणां परिग्रहणम्। **समभ्युपेयाद्बहुभिश्च साधुभिः** पूर्वाचार्यैः समभ्युपगमनाच्चायं क्रमोऽर्थवान्भवितुमर्हति। कथं हि नामानर्थकं सन्त बहवः साधवः परिगृह्णीयुः?

श्रुतेश्च सन्मानकरः क्रमोऽर्थवान्। श्रुतेश्चायमिष्टः क्रमः। द्वैपदेनाङ्गिरसः प्रोचुः। त्रिपदेन बालखिल्याः इति। एभिः कारणैरयं क्रमोऽर्थवान्भवति। भवति चात्र—

सिद्धोऽयं श्रुतितश्च लक्षितोऽनुमतश्च विविधैर्गुणैर्विशेषैर्वितत्य।
संधिं न याति च पदविषयं पुनरपि च विकृतिमुचितां न जहाति॥

उ० भा० अ०—पहले से ही सिद्ध होने से भी यह क्रम-पाठ उपयोगी होता है। **पुराप्रसिद्धेः**=जो पहले से सिद्ध नहीं है वह अवसान आदि विशेष बातों के विषय में कैसे प्रयत्न कर सकता है? **उभयोरनाश्रयात्**=पद-पाठ और संहिता-पाठ—इन दोनों—के आश्रय के बिना क्रम-पाठ विद्यमान है—इसलिये भी यह उपयोगी है। आश्रय के बिना—यह कैसे कह रहे हो? (उत्तर) पद-पाठ और संहिता-पाठ क्रम-पाठ से भिन्न हैं और क्रम-पाठ में विशेष बातें दिखलाई पड़ती हैं; जैसे—अवगृह्य पदों का 'परिग्रह'। **समभ्युपेद्बहुभिश्च साधुभिः**—पूर्ववर्ती आचार्यों के द्वारा परिगृहीत होने के कारण भी यह क्रम-पाठ उपयोगी है। यदि (क्रम-पाठ) अनर्थक होता तो बहुत से सत्पुरुष इसको स्वीकार क्यों करते?

---

१ ११।६६ २ ११।६७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रुतेश्च सन्मानकरः क्रमोऽर्थवान्—क्रम-पाठ श्रुति को भी अभीष्ट है। (श्रुति में कहा गया है) अङ्गिरा ऋषि दो-दो पदों से पाठ करें, बालखिल्य ऋषि तीन-तीन पदों से पाठ करें। इस विषय में यह (श्लोक) है—

"(यह क्रम-पाठ) सिद्ध है, श्रुति में उल्लिखित है, (पूर्ववर्ती आचार्यों के द्वारा) स्वीकृत है, अनेक विशेष गुणों से समन्वित है, पदों की संधि को नहीं करता है (अर्थात् पदों के मूल-रूप को दिखलाता है) किंतु (आर्षी संहिता में दृष्ट) उचित विकार का परित्याग भी नहीं करता है।"

ऋते न च द्वैपदसंहितास्वरौ
प्रसिध्यतः पारणकर्म चोत्तमम्।
क्रमात् ॥७०॥

सू० अ०—क्रम-पाठ के बिना दो पदों की 'संहिता' और 'स्वर' सिद्ध नहीं होते हैं और उत्तम कोटि का पारणकर्म भी (इसके बिना नहीं होता है)।

उ० भा०—इतश्चायं क्रमोऽर्थवान्भवति। क्रमादृते (द्वैपदसंहितास्वरौ=) द्वैपदसंहिता च द्वैपदस्वरश्च; न (प्रसिध्यतः=) सिध्यति। द्वैपदे हि सिद्ध उत्तरारम्भः शक्यते कर्तुं पादार्धर्चऋक्सूक्तसिद्धयर्थम्। पारणकर्म चोत्तमम् इति—भगवता पाञ्चालेन स्थापितानां पारायणकर्मणां क्रमपारायणमुत्तमं परम्परया महिम्ना च। भवति चात्र श्लोकः—

प्रगाथे पुनरादानं दृष्ट्वा यज्ञविधौ मुनिः।
अर्थवन्तं क्रमं ब्रूयाद् देवता याश्च शास्त्रतः॥

उ० भा० अ०—इससे भी क्रम-पाठ उपयोगी होता है। **क्रमादृते**=क्रम-पाठ के बिना; **(द्वैपदसंहितास्वरौ)**=दो पदों की 'संहिता' और दो पदों के 'स्वर'; **न (प्रसिध्यतः)**=नहीं सिद्ध होते हैं। दो पदों के सिद्ध होने पर ही पाद, अर्धर्च, ऋचा और सूक्त की सिद्धि के लिये आगे प्रयत्न आरम्भ किया जा सकता है। **पारणकर्म चोत्तमम्**—भगवान् पाञ्चाल के द्वारा स्थापित पारायण-कर्मों में कर्म-पारायण परम्परा और महिमा की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ है। इसके विषय में यह श्लोक भी है—

"यज्ञों में प्रयुक्त प्रगाथ में पुनरुक्ति (पुनरादान) को देखकर बुद्धिमान् व्यक्ति को सार्थक क्रम-पाठ का शास्त्र के अनुसार पाठ करना चाहिए[क] और देवताओं का भी।"

टि० (क) पू०—क्रम-पाठ में पदों की पुनरुक्ति होती है और पुनरुक्ति को दोष माना जाता है। अतः क्रम-पाठ अनर्थक है। सि०—यज्ञ में प्रगाथों का शास्त्र के अनुसार प्रयोग होता है। प्रगाथों में भी मन्त्रांशों की पुनरुक्ति होती है। शास्त्र से विहित होने के कारण जिस प्रकार प्रगाथों में पुनरुक्ति दोष नहीं है उसी प्रकार क्रम-पाठ में पदों की पुनरुक्ति दोष नहीं है। अतः क्रम-पाठ अनर्थक नहीं है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतोऽप्यृग्यजुषां च वृंहणं
पदैः स्वरैश्चाध्ययनं तथा त्रिभिः ॥७१॥

सू० अ०—यतः ऋचाओं तथा यजुषों का संधारण (क्रम-पाठ की सहायता से) पदों तथा स्वरों के द्वारा किया जाता है अतः तीनों (संहिता-पाठ, पद-पाठ और क्रम-पाठ) के द्वारा (वेदों का) अध्ययन (किया जाता है)।

उ० भा०—अतोऽपि=अस्मादपि हेतोः; क्रमोऽर्थवान्भवति। क्रमात् (ऋग्यजुषाम् च=) ऋचां च यजुषां च; वृंहणम्=संधारणम्; क्रियते द्वैपदेन। यथा पदाध्ययनेन चोदात्तानुदात्तस्वरितैर्ऋग्यजुषां धारणं क्रियते। तथाध्ययनं त्रिभिरन्योन्यं वर्तते। संहिता-पदक्रमैः। तस्माच्चायं क्रमोऽर्थवान्भवति। भवति चात्र श्लोकः—

शरद्युज्वलो वितिमिरो विभाति भगवान्यथांशुमान्।
सत्यवचनवित्तमः क्रमकः क्रमते हि संशयांस्तमस्तथात्मवान्॥

इति पार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रट-
पुत्रउवटकृतौ प्रातिशाख्यभाष्ये क्रमहेतु-
र्नामैकादशं पटलम्॥

उ० भा० अ०—अतोऽपि=इस कारण से भी; क्रम-पाठ उपयोगी होता है। क्रम-पाठ से; (ऋग्यजुषाम् च=) ऋचाओं का और यजुषों का; वृंहणम्=संधारण=पुष्टि; की जाती है। जिस प्रकार (पदैः=) पदाध्ययन (पद-पाठ) के द्वारा; 'उदात्त', 'अनुदात्त' और 'स्वरित' (स्वरैः=स्वरों) की सहायता से ऋचाओं और यजुषों की पुष्टि की जाती है। तथाध्ययनं त्रिभिः=अत एव तीनों के द्वारा अध्ययन किया जाता है—संहिता-पाठ से, पद-पाठ से और क्रम-पाठ से। इस कारण से भी यह क्रम-पाठ उपयोगी है। इस विषय में यह श्लोक है—

"जिस प्रकार अंधकार को नष्ट करके स्वच्छ भगवान् चन्द्रमा शरद् ऋतु में प्रकाशित होता है उसी प्रकार सत्य पाठ (वचन) को पूर्णतया जानने वाला तथा आत्मज्ञानी क्रम-पाठी सभी संशयों को दूर करके विराजमान होता है।"

आनन्दपुर के निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक
प्रातिशाख्यभाष्य में क्रम-हेतु-नामक एकादश पटल समाप्त हुआ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१२ : सोमा-पटलम्

अपदान्तीयवर्णाः

पदादौ गन्तुमनर्हा वर्णाः

अन्योन्यं संयोक्तुमनर्हा वर्णाः

ऋचां पदमध्य एवोक्तविधानस्य चरितार्थत्वम्

नामाख्यातोपसर्गनिपातानां चतुर्णां पदजातानां निरूपणम्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अपदान्तीयवर्णाः)

ऊष्मान्तस्थसोष्मचकारवर्गा

नान्तं यान्त्यन्यत्र विसर्जनीयात् ॥१॥

(पद के अन्त में न आने वाले वर्ण)

सू० अ०—विसर्जनीय को छोड़कर अन्य 'ऊष्म' (–वर्ण), 'अन्तःस्था' (–वर्ण), ऋकार, 'सोष्म' (–वर्ण) और चकारवर्ग (पदों के) अन्त में नहीं आते हैं।

उ० भा०—(ऊष्मान्तस्थसोष्मचकारवर्गाः=) ऊष्माणश्च, अन्तःस्थाश्च, ऋकारश्च, सोष्माणश्च, चकारवर्गश्च–इत्येते सप्तविंशतिवर्णाः; (अन्तम्=) पदान्तम्; (न यन्ति=) न गच्छन्ति। किमविशेषेण? नेत्याह—(अन्यत्र विसर्जनीयात्=) विसर्जनीयं वर्जयित्वा। विसर्जनीयस्तूष्मसु मध्ये तिष्ठति तथापि पदान्तं गच्छति—अग्निः, वायुः।

परिशेषादन्ये गच्छन्ति। तानुदाहरिष्यामः। एव। तया। नृभ्यः। अभि। देवी। वसु। बाहू। अग्ने। वायो। वै। तौ। वाक्। अर्वाङ्। विट्। वृषण्वान्। यत्। देवान्। त्रिष्टुप्। इन्द्रम्॥

उ० भा० अ०—(ऊष्मान्तस्थसोष्मचकारवर्गाः=) 'ऊष्म' (–वर्ण) (=ह, श, ष, स, अः, ५ क, ५ प, अं), 'अन्तस्थाः' (–वर्ण) (=य, र, ल, व), ऋकार (ऋ), 'सोष्म' (–वर्ण) (=ख घ, छ झ, ठ ढ, थ ध, फ भ) और चकारवर्ग (=च, छ, ज, झ, ञ)—ये सत्ताईस वर्ण; (अन्तम्=) पद के अन्त में; (न यन्ति=) नहीं प्राप्त होते हैं (अर्थात् ये सत्ताईस वर्ण पदों के अन्त में नहीं आते हैं)।[क] क्या बिना किसी विशेष के? (उत्तर) नहीं, (सूत्रकार ने कहा है)—(अन्यत्र विसर्जनीयात्=) विसर्जनीय को छोड़कर। विसर्जनीय तो 'ऊष्म' (–वर्णों) के मध्य में स्थित है तथापि पदों के अन्त में आता है—अग्निः, वायुः।

टि० (क) पदों के अन्त में ये वर्ण नहीं आते हैं—

(१) सात 'ऊष्म'–वर्ण—ह, श, ष, स, ५ क ५ प, अं। (२) चार 'अन्तःस्था'-वर्ण–य, र, ल, व। (३) ऋ। (४) दस 'सोष्म'-वर्ण–ख, घ, छ, झ, ठ ढ, थ, ध, फ, भ। (५) चवर्ग के तीन वर्ण–च, ज, ञ (छ, झ का उल्लेख तो 'सोष्म'–वर्णों में ही हो गया है।

इस प्रकार ये उपर्युक्त पच्चीस वर्ण पदों के अन्त में नहीं आते हैं। भाष्यकार ने सत्ताईस वर्ण क्यों लिखा? ऐसा लगता है कि उन्होंने छ और झ—इन दो वर्णों की 'सोष्म'-वर्णों और चवर्ग—इन दोनों में गणना कर ली है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवशिष्ट होने से (सूत्र में उल्लिखित वर्णों से) अन्य (पदों के अन्त में) आते हैं।[क] उनके उदाहरणों को देंगे—एव। तया। नृऽभ्यः।[ख] अभि।, देवी। वसु। वाहू। अग्ने। वायो। वै। तौ। वाक्। अर्वाङ्। विट्। वृषण्ऽवान्।[ग] यत्। देवान्। त्रिष्टुप्। इन्द्रम्।

(पदादौ गन्तुमनर्हा वर्णाः)

ऋकारल्कारौ परमर्धमूष्मणां
नादिं तकारादवरे च सप्त ॥२॥

(पद के आदि में न आने वाले वर्ण)

सू० अ०—ऋकार, ऌकार, 'ऊष्म'-वर्णों में बाद वाला आधा भाग, तकार से पहले वाले सात ('व्यञ्जन') (पदों के) आदि में नहीं (आते हैं)।

उ० भा०—(ऋकारल्कारौ=) ऋकारः, ऌकारः, (परमर्धमूष्मणाम्=) ऊष्मणां चोत्तरो भागः—विसर्जनीयादिरुच्यते। तकाराच्च; (अवरे=) पूर्वे; झकारादयः सप्त। एते त्रयोदशवर्णाः; (आदिम्=) पदादिम्; न गच्छन्ति। पारिशेषादन्ये गच्छन्ति। तानुदाहरिष्यामः—अथ। आत्। ऋतम्। इन्द्रम्। ईषत्। उत। ऊचुः[१]। एषः। ओषधीः। ऐत्। औक्षन्। कः। खनमानः[२]। गङ्गे[३]। घृतम्। चित्रम्। छाया[४]।

टि० (क) पदों के अन्त में आने वाले ये वर्ण हैं—

(१) 'ऊष्म'-वर्ण—अः (२) 'स्वर'-वर्ण—अ, आ, ऋ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ (३) 'स्पर्श'-वर्ण—क (ग), ङ, ट (ड), ण, त (द), न, प (ब), म (आचार्य शाकटायन के मत से वर्गों के प्रथम वर्ण पदों के अन्त में आते हैं और आचार्य गार्ग्य के मत से वर्गों के तृतीय वर्ण पदों के अन्त में आते हैं; दे० १।१६-१७।

वर्णमाला के कौन-कौन वर्ण पदों के अन्त में और आदि में आते हैं—यह जानना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि पदों के अन्तिम वर्णों और पदों के प्रथम वर्णों में ही विकार-विषयक-नियम लागू होते हैं।

(ख) सूत्रकार के अनुसार 'ऋ' पदान्तीय है किन्तु भाष्यकार ने पूर्व-'पद्य' के 'अन्त म स्थित 'ऋ' का उदाहरण दिया है। अतः 'ऋ' पद के अन्त में तो नहीं आता है किंतु पूर्व-'पद्य' के अन्त में आता है। पूर्व-'पद्य' को "पदवच्च पद्यान्" के अनुसार पद माना जा सकता है। वा० प्रा० १।८८ ने भी 'ऋ' को पूर्व-'पद्य' के अन्त में आने वाला ही माना है किंतु इससे भी वह 'पदान्तीय'-संज्ञक हो जाता है। वा० प्रा० ने पदों के अन्त में आने वाले वर्णों को 'पदान्तीय'-संज्ञा की है।

(ग) 'ऋ' की भाँति 'ण्' भी पद के अन्त में न आकर पूर्व-'पद्य' के अन्त में ही आता है। वा० प्रा० १।८८ ने भी ऐसा ही माना है और इसको 'पदान्तीय'-संज्ञा की है।

---

[१] ऋ० ६।४५।८ [२] ऋ० १।१७२।६ [३] ऋ० १०।७५।५
ऋ० १०।१२१।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जगत्। तम्। प्रत्नऽथा। देवम्। धनम्। नु। परि। फलिनीः[१]। बलम्। भयम्। मम। या। रत्नम्। लक्ष्मीः[२]। वायुः। हरिण्या[३]। शतम्। षट्। सः॥

उ० भा० अ०—(ऋकारलकारौ=) ऋकार और लृकार (ऋ, ऌ); (परमर्धमूष्मणाम्=) 'ऊष्म' (-वर्णों) का अन्तिम (आधा) भाग—जो विसर्जनीय से प्रारम्भ होता है =अः, ५ क, ५ प, अं। तकारगच्च=तकार से; (अवरे=) पहले वाले; सात जो झकार से प्रारम्भ होते हैं (=झ, ञ, ट, ठ, ड, ढ, ण)—ये तेरह वर्ण; (आदिम्=) पद के आदि में; न=नहीं; आते हैं।[क] अवशिष्ट होने से (इन तेरह से) अन्य (वर्ण) (पदों के आदि में) आते हैं।[ख] उनके उदाहरणों को देंगे—अथ। आत्। ऋतम्। इन्द्रम्। ईषत्। उत। ऊचुः। एषः। ओषधी। ऐत्। औक्षन्। कः। खनमानः। गङ्गे। घृतम्।[ग] चित्रम्। छाया। जगत्। तम। प्रत्नऽथा।[घ] देवम्। धनम्। नु। परि। फलिनी। बलम्। भयम्। मम। या। रत्नम्। लक्ष्मीः। वायुः। हरिण्या। शतम्। षट्। सः।

(अन्योन्यं संयोक्तुमनर्हा वर्णाः)

नान्योन्येन मध्यमा स्पर्शवर्गाः संयुज्यन्ते ॥३॥

सू० अ०—स्पर्शों के मध्यम (तीन) 'वर्ग' (=चवर्ग, टवर्ग और तवर्ग) एक दूसरे के साथ संयुक्त नहीं होते हैं।

(एक दूसरे के साथ संयुक्त न होने वाले वर्ण)

उ० भा०—मध्यमा ये त्रयः स्पर्शवर्गाः ते अन्योन्येन सह न संयुज्यन्ते, स्ववर्गीयैस्तु संयुज्यन्ते। अन्यैश्च। यज्ञनीः।[४] जझ्झतीरिव।[५] सुष्ठ्ठु।[६] दूड्ढ्य[७]। मण्डूकः।[८] रत्थ्येव।[९] अद्धवनयत्।[१०] इन्दो।[११] ग्धेति ग्ध।[१२] वद्ध्वः।[१३] अच्चति।[१४] वज्ज्रम्।[१५]

टि० (क) पदों के आदि में न आने वाले तेरह वर्ण ये हैं—ऋ, ऌ; अः, क, प, अं; झ, ञ, ट, ठ, ड, ढ, ण।

(ख) पदों के आदि में आने वाले ये वर्ण हैं—अ, आ, ऋ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ, ऐ, औ, क, ख, ग, घ, च, छ, ज, त, थ, द, ध, न, प, फ, ब, भ, म, य, र, ल, व, ह, श, ष, स।

(ग) 'ङ' वर्ण किसी भी पद के आदि में नहीं आया है। इस तथ्य की ओर न तो सूत्रकार ने संकेत किया है और न भाष्यकार ने।

(घ) 'थ' किसी पद के आदि में कहीं नहीं आया है किंतु उत्तर—'पद्य' के प्रारम्भ में तो आया है जैसा कि उदाहरण से स्पष्ट है।

---

[१] ऋ० १०।९७।१५ [२] ऋ० १०।७१।२ [३] ऋ० ९।१११।१
[४] ऋ० १।१५।१२ [५] ऋ० ५।५२।६ [६] ऋ० ८।२२।१८
[७] ऋ० १।९४।८ [८] ऋ० ७।१०३।४ [९] ऋ० १।१८०।४
[१०] ऋ० ६।१८।१० [११] ऋ० १।४३।८ [१२] ऋ० १।१५८।५
[१३] ऋ० ५।४७।६ [१४] ऋ० १।६।८ [१५] ऋ० १।८।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उष्ट्ट्राणाम् ।[१] वर्त्तनीः ।[२] त्राद्ध्वम् ।[३] श्चोतन्ति ।[४] स्त्तौति । मध्यमा इति किम् ? वाक्पतङ्गाय धीयते ।।[५]

उ० भा० अ०—**स्पर्शवर्गाः**='स्पर्श' (वर्णों) के जो तीन 'वर्ग'; **मध्यमाः**=बीच वाले (चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग) हैं; वे; **अन्योन्येन**=एक दूसरे के साथ; **न**=नहीं; **संयुज्यन्ते**=संयुक्त होते हैं[क]; अपने 'वर्ग' वाले (वर्णों) के साथ तो संयुक्त होते हैं।[ख] (तीन वर्गों के वर्णों को छोड़कर) अन्य (वर्णों) के साथ भी (इन तीन मध्यम वर्गों के वर्ण संयुक्त होते हैं)।[ग] (उदाहरण) यज्ञनीः। जझ्झतीरिव। सुष्ट्ठु। दूड्ढ्यः। मण्ड्कः। रत्थ्येव। अद्ध्वनयत्। इन्दो। ग्धेति ग्ध। वद्ध्वः। अर्च्चति। वज्ज्रम्। उष्ट्ट्राणाम्। वर्त्तनीः। त्राद्ध्वम्। श्चोतन्ति। स्त्तौति। "मध्यम (वर्ग)"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा है)? (उत्तर) "वाक्पतङ्गाय धीयते।"[घ]

न लकारेण रेफः ॥४॥

सू० अ०—रेफ लकार के साथ नहीं (संयुक्त होता है)।

उ० भा०—लकारेण सह रेफो न संयुज्यते। अर्यम्यम्।[६] अर्चन्ति।[७] सर्पिः।[८] बर्हिः।[९] वर्षम्।[१०]

उ० भा० अ०—**लकारेण**=लकार के साथ; **रेफो न**=रेफ नहीं; संयुक्त होता है (अन्य वर्णों के साथ तो रेफ संयुक्त होता है)। (उदाहरण)—अर्चन्ति। सर्पिः। बर्हिः। वर्षम्॥

टि० (क) चवर्ग का कोई वर्ण टवर्ग तथा तवर्ग के किसी भी वर्ण के साथ संयुक्त नहीं होता है; टवर्ग का कोई वर्ण चवर्ग तथा तवर्ग के किसी वर्ण के साथ संयुक्त नहीं होता है; तवर्ग का कोई वर्ण चवर्ग तथा टवर्ग के किसी वर्ण के साथ संयुक्त नहीं होता है।

(ख) चवर्ग का कोई वर्ण अपने ही वर्ग (=चवर्ग) के किसी भी वर्ण के साथ संयुक्त हो जाता है; टवर्ग का कोई वर्ण अपने ही वर्ग (=टवर्ग) के किसी भी वर्ण के साथ संयुक्त हो जाता है; तवर्ग का कोई वर्ण अपने ही वर्ग (=तवर्ग) के किसी भी वर्ण के साथ संयुक्त हो जाता है।

(ग) इन तीन मध्यम वर्गों में से प्रत्येक का कोई भी वर्ण अन्य दो वर्गों के वर्णों को छोड़कर वर्णमाला के अवशिष्ट किसी भी अन्य वर्ण के साथ संयुक्त हो जाता है।

(घ) यहाँ 'क्' और 'प्' संयुक्त हो गए हैं क्योंकि ये (क् और प्) मध्यम-वर्गों (=चवर्ग, टवर्ग, तथा तवर्ग) के वर्ण न होकर प्रथम (=कवर्ग) और अन्तिम (=पवर्ग) के वर्ण हैं।

---

[१] ऋ० ८।५।३७ [२] ऋ० ४।१९।२ [३] ऋ० २।२९।६
[४] ऋ० १।८७।२ [५] ऋ० १०।१८९।३ [६] ऋ० ५।८५।७
[७] ऋ० १।१०।१ [८] ऋ० ९।६७।३२ [९] ऋ० १।१३।५
[१०] ऋ० ५।५८।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्पर्शैर्वकारो न परैरनुत्तमैः ॥५॥

सू० अ०—परवर्ती 'अननुनासिक' (अनुत्तम) स्पर्शों के साथ वकार नहीं (संयुक्त होता है)।

उ० भा०—अनुत्तमैः स्पर्शैः परैर्वकारो न संयुज्यते, पूर्वैस्तु संयुज्यते। क्व। ज्वलयन्ती। अनड्वाहौ।[1] त्वाम्। विभ्वा। अनुत्तमैः इति किम्? दधिक्राव्णः। सुतपाव्ने ॥[2]

उ० भा० अ०—**परैः**=बाद में आने वाले; **अनुत्तमैः स्पर्शैः**='अननुनासिक' स्पर्शों (=ङ्, ञ्, ण्, न्, म् से अन्य स्पर्शों) के साथ; **वकारो न**=वकार नहीं; संयुक्त होता है। किंतु पहले आने वाले (अनुत्तम स्पर्शों) के साथ तो संयुक्त होता है। (उदाहरण)—क्व। ज्वलयन्ती। अनड्वाहौ। त्वाम्। विभ्वा। "अनुत्तम (स्पर्शों) के साथ"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "दधिक्राव्णः"। "सुतपाव्ने।"[क]

तथा तेषां घोषिणः सर्वथोष्मभिः ॥६॥

सू० अ०—उसी प्रकार उन (स्पर्शों) के (अनुत्तम) 'सघोष' वर्ण 'ऊष्म' (-वर्णों) के साथ किसी भी अवस्था में (संयुक्त नहीं होते हैं)।

उ० भा०—तथा एव तेषां स्पर्शानामुत्तमादन्ये घोषिणः; (सर्वथोष्मभिः=) सर्वैरूष्मभिः=पूर्वैः परैश्च सह; न संयुज्यन्ते। अघोषास्तु संयुज्यन्ते—स्कम्भथुः।[3] श्चोतन्ति। स्तौति। स्थ। स्पट्। यक्ष्म।[4] यख्ष्म। त्सरुः।[5] वत्सम्। विरप्शी। विरफ्शी। अनुत्तमैः इति किम्? यक्ष्म। पृश्निः। विष्णुः। स्म। तेषाम् इति किम्? ह्वयामि। स्वः। स्यात् ॥

उ० भा० अ०—**तथा**=उसी प्रकार; **तेषाम्**=उन; 'स्पर्श' (वर्णों) के अन्तिम (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्) से अन्य; **घोषिणः**='सघोष' (-वर्ण) (=ग् घ्, ज् झ्, ड् ढ्, द् ध्, ब् भ्); **सर्वथोष्मभिः**=सभी 'ऊष्म' (-वर्णों) के साथ=पूर्व में आने वाले या बाद में आने वाले ('ऊष्म'-वर्णों) के साथ; संयुक्त नहीं होते हैं। किंतु 'अघोष' ('स्पर्श'-वर्ण) तो ('ऊष्म'-वर्णों के साथ) संयुक्त होते हैं।[ख] (उदाहरण)—स्कम्भथुः। श्चोतन्ति। स्तौति। स्थ। स्पट्। यक्ष्म। यख्ष्म। त्सरुः। वत्सम्। विरप्शी। विरफ्शी।[ग] "अनुत्तम

टि० (क) इन दो स्थलों पर वकार बाद में विद्यमान 'ण्' और 'न्' के साथ संयुक्त हो गया है क्योंकि 'ण्' और 'न्' अनुत्तम 'स्पर्श' न होकर उत्तम 'स्पर्श' हैं।

(ख) (१) वर्गों के अन्तिम 'सघोष' 'स्पर्श'-वर्णों तथा सभी 'अघोष' वर्णों का 'ऊष्म'-वर्णों के साथ 'संयोग' हो जाता है। (२) वर्गों के तृतीय और चतुर्थ 'सघोष' 'स्पर्श' वर्णों का 'ऊष्म'-वर्णों के साथ 'संयोग' नहीं होता है।

(ग) इन सभी स्थलों पर 'अघोष' वर्ण का 'ऊष्म'-वर्ण के साथ 'संयोग' हुआ है।

---

[1] ऋ० १०।८५।१० [2] ऋ० १।५।५ [3] ऋ० ६।७२।२
[4] ऋ० १०।९७।१३ [5] ऋ० ७।५०।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अन्तिम से अन्य)"—यह क्यों (कहा) ? (उत्तर) यक्ष्म। पृश्निः। विष्णुः। स्म।[क] "उन (स्पर्शों) का"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तम) ह्वयामि। स्वः। स्यात्।[ख]

नान्त्यान्तस्था न प्रथमोष्मभिः परैः ॥७॥

सू० अ०—न तो अन्तिम 'अन्तःस्था' (=व्) और न प्रथम ('अन्तःस्था'=य्) बाद में आने वाले 'ऊष्म' (-वर्णों) के साथ (संयुक्त होता है)।

उ० भा०—अन्त्यान्तःस्था प्रथमा चोष्मभिः परैर्न संयुज्येते, पूर्वैस्तु संयुज्येते। श्यावाश्वस्य। स्वाहा। अन्त्याप्रथमे इति किम् ? अदर्शि। शतवल्शः।[१] बर्हिः। वर्ष्यान् ॥[२]

उ० भा० अ०—**अन्त्यान्तःस्था**=अन्तिम 'अन्तःस्था' (=व्); **प्रथमा च**=और प्रथम ('अन्तःस्था'=य्)—ये दोनों; **परैः ऊष्मभिर्न**=बाद में आने वाले 'ऊष्म' (—वर्णों) के साथ नहीं; संयुक्त होते हैं। पूर्व में आने वाले ('ऊष्म'-वर्णों) के साथ तो (व् और य्) संयुक्त होते हैं; (अर्थात् 'व्' और 'य्' का 'संयोग' बाद में स्थित 'ऊष्म'—वर्ण के तो साथ नहीं होता किंतु पूर्व में स्थित 'ऊष्म'-वर्ण के साथ हो जाता है)। (उदाहरण) श्यावाश्वस्य। स्वाहा। "अन्तिम और प्रथम ('अन्तःस्था')"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) बर्हिः। वर्ष्यान्।[ग]

न रेफो रेफेण॥८॥

सू० अ०—रेफ रेफ के साथ नहीं (संयुक्त होता है)।

उ० भा०—रेफो रेफेण सह न संयुज्यते, अन्यैस्तु संयुज्यते। अर्यमा ॥

उ० भा० अ०—**रेफो रेफेण**=रेफ रेफ के साथ; **न**=नहीं; संयुक्त होता है, किंतु अन्य (वर्णों) के साथ तो संयुक्त होता है। (जैसे) अर्यमा।

न सोष्मणोष्मवान् ॥९॥

सू० अ०—'सोष्म' (-वर्ण) 'सोष्म' (-वर्ण) के साथ नहीं (संयुक्त होता है)।

टि० (क) अनुत्तम वर्ण न होने के कारण 'म्', 'न्', 'ण्' और 'म्'—इन 'सघोष' स्पर्शों का 'संयोग' 'ऊष्म'-वर्णों के साथ हो गया है।

(ख) अनुत्तम वर्ण होने पर भी 'ह्', 'व्' और 'य्' का 'ऊष्म'-वर्णों के साथ 'संयोग' हो गया है क्योंकि ये 'स्पर्श' नहीं अपितु 'ऊष्म'-वर्ण ('ह्') और 'अन्तःस्था' (य् और व्) हैं।

(ग) इन स्थलों पर बाद में आने वाले 'ऊष्म'-वर्णों के साथ रेफ और लकार संयुक्त हो गए हैं क्योंकि रेफ और लकार अन्तिम तथा प्रथम 'अन्तःस्था' न होकर द्वितीय और तृतीय 'अन्तःस्था' हैं।

---

[१] ऋ० ३।८।११ [२] ऋ० ५।८३।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—सोष्मणा सह ऊष्मवान्न संयुज्यते, अन्यैस्तु संयुज्यते। तुच्छचेनाभ्व-पिहितम्[१]। अमत्थ्नात्[२] ॥

उ० भा० अ०—**सोष्मणा**='सोष्म' (-वर्ण) के साथ; **ऊष्मवान्**='सोष्म' (-वर्ण); **न**=नहीं; संयुक्त होता है; किंतु अन्य (-वर्णों) के साथ तो संयुक्त होता है। (उदाहरण) तुच्छचेनाभ्वपिहितम्। अमत्थ्नात्।

न स्पर्शैरुष्मा प्रथमः परः सन् ॥१०॥

सू० अ०—बाद में होने पर प्रथम 'ऊष्म' (-वर्ण) (=हकार) 'स्पर्श' (-वर्णों) के साथ नहीं (संयुक्त होता है)।

उ० भा०—स्पर्शैः सह प्रथमोष्मा परः सन्न संयुज्यते, पूर्वस्तु संयुज्यते। पूर्वाह्णे।[३] अह्नाह्ना नः।[४] स्पर्शैः इति किम्? बर्हिः ॥

उ० भा० अ०—**प्रथमोष्मा**=प्रथम 'ऊष्म' (-वर्ण) (=हकार); **परः सन्**=बाद में होने पर; **स्पर्शैः**='स्पर्श' (-वर्णों) के साथ; **न**=नहीं; संयुक्त होता है। किंतु पूर्व में होने पर तो ('स्पर्श'-वर्णों के साथ) संयुक्त होता है। (उदाहरण) पूर्वाह्णे। अह्नाह्ना नः।[क] "'स्पर्श' (-वर्णों) के साथ"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) बर्हिः।[ख]

नानुत्तमैः स च सोष्मा च पूर्वौ ॥११॥

सू० अ०—वह (प्रथम 'ऊष्म'-वर्ण=हकार) और 'सोष्म' (-वर्ण) पूर्व में होने पर अनुत्तम 'स्पर्श' (-वर्णों) के साथ नहीं (संयुक्त होते हैं)।

उ० भा०—अनुत्तमैः स्पर्शैः स च हकारः सोष्मा च पूर्वौ सन्तौ न संयुज्येते, उत्तमैस्तु संयुज्येते। ब्रह्म। अह्ना। वृत्रघ्नः। अमत्थ्नात्।[५] दघ्ना। गृभ्णामि ॥

उ० भा० अ०—**स च**=वह हकार भी; **सोष्मा च**=और 'सोष्म' (-वर्ण) भी **पूर्वौ**=पूर्ववर्ती होने पर; **अनुत्तमैः**=अनुत्तम ('स्पर्श'-वर्णों) के साथ; **न**=नहीं; संयुक्त होते हैं। अन्तिम (उत्तम) ('स्पर्श'-वर्णों) के साथ तो संयुक्त होते हैं। (जैसे) ब्रह्म। अह्ना। वृत्रघ्नः। अमत्थ्नात्। दघ्ना। गृभ्णामि।

नानुत्तमा घोषिणोऽघोषिभिः सह स्पर्शैः स्पर्शाः ॥१२॥

सू० अ०—अनुत्तम 'सघोष' 'स्पर्श' (वर्ण) 'अघोष' 'स्पर्श' (वर्णों) के साथ नहीं (संयुक्त होते हैं)।

टि० (क) इन उदाहरणों में हकार (प्रथम 'ऊष्म'-वर्ण) 'ण्' और 'न्' के साथ संयुक्त हो गया है क्योंकि हकार इन 'स्पर्श'-वर्णों के पूर्व में विद्यमान है।

(ख) बाद में विद्यमान होने पर भी हकार (प्रथम 'ऊष्म'-वर्ण रेफ के साथ संयुक्त हो गया है क्योंकि रेफ 'स्पर्श'-वर्ण नहीं अपितु 'अन्तःस्था'-वर्ण है।

---

[१] ऋ० १०।१२९।३ [२] ऋ० १।९३।६ [३] ऋ० १०।३४।११
[४] ऋ० १०।३७।९ [५] ऋ० १।९३।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—अनुत्तमा घोषिणः स्पर्शा; (अघोषिभिः=) अघोषैः; स्पर्शैः पूर्वैः परैश्च सह न संयुज्यन्ते, उत्तमास्तु संयुज्यन्ते-पलिक्नीः।[१] अमथ्नात्[२] अप्नस्वतीमश्विना।[३] परोदाहरणानि। य ईङ्खयन्ति।[४] पन्थाः॥

उ० भा० अ०—**अनुत्तमा घोषिणः स्पर्शाः**=अनुत्तम 'सघोष' 'स्पर्श' (-वर्ण); पूर्ववर्ती और परवर्ती; **(अघोषिभिः=) स्पर्शैः सह**='अघोष' 'स्पर्श' (-वर्णों) के साथ; **न**=नहीं; संयुक्त होते हैं। अन्तिम (उत्तम) ('सघोष' 'स्पर्श'-वर्ण तो 'अघोष' 'स्पर्श'-वर्णों के साथ) संयुक्त होते हैं। (जैसे) पलिक्नीः। अमथ्नात्। अप्नस्वतीमश्विना। **परवर्ती** ('अघोष' 'स्पर्श'-वर्णों के साथ 'संयोग') **के उदाहरण**—य ईङ्खयन्ति। पन्थाः।

नोत्तमा ऊष्मभिः परैः ॥१३॥

सू० अ०—अन्तिम ('स्पर्श'-वर्ण) परवर्ती 'ऊष्म' (-वर्णों) के साथ नहीं (संयुक्त होते हैं)।

उ० भा०—उत्तमाः स्पर्शा ऊष्मभिः परैः सह न संयुज्यन्ते, पूर्वैस्तु संयुज्यन्ते। ब्रह्म। विष्णुः। स्म। पृश्निः। उत्तमाः इति किम्। अप्सु। विरप्शी॥

उ० भा० अ०—**उत्तमाः**=अन्तिम 'स्पर्श'; **परैः ऊष्मभिः**=परवर्ती 'ऊष्म' (-वर्णों) के साथ; **न**=नहीं; संयुक्त होते हैं। पूर्ववर्ती ('ऊष्म'-वर्णों के साथ तो) संयुक्त होते हैं। ब्रह्म। विष्णुः। स्म। पृश्निः। "उत्तम"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) अप्सु। विरप्शी।

लकारस्पर्शैर्न यकार उत्तरैः ॥१४॥

सू० अ०—परवर्ती लकार और 'स्पर्श' (-वर्णों) के साथ यकार नहीं (संयुक्त होता है)।

उ० भा०—(लकारस्पर्शैः=) लकारेण स्पर्शैश्च; उत्तरैर्यकारो न संयुज्यते, पूर्वैस्तु संयुज्यते। विबाल्यम्[५]। दूढ्यः। सत्यम्। आरभ्य[६]। लकारस्पर्शैः इति किम्? इन्द्रवाय्वोः॥

उ० भा० अ०—**उत्तरैः**=परवर्ती; **(लकारस्पर्शैः=)** लकार के साथ और 'स्पर्श' (-वर्णों) के साथ; **यकारो न**=यकार नहीं; संयुक्त होता है। किंतु पूर्ववर्ती (लकार और 'स्पर्श'-वर्णों के साथ तो यकार) संयुक्त होता है। विबाल्यम्। दूढ्यः। सत्यम्। आरभ्य। "लकार और 'स्पर्श' (-वर्णों) के साथ"- यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) इन्द्रवाय्वोःख।

टि० (क) उत्तम 'स्पर्श'-वर्ण न होने के कारण पकार परवर्ती 'ऊष्म'-वर्ण के साथ संयुक्त हो गया है।

(ख) यकार परवर्ती वकार के साथ संयुक्त हो गया है क्योंकि यकार, लकार और 'स्पर्श'-वर्णों से भिन्न वर्ण है।

---

[१] ऋ० ५।२।४ [२] ऋ० १।९३।६ [३] ऋ० १।११२।२४
[४] ऋ० १।१९।७ [५] ऋ० ४।३०।१२ [६] ऋ० १।५७।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऊष्माणोऽन्योन्येन च न ॥१५॥

सू० अ०—'ऊष्म' (-वर्ण) एक दूसरे के साथ भी नहीं (संयुक्त होते हैं)।

उ० भा०—ऊष्माणोऽन्योन्येन च सह न संयुज्यन्ते। स्वैस्तु संयुज्यन्ते। शुनश्शेपः। निष्षिध्वरीः। निष्षपी[1]। शास्सि[2]॥

उ० भा० अ०—ऊष्माणोऽन्योन्येन च='ऊष्म' (-वर्ण) एक दूसरे के साथ भी; न=नहीं; संयुक्त होते हैं। किंतु अपने साथ तो संयुक्त होते हैं। (जैसे) शुनश्शेप। निष्षिध्वरीः। निष्षपी। शास्सि।

(ऋचां पदमध्ये एवोक्तविधानस्य चरितार्थत्वम्)

ऋक्पदेष्विदम् ॥१६॥

(ऋचाओं के पदों के मध्य में ही उक्त विधान की चरितार्थता)

सू० अ०—यह (सब) ऋचाओं के पदों में (ही लागू होता है)।

उ० भा०—यद् इदम् अस्मिन्पटले विधानमुक्तं तत्; (ऋक्पदेषु=) ऋक्षु पदमध्य; एव भवति। पदसंधौ न भवतीति वेदितव्यम्। यदुक्तम्—"नान्योन्येन मध्यमा स्पर्शवर्गाः"[3] इति तत् संधौ न भवति। वषट् ते।[4] उप मा षड् द्वाद्वा।[5] तथा—"न लकारेण रेफः"[6] इति संधौ न भवति। सुमदशुर्ललामीः।[7] तथा—"नोत्तमा ऊष्मभिः परैः"[8] इति संधौ न भवति। देवान्हुवे।[9] दध्यङ् ह मे।[10] अर्वाङ् शश्वत्तमम्।[11] त्वं रजि पिठीनसे दशस्यन्षष्टिम्।[12] प्रत्यङ् स विश्वा।[13] शर्मन्स्याम।[14] इदमपि पक्षान्तरमित्युदाहरणं भवति॥

उ० भा० अ०—जो; इदम्=यह; इस पटल में विधान कहा गया है वह; (ऋक्पदेषु=) ऋचाओं में पदों के मध्य में; ही (लागू) होता है। (दो) पदों की संधि में (लागू) नहीं होता है—यह जानना चाहिए। जो कहा गया है—"'स्पर्श'(-वर्णों) के मध्यय 'वर्ग'(चवर्ग, टवर्ग और तवर्ग) एक दूसरे के साथ संयुक्त नहीं होते हैं"—यह (नियम) दो पदों की) संधि में (लागू) नहीं होता है। (जैसे) "वषट् ते।" "उप मा षड् द्वाद्वा।"क उसी प्रकार—"रेफ लकार के साथ नहीं (संयुक्त होता है)"—यह (नियम) (दो पदों की)

टि० (क) उपर्युक्त दो स्थलों पर मध्यम वर्गों के 'स्पर्श'-वर्ण 'ट्' और 'त्' तथा 'ड्' और 'द्' संयुक्त हो गए हैं क्योंकि मध्यम वर्गों के 'स्पर्श'-वर्णों के परस्पर संयुक्त न होने का जो विधान (१२।३ में) किया गया था वह दो पदों की संधि में लागू नहीं होता है।

---

[1] ऋ० १।१०४।५ [2] ऋ० १।३१।१४ [3] १२।३
[4] ऋ० ७।९९।७ [5] ऋ० ८।६८।१४ [6] १२।४
[7] ऋ० १।१००।१६ [8] १२।१३ [9] ऋ० १०।६६।१
[10] ऋ० १।१३९।९ [11] ऋ० ३।३५।६ [12] ऋ० ६।२६।६
[13] ऋ० ९।८०।३ [14] ऋ० १।५१।१५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संधि में (लागू) नहीं होता है। (जैसे) "सुमदंशुर्लोमी:।"क उसी प्रकार—"उत्तम ('स्पर्श'-वर्ण) परवर्ती 'ऊष्म' (-वर्णों) के साथ नहीं (संयुक्त होते हैं")—यह (दो पदों की) संधि में (लागू) नहीं होता है। (जैसे) "देवान्हवे।" 'दध्यङ् ह मे।" "अर्वाङ् शश्वत्तमम्" "त्वं रजि पिठीनसे दशस्यन्षष्टिम्।" "प्रत्यङ् स विश्वा।" "शर्मन्स्याम।" यह सब (निषेध) (दो पदों की संधि के लिए) विधान हो गया जैसा उदाहरणों से ज्ञात होता है।

(नामाख्यातोपसर्गनिपातानां चतुर्णां पदजातानां निरूपणम्)

नामाख्यातमुपसर्गो निपात-
श्चत्वार्याहुः पदजातानि शाब्दाः ॥१७॥

(नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात—इन चार पदजातियों का निरूपण)

सू० अ०—वैयाकरण पदों की चार जातियाँ बतलाते हैं—नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात।

उ० भा०—नाम, आख्यातम्, उपसर्गः, निपातः—इति चत्वारि पदजातानि; (शाब्दाः=) शब्दविदः; आहुः॥

उ० भा० अ०—नाम, आख्यात, उपसर्ग (और) निपात—ये; चत्वारि पदजातानि=पदों की चार जातियाँ; (शाब्दाः=) शब्दस्वरूपवेत्ता; आहुः=बतलाते हैं।

तन्नाम येनाभिदधाति सत्त्वम् ॥१८॥

सू० अ०—वह नाम है जिसके द्वारा (वक्ता) द्रव्य का अभिधान करता है।

उ० भा०—तन्नाम इत्युच्यते येन शब्देन अभिदधाति वक्ता; सत्त्वम्=द्रव्यम्—इत्यर्थः। "अग्न इन्द्र वरुण मित्र देवाः॥"[१]

उ० भा० अ०—**तन्नाम**=वह नाम; कहलाता है; **येन**=जिस शब्द के द्वारा वक्ता; **सत्त्वम्**=द्रव्य को—यह अर्थ है; कहता है। (जैसे) "अग्न इन्द्र मित्र वरुण देवाः।"

तदाख्यातं येन भावं सधातु ॥१९॥

सू० अ०—वह (शब्द) 'आख्यात' है जिसके द्वारा वक्ता क्रिया (भाव) (का अभिधान करता है) और जो धातु से समन्वित (होता है)।

टि० (क) यहाँ लकार के साथ रेफ संयुक्त हो गया है क्योंकि यहाँ दो पदों की संधि हुई है।

(ख) उपर्युक्त छः स्थलों पर अन्तिम 'स्पर्श' परवर्ती 'ऊष्म'-वर्णों के साथ संयुक्त हो गए हैं क्योंकि इनके संयुक्त न होने का जो विधान (१२।१३ में) किया गया था वह केवल स्वतन्त्र पदों के मध्य में ही लागू होता है), दो पदों की संधि में नहीं।

---

[१] ऋ० ५।४६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—तदाख्यातम् इत्युच्यते येन शब्देन; (सधातु=) सधातुना; अभिदधाति वक्ता; भावम्=क्रियाम्—इत्यर्थः। "हतं नुदेथां नि शिशीतमत्रिणः॥"[1]

उ० भा० अ०—तदाख्यातम्=वह 'आख्यात'; कहलाती है; येन (सधातु)=जिस धातुसहित शब्द के द्वारा; वक्ता; भावम्=क्रिया का—यह अर्थ है; अभिधान करता है। (जैसे) "हतं नुदेथां नि शिशीतमत्रिणः।"

प्राभ्या परा निर्दुरनु व्युपाप सं परि प्रति न्यत्यधि सूदवापि।
उपसर्गा विंशतिरर्थवाचकाः सहेतराभ्याम् ॥२०॥

सू० अ० प्र, अभि, आ, परा, निः, दुः, अनु, वि, उप, अप, सम्, परि, प्रति, नि, अति, अधि, सु, उत्, अव और अपि—ये बीस उपसर्ग हैं जो अन्य दो (='नाम' और 'आख्यात') के साथ (प्रयुक्त होकर) अर्थ के वाचक हैं।

उ० भा०—प्र, अभि, आ, परा, निः, दुः, अनु, वि, उप, अप, सम्, परि, प्रति, नि, अति अधि, सु, उत्, अव, अपि—इत्येते विंशतिरुपसर्गाः; अर्थवाचका=अर्थवाचिनः। सहेतराभ्याम्। कतराभ्याम्? नामाख्याताभ्याम्। प्र—"प्रयाणे जातवेदसः";[2] "प्र देवं देव्या धिया भरत।"[3] अभि—"अभिष्टने ते अद्रिवः"[4]; "अभि ष्याम रक्षसः।"[5] आ—"आयन्तारं महि स्थिरम्"[6]; "मरुद्भिरग्न आ गहि।"[7] परा—"परायतीं मातरमन्वचष्ट"[8]; "परा शृणीहि तपसा यातुधानान्।"[9] निः—"त्वष्टुर्देवस्य निष्कृतम्"[10]; 'तिरश्चता पार्श्वान्निर्गमाणि[11]। दुः "पुराग्ने दुरितेभ्यः"[12]; "दुर्नियन्तुः परिप्रीतः।"[13] अनु—"अनु नु स्थात्यवृकाभिरूतिभिः;"[14]; 'तन्न ऋभुक्षा नरामनु ष्यात्।"[15] वि—"विराट् सम्राट्"[16]; "अपेत वीत वि च";[17] "विपाट् छुतुद्री।"[18] उप—"यज्ञेयज्ञ उपस्तुता"[19]; "इन्द्रमग्निमुप स्तुहि।"[20] अप—"अस्य प्राणादपानती"[21]; "अपेहि मनसस्पते।"[22] सम्—'प्र सम्राजं चर्षणीनाम्"[23]; "साम्राजोरव आ वृणे।"[24] परि—"विदुर्विषाणं परिपानम्"[25]; "वाजी सन्परि णीयते।"[26] प्रति—"प्रतियन्तं चिदेनसः"[27]; "प्रति केतवः प्रथमा अदृश्रन्।"[28] नि—"अपो निषिञ्चन्नसुरः पिता नः"[29]; "महान्तं कोशमुदचा नि षिञ्च।"[30] अति—अतिविद्धा विथुरेण"[31]; "अति

---

[1] ऋ० ७।१०४।१ [2] ऋ० ८।४३।६ [3] ऋ० १०।१७६।२
[4] ऋ० १।८०।१४ [5] ऋ० १०।१३२।२ [6] ऋ० ८।३२।१४
[7] ऋ० १।१९।१ [8] ऋ० ४।१८।३ [9] ऋ० १०।८७।१४
[10] ऋ० १।२०।६ [11] ऋ० ४।१८।२ [12] ऋ० ८।४४।३०
[13] ऋ० १।१९०।६ [14] ऋ० २।३१।३ [15] ऋ० १।१६७।१०
[16] ऋ० १।१८८।५ [17] ऋ० १०।१४।९ [18] ऋ० ३।३३।१
[19] ऋ० १।१३६।१ [20] ऋ० १।१३६।६ [21] ऋ० १०।१८९।२
[22] ऋ० १०।१६४।१ [23] ऋ० ८।१६।१ [24] ऋ० १।१७।१
[25] ऋ० ५।४४।११ [26] ऋ० ४।१५।१ [27] ऋ० ८।६७।१७
[28] ऋ० ७।७८।१ [29] ऋ० ५।८३।६ [30] ऋ० ५।८३।८
[31] ऋ० ८।९६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संधि में (लागू) नहीं होता है। (जैसे) "सुमदंशुर्लामीः।"क उसी प्रकार—"उत्तम ('स्पर्श'-वर्ण) परवर्ती 'ऊष्म'(-वर्णों) के साथ नहीं (संयुक्त होते हैं")—यह (दो पदों की) सधि में (लागू) नहीं होता है। (जैसे) "देवान्हवे।" 'दध्यङ् ह मे।" "अर्वाङ् शश्वत्तमम्" "त्वं रजि पिठीनसे दशस्यन्षष्टिम्।" "प्रत्यङ् स विश्वा।" 'शर्मन्स्याम।' यह सब (निषेध) (दो पदों की संधि के लिए) विधान हो गया जैसा उदाहरणों से ज्ञात होता है।

(नामाख्यातोपसर्गनिपातानां चतुर्णां पदजातानां निरूपणम्)

नामाख्यातमुपसर्गो निपात-
श्चत्वार्याहुः पदजातानि शाब्दाः ॥१७॥

(नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात–इन चार पदजातियों का निरूपण)

सू० अ०—वैयाकरण पदों की चार जातियाँ बतलाते हैं—नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात।

उ० भा०—नाम, आख्यातम्, उपसर्गः, निपातः—इति चत्वारि पदजातानि; (शाब्दाः=) शब्दविदः; आहुः॥

उ० भा० अ०—नाम, आख्यात, उपसर्ग (और) निपात—ये; चत्वारि पदजातानि=पदों की चार जातियाँ; (शाब्दाः=) शब्दस्वरूपवेत्ता; आहुः=बतलाते हैं।

तन्नाम येनाभिदधाति सत्त्वम् ॥१८॥

सू० अ०—वह नाम है जिसके द्वारा (वक्ता) द्रव्य का अभिधान करता है।

उ० भा०—तन्नाम इत्युच्यते येन शब्देन अभिदधाति वक्ता; सत्त्वम्=द्रव्यम्—इत्यर्थः। "अग्न इन्द्र वरुण मित्र देवाः॥"[१]

उ० भा० अ०—तन्नाम=वह नाम; कहलाता है; येन=जिस शब्द के द्वारा वक्ता; सत्त्वम्=द्रव्य को—यह अर्थ है; कहता है। (जैसे) "अग्न इन्द्र मित्र वरुण देवाः।"

तदाख्यातं येन भावं सधातु ॥१९॥

सू० अ०—वह (शब्द) 'आख्यात' है जिसके द्वारा वक्ता क्रिया (भाव) (का अभिधान करता है) और जो धातु से समन्वित (होता है)।

टि० (क) यहाँ लकार के साथ रेफ संयुक्त हो गया है क्योंकि यहाँ दो पदों की संधि हुई है।

(ख) उपर्युक्त छः स्थलों पर अन्तिम 'स्पर्श' परवर्ती 'ऊष्म'-वर्णों के साथ संयुक्त हो गए हैं क्योंकि इनके संयुक्त न होने का जो विधान (१२।१३ में) किया गया था वह केवल स्वतन्त्र पदों के मध्य में ही लागू होता है), दो पदों की संधि में नहीं।

---

१ ऋ० ५।४६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—तदाख्यातम् इत्युच्यते येन शब्देन; (सधातु=) सधातुना; अभिदधाति वक्ता; भावम्=क्रियाम्—इत्यर्थः। "हतं नुदेथां नि शिशीतमत्रिणः॥"[१]

उ० भा० अ०—तदाख्यातम्=वह 'आख्यात'; कहलाती है; येन (सधातु)=जिस धातुसहित शब्द के द्वारा; वक्ता; भावम्=क्रिया का—यह अर्थ है; अभिधान करता है। (जैसे) "हतं नुदेथां नि शिशीतमत्रिणः।"

प्राभ्या परा निर्दुरनु व्युपाप सं परि प्रति न्यत्यधि सूदवापि।
उपसर्गा विंशतिरर्थवाचकाः सहेतराभ्याम् ॥२०॥

सू० अ० प्र, अभि, आ, परा, निः, दुः, अनु, वि, उप, अप, सम्, परि, प्रति, नि, अति, अधि, सु, उत्, अव और अपि—ये बीस उपसर्ग हैं जो अन्य दो (='नाम' और 'आख्यात') के साथ (प्रयुक्त होकर) अर्थ के वाचक हैं।

उ० भा०—प्र, अभि, आ, परा, निः, दुः, अनु, वि, उप, अप, सम्, परि, प्रति, नि, अति अधि, सु, उत्, अव, अपि—इत्येते विंशतिरुपसर्गाः; अर्थवाचका=अर्थवाचिनः। सहेतराभ्याम्। कतराभ्याम्? नामाख्याताभ्याम्। प्र—"प्रयाणे जातवेदसः";[२] "प्र देवं देव्या धिया भरत।"[३] अभि—"अभिष्टने ते अद्रिवः"[४]; "अभि ष्याम रक्षसः।"[५] आ—"आयन्तारं महि स्थिरम्"[६]; "मरुद्भिरग्न आ गहि।"[७] परा—"परायतीं मातरमन्वचष्ट"[८]; "परा शृणीहि तपसा यातुधानान्।"[९] निः—"त्वष्टुर्देवस्य निष्कृतम्"[१०]; 'तिरश्चता पार्श्वान्निर्गमाणि[११]। दुः "पुराग्ने दुरितेभ्यः"[१२]; "दुर्नियन्तुः परिप्रीतः।"[१३] अनु—"अनु नु स्थात्यवृकाभिरूतिभिः;"[१४]; 'तन्न ऋभुक्षा नरामनु ष्यात्।"[१५] वि—"विराट् सम्राट्"[१६]; "अपेत वीत वि च"; [१७] "विपाट् छुतुद्री।"[१८] उप—"यज्ञेयज्ञ उपस्तुता"[१९]; "इन्द्रमग्निमुप स्तुहि।"[२०] अप—"अस्य प्राणादपानती"[२१]; "अपेहि मनसस्पते।"[२२] सम्—'प्र सम्राजं चर्षणीनाम्"[२३]; "साम्राजोरव आ वृणे।"[२४] परि—"विदुर्विषाणं परिपानम्"[२५]; "वाजी सन्परि णीयते।"[२६] प्रति—"प्रतियन्तं चिदेनसः"[२७]; "प्रति केतवः प्रथमा अदृश्रन्।"[२८] नि—"अपो निषिञ्चन्नसुरः पिता नः"[२९]; "महान्तं कोशमुदचा नि षिञ्च।"[३०] अति—अतिविद्धा वियुरेण"[३१]; "अति

---

[१] ऋ० ७।१०४।१ [२] ऋ० ८।४३।६ [३] ऋ० १०।१७६।२
[४] ऋ० १।८०।१४ [५] ऋ० १०।१३२।२ [६] ऋ० ८।३२।१४
[७] ऋ० १।१९।१ [८] ऋ० ४।१८।३ [९] ऋ० १०।८७।१४
[१०] ऋ० १।२०।६ [११] ऋ० ४।१८।२ [१२] ऋ० ८।४४।३०
[१३] ऋ० १।१९०।६ [१४] ऋ० २।३१।३ [१५] ऋ० १।१६७।१०
[१६] ऋ० १।१८८।५ [१७] ऋ० १०।१४।९ [१८] ऋ० ३।३३।१
[१९] ऋ० १।१३६।१ [२०] ऋ० १।१३६।६ [२१] ऋ० १०।१८९।२
[२२] ऋ० १०।१६४।१ [२३] ऋ० ८।१६।१ [२४] ऋ० १।१७।१
[२५] ऋ० ५।४४।११ [२६] ऋ० ४।१५।१ [२७] ऋ० ८।६७।१७
[२८] ऋ० ७।७८।१ [२९] ऋ० ५।८३।६ [३०] ऋ० ५।८३।८
[३१] ऋ० ८।९६।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रमिष्टं जुरतं पणेः।"[१] अधि—"मम राष्ट्रस्याधिपत्यमेहि"[२]; "अभिशस्तेरधीहि।"[३] सु—"सुकृत्सुपाणिः स्ववान्"[४]; "अश्विना स्वृषे स्तुहि।"[५] उत्—"उद्यन्नद्य मित्रमह"[६]; "उभे उदेति सूर्यः।"[७] अव—"अवस्पर्तरधिवक्तारमस्मयुम्"[८]; "अवाधमं वि मध्यमं श्रथाय।"[९] अपि—"यदीं गच्छन्त्युशतीरपिष्ठितम्"[१०]; "देवा देवानामपि यन्ति पाथः॥"[११]

उ० भा० अ०—प्र, अभि, आ, परा, निः, दुः, अनु, वि, उप, अप, सम् परि, प्रति, नि, अति, अधि, सु, उत्, अव, अपि—ये; **विंशतिरुपसर्गाः**=बीस 'उपसर्ग'; **अर्थवाचकाः**=अर्थ को बतलाने वाले हैं। **सहेतराभ्याम्**=अन्य दो के साथ (प्रयुक्त होकर। किन (दो के साथ)? (उत्तर) 'नाम' और 'आख्यात' के साथ।.....।

इतरे निपाताः ॥२१॥

सू० अ०—अन्य निपात हैं।

उ० भा०—**इतरे**। कतरे? **नामाख्यातोपसर्गेभ्योऽन्ये निपाता वेदितव्याः। "अस्माञ्च ताँश्च॥"**[१२]

उ० भा० अ०—**इतरे**=अन्य। कौन? (उत्तर) 'नाम', 'आख्यात', 'उपसर्ग' से अन्य को; **निपाताः**='निपात'; जानना चाहिए। जैसे "अस्माञ्च ताँश्च।"[क]

विंशतेरुपसर्गाणामुच्चा एकाक्षरा नव ॥२२॥

सू० अ०—बीस उपसर्गों में से एक 'अक्षर' वाले नौ 'उदात्त' हैं।

उ० भा०—**प्र, आ, निः, दुः, वि, सम्, नि, सु, उत्-इत्येत उपसर्गाणां नवसंख्या एकाक्षराः; उच्चाः**=उदात्ताः—इत्यर्थः॥

उ० भा० अ०—प्र, आ, निः, दुः, वि, सम्, नि, सु (और) उत्—**(विंशतेः) उपसर्गाणाम्**=(बीस उपसर्गों के मध्य में ये; **(नव=)** संख्या में नौ; **एकाक्षराः**=एक 'अक्षर' वाले; **उच्चाः**='उदात्त हैं।

आद्युदात्ता दशैतेषाम् ॥२३॥

सू० अ०—इन (उपसर्गों) में से दस 'आद्युदात्त' हैं।

उ० भा०—**एतेषाम् उपसर्गाणां दशाद्युदात्ता वेदितव्याः। परा, अनु, उप, अप, परि, प्रति, अति, अधि, अव अपि—इत्येते॥**

उ० भा० अ०—**एतेषाम्**=इन उपसर्गों में से; **दशाद्युदात्ताः**=दस को 'आद्युदात्त'; जानना चाहिए। परा, अनु, उप, अप, परि, प्रति, अति, अधि, अव, अपि—ये (दस)।

टि० (क) दोनों "च" निपात हैं।

---

[१] ऋ० १।१८२।३ [२] ऋ० १०।१२४।५ [३] ऋ० १।७१।१०
[४] ऋ० ३।५४।१२ [५] ऋ० ८।२६।१० [६] ऋ० १।५०।११
[७] ऋ० ७।६०।२ [८] ऋ० २।२३।८ [९] ऋ० १।२४।१५
[१०] ऋ० १।१४५।४ [११] ऋ० ३।८।९ [१२] ऋ० २।१।१६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्तोदात्तस्त्वभीत्ययम् ॥२४॥

सू० अ०—'अभि' यह ('उपसर्ग') तो 'अन्तोदात्त' है।

उ० भा०—एतेषामेवोपसर्गाणां मध्ये अभि इत्ययमन्तोदात्तो वेदितव्यः। "अभि प्रियाणि पवते चनोहितः॥"[१]

उ० भा० अ०—इन्हीं उपसर्गों के मध्य में अभि इत्ययमन्तोदात्तः='अभि' इस (उपसर्ग) को 'अन्तोदात्त'; जानना चाहिए। (जैसे) "अभि प्रियाणि पवते चनोहितः।"

क्रियावाचकमाख्यातमुपसर्गो विशेषकृत्।
सत्त्वाभिधायकं नाम निपातः पादपूरणः ॥२५॥

निपातानामर्थवशान्निपातना-
दनर्थकानामितरे च सार्थकाः।
नेयन्त इत्यस्ति संख्येह वाङ्मये
मिताक्षरे चाप्यमिताक्षरे च ये ॥२६॥

सू० अ०—'आख्यात' क्रिया का वाचक है; 'उपसर्ग' ('नाम' और 'आख्यात' के अर्थ में) विशेषता ला देता है; 'नाम' द्रव्य (सत्त्व) का अभिधान करने वाला है; 'निपात' पाद का पूरण करने वाला है।

कभी-कभी अर्थ के अनुसार प्रयुक्त होने से (निपातनात्) अनर्थक निपातों से अन्य सार्थक भी 'निपात' होते हैं। पद्य (मिताक्षर) और गद्य (अमिताक्षर) साहित्य में जो ('निपात') हैं, उनकी कोई निश्चित संख्या नहीं है कि "इतने ही 'निपात' हैं"।

उ० भा०—ऋज्वर्थावेतौ ॥

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये द्वादशं सीमापटलम् ॥
इति द्वितीयोऽध्यायः समाप्तः ॥

उ० भा० अ०—इन दोनों (सूत्रों) का अर्थ सरल है।

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक प्रातिशाख्य-भाष्य में सीमा-पटल नामक द्वादश (पटल) समाप्त हुआ।

॥ द्वितीय अध्याय समाप्त हुआ ॥

---

[१] ऋ० ९।७५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३ : शिक्षा-पटलम्

वर्णनिष्पत्तौ बाह्यः प्रयत्नः
वर्णनिष्पत्तौ आभ्यन्तरः प्रयत्नः
वर्णनिष्पत्तौ सामान्यवर्णनम्
वर्णाः शाश्वतिका इति मतन्यासः
सघोषाणामनुनासिकानां सोष्मणां
च उत्पत्तिविषये मतभेदाः
अनुनासिकवर्णानामुच्चारणप्रकारः
वर्णगुणोपसंहारः
ऋक्षु पदमध्ये दीर्घपूर्वस्य अनुस्वारस्य
ह्रस्वपूर्वस्य अनुस्वारस्य च उच्चारणव्यवस्था
समापाद्यस्वरूपम्
सोपधानुस्वारस्योच्चारणकालविषये
मतन्यासः
ऋकार-ऌकार-स्वरूपम्
अनुस्वारोच्चारणविषये व्याळेर्मतम्
संध्यक्षराणां स्वरूपम्
वाचो मन्द्रादीनि त्रीणि स्थानानि
सप्त यमास्तेषां स्वरूपम् च
वाचो वृत्तीनां निरूपणम्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(वर्णनिष्पत्तौ बाह्यः प्रयत्नः)

वायुः प्राणः कोष्ठ्यमनुप्रदानं कण्ठस्य खे विवृते संवृते वा।
आपद्यते श्वासतां नादतां वा वक्त्रीहायाम् ॥१॥

(वर्णों की निष्पत्ति में बाह्य प्रयत्न)

सू० अ०—जब वक्ता बोलने की चेष्टा करता है तो फेफड़े (lungs) से फेंकी हुई प्राण-रूप वायु, कण्ठ के छेद (स्वर-यन्त्र) (larynx) के (मुख्यतः) खुले हुए (विवृत) अथवा (मुख्यतः) बन्द होने (संवृत) के अनुसार 'श्वास' (breath) अथवा नाद' (voice) हो जाती है।

उ० भा०—य इमे शारीरा इह पञ्च वायवो नानाकर्माणः प्राणापानव्यानोदानसमानास्तेषां प्राणो हि नाभेरुपरिष्टाद्वचाप्यास्ये व्याचरति। नाभेरधस्तात्पायुमेढ्रयोरपानः। प्रसारणाकुञ्चनोत्क्षेपणावक्षेपणगतिकर्मा व्यानः। कर्मप्रवृत्तिषु बलमारोपयत्युदानः। सर्वक्रियाणामुपरमणः समानः। एवं वाचि वर्तमानं प्राणमेक आचार्या मन्यन्ते। अपर उदानं मन्यन्ते—

उपरिष्टान्मुखादग्र ऊर्ध्वं यो वर्ततेऽनिलः।
उर्ध्वकर्मक्रियाः सर्वाः प्राणिनां सम्प्रवर्तयन् ॥
नाभ्युरोऽथ शिरोभागं गच्छन्करणसंयुतः।
कण्ठताल्वोष्ठदन्तानां सप्रयत्नः समीरितः ॥
ह्रस्वदीर्घप्लुतान्वर्णान् स्निग्धानूष्मांश्च नैकधा।
उदात्तानुदात्तांश्च स्वरितान्कम्पितानपि ॥
समान्विकीर्णांश्च तथा संवृतान्विवृतानपि।
देहिनामवबोधार्थं तेनोदानः स उच्यते ॥

उ० भा० अ०—शरीर में विद्यमान रहने वाली तथा पृथक्-पृथक् कार्य करने वाली जो ये पाँच वायु प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान हैं उनमें से प्राण वायु नाभि से ऊपर व्याप्त रहकर मुख में विचरण करती है। नाभि के नीचे मलाशय तथा मूत्राशय में अपान (वायु विद्यमान रहती है)। फैलाने वाली, सिकोड़ने वाली, ऊपर को फेंकने वाली, नीचे को फेंकने वाली और सामान्य गति करने वाली व्यान (वायु है)। उदान (वायु) कर्मप्रवृत्तियों में बल प्रदान करती है। समान (वायु) सब क्रियाओं में साम्य रखती है।

इस प्रकार वाणी के उत्पादन में उद्युक्त (वायु) को कतिपय आचार्य प्राण मानते हैं। दूसरे (आचार्य) (वाणी के उत्पादन में उद्युक्त वायु को) उदान मानते हैं—

प्राणियों के शरीर में ऊर्ध्वकर्म स्वरूप सभी क्रियाओं को निष्पन्न करती हुई जो वायु मुख से लेकर आगे ब्रह्मरन्ध्र तक विद्यमान रहती है; नाभि, उरस्, सिर में गमन करती हुई,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विभिन्न अङ्गों से संयुक्त होकर, कण्ठ, तालु, ओष्ठ, दाँतों से प्रयत्नपूर्वक प्रेरित हुई प्राणियों के ज्ञान के लिए 'ह्रस्व', 'दीर्घ', 'प्लुत' वर्णों को, स्निग्ध, रूक्ष, 'उदात्त', 'अनुदात्त', 'स्वरित' और कम्पित, समान, विकीर्ण, संवृत और विवृत (वर्णों) को (उत्पन्न करती है); अतः वह (वायु) उदान कहलाती है।

उ० भा०—एवमुभयथाचार्यविप्रतिपत्तिदर्शनाच्छौनकेन भगवता प्राणं मन्यमानेनेदं शास्त्रमेवं प्रणीतम्—"वायुः प्राणः कोष्ठ्यमनुप्रदानम्" इति। ये पुनरुदानं मन्यन्ते तेषामिदं न सिध्यत्युदानाभावात्। तेषां च सिद्धम्। कथम्? शारीराणां पञ्चानामपि प्राण इति नाम साधारणम्। तस्मात्तेषामपि "वायुः प्राणः कोष्ठ्यमनुप्रदानम्" इत्येवं सिद्धम्।

उ० भा० अ०—इस प्रकार (वाणी के उत्पादन में उद्युक्त वायु के विषय में) आचार्य लोगों में दोनों प्रकार (प्राण अथवा उदान) की विप्रतिपत्ति (मत-भेद) दिखलाई पड़ने से भगवान् शौनक ने (वाणी के उत्पादन में उद्युक्त वायु को) प्राण मानकर इस शास्त्र का इस प्रकार प्रणयन किया है—"उदर से फेंकी हुई प्राण वायु।" (पू०) किंतु जो (आचार्य) (वाणी के उत्पादन में उद्युक्त वायु को) उदान मानते हैं उनके लिए यह (शास्त्र) सिद्ध नहीं होता है क्योंकि (इस शास्त्र में) उदान का अभाव है। (सि०) उनके लिए भी (यह शास्त्र) सिद्ध है। (पू०) कैसे? शरीर में विद्यमान पाँचों प्रकार की वायु का प्राण साधारण नाम है (इनके मत में सूत्रोक्त 'प्राण' का अर्थ है 'उदान')। इसलिए उनके लिए भी "उदर से फेंकी हुई प्राण वायु" यह (शास्त्र) सिद्ध है।

प्राणो वायुः। कोष्ठम्=उदरम्। कोष्ठे भवं कोष्ठ्यम्। अनुप्रदानम्=वायुमनु प्रदीयत इत्यनुप्रदानम्। किं च तत्? श्वासनादोभयम्। केन प्रयत्नेन किमनुप्रदानमापद्यते? कण्ठस्य=ग्रीवायाः; खे=गलस्य बिले=छिद्रे। विवृते=विपुले=विशाले=महति। संवृते=संकुचिते=संश्लिष्टे=अल्पे वा सति। आपद्यते; श्वासताम्=श्वासत्वम्; नादताम्=नादत्वं वा। वक्त्रीहायाम्—ईहा=चेष्टा। वक्तुरीहा=वक्त्रीहा। तस्यां वक्त्रीहायां स वायुः कण्ठबिले विवृते श्वासत्वमापद्यते संवृते नादत्वम्॥

उ० भा० अ०—**प्राणो वायुः**=प्राण नामक वायु। कोष्ठ=उदर (फेफड़ा=lungs) **कोष्ठ्यम्**=उदर (फेफड़ा=lungs) में उत्पन्न होने वाली। **अनुप्रदानम्**—वायु से प्रदान किया जाता है (=वायु का परिणाम है) अतः 'अनुप्रदान'क (emitted material) कहलाता है। (प्रश्न) वह ('अनुप्रदान') है क्या (वस्तु)? (उत्तर) 'श्वास' (breath), 'नाद' (voice) तथा दोनों ('श्वास' और 'नाद')। (प्रश्न) किस प्रयत्न से कौन 'अनुप्रदान' (emitted material) होता है? (उत्तर) **कण्ठस्य**=ग्रीवा के; **खे**=गले के बिल=गले के छेद (glottis) के। **विवृते**=विपुल होने पर=विशाल होने पर=महान् होने पर। **संवृते**=सकुचित होने पर=मिले हुए होने पर=अल्प होने पर। **श्वासताम् आपद्यते**=श्वासत्व को प्राप्त होती है; **नादताम्**=नादत्व को (प्राप्त होती है)। **वक्त्रीहायाम्**—ईहा=चेष्टा। वक्त्रीहा=वक्ता की चेष्टा। वक्ता की चेष्टा होने पर वह (प्राण नामक) वायु, कण्ठ के छिद्र (स्वर-यन्त्र) (larynx) के खुले होने पर, 'श्वास' (breath) हो जाती है, (और कण्ठ के छिद्र के) बन्द होने पर (वह

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वायु) 'नाद' (voice) हो जाती है[क]।

उभयं वान्तरोभौ ॥२॥

सू० अ०—दोनों (विवृत और संवृत) के मध्य में होने पर (वायु) दोनों ('श्वास'=breath और 'नाद'=voice) हो जाती है।

उ० भा०—उभौ=विवृतसंवृतौ; अन्तरा=कण्ठबिले समे सति; उभयम्=श्वासं नादम्; आपद्यते ॥

उ० भा० अ०—**उभौ**=खुला हुआ (विवृत) और बन्द (संवृत); **अन्तरा**=मध्य

टि० (क) फेफड़े (lungs) से बाहर निकलने वाली वायु से ध्वनि की उत्पत्ति होती है। फेफड़े (lungs) से निकलने के बाद वायु स्वर-यन्त्र (larynx) से होकर बाहर आती है। स्वर-यन्त्र (larynx) में पतली झिल्ली के बने दो लचीले पर्दे (elastic bands) होते हैं जिन्हें स्वर-तन्त्री (vocal chords) कहते हैं। स्वर-तन्त्रियों (vocal chords) के बीच के छिद्र को कण्ठ-द्वार (glottis) कहते हैं। जब स्वरतन्त्रियाँ (vocal chords) एक दूसरे से दूर रहती हैं और कण्ठ-द्वार (glottis) खुला रहता है तब वहाँ से निकली हुई वायु 'श्वास' (breath) कहलाती है। जब स्वर-तन्त्रियाँ (vocal chords) एक दूसरे के निकट रहती हैं और कण्ठ-द्वार (glottis) बन्द-सा हो जाता है तब वायु घर्षण के साथ बाहर निकलती है जिससे स्वर-तन्त्रियों (vocal chords) में कम्पन (vibration) हो जाता है। इस अवस्था में बाहर निकली हुई वायु 'नाद' (voice) कहलाती है।

इस प्रकार फेफड़ा (lungs) और स्वर-यन्त्र (larynx) वायु को 'श्वास' (breath) अथवा 'नाद' (voice) बनाकर मुख के उच्चारणावयवों (organs of articulation) को द्रव्य (material) के रूप में प्रदान करते हैं। इन 'श्वास' (breath) और 'नाद' (voice) का उपयोग मुख के उच्चारणावयव वर्णों के उत्पादन में करते हैं। 'श्वास' (breath) और 'नाद' (voice) को 'अनुप्रदान' कहा जाता है। "अनुप्रदीयतेऽनेन वर्ण इत्यनुप्रदानं मूलकारणम्। अनुप्रदीयते उपादीयते जन्यत इत्यर्थः।" तै० प्रा० २।८ पर माहिषेयभाष्य। इसके अनुसार 'अनुप्रदान' वर्णों का मूल कारण है। 'श्वास' और 'नाद' रूप 'अनुप्रदान' को 'बाह्य प्रयत्न' तथा 'प्रकृति' भी कहा जाता है।

व्याकरण में 'बाह्य प्रयत्न' के अन्तर्गत 'विवार', 'संवार', 'श्वास', 'नाद', 'अघोष', 'सघोष' आदि का ग्रहण किया गया है। वास्तव में स्वर-तन्त्रियों (vocal chords) के खुले रहने (विवार) तथा बन्द रहने (संवार) ही को 'बाह्य प्रयत्न' कहना चाहिए। 'श्वास' (breath) और 'नाद' (voice) ये दो प्रयत्नों के फल हैं। उसी प्रकार 'अघोष' (surds) और 'सघोष' (sonants) क्रमशः 'श्वास' (breath) और 'नाद' (voice) के फल हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में=जब कण्ठ का छेद (glottis) समान अवस्था में हो तो (वायु); **उभयम्**=दोनों= 'श्वास' (breath) और 'नाद' (voice) हो जाती है।[क]

ता वर्णानां प्रकृतयो भवन्ति ॥३॥

सू० अ०—ये ('श्वास', 'नाद' और दोनों का मेल) वर्णों के मूल-कारण (प्रकृति) हैं।

उ० भा०—ताः=खल्वेताः; वर्णानाम्=सर्ववर्णानाम्; श्वासनादोभयात्मिकास् तिस्रः प्रकृतयो भवन्ति—इति वेदितव्यम् ॥

उक्तेऽप्यस्मिन्न ज्ञायते केषां वर्णानां का प्रकृतिर्भवतीति। तत्र ब्रूमः—

उ० भा० अ०—**ताः**=ये; तीन–'श्वास' (breath), 'नाद' (voice) और दोनों; (**वर्णानाम्**=) सभी वर्णों के; **प्रकृतयो भवन्ति**=मूल कारण हैं—यह जानना चाहिए।

यह कहने पर भी यह पता नहीं चलता है कि किन वर्णों का क्या मूल कारण (प्रकृति) होता है। (अतः) इस विषय में कहते हैं—

श्वासोऽघोषाणाम् ॥४॥

सू० अ०—'श्वास' (breath) **'अघोष' (वर्णों)** (surd consonants) **का मूल-कारण (प्रकृति) है।**

उ० भा०—अघोषाणां वर्णानां श्वासः प्रकृतिर्भवतीति वेदितव्यम् ॥

उ० भा० अ०—**श्वासः**='श्वास' (breath); **अघोषाणाम्**='अघोष' वर्णों (surd consonants) का; मूल-कारण (प्रकृति) है—यह जानना चाहिए।

इतरेषां तु नादः ॥५॥

सू० अ०—'नाद' (voice) **अन्य (वर्णों) का (मूल-कारण है)।**

उ० भा०—इतरेषाम्। कतरेषाम्? स्वराणां घोषवतां च नादः प्रकृतिर्भवतीति वेदितव्यम् ॥

उ० भा० अ०—**इतरेषाम्**=अन्य (वर्णों) का। (प्रश्न) किनका? (उत्तर) 'स्वर' (-वर्णों) (vowels) का और 'सघोष'[ख] (व्यञ्जनों) (sonant consonants) का; **नादः**='नाद' (voice); मूल कारण (प्रकृति) होती है—यह जानना चाहिए।

टि० (क) अर्थात् जब स्वर-यन्त्र (larynx) का मुख (glottis) न तो पूर्ण रूप से खुला होता है और न बन्द रहता है तो उस अवस्था में प्राणवायु 'श्वास' (breath) और 'नाद' (voice) दोनों हो जाती है।

(ख) 'अघोष' और 'सघोष' वर्णों के लिए १।११-१२ तथा पृष्ठ ५४ पर टि० (ख) को देखिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सोष्मोष्मणां घोषिणां श्वासनादौ ॥६॥

सू० अ०—'सघोष' 'सोष्म' (-वर्णों) (sonant aspirates) (=घ, झ, ढ, ध, भ) और 'सघोष' 'ऊष्म' (-वर्ण) (breathing) (=ह) (का मूल-कारण) 'श्वास' (breath) और 'नाद' (voice) दोनों हैं।

उ० भा० - (सोष्मोष्मणां घोषिणाम्=) सोष्माणो ये घोषिणः=वर्गचतुर्थाः; ऊष्मणां च घोषः=हकारः-तेषां वर्णानामेव; श्वासनादौ प्रकृतिर्भवतीति वेदितव्यम्।

श्वासानुप्रदाना अघोषाः। हचतुर्था उभयानुप्रदानाः। अवशिष्टाः सर्वे नादानुप्रदाना इति वेदितव्यम्॥

उ० भा० अ०—**सोष्मोष्णां घोषिणाम्**=जो 'सघोष' 'सोष्म' (-वर्ण) (sonant aspirates)=वर्गों के चतुर्थ वर्ण (=घ, झ, ढ, ध, भ) हैं और 'ऊष्म' (-वर्णों) (breathings) में जो 'सघोष' (-वर्ण) (sonant)=हकार (=ह) है—इन वर्णों का; मूल-कारण (प्रकृति); **श्वासनादौ**='श्वास' (breath) और 'नाद' (voice) दोनों हैं—यह जानना चाहिए।[क]

'अघोष' (-वर्णों) (surd consonants) का मूल-कारण ('अनुप्रदान') 'श्वास' (breath) है। ह और ('वर्ग') के चतुर्थ (वर्णों) का मूल-कारण ('अनुप्रदान') दोनों ('श्वास'=breath और 'नाद'=voice) हैं। अवशिष्ट सब (वर्णों) का मूल-कारण ('अनुप्रदान') 'नाद' (voice) है—यह जानना चाहिए।

तेषां स्थानं प्रति नादात्तदुक्तम् ॥७॥

सू० अ०—जहाँ तक उन ('श्वास'=breath, 'नाद' =voice और दोनों) के रहने के समय का प्रश्न है वह तो 'नाद' (के रहने के समय) से ही कहा जा चुका है।

उ० भा०—तेषाम्=श्वासनादोभयानाम्; स्थानं प्रति यद्वक्तव्यम् तत्=एतत्; (नादात्) (उक्तम्=) व्याख्यातम्। "नादः परोऽभिनिधानाद् ध्रुवं तत्तत्कालस्थानम्"[१] इति। एवं श्वासादीनि त्रीण्यनुप्रदानानि वर्णकालस्थानानि भवन्ति। नाधिकानि, न न्यूनस्थानानि॥

उ० भा० अ०—**तेषाम्**=इनके='श्वास' (breath), 'नाद' (voice) और दोनों के; **स्थानं प्रति**=रहने के समय (duration) के विषय में; जो कहना है; **तत्**=यह; ('नाद' के समय की अवधि से); (**उक्तम्**=) व्याख्यात किया जा चुका है—" 'सघोष' 'व्यञ्जन' (sonant consonant) के 'अभिनिधान' से बाद में उसी ('अभिनिधान') के (उच्चारण) के काल तक रहने वाले 'नाद' (voice) का आगम होता है जिसे 'ध्रुव' कहते हैं।" इस प्रकार 'श्वास' (breath) आदि तीन 'अनुप्रदान' (emitted material)

टि० (क) 'ऊष्म'-वर्णों के लिए १।१० तथा पृष्ठ ५३ पर टि० (क) को देखिए।
(ख) 'सोष्म'-वर्णों के लिए १।१३ तथा पृष्ठ ५५ पर टि० (क) को देखिए।

---

१ ६।३९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्ण के (उच्चारण के) समय तक रहते हैं। न अधिक समय तक और न थोड़े समय तक रहते हैं।

(वर्णनिष्पत्तौ आभ्यन्तरः प्रयत्नः)

तद्विशेषः करणम् ॥८॥

(वर्णों की निष्पत्ति में आभ्यन्तर प्रयत्न)

सू० अ०—इन (वर्णों) की एक विशेषता 'आभ्यन्तर प्रयत्न' ('करण') (mode of articulation) **है।**

उ० भा०—तत्र वर्णात्मगुणतत्त्वज्ञाने करणं नाम विशेषो वक्ष्यते। करणम्=प्रदानम्—इत्यनर्थान्तरमाहुः ॥

उ० भा० अ०—वर्णों के स्वरूप (गुण) के यथार्थ-ज्ञान में; **करणम्**='आभ्यन्तर प्रयत्न' (mode of articulation); नामक; **विशेषः**=विशेषता; बतलाई जायेगी। 'करण'[क]='प्रदान'–ये दोनों भिन्नार्थक नहीं (अर्थात् समानार्थक हैं)—ऐसा (आचार्य) कहते हैं।

स्पृष्टमस्थितम् ॥९॥

सू० अ०—('स्पर्श' वर्णों का) अल्पकालीन 'स्पृष्ट' (non-stationary contact) **('आभ्यन्तर प्रयत्न'='करण') (होता है)।**

उ० भा०—स्पृष्टं करणं स्पर्शानाम्। तत् अस्थितम् वेदितव्यम्। अस्थितम् इति—यत्र वर्णस्थानमाश्रित्य मध्ये जिह्वा न सन्तिष्ठते तत् अस्थितम्—इत्युच्यते ॥

उ० भा० अ०—'स्पर्श' (-वर्णों) का ('आभ्यन्तर प्रयत्न'='करण') ('स्पृष्ट') (contact) होता है। उसे; **अस्थितम्**=अस्थित (सक्रिय) (non-sationary); जानना चाहिए। **अस्थित**—जहाँ वर्ण के (उच्चारण–) स्थान को आश्रय बनाकर मध्य में जिह्वा नहीं रुकती है वह **अस्थित** (non-stationary (सक्रिय) कहा जाता है।[ख]

दुस्पृष्टं तु प्राग्घकाराच्चतुर्णाम् ॥१०॥

सू० अ०—हकार से पहले वाले चार (वर्णों=य, र, ल, व) का ('आभ्यन्तर प्रयत्न'='करण') 'ईषत्स्पृष्ट' ('दुःस्पृष्ट') (slight contact) **(होता है)।**

टि० (क) वर्णोत्पत्ति के लिए व्यापार को 'प्रयत्न' कहते हैं। 'प्रयत्न' के दो भेद हैं—(१) बाह्य (दे० १३-१-७) और (२) आभ्यन्तर। 'आभ्यन्तर प्रयत्न' को 'आस्य प्रयत्न', 'करण' या 'प्रदान' भी कहते हैं। जो प्रयत्न मुख (आस्य) के भीतर होते हैं उन्हें ('आभ्यन्तर प्रयत्न') (mode of articulation) कहते हैं।

(ख) 'स्पृष्ट' (contact) प्रयत्न में मुख के दो उच्चारणावयव एक दूसरे का स्पर्श करके वायु को पूर्ण रूप से रोक देते हैं और फिर तुरन्त ही एक दूसरे से पृथक् होकर वायु को बाहर जाने देते हैं। दो उच्चारणावयवों के स्पर्श (contact) के कारण ही इसे 'स्पृष्ट' (contact) 'प्रयत्न' कहते हैं। पृष्ठ ५२ पर टि० (क) को भी देखिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—दुःस्पृष्टम्=ईषत्स्पृष्टम्—इत्यर्थः। हकारात्प्राक्चतुर्णाम् वर्णानाम्=यरलवानाम् ॥

उ० भा० अ०—**दुःस्पृष्टम्**='ईषत्स्पृष्ट' (slight contact) यह अर्थ है। **हकारात्प्राक्चतुर्णाम्**=हकार से पूर्व वाले चार वर्णों का=य, र, ल, व का।[क]

स्वरानुस्वारोष्मणामस्पृष्टं स्थितम् ॥११॥

सू० अ०—**'स्वर'** (vowels), **'अनुस्वार'** (pure nasal) **और 'ऊष्म'** (**-वर्णों**) (breathings) **का** (**'आभ्यन्तर प्रयत्न'='करण'**) **'स्थित' 'अस्पृष्ट'** (stationary non-contact) **होता है।**

उ० भा०—(**स्वरानुस्वारोष्मणाम्**=) **स्वराणाम् अनुस्वारस्य ऊष्मणां च; अस्पृष्टं स्थितं वेदितव्यम्। यत्र वर्णस्थानमाश्रित्य जिह्वावतिष्ठते तत्स्थितमित्युच्यते ॥**

उ० भा० अ०—**(स्वरानुस्वारोष्मणाम्=)** 'स्वर' (vowels), 'अनुस्वार' (pure nasal sound) और 'ऊष्म' (-वर्णों) (breathings) का ('आभ्यन्तर प्रयत्न'='करण'); **अस्पृष्टं स्थितम्**=स्थित 'अस्पृष्ट' (stationary non-contact); जानना चाहिए। जहाँ वर्णों के (उच्चारण-) 'स्थान' का आश्रय लेकर जिह्वा स्थित हो जाती है वह 'स्थित' (stationary) कहा जाता है।[ख]

नैके कण्ठ्यस्य स्थितमाहुरूष्मणः ॥१२॥

सू० अ०—**कतिपय** (**आचार्य**) **'कण्ठ्य' 'ऊष्म'** (**-वर्णों**) (guttural breathings=ह, अः) **का** (**'आभ्यन्तर प्रयत्न'='करण'**) **'स्थित'** (**'अस्पृष्ट'**) (stationary non-contact) **नहीं मानते हैं।**

उ० भा०—**एके आचार्याः; कण्ठ्यस्योष्मणः=हकारस्य च विसर्जनीयस्य च; (स्थितम्) अस्पृष्टं करणं न; (आहुः=) मन्यन्ते। स्पृष्टं दुःस्पृष्टं वा। एवमेके। अपरेऽ-कण्ठ्यस्येति वर्णयन्ति ॥**

उ० भा० अ०—**एके**=कतिपय आचार्य; **कण्ठ्यस्योष्मणः**='कण्ठ्य' 'ऊष्म' (-वर्णों) (guttural breathings) का=हकार का और विसर्जनीय का; **(स्थितम्**='स्थित') 'अस्पृष्ट' (non-contact) 'आभ्यन्तर प्रयत्न' ('करण'); **न**=नहीं; **(आहुः=)**

टि० (क) इस 'प्रयत्न' में मुख के दो उच्चारणावयव न तो 'स्पर्श' वर्णों के समान एक दूसरे का पूर्ण स्पर्श ही करते हैं और न 'स्वर' वर्णों के समान एक दूसरे से दूर ही रहते हैं। इसमें उच्चारणावयवों का थोड़ा-सा स्पर्श होता है। उदाहरण के लिए 'य' का उच्चारण करने के लिए जिह्वा के अग्रभाग को कठोर तालु की ओर ले जाते हैं किंतु पूर्ण स्पर्श नहीं करते हैं। उसी प्रकार 'व' का उच्चारण करने के लिए दोनों ओष्ठ एक दूसरे के निकट आ जाते हैं किंतु एक दूसरे का पूर्ण स्पर्श नहीं करते हैं।

(ख) इस 'प्रयत्न' में (१) मुख के उच्चारणावयवों का स्पर्श (contact) नहीं होता और (२) उच्चारणावयव स्थित (निष्क्रिय) (stationary) रहते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानते हैं। अर्थात् 'स्पृष्ट' (contact) अथवा 'दुःस्पृष्ट' (slight contact) (मानते हैं)। इस प्रकार कतिपय (आचार्य) (इस सूत्र की व्याख्या करते हैं)। दूसरे (आचार्य) अकण्ठ्य ('ऊष्म'-वर्णों=non-guttural breathings=श, ष, स, ५ क, ५ प, अं) का—यह व्याख्या करते हैं।[क]

(वर्णनिष्पत्तौ सामान्यवर्णनम्)

प्रयोक्तुरीहागुणसंनिपाते वर्णीभवन्गुणविशेषयोगात्।
एकः श्रुतीः कर्मणाप्नोति बह्वीः ॥१३॥

(वर्णों की निष्पत्ति में सामान्य वर्णन)

सू० अ०—जब (कण्ठ्य वायु का) वक्ता के चेष्टात्मक गुण से योग होता है तो वह एक ही (कण्ठ्य वायु) वर्णता को प्राप्त हुई क्रिया (=प्रयत्न=कर्म) के द्वारा विशेष गुणों के योग से बहुत रूपों को प्राप्त हो जाती है।

उ० भा० - प्रयोक्तुः=वक्तुः; ईहा। **(ईहागुणसंनिपाते-)** इहैव गुणः=ईहागुणः; तेन; **संनिपाते**=योगे; **कण्ठ्यस्य वायोः। वर्णीभवन्** इति=वर्णत्वमापद्यमानः; **एकः सन् कण्ठ्यः स वायुः; गुणविशेषयोगात्**—गुणा एव **विशेषाः**=गुणविशेषाः; तैर्योगात्। **यः कण्ठ्यवायुः; बह्वीः श्रुतीः**=बहुरूपाणि; **कर्मणा**=क्रियया; **(आप्नोति=)** प्राप्नोति। **केऽत्र गुणविशेषा यैः संयोगाद्वर्णानां श्रुतितो विशेषो भति ? अनुप्रदानसंसर्गस्थानकरणपरिमाणाख्यास्तैः सह संयोगाद्वर्णानां रूपभेदो भवति ॥**

उ० भा० अ० - कण्ठ्य वायु का; **प्रयोक्तुः**=वक्ता की; चेष्टा (ईहा)। **(ईहागुणसंनिपाते-)** ईहा ही है गुण=ईहागुण; उसके साथ; संनिपात=योग होने पर। **वर्णीभवन्**=वर्णत्व को प्राप्त होती हुई वह कण्ठ्य वायु; **गुणविशेषयोगात्**—गुण ही हैं विशेष=गुणविशेष; उनके साथ योग से। जो (एक) कण्ठ्य वायु होती है वह; **कर्मणा**=क्रिया से; **बह्वीः श्रुतीः**=बहुत रूपों को; **(आप्नोति=)** प्राप्त होती है; (अर्थात् वक्ता की चेष्टा होने पर एक ही कण्ठ्य वायु विशेष गुणों के योग से अनेक रूपों को धारण कर लेती है जिससे भिन्न-भिन्न प्रकार के वर्णों की उत्पत्ति होती है)। (प्रश्न) कौन हैं वे विशेष गुण जिनके साथ संयोग होने से वर्णों के श्रूयमाण स्वरूप में अन्तर (वैशिष्ट्य) हो जाता है? (उत्तर) 'बाह्य प्रयत्न' (emitted material), संसर्ग (contact), (उच्चारण-) 'स्थान' (place of articulation), 'आभ्यन्तर प्रयत्न'

टि० (क) कतिपय आचार्य "नैके कण्ठ्यस्य" का पदच्छेद—"नैके। कण्ठ्यस्य" करते हैं और कतिपय आचार्य "नैके। अकण्ठ्यस्य" करते हैं। **प्रथम आचार्यों** के अनुसार 'कण्ठ्य' 'ऊष्म'-वर्णों (guttural breathings=ह, अः) का 'प्रयत्न' 'स्थित' 'अस्पृष्ट' (stationary non-contact) नहीं होता है। **द्वितीय आचार्यों** के अनुसार 'अकण्ठ्य' 'ऊष्म'-वर्णों (non-gutturall) breathings=श, ष, स, ५ क, ५ प, अं) का 'प्रयत्न' 'स्थित' 'अस्पृष्ट' (stationary non-contact) नहीं है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(करण=mode of articulation) और परिमाण (quantity) नामक विशेष गुण हैं; इनके साथ संयोग से वर्णों के श्रूयमाण रूप में भेद होता है।

उ० भा० - वर्गे वर्गे तुल्यस्थानानां तुल्यप्रयत्नानामपि प्रथमतृतीयानामनुप्रदानकृतः श्रुतिविशेषः। क च ट त प ग ज ड द ब इति। तथा हकारविसर्जनीययोः। संसर्गेणेति—वक्ष्यति 'आहुर्घोषं घोषवतामकारमेकेऽनुस्वारमनुनासिकानाम्'[१]; "सोष्मतां च सोष्मणामूष्मणाहुः सस्थानेन"[२]; "घोषिणां घोषिणैव"[३] इति। द्वितीयचतुर्था ऊष्मणा संसृज्यन्ते। अनुस्वारेण पञ्चमः। तत्र तुल्यस्थानप्रयत्नानुप्रदानानामपि प्रथमद्वितीयानां तथा तृतीयचतुर्थानां तथा तृतीयपञ्चमानां च संसर्गकृतः श्रुतिविशेषः। क च ट त प ख छ ठ थ फ। तथा ग ज ड ब तथा घ झ ढ ध भ तथा ङ ञ ण न म इति।

उ० भा० अ०—प्रत्येक वर्ग में तुल्य (उच्चारण-) 'स्थान' और तुल्य (आभ्यन्तर) 'प्रयत्न' वाले भी प्रथम और तृतीय (वर्णों) के श्रूयमाण स्वरूप में भेद 'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान') के कारण होता है। (जैसे) क, च, ट, त, प और ग, ज, ड, द, ब में। उसी प्रकार हकार और विसर्जनीय में।[क] **संसर्ग** से—(सूत्रकार) कहेंगे—"कतिपय आचार्य 'सघोष' व्यञ्जनों (sonant consonants) का 'घोष' (voice) अकार को बतलाते हैं और 'अनुनासिक' (व्यञ्जनों) (nasal consonants) का 'घोष' (voice) 'अनुस्वार' (pure nasal) को (बतलाते हैं); "(ये आचार्य) 'सोष्म' (व्यञ्जनों) (aspirates) की 'सोष्मता' (aspiration) को भी समान 'स्थान' वाले 'ऊष्म' (-वर्ण) (breathing) से (उत्पन्न) बतलाते हैं"; "'सघोष' ('सोष्म'-वर्णों) (sonant aspirates) की ('सोष्मता'=aspiration) को 'सघोष' ('ऊष्म'-वर्ण=हकार) से ही (बतलाते हैं)। (इस प्रकार) (प्रत्येक 'वर्ग' के) द्वितीय और चतुर्थ (वर्णों) का 'ऊष्म' (-वर्ण) (breathing) से संसर्ग होता है और पञ्चम (वर्ण) का 'अनुस्वार' (pure nasal) से (संसर्ग होता है)। (इस प्रकार) तुल्य (उच्चारण-) 'स्थान' (place of articulation), (तुल्य) (आभ्यन्तर) 'प्रयत्न' (mode of articulation) और (तुल्य) 'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान') (emitted material) वाले ('वर्ग' के) प्रथम और द्वितीय तथा तृतीय और चतुर्थ तथा तृतीय और पञ्चम (वर्णों) के श्रूयमाण स्वरूप में भेद संसर्ग के कारण होता है। (जैसे) क, च, ट, त, प (तथा) ख, छ, ठ, थ, फ। ग, ज, ड, द, ब तथा घ, झ, ढ, ध, भ तथा ङ, ञ, ण, न, म।[ख]

टि० (क) 'क' और 'ग'—इन दोनों का (१) उच्चारणस्थान (place of articulation) १।४१ से समान (जिह्वामूल) है और (२) इनका 'आभ्यन्तर प्रयत्न' (mode of articulation) भी १३।९ से समान ('स्पष्ट') (contact) है। किंतु इन दोनों के 'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान'=emitted material) में भेद है—'क' 'श्वास' (breath) से उत्पन्न है और 'ग' 'नाद' (voice) से उत्पन्न है। अन्य सभी वर्णों को ऐसे ही समझ लेना चाहिए।

(ख) क और ख का (१) उच्चारणस्थान (place of articulation) १।४१ से समान (जिह्वामूल) है (२) इनका 'आभ्यन्तर प्रयत्न' (mode of articulation)

---

[१] १३।१५ [२] १३।१६ [३] १३।१७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थानेनेति—तुल्यप्रयत्नानुप्रदानानामपि स्थानकृतः श्रुतिविशेषः। अ ऋ इ उ। क च ट त प। य र ल व। ह श ष स। **करणेनेति**। तुल्यस्थानानुप्रदानानामपि इकारजकारयकाराणां करणकृतः श्रुतिविशेषः। **परिमाणेनेति**। तुल्यस्थानप्रयत्नानुप्रदानयोरपि समानाक्षरयोः परिमाणकृतः श्रुतिविशेषः। यथा—अ आ। ऋ ॠ। इ ई। उ ऊ। अपि च श्लोक :—

अनुप्रदानात्संसर्गात् स्थानात्करणविभ्रमात्।
जायते वर्णवैशेष्यं परिमाणाच्च पञ्चमात्॥[१] **इति॥**

स्थान से=तुल्य (आभ्यन्तर) 'प्रयत्न' (mode of articulation) और (तुल्य) 'बाह्य-प्रयत्न' ('अनुप्रदान'=emitted material) वाले (वर्णों) की श्रुति में भेद (उच्चारण–) 'स्थान' (place of articulation) से होता है। (जैसे) अ, ऋ, इ, उ।[क] क, च, ट, त, प। य, र, ल, व। ह, श, ष, स। **आभ्यन्तर प्रयत्न** ('करण'=mode of articulation) **से**—तुल्य (उच्चारण–) 'स्थान' (place of articulation) और 'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान'=emitted material) वाले भी इकार, जकार और यकार के श्रूयमाण स्वरूप में विभेद आभ्यन्तर प्रयत्न ('करण'=mode of articulation) के कारण होता है।[ख] **परिमाण से**—तुल्य (उच्चारण–) 'स्थान' (place of articulation), (तुल्य

(६८७ ख) १३।९ से समान ('स्पृष्ट'=contact) है और (३) इनका 'बाह्य प्रयत्न' (emitted material) भी १३।४ से समान ('श्वास'=breath) है। किंतु १३।१६ के अनुसार 'ख' में 'ऊष्म'-वर्ण (breathing) (ᳵ क) के संसर्ग से 'सोष्मता' (aspiration) आ गई है। यही दोनों में भेद है। प्रत्येक वर्ग के प्रथम और द्वितीय तथा तृतीय और चतुर्थ वर्णों में संसर्ग से उत्पन्न इसी 'सोष्मता' (aspiration) का भेद है। प्रत्येक वर्ग के पञ्चम ('अनुनासिक') (nasalized consonants) वर्णों का 'वर्ग' के तृतीय वर्णों से केवल यही भेद है कि 'अनुनासिक' वर्ण (nasalized consontant) में १३।१५ से 'अनुस्वार' (pure nasal) से उत्पन्न 'घोष' है।

टि० (क) अ, ऋ, इ, उ—इन 'स्वर'—वर्णों का (१) 'आभ्यन्तर प्रयत्न' (mode of articulation) १३।१० से समान ('अस्पृष्ट'=non-contaet) है और (२) इनका 'बाह्य प्रयत्न' (emitted material) १३।५ से समान ('नाद'=voice) है। किंतु इनके उच्चारण-स्थान (place of articulation) भिन्न (क्रमशः कण्ठ, जिह्वामल, तालु और ओष्ठ) हैं। उच्चारण-स्थान (place of articulation) के भिन्न होने से ही इन वर्णों में भद है। अन्य सभी वर्णों को भी ऐसे ही समझ लेना चाहिए।

(ख) इ, ज और य—इन वर्णों का (१) (उच्चारणस्थान (place of articulation) १।४२ से समान (तालु) है और (२) इनका 'बाह्य प्रयत्न' (emitted material) भी १३।५ से समान ('नाद'=voice) है। किंतु इनके 'आभ्यन्तर प्रयत्न' (mode of articulation) १३।११-१०-९ से भिन्न (क्रमशः 'अस्पृष्ट'=non-contact, 'स्पृष्ट'=contact और 'दुस्पृष्ट'=slight contact) ह। 'आभ्यन्तर प्रयत्न' (mode of articulation) के भिन्न होने से ही इन वर्णों में भेद ह।

---

[१] तै० प्रा० २३।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आभ्यन्तर–) 'प्रयत्न' (mode of articulation) वाले और (तुल्य) 'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान'=emitted material) वाले समानाक्षरों (monopthongs) के श्रूयमाण स्वरूप में भेद परिमाण के कारण होता है। जैसे—अ, आ।[क] ऋ, ॠ,। इ, ई। उ, ऊ। इस विषय में श्लोक भी है—

'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान' emitted material) से, संसर्ग (contact) से, (उच्चारण—) 'स्थान' (place of articulation) से, 'आभ्यन्तर प्रयत्न' ('करण' =mode of articulation) के विन्यास से और पञ्चम परिमाण (quantity) से वर्णों में वैशिष्ट्य (भेद) उत्पन्न होता है।

(वर्णाः शाश्वतिका इति मतन्यासः)

एके वर्णाञ्छाश्वतिकान्न कार्यान् ॥१४॥

(वर्णों की नित्यता का मत)

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) वर्णों को नित्य (शाश्वतिक) (मानते हैं), अनित्य (कार्य) नहीं।

उ० भा०—एके आचार्या अकारादीन् वर्णान्; शाश्वतिकान्=नित्यान्; न कार्यान्=न कर्तव्यान्; मन्यन्ते ॥

उ० भा० अ०—**एके**=कतिपय आचार्य; अकार आदि; **वर्णान्**=वर्णों को; **शाश्वतिकान्**=नित्य; **न कार्यान्**=अनित्य (उत्पाद्य) नहीं, मानते हैं।[ख]

(सघोषाणामनुनासिकानां सोष्मणां च उत्पत्तिविषये मतभेदः)

आहुर्घोषं घोषवतामकार-
मेकेऽनुस्वारमनुनासिकानाम् ॥१५॥

(सघोष, अनुनासिक और सोष्म-वर्णों की उत्पत्ति के विषय में मतभेद)

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) 'सघोष' (व्यञ्जनों) (sonant consonants) का 'घोष' (voice) अकार को बतलाते हैं और 'अनुनासिक' (व्यञ्जनों) (nasalized consonants) का ('घोष'=voice) 'अनुस्वार' को (बतलाते हैं)।

टि० (क) अ और आ—इन वर्णों का (१) उच्चारणस्थान (place of articulation) १।३८ से समान (कण्ठ) है (२) इनका 'आभ्यन्तर प्रयत्न' (mode of articulation) १३।११ से समान ('अस्पृष्ट'=non-contact) है और (३) इनका 'बाह्य प्रयत्न' (emitted material) समान ('नाद'=voice) है। किंतु इनमें मात्रा (परिमाण) का भेद है। 'अ' का उच्चारणकाल एक मात्रा है जब कि 'आ' का दो मात्रा है।

(ख) कतिपय आचार्य वर्णों को नित्य मानते हैं। जिस प्रकार भूमि में जल सर्वत्र रहता है और कूप-खनन से वह केवल प्रकाश में आ जाता है; उसी प्रकार वर्ण नित्य हैं, उच्चारणावयवों के व्यापार से वे व्यक्त किए जाते हैं, उत्पन्न नहीं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—घोषवतां वर्णानाम् अकारम् घोषमाहुरेके आचार्याः। किमुक्तं भवति ? घोषवत्स्वकारः स्वस्थानादागत्य घोषत्वं जनयतीति। ग ज ड द ब। य र ल व। ह इति। तथा त एवाचार्या अनुनासिकानां वर्णानाम् अनुस्वारम् घोषमाहुः। किमुक्तं भवति ? अनुस्वारः स्वस्थानादागत्य घोषत्वं जनयतीति। ङ ञ ण न म इति॥

उ० भा० अ०—**एके**=कतिपय आचार्य; **घोषवताम्**='सघोष' वर्णों (sonant consonants)का; **घोषम्**='घोष' (voice); **अकारमाहुः**=अकार को बतलाते हैं। कहने का क्या तात्पर्य है ? (उत्तर) अकार अपने स्थान से अकार 'सघोष' (व्यञ्जनों) (sonant consonants) में घोषत्व (voice) को उत्पन्न करता है।[क] (जैसे) ग, ज, ड, द, ब। य, र, ल, व। ह। उसी प्रकार वे ही आचार्य; **अनुनासिकानाम्**='अनुनासिक' व्यञ्जनों (nasalized consonants)का; 'घोष' (voice); **अनुस्वारम्**='अनुस्वार' (pure nasal) को; बतलाते हैं। कहने का क्या तात्पर्य है ? उत्तर) 'अनुस्वार' (pure nasal) अपने स्थान से आकर ('अनुनासिक' व्यञ्जनों=nasalized consonants में) घोषत्व (voice) को उत्पन्न करता है।[ख] (जैसे) ङ, ञ, ,न ण, म।

सोष्मतां च सोष्मणामूष्मणाहुः सस्थानेन ॥१६॥

सू० अ०—(ये आचार्य) 'सोष्म' (व्यञ्जनों) की 'सोष्मता' (aspiration) को भी समान 'स्थान' वाले 'ऊष्म' (–वर्ण) से (उत्पन्न); बतलाते हैं।

उ० भा०—सोष्मणां वर्णानाम्; (सोष्मताम्=)सोष्मत्वम्; सस्थानेनोष्मणाहुः। खकारस्य ५क इत्येतेन। छकारस्य श इत्येतेन ठकारस्य ष इत्येतेन। थकारस्य स इत्येतेन। फकारस्य ५प इत्येतेन॥

उ० भा० अ०—**सोष्मणाम्**='सोष्म'-वर्णों (aspirates) की; (**सोष्मताम्**=) 'सोष्मत्व' (aspiration)को; **सस्थानेनोष्मणाहुः**=समान 'स्थान' वाले 'ऊष्म' (–वर्ण) (breathing) से (उत्पन्न) बतलाते हैं। खकार की ('सोष्मता'=aspiration) '५क' से (उत्पन्न होती है)। छकार की ('सोष्मता'=aspiration) 'श' से (उत्पन्न होती है)। ठकार की ('सोष्मता'=aspiration) 'ष' से (उत्पन्न होती है)। थकार की

टि० (क) इसका तात्पर्य यह है कि 'सघोष' वर्णों (sonant consonants) में जो 'घोष' (voice) है वह 'अ' ध्वनि के कारण है। प्रतीत होता है कि इन आचार्यों के अनुसार 'अ' शुद्ध 'घोष' (pure voice) है जो या तो अ-वर्ण के रूप में अपना स्वतन्त्र कार्य करती है या 'सघोष' वर्णों (sonant consonants) को अपेक्षित 'घोष' (voice) प्रदान करती है।

(ख) इन आचार्यों के अनुसार 'अनुस्वार' शुद्ध 'नासिक्य' (pure nasal) ध्वनि है जो सभी 'अनुनासिक' वर्णों (nasalized consonants) का आधार है। 'अनुनासिक' वर्णों (nasalized consonants) में जो 'घोष' (voice) है वह 'अनुस्वार' (pure nasal) के कारण ही है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

('सोष्मता'=aspiration) 'स' से (उत्पन्न होती है)। फकार की ('सोष्मता'=aspiration) 'ϰप' से (उत्पन्न होती है)।

घोषिणां घोषिणैव ॥१७॥

सू० अ०—'सघोष' ('सोष्म'-वर्णों) की ('सोष्मता' को) 'सघोष' ('ऊष्म'-वर्ण=हकार) से ही (बतलाते हैं)।

उ० भा०—घोषिणां सोष्मणाम्; घोषिणैव ऊष्मणा=हकारेण-इत्यर्थः। सोष्मता-माहुः। घ, झ, ढ, ध, भ इति॥

उ० भा० अ०—घोषिणाम्='सघोष' 'सोष्म' (-वर्णों) (sonant aspirates) की; 'सोष्मता' (aspiration) को; घोषिणैव='सघोष' 'ऊष्म' (-वर्ण) (sonant breathing) से=हकार से (उत्पन्न); बतलाते हैं।क (जैसे) घ, झ, ढ, ध, भ।

अत्रोत्पन्नावपर ऊष्मघोषौ ॥१८॥

सू० अ०—दूसरे (आचार्य) 'सोष्मता' (aspiration) और 'घोष' (voice) को यही (='सोष्म' और 'सघोष' वर्णों में, (स्वतन्त्र रूप से) उत्पन्न (मानते हैं)।

उ० भा०—अत्र=एव सोष्मसु घोषवत्सु च; (उत्पन्नौ=) उत्पद्येते ऊष्मघोषौ इति अपरे आचार्या आहुः। यदुक्तमकारो घोषवतां घोषवत्त्वं जनयतीति, अनुस्वारोऽनुनासिकानामिति, सोष्मणां चोष्मा सोष्मत्वमिति-तन्न स्पष्टं लक्ष्यते। कस्मात्? एवमुच्यमाने सति वर्णानामनित्यत्वं प्रसज्येत। नित्याश्च वर्णाः कूटस्थाश्चाविचालिनः॥

उ० भा० अ०—अत्र=यहीं पर='सोष्म' (—वर्णों) (aspirates) में और 'सघोष' (—वर्णों) (sonant consonants) में; ऊष्मघोषौ='ऊष्मता' (aspiration) और 'घोष' (voice); (उत्पन्नौ=) उत्पन्न होते हैं यह; अपरे=दूसरे आचार्य; कहते हैं। यह जो (१३।१५-१६-१७ में) कहा है कि (१) 'सघोष' (—वर्णों) (sonant consonants) की 'घोष' (voice) को अकार उत्पन्न करता है, (२) 'अनुनासिक' (—वर्णों) (nasalized consonants) की ('घोष'=voice को) 'अनुस्वार' (pure nasal) उत्पन्न करता है और (३) 'सोष्म' (-वर्णों) (aspirates) की 'सोष्मता' (aspiration) को 'ऊष्म' (-वर्ण) (उत्पन्न करता है)—वह ठीक प्रतीत नहीं होता है। क्यों? (उत्तर) इस प्रकार कहने से वर्णों के अनित्यत्व का प्रसङ्ग उपस्थित होता है। किंतु वर्ण नित्य और अविचाली हैं।

शीघ्रतरं सोष्मसु प्राणमेके ॥१९॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) 'सोष्म' (—वर्णों) में प्राण को शीघ्रतर (मानते हैं)

टि० (क) अर्थात् सभी 'सघोष' 'महाप्राण' वर्णों (sonant aspirates) का आधार 'ह' ध्वनि है। इन वर्णों म जो महाप्राणता (अधिक वायु) है वह हकार के ही कारण है। हकार शुद्ध महाप्राण (pure aspirate) ध्वनि है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—सोष्मसु=द्वितीयचतुर्थेषु; शीघ्रतरं प्राणमेके आचार्या मन्यन्ते। सर्वेषु वर्णेषु स्थानकरणानुप्रदानानि त्रयोः गुणाः समानाः। सोष्मसूष्मा गुणोऽधिकः। तत्र गुणबहुत्वान्मात्राकालेन शैघ्र्यादृते न शक्यमुच्चारयितुमिति तेषु शीघ्रतरं प्राणं मन्यन्ते। पदकारेणाप्युक्तम्—प्रथमद्वितीयाः श्वासानुप्रदाना अघोषाः एकेऽल्पप्राणा अपरे महाप्राणाः। तृतीयचतुर्था नादानुप्रदाना घोषवन्तः। एकेऽल्पप्राणा अपरे महाप्राणाः—इति सोष्मसु महाप्राणं विदधदेतमेवार्थमाह ॥

उ० भा० अ०—**एके**=कतिपय आचार्य; **सोष्मसु**='सोष्म' (–वर्णों) (aspirates) में=(प्रत्येक 'वर्ग' के) द्वितीय और चतुर्थ (वर्णों) में; **शीघ्रतरं प्राणम्**=प्राण को शीघ्रतर; मानते हैं। सभी वर्णों में (उच्चारण-) 'स्थान', 'आभ्यन्तर प्रयत्न' ('करण') और 'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान')—ये तीन गुण समान हैं। 'सोष्म' (–वर्णों) में 'ऊष्मा' (aspiration) गुण अधिक है। वहाँ (=इन 'सोष्म'-वर्णों में) यदि (उच्चारण) शीघ्रता से न किया जावे तो गुणों के अधिक होने के कारण इनका उच्चारण एक मात्रा के काल में नहीं हो सकता है—इसलिए इन (वर्णों) में प्राण को शीघ्रतर मानते हैं। पदकार ने भी कहा है—(प्रत्येक 'वर्ग' के) प्रथम और द्वितीय (वर्णों) का 'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान') 'श्वास' है और ये 'अघोष' हैं। पहले (क, च, ट, त, प) 'अल्पप्राण' हैं। दूसरे (ख, छ, ठ, थ, फ) 'महाप्राण' हैं। (प्रत्येक 'वर्ग' के) तृतीय और चतुर्थ (वर्णों) का 'बाह्य प्रयत्न' ('अनुप्रदान') 'नाद' है और ये 'सघोष' हैं। पहले (ग, ज, ड, द, ब) 'अल्पप्राण' हैं, दूसरे (घ, झ, ढ, ध, भ) 'महाप्राण' हैं—इस प्रकार 'सोष्म' (–वर्णों) में 'महाप्राण' का विधान करते हुए (पदकार) ने इसी बात को बतलाया है।

(अनुनासिकवर्णानामुच्चारणप्रकारः)

रक्तो वचनो मुखनासिकाभ्याम् ॥२०॥

सू० अ०—'अनुनासिक' ('रक्त') का उच्चारण मुख और नासिका-दोनों-से होता है।

(अनुनासिक वर्णों का उच्चारणप्रकार)

उ० भा०—(मुखनासिकाभ्याम्=) मुखेन नासिकया च; (वचनः=) यः उच्यते; स रक्तो वेदितव्यः। ङ ञ ण न म इति। "सचाँ इन्द्रः"[१]; "अस्माँअस्माँ इत्"[२]; "अभीशूँरिव"[३]; "नृँः प्रणेत्रम्।"[४] किमर्थमिदमुच्यते? ननु—"रक्तसंज्ञोऽनुनासिकः"[५] इत्येव सिद्धम्। सत्यम्। न हि संज्ञा क्रियते। किं तर्हि? तत्रानुक्तं मुखनासिकावचनत्वमिह रक्तस्य विधीयते। एवमर्थमिदमुच्यते ॥

उ० भा० अ०—(मुखनासिकाभ्याम्=) मुख और नासिका से; (वचनः=) जिसका उच्चारण होता है; उसे; रक्तः='अनुनासिक'; जानना चाहिए। (जैसे) ङ, ञ, ण, न, म। (उदारहण) "सचाँ इन्द्रः"; "अस्माँअस्माँ इत्"; "अभीशूँरिव";

---

[१] ऋ० १।५१।११ [२] ऋ० ४।३२।४ [३] ऋ० ६।५७।६
[४] प्रै० पृ० १४२ [५] १।३६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"नॄँ प्रणेत्रम्।" (पू०) यह (सूत्र) किसलिए कहा है? "'अननासिक' की 'रक्त' संज्ञा है"—इस (सूत्र) से ही यह सिद्ध है। (सि०) यह तो सच है किंतु (प्रस्तुत सूत्र से) ('रक्त') संज्ञा नहीं की जा रही है। (पू०) तो फिर क्या? 'अनुनासिक' ('रक्त') के मुख और नासिका से उच्चारित होने का विधान यहाँ (=इस प्रस्तुत सूत्र में) किया गया है जो वहाँ (=१।३६ में) नहीं कहा गया था। इसलिए यह (सूत्र) कहा गया है।

(वर्णगुणोपसंहारः)

तद्वर्णात्मगुणशास्त्रमाहुः ॥२१॥

(वर्णों के गुणों का उपसंहार)

सू० अ०—यह वर्णों के गुणों का शासन है—यह कहते हैं।

उ० भा०—एतत्="वायुः प्राणः"[१] इत्येवमादि यदनुक्रान्तं तत्; (वर्णात्मगुणशास्त्रम्=) वर्णानामात्मगुणशासनम्; (आहुः=) वेदितव्यम्। एतावन्तो वर्णात्मगुणाः—श्वासता, नादता, उभयता। स्पृष्टता। दुःस्पृष्टता। अस्पृष्टता। कण्ठबिलस्य विवृतता संवृतता। अघोषता। घोषता। सोष्मता। अनुनासिकतेति॥

उ० भा० अ०—"प्राण वायु" इससे प्रारम्भ करके जो कहा गया है वह; (वर्णात्मगुणशास्त्रम्=) वर्णों के गुणों का शासन है—(आहुः=) यह जानना चाहिए। वर्णों के इतने गुण हैं—श्वासता, नादता और दोनों। स्पृष्टता, दुःस्पृष्टता और अस्पृष्टता। कण्ठ के छेद का खुला होना और बन्द होना। अघोषता और सघोषता। सोष्मता। अनुनासिकता।

(ऋक्षु पदमध्ये दीर्घपूर्वस्य अनुस्वारस्य ह्रस्वपूर्वस्य अनुस्वारस्य च उच्चारणव्यवस्था)

नपुंसकं यदूष्मान्तं तस्य बह्वभिधानजः।
अनुस्वारो दीर्घपूर्वः सिष्यन्तेषु पदेषु सः ॥२२॥

(ऋचाओं के पद के मध्य में दीर्घपूर्व अनुस्वार और ह्रस्वपूर्व अनुस्वार के उच्चारण की व्यवस्था)

सू० अ०—'ऊष्म'-वर्ण (breathing) में समाप्त होने वाला जो नपुंसक लिङ्ग वाला (शब्द) है उसके बहुवचन में उत्पन्न 'अनुस्वार' (pure nasal) दीर्घपूर्व होता है। वह ('अनुस्वार'=pure nasal) 'सि' तथा 'षि' में समाप्त होने वाले पदों में (उपलब्ध होता है)।

उ० भा०—(नपुंसकम्=) नपुंसकलिङ्गम्; यत् शब्दस्वरूपम् ऊष्मान्तम् तस्य नपुंसकलिङ्गस्य; बह्वभिधानजः=बहुवचनोत्पन्नः—इत्यर्थः; दीर्घपूर्वो नकारजन्यः पदमध्ये अनुस्वारो वेदितव्यः। (सिष्यन्तेषु=) सि षि इत्येवमन्तेषु; पदेषु सः अनुस्वारो द्रष्टव्यः। "भासांसि वस्ते सूर्यो न शुक्रः"[२]; "चक्षूंषीव सूर्ये सं चरन्ति"[३]; "आ दैव्या

---

१ १३।१ २ ऋ० ६।४।३ ३ ऋ० ५।१।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वृणीमहेऽवांसि"[१]; "**व्यर्य इन्द्र तनुहि श्रवांसि**"[२]; "**तपूंषि तस्मै वृजिनानि सन्तु**"[३]; "**वपूंषि जाता मिथुना सचेते**"[४]; '**आ यस्मिन्मना हवींष्यग्नौ ।**"[५]

उ० भा० अ०—**ऊष्मान्तम्**='ऊष्म'-वर्ण (breathing) में समाप्त होने वाला; **यत्**=जो; **(नपुंसकम्=)** नपुंसक लिङ्ग वाला; शब्द-स्वरूप है; **तस्य**=उस नपुंसक लिङ्ग वाले (शब्द के); **बह्वभिधानजः**=बहुवचन में उत्पन्न—यह अर्थ है; पद के मध्य में वर्तमान तथा नकार से उत्पन्न; **अनुस्वारः**='अनुस्वार' को; **दीर्घपूर्वः**='दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसा; जानना चाहिए। **सः**=उस 'अनुस्वार' को; **(सिष्यन्तेषु=)** 'सि' तथा 'षि' में समाप्त होने वाले; **पदेषु**=पदों में; देखना चाहिए।[क] (उदाहरण) "भासांसि वस्ते सूर्यो न शुक्रः"; "चक्षूंषीव सूर्ये सं चरन्ति"; "आ दैव्या वृणीमहेऽवांसि"; "व्यर्य इन्द्र तनुहि श्रवांसि"; "तपूंसि तस्मै वृजिनानि सन्तु"; "वपूंषि जाता मिथुना सचेते"; "आ यस्मिन्मना हवींष्यग्नौ ।"

उ० भा०—किमर्थमनुस्वारस्य दीर्घपूर्वस्य पदमध्ये वर्तमानस्य बहुभिः श्लोकैर्लक्षणं क्रियते ? ननु पाठादेव सिद्धम् । यथान्येषां वर्णानां पाठात्सिद्धम् । सत्यम् । किंतु दुरा-म्नाननिवृत्त्यर्थमनयोः शिक्षापटलयोर्बहूनां वर्णानां लक्षणं क्रियते । यथा—'समापाद्यान्युत्तरे षट् पकारे"[६] 'शुनश्शेपो निष्षपी शास्सि निष्षाळविक्रमाः"[७] "ऐयेरित्यैकारमकारमाहुः"[८] इत्येवमादीनि । कथं पुनर्दुराम्नानप्रसङ्गः ? सन्ति ह्यतीर्थोषिता अलसा अगुणदोषज्ञा अन्यो-न्याध्यापकाः सर्ववर्णान्यत्वजनयितारः । तद्दोषनिवृत्त्यर्थमाचार्येण शिष्यहितार्थमिदमारब्धम् । अनुस्वारस्य तावत्स्थाने ङकारं जनयन्ति । तस्माद् ङकारात्परं ककारमन्तःपातं जन-यन्ति—"हवींषि"; 'सर्पींषि"; "भासांसि"[९]; "अवांसि" इत्येवम् । तन्निवृत्त्यर्थमनु-स्वारलक्षण क्रियते ।

उ० भा० अ०—(प्रश्न) पद के मध्य में वर्तमान दीर्घपूव 'अनुस्वार' का बहुत से श्लोकों के द्वारा लक्षण किसलिए किया जा रहा है ? (यह दीर्घपूर्व 'अनुस्वार') का लक्षण पाठ से ही सिद्ध है, जिस प्रकार अन्य वर्णों का (लक्षण) पाठ से सिद्ध है। (उत्तर) (यह तो) सच है। किंतु अशुद्ध उच्चारण की निवृत्ति के लिए इन दोनों शिक्षा-पटलों (त्रयोदश तथा चतुर्दश पटलों) में बहुत से वर्णों का लक्षण किया गया है। (जैसे) "पकार बाद में होने पर इन छः (शब्दों) का विसर्जनीय 'ऊष्म' (-वर्ण) हो जाता है", "'शुनश्शेपः',

टि० (क) इस सूत्र में पद के मध्य में दीर्घपूर्व 'अनुस्वार'-(pure nasal) का विधान किया है। दीर्घपूर्व यह 'अनुस्वार' उन्हीं नपुंसक लिङ्ग वाले शब्दों के बहुवचन में उपलब्ध होता है जो 'सि' अथवा 'षि' में समाप्त होते हैं। पद के मध्य में वर्तमान यह अनुस्वार' नकारजन्य होता है जब कि पद के अन्त में वर्तमान 'अनुस्वार' मकारजन्य होता है।

---

[१] ऋ० ७।९७।२ [२] ऋ० १०।११६।६ [३] ऋ० ६।५२।२
[४] ऋ० ३।३९।३ [५] ऋ० १०।६।३ [६] १३।३०
[७] १४।३६ [८] १४।४१ [९] ऋ० ६।४।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'निष्षपी', 'शास्सि', 'निष्षाट्'–इनमें अपरिवर्तित विसर्जनीय (का उच्चारण) नहीं (करना चाहिए)", "'ऐयेः' के ऐकार को अकार उच्चारित करते हैं" इत्यादि। (प्रश्न) किंतु अशुद्ध उच्चारण का प्रसङ्ग कैसे (उपस्थित होता है)? (उत्तर) कुछ ऐसे व्यक्ति होते हैं जिन्होंने गुरु के पास रहकर अध्ययन नहीं किया है, जो आलस्य से युक्त हैं, जो (उच्चारण के) गुण और दोष को नहीं जानते हैं और जो एक दूसरे के अध्यापक होते हैं—ये लोग एक वर्ण के स्थान पर दूसरे वर्ण को उत्पन्न (उच्चारण) कर देते हैं। उस दोष की निवृत्ति के लिए आचार्य ने शिष्यों के हित के लिए यह आरम्भ किया है। (ये लोग) 'अनुस्वार' के स्थान पर ङकार को उत्पन्न कर देते हैं। उस ङकार से परे 'अन्तःपात' रूप ककार को उत्पन्न कर देते हैं—(जैसे) "हवींषि"; "सर्पींषि"; "भासांसि"; "अवांसि" इत्यादि। इसकी निवृत्ति के लिए 'अनुस्वार' का लक्षण किया है।[क]

उ० भा०—यद्येवं पदान्तेऽप्यनुस्वारस्य तच्छ्रवणं तुल्यम्। "त्वां ह त्यदिन्द्रार्णसातौ"[१]; "तां सु ते कीर्तिं मघवन्।"[२] तस्मादत्रापि यत्नः कर्तव्यः। न कर्तव्यः। "रेफोष्मणोरुदययोर्मकारोऽनुस्वारम्"[३] इति विहितमनुस्वारं जानात्यसौ। तत्र पदमध्येऽनुस्वारलक्षणं नास्ति येनानुस्वारं जानीयात्। एवं सत्यपि किमर्थं दीर्घपूर्वो गृह्यते, न ह्रस्वपूर्वः? "अयं सो अग्निः"[४]; "आ विंशत्या त्रिंशता"[५]; "अंसेषु वः"[६] इति। उभयत्रापि हि ङकारश्रवणं तुल्यम्। तत्र तावदाहुः—यथा दीर्घपूर्वस्य व्यक्ता ङकारश्रुतिर्न तथा ह्रस्वपूर्वस्य। तस्मान्न गृह्यते। अपर आहुः। अनुस्वारस्योपधां ह्रस्वां केचिद् द्राघयन्त इव पठन्ति। तन्निवृत्त्यर्थं दीर्घपूर्वः परिगृह्यते—"एतावानूष्वनुस्वारो दीर्घात्"[७] इत्येवमन्तः॥

उ० भा० अ०—(पू०) यदि ऐसी बात है तो पद के अन्त में भी 'अनुस्वार' का वह (ङकार के समान) श्रवण तुल्य है। (जैसे) "त्वां ह त्यदिन्द्रार्णसातौ"; "तां सु ते कीर्तिं मघवन्" (में)। इसलिए यहाँ पर (=पद के अन्त में) भी (अशुद्ध उच्चारण की निवृत्ति के लिए दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' के विधान का) यत्न करना चाहिए। (सि०) (यत्न) नहीं करना चाहिए। 'रेफ या 'ऊष्म'-वर्ण बाद में हो तो (पदान्त) मकार 'अनुस्वार' (हो जाता है)"—"इस (सूत्र) से विहित 'अनुस्वार' को वह (व्यक्ति) जानता

टि० (क) पू०—प्रातिशाख्य पदों को सिद्ध और संहिता को साध्य मानता है। अतः सिद्ध पद के अवयवभूत वर्णों के विषय में नियम इस ग्रन्थ में नहीं बनाना चाहिए।
सि०—बहुत से व्यक्ति 'अनुस्वार' (pure nasal sound) के स्थान पर 'अनुनासिक' (ङकार) (nasalized consonant) का उच्चारण कर देते हैं; जैसे "अवांसि" के स्थान पर वे लोग "अवाङ्क्सि" का उच्चारण कर देते हैं इत्यादि। इन सूत्रों के द्वारा यह बतलाया जा रहा है कि इन स्थलों पर 'अनुस्वार' (pure nasal sound) का ही उच्चारण करना चाहिए, 'अनुनासिक' (nasalized consonant) (ङकार) का नहीं।

---

१ ऋ० १।६३।६ २ ऋ० १०।५४।१ ३ ४।१५
४ ऋ० ७।१।१६ ५ ऋ० २।१८।५ ६ ऋ० ५।५४।११
७ १३।२८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। वहाँ पद के मध्य में 'अनुस्वार' का लक्षण नहीं है जिससे वह (पद के मध्य में वर्तमान) 'अनुस्वार' को जाने (इसलिए इसका विधान किया गया है)। (पू०) यह (वस्तुस्थिति) होने पर भी दीर्घपूर्व ('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसे) ('अनुस्वार') का ग्रहण क्यों किया गया है, ह्रस्वपूर्व ('ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसे) ('अनुस्वार') का (ग्रहण क्यों) नहीं (किया गया है) ? (जैसे) "अयं सो अग्निः"; "आ विंशत्या त्रिंशता"; "अंसेषु वः" इत्यादि में। दोनों (दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' और ह्रस्वपूर्व 'अनुस्वार') में ही ङकार का श्रवण तुल्य है। (सि०) इस विषय में कहते हैं—जिस प्रकार दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' का ङकार के समान श्रवण स्पष्ट है उस प्रकार ह्रस्वपूर्व ('अनुस्वार') का (श्रवण नहीं)। इसलिए (ह्रस्वपूर्व का) ग्रहण नहीं किया गया है। दूसरे आचार्य कहते हैं—कुछ व्यक्ति 'अनुस्वार' के पूर्ववर्ती 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) को 'दीर्घ' करते हुए पाठ करते हैं। उस (पाठ) की निवृत्ति के लिए "ऋचाओं में 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) से बाद में इतना 'अनुस्वार' है"—यहाँ तक दीर्घपूर्व ('अनुस्वार') का ग्रहण किया गया है।[क]

स सा सौ सं पदान्तेभ्यः पूर्वोऽनाम्युपधस्तथा।
यकारो वा वकारो वा पुरस्ताच्चेदसंधिजः ॥२३॥

सू० अ०—(जो 'अनुस्वार') पद के अन्त में वर्तमान 'सः', 'सा', 'सौ' और 'सम्' से पूर्व में स्थित है और जिसके पूर्व में 'नामि' ('स्वर'-वर्ण) नहीं है (वह भी) वैसा (अर्थात् दीर्घपूर्व होता है)।

उ० भा०—सः, सा, सौ, सम् इत्येतेभ्यः पदान्तेभ्यः पूर्वः अनुस्वारः; अनाम्युपधः=अवर्णोपधः; तथा। कथम् ? यथा सिष्यन्तेषु दीर्घपूर्व एवमिहापि दीर्घपूर्वो वेदितव्यः। असंधिजो अकारो वा वकारो वाः; (चेत्=) यदि; तस्मात् अवर्णात्; (पुरस्तात्=) पूर्वः; भवति। सः—"साह्वांसो दस्युम्।"[१] सा—"शुश्रुवांसा चित्।"[२] सौ—"विद्वांसाविद्दुरः।"[३] सम्—"श्रेयांसं दक्ष मनसा"[४]; "वावृध्वांसं चित्।"[५] यकारो वा वकारो वा पुरस्ताच्चेदसंधिजः इति कस्मात् ? "यो व्यंसम्।"[६]

उ० भा० अ०—**पदान्तेभ्यः**=पदों के अन्त में वर्तमान; **सः, सा, सौ** (और) **सम्**—इनसे; **पूर्वः**=पूर्ववर्ती; 'अनुस्वार'; **अनाम्युपधः**=पूर्व में 'नामि' (-'स्वर'-वर्ण) न हो तो=पूर्व में अवर्ण (अ या आ) हो तो; **तथा**=वैसा (होता है)। (प्रश्न) कैसा

टि० (क) १३।२२ से १३।२८ तक दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' का विधान कर दिया गया है। (१) इससे कोई भी व्यक्ति समझ लेगा कि केवल इतने ही स्थलों पर पद के मध्य में 'अनुस्वार' के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है। अन्यत्र पद के मध्य में 'अनुस्वार' के पूर्व में 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण ही है। (२) निर्दिष्ट सभी स्थलों पर 'अनुस्वार' का ही उच्चारण करना चाहिए, ङकार का नहीं।

---

[१] ऋ० ९।४१।२ [२] ऋ० ७।७०।५ [३] ऋ० १।१२०।२
[४] ऋ० १०।३१।२ [५] ऋ० ८।९८।८ [६] ऋ० १।१०१।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(होता है) ? (उत्तर) जिस प्रकार (११।२२ में संकेतित) 'सि' और 'षि' से समाप्त होने वाले (पदों में) ('अनुस्वार') दीर्घपूर्व ('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके वैसा) (होता है) उसी प्रकार यहाँ भी ('अनुस्वार' को) दीर्घपूर्व ('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके वैसा) जानना चाहिए। **(चेत्=)** यदि; ('अनुस्वार' के पूर्व में वर्तमान) उस 'अ' वर्ण से; **(पुरस्तात्=)** पूर्व में; **असंधिजो यकारो वा वकारो वा**=संधि से उत्पन्न न होने वाला यकार अथवा वकार; होवे[क]। (उदाहरण) **सः**—"साह्वांसो दस्युम्।"[ख] **सा**—"शुश्रुवांसा चित्।" **सौ**—"विद्वांसाविद्दुरः।" सम्—श्रेयांसं दक्षं मनसा"; "वावृध्वांसं चित्।" "यदि संधि से न उत्पन्न यकार अथवा वकार पूर्व में हो तो"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "यो व्यंसम्।"[ग]

जिघांसन्पांसुरे मांसं पुमांसं पौंस्यमित्यपि पदेष्वेवंप्रवादेषु ॥२४॥

सू० अ०—'जिघांसन्', 'पांसुरे', 'मांसम्', 'पुमांसम्' (और) 'पौंस्यम्'—इन पदों के सभी रूपों में भी ('अनुस्वार' दीर्घपूर्व होता है)।

उ० भा०—जिघांसन्, पांसुरे, मांसम्, पुमांसम्, पौंस्यम्—(इत्यपि=) इत्येतेषु च; (पदेष्वेवंप्रवादेषु=) पदप्रवादेषु; अनुस्वारो दीर्घपूर्वो वेदितव्यः। जिघांसन्—"द्रुहं जिघांसन्ध्वरसम्"[१]; "यत्स्तोतारं जिघांससि सखायम्।"[२] पांसुरे—"समूळहमस्य पांसुरे।"[३] मांसम्—"मांसमेकः पिशति सूनयाभृतम्"[४]; "ये चार्वतो मांसभिक्षामुपासते।"[५] पुमांसम्—"पुमांसं पुत्रमा धेहि।"[६] पौंस्यम्—"स्तुषे तदस्य पौंस्यम्"[७]; "चकृषे तानि पौंस्या॥"[८]

उ० भा० अ०—**जिघांसन्, पांसुरे, मांसम्, पुमांसम्** (और) **पौंस्यम्—(इत्यपि=)** इन भी; **(पदेष्वेवंप्रवादेषु=)** पदों के सभी रूपों में; 'अनस्वार' को

टि० (क) पद के मध्य में स्थित वह 'अनुस्वार' भी दीर्घपूर्व होता है (१) जिसके बाद में पद के अन्त में वर्तमान 'सः' या 'सा' या 'सौ' या 'सम्' हो (२) जिसके पूर्व में 'अ' या 'आ' हो (३) पूर्ववर्ती 'अ' या 'आ' के पूर्व में संधि से उत्पन्न यकार अथवा वकार न हो।

(ख) प्रस्तुत सूत्र के अनुसार यहाँ 'अनुस्वार' 'दीर्घपूर्व है क्योंकि (१) इस ('अनुस्वार') के बाद में पद के अन्त में वर्तमान 'सः' है (२) इसके पूर्व में 'आ' है और (३) 'आ' के पूर्व में ऐसा वकार है जो संधि से उत्पन्न नहीं है। सभी उदाहरणों को ऐसे ही समझ लेना चाहिए।

(ग) यहाँ (१) 'अनुस्वार' के बाद में पद के अन्त में वर्तमान 'सम्' है (२) पूर्व में 'अ' वर्ण है और (३) 'अ' के पूर्व में यकार है; तथापि यह 'अनुस्वार' दीर्घपूर्व नहीं है क्योंकि 'अ' वर्ण के पूर्व में वर्तमान यकार संधि से उत्पन्न है—(यः। विऽअंसम्॥ प० पा०)।

---

[१] ऋ० ४।२३।७ [२] ऋ० ७।८६।४ [३] ऋ० १।२२।१७
[४] ऋ० १।१६१।१० [५] ऋ० १।१६२।१२ [६] ऋ० खि० १०।१८४।३
[७] ऋ० ८।६३।३ [८] ऋ० ४।६३।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीर्घपूर्व ('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसा) जानना चाहिए। (उदाहरण) **जिघांसन्**—"द्रुहं जिघांसन्ध्वरसम्"; "यत्स्तोतारं जिघांससि सखायम्।" **पांसुरे**—"समूळहमस्य पांसुरे।" **मांसम्**—"मांसमेकः पिशति सूनयाभृतम्"; "ये चार्वतो मांसभिक्षामुपासते।" **पुमांसम्**—"पुमांसं पुत्रमा धेहि। **पौंस्यम्**—"स्तुषे तदस्य पौंस्यम्"; "चकृषे तानि पौंस्या।"

नामकार उपोत्तमे ॥२५॥

सू० अ०—उपोत्तम (अन्तिम से पहले वाले=पुमांसम्) में ('अनुस्वार' दीर्घपूर्व) नहीं (होता है) (यदि वह उपोत्तम पद) मकार से रहित हो।

उ० भा०—जिघांसादीनाम् उपोत्तमे प्रवादे अमकारे सत्यनुस्वारो दीर्घपूर्वो न भवति। किंतु ह्रस्वपूर्व एव भवति। "पुंसः पुत्राँ उत॥"[१]

उ० भा० अ०—(१३।२४ में उल्लिखित) 'जिघांसन्' आदि में; **उपोत्तमे**=अन्तिम से पहले वाले=पुमांसम्; का कोई भी रूप; **अमकारे**=मकार-रहित; हो तो 'अनुस्वार' दीर्घपूर्व ('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसा); **न**=नहीं; होता है। किंतु ह्रस्व-पूर्व ('ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसा) होता है। (उदाहरण) "पुंसः पुत्राँ उत।"क

प्रश्लिष्टादभिनिहितात् ॥२६॥

सू० अ०—'प्रश्लिष्ट' तथा 'अभिनिहित' से (बाद में स्थित 'अनुस्वार' भी दीर्घपूर्व होता है)।

उ० भा०—प्रश्लिष्टात्=एकीभावात्; अभिनिहितात् च परोऽनुस्वारः पदे ह्रस्वपूर्वः सन् संहितायां दीर्घपूर्वो भवति। प्रश्लिष्टात्—'आ भूतांशः।"[२] अभिनिहितात्—"भरेष्विन्द्रं सुहवं हवामहेंऽहोमुचम्॥"[३]

उ० भा० अ०—**प्रश्लिष्टात्**=एकीभाव से; और; **अभिनिहितात्**='अभिनिहित' से; परवर्ती 'अनुस्वार' पद-पाठ में ह्रस्वपूर्व ('ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसा) होता हुआ संहिता-पाठ में दीर्घपूर्व ('दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसा) हो जाता है। **प्रश्लिष्ट** से (परवर्ती)—'आ भूतांशः।" **अभिनिहित** से (परवर्ती)—"भरेष्विन्द्रं सुहवं हवामहेंऽहोमुचम्।"ग

टि० (क) यह सूत्र १३।२४ का अपवाद है। 'पुंमांसम्' पद के रूप 'पुंसः' में 'अनुस्वार' दीर्घपूर्व न होकर ह्रस्वपूर्व है क्योंकि 'पुंसः' में मकार नहीं है।

(ख) आ। भूतऽअंशः॥ प० पा०

पद-पाठ में 'अनुस्वार' के पूर्व में 'ह्रस्व' 'स्वर' ('अ') है जबकि संहिता-पाठ में 'अनुस्वार' के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर' ('आ') है।

(ग) भरेषु। इन्द्रम्। सुऽहवम्। हवामहे। अंहःऽमुचम्॥ प० पा०

पद-पाठ में 'अनुस्वार' के पूर्व में 'ह्रस्व' 'स्वर' ('अ') है जबकि संहिता-पाठ में 'अनुस्वार' के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर' ('ए') है।

---

[१] ऋ० १।१६२।२२ [२] ऋ० १०।१०६।११ [३] ऋ० १०।६३।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मांश्चत्वेऽयांसमित्यपि ॥२७॥

सू० अ०—'मांश्चत्वे' और 'अयांसम्' (इन दो पदों) में भी ('अनुस्वार' दीर्घपूर्व होता है)।

उ० भा०—**मांश्चत्वे, अयांसम्**—(इत्यपि=) इत्येतयोश्च; अनुस्वारो दीर्घपूर्वो वेदितव्यः। **मांश्चत्वे**—"मांश्चत्वे वा पृश्ने वा वधत्रे।"[१] **अयांसम्**—"अयांसमग्ने सुक्षितम्।"[२]

अयं योगोऽनर्थकः। कथम्? मांश्चत्वे इति नायमनुस्वारः। किं तर्हि? "आदि स्वरश्चोत्तरेषां पदेऽपि"[३] इत्यनुनासिकः स्वरः। अयांसमिति—"सः सा सौ सं पदान्तेभ्यः"[४] इत्येव सिद्धम्।

नानर्थकः। शाखान्तरे किल मांश्चत्वे इति सानुस्वारं पठन्ति। तत्प्रदर्श्यते। यद्येवं मांस्पचन्याः इति च निपातयितव्यम्। नैतदस्ति प्रयोजनम्। "जिघांसन्पांसुरे मांसन्"[५] इति मांसप्रवादत्वात्सिद्धम्। अयांसमित्येतस्य निपातने प्रयोजनं मृग्यम्॥

उ० भा० अ०—**मांश्चत्वे** और **अयांसम्**—(**इत्यपि=**) इन दो (पदों) में भी; 'अनुस्वार' को दीर्घपूर्व ('दीर्घ' स्वर'-वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसा) जानना चाहिए। **मांश्चत्वे**—"मांश्चत्वे वा पृश्ने वा वधत्रे।" **अयांसम्**—"अयांसमग्ने सुक्षितिम्।"

(पू०) यह सूत्र अनर्थक है। (सि०) क्यों? (पू०) 'मांश्चत्वे' में यह 'अनुस्वार' (pure nasal sound) नहीं है। (सि०) तब फिर यह क्या है? (पू०) "परवर्ती (पदों) (='माँस्पचन्या', 'माँश्चत्वे' और 'मँश्चतोः') का प्रथम 'स्वर' (–वर्ण) पद-पाठ में भी (और संहिता-पाठ में भी) ('अनुनासिक') (nasalized) होता है)"—इस (सूत्र) से यह 'अनुनासिक' 'स्वर' (–वर्ण) (nasalized vowel) है। "पद के अन्त में वर्तमान 'सः', 'सा', 'सौ' और 'सम्' से (पूर्ववर्ती 'अनुस्वार' दीर्घपूर्व होता है)"—इस (सूत्र) से ही 'अयांसम्' में (दीर्घपूर्व 'अनुस्वार') सिद्ध है।[क]

(सि०) यह (सूत्र) अनर्थक नहीं है। अन्य शाखा में 'मांश्चत्वे' का (को) 'अनुस्वार' के साथ पाठ करते हैं। उसे (इस सूत्र से) दिखलाते हैं।[ख] (पू०) यदि ऐसी

टि० (क) पू०—प्रस्तुत सूत्र के द्वारा 'मांश्चत्वे' तथा 'अयांसम्' में दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' का विधान करना व्यर्थ है क्योंकि (१) माँश्चत्वे के 'आ' (मा) के बाद में 'अनुस्वार' (pure nasal sound) नहीं है अपितु 'आ' ४।८१ के अनुसार 'अनुनासिक' 'स्वर' (nasalized vowel) (आँ) है और (२) 'अयांसम्' में दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' की सिद्धि तो १३।२३ से ही हो जाती है। इसका यहाँ दोबारा विधान व्यर्थ है।

(ख) सि०—ऋग्वेद की अन्य शाखा में आ (मा) को 'अनुनासिक' (nasalized vowel)—'स्वर' न मानकर आ (मा) के बाद में 'अनुस्वार' माना गया है। अतः यहाँ दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' का विधान किया गया है। यह व्यर्थ नहीं है।

---

[१] ऋ० ९।९७।५४ [२] ऋ० २।३५।१५ [३] ४।८१ [४] १३।२३ [५] १३।२४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बात है तो 'मांस्पचन्याः' का भी निपातन करना चाहिए।[क] (सि०) ऐसा करन का कोई प्रयोजन नहीं है क्योंकि "'जिघांसन्', 'पांसुरे' और 'मांसम्' (के सभी रूपों में 'अनुस्वार' दीर्घपूर्व है"—इस (सूत्र) के अनुसार 'मांस' का रूप होने के कारण ('मांस्पचन्याः') सिद्ध है।[ख] (प्रस्तुत सूत्र में) 'अयांसम्' के निपातन में प्रयोजन को खोजना चाहिए।[ग]

एतावानृच्वनुस्वारो दीर्घात् ॥२८॥

सू० अ०—ऋचाओं में (पद के मध्य में) 'दीर्घ' ('स्वर'–वर्ण) से बाद में इतना ही 'अनुस्वार' (pure nasal sound) **है।**

उ० भा०—"नपुंसकं यदूष्मान्तम्"[१] इत्येवमादिर्योऽयमनुस्वारोऽनुक्रान्त एतावान् एव ऋक्षु (अनुस्वारः) पदमध्ये दीर्घात् परो वेदितव्यः। अत्रैवोदाहृतः॥

उ० भा० अ०—"'ऊष्म' (–वर्ण) में समाप्त होने वाला जो शब्द नपुंसक लिङ्ग है..." इससे प्रारम्भ करके जिस 'अनुस्वार' को कहा गया है; **एतावान्**=इतना ही; **ऋक्षु**=ऋचाओं में (**अनुस्वारः**='अनुस्वार'); पद के मध्य में; **दीर्घात्**='दीर्घ' ('स्वर'–वर्ण) से बाद में; जानना चाहिए; (अर्थात् ऋचाओं में पद के मध्य में 'दीर्घ' 'स्वर'–वर्ण के बाद में यही 'अनुस्वार' है जिसका विधान १३।२२ से लेकर १३।२७ तक किया गया है)। यहीं पर (अर्थात् सम्बद्ध सूत्रों के भाष्य में) (विहित 'अनुस्वार' के) उदाहरण भी दिये गये हैं।

इतरथेतरः ॥२९॥

सू० अ०—अन्य प्रकार का ('अनुस्वार') अन्य (=ह्रस्वपूर्व) हैं।

उ० भा०—इतरथा। कथम्? उक्ताद् दीर्घपूर्वाद्विषयादन्यत्र ऋक्षु पदमध्ये रेफोष्मपरः। इतरः। कतरः? ह्रस्वपूर्वोऽनुस्वारो वेदितव्यः। अंहः। "विंशत्या"।[२] अंसेषु। "असंदिग्धान्स्वरान्"[३] इत्युक्तः श्लोकार्थः स्वरपटले। अत्र तथैव व्याख्यातव्यः॥

टि० (क) पू०—४।८१ में 'माँस्पचन्याः', 'माँश्चत्वे' तथा 'मँश्चतोः' के प्रथम 'स्वर' के 'अनुनासिक' (nasalized) होने का विधान किया गया है। ऋग्वेद की दूसरी शाखा में 'माँश्चत्वे' का पाठ मांश्चत्वे होता है—इस बात को आधार मानकर यदि इस सूत्र में 'मांश्चत्वे' का निपातन (पद के द्वारा ग्रहण) किया गया है तो उसी प्रकार 'मांस्पचन्याः' का भी निपातन करना चाहिए।

(ख) सि०—आपका यह कहना ठीक है कि 'मांश्चत्वे' की भाँति 'मांस्पचन्याः' में भी ऋग्वेद की अन्य शाखा के अनुसार दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' है किंतु इसकी सिद्धि १३।२४ से ही हो जाती है। अतः इसका इस सूत्र में निपातन नहीं किया गया है।

(ग) सि०—जहाँ तक 'अयांसम्' का प्रश्न है वह तो १३।२३ से ही सिद्ध हो जाता है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर आचार्य ने प्रस्तुत सूत्र में इसका ग्रहण क्यों किया—इसमें प्रयोजन खोजना चाहिए। यह बात हमारी समझ में भी नहीं आई है।

---

[१] १३।२२ [२] ऋ० २।१८।५ [३] ३।२९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**इतरथा**=अन्य प्रकार का। किस प्रकार का? (१३।२२ से लेकर १३।२७ तक) उक्त दीर्घपूर्व ('दीर्घ' 'स्वर'–वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसे) ('अनुस्वार') के क्षेत्र (विषय) से अन्यत्र ऋचाओं में पदों के मध्य में रेफ और 'ऊष्म' (–वर्ण) से पूर्व में (जो 'अनुस्वार' होता है वह अन्य प्रकार का है)। **इतरः**=अन्य। कौनसा? (उत्तर) (उसे) ह्रस्वपूर्व ('ह्रस्व' 'स्वर'–वर्ण है पूर्व में जिसके ऐसा) 'अनुस्वार' जानना चाहिए। (उदाहरण) अंहः। "विंशत्या।" अंसेषु। "स्वरों का (को) ऐसे उच्चारण करे जिससे संदेह न हो"—इस श्लोक का अर्थ स्वर-पटल में कहा जा चुका है। यहाँ पर भी उसी प्रकार इसकी व्याख्या करनी चाहिए।[क]

(समापाद्यस्वरूपम्)

समापाद्यान्युत्तरे षट् पकारे
राधो रथो ग्ना दिवो जा ऋतश्च।
अञ्जःपा दुःप्रेति च पूर्वपद्याव-
निङ्क्यन्विक्रममेषु कुर्यात् ॥३०॥

(समापाद्य का स्वरूप)

सू० अ०—'राधः', 'रथः', 'ग्नाः', 'दिवः', 'जाः' और 'ऋतः'—ये छः (पद), पकार बाद में होने पर, तथा पूर्व–'पद्य' होने पर 'अञ्जःपाः' और 'दुःप्र'–इन (सभी) पदों का विसर्जनीय (संहिता-पाठ में), सकार (या षकार) हो जाता है। (पद-पाठ में) 'अवग्रह' न करके (अनिङ्क्यन्) इन (पदों) के विसर्जनीय को प्रदर्शित करना चाहिए।

उ० भा० - **समापाद्यानि षट् पदानि पकारे उत्तरे। राधः, रथः, ग्नाः, दिवः, जाः, ऋतः**—इत्येतानि। **अञ्जःपाः, दुःप्र** इति एतौ च पूर्वपद्यौ। **विक्रममेषु कुर्यात्; अनिङ्क्यन्**=अवग्रहमकुर्वन्। **विक्रमं कुर्यात्** इति—**विक्रमम्**=उपाचारमपनीय विसर्जनीयमेषु कुर्यात्। **राधः**—"त्वं हि राधस्पते।"[१] राधःपते। **रथः**—"एष ते देव नेता रथस्पतिः।"[२] रथःपतिः। **ग्नाः**—'नराशंसो ग्नास्पतिर्नो अव्याः।"[३] ग्नाःपतिः। **दिवः**—"दिवस्पृथिव्योरव आ वृणीमहे।"[४] दिवः पृथिव्योः। **जाः**—"सं जास्पत्यम्।"[५]

टि० (क) तात्पर्य—यद्यपि प्रातिशाख्य में पदों के अवयवभूत वर्णों का विधान करना अनावश्यक है तथापि यहाँ यह बतलाया गया है कि पद के मध्य में इन-इन स्थलों पर 'अनुस्वार' के पूर्व में 'दीर्घ' 'स्वर'-वर्ण होता है और अन्य स्थलों पर 'ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण होता है। इसका उद्देश्य यही है कि कोई व्यक्ति 'अनुस्वार' के पूर्व में 'अ' और 'आ' के उच्चारण को ऐसे न करे जिससे संदेह हो। 'अनुस्वार' के स्थल पर 'अनुनासिक' के अशुद्ध उच्चारण की भी इससे निवृत्ति हो जाती है।

---

१ ऋ० ८।६१।१४ २ ऋ० ५।५०।५ ३ ऋ० २।३८।१०
४ ऋ० १०।३५।२ ५ ऋ० ५।२८।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाःपत्यम्। **ऋतः**—"तव वायवृतस्पते।"[१] **ऋतःपते**। **अञ्जःपाः**—"यामन्नञ्जस्पाइव घेदुपब्दिभिः।"[२] **अञ्जःपाइव**। **दुःप्राव्यः**—"दुष्प्राव्योऽवहन्तेदवाचः।"[३] **दुःप्रऽअव्यः**। **पूर्वपद्यौ इति किम्? इममञ्जस्पामुभये अकृण्वत।**"[४] **अञ्जःऽपाम्**—इत्यत्रावगृह्यत्वान्मात्रा-कालो भवतीति॥

किमिदं समापाद्यमित्यत आह—

उ० भा० अ०—**पकारे उत्तरे**=पकार बाद में होने पर; **राधः, रथः, ग्नाः, दिवः, जाः, ऋतः**—ये; **षट्**=छः पद; **अञ्जःपाः, दुःप्र-इति च**=ये दो (पद) भी; **पूर्वपद्यौ**=पूर्व-'पद्य' होने पर; **समापाद्यानि**='समापाद्य'-संज्ञक हैं; (अर्थात् इनका विसर्जनीय संहिता-पाठ में सकारभाव को प्राप्त हो जाता है)। **विक्रममेषु कुर्यात्**=इन (पदों) में 'विक्रम' करना चाहिए; **अनिङ्गयन्**='अवग्रह' न करता हुआ। **विक्रम करे**-'विक्रम'=सकारभाव ('उपाचार') को हटाकर इनमें विसर्जनीय को करे।[क] **राधः**—"त्वं हि राधस्पते।" राधःपते (प० पा०)। **रथः**—"एष ते देव नेता रथस्पति।" रथःपतिः (प० पा०)। **ग्नाः**—"नराशंसो ग्नास्पतिर्नो अव्याः।" ग्नाःपतिः (प० पा०)। **दिवः**—"दिवस्पृथिव्योरव आ वृणीमहे।" दिवःपृथिव्योः (प० पा०)। **जाः**—"सं जास्पत्यम्।" जाःपत्यम् (प० पा०)। **ऋतः**—"तव वायवृतस्पते।" ऋतःपते (प० पा०)। **अञ्जःपाः**—"यामन्नञ्जस्पाइव घेदुपब्दिभिः।" अञ्जःपाःऽइव (प० पा०)। **दुःप्राव्यः**—"दुष्प्राव्योऽवहन्तेदवाचः।" दुःप्रऽअव्यः (प० पा०)॥

पूर्व-पद्य होने पर—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "इममञ्जस्पामुभये अकृण्वत।"[ख] अञ्जःऽपाम् यहाँ पर 'अवग्रह' होने से मात्रा-काल (का व्यवधान) होता है।

यह 'समापाद्य' क्या है? (यह प्रश्न होता है) अतः (सूत्रकार) कहते हैं—

समापाद्यं नाम वदन्ति षत्वं
तथा णत्वं सामवशाँश्च संधीन्।
उपाचारं लक्षणतश्च सिद्ध-
माचार्या व्याळिशाकल्यगार्ग्याः॥३१॥

सू० अ०—व्याळि, शाकल्य और गार्ग्य आचार्य 'षत्व' तथा 'णत्व' (में परिवर्तन) को, 'सामवश' संधियों को और नियम से सिद्ध 'सकारभाव' ('उपाचार') को समापाद्य' कहते हैं।

टि० (क) अर्थात् उपर्युक्त इन पदों का विसर्जनीय संहिता-पाठ में सकार हो जाता है। पद-पाठ में इन पदों में (१) 'अवग्रह' नहीं लगाया जाता है और (२) विसर्जनीय दिखलाया जाता है, विसर्जनीय के स्थान पर सकार नहीं।

(ख) यहाँ 'अञ्जःपाः' 'पद्य' नहीं है अपितु समस्त पद है। अतः इसमें 'अवग्रह' लगाया गया है। 'अञ्जः' के बाद में 'अवग्रह' होने के कारण यहाँ विसर्जनीय के सकार

---

[१] ऋ० ८।२६।२१ [२] ऋ० १०।९४।१३
[३] ऋ० ४।२५।६ [४] ऋ० १०।९२।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**समापाद्यं नाम वदन्ति षत्वं तथा णत्वम्**। **सामवशाँश्च संधीन्** तथा वदन्ति। **लक्षणतः सिद्धमुपाचारं च** तथा वदन्ति। के ते ? आचार्या व्याळिशाकल्यगार्ग्याः। **षत्वम्**—"सुषुमा यातम्।"[१] **णत्वम्**—"तदा रभस्व दुर्हणो।"[२] **सामवशः**—'मक्षूमक्षू कृणुहि।"[३] **उपाचारम्**—'त्वं हि राधस्पते।"[४]

उ० भा० अ०—**समापाद्यं नाम वदन्ति षत्वं तथा णत्वम्**=सकार के षकार होने ('षत्व') तथा नकार के णकार होने ('णत्व') को 'समापाद्य' कहते हैं। **सामवशाँश्च संधीन्**='सामवश' संधियों को भी; वैसा (='समापाद्य') कहते हैं। **लक्षणतः सिद्धमुपाचारं च**=नियम से सिद्ध 'सकारभाव' ('उपाचार') को भी; वैसा (='समापाद्य') कहते हैं। वे कौन हैं (जो ऐसा कहते हैं) ? (उत्तर) व्याळि, शाकल्य और गार्ग्य आचार्य। **षत्व**—"सुषुमा यातम्।"[क] **णत्व** "तदा रभस्व दुर्हणो।"[ख] **सामवश** (संधि)—"मक्षूमक्षू कृणुहि।"[ग] **सकारभाव** ('उपाचार')—"त्वं हि राधस्पते।"[घ]

(सोपधानुस्वारस्योच्चारणकालविषये मतन्यासः)

ह्रस्वामर्धस्वरभक्त्यासमाप्तामनुस्वारस्योपधामाहुरेके।
अनुस्वारं तावतैवाधिकं च ह्रस्वोपधम् ॥३२॥

(उपधा सहित अनुस्वार के उच्चारण-काल के विषय में मत)

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) कहते हैं कि 'अनुस्वार' के पूर्व में स्थित 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) आधी 'स्वरभक्ति' से न्यून होता है और 'ह्रस्व' ('स्वर' वर्ण) के बाद में स्थित वह 'अनुस्वार' उतने (=आधी 'स्वरभक्ति') ही से अधिक होता है।

उ० भा०—**ह्रस्वामनुस्वारस्योपधाम्**; **अर्धस्वरभक्त्या असमाप्ताम्**=पादमात्रया न्यूनाम्; **आहुरेके** आचार्याः। **अनुस्वारं च तावता कालेन अधिकं ह्रस्वोपधम्**। "त्वं राजेन्द्र ये च देवाः।"[५] "त्वं ह नु त्यत्॥"[६]

(७०२ख) होने का प्रश्न ही नहीं उठता है। इस सूत्र के सभी उदाहरणों में 'अवग्रह' नहीं लगाया गया है। अतः वहाँ ४।४१ से विसर्जनीय के सकार होने का प्रसङ्ग उपस्थित होता है। यही कारण है कि इस सूत्र में सकार होने का निषेध करके विसर्जनीय के दिखलाने का विधान किया गया है।

टि० (क) सुसुम। आ। यातम्॥ प० पा०
५।२० से सकार संहिता-पाठ में षकार हो गया है।

(ख) तत्। आ। रभस्व। दुर्हनो इति दुःऽहनो॥ प० पा०
५।४० से नकार संहिता-पाठ में णकार हो गया है।

(ग) मक्षुऽमक्षु। कृणुहि॥ प० पा०
७।५ से उकार संहिता-पाठ में ऊकार हो गया है। यह 'सामवश' संधि है।

(घ) त्वम्। हि। राधःपते॥ प० पा०
४।४१ से विसर्जनीय संहिता-पाठ में सकार हो गया है।

---

[१] ऋ० १।१३७।१ [२] ऋ० १०।१५५।३ [३] ऋ० ३।३१।२०
[४] ऋ० ८।६१।१४ [५] ऋ० १।१७४।१ [६] ऋ० ६।१८।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**ह्रस्वामनुस्वारस्योपधाम्**=‘अनुस्वार’ के पूर्व में स्थित ‘ह्रस्व’ (‘स्वर’-वर्ण) को, **अर्धस्वरभक्त्या असमाप्ताम्**=आधी ‘स्वरभक्ति’ से असमाप्ता=चौथाई (=$\frac{१}{४}$) मात्रा से न्यून; **आहुरेके**=कतिपय आचार्य कहते हैं। **ह्रस्वोपधम् अनुस्वारं च**=और ‘ह्रस्व’ (‘स्वर’-वर्ण) से बाद में स्थित उस ‘अनुस्वार’ को; **तावता अधिकम्**=उतने (=चौथाई मात्रा काल) से अधिक; कहते हैं। (उदाहरण) “त्वं राजेन्द्र ये च देवाः।” “त्वं ह नु त्यत्।”

दीर्घपूर्वं तदूनम् ॥३३॥

सू० अ०—‘दीर्घ’ (‘स्वर’-वर्ण) से बाद में स्थित (‘अनुस्वार’) को उतने (=चौथाई मात्रा) से न्यून (बतलाते हैं) (और ‘अनुस्वार’ के पूर्व में स्थित उस ‘दीर्घ’ ‘स्वर’-वर्ण को चौथाई मात्रा से अधिक बतलाते हैं)।

उ० भा०—**दीर्घपूर्वम्** अनुस्वारं तथैव; **(तदूनम्=)अर्धस्वरभक्तया न्यूनम्; आहुः। दीर्घामुपधां तावताधिकां च।** “गवां शता।”[१] “तां सु ते कीर्तिम् ॥”[२]

उ० भा० अ०—**दीर्घपूर्वम्**=‘दीर्घ’ (‘स्वर’-वर्ण) से बाद में स्थित; ‘अनुस्वार’ को उसी प्रकार; **तदूनम्**=उससे न्यून=आधी ‘स्वरभक्ति’ से न्यून (=चौथाई मात्रा से न्यून); कहते हैं और पूर्ववर्ती ‘दीर्घ’ (‘स्वर’-वर्ण) को उससे (=चौथाई मात्रा से) अधिक (कहते हैं)।[क] (उदाहरण) “गवां शता।” “तां सु ते कीर्तिम्।”

(ऋकार-ॠकार-ऌकार-स्वरूपम्)

रेफोऽस्यृकारे च परस्य चार्धे
पूर्वे ह्रसीयाँस्तु न वेतरस्मात्।
मध्ये सः ॥३४॥

(ऋकार, ॠकार और ऌकार का स्वरूप)

सू० अ०—ऋकार में रेफ होता है। (ऋकार से) परवर्ती (‘स्वर’—वर्ण) (=ऋकार) के पूर्वार्द्ध में (रेफ होता है)। वह (ऋकार का रेफ) अन्य (=ऋकार

टि० (क) १३।३२ तथा १३।३३ के अध्ययन से ज्ञात होता है कि ‘अनुस्वार’ तथा पूर्ववर्ती ‘स्वर’-वर्ण (चाहे वह ‘ह्रस्व’ हो या ‘दीर्घ’) इन दोनों के उच्चारण में दो मात्राओं का समय लगता है। यदि ‘अनुस्वार’ के पूर्व में ‘ह्रस्व’ ‘स्वर’-वर्ण है तो (१) पूर्ववर्ती ‘ह्रस्व’ ‘स्वर’-वर्ण के उच्चारण में $\frac{३}{४}$ मात्रा का समय लगेगा और (२) ‘अनुस्वार’ के उच्चारण में १$\frac{१}{४}$ मात्रा का समय लगेगा।

यदि ‘अनुस्वार’ के पूर्व में ‘दीर्घ’ ‘स्वर’-वर्ण हो तो (१) पूर्ववर्ती ‘दीर्घ’ ‘स्वर’-वर्ण के उच्चारण में १$\frac{१}{४}$ मात्रा का समय लगेगा और (२) ‘अनुस्वार’ के उच्चारण में $\frac{१}{४}$ मात्रा का समय लगेगा।

---

[१] ऋ० १।१२२।७ [२] ऋ० १०।५४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के रेफ) से अल्पतर (होता है) अथवा (अल्पतर) नहीं (होता है)। वह (ऋकार का रेफ) (ऋकार के) मध्य में (होता है)।

उ० भा०—**ऋकारे रेफः**; (**अस्ति**=) विद्यते। **परस्य च**=ऋकारस्य च; **पूर्वेऽर्धे** रेफो विद्यते। **ह्रसीयांस्तु**=ह्रस्वतरः; स रेफः; **इतरस्मात्**=ऋकाररेफात्; अल्पतरः। **न वा ह्रसीयान्**=सम एव वा। **मध्ये सः**=स रेफस् तस्य ऋवर्णस्य मध्ये द्रष्टव्यः=नादौ, नान्ते। ऋ, ॠ॥

उ० भा० अ०—**ऋकारे रेफः**='ऋ' वर्ण में रेफ; (**अस्ति**=) विद्यमान होता है। **परस्य** च=बाद वाले के भी=ऋकार के भी; **पूर्वेऽर्धे**=पूर्वार्ध में; रेफ विद्यमान होता है। वह (ऋकार का) रेफ; **ह्रसीयांस्तु**=ह्रस्वतर (होता है)। **इतरस्मात्**=अन्य से=ऋकार के रेफ से; अल्पतर होता है। **न वा ह्रसीयान्**=अथवा अल्पतर नहीं होता है=(ऋकार का रेफ ऋकार के रेफ के) समान ही होता है। **मध्ये सः**=वह (ऋकार का रेफ) उस 'ऋ' वर्ण के मध्य में समझना चाहिए=न प्रारम्भ में (समझना चाहिए) और न अन्त में। (उदाहरण) ऋ, ॠ।[क]

तस्यैव लकारभावे धातौ स्वरः कल्पयताल्लृकारः ॥३५॥

सू० अ०—(ऋकार के) उसी (रेफ) के लकार हो जाने पर 'क्लृप्' धातु में लृकार 'स्वर' (=वर्ण) होता है।

उ० भा०—**तस्य**=ऋवर्णस्थस्य रेफस्य; **लकारभावे**=यदा स रेफो लकारमापद्यते तदा। लृकारो भवति; (**स्वरः**=) स्वरसंज्ञश्च; भवति। **कल्पयतावेव धातौ** नान्यत्र। "चाक्लृप्रे तेन ऋषयो मनुष्याः"[१] इति। अत्र स्वरात्ककारस्य द्विर्वचनं न भवत्यसंयोगादित्वात्। पकारस्य च द्वित्वं भवति स्वरोपधत्वात्॥

उ० भा० अ०—**तस्य**=उसके='ऋ' वर्ण में स्थित रेफ के; **लकारभावे**=लकार हो जाने पर=जब ('ऋ' वर्ण का) वह रेफ लकार हो जाता है तब। ('ऋ'); **लृकारः**='लृ'; हो जाता है और वह (लृ); (**स्वरः**=) 'स्वर'-संज्ञक; होता है। **कल्पयतावेव धातौ**='क्लृप्' धातु में ही ('ऋ' का 'लृ' होता है), अन्यत्र नहीं।[ख] (उदाहरण) "चाक्लृप्रे तेन

टि० (क) (१) ऋकार तथा ॠकार-इन दोनों-में रेफ का अंश होता है। (२) ऋकार के पूर्वार्द्ध में रेफ होता है (३) ऋकार के मध्य में रेफ होता है (४) ॠकार का रेफ या तो ऋकार के रेफ से अल्पतर होता है या उसके समान होता है।

(ख) यहाँ मूल धातु 'कृप्' है। 'कृप्' के 'ऋ' वर्ण में स्थित रेफ लकार हो जाता है जैसा कि अथर्ववेद-प्रातिशाख्य में विधान भी किया गया है—"कृपे रेफस्य लकारः" ('कृप्' धातु में रेफ का लकार हो जाता है)। रेफ के लकार हो जाने पर 'कृप्' धातु 'क्लृप्' धातु हो जाती है। 'क्लृप्' में जो 'लृ' है उसकी प्रस्तुत सूत्र से 'स्वर'-संज्ञा का विधान भी किया गया है। 'क्लृप्' धातु को छोड़कर ऋग्वेद में अन्यत्र कहीं भी 'लृ' 'स्वर'-वर्ण उपलब्ध नहीं होता है।

---

[१] ऋ० १०।१३०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋषयो मनुष्याः।" यहाँ पर 'स्वर' (=वर्ण='आ') के परवर्ती ककार का द्वित्व नहीं होता है क्योंकि यह (ककार) संयुक्त वर्ण ('संयोग') का आदि (=प्रथम 'व्यञ्जन') नहीं है।[क] और पकार का द्वित्व होता है क्योंकि यह (पकार) 'स्वर' (=वर्ण) के बाद में स्थित है।[ख]

अनन्तस्थं तमनुस्वारमाहुः ॥३६॥

सू० अ०—(आचार्य) कहते हैं कि (पदों के) अन्त में न स्थित (=पदों के मध्य में वर्तमान) 'अनुस्वार' को ही (१३।२२ से १३।२७ तक के सूत्रों में कहा गया है)।

उ० भा० योऽसौ पुरस्तादविशेषेणानुक्रान्तोऽनुस्वारः "एतावानृक्ष्वनुस्वारो दीर्घात्"[१] इति तमनुस्वारम्; **अनन्तस्थम्**=पदमध्ये वर्तमानम्; **आहुः** आचार्याः। किमर्थमिदमुच्यते? "नपुंसकं यदूष्मान्तम्"[२] इत्येवमाद्यनुक्रमणेनैव सिद्धम्। सत्यम्। किंतु "एतावानृक्ष्वनुस्वारो दीर्घात्"[३] इत्युक्त एतावानृक्ष्वनुस्वारो दीर्घादिति नियमविधिः प्रसज्येत। तन्निवृत्त्यर्थमुच्यते। सन्ति ह्यन्येऽपि दीर्घात्पदान्ताः। "त्वां हि"[४]; "त्वां राजानम्"[५]; "तां सु ते कीर्तिम्॥"[६]

उ० भा० अ०—"ऋचाओं में 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) के बाद में इतना 'अनुस्वार' है"—यह जो 'अनुस्वार' पहले (१३।२२-२७ में) बिना किसी विशेष के उल्लिखित किया गया है; **तमनुस्वारम्**=उस 'अनुस्वार' को; **अनन्तस्थम्**=(पदों के) अन्त में न स्थित=पदों के मध्य में वर्तमान; **आहुः**=कहते हैं; आचार्य लोग।[ग] (पू०) यह किसलिए कहा जा रहा है? यह तो "'ऊष्म'(-वर्ण) से समाप्त होने वाले जो नपुंसक लिङ्ग वाले (पद) हैं" इत्यादि उल्लेख से ही सिद्ध है।[घ] (सि०) (यह तो) सच है। किंतु "ऋचाओं में 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) के बाद में इतना 'अनुस्वार' है"—यह कहे जाने पर इस नियम-विधि का प्रसङ्ग उपस्थित होता है कि "ऋचाओं में 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) के बाद में इतना ही

टि० (क) 'चाक्लृप्रे'—यहाँ 'आ' के बाद में स्थित 'ककार' का ६।१ से प्रसक्त द्वित्व नहीं होता है क्योंकि ककार संयुक्त वर्ण ('संयोग') का प्रथम 'व्यञ्जन' नहीं है। 'लृ' 'स्वर' है, 'व्यञ्जन' नहीं। अतएव 'क्लृ' संयुक्त वर्ण ही नहीं है जिसका 'क्' आदि हो।

(ख) 'चाक्लृप्रे'—यहाँ पर पकार का ६।१ से द्वित्व हो गया है क्योंकि (१) पकार संयुक्त वर्ण ('संयोग'—प्र) का प्रथम 'व्यञ्जन' है और (२) पकार 'स्वर'—वर्ण (=लृ) के बाद में स्थित है।

(ग) अर्थात् १३।२२-१३।२७ में पदों के मध्य में वर्तमान दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' का ही प्रतिपादन किया गया है, पदों के अन्त में वर्तमान दीर्घपूर्व 'अनुस्वार' का नहीं।

(घ) अर्थात् उल्लिखित पदों के देखने से तुरन्त यह पता लग जाता है कि उनमें जो 'अनुस्वार' है वह पद के मध्य में वर्तमान है।

---

[१] १३।२८ [२] १३।२२ [३] १३।२८
[४] ऋ० ६।४।७ [५] ऋ०२।१।८ [६] ऋ० १०।५४।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अनुस्वार' है"। उस (नियम-विधि) की निवृत्ति के लिए (यह सूत्र) कहा जा रहा है। पदों के अन्त में स्थित अन्य भी 'अनुस्वार' हैं जो 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्ण) से बाद में हैं। (उदाहरण) "त्वां हि"; "त्वां राजानम्"; "तां सु ते कीर्तिम्।"

(अनुस्वारोच्चारणविषये व्याळेर्मतम्)

व्याळिर्नासिक्यमनुनासिकं वा ॥३७॥

सू० अ०—व्याळि ('अनुस्वार' को) नासिका 'स्थान' वाला ('नासिक्य'= pure nasal sound) या मुखनासिका 'स्थान' वाला ('अनुनासिक'=nasalized vowel) (मानते हैं)।

उ० भा०—व्याळिराचार्यः सर्वमनुस्वारम्; (नासिक्यम्=) नासिकास्थानम्; (अनुनासिकम्=) मुखनासिकास्थानम्; वा मन्यते। "त्वं राजेन्द्र"[१]; "त्वां राजानम्"[२]; "अंसेषु वः"[३]; "हवींषि"[४]। "त्वँ राजेन्द्र"; त्वाँ राजानम्"; "अँसेषु वः"; "हवींषि" पूर्वाणि नासिक्यपक्षे। उत्तराणि त्वानुनासिक्यपक्षे। अनुस्वारस्य पूर्वोक्तमपि नासिकास्थानं मुखनासिकास्थानविवक्षया पुनरुच्यते॥

उ० भा० अ०—व्याळि आचार्य सभी प्रकार के 'अनुस्वार' को; (नासिक्यम्=) नासिका 'स्थान' वाला; वा=अथवा; (अनुनासिकम्=) मुख-नासिका 'स्थान' वाला; मानते हैं। (उदाहरण) "त्वं राजेन्द्र"; "त्वां राजानम्"; "अंसेषु वः"; "हवींषि।" "त्वँ राजेन्द्र"; "त्वाँ राजानम्"; "अँसेषु वः"; "हवींषि।" पहले वाले (उदाहरण) नासिका 'स्थान' ('नासिक्य') के पक्ष में हैं। बाद वाले (उदाहरण) तो मुख-नासिका 'स्थान' ('अनुनासिक') के पक्ष में हैं। 'अनुस्वार' का नासिका 'स्थान' पहले ही (१।४८) में कहा जा चुका है किंतु मुख-नासिका 'स्थान' का विधान करने के लिये (नासिका 'स्थान' को) दोबारा कहा गया है।

(संध्यक्षराणां स्वरूपम्)

संध्यानि संध्यक्षराण्याहुरेके
द्विस्थानतैतेषु तथोभयेषु ॥३८॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) संध्यक्षरों (ए, ओ, ऐ और औ) को संधि से उत्पन्न बतलाते हैं। तदनुसार (तथा) इन दोनों (=ए, ओ और ऐ, औ) में द्विस्थानता है (अर्थात् प्रत्येक का उच्चारण दो-दो स्थानों से होता है)।

उ० भा०—संध्यानि=संधिजानि; संध्यक्षराण्याहुरेके आचार्याः। यथान्यान्यक्षराणि स्वयमुत्पन्नानि न तथेमानि। कथमेतदध्यवसीयते? द्विस्थानता=कण्ठतालुस्थानता कण्ठोष्ठस्थानता च; तथा लक्ष्यत (एतेषु) उभयेषु संध्यक्षरेषु कण्ठ्यतालव्ययोः कण्ठ्योष्ठ्ययोश्च। ए ओ ऐ औ इति॥

यदि संध्यानि कयोर्वर्णयोः संधिजानि भवन्ति?

उ० भा० अ०—एके=कतिपय आचार्य; संध्यक्षराणि=संध्यक्षरों (diphth-

[१] ऋ० १।१७४।१ [२] ऋ० २।१।८ [३] ऋ० ५।५४।११ [४] ऋ० १०।६।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ongs=ए, ओ, ऐ, औ) को; **संध्यानि**=संधि से उत्पन्न; **आहुः**=बतलाते हैं। जिस प्रकार अन्य 'अक्षर' (बिना किसी संधि के) स्वयं उत्पन्न होते हैं उस प्रकार ये (उत्पन्न) नहीं (होते हैं)। यह कैसे निश्चय किया गया है? (उत्तर) (**एतेषु**) **उभयेषु**=(इन) दोनों संध्यक्षरों में=दोनों कण्ठ्यतालव्यों (ए, ऐ) में और दोनों कण्ठ्योष्ठ्यों (ओ, औ) में; **द्विस्थानता**=दो (उच्चारण-) स्थानों से उच्चारित होने का गुण=कण्ठ-तालु 'स्थान' से उच्चारित होने और कण्ठोष्ठ 'स्थान' से उच्चारित होने का गुण; परिलक्षित होता है।[क] (जैसे) ए, ओ, ऐ, औ।

यदि संधि से उत्पन्न हैं तो किन दो वर्णों की संधि से उत्पन्न हैं?

संध्येष्वकारोऽर्धमिकार उत्तरं
युजोरुकार इति शाकटायनः ॥३६॥

सू० अ०—(विषमसंख्यक) संध्यक्षरों (=ए, ओ) में अकार (अ) (पूर्ववर्ती) आधा भाग (होता है) और इकार (इ) परवर्ती (आधा भाग होता है)। सम-संख्यक (संध्यक्षरों=ओ, औ) में (अकार पूर्ववर्ती आधा भाग होता है और) उकार (परवर्ती आधा भाग होता है)।

उ० भा०—संध्येषु=संध्यक्षरेषु सत्सु; **अकारः** पूर्वम् **अर्धं** भवति; **इकारः उत्तरम् अर्धं** प्रथमतृतीययोर्भवति। **युजोः**=द्वितीयचतुर्थयोः; **उकार** उत्तरमर्धं भवति। एवं **शाकटायन** आचार्यो मन्यते। अ इ=ए। अ उ=ओ। अ ई=ऐ। अ ऊ=औ। **इति॥ यद्येवमेकारैकारयोरोकारौकारयोर्वा कथं श्रुतिविशेषः?**

उ० भा० अ०—**संध्येषु**=संध्यक्षरों (ए, ओ, ऐ, औ) में; जो प्रथम (ए) और तृतीय (ऐ) हैं उनमें; **अकारः**='अ' वर्ण; पूर्व वाला; **अर्धम्**=आधा भाग; होता है; **इकारः**='इ' वर्ण; **उत्तरम्**=बाद वाला; आधा भाग होता है। **युजोः**=समसंख्यक में=तृतीय (ओ) और चतुर्थ (औ) में; **उकारः**='उ' वर्ण; बाद वाला आधा भाग होता है। ऐसा आचार्य शाकटायन मानते हैं।[ख] (उदाहरण) अ इ=ए। अ उ=ओ। अ ई=ऐ। अ ऊ=औ।

यदि ऐसी बात है तो एकार और ऐकार तथा ओकार और औकार के श्रूयमाण स्वरूप में भेद क्यों है?

टि० (क) १।४२ में आचार्य शौनक ने ए और ए का उच्चारण-स्थान तालु बतलाया था और १।४७ में ओ और औ का उच्चारण-स्थान कण्ठ बतलाया था। किंतु कतिपय आचार्य संध्यक्षरों को दो स्वरों की संधि से उत्पन्न बतलाते हैं। तदनुसार प्रत्येक 'संध्यक्षर' के दो-दो उच्चारण-स्थान हैं।

(ख) आचार्य शाकटायन का मत है कि ए तथा ऐ का पूर्वार्ध अकार है और उत्तरार्ध इकार है। उसी प्रकार ओ और औ का पूर्वार्ध अकार है और उत्तरार्ध उकार है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मात्रासंसर्गादवरेऽपृथक्श्रुती ॥४०॥

सू० अ०—(अ और इ तथा अ और उ की) मात्राओं के मिल जाने (संसर्ग) से पहले वाले दो (=ए और ओ) पृथक् सुनाई नहीं पड़ते हैं (अर्थात् इनमें अ और इ तथा अ और उ का श्रवण पृथक्-पृथक् नहीं होता है)।

उ० भा०—अवरे=पूर्वे=ए ओ इत्येते; मात्रासंसर्गात्=मात्रयोः समयोः क्षीरोदकवत्संसर्गात्। न ज्ञायते क्वावर्णमात्रा क्व वेवर्णोवर्णयोरिति। तस्मात्ते अक्षरे अपृथक्श्रुती भवतः। किमिदमपृथक्श्रुती इति? ए ओ इत्येतयोरिवर्णोवर्णयोः पृथक् श्रवणं न विद्यते क्षीरोदकवत्संप्रयुक्तत्वात्। एवं श्रुतिविशेषः।

अस्यैवापरा योजना—

उ० भा० अ०—अवरे=पहले वाले दो=ए और ओ-ये दो; मात्रासंसर्गात्—समान मात्राओं के जल और दूध के समान मिल जाने से। यह ज्ञात नहीं होता है कि 'अ' वर्ण की मात्रा कहाँ (=किस अंश में) है और 'इ' वर्ण तथा 'उ' वर्ण की मात्रा कहाँ (=किस अंश में) है[क]। इसलिए ये दोनों 'अक्षर' अपृथक्श्रुती=अपृथक् श्रुति वाले हैं। "अपृथक् श्रुति वाले हैं"—इसका क्या अर्थ है? (उत्तर) 'ए' और 'ओ'—इन दो (संध्यक्षरों) में 'इ' वर्ण और 'उ' वर्ण का ('अ' वर्ण से) पृथक् श्रवण नहीं होता है क्योंकि ('ए' और 'ओ' में क्रमशः 'अ' और 'इ' तथा 'अ' और 'उ') दुग्ध और जल के समान मिले रहते हैं। यही कारण है कि ('ए' और 'ओ' तथा 'ऐ' और 'औ' के) श्रूयमाण स्वरूप में अन्तर है।

इसी की दूसरी योजना है—

मात्रासंसर्गादवरे पृथक्श्रुती ॥

सू० अ०—मात्राओं का मेल होने से पहले वाले दो ('संध्यक्षर'=ए और ओ) (ऐ और औ से) पृथक् सुनाई पड़ते हैं।

उ० भा०—(मात्रासंसर्गात्=) मात्रयोः क्षीरोदकवत्संप्रयुक्तत्वात्। न ज्ञायते क्वार्णस्य मात्रा क्वेवर्णोवर्णयोरिति। तस्मात्; अवरे=पूर्वे संध्यक्षरे=ए ओ इत्येते; पृथक्श्रुती भवतः। ऐऔकाराभ्यामेकारौकारौ पृथक् श्रूयेते-इत्यर्थः। एवं श्रुतिविशेषो भवति॥

उ० भा० अ०—(मात्रासंसर्गात्=) मात्राओं के दुग्ध और जल के समान मिले होने से। यह ज्ञात नहीं होता है कि 'अ' वर्ण की मात्रा कहाँ (=किस अंश में) है और 'इ' वर्ण तथा 'उ' वर्ण की मात्रा कहाँ (=किस अंश में) है। इसलिए; अवरे=पहले वाले दो 'संध्यक्षर'=ए और ओ—ये दो ('संध्यक्षर'); पृथक्श्रुती हैं=ऐकार और औकार से एकार और ओकार पृथक् सुनाई पड़ते हैं—यह अर्थ है। इस प्रकार (ए

टि० (क) अर्थात् यह पता नहीं चलता है कि कहाँ 'अ' समाप्त होता है और कहाँ 'इ' अथवा 'उ' प्रारम्भ होता है क्योंकि ये दोनों दुग्ध और जल के समान मिल जाते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और ओ तथा ऐ और औ के) श्रूयमाण स्वरूप में अन्तर होता है।[क]

ह्रस्वानुस्वारव्यतिषङ्गवत्परे ॥४१॥

सू० अ०—परवर्ती दो (संध्यक्षर'='ऐ' और 'औ') 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) और 'अनुस्वार' के योग (व्यतिषङ्ग) के समान हैं।

उ० भा०—परे संध्यक्षरे=ऐ औ इत्येते; (ह्रस्वानुस्वारव्यतिषङ्गवत्=) ह्रस्वानुस्वारयोर्यो व्यतिषङ्गोऽनुक्रान्तः—"ह्रस्वामर्धस्वरभक्त्यासमाप्ताम्"[१] इति तद्वद्व्यतिषङ्गो वेदितव्यः। ऐ औ। किमुक्तं भवति? यथा तत्र अनुस्वारः पादमात्राधिक उपधा च तावता न्यूना एवमिहापि द्रष्टव्यम्। इवर्णोवर्णयोर्भूयसी मात्रा, अल्पीयस्यवर्णस्य। तस्मात्तयोर्वैषम्यान्न क्षीरोदकवत्संसर्गो भवति। तस्मात्तयोरवर्णस्य चेवर्णोवर्णयोश्च पृथक् श्रवणं भवति। ऐ औ इति॥

उ० भा० अ०—**परे**=परवर्ती दो 'संध्यक्षर'='ऐ' और 'औ'—ये दो ('संध्यक्षर') **(ह्रस्वानुस्वारव्यतिषङ्गवत्=)**"('अनुस्वार' से पूर्ववर्ती) 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) को आधी 'स्वरभक्ति' से न्यून (समझना चाहिए)"— इस (सूत्र) से 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) और 'अनुस्वार' के जिस 'संयोग' का प्रतिपादन किया गया है उसके समान ही ('ऐ' और 'औ' के) 'संयोग' को जानना चाहिए। (जैसे) 'ऐ' और 'औ'। इस कथन का क्या तात्पर्य है? (उत्तर) जिस प्रकार वहाँ 'अनुस्वार' चौथाई मात्रा से अधिक होता है और पूर्ववर्ती ('ह्रस्व' 'स्वर'-वर्ण) उतने (=चौथाई मात्रा) से न्यून होता है— उसी प्रकार यहाँ समझना चाहिए। 'इ' वर्ण और 'उ' वर्ण की अधिक मात्रा (होती है) 'अ' वर्ण की अल्प मात्रा (होती है)। इसलिए उन दोनों ('अ' वर्ण की मात्रा तथा 'इ' वर्ण या 'उ' वर्ण की मात्रा) की विषमता (असमानता) होने से उनका मेल दुग्ध और जल के समान नहीं होता है। इसलिए उन दोनों अर्थात् 'अ' वर्ण का तथा 'इ' वर्ण और 'उ' वर्ण का पृथक् श्रवण होता है। (जैसे) ऐ, औ।

(वाचो मन्द्रादीनि त्रीणि स्थानानि)

त्रीणि मन्द्रं मध्यममुत्तमं च
स्थानान्याहुः सप्तयमानि वाचः ॥४२॥

सू० अ०—मन्द्र मध्यम और उत्तम—वाणी के ये तीन स्थान' हैं जिन्हें (आचार्य लोग) सात यमों वाला कहते हैं।

टि० (क) चारों 'संध्यक्षर' (diphthongs=ए, ओ, ऐ, औ) दो-दो 'स्वर' (-वर्णों) के मिलने से निष्पन्न हुए हैं किंतु उच्चारण की दृष्टि से 'ए' और 'ओ' 'समानाक्षर' (monophthong) के सदृश ही हैं। प्रातिशाख्य के प्रस्तुत सूत्र से ज्ञात होता है कि प्रातिशाख्य के समय में 'ए' और 'ओ' का उच्चारण 'समानाक्षर' (monophthong) के सदृश होने लगा था। इसमें संदेह नहीं कि मूलतः 'ए' और 'ओ' 'संध्यक्षर' थे। भाषा-विज्ञान के अध्ययन से पता चलता है कि ए, ओ, ऐ और औ का मूल-उच्चारण क्रमशः अइ, अउ, आइ और आउ होता था।

[१] १३।३२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—मन्द्रं मध्यममुत्तमं च इति त्रीणि वाचः स्थानानि। सप्तयमानि=सप्तयमा येषु स्थानेषु तानि सप्तयमान्याहुः आचार्याः। तेषु मन्द्रमुरसि वर्तते। मध्यमं कण्ठे वर्तते। उत्तमं शिरसि वर्तते। एतानि स्थानानि स्वरविशेषणान्यपि भवन्ति। यथा मन्द्रेण स्वरेणाधीयते। मन्द्रया वाचा प्रातःसवने शंसेत्। उरसाधीयत इति॥

उ० भा० अ०—**मन्द्रं मध्यममुत्तमं च**='मन्द्र' (soft), 'मध्यम' (middle) और 'उत्तम' (loud)—ये; **त्रीणि वाचः स्थानानि**=तीन वाणी (speech) के 'स्थान' (अवस्थायें) (positions, stages, places) हैं।[क] **सप्तयमानि**=सात 'यम' (tones) हैं जिन स्थानों (stages) में वे। **सप्तयमान्याहुः**=आचार्य लोग स्थानों (stages) को सात यमों (tones) वाला कहते हैं। उन (तीन अवस्थाओं) में से 'मन्द्र' (soft) हृदय में उच्चारित होती है। 'मध्यम' (middle) कण्ठ में उच्चारित होती है। उत्तम (loud) सिर में उच्चारित होती है। ये अवस्थायें ('स्थान') स्वर (tone) के विशेषण भी होते हैं। जैसे—'मन्द्र' (soft) स्वर से अध्ययन करता है। 'मन्द्र' (soft) वाणी से प्रातः सवन में पाठ करना चाहिए। हृदय से अध्ययन करता है इत्यादि।

(सप्त यमास्तेषां स्वरूपं च)

अनन्तरश्चात्र यमोऽविशेषः ॥४३॥

(सात यम और उनका स्वरूप)

सू० अ०—**'यम'** (tone) **'स्थान'** (stage) **से व्यवधान के द्वारा पृथक् नहीं होता है और ('यम' का 'स्थान' से) कोई भेद नहीं (दिखलाया जा सकता है)।**

उ० भा०—अत्र=एषु स्थानेषु; अनन्तरः=अव्यवहितः; यमः; अविशेषः=अविशिष्टः; भवति। अनन्तरे यमे विशेषो न शक्यते दर्शयितुम्—इत्यर्थः। के ते यमा नाम?

उ० भा० अ०—**अत्र**=इन स्थानों (stages) में; **यमः**='यम' (tone); **अनन्तरः**=व्यवधानरहित (होता है); (अतएव) **अविशेषः**=('यम' 'स्थान' से) विशिष्ट नहीं; होता है। ('स्थान' से) अव्यवहित 'यम' में ('स्थान' से) वैशिष्ट्य नहीं दिखलाया जा सकता है—यह अर्थ है। वे 'यम' (tones) क्या होते हैं?

सप्त स्वरा ये यमास्ते ॥४४॥

सू० अ०—**जो सात 'स्वर'** (musical notes) **(होते हैं) वे ही 'यम'** (tones) **हैं।**

टि० (क) 'मन्द्र' (soft), मध्यम (middle) और उत्तम (loud) अवस्थाओं में क्रमशः हृदय, कण्ठ और सिर में उच्चारण होता है जैसा कि तै० प्रा० २३।८ में कहा गया है—"उरसि मन्द्रं कण्ठे मध्यमं शिरसि तारम्।" 'मन्द्र' (soft) अवस्था (stage) में व्याघ्र की ध्वनि के समान ध्वनि होती है, 'मध्यम' (middle) अवस्था (stage) में चक्रवाक के कूजने के समान ध्वनि होती है और 'उत्तम' ('तार'=loud) अवस्था (stage) में मयूर अथवा हंस अथवा कोकिल की ध्वनि के समान ध्वनि होती है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—ये ते सप्त स्वराः—षड्जऋषभगान्धारमध्यमपञ्चमधैवतनिषादाः स्वराः—इति गान्धर्ववेदे समाम्नाताः। तथा सामसु—क्रुष्टप्रथमद्वितीयतृतीयचतुर्थमन्द्रातिस्वार्याः[1] इति ते यमा नाम वेदितव्याः ॥

उ० भा० अ०—'षड्ज', 'ऋषभ', 'गान्धार', 'मध्यम', 'पञ्चम', 'धैवत' और 'निषाद'—ये जो सात 'स्वर' (musical notes) हैं उन्हें तथा सामवेद में जो 'क्रुष्ट', 'प्रथम', 'द्वितीय' 'तृतीय', 'चतुर्थ', 'मन्द्र' और 'अतिस्वार्य' हैं उन्हें 'यम' नाम से जानना चाहिए।

पृथग्वा ॥४५॥

सू० अ०—अथवा ('यम' स्वरों से) पृथक् (होते हैं)।

उ० भा०—(वा=) अथवा; स्वरेभ्यः; (पृथक्=) पृथग्भूताः; अन्ये यमाः स्वरेषु वर्तन्ते। एतेषां मृदुत्वं तीक्ष्णत्वं चेति वेदितव्यम् ॥

उ० भा० अ०—(वा=) अथवा; स्वरों (musical notes) से पृथग्भूत दूसरे 'यम' (tones) स्वरों (musical notes) में होते हैं। इनकी मृदुता और तीक्ष्णता को जानना चाहिए।

(वाचो वृत्तीनां निरूपणम्)

तिस्रो वृत्तीरुपदिशन्ति वाचो
विलम्बितां मध्यमां च द्रुतां च ॥४६॥

(वाणी की वृत्तियों का निरूपण)

सू० अ०—(आचार्य लोग) वाणी की तीन वृत्तियों (modes) को उपदिष्ट करते हैं—विलम्बित (slow), मध्यम (intermediate) और द्रुत (quick)।

उ० भा०—तिस्रो वृत्तीर्वाच उपदिशन्ति आचार्याः। विलम्बितां बालानामध्यापनादिषूपदिशन्ति। मध्यमां व्यवहारादिषूपदिशन्ति। द्रुताम् अध्ययनस्य बहुरूपाभ्यास उपदिशन्ति ॥

उ० भा० अ०—आचार्य लोग; तिस्रो वृत्तीर्वाच उपदिशन्ति=वाणी (speech) की तीन वृत्तियों (modes) उपदिष्ट करते हैं। बच्चों के अध्यापन आदि में; विलम्बिताम्=विलम्बित (slow) ('वृत्ति') को उपदिष्ट करते हैं। व्यवहार आदि में; मध्यमाम्=मध्यम (intermediate) ('वृत्ति') को उपदिष्ट करते हैं। अध्ययन के बहुत रूपों वाले अभ्यास में; द्रुताम्=द्रुत (quick) ('वृत्ति') को उपदिष्ट करते हैं।

टि० (क) 'वृत्ति' का अर्थ है गति (speed, mode)। 'वृत्ति' के तीन भेद हैं :—(१) विलम्बित (slow), (२) मध्यम (intermediate) और (३) द्रुत (quick)। बोलने की 'वृत्ति' (speed) या विलम्बित (slow) होती है या द्रुत (quick) या दोनों की मध्यवर्ती (intermediate).

---

[1] तै० प्रा० २३।१२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वृत्त्यन्तरे कर्मविशेषमाहुः ॥४७॥

सू० अ०—(आचार्य लोग) भिन्न-भिन्न 'वृत्ति' (mode) में भिन्न-भिन्न कर्मों (यागों) का विधान करते हैं।

उ० भा०—वृत्तेरन्या वृत्तिः=वृत्त्यन्तरम्। तस्मिन् वृत्त्यन्तरे कर्मविशेषमाहुः आचार्याः। विलम्बितायां प्रातःसवनं भवति। मध्यमायां मध्यंदिनं सवनम्। द्रुतायां तृतीयं सवनमिति। तेषु सवनेष्वेता वृत्तयो भवन्तीत्युक्तं भवति॥

उ० भा० अ०—वृत्त्यन्तर=एक 'वृत्ति' से अन्य दूसरी 'वृत्ति'। उस; **वृत्त्यन्तरे**=भिन्न-भिन्न 'वृत्ति' (mode) में; आचार्य; **कर्मविशेषमाहुः**=विशेष कर्म का विधान करते हैं। विलम्बित (slow) ('वृत्ति'=mode) में प्रातःसवन होता है। मध्यम (intermediate) 'वृत्ति' (mode) में मध्यंदिन सवन (होता है)। 'द्रुत' (quick) 'वृत्ति' (mode) में तृतीय सवन (होता है)। इन सवनों में ये वृत्तियाँ (modes) होती हैं—यह तात्पर्य है।

मात्राविशेषः प्रतिवृत्त्युपैति ॥४८॥

सू० अ०—प्रत्येक (परवर्ती) 'वृत्ति' में मात्रा का आधिक्य होता है।

उ० भा०—वृत्तिं वृत्तिं प्रति=प्रतिवृत्ति; **मात्राविशेषः**=मात्राधिक्यम्; **उपैति**=उपगच्छति। द्रुतायां वृत्तौ ये वर्णास्ते मध्यमायां त्रिभागाधिका भवन्ति। तथा मध्यमायां ये वर्णास्ते विलम्बितायां त्रिभागाधिका भवन्तीत्येक इति॥

उ० भा० अ०—प्रतिवृत्ति=प्रत्येक 'वृत्ति' (mode) में; **मात्राविशेषः**=मात्रा की अधिकता; **उपैति**=प्राप्त होती है। द्रुत (quick) 'वृत्ति' (mode) में जो वर्ण (उच्चारित होते हैं) वे मध्यम (intermediate) 'वृत्ति' (mode) में तिहाई भाग से अधिक हो जाते हैं। उसी प्रकार मध्यम (intermediate) में जो वर्ण (उच्चारित होते हैं) वे विलम्बित (slow) 'वृत्ति' (mode) में तिहाई भाग से अधिक हो जाते हैं।[क] कतिपय आचार्य मानते हैं कि चौथाई भाग से अधिक होते हैं।[ख]

टि० (क) अर्थात् द्रुत (quick) 'वृत्ति' (mode) में जिन मन्त्रों के उच्चारण में नौ मूहूर्त का समय लगता है उन मन्त्रों का यदि मध्यम (intermediate) 'वृत्ति' (mode) में उच्चारण किया जावे तो बारह मुहूर्त का समय लगेगा और विलम्बित (slow) 'वृत्ति' (mode) में सोलह मुहूर्त का समय लगेगा।

(ख) दूसरे आचार्यों के अनुसार उपर्युक्त तीन वृत्तियों में समय का अनुपात यह होगा १६:२०:२५।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभ्यासार्थे द्रुतां वृत्तिं प्रयोगार्थे तु मध्यमाम् ।
शिष्याणामुपदेशार्थे कुर्याद् वृत्तिं विलम्बिताम् ॥४९॥

चापस्तु वदते मात्रां द्विमात्रां वायसोऽब्रवीत् ।
शिखी त्रिमात्रो विज्ञेय एष मात्रापरिग्रहः ॥५०॥

सू० अ०—(अध्ययन के) अभ्यास के लिए द्रुत (quick) 'वृत्ति' (mode) का, कर्मानुष्ठान (प्रयोग) के लिए मध्यम (intermediate) ('वृत्ति'=mode) का, शिष्यों के उपदेश के लिए विलम्बित (slow) ('वृत्ति'=mode) का प्रयोग करना चाहिए।

नीलकण्ठ एक मात्र बोलता है, कौवा दो मात्राओं को बोलता है, मोर को तीन मात्राओं को बोलने वाला जानना चाहिए। यह मात्राओं का विवरण है।

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये शिक्षापटलं त्रयोदशम् ॥

वज्रट के पुत्र उवट की कृति प्रातिशाख्य-भाष्य में शिक्षा-पटल
नामक त्रयोदश पटल समाप्त हुआ ॥

टि० (क) अर्थात् १ मात्रा नीलकण्ठ की एक बोली के बराबर है; २ मात्रायें कौवे की एक बोली के बराबर हैं और तीन मात्रायें मोर की एक बोली के बराबर हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१४ : उच्चारणदोष-पटलम्

वर्णदोषाणां सामान्यस्वरूपम्
वर्णानां सामान्यदोषाः
स्वराणां दोषाः
अनुनासिकानां दोषौ
सान्तःस्थानां वर्णानां दोषौ
व्यञ्जनानां सामान्यदोषाः
सघोषाणां सोष्मणामूष्मणां च दोषाः
वर्गीयवर्णानां दोषाः
रेफलकारयोर्दोषाः
हकारस्य तदन्योष्मणां च दोषाः
विसर्जनीयस्य दोषाः
यमस्य दोषाः
विसर्जनीयस्य दोषः (पूर्वानुवृत्तः)
अनुनासिकस्थाने अनुस्वारोच्चारणम्
ऋकारऋकारयोर्दोषः
अघोषाणां दन्त्यानां दोषः
ह्रस्वस्वरस्य लोपः, अविद्यमानस्य वा ह्रस्वस्वरस्योच्चारणम्
ऐकारस्य दोषाः
इकारस्य दोषौ
ऋकारस्य दोषः
अविद्यमानस्य यकारस्योच्चारणम्
विद्यमानस्य यकारस्य वकारस्य वा लोपः
संयोगस्य स्वरेण व्यवच्छेदः
अन्तःस्थाया लोपो द्विरुच्चारणं च
अनुनासिकस्य ह्रस्वस्य दीर्घत्वम्
अविद्यमानस्य ऊष्मण उच्चारणम्
अधिकयमस्योच्चारणम्
स्वरोपधादनुनासिकात्पूर्वमनुस्वारस्योच्चारणम्, उपधाया अन्यवर्णत्वं वा
अनुनासिकात्परस्य वर्णस्य द्विरुच्चारणम्
अनुनासिकैः स्वराणां अनुनासिकता
अनुनासिकात्परस्य हकारस्य सोष्मत्वम्
संयोगानां चत्वारो दोषाः
विवृत्तेः दोषाः
दोषाणामसंख्यता शास्त्रस्य प्रयोजनं च
वर्णानामुच्चारणे अकारस्य अपेक्षा
दोषनिरसनपूर्वकं वर्णशिक्षायाः सप्रयोजनत्वस्थापनम्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(वर्णदोषाणां सामान्यस्वरूपम्)

समुद्दिष्टा वर्णगुणाः पुरस्तान्-
निर्दिष्टानां सांहितो यश्च धर्मः ।
तदायापायव्यथनानि दोषास्
तान्व्याख्यास्यामोऽत्र निदर्शनाय ॥१॥

वर्णों के दोषों का सामान्य स्वरूप)

सू० अ०—पूर्व में निर्दिष्ट वर्णों के गुण भलीभाँति कहे जा चुके हैं। संधि (संहिता) में होने वाला जो (वर्णों) का स्वरूप (धर्म) है (वह भी पूर्वोक्त पटलों में कहा जा चुका है)। उन (वर्णों) के 'आय', 'अपाय' और 'व्यथन' दोष (हो जाते हैं)। (उन दोषों के) प्रदर्शन के लिए हम यहाँ (चतुर्दश पटल में) उन (दोषों) की (को) व्याख्या करेंगे।

उ० भा०—पुरस्तान्निर्दिष्टानाम् ; (वर्णगुणाः=) वर्णानां गुणाः; समुद्दिष्टाः= सम्यगुद्दिष्टाः। सांहितो यश्चधर्मः समुद्दिष्टोऽनुक्रान्तेषु पटलेषु । तदायापायव्यथनानि=तेषां वर्णानामायोऽपायो व्यथनमित्येते; दोषाः प्रादुर्भवन्ति। आयो नामासतो वर्णस्योपजनः। यथा ह्वयामीत्यत्र पुरस्तादनुनादः। अपायो नाम सतोऽपकर्षः। यथा ऊनयीरित्यत्र यीरित्येतस्य। व्यथनं नाम सतोऽन्यथाश्रवणम्। यथा रथ्य इत्यत्र थकारस्य सकारवच्छ्रवणम्। तान् दोषान्; (अत्र=) उत्तरत्र; निदर्शनार्थं विस्तरेणासावमुत्रेत्यनुक्रामन्तो व्याख्यास्यामः॥

उ० भा० अ०—**पुरस्तान्निर्दिष्टानाम्**=पूर्व में निर्दिष्ट; **(वर्णगुणाः=)** वर्णों के गुण; **समुद्दिष्टाः**=भलीभाँति कहे जा चुके हैं। **सांहितो यश्च धर्मः**=संधि (संहिता) में होने वाला जो (वर्णों) का स्वरूप (धर्म) है; वह भी पूर्वोक्त पटलों में भलीभाँति कहा जा चुका है। **तदायापायव्यथनानि**=उन (वर्णों) के **आय, अपाय** और **व्यथन**—ये (तीन); **दोषाः**=दोष; प्रादुर्भूत हो जाते हैं। **आय** का अर्थ है अविद्यमान वर्ण का आगम। जैसे 'ह्वयामि' के पूर्व में 'अनुनाद' (fore-sound) (का आगम)। **अपाय** का अर्थ है विद्यमान का लोप कर देना। जैसे 'ऊनयीः' में 'यीः' का (लोप कर दिया जाता है)। **व्यथन** का अर्थ है विद्यमान का अन्य प्रकार से उच्चारण करना (सुनाई पड़ना)। जैसे 'रथ्यः' के थकार का सकार के समान उच्चारण करना। **तान्**=उन दोषों के; **निदर्शनार्थम्**=प्रदर्शन के लिए; **(अत्र=)** यहाँ=आगे (के सूत्रों में); "यह दोष यहाँ है" यह बतलाते हुए विस्तार के साथ; **व्याख्यास्यामः**= (उन दोषों की) व्याख्या करेंगे।[क]

टि० (क) वर्णों के उच्चारण में तीन प्रकार के दोष हो जाते हैं—(१) अविद्यमान वर्ण का उच्चारण। जैसे—'ह्वयामि' के पूर्व में एक अतिरिक्त 'अनुनाद' (fore-sound) का उच्चारण कर दिया जाता है; दे० १४।१८ (२) विद्यमान वर्ण का अनुच्चारण (लोप)। जैसे—'ऊनयीः' का 'ऊनैः' उच्चारण कर दिया जाता

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(वर्णानां सामान्यदोषाः)

निरस्तं स्थानकरणापकर्षे ॥२॥

(वर्णों के सामान्य दोष)

सू० अ०—(उच्चारण-) 'स्थान' तथा उच्चारणावयव ('करण') का अपकर्ष (deterioration) होने पर 'निरस्त' (नामक दोष होता है)।

उ० भा०—निरस्तं नाम दोष उत्पद्यते; (स्थानकरणापकर्षे=) स्थानकरणयोरपकर्षेण। ननु स्थानकरणयोरपकर्षो नोपपद्यते। कथम्? स्थानकरणाभ्यां हि वर्णोऽपकृष्यते। नैष दोषः। यथा स्थानकरणाभ्यां वर्णोऽपकृष्टो भवति तथा वर्णादपि स्थानकरणे अपकृष्टे भवतः। तस्मात्स दोषः परिहर्तव्यः॥

उ० भा० अ०—(स्थानकरणापकर्षे =) (उच्चारण-)'स्थान' और उच्चारणावयव ('करण') के अपकर्ष से; निरस्तम्='निरस्त' नामक दोष; उत्पन्न होता है। (पू०) (उच्चारण-) 'स्थान' और उच्चारणावयव ('करण') का अपकर्ष कहना युक्त नहीं है। (सि०) क्यों? (पू०) क्योंकि (उच्चारण-) 'स्थान' और उच्चारणावयव ('करण') से वर्ण (ही) अपकृष्ट होता है। (सि०) यह दोष नहीं है। जैसे (उच्चारण-) 'स्थान' और उच्चारणावयव ('करण') से वर्ण अपकृष्ट होता है वैसे (ही) वर्ण से (उच्चारण-) 'स्थान' और उच्चारणावयव ('करण') (भी) अपकृष्ट होते हैं। इसलिए इस ('निरस्त' दोष) का परिहार करना चाहिए।[क]

विहारसंहारयोर्व्यासपीळने ॥३॥

सू० अ०—(जब उच्चारणस्थान और उच्चारणावयव का अयुक्त) विस्तार और संकोचन होता है तो (क्रमशः) 'व्यास' और 'पीडन' (दोष होते हैं)।

उ० भा०—विहारः=विहरणम्=विस्तारः संहारः=संहरणम्=अन्यथाकरणं संकोचनं वा। कस्य? स्थानकरणयोः। (विहारसंहारयोर्व्यासपीळने=) विहारे व्यासो नाम दोषो जायते, संहारे पीडनं च। व्यासोऽविवेकः। पीडनं द्विर्भावः। तावपि परिहर्त्तव्यौ॥

उ० भा० अ०—विहार=विहरण=विस्तार। संहार=संहरण=अन्य प्रकार से (उच्चारण) करना अथवा संकोचन। किसका (विस्तार और संकोचन होता है)? (उत्तर) (उच्चारण-) 'स्थान' और उच्चारणावयव ('करण') का। (विहारसंहारयोर्व्यासपीळने=)

(७१७क) है। यहाँ 'यी' का अनुच्चारण (लोप) हो गया है; दे० १४।४३ (३) एक वर्ण के स्थान पर दूसरे वर्ण का उच्चारण। जैसे—'रथ्यः' का 'रस्यः' उच्चारण कर दिया जाता है। यहाँ थकार के स्थान पर सकार का उच्चारण किया गया है; दे० १४।३९।

टि० (क) 'निरस्त' दोष तब होता है जब कोई वर्ण अपने उच्चारण-स्थान अथवा अपने उच्चारणावयव से यथावत् उच्चारित नहीं होता है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(उच्चारणस्थान और उच्चारणावयव का) विस्तार (विहार) होने पर 'व्यास' नामक दोष उत्पन्न होता है और संकोचन (संहार) होने पर 'पीडन' (नामक दोष उत्पन्न होता है)। 'व्यास' में विवेक नहीं होता[क] और 'पीडन' में द्विरुच्चारण हो जाता है।[ख]

इन दोनों (दोषों) का (को) भी परिहार करना चाहिए।

ओष्ठाभ्यामम्बूकृतमाह नद्धं दुष्टम् ॥४॥

सू० अ०—(जब वक्ता) होठों से बाँधकर (अर्थात् होठों को बन्द-सा करके) उच्चारण करता है तो वह दोष (दुष्ट) 'अम्बूकृत' (कहलाता है)।

उ० भा०—ओष्ठाभ्याम्; नद्धम्=बद्धम्-इत्यर्थः। यदा आह वक्ता तत् दुष्टमम्बूकृतम् इत्युच्यते। तदपि वर्ज्यम्॥

उ० भा० अ०—जब वक्ता; ओष्ठाभ्याम्=होठों से; नद्धम्=बाँधकर—यह अर्थ है। आह=उच्चारण करता है; वह; दुष्टम्=दोष; अम्बूकृतम्='अम्बूकृत'[ग]; कहलाता है। इस (दोष) का भी परित्याग करना चाहिए।

मुखेन सुषिरेण शूनम् ॥५॥

सू० अ०—(जब वक्ता) खोखले (hollow) मुख से (उच्चारण करता है तो वह दोष) 'शून' (कहलाता है)।

उ० भा०—सुषिरेण=विलायितेन; मुखेन यदाह वक्ता तद्दुष्टं शूनं नाम वेदितव्यम्॥

उ० भा० अ०—जब वक्ता; सुषिरेण मुखेन=खोखले मुख से; उच्चारण करता है तो उस दोष को; शूनम्='शून' नामक; जानना चाहिए।[घ]

संदष्टं तु व्रीळन आह हन्वोः ॥६॥

सू० अ०—(जब वक्ता) जबड़ों को नीचा करके उच्चारण करता है तो 'संदष्ट' (नामक दोष होता है)।

टि० (क) 'व्यास' में सम्बद्ध वर्ण का उच्चारण अपने ही उच्चारण-स्थान से न होकर समीपवर्ती उच्चारण-स्थान से भी होता है। दो उच्चारण-स्थानों का मिश्रण हो जाता है। इससे उच्चारण अस्पष्ट हो जाता है।

(ख) 'संहार' में सम्बद्ध वर्ण का उच्चारण अपने सम्पूर्ण उच्चारण स्थान से न हाकर उसके आधे भाग से ही होता है। आधे भाग से उच्चारण होने के अनन्तर दूसरे आधे भाग से उच्चारण होने का प्रसङ्ग उपस्थित हो जाता है। इससे वर्ण का द्विरुच्चारण हो जाता है।

(ग) जब वक्ता होठों को बन्द-सा करके उच्चारण करता है तो उच्चारण अस्पष्ट हो जाता है। अनेक शब्द वक्ता के मुख में ही रह जाते हैं और श्रोता के कानों तक नहीं पहुँचते। उच्चारण का यह दोष 'अम्बूकृत' कहलाता है।

(घ) 'शून' दोष 'अम्बूकृत' दोष के विपरीत है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—व्रीडने हन्वोः संदष्टं नाम दोषो भवति। स वर्ज्यः। व्रीडनं नाम हन्वोर्नीचैर्भावः॥

उ० भा० अ०—**व्रीडने हन्वोः**=जबड़ों के व्रीडन में; **संदष्टम्**='संदष्ट' नामक दोष; होता है। उस (दोष) का परित्याग करना चाहिए। 'व्रीडन' का अर्थ है जबड़ों को नीचा करना।

प्रकर्षणे तदु विक्लिष्टमाहुः ॥७॥

सू० अ० (जबड़ों) के दूर खींचने पर 'विक्लिष्ट' (दोष) बतलाते हैं।

उ० भा०—(तदु=) हन्वोः; प्रकर्षणे; (विक्लिष्टमाहुः=) विक्लिष्टं नाम दोषो भवति। प्रकर्षणं नाम सर्वतश्चलनम्। विक्लिष्टं नामासंयुक्तम्॥

उ० भा० अ०—(तदु=) उनके=जबड़ों के; **प्रकर्षणे**=खींचने पर; (**विक्लिष्टमाहुः**=) 'विक्लिष्ट' दोष बतलाते हैं। प्रकर्षण का अर्थ है सब ओर चलना। 'विक्लिष्ट' का अर्थ है असंयुक्त (न मिलाना=दूर खींच लेना)।

जिह्वामूलनिग्रहे ग्रस्तमेतत् ॥८॥

सू० अ०—जिह्वा के मूल का निग्रह होने पर 'ग्रस्त' (नामक दोष होता है)।

उ० भा०—(जिह्वामूलनिग्रहे=) जिह्वामूलस्य निग्रहे; ग्रस्तं नाम दोषो भवति। एतं वर्जयेत्। निग्रहो नाम स्तम्भनम्॥

उ० भा० अ०—(जिह्वामूलनिग्रहे=) जिह्वा के मूल का निग्रह होने पर; **ग्रस्त** नामक दोष होता है। इसका परित्याग करना चाहिए। **निग्रह** का अर्थ है स्तम्भन (रोक कर कडा कर लेना)

नासिकयोस्त्वनुषङ्गेऽनुनासिकम् ॥९॥

सू० अ०—नासिकाओं का संबन्ध (प्रभाव) होने पर 'अनुनासिक' (दोष होता है)।

उ० भा०—(नासिकयोस्त्वनुषङ्गे=) नासिकयोर्यदा वर्णोऽनुषज्यते तदा; (अनुनासिकम्=) अनुनासिकत्वम्; उत्पद्यते। स दोषस्तं परिहरेत्॥

उ० भा० अ०—(नासिकयोस्त्वनुषङ्गे=) जब वर्ण का नासिकाओं से संबन्ध हो जाता है तब; (**अनुनासिकम्**=) अनुनासिकत्व; उत्पन्न हो जाता है। वह ('अनुनासिक'संज्ञक) दोष है। उसका परिहार करना चाहिए।

(स्वराणां दोषाः)

अयथामात्रं वचनं स्वराणाम् ॥१०॥

(स्वरों के दोष)

सू० अ०—'स्वर' (-वर्णों) का मात्राओं के अनुसार उच्चारण न करना (दोष है)।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—यथा मात्रा=यथामात्रम्। अयथामात्रं वचनं स्वराणाम्=ह्रस्वदीर्घ-प्लुतानामयथामात्रोच्चारणं दोषो भवति। प्रायेण दीर्घेषु ह्रस्वेषु च रक्तेषु मात्राधिक्यं कुर्वन्ति। तदाचार्येण निदर्शनार्थमुत्तरत्रोदाहृतम्—"रक्तं ह्रस्वं द्राघयन्त्युग्रँ ओकः॥"[१]

उ० भा० अ०—**यथामात्रम्**=मात्राओं के अनुसार। **अयथामात्रं वचनं स्वराणाम्**='ह्रस्व', 'दीर्घ' और 'प्लुत' ('स्वर'-वर्णों) का मात्राओं के अनुसार उच्चारण न करना दोष है। प्रायः 'दीर्घ' ('स्वर'-वर्णों) में और 'अनुनासिक' 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्णों) में मात्रा का आधिक्य करते हैं। इसे समझाने के लिए आचार्य ने उदाहरण दिया है—"'अनुनासिक' 'ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) को 'दीर्घ' कर देते हैं, जैसे 'उग्रँ ओंकः' में।"

संदंशो व्यासः पीळनं निरासः॥११॥

सू० अ०—(क्रमशः १४।६, १४।३, १४।३ और १४।२ में उक्त) **'संदंश', 'व्यास', 'पीडन' और 'निरास'** ('स्वर'-वर्णों के भी दोष होते हैं)।

उ० भा०—संदंशो, व्यासः, पीडनं, निरासः—इत्येते च पुरस्तात्कीर्तितास्ते स्वराणां भवन्ति। **संदंश** इति—"संदष्टं तु व्रीळन आह हन्वोः"[२] इति कीर्तितः। **व्यासः पीडनमित्येतौ**—"विहारसंहारयोः"[३] इति कीर्तितौ। **निरास** इति—"निरस्तं स्थान-करणापकर्षे"[४] इति कीर्तितः॥

उ० भा० अ०—**संदंश, व्यास, पीडन** और **निरास**—ये पहले (१४।६, १४।३, १४।३ और १४।२ में) कहे जा चुके हैं। ये 'स्वर' (—वर्णों) के (भी) (दोष) होते हैं। **संदंश** को—"(जब वक्ता) जबडों को नीचा करके उच्चारण करता है तो 'संदष्ट' (नामक दोष होता है)"—इस (सूत्र) में कहा जा चुका है। **व्यास** और **पीडन**—इन दो को—"(जब उच्चारणस्थान और उच्चारणावयव का अयुक्त) विस्तार और संकोचन होता है तो (क्रमशः) 'व्यास' और 'पीडन' (दोष होते हैं)"—इस (सूत्र) में कहा जा चुका है। **निरास** को—"उच्चारणस्थान और उच्चारणावयव का अपकर्ष होने पर 'निरस्त' (दोष होता है)"—इस (सूत्र) में कहा जा चुका है।

ग्रासः कण्ठ्ययोः॥१२॥

सू० अ०—**'कण्ठ्य'** ('स्वर'—वर्णों='अ' और 'आ') में (१४।८ में उक्त) **'ग्रास'** (दोष होता है)।

उ० भा०—"जिह्वामूलनिग्रहे ग्रस्तम्"[५] इति यः प्रागुक्तो ग्रासो नाम दोषः सः; **कण्ठ्ययोः**=अकाराकारयोः; उत्पद्यते। स वर्जयितव्यः॥

उ० भा० अ०—"जिह्वामूल का निग्रह होने पर 'ग्रस्त' (दोष होता है)'—इस (सूत्र) में जिस **ग्रास** नामक दोष को पहले कहा जा चुका है वह **कण्ठ्ययोः**='कण्ठ्य' ('स्वर'-वर्णों)=अकार और आकार (के उच्चारण) में उत्पन्न होता है। उसका परित्याग करना चाहिए।

---

१ १४।५१ २ १४।६ ३ १४।३
४ १४।२ ५ १४।८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अनुनासिकानां दोषौ)

अनुनासिकानां संदष्टता विषमरागता वा ॥१३॥

(अनुनासिकों के दो दोष)

सू० अ०—'अनुनासिक' (वर्णों) के 'संदष्टता' और 'विषमरागता' (दोष होते हैं)।

उ० भा०—अनुनासिकानां वर्णानां संदष्टता दोषो भवति। स व्याख्यातः। विषमरागता[क] वा अनुनासिकानां भवति। न हि रागं प्रत्याख्यायानुनासिका वर्तन्ते। तस्माद्विषमरागता दोष उच्यते। 'अक्तँ एमि"[१]; "अभ्र आँ अपः॥"[२]

उ० भा० अ०—**अनुनासिकानाम्**='अनुनासिक' वर्णों का; **संदष्टता** दोष होता है। उसकी व्याख्या (१४।६ में) की जा चुकी है। **वा**=अथवा; 'अनुनासिक' (वर्णों) का **विषमरागता**[क] (दोष) होता है। 'अनुनासिक' वर्ण 'आनुनासिक्य' (nasalization) को छोडकर नहीं रहते हैं। इसलिए 'विषमरागता' को दोष कहा जाता है। (उदाहरण) 'अक्तँ एमि"; "अभ्र आँ अपः।"

(सान्तःस्थानां वर्णानां दोषौ)

सान्तस्थानामादिलोपान्तलोपौ ॥१४॥

(अन्तःस्था से युक्त वर्णों के दो दोष)

सू० अ०—'अन्तःस्था' के साथ प्रयुक्त (वर्णों) में से (कभी 'अन्तःस्था' से) पहले वाले (वर्ण) का लोप (हो जाता है) और (कभी 'अन्तःस्था' से) बाद वाले (वर्ण) का लोप (हो जाता है)।

उ० भा०—सहान्तःस्थया वर्तन्त इति सान्तःस्थाः। तेषां **सान्तःस्थानां वर्णानाम्**; (**आदिलोपान्तलोपौ**=) क्वचिदादिलोपः क्रियते क्वचिदन्तलोपः। तौ दोषौ ज्ञेयौ **आदिलोपः** "पिबा निषद्य।"[ख] **अन्तलोपः**—"इन्द्रवाय्वोः"॥

उ० भा० अ०—**सान्तःस्थाः**=जो 'अन्तःस्था' के साथ प्रयुक्त होते हैं वे। **सान्तःस्थानाम्**='अन्तःस्था' के साथ प्रयुक्त होने वाले वर्णों में से; (**आदिलोपान्तलोपौ**=) कहीं ('अन्तःस्था' से) पहले वाले (वर्ण) का लोप किया जाता है और कहीं ('अन्तःस्था' से) बाद वाले का लोप किया जाता है। इन दोनों को दोष समझना चाहिए। **आदिलोप**—"पिबा निषद्य।"[ख] **अन्तलोप**—"इन्द्रवाय्वोः।"[ग]

टि० (क) जब सानुनासिक 'स्वर' वर्ण को तो निरनुनासिक कर दिया जाता है और उसके स्थान पर निरनुनासिक स्वर' वर्ण को सानुनासिक कर दिया जाता है तो वहाँ 'विषमरागता' दोष हो जाता है।

(ख) यहाँ 'अन्तःस्था' (=य्) से पहले वाले (=द्) का लोप कर दिया जाता है। तब 'निषद्य' का उच्चारण 'निषय' हो जाता है।

(ग) यहाँ 'अन्तःस्था' (=य्) से बाद वाले (=व्) का लोप कर दिया जाता है। तब 'इन्द्रवाय्वोः' का उच्चारण 'इन्द्रवायोः' हो जाता है।

---

[१] ऋ १०।३४।५ [२] ऋ० ५।४८।१ [३] ऋ० १।१७७।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(व्यञ्जनानां सामान्यदोषाः)

अदेशे वा वचनं व्यञ्जनस्य ॥१५॥

(व्यञ्जनों के सामान्य दोष)

सू० अ०—अथवा 'व्यञ्जन' का अयुक्त 'स्थान' में उच्चारण (किया जाता है)।

उ० भा० (वा=) अथवा; अदेशे=अस्थाने; (वचनम्=) असद्वद्यञ्जनमुच्यते। स दोषो वर्जनीयः। यथा—"अस्मान्"; "स्तोमैरभुत्स्महि"[१]; "उत्स्नाय"[२]; "विश्वप्स्न्यस्य"[३]—इत्यत्र सकारात्परस्तकार उच्यते। यथा—"यक्ष्मं दोषण्यम्"[४]; "विष्णुः"—इत्यत्र षकारादिकारोकारौ ॥

उ० भा० अ०—(वा=) अथवा; अदेशे=अयुक्त 'स्थान' में; (वचनम्=) अविद्यमान 'व्यञ्जन' का उच्चारण किया जाता है। उस दोष का परित्याग करना चाहिए। जैसे—"अस्मान्"; 'स्तोमैरभुत्स्महि"; "उत्स्नाय"; "विश्वप्स्न्यस्य" यहाँ पर (अर्थात् इन स्थलों में) सकार से बाद में (अविद्यमान) तकार का उच्चारण कर दिया जाता है।[क] जैसे—"यक्ष्मं दोषण्यम्"; "विष्णुः"—यहाँ पर षकार से बाद में (क्रमशः) इकार और उकार का उच्चारण कर दिया जाता है।[ख]

अन्योन्येन व्यञ्जनानां विरागः ॥१६॥

सू० अ०—एक 'व्यञ्जन' दूसरे 'व्यञ्जन' को दबा लेता है (यह भी दोष है)।

उ० भा०—व्यञ्जनानामन्योन्येन सह विरागः क्रियते। स दोषः। यथा—"उप मा षड् द्वाद्व"[५] इत्यत्र डकारात्परस्य दकारस्य विरागः क्रियतेऽज्ञातृभिः ॥

उ० भा० अ० **व्यञ्जनानामन्योन्येन**=व्यञ्जनों के मध्य में एक के द्वारा दूसरा; **विरागः**=दबा लिया जाता है (अर्थात् एक 'व्यञ्जन' दूसरे 'व्यञ्जन' को प्रभावित कर देता है)। वह दोष है। जैसे—"उप मा षड् द्वाद्वा"—यहाँ पर (शुद्ध उच्चारण को) न जानने वाले (व्यक्तियों) के द्वारा डकार से बाद में विद्यमान दकार (डकार के प्रभाव से) दबा दिया जाता है।

लेशेन वा वचनं पीळनं वा ॥१७॥

सू० अ०—अथवा प्रयत्नशैथिल्य से (व्यञ्जनों) का उच्चारण किया जाता है अथवा (किसी 'व्यञ्जन' के उच्चारण में) अधिक प्रयत्न (किया जाता है)।

टि० (क) अर्थात् 'अस्मान्', 'स्तोमैरभुत्स्महि', 'उत्स्नाय' और 'विश्वप्स्न्यस्य' का उच्चारण क्रमशः 'अस्त्मान्', 'स्तोमैरभुत्स्त्महि'. 'उत्स्त्नाय' और 'विश्वप्स्त्न्यस्य' कर दिया जाता है।

(ख) अर्थात् 'दोषण्यम्' और 'विष्णुः' का उच्चारण क्रमशः 'दोषिण्यम्' और 'विषुणुः' कर दिया जाता है।

---

१ ऋ० ४।५२।४ २ ऋ० २।१५।५ ३ ऋ० ७।४२।६
४ ऋ० १०।१६३।२ ५ ऋ० ८।६८।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**लेशेन वा व्यञ्जनानां वचनं क्रियते पीडनं वा।** लेशेन=प्रयत्न-शैथिल्येन। पीडनम्=अतिप्रयत्नः। तावुभौ दोषौ सर्वेषु वर्जयेत्॥

उ० भा० अ०—**वा**=अथवा; **लेशेन**='लेश' से; व्यञ्जनों का; (**वचनम्**=) उच्चारण; किया जाता है; **पीडनं वा**=अथवा पीडन (किया जाता है)। **लेश**—प्रयत्न की शिथिलता। **पीडन**=प्रयत्न की अधिकता।[क] सभी (व्यञ्जनों) में उन दोनों दोषों का परित्याग करना चाहिए।

(सघोषाणां सोष्मणामूष्मणां च दोषाः)

घोषवतामनुनादः पुरस्तादा-
दिस्थानां क्रियते धारणं वा॥१८॥

(सघोष, सोष्म और ऊष्म-वर्णों के दोष)

सू० अ०—(पद के) आदि में स्थित 'सघोष' (व्यञ्जनों) के पहले (अतिरिक्त) अनुनाद (fore-sound) **(उच्चारित) किया जाता है अथवा उन ('सघोष' व्यञ्जनों का) अनुच्चारण (अनुपलब्धि) (अथवा द्विर्वचन) होता है।**

उ० भा०—(**आदिस्थानाम्**=) पदादिस्थानाम्; **घोषवतां पुरस्तात्**; अनुनादः=ध्वनिः; **क्रियते**। (**वा**=) अथवा; तेषां घोषवतां धारणम् नाम=अनुपलब्धिः। यथा—"ह्वयामि" इत्यत्र पुरस्तादधिकशब्दः क्रियते। अथवा तस्य दोषस्य परिहरणार्थं हकारस्यानुपलब्धिः क्रियते। अपरे **धारणम्**=द्विर्वचनम्; मन्यन्ते। "ज्योतिष्कृत्"[१]; "द्यावा"; "द्वादश"॥

उ० भा० अ०—(**आदिस्थानाम्**=) पद के आदि में स्थित; **घोषवतां पुरस्तात्**='सघोष' (व्यञ्जनों) के पहले, **अनुनादः**=एक (अतिरिक्त) ध्वनि (fore-sound); **क्रियते**=की जाती है। (**वा**=) अथवा; उन 'सघोष' (व्यञ्जनों) का; **धारणम्**=अनुच्चारण (अनुपलब्धि) (होता है)। जैसे—"ह्वयामि" के पहले अधिक शब्द किया जाता है अथवा उस दोष के परिहार के लिए हकार की अनुपलब्धि की जाती है; (अर्थात् हकार का उच्चारण नहीं किया जाता है)। दूसरे; धारण=द्विर्वचन; मानते हैं; (अर्थात् इन आचार्यों के अनुसार पद के आदि में स्थित 'सघोष' 'व्यञ्जन' का द्विरुच्चारण (द्वित्व) हो जाता है)। (उदाहरण) "ज्योतिष्कृत्"; "द्यावा"; "द्वादश"।

सोष्मोष्मणामनुनादोऽप्यनादः॥१९॥

सू० अ०—(पद के आदि में स्थित) 'सोष्म' (-वर्णों) और 'ऊष्म' (-वर्णों) के (पहले अतिरिक्त) अनुनाद (fore-souud) **(उच्चारित किया जाता है) अथवा (उन व्यञ्जनों का) अनुच्चारण होता है।**

टि० (क) जब प्रयत्न की शिथिलता से किसी 'व्यञ्जन' का उच्चारण किया जाता है तो उस 'व्यञ्जन' का आंशिक उच्चारण ही होता है। जब किसी 'व्यञ्जन' का उच्चारण अधिक प्रयत्न से किया जाता है तो उस 'व्यञ्जन' पर अधिक दबाव पड़ जाता है।

---

[१] ऋ० १।५०।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—सोष्मणामूष्मणाम् अपि पुरस्तात्पदादिस्थानाम्; अनादः=अशब्दः; अननादः च क्रियते। यथा—"अभिख्या"। "छायामिव।"[१] "श्चोतन्ति"। "स्तौति"॥

उ० भा० अ०—पद के आदि में स्थित; **सोष्मणामूष्मणाम्**='सोष्म' (-वर्णों) और 'ऊष्म' (-वर्णों) के; पहले; (**अनादः**=) (विद्यमान) ध्वनि का अनुच्चारण; **अननादः**= अथवा एक (अतिरिक्त) (fore-sound) का उच्चारण; किया जाता है। जैसे—"अभिख्या"। "छायामिव"। "श्चोतन्ति"। "स्तौति"।

लोमश्यं च क्ष्वेळनमूष्मणां तु ॥२०॥

सू० अ०—('अघोष') 'ऊष्म' (व्यञ्जनों) के तो 'लोमश्य' और 'क्ष्वेडन' (दोष होते हैं)।

उ० भा०—उष्मणां त्वघोषणां लोमश्यं च क्ष्वेडनं च दोषौ भवतः। लोमश्यं नामासौकुमार्यम्। क्ष्वेडनं नामाधिको वर्णस्य सरूपो ध्वनिः॥

उ० भा० अ०—'अघोष'; (**ऊष्मणाम्**=) 'ऊष्म' (-वर्णों) के; **लोमश्य** और **क्ष्वेडन** - ये दो दोष होते हैं। **लोमश्य** का अर्थ है असुकुमारता (roughness)। **क्ष्वेडन** का अर्थ है (प्रकृत) वर्ण के समान एक अधिकार शीत्कार ध्वनि (hissing sound) (का उच्चारण करना)।

(वर्गीयवर्णानां दोषः)

वर्गेषु जिह्वाप्रथनं चतुर्षु ॥२१॥

(वर्गीय वर्णों के दोष)

सू० अ०—(प्रथम) चार वर्गों (कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग और तवर्ग) में जिह्वा का विस्तार (कर दिया जाता है)।

उ० भा०—आद्येषु चतुर्षु वर्गेषु जिह्वाप्रथनं क्रियते। स दोषः। जिह्वायाः प्रथनं नाम विस्तारः॥

उ० भा० अ०—प्रथम; **चतुर्षु वर्गेषु**=चार वर्गों (कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग) में; **जिह्वाप्रथनम्**=जिह्वा का विस्तार; कर दिया जाता है। वह दोष है। जिह्वा के प्रथन का अर्थ है (जिह्वा का) विस्तार।

ग्रासो मुख्ये ॥२२॥

सू० अ०—प्रथम (मुख्य) ('वर्ग') में 'ग्रास' (नामक दोष होता है)।

उ० भा०—एतेषां वर्गाणाम्; मुख्ये=आद्ये; वर्गे ग्रासो नाम दोषो भवति। ग्रासो व्याख्यातः॥

उ० भा० अ०—इन वर्गों के; **मुख्ये**=प्रथम; 'वर्ग' में **ग्रास** नामक दोष होता है। **ग्रास** की व्याख्या (१४।८ में) की जा चुकी है।

---

[१] ऋ० ६।१६।३८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिहारश्चतुर्थे ॥२३॥

सू० अ०—चतुर्थ ('वर्ग') में 'प्रतिहार' (नामक दोष होता है)।

उ० भा०—एतेषामेव चतुर्थे वर्गे प्रतिहारो नाम दोषो भवति। अतिप्रयत्नः प्रतिहारः॥

उ० भा० अ०—इन (वर्गों) के ही; **चतुर्थे**=चतुर्थ; 'वर्ग' में **प्रतिहार** नामक दोष होता है। **प्रतिहार** का अर्थ है अति प्रयत्न (अर्थात् जिह्वा का दाँतों के साथ आवश्यकता से अधिक स्पर्श)।

सरेफयोर्मध्यमयोर्निरासः ॥२४॥

सू० अ० रेफसहित दो मध्यम (वर्गों) में 'निरास' (नामक दोष होता है)।

उ० भा०—सह रेफेण वर्तते इति सरेफौ। (सरेफयोर्मध्यमयोः=) एतेषामेव चतुर्णां वर्णानां यौ मध्यमौ वर्गौ तयोश्च रेफस्य च निरासो नाम दोषो भवति। स व्याख्यातः॥

उ० भा० अ०—सरेफ=रेफ के साथ विद्यमान; (**सरेफयोर्मध्यमयोः**=)(१४।२१ में निर्दिष्ट) इन्हीं (आद्य) चार वर्गों में जो मुख्य दो 'वर्ग' हैं उन दोनों में और रेफ में **निरास** नामक दोष होता है। उसकी (='निरास' की) व्याख्या (१४।२ में) की जा चुकी है।

विक्लेश स्थाने सकले चतुर्थे ॥२५॥

सू० अ०—चतुर्थ 'वर्ग' (तवर्ग) के विषय में अवयवसहित (उच्चारण-) 'स्थान' में 'विक्लेश' (नामक दोष होता है)।

उ० भा०—चतुर्थे वर्गे स्थाने सकले। सह कलाभिः=सकलम्। कलाः=अवयवाः। के ते? करणादयः। तेषु करणादिषु स्थाने च विक्लेशो नाम दोषो भवति। विक्लेशोऽवैशद्यमित्येकोऽर्थः॥

उ० भा० अ०—**चतुर्थे**=चतुर्थ 'वर्ग' (=तवर्ग) के विषय में; **स्थाने सकले**=सकल (उच्चारण-) 'स्थान' में। **सकलम्**=कलाओं के सहित। कला=अवयव। वे (कलायें) कौन हैं? (उत्तर) 'आभ्यन्तर प्रयत्न' ('करण') आदि। उन 'आभ्यन्तर प्रयत्न' ('करण') आदि में और (उच्चारण-) 'स्थान' में **विक्लेश** नामक दोष होता है। **विक्लेश** का अर्थ है अस्पष्टता।

(रेफलकारयोर्दोषाः)

अतिस्पर्शो बबरता च रेफे ॥२६॥

(रेफ और लकार के दोष)

सू० अ०—रेफ (के उच्चारण) में अति स्पर्श और बर्बरता (हो जाती है)।

उ० भा०—दुःस्पृष्टः स रेफः; (अतिस्पर्शः=) अतिस्पृश्यते। बर्बरता च उच्यते। तौ दोषौ रेफस्य वर्जयेत्। बर्बरताप्यसौकुमार्यमेव॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—'ईषत्स्पृष्ट' ('दुःस्पृष्ट') रेफ का; **अतिस्पर्शः**=अति स्पर्श किया जाता है। **बर्बरता च**=और बर्बरता (तुतलाना, हकलाना) से उच्चारण होता है। रेफ के इन दोनों दोषों का परित्याग करना चाहिए। **बर्बरता** भी असुकुमारता (roughness) ही है।

जिह्वान्ताभ्यां च वचनं लकारे ॥२७॥

सू० अ०—लकार में जिह्वा के दोनों अन्तों (ends) से उच्चारण होता है।

उ० भा०—जिह्वाग्रेण वक्तव्यः स लकारो यदा; (**जिह्वान्ताभ्याम्**=) जिह्वाया अन्ताभ्याम्; (**वचनम्**=) उच्यतेः तदा स दोषो भवति। पूर्वोक्तौ चातिस्पर्शबर्बरौ। एते त्रयो दोषा लकारस्य भवन्ति। तान्वर्जयेन्मेधावी॥

उ० भा० अ०—जिह्वा के अग्र (भाग) से उच्चारित होने वाला लकार जब; (**जिह्वान्ताभ्याम्**=) जिह्वा के दोनों अन्तिम भागों से; (**वचनम्**=) उच्चारित होता है; तब वह दोष होता है। पूर्व (=१४।२६) में उक्त 'अति स्पर्श' और 'बर्बरता' (भी लकार के दोष होते हैं)। ये तीन दोष लकार के होते हैं। मेधावी को इनका परित्याग करना चाहिए।

(हकारस्य तदन्योष्मणां च दोषाः)

श्वासोऽघोषनिभता वा हकारे ॥२८॥

(हकार तथा उससे अन्य ऊष्म-वर्णों के दोष)

सू० अ०—(अधिक) श्वास अथवा 'अघोष' (वर्ण) की सदृशता हकार में (होती है)।

उ० भा०—श्वासो वाधिकः; **अघोषनिभता**=अघोषसदृशत्वम्; **वा**; (**हकारे**=) हकारस्य दोषौ; लक्षयेत्॥

उ० भा० अ०—अधिक **श्वास**; अथवा; **अघोषनिभता**='अघोष' (वर्ण) की सदृशता; (**हकारे**=) हकार के दोष हैं; (इन दोषों को) दृष्टि में रखना चाहिए।

निरासोऽन्येषूष्मसु पीळनं वा ॥२९॥

सू० अ०—अन्य 'ऊष्म' (-वर्णों) में 'निरास' अथवा 'पीडन' (दोष होता है)।

उ० भा०—(**अन्येषूष्मसु**=) येऽन्ये हकारादूष्माणस्तेषु शकारादिषु; **निरासः पीडनं वा** इति द्वौ दोषौ भवतः। तौ व्याख्यातौ॥

उ० भा० अ० (**अन्येषूष्मसु**=) हकार से अन्य जो 'ऊष्म' (-वर्ण) हैं उन शकार आदि में; **निरास**; (**वा**=) अथवा; **पीडन**—ये दो दोष होते हैं। उन दोनों की व्याख्या (क्रमशः १४।२ और १४।३ में) की जा चुकी है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(विसर्जनीयस्य दोषाः)

स्वरात्परं पूर्वसस्थानमाहु-
दीर्घान्निरस्तं तु विसर्जनीयम् ॥३०॥

(विसर्जनीय के दोष)

सू० अ०—'दीर्घ' 'स्वर' से बाद में स्थित विसर्जनीय का उच्चारण पूर्ववर्ती 'स्वर' के समान (उच्चारण-) 'स्थान' से करते हैं (और इस प्रकार) 'निरस्त' (-संज्ञक दोष होता है)।

उ० भा० - दीर्घात्स्वरात्परं विसर्जनीयम्; (पूर्वसस्थानम्:=) पूर्वस्य सस्थानम्; निरस्तमाहुः। उक्तः स दोषः। रथीः। वधूः। अग्नेः। वायोः। किमुच्यते दीर्घादिति? ननु ह्रस्वादपि विसर्जनीयः पूर्वसस्थान एव श्रूयते। अग्निः। वायुः इति। यद्यपि श्रवणं तुल्यं तथाप्यत्राचार्येण दीर्घग्रहणं कृतम्। तस्माद्दीर्घादेव पूर्वसस्थानत्वं भवति न ह्रस्वादपि भवतीति मन्तव्यम्।

उ० भा० अ०—दीर्घात्स्वरात्परं विसर्जनीयम्='दीर्घ' 'स्वर' से बाद में स्थित विसर्जनीय का (को); (पूर्वसस्थानम्=) पूर्ववर्ती 'स्वर' के समान (उच्चारण-) 'स्थान' से; आहुः=उच्चारण करते हैं; (और इस प्रकार) निरस्तम्='निरस्त' (-संज्ञक दोष) को (उत्पन्न कर देते हैं)। वह ('निरस्त'-संज्ञक) दोष (१४।२ में) कहा जा चुका है। (उदाहरण) रथीः। वधूः। अग्नेः। वायोः। "'दीर्घ' ('स्वर') से बाद में"—यह क्यों कह रहे हो? क्योंकि 'ह्रस्व' ('स्वर') से बाद में स्थित विसर्जनीय (भी) पूर्ववर्ती ('ह्रस्व' 'स्वर') के समान (उच्चारण-) 'स्थान' से ही सुनाई पड़ता है। (उदाहरण) अग्निः। वायुः। (सि०) यद्यपि (ह्रस्वपूर्व विसर्जनीय और दीर्घपूर्व विसर्जनीय का) श्रवण तुल्य है तथापि आचार्य ने (सूत्र में) दीर्घ का ग्रहण किया है। इसलिए 'दीर्घ' ('स्वर') से ही (बाद में स्थित विसर्जनीय) पूर्ववर्ती ('स्वर') के समान (उच्चारण-) 'स्थान' वाला होता है, ह्रस्व ('स्वर') से बाद में स्थित (विसर्जनीय) नहीं—यह मान लेना चाहिए।

अपरे पुनरन्यथा वर्णयन्ति। अन्यस्थाने दीर्घात्स्वरात्परो विसर्जनीयो देवैरपि न शक्य उच्चारयितुमिति विधिं वर्णयन्ति। दीर्घात्स्वरात् परं पूर्वसस्थानमाहुः आचार्याः—इच्छन्ति-इत्यर्थः। तस्मिन्नपि पक्षे दीर्घग्रहणमनर्थकम्। ह्रस्वादपि ते तथैवेच्छन्ति। एवं तर्हि परस्य योगस्यार्थे दीर्घग्रहणं वृत्तवशेनेह पठितं द्रष्टव्यम्। स्वरात्परं पूर्वसस्थानमाहुर्निरस्तं विसर्जनीयमित्यस्मिन्योगे सत्युभयोरपि पक्षयोः अग्निः वायुः रथीः वधूः इति सर्वं सिद्धं भवति।

दूसरे (व्याख्याकार) अन्य प्रकार से व्याख्या करते हैं—'दीर्घ' 'स्वर' से बाद में स्थित विसर्जनीय का (को) (पूर्ववर्ती 'स्वर' के उच्चारणस्थान से) अन्य स्थान में देवता भी उच्चारण नहीं कर सकते हैं—इसलिए (इस सूत्र में दोष नहीं अपितु उच्चारण का) विधान बतलाते हैं। दीर्घात्स्वरात्—'दीर्घ' 'स्वर' से बाद में स्थित (विसर्जनीय) का (को); पूर्वसस्थानमाहुः—पूर्ववर्ती ('दीर्घ' 'स्वर' के) समान (उच्चारण) 'स्थान' से

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्चारण करते हैं आचार्य लोग—(पूर्ववर्ती 'दीर्घ' 'स्वर' के समान 'स्थान' से उच्चारण को) अभीष्ट मानते हैं—यह अर्थ है। (पू०) उस पक्ष में भी (सूत्र में) 'दीर्घ' (पद) का ग्रहण अनर्थक है। 'ह्रस्व' ('स्वर') से भी (बाद में स्थित विसर्जनीय को) उसी प्रकार (पूर्ववर्ती 'स्वर' के समान 'स्थान' वाला) अभीष्ट मानते हैं। (सि०) तब यह समझना चाहिए कि 'दीर्घ' (पद) का परवर्ती सूत्र के लिए ग्रहण किया गया है किंतु छन्दः की सुविधा के लिए इस 'दीर्घ' पद का इस सूत्र में पाठ कर दिया गया है। "'स्वर' से बाद में स्थित विसर्जनीय का (को) पूर्ववर्ती ('स्वर') के समान (उच्चारण) 'स्थान' से उच्चारण करते हैं जो 'निरस्त' है"—यह सूत्र होने पर दोनों ही पक्षों[क] में 'अग्निः', 'वायुः', 'रथीः', 'वधूः'—यह सब सिद्ध हो जाता है।

किं पुनरत्र युक्तम् ? उभयम्। कथम् ? शास्त्रान्तरे विधिर्दृश्यते। "कण्ठस्थानौ हकारविसर्जनीयौ।"[१] "उदयस्वरादिसस्थानो हकार एकेषाम्।"[२] "पूर्वान्तसस्थानो विसर्जनीयः"[३] इति। तेषां विसर्जनीयः पूर्वसस्थानो भवतीति। तस्मात्तदपि युक्तम्। इह दोषसमुच्चयप्रकरणे वचनाद्दोषः स इति निश्चयः। कथमेतदध्यवसीयते ? आचार्यप्रवृत्तिर् दृश्यते। यथानुनासिकपरादूष्मणः परः सस्थानयमागमो भवत्येकेषाम्। यथा—"अस्मे"; 'विष्णुः" इति। तदिहास्माकं प्रतिषिद्धम्। "परं यमं रक्तपरादघोषात्।"[४] इति। तस्मादेतदध्यवसीयते ॥

उ० भा० अ०—यहाँ (अर्थात् इन दोनों पक्षों में) कौन ठीक है ? (उत्तर) दोनों ठीक हैं। कैसे ? अन्य शास्त्र में विधि दिखलाई पड़ती है। "हकार और विसर्जनीय

टि० (क) पू०—इस सूत्र में 'दीर्घ' पद का ग्रहण अनर्थक है। क्योंकि विसर्जनीय का उच्चारण पूर्ववर्ती 'स्वर' के उच्चारणस्थान के समान उच्चारणस्थान का होता है चाहे उस विसर्जनीय के पूर्व में 'दीर्घ' स्वर हो और चाहे ह्रस्व 'स्वर' हो। सि०—तब तो इस 'दीर्घ' पद का सम्बन्ध इस सूत्र के साथ न होकर परवर्ती सूत्र के साथ है। छन्दः की सुविधा के कारण इस 'दीर्घ' पद को परवर्ती सूत्र में न रखकर प्रस्तुत सूत्र में रखा गया है। ऐसा मानने पर सूत्र का अर्थ यह है—

प्रथम पक्ष—१।३९ के अनुसार विसर्जनीय कण्ठ–'स्थान' से उच्चारित होने वाली ध्वनि है। किंतु कुछ लोग विसर्जनीय का उच्चारण इसके पूर्ववर्ती 'स्वर'–वर्ण के उच्चारणस्थान से कर देते हैं। इससे १४।२ में निर्दिष्ट 'निरस्त'–संज्ञक दोष होता है।

द्वितीय पक्ष—यह दोष नहीं है। विसर्जनीय का उच्चारण पूर्ववर्ती 'स्वर' के उच्चारणस्थान से होता है। देवता भी विसर्जनीय का ऐसा उच्चारण नहीं कर सकते जिस उच्चारण में पूर्ववर्ती 'स्वर' का प्रभाव न हो। अतः इस सूत्र में यह विधान किया गया है कि विसर्जनीय का उच्चारण पूर्ववर्ती 'स्वर' के 'स्थान' से करना चाहिए।

---

१ तै० प्रा० २।४६ २ तै० प्रा० २।४७ ३ तै० प्रा० २।४८

४ १४।३४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कण्ठ 'स्थान' वाले हैं।" "कतिपय (आचार्यों) के मत से हकार परवर्ती 'स्वर' के आदि (प्रथम अंश) के समान 'स्थान' वाला है।" "विसर्जनीय पूर्ववर्ती ('स्वर' के) अन्त (अंतिम अंश) के समान 'स्थान' वाला है।" इन (आचार्यों के मत से) विसर्जनीय पूर्ववर्ती ('स्वर') के समान 'स्थान' वाला होता है। इसलिए वह (द्वितीय पक्ष) भी ठीक है। यहाँ पर दोषों के समुच्चय के प्रकरण में कथन होने से वह दोष है—यह निश्चय है। यह कैसे निश्चय किया गया है? आचार्यों की प्रवृत्ति दिखलाई पड़ती है। जैसे कतिपय (आचार्यों के मत से) 'अनुनासिक' से पूर्व में स्थित 'ऊष्म' (-वर्ण) से बाद में समान 'स्थान' वाले 'यम' का आगम होता है; जैसे "अस्मे" और "विष्णुः" में। हम इस ('यम') का यहाँ प्रतिषेध कर रहे हैं—" 'अनुनासिक' है बाद में जिसके ऐसे 'अघोष' ('ऊष्म'-वर्ण) से बाद में 'यम' (का उच्चारण करते हैं) (जो दोष है)।" इसलिए यह निश्चय किया जाता है।

कण्ठ्याद्यथा रेफवतस्तथाहुः ॥३१॥

सू० अ०—('दीर्घ') 'कण्ठ्य' ('स्वर'=आ) से बाद में स्थित (विसर्जनीय) का (को) वैसे (=जिह्वा के मूल से) उच्चारण करते हैं जैसे ऋकार से बाद में स्थित (विसर्जनीय का होता है)।

उ० भा०—दीर्घात् कण्ठ्यात् परं विसर्जनीयं यथा; रेफवतः=ऋकारात्; परं जिह्वामूलीयं तथा निरस्तम् आहुः। स दोषः। "देवाः"; "सोमाः"। दीर्घात् इति कस्मात्? "देवः"; "सोमः"। ह्रस्वात्कण्ठ्यात्परो विसर्जनीयो ह्रस्वसस्थान एव भवति॥

उ० भा० अ०—'दीर्घ'; **कण्ठ्यात्**='कण्ठ्य' ('स्वर'=आ) से; बाद में स्थित विसर्जनीय को 'निरस्त'-संज्ञक दोष से युक्त करके; **तथा**=वैसे=जिह्वा के मूल से; **आहुः**=उच्चारण करते हैं; **यथा**=जैसे; **रेफवतः**=रेफ वाले=ऋकार से; बाद में स्थित (विसर्जनीय को) जिह्वा के मूल से उच्चारण करते हैं। वह दोष है। (उदाहरण) "देवाः"; "सोमाः"। "'दीर्घ' ('स्वर') से (बाद वाले विसर्जनीय को)" यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "'ह्रस्व' 'कण्ठ्य' ('स्वर'=आ) से परवर्ती विसर्जनीय (पूर्ववर्ती) 'ह्रस्व' ('स्वर') के समान 'स्थान' वाला ही होता है।

रक्तात्तु नासिक्यमपीतरस्मात् ॥३२॥

सू० अ०—'अनुनासिक' ('दीर्घ' 'कण्ठ्य' 'स्वर'=आ) से (बाद में स्थित तथा अन्य (='अनुनासिक' ऋ) से भी (बाद में स्थित विसर्जनीय का) नासिका से (उच्चारण करते हैं)।

उ० भा०—रक्तात् कण्ठ्याद्दीर्घात्परं विसर्जनीयम्। इतरस्मादपि परम्। कतरस्मात्? ऋकारात्। नासिक्यमाहुः। स दोषः। "स्वतवाँः पायुः।"[1] "नँृः पतिभ्यः॥"[2]

उ० भा० अ० **रक्तात्**='अनुनासिकः'; 'दीर्घ' 'कण्ठ्य' ('स्वर'=आ) से परवर्ती (विसर्जनीय) को। **इतरस्मादपि**=अन्य से भी; परवर्ती (विसर्जनीय) को; किससे

---

[1] ऋ० ४।२।६ [2] प्रै० पृ० १४२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(परवर्ती) ? (उत्तर) ऋकार से। **नासिक्यम्**=नासिका से उच्चारण करते हैं।[क] वह दोष है। (उदाहरण) "स्वतवाँ पायुः।" "नृँ पतिभ्यः।"

संयोगादेरूष्मणः पूर्वमाहु-
र्विसर्जनीयमधिकं स्वरोपधात् ॥३३॥

सू० अ०—'स्वर' पूर्व में है जिसके तथा जो 'संयोग' के आदि में स्थित है ऐसे 'ऊष्म' (वर्ण) के पहले एक अतिरिक्त (अधिक) विसर्जनीय का (को) उच्चारण करते हैं।

उ० भा०—**स्वरोपधात्संयोगादेरूष्मणः पूर्वमधिकं विसर्जनीयमाहुः**। स दोषो वर्ज्यः। "पावक ते स्तोका श्चोतन्ति"।[१] "अभि ष्याम।"[२] **संयोगादेः इति किम्?** "द्विपदे शं चतुष्पदे।"[३] "मो षु णः।"[४] "परि सोमः।" **उष्मणः इति किम्?**[५] "तव त्यत्।"[६] **स्वरोपधात् इति किम्?** "अप्स्वग्ने॥"[७]

उ० भा० अ०—**स्वरोपधात्संयोगादेरूष्मणः पूर्वम्**='स्वर' है पूर्व में जिसके तथा जो 'संयोग' के आदि में स्थित है ऐसे 'ऊष्म' (-वर्ण) के पहले; **अधिकं विसर्जनीय-माहुः**=अतिरिक्त (अधिक) विसर्जनीय का (को) उच्चारण करते हैं।[ख] उस दोष का परित्याग करना चाहिए। (उदाहरण) "पावक ते स्तोका श्चोतन्ति।" "अभि ष्याम।"[ग] "'संयोग' के आदि में स्थित का" यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "द्विपदे शं चतुष्पदे।" "मो षु णः।" "परि सोमः।"[घ] "'ऊष्म' (वर्ण) के (पूर्व में)"—यह (सूत्र में) क्यों

टि० (क) अर्थात् 'अनुनासिक' 'आ' तथा 'अनुनासिक' 'ऋ' से बाद में स्थित विसर्जनीय का उच्चारण नासिका से कर दिया जाता है।

(ख) अर्थात् उस 'ऊष्म' (-वर्ण) के पूर्व में अतिरिक्त विसर्जनीय का उच्चारण कर दिया जाता है (१) जो 'संयोग' के आदि में स्थित है और (२) जिसके पूर्व में 'स्वर'-वर्ण है।

(ग) 'ऊष्म'-वर्णों (शकार और षकार) के पूर्व में अतिरिक्त विसर्जनीय का उच्चारण किया जाता है क्योंकि (१) 'ऊष्म'-वर्ण (शकार और षकार) 'संयोग' के आदि में स्थित हैं और (२) 'ऊष्म'-वर्णों (शकार और षकार) के पूर्व में 'स्वर' (क्रमशः आकार और इकार) स्थित हैं।

(घ) इन तीनों स्थलों पर 'ऊष्म'-वर्णों (शकार, षकार और सकार) के पूर्व में अतिरिक्त विसर्जनीय का उच्चारण नहीं किया जाता है क्योंकि ये 'ऊष्म'-वर्ण (शकार, षकार और सकार) 'संयोग' के आदि में स्थित नहीं हैं।

---

[१] ऋ० ३।२१।२ [२] ऋ० १०।१३२।२ [३] ऋ० ७।५४।१
[४] ऋ० १।३८।६ [५] ऋ० ९।५६।१ [६] ऋ० ८।१५।७
[७] ऋ० ८।४३।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(कहा) ? (उत्तर) "तव त्यत्।"[क] "'स्वर' है पूर्व में जिसके उससे (पूर्व में)—यह (सूत्र में) क्यों (कहा) ? (उत्तर) "अप्स्वग्ने।"[ख]

(यमस्य दोषाः)

परं यमं रक्तपरादघोषात् ॥३४॥

(यम के दोष)

सू० अ०—'अनुनासिक' ('रक्त') है बाद में जिसके ऐसे 'अघोष' ('ऊष्म'-वर्ण) से बाद में 'यम' का उच्चारण करते हैं।

उ० भा० ऊष्मणः अघोषाद्रक्तपरात् परं यमम् आहुः। स दोषः। "पृश्निः"। "विष्णुः"। "स्नात्वाः"॥[१]

उ० भा० अ०—अघोषाद्रक्तपरात्='अनुनासिक' है बाद में जिसके ऐसे 'अघोष' 'ऊष्म' (-वर्ण) से; परम्=बाद में; यमम्='यम'[ग] का (को); उच्चारण करते हैं। वह दोष है। (उदाहरण) "पृश्निः"। "विष्णुः"। "स्नात्वाः"।

ऊष्माणं वा घोषिणस्तत्प्रयत्नम् ॥३५॥

सू० अ०—('अनुनासिक' है बाद में जिसके ऐसे) 'सघोष' ('ऊष्म'-वर्ण) से बाद में उसी प्रयत्न वाले 'ऊष्म' (-वर्ण) (अथवा यम' का' उच्चारण करते हैं)।

उ० भा०—घोषिण ऊष्मणो रक्तपरात्परम्; (तत्प्रयत्नम्=) तेन घोषिणा तुल्यप्रयत्नम्; ऊष्माणं वा आहुर्यमम्। स दोषः। तं वर्जयेद् बुधः। "ब्रह्म"। "अह्ना"॥

उ० भा० अ०—'अनुनासिक' है बाद में जिसके ऐसे; घोषिणः='सघोष'; 'ऊष्म' (-वर्ण) से बाद में; (तत्प्रयत्नम्=) उस 'सघोष' ('ऊष्म'-वर्ण) के तुल्य प्रयत्न वाले; ऊष्माणम्='ऊष्म' (-वर्ण) का (को); वा=अथवा, 'यम' का (को) उच्चारण करते हैं। वह दोष है। बुद्धिमान् को उस (दोष) का परित्याग करना चाहिए। (उदाहरण) "ब्रह्म"। "अह्ना"।

टि० (क) तकार (१) 'संयोग' के आदि में है तथा (२) तकार के पूर्व में 'स्वर' भी है। तथापि इसके पूर्व में अतिरिक्त विसर्जनीय का उच्चारण नहीं किया जाता है क्योंकि तकार 'ऊष्म'-वर्ण नहीं अपितु 'स्पर्श'-वर्ण है।

(ख) 'ऊष्म'-वर्ण (सकार) के पूर्व में विसर्जनीय का उच्चारण नहीं किया जाता है क्योंकि इस 'ऊष्म'-वर्ण (सकार) के पूर्व में 'स्वर' नहीं है।

(ग) 'यम' के लिए ६।२९ तथा पृ० ५१ पर टि० (क) को देखिए।

---

[१] ऋ० १०।७१।७

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(विसर्जनीयस्य दोषः) (पूर्वानुवृत्तः)

शुनश्शेपो निष्षपी शास्सि निष्षा-
ळविक्रमा ब्रह्म विष्णुः स्म पृश्निः ॥३६॥

(विसर्जनीय का दोष) (पूर्वानुवृत्त)

सू० अ०— शुनश्शेपः', 'निष्षपी', 'शास्सि', 'निष्षाट्', 'ब्रह्म', 'विष्णुः', 'स्म' 'पृश्निः'--इनमें अपरिवर्तित विसर्जनीय नहीं है (अर्थात् इनमें अपरिवर्तित विसर्जनीय का उच्चारण करना दोष है)।

उ० भा०—शुनश्शेपः, निष्षपी, शास्सि, निष्षाट्, ब्रह्म, विष्णुः, स्म, पृश्निः—इत्येते अविक्रमा भवन्ति। एतेषु विक्रमो विसर्जनीयः स दोषो वर्ज्यः। शुनश्शेपः "शुनश्शेपो यमह्वद् गृभीतः।"[१] निष्षपी—"मा नो मघेव निष्षपी परा दाः।"[२] शास्सि—"प्र पाकं शास्सि प्र दिशो विदुष्टरः।"[३] निष्षाट्—"प्र वां शरद्वान्वृषभो न निष्षाट्"[४]; "अभीदमेकमेको अस्मि निष्षाट्।"[५] ब्रह्म--"ब्रह्म च ते जातवेदो नमश्च।"[६] विष्णुः--"इदं विष्णुर्विचक्रमे।"[७] स्म—"कूटं स्म तृंहदभिमातिमेति।"[८] पृश्निः—"आयं गौः पृश्निरक्रमीत्॥"[९]

उ० भा० अ०—**शुनश्शेपः, निष्षपी, शास्सि, निष्षाट्, ब्रह्म, विष्णुः, स्म, पृश्निः**—ये; **अविक्रमाः**=इनमें अपरिवर्तित विसर्जनीय ('विक्रम') नहीं है। इनमें अपरिवर्तित विसर्जनीय ('विक्रम') (का उच्चारण करना) दोष है। उस दोष का परित्याग करना चाहिए। (उदाहरण) **शुनश्शेपः** --'शुनश्शेपो यमह्वद् गृभीतः।" **निष्षपी**—"मा नो मघेव निष्षपी परा दाः।" **शास्सि** –"प्र पाकं शास्सि प्र दिशो विदुष्टरः।" **निष्षाट्**—प्र वां शरद्वान्वृषभो न निष्षाट्" "अभीदमेकमेको अस्मि निष्षाट्।"

ब्रह्म—"ब्रह्म च ते जातवेदो नमश्च।" **विष्णुः**—"इदं विष्णुर्विचक्रमे।" **स्म**—"कूटं स्म तृंहदभिमातिमेति।" **पृश्निः**—"आयं गौः पृश्निरक्रमीत्।"

(अनुनासिकस्थाने अनुस्वारोच्चारणम्)

स्पर्शोष्मसंधीन्स्पर्शरेफसंधी-
नभिप्रायाँश्च परिपादयन्ति ॥३७॥

(अनुनासिक के स्थान पर अनुस्वार का उच्चारण)

सू० अ०—'स्पर्शोष्म' संधियों को, 'स्पर्शरेफ' संधियों को और विवृत्त्यभिप्रायों को सानुस्वार कर देते हैं।

---

[१] ऋ० १।२४।१२ [२] ऋ० १।१०४।५ [३] ऋ० १।३१।१४
[४] ऋ० १।१८१।६ [५] ऋ० १०।४८।७ [६] ऋ० १०।४।७
[७] ऋ० १।२२।१७ [८] ऋ० १०।१०२।४ [९] ऋ० १०।१८९।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—"चरति चक्रे"[1] इत्येवमादीन्स्पर्शोष्मसंधीन्—"ईकारोकारोपहितः"[2] इति च स्पर्शरेफसंधीन्—"विवृत्त्यभिप्रायेषु च"[3] इति अभिप्रायाँश्च; परिपादयन्ति=एतेष्वनुस्वारं कुर्वन्ति—इत्यर्थः। स दोषः। "ताँस्ते अश्याम।"[4] 'रश्मीँरिव।"[5] "पीवोअन्नाँ रयिवृधः॥"[6]

उ० भा० अ०—"चरति चक्रे" इत्यादि; **स्पर्शोष्मसंधीन्**='स्पर्शोष्म' (-संज्ञक) संधियों[क] को; "ईकार और ऊकार से बाद में स्थित (नकार)" इत्यादि; **स्पर्शरेफसंधीन्**='स्पर्शरेफ' (संज्ञक) संधियों[ख] को; "विवृत्त्यभिप्रायों में"; **अभिप्रायाँश्च**=इन 'अभिप्राय' (-संज्ञक) (विवृत्तियों)[ग] को; **परिपादयन्ति**=इनमें ('अनुनासिक' के स्थान पर) 'अनुस्वार' (का उच्चारण) कर देते हैं। वह दोष है। (उदाहरण) "ताँस्ते अश्याम।" "रश्मीँरिव।" "पीवोअन्नाँ रयिवृधः।"

(ऋकारऋकारयोर्दोषः)

स्वरौ कुर्वन्त्योष्ठ्यनिभौ सरेफौ
तिस्रो मातॄस्त्रीन्पितॄन्यन्नृभिर्नॄन् ॥३८॥

(ऋकार और ॠकार का दोष)

सू० अ०—"तिस्रो मातॄः", "त्रीन् पितॄन्" और "यन्नृभिर्नॄन्" (जैसे स्थलों में) रेफसहित स्वरों (=ऋ और ॠ) का (को) (उच्चारण) (रेफसहित) 'ओष्ठ्य' ('स्वर') (='उ' वर्ण) के समान करते हैं।

उ० भा०—**सरेफौ (स्वरौ)**=ऋ ॠ इत्येतौ; **ओष्ठ्यनिभौ**=उवर्णसदृशौ; **कुर्वन्ति**। स दोषः। "तिस्रो मातॄस्त्रीन्पितॄन्।"[7] "कर्हि स्वित्तदिन्द्र यन्नृभिर्नॄन्॥"[8]

उ० भा० अ०—**सरेफौ (स्वरौ)**=रेफसहित स्वरों का (को)=ऋ और ॠ इन-दो का (को); (उच्चारण); **ओष्ठ्यनिभौ**=(रेफसहित) 'ओष्ठ्य' ('स्वर') के सदृश=(रेफसहित) 'उ' वर्ण के सदृश; **कुर्वन्ति**=करते हैं।[घ] यह दोष है। **तिस्रो मातॄस्त्रीन्पितॄन्।**" "कर्हि स्वित्तदिन्द्र यन्नृभिर्नॄन्।"

टि० (क) 'स्पर्शोष्म'-संज्ञक संधियों के लिए ४।७४-७७ को देखिए।

(ख) 'स्पर्शरेफ'-संज्ञक संधियों के लिए ४।६९-७२ को देखिए।

(ग) विवृत्त्यभिप्रायों के लिए ४।६८ को देखिए।

(घ) अर्थात् 'मातॄः', 'पितॄन्' 'नृभिर्नॄन् का उच्चारण क्रमशः 'मात्रूः', पित्रून्' और "न्रुभिर्न्रून्' कर दिया जाता है।

---

[1] ४।७४ [2] ४।६९ [3] ४।६८
[4] ऋ० ९।९१।५ [5] ऋ० ८।३५।२१ ऋ० ७।९१।३
[7] ऋ० १।१६४।१० [8] ऋ० ६।३५।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अघोषाणां दन्त्यानां दोषः)

दन्त्यान्सकारोपनिभानघोषान्
रथ्यः पृथ्वी पृथिवी त्वा पृथीति ॥३६॥

(अघोष दन्त्य वर्णों के दोष)

सू० अ०—'रथ्यः', 'पृथ्वी', 'पृथिवी', 'त्वा', 'पृथी' इत्यादि में 'अघोष' 'दन्त्य' (वर्णों) का (को) सकार के सदृश (उच्चारण करते हैं)।

उ० भा०—दन्त्यानघोषान् ; सकारोपनिभान्=सकारसदृशान्; कुर्वन्ति । स दोषः । रथ्यः, पृथ्वी, पृथिवी, त्वा, पृथी इत्येवमादिषु । रथ्यः—"असर्जि वक्वा रथ्ये यथाजौ ।"[१] पृथ्वी—"उर्वी पृथ्वी बहुले दूरेअन्ते ।"[२]

इदं विचार्यते—"पृथिवी त्वा" इति त्वाग्रहणं विशेषणार्थं पृथग्ग्रहण वेति । कुतः संदेहः ? प्रायेण थकारे सकारोपनिभो दोषः संलक्ष्यते न तकार इति विशेषणार्थमेके मन्यन्ते । अपरे यदि थकारस्यैव स दोष स्यात्कथं थकारं सकारोपनिभमिति लघीयसा सिद्धे दन्त्यग्रहण-मघोषग्रहणं च करोति । तेन पृथग्ग्रहणं मन्यन्ते ।

पृथिवी—"अदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ।"[३] **त्वा** "यत्त्वा सूर्य स्वर्भानुः ।"[४] **पृथी**—"पृथी यद्वां वैन्यः सादनेषु ॥"[५]

उ० भा० अ०—**रथ्यः, पृथ्वी, पृथिवी, त्वा, पृथी** - इत्यादि में; **दन्त्यानघोषान्**= 'अघोष' 'दन्त्य' (वर्णों=त, थ) का (को); **सकारोपनिभान्**=सकार के सदृश; (उच्चारण) करते हैं। वह दोष है। **रथ्यः**—"असर्जि वक्वा रथ्ये यथाजौ ।" **पृथ्वी**—"उर्वी पृथ्वी बहुले दूरेअन्ते ।"

यह विचार किया जाता है कि "पृथिवी त्वा" में 'त्वा' का (सूत्र में) ग्रहण ('पृथिवी' के) विशेषण के लिए (किया गया है) अथवा पृथक् ग्रहण (किया गया है) ? यह सदेह कैसे ? प्रायः थकार में सकार के समान (उच्चारित होने का दोष) दिखलाई पड़ता है, तकार में नहीं—इसलिये कतिपय (आचार्य) ('त्वा' का ग्रहण) ('पृथिवी' के) विशेषण के लिए मानते हैं। दूसरे (आचार्यों का कहना है कि) यदि (केवल) थकार के (उच्चारण में) ही वह दोष होता तो "थकारं सकारोपनिभम्" (थकार को सकार के सदृश) - इस लघुतर (सूत्र) से सिद्ध होने पर (सूत्रकार) 'दन्त्य' का ग्रहण और 'अघोष' का ग्रहण क्यों करते।[क] इसलिए ('त्वा' का) पृथक् ग्रहण मानते हैं।

पृथिवी—"अदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ।" **त्वा**—"यत्त्वा सूर्य स्वर्भानुः ।" **पृथी**—"पृथी यद्वां वैन्यः सादनेषु ।"

टि० (क) सूत्र में थकार का ग्रहण न करके 'अघोष' और 'दन्त्य' का ग्रहण किया गया है। इसका अभिप्राय है तकार और थकार दोनों को लेना।

---

[१] ऋ० ९।९१।१ [२] ऋ० १।१८५।७ [३] ऋ० १।९४।१६
[४] ऋ० ५।४०।५ [५] ऋ० ८।९।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—"चरति चक्रे"[1] इत्येवमादीन्स्पर्शोष्मसंधीन्—"ईकारोकारोपहितः"[2] इति च स्पर्शरेफसंधीन्—"विवृत्त्यभिप्रायेषु च"[3] इति अभिप्रायाँश्च; परिपादयन्ति=एतेष्वनुस्वारं कुर्वन्ति—इत्यर्थः। स दोषः। "ताँस्ते अश्याम।"[4] 'रश्मीँरिव।"[5] "पीवोअन्नाँ रयिवृधः॥"[6]

उ० भा० अ०—"चरति चक्रे" इत्यादि; **स्पर्शोष्मसंधीन्**='स्पर्शोष्म' (-संज्ञक) संधियोंक को; "ईकार और ऊकार से बाद में स्थित (नकार)" इत्यादि; **स्पर्शरेफसंधीन्**='स्पर्शरेफ' (संज्ञक) संधियोंख को; "विवृत्त्यभिप्रायों में"; **अभिप्रायाँश्च**=इन 'अभिप्राय' (-संज्ञक) (विवृत्तियों)ग को; **परिपादयन्ति**=इनमें ('अनुनासिक' के स्थान पर) 'अनुस्वार' (का उच्चारण) कर देते हैं। वह दोष है। (उदाहरण) "ताँस्ते अश्याम।" "रश्मीँरिव।" "पीवोअन्नाँ रयिवृधः।"

(ऋकारऋकारयोर्दोषः)

स्वरौ कुर्वन्त्योष्ठ्यनिभौ सरेफौ
तिस्रो मातॄस्त्रीन्पितॄन्यन्नृभिर्नॄन् ॥३८॥

(ऋकार और ॠकार का दोष)

सू० अ०—"तिस्रो मातॄः", "त्रीन् पितॄन्" और "यन्नृभिर्नॄन्" (जैसे स्थलों में) रेफसहित स्वरों (=ऋ और ॠ) का (को) (उच्चारण) (रेफसहित) 'ओष्ठ्य' ('स्वर') (='उ' वर्ण) के समान करते हैं।

उ० भा०—**सरेफौ (स्वरौ)**=ऋ ॠ इत्येतौ; **ओष्ठ्यनिभौ**=उवर्णसदृशौ; **कुर्वन्ति**। स दोषः। "तिस्रो मातॄस्त्रीन्पितॄन्।"[7] "कर्हि स्वित्तदिन्द्र यन्नृभिर्नॄन्॥"[8]

उ० भा० अ०—**सरेफौ (स्वरौ)**=रेफसहित स्वरों का (को)=ऋ और ॠ इन-दो का (को); (उच्चारण); **ओष्ठ्यनिभौ**=(रेफसहित) 'ओष्ठ्य' ('स्वर') के सदृश=(रेफसहित) 'उ' वर्ण के सदृश; **कुर्वन्ति**=करते हैं।घ यह दोष है। **तिस्रो मातॄस्त्रीन्पितॄन्।**" "कर्हि स्वित्तदिन्द्र **यन्नृभिर्नॄन्।**"

टि० (क) 'स्पर्शोष्म'-संज्ञक संधियों के लिए ४।७४-७७ को देखिए।

(ख) 'स्पर्शरेफ'-संज्ञक संधियों के लिए ४।६९-७२ को देखिए।

(ग) विवृत्त्यभिप्रायों के लिए ४।६८ को देखिए।

(घ) अर्थात् 'मातॄः', 'पितॄन्' 'नृभिर्नॄन् का उच्चारण क्रमशः 'मात्रूः', 'पित्रून्' और "न्रुभिर्न्रून्' कर दिया जाता है।

---

[1] ४।७४ [2] ४।६९ [3] ४।६८
[4] ऋ० ९।९१।५ [5] ऋ० ८।३५।२१ ऋ० ७।९१।३
[7] ऋ० १।१६४।१० [8] ऋ० ६।३५।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अघोषाणां दन्त्यानां दोषः)

दन्त्यान्सकारोपनिभानघोषान्

रथ्यः पृथ्वी पृथिवी त्वा पृथीति ॥३६॥

(अघोष दन्त्य वर्णों के दोष)

सू० अ०—'रथ्यः', 'पृथ्वी', 'पृथिवी', 'त्वा', 'पृथी' इत्यादि में 'अघोष' 'दन्त्य' (वर्णों) का (को) सकार के सदृश (उच्चारण करते हैं)।

उ० भा०—दन्त्यानघोषान् ; सकारोपनिभान्=सकारसदृशान्; कुर्वन्ति । स दोषः । रथ्यः, पृथ्वी, पृथिवी, त्वा, पृथी इत्येवमादिषु । रथ्यः—"असर्जि वक्वा रथ्ये यथाजौ ।"[१] पृथ्वी—"उर्वी पृथ्वी बहुले दूरेअन्ते ।"[२]

इदं विचार्यते—"पृथिवी त्वा" इति त्वाग्रहणं विशेषणार्थं पृथग्ग्रहण वेति । कुतः संदेहः ? प्रायेण थकारे सकारोपनिभो दोषः संलक्ष्यते न तकार इति विशेषणार्थमेके मन्यन्ते । अपरे यदि थकारस्यैव स दोष स्यात्कथं थकारं सकारोपनिभमिति लघीयसा सिद्धे दन्त्यग्रहण-मघोषग्रहणं च करोति । तेन पृथग्ग्रहणं मन्यन्ते ।

पृथिवी—"अदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ।"[३] **त्वा** "यत्त्वा सूर्य स्वर्भानुः ।"[४] **पृथी**—"पृथी यद्वां वैन्यः सादनेषु ॥"[५]

उ० भा० अ०—**रथ्यः, पृथ्वी, पृथिवी, त्वा, पृथी** - इत्यादि में; **दन्त्यानघोषान्**= 'अघोष' 'दन्त्य' (वर्णों=त, थ) का (को); **सकारोपनिभान्**=सकार के सदृश; (उच्चारण) करते हैं। वह दोष है। **रथ्यः**—"असर्जि वक्वा रथ्ये यथाजौ ।" **पृथ्वी**—"उर्वी पृथ्वी बहुले दूरेअन्ते ।"

यह विचार किया जाता है कि "पृथिवी त्वा" में 'त्वा' का (सूत्र में) ग्रहण ('पृथिवी' के) विशेषण के लिए (किया गया है) अथवा पृथक् ग्रहण (किया गया है) ? यह सदेह कैसे ? प्रायः थकार में सकार के समान (उच्चारित होने का दोष) दिखलाई पड़ता है, तकार में नहीं—इसलिये कतिपय (आचार्य) ('त्वा' का ग्रहण) ('पृथिवी' के) विशेषण के लिए मानते हैं। दूसरे (आचार्यों का कहना है कि) यदि (केवल) थकार के (उच्चारण में) ही वह दोष होता तो "थकारं सकारोपनिभम्" (थकार को सकार के सदृश) - इस लघुतर (सूत्र) से सिद्ध होने पर (सूत्रकार) 'दन्त्य' का ग्रहण और 'अघोष' का ग्रहण क्यों करते।[क] इसलिए ('त्वा' का) पृथक् ग्रहण मानते हैं।

पृथिवी—"अदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ।" **त्वा**—"यत्त्वा सूर्य स्वर्भानुः ।" **पृथी**—"पृथी यद्वां वैन्यः सादनेषु ।"

टि० (क) सूत्र में थकार का ग्रहण न करके 'अघोष' और 'दन्त्य' का ग्रहण किया गया है। इसका अभिप्राय है तकार और थकार दोनों को लेना।

---

[१] ऋ० ९।९१।१ [२] ऋ० १।१८५।७ [३] ऋ० १।९४।१६
[४] ऋ० ५।४०।५ [५] ऋ० ८।९।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ह्रस्वस्वरस्य लोपः, अविद्यमानस्य वा ह्रस्वस्योच्चारणम्)

ऊष्मान्तस्थाप्रत्ययं रेफपूर्वं
ह्रस्वं लुम्पन्त्याहुरथाप्यसन्तम् ।
पुरुषन्ति पुरुवारार्यमाष्ट्र्यां
हरियोजनाय हरियूपीयायाम् ॥४०॥

(ह्रस्वस्वर का लोप अथवा अविद्यमान ह्रस्व स्वर का उच्चारण)

सू० अ०—'ऊष्म' (-वर्ण) बाद में हो और रेफ पूर्व में हो तो 'ह्रस्व' ('स्वर') का (को) लोप कर देते हैं अथवा अविद्यमान भी ('ह्रस्व' 'स्वर') का (को) उच्चारण करते हैं—(इन स्थलों में)—'पुरुषन्तिम्', 'पुरुवार', 'अर्यमा', 'आष्ट्र्याम्', 'हरियोजनाय', 'हरियूपीयायाम्' ।

उ० भा०—(ऊष्मान्तस्थाप्रत्ययम्=) ऊष्मप्रत्ययमन्तःस्थाप्रत्ययं च; रेफपूर्वं ह्रस्वम्; लुम्पन्ति=नाशयन्ति । (अथ=) अथवा; असन्तम्=अविद्यमानम्; ह्रस्वं रेफात्परम्, आहुः=उत्पादयन्ति । तौ दोषौ वर्जयेत् । पुरुषन्तिम्, पुरुवार, अर्यमा, आष्ट्र्याम्, हरियोजनाय, हरियूपीयायाम् एतेषु । पुरुषन्तिम्—"याभिर्ध्वसन्ति पुरुषन्तिमावतम् ।"[१] पुरुवार—"महो रायः पुरुवार प्र यन्धि"[२]; "पुरुवीराभिर्वृषभ क्षितीनाम् ।"[३] अर्यमा—"अर्यमा यातयज्जनः ।"[४] आष्ट्र्याम्—"आष्ट्र्यां पदं कृणुते अग्निधाने ।"[५] हरियोजनाय—"अतक्षद् ब्रह्म हरियोजनाय ।"[६] हरियूपीयायाम्—"वृचीवतो यद्धरियूपीयायाम् ।"[७] अर्यमा आष्ट्र्याम् इत्येतयोरसन्तमाहुरन्येषु लुम्पन्ति ॥

उ० भा० अ०—(ऊष्मान्तस्थाप्रत्ययम्=) 'ऊष्म' (-वर्ण) है बाद में जिसके अथवा 'अन्तःस्था' (-वर्ण) है बाद में जिसके; तथा; रेफपूर्वम्=रेफ है पूर्व में जिसके ऐसे; ह्रस्वम्='ह्रस्व' ('स्वर'-वर्ण) को; लुम्पन्ति=लुप्त कर देते हैं=विनष्ट कर देते हैं।[क] (अथ=) अथवा; रेफ से बाद में; असन्तम्=अविद्यमान; 'ह्रस्व' ('स्वर') को; आहुः=उत्पन्न कर देते हैं।[ख] इन दोनों दोषों का परित्याग करना चाहिए।.....। 'अर्यमा' और 'आष्ट्र्याम्'—इन दो (पदों) में अविद्यमान ('ह्रस्व' 'स्वर'=अ) का उच्चारण करते हैं[ग], अन्य (पदों) में ('ह्रस्व' 'स्वर') का लोप कर देते हैं।[घ]

टि० (क) 'ह्रस्व' 'स्वर' का लोप कर देते हैं यदि (१) बाद में 'ऊष्म'-वर्ण अथवा 'अन्तःस्था'-वर्ण हो और (२) पूर्व में रेफ हो।

(ख) (१) रेफ तथा 'ऊष्म'-वर्ण का 'संयोग' हो अथवा रेफ तथा 'अन्तःस्था'-वर्ण का 'संयोग' हो तो 'संयोग' के मध्य में अतिरिक्त 'ह्रस्व' 'स्वर' का उच्चारण कर देते हैं।

(ग) 'अर्यमा' और 'आष्ट्र्याम्' का उच्चारण 'अरयमा' और 'आष्ट्रयाम्' करते हैं।

(घ) 'पुरुषन्तिम्' इत्यादि का उच्चारण 'पुर्षन्तिम्' इत्यादि करते हैं।

---

[१] ऋ० १।११२।२३ [२] ऋ० ४।२।२० [३] ऋ० ६।३२।४
[४] ऋ० १।१३६।३ [५] ऋ० १०।१६५।३ [६] ऋ० १।६२।१३
[७] ऋ० ६।२७।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ऐकारस्य दोषाः)

ऐयेरित्यैकारमकारमाहुर्
वैयश्वेति क्रमयन्तो यकारम् ॥४१॥

(ऐकार के दोष)

सू० अ०—'ऐयेः' और 'वैयश्व' (जैसे पदों) में यकार का द्वित्व करते हुए ऐकार का (को) अकार उच्चारण करते हैं।

उ० भा०—ऐयेरिति अत्र वैयश्वेति च; (ऐकारमकारमाहुः=) ऐकारस्य स्थानेऽकारमाहुः; परं पकारं क्रमयन्तः। तौ दोषौ। ऐयेः—"हूणीयमानो अप हि मदैयेः।"[१] वैयश्व—"वैयश्वस्य श्रुतं नरा॥"[२]

उ० भा० अ०—ऐयेरिति='ऐयेः' में; और; वैयश्वेति='वैयश्व' में; परवर्ती; यकारं क्रमयन्तः=यकार का (को) द्विरुच्चारण (द्वित्व) करते हुए; ऐकारमकारमाहुः=ऐकार का (का) अकार उच्चारण करते हैं।[क] वे दोनों (यकार का द्वित्व और ऐकार के स्थान पर अकार का उच्चारण) दोष हैं। ऐयेः—"हूणीयमानो अप हि मदैयेः।" वैयश्व—"वैयश्वस्य श्रुतं नरा।"

तदेवान्येषु विपरीतमाहुस्
त रय्या वय्यं च हृदय्ययेति च ॥४२॥

सू० अ०—'(ते) रय्या', 'वय्यम्' और 'हृदय्यया' (जैसे) अन्य (पदों) में उन्हीं (=१४।४१ में निर्दिष्ट दोषों) के विपरीत उच्चारण करते हैं।

उ० भा०—(तदेव=) तद्दोषद्वयम्; अन्येषु पदेषु विपरीतमाहुः। कथम्? अकारस्थान ऐकारमाहुः परं पकारमक्रामयन्तः। तौ दोषौ। ते रय्या, वय्यम् हृदयय्या इत्येवमादिषु। ते रय्या—"ते रय्या सं सृजन्तु नः।"[३] वय्यम्—"परिप्रयन्तं वय्यं सुषंसदम्।"[४] हृदय्यया—"श्रद्धां हृदय्ययाकूत्या॥"[५]

उ० भा० अ०—(तदेव=) उन दोनों दोषों का (को); अन्येषु=अन्य पदों में; (विपरीतमाहुः=) विपरीत उच्चारण करते हैं। कैसे? (उत्तर) परवर्ती यकार का द्वित्व न करते हुए अकार के स्थान में ऐकार का (को) उच्चारण करते हैं। वे दोनों (यकार का द्वित्व न करना और अकार के स्थान पर ऐकार का उच्चारण) दोष हैं। ते रय्या वय्यम् हृदय्यया—इत्यादि में।[ख] ते रय्या—"ते रय्या सं सृजन्तु नः।" वय्यम्—"परिप्रयन्तं वय्यं सुषंसदम्।" हृदय्यया—"श्रद्धां हृदय्ययाकूत्या।"

टि० (क) अर्थात् 'ऐयेः' और 'वैयश्व' के स्थान पर क्रमशः 'अय्येः' और 'वय्यश्व' का उच्चारण करते हैं।

(ख) अर्थात् 'रय्या', 'वय्यम्' और 'हृदय्यया' के स्थान पर क्रमशः 'रैया', 'वैयम्' और 'हृदैयया' का उच्चारण करते हैं।

---

१ ऋ० ५।२।८ २ ऋ० ८।२६।११ ३ ऋ० १०।१९।७
४ ऋ० ९।६८।८ ५ ऋ० ००।१५१।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अकारस्य स्थान ऐकारमाहु-
लुम्पन्ति च सयमीकारमुत्तरम् ।
बह्वक्षरं द्वयक्षरतां नयन्ति
यथोनयोर्ध्वनयीत्कोशयीरिति ॥४३॥

सू० अ०—अकार के स्थान पर ऐकार का (को) उच्चारण करते हैं और परवर्ती ईकार को यकार के सहित लुप्त कर देते हैं। (इस प्रकार) बहुत (=दो से अधिक) अक्षरों (के पद) को दो अक्षरों का बना देता है। जैसे 'ऊनयीः', 'ध्वनयीत्' और 'कोशयीः' (पदों) में।

उ० भा०—येन सह वर्तत इति सयः। तं सयमीकारम्। अकारस्य स्थान ऐकारमाहुः सयमीकारं लुम्पन्ति च। बह्वक्षरं सन्तं द्वयक्षरताम्; नयन्ति=गमयन्ति। एते त्रयश्चत्वारो वा दोषा भवन्ति। ऊनयीः, ध्वनयीत्, कोशयीः इत्येवमादिषु। ऊनयीः—"जरितुः काममूनयीः।"[१] ध्वनयीत्—"मा त्वाग्निर्ध्वनयीद्धूमगन्धिः।"[२] कोशयीः—"दश कोशयीर्दश वाजिनोऽदात् ॥"[३]

उ० भा० अ०—सय=य' के साथ विद्यमान। उस; **सयमीकारम्**=यकार के सहित ईकार को। **अकारस्य स्थान ऐकारमाहुः**=अकार के स्थान पर ऐकार का (को) उच्चारण करते हैं; **सयमीकारं लुम्पति च**=और यकार के सहित ईकार को लुप्त कर देते हैं। (इस प्रकार उच्चारण करके); **बह्वक्षरम्**=बहुत अक्षरों (के पद) को; **द्वयक्षरताम्**=दो अक्षरों का स्वरूप; **नयन्ति**=प्राप्त करा देते हैं; (अर्थात् बहुत अक्षरों के पद को दो अक्षरों का पद बना देते हैं)। ये तीन या चार दोष होते हैं। **ऊनयीः, ध्वनयीत्, कोशयीः**—इत्यादि (पदों) में।[क] **ऊनयीः** "जरितुः काममनयीः।" **ध्वनयीत्** "मा त्वाग्निर्ध्वनयीद्धूमगन्धिः।" **कोशयीः**—'दश कोशयीर्दश वाजिनोऽदात्।"

तदेव चान्यत्र विपर्ययेण
कार्य्य ऐत्वे सयमीकारमाहुः ।
धातोर्बिभेतेर्जयतेर्नियश्चा
भैष्मचाजैष्म नैष्टेति चैषु ॥४४॥

सू० अ०—अन्य पदों में उस सब का विपर्यय करके जहाँ ऐ' (का उच्चारण) करना चाहिए (वहाँ अकार का उच्चारण करके उसके बाद में अविद्यमान) यकार-सहित ईकार का (को) उच्चारण करते हैं। जैसे 'भी', 'जि' और 'नी' धातुओं से निष्पन्न 'अभैष्म' अजैष्म' और 'नैष्ट' (पदों) में (किया जाता है)।

टि० (क) अर्थात् 'ऊनयीः', 'ध्वनयीत्' और 'कोशयीः' के स्थान पर क्रमशः 'ऊनै.', 'ध्वनैत्' और 'कोशैः' का उच्चारण करते हैं।

---

[१] ऋ० १।५३।३ [२] ऋ० १।१६३।१५ [३] ऋ० ६।४७।२२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—**तदेव सर्वत्र च; अन्यत्र**=अन्येषु पदेषु; **(कार्य्ये=) कर्तव्ये; ऐत्वे विपर्ययेण** अकारं कृत्वा **सयमीकारम्** अक्षरमसन्तम् **आहुः**। ते तथैव दोषा भवन्ति। **(धातोर्बिभेतेर्जयतेर्निय श्च=)** भी जि नी इत्येतेषां धातूनां प्रयोगे; **अभैष्म, अजैष्म, नैष्ट** इति यथा। **अभैष्म**—"अभैष्माप तदुच्छतु।"[१] **अजैष्म**—"अजैष्माद्यासनाम च।"[२] **नैष्ट** "दूरं नैष्ट परावतः॥"[३]

उ० भा० अ० **अन्यत्र**=अन्य पदों में; **तदेव विपर्ययेण**=(१४।४३ में विहित) सभी बातों का विपर्यय करके, **(कार्य्ये) ऐत्वे**=जहाँ 'ऐ' (का उच्चारण) करना चाहिए; (वहाँ ऐकार का) अकार (उच्चारण) करके अविद्यमान; **सयमीकारम्**=यकारसहित ईकार 'अक्षर' का (को); **आहुः**=उच्चारण करते हैं। वे उसी प्रकार दोष होते हैं **(जैसा** कि १४।४३ में बतलाया गया था)। जैसे; **(धातोर्बिभेतेर्जयतेर्निय श्च=)** 'भी', 'जि' और 'नि' धातुओं से निष्पन्न; **अभैष्म, अजैष्म** और **नैष्ट** (पदों में किया जाता है)।[क] **अभैष्म**—"अभैष्माप तदुच्छतु।" **अजैष्म**—"अजैष्माद्यासनाम च।" **नैष्ट**—"दूरं नैष्ट परावतः।"

(इकारस्य दोषौ)

इकारस्य स्थान ऋकारमाहु-
र्ॡकारं वा चन्द्रनिर्णिक्सुशिल्पे ॥४५॥

(इकार के दो दोष)

सू० अ०—**'चन्द्रनिर्णिक्' और 'सुशिल्पे'** (इत्यादि) **में इकार के स्थान पर ऋकार अथवा ऌकार का** (को) उच्चारण करते हैं।

उ० भा०—**इकारस्य स्थाने** क्वचिद् ऋकारमाहुश्चन्द्रनिर्णिगित्येवमादिषु। **क्वचिद् ऌकारमाहुः सुशिल्पे** इत्येवमादिषु। **तौ दोषौ लक्षयेत्। चन्द्रनिर्णिक्** "पतरेव चचरा **चन्द्रनिर्णिक्**"; "अतः सहस्रनिर्णिजा।"[४] **शुशिल्पे** "सुशिल्पे बृहती मही॥"[५]

उ० भा० अ० कहीं पर; **इकारस्य स्थाने**=इकार के स्थान पर, **ऋकारमाहुः**=ऋकार का (को) उच्चारण करते हैं; (जैसे) **चन्द्रनिर्णिक्** इत्यादि में। कहीं पर (इकार के स्थान पर) **ऌकारमाहुः**=ऌकार का (को) उच्चारण करते हैं; (जैसे) **सुशिल्पे** इत्यादि में।[ख] उन दोनों पर दृष्टि रखनी चाहिए। **चन्द्रनिर्णिक्**—"पतरेव चचरा चन्द्रनिर्णिक्"; 'अतः सहस्रनिर्णिजा।' **सुशिल्पे**—"सुशिल्पे बृहती मही।"

टि० (क) अर्थात् 'अभैष्म', अजैष्म' और 'नैष्ट' के स्थान पर क्रमशः 'अभयीष्म', 'अजयीष्म' और 'नयीष्ट' का उच्चारण करते हैं।

(ख) अर्थात् 'चन्द्रनिर्णिक्' और 'सुशिल्पे' के स्थान पर क्रमशः 'चन्द्रनृणिक्' और 'सुश्लृल्पे' का उच्चारण करते हैं।

---

१ ऋ० ८।४७।१८ २ ऋ० ८।४७।१८ ३ ऋ० ८।३०।३
४ ऋ० १०।१०६।८ ५ ऋ० ८।८।११ ६ ऋ० ९।५।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ऋकारस्य दोषः)

अनन्तरे तद्विपरीतमाहुस्
तालव्ये शृङ्गे विभृयाद्विचृताः ॥४६॥

(ऋकार का दोष)

सू० अ०—यदि 'तालव्य' (वर्ण) बिना व्यवधान के (पूर्व में अथवा बाद में) हो तो उसके (पूर्व सूत्र में विहित विधान के) विपरीत उच्चारण करते हैं (अर्थात् ऋकार के स्थान पर इकार का उच्चारण करते हैं), (जैसे) 'शृङ्गे' 'बिभृयात्' और 'विचृताः' में।

उ० भा०—अनन्तरे तालव्ये सति—ऋकारात्पूर्वो वा परो वा यदि तालव्यो वर्णो भवति तदा तद् विधानं विपरीतमाहुः यदुक्तमिकारस्य स्थान ऋकारमाहुस्तदिह ऋकारस्य स्थान इकारमाहुः। स दोषो ज्ञेयः। शृङ्गे—"शिशीते शृङ्गे रक्षसे विनिक्षे।"[१] बिभृयात्—"यमीर्यमस्य बिभृयादजामि।"[२] विचृत्ताः—"पाशा आदित्या रिपवे विचृत्ताः॥"[३]

उ० भा० अ०—अनन्तरे तालव्ये='तालव्य' (-वर्ण) के व्यवधान-रहित होने पर=ऋकार से पूर्व में या बाद में यदि 'तालव्य' (-वर्ण) हो तो; तब; तद्=उस (१४।४५ में विहित) विधान के; विपरीतमाहुः=विपरीत उच्चारण करते हैं=जो (१४।४५ में) कहा गया था कि इकार के स्थान पर ऋकार का (को) उच्चारण करते हैं यहाँ ऋकार के स्थान पर इकार का उच्चारण करते हैं। उस दोष को जानना चाहिए। शृङ्गे—"शिशीते शृङ्गे रक्षसे विनिक्षे।" बिभृयात "यमीर्यमस्य बिभृयादजामि।" विचृत्ताः—"पाशा आदित्या रिपवे विचृत्ताः।"क

(अविद्यमानस्य यकारस्योच्चारणम्)

तालुस्थानौ व्यञ्जनादुत्तरश्चे-
दयकारस्तत्र यकारमाहुः।
शुनःशेपः शास्सि ववर्जुषीणा-
मत्के विरप्शीति निदर्शनानि ॥४७॥

(अविद्यमान यकार का उच्चारण)

सू० अ०—यकार को छोड़कर अन्य कोई तालु 'स्थान' वाला वर्ण 'व्यञ्जन' से बाद में हो तो वहाँ (अविद्यमान) यकार का (को) उच्चारण करते हैं। 'शुनःशेपः', 'शास्सि', 'ववर्जुषीणाम्', 'अत्के' और 'विरप्शी' (इस सूत्र के उदाहरण हैं।)

टि० (क) 'बिभृयात्' में ऋकार के बाद में 'तालव्य' वर्ण (यकार) है। 'शृङ्गे' और 'विचृत्ताः' में ऋकार के बाद में 'तालव्य' वर्ण (शकार और चकार) हैं। अतः 'बिभृयात्', 'शृङ्गे' और 'विचृत्ताः' के स्थान पर क्रमशः 'विभियात्', 'शिङ्गे' और 'विचित्ताः' का उच्चारण कर देते हैं।

---

[१] ऋ० ५।२।९ [२] ऋ० १०।१०।९ [३] ऋ० २।२७।१६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—(**अयकारः**=) यकारादन्यः; **तालुस्थानो** वर्णो **व्यञ्जनादुत्तरः**; (**चेत्**=) यदि; भवति तत्र अविद्यमान यकारमाहुः। **शुनःशेपः**—"शुनःशेपो यमह्वद् गृभीतः।"[१] **शास्सि** "प्र पाकं शास्सि प्र दिशो विदुष्टरः।"[२] **ववर्जुषीणाम्** "विशां ववर्जुषीणाम्।"[३] **अत्के**—"आ जामिरत्के अव्यत।"[४] **विरप्शी** "विरप्शी गोमती मही॥"[५]

उ० भा० अ०—**अयकारः**=यकार से अन्य; **तालुस्थानः**=तालु 'स्थान' वाला वर्ण; (**चेत्**=) यदि; **व्यञ्जनादुत्तरः**='व्यञ्जन' से बाद में; हो तो; **तत्र**=वहाँ; अविद्यमान; **यकारमाहुः** यकार का (को) उच्चारण करते हैं। **शुनःशेपः**—"शुनःशेपो यमह्वद् गृभीतः।" **शास्सि**—"प्र पाकं शास्सि प्र दिशो विदुष्टरः।"

ववर्जुषीणाम्—"विशां ववर्जुषीणाम्।" **अत्के**—"आ जामिरत्के अव्यत।" **विरप्शी**—"विरप्शी गोमती मही।"[क]

(विद्यमानस्य यकारस्य वकारस्य वा लोपः)

लुम्पन्ति वा सन्तमेवं य्वकारं
ज्यैष्ठ्याय सम्वारन्नापृच्छ्यमृभ्वा ॥४८॥

(विद्यमान यकार अथवा वकार का लोप)

सू० अ०—अथवा इस प्रकार (अर्थात् 'व्यञ्जन' से बाद में) विद्यमान यकार और वकार का (को) लोप कर देते हैं। (जैसे) 'ज्यैष्ठ्याय' 'सम्वारन्' 'आपृच्छ्यम्' और 'ऋभ्वा' में।

उ० भा० (**वा**=) अथवा; क्वचित्; **एवं सन्तम्**=व्यञ्जनादुत्तरं सन्तम्; (**य्वकारम्**=) यकारं वकारं वा; **लुम्पन्ति**। **ज्यैष्ठ्याय सम्वारन्** अयं वृतवशेन पादैकदेशो द्रष्टव्यः। **आपृच्छ्यम्. ऋभ्वा** इत्येतेषु। **ज्यैष्ठ्याय**—"इन्द्र ज्यैष्ठ्याय सुक्रतो।"[६] **सम्वारन्**—"सम्वारन्नक्रिरस्य मघानि।"[७] **आपृच्छ्यम्** "आपृच्छ्यं धरुणं वाज्यर्षति।"[८] **ऋभ्वा** "पुरुहूतो यः पुरुगूर्त ऋभ्वा॥"[९]

उ० भा० अ०—(**वा**=) अथवा; कहीं पर; एवं **सन्तम्**=इस प्रकार विद्यमान='व्यञ्जन' से बाद में विद्यमान; (**य्वकारम्**=) यकार अथवा वकार का (को); **लुम्पन्ति**=लोप कर देते हैं। (जैसे) **ज्यैष्ठ्याय. सम्वारन्**—'वृत्त' के कारण इसे पाद

टि० (क) किसी 'व्यञ्जन' के बाद में यकार से अन्य कोई 'तालव्य' वर्ण हो तो 'व्यञ्जन' और उस 'तालव्य' वर्ण के मध्य में एक अतिरिक्त यकार का उच्चारण कर दिया जाता है। इसके अनुसार 'शुनःशेपः', 'शास्सि', 'ववर्जुषीणाम्' 'अत्के' और 'विरप्शी' के स्थान पर क्रमशः 'शुनःश्येपः', 'शास्स्यि', 'ववर्ज्युर्ष्यीणाम्', 'अत्क्ये' और 'विरप्श्यीः' का उच्चारण कर दिया जाता है।

---

[१] ऋ० १।२४।१२ [२] ऋ० १।३१।१४ [३] ऋ० १।१३४।६
[४] ऋ० ९।१०१।१४ [५] ऋ० १।८।८ [६] ऋ० १।५।६
[७] ऋ० १०।१३२।३ [८] ऋ० ९।१०७।५ [९] ऋ० ६।३४।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का एक देश समझना चाहिए।[क] **आपृच्छ्यम् ऋभ्वा**- इन (पदों) में। **ज्यैष्ठ्याय**-"इन्द्र ज्यैष्ठ्याय सुक्रतो।" **सम्वारन**—"सम्वारन्नभिरस्य मघानि।" **आपृच्छ्यम्**—"आपृच्छ्यं धरुणं वाज्यर्षति।" **ऋभ्वा**—"पुरुहूतो यः पुरुगूर्त ऋभ्वा।"[ख]

(संयोगस्य स्वरेण व्यवच्छेदः)

व्यस्यन्त्स्वन्तर्महतोऽव्यायतं तं
दीर्घायुः सूर्यो रुशदीर्त ऊर्जम् ॥४६॥

(संयोग का स्वर के द्वारा व्यवच्छेद)

सू० अ०—'दीर्घ' ('स्वर') से बाद में विद्यमान संयुक्त 'व्यञ्जन' को (किसी 'स्वर' के द्वारा) पृथक् कर देते हैं। (जैसे) 'दीर्घायुः', 'सूर्यः', 'रुशदीर्ते' और 'ऊर्जम्' में।

उ० भा० **महतः**=संयोगस्य; अन्तर्भूतम्; **महतः**=दीर्घात् परम्; **अव्यायतम्**=अपृथग्भूतम्=रेफेण संसक्तम् इत्यर्थः। तम्; **अन्तर्व्यस्यन्ति**=रेफात् पृथक् कुर्वन्ति—केनचित्स्वरेण व्यवदधति इत्यर्थः। **दीर्घायुः, सूर्यः, रुशदीर्ते, ऊर्जम्** इत्येवमादिषु। **दीर्घायुः**—"दीर्घायुरस्या यः पतिः।"[१] **सूर्यः**—"सूर्यो नो दिवस्पातु।"[२] **रुशदीत**—"पवमानो रुशदीर्ते पयो गोः।"[३] **ऊर्जम्**—"इषमूर्जं च पिन्वसे॥"

उ० भा० अ०—**महतः**='संयोग' के; अन्तर्भूत; **महतः**='दीर्घ' ('स्वर') से बाद में स्थित। **अव्यायतम्**=अपृथग्भूत=रेफ से मिले हुए ('व्यञ्जन') को—यह अर्थ है। उस ('व्यञ्जन') को; **अन्तर्व्यस्यन्ति**=रेफ के द्वारा पृथक् कर देते हैं=किसी 'स्वर' से व्यवहित कर देते हैं—यह अर्थ है।[ग] **दीर्घायुः, सूर्यः, रुशदीर्ते, ऊर्जम्**—इत्यादि में। **दीर्घायुः**—"दीर्घायुरस्या यः पतिः।" **सूर्यः**—"सूर्यो नो दिवस्पातु।" **रुशदीर्ते**—"पवमानो रुशदीर्ते पयो गोः।" **ऊर्जम्**—"इषमूर्जं च पिन्वसे।"[घ]

टि० (क) छन्दों के 'वृत्त' के लिए १७।३९ को देखिए।

(ख) 'व्यञ्जन' के बाद में विद्यमान यकार अथवा वकार का लोप कर दिया जाता है। इसके अनुसार 'ज्यैष्ठ्याय', 'सम्वारन्', 'आपृच्छ्यम्' और 'ऋभ्वा' का उच्चारण क्रमशः 'जैष्ठाय', 'समारन्', 'आपृच्छम्' और 'ऋभा' कर दिया जाता है।

(ग) संयुक्त वर्ण ('संयोग') को 'स्वर' के द्वारा पृथक् कर देते हैं यदि (१) वह संयुक्त वर्ण 'दीर्घ' 'स्वर' के बाद में हो और (२) उस संयुक्त वर्ण ('संयोग') का एक वर्ण रेफ हो।

(घ) 'दीर्घायुः', 'सूर्यः', 'रुशदीर्ते' और 'ऊर्जम्' का उच्चारण क्रमशः 'दीरघायुः', 'सूरयः', 'रुशदीरते' और 'ऊरजम्' कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया को भाषा-विज्ञान में मध्य-स्वर-आगम (anaptyxis) कहते हैं।

---

[१] ऋ० १०।८५।३९ [२] ऋ० १०।१५८।१ [३] ऋ० ९।९१।३
[४] ऋ० ९।६३।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अन्तःस्थाया लोपो द्विर्भावश्च)

लुम्पन्त्यन्तस्थां क्रमयन्ति वैतां
स्वरात्सस्थानादवरां परां वा ।
स्वस्तयेऽधायि भुवनेयमूवुः ॥५०॥

(अन्तःस्था का लोप और द्विरुच्चारण)

सू० अ०—समान 'स्थान' वाले 'स्वर' से पूर्ववर्ती अथवा परवर्ती 'अन्तःस्था' का (को) लोप कर देते हैं अथवा इसका द्विरुच्चारण (द्वित्व) कर देते हैं। (जैसे) 'स्वस्तये', 'अधायि', 'भुवना', 'इयम्' और 'ऊवुः' में।

उ० भा० लुम्पन्त्यःस्थाम्; (वा=) अथवा; क्रमयन्त्येतां सस्थानात् स्वरात्; अवराम्=पूर्वाम्; परां वा। लोपो द्विर्भावश्चेति तौ दोषौ परिहरेत्। स्वस्तये, अधायि, भुवना, इयम्, ऊवुः इत्येवमादिषु। स्वस्तये—"स्वस्तये वायुमुप ब्रवामहै।"[1] अधायि—"उप प्रागात्सुमन्मेऽधायि मन्मः।"[2] भुवना—"तं संप्रश्नं भुवना यन्त्यन्या।"[3] इयम्—"इय शुष्मेभिर्बिसखाइवारुजत्।" ऊवुः—"इन्द्रायार्कमहिहत्य ऊवुः॥"[4]

उ० भा० अ० सस्थानात् स्वरात्=समान 'स्थान' वाले 'स्वर' से; अवराम्=पूर्व वाले; परां वा=अथवा बाद वाले; लुम्पन्त्यन्तःस्थाम्='अन्तःस्था' का (को) लोप कर देते हैं; (वा=) अथवा; क्रमयन्त्येताम्=इस ('अन्तःस्था') का (को) द्विरुच्चारण (द्वित्व) कर देते हैं। लोप और द्विरुच्चारण (द्वित्व)—इन दोनों दोषों का परिहार करना चाहिए। स्वस्तये, अधायि, भुवना, इयम्, ऊवुः—इत्यादि में।[क] स्वस्तये "स्वस्तये वायुमुप ब्रवामहै।" अधायि "उप प्रागात्सुमन्मेऽधायि मन्मः।" भुवना "तं संप्रश्नं भुवना यन्त्यन्या।" इयम् "इयं शुष्मेभिर्बिसखाइवारुजत्।" ऊवुः—"इन्द्रायार्कमहिहत्य ऊवुः।"

(अनुनासिकस्य ह्रस्वस्य दीर्घत्वम्)

रक्तं ह्रस्वं द्राघयन्त्युग्रँ ओकः ॥५१॥

(अनुनासिक ह्रस्व स्वर का दीर्घत्व)

सू० अ०—'अनुनासिक' ('रक्त') 'ह्रस्व' ('स्वर') को 'दीर्घ' कर देते हैं। (जैसे) "ऊग्रँ ओकः" में।

उ० भा० रक्तं ह्रस्वम्; (द्राघयन्ति=) दीर्घं कुर्वन्ति। स दोषः। "ऊग्रँ ओकः" इति यथा। "विश्वेदहानि तविषीव उग्रँ ओकः।"[6] "यथा प्रसूता सवितुः सवायैव॥"[7]

टि० (क) अर्थात् 'स्वस्तये', 'अधायि', 'भुवना', 'इयम्' और 'ऊवुः' का ऊच्चारण या तो क्रमशः 'स्वस्ते' 'अधाइ', 'भुअना', 'इअम्' और 'ऊउः' किया जाता है अथवा 'स्वस्तय्ये', 'अधाय्यि', 'भुव्वना', इय्यम्' और 'ऊव्वुः' किया जाता है।

---

[1] ऋ० ५।५१।१२ [2] ऋ० १।१६२।७ [3] ऋ० १०।८२।३
[4] ऋ० ६।६१।२ [5] ऋ० १।६१।८ [6] ऋ० ७।२५।४ [7] ऋ० १।११३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**रक्तं ह्रस्वम्**='अनुनासिक' 'ह्रस्व' ('स्वर') को; (**द्राघयन्ति**=) 'दीर्घ' कर देते हैं। वह दोष है। जैसे "उग्रँ ओकः" में। (उदाहरण) "विश्वेदहानि तविषीव उग्रँ ओकः।" "यथा प्रसूता सवितुः सवायँ एव।"क

(अविद्यमानस्य ऊष्मण उच्चारणम्)

हकारसोष्मोपहिताद्यकारा-
द्वकाराद्वा सर्वसोष्मोष्मपूर्वात्।
तत्सस्थानं पूर्वमूष्माणमाहु-
स्तुच्छ्यान्दध्या आपृच्छ्यमृभ्वा ह्वयेऽह्यः ॥५२॥

(अविद्यमान ऊष्म-वर्ण का उच्चारण)

सू० अ०—हकार अथवा 'सोष्म' (-वर्ण) (aspirate) से बाद में विद्यमान यकार तथा किसी भी 'सोष्म' (-वर्ण) (aspirate) अथवा 'ऊष्म' (-वर्ण) (breathing) से बाद में विद्यमान वकार से पूर्व में उनके समान 'स्थान' वाले 'ऊष्म' (-वर्ण) (breathing) का उच्चारण करते हैं। (जैसे) 'तुच्छ्यान्', दध्याः', 'आपृच्छ्यम्', 'ऋभ्वा', 'ह्वये' और 'अह्यः' में।

उ० भा०—(**हकारसोष्मोपहितात्**=) हकारेण सोष्मभिश्चोपहितात्; यकाराद्-**वकाराद्वा**; (**सर्वसोष्मोष्मपूर्वात्**=) सर्वैरूष्मभिः सोष्मभिश्चोपहितात्; पूर्वम्; (**तत्सस्थानम्**=) तेषां समानस्थानम्; ऊष्माणमाहुः। स दोषः। तुच्छ्यान्, दध्याः, आपृच्छ्यम्, ऋभ्वा, ह्वये, अह्यः इत्येवमादिषु। **तुच्छ्यान्**—"तुच्छ्यान्कामान्करते सिष्विदानः।"[१] **दध्याः**—"पश्चा स दध्या यो अघस्य धाता।"[२] **आपृच्छ्यम्**—"आपृच्छ्यं धरुणं वाज्यर्षति।"[३] **ऋभ्वा**—"पुरुहूतो यः पुरुगूर्त ऋभ्वा।"[४] **ह्वये**—"तत्र देवाँ उप ह्वये।"[५] **अह्यः**—"शतचक्रं योऽह्यो वर्तनिः॥"[६]

उ० भा० अ०—(**हकारसोष्मोपहितात्**) **यकारात्**=हकार और 'सोष्म' (-वर्ण) से उपहित यकार से; (**सर्वसोष्मोष्मपूर्वात्**) **वकारात्**=सभी (अर्थात् किसी भी) 'ऊष्म' (-वर्ण) और 'सोष्म' (-वर्ण) से उपहित वकार से; **पूर्वम्**=पूर्व में; (**तत्सस्थानम्**=) उनके (पूर्ववर्ती हकार, 'सोष्म'-वर्ण और 'ऊष्म'-वर्ण के) समान 'स्थान' वाले; **ऊष्माणमाहुः**='ऊष्म' (-वर्ण) का (को) उच्चारण करते हैं। वह दोष है। **तुच्छ्यान्, दध्याः, आपृच्छ्यम्, ऋभ्वा, ह्वये** और **अह्यः**—इत्यादि में। **तुच्छ्यान्**—"तुच्छ्यान्कामान्करते सिष्विदानः।" **दध्याः**—"पश्चा स दध्या यो अघस्य धाता।" **आपृच्छ्यम्**—"आपृच्छ्यं

टि० (क) "उग्रँ ओकः" तथा "सवायँ एव" का उच्चारण "उग्राँ ओकः" तथा "सवायाँ एव" कर दिया जाता है।

---

[१] ऋ० ५।४२।१०
[२] ऋ० १।१२३।५
[३] ऋ० ९।१०७।५
[४] ऋ० ६।३४।२
[५] ऋ० १।१३।१२
[६] ऋ० १०।१४४।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धरुणं वाज्यर्षति।" **ऋभ्वा**—"पुरुहूतो यः पुरुगूर्त ऋभ्वा।" **ह्वये**—"तत्र देवाँ उपह्वये।" **अह्यः**—"शतचक्रं योऽह्यो वर्तनिः।"क

(अधिकयमस्योच्चारणम्)

पकारवर्गोपहिताच्च रक्ताद्-
न्यं यमं तृष्णुताप्नानमौभ्नात् ॥५३॥

(अतिरिक्त यम का उच्चारण)

सू० अ०—**पवर्ग (पकारवर्ग) (के किसी 'व्यञ्जन') से बाद में स्थित 'अनुनासिक' से (पूर्व में) अतिरिक्त (अन्य) 'यम' का (को) (उच्चारण करते हैं)।** (जैसे) 'तृष्णुत', 'आप्नानम्' और 'औभ्नात्' में।

उ० भा०—(**पकारवर्गोपहितात्**=) पकारवर्गेणोपहितात्; **रक्तात्**—अनुनासिकात्; पूर्वम्; **अन्यं यमम्** अधिकमाहुः। **तृष्णुत, आप्नानम् औभ्नात् इत्येवमादिषु। स दोषो वर्जयितव्यः। तृष्णुत**—'समु तृष्णुत ऋभवः।'[१] **आप्नानम्**—'आप्नानं तीर्थं क इह प्र वोचत्।'[२] **औभ्नात्**—'दृळहा न्यौभ्नादुशमान ओजः॥'[३]

उ० भा० अ०—(**पकारवर्गोपहितात्**=) पकारवर्ग से उपहित (=पवर्ग के किसी वर्ण से बाद में विद्यमान); **रक्तात्**='अनुनासिक' से; पूर्व में **अन्यं यमम्**=अन्य अर्थात् एक अधिक 'यम' का (को); उच्चारण करते हैं।ख **तृष्णुत, आप्नानम्, औभ्नात्** इत्यादि में। उस दोष का परित्याग करना चाहिए। **तृष्णुत**—"समु तृष्णुत ऋभवः।" **आप्नानम्**—"आप्नानं तीर्थं क इह प्र वोचत्।" **औभ्नात्** "दृळहा न्यौभ्नादुशमान ओजः।"

(स्वरोपधादनुनासिकात्पूर्वमनुस्वारस्योच्चारणम्, उपधाया अन्यवर्णत्वं वा)

अनुस्वारमुपधां वान्यवर्णं
स्वरोपधात्सोष्मयमोदयश्चेत्।
तड् घ्नन्त्यञ्जो जड्घ्नत ईङ्खयन्तीः
सञ्जातरूपोऽथ सञ्जानमिन्द्रः ॥५४॥

(स्वर से परवर्ती अनुनासिक से पूर्व में अनुस्वार का उच्चारण अथवा उपधा का अन्य वर्ण में परिवर्तन)

टि० (क) अर्थात् 'तुच्छ्यान्', 'दघ्याः', 'आपृच्छ्यम्' 'ऋभ्वा', 'ह्वये' और 'अह्यः' के स्थान पर क्रमशः 'तुच्छ्श्यान्', 'दघ्र्क्यान्', 'आपृच्छ्श्यम्', 'ऋभ्र्क्वा', 'ह्र्ह्वये' और 'अह्र्ह्यः' का उच्चारण कर दिया जाता है।

(ख) अर्थात् एक 'यम' का उच्चारण तो ६।२९ के अनुसार वहाँ नियम से प्राप्त है किंतु कुछ लोग यहाँ एक अतिरिक्त 'यम' का भी उच्चारण कर देते हैं। द्वितीय 'यम' का उच्चारण दोष है।

---

[१] ऋ० १।११०।१ [२] ऋ० १०।११४।७ [३] ऋ० ४।१९।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सू० अ०—'स्वर' है पूर्व में जिसके (ऐसे 'अनुनासिक' से पूर्व में) 'अनुस्वार' का (को) (उच्चारण कर देते हैं) या पूर्ववर्ती ('स्वर') को अन्य वर्ण में (परिवर्तित कर देते हैं), यदि ('अनुनासिक' के) बाद में 'सोष्म'(-वर्ण) या 'यम' हो।

उ० भा०—'तत्सस्थानं पूर्वम्'[१] इत्यतः पूर्वमित्यनुवर्तते। "पकारवर्गोपहिताच्च रक्तात्"[२] इत्यतो रक्तादिति वर्तते। **स्वरोपधात्** रक्तात्पूर्वम् **अनुस्वारम्** आहुः। **उपधां वान्यवर्णाम्**। तौ दोषौ परिहरेत्। स रक्तः; (**सोष्मयमोदयाः**=) सोष्मोदयो वा यमोदयो वा; (**चेत्**=) यदि; भवति। **तङ् घ्नन्ति, अञ्ज्मः, जङ्घ्नतः, ईङ्खयन्तीः, सञ्ज्ञातरूपः, सञ्ज्ञानमिन्द्रः** इत्येवमादिषु। **तङ् घ्नन्ति**—"नकिष्टङ् घ्नन्त्यन्तितो न दूरात्।"[३] **अञ्ज्मः**—"गोभिरञ्ज्मो मदाय कम्।"[४] **जङ्घ्नतः**—"पवमानस्य जङ्घ्नतः।"[५] **ईङ्खयन्तीः**—"ईङ्खयन्तीरपस्युवः।"[६] **सञ्ज्ञातरूपः**—"सञ्ज्ञातरूपश्चिकेतदस्मै।"[७] **सञ्ज्ञानमिन्द्रः**—"सञ्ज्ञानमिन्द्रश्चाग्निश्च।"[८] एषा योजना ये रक्तात्पूर्वमनुस्वारं कुर्वन्ति तेषाम्।

ये न कुर्वन्ति ते पूर्वग्रहणं निवर्त्य **स्वरोपधात्** रक्तात्परम् **अनुस्वारम्** आहुः **उपधां वान्यवर्णां** कुर्वन्तीति योजना कर्तव्या।

केचिद्रक्तमेवानुस्वारमाहुः। तैरेवमयं योगः परिवर्तितव्यः। **अनुस्वारमुपधां वान्यवर्णां स्वरोपधं सोष्मयमोदयश्चेत्** इति। अस्मिन् पक्षे स्वरोपधं रक्तमनुस्वारं कुर्वन्तीति योजना कर्तव्या। तान्येवोदाहरणानि॥

उ० भा० अ—"पूर्व में उनके समान 'स्थान' वाला" (सूत्र=१४।५२ से) "पूर्व में (पूर्वम्)" की अनुवृत्ति हो रही है। "पवर्ग (के किसी वर्ण) से बाद में विद्यमान 'अनुनासिक' से (पूर्व में)" इस (सूत्र=१४।५३ से) "'अनुनासिक' से (रक्तात्)" की अनुवृत्ति हो रही है। **स्वरोपधात्**='स्वर' से बाद में स्थित; 'अनुनासिक' ('रक्त') से पूर्व में; **अनुस्वारम्**='अनुस्वार' का (को); उच्चारण करते हैं। **उपधां वान्यवर्णाम्**=अथवा पूर्ववर्ती ('स्वर') को अन्य वर्णों में (परिवर्तित कर देते हैं)। इन दोनों दोषों का परिहार करना चाहिए। (**चेत्**=) यदि वह 'अनुनासिक' ('रक्त'); (**सोष्मयमोदयः**=) ('सोष्म'(-वर्ण) है बाद में जिसके अथवा 'यम' है बाद में जिसके ऐसा होवे।[क] **तङ् घ्नन्ति, अञ्ज्मः, जङ्घ्नतः, ईङ्खयन्तीः, सञ्ज्ञातरूपः, सञ्ज्ञानमिन्द्रः**—इत्यादि में। **तङ्**

टि० (क) 'अनुनासिक' से पूर्व में 'अनुस्वार' का उच्चारण करते हैं अथवा पूर्ववर्ती 'स्वर' को अन्य वर्ण में परिवर्तित कर देते हैं यदि (१) 'अनुनासिक' से पूर्व में 'स्वर' हो और (२) 'अनुनासिक' से बाद में 'सोष्म'-वर्ण हो अथवा 'यम' हो। इस प्रकार 'तङ घ्नन्ति', 'अञ्ज्मः', 'जङ्घ्नतः' 'ईङ्खयन्तीः', 'सञ्ज्ञातरूपः' और 'सञ्ज्ञानमिन्द्रः' का उच्चारण क्रमशः 'तंङ्घ्नन्ति', 'अंञ्ज्मः', 'जंङ्घ्नतः', 'ईंङ्खयन्तीः', 'संञ्ज्ञातरूप' और 'संञ्ज्ञानमिन्द्रः' कर दिया जाता है।

---

[१] १४।५२ [२] १४।५३ [३] ऋ० २।२७।१३
[४] ऋ० ९।४५।३ [५] ऋ० ९।६६।२५ [६] ऋ० १०।१५३।१
[७] ऋ० १।६९।५ [८] ऋ० खि० १०।१९१।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घनन्ति—"नकिष्टङ् घनन्त्यन्तितो न दूरात् ।" **अञ्जमः**—"गोभिरञ्जमो मदाय कम् ।" **जङ्घ्नतः** "पवमानस्य जङ्घनतः ।" **ईङ्खयन्तीः**—"ईङ्खयन्तीरपस्युवः ।" **सञ्ज्ञातरूपः**—"सञ्ज्ञातरूपश्चिकेदस्मै ।" **सञ्ज्ञानमिन्द्रः**—"सञ्ज्ञानमिन्द्रश्चाग्निश्च ।" यह योजना उन (लोगों) के लिए है जो 'अनुनासिक' ('रक्त') से पूर्व में 'अनुस्वार' (का उच्चारण) करते हैं ।

जो ('अनुनासिक' से पूर्व में 'अनुस्वार' का उच्चारण) नहीं करते हैं उनके मत को अपनाते हुए (१४।५२ से अनुवृत्त) 'पूर्व' शब्द की निवृत्ति करके—**स्वरोपधात्**='स्वर' से बाद में स्थित; 'अनुनासिक' से बाद में; **अनुस्वारम्**='अनुस्वार' का (को) उच्चारण करते हैं; **उपधां वान्यवर्णाम्**=अथवा पूर्ववर्ती ('स्वर') को अन्य वर्ण (में परिवर्तित) कर देते हैं—यह योजना करनी चाहिए ।[क]

कुछ लोग 'अनुनासिक' का (को) ही 'अनुस्वार' उच्चारण करते हैं। उनके अनुसार इस सूत्र को इस प्रकार परिवर्तित कर लेना चाहिए—**"अनुस्वारमुपधां वान्यवर्णं स्वरोपधं सोष्मयमोदयश्चेत् ।"** इस पक्ष में " स्वर' के बाद में विद्यमान 'अनुनासिक' का (को) 'अनुस्वार' (उच्चारण) करते हैं"—यह योजना कर लेनी चाहिए । उदाहरण वे ही हैं ।[ख]

(अनुनासिकात्परस्य वर्णस्य द्विरुच्चारणम्)

सान्तस्थादौ धारयन्तः परक्रमं
शर्मन्स्यामास्मिन्सु जनाञ्छ्वधीयतः ॥५५॥

(अनुनासिक से परवर्ती वर्ण का द्विरुच्चारण)

सू० अ०—अन्तःस्थासहित ('संयोग') के आदि में ('अनुनासिक' के उच्चारण को) विलम्ब से करते हुए परवर्ती ('व्यञ्जन') का द्विरुच्चारण (द्वित्व) (कर देते हैं) । (जैसे) 'शर्मन्स्याम', 'अस्मिन्सु (स्व्)' और 'जनाञ्छ्वधीयतः' (में) ।

उ० भा० (सान्तस्थादौ=) सान्तःस्थस्य संयोगस्यादौ; रक्तं धारयन्तः= विलम्बमानाः; परक्रमं कुर्वन्ति । शर्मन्स्याम, अस्मिन्सु, जनाञ्छ्वधीयतः इति यथा । शर्मन्स्याम—"शर्मन्स्याम मरुतामुपस्थे ।"[१] **अस्मिन्सु**—"अस्मिन्स्वेतच्छकपूत एनः ।"[२] **जनाञ्छ्वधीयतः** "सं यावप्नस्थो अपसेव जनाञ्छ्वधीयतः ॥"[३]

टि० (क) इस प्रकार 'तङ् घनन्ति', 'अञ्जमः', 'जङ्घनतः', 'ईङ्खयन्तीः', 'सञ्ज्ञातरूपः' और 'सञ्ज्ञानमिन्द्रः' का उच्चारण क्रमशः 'तङं घनन्ति', 'अञ्ंजमः' 'जङं घनतः', 'ईङंखयन्तीः', सञ्ं ज्ञातरूपः' और 'सञ्ं ज्ञानमिन्द्रः' कर दिया जाता है ।

(ख) इस प्रकार 'तङ् घनन्ति', 'अञ्जमः', 'जङ्घनतः', ईङ्खयन्तीः'. 'सञ्ज्ञातरूपः' और 'सञ्ज्ञानमिन्द्रः' का उच्चारण क्रमशः 'तं घनन्ति', 'अंजमः', 'जंघनतः', 'ईंखयन्तीः', 'संज्ञातरूपः' और 'संज्ञानमिन्द्रः' कर दिया जाता है ।

---

१ ऋ० ७।३४।२५ २ ऋ० १०।१३२।५ ३ ऋ० ६।६७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(**सान्तस्थादौ**=) अन्तस्थासहित 'संयोग' के आदि में; 'अनुनासिक' ('रक्त') को; **धारयन्तः**=धारण करते हुए=विलम्ब से उच्चारण करते हुए; **परक्रमम्**=परवर्ती ('व्यञ्जन') का द्वित्व; कर देते हैं। जैसे—**शर्मन्स्याम**, **अस्मिन्सु** और **जनाञ्छ्धीयतः** में।[क] **शर्मन्स्याम**—"शर्मन्स्याम मरुतामुपस्थे।" **अस्मिन्सु**—"अस्मिन्स्वेतच्छकपूत एनः।" **जनाञ्छ्धीयतः**—"सं यावप्नस्यो अपसेव जनाञ्छ्धीयतः।"

(अनुनासिकैः स्वराणामनुनासिकता)

रक्तैः रागः समवाये स्वराणां
न नूनं नृम्णं नृमणा नृभिर्नॄन् ॥५६॥

(अनुनासिक वर्णों के द्वारा स्वरों की अनुनासिकता)

सू० अ०—'अनुनासिक' (व्यञ्जनों) के साथ सम्बन्ध होने पर स्वरों की अनुनासिकता ('राग') (कर दी जाती है)। जैसे 'न नूनम्', 'नृम्णम्', 'नृमणाः' और 'नृभिर्नॄन्' में।

उ० भा०—**रक्तैः समवाये स्वराणां रागः क्रियते। न नूनम्, नृम्णम्, नृमणाः, नृभिर्नॄन् इत्येवमादिषु। न नूनम्** "न नूनमस्ति नो श्वः।"[१] **नृम्णम्**—"नृम्णं तद्धत्तमश्विना।"[२] **नृमणाः**—"नृमणा वीरपत्न्यः।"[३] **नृभिर्नॄन्**—"कर्हि स्वित्तदिन्द्र यन्नृभिर्नॄन्॥"[४]

उ० भा० अ०—**रक्तैः समवाये**='अनुनासिक' (व्यञ्जनों) के साथ सम्बन्ध होने पर; **स्वराणां रागः**='स्वर' (-वर्णों) की अनुनासिकता; कर दी जाती है। **न नूनम्, नृम्णम्, नृमणाः, नृभिर्नॄन्**—इत्यादि में।[ख] **न नूनम्**—"न नूनमस्ति नो श्वः।" **नृम्णम्**—"नृम्णं तद्धत्तमश्विना।" **नृमणाः**—"नृमणा वीरपत्न्यः।" **नृभिर्नॄन्**—"कर्हि स्वित्तदिन्द्र यन्नृभिर्नॄन्।"

(अनुनासिकात्परस्य हकारस्य सोष्मत्वम्)

रक्तात्तु सोष्मा क्रियते हकारो
दध्यङ् ह देवान्हवते महान्हि ॥५७॥

(अनुनासिक से परवर्ती हकार का सोष्म हो जाना)

सू० अ०—'अनुनासिक' से बाद में विद्यमान हकार को 'सोष्म' (-वर्ण) (aspirate) कर दिया जाता है। (जैसे) 'दध्यङ् ह', 'देवान्हवते' और 'महान्हि' में।

टि० (क) इस प्रकार 'शर्मन्स्याम', 'अस्मिन्सु (स्व)' और 'जनाञ्छ्धीयतः' का उच्चारण क्रमशः 'शर्मन्स्स्याम', 'अस्मिन्स्सु (स्व्)' और 'जनाञ्छ्छ्धीयतः' किया जाता है।

(ख) 'न नूनम्', 'नृम्णम्', 'नृमणाः' और 'नृभिर्नॄन्' का उच्चारण क्रमशः 'नँ नूँनँम्', 'नृँम्णँम्', 'नृँमँणाः' और नृँभिनृँन्" कर दिया जाता है।

---

[१] ऋ० १।१७०।१ [२] ऋ० ८।९।२ [३] ऋ० ५।५०।४ [४] ऋ० ६।३५।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—रक्तात् परो हकारः सोष्मा क्रियते। दध्यङ् ह, देवान्हवते, महान्हि इत्येवमादिषु। दध्यङ् ह—"दध्यङ् ह मे जनुषम्।"[१] देवान्हवते—"देवान् हवत ऊतये।"[२] महान्हि—"दक्षसो महान्हि षः॥"[३]

उ० भा० अ०—**रक्तात्**='अनुनासिक' से परवर्ती; **हकारः सोष्मा क्रियते**=हकार को 'सोष्म' (-वर्ण) (aspirate) कर दिया जाता है। **दध्यङ् ह, देवान्हवते, महान्हि** इत्यादि में।[क] **दध्यङ् ह**,—"दध्यङ् ह मे जनुषम्।" **देवान्हवते**—"देवान् हवत ऊतये।" **महान्हि**—"दक्षसो महान्हि षः।"

(संयोगानां चत्वारो दोषाः)

संयोगानां स्वरभक्त्या व्यवायो
विक्रमणं क्रमणं वायथोक्तम्।
विपर्ययो वा व्यत तिल्विलेऽज्म-
न्द्रप्सोऽजुषन्त्सार्ञ्जयोऽष्ट्रां प्र नेष्ट्रात् ॥५८॥

(संयोगों के चार दोष)

सू० अ०—(कहीं पर) संयुक्त वर्णों ('संयोग') का **'स्वरभक्ति'** से पृथक्करण (कर दिया जाता है)। (कहीं पर) द्वित्व का अभाव (विक्रमण) और (कहीं पर) नियम से अप्राप्त द्वित्व (क्रमण) (कर दिया जाता है)। (कहीं पर) विद्यमान **'स्वर-भक्ति'** का अनुच्चारण (विपर्यय) (कर दिया जाता है)। (ये उदाहरण हैं) **'व्यत'**, **'तिल्विले'**, **'अज्मन्'**, **'द्रप्सः'**, **'अजुषन्'**, **'सार्ञ्जयः'**, **'अष्ट्राम्'**, **'प्र'** और **'नेष्ट्रात्'**।

उ० भा०—**संयोगाना क्वचिदविद्यमानया स्वरभक्त्या व्यवायः क्रियते। संयोगस्य मध्ये क्वचित्स्वरमुत्पादयन्ति-इत्यर्थः। क्वचित् विक्रमणम्। विक्रमण नामद्विर्वचनाभावः। क्वचिच्च अयथोक्तं क्रमणं क्रियते। क्वचित् विपर्ययः। विपर्ययो नाम=विद्यमानां स्वरभक्तिं न कुर्वन्ति—इत्यर्थः। इमे चत्वारो दोषाः संयोगस्य भवन्ति। तान्वर्जयेत्।**

उ० भा० अ०—कहीं पर; **संयोगानाम्**=संयुक्त वर्णों का; अविद्यमान; **स्वरभक्त्या व्यवायः**='स्वरभक्ति' से पृथक्करण; कर दिया जाता है=कहीं पर संयुक्त वर्णों के मध्य में 'स्वर' को उत्पन्न (उच्चारित) कर देते हैं—यह अर्थ है। कहीं पर; **विक्रमणम्**=विक्रमण (कर दिया जाता है)। विक्रमण=द्वित्व का अभाव। कहीं पर; **अयथोक्तं क्रमणम्**=नियम से अप्राप्त द्वित्व; कर दिया जाता है। कहीं पर; **विपर्ययः**=विपर्यय (कर दिया जाता है)। विपर्यय=विद्यमान 'स्वरभक्ति' का (को) (उच्चारण) नहीं करते हैं—यह अर्थ है। ये चार दोष संयुक्त वर्णों ('संयोग') के होते हैं। उनका परित्याग करना चाहिए।

टि० (क) अर्थात् 'दध्यङ् ह', 'देवान्हवते' और 'महान्हि' का उच्चारण क्रमशः 'दध्यङ् घ', 'देवान्धवते' और 'महान्धि' कर दिया जाता है।

---

[१] ऋ० १।१३९।९ [२] ऋ० १।१०५।१७ [३] ऋ० ८।१३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—व्यत इत्यत्र विक्रमणम् । तिल्विले, अज्मन् इत्येतयोर्द्वित्वाभिधानमकृत्वा अतीर्थोषिता उच्चारयन्ति । तत्र स्वरभक्त्या व्यवाय इव भवति । द्रप्सः विक्रमणमेव । अजुष्यन् इत्यत्र षकारात्परं टकारमिव किञ्चिदुत्पाद्यायथोक्तं क्रमणं कुर्वन्ति । साऱ्ज्र्यः इत्यत्र विपर्ययः । अष्ट्राम्, प्र, नेष्ट्रात् इत्येतेषु च क्रमणमेव ।

व्यत—"शूरो यो युत्सु तन्वं परिव्यत ।"[१] तिल्विले "भद्रे क्षेत्रे निमिता तिल्विले वा ।"[२] अज्मन्—"विश्वो वो अज्मन्भयते वनस्पतिः ।"[३] द्रप्सः "द्रप्सश्चस्कन्द प्रथमाँ अनु द्यून् ।"[४] अजुष्यन्—"स्वसारः श्यावीमरुषीमजुष्यन् ।"[५] साऱ्ज्र्यः "भरद्वाजान्साऱ्ज्र्यो अभ्ययष्ट ।"[६] अष्ट्राम्—"अष्ट्रां पूषा शिथिरामुद्वरीवृजत् ।"[७] प्र—"प्र देवं देव्या धिया ।"[८] नेष्ट्रात् "नेष्ट्रात्सोमं द्रविणोदः पिब ऋतुभिः ।।"[९]

उ० भा० अ० (परि) 'व्यत, में द्वित्व का अभाव (विक्रमण) (कर दिया जाता है) ।[क] गुरु-मुख से उच्चारण न सीखने वाले लोग **तिल्विले** और **अज्मन्** में द्वित्व का कथन न करते हुए उच्चारण करते हैं । वहाँ 'स्वरभक्ति' से पृथक्करण-सा हो जाता है ।[ख] **द्रप्सः** में द्वित्व का अभाव ही (कर दिया जाता है) ।[ग] **अजुष्यन** में षकार से बाद में कुछ टकार सा करके नियम से अप्राप्त द्वित्व का (को) (उच्चारण) करते हैं । **साऱ्ज्र्यः** में विपर्यय है (अर्थात् विद्यमान 'स्वरभक्ति' का उच्चारण नहीं किया जाता है) ।[घ] **अष्ट्राम्** प्र, **नेष्ट्रात्**—इनमें द्वित्व ही (कर दिया जाता है) ।[ङ]·····।

टि० (क) ६।१ से वकार का द्विरुच्चारण होना चाहिए । किन्तु कुछ लोग यहाँ वकार का द्विरुच्चारण नहीं करते हैं ।

(ख) ६।१ से 'तिल्विले' और 'अज्मन्' के लकार और जकार का द्विरुच्चारण होना चाहिए । किन्तु कुछ लोग लकार और जकार का द्विरुच्चारण न करके लकार और जकार के बाद में 'स्वरभक्ति' का उच्चारण करते हैं ।

(ग) ६।१ से 'द्रप्सः' के पकार का द्विरुच्चारण होना चाहिए । किन्तु कुछ लोग पकार का द्विरुच्चारण नहीं करते हैं ।

(घ) ६।४६ से 'साऱ्ज्र्यः' के रेफ से बाद में 'स्वरभक्ति' का उच्चारण होना चाहिए । किन्तु कुछ लोग यहाँ 'स्वरभक्ति' का उच्चारण नहीं करते हैं ।

(ङ) ६।१ से 'प्र' के पकार का द्विरुच्चारण प्राप्त नहीं है क्योंकि 'प्र' के पूर्व में 'स्वर' नहीं है । किन्तु कुछ लोग यहाँ पकार का द्विरुच्चारण कर देते हैं ।

६।६ से 'अष्ट्राम्' तथा 'नेष्ट्रात्' के षकार का द्विरुच्चारण प्राप्त होता है । ६।११ में षकार के द्विरुच्चारण का निषेध कर दिया गया है । कुछ लोग दोनों ही पदों में षकार का द्विरुच्चारण कर देते हैं ।

---

[१] ऋ० २।१७।२ [२] ऋ० ५।६२।७ [३] ऋ० १।१६६।५
[४] ऋ० १०।१७।११ [५] ऋ० १।७१।१ [६] ऋ० ६।४७।२५
[७] ऋ० ६।५८।२ [८] ऋ० १०।१७६।२ [९] ऋ० २।३७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विवृत्तिषु प्रत्ययादेरदर्शनं
यथा याः ऐच्छश्च य औशिजश्च ॥५९॥

सू० अ०—विवृत्तियों में परवर्ती (पद) के आदि (वर्ण) का लोप हो जाता है। जैसे 'या ऐच्छः' और 'य औशिजः' में।

उ० भा०—विवृत्तिषु (प्रत्ययादेरदशनम्) प्रत्ययस्यादेः अदर्शनम्=लोपः; क्रियते। स दोषः। यथा—या ऐच्छः—'इमा गावः सरमे या ऐच्छः।"[१] य औशिजः—"कक्षीवन्तं य औशिजः॥"[२]

उ० भा० अ० विवृत्तिषु=विवृत्तियों में; (प्रत्ययादेरदर्शनम्=) परवर्ती (पद) के आदि (वर्ण) का; अदर्शनम्=लोप कर दिया जाता है। यह दोष है। जैसे—या ऐच्छः—"इमा गावः सरमे या ऐच्छः।" य औशिजः—"कक्षीवन्तं य औशिजः।"[क]

इउसंधौ संध्यवचन च कासुचित्
स इदस्ता कस्त उषो यथैते ॥६०॥

सू० अ०—कतिपय (विवृत्तियों) में (पूर्ववर्ती अकार के साथ) इकार और उकार की संधि करके संध्य ('अक्षर') का उच्चारण करते हैं। जैसे 'स इदस्ता' और 'कस्त उषः' में।

उ० भा०—(इउसंधौ=) इ उ इत्येतयोः संधौ; कासुचित् विवृत्तिषु; (संध्यवचनम्=) संध्यक्षरवचनम् प्रत्ययादर्शनं च क्रियते। तौ दोषौ वर्जयेत्। यथा—स इदस्ता—"स इदस्तेव प्रति धादसिष्यन्।"[३] "स इन्द्र चित्राँ अभि तृन्धि वाजान्।"[४] कस्त उषः—"कस्त उषः कधप्रिये।"[५] "त उत्स्नाय रयिमभि प्र तस्थुः॥"[६]

उ० भा० अ० कासुचित्=कतिपय विवृत्तियों में; (इउसंधौ=) (पूर्ववर्ती अकार के साथ) इ और उ की संधि करके; (संध्यवचनम्=) 'संध्यक्षर' (diphthong=ए, ओ) का उच्चारण; और परवर्ती (वर्ण=इ, उ) का लोप (अदर्शन) कर दिया जाता है। इन दोनों दोषों का परित्याग करना चाहिए। जैसे—स इदस्ता—'स इदस्तेव प्रति धादसिष्यन्"; "स इन्द्र चित्राँ अभि तृन्धि वाजान्।" कस्त उषः—"कस्त उषः कधप्रिये"; "त उत्स्नाय रयिमभि प्र तस्थुः।"[ख]

टि० (क) अर्थात् या ऐच्छः' और 'य औशिजः' का उच्चारण 'या च्छ' और 'य शिजः' कर दिया जाता है।

(ख) अर्थात् 'स इदस्ता', 'स इन्द्र', 'कस्त उषः' और 'त उत्स्नाय' का उच्चारण क्रमशः 'सेदस्ता', 'सेन्द्र', 'कस्तोषः' और 'तोत्स्नाय' कर दिया जाता है।

---

[१] ऋ० १०।१०८।५
[२] ऋ० १।१८।१
[३] ऋ० ६।३।५
[४] ऋ० ६।१७।२
[५] ऋ० १।३०।२०
[६] ऋ० २।१५।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समानवर्णासु विपर्ययो वा
यथा ह्यूती इन्द्र क आसतश्च ॥६१॥

सू० अ०—समान (homogeneous) वर्णों वाली (विवृत्तियों) में वर्णों का परस्पर स्थान-परिवर्तन (विपर्यय) (कर दिया जाता है) अथवा (परवर्ती पद के आदि वर्ण का लोप कर दिया जाता है); जैसे—'ऊती इन्द्र' और 'क आसतः' में।

उ० भा०—समानवर्णासु विवृत्तिषु कासुचित् विपर्ययः क्रियते: प्रत्ययादेः वा अदर्शनम्। को विपर्ययः? वर्णयोः पूर्वो वर्णः परः क्रियते परश्च पूर्वः क्रियते। स विपर्ययः। तौ दोषौ लक्षयेत्। ऊती इन्द्र, क आसतः इति यथा। ऊती इन्द्र—"आ न स्तुत उप वाजेभिरुती इन्द्र"[1]; "अच्छा यो गन्ता नाधमानमूती इत्था।"[2] क आसतः—"क आसतो वचसः सन्ति"[3]; "त आ गमन्तु त इह॥"

उ० भा० अ० **समानवर्णासु**=समान (homogeneus) वर्णों वाली; कतिपय विवृत्तियों में; **विपर्ययः**=विपर्यय=(वर्णों का) परस्पर स्थान-परिवर्तन (metathesis); कर दिया जाता है; **वा**=अथवा; परवर्ती (पद) के आदि (वर्ण) का लोप (कर दिया जाता है)। विपर्यय क्या? (उत्तर) दो (समान) वर्णों में से पूर्ववर्ती वर्ण को परवर्ती कर दिया जाता है और परवर्ती वर्ण पूर्ववर्ती कर दिया जाता है। यह विपर्यय (=परस्पर स्थान-परिवर्तन) है। इन दोनों दोषों को दृष्टि में रखना चाहिए। **यथा**=जैसे; **ऊती इन्द्र** और **क आसतः** में। **ऊती इन्द्र**—"आ न स्तुत उप वाजेभिरूती इन्द्र"; "अच्छा यो गन्ता नाधमानमूती इत्था।" **क आसतः**—"क आसतो वचसः सन्ति" "त आ गमन्तूत इह।"[क]

अभिव्यादानं च विवृत्तिपूर्वे
कण्ठ्ये ता आपोऽवसा एति दीर्घे ॥६२॥

सू० अ०—'विवृत्ति' से पूर्ववर्ती और परवर्ती—ये दोनों (विवृत्तिपूर्वे) जब 'दीर्घ' 'कण्ठ्य' ('स्वर') (=आ) (होते हैं) तो 'ता आपः', 'अवसा आ' इत्यादि (स्थलों पर) 'विवृत्ति' के द्वारा परवर्ती 'स्वर' का आरम्भ व्याप्त ('अभिव्यादान') कर लिया जाता है।

उ० भा०—विवृत्तिः पूर्वा अस्मात्स विवृत्तिपूर्वः। तस्मिन् विवृत्तिपूर्वे कण्ठ्ये दीर्घे प्रत्यय इति। यदि सप्तमीनिर्देशो विज्ञायते क आसत इत्येवमादिष्वभिव्यादानमेव स्यात्। स तत्र विपर्यय उक्तः—"समानवर्णासु विपर्ययो वा" इति।[4] तस्मान्न सप्तमी निर्देशः। कथम्। विवृत्तिः पूर्वा यस्मादक्षरात्तद्विवृत्तिपूर्वमक्षरम्। विवृत्तेः पूर्वमपि विवृत्तिपूर्वम्।

टि० (क) अर्थात् 'ऊती इन्द्र', 'ऊती इत्था', 'क आसतः' और 'त आ' का उच्चारण या तो क्रमशः 'ऊति ईन्द्र 'ऊति ईत्था', 'का असतः' और 'ता अ' कर दिया जाता है या क्रमशः 'ऊतीन्द्र', 'ऊतीत्था', 'क सतः' और 'त' कर दिया जाता है।

---

[1] ऋ० ४।२९।१ [2] ऋ० ४।२९।४ [3] ऋ० ५।१२।४
[4] ऋ० ६।४९।१ [4] १४।६१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(विवृत्तिपूर्वे=) ते उभे; कण्ठ्ये दीर्घे यदा भवतस्तदा कासुचिद्विवृत्तिषु अभिव्यादानं क्रियते कासुचित्प्रत्ययादेरदर्शनम्। एतौ दोषौ वर्जयेन्मेधावी।

किमिदमभिव्यादानमिति ? आदानम्=आरम्भः। विविधं विपुलं विशालं वा आदानम्। अथवा; आदानमेव=व्यादानम्। केनचिदभिव्याप्तमभिभूतं वा व्यादानं यस्य तदिदमभिव्यादानं भवत्यक्षरम्। किमुक्तं भवति ? पादमात्रा विवृत्तिरिह समधिका क्रियते। तया परस्यारम्भो व्याप्यत इत्यर्थः। क्व ? ता आपः, अवसा आ इत्येवमादिषु।

ता आपः—"ता आपो देवीरिह मामवन्तु।"[१] अवसा आ—"स्वस्त्या गृहेभ्य आवसा आ विमोचनात्"[२]; "या आपो दिव्याः"[३]; "ता आ चरन्ति।"[४] ते दोषाः। तत्र श्लोकः—

अभ्रमध्ये यथा विद्युद् दृश्यते मणिसूत्रवत्।
एष च्छेदो विवृत्तीनां यथा बालेषु कर्तरी॥[५]

उ० भा० अ०—विवृत्तिपूर्व=जिससे पूर्व में 'विवृत्ति' है वह। **विवृत्तिपूर्वे कण्ठ्ये दीर्घे**='विवृत्ति' है पूर्व में जिसके ऐसा वह 'कण्ठ्य' 'दीर्घ' ('स्वर') (=आ) बाद में हो तो। यदि (यहाँ) सप्तमी का निर्देश है तो ज्ञात होता है कि 'क आसतः' इत्यादि में 'अभिव्यादान' ही होगा। (किंतु) वहाँ विपर्यय (परस्पर स्थान-परिवर्तन) कहा गया है—"अथवा समान वर्णों वाली (विवृत्तियों) में परस्पर स्थान-परिवर्तन (विपर्यय) (कर दिया जाता है)"—इसलिए (यहाँ) सप्तमी का निदेश नहीं है। (तो फिर अर्थ) कैसे (होगा) ? (उत्तर) 'विवृत्ति' है पूर्व में जिस 'अक्षर' से वह विवृत्तिपूर्व 'अक्षर' है। 'विवृत्ति' से पूर्ववर्ती ('अक्षर') भी विवृत्तिपूर्व है। **(विवृत्तिपूर्वे**='विवृत्ति' से पूर्ववर्ती और परवर्ती=) ये दोनों; जब; **कण्ठ्ये दीर्घे**='दीर्घ' 'कण्ठ्य' ('स्वर') (=आ); होते हैं तब कतिपय विवृत्तियों में; **अभिव्यादानम्**='अभिव्यादान'; कर दिया जाता है। कतिपय (विवृत्तियों) में परवर्ती (पद) के आदि (वर्ण) का लोप (कर दिया जाता है)। बुद्धिमान् को इन दोषों का परित्याग करना चाहिए।

यह 'अभिव्यादान' क्या (वस्तु) है ? (उत्तर) आदान=आरम्भ। **(व्यादान=)** विविध या विपुल या विशाल आदान। अथवा; आदान ही=व्यादान। किसी के द्वारा

टि० (क) यदि 'विवृत्तिपूर्वे', 'कण्ठ्ये' और 'दीर्घे' में सप्तमी विभक्ति मानी जाती है तो इससे प्रस्तुत सूत्र का अर्थ होगा कि 'विवृत्ति' के बाद में 'दीर्घ' 'कण्ठ्य' 'स्वर' (=आ) हो तो अभिव्यादान किया जाता है। ऐसी व्याख्या करने पर तो 'क आसतः' भी प्रस्तुत सूत्र का उदाहरण बन जायेगा किंतु १४।६१ के द्वारा 'क आसतः' में विपर्यय का विधान किया गया है। अतः इन तीनों पदों में सप्तमी विभक्ति नहीं है। ये पद तो प्रथमा विभक्ति के द्विवचन के हैं। ऐसा मानने पर 'ता आपः' आदि वे स्थल ही प्रस्तुत सूत्र के उदाहरण होंगे जिनमें 'विवृत्ति' के दोनों ओर 'दीर्घ' 'कण्ठ्य' 'स्वर' (=आ) है।

---

[१] ऋ० ७।४९।१ [२] ऋ० ३।५३।२० [३] ऋ० ७।४९।२
[४] ऋ० ४।५१।८ [५] मा० शि० ९७; तु० या० शि० ९३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिव्याप्त या अभिभूत है आरम्भ (व्यादान) जिसका उस 'अक्षर' का 'अभिव्यादान' होता है। कहने का क्या तात्पर्य है ? (उत्तर) यहाँ 'विवृत्ति' चौथाई मात्रा से अधिक होती है। उसके द्वारा परवर्ती (वर्ण) का आरम्भ व्याप्त कर लिया जाता है—यह अर्थ है। कहाँ ? (उत्तर) **ता आपः, अवसा आ**—इत्यादि में।

ता आपः—"ता आपो देवीरिह मामवन्तु।" **अवसा आ**—"स्वस्त्या गृहेभ्य आवसा आ विमोचनात्"; "या आपो दिव्याः"; "ता आ चरन्ति।"

('विवृत्ति' के) ये दोष हैं। वहाँ (=इस विषय में) यह श्लोक है—

'मेघों के मध्य में जिस प्रकार विद्युत् मणि के सूत्र के समान दिखलाई पड़ती है और जिस प्रकार बालों में कैंची (शब्द करती है), उसी प्रकार विवृत्तियाँ (दो स्वरों को) पृथक् करती हैं।[क]

(दोषाणामसंख्यता शास्त्रस्य प्रयोजनं च)

न दोषाणां स्वरसंयोगजाना-
मन्तो गम्यः संख्ययाथेतरेषाम् ॥६३॥

(दोषों की असंख्यता और शास्त्र का प्रयोजन)

सू० अ०—स्वरों के संयोग से उत्पन्न होने वाले और अन्य (=व्यञ्जनों के संयोग से उत्पन्न होने वाले) दोषों का अन्त गणना से प्राप्त नहीं किया जा सकता है (अर्थात् "इतने दोष हैं"—यह गिनकर बतला देना असंभव है)।

उ० भा०—एषां दोषाणां स्वरसंयोगजानाम्=स्वरेषूच्यमानेषूत्पद्यन्ते य दोषास्तेषाम् इत्यर्थः। **अथेतरेषाम्**=व्यञ्जनसंयोगजानाम्। **संख्यया**=गणनया; **अन्तः**=पारम्; **(न गम्यः=)** गन्तुमशक्यम्। कस्मात् ? उच्चावचाः प्रयोक्तारो नानास्थानकरणानुप्रदानस्वरोच्चारणास्तथा नानाप्रकृतिस्वभावशीलसमाचाराः केषु वर्णेषु कान्दोषाञ्जनयन्तीत्यज्ञानात्॥

उ० भा० अ०—**दोषाणां स्वरसंयोगजानाम्**=स्वरों के संयोग से उत्पन्न इन दोषों का=स्वरों का उच्चारण किए जाने पर जो दोष उत्पन्न होते हैं उन (दोषों) का—यह अर्थ है। **अथेतरेषाम्**=और अन्य (दोषों) का=व्यञ्जनों के संयोग से उत्पन्न (दोषों) का। **संख्यया**=गणना से (=गिनकर); **अन्तः**=पार; **(न गम्यः=)** नहीं पहुँचा जा सकता है; (अर्थात् "ये इतने दोष हैं" यह गिनकर बतला देना असंभव है)। क्यों ? (उत्तर)

टि० (क) याज्ञवल्क्य-शिक्षा की 'शिक्षावल्ली' नाम्नी विवृत्ति में इस श्लोक का भाव इस प्रकार बतलाया गया है—विद्युत् प्रगट होकर जितने समय तक ध्वनि करती है उतने समय तक विवृत्तियों का छेदन करके उच्चारण करना चाहिए। जिस प्रकार बालों में कैंची वेगपूर्वक 'कटक्' ध्वनि को करती है उसी प्रकार यहाँ पर भी 'विवृत्ति' के उच्चारण में ध्वनि करनी चाहिए। इस श्लोक का भाव वास्तव में यह प्रतीत होता है—विद्युत् की एक चमक और कैंची की एक 'कटक्' में जितना समय लगता है उतने समय तक 'विवृत्ति' रूप व्यवधान करना चाहिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भिन्न-भिन्न प्रकृति, स्वभाव, शील और आचरण के भिन्न-भिन्न वक्ता हैं और वे लोग अपने भिन्न-भिन्न (उच्चारण-) स्थानों, उच्चारणायवों ('करण'), बाह्य प्रयत्नों ('अनुप्रदान') और स्वरों से उच्चारण करते हैं। यह ज्ञात नहीं हो सकता है कि किन वर्णों (के उच्चारण) में किन दोषों को उत्पन्न कर दें।

शक्यस्तु शास्त्रादधि साधु धर्मो
युक्तेन कृत्स्नः प्रतिपत्तुमस्मात् ॥६४॥

सू० अ०—किंतु सुयोग्य व्यक्ति इस शास्त्र से (वर्णों के) सम्पूर्ण धर्म को जान सकता है।

उ० भा०—अस्माच्छास्त्रादधि वर्णानां कृत्स्नो धर्मः; साधु युक्तेन=साधु धर्मयुक्तेन; प्रतिपत्त्रा प्रतिपत्तुं शक्यः। साधु युक्तो नाम=मनोवाग्बुद्धियुक्तस्तत्त्वार्थदर्शी शिक्षालक्षणविदूहापोहवितर्कज्ञः शास्त्रागमकुशलो ध्यानपरोऽवितथाध्यवसायी ॥

उ० भा० अ०—**साधु युक्तेन**=गुणों से भलीभाँति समन्वित; बुद्धिमान् (व्यक्ति) के द्वारा; **अस्माच्छास्त्रादधि**=इस शास्त्र की सहायता से; वर्णों का; **कृत्स्नो धर्मः**=सम्पूर्ण स्वरूप (गुण); **प्रतिपत्तुं शक्यः**=जाना जा सकता है। साधु युक्त=मन, वाणी और बुद्धि से समन्वित, यथार्थ अर्थ का दर्शन करने वाला, शिक्षा के लक्षणों को जानने वाला, ऊहापोह और वितर्क को जानने वाला, शास्त्र और आगम में कुशल, ध्यान में तत्पर और सच्चा अध्यवसायी।

(वर्णानामुच्चारणे अकारस्य अपेक्षा)

अकारस्य करणावस्थयान्यान्स्वरान्ब्रूयात् ॥६५॥

(वर्णों के उच्चारण में अकार की अपेक्षा)

सू० अ०—अकार की करणावस्था (articulatory stage) से अन्य स्वरों का (को) उच्चारण करना चाहिये।

उ० भा०—(अन्यान्स्वरान्=) अ ऋ इ उ एवमाद्यान्स्वरान्; (अकारस्य करणावस्थया) ब्रूयात् ॥

उ० भा० अ०—(**अन्यान्स्वरान्**=) अन्य स्वरों का (को)=अ, ऋ, इ, उ इत्यादि स्वरों का (को); (**अकारस्य करणावस्थया**=अकार की करणावस्था से); **ब्रूयात्**=उच्चारण करना चाहिये।[क]

टि० (क) अकार शुद्ध 'घोष' ध्वनि (pure voice) है। इसका उच्चारण-स्थान कण्ठ है। इसके उच्चारण में केवल स्वर-यन्त्र (larynx) का ही उपयोग होता है। इसके उच्चारण में मुख के अन्दर किसी भी उच्चारण-स्थान अथवा उच्चारणावयव का व्यापार नहीं होता है जैसा कि महाभाष्य १।१।४ में कहा गया है—"बाह्यं ह्यास्यात् स्थानमवर्णस्य।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तद्धि संपन्नमाहुः ॥६६॥

सू० अ०—(आचार्य लोग) इसे ठीक बतलाते हैं।

उ० भा०—अकारस्य करणावस्थया इ ई उ ऊ इत्येवमाद्यानन्यानपि स्वरान्ब्रूयात्। तद्धि संपन्नम्; (आहुः=) भवति॥

उ० भा० अ०—अकार की करणावस्था (articulatory stage) से इ, ई, उ और ऊ इत्यादि अन्य भी स्वरों का (को) उच्चारण करना चाहिये। **तद्धि संपन्नम् (आहुः)**=यह ठीक है।

परानकारोदयवद्विवक्षेत्
सर्वत्र वर्णानिति संपदेषा ॥६७॥

सू० अ०—परवर्ती (='व्यञ्जन') वर्णों का (को) सर्वत्र ऐसा उच्चारण करे मानो उनके बाद में अकार है। यहाँ (वर्णों की) संपत् (स्वरूप) (का विवरण) समाप्त होता है।

उ० भा०—परान्=ककारादीनपि व्यञ्जनसंज्ञकान्; वर्णान्। अकारोदयवत्=अकारोदयानिव; विवक्षेत्=वक्तुमिच्छेत्। सर्वत्र वर्णानिति—आहुराचार्याः क का कि की कु कू इति यथा। संपदेषा वर्णानाम्। सा संपदुभाभ्यां पटलाभ्यां व्याख्याता॥

उ० भा० अ०—**परान्**=परवर्ती (वर्णों) को=ककार आदि 'व्यञ्जन'-संज्ञक वर्णों को भी। **अकारोदयवत्**=मानों उन (व्यञ्जनों) के बाद में अकार है ऐसे; **विवक्षेत्**=उच्चारण की इच्छा करनी चाहिए। **सर्वत्र वर्णानिति**=वर्णों में सर्वत्र (ऐसा ही उच्चारण होना चाहिये)—यह आचार्य लोग कहते हैं। जैसे—क, का, कि, की, कु, कू आदि। **संपदेषा**=यह वर्णों की संपत् (=वर्णों के स्वरूप का विवरण) है। इस संपत् (वर्णों के स्वरूप) की दो (त्रयोदश और चतुर्दश) पटलों के द्वारा व्याख्या की गई है।

(७५५ क) 'अ' मिश्रित (mixed or neutral) 'स्वर' है। यह सभी स्वरों का आधार है। स्वर-यन्त्र से प्राप्त शुद्ध 'घोष' ध्वनि अकार को मूलकारण (material cause) के रूप में अपनाते हुए जब हम मुख-बिबर (mouth-opening) को कुछ सँकरा करके जिह्वा के अगले भाग को ऊपर की ओर विभिन्न ऊँचाइयों तक उठाते हैं तो हमें क्रमशः ऐ, ए, इ और ई की प्राप्ति होती है। दूसरी ओर जब हम मुख को बन्द-सा करके और होठों को गोल बनाकर जिह्वा के पिछले भाग को ऊपर की ओर विभिन्न ऊँचाइयों तक उठाते हैं तो क्रमशः औ, ओ, उ और ऊ की प्राप्ति होती है।

अपने आधार-भूत 'स्वर' अकार की भाँति सभी 'स्वर' 'सघोष' होते हैं और सभी में मुख में एक मुखावयव के साथ दूसरे मुखावयव का स्पर्श नहीं होता है। केवल मुख के अवयवों की आकृति तथा जिह्वा की ऊँचाई में ही अन्तर पड़ता है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(दोषनिरसनपूर्वकं वर्णशिक्षायाः सप्रयोजनत्वस्थापनम्)

शास्त्रापवादात्प्रतिपत्तिभेदान्नि-
न्दन्त्यकृत्स्नेति च वर्णशिक्षाम् ॥६८॥

(दोषों का निराकरण करके वर्णशिक्षा के प्रयोजन की स्थापना)

सू० अ०—(अशक्यार्थता) दोष से दूषित होने से तथा (इस शास्त्र में विहित तथ्यों के विषय में) मतभेद होने से इस वर्णशिक्षा को अपूर्ण (अकृत्स्न) कहकर (इस वर्णशिक्षा की) निन्दा करते हैं।

उ० भा०—(शास्त्रापवादात्=) शास्त्राणामपवादात्। दोषाः सन्ति पुनरुक्तता-विस्पष्टार्थता कष्टशब्दताशक्यार्थतेत्येवमादयः। तेष्वशक्यार्थता दोषोऽस्मिञ्छास्त्रे संनिहितः। नहि एकमक्षरं यथोच्चारयितुं शक्यम्। अस्माच्छास्त्रापवादात्।

प्रतिपत्तिभेदाच्च निन्दन्त्यकृत्स्नेति च वर्णशिक्षाम्। अकृत्स्ना इति=अप्रयोजना-इत्यर्थः। किमिति? प्रतिपत्तिभेदो नाम—"आहुर्घोषं घोषवतामकारम्" इत्युक्त्वा—"अत्रोत्पन्नावपर ऊष्मघोषौ" इत्येवमदीनां वर्णप्रतिपत्तिभेदो विरुद्धविधानानि॥

उ० भा० अ०—(शास्त्रापवादात्=) शास्त्रों के दोष से पुनरुक्तता, अविस्पष्टार्थता, कष्टशब्दता और अशक्यार्थता इत्यादि दोष होते हैं। इनमें से अशक्यार्थता दोष इस शास्त्र में विद्यमान है। (क्योंकि) एक अक्षर भी नियमानुसार उच्चारित नहीं किया जा सकता है। इस शास्त्र के इस दोष के कारण।

प्रतिपत्तिभेदाच्च=तथ्यों के विषय में मतभेद होने से; **निन्दन्त्यकृत्स्नेति च वर्णशिक्षाम्**=वर्णशिक्षा को अपूर्ण (अकृत्स्न) कहकर निन्दा करते हैं। (प्रश्न) (अकृत्स्न कहने का) क्या अर्थ है? (उत्तर) अकृत्स्न=प्रयोजनरहित यह अर्थ है।

प्रतिपत्तिभेद—"'सघोष' (व्यञ्जनों) का 'घोष' अकार को कहते हैं"—यह कहकर—"दूसरे (आचार्य कहते हैं कि) 'ऊष्म' और 'घोष' यहीं पर (अर्थात् इन वर्णों में स्वतन्त्र रूप से) उत्पन्न होते हैं" इत्यादि में जो विरुद्ध विधान किये गये हैं वे ही वर्णों के प्रतिपत्ति भेद हैं।

सैतेन शास्त्रैर्न विशिष्यतेऽन्यैः
कृत्स्नं च वेदाङ्गमनिन्द्यमार्षम् ॥६९॥

सू० अ०—यह (वर्णशिक्षा-ग्रन्थ) इस (वर्णोच्चारणविषयक विधान) के कारण अन्य शास्त्रों के द्वारा अतिक्रान्त नहीं किया जा सकता है। यह पूर्ण है, अनिन्द्य है, वेदाङ्ग है और आर्ष है।

उ० भा०—यदुच्यते—इह यथोक्तं तथा वर्णोच्चारणं कर्तुमशक्यं तस्मादकृत्स्नेयं वर्णशिक्षेति—तन्न। कथम्? (सा=) शिक्षा; एतेन एव विधानेन अन्यैः शास्त्रैर्न विशिष्यते। अन्येष्वपि हि शास्त्रेषु ग्रस्त निरस्त इत्येवमादयो वर्णानां दोषा विधीयन्ते। तानि चाशक्यार्थविधानादकृत्स्नानीति नोच्यन्ते। तानि च कृत्स्नान्येव भवन्ति। तस्मादिदमपि शास्त्रं कृत्स्नं भवितुमर्हति।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिपत्तिभेदश्च न । अन्येष्वपि शास्त्रेष्वेवंविधा विकल्पाः सन्ति । तस्मात् अनिन्द्यम् । वेदाङ्गं च—षट्सु वेदाङ्गेष्विदमप्येकमङ्गम् । कल्पो व्याकरणं निरुक्तं शिक्षाच्छन्दोविचितिर्ज्योतिषामयनमिति । तस्माच्चानिन्द्यम् । आर्षं च वेदाङ्गशास्त्रम् । आर्षं च लोके प्रमाणं भवति । तस्माच्चानिन्द्यम् । अपि चात्र श्लोकाः —

उ० भा० अ०—यह जो कहा गया है कि यहाँ (=शिक्षापटलों में) जैसा विधान किया गया है वैसा वर्णों का उच्चारण नहीं किया जा सकता है, इसलिये यह वर्णशिक्षा प्रयोजनरहित है—यह ठीक नहीं है। (प्रश्न) क्यों ? (**सा**=) यह शिक्षा; **एतेन**= इसी (वर्णोच्चारण-विषयक) विधान के कारण; **अन्यैः शास्त्रैर्न विशिष्यते**=अन्य शास्त्रों से अतिक्रान्त नहीं की जा सकती है। क्योंकि अन्य शास्त्रों में भी 'ग्रस्त' और 'निरस्त' इत्यादि वर्णों के दोषों का विधान किया गया है। अशक्यार्थ का विधान करने से उन्हें प्रयोजन-रहित (अपूर्ण, अकृत्स्न) नहीं कहा जाता है। वे सप्रयोजन (पूर्ण, कृत्स्न) ही हैं। इसलिये यह शास्त्र भी सप्रयोजन (पूर्ण, कृत्स्न) होने के सर्वथा योग्य है।

विरुद्ध विधान (प्रतिपत्तिभेद) भी नहीं है। अन्य भी शास्त्रों में इस प्रकार के विकल्प उपलब्ध होते हैं। इसलिये (यह शास्त्र); **अनिन्द्यम्**=निन्दनीय नहीं है। **वेदाङ्गं च**=छः वेदाङ्गों के मध्य में यह भी एक वेदाङ्ग है—कल्प. व्याकरण, निरुक्त, शिक्षा छन्दोविचिति और ज्योतिष (ये छः वेदाङ्ग हैं)। इस कारण से भी यह (शास्त्र) निन्दनीय नहीं है **आर्षम्**=यह वेदाङ्गशास्त्र ऋषि-प्रोक्त है। और ऋषि-प्रोक्त लोक में प्रमाण होता है। इस कारण से भी यह (शास्त्र) निन्दनीय नहीं है। इस विषय में य श्लोक भी है—

उक्त्वोदाहरणं किंचिद् बहुग्रन्थधरो नरः ।
आक्षिप्तः शैक्षिकेणेह तृणाग्निरिव शाम्यति ॥
सुबहुज्ञोऽपि यो भूत्वा शिक्षां चेन्नाधिगच्छति ।
न राजति सभायां स शैक्षिकस्य समीपतः ।
ब्राह्मणेषु समेतेषु विद्वत्सु च बहुष्वपि ।
ब्रह्मोद्ये संप्रवृत्ते यः शैक्षिकः स विराजते ॥

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ प्रातिशाख्यभाष्ये चतुर्दशं पटलम् ॥

बहुत ग्रन्थों को धारण करने वाला व्यक्ति प्रारम्भ में कुछ उदाहरणों को प्रस्तुत करके वाद-विवाद को प्रारम्भ करता है। किंतु जब शिक्षा-शास्त्र के ज्ञाता के द्वारा उसको चुनौती दी जाती है तो वह तिनकों की अग्नि के समान शान्त हो जाता है। बहुत विषयों का ज्ञाता होकर भी जो शिक्षा का ज्ञान प्राप्त नहीं करता है वह सभा में शिक्षाशास्त्र के ज्ञाता के समीप बैठा हुआ शोभायमान नहीं होता है। जब किसी सभा में बहुत से ब्राह्मण तथा अन्य विद्वान् एकत्र हो जाते हैं और वेद-विषयक वाद-विवाद प्रारम्भ हो जाता है तो वहाँ शिक्षा-शास्त्र का ज्ञाता ही विशेष रूप से शोभायमान होता है।

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक प्रातिशाख्य-भाष्य में चतुर्दश पटल समाप्त हुआ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१५ : ओंकारपटलम् (वेदाध्ययन-पटलम्)

वेदाध्ययने गुरुशिष्ययोरुपवेशनप्रकारः
गुरवे शिष्यप्रार्थना
ओंकारस्य महिमा तदुच्चारणप्रकारश्च
वेदाध्ययने गुरुप्रक्रिया शिष्यप्रक्रिया च
प्रश्नस्वरूपमध्यायस्वरूपं च
वेदाध्ययने गुरुप्रक्रिया शिष्यप्रक्रिया च (पूर्वानुवृत्ता)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(वेदाध्ययने गुरुशिष्ययोरुपवेशनप्रकारः)

पारायणं वर्तयेद् ब्रह्मचारी
गुरुः शिष्येभ्यस्तदनुव्रतेभ्यः ।
अध्यासीनो दिशमेकां प्रशस्तां
प्राचीमुदीचीमपराजितां वा ॥१॥

(वेदाध्ययन में गुरु और शिष्यों के बैठने का प्रकार)

सू० अ०—नियतेन्द्रिय गुरु एक प्रशस्त दिशा—पूर्व, उत्तर या उत्तर-पूर्व—में बैठा हुआ उसमें (गुरु में तथा अध्ययन में) श्रद्धालु शिष्यों के लिये अध्यापन करे।

उ० भा०—पारायणम्=अध्यापनम्; वर्तयेत्=कुर्यात्; गुरुः=उपाध्यायः; ब्रह्मचारी भूत्वा तावन्तं कालम्। शिष्येभ्यस्; तदनुव्रतेभ्यः=गुरावध्ययने च ये भक्तास्तेभ्यः। प्रशस्तामेकां दिशमध्यासीनः—प्राचीम्=पूर्वाम्; उदीचीम्=उत्तराम्; अपराजिताम् वा=प्रागुदीचीम् ॥

उ० भा० अ०—पारायणम् वर्तयेत्=अध्ययन करावे=अध्यापन करे; गुरुः=उपाध्याय; ब्रह्मचारी=नियतेन्द्रिय; होकर उतने समय तक (अर्थात् जब तक अध्यापन करना है तब तक गुरु नियतेन्द्रिय रहे)। तदनुव्रतेभ्यः=गुरु और अध्ययन में जो श्रद्धालु (भक्त) हों उन; शिष्येभ्यः=शिष्यों के लिए। प्रशस्तामेकां दिशमध्यासीनः=एक प्रशस्त दिशा में बैठा हुआ—प्राचीम्=पूर्व (दिशा); उदीचीम्=उत्तर (दिशा); अपराजिताम् वा=अथवा पूर्वोत्तर (दिशा) (में बैठा हुआ)।

एकः श्रोता दक्षिणतो निषीदेद् द्वौ वा ॥२॥

सू० अ०—एक शिष्य (श्रोता) (हो तो गुरु के) दाहिनी ओर बैठे अथवा दो (शिष्य हों तो वे भी गुरु के दाहिनी ओर बैठें)।

उ० भा०—एकः; श्रोता=शिष्यः; दक्षिणतः; निषीदेत्=उपविशेत्-इत्यर्थः। द्वौ वा श्रोतारौ दक्षिणत एव निषीदेताम् ॥

उ० भा० अ०—एकः श्रोता=एक शिष्य; दक्षिणतः=(गुरु के) दाहिनी ओर; निषीदेत्=बैठे—यह अर्थ है। द्वौ वा=अथवा दो; शिष्य हों तो वे (गुरु के) दाहिनी ओर बैठें।

भूयांसस्तु यथावकाशम् ॥३॥

सू० अ०—यदि (शिष्य) बहुत हों तो स्थान के अनुसार (बैठें)।

उ० भा०—भूयांसः=बहवः, श्रोतारो यदि स्युः; यथावकाशम्=यत्र यत्रावकाशस्तत्र तत्र निषीदेयुः ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—यदि शिष्य; भूयांसः==बहुत; हों (तो वे); यथावकाशम्= जहाँ-जहाँ स्थान हो वहाँ-वहाँ बैठें।

(गुरवे शिष्यप्रार्थना)

तेऽधीहि भो३ इत्यभिचोदयन्ति
गुरुं शिष्या उपसंगृह्य सर्वे ॥४॥

(गुरु से शिष्यों की प्रार्थना)

सू० अ०—वे सब शिष्य (गुरु के) चरणों को स्पर्श करके गुरु से (को प्रार्थना करते हैं—"भगवन् पढ़ाइये।"

उ० भा०—ते सर्वे शिष्याः; उपसंगृह्य=गुरोः पादौ पाणिभ्यामुपपीड्य शिरसि कृत्वा; अधीहि भो३ इत्यनेन गुरुमभिचोदयन्ति॥

उ० भा० अ०—ते सर्वे=वे सब शिष्य; उपसंगृह्य=गुरु के चरणों का स्पर्श करके और अपने सिर को गुरु के चरणों में रखकर; अधीहि भो३="भगवन् पढ़ाइये"—इस (वाक्य) के द्वारा; गुरुमभिचोदयन्ति=गुरु से (को) प्रार्थना करते हैं।

(ओंकारस्य महिमा तदुच्चारणप्रकारश्च)

स ओ३मिति प्रस्वरति त्रिमात्रः
प्रस्वार स्थाने स भवत्युदात्तः।
चतुर्मात्रो वार्धपूर्वानुदात्तः
षण्मात्रो वा भवति द्विःस्वरः सन् ॥५॥

(ओंकार की महिमा और उसका उच्चारण-प्रकार)

सू० अ० (उत्तर के रूप में) वह (गुरु) 'ओ३म्' (हाँ) का उच्चारण करता है। यह ओंकार शब्द ('प्रस्वार') (१) तीन मात्राओं का होता है तथा अपने (समुचित) 'स्थान' (stage) में 'उदात्त' होता है; अथवा (२) यह चार मात्राओं का होता है और इसका पहला आधा भाग 'अनुदात्त' होता है; अथवा (३) यह छः मात्राओं का होता है और (तब यह) 'द्व्युदात्त' होता है।

उ० भा०—स गुरुः ओ३मिति; प्रस्वरति=शब्दं करोति। त्रिमात्रः प्रस्वारः= स ओंकारशब्दस्त्रिमात्रः। स्थाने भवति। उदात्तः च। किमिदं स्थानमिति? उपांशु-ध्वाननिमदोपब्दिमन्मन्द्रमध्यमतारणि स्थानानि। निषादे पञ्चमे मन्द्रमध्यमतारेषु स्थानेषु (एकस्मिन्) स्थाने प्रयोज्यः स्यात्। तेनैव प्रकारेण प्रणवं कुर्यात्। तान्येतान्युक्तानि भवन्ति। (वा=) अथवा; चतुर्मात्रः संभवति। अर्धपूर्वोऽनुदात्तो यस्य सः अर्धपूर्वानुदात्तः। (वा=) अथवा; षण्मात्रो भवति द्विःस्वरः सन्। इमे त्रयः प्रणवाः। तेषामाद्यो बहुभिः परिगृहीतः, न मध्यमः। किमिति न ज्ञायते? अस्माभिस्तूत्तमः पठ्यते॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**सः**=वह गुरु; **ओ३मिति**='ओ३म्' इस; **प्रस्वरति**=शब्द को करता है (='ओ३म्' शब्द का उच्चारण करता है)। **त्रिमात्रः प्रस्वारः**=वह ओंकार शब्द तीन मात्राओं वाला (होता है)। **स्थाने भवति**=(अपने समुचित) 'स्थान' (stage) में (उच्चारित) होता है। और **उदात्त** (होता है)। यह स्थान क्या है? (उत्तर) 'उपांशु', 'ध्वान', 'निमद', 'उपब्दिमत्', 'मन्द्र', 'मध्यम' और 'तार'—ये (सात) स्थान हैं।[क] 'मन्द्र', 'मध्यम' और 'तार' स्थानों (stages) में से किसी एक में ('ओ३म्' शब्द का) उच्चारण (प्रयोग) 'निषाद' अथवा 'पञ्चम' 'स्वर' (musical note) में करना चाहिये। इस प्रकार से ओंकार शब्द ('प्रणव') (का उच्चारण) करना चाहिये। ये ['स्थान' (stages) और 'स्वर' (musical notes)] (त्रयोदश पटल १३।४२-४४ में) कहे जा चुके हैं। (**वा**=) अथवा; **चतुर्मात्रः**=(यह ओंकार शब्द) चार मात्राओं वाला; होता है। पूर्ववर्ती आधा भाग है 'अनुदात्त' जिसका वह **अर्धपूर्वानुदात्त** है। (**वा**=) अथवा; **द्विस्वरः सन्**=दो उदात्तों से समन्वित वह; **षण्मात्रः भवति**=छः मात्राओं वाला होता है। ये तीन (प्रकार के) ओंकार शब्द ('प्रणव') (होते हैं)। उनमें से प्रथम को बहुत से लोगों ने अपनाया है, द्वितीय (=मध्यम) को नहीं। यह ज्ञात नहीं होता है कि (इन तीनों में से) किसको अपनाया जाये? (उत्तर) हम तो अन्तिम (=छः मात्राओं वाले ओंकार) का पाठ करते हैं।

अध्येतुरध्यापयितुश्च नित्यं स्वर्गद्वारं ब्रह्म वरिष्ठमेतत्।
मुखं स्वाध्यायस्य भवेत् ॥६॥

सू० अ०—यह प्रधान ब्रह्म (ओंकारात्मक वेद) अध्येता और अध्यापक के लिये निश्चित ही स्वर्ग का द्वार है। (यह सर्वदा) स्वाध्याय के प्रारम्भ में स्थित होना चाहिए (अर्थात् वेदाध्ययन के प्रारम्भ में सर्वदा ओंकार का उच्चारण करना चाहिए)।

उ० भा०—**अध्येतुः**=शिष्यस्य; **अध्यापयितुश्च**; **नित्यम्**=ध्रुवम्; **प्रणवो भवति स्वर्गद्वारम्**। **वरिष्ठम्**=प्रधानम्; **ब्रह्म** इति एतत् अक्षरम्; **प्रतीयात्**=जानीयात्। **मुखम्**=आदौ; **स्वाध्यायस्य भवेत् ब्रह्म** ॥

उ० भा० अ०—यह ओंकार ('प्रणव'); **अध्येतुः**=शिष्य (अध्ययन करने वाले) के लिये; **अध्यापयितुश्च**=और गुरु (अध्यापन करने वाले) के लिये; **नित्यम्**=निश्चय ही; **स्वर्गद्वारम्**=स्वर्ग में प्रवेश करने के लिये द्वार है। **एतत्**=इस (ओंकार रूप) 'अक्षर' को; **वरिष्ठम्**=प्रधान; **ब्रह्म** (वेद) जानना चाहिए। यह ओंकार (ब्रह्म); **स्वाध्यायस्य**=स्वाध्याय के; **मुखम्**=आदि में; **भवेत्**=होवे; (अर्थात् स्वाध्याय के आदि में ओंकार का उच्चारण करना चाहिए)।

टि० (क) स्थानों (stages) के विवरण के लिये पृष्ठ १० पर टि० (क) देखिये।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न चैतत्संदध्यात्स्वाध्यायगतं परेण ॥७॥

सू० अ०—स्वाध्याय के आदि में प्रयुक्त इस (ओंकार 'अक्षर') को परवर्ती (पाद अथवा अर्धर्च) के साथ नहीं मिलाना चाहिए।

उ० भा०—एतत्=ओंकारमक्षरम्; (स्वाध्यायगतम्=) स्वाध्यायार्थं प्रयुक्तम्; परेण=परपादेन वा अर्धर्चेन वा; न संदध्यात्। यज्ञकर्मणि तु संधानं भवति चोदितत्वात्॥

उ० भा० अ०—(स्वाध्यायगतम्=) स्वाध्याय के अन्तर्गत प्रयुक्त; एतत्=इसको=ओंकार 'अक्षर' को; परेण=परवर्ती पाद अथवा अर्धर्च के साथ; न संदध्यात्=नहीं मिलाना चाहिए; (अर्थात् पाद अथवा अर्धर्च के प्रथम पद के साथ इसकी संधि नहीं करनी चाहिए)। यज्ञ-कर्म में तो सन्धि होती है क्योंकि (शांखायन आदि श्रौत-सूत्रों में संधि का) विधान किया गया है।

(वेदाध्ययने गुरुप्रक्रिया शिष्यप्रक्रिया च)

प्रचोदितोऽभिक्रमते यथास्य
क्रमः परस्ताद्विहितस्तथैव ॥८॥

(वेदाध्ययन में गुरु और शिष्यों की प्रक्रिया)

सू० अ०—(शिष्य के द्वारा) प्रार्थित (गुरु) उसी प्रकार (अध्यापन) प्रारम्भ करता है जैसा कि आगे (१५।२१ में) क्रम विहित है।

उ० भा०—तथा शिष्येण प्रचोदितो गुरुरोंकारं कृत्वा; अभिक्रमते=अध्ययनमुच्चारयति। यथास्य; क्रमः=आनुपूर्व्यम्; परस्तात्=उत्तरत्र; (विहितः=) विहितम्—"दक्षिणाय प्रथमं प्रश्नमाह"[१] इति तथैव॥

उ० भा० अ०—उस प्रकार (जैसे १५।४ में कहा गया है) शिष्य के द्वारा; प्रचोदितः=प्रार्थित; गुरु ओंकार का (को) (उच्चारण) करके; अभिक्रमते=प्रारम्भ करता है=अध्ययन का (को) उच्चारण करता है। तथैव=उसी प्रकार (प्रारम्भ करता है); यथास्य=जिस प्रकार इस (अध्ययन) का; क्रमः=आनुपूर्व्य; परस्तात्=बाद में; (विहितः=) विहित है। (अध्ययन का क्रम इस सूत्र से विहित है)—"(गुरु) दाहिनी ओर बैठे हुए (शिष्य) के लिये प्रथम प्रश्न का उच्चारण करता है।"

सर्वोदात्तं त्विह तस्मिन्नपृक्त-
मक्षैप्रयुक्तं द्विरुपस्थितं वा ॥९॥

सू० अ०—इस (पारायण-प्रवचन में) (१) 'सर्वोदात्त' (पद), (२) (संहिता-पाठ में) 'क्षैप्र' संधि को अप्राप्त 'अपृक्त' (=पद-पाठ में 'व्यञ्जन' से न मिले हुए) (पद) अथवा (३) पद-पाठ में 'इति' के साथ प्रयुक्त होने वाले ('उपस्थित') (पद) का (को) (उपाध्याय) दो बार उच्चारण करता है।

---

[१] १५।२१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—इह=पारायणप्रवचन; तस्मिन्=अभिक्रमणे; सर्वोदात्तं च यत्तत्पदम्; अक्षैप्रयुक्तम् अपृक्तं वा उपस्थितं वा। शिष्यज्ञापनार्थं गुरुः द्विः उच्चारयति। प्र। आ। रोदसी इति; उभे इति यथा। अक्षैप्रयुक्तम् इति कस्मात्? "उद्वेति।"[१] एवमेके॥

अपर उकाराकारयोरपि सर्वोदात्तमित्येव सिद्धत्वादपृक्तम् अक्षैप्रयुक्तमित्यनर्थकं भवति। तस्मात्पाठान्तरेण वर्णयन्ति—अपृक्तं सन्नक्षैप्रयुक्तम् इति। ननु अत्राप्युपस्थितमित्येव सिद्धम्। सत्यम्; नियमार्थमिदमुच्यते इह मा भूत्। क्व? "उद्वेति।" "उदु ष्य देवः"[२] इत्येवमादौ नियमः स्यात्।

अथवोपस्थितं वेति उपस्थिते विभाषाप्राप्तेर्नित्यार्थस्य ग्रहणम्—अपृक्तमक्षैप्रयुक्तमिति॥

उ० भा० अ०—इह तस्मिन्=उस पारायणप्रवचन के प्रारम्भ हो जाने पर; (१) सर्वोदात्तम्=जो 'सर्वोदात्त' पद है उसको; अथवा (२) अक्षैप्रयुक्तम् अपृक्तम्=(संहिता-पाठ में) 'क्षैप्र' संधि को अप्राप्त तथा 'अपृक्त' (पद-पाठ में 'व्यञ्जन' से न मिले हुए) (पद) को; अथवा (३) उपस्थितं वा=पद-पाठ में 'इति' सहित (पद) को; शिष्य को समझाने के लिए गुरु; द्विः=दो बार; उच्चारण करता है।[क] जैसे—प्र। आ। रोदसी इति; उभे इति। "'क्षैप्र' संधि को अप्राप्त"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "उद्वेति।"[ख]

दूसरे (आचार्य) (कहते हैं कि सूत्र में) 'सर्वोदात्त' (का ग्रहण होने) से ही उकार और आकार के सिद्ध हो जाने से (सूत्र में) 'अपृक्त' और 'अक्षैप्रयुक्त' (का ग्रहण) अनर्थक है।[ग] इसलिए (ये आचार्य) (सूत्र के) अन्य पाठ द्वारा (इस सूत्र की) व्याख्या करते हैं—(पद-पाठ में) 'व्यञ्जन' से न मिला हुआ तथा (संहिता-पाठ में) 'क्षैप्र' (संधि) को

टि० (क) प्रस्तुत सूत्र की यह प्रथम व्याख्या है। उपाध्याय इन स्थलों का दो बार उच्चारण करता है—(१) 'सर्वोदात्त' पद; (२) पद-पाठ में 'व्यञ्जन' से न मिला हुआ तथा संहिता-पाठ में 'क्षैप्र' संधि को प्राप्त नहीं हुआ पद; और (३) पद-पाठ में 'इति' सहित पद।

(ख) उत्। ऊँ इति। एति॥ प० पा०
यद्यपि 'उ' पद पद-पाठ में 'व्यञ्जन' से नही मिला हुआ है तथापि यह संहिता-पाठ में 'क्षैप्र' संधि को प्राप्त हो जाता है। अतः उपाध्याय इस 'उ' पद का दो बार उच्चारण नहीं करता है।

(ग) प्रस्तुत सूत्र में कहा गया है कि 'सर्वोदात्त' पद का दो बार उच्चारण किया जाता है। इस विधान से 'आ' का दो बार उच्चारण सिद्ध होता है क्योंकि 'आ' (पद-पाठ में) 'सर्वोदात्त' पद है। इस विधान से 'उ' का दो बार उच्चारण न करना भी सिद्ध है क्योंकि 'उ' पद (पद-पाठ में) 'सर्वोदात्त' न होकर 'अनुदात्त' है। अतएव 'आ' के दो बार उच्चारण और 'उ' के एक बार उच्चारण की सिद्धि के लिए सूत्र में 'अपृक्त' और 'अक्षैप्रयुक्त' पदों का ग्रहण अनर्थक है।

---

[१] ऋ० ७।६३।१ [२] ऋ० २।३८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अप्राप्त ।[क] (शङ्का) (सूत्र में ग्रहण किये गए) 'उपस्थित' से ही यहाँ पर (कार्य) सिद्ध हो जाता है ।[ख] (समाधान) यह तो सच है किंतु नियम के लिए इसका (='व्यञ्जन' से न मिला हुआ तथा 'क्षैप्र' संधि को अप्राप्त का) उच्चारण (ग्रहण) किया गया है। (जिससे) यहाँ (दो बार उच्चारण) न होवे। (प्रश्न) (यहाँ) कहाँ ? (उत्तर) "उद्वेति ।" "उदु ष्य देवः" इत्यादि में नियम (अर्थात् नियम के अनुसार दो बार उच्चारण) होवे ।"[ग]

अथवा "उपस्थितं वा"— इसके अनुसार 'इति' सहित पद ('उपस्थित') में विकल्प प्राप्त होने पर नित्य (विधान) के लिए इसका ग्रहण किया गया है—पद-पाठ में 'व्यञ्जन' से न मिला हुआ और 'क्षैप्र' संधि को अप्राप्त (पद दो बार अवश्य उच्चारित होता है) ।[घ]

अभिक्रान्ते द्वैपदे वाधिके वा
पूर्वं पदं प्रथमः प्राह शिष्यः ॥१०॥

सू० अ० जब (गुरु) दो पदों के समूह अथवा इससे अधिक का उच्चारण कर लेते हैं तब प्रथम शिष्य (गुरूच्चारित) प्रथम शब्द का प्रत्युच्चारण करता है ।

टि० (क) प्रस्तुत सूत्र में निर्दिष्ट पाठान्तर का ग्रहण करने से इन स्थलों का दो बार उच्चारण होगा—(१) 'सर्वोदात्त' पद और (२) वह पद जो (*i*) पद-पाठ में 'व्यञ्जन' से नहीं मिला हुआ है और (*ii*) संहिता-पाठ में 'क्षैप्र' संधि को प्राप्त नहीं है। (१) का उदाहरण 'प्र' है। (२) का यह उदाहरण है—"उदु ष्य देवः" (उत् । ऊँ इति । स्यः । देवः ॥ प० पा०)। यहाँ 'उ' पद का दो बार उच्चारण किया जाता है क्योंकि 'उ' पद (*i*) पद-पाठ में 'व्यञ्जन' से नहीं मिला हुआ है और (*ii*) संहिता-पाठ में 'क्षैप्र' संधि को प्राप्त नहीं है।

(ख) प्रस्तुत सूत्र में यह पाठान्तर भी अनर्थक है क्योंकि उपर्युक्त 'उ' पद का दो बार उच्चारण इसी सूत्रस्थ 'उपस्थित' पद से ही सिद्ध हो जाता है। क्योंकि यह 'उ' पद पद-पाठ में 'इति' से युक्त है।

(ग) पाठान्तर का ग्रहण यह बतलाने के लिए किया गया है कि 'उ' पद का दो बार उच्चारण तभी होगा जब वह (१) पद-पाठ में 'इति' से युक्त न हो और (२) संहिता-पाठ में 'क्षैप्र' संधि को प्राप्त न हो, जैसे "उदु ष्य देवः" इत्यादि में। "उद्वेति" इत्यादि अन्य स्थलों पर 'उ' पद का दो बार उच्चारण नहीं होगा। प्रस्तुत सूत्र में इस पाठान्तर का ग्रहण न किया जाता तो 'उ' पद का सर्वत्र दो बार उच्चारण प्रसक्त हो जाता।

(घ) "उपस्थितं वा" में 'वा' पद के कारण पद-पाठ में 'इति' से युक्त हुए पद ('उपस्थित') का विकल्प से दो बार उच्चारण प्राप्त होता है। सूत्रस्थ "अपृक्तम-क्षैप्रयुक्तम्" के कारण उस 'उपस्थित'-संज्ञक पद का नित्य ही दो बार उच्चारण किया जायेगा जो (१) पद-पाठ में 'व्यञ्जन' से नहीं मिला हुआ होता है और (२) संहिता-पाठ में 'क्षैप्र' संधि को प्राप्त नहीं होता है। इससे अतिरिक्त स्थलों पर विकल्प होगा।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—गुरुणा द्वैपदे वाधिके वा; (अभिक्रान्ते=) प्रोक्ते; पूर्वं पदम्= प्रश्नाद्यं पदम्; प्राह; (प्रथमः=) दक्षिणः; शिष्यः। ततः पश्चादितरे प्राहुः। अस्मिन्पटले यदुक्तं विधानं तेन दाक्षिणात्याः पठन्ति। तस्मादिष्टज्ञापनत्वाभिप्रायेण किंचिदुक्तं मत्वा तत्कश्चिच्छिष्यत इति ॥

उ० भा० अ०—गुरु के द्वारा; द्वैपदे वाधिके वा=दो पदों के समूह अथवा अधिक का (को); (अभिक्रान्ते=) उच्चारण कर लिये जाने पर; (प्रथमः) शिष्यः=दाहिनी ओर बैठा हुआ शिष्य; पूर्वं पदम्='प्रश्न' के प्रथम पद का (को); प्राह=उच्चारण करता है। तत्पश्चात् अन्य (शिष्य) उच्चारण करते हैं। इस पटल में जो विधान किया गया है उसके अनुसार दक्षिण भारत के वेदपाठी पाठ करते हैं। इसलिए इष्ट को बतलाने के अभिप्राय से "कुछ तो कहा ही गया है" यह मानकर किसी शिष्य को शिक्षा दी जा रही है।क

निर्वाच्ये तु भो३इति चोदना स्या-
न्निरुक्त ओं भो३इति चाभ्यनुज्ञा ॥११॥

सू० अ० (जब किसी स्थल की) व्याख्या करनी हो (तब शिष्य के द्वारा) "भगवन्" (भो३) इस (शब्द) से प्रार्थना की जानी चाहिये; और (जब उस स्थल की) व्याख्या की जा चुकी हो (तब शिष्य के द्वारा) "ठीक है, भगवन्" (ओं भो३) इन शब्दों से (आगे अध्यापन करने का) अनुरोध (किया जाना चाहिए)।

उ० भा०—शिष्येण; (निर्वाच्ये=) निर्वक्तव्ये; गुरौ भो३इति चोदना स्यात्। तेन निरुक्त ओं भो३इति चार्थं पुनर् गृहीतमावतयन्; अभ्यनुज्ञा स्यात् ॥

उ० भा० अ०—(निर्वाच्ये=) (जब किसी स्थल की) व्याख्या करनी हो तो; शिष्य के द्वारा गुरु के प्रति; भो३इति चोदना स्यात्="भगवन्" (भो३) इस (शब्द) से प्रार्थना की जानी चाहिये। उनके द्वारा; निरुक्ते=व्याख्या कर देने पर; दोबारा गृहीत (पदार्थ) को दोहराता हुआ; ओं भो३ इति="ठीक है, भगवन्"—यह अनुरोध करे।

परिपन्नं प्राकृतमूष्मसधिं
नकारस्य लोपरेफोष्मभावम्
असंयुक्तमृपरं रेफसधिं
विवृत्तिमित्यत्र निदर्शनानि ॥१२॥

सू० अ०—(१) पद के अन्त में वर्तमान मकार के 'अनुस्वार' ('परिपन्न') होने को; (२) प्राकृत 'ऊष्म'-संधि को; (३) नकार के लोप, रेफ अथवा 'ऊष्म' (-वर्ण)

टि० (क) इस पटल में उसी पारायण-प्रवचन का विधान किया गया है जो दक्षिण भारत के वेदपाठियों में प्रचलित है। अत एव यह विधान आंशिक है, पूर्ण नहीं। तथापि यह पारायण-प्रवचन महत्त्वपूर्ण है क्योंकि (१) पारायण-प्रवचन की यह पद्धति आचार्य को इष्ट है और वे चाहते हैं कि अन्य वेदपाठी भी इसका अनुसरण करें; (२) पारायण-प्रवचन के विषय में कुछ तो कहा ही गया है। यह विषय छोड़ा तो नहीं गया है। कुछ न कहने की अपेक्षा कुछ कह देना अच्छा ही है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होने को; (४) 'प्रगृह्य' (असंयुक्त) को; (५) ऋकार है बाद में जिसके उस (पद) को; (६) रेफ-संधि को; और (७) 'विवृत्ति'—इनको (उपाध्याय) निदर्शन (बतलाते) हैं।

उ० भा०—**परिपन्नम्**—"त्वं राजेन्द्र"[१] इत्येवमादि। (प्राकृतमूष्मसंधिम्=) **प्राकृताक्षरमूष्मसंधौ**—"अग्निश्च"[२]; "यस्ते मन्यो"[३]; "यश्शम्बरं पर्वतेषु।"[४] **नकारस्य लोपभावम्**—"अस्माँअस्माँ इत्।"[५] **रेफभावम्**—"रश्मीँरिव"[६]; "अभीशूँरिव।"[७] **ऊष्मभावम्**—"पशून्ताँश्चक्रे"[८]; "ताँस्ते अश्याम"[९]; "नृँः पात्रम्।"[१०] **असंयुक्तम्**—"तव वायवृतस्पते।"[११] **ऋपरम्**—"प्र ऋभुभ्यः।"[१२] **रेफसंधिम्**—"अन्तर्वावत्"[१३]; "अग्नी रक्षांसि।"[१४] **विवृत्तिम्**—"स इँ पाहि।"[१५] इत्येतानि निदर्शनान्याहुराचार्याः। **कस्य निदर्शनानीत्येतदागमयितव्यम्। केचिदेतं श्लोकं न पठन्ति॥**

उ० भा० अ०—(१) **परिपन्न** को—"त्वं राजेन्द्र"[क] इत्यादि। (२) **'ऊष्म' संधि में मूल 'अक्षर' को**—"अग्निश्च"; "यस्ते मन्यो"; "यश्शम्बरं पर्वतेषु।"[ख] (३) **नकार के (i) लोपभाव को**—"अस्माँअस्माँ इत्।"[ग] (नकार के) (ii) **रेफभाव को**—"रश्मीँरिव"; "अभीशूँरिव।"[घ] (नकार के) (iii) **ऊष्मभाव को**—"पशून्ताँश्चक्रे"; "ताँस्ते अश्याम"; "नृँः पात्रम्।"[ङ] (४) **प्रगृह्य को**—"तव वायवृतस्पते।"[च] (५) **ऋपर**

टि० (क) पदादि रेफ बाद में होने पर पदान्त मकार ४।१५ से 'अनुस्वार' हो गया है। इस संधि को 'परिपन्न' कहते हैं।

(ख) उपर्युक्त तीनों स्थलों पर विसर्जनीय ४।३१ से शकार और सकार हो गया है। इनके समझने में शिष्य को कठिनता न होवे इसलिये मूल-रूप (विसर्जनीय) को दिखलाकर उपाध्याय इन स्थलों को समझा दें। इस सूत्र के अन्य सभी स्थलों को भी उपाध्याय आवश्यकता पड़ने पर शिष्य को समझा दें।

(ग) नकार का लोप ४।६५ से हो गया है।

(घ) इन दोनों स्थलों पर नकार ४।७० से रेफ हो गया है।

(ङ) इन तीनों स्थलों पर नकार ४।७४, ४।७६ और ४।७८ से क्रमशः शकार, सकार और विसर्जनीय हो गया है।

(च) तव। वायो इति। ऋतःपते॥ प० पा०

'वायो' का ओकार १।६८ से 'प्रगृह्य' है। 'प्रगृह्य' 'स्वर' में सामान्यतः कोई विकार नहीं होता है, किंतु यहाँ २।५३ के अनुसार इसकी 'भुग्न' संधि (२।३१ से) हो गई है।

---

[१] ऋ० १।१७४।१ [२] ऋ० ५।६०।७ [३] ऋ० १०।८३।१
[४] ऋ० २।१२।११ [५] ऋ० ४।३२।४ [६] ऋ० ८।३५।२१
[७] ऋ० ६।५७।६ [८] ऋ० १०।९०।८ [९] ऋ० ९।९१।५
[१०] ऋ० १।१२१।१ [११] ऋ० ८।२६।२१ [१२] ऋ० ४।३३।१
[१३] ऋ० १।४०।७ [१४] ऋ० ७।१५।१० [१५] ऋ० ६।१७।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को—"प्र ऋभुभ्यः।"क (६) रेफसंधि को—"अन्तर्वावत्"; "अग्नी रक्षांसि।"ख (७) विवृत्ति को—"स ईं पाहि"—इत्यत्र निदर्शनानि=इन्हें (प्रातिशाख्य के) आचार्य निदर्शन बतलाते हैं। किस शिष्य के लिए कौन स्थल कठिन है इस बात को दृष्टि में रखकर (उपाध्याय को कठिन स्थलों की) व्याख्या करनी चाहिए। कुछ लोग इस श्लोक का पाठ नहीं करते हैं।

प्रत्युच्चार्यैतद्वचनं परस्य
शिष्यस्य स्याद् भो३इति चोदना वा।
अर्धर्चोदर्केषु तु वर्जयेयु-
रध्यायान्तेषूभयथा स्मरन्ति ॥१३॥

सू० अ०—दूसरे (अर्थात् गुरु) के इस (=१५।१० में निर्दिष्ट दो पदों अथवा इससे अधिक पदों के) उच्चारण (वचन) का प्रत्युच्चारण करके शिष्य "भगवन्" (भो३) इस (शब्द) से प्रार्थना करे या न करे। अर्धर्चों के अन्त में तो (इस प्रार्थना का) परित्याग करे। अध्यायों के अन्त में (आचार्य लोग) दोनों प्रकार (परित्याग अथवा अपरित्याग) से बतलाते हैं।

उ० भा०—प्रत्युच्चार्यैतद्वचनम्; परस्य=गुरोः—इत्यर्थः। शिष्यस्य भो३इति चोदना स्यात् न वा स्यात्। अर्धर्चोदर्केषु=अर्धर्चसमाप्तिषु; तां चोदनां वर्जयेयुः। अध्यायान्तेषु अर्धर्चोदर्केषु उभयथा स्मरन्ति आचार्याः वर्जनं वा न वेति॥

उ० भा० अ०—परस्य=दूसरे के=गुरु के—यह अर्थ है। एतद्वचनम्=इस वचन का (को) (=१५।१० में निर्दिष्ट दो पदों अथवा इससे अधिक पदों के उच्चारण का); प्रत्युच्चार्य=प्रत्युच्चारण करके; शिष्यस्य भो३इति चोदना स्यात् वा=शिष्य के द्वारा (की) "भगवन्" (भो३) इस (शब्द) से (आगे अध्यापन करने की) प्रार्थना की जावे अथवा न की जावे। अर्धर्चोदर्केषु=अर्धर्चों की समाप्ति होने पर; उस प्रार्थना का (को) वर्जयेयुः=परित्याग करें। अध्यायान्तेषु=अध्यायों के अन्त में; स्थित अर्धर्चों की समाप्ति होने पर; उभयथा स्मरन्ति=आचार्य लोग दोनों प्रकार का विधान करते हैं—(इस प्रार्थना का) परित्याग करे अथवा (परित्याग) न (करे)।

गुरुः शिष्यस्य पदमाह मुख्यं
समासश्चेदसमासो यदि द्वे ॥१४॥

सू० अ०—गुरु शिष्य के लिये ('प्रश्न' के) एक (प्रथम) पद का उच्चारण करें यदि समास हो। यदि समास न हो तो दो (पदों का उच्चारण करें)।

उ० भा०—गुरुः शिष्यस्य प्रश्ने; मुख्यम्=एकम्; पदमाह; (चेत्=) यदि; समासः। यद्यसमासो द्वे पदे आह॥

टि० (क) २।३२ से यहाँ 'उद्ग्राहवत्' संधि हुई है, किंतु कोई विकार नहीं हुआ है।
(ख) प्रथम स्थल में 'अन्तः' का विसर्जनीय ४।२७ से रेफ हो गया है। द्वितीय स्थल में 'अग्निः' के विसर्जनीय का ४।२८ से लोप हो गया है और 'अग्निः' का इकार ४।२९ से 'दीर्घ' हो गया है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**गुरुः शिष्यस्य**=गुरु शिष्य के लिये; 'प्रश्न' के (में); **मुख्यम्**=एक; **पदमाह**=पद का (को) उच्चारण करते हैं; (**चेत्**=) यदि; **समासः**=(वह पद) समास (होवे)। **यद्यसमासो**=यदि (वह पद) समास न हो तो; **द्वे**=दो; पदों का (को) उच्चारण करें।

एतेन कल्पेन समाप्य प्रश्नं
प्रत्याम्नायुस्तं पुनरेव सर्वे ॥१५॥

सू० अ०—इस प्रकार से एक 'प्रश्न' को समाप्त करके सभी (शिष्य) उसी ('प्रश्न') का (को) पुनः अभ्यास (प्रत्युच्चारण) करें।

उ० भा०—एतेन; (कल्पेन =) विधानेन; प्रश्नं समाप्य सर्वे शिष्याः तमेव प्रश्नं पुनः पुनः; (प्रत्याम्नायुः=) अभ्यस्येयुः॥

उ० भा० अ०—**एतेन (कल्पेन)**=इस विधान से; **प्रश्नं समाप्य**='प्रश्न' को समाप्त करके; **सर्वे**=सभी शिष्य; **तमेव**=उसी; 'प्रश्न' का (को); **पुनः**=बार-बार (**प्रत्याम्नायुः**=) अभ्यास करें।

तत ऊर्ध्वं संततं संवृतेन
प्रविग्रहेण मृद्ववग्रहेण।
सर्वोदात्तेन च चर्चयेयुः सर्व
इमान्युपस्थापयन्तः पदानि ॥१६॥

सू० अ०—इस (अभ्यास) के बाद सभी (शिष्य) मिले हुए पदों को थोड़ा-थोड़ा पृथक् करते हुए तथा (१५।१७ में उल्लिखित) इन पदों के साथ 'इति' लगाते हुए (उसी 'प्रश्न' का) विना रुके समान सर्वोदात्त ध्वनि से पुनः उच्चारण करें।

उ० भा०—**ततः**=तस्मादभ्यासात्; **ऊर्ध्वम्**; **संततम्**=अविच्छिन्नम्; **संवृतम्**=समानम्; (**संवृतेन**=) समानशब्देन। **मृद्ववग्रहेण प्रविग्रहेण**। प्रश्लिष्टो यस्मिन् संभवति स प्रविग्रहः। "उद्वेति"[1] इत्येवमादिषु प्रविग्रहेषु प्रश्लिष्टं विश्लिष्टं कुर्यात्=कालाधिक्येन कुर्यात्—इत्यर्थः। **मृद्ववग्रहेण**=मृदवोऽवग्रहा यस्मिन्स मृद्ववग्रहस्तेन। **सर्वोदात्तेन स्वरेण चर्चयेयुः**। आदिपदिकाश्चोत्तरपदिकाश्च भूत्वा सर्वे शिष्यास्तमेव प्रश्नम्। **इमानि पदानि** यानि वक्ष्यामस्तानि; **उपस्थापयन्तः**=सेतिकरणानि कुर्वन्तः—इत्यर्थः॥

उ० भा० अ०—**ततः**=(१५।१५ में विहित) उस अभ्यास से; **ऊर्ध्वम्**=बाद में; **संततम्**=अविच्छिन्न रूप से=विना रुके; संवृत=समान; (**संवृतेन**=)समान ध्वनि से। **मृद्ववग्रहेण प्रविग्रहेण**—जिसमें मेल (प्रश्लिष्ट) संभव हो वह **प्रविग्रह** है। "उद्वेति" इत्यादि प्रविग्रहों में मेल को पृथक् करना चाहिए=अधिक काल में (उच्चारण) करना चाहिए—यह अर्थ है। **मृद्ववग्रहेण**=मृदु 'अवग्रह' (थोड़ा-सा पृथक्करण) है जिसमें वह **मृद्ववग्रह** है उससे। **सर्वोदात्तेन**='सर्वोदात्त' 'स्वर' से; **चर्चयेयुः**=पुनः उच्चारण

[1] ऋ० ७।६३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करें। आदिपदिक और उत्तरपदिक होकर[क] सभी शिष्य उसी 'प्रश्न' का (को) (पुनः उच्चारण करें)। **इमानि पदानि**=इन पदों को=जिनको (१५।१७ में) कहेंगे उन (पदों) को; **उपस्थापयन्तः**='इति' शब्द सहित करते हुए—यह अर्थ है।[ख]

अभ्युत्परा निर्व्युप सं प्रति प्र
न्यध्यत्यपा दुःस्वपि पर्यवानु ॥१७॥

सू० अ०—(१५।१६ में सूचित पद ये हैं) 'अभि', 'उत्', 'परा', 'निः', 'वि', 'उप', 'सम्', 'प्रति', 'प्र', 'नि', 'अधि', 'अति', 'अप', 'आ', 'दुः', 'सु', 'अपि', 'परि', 'अव' और 'अनु'।

उ० भा०—अभि, उत्, परा, निः, वि, उप, सम्, प्रति, प्र, नि, अधि, अति, अप, आ, दुः, सु, अपि, परि, अव, अनु–इत्येतानि पदानि केषांचिच्छाखिनां सेतिकरणानि भवन्ति–"उदिति"; "परेति"। अस्माकं तु न। यानि सेतिकरणानि तेष्वेवायं विधिः कर्तव्यः ॥

उ० भा० अ०—**अभि, उत्, परा, निः, वि, उप, सम्, प्रति, प्र, नि, अधि, अति, अप, आ, दुः, सु, अपि, परि, अव** और **अनु**—कुछ शाखाओं के अनुयायी इन पदों को 'इति' शब्द से युक्त कर देते हैं—(उदाहरण) "उदिति"; "परेति"। हम लोग (इन पदों को 'इति' से युक्त) नहीं करते हैं। जिन (पदों) को 'इति' शब्द से युक्त करते हैं उनके ही विषय में यह विधान करना चाहिये।[ग]

टि० (क) शिष्यों के दो पक्ष होते हैं। प्रथम पक्ष के शिष्य ऋचा का उच्चारण प्रारम्भ करते हैं और पहले 'अवसान' पर रुक जाते हैं। प्रथम पक्ष के शिष्य जब 'अवसान' के अन्तिम (उत्तर) पद का उच्चारण करते हैं तभी द्वितीय पक्ष के शिष्य 'अवसान' से बाद में स्थित प्रथम (आदि) पद का उच्चारण कर देते हैं। इस प्रकार दोनों पक्षों के उच्चारणों के मध्य में कोई विराम नहीं होता है। दूसरे पक्ष के शिष्य तब दूसरे 'अवसान' पर रुकते हैं। फिर प्रथम पक्ष के शिष्य प्रारम्भ करते हैं। इसी प्रकार आगे भी।

(ख) १५।१५ के अनुसार जिस 'प्रश्न' का बार-बार अभ्यास किया गया है उसी 'प्रश्न' का सभी शिष्य मिलकर पुनः उच्चारण करते हैं जिसमें इन बातों का अनुसरण करना चाहिए—(१) उच्चारण के मध्य में रुकना नहीं चाहिए, (२) सभी पदों का समानरूपेण उच्च ध्वनि से उच्चारण करना चाहिए, (३) विकार के द्वारा मिले हुए पदों को थोड़ा पृथक् करते हुए उच्चारण करना चाहिए, (४) १५।१७ में उल्लिखित पदों के साथ 'इति' शब्द को युक्त करना चाहिए।

(ग) ऋग्वेद की जिन शाखाओं के पद-पाठ में इन पदों के साथ 'इति' शब्द लगाया जाता है उनके पारायण-प्रवचन में ही इन पदों के साथ 'इति' शब्द को लगावें; अन्य शाखाओं के पारायण-प्रवचन में नहीं। अन्य शाखा के पद-पाठ में जिन शब्दों के साथ 'इति' शब्द लगाया जाता है उन्हीं पदों के विषय में यह विधान लागू होता है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आद्यं स्थितोपस्थितमेकमेषा-
मर्धर्चान्ते कुर्युरथो द्विषंधौ ॥[१] ८॥

सू० अ०—(१५।१७ में सूचित) इन (पदों) में से प्रथम एक ('अभि') को 'स्थितोपस्थित' करना चाहिये, यदि (वह 'अभि' पद) अर्धर्च के अन्त में हो अथवा 'द्विषंधि' (नामक 'विवृत्ति') में (वर्तमान हो)।

उ० भा०—(एषाम्=) तेषामुपसर्गाणाम्; आद्यम् अभीति एकम् उपसर्गम् अर्धर्चान्ते वर्तमानम् अथो द्विषंधौ वा विवृत्तिस्थाने स्थितोपस्थितं कुर्युः। तेषामेव शाखिनाम्। "अभीत्यभि" ॥

उ० भा० अ०—(एषाम्=) इन उपसर्गों में से; **आद्यम्**=प्रथम='अभि' इस; **एकम्**=एक; 'उपसर्ग' को; **अर्धर्चान्ते**=अर्धर्च के अन्त में; वर्तमान अथवा; **द्विषंधौ**='द्विषंधि'[क] नामक 'विवृत्ति' के स्थान में; **स्थितोपस्थितं कुर्युः**='स्थितोपस्थित' करना चाहिए।[ख] (१५।१७ के भाष्य में सूचित) उन्हीं शाखाओं के अनुयायियों के मत से। (उदाहरण) "अभीत्यभि"।

च घ हि वेति च सर्वत्र तेषा-
मनेकं चेत्संनिपतेद् द्वितीयम् ॥१९॥

सू० अ०—'च', 'घ', 'हि' और 'वा' को सर्वत्र ('स्थितोपस्थित' करना चाहिये)। किन्तु यदि इनमें से एक से अधिक एक साथ आ जावें तो केवल द्वितीय को ('इति' से युक्त करना चाहिए)।

उ० भा०—च, घ, हि, वा—इत्येतानि सर्वत्र स्थितोपस्थितानि कुर्युः। चेति च। घेति घ। तेषाम्=उपसर्गाणाम्; (चेत्=) यदि; अनेकं संनिपतेद् द्वितीयम् एव सेतिकरणं कुर्युः, नेतरत्। उत्। परेति ॥

उ० भा० अ०—**च, घ, हि** और **वा**—इनको **सर्वत्र** 'स्थितोपस्थित' करना चाहिए। (उदाहरण) चेति च। घेति घ। **तेषाम्**=उनमें से=(इन) उपसर्गों में से; **(चेत्=)** यदि; **अनेकम्**=एक से अधिक; **संनिपतेद्**=साथ-साथ में आ जावें तो; **द्वितीयम्**=दूसरे को ही; 'इति' से युक्त करना चाहिए, अन्य (उपसर्गों) को नहीं। (उदाहरण) उत्। परेति।

समस्यन्तश्च द्विपदाद्यर्धर्चौ
व्यवस्यन्त इतराश्चर्चयेयुः ॥२०॥

सू० अ०—प्रारम्भ से लेकर 'द्विपदा' (दो पादों वाली ऋचा) रूप दो-दो अर्धर्चों को (एक ऋचा में) मिलाते हुए और अन्य (=अतिरिक्त द्विपदाओं) को पृथक् करते हुए उच्चारण करना चाहिये।

टि० (क) 'द्विषंधि' नामक 'विवृत्ति' के लिए २।८० को देखिए।

(ख) अर्थात् इस शाखा के अनुसार 'अभि' पद के बाद में 'इति' रखकर पुनः 'अभि' का उच्चारण करना चाहिए। 'स्थितोपस्थित' के लिए १०।१४ तथा ११।३० को देखिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—"पश्वा न तायुम्"[१] इत्येवमादीनां द्विपदानां सूक्तानाम्; (द्विपदाद्यर्धचौं=) द्वौ द्वावर्धचौं; (समस्यन्तः=) एकैकम् ऋचं कुर्वन्तः। व्यवस्यन्तः=पृथक्कुर्वन्तः; इतराः=अधिका याः सूक्तेषु "साधुर्न गृध्नुः"[२] इति यथा। तास्तथैव चर्चयेयुः। आदिग्रहणम् आदिपदस्यैतदुच्यते॥

उ० भा० अ०—"पश्वा न तायुम्" इत्यादि; (द्विपदाद्यर्धचौं=) 'द्विपदा' वाले सूक्तों के दो-दो अर्धचौं को; (समस्यन्तः=) एक-एक ऋचा करते हुए। इतराः=अन्य को=सूक्तों में जो अधिक ऋचायें होती हैं उनको; व्यवस्यन्तः=पृथक् करते हुए—"साधुर्न गृध्नुः।" इनका उसी प्रकार; चर्चयेयुः=उच्चारण करना चाहिए। (सूत्र में) 'आदि' (पद) का ग्रहण यह बतलाने के लिए किया गया है कि प्रथम (आदि) पाद से लेकर (गिनते हुए) (दो-दो द्विपदाओं की एक-एक ऋचा बनाते हैं)।[क]

दक्षिणाय प्रथमं प्रश्नमाह प्रदक्षिणं तत ऊर्ध्वं परीयुः॥२१॥

सू० अ०—(गुरु) दाहिनी ओर बैठे हुए (शिष्य) के लिए प्रथम 'प्रश्न' का (को) उच्चारण करता है। तत्पश्चात् (शिष्यों को) गुरु को दाहिनी ओर करके जाना चाहिए।

उ० भा०—दक्षिणाय शिष्याय प्रथमं प्रश्नमाह गुरुः। तत अध्ययनारम्भात् ऊर्ध्वं क्वचिद् गच्छन्तः शिष्याः; (प्रदक्षिणम्=) दक्षिणम् आचार्यं कृत्वा; परीयुः। प्रदक्षिणावृत्ताः परीयुरिति वा योजयितव्यम्॥

उ० भा० अ०—गुरु; दक्षिणाय=दाहिनी ओर बैठे हुए शिष्य के लिये; प्रथमं प्रश्नमाह=प्रथम 'प्रश्न' का (को) उच्चारण करता है। ततः ऊर्ध्वम्=इसके बाद=अध्ययन प्रारम्भ करने के बाद; शिष्य कभी (कार्य पड़ने पर) कहीं जावें तो; (प्रदक्षिणम्=) गुरु को दाहिनी ओर करके; परीयुः=जावें। अथवा यह योजना करनी चाहिए कि (अध्ययन के अन्त में) सभी शिष्य गुरु की प्रदक्षिणा करके तब जावें।[ख]

टि० (क) दो-दो पादों वाली (=द्विपदा) ऋचाओं के सूक्तों में—(१) प्रारम्भ से लेकर दो-दो द्विपदा ऋचाओं की एक-एक चतुष्पदा ऋचा बना लेनी चाहिए; (२) यदि सूक्त में द्विपदा ऋचायें समसंख्यक हैं तो दो-दो द्विपदाओं की चतुष्पदा ऋचायें बनाने में कोई कठिनता नहीं होगी; (३) यदि सूक्त में द्विपदा ऋचायें विषमसंख्यक हैं तो दो-दो द्विपदा ऋचाओं की चतुष्पदा ऋचायें बनाने पर एक अन्तिम ऋचा अवशिष्ट रह जायेगी; उस एक द्विपदा को एक पूर्ण ऋचा करके मान लेना चाहिए; क्योंकि उसका जोड़ा नहीं बन सकता है।

(ख) पहली योजना के अनुसार यह अर्थ है—अध्ययन के मध्य में यदि शिष्य को कहीं बाहर जाना पड़े तो वह गुरु को दाहिनी ओर करके तब बाहर जावे। दूसरी योजना के अनुसार यह अर्थ है—अध्ययन के समाप्त होने पर शिष्य गुरु की प्रदक्षिण करके बाहर जावें।

---

१ ऋ० १।६५।१ २ ऋ० १।७०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एवं सर्वे प्रश्नशोऽध्यायमुक्त्वो-
पसंगृह्यातिसृष्टा यथार्थम् ॥२२॥

सू० अ० इस प्रकार एक-एक 'प्रश्न' करके अध्याय का उच्चारण करके, (गुरु के) चरणों का स्पर्श करके (गुरु से) जाने की आज्ञा पाकर अपने-अपने कार्य पर चले जावें।

उ० भा०—एवम्=एतेन विधिना; प्रश्नशः सर्वे शिष्या; (अध्यायमुक्त्वा=) अध्ययनान्तं गत्वा; उपसंगृह्य गुरुं तेन अतिसृष्टाः; (यथार्थम्=) यथार्थाः स्युः=यद्यत्स्वकर्म तत्तत् कुर्युः-इत्यर्थः ॥

किमिदं प्रश्न इति ?

उ० भा० अ०—**एवम्**=इस विधि से; **प्रश्नशः**=एक-एक 'प्रश्न' करके; **सर्वे**=सभी शिष्य; **(अध्यायमुक्त्वा=)** अध्याय का उच्चारण करके=अध्याय के अन्त में जाकर; **उपसंगृह्य**=गुरु के चरणों का (को) स्पर्श करके; उनके द्वारा; **अतिसृष्टाः**=जाने की आज्ञा पाकर (विसर्जित होकर); **(यथार्थम्=)** अपने-अपने कार्य पर चले जावें=जो-जो अपना कार्य है उस-उस को करें—यह अर्थ है।

प्रश्न किसे कहते हैं ?

(प्रश्नस्वरूपमध्यायस्वरूपं च)

प्रश्नस्तृचः ॥२३॥

(प्रश्न और अध्याय का स्वरूप)

सू० अ०—तीन ऋचाओं का एक 'प्रश्न' होता है।

उ० भा०—तृचः प्रश्न इत्युच्यते ॥

उ० भा० अ०—**तृचः**=तीन ऋचायें; **प्रश्नः**='प्रश्न'; कही जाती हैं।

पङ्क्तिषु तु द्वचो वा ॥२४॥

सू० अ०—'पङ्क्ति' (छन्दः की ऋचाओं) में दो ऋचायें अथवा (तीन ऋचायें) ('प्रश्न' होती हैं)।

उ० भा०—पङ्क्तिषु तु ऋक्षु द्वचो वा प्रश्नो भवति; तृचो वा ॥

उ० भा० अ०—**पङ्क्तिषु**='पङ्क्ति' छन्दः की ऋचाओं में; **द्वचो वा**=दो ऋचायें अथवा तीन ऋचायें 'प्रश्न' होती हैं।

द्वे द्वे च पङ्क्तेरधिकाक्षरेषु ॥२५॥

सू० अ०—'पङ्क्ति' से अधिक अक्षरों वाले (छन्दों) में दो-दो ऋचाओं का ('प्रश्न' होता है)।

उ० भा० तस्याः; पङ्क्तेरधिकाक्षरेषु=त्रिष्टुबादिषु च्छन्दःसु; द्वे द्वे एव ऋचौ प्रश्नो भवति ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—उस; **पङ्क्तेरधिकाक्षरेषु**='पङ्क्ति' से अधिक अक्षरों वाले (छन्दों) में='त्रिष्टुप्' आदि छन्दों में; **द्वे द्वे**=दो-दो; ऋचाओं का 'प्रश्न' होता है।

एका च सूक्तम् ॥२६॥

सू० अ०—एक (ऋचा) सूक्त (हो तो वह एक ऋचा भी 'प्रश्न' होती है)।

उ० भा०— एका ऋक् यत् सूक्तम् भवति सा; च प्रश्नो भवति ॥

उ० भा० अ०—जब; **एका**=एक ऋचा; **सूक्तम्**=सूक्त; होती है (तब) वह; **च**=भी; 'प्रश्न' होती है।

समयास्त्वगण्याः परावरार्ध्याः ॥२७॥

सू० अ०—'समय'-संज्ञक पुनरुक्त मन्त्रांशों को नहीं गिना जाता है, चाहे वे (मन्त्रांश) बड़े हों अथवा छोटे हों।

उ० भा०—समयाः परावरार्ध्याः प्रश्नेषु; (अगण्याः=) न गण्यन्ते ॥

उ० भा० अ०—**समयाः**='समय'[क]-संज्ञक पुनरुक्त मन्त्रांश; **परावरार्ध्याः**=चाहे वे (पुनरुक्त मन्त्रांश) बड़े हों अथवा छोटे हों; प्रश्नों; में (**अगण्याः**=) नहीं गिने जाते हैं; (अर्थात् प्रश्नों की गणना करते समय 'समय'-संज्ञक पुनरुक्त मन्त्रांशों को छोड़ दिया जाता है)।

द्विपदे यथैका ॥२८॥

सू० अ०—दो द्विपदाओं को एक (ऋचा) करके (गिना जाता है)।

उ० भा०— द्विपदे यथैका ऋक्तथा गण्येते ॥

उ० भा० अ०—**द्विपदे यथैका**=दो द्विपदायें जैसे एक ऋचा हों; वैसे गिनी जाती हैं; (अर्थात् गणना करते समय दो द्विपदाओं को एक ऋचा माना जाता है)।

सूक्तस्य शेषोऽल्पतरो यदि स्यात्पूर्वं स गच्छेत् ॥२९॥

सू० अ०—यदि सूक्त का शेष भाग ('प्रश्न' से) अल्पतर हो तो वह पूर्ववर्ती ('प्रश्न') को प्राप्त होगा।

उ० भा० एवं प्रश्नेष परिकल्प्यमानेषु सूक्तस्य शेषो यद्यल्पतरः स्यात् प्रश्नात् पूर्वं स प्रश्नं गच्छेत् ॥

उ० भा० अ०—इस प्रकार प्रश्नों को बना लेने पर; **सूक्तस्य शेषः**=सूक्त का शेष भाग; **यदि** 'प्रश्न' से; **अल्पतरः स्यात्**=न्यून होवे तो; **सः**=वह (न्यून भाग); **पूर्वम्**=पूर्ववर्ती 'प्रश्न' को; **गच्छेत्**=प्राप्त होवे; (अर्थात् वह अवशिष्ट न्यून भाग अपने पूर्ववर्ती 'प्रश्न' का ही अंश बन जायेगा और इसकी गणना उसके साथ ही हो जायेगी)।

यदि तु द्वृचौ वा ॥३०॥

सू० अ०—यदि (शेष भाग) दो ऋचायें हों तो विकल्प से (वे दो ऋचायें पूर्ववर्ती 'प्रश्न' का अंग होती हैं)।

टि० (क) 'समय' के लिए पृ० ५८१ पर टि० (क) को देखिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—यदि सूक्तस्य शेषो द्वृचो भवति पूर्वं प्रश्नं गच्छेत् वा न वेति। पङ्क्तचाः प्राक् छन्दसो द्वृचं पूर्वमेव गच्छेत्। यदि पराणि पङ्क्त्याः स्युः तदा पूर्वं न गच्छेत्। यदि मिश्राणि स्युः पङ्क्तचा तर्हि क्वचित् पृथक्स्यात्, पूर्वं गच्छेद्वा संख्यावशेन ॥

उ० भा० अ०—यदि सूक्त का शेष (भाग); द्वृचः=दो ऋचायें; होती हैं (तो यह शेष भाग) पूर्ववर्ती 'प्रश्न' को प्राप्त होगा; वा=अथवा; (पूर्ववर्ती 'प्रश्न' को) प्राप्त नहीं होगा। 'पङ्क्ति' से पूर्व वाले छन्दः की दो ऋचायें पूर्ववर्ती 'प्रश्न' को ही प्राप्त होंगी। यदि 'पङ्क्ति' से परवर्ती (छन्दः) की दो ऋचायें हों तो वे पूर्ववर्ती ('प्रश्न') को प्राप्त नहीं होंगी। यदि पङ्क्ति' से मिली हुई (दो ऋचायें) होवे तो कहीं पृथक् होवे, अथवा (पादगत) संख्या के आधार पर पूर्ववर्ती ('प्रश्न') को प्राप्त होंवे।[क]

ते षष्टिरध्याय उपाधिका वा
सूक्तेऽसमाप्ते यदि ते समाप्ताः ॥३१॥

सू० अ०—एक अध्याय में ६० ('प्रश्न') होते हैं। यदि सूक्त के समाप्त न होने पर ही वे (६० 'प्रश्न') समाप्त (पूरे) हो जावें तो (एक अध्याय में ६० से भी) थोड़े-से अधिक ('प्रश्न' हो जाते हैं)।

उ० भा०—ते प्रश्ना एवं गण्यमाना एकैकस्मिन् अध्याये षष्टिः भवन्ति। उपाधिका वा भवन्ति; (सूक्तेऽसमाप्ते=) सूक्तेष्वसमाप्तेषु; यदि ते प्रश्नाः; समाप्ता भवन्ति=यदि षष्टिः पूर्णा भवन्ति—इत्यर्थः। तदा यावद्भिः प्रश्नैः सूक्तशेषः समाप्यते तावद्भिरधिका षष्टिर्भवति। एवं प्रायेण सर्वत्र युज्यते।

क्वचित्सूक्ते समाप्त इति—जातिग्रहणं द्रष्टव्यम्। सूक्तेषु समाप्तेष्विति। यथा चतुःषष्टिरध्यायाः ॥

उ० भा० अ०—इस प्रकार गिने जाने पर; ते=वे 'प्रश्न'; एक-एक; अध्याये=अध्याय में; षष्टिः=६०; होते हैं। (सूक्तेऽसमाप्ते=) सूक्तों के समाप्त न होने पर ही; यदि; ते=वे 'प्रश्न'; समाप्ताः=समाप्त हो जाते हैं=यदि ६० ('प्रश्न') पूरे हो जाते हैं—यह अर्थ है तो; उपाधिका वा=(एक अध्याय में ६० से भी) थोड़े-से अधिक ('प्रश्न') हो जाते हैं। तब जितने प्रश्नों से अवशिष्ट सूक्त समाप्त होता है उतने ही ('प्रश्न') ६० से अधिक होते हैं। प्रायः इसी प्रकार सर्वत्र किया जाता है।

कहीं पर "सूक्ते समाप्ते" (यह पाठ है)—यहाँ पर (एक वचन से) (सूक्त) जाति का ग्रहण (किया गया है)—यह समझना चाहिये (सूक्तों के समाप्त होने पर—यह अर्थ है)।

इस प्रकार गणना करने पर ऋग्वेद में ६४ अध्याय सम्पन्न होते हैं।

टि० (क) अर्थात् (१) एक ऋचा 'पङ्क्ति' छन्दः की हो और एक ऋचा 'पङ्क्ति' से पहले वाले छन्द की हो तो वे दोनों ऋचायें पूर्ववर्ती 'प्रश्न' के अन्तर्गत गिनी जायेंगी। किन्तु (२) एक ऋचा 'पङ्क्ति' छन्दः की हो और एक ऋचा 'पङ्क्ति' से बाद वाले छन्दः की हो तो वे दोनों ऋचायें पूर्ववर्ती 'प्रश्न' से पृथक् करके गिनी जायेंगी।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[वेदाध्ययने गुरुप्रक्रिया शिष्यप्रक्रिया च (पूर्वानुवृत्ता)]

भो३इत्यर्धर्चे गुरुणोक्त आह
शिष्य ओं भो३इत्युचितामृचं च ॥३२॥

[वेदाध्ययन में गुरुप्रक्रिया और शिष्यप्रक्रिया (पूर्वानुवृत्त)]

सू० अ०—जब (अध्याय के अन्तिम) अर्धर्च (की समाप्ति पर) गुरु "हो गया" ? कहते हैं तो शिष्य "जी हाँ, हो गया" (कहता है) और (अध्ययन के अन्त में) प्रायः प्रयुक्त की जाने वाली ऋचा का (को) उच्चारण करता है।

उ० भा०—अध्यायस्यान्त्ये अर्धर्चे समाप्ते भो३इति गुरुणोक्तः शिष्य ओं भो३इत्याह। वाढं युष्मदनुध्यानात्समाप्तम्—इत्यर्थः। उक्तां च ऋचमाह। उचितामृचं च। उचिता ऋक्—"शतधारमुत्सम्"[1] इति। तथा—"नमो ब्रह्मणे नमोऽस्त्वग्नये"[2] इति सा नित्यं स्वाध्याये परिधानीया ऋक्स्यात् ॥

उ० भा० अ०—अध्याय के अन्तिम; **अर्धर्चे**=अर्धर्च के समाप्त होने पर; **भो३इति गुरुणोक्तः**=जब गुरु शिष्य के प्रति "हो गया" ? कहते हैं; **शिष्य ओं भो३ इत्याह**= शिष्य "जी हाँ, हो गया" कहता है। हाँ, आपके प्रयत्न से (अध्याय) समाप्त हो गया—यह अर्थ है। (श्रौतसूत्रों में) कही हुई ऋचा का उच्चारण करता है। **उचितामृचं च**=और (अध्ययन के अन्त में) प्रायः प्रयुक्त की जाने वाली ऋचा का (को) भी उच्चारण करता है। प्रायः प्रयुक्त की जाने वाली ऋचा यह है—"शतधारमुत्सम्।" उसी प्रकार—"नमो ब्रह्मणे नमोऽस्त्वग्नये"—यह ऋचा नित्य स्वाध्याय में अन्तिम ऋचा होती है।

अथैके प्राहुरनुसंहितं तत्पारायणे प्रवचनं प्रशस्तम् ॥३३॥

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) कहते हैं कि वेदोच्चारण (पारायण) के विषय में वह प्रवचन प्रशस्त है जो संहिता-पाठ के अनुसार होता है।

उ० भा०—अथैके (पारायणे) आचार्याः प्राहुः; (तत्=) एतदेव; पारायणस्य प्रवचनम्; अनुसंहितम्=संहिताक्रमेण; प्रशस्तम् इति ॥

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये पञ्चदशं पटलम् ॥

उ० भा० अ०—**अथैके**=कतिपय आचार्य; **प्राहुः**=कहते हैं; **(पारायणे=)** पारायण का; **(तत्=)** वही, **प्रवचनम्**=प्रवचन; **प्रशस्तम्**=श्रेष्ठ होता है जो; **अनुसंहितम्**=संहिता-पाठ के अनुसार होता है।

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक
प्रातिशाख्य-भाष्य में पञ्चदश पटल समाप्त हुआ ॥

———

[1] ऋ० ३।२६।९ [2] आ० गृ० ३।३।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६ : छन्दः-पटलम् (१)

प्रजापते र्देवानामसुराणां च सप्त छन्दांसि
ऋषीणां छन्दांसि
यजुषां साम्नामृचां ब्रह्मणश्च छन्दांसि
ऋषीणां छन्दस्सु वर्गाणां त्रिविधत्वम्
ऋषीणां छन्दसामधिकारः
गायत्री तद्भेदाश्च
उष्णिक् तद्भेदाश्च
अनुष्टुप् तद्भेदाश्च
बृहती तद्भेदाश्च
पङ्क्तिस्तद्भेदाश्च
त्रिष्टुप् तद्भेदाश्च
जगती तद्भेदाश्च
अतिच्छन्दसां द्वौ वर्गौ
अतिच्छन्दसां प्रथमो वर्गः
अतिच्छन्दसां द्वितीयो वर्गः
प्रथमवर्गस्य उदाहरणानि
द्वितीयवर्गस्य उदाहरणानि

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(प्रजापतेर्देवानामसुराणां च सप्त छन्दांसि)

गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्च बृहती च प्रजापतेः ।
पङ्क्तिस्त्रिष्टुब्जगती च सप्तच्छन्दांसि तानि ह ।
अष्टाक्षरप्रभृतीनि ॥१॥

(प्रजापति, देवों तथा असुरों के सात छन्दः)

सू० अ०—'गायत्री', 'उष्णिक्', 'अनुष्टुप्', 'बृहती', 'पङ्क्ति', 'त्रिष्टुप्' और 'जगती'—ये सात छन्दः प्रजापति के हैं जो ८ अक्षरों से प्रारम्भ होते हैं।

उ० भा०—गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पङ्क्तिः, त्रिष्टुप्, जगती इति अष्टाक्षरप्रभृतीनि सप्त च्छन्दांसि। तानि प्रजापतेः वेदितव्यानि ॥

उ० भा० अ०—गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पङ्क्ति, त्रिष्टुप् (और) जगती—ये; सप्तच्छन्दांसि=सात छन्दः हैं; अष्टाक्षरप्रभृतीनि=(जो) ८ अक्षरों से प्रारम्भ होते हैं। तानि प्रजापतेः=उनको प्रजापति का; जानना चाहिये।

चतुर्भूयः परं परम् ॥२॥

सू० अ०—प्रत्येक बाद में आने वाला छन्दः (अपने-अपने पूर्व वाले छन्दः से) ४ अक्षरों से अधिक होता है।

उ० भा०—यथापरंपरं तेषु च्छन्दःसु पूर्वस्मात् पूर्वस्माच् छन्दस उत्तरमुत्तरम्; (चतुर्भूयः=) चतुर्भिरक्षरैर्भूयः; भवति ॥

उ० भा० अ०—**परं परम्**=इन छन्दों में प्रत्येक बाद वाला छन्दः अपने पहले वाले छन्दः से; (**चतुर्भूयः**=) ४ अक्षरों से अधिक होता है।[क]

दैवान्यपि च सप्तैव ॥३॥

सू० अ०—देवताओं के भी सात ही (छन्द होते हैं)।

उ० भा०—(**दैवान्यपि**=) देवानामपि; **सप्तैव** च्छन्दांसि भवन्ति ॥

उ० भा० अ०—(**दैवान्यपि**=) देवताओं के भी (इन्हीं नामों वाले); **सप्तैव**= सात ही; छन्दः होते हैं।

सप्त चैवासुराण्यपि ॥४॥

सू० अ०—असुरों के भी सात ही (छन्दः होते हैं)।

उ० भा०—आसुराण्यपि सप्तैव च्छदांसि भवन्ति ॥

उ० भा० अ०—**आसुराण्यपि**=असुरों के भी (इन्हीं नामों वाले); **सप्तैव**= सात ही; छन्दः होते हैं।

टि० (क) इस प्रकार प्रजापति की 'गायत्री' ८, 'उष्णिक्' १२, 'अनुष्टुप्' १६, 'बृहती' २०, 'पङ्क्ति' २४, 'त्रिष्टुप्' २८ और 'जगती' ३२ अक्षरों की होती है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकोत्तराणि देवानां तान्येवैकाक्षरादधि ॥५॥

सू० अ०—देवताओं के वे ही ('गायत्री' आदि छन्दः) १ 'अक्षर' से प्रारम्भ होकर १-१ ('अक्षर') से बढ़ते हैं।

उ० भा०—तान्येव=गायत्र्यादीनि; (एकाक्षरादधि=) एकाक्षरप्रभृतीनि; एकोत्तराणि देवानां भवन्ति ॥

उ० भा० अ०—देवानाम्=देवताओं के; तान्येव=वे ही='गायत्री' आदि (छन्दः); (एकाक्षरादधि=) १ 'अक्षर' से प्रारम्भ होकर; एकोत्तराणि=१-१ ('अक्षर') से अधिक होने वाले; होते हैं; (अर्थात् देवताओं के 'गायत्री' आदि छन्दः १ 'अक्षर' से प्रारम्भ होकर उत्तरोत्तर १-१ 'अक्षर' से बढ़ते हैं)।[क]

एकावमान्यसुराणां ततः पञ्चदशाक्षरात् ॥६॥

सू० अ०—असुरों के (छन्दः, १५ अक्षरों से (प्रारम्भ होते हैं) और तब १-१ ('अक्षर') से कम होते हैं।

उ० भा०—तान्येव पञ्चदशाक्षरात् प्रभृति चेमानि; एकावमानि=एकैकन्यूनानि; असुराणां भवन्ति ॥

उ० भा० अ०—असुराणां=असुरों के; वे ही ये ('गायत्री' आदि छन्दः); पञ्चदशाक्षरात्=१५ अक्षरों से (प्रारम्भ होते हैं); (ततः=तब) एकावमानि=१-१ ('अक्षर') से न्यून होते हैं।[ख]

(ऋषीणां छन्दांसि)

तानि त्रीणि समागम्य सनामानि सनाम तत्।
एकं भवत्यृषिच्छन्दस्तथा गच्छन्ति संपदम् ॥७॥

(ऋषियों के छन्दः)

सू० अ०—जब उसी नाम वाले ये तीन (प्रजापति, देवों और असुरों के छन्दः) एक में मिल जाते हैं तो वह उसी नाम का एक ऋषि-छन्दः होता है। इस प्रकार (ऋषि-छन्दः) पूर्णता को प्राप्त होते हैं।

उ० भा०—तानि=प्रजापतिदेवासुराणां छन्दांसि। (सनामानि=) समाननामानि; तानि त्रीणि; समागम्य=सह भूत्वा; सहभूतानां सनाम तदेकमृषिच्छन्दो भवति। तथा। कथम्? प्रजापतेर्गायत्रमष्टाक्षरं देवानामेकाक्षरमसुराणां पञ्चदशाक्षरम्। तानि चतुर्विंशतिः। चतुरुत्तराणि भवन्ति। एवं सर्वाणि ऋषिच्छन्दांसि संपदं गच्छन्ति ॥

टि० (क) इस प्रकार देवताओं की 'गायत्री' १, 'उष्णिक्' २, 'अनुष्टुप्' ३, 'बृहती' ४, 'पङ्क्ति' ५, 'त्रिष्टुप्' ६ और 'जगती' ७ अक्षरों की होती है।

(ख) इस प्रकार असुरों की 'गायत्री' १५, 'उष्णिक्' १४, 'अनुष्टुप्' १३, 'बृहती' १२, 'पङ्क्ति' ११, 'त्रिष्टुप्' १० और 'जगती' ९ अक्षरों की होती है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**तानि**=वे=**प्रजापति, देव** और **असुरों** के छन्दः। (**सनामानि**=) समान (उसी) नाम वाले; वे; **त्रीणि**=तीन; **समागम्य**=एक में मिलकर; मिलकर एक बने हुए (छन्दों) का; **सनाम तदेकमृषिच्छन्दो भवति**=उसी नाम वाला एक **ऋषि**-छन्दः हो जाता है। **तथा**=इस प्रकार (वे पूर्णता को प्राप्त होते हैं)। (प्रश्न) किस प्रकार? (उत्तर) **प्रजापति** की 'गायत्री' ८ अक्षरों की, **देवताओं** की ('गायत्री') १ 'अक्षर' की और **असुरों** की ('गायत्री') १५ अक्षरों की (होती है)। वे (तीनों मिलकर) २४ ('अक्षर' हो जाते हैं) (जो एक **ऋषि**-'गायत्री' होती है)। (वे **ऋषि**-छन्दः क्रमशः) ४-४ अक्षरों से बढ़ते हैं—इस प्रकार सभी **ऋषि**-छन्दः; **संपदं गच्छन्ति**=पूर्णता को प्राप्त होते हैं।

एवं त्रिप्रकृतीन्याहुर्युक्तानि चतुरुत्तरम्।
ऋषिच्छन्दांसि ॥८॥

सू० अ०—इस प्रकार मिलकर बने हुए ऋषि-छन्दों के विषय में (आचार्य) कहते हैं कि उन (ऋषि-छन्दों) की तीन प्रकृतियाँ होती हैं तथा वे (ऋषि-छन्दः) उत्तरोत्तर ४-४ अक्षरों से बढ़ते हैं।

उ० भा०—एवम्। कथम्? युक्तानि समाननामानि सनामेति च। त्रिप्रकृतीनि ऋषिच्छन्दांसि; (चतुरुत्तरम्=) चतुरुत्तराणि; आहुः॥

उ० भा० अ०—**एवम्**=इस प्रकार (मिलकर बने हुए)। (प्रश्न) किस प्रकार (मिलकर बने हुए)? (उत्तर) (**प्रजापति, देव** और **असुरों** के) समान नाम वाले (छन्दः मिलकर) समान (उसी) नाम वाले (**ऋषि**-छन्दः हो जाते हैं)। **त्रिप्रकृतीनि ऋषिच्छन्दांसि आहुः**=**ऋषि**-छन्दों के विषय में (आचार्य) कहते हैं कि उनकी तीन प्रकृतियाँ होती हैं; (**चतुरुत्तरम्**=) वे (**ऋषि**-छन्दः) उत्तरोत्तर ४-४ अक्षरों से बढ़ते हैं।क

टि० (क) **प्रजापति, देवों** और **असुरों** के छन्द—ये तीन—**ऋषि**-छन्दों की प्रकृतियाँ हैं। इन तीनों के मिलने से **ऋषि**-छन्दः सम्पन्न होते हैं। ये **ऋषि**-छन्दः 'गायत्री' से लेकर 'जगती' तक उत्तरोत्तर ४-४ अक्षरों से अधिक होते हैं। जैसे—**ऋषि** की 'गायत्री' २४, 'उष्णिक्' २८, 'अनुष्टुप्' ३२, 'बृहती' ३६, 'पङ्क्ति' ४०, 'त्रिष्टुप्' ४४ और 'जगती' ४८ अक्षरों की होती हैं जैसा कि इस रेखा-चित्र से स्पष्ट हो जायेगा—

	गायत्री	उष्णिक्	अनुष्टुप्	बृहती	पङ्क्ति	त्रिष्टुप्	जगती
प्रजापति की	८	१२	१६	२०	२४	२८	३२
देवों की	१	२	३	४	५	६	७
असुरों की	१५	१४	१३	१२	११	१०	९
ऋषि की	२४	२८	३२	३६	४०	४४	४८

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तैः प्रायो मन्त्रः श्लोकश्च वर्तते ॥९॥

सू० अ०—इन्हीं (ऋषि-छन्दों) से प्रायः **मन्त्र** और **श्लोक** होता है।

उ० भा०—**तैः**=ऋषिच्छन्दोभिः; (**प्रायः**=) प्रायेण; **मन्त्रः**; (**वर्तते**=) अनुवर्तते; **श्लोकश्च** ॥

उ० भा० अ०—**तैः**=इन्हीं ऋषि छन्दों से; (**प्रायः**=) प्रायेण; **मन्त्रः**=मन्त्र; **श्लोकश्च**=और श्लोक भी; (**वर्तते**=) होता है।

(यजुषां साम्नामृचां ब्रह्मणश्च छन्दांसि)

तत्पादो यजुषां छन्दः साम्नां तु द्वावृचां त्रयः ॥१०॥

(यजुषों, सामों, ऋचाओं तथा ब्रह्म के छन्दः)

सू० अ०—उन (ऋषि-छन्दों) का चतुर्थ भाग यजुषों का छन्दः (होता है), दो चतुर्थ (अर्थात् आधा) भाग सामों का (छन्दः होता है) और तीन चतुर्थ भाग ऋचाओं का (छन्दः होता है)।

उ० भा०—**तत्पादः**=तेषामृषिच्छन्दसां चतुर्थोंऽशः; **यजुषां छन्दो** वेदितव्यम्। **साम्नां छन्दो द्वौ पादौ** वेदितव्यौ। **ऋचां छन्दः त्रयः पादा** वेदितव्याः ॥

उ० भा० अ०—**तत्पादः**=उनके पाद को=उन ऋषि-छन्दों के चतुर्थ अंश को; **यजुषां छन्दः**=यजुषों का छन्दः; जानना चाहिये। **द्वौ**=(ऋषि-छन्दों के) दो पादों को (=दो चतुर्थ अंशों को=आधे भाग को); **साम्नाम्**=सामों का; छन्दः जानना चाहिये। **त्रयः**=तीन पादों (=तीन चतुर्थ अंशों) को; **ऋचाम्**=ऋचाओं का; छन्दः जानना चाहिये।[क]

टि० (क) अर्थात् **याजुष** छन्दों में आर्ष छन्दों के एक चौथाई 'अक्षर' होते हैं; **साम** छन्दों में दो चौथाई 'अक्षर' होते हैं और **आर्च** छन्दों में तीन चौथाई 'अक्षर' होते हैं। जैसे—**आर्षी** 'गायत्री' २४ अक्षरों की होती है; **याजुष** 'गायत्री' इसके एक चौथाई अर्थात् २४×$\frac{१}{४}$=६ अक्षरों की होती है; **साम** 'गायत्री' इसके दो चौथाई अर्थात् २४×$\frac{२}{४}$=१२ अक्षरों की होती है और **आर्च** 'गायत्री' इसके तीन चौथाई अर्थात् २४×$\frac{३}{४}$=१८ अक्षरों की होती है, जैसा कि इस रेखा-चित्र से स्पष्ट हो जायेगा—

	गायत्री	उष्णिक्	अनुष्टुप्	बृहती	पङ्क्ति	त्रिष्टुप्	जगती
ऋषि की	२४	२८	३२	३६	४०	४४	४८
यजुष् की	६	७	८	९	१०	११	१२
सामन् की	१२	१४	१६	१८	२०	२२	२४
ऋचा की	१८	२१	२४	२७	३०	३३	३६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गायत्र्यादि जगत्यन्तमेकद्वित्र्यधिकं तु तत् ।
आर्षवत्तत्समाहारो ब्राह्मो वर्गः षळुत्तरः ॥११॥

सू० अ०—'गायत्री' से लेकर 'जगती' तक ये ('याजुष', 'साम' और 'आर्च' छन्दः क्रमशः) १, २ और ३ (अक्षरों) से अधिक होते हैं। आर्ष (छन्दों) की तरह इनके एकत्र मिलने से ब्राह्मवर्ग (संपन्न) होता है जो उत्तरोत्तर ६-६ अक्षरों से बढ़ता है।

उ० भा० (तत्=)तानि च्छन्दांसि यजुःसामऋचाम्; (गायत्र्यादि जगत्यन्तम्=) गायत्र्यादिजगत्यन्तानि; क्रमेण; (एकद्वित्र्यधिकम्=) एकद्वित्र्यधिकानि; भवन्ति। कः क्रमः ? यजुषां गायत्री षडक्षरा; उष्णिक्सप्ताक्षरा। एवम्। तथा साम्नां द्वादशाक्षरा गायत्री; उष्णिक् चतुर्दशाक्षरा। तथा ऋचां गायत्र्यष्टादशाक्षरा; उष्णिगेकविंशत्यक्षरेति। एवं सर्वत्र। तत्समाहारः=तेषामृग्यजुःसाम्नां छन्दसां समाहारः; आर्षवत्=ऋषिच्छन्दोवत्; द्रष्टव्यः। स ब्राह्मः=ब्रह्मणोऽयम्; वर्गः=गणः; षडुत्तरो वेदितव्यः॥

सू० अ०—पूर्व के दो पाद १०-१० अक्षरों के हों और बाद के तीन (पाद) ८-८ अक्षरों के हों तो उस 'त्रिष्टुप्' को 'विराट्पूर्वा' अथवा 'पङ्क्त्युत्तरा' नाम वाला (जानना चाहिए)।

उ० भा०—यस्याः पूर्वौ द्वौ पादौ दशाक्षरौ भवतः। उत्तरे च अष्टाक्षरास्त्रयो भवन्ति। एषा त्रिष्टुब् विराट्पूर्वा पङ्क्त्युत्तरा नाम वा वेदितव्या। यथा—"एवेन्द्राग्निभ्यामहावि हव्यम् ॥"१

उ० भा० अ०—जिसके; **पूर्वौ पादौ**=पूर्व के दो पाद; **दशाक्षरौ**=१०-१० अक्षरों के होते हैं। **उत्तरे अष्टाक्षरास्त्रयः**=और बाद के तीन (पाद) ८-८ अक्षरों के होते हैं। **एषा त्रिष्टुप्**=इस 'त्रिष्टुप्' को; **विराट्पूर्वा पङ्क्युक्तरा नाम वा**= 'विराट्पूर्वा' अथवा 'पङ्क्त्युत्तरा'ख नाम वाला; जानना चाहिए। जैसे—"एवेन्द्राग्निभ्यामहावि हव्यम्।"ग

त्रयश्चैकादशाक्षरा एकश्चाष्टाक्षरः परः।
विराड्रूपा ह नामैषा त्रिष्टुम्नाक्षरसंपदा ॥६९॥

सू० अ०—तीन (पाद) ११-११ अक्षरों के हों और एक अन्तिम (पाद) ८ अक्षरों का हो तो यह 'विराड्रूपा' नाम वाला 'त्रिष्टुप्' है, यद्यपि अक्षरों की पूर्ति (नहीं होती है)।

उ० भा०—यस्या त्रयः पादा एकादशाक्षरा एकश्च; (परः=) अपरः; अष्टाक्षरः; (एषा=) सा; **विराड्रूपा नाम त्रिष्टुब्** वेदितव्या। यद्यपि; (अक्षरसंपदा=) अक्षरसंपत्; नास्ति। उक्तं हि—

त्रिष्टुभो या विराट्स्थाना विराड्रूपास्तथापराः।
बहूना अपि ता ज्ञेयास् त्रिष्टुभो ब्राह्मणं तथा ॥ इति।

"क्रीळन्नो रश्म आ भुवः"२ इति ॥

टि० (क) श्रुधी हवमिन्द्र मा रिषण्यः स्याम ते दावन वसूनाम्।
इमा हि त्वामूर्जो वर्धयन्ति वसूयवः सिन्धवो न क्षरन्तः ॥
सभी स्थितियों में इस 'त्रिष्टुप्' छन्दः की अक्षर-संख्या अनेक अक्षरों से न्यून है।

(ख) विराट्पूर्वा अथवा पङ्क्त्युत्तरा त्रिष्टुप्=१०+१०+८+८+८=४४

(ग) एवेन्द्राग्निभ्यामहावि हव्यं शूष्यं घृतं न पूतमद्रिभिः।
ता सूरिषु श्रवो बृहद् रयिं गृणत्सु दिधृतम् इषं गृणत्सु दिधृतम् ॥

---

१ ऋ० ५।८६।६ २ ऋ० ५।१९।५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—जिसके; **त्रयः**=तीन पाद; **एकादशाक्षराः**=११-११ अक्षरों के हों; **एकश्च (परः)**=और अन्तिम एक (पाद); **अष्टाक्षरः**=८ अक्षरों का हो; **(एषा=)** उसे; **विराड्रूपा नाम त्रिष्टुप्**='विराड्रूपा'[क] नामक 'त्रिष्टुप्'; जानना चाहिए। यद्यपि; **(नाक्षरसंपदा=)** अक्षरों की पूर्ति नहीं; होती है।[ख] कहा भी है—

"जो 'विराट्स्थान त्रिष्टुप्' (होते हैं) और जो 'विराड्रूप त्रिष्टुप्' (होते हैं), बहुत अक्षरों से न्यून होने पर भी उनको 'त्रिष्टुप्' जानना चाहिए; ब्राह्मण वैसा (कहता है)।"

(उदाहरण)—"क्रीळन्नो रश्म आ भुवः।"[ग]

त्रयश्च द्वादशाक्षरा एकश्चाष्टाक्षरः क्वचित्।
एषा ज्योतिष्मती नाम ततो ज्योतिर्यतोऽष्टकः ॥७०॥

सू० अ०—तीन पाद १२-१२ अक्षरों के हों और कहीं भी एक पाद ८ अक्षरों का हो तो यह 'ज्योतिष्मती'नामक ('त्रिष्टुप्') (होता है)। जहाँ ८ अक्षरों का (पाद) हो वहीं ज्योति (होती है)।

उ० भा०—यस्यास्त्रयः पादा द्वादशाक्षरा एकश्चाष्टाक्षरः क्वचित् भवति एषा त्रिष्टुब् ज्योतिष्मती नाम वेदितव्या। यतोऽष्टकः पादस्ततो ज्योतिः इत्युच्यते। यथा—"यद् वा यज्ञं मनवे संमिमिक्षथुः"[१] इति मध्ये ज्योतिः। "अग्निनेन्द्रेण वरुणेन विष्णुना"[२] इत्युपरिष्टाज्ज्योतिः॥

उ० भा० अ०—जिसके; **त्रयः**=तीन; पाद; **द्वादशाक्षराः**=१२-१२ अक्षरों के (होते हैं); **एकश्चाष्टाक्षरः**=और एक पाद ८ अक्षरों का; **क्वचित्**=कहीं पर; होता ह तो; **एषा**=इस (यह); 'त्रिष्टुप्' को; **ज्योतिष्मती नाम**='ज्योतिष्मती'[घ] नामक; जानना चाहिए। **यतोऽष्टकः**=जहाँ ८ अक्षरों का; पाद (होता है); **ततो ज्योतिः**= वहाँ ज्योति; कहा जाता है। जैसे—"यद् वा यज्ञं मनवे संमिमिक्षथुः"[ङ]—यहाँ मध्य में ज्योति है। "अग्निनेन्द्रेण वरुणेन विष्णुना"[च]—यहाँ बाद में ज्योति है।

टि० (क) विराड्रूपा त्रिष्टुप्=११+११+११+८=४१

(ख) 'त्रिष्टुप्' में ४४ 'अक्षर' होते हैं, किंतु 'विराड्रूपा त्रिष्टुप्' में ४१ 'अक्षर' ही होते हैं। इस प्रकार इसमें ३ अक्षरों की न्यूनता है।

(ग) क्रीळन् नो रश्म आ भुवः सं भस्मना वायुना वेविदानः।
ता अस्य सन् धृषजो न तिग्माः सुसंशिता वक्ष्यो वक्षणेस्थाः।

(घ) ज्योतिष्मती त्रिष्टुप्=१२+१२+१२+८ (किसी भी पाद में)=४४

(ङ) यद् वा यज्ञं मनवे संमिमिक्षथु—रेवेत् काण्वस्य बोधतम्।
बृहस्पतिं विश्वान् देवाँ अहं हुव इन्द्राविष्णू अश्विनावाशुहेषसा॥

(च) अग्निनेन्द्रेण वरुणेन विष्णुना ऽऽदित्यै रुद्रैर्वसुभिः सचाभुवा।
सजोषसा उषसा सूर्येण च सोमं पिबतमश्विना॥

---

[१] ऋ० ८।१०।२ [२] ऋ० ८।३५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चत्वारोऽष्टाक्षराः पादा एकश्च द्वादशाक्षरः ।
सा महाबृहती नाम ॥७१॥

सू० अ०—चार पाद ८-८ अक्षरों के हों और एक (पाद) १२ अक्षरों का हो तो वह 'महाबृहती' नामक ('त्रिष्टुप्' होता है)।

उ० भा०—यस्या अष्टाक्षराश्चत्वारः पादा एकश्च द्वादशाक्षरः सा त्रिष्टुब् महाबृहती नाम वेदितव्या। यथा—"नमोवाके प्रस्थिते अध्वरे नरा ॥"[१]

उ० भा० अ०—जिसके; अष्टाक्षराश्चत्वारः पादाः=चार पाद ८-८ अक्षरों के हों; एकश्च द्वादशाक्षरः=और एक (पाद) १२ अक्षरों का हो तो; सा=उस; 'त्रिष्टुप्' को; महाबृहती नाम='महाबृहती'[क] नामक; जानना चाहिए। जैसे—"नमोवाके प्रस्थिते अध्वरे नरा।"[ख]

यवमध्या तु मध्यमे ॥७२॥

सू० अ०—(१२ अक्षरों का पाद) मध्य में हो तो (वह) 'यवमध्या त्रिष्टुप' (कहलाता है)।

उ० भा०—आद्यावष्टाक्षरौ; (मध्यमे=) तृतीयो द्वादशाक्षरः; चतुर्थपञ्चमौ चाष्टाक्षरौ सा त्रिष्टुब् यवमध्या नाम वेदितव्या। यथा—"बृहद्भिरग्ने अर्चिभिः ॥"[२]

उ० भा० अ०—प्रथम दो पाद ८-८ अक्षरों के हों; (मध्यमे=) तृतीय (पाद) १२ अक्षरों का हो; और चतुर्थ तथा पञ्चम (पाद) ८-८ अक्षरों के हों तो उस 'त्रिष्टुप्' को यवमध्या[ग] नामक जानना चाहिए। जैसे—"बृहद्भिरग्ने अर्चिभिः।"[घ]

सो चिन्नु सनेमि श्रुध्येव क्रीळन्यद्वाग्निनेन्द्रेण ।
नमोवाके बृहद्भिश्च ता ऋचोऽत्र निदर्शनम् ॥७३॥

सू० अ०—"सो चिन्नु···", "सनेमि···", "श्रुधी···", "एव··" "क्रीळन्···", "यद्वा···", "अग्निनेन्द्रेण···", "नमोवाके···" और "बृह" ये ऋचायें यहाँ उदाहरण हैं।

उ० भा०—उक्तान्येवोदाहरणानि ॥

टि० (क) महाबृहती त्रिष्टुप्=१२+८+८+८+८

(ख) नमोवाके प्रस्थिते अध्वरे नरा विवक्ष
आ यातमश्विना गतम् अवस्युर्वा

(ग) यवमध्यमा त्रिष्टुप्=८+

(घ) बृहद्भिरग्ने अर्चिभिः
भरद्वाजे समिधा

---

[१] ऋ० ८।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(ये) उदाहरण (१६।६५, ६७, ६८, ६९, ७०, ७१ और ७२ में) कहे जा चुके हैं।

(जगती तद्भेदाश्च)

पञ्चाशज्जगती द्वयूना चत्वारो द्वादशाक्षराः।
तदस्या बहुलं वृत्तम् ॥७४॥

(जगती और उसके भेद)

सू० अ०—२ कम पचास (अर्थात् ४८ अक्षरों) की 'जगती' (होती है)। (इसमें) १२-१२ अक्षरों के चार (पाद होते हैं)। इसका प्रायः यही स्वरूप (वृत्त) है।

उ० भा०—(द्वयूना=) द्वाभ्यामूनानि; पञ्चाशत् अक्षराणि सा जगती नाम भवति। चत्वारः पादा द्वादशाक्षरा भवन्ति। तद् वृत्तम्; बहुलमस्याः=प्रायेण; भवति। उदाहरणम्—"प्र देवमच्छा मधुमन्त इन्दवः ॥"[१]

उ० भा० अ०—(द्वयूना) पञ्चाशत्=२ कम ५०; 'अक्षर' (जिसमें होते हैं) वह **जगती**[क] नामक (छन्दः) होता है। (इसमें); **चत्वारः**=चार; पाद; **द्वादशाक्षराः**=१२-१२ अक्षरों के; होते हैं। **तद् वृत्तम्**=वह स्वभाव; **बहुलमस्याः**=इसका प्रायः; होता है। उदाहरण—"प्र देवमच्छा मधुमन्त इन्दवः।[ख]

महापङ्क्तिः षळष्टकाः ॥७५॥

सू० अ०—८-८ (अक्षरों) के छः (पाद) (हों तो वह) **'महापङ्क्ति'** ('जगती') (होती है)।

उ० भा०—यस्या षट् पादाः; (अष्टकाः=) अष्टाक्षराः; भवन्ति सा जगती महापङ्क्तिः इत्युच्यते ॥

उ० भा० अ०—जिसके; षट्=छः; पाद; (अष्टकाः=) ८-८ अक्षरों के; होते हैं वह 'जगती' **महापङ्क्ति**[ग] कहलाती है।

अष्टौ सप्तकः षट्को दशको नवकश्च वा ॥७६॥

सू० अ०—अथवा ('महापङ्क्ति' में) दो (पाद) ८-८, एक ७, एक ६, एक १० और एक ९ (अक्षरों) का (होता है)।

टि० (क) जगती=१२+१२+१२+१२=४८

(ख) प्र देवमच्छा मधुमन्त इन्दवो ऽसिष्यदन्त गाव आ न धेनवः।
बर्हिषदो वचनावन्त ऊधभिः परिस्रुतमुस्रिया निर्णिजं धिरे ॥

(ग) महापङ्क्ति जगती=८+८+८+८+८+८=४८

---

[१] ऋ० ९।६८।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—द्वौ पादौ; (अष्टकौ=) अष्टाक्षरौ; एकः; (सप्तकः=) सप्ताक्षरः; अपरः; (षट्कः=) षडक्षरः; एकः; (दशकः=) दशाक्षरः; अन्यः; (नवकः=) नवाक्षरः—सा वा महापङ्क्तिः। "सेहान उग्र पृतनाः"[१]; "सूर्ये विषम् ॥"[२]

उ० भा० अ०—दो पाद; (अष्टकौ=) ८-८ अक्षरों के; एक (पाद); (सप्तकः=) ७ अक्षरों का; एक (पाद); (षट्कः=) ६ अक्षरों का; एक (पाद); (दशकः=) १० अक्षरों का; एक (पाद); (नवकः=) ९ अक्षरों का (हो तो)—वह; वा=भी; महापङ्क्तिक (होती है)। (उदाहरण)—"सेहान उग्र पृतनाः"ख; "सूर्ये विषम्।"ग

महासतोबृहत्यर्धे व्यूहयोरेतयोः सह।
(संपाते त्वेति पादान्ते देववान्सप्तविंशके)घ ॥७७॥

सू० अ०—(१६।७४ और १६।७५ में विहित) इन दो (छन्दों) के आधे-आधे (भागों) के (एक ही ऋचा में) मिल जाने पर 'महासतोबृहती' (छन्दः) (बनता है)।

उ० भा०—एतयोः=ऋचोः; सह=अष्टाक्षरद्वादशाक्षरयोः पादयोः सह; व्यूहयोः सतोर्महासतोबृहती नाम जगती वेदितव्या ॥

उ० भा० अ०—(१६।७४ और १६।७५ में विहित) एतयोः=ऋचाओं के (='जगती' और 'महापङ्क्ति' छन्दस्क ऋचाओं के); सह=८ अक्षरों वाले (३ पादों) और १२ अक्षरों वाले (२ पादों) के एक साथ में (=एक ऋचा में); व्यूहयोः=मिल जाने पर; महासतोबृहतीङ नामक 'जगती' जानना चाहिए।

टि० (क) ८+८+७+६+१०+९=४८

(ख) सेहान उग्र पृतना अभि द्रुहः शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
माध्यंदिनस्य सवनस्य वृत्रहन्ननेद्य पिवा सोमस्य वज्रिवः ॥
चतुर्थ और पञ्चम पाद की 'अक्षर'-संख्या के विषय में १७।२४ को देखिए।

(ग) सूर्ये विषमा सजामि दृतिं सुरावतो गृहे।
सो चिन्नु न मराति नो वयं मरामा—ऽऽरे अस्य योजनं हरिष्ठा
मधु त्वा मधुला चकार ॥

(घ) यह अंश प्रक्षिप्त है क्योंकि (१) भाष्यकार ने इसका भाष्य नहीं लिखा है; (२) कुछ हस्तलेखों में इसका ग्रहण नहीं किया गया है; (३) एक हस्तलेख में इसको स्पष्ट शब्दों में प्रक्षिप्त कहा गया है; (४) इसका अर्थ नहीं लगता है और (५) इसका परित्याग करने से १७।७६ और १७।७७ मिलकर 'अनुष्टुप्' वाला एक श्लोक पूरा हो जाता है।

(ङ) महासतोबृहती=८+८+८+१२+१२=४८
कोई भी तीन पाद ८-८ और कोई भी दो पाद १२-१२ अक्षरों के हो सकते हैं।

---

[१] ऋ० ८।३७।२ [२] ऋ० १।१९१।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अस्मा ऊ षूभे यदिन्द्र सेहान उग्रेति षट् ।
आ यः पप्रौ विश्वासां च ता ऋचोऽत्र निदर्शनम् ॥७८॥

सू० अ०—"अस्मा ऊ षु···"; "उभे यदिन्द्र···"; "सेहान उग्र···" इत्यादि छः; "आ यः पप्रौ····" और "विश्वासाम्···"—ये ऋचायें यहाँ पर उदाहरण हैं।

उ० भा०—"अस्मा ऊ षु प्रभूतये"[१]; "उभे यदिन्द्र रोदसी"[२]; "सेहान उग्र पृतनाः"[३] इति षट्—एता महापङ्क्तयः। "आ यः पप्रौ भानुना रोदसी उभे"[४]; "विश्वासां गृहपतिर्विशामसि"[५]—एते महासतोबृहत्यौ ॥

उ० भा० अ०—"अस्मा ऊ षु प्रभूतये"[क]; "उभे यदिन्द्र रोदसी"[ख]; "सेहान उग्र पृतनाः"[ग] इत्यादि छः (ऋचायें)—ये 'महापङ्क्ति' हैं। "आ यः पप्रौ भानुना रोदसी उभे"[घ]; "विश्वासां गृहपतिर्विशामसि"[ङ]—ये दो 'महासतोबृहती' हैं।

(अतिच्छन्दसां द्वौ वर्गौ)

द्वावतिच्छन्दसां वर्गा उत्तरौ चतुरुत्तरौ ॥७९॥

(अतिच्छन्दों के दो वर्ग)

सू० अ०- ' के) बाद में अतिछन्दों के दो वर्ग हैं जो (उत्तरोत्तर) ४-४ अक्षरें

तिच्छन्दसां द्वौ वर्गौ चतुरुत्तरौ वेदितव्यौ ॥

त्तरौ=बाद में; अतिच्छन्दसां द्वौ वर्गौ=अति-
`=४-४ अक्षरों से बढ़ने वाला; जानना चाहिए।

च्यो ऽर्चा विदुष्टरेभ्यः ।
ति नभन्तामन्यके समे ॥

नीत्यजीजनद् भद्रा जनित्यजीजनत् ॥

ग्वाभिरूतिभिः ।
वज्रिवः ॥

रुषो वृषा ॥

च ददति ॥
गले हैं। ऐसे
े चाहिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथमातिजगत्यासां सा द्विपञ्चाशदक्षरा ॥८०॥

सू० अ०—इनमें प्रथम 'अतिजगती' है। वह ५२ अक्षरों की (होती है)।

उ० भा०—आसां प्रथमा या द्विपञ्चाशदक्षरा साऽतिजगती नाम वेदितव्या। यथा—"तमिन्द्रं जोहवीमि मघवानमुग्रम् ॥"[१]

उ० भा० अ०—आसां प्रथमा=इन (अतिच्छन्दों) में प्रथम; जो; द्विपञ्चाशदक्षरा=५२ अक्षरों की (होती है); साऽतिजगती=उसे 'अतिजगती'; नामक जानना चाहिए। जैसे—"तमिन्द्रं जोहवीमि मघवानमुग्रम्।"क

षट्पञ्चाशत्तु शक्वरी ॥८१॥

सू० अ०—५६ (अक्षरों) की 'शक्वरी' (होती है)।

उ० भा०—षट्पञ्चाशद्-अक्षरा शक्वरी भवति। "प्रो ष्वस्मै पुरोरथम् ॥"[२]

उ० भा० अ०—षट्पञ्चाशत्=५६; अक्षरों की शक्वरी होती है। (उदाहरण) "प्रो ष्वस्मै पुरोरथम्।"ख

षष्टिरेवातिशक्वरी ॥८२॥

सू० अ०—६० (अक्षरों) की 'अतिशक्वरी' (होती है)।

उ० भा०—षष्टिः अक्षराणि अतिशक्वरी भवति। "सुषुमा यातमद्रिभिः ॥"[३]

उ० भा० अ०—षष्टिः=६०; अक्षरों की अतिशक्वरी होती है। (उदाहरण) "सुषुमा यातमद्रिभिः।"ग

उत्तराष्टिश्चतुष्षष्टिः ॥८३॥

सू० अ०—(उस 'अतिशक्वरी' के) बाद वाली ६४ (अक्षरों) की 'अष्टि' (होती) है।

उ० भा०—तस्या उत्तरा या सा चतुष्षष्टिः अक्षराणि भवति। सा अष्टिः नाम वेदितव्या। "त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्मः"[४] इति ॥

टि० (क) तमिन्द्रं जोहवीमि मघवानमुग्रं सत्रा दधानमप्रतिष्कुतं शवांसि।
मंहिष्ठो गीर्भिरा च यज्ञियो ववर्तद्राये नो विश्वा सुपथा कृणोतु वज्री ॥

(ख) प्रो ष्वस्मै पुरोरथम् इन्द्राय शूषमर्चत।
अभीके चिदु लोककृत् संगे समत्सु वृत्रहा ऽस्माकं बोधि चोदिता।
नभन्तामन्यकेषां ज्याका अधि धन्वसु ॥

(ग) सुषुमा यातमद्रिभिर् गोश्रीता मत्सरा इमे सोमासो मत्सरा इमे।
आ राजाना दिविस्पृशा ऽस्मत्रा गन्तमुप नः।
इमे वां मित्रावरुणा गवाशिरः सोमाः शुक्रा गवाशिरः ॥

---

१ ऋ० १।१३७।१ २ ऋ० ८।९७।१३ ३ ऋ० १०।१३३।१
४ ऋ० २।२२।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—उसके (='अतिशक्वरी' के); **उत्तरा**=बाद में; जो है वह; **चतुष्षष्टिः**=६४; अक्षरों की होती है। उसे **अष्टि** नामक जानना चाहिए। (उदाहरण) "त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्मः।"क

ततोऽष्टाषष्टिरत्यष्टिः ॥८४॥

सू० अ०—उसके बाद में ६८ (अक्षरों) वाली 'अत्यष्टि' (होती है)।

उ० भा०—तत उत्तरा अष्टाषष्टिः अक्षराणि सा अत्यष्टिः भवति। "अया रुचा हरिण्या पुनानः"१ इति ॥

उ० भा० अ०—**ततः**=उससे बाद में; (जो) **अष्टाषष्टिः**=६८; अक्षरों वाली है वह **अत्यष्टि** होती है। (उदाहरण) "अया रुचा हरिण्या पुनानः।"ख

धृतिः पूर्वा द्विसप्ततिः ॥८५॥

सू० अ०—('अतिधृति' से) पूर्व वाली ७२ (अक्षरों) की 'धृति' (होती है)।

उ० भा०—अतिधृतेः पूर्वा या; (द्विसप्ततिः=) द्विसप्तत्यक्षरा; सा धृतिः भवति। "सखे सखायमभ्या ववृत्स्व ॥"२

उ० भा० अ०—'अतिधृति' से; **पूर्वा**=पूर्व वाली; जो; (**द्विसप्ततिः**=) ७२; अक्षरों की (होती है); वह **धृति** होती है। (उदाहरण) "सखे सखायमभ्या ववृत्स्व।"ग

षट्सप्ततिस्त्वतिधृतिः ॥८६॥

सू० अ०—७६ (अक्षरों) की तो 'अतिधृति' (होती है)।

उ० भा०—यस्याः; (षट्सप्ततिः=) षट्सप्तत्यक्षराणि; भवन्ति सा अतिधृतिर् भवति। "स हि शर्धो न मारुतं तुविष्वणिः ॥"३

टि० (क) त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्म—स्तूपत् सोममपिबद् विष्णुना सुतं यथावशत्।
स ईं ममाद महि कर्म कर्तवे महामुरुं सैनं सश्चद् देवो देवं सत्यमिन्द्रं सत्य इन्दुः ॥

(ख) अया रुचा हरिण्या पुनानो विश्वा द्वेषांसि तरति स्वयुग्वभिः सूरो न स्वयुग्वभिः।
धारा सुतस्य रोचते पुनानो अरुषो हरिः।
विश्वा यद्रूपा परियात्यृक्वभिः सप्तास्येभिर्ऋक्वभिः ॥

(ग) सखे सखायमभ्या ववृत्स्वाशुं न चक्रं रथ्येव रंह्यास्मभ्यं दस्म रंह्या।
अग्ने मृळीकं वरुणे सचा विदो मरुत्सु विश्वभानुषु।
तोकाय तुजे शुशुचान शं कृध्यस्मभ्यं दस्म शं कृधि ॥

---

१ ऋ० ९।१११।१ २ ऋ० ४।१।३ ३ ऋ० १।१२७।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—जिसके; (षट्सप्ततिः=) ७६; 'अक्षर'; होते हैं वह **अतिधृति** होती है। (उदाहरण) "स हि शर्धो न मारुतं तुविष्वणिः।"क

सर्वा दाशतयीष्वेताः ॥८७॥

सू० अ०—ये सब ('अतिजगती' आदि सात छन्दः) दस मण्डलों में विभक्त ऋग्वेद की ऋचाओं में (विद्यमान हैं)।

उ० भा०—एता अतिजगत्यादयः सर्वा दाशतयीषु विद्यन्ते ॥

उ० भा० अ०—**एता**=ये; 'अतिजगती' इत्यादि; **सर्वाः**=सभी (छन्दः); **दाशतयीषु**=दस मण्डलों में विभक्त ऋग्वेद की ऋचाओं में; विद्यमान हैं।

उत्तरास्तु सुभेषजे ॥८८॥

सू० अ०—आगे बतलाये जाने वाले ('अतिच्छन्दः') तो सुभेषज (ऋषि के सूक्तों) में (विद्यमान हैं)।

उ० भा०—उत्तरा या वक्ष्यन्ते ताः सुभेषजे ऋषौ द्रष्टव्याः ॥

उ० भा० अ०—आगे जो ('अतिच्छन्दः') बतलाये जायेंगे उनको; **सुभेषजे**=सुभेषज ऋषि (के सूक्तों) में; देखना चाहिए।

कृतिः प्रकृतिराकृतिर्विकृतिः संकृतिस्तथा।
षष्ठी चाभिकृतिर्नाम सप्तम्युत्कृतिरुच्यते ॥८९॥

सू० अ०—'कृति', 'प्रकृति', 'आकृति', 'विकृति', 'संकृति', छठी 'अभिकृति' और सप्तमी 'उत्कृति' (ये तीसरे वर्ग के 'अतिच्छन्दः' हैं)।

उ० भा०—कृतिः, प्रकृतिः, आकृतिः, विकृतिः, संकृतिः, अभिकृतिः, उत्कृतिः इति तथा ॥

उ० भा० अ०—कृति, प्रकृति, आकृति, विकृति, संकृति, अभिकृति और उत्कृति ये वैसे (अर्थात् तीसरे वर्ग के अतिच्छन्दः हैं)।

अशीतिश्चतुरशीतिरष्टाशीतिर्द्विनवतिः।
षण्णवतिः शतं पूर्णमुत्तमा तु चतुःशतम् ॥९०॥

सू० अ०—(१६।८९ में उल्लिखित अतिच्छन्दों की 'अक्षर'-संख्या क्रमशः इस प्रकार है)—८०, ८४, ८८, ९२, ९६, १०० और १०४।

उ० भा०—कृत्यादीनामक्षरपरिमाणानि क्रमेण—अशीतिः, चतुरशीतिः, अष्टाशीतिः, द्विनवतिः, षण्णवतिः, शतं पूर्णम्; उत्तमा=अन्त्या; चतुःशतम् इति ॥

टि० (क) स हि शर्धो न मारुतं तुविष्वणिर् अप्नस्वतीषूर्वरास्विष्टनिरार्तनास्विष्टनिः।
आदद्धव्यान्यादिदिर् यज्ञस्य केतुरर्हणा।
अध स्मास्य हर्षतो हृषीवतो विश्वे जुषन्त पन्थां नरः शुभे न पन्थाम् ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—'कृति' आदि (अतिच्छन्दों) के अक्षरों की संख्या क्रम से (यह है)—अशीतिः=८०; चतुरशीतिः=८४; अष्टाशीतिः=८८; द्विनवतिः=९२; षण्णवतिः=९६; शतं पूर्णम्=पूरे १००; उत्तमा=अन्तिम (='उत्कृति'); चतुः—शतम्=१०४।

तमिन्द्रं प्रो षु सुषुम त्रिकद्रुकेष्वया रुचा।
सखे च स हि शर्धश्च मध्यमो वर्ग उच्यते ॥९१॥

सू० अ०—"तमिन्द्रम्···", "प्रो षु···", "सुषुम····", "त्रिकद्रुकेषु···", "अया रुचा···", "सखे···" और "स हि शर्धः···"—(ये ऋचायें) मध्यम वर्ग कहा गया है (अर्थात् मध्यम वर्ग के अतिच्छन्दों के ये उदाहरण हैं)।

उ० भा०—तास्तु यथाक्रमं पुरस्तादेवोदाहृताः ॥

उ० भा० अ०—इन्हें पहले ही (१६।८०–८६ के भाष्य में) क्रमानुसार उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जा चुका है।

आ सु कृतिस्तु प्रकृतिर्ध्रुवं पूर्वा ततस्तु या।
आकृतिर्यदि ते मात्रा मेषी विकृतिरुच्यते ॥
संकृतिस्तु न वै तत्र देवो अग्निस्त्वभिकृतिः।
सर्वस्येत्युत्कृतिस्तत्र तृतीयो वर्ग उच्यते ॥९२॥

सू० अ०—"आ सु···" 'कृति' है। "ध्रुवं पूर्वा···" 'प्रकृति' है। उस ('प्रकृति') से बाद में 'आकृति' है जो "यदि ते मात्रा····" (के द्वारा उदाहृत है)। "मेषी····" यह 'विकृति' कही जाती है। "न वै तत्र····" 'संकृति' है। "देवो अग्नि····" 'अभिकृति' है। "सर्वस्य···" 'उत्कृति' है। यह (छन्दों का) तृतीय वर्ग कहा जाता है।

उ० भा०—कृतिः—"आ सुरैतु परावतः"[१] इति। प्रकृतिः—"ध्रुवं पूर्वा"[२] इति। ततः=प्रकृतेः परा; याकृतिः—"यदि ते मात्रा"[३] इति। "मेषी"[४]—इति विकृति-रुच्यते। संकृतिस्तु; न वै तत्र=तस्मिन् सुभेषजेऽपि न विद्यते—एवं प्रायेण वर्णयन्ति। केचिद्वर्णयन्ति—संकृतेः—"न वै"[५] इत्येतदुदाहरणमिति। अभिकृतिः—"देवो अग्निः स्विष्ट-कृत्"[६] इति। उत्कृतिः—"सर्वस्य"[७] इति। अपदक्रम आम्नातत्वादिह संज्ञाभिरुदाहृताः। अत्रास्यामुत्कृतौ तृतीयो वर्गः समाप्यते ॥

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवत्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये षोडशं पटलम् ॥

---

[१] तु० प्रै० पृ० १२३,१२५
[२] तु० प्रै० पृ० १२४-१२५
[३] तु० प्रै० पृ० १२४-१२५
[४] तु० प्रै० पृ० १२४-१२५
[५] तु० प्रै० पृ० १२४
[६] तु० प्रै० पृ० १२४
[७] तु० प्रै० पृ० १२४-१२५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**कृति**—"आ सुरैतु परावत' ।"क **प्रकृति**—"ध्रुवं पूर्वा"। **ततः**='प्रकृति' के बाद में; **याकृतिः**=जो 'आकृति' है 'यदि ते मात्रा ।" **"मेधी"**—यह; **विकृतिरुच्यते**='विकृति' कहलाती है। **संकृतिस्तु**='संकृति' तो; **न वै तत्र**=उस 'सुभेषज' (ऋषि के सूक्त) में भी विद्यमान नहीं है—इस प्रकार प्रायेण व्याख्या करते हैं। कुछ लोग व्याख्या करते हैं कि "**न वै**....."यह 'संकृति' का उदाहरण है। **अभिकृति**—"**देवो अग्निः** स्विष्टकृत्।" **उत्कृति**—"**सर्वस्य**"। पादों के क्रम से पाठ न होने से यहाँ उदाहरणों को संज्ञाओं के साथ प्रस्तुत किया गया है।

(**तत्र**=) यहाँ (वहाँ)=इस 'उत्कृति' की समाप्ति होने पर; **तृतीयो वर्ग उच्यते**=तृतीय वर्ग समाप्त हो जाता है।

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक प्रातिशाख्य-भाष्य में षोडश पटल समाप्त हुआ।

टि० (क) सुभेषज ऋषि के सूक्त किसी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं हैं। अतः उदाहरणों को पूर्ण रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा सका है।

———

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१७ : छन्दः-पटलम् (२)

छन्दसां केचिद्विशेषाः
निचृत्संज्ञा भुरिक्संज्ञा च
स्वराट्संज्ञा विराट्संज्ञा च
छन्दसां देवताः
छन्दसां वर्णाः
गायत्र्याः पूर्वाणि मादीनि पञ्च च्छन्दांसि ; तेषां वैराजानि च
पादवृत्ताक्षरेषु संदेहास्पदानामृचां छन्दोनिर्णयप्रकारः
छन्दोदृष्ट्या न्यूनाक्षराणां पादानां पूरणार्थं संधिविच्छेदो व्यवधानं वा
पादानां विभागप्रकारः
पादेषु इतरे विशेषाः
ऋग्वेदे बृहत्तमा ऋक्
ऋग्वेदे बहुपादाऽपि लघुतमा ऋक्
द्विपदविराजां चतुष्पदाक्षरपङ्क्तित्वमिति केचित्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(छन्दसां केचिद्विशेषाः)

एवं क्लृप्तप्रमाणानां छन्दसामुपदिश्यते ॥१॥

(छन्दों के विषय में कतिपय विशेष बातें)

सू० अ०—इस प्रकार निश्चित 'अक्षर'-संख्या वाले छन्दों के विषय में (कुछ और) उपदेश किया जाता है।

उ० भा०—एवं क्लृप्तप्रमाणानां चतुर्विंशत्यक्षरादीनां चतुरुत्तराणां चतुःशतपर्यन्तानामेकविंशतिच्छन्दसां कश्चिद्विशेष उपदिश्यते ॥

कोऽसौ विशेषः ?

उ० भा० अ०—**एवम्**=इस प्रकार; **क्लृप्तप्रमाणानाम्**=(षोडश पटल में) निश्चित की जा चुकी है 'अक्षर'-संख्या जिनकी; २४ अक्षरों से प्रारम्भ होने वाले और ४-४ (अक्षरों) से बढ़ते हुए १०४ (अक्षरों) पर समाप्त होने वाले इक्कीस; **छन्दसाम्**=छन्दों के विषय में; कुछ विशेष; **उपदिश्यते**=उपदेश (विधान) किया जाता है।[क]

कौन सा विशेष ?

(निचृत्संज्ञा भुरिक्संज्ञा च)

एकद्व्यूनाधिका सैव निचृदूनाधिका भुरिक् ॥२॥

(निचृत्-संज्ञा और भुरिक्-संज्ञा)

सू० अ०—वही (=कोई ऋचा) १ या २ (अक्षरों) से न्यून या अधिक (हो सकती है)। यदि (१ 'अक्षर' से) न्यून हो तो 'निचृत्' (कहलाती हैं), यदि (१ 'अक्षर' से) अधिक हो तो 'भुरिक्' (कहलाती है)।

उ० भा०—(एकद्व्यूनाधिका सैव) एकेन ऊना निचृद् भवति। एकेन या ऋग् अधिका सा भुरिग्भवति। "यः शुक्रइव सूर्यः"[1] इति निचृत्। "परि धामानि यानि ते"[2] इति भुरिक् ॥

उ० भा० अ०—[**एकद्व्यूनाधिका सैव**=वही (ऋचा) १ या २ (अक्षरों) से न्यून या अधिक (हो सकती है)]। १ ('अक्षर')से; **ऊना**=न्यून; (ऋचा); **निचृत्** होती है।

टि० (क) १६ वें पटल में सभी छन्दों की 'अक्षर'-संख्या निश्चित की जा चुकी है। उन्हीं छन्दों के विषय में कतिपय महत्त्वपूर्ण तथ्यों का उद्घाटन इस पटल में किया जायेगा।

---

[1] ऋ० १।४३।५ [2] ऋ० ९।६६।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१ ('अक्षर') से जो ऋचा; **अधिका**=अधिक; हो वह **भुरिक्** होती है।[क] (जैसे) "यः शुक्रइव सूर्यः"[ख]—यह 'निचृत्' है। "परि धामनि यानि ते"[ग]—यह 'भुरिक्' है।

(स्वराट्संज्ञा विराट्संज्ञा च)

विराजस्तूत्तरस्याहुर्द्वाभ्यां या विषये स्थिताः।
स्वराज एवं पूर्वस्य याः काश्चैवंगता ऋचः ॥३॥

(स्वराट्-संज्ञा और विराट्-संज्ञा)

सू० अ० (अव्यवहित पूर्ववर्ती ऋचा से) २ (अक्षरों) से न्यून (जो ऋचा) (अक्षरों की दृष्टि से) परवर्ती (छन्दः) (जो छन्दः उस ऋचा में और २ 'अक्षर' जोड़ने से बनता है) के अधिकार में स्थित होती है वह (उस परवर्ती छन्दः का) 'विराट्' कहलाती है और (अव्यवहित पूर्ववर्ती ऋचा से और २ अक्षरों से अधिक) जो कोई ऋचा उसी प्रकार (अक्षरों की दृष्टि से) पूर्ववर्ती (छन्दः) (जो इस ऋचा में से दो 'अक्षर' घटाने पर बनता है) के (अधिकार में) आती है वह (उस पूर्ववर्ती छन्दः का) 'स्वराट्' (कहलाती है)।

उ० भा० द्वाभ्याम् अक्षराभ्यां या ऋचोऽधिका न्यूना वा; विषये=मध्ये; स्थिता उत्तरस्य पूर्वस्य च च्छन्दसः; विराजस्ता आहुरुत्तरस्य; स्वराजः पूर्वस्य। यथा षड्विंशत्यक्षरा ऋचो गायत्रीप्राये स्वराजो गायत्र्यो भवन्ति; उष्णिक्प्राये विराज उष्णिहो भवन्ति। यथा—"जोषा सवितर्यस्य ते"[१] इति स्वराड्गायत्री। "अतिथिं मानुषाणाम्"[२] इति विराडुष्णिक्। उत्तरत्रापि याः काश्चैवंगता ऋचो भवन्ति॥

टि० (क) (i) छन्दोविशेष की निश्चित 'अक्षर'-संख्या—१ ('अक्षर')
='निचृत्' छन्दोविशेष।
जैसे—२४ ('गायत्री' की निश्चित 'अक्षर'-संख्या) १=२३ ('अक्षर')
='निचृत् गायत्री'।
(ii) छन्दोविशेष की निश्चित 'अक्षर'-संख्या+१ ('अक्षर')
='भुरिक्' छन्दोविशेष।
जैसे २४ ('गायत्री' की निश्चित 'अक्षर'-संख्या)+१=२५ ('अक्षर')
='भुरिक् गायत्री'।

(ख) यः शुक्र इव सूर्यो हिरण्यमिव रोचते। श्रेष्ठो देवानां वसुः॥
२३ (२४-१) अक्षरों वाली यह ऋचा 'निचृत् गायत्री' छन्दः की है। इसके तृतीय पाद में ८ अक्षरों के स्थान पर ७ ही 'अक्षर' हैं। प्रथम पाद में व्यवधान ('व्यवाय') करके ८ 'अक्षर' हो जाते हैं।

(ग) परि धामनि यानि ते त्व सोमासि विश्वतः। पवमान ऋतुभिः कवे॥
२५ (२४+१) अक्षरों वाली यह ऋचा 'भुरिक् गायत्री' छन्दः की है। इसके तृतीय पाद में ८ अक्षरों के स्थान पर ९ 'अक्षर' हैं।

---

[१] ऋ० १०।१५८।२ [२] ऋ० ८।२३।२५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**द्वाभ्याम्**=दो अक्षरों से; **याः**=जो ऋचायें; अधिक अथवा न्यून (होती हैं) तथा पूर्ववर्ती और परवर्ती छन्दः के; **विषये**=प्रकरण में; **स्थिताः**=स्थित (होती हैं); उनको; **विराजः आहुरुत्तरस्य**=परवर्ती (छन्दः) का 'विराट्' कहते हैं; (और) **स्वराजः पूर्वस्य**=पूर्ववर्ती (छन्दः) का 'स्वराट्' (कहते हैं)।[क] जैसे २६ अक्षरों वाली ऋचायें 'गायत्री' के अधिकार में होने पर 'स्वराट् गायत्री' होती हैं; 'उष्णिक्' के अधिकार में होने पर 'विराट् उष्णिक्' होती हैं। जैसे—"जोषा सवितर्यस्य ते"[ख]—यह 'स्वराट् गायत्री' है। "अतिथिं मानुषाणाम्"[ग]—यह 'विराट् उष्णिक्' है। **याः काश्चैवंगता ऋचः**=जो कोई भी इस प्रकार की ऋचायें; होती हैं (उन्हें ऐसे ही समझ लेना चाहिए)।

याः काश्चिद्बहुपादास्तु गायत्र्यो हीनतां गताः।
अक्षरैर्बहुभिस्तास्तु गायत्र्य उपधारयेत् ॥४॥

सू० अ०—जो 'गायत्री' बहुत (=दो से अधिक) पादों की हैं और बहुत (=दो से अधिक) अक्षरों से न्यून (हीन) हैं, उन्हें ('विराट्') 'गायत्री' समझना चाहिए।

टि० (क) (i) छन्दोविशेष की निश्चित 'अक्षर'-संख्या—२ ('अक्षर')
= 'विराट्' छन्दोविशेष।

जैसे—२८ ('उष्णिक्' की निश्चित 'अक्षर'-संख्या) २=२६ ('अक्षर')
= 'विराट् उष्णिक्'।

(ii) छन्दोविशेष की निश्चित 'अक्षर'-संख्या+२ ('अक्षर')
= 'स्वराट्' छन्दोविशेष।

जैसे २४ ('गायत्री' की निश्चित 'अक्षर'-संख्या) +२=२६ ('अक्षर')
= 'स्वराट् गायत्री'।

(प्रश्न) २६ (=२८−२ या २४+२) अक्षरों की ऋचा 'विराट् उष्णिक्' होगी या 'स्वराट् गायत्री'? (उत्तर) 'उष्णिक्' के अधिकार में होने पर 'विराट् उष्णिक्' छन्दः की होगी; 'गायत्री' के अधिकार में होने पर 'स्वराट् गायत्री' छन्दः की होगी।

(ख) जोषा सवितर्यस्य ते हरः शतं सवाँ अर्हति।
पाहि नो दिद्युतः पतन्त्याः॥
२६ अक्षरों की यह ऋचा 'स्वराट् गायत्री' है क्योंकि यह ऋचा 'गायत्री' छन्दः के अधिकार में स्थित है।

(ग) अतिथिं मानुषाणां सूनुं वनस्पतीनाम्।
विप्रा अग्निमवसे प्रत्नमीळते॥
२६ अक्षरों की यह ऋचा 'विराट् उष्णिक्' है क्योंकि यह ऋचा 'उष्णिक्' छन्दः के अधिकार में स्थित है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ०भा०—गायत्र्यः; बहुभिः=द्वाभ्यां त्रिभिश्चतुर्भिः पञ्चभिर्वा; (हीनतां गताः=) न्यूनाः सत्यः; गायत्र्य एव विराजः; (उपधारयेत्=) भवन्ति; पूर्वस्य च्छन्दसोऽभावात्। भगवतोभयच्छन्दसां मध्ये तदुक्तम् ॥

उ० भा० अ०—(बहुभिः=बहुत से=) २, ३, ४ अथवा ५ (अक्षरों) से; (हीनतां गताः=हीनता को प्राप्त=) न्यून होने पर (भी); गायत्र्यः='गायत्री'; 'विराट्'; गायत्र्यः='गायत्री'; ही; (उपधारयेत्=समझनी चाहिए=) होते हैं; क्योंकि ('गायत्री' से) पूर्व में (बहुपाद) छन्दः का अभाव है। भगवान् (शौनक) ने (बहुपाद) दो छन्दों के मध्य में ही उसे (दो ही अक्षरों से न्यून होने पर 'विराट्' के विधान) को कहा है। क

ताराड् विराट् स्वराट् सम्राट् स्ववशिनी परमेष्ठी।
प्रतिष्ठा प्रत्नममृतं वृषा शुक्रं जीवं पयः ॥
तृप्तमर्णोऽशोऽम्भोऽम्बु वार्यापश्चोदकमुत्तमम् ॥५॥

सू० अ०—'ताराट्', 'विराट्', 'स्वराट्', 'सम्राट्', 'स्ववशिनी', 'परमेष्ठी', 'प्रतिष्ठा', 'प्रत्न', 'अमृत', 'वृषा', 'शुक्र', 'जीव', 'पयः', 'तृप्त', 'अर्णः', 'अंशः', 'अम्भः', 'अम्बु', 'वारि', आपः' और अन्तिम उदक (ये उन छन्दों के नाम हैं जो दूसरे छन्दों के अधिकार में स्थित होते हैं और २ अक्षरों से न्यून अथवा अधिक होते हैं)।

उ० भा०—या विषये स्थिता द्वाभ्यां ता इमाः—ताराट्, विराट्, स्वराट्, सम्राट्, स्ववशिनी, परमेष्ठी, प्रतिष्ठा, प्रत्नम्, अमृतम्, वृषा, शुक्रम्, जीवम्, पयः, तृप्तम्, अर्णः, अंशः, अम्भः, अम्बु, वारि, आपः, (उत्तमम्) उदकम् इति यथैकविंशतिर्विराजश्च द्वाविंशत्यक्षरादयो द्विशताक्षरपर्यन्ताः ॥

उ० भा० अ०—जो (दूसरे छन्दों के) अधिकार में स्थित (होते हैं) और २ (अक्षरों) से (न्यून अथवा अधिक होते हैं) वे ये हैं—ताराट्[ख], विराट्, स्वराट्, सम्राट्, स्ववशिनी, परमेष्ठी, प्रतिष्ठा, प्रत्न, अमृत, वृषा, शुक्र, जीव, पयः, तृप्त,

टि० (क) किसी छन्दः के नाम के साथ 'विराट्' शब्द तभी लगाया जाता है जब उस छन्दः की 'अक्षर'-संख्या से सम्बद्ध ऋचा में २ 'अक्षर' न्यून होते हैं। किंतु 'विराट् गायत्री' तो २०, २१ अथवा १९ अक्षरों की भी हो सकती है। १७।३ केवल उसी ऋचा पर लागू होता है जो ऐसे दो छन्दों के मध्य में आवे जो 'अक्षर'-संख्या की दृष्टि से उस ऋचा से पूर्ववर्ती तथा परवर्ती हों।

(ख) निदान-सूत्र १।५ में इस छन्दः का नाम 'राट्' है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्णः, अंश, अम्भः, अम्बु, वारि, आपः, (और; उत्तमम्=अन्तिम) उदक —२२ अक्षरों से लेकर १०२ अक्षरों तक के ये 'विराट्' छन्दः हैं।क

(छन्दसां देवताः)

दैवतं छन्दसामत्र वक्ष्यते तत उत्तरम्।
अग्नेर्गायत्र्यतोऽधि द्वे भक्त्या दैवतमाहतुः।
सप्तानां छन्दसामृचौ ॥६॥

(छन्दों के देवता)

सू० अ०—(अब यहाँ से आगे) छन्दों के देवता बतलाये जायेंगे। "अग्नेर्गायत्री" से प्रारम्भ होने वाली दो ऋचायें सात छन्दों के देवताओं को एक-एक करके बतलाती हैं।

१७।१९ प्राग्गायत्री-वर्ग १७।२०

टि० (क)

छन्दः का नाम	अक्षर-संख्या	विराट् का नाम	अक्षर-संख्या
मा	४	हर्षीका	४—२= २
प्रमा	८	सर्षीका	८—२= ६
प्रतिमा	१२	मर्षीका	१२—२=१०
उपमा	१६	सर्वमात्रा	१६—२=१४
संमा	२०	विराट्कामा	२०—२=१८

१६।८ प्रथम-वर्ग १७।५

छन्दः का नाम	अक्षर-संख्या	विराट् का नाम	अक्षर-संख्या
गायत्री	२४	ताराट्	२४—२=२२
उष्णिक्	२८	विराट्	२८—२=२६
अनुष्टुप्	३२	स्वराट्	३२—२=३०
बृहती	३६	सम्राट्	३६—२=३४
पङ्क्ति	४०	स्ववशिनी	४०—२=३८
त्रिष्टुप्	४४	परमेष्ठी	४४—२=४२
जगती	४८	प्रतिष्ठा	४८—२=४६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—(अत्र तत उत्तरम्=) तारादीनां छन्दसामुत्तरम्; (छन्दसाम्=) गायत्र्यादीनामतिच्छन्दसां च; (दैवतम्=) देवताः; (वक्ष्यते=) कथ्यन्ते। "अग्नेर्गायत्र्यभवत्सयुग्वा"[1]; (अतोऽधि=) इत्यत आरभ्य; द्वे ऋचौ छन्दसां भक्त्या दैवत-

१६।८०—८६ द्वितीय-वर्ग १७।५

(८२९ क)

छन्दः का नाम	अक्षर-संख्या	विराट् का नाम	अक्षर-संख्या
अतिजगती	५२	प्रत्न	५२—२=५०
शक्वरी	५६	अमृत	५६—२=५४
अतिशक्वरी	६०	वृषा	६०—२=५८
अष्टि	६४	शुक्र	६४—२=६२
अत्यष्टि	६८	जीव	६८—२=६६
धृति	७२	पयः	७२—२=७०
अतिधृति	७६	तृप्त	७६—२=७४

१६।८९—९० तृतीय-वर्ग १७।५

छन्दः का नाम	अक्षर-संख्या	विराट् का नाम	अक्षर-संख्या
कृति	८०	अर्णः	८०—२=७८
प्रकृति	८४	अंश	८४—२=८२
आकृति	८८	अम्भः	८८—२=८६
विकृति	९२	अम्बु	९२—२=९०
संकृति	९६	वारि	९६—२=९४
अभिकृति	१००	आपः	१००—२=९८
उत्कृति	१०४	उदक	१०४—२=१०२

(ख) पूर्ववर्ती छन्दः के अधिकार के अनुसार ये छन्दः 'विराट्' भी हो सकते हैं और 'स्वराट्' भी। 'हर्षीका' और 'तारात्' तो केवल 'विराट्' ही हो सकते हैं, 'स्वराट्' नहीं। यहाँ विराटों के ही नाम बतलाये गये हैं।

[1] ऋ० १०।१३०।४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माहतुः सप्तानाम्। तस्मादग्नेर्गायत्री भवति। सावित्र्युष्णिक्। सौम्यनुष्टुप्। बार्हस्पत्या बृहती। मैत्रावरुणी विराट्। ऐन्द्री त्रिष्टुप्। वैश्वदेवी जगती।

छन्दसां देवताज्ञाने धर्मः प्रयोजनं भवत्येव। संशये छन्दसां दैवतेनाध्यवसायो भवति। यथा "तव स्वादिष्ठा"[१]; "शिवा नः सख्या"[२] इत्युष्णिगनुष्टुभोर्मध्ये—"घृतं न पूतम्"[३] इति षड्विंशत्यक्षरे द्वे ऋचौ दैवतेन स्वराजौ गायत्र्यावध्यवसीयेते, न विराजावुष्णिहौ ॥

उ० भा० अ०—(**अत्र तत उत्तरम्**=अब यहाँ से आगे=) 'ताराड्' आदि छन्दों के अनन्तर; (**छन्दसाम्**=छन्दों के=) 'गायत्री' आदि (छन्दों) के और अतिच्छन्दों के; (**दैवतम्**=) देवता; (**वक्ष्यते**=) कहे जाते हैं। "**अग्नेर्गायत्र्यभवत्सयुग्वा**"[क]; (**अतोऽधि**=) यहाँ से लेकर; **द्वे ऋचौ**=दो ऋचायें; **भक्त्या**=एक-एक करके; **सप्तानां छन्दसाम्**=सात छन्दों के; **दैवतमाहतुः**= देवताओं को बतलाती हैं। अतएव 'गायत्री' (छन्दः) अग्नि का, 'उष्णिक्' सवितृ का, 'अनुष्टुप्' सोम का, 'बृहती' बृहस्पति का, 'विराट्' मित्रावरुण का, 'त्रिष्टुप्' इन्द्र का (और) 'जगती' विश्वेदेवों का है।

छन्दों के देवताओं के ज्ञान में धर्म रूप प्रयोजन तो है ही। (इसके अतिरिक्त) संशय होने पर छन्दों का निश्चय देवता से होता है। जैसे—"तव स्वादिष्ठा···" और "शिवा नः सख्या···"—इन 'उष्णिक्' और 'अनुष्टुप्' (-छन्दस्क ऋचाओं) के मध्य में—"घृतं न पूतम्····" आदि २६ अक्षरों वाली दो ऋचायें (अग्नि) देवता की होने से 'स्वराट् गायत्री' (-छन्दस्क) निश्चित की जाती हैं, 'विराट् उष्णिक्' (-छन्दस्क) नहीं।[ख]

टि० (क) अग्नेर्गायत्र्यभवत् सयुग्वोष्णिहया सविता संबभूव।
अनुष्टुभा सोम उक्थैर्महस्वान् बृहस्पतेर्बृहती वाचमावत्॥
विराण्मित्रावरुणयोरभिश्रीरिन्द्रस्य त्रिष्टुविह भागो अह्नः।
विश्वान् देवाञ्जगत्या विवेश तेन चाकॢप्र ऋषयो मनुष्याः॥

(ख) तव स्वादिष्ठा अग्ने संदृष्टिर् इदा चिदह्न इदा चिदक्तोः।
श्रिये रुक्मो न रोचत उपाके॥४।१०।५
घृतं न पूतं तनूररेपाः शुचि हिरण्यम्।
तत् ते रुक्मो न रोचत स्वधावः॥४।१०।६
कृतं चिद्धि ष्मा सनेमि द्वेषो अग्न इनोषि मर्तात्।
इत्था यजमानादृतावः॥४।१०।७
शिवा नः सख्या सन्तु भ्रात्राग्ने देवेषु युष्मे।
सा नो नाभिः सहने सस्मिन्नूधन्॥४।१०।८

२६-२६ अक्षरों वाली ये दो ऋचायें (४।१०।६-७) 'स्वराट् गायत्री' भी हो सकती हैं और 'विराट् उष्णिक्' भी। इन सभी ऋचाओं (४।१०।१-८) का देवता अग्नि है। अग्नि 'गायत्री' का देवता माना गया है। अतः ये दो ऋचायें 'स्वराट् गायत्री' हैं।

---

[१] ऋ० ४।१०।५ [२] ऋ० ४।१०।८ [३] ऋ० ४।१०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न पङ्क्तेः ॥७॥

सू० अ०—(१७।६ में निर्दिष्ट ऋचाओं में) 'पङ्क्ति' (छन्दः) के (देवता का उल्लेख) नहीं (है)।

उ० भा०—**पङ्क्तेः दैवतमेते ऋचौ न आहतुः। सप्तसु मध्ये यस्मात् पङ्क्तिस्तस्मादिदमुच्यते ॥**

उ० भा० अ०—(१७।६ में निर्दिष्ट) इन दो ऋचाओं ने; **पङ्क्तेः**='पङ्क्ति' के, देवता को; **न**=नहीं; कहा है। यतः 'पङ्क्ति' (प्रधानभूत) सात (छन्दों) के मध्य में आता है, अतः (सूत्र में) यह कहा गया ह।[क]

सा तु वासवी ॥८॥

सू० अ०—वह (=पङ्क्ति) वसुओं की है।

उ० भा०—**सा=पङ्क्तिः; वासवी वेदितव्या ॥**

उ० भा० अ०—**सा**=उसे=पङ्क्ति को; **वासवी**=वसुओं की; जानना चाहिए।

प्राजापत्या त्वतिच्छन्दा ॥९॥

सू० अ०—'अतिच्छन्दः' (वाली ऋचा) प्रजापति (देवता) की (होती है)।

उ० भा०—**या अतिच्छन्दा ऋक्सा प्राजापत्या वेदितव्या ॥**

उ० भा० अ०—जो **अतिच्छन्दा** ऋचा (होती है) उसे; **प्राजापत्या**=प्रजापति की; जानना चाहिए।

विच्छन्दा वायुदेवता ॥१०॥

सू० अ०—'विच्छन्दः' (वाली ऋचा) वायु देवता की (होती है)।

उ० भा०—**या विच्छन्दा ऋक्सा वायुदेवता वेदितव्या ॥**

उ० भा० अ०—जो **विच्छन्दा** ऋचा (होती है) उसे **वायु देवता** वाली; जानना चाहिए।[ख]

टि० (क) पूर्ववर्ती सूत्र (१७।६) ऋग्वेद की दो ऋचाओं (१०।१३०।४-५) पर आधृत है जिनमें 'विराट्' पद आया है। सूत्रकार इस 'विराट्' का अर्थ 'दो अक्षरों से न्यून छन्दः' मानते हैं। यतः इन दोनों ऋचाओं तथा तदनुसार १७।६ में 'पङ्क्ति' के देवता का उल्लेख नहीं है, अतः सूत्रकार को 'पङ्क्ति' के देवता के लिए पृथक् सूत्र (१७।८) बनाना पड़ा है। वास्तव में उपयुक्त ऋचाओं में प्रयुक्त 'विराट्' पद का अर्थ 'पङ्क्ति' है, जैसा कि ताण्ड्य-ब्राह्मण २४।१०।२ में कहा गया है—"पङ्क्तिर्वै परमा विराट्।" अत एव सूत्रकार को 'पङ्क्ति' छन्दः के देवता के लिए पृथक् सूत्र बनाने की आवश्यकता नहीं थी।

(ख) 'विच्छन्दः' कौन छन्दः हैं—यह भाष्यकार ने नहीं बतलाया है। विच्छन्दः के विषय में उपनिदान-सूत्र ६ में कहा गया है—"विच्छन्दः स्वक्षरपरिमाणाः संकृति-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्विपदा पौरुषं छन्दः ॥११॥

सू० अ०--द्विपदा छन्दः पुरुष (देवता) का (है)।

उ० भा०—या द्विपदा (छन्दः) ऋक् सा; (पौरुषम्=) पौरुषी; वेदितव्या ॥

उ० भा० अ०—जो द्विपदा (छन्दः) वाली ऋचा है उसे; (पौरुषम्=) पुरुष (देवता) की; जानना चाहिए।

ब्राह्मी त्वेकपदा स्मृता ॥१२॥

सू० अ०—एकपदा (ऋचा) तो ब्रह्मन् की मानी गई है।

उ० भा०—या एकपदा ऋक् सा ब्राह्मी स्मृता ॥

उ० भा० अ०--जो एकपदा (=एक पाद वाली) ऋचा (होती है) वह; ब्राह्मी= ब्रह्मन् की; स्मृता=मानी गई है।

(छन्दसां वर्णाः)

एतेनैव क्रमेणैषां वर्णतो भक्तिरुच्यते ॥१३॥

(छन्दों के वर्ण)

सू० अ०—इसी क्रम से इन (छन्दों) का वर्ण की दृष्टि से विभाग बतलाया जाता है।

उ० भा०—येन क्रमेण च्छन्दसां देवतमुक्तम्; (एतेन=) तेन; एव क्रमेणैषां वर्णतो भक्तिरुच्यते ॥

उ० भा० अ०—जिस क्रम से छन्दों के देवता बतलाये गये हैं; (एतेन=) उस; ही; क्रमेणैषाम्=क्रम से इनका; वर्णतो भक्तिरुच्यते=वर्ण की दृष्टि से विभाग बतलाया जाता है।

श्वेतं च सारङ्गमतः पिशङ्गं कृष्णमेव च।
नीलं च लोहितं चैव सुवर्णमिव सप्तमम्।
अरुणं श्यामगौरे च बभ्रु वै नकुलं तथा ॥१४॥

सू०अ०—('गायत्री' आदि छन्दों के वर्ण क्रमशः ये हैं)—श्वेत, सारङ्ग, पिशङ्ग, कृष्ण, नील, लोहित और सप्तम सुवर्ण की भाँति, अरुण, श्याम, गौर, बभ्रु और नकुल।

(८३२ ख) प्रभृत्यूर्ध्वं 'विज्ञेयाः' अर्थात् 'विच्छन्दः' में अक्षरों की संख्या 'संकृति' प्रभृति ('अतिच्छन्दः' से) आगे जाननी चाहिए।

इससे प्रतीत होता है १०४ अक्षरों तक समाप्त होने वाले 'अतिच्छन्दः' से अधिक अक्षरों वाले छन्दों को 'विच्छन्दः' कहा जाता है। 'विच्छन्दः' का उल्लेख 'अतिच्छन्दः' के बाद में हुआ है—इससे भी उपर्युक्त मत की पुष्टि होती है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० श्वेतम्=शङ्खवर्णम्; गायत्रम्। सारङ्गम्=द्विवर्णं कृष्णशुक्लम्; औष्णिहम्। पिशङ्गम्=रोचनावर्णम्; आनुष्टुभम्। कृष्णम्=अगुरुवर्णम्; बार्हतम्। नीलम्=उत्पलवर्णम्; वैराजम्। लोहितम्=इन्द्रगोपवर्णम्; त्रैष्टुभम्। (सुवर्णमिव=) सुवर्णरूपवर्णम्; जागतम्। अरुणम्=प्रातःसन्ध्याभ्रवर्णम्; पाङ्क्तम्। (श्यामगौरे--) श्यामम्=शुकवर्णम्; अतिच्छन्दः; गौरम्=सिद्धार्थवर्णम्; विच्छन्दः। बभ्रु=कपिलवर्णम्; द्विपदं छन्दः। नकुलम्=नकुलवर्णम्; एकपदं छन्दः। एतावता देवताक्रमेण वर्णविधिः॥

उ० भा० अ०—'गायत्री' का (वर्ण); श्वेतम्=श्वेत=शङ्ख के वर्ण के समान; (है)। 'उष्णिक्' का (वर्ण); सारङ्गम्=चितकबरा=कृष्ण और शुक्ल इन दो वर्णों का मेल; (है)। 'अनुष्टुप्' का; पिशङ्गम्=लालिमा युक्त पीला; वर्ण; (है)। 'बृहती' का (वर्ण); कृष्णम्=कृष्ण=अगरु का वर्ण; (है)। 'विराट्' का (वर्ण); नीलम्=नीला=नीले कमल के वर्ण के समान; (है)। 'त्रिष्टुप्' का (वर्ण); लोहितम्=लाल=जुगनू के वर्ण के समान; (है)। 'जगती' का; (सुवर्णमिव=सुवर्ण की भाँति=) सुवर्ण के रूप के समान वर्ण है। 'पङ्क्ति' का (वर्ण); अरुणम्=अरुण=प्रातःकालीन बादल के वर्ण के समान; (है)। (श्यामगौरे—)'अतिच्छन्दः'; श्यामम्=श्याम=तोते के वर्ण वाला; (होता है)। 'विच्छन्दः'; गौरम्=गौर (वर्ण) का=पीली सरसों के समान वर्ण वाला; (होता है)। द्विपदा छन्दः; बभ्रु=भूरा=कपि के वर्ण वाला; (होता है)। एकपदा छन्दः; नकुलम्=नकुल के वर्ण वाला (होता है)। देवताओं के इस क्रम से वर्णों का विधान (किया गया है)।

पृश्निवर्णं तु वैराजम् ॥१५॥

सू० अ०—'विराट्' पृश्नि वर्ण वाला है।

उ० भा०—पृश्निवर्णम्=बहुवर्णम्=चित्रम्; वैराजम्। अथ कस्माद्वैराजस्य द्विवर्णोपदेशः क्रियते? तत्र क्रमेणैव नीलत्वं सिद्धम्। न सिध्यति। कथम्? एतास्तिस्रो विराजोऽनुष्टुबेका पङ्क्तिरेका द्वाभ्यां न्यूना चैका। तत्र पूर्वयोर्नीलो वर्णः। अस्याः पृश्निरिति वेदितव्यम्। एवमपि कथमेतदध्यवसीयते पूर्वयोर्नीलः अस्याः पृश्निरिति? निचृद्भुरिजोर्न्यूनाधिकयोः सहोपदेशादस्याः पृश्निर्भवति। परिशेषादितरयोर्नील इत्यध्यवसीयते। तयोरप्येके क्रमात् पङ्क्तेरेव विराजो नीलत्वं मन्यन्ते॥

उ० भा० अ०—वैराजम्='विराट्' (छन्दः); पृश्निवर्णम्=बहुत वर्णों वाला=रङ्ग-बिरङ्गा (है)। (प्रश्न) 'विराट्' के लिये दो वर्णों का उपदेश किस कारण से किया जाता है? वहाँ (='विराट्' में) क्रम से ही नीलत्व सिद्ध है। (उत्तर) सिद्ध नहीं होता है। (प्रश्न) क्यों (सिद्ध नहीं होता है)? (उत्तर) 'विराट्' तीन हैं—(१) ('विराट्') 'अनुष्टुप्'[क] एक; (२) ('विराट्') 'पङ्क्ति'[ख] एक; (३) २ (अक्षरों) से न्यून[ग] ('विराट्')

टि० (क) 'विराट् अनुष्टुप्' के लिए १६।४२ को देखिए।

(ख) 'विराट् पङ्क्ति' के लिए १६।५५ को देखिए।

(ग) दो अक्षरों से न्यून 'विराट्' के लिए १७।३ को देखिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक। इनमें से पूर्व वाले दो (विराटों) का नील वर्ण है। इसका (=दो अक्षरों से न्यून 'विराट्' का) पृश्नि (वर्ण) जानना चाहिए। (प्रश्न) ऐसी स्थिति होने पर भी यह कैसे निश्चित किया जाता है कि पूर्व वाले दो (विराटों) का नील है और इसका (=२ अक्षरों से न्यून 'विराट्' का) पृश्नि है? (उत्तर) न्यून (अक्षरों) वाले तथा अधिक (अक्षरों) वाले 'निचृत्' और 'भुरिक्' के साथ उपदेश होने से इसका (=२ अक्षरों से न्यून 'विराट्' का) पृश्नि (सिद्ध) होता है। अवशिष्ट होने से अन्य दो ('विराट् अनुष्टुप्' और 'विराट् पङ्क्ति') का नील (वर्ण) है—यह निश्चय किया जाता है।[क] एक आचार्य उनमें भी क्रम से 'विराट् पङ्क्ति' का ही नील (वर्ण) मानते हैं।

निचृच्छ्यावम् ॥१६॥

सू० अ०—'निचृत्' गहरे भूरे (श्याव) (वर्ण का होता है)।

उ० भा०—(श्यावम्=) कृमिदूषितपत्रवर्णम्; निचृत् भवति ॥

उ० भा० अ०—(**श्यावम्**=गहरे भूरे वर्ण वाला=) कीटों से दूषित किये गये पत्ते के वर्ण के समान; **निचृत्** (छन्दः) होता है।

पृषद्भुरिक् ॥१७॥

सू० अ०—'भुरिक्' (छन्दः) पृषद् (बिन्दु वाला) (होता है)।

उ० भा०—(पृषत्=) बिन्दुमत्; भुरिक् भवति ॥

उ० भा० अ०—(**पृषत्**=)बिन्दु वाला; **भुरिक्** (छन्दः) होता है।

ब्रह्मसामर्ग्यजुश्छन्दः कपिलं वर्णतः स्मृतम् ॥१८॥

सू० अ०—ब्रह्मन्, सामन्, ऋचा और यजुः का छन्दः वर्ण की दृष्टि से कपिल माना गया है।

उ० भा०—(ब्रह्मसामर्ग्यजुश्छन्दः=) ब्रह्मणः सामर्ग्यजुषां च च्छन्दः; वर्णतः; कपिलम्=जटाकलापवर्णम्; स्मृतम् ॥

उ० भा० अ०—(**ब्रह्मसामर्ग्यजुश्छन्दः**=) ब्रह्मन्, सामन्, ऋचा और यजुः का छन्दः[ख]; **वर्णतः**=वर्ण की दृष्टि से; **कपिलम्**=भूरा=जटासमूह के वर्ण के समान; **स्मृतम्**=माना गया है।[ग]

टि० (क) 'निचृत्', 'भुरिक्' और 'विराट्'—इन तीनों छन्दों में यह समानता है कि ये निर्दिष्ट अक्षरों वाले छन्दः न होकर न्यूनाक्षरों अथवा अधिकाक्षरों वाले छन्दः हैं। अतः 'निचृत्' (१७।१६) और 'भुरिक्' (१७।१७) के अव्यवहित पूर्व (१७।१५) में न्यूनाक्षरा 'विराट्' का ही विधान युक्त है, अन्य प्रकार के विराटों का नहीं। अन्य प्रकार के दोनों विराटों का तो १७।१४ में विहित नील वर्ण ही है।

(ख) इन छन्दों के लिए १६।१० और १६।११ को देखिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(गायत्र्याः पूर्वाणि मादीनि पञ्च च्छन्दांसि; तेषां वैराजानि च)

मा प्रमा प्रतिमोपमा संमा च चतुरक्षरात् ।
चतुरुत्तरमुद्यन्ति पञ्च च्छन्दांसि तानि ह ॥१६॥

(गायत्री से पूर्ववर्ती छन्दः और उनके विराट्)

सू० अ०—'मा', 'प्रमा', 'प्रतिमा', 'उपमा' और 'संमा'—ये पाँच छन्दः हैं जो ४ अक्षरों से (प्रारम्भ होकर) ४-४ अक्षरों से बढ़ते हैं।

(८३५ग)

छन्दः का नाम	अक्षर-संख्या	देवता	वर्ण
गायत्री	२४	अग्नि	श्वेत
उष्णिक्	२८	सवितृ	सारङ्ग
अनुष्टुप्	३२	सोम	पिशङ्ग
बृहती	३६	बृहस्पति	कृष्ण
पङ्क्ति	४०	वसु	अरुण
त्रिष्टुप्	४४	इन्द्र	लोहित
जगती	४८	विश्वेदेव	सुवर्ण-वर्ण
(i) विराट् अनुष्टुप् (ii) विराट्-पङ्क्ति	३० (१०×३) या ३३(११×३);४०(१०×४)	मित्रावरुण	नील
न्यूनाक्षरा विराट् (ताराट्,·····उदक)	२२, २६, ३०···१०२	अनुल्लिखित	पृश्नि
निचृत् (गायत्री, उष्णिक्·····उत्कृति)	२३, २७, ३१···१०३	अनुल्लिखित	श्याव
भूरिक्, (गायत्री, उष्णिक् ···· ··उत्कृति)	२५, २९, ३३···१०५	अनुल्लिखित	पृषत्
एकपदा (गायत्री···जगती)	८·····१२	ब्रह्मन्	नकुल-वर्ण
द्विपदा (गायत्री···जगती)	(८×२)·····(१२×२)	पुरुष	बभ्रु
अतिच्छन्दः (अतिजगती···उत्कृति)	५२, ५६·····१०४	प्रजापति	श्याम
विच्छन्दः	१०८·····	वायु	गौर
ब्रह्मन्, सामन्, ऋक् और यजुः का छन्दः	३६···, १२···, १८... , ६···	अनुल्लिखित	कपिल

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—मा, प्रमा, प्रतिमा, उपमा, संमा च इति चतुरक्षरात्; (चतुरुत्तरम्=) चतुरुत्तराणि। तानि गायत्र्याः पूर्वाणि पञ्च च्छन्दांसि वेदितव्यानि ॥

उ० भा० अ०—मा, प्रमा, प्रतिमा, उपमा और संमा—ये; चतुरक्षरात्=४ अक्षरों से (प्रारम्भ होकर); (चतुरुत्तरम्=) ४-४ अक्षरों से बढ़ते हैं।[क] 'गायत्री' से पूर्व में; तानि पञ्च छन्दांसि=इन पाँच छन्दों को; जानना चाहिए।

हर्षीका सर्षीका मर्षीका सर्वमात्रा विराट्कामा।
द्व्यक्षरादीनि मादीनां वैराजान्यनुचक्षते ॥२०॥

सू० अ०—२ अक्षरों से प्रारम्भ होने वाले (और ४-४ अक्षरों से बढ़ने वाले) 'हर्षीका', 'सर्षीका', 'मर्षीका', 'सर्वमात्रा' और 'विराट्कामा'—ये 'मा' आदि (छन्दों) के 'विराट्' कहे जाते हैं।

उ० भा०—(हर्षीका सर्षीका मर्षीका सर्वमात्रा विराट्कामा) इत्येतानि च द्व्यक्षरादीनि चतुरुत्तराण्यष्टादशाक्षरपर्यन्तानि मादीनां वैराजान्यनुचक्षते ॥

उ० भा० अ०—द्व्यक्षरादीनि=२ अक्षरों से प्रारम्भ होने वाले; ४-४ अक्षरों से बढ़ते हुए १८ अक्षरों तक जाने वाले (हर्षीका, सर्षीका, मर्षीका, सर्वमात्रा, विराट्कामा) ये (छन्दः); मादीनां वैराजान्यनुचक्षते='मा' आदि (छन्दों) के 'विराट्' कहलाते हैं।[ख]

(पादवृत्ताक्षरेषु सन्देहास्पदानामृचां छन्दोनिर्णयप्रकारः)

अक्षराण्येव सर्वत्र निमित्तं बलवत्तरम्।
विद्याद्विप्रतिपन्नानां पादवृत्ताक्षरैर्ऋचाम् ॥२१॥

(पाद, वृत्त और अक्षरों के विषय में संदिग्ध ऋचाओं के छन्दः के निर्णय का प्रकार)

सू० अ०—पादों, वृत्तों और अक्षरों की दृष्टि से संदिग्ध ऋचाओं के (छन्दोनिर्णय के लिए) सर्वाधिक बलवान् निमित्त सर्वत्र (उन ऋचाओं के) 'अक्षर' ही हैं।

उ० भा०—(पादवृत्ताक्षरैः=) पादैर्वृत्तैरक्षरैश्च; विप्रतिपन्नानामृचां सर्वत्र बलवत्तरं निमित्तमक्षराण्येव विद्यात्। यथा—"सूर्ये विषमा सजामि"[१] पादैर्विप्रतिपन्नास्तिस्रोऽक्षरैर्जगत्योऽध्यवसीयन्ते। यथा—"नवानां नवतीनाम्"[२] इति पङ्क्तिः। यथा च—"अभ्रप्रुषो न वाचा प्रुषा वसु"[३] इति वृत्तैर्विप्रतिपन्नाक्षरैस्त्रिष्टुबध्यवसीयते। यथा—"यास्ते प्रजा अमृतस्य"[४] इत्यनुष्टुप्। यथा च—"ये नः सपत्ना अप ते भवन्तु"[५] इति त्रिष्टुप्प्राये चाक्षरैरेव जगत्यध्यवसीयते ॥

टि० (क) इस प्रकार 'मा' ४, 'प्रमा' ८, 'प्रतिमा' १२, 'उपमा' १६ और 'संमा' (छन्दः) २० अक्षरों का होता है।

(ख) 'मा' आदि छन्दों तथा इनके विराटों के लिए पृष्ठ ८२९ पर रेखाचित्र को देखिए।

१ ऋ० १।१९१।१० २ ऋ० १।१९१।१३ ३ ऋ० १०।७७।१
४ ऋ० १।४३।९ ५ ऋ० १०।१२८।९

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—(**पादवृत्ताक्षरैः**=) पादों, वृत्तों और अक्षरों (की दृष्टि) से; **विप्रतिपन्नानामृचाम्**=संदिग्ध ऋचाओं के (छन्दोनिर्णय के लिये); **बलवत्तरं निमित्तम्** सर्वाधिक बलवान् निमित्त; **सर्वत्र; अक्षराण्येव**=अक्षरों ('अक्षर'-संख्या) को ही; जानना चाहिए। जैसे—"सूर्ये विषमा सजामि"—पादों की दृष्टि से संदिग्ध ये तीन ऋचायें अक्षरों ('अक्षर'-संख्या) से 'जगती' (छन्दः की) निश्चित की जाती हैं।[क] जैसे—"नवानां नवतीनाम्"—यह (ऋचा) 'पङ्क्ति' (छन्दः की निश्चित की जाती है)।[ख] और जैसे—"अभ्रप्रुषो न वाचा प्रुषा वसु"—यह वृत्तों से संदिग्ध होने पर अक्षरों ('अक्षर'-संख्या) से 'त्रिष्टुप्' निश्चित की जाती है।[ग] जैसे—"यास्ते प्रजा अमृतस्य" यह (ऋचा) 'अनुष्टुप्' (छन्दः की निश्चित)

टि० (क) (i) सूर्ये विषमा सजामि दृतिं सुरावतो गृहे।
सो चिन्नु न मराति नो वयं मरामा—रे अस्य योजनं हरिष्ठा
मधु त्वा मधुला चकार। ऋ० १।१९१।१०

(i) इयत्तिका शकुन्तिका सका जघास ते विषम्।
सो चिन्नु न मराति नो वयं मरामा—रे अस्य योजनं हरिष्ठा
मधु त्वा मधुला चकार। ऋ० १।१९१।११

(iii) त्रिः सप्त विष्पुलिङ्गका विषस्य पुष्पमक्षन्।
ताश्चिन्नु न मरन्ति नो वयं मरामा—रे अस्य योजनं हरिष्ठा
मधु त्वा मधुला चकार। ऋ० १।१९१।११

(प्रश्न) इन तीनों ऋचाओं में क्रमशः ८, ८, ७, ६, १० और ९ अक्षरों के छः पाद हैं। पादों की दृष्टि से इन ऋचाओं के छन्दोनिर्णय में संशय होता है। (उत्तर) इन तीनों ऋचाओं में ४८-४८ 'अक्षर' हैं। इस 'अक्षर'-संख्या से निर्णय हो जाता है कि ये तीनों ऋचायें ४८-अक्षरात्मक 'जगती' छन्दः की हैं।

(ख) नवानां नवतीनां विषस्य रोपुचीणाम्।
सर्वासामग्रभं नामाऽऽरे अस्य योजनं हरिष्ठा मधु त्वा मधुला चकार।

(प्रश्न) इस ऋचा में क्रमशः ७, ७, ६, ५, ६ और ९ अक्षरों के ६ पाद हैं। इस प्रकार पादों की दृष्टि से इस ऋचा के छन्दोनिर्णय में संशय होता है। (उत्तर) इस ऋचा में ४० 'अक्षर' हैं। इस 'अक्षर'-संख्या से निर्णय हो जाता है कि यह ऋचा ४०-अक्षरात्मक 'पङ्क्ति' छन्दः की है।

(ग) अभ्रप्रुषो न वाचा प्रुषा वसु हविष्मन्तो न यज्ञा विजानुषः।
सुमारुतं न ब्रह्माणमर्हसे गणमस्तोष्येषां न शोभसे॥

(प्रश्न) ११-११ अक्षरों के पादों से ज्ञात होता है कि यह 'त्रिष्टुप्' है, किन्तु 'त्रिष्टुप्' छन्दः के पाद का उपोत्तम 'अक्षर' 'गुरु' होता है—यह 'त्रिष्टुप्' का 'वृत्त' है; दे० १७।३९। प्रस्तुत ऋचा के सभी पादों में उपोत्तम 'अक्षर' 'लघु' है। इस प्रकार सभी पादों में 'वृत्त' नियम के विरुद्ध है। (उत्तर) 'वृत्त' की दृष्टि से विरोध होने पर भी इस ऋचा का छन्दः 'त्रिष्टुप' ही माना जाता है, क्योंकि इस ऋचा में 'त्रिष्टुप्' के निर्वाहक ४४ 'अक्षर' हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की जाती है)।[क] और जैसे—"ये नः सपत्ना अप ते भवन्तु"—यह 'त्रिष्टुप्' के अधिकार में होने पर अक्षरों ('अक्षर'-संख्या) से ही 'जगती' (छन्दः वाली) निश्चित की जाती है।[ख]

(छन्दोदृष्ट्या न्यूनाक्षराणां पादानां पूरणार्थं संधिविच्छेदो व्यवधानं वा)

व्यूहेदेकाक्षरीभावान्पादेषूनेषु संपदे ॥२२॥

(छन्दः की दृष्टि से न्यूनाक्षर पादों की पूर्ति के लिए संधि-विच्छेद अथवा व्यवधान)

सू० अ०—(एक अथवा एकाधिक) पादों में अक्षरों की संख्या (छन्दः की दृष्टि से एक अथवा एकाधिक) न्यून हो तो (अक्षरों की संख्या की) पूर्ति (संपद्) के लिए एकाक्षरीभावरूप संधियों को तोड़कर पृथक् कर देना चाहिए।

उ० भा० ऊनेषु पादेषु; (संपदे=) संपदि कर्तव्यायाम्; एकाक्षरीभावान् संधीन्; व्यूहेत्—पृथक्कुर्यात्—इत्यर्थः। "प्रेता जयता नरः"[१]; "सास्माकेभिरेतरी न शूषैः"[२] इति यथा। ऊनेषु इति किम्? "सेमं यज्ञं मधुमन्तं कृधी नः।"[३] संपदे इति कस्मात्? "आ इतायामोप गव्यन्त इन्द्रम्"[४] इत्यत्र त्रय एकीभावास्तत्र पूर्वस्यैव व्यूहेन संपत्सिद्धेरुत्तरयोर् न कर्तव्यो भवति॥

उ० भा० अ०—ऊनेषु पादेषु=पादों में अक्षरों की संख्या (छन्दः की दृष्टि से) न्यून हो तो; संपदे=(अक्षरों की संख्या की) पूर्ति के लिए; एकाक्षरीभावान्=एकाक्षरीभावरूप[ग] संधियों का (को); व्यूहेत्='व्यूह'[घ] करे=पृथक् करे—यह अर्थ है।

टि० (क) यास्ते प्रजा अमृतस्य परस्मिन् धामन्नृतस्य।
मूर्धा नाभा सोम वेन आभूषन्तीः सोम वेदः॥

(प्रश्न) ८-८ अक्षरों के पादों से ज्ञात होता है कि यह 'अनुष्टुप्' है; किन्तु 'अनुष्टुप्' छन्दः का उपोत्तम 'अक्षर' 'लघु' होता है। प्रस्तुत ऋचा के सभी पादों में उपोत्तम 'अक्षर' 'गुरु' है। (उत्तर) 'वृत्त' की दृष्टि से विरोध होने पर भी इस ऋचा का छन्दः 'अनुष्टुप्' ही है, क्योंकि इस ऋचा में ३२ 'अक्षर' हैं।

(ख) ये नः सपत्ना अप ते भवन्त्विन्द्राग्निभ्यामव बाधामहे तान्।
वसवो रुद्रा आदित्या उपरिस्पृशं मोग्रं चेत्तारमधिराजमक्रन्॥

(प्रश्न) प्रस्तुत ऋचा 'त्रिष्टुप्' के अधिकार में आई है। किन्तु इस ऋचा में ४८ 'अक्षर' हैं, जो 'जगती' की नियत 'अक्षर'-संख्या है। (उत्तर) 'त्रिष्टुप्' के अधिकार में होने पर भी 'अक्षर' संख्या (४८) के कारण यह 'जगती' ही है।

(ग) जहाँ दो अक्षरों के मिलने पर एक 'अक्षर' हो जाता है—उसे एकाक्षरीभाव संधि कहा जाता है। (i) 'प्रश्लिष्ट' (सवर्णदीर्घ, गुण और वृद्धि) और (ii) अभिनिहित' (पूर्वरूप) संधियाँ ये एकाक्षरीभावरूप संधियाँ हैं।

(घ) संधियों को तोड़कर एक 'अक्षर' के स्थान पर दो 'अक्षर' बना देने को 'व्यूह' कहा जाता है। 'व्यूह' का अर्थ है पृथक्करण।

---

[१] ऋ० १०।१०३।१३ [२] ऋ० ६।१२।४ [३] ऋ० ३।४।२ [४] ऋ० १।३३।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जैसे—"प्रेता जयता नरः"[क] (और) "सास्माकेभिरेतरी न शूषैः"[ख] (में किया जाता है)। "न्यून अक्षरों वाले पादों में"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "सेमं यज्ञं मधुमन्तं कृधी नः।"[ग] "पूर्ति के लिए"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "आ इतायामोप गव्यन्त इन्द्रम्"—इसमें तीन एकीभाव हैं। उनमें से प्रथम (एकीभाव) ही के 'व्यूह' से पूर्णता सिद्ध हो जाने पर बाद वाले दो (एकीभावों) का 'व्यूह' नहीं करना होता है।[घ]

क्षैप्रवर्णाँश्च संयोगान्व्यवेयात्सदृशैः स्वरैः ॥२३॥

सू० अ०—'अन्तःस्था'-वर्ण ('क्षैप्र' वर्ण) के संयोगों को तत्सदृश स्वरों से व्यवधान-युक्त करे।

उ० भा०—क्षैप्रवर्णाँश्च संयोगान्=सान्तःस्थान्संयोगान्-इत्यर्थः। व्यवेयात्=व्यवधानं कुर्यात्-इत्यर्थः। सदृशैः=समानस्थानैः; स्वरैः। "त्र्यम्बकं यजामहे।"[१] "उद्व-त्स्वस्मा अकृणोतना तृणम्।"[२] "गोर्न पर्व विरदा तिरश्चा।"[३] पादेषूनेषु इति संपदे इत्येवानुवर्तते। ऊनेषु इति कस्मात्? "प्रत्यग्रभीष्म नृतमस्य नृणाम्।"[४] संपदे इति कस्मात्? "अगोह्यस्य यदसस्तना गृहे"[५] इत्यत्र द्वौ क्षैप्रवर्णसंयोगौ। तत्र पूर्वस्मिन् व्यवायेन संपदः सिद्धेरुत्तरस्मिन्न कर्तव्यो भवति॥

टि० (क) 'अनुष्टुप्'-छन्दस्क ऋचा का यह प्रथम पाद है। 'अनुष्टुप्' के पाद में ८ 'अक्षर' होते हैं, किन्तु यहाँ ७(=८-१) 'अक्षर' हैं। अत एव १ 'अक्षर' की न्यूनता की पूर्ति के लिए "प्रेता" में विद्यमान 'प्रश्लिष्ट' ('दीर्घ') संधि को पृथक् करके "प्र इता" पाठ किया जाता है।

(ख) 'त्रिष्टुप्'-छन्दस्क ऋचा का यह प्रथम पाद है। 'त्रिष्टुप्' के एक पाद में ११ 'अक्षर' होते हैं, किन्तु यहाँ १० (=११-१) 'अक्षर' हैं। अत एव १ 'अक्षर' की पूर्ति के लिए "सास्माकेभिः" में विद्यमान 'प्रश्लिष्ट' ('दीर्घ') संधि को पृथक् करके "स अस्माकेभिः" पाठ किया जाता है।

(ग) "सेमम्" (स इमम्) में संधि-विच्छेद संभव होने पर भी नहीं किया जाता है, क्योंकि 'त्रिष्टुप्' छन्दः के इस तृतीय पाद में संधि-विच्छेद के बिना ही ११ 'अक्षर' हैं, जो 'त्रिष्टुप्' के एक पाद की नियत 'अक्षर'-संख्या है। संधि-विच्छेद वहीं पर किया जाता है जहाँ अक्षरों की संख्या न्यून हो।

(घ) यह 'त्रिष्टुप्'-छन्दस्क ऋचा का प्रथम पाद है। इसमें ११ अक्षरों के स्थान पर १०(=११-१) ही 'अक्षर' हैं। अतः इस पाद में १ 'अक्षर' की न्यूनता है। इस पाद में तीन स्थलों (आ[१]+इत[२]+अयाम[३]+उप) पर संधि-विच्छेद संभव होने पर भी केवल एक स्थल (आ+इत) पर ही संधि-विच्छेद किया जाता है; क्योंकि एक स्थल पर संधि-विच्छेद करने पर ही 'अक्षर'-संख्या पूर्ण हो जाती है।

---

[१] ऋ० ७।५९।१२ [२] ऋ० १।१६१।११ [३] ऋ० १।६१।१२
[४] ऋ० ५।३०।१२ [५] ऋ० १।१६१।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**क्षैप्रवर्णाँश्च संयोगान्**='क्षैप्र'-वर्ण के संयोगों को='अन्तस्था'-सहित संयोगों को—यह अर्थ है। **व्यवेयात्**='व्यवाय'[क] करे=व्यवधान करे—यह अर्थ है। **सदृशैः**=समान (उच्चारण-) 'स्थान' वाले; **स्वरैः**=स्वरों से। (जैसे) "त्र्यम्बकं यजामहे।"[ख] "उद्वत्स्वस्मा अकृणोतना तृणम्।"[ग] "गोर्न पर्व वि रदा तिरश्चा।"[घ] (इस सूत्र में १७।२२ से) **पादेपूनेषु** (=न्यून अक्षरों वाले पादों में) और **संपदे** (=अक्षरों की पूर्ति के लिए) की अनुवृत्ति हो रही है। "न्यून अक्षरों वाले पादों में"—यह क्यों (कहा)? (उत्तर) "प्रत्यग्रभीष्म नृतमस्य नृणाम्।"[ङ] "पूर्णता के लिए"—यह (सूत्र में) क्यों (कहा)? (उत्तर) "अगोह्यस्य यदसस्तना गृहे"[च]—यहाँ (=इस पाद में) 'क्षैप्र'-वर्णों के दो 'संयोग' हैं। उनमें से पूर्व वाले ('संयोग') में व्यवधान करने से पूर्णता की सिद्धि हो जाती है, अतः बाद वाले 'संयोग' में (व्यवधान) नहीं करना होता है।

टि० (क) 'व्यवाय' का अर्थ है व्यवधान। जब किसी 'अन्तःस्था'-वर्ण का किसी अन्य 'व्यञ्जन' के साथ 'संयोग' होता है और वह 'अन्तःस्था'-वर्ण उस 'संयोग' का अन्तिम 'व्यञ्जन' होता है, तब पूर्ववर्ती अन्य 'व्यञ्जन' और परवर्ती 'अन्तःस्था'-वर्ण के मध्य में 'अन्तस्था'-वर्ण के समान उच्चारण-स्थान वाले 'स्वर'-वर्ण का उच्चारण किया जाता है; जैसे—संयुक्त य् और व् के स्थान पर इय् और उव् का उच्चारण।

(ख) 'अनुष्टुप्'-छन्दस्क ऋचा के इस पाद में ८ अक्षरों के स्थान पर ७ ही 'अक्षर' हैं। अत एव १ 'अक्षर' की पूर्ति के लिए "त्र्यम्बकम्" के 'अन्तःस्था' के 'संयोग' को व्यवधान से युक्त करना चाहिए (त्र्यम्बकम्=त्रियम्बकम्)। ऐसा करने पर पाद की नियत 'अक्षर'-संख्या (=८) पूर्ण हो जाती है।

(ग) 'जगती'-छन्दस्क ऋचा के इस पाद में १२ अक्षरों के स्थान पर ११ ही 'अक्षर' हैं। अत एव १ 'अक्षर' की पूर्ति के लिए "उद्वत्स्वस्मै" में व्यवधान करके (अर्थात् "उद्वत्स्वस्मै" के स्थान पर "उद्वत्सु अस्मै" का उच्चारण करके) अक्षरों की पूर्ति की जाती है।

(घ) 'त्रिष्टुप्'-छन्दस्क ऋचा के इस प्रथम पाद में ११ अक्षरों के स्थान पर १० ही 'अक्षर' हैं। अत एव १ 'अक्षर' की न्यूनता की पूर्णता के लिए 'पर्व' में व्यवधान करके (अर्थात् "पर्व" के स्थान पर "परुव" का उच्चारण करके) अक्षरों की पूर्ति की जाती है।

(ङ) "प्रत्यग्रभीष्म" (प्रति यग्रभीष्म) में व्यवधान संभव होने पर भी नहीं किया जाता है, क्योंकि 'त्रिष्टुप्' छन्दः के इस पाद में व्यवधान किये बिना ही ११ 'अक्षर' हैं।

(च) 'जगती'-छन्दस्क ऋचा के इस पाद में १२ अक्षरों के स्थान पर ११ ही 'अक्षर' हैं। अर्थात् इस पाद में एक 'अक्षर' की न्यूनता है। इस पाद में दो स्थलों (अगोह्य[१]स्य[२]) पर व्यवधान संभव होने पर भी केवल एक स्थल (अगोह्य[१]स्य) पर ही व्यवधान किया जाता है। एक स्थल पर व्यवधान करने पर ही 'अक्षर'-संख्या पूर्ण हो जाती है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—अत्र केचित् क्षैप्रसंधिकृतानन्तःस्थासंयोगान्व्यूहेत्, एकाक्षरीभावानित्येवं सिद्ध इति मन्यन्ते । तेषाम्—"उद्वत्स्वस्मा अकृणोतना तृणम्"[१] इति व्यूहः कर्तव्यः । तत्सदृशैः स्वरैर्व्यवायः । अस्य तु ये स्वाभाविका अन्तःस्थासंयोगास्त उदाहरणत्वेन भवन्ति । यथा—"त्वमद्भ्यस् त्वमश्मनस्परि"[२] इति । "गोर्न पर्व विरदा तिरश्चा"[३] इति ।

अयं व्यवायो यकारवकारसंयोग एवेष्यते, रेफलकारसंयोगयोर्न । कथं ज्ञायते ? "अयं ध्रुवो रयीणां चिकेत यत्"[४] इत्यत्र दीर्घत्वप्रतिषेधार्थम्—"जामिषु जासु चिकेत"[५] इति चिकेतशब्दस्य पाठात् ॥

उ० भा० अ०—यहाँ (अर्थात् इस विषय में) कतिपय (आचार्य) मानते हैं कि "एकाक्षरीभावान्"—इस (=सूत्र १७।२२) से ही सिद्ध होने पर 'क्षैप्र' संधि द्वारा किये गये 'अन्तःस्था'-संयोगों में (को) संधि-विच्छेद करे । उन आचार्यों के मत से "उद्वत्स्वस्मा अकृणोतना तृणम्"[क] में संधि-विच्छेद करना चाहिए । तत्सदृश स्वरों से जो व्यवधान किया जाता है उसके उदाहरण तो स्वाभाविक 'अन्तःस्था-संयोग' हैं ।[ख] जैसे—"त्वमद्भ्यस् त्वमश्मनस्परि"[ग]; "गोर्न पर्व वि रदा तिरश्चा ।"[घ]

यह व्यवधान यकार और वकार के 'संयोग' में ही इष्ट है, रेफ और लकार के 'संयोग' में नहीं । यह कैसे ज्ञात होता है ? (उत्तर) "अयं ध्रुवो रयीणां चिकेत यत्"—यहां पर दीर्घत्व के प्रतिषेध के लिए—"जामिषु जासु चिकेत" में 'चिकेत' शब्द का पाठ होने से (यह ज्ञात होता है)।[ङ]

टि० (क) पृष्ठ ८४१ पर टि० (ग) को देखिए ।

(ख) (१) 'अन्तःस्था'-वर्ण दो प्रकार के होते हैं—(i) स्वाभाविक और (ii) 'क्षैप्र'-संधि के परिणामस्वरूप (जैसे—इ+अ=य) । (२) प्रथम व्याख्याकार दोनों में व्यवधान मानते हैं; द्वितीय व्याख्याकार स्वाभाविक 'अन्तःस्था'-वर्णों म व्यवधान और 'क्षैप्र'-संधि-कृत 'अन्तःस्था'-वर्णों में संधि-विच्छेद मानते हैं ।

(ग) 'जगती'-छन्दस्क ऋचा के इस पाद में ९ 'अक्षर' हैं । ३ अक्षरों की पूर्ति के लिए प्रस्तुत पाद में तीन स्थलों (त्व॒मद्भ्य॒स् त्व॒मश्मनस्परि) पर व्यवधान किया जाता है ।

(घ) पृष्ठ ८४१ पर टि० (घ) को देखिए ।

(ङ) "अयं ध्रुवो रयीणां चिकेत यत्"—यह 'उष्णिक्' (८+८+१२) का पाद है । पाद-पूर्ति के लिये प्रस्तुत सूत्र से 'ध्रुवः' के 'ध्रु' के रेफ के पूर्व में व्यवधान करना चाहिए । किंतु सूत्रकार ने 'उष्णिक्' के इस पाद को एक 'अक्षर' से न्यून करके ही माना है । (प्रश्न) सूत्रकार ने ऐसा माना है—यह कैसे ज्ञात हुआ ? (उत्तर) ८।४५ में सूत्रकार ने 'चिकेत' के 'त' के दीर्घत्व का निषेध किया है । किंतु व्यवधान से 'ध्रुव' के स्थान पर 'धृरुव' कर दिया जावे तो 'चिकेत' का 'त' पाद का एकादश 'अक्षर' हो जाता है और एकादश 'अक्षर' में दीर्घत्व की प्राप्ति ही नहीं होती है ; क्योंकि ८।३८ के अनुसार ११ और १२ अक्षरों के पादों में दशम 'अक्षर' ही 'दीर्घ' होता है । अतःजब 'त' में दीर्घत्व की प्राप्ति ही नहीं तो ८।४५ में

---

[१] ऋ० १।१६१।११ [२] ऋ० २।१।१ [३] ऋ० १।६१।१२
[४] ऋ० ९।१०२।४ [५] ऋ० ८।४५

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पादानां विभागप्रकारः)

पदाभेदेन पादानां विभागोऽभिसमीक्ष्य तु ।
छन्दसः संपदं तां तां यां यां मन्येत पादतः ॥२४॥

(पादों के विभाग का प्रकार)

सू० अ०–छन्दः के पादों से जिस-जिस पूर्ति को (अभीष्ट) माने उस-उस को अच्छी प्रकार से विचार करके पदों का बिना विभाग किये पादों का विभाग करे।

उ० भा०–(छन्दसः=) छन्दसाम्; पादतो यां यां संपदं मन्येत तां तां सम्यक्पूर्वम् अभिसमीक्ष्य पादांश्च पश्चात्; (पदाभेदेन=) पदानामभेदेन; पादानां विभागः कर्तव्यः; यद्यप्युत्तरैः पादज्ञानहेतुभिर्विरोधो भवति । यथा–"माध्यंदिनस्य सवनस्य वृत्रहन्ननेद्य"[1] इत्येतयोः पादयोः पदभेदेनाष्टाक्षरयोः क्रियमाणयोर्यद्यपि प्रायवृत्तसंपद्भवति; अनादृत्य तां माध्यंदिनस्य सवनस्येत्येवं विभागः कर्तव्यः । तथा–"एकराळस्य भुवनस्य"[2] इति विभागः कर्तव्यः ॥

उ० भा० अ०—(छन्दसः=) छन्दों के; पादतः=पाद से; यां यां संपदं मन्येत=जिस-जिस पूर्ति को (अभीष्ट) माने; तां ताम्=उस-उस को; सम्यक् प्रकार से पहले; अभिसमीक्ष्य=विचार करके; और पादों का (को) (विचार करके) बाद में; (पदाभेदेम=) पदों का विभाग किये बिना; पादानां विभागः=पादों का विभाग; करना चाहिए[क]; चाहे आगे बतलाये गये पाद—ज्ञान के हेतुओं ('प्रायः', 'अर्थ' और 'वृत्त') से विरोध (भी) होवे : जैसे "माध्यंदिनस्य सवनस्य वृत्रहन्ननेद्य"[ख]—पदों का विभाग करने से इन दो पादों को ८-८अक्षरों का करने पर यद्यपि 'प्रायः' और 'वृत्त' ठीक बठता है; (तथापि)

(८४२ ङ) 'त' के दीर्घत्व का निषेध व्यर्थ हो जायेगा । इसलिए उस निषेध को सार्थक बनाने के लिये 'चिकेत' के 'त' को पाद का दशम 'अक्षर' ही मानना पड़ेगा और 'चिकेत' का 'त' दशम 'अक्षर' तभी हो सकता है जब 'ध्रुवम्' में व्यवधान न किया जावे ।

इसलिए यह सिद्धान्त मानना पड़ेगा कि प्रस्तुत सूत्र में जिस व्यवधान का विधान किया गया है वह केवल यकार और वकार के विषय में ही है, रेफ और लकार के विषय में नहीं है ।

टि० (क) अक्षरों की संख्या आदि के आधार पर जब किसी छन्दः के पादों का विभाग करना होता है, तब इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पाद की समाप्ति किसी पद के अन्तिम 'अक्षर' में ही हो । किसी पद का मध्य में विभाग करके पद के उसी मध्य में पाद की समाप्ति नहीं करनी चाहिए ।

(ख) (प्रश्न) "माध्यंदिनस्य सवनस्य वृत्रहन्ननेद्य" –अधिकार से ये ८-८ अक्षरों के दो पाद होने चाहिए, क्योंकि प्रस्तुत सूक्त में ८-८ अक्षरों के पादों का बाहुल्य है । ८-८ अक्षरों के पाद तभी होंगे जब 'सवनस्य' पद का विभाग (=सव । नस्य) किया जावे । (उत्तर) पद का विभाग नहीं किया जा सकता है; चाहे इससे अधिकार की हानि भी होवे । अतः इन पादों का विभाग यह होगा–माध्यंदिनस्य सवनस्य वृत्रहन्ननेद्य ।

---

[1] ऋ० ८।३७।१ [2] ऋ० ८।३७।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उस ('प्रायः' और 'वृत्त') का अनादर करके "माध्यंदिनस्य सवनस्य"—इस प्रकार ही विभाग करना चाहिए। उसी प्रकार—"एकराळस्य भुवनस्य"—यह विभाग करना चाहिए।

प्रायोऽर्थो वृत्तमित्येते पादज्ञानस्य हेतवः ॥२५॥

सू० अ०—(१) 'प्रायः' (अधिकार), (२) 'अर्थ' (अन्वय) और (३) 'वृत्त' (गुरुलघुभाव)—ये (तीन) पादों के ज्ञान के हेतु (होते हैं)।

उ० भा०—प्रायोऽर्थो वृत्तमित्येते पादज्ञानस्य हेतवो भवन्ति। त्रिष्टुभः प्रायः—"गोर्न पर्व वि रद"[1] इति प्रकृत्या दशाक्षरो व्यूहेनैकादशाक्षरः क्रियते। तथा अर्थः—"स गृणानो अद्भिर्देववान्"[2] इति। तथा वृत्तम् "अलाय्यस्य परशुर्ननाश तम्"[3] इति प्रकृत्यैकादशाक्षरो विकर्षेण द्वादशाक्षरः क्रियते। वृत्तादेव "अर्यो गिरः सद्य आ जग्मुषीरा"[4] इति पादान्तः

उ० भा० अ०—प्रायोऽर्थो वृत्तमित्येते पादज्ञानस्य हेतवः='प्रायः', 'अर्थ' और 'वृत्त'—ये (तीन) पादों के ज्ञान (निर्णय) के हेतु; होते हैं। 'त्रिष्टुप्' का **प्रायः**—"गोर्न पर्व वि रद (तिरश्चे)"—संधि-विच्छेद किये बिना १० अक्षरों का यह पाद संधि-विच्छेद के द्वारा ११ अक्षरों का किया जाता है।[क] उसी प्रकार **अर्थ**—"स गृणानो अद्भिर्देववान्।" उसी प्रकार **वृत्त**—"अलाय्यस्य परशुर्ननाश तम्"—संधि-विच्छेद किये बिना ११ अक्षरों का यह पाद व्यवधान ('विकर्ष') से १२ अक्षरों का किया जाता है।[ख] 'वृत्त' से ही—"अर्यो गिरः सद्य आ जग्मुषीरा"—यह पादान्त है।[ग]

टि० (क) प्रस्तुत पाद में १० 'अक्षर' हैं; किन्तु यहाँ 'त्रिष्टुप्' छन्दः का अधिकार चल रहा है। अतः **प्रायः** (अधिकार) के कारण इस पाद में संधि-विच्छेद करके 'अक्षर'-संख्या ११ बना ली जाती है।

(ख) सामान्यतः यह पाद ११ अक्षरों का है किन्तु ऐसा मानने पर 'वृत्त' से विरोध पड़ता है। ११ अक्षरात्मक 'त्रैष्टुभ' पाद का उपोत्तम 'अक्षर' 'गुरु' होता है, जबकि यहाँ उपोत्तम 'अक्षर' 'लघु' है। 'वृत्त' के कारण 'अलाय्य···' में व्यवधान करके इसे १२ अक्षरों का 'जागत' पाद बनाया जाता है। यह ठीक भी है क्योंकि यह 'पुरउष्णिक्' छन्दः का प्रथम पाद है, जिसमें १२ 'अक्षर' होते हैं।

(ग) यह 'त्रिष्टुप्' छन्दः का तृतीय पाद है। यद्यपि 'अर्यः' पद में व्यवधान करके 'जग्मुषीः' पद के अन्त तक ही ११ 'अक्षर' पूरे हो सकते हैं, तथापि 'जग्मुषीः' में पादान्त नहीं माना जा सकता। ऐसा मानने पर 'वृत्त' से विरोध पड़ता है—एकादशाक्षर 'त्रैष्टुभ' पाद का उपोत्तम 'अक्षर' 'लघु' हो रहा है जो 'वृत्त' के नियम के विपरीत है। 'वृत्त' के कारण हम 'अर्यः' में व्यवधान नहीं करते और 'जग्मुषीरा' को पाद का अन्त मानते हैं।

---

[1] ऋ० १।६१।१२ [2] ऋ० १०।६१।२६ [3] ऋ० ९।६७।३० [4] ऋ० १।१२२।१४

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशेषसंनिपाते तु पूर्व पूर्वं परं परम् ॥२६॥

सू० अ०—जब ये (एक से अधिक) विशेष ('प्रायः', 'अर्थ' और 'वृत्त') एक साथ आ जावें तो पहले को पहले और बाद वाले को बाद में (मानना चाहिए) (अर्थात् प्रत्येक पूर्ववर्ती विशेष को अधिक महत्त्व देना चाहिए)।

उ० भा०—(विशेषसंनिपाते=) एतेषामेव विशेषाणां संनिपाते; तु **पूर्वं** निमित्तं **पूर्वं** भवति, **परं** निमित्तं **परं** भवति। पूर्वो हेतुरुत्तराद्बलीयान्—इत्यर्थः। "त्वं चकर्थ मनवे स्योनान्"[१] इत्यत्र प्रायोर्थयोर्विरोधे प्रायबलीयस्त्वात् स्योनानिति पादान्तः। येषां पुनरर्थो बलीयांस्तेषाम् - "मनवे स्योनान्पथः"[२] इति पादान्तो गम्यते। प्रायबलीयस्त्वादेव—"ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिः"[३] इति पादान्तः, न सनितेति।

प्रायवृत्तविरोधे प्रायबलीयस्त्वात्—"प्रत्यग्रभीष्म नृतमस्य नृणाम्"[४] इति पादान्तः। एकादशाक्षर एव भवति, न वृत्ताद्विकृष्यते। अर्थवृत्तविरोधेऽर्थबलीयस्त्वात्—"यदग्ने स्यामहं त्वम्"[५] इति पादान्तः, न वृत्तादहमिति। एवं सर्वत्र बलाबलमभिसमीक्ष्य पादं जिज्ञासेत्॥

उ० भा० अ०—(**विशेषसंनिपाते**=) इन्हीं विशेषों ('प्रायः', 'अर्थ' और 'वृत्त') के एक साथ आ जाने पर; **पूर्वं पूर्वम्**=पहला निमित्त पहले; होता है; **परं परम्**=बाद वाला निमित्त बाद में; होता है। पहले वाला हेतु बाद वाले हेतु से बलवान् होता है—यह अर्थ है।[क] (जैसे) "त्वं चकर्थ मनवे स्योनान्" यहाँ पर अधिकार ('प्रायः') और 'अर्थ' में विरोध होने पर अधिकार ('प्रायः') के अधिक बलवान् होने से "स्योनान्" पाद का अन्त है। जिनके मत में 'अर्थ' (अधिक) बलवान् है, उनके मत से "स्योनान्पथः" यह पाद का अन्त है। अधिकार ('प्रायः') के अधिक बलवान् होने से ही "ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिः"—यह पाद का अन्त है, ('अर्थ' के अनुसार) "सनिता" (पाद का अन्त) नहीं है।[ख]

टि० (क) अर्थात् (१) जहाँ अधिकार ('प्रायः') और अन्वय ('अर्थ') में विरोध हो वहाँ अधिकार ('प्रायः') अन्वय ('अर्थ') से अधिक बलवान् होता है; (२) जहाँ 'अर्थ' और 'वृत्त' में विरोध हो वहाँ 'अर्थ' 'वृत्त' से अधिक बलवान् होता है और (३) जहाँ अधिकार ('प्रायः') और 'वृत्त' में विरोध हो वहाँ अधिकार ('प्रायः') 'वृत्त' से अधिक बलवान् होता है।

(ख) **प्रायः और अर्थ का विरोध**

(१) त्वं चकर्थ मनवे स्योनान्पथो गोष्वदधा ओषधीषु।

(प्रश्न) 'त्रिष्टुप्' छन्दः के अधिकार ('प्रायः') के कारण प्रथम पाद का अन्तिम पद 'स्योनान्' है, क्योंकि यहाँ 'त्रैष्टुभ' पाद के ११ 'अक्षर' पूरे हो जाते हैं। अन्वय ('अर्थ') के कारण 'पथः' अन्तिम पद है, क्योंकि 'पथः' पर इस पाद का अर्थ पूरा होता है। इस स्थिति में पाद का अन्तिम पद किसे माना जावे?

---

१ ऋ० १०।७३।७ २ ऋ० १०।७३।७ ३ ऋ० १।३६।१३
४ ऋ० ५।३०।१२ ५ ऋ० ८।४४।२३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधिकार ('प्रायः') और 'वृत्त' का विरोध होन पर अधिकार ('प्राय') के अधिक बलवान् होने से "प्रत्यग्रभीष्म नृतमस्य नृणाम्"— यह पाद का अन्त है। (यह पाद) ११ अक्षरों का ही होता है, 'वृत्त' के कारण व्यवधान नहीं किया जाता है।[क] 'अर्थ' और 'वृत्त' में विरोध होने पर 'अर्थ' के अधिक बलवान् होने से "यदग्ने स्यामहं त्वम्"—यह पाद का अन्त है। 'वृत्त' से 'अहम्' नहीं।[ख] इस प्रकार सर्वत्र बल और अबल का विचार करके पाद को जानने की इच्छा करे।

अनुदात्तं तु पादादौ नोवर्जं विद्यते पदम् ॥२७॥

सू० अ०—उकार को छोड़कर अन्य 'अनुदात्त' पद (ऋग्वेद में) पाद के प्रारम्भ में विद्यमान नहीं है।

(८४५ ख) (उत्तर) अधिकार ('प्राय':) अधिक बलवान् होने के कारण इस पाद का अन्तिम पद 'स्योनान्' है।

(२) ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिर्वाघद्भिर्विह्वयामहे।

(प्रश्न) अधिकार से ज्ञात होता है कि ये उपर्युक्त 'बृहती' छन्दः के तृतीय और चतुर्थ पाद हैं। अधिकार से 'अञ्जिभिः' तृतीय पाद का अन्तिम पद है, क्योंकि यहाँ १२ 'अक्षर' पूरे हो जाते हैं। अन्वय के अनुसार तृतीय पाद का अन्तिम पद 'सनिता' है, क्योकि 'सनिता' पद पर इस पाद का अर्थ पूरा होता है। इस स्थिति में पाद का अन्तिम पद किसे माना जावे? (उत्तर) अधिकार अधिक बलवान् होने से इस पाद का अन्तिम पाद 'अञ्जिभिः' है।

टि० (क) **प्रायः और वृत्त का विरोध**

प्रत्यग्रभीष्म नृतमस्य नृणाम्।

(प्रश्न) 'त्रिष्टुप्' छन्दः के अधिकार के कारण यह पाद ११ अक्षरों का होना चाहिए। 'वृत्त' की दृष्टि से व्यवधान द्वारा इसे १२ अक्षरों का बना लेना चाहिए। १२ अक्षरों के पाद का उपोत्तम 'अक्षर' 'लघु' है, जबकि ११ अक्षरों के पाद का उपोत्तम 'अक्षर' 'गुरु' होता है। इस स्थिति में इसे ११ अक्षरों का पाद माना जावे अथवा व्यवधान द्वारा इसे १२ अक्षरों का बनाया जावे? (उत्तर) अधिकार अधिक बलवान् होने से इस पाद को ११ अक्षरों का ही मानना चाहिए।

(ख) **अर्थ और वृत्त का विरोध**

यदग्ने स्यामहं त्वम्।

(प्रश्न) अन्वय की दृष्टि से इस पाद का अन्तिम पद 'त्वम्' है, क्योंकि यहीं पर इस पाद का अर्थ पूरा होता है। 'वृत्त' की दृष्टि से इस पाद का अन्तिम पद 'अहम्' है। यह 'गायत्री' छन्दः का पाद है जिसका उपोत्तम 'अक्षर' 'लघु' होना चाहिए। 'अहम्' को पाद का अन्तिम पद मानने पर ही उपोत्तम 'अक्षर' 'लघु' होता है। इस स्थिति में किसे अन्तिम पद मांना जावे? (उत्तर) अन्वय अधिक बलवान् होने से 'त्वम्' ही को अन्तिम पद मानना चाहिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—चतुःषष्ट्यां पादादावनुदात्तं पदं न विद्यते। (उवर्जम्=) उकारस्तु विद्यते। यथा—"उ॒ लो॒क॒कृ॒त्नुम॑द्रिवो हरि॒श्रिय॑म्"[१]; उ॒ लो॒को यस्ते॑ अ॒द्रि॒वः।"[२] अयमपि पादान्तज्ञाने हेतुरेव सर्वहेतुभ्यो बलवत्तमः। तस्मात्सर्वान्बाधित्वा "ब॒तो ब॑तासि यम॒ नैव ते"[३] इति पादान्तः। तथा—"क्ष॒त्राय॑ त्व॒मव॑सि"[४] इति पादान्तः॥

उ० भा० अ०—६४ अध्यायात्मक ऋग्वेद में; **पादादावनुदात्तं पदं न विद्यते**= पाद के आदि में 'अनुदात्त' पद विद्यमान नहीं है। (**उवर्जम्**==उकार को छोड़कर=) उकार तो (पाद के आदि में) विद्यमान है। जैसे—"उ॒ लो॒क॒कृ॒त्नुम॑द्रिवो हरि॒श्रिय॑म्"क; "उ॒ लो॒को यस्ते॑ अ॒द्रि॒वः।"क यह भी पाद के अन्त के ज्ञान में हेतु है और अन्य सब हेतुओं से बलवान् है। इसलिए सब (हेतुओं) को बाधकर—"ब॒तो ब॑तासि यम॒ नैव ते॒"ख यहाँ पाद का अन्त है। उसी प्रकार क्ष॒त्राय॑ त्व॒मव॑सि"ग—यहाँ पाद का अन्त है।

पादादावनुदात्तं तु यदन्यत्तदिहोदितम् ॥२८॥

सू० अ०—पाद के प्रारम्भ में आने वाले जो अन्य 'अनुदात्त' पद हैं उन्हें यहाँ कहते हैं।

टि० (क) इन दोनों स्थलों पर 'अनुदात्त' 'उ' पद पाद के प्रारम्भ में विद्यमान है।

(ख) ब॒तो ब॑तासि यम॒ नैव त॒ मनो॒ हृद॑यं चाविदाम। (प्रश्न) प्रस्तुत सूत्र के अनुसार 'अनुदात्त' पद पाद के प्रारम्भ में नहीं आता है। ऐसी वस्तुस्थिति होने पर 'ते' द्वितीय पाद के प्रारम्भ में कैसे आया है? (उत्तर) तब 'ते' को प्रथम पाद का अन्तिम पद मान लीजिए। (प्रश्न) ऐसे मानने पर—(१) अधिकार ('प्रायः') से विरोध होता है। ११ अक्षरों के पादों का अधिकार चल रहा है। व्यवधान ('व्यवाय') करने पर भी द्वितीय पाद ११ अक्षरों का नहीं बनता है। (२) अन्वय ('अर्थ') से भी विरोध होता है; क्योंकि अन्वय की दृष्टि से 'ते' का द्वितीय पाद के साथ सम्बन्ध है। (३) तथा 'वृत्त' से भी विरोध होता है। ११ अक्षरों वाले प्रथम पाद का अन्तिम से पहले वाला पद नियम (१७।२३) के विपरीत 'लघु' हो गया। (उत्तर) प्रस्तुत सूत्र का विधान पूर्ववर्ती सभी विधानों से बलवान् है। अतः 'ते' को द्वितीय पाद के प्रारम्भ में नहीं रख कर प्रथम पाद के अन्त में ही रखना है।

(ग) क्ष॒त्राय॑ त्व॒मव॑सि न त्वं॑ आविथ शचीपते···। (प्रश्न) 'अनुदात्त' 'त्वम्' पद पाद के प्रारम्भ में स्थित है, जो प्रस्तुत नियम के विपरीत है। (उत्तर) तब तो 'त्वम्' को प्रथम पाद का अन्तिम पद मान लीजिए। (प्रश्न) ऐसा मानने पर अधिकार ('प्रायः') से विरोध होता है। ८-८ अक्षरों के पादों का अधिकार चल रहा है। अब प्रथम पाद ७ अक्षरों का और द्वितीय पाद ९ अक्षरों का हो गया। (उत्तर) प्रस्तुत सूत्र का विधान पूर्ववर्ती सभी विधानों से बलवान् है। अतः 'त्वम्' को द्वितीय पाद के प्रारम्भ में नहीं रख कर प्रथम पाद के अन्त में ही रखना होगा।

---

[१] ऋ० ८।१५।४ [२] ऋ० ३।३७।११ [३] ऋ० १०।१०।१३ [४] ऋ० ८।३७।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—तु=पुनः; पादादौ; (यदनुदात्तम्=) यान्यनुदात्तानि; पदानि; (तत्=) तानि; आचार्यः सूत्रे पठति। "वशऽस्तीयक्षसि"[१] इत्येवमादयः॥

उ० भा० अ०—तु=किन्तु; पादादौ=पाद के प्रारम्भ में आने वाले; यदनुदात्तम्=जो 'अनुदात्त'; पद हैं; (तत्=) उनको; आचार्य सूत्र में गिनते हैं। "इयक्षसि' यह एक ('अनुदात्त' पद) वश (ऋषि के सूक्त) में है" इत्यादि।

वशेऽस्तीयक्षसीत्येकम् ॥२९॥

सू० अ०—'इयक्षसि'—यह एक ('अनुदात्त' पद) वश (ऋषि के सूक्त) में (पाद के प्रारम्भ में) है।

उ० भा०—(इयक्षसि) इदं च एकम्; (वशे=) वश ऋषौ; पादादावनुदात्तं पदम् अस्ति। "इयक्षसि गाय त्वा नमसा गिरा॥"[२]

उ० भा० अ०—(इयक्षसि) यह; एकम्=एक; 'अनुदात्त' पद पाद के प्रारम्भ में; (वशे=) वश ऋषि (के सूक्त=८।४६) में; अस्ति=विद्यमान है। (उदाहरण) "इयक्षसि गाय त्वा नमसा गिरा।"

तृचे चाभिष्ट इत्यपि। नेतिपूर्वाणि सर्वाणि ॥३०॥

सू० अ०—"आभिष्टे" से प्रारम्भ होने वाली तीन ऋचाओं में 'न' (पद) है पूर्व में जिनके वे सब ('अनुदात्त' पद पाद के प्रारम्भ में विद्यमान हैं)।

उ० भा०—आभिष्ट इति च तृचे नेतिपूर्वाणि सर्वाणि="आभिष्टे अद्य"[३] इत्येतस्मिंस्तृचेऽनुदात्तानि सन्ति तानि सर्वाणि नेत्येवंपूर्वाणि। "(न) स्तनयन्ति शुष्माः"[४]; (न) "रोचत उपाके"[५] (न) "रोचत स्वधावः"[६] इति॥

उ० भा० अ०—आभिष्ट इति च तृचे नेतिपूर्वाणि सर्वाणि="आभिष्टे अद्य···।" इन तीन ऋचाओं (तृच) में 'न'—यह (पद) है पूर्व में जिनके वे सब (पद) 'अनुदात्त' हैं। (उदाहरण) "(न) स्तनयन्ति शुष्माः"; "(न) रोचत उपाके"; "(न) रोचत स्वधावः।"[क]

मधुच्छन्दस्यृतावृधौ ॥३१॥

सू० अ०—मधुच्छन्दा (ऋषि के सूक्त=ऋ० १।२) में 'ऋतावृधौ' (यह 'अनुदात्त' पद पाद के प्रारम्भ में विद्यमान है)।

उ० भा०—मधुच्छन्दसि ऋषौ ऋतावृधौ इत्येकमनुदात्तमस्ति। "ऋतावृधावृतस्पृशा"[२] इति॥

टि० (क) ये सब 'अनुदात्त' पद पादों के प्रारम्भ में ही विद्यमान हैं।

---

१ १७।२९ २ ऋ० ८।४६।१७ ३ ऋ० १०।४।४
४ ऋ० ४।१०।४ ५ ऋ० ४।१०।५ ६ ऋ० ४।१०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**मधुच्छन्दसि**=मधुच्छन्दा ऋषि (के सूक्तों) में; **ऋतावृधौ**—यह एक 'अनुदात्त' (पद पाद के प्रारम्भ में) है। (उदाहरण) "ऋ॒ता॒वृ॒धा॒वृ॒त॒स्पृ॒शा।"

स्तोमशब्दे परेऽधायि ॥३२॥

सू० अ० 'स्तोम' शब्द बाद में होने पर 'अधायि' (यह 'अनुदात्त' पद पाद के प्रारम्भ में है)।

उ० भा०—स्तोमशब्दे; (परे=) प्रत्यये; अधायि इत्येकम् अनुदात्तम् अस्ति। "अ॒धा॒यि॒ स्तोमः॥"[१]

उ० भा० अ०—**स्तोमशब्दे (परे)**='स्तोम' शब्द बाद में होने पर; **अधायि**—यह एक 'अनुदात्त' (पद) (पाद के प्रारम्भ में) है। (उदाहरण) "अ॒धा॒यि॒ स्तोमः।"

ऋतशब्दे परे स्रिधत् ॥३३॥

सू० स०—'ऋत' शब्द बाद में होने पर 'स्रिधत्' (यह 'अनुदात्त' पद पाद के प्रारम्भ में है)।

उ० भा०—ऋतशब्दे; (परे=) प्रत्यये; स्रिधत् इत्येकमनुदात्तमस्ति। "मा यज्ञो अ॑स्य स्रिधदृ॒तायोः"[२] इति॥

उ० भा० अ०—**ऋतशब्दे (परे)**='ऋत' शब्द बाद में होने पर; **स्रिधत्**—यह एक (पद) (पाद के प्रारम्भ में) है। (उदाहरण) "मा यज्ञो अ॑स्य स्रिधदृ॒तायोः।"[क]

हुवे तुराणां यत्पूर्वम् ॥३४॥

सू० अ०—"हुवे तुराणाम्" में जो पहला (पद) है (वह पाद के प्रारम्भ में 'अनुदात्त' है)।

उ० भा०—हुवे तुराणाम् इति द्वैपदे यत्पूर्वं पदं तदनुदात्तम्। "प्रि॒या वो॒ नाम॑ हुवे तु॒राणा॑म्॥"[३]

उ० भा० अ०—**हुवे तुराणाम्**—इन दो पदों में; **यत्पूर्वम्**=जो पहला; पद है वह (पाद के प्रारम्भ में) 'अनुदात्त' है। (उदाहरण) "प्रि॒या वो॒ नाम॑ हुवे तु॒राणा॑म्।"

तृपन्मरुत उत्तरम् ॥३५॥

सू० अ०—"तृपन्मरुतः" में बाद वाला ('अनुदात्त' पद पाद के प्रारम्भ में है)।

उ० भा०—तृपन्मरुतो द्वैपदे यद् उत्तरं पदं तदनुदात्तमस्ति। मरुत इति। "आ यत्तृ॒पन्म॑रुतो वावशा॒नाः।"[४]

टि० (क) सर्वानुक्रमणी आदि में ऐसे स्थलों का छन्दः 'द्विपदा विराट्' माना गया है। कतिपय आचार्य इनका छन्दः चार पादों वाली 'अक्षरपङ्क्ति' मानते हैं; दे० १७।५०। इसी दूसरे मत के अनुसार 'स्रिधत्' पाद के प्रारम्भ में है।

---

[१] ऋ० ७।३४।१४ [२] ऋ० ७।३४।१७। [३] ऋ० ७।५६।१०
[४] ऋ० ७।५६।१०

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—तृपन्मरुतः—इन दो पदों में जो बाद वाला 'मरुत' पद है वह 'अनुदात्त' (द्वितीय पाद के प्रारम्भ में) है। (उदाहरण) "आ यत्तृपन्मरुतो वावशानाः।"

प्रेदं ब्रह्मेति चैतस्मिन्सूक्ते पादोऽस्ति पञ्चमः।
सर्वानुदात्तः षट्स्वृच्वादितश्च चतुर्दशः ॥३६॥

सू० अ०—"प्रेदं ब्रह्म"—इस सूक्त में (प्रथम) छः ऋचाओं में पञ्चम पाद 'सर्वानुदात्त' हैं और आदि से चतुर्दश (पाद) भी ('सर्वानुदात्त') है।

उ० भा०—"प्रेदं ब्रह्म वृत्रतूर्येष्वाविथ"[१] इत्येतस्मिन्सूक्ते षट्सु ऋक्षु सर्वानुदात्तः पादोऽस्ति पञ्चमः—"वृत्रहन्नन्द्य"[२] इति। अस्यैव सूक्तस्य आदितश्चतुर्दशः पादः स च सर्वानुदात्तोऽस्ति "राजसि शचीपते"[३] इति।

एवमिमे सप्त सर्वानुदात्ताः सन्ति। मधुच्छन्दस्यैकः—"ऋतावधावृतस्पृशा" इति।[४] "आभिष्टे" इति च तृच एकः—"रोचत स्वधावः"[५] इति। एताभ्यां सह नव भवन्ति, न दशमः॥

उ० भा० अ०—"प्रेदं ब्रह्म वृत्रतूर्येष्वाविथ"; इत्येतस्मिन्सूक्ते=इस सूक्त में; षट्सु ऋक्षु=छः ऋचाओं में; सर्वानुदात्तः पादोऽस्ति पञ्चमः=(प्रत्येक) पञ्चम पाद 'सर्वानुदात्त' है—"वृत्रहन्नन्द्य।" इसी सूक्त का; आदितश्चतुर्दशः=आदि से चतुर्दश; पाद भी 'सर्वानुदात्त' है—"राजसि शचीपते।"

इस प्रकार (१७।३६ में विहित) ये सात 'सर्वानुदात्त' (पाद) हैं। मधुच्छन्दा (ऋषि के सूक्त=ऋ० १।२ में) एक (पाद)—"ऋतावधावृतस्पृशा।" "आभिष्टे···" इस तृच में एक (पाद)—"रोचत स्वधावः"। इन दो (पादों) के साथ) नौ ('सर्वानुदात्त' पाद) हैं,[क] दशम (पाद) ('सर्वानुदात्त') नहीं है।

(पादानां विषये इतरे विशेषाः)

पादौ गायत्रवैराजावष्टाक्षरदशाक्षरौ ॥३७॥

(पादों के विषय में अन्य विशेष)

सू० अ०—८ अक्षरों वाले और १० अक्षरों वाले पादों को (क्रमशः) 'गायत्र' और 'वैराज' (नाम से जानना चाहिए)।

उ० भा०—अष्टाक्षरदशाक्षरौ पादौ गायत्रवैराजौ विद्यात्।

उ० भा० अ०—अष्टाक्षरदक्षाक्षरौ पादौ=८ अक्षरों और १० अक्षरों वाले पादों को; गायत्रवैराजौ=(क्रमशः) 'गायत्र' और 'वैराज'; जानना चाहिए।

टि० (क) इस प्रकार ये सात (६+१+२) पाद 'सर्वानुदात्त' हुए।

---

[१] ऋ० ८।३७।१ [२] ऋ० ८।३७।१ [३] ऋ० ८।३७।३
[४] ऋ० १।२।८ [५] ऋ० ४।१०।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकादशिद्वादशिनौ विद्यात् त्रैष्टुभजागतौ ॥३८॥

सू० अ*—११ (अक्षरों) वाले और १२ (अक्षरों) वाले (पादों) को (क्रमशः) 'त्रैष्टुभ' और 'जागत' (जानना चाहिए)।

उ० भा०—(एकादशिद्वादशिनौ=) एकादशद्वादशाक्षरौ पादौ; त्रैष्टुभजागतौ विद्यात्॥

उ० भा० अ०—(एकादशिद्वादशिनौ=) ११ और १२ अक्षरों वाले पादों को; त्रैष्टुभजागतौ=(क्रमशः) 'त्रैष्टुभ' और 'जागत'; विद्यात्=जानना चाहिए।

वर्षिष्ठाणिष्ठयोरेषां लघूपोत्तममक्षरम्।
गुर्ववेतरयोर्ऋक्षु तद् वृत्तं छन्दसां प्राहुः ॥३९॥

सू० अ०—इन (पादों) में सबसे बड़े (='जागत' पाद) और सबसे छोटे ('गायत्र' पाद) का अन्तिम से पहला (उपोत्तम) 'अक्षर' 'लघु' (होता है)। अन्य दो (='वैराज' पाद तथा 'त्रैष्टुभ' पाद) का (अन्तिम से पहला 'अक्षर') 'गुरु' (होता है)। ऋचाओं में इसे छन्दों का 'वृत्त' कहते हैं।

उ० भा०—एषां पादानाम्; वर्षिष्ठाणिष्ठयोः=अष्टाक्षरद्वादशाक्षरयोः पादयोः; उपोत्तममक्षरं लघु भवति। यथा—"अग्निमीळे पुरोहितम्"[१]; "प्र देवमच्छा मधुमन्त इन्दवः"[२] इति। इतरयोः=दशैकादशाक्षरयोः; उपोत्तमं गुरु भवति। "श्रुधी हवं विपिपानस्याद्रेः"[३]; "पिबा सोममभि यमुग्र तर्दः"[४] इति। छन्दसामृक्षु तद्वृत्तम्; (प्राहुः=) आहुः; आचार्याः।

उ० भा० अ०—एषाम्=इन; पादों में से; वर्षिष्ठाणिष्ठयोः=८ अक्षरों और १२ अक्षरों वाले पादों का; उपोत्तममक्षरम्=अन्तिम से पहला 'अक्षर'; लघु होता है। जैसे—"अग्निमीळे पुरोहितम्"क; "प्र देवमच्छा मधुमन्त इन्दवः।"क इतरयोः=अन्य दो का=१० और ११ अक्षरों वाले (पादों) का; अन्तिम से पहला ('अक्षर') गुरु होता है। (जैसे) "श्रुधी हवं विपिपानस्याद्रेः"ख; "पिबा सोममभि यमुग्र तर्दः।"ख आचार्य लोग; छन्दसामृक्षु तद्वृत्तम्=इसे ऋचाओं में छन्दों का 'वृत्त'; (प्राहुः=) कहते हैं।

टि० (क) ८ अक्षरों वाले ('गायत्र') तथा १२ अक्षरों वाले ('जागत') पादों के अन्तिम से पहले वाले (=उपोत्तम) 'अक्षर' (=क्रमशः 'त' का 'अ' और 'द' का 'अ') 'लघु' हैं।

(ख) १० अक्षरों वाले ('वैराज') और ११ अक्षरों वाले ('त्रैष्टुभ') पादों के अन्तिम से पहले वाले (उपोत्तम) 'अक्षर' (=क्रमशः 'या' का 'आ' और 'त' का 'अ') 'गुरु' हैं।

---

[१] ऋ० १।१।१ [२] ऋ० ९।६८।१ [३] ऋ० ७।२२।४
[४] ऋ० ६।१७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एतैश्छन्दांसि वर्तन्ते सर्वाण्यन्यैरतोऽल्पशः ।
एतद्विकारा एवान्ये सर्वे तु प्राकृताः समाः ॥४०॥

सू० अ०—सभी छन्दः इन्हीं (चार प्रकार के पादों) से युक्त हैं। इनसे अन्य (पादों) से थोड़े से (छन्दः) (युक्त हैं)। अन्य सब (पाद) इन्हीं (चार प्रकार के पादों) के विकार हैं। किंतु सभी (चार प्रकार के) प्राकृत (पाद) समान हैं।

उ० भा०—एतैः पादैः सर्वाणि च्छन्दांसि वर्तन्ते। अतः=एभ्यः; अन्यैः पादैः अल्पशो वर्तन्ते। य तु अन्ये पादास्ते; (एतद्विकाराः=) एतेषामेव पादानां विकाराः; भवन्ति। अष्टाक्षरात्पूर्वे पादास्ते गायत्रस्य पादस्य विकारा भवन्ति। नवाक्षरो वैराजस्य विकारो यदि गुरूपोत्तमः। अन्यस्तु गायत्रस्यैव। त्रयोदशाक्षरप्रभृतिषु ये गुरूपोत्तमास्ते त्रैष्टुभस्य। ये लघूपोत्तमास्ते जागतस्य।

उ० भा० अ०—**एतैः**=इन; (चार प्रकार के) पादों से; **सर्वाणि च्छन्दांसि वर्तन्ते**=सब छन्दः युक्त होते हैं। **अतः**=इनसे; **अन्यैः**=अन्य; पादों से; **अल्पशः**=थोड़े से (छन्दः); युक्त होते हैं।[क] किंतु जो; **अन्ये**=अन्य; पाद हैं वे; **(एतद्विकाराः=)** इन्हीं पादों के विकार; होते हैं। ८ अक्षरों से पहले वाले (अर्थात् ८ अक्षरों से थोड़े अक्षरों वाले) पाद 'गायत्र' पाद के विकार होते हैं। ९ अक्षरों वाला (पाद) 'वैराज' (पाद) का विकार होता है, यदि अन्तिम से पहले वाला (उपोत्तम) ('अक्षर') 'गुरु' होवे। अन्य (अर्थात् जिसका अन्तिम से पहले वाला 'अक्षर' 'लघु' है) 'गायत्र' का ही ('विकार') है।[ख] १३ इत्यादि अक्षरों वाले जिन (पादों) में अन्तिम से पहले वाला ('अक्षर') 'गुरु' है वे 'त्रैष्टुभ' (पाद के) (विकार हैं)। जिनमें अन्तिम से पहले वाला ('अक्षर') 'लघु' है वे 'जागत' (पाद) के (विकार हैं)।

टि० (क) अष्टाक्षर ('गायत्र'), दशाक्षर ('वैराज'), एकादशाक्षर ('त्रैष्टुभ') और द्वादशाक्षर ('जागत')—इन चार प्रकार के पादों का ऋग्वेद में बहुल प्रयोग हुआ है। इस दृष्टि से ये चार पाद सब वैदिक छन्दों के आधार हैं। यही कारण है कि इन चार प्रकार के पादों को प्राकृत (मौलिक) और अन्य पादों को वैकृत (उद्भूत) माना गया है।

(ख) 'गायत्र' पाद ८ अक्षरों का और 'वैराज' पाद (दे० १७।३३) १० अक्षरों का होता है। (प्रश्न) ९ (८+१ या १०-१) अक्षरों के पाद को किसका विकार माना जायेगा—'गायत्र' पाद का अथवा 'वैराज' पाद का? (उत्तर) 'गायत्र' आदि प्राकृत पादों में गुरुलघुभाव ('वृत्त') नियत है। जैसे—'गायत्र' पाद का अन्तिम से पहले वाला 'अक्षर' 'लघु' होता है और 'त्रैष्टुभ' पाद का अन्तिम से पहले वाला 'अक्षर' 'गुरु' होता है। अत एव यदि ९ अक्षरों के पाद का अन्तिम से पहले वाला 'अक्षर' 'लघु' है तो उसे 'गायत्र' पाद का विकार माना जायेगा और यदि अन्तिम से पहले वाला 'अक्षर' 'गुरु' हो तो उसे 'वैराज' पाद का विकार माना जायेगा। इसी प्रकार १३ इत्यादि अक्षरों वाले पाद का निर्णय कर लेना चाहिए।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—सर्वे तु प्राकृताः पादाः समा वेदितव्याः। ते प्राकृता अष्टाक्षरादयश्चतुर्विधाः। यद्येवं नैते समाः। बहवो ह्यष्टाक्षरा अल्पीयांसो दशाक्षराः। यद्येवं समा इत्येषां संज्ञा स्यात्। न संज्ञायाः प्रयोजनमस्ति।

एवं तर्ह्यन्योऽर्थः कथ्यते। सर्वे तु प्राकृताः समाः। तुशब्दः पक्षव्यावर्तकः। यदुक्तमेतेषां विकारा अन्ये पादा इति। तन्न। यथा सर्वे पादा प्राकृता एव; नान्योन्यस्य विकाराः। तस्मात्समाः। न संख्याकृतं समत्वम्।

अपरे पुनरन्यथा वर्णयन्ति। सर्वे तु प्राकृताः समाः=सर्वेऽष्टाक्षरप्रभृतयश्चतुर्विधाः समास्तुल्या भवन्ति। किमुक्तं भवति? नान्योन्यस्य विकारा भवन्तीत्युक्तं भवति॥

उ० भा० अ०—सर्वे तु प्राकृताः पादाः समाः=किन्तु सब प्राकृत पादों को समान; जानना चाहिए। वे प्राकृत (पाद) ८ इत्यादि अक्षरों वाले चार प्रकार के हैं। (पू०) यदि ऐसी बात है तो वे (संख्या में) समान नहीं हैं; क्योंकि ८ अक्षरों के अधिक (पाद) हैं, १० अक्षरों के थोड़े (पाद) हैं। (सि०) तब 'सम' इनकी (=चार प्रकार के प्राकृत पादों की) संज्ञा होगी। (पू०) संज्ञा का प्रयोजन नहीं है (और निष्प्रयोजन संज्ञा करना अयुक्त है)।

(सि०) ऐसी बात है तो (प्रस्तुत सूत्र का) अन्य अर्थ कहा जाता है। सर्वे तु प्राकृताः समाः—'तु' शब्द (उक्त) पक्ष का व्यावर्तक है। (अर्थात्) जो यह कहा गया है कि अन्य पाद इन (चार प्रकार के पादों) के विकार हैं, वह (ठीक) नहीं है। क्योंकि सब पाद प्राकृत ही हैं; एक दूसरे के विकार नहीं हैं। अत एव समान हैं। संख्या की दृष्टि से समत्व (अभीष्ट) नहीं है।

दूसरे लोग अन्य प्रकार से व्याख्या करते हैं। सर्वे तु प्राकृताः समाः=८ इत्यादि अक्षरों वाले चार प्रकार के प्राकृत पाद; सम=तुल्य; हैं। कहने का क्या तात्पर्य है? (उत्तर) कहने का यह तात्पर्य है कि (प्राकृत पाद) एक दूसरे के विकार नहीं हैं (जबकि अन्य सभी पाद इन चार प्राकृत पादों के विकार हैं)।[क]

एक एकपदैतेषां द्वौ पादौ द्विपदोच्यते।
ते तु तेनैव प्रोच्येते सरूपे यस्य पादतः॥४१॥

सू० अ०—इन (१७।३७-३८ में उक्त चार प्राकृत पादों) में से एक (पाद है जिसमें वह ऋचा) एकपदा (कहलाती है)। इनमें से दो पाद (हैं जिस ऋचा में वह) द्विपदा कहलाती है। किन्तु वे दोनों (एकपदा और द्विपदा ऋचायें) उसी (छन्दः के नाम) से अभिहित होती हैं जिस (छन्दः) के समान वे पाद की दृष्टि से (होती हैं)।

टि० (क) प्रस्तुत सूत्र के सर्वे तु प्राकृताः समाः—इस अंश की व्याख्या तीन प्रकार से है:—(१) 'गायत्र', 'वैराज', 'त्रैष्टुभ' और 'जागत' पाद 'सम'—संज्ञक हैं; (२) पादों में प्रकृति-विकृति-भाव नहीं माना जायेगा। निखिल पाद सममर्याद हैं; (३) पादों में प्रकृति-विकृति-भाव स्वीकृत है। किन्तु प्राकृत पादों में परस्पर प्रकृति-विकृति-भाव अस्वीकृत है। ये चार सममर्याद हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा०—(एतेषाम्=) तेषाम् चतुर्णां पादानाम् एकः पादो यस्याः सा एकपदा ऋगित्युच्यते। यथा—"असिक्न्यां यजमानो न होता।"[१] तेषामेव चतुर्णां द्वौ पादौ यस्याः सा द्विपदा ऋगिति उच्यते। "साधुर्न गृध्नुरस्तेव शूरो यातेव भीमस्त्वेषः समत्सु"[२] इति। तेनैव च्छन्दसा प्रोच्येते ते द्विपदैकपदे छन्दसां मध्ये यस्य च्छन्दसः पादतः सरूपे भवतः। यदि गायत्रस्य सरूपे भवतो यदि त्रिष्टुभः। गायत्री द्विपदा त्रिष्टुबेकपदेति॥

उ० भा० अ०—(एतेषाम्=) उन; चार पादों में से एक पाद है जिसमें (जिसका) वह **एकपदा** ऋक् कहलाती है। जैसे—"असिक्न्यां यजमानो न होता ('एकपदा विराट्')।" उन्हीं चार (पादों) में से; **द्वौ पादौ**=दो पाद; हैं जिसमें (जिसका) वह **द्विपदा** ऋक्; **उच्यते** = कहलाती है। (जैसे)–"साधुर्न गृध्नुरस्तेव शूरो यातेव भीमस्त्वेषः समत्सु" ('द्विपदा विराट्')। **ते**=वे दोनों; द्विपदा और एकपदा (ऋचायें); **तेनैव**=उसी; छन्दः (के नाम) से; **प्रोच्येते**=अभिहित होती हैं; छन्दों के मध्य में; **पादतः**=पाद की दृष्टि से; **यस्य**=जिस; छन्दः के; **सरूपे**=समान; होती हैं। यदि 'गायत्री' (छन्दः) के समान होती है यदि 'त्रिष्टुप्' के। (जैसे) 'द्विपदा गायत्री', 'एकपदा त्रिष्टुप्'।[क]

न दाशतय्येकपदा काचिदस्तीति वै यास्कः।
अन्यत्र वैमद्याः सैका दशिनी मुखतो विराट्॥४२॥
आहुस्त्वेकपदा अन्ये अध्यासानेकपातिनः
अध्यासानपि केचित्त्वाहुरेकपदा इमाः।
आ वां सुम्ने असिक्न्यां द्वे उरौ देवाः सिषक्तु नः॥४३॥

सू० अ०—यास्क के मत में विमद (ऋषि) द्वारा दृष्ट (ऋचा=१०।२०।१) के अतिरिक्त कोई एकपदा ऋचा ऋग्वेद में नहीं है। वह १० अक्षरों वाली एक (एकपदा) 'विराट्' (सूक्त के) प्रारम्भ में (स्थित है)। दूसरे लोग स्वतन्त्र रूप में स्थित द्विपदाओं को (पूर्ववर्ती) ऋचाओं का परिशिष्ट मानते हैं। कतिपय आचार्य इन परिशिष्टों को भी एकपदा (ऋचा) मानते हैं।

उ० भा०—दशतये भवा=दाशतयी; काचिदेकपदा नास्तीति वै यास्क आचार्यो मन्यते। अस्माकं या एकपदाः ता सर्वाः पूर्वामृचाम् अध्यासान्; (आहुः=) मन्यन्ते। अन्तान्-इत्यर्थः। किम् अविशेषेण? नेत्याह—अन्यत्रवैमद्या एकपदायाः। सा तु स्यात्; मुखतः=वैमदस्य आदौ-इत्यर्थः। दशिनी विराट् एकपदास्त्येव॥

टि० (क) जो ऋचा एक पाद की होती है वह 'एकपदा' कहलाती है और जो दो पादों की होती है वह 'द्विपदा' कहलाती है। यह 'एकपदा' अथवा 'द्विपदा' ऋचा जिस छन्दः के समान होती है, उसी के आधार पर इसका नाम होता है। जैसे ११ अक्षरों के एक पाद वाली ऋचा 'एकपदा त्रिष्टुप्' कहलायेगी। अथवा ८-८ अक्षरों के दो पादों वाली ऋचा 'द्विपदा गायत्री' कहलायेगी।

---

[१] ऋ० ४।१७।१५ [२] ऋ० १।७०।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इमान्युदाहरणानि—"आ वां सुम्ने वरिमन्सूरिभिष् ष्याम्।"[१] "असिक्न्यां यजमानो न होता।"[२] उरौ देवा अनिबाधे स्याम।"[३] "सिषक्तु न ऊर्जव्यस्य पुष्टेः"[४] इति।

तानप्येकपातिनोऽध्यासानन्य आचार्या एकपदा आहुः—अस्मिन्पाठान्तरे—"ता तरेम"[५] इत्येवमादीनां पुनः पादानाम् अनेकपातिनामध्यासानाम् एकपदाशङ्कैव न भवति॥

उ० भा० अ०—दशमण्डलात्मक ऋग्वेद में होने वाली=**दाशतयी; काचिदेकपदा नास्तीति वै यास्कः**=कोई एकपदा (ऋचा) नहीं है—यह यास्क; आचार्य मानते हैं। हमारे मत में जो **एकपदा** हैं उन सबको पूर्ववर्ती ऋचाओं का; **अध्यासान्**=परिशिष्ट=अन्त—यह अर्थ है; **(आहुः=)** मानते हैं। क्या बिना किसी विशेष के (अर्थात् क्या यास्क के अनुसार ऋग्वेद में कोई भी एकपदा ऋचा नहीं है)? (उत्तर) नहीं, (सूत्रकार ने) कहा है—**अन्यत्र वैमद्याः**=विमद (ऋषि) के द्वारा दृष्ट एकपदा से अतिरिक्त (एकपदा नहीं है)। **सा**=वह (विमद ऋषि के द्वारा दृष्ट एकपदा ऋचा); **मुखतः**=प्रारम्भ में=विमद ऋषि (के सूक्त=१०।२०) के प्रारम्भ में है—यह अर्थ है। वह एकपदा (ऋ० १०।२०।१); **दशिनी विराट्**=१० अक्षरों की 'विराट्' है।क

(हमारे द्वारा स्वीकृत द्विपदाओं के) ये उदाहरण हैं—"**आ वां सुम्ने** वरिमन्सूरिभिष् ष्याम्।"ख "असिक्न्यां यजमानो न होता।"ग "उरौ देवा अनिबाधे स्याम।"घ "**सिषक्तु** न ऊर्जव्यस्य पुष्टेः।"ङ

टि० (क) **भद्रं नो अपि वातयः मनः**॥ ऋ० १०।२०।१

(ख) सं वां शता नासत्या सहस्रा ऽश्वानां पुरुपन्था गिरे दात्॥
भरद्वाजाय वीर नू गिरे दा—द्धता रक्षांसि पुरुदंससा स्युः॥ ऋ० ६।६३।१०
आ वां सुम्ने वरिमन्त्सूरिभिष् ष्याम्॥ ऋ० ६।६३।११

(ग) अयं चक्रमिषणत् सूर्यस्य न्येतशं रीरमत् ससृमाणम्।
आ कृष्ण ईं जुहुराणो जिघर्ति त्वचो बुध्ने रजसो अस्य योनौ॥ ऋ० ४।१७।१४
असिक्न्यां यजमानो न होता॥ ऋ० ४।१७।१५

(घ) प्रैषः स्तोमः पृथिवीमन्तरिक्षं वनस्पतीरोषधी राये अश्याः।
देवोदेवः सुहवो भूतु मह्यं मा नो माता पृथिवी दुर्मतौ धात्॥ (ऋ० ५।४२।१६)
उरौ देवा अनिबाधे स्याम॥ ऋ० ५।४२।१७; ऋ० ५।४३।१६

(ङ) अभि न इळा यूथस्य माता स्मन्नदीभिरुर्वशी वा गृणातु।
उर्वशी वा बृहद्दिवा गृणाना—ऽभ्यूर्ण्वाना प्रभृथस्यायोः॥ ऋ० ५।४१।१९
सिषक्तु न ऊर्जव्यस्य पुष्टेः॥ ऋ० ५।४१।२०

उपर्युक्त चार द्विपदाओं के पूर्व में 'त्रिष्टुप्' छन्दस्क ऋचायें हैं। इन द्विपदाओं के बिना ही उन ऋचाओं में 'त्रिष्टुप्' छन्दः सम्पन्न हैं। चारों द्विपदा ऋचायें अपनी पूर्ववर्ती ऋचाओं से छन्दः की दृष्टि से स्वतन्त्र हैं।

---

[१] ऋ० ६।६३।११ [२] ऋ० ४।१७।१५ [३] ऋ० ५।४२।१७; ऋ० ५।४३।१६
[४] ऋ० ५।४१।२० [५] ६।२।११

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अन्य ऋचाओं के) अन्त में आने वाली किंतु स्वतन्त्र रूप में स्थित उनको भी आचार्य एकपदा बतलाते हैं—इस पाठान्तर के अनुसार (अन्य ऋचाओं के) अन्त में आन वाले तथा स्वतन्त्र रूप में स्थित न होने वाले पादों के विषय में तो एकपदा की आशङ्का नहीं होती है।[क]

पादा एकाधिकाः सन्ति च्छन्दसां चतुरक्षरात् ।
सन्त्यतिच्छन्दसां पादा एकोत्कर्षेण जागतात् ।
षोळशाक्षरपर्यन्ता एकश्चाष्टादशाक्षरः ॥४४॥

सू० अ०—छन्दों के पाद ४ अक्षरों से प्रारम्भ होकर (उत्तरोत्तर) १-१ ('अक्षर') से अधिक होते हैं। अतिच्छन्दों के पाद १२ अक्षरों वाले पाद ('जागत') से प्रारम्भ होकर १-१ 'अक्षर' से अधिक होते हैं तथा १६ अक्षरों तक के होते हैं। एक (पाद) १८ अक्षरों का भी है।

उ० भा०—छन्दसां पादाश्चतुरक्षरात् प्रभृति षोडशाक्षरपर्यन्ताः; (एकाधिकाः=) ते एकेनैकेनाधिकाः; सन्ति। एकश्चाष्टादशाक्षरः। "नूनमथ।"[१] "अग्ने तमद्य।"[२] "ऋष्यामा त ओहैः।"[३] "नदं व ओदतीनाम्।"[४] "अग्निमीळे पुरोहितम्।"[५] "तं त्वा वयं पितो वचोभिः।"[६] "श्रुधी हवं विपिपानस्यार्द्रेः।"[७] पिबा सोममभि यमुग्र तर्दः।"[८]

(८५५ङ) एकपदा ऋचाओं की दो स्थितियाँ संभावित हैं:—(१) सूक्त के प्रारम्भ में और (२) किसी ऋचा के अन्त में। एकपदा ऋचाओं के विषय में दो मत हैं:—(१) यास्क विमद ऋषि द्वारा दृष्ट तथा सूक्त के प्रारम्भ में स्थित "भद्रं नो अपि वातयः मनः" (ऋ० १०।२०।१) को ही एकपदा ऋचा मानते हैं। अन्य स्थलों में एकपदा के रूप में संभावित ऋचा को वे तत्संश्लिष्ट ऋचा का ही अव्यवच्छेद्य अङ्ग मानते हैं। (२) सूत्रकार आदि का मत है कि विमद ऋषि की एकपदा ऋचा के अतिरिक्त अन्य स्थलों में भी एकपदा संभावित है; किंतु ऐसी द्विपदा ऋचाओं के विषय में दो मत हैं (i) ये ऋचायें संश्लिष्ट ऋचाओं के परिशिष्ट हैं, (ii) ये संश्लिष्ट ऋचाओं से स्वतन्त्र हैं।

टि० (क) अच्छा नो मित्रमहो देव देवा—नग्ने वोचः सुमतिं रोदस्योः।
वीहि स्वस्तिं सुक्षितिं दिवो नृन् द्विषो अंह्यसि दुरिता तरेम
ता तरेम तवावसा तरेम ॥ ऋ० ६।२।११

(प्रश्न) निर्दिष्ट पाद बहुपादा ऋचा के अन्त में स्थित है। अत एव इसे एकपदा ऋचा के रूप में मान लेना चाहिए। (उत्तर) यह पाद बहुपादा 'शक्वरी' (५६ 'अक्षर') छन्दः के अन्तर्गत ही है। इसके बिना 'शक्वरी' छन्दः के ५६ 'अक्षर' सम्पन्न नहीं होंगे। इसलिए इस पाद की स्वतन्त्र सत्ता का कोई प्रश्न उठता ही नहीं है।

---

१ ऋ० ८।४६।१५ २ ऋ० ४।१०।१ ३ ऋ० ४।१०।१
४ ऋ० ८।६९।२ ५ ऋ० १।१।१ ६ ऋ० १।१८७।११
७ ऋ० ७।२२।४ ८ ऋ० ६।१७।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"प्र देवमच्छा मधुमन्त इन्दवः।"[१] "तमिन्द्रं जोहवीमि मघवानमुग्रम्।"[२] "अपूरुषघ्नो अप्रतीत शूर सत्त्वभिः।"[३] 'अभि त्यं देवं सवितारमोण्योः कविक्रतुम्।"[४] "त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्मः"[५]—एते चतुरक्षरादारभ्य षोडशाक्षरपर्यन्ताः। "अर्चामि सत्यसवं रत्नधामभि प्रियं मतिं कविम्"[६]—एष चाष्टादशाक्षरः।

केचित्पाठान्तरं वर्णयन्ति। जागतादारभ्याष्टादशाक्षरपर्यन्ताः पादा अतिच्छन्दसां विद्यन्ते। ते व्याख्याता इति॥

उ० भा० अ०—छन्दसां पादाः=छन्दों के पाद; चतुरक्षरात्=४ अक्षरों से; प्रारम्भ होकर; षोडशाक्षरपर्यन्ताः=१६ अक्षरों तक (होते ह); (एकाधिकाः=) वे (पाद) १-१ ('अक्षर') से अधिक; होते हैं। (उदाहरण) (४ अक्षरों का पाद)—"नूनमथ।" (५ अक्षरों का)—"अग्ने तमद्य।" (६ अक्षरों का)—"ऋध्यामा त ओहैः।" (७ अक्षरों का)—"नदं व ओदतीनाम्।" (८ अक्षरों का)—"अग्निमीळे पुरोहितम्।" (९ अक्षरों का)—"तं त्वा वयं पितो वचोभिः।" (१० अक्षरों का)—"श्रुधी हवं विपिपानस्याद्रेः।" (११ अक्षरों का)—"पिबा सोममभि यमुग्र तर्दः।" (१२ अक्षरों का)—"प्र देवमच्छा मधुमन्त इन्दवः।" (१३ अक्षरों का)—"तमिन्द्रं जोहवीमि मघवानमुग्रम्।" (१४ अक्षरों का)—"अपूरुषघ्नो अप्रतीत शूर सत्त्वभिः।" (१५ अक्षरों का)—"अभि त्य देवं सवितारमोण्योः कविक्रतुम्।" (१६ अक्षरों का)—"त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्मः"—ये ४ अक्षरों से लेकर १६ अक्षरों तक के (पाद) हैं। "अर्चामि सत्यसवं रत्नधामभि प्रियं मतिं कविम्"—यह १८ अक्षरों का (पाद) है।

कुछ लोग (प्रस्तुत सूत्र में) पाठान्तर का वर्णन करते हैं—१२ अक्षरों के पाद ('जागत') से लेकर १८ अक्षरों तक के पाद अतिच्छन्दों के होते हैं। उनकी व्याख्या (सोदाहरण) की जा चुकी है।[क]

एकादशैव च्छन्दसि पादा ये षोळशाक्षराः।
सर्वे त्रिकद्रुकीयासु नाकुलोऽष्टादशाक्षरः॥४५॥

सू० अ०—ऋग्वेद में ग्यारह ही पाद ऐसे हैं जो १६-१६ अक्षरों के हैं। वे सब 'त्रिकद्रुकीय' (ऋचाओं) (='त्रिकद्रुक' शब्द से प्रारम्भ होने वाले सूक्त की ऋचाओं) में (उपलब्ध होते हैं)। १८ अक्षरों का पाद नकुल (ऋषि) का है।

उ० भा०—छन्दसि संहितायां ये षोडशाक्षराः पादा एकादशैव ते सर्वे त्रिकद्रुकीयासु ऋक्षु दृश्यन्ते। यथा—"त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्मः"[७] इति प्रथमायां चत्वारः। द्वितीयायां तृतीयायां च त्रयस्त्रयः पादाः। चतुर्थ्यामेकः। एवमेते त्रिकद्रुकीयासु सर्वे भवन्ति। नकुलस्यार्षेऽष्टादशाक्षरः। "अर्चामि सत्यसवं रत्नधामभि प्रियं मतिं कविम्"[८] इति॥

टि० (क) सूत्रस्थ मध्यम पङ्क्ति को पाठान्तर के रूप में लेकर भाष्य में व्याख्या की गई है।

---

१ ऋ० ९।६८।१ २ ऋ० ८।९७।१३ ३ ऋ० १।१३३।६
४ ऋ० १०।१०३।४ ५ ऋ० २।२२।१ ६ प्रै० पृ० १०६; आ० श्रौ०४।६।३
७ ऋ० २।२२।१ ८ प्रै० पृ० १०६; आ० श्रौ० ४।६।३

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—**छन्दसि**=ऋग्वेद-संहिता में; **ये षोडशाक्षराः पादा एकादशैव**=जो ग्यारह ही १६-१६ अक्षरों वाले पाद हैं; वे; **सर्वे**=सब; **त्रिकद्रुकीयासु**='त्रिकद्रुकीय, ('त्रिकद्रुक' शब्द से प्रारम्भ होने वाले सूक्त की) ऋचाओं में; दिखलाई पड़ते हैं। जैसे—"त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्मः"—इस प्रथम (ऋचा) में (१६-१६ अक्षरों वाले) चार (पाद) हैं। द्वितीय (ऋचा) में और तृतीय (ऋचा) में (१६-१६ अक्षरों वाले) तीन-तीन पाद हैं। चतुर्थी (ऋचा) में (१६ अक्षरों वाला) एक (पाद) है। इस प्रकार ये सब (ग्यारह पाद) 'त्रिकद्रुकीय' ऋचाओं में विद्यमान हैं।[क] नकुल ऋषि के (सूक्त) में १८ अक्षरों का (पाद) है—"अर्चामि सत्यसवं रत्नधामभि प्रियं मतिं कविम्।"

(ऋग्वेदे बृहत्तमा ऋक्)

अवर्महोऽविकर्षेण ज्येष्ठा दाशतयीष्वृचाम् ॥४६॥

(ऋग्वेद में सबसे बड़ी ऋचा)

सू० अ०—**ऋग्वेद में विद्यमान ऋचाओं के मध्य में "अवर्महः·····", 'विकर्ष' किये बिना, सबसे बड़ी (ऋचा) है।**

उ० भा०—"अवर्महं इन्द्र"[१] **इत्येषा अविकर्षेण सप्तत्यक्षरा सा; ज्येष्ठा=महती· दाशतयीषु; (ऋचाम्=) ऋक्षु। बह्वक्षरा-इत्यर्थः॥**

उ० भा० अ०—**अवर्महं** इन्द्र"[ख]—यह (ऋचा); **अविकर्षेण**='विकर्ष' किये

टि० (क) त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्म-
स्तृपत् सोममपिबद् विष्णुना सुतं यथावशत्।
स ईं ममाद महि कर्म कर्तवे महामुरुम्
सैनं सश्चद् देवो देवं सत्यमिन्द्रं सत्य इन्दुः॥१॥
अध त्विषीमाँ अभ्योजसा क्रिवि युधाभव-
दा रोदसी अपृणदस्य मज्मना प्र वावृधे।
अधत्तान्यं जठरे प्रेमरिच्यत
सैनं सश्चद् देवो देवं सत्यमिन्द्रं सत्य इन्दुः॥२॥
साकं जातः क्रतुना साकमोजसा ववक्षिथ
साकं वृद्धो वीर्यैः सासहिर्मृधो विचर्षणिः॥
दाता राधः स्तुवते काम्यं वसु
सैनं सश्चद् देवो देवं सत्यमिन्द्रं सत्य इन्दुः॥३॥
तव त्यन्न्यं नृतोऽप इन्द्र प्रथमं पूर्व्यं दिवि प्रवाच्यं कृतम्।
यद् देवस्य शवसा प्रारिणा असुं रिणन्नपः।
भुवद् विश्वमभ्यादेवमोजसा विदादूर्जं शतक्रतुर्विदादिषम्॥४॥

(ख) अवर्महं इन्द्र दादृहि श्रुधी नः शुशोच हि द्यौः क्षा न भीषाँ अद्रिवो
घृणान्न भीषाँ अद्रिवः।
शुष्मिन्तमो हि शुष्मिभि—र्वं—धैरुग्रेभिरीयसे।
अपूरुषघ्नो अप्रतीत शूर सत्वभि—स्त्रिसप्तैः शूर सत्वभिः॥

[१] ऋ० १।१३३।६

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिना; ७० अक्षरों वाली है; वह; **दाशतयीषु (ऋचाम्)**=ऋग्वेद-संहिता की ऋचाओं में; **ज्येष्ठा**=(सबसे) बड़ी है। बहुत अक्षरों वाली है—यह अर्थ है।

विकर्षेण तु पादैश्च स हि शर्ध इति स्मृता ॥४७॥

सू० अ०—किन्तु 'विकर्ष' करने पर और पादों की दृष्टि से भी "स हि शर्धः"—यह (सबसे बड़ी ऋचा) मानी गई है।

उ० भा०-विकर्षेण तु षट्सप्तत्यक्षरा भवति। पादैश्च अष्टपदा भवति। तस्माज् ज्येष्ठा स्मृता। "स हि शर्धो न मारुतं तुविष्वणिः"[१] इति॥

उ० भा० अ०—किन्तु "स हि शर्धो न मारुतं तुविष्वणिः"[क]—यह (ऋचा); **विकर्षेण**=संधि-विच्छेद और व्यवधान ('विकर्ष') करने से; ७६ अक्षरों की होती है। **पादैश्च**=और पादों की दृष्टि से, आठ पादों की है। इसलिए सबसे बड़ी; **स्मृता**=मानी गई है।

(ऋग्वेदे बहुपादाऽपि लघुतमा ऋक्)

अणिष्ठा बहुपादानां भारद्वाजी पुरूतमम् ॥४८॥

(ऋग्वेद में बहुपादा होने पर भी सबसे छोटी ऋचा)

सू० अ०—बहुत पादों वाली (ऋचाओं) के मध्य में भरद्वाज (ऋषि) के द्वारा दृष्ट 'पुरूतमम्'···—यह सबसे छोटी (ऋचा) है।

उ० भा०—बहुपादानाम् ऋचां मध्ये; अणिष्ठा = अत्यल्पा; विंशत्यक्षरा भारद्वाजी "पुरूतमं पुरूणां स्तोतृणाम्"[२] इति। ऋषिग्रहणात्—"पुरूतमं पुरूणामीशानम्"[३] इति मास्तु॥

उ० भा० अ०—**बहुपादानाम्**=बहुत पादों वाली; ऋचाओं के मध्य में "**पुरूतमं** पुरूणां स्तोतृणाम्"[ख]—यह; **भारद्वाजी**=भरद्वाज (ऋषि) के द्वारा दृष्ट; २० अक्षरों वाली (ऋचा); **अणिष्ठा**=सबसे छोटी; है। ऋषि का ग्रहण होने से—"पुरूतमं पुरूणामीशानम्" यह न होवे।[ग]

टि० (क) स हि शर्धो न मारुतं तुविष्वणि—रप्नस्वतीषूर्वरास्विष्टनि—रार्तनास्विष्टनिः।
आदद्धव्यान्याददि—र्यज्ञस्य केतुरर्हणा।
अध स्मास्य हर्षतो हृषीवतो विश्वे जुषन्त पन्थां नरः शुभे न पन्थाम्॥

(ख) पुरूतमं पुरूणां स्तोतृणां विवाचि। वाजेभिर्वाजयताम्।

(ग) पुरूतमं पुरूणाम् ईशानं वार्याणाम्। इदं सोमे सचा सुते॥

(प्रश्न) प्रस्तुत सूत्र में उल्लिखित "पुरूतमम्" पद से प्रारम्भ होने वाली ऋचा "पुरूतमं पुरूणामीशानम्" भी है। क्या यह उदाहरण नहीं बन सकती?

---

[१] ऋ० १।१२७।६ [२] ऋ० ६।४५।२९ [३] ऋ० १।५।२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अविकर्षेण सौभरी प्रेष्ठम्वादि ह्सीयसी ॥४६॥

सू० अ०—सौभरि के द्वारा दृष्ट "प्रेष्ठमु" यह (ऋचा) बिना संधि-विच्छेद तथा व्यवधान ('विकर्ष') किये (पहली ऋचा ऋ० ६।४५।२९ की अपेक्षा) छोटी है।

उ० भा०—अविकर्षेण; (सौभरी=) सोभरिणा दृष्टा—"प्रेष्ठमु प्रियाणाम्"[क] इत्येषा; ह्सीयसी=अल्पाक्षरतरा; भवत्येकोनविंशत्यक्षरेति ॥

उ० भा० अ०—(सौभरी=) सोभरि के द्वारा दृष्ट "प्रेष्ठमु प्रियाणाम्"क—यह (ऋचा); अविकर्षेण=संधि-विच्छेद तथा व्यवधान ('विकर्ष') किये बिना; ह्सीयसी=(ऋ० ६।४५।२९ की अपेक्षा) अधिक छोटी=थोड़े अक्षरों वाली; है=१९ अक्षरों की है।

(द्विपदविराजां चतुष्पदाक्षरपङ्क्तित्वमिति केचित्)

विराजो द्विपदाः केचित्सर्वा आहुश्चतुष्पदाः।
कृत्वा पञ्चाक्षरान्पादाँस्तास्तथाक्षरपङ्क्तयः ॥५०॥

(द्विपदा विराट् ऋचाओं के चतुष्पदा अक्षरपङ्क्ति होने का मत)

सू० अ०—कतिपय (आचार्य) ५-५ अक्षरों के पाद बनाकर कहते हैं कि सभी 'द्विपदा विराट्' चतुष्पदा (ऋचायें) हैं। ऐसा होने पर ये अक्षरपङ्क्तियाँ (कहलाती हैं)।

उ० भा०—"पश्वा न तायुं गुहा चतन्तम्"[२] इत्येवमादयो या विराजो द्विपदाः ताः सर्वाः "पश्वा न तायुम्" इत्येवं पञ्चाक्षरान्पादान् कृत्वा चतुष्पदा आहुः केचित् आचार्याः। तास्तथा क्रियमाणा अक्षरपङ्क्तयो नाम भवन्ति ॥

इति श्रीपार्षदव्याख्यायामानन्दपुरवास्तव्यवज्रटपुत्रउवटकृतौ
प्रातिशाख्यभाष्ये सप्तदशं पटलम् ॥

(८५९ ग) (उत्तर) सूत्र में 'भरद्वाज' नाम के उल्लेख से यह सूचित होता है कि भरद्वाज (ऋषि) के द्वारा दृष्ट "पुरूतमं पुरूणां स्तोतृणाम्" ऋचा ही यहाँ उदाहरण है; मधुच्छन्दा द्वारा दृष्ट "पुरूतमं पुरूणामीशानम्" नहीं।

टि० (क) प्रेष्ठमु प्रियाणां स्तुह्यासावातिथिम्।
अग्नि रथानां यमम् ॥

---

[१] ऋ० ८।१०३।१० [२] ऋ० १।६५।१

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ० भा० अ०—"पश्वा न तायुं गुहा चतन्तम्" इत्यादि जो; **विराजो द्विपदाः**='द्विपदा विराट्' हैं; उन; **सर्वाः**=सबको; "पश्वा न तायुम्"क (इस प्रकार) **पञ्चाक्षरान्पादान् कृत्वा**=५-५ अक्षरों वाले पाँच पाद बनाकर; **चतुष्पदा आहुः**=चार पादों वाली कहते हैं; **केचित्**=कतिपय; आचार्य। **तास्तथा**=वे वैसी; की जाने पर; **अक्षरपङ्क्तयः**='अक्षरपङ्क्ति'; नाम वाली होती हैं।

आनन्दपुर निवासी वज्रट के पुत्र उवट की कृति पार्षदव्याख्यात्मक प्रातिशाख्य-भाष्य में सप्तदश पटल समाप्त हुआ।

———

टि० (क) पश्वा न तायुं गुहा चरन्तं नमो युजानं नमो वहन्तम्।
सजोषा धीराः पदैरनु ग्म—न्नुप त्वा सीदन् विश्वे यजत्राः॥

अथवा

पश्वा न तायुं गुहा चरन्तं
नमो युजानं नमो वहन्तम्।
सजोषा धीराः पदैरनु ग्म–
न्नुप त्वा सीदन् विश्वे यजत्राः॥

सर्वानुक्रमणी आदि ग्रन्थों में ऐसी ऋचाओं का छन्दः 'द्विपदा विराट्' माना गया है। कतिपय आचार्य इनका छन्दः चार पादों वाली 'अक्षरपङ्क्ति' बतलाते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१८ : छन्दः-पटलम् (३)

प्रगाथाः
अक्षर-संज्ञा
अनुस्वारव्यञ्जनयोः स्वराङ्गत्वविचारः
लघ्वक्षरगुर्वक्षरादिनिरूपणम्
एकस्य छन्दसः अन्यस्मिन् छन्दसि विपरिणमनम्
त्रिपदादिषु ऋक्षु अवसाननिर्णयप्रकारः
प्रश्नस्वरूपमध्यायस्वरूपं च
त्रिष्टुब्जगत्योश्छन्दोज्ञानस्य च महिमा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(प्रगाथाः)

बार्हतो बृहतीपूर्वः ककुप्पूर्वस्तु काकुभः ।
एतौ सतोबृहत्यन्तौ प्रगाथौ भवतो द्वृचौ ॥१॥

(प्रगाथ)

सू० अ०—'बार्हत' ('प्रगाथ') 'बृहती" से प्रारम्भ (होता है)। 'काकुभ' ('प्रगाथ') 'ककुप्' से प्रारम्भ (होता है)। 'सतोबृहती' में समाप्त होने वाले ये दोनों 'प्रगाथ' दो-दो ऋचाओं के होते हैं (अर्थात् इन दोनों में दो दो ऋचायें होती हैं)।

उ० भा०—यो बृहतीपूर्वः स बार्हतः। ककुप्पूर्वो यः स काकुभः। उभौ एतौ सतोबृहत्यन्तौ द्वृचौ प्रगाथौ भवतः॥

उ० भा० अ० बृहतीपूर्वः = 'बृहती' है पूर्व में जिस ('प्रगाथ')[क] के वह; बार्हतः = 'बार्हत'[ख] ('प्रगाथ') है। ककुप्पूर्वः = 'ककुप्' है पूर्व में जिसके वह; काकुभः = 'काकुभ'[ग] ('प्रगाथ') है। सतोबृहत्यन्तौ = 'सतोबृहती' में समाप्त होने वाले; एतौ = ये दोनों; प्रगाथौ = 'प्रगाथ'; द्वृचौ भवतः = दो-दो ऋचाओं वाले होते हैं।

त्वमङ्ग प्र प्र वो यह्वं मा चिद् बृहदु गायिषे ।
बार्हताः काकुभानाहुस्तं गूर्धय वयम्विति ॥२॥

सू० अ०—"त्वमङ्ग प्र", "प्र वो यह्वम्", "मा चित्" और "बृहदु गायिषे"—(इनसे प्रारम्भ होने वाले 'प्रगाथ') 'बार्हत' हैं। "तं गूर्धय" और "वयमु" (से) प्रारम्भ होने वाले प्रगाथों) को 'काकुभ' कहते हैं।

उ० भा०—त इमे बार्हताः प्रगाथाः "त्वमङ्ग प्र शंसिषः"[१]; "प्र वो यह्वं पुरूणाम्"[२]; "मा चिदन्यद्वि शंसत"[३]; "बृहदु गायिषे वचः।"[४]

टि० (क) 'प्रगाथ' शब्द का प्रयोग मुख्यतः दो अर्थों में किया गया है—(१) कारणविशेष से दो ऋचाओं के अंशविशेषों की पुनरावृत्ति करके उनकी तीन ऋचायें बनाई जाती हैं। तब इस प्रग्रथन के लिए 'प्रगाथ' शब्द का प्रयोग सामवेद के ब्राह्मण-ग्रन्थों में बहुलता से मिलता है; (२) जब दो या तीन छन्दों का समुदाय बनाया जाता है, तब उस छन्दः-समुदाय के लिए 'प्रगाथ' शब्द का प्रयोग किया जाता है। इसी अर्थ में षड्गुरुशिष्य ने ऋ० सर्वा० की वृत्ति में कहा है—"प्रागाथ्यते संमेल्यते छन्दसा छन्द इति प्रगाथः।" प्रस्तुत पटल में 'प्रगाथ' को द्वितीय अर्थ (छन्दःसमुदाय) में लिया गया है।

(ख) बार्हत = बृहती + सतोबृहती = (८+८+१२+८)+(१२+८+१२+८) = ७६

(ग) काकुभ = ककुप् + सतोबृहती = (८+१२+८)+(१२+८+१२+८) = ६८

---

[१] ऋ० १।८४।१९-२० [२] ऋ० १।३६।१-२ [३] ऋ० ८।१।१-२
[४] ऋ० ७।९६।१-२

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काकुभानाहुः—"तं गूर्धया स्वर्णरम्"[१]; "वयमु त्वामपूर्व्य"[२] इति ॥

उ० भा० अ०—वे; बार्हताः='बार्हत'; 'प्रगाथ,' ये हैं—"त्वमङ्ग प्र शंसिषः"क; "प्र वो यह्वं पुरूणाम्"ख; "मा चिदन्यद्वि शंसत"ग; "बृहदु गायिषे वचः ॥"घ

काकुभानाहुः=(इन प्रगाथों को) 'काकुभ' कहते हैं—"तं गूर्धया स्वर्णरम्"ङ; "वयमु त्वामपूर्व्य।"च

अनुष्टुब् द्वे च गायत्र्यावेष आनुष्टुभः स्मृतः ।
विराजावभिसंपन्नः पद्याक्षर्ये स उत्थितः ॥३॥

सू० अ०—एक 'अनुष्टुप्' और दो 'गायत्री'—इनसे 'आनुष्टुभ' ('प्रगाथ') बनता है। पादों और अक्षरों दोनों दृष्टियों से दो विराजों के (बराबर) बना हुआ "सः···" (यह 'प्रगाथ') उच्च (उत्थित) है।

उ० भा०—एका अनुष्टुब् द्वे च गायत्र्यावेष प्रगाथ आनुष्टुभः स्मृतः। विराजौ द्वे अभिसंपन्नः। (पद्याक्षर्ये=) पद्या चाक्षर्या च=पादैरक्षरैश्च इत्यर्थः। दश पादाः

टि० (क) त्वमङ्ग प्र शंसिषो देवः शविष्ठ मर्त्यम् ।
न त्वदन्यो मघवन्नस्ति मर्डितेन्द्र ब्रवीमि ते वचः ॥
मा ते राधांसि मा त ऊतयो वसोऽस्मान् कदा चना दभन् ।
विश्वा च न उपमिमीहि मानुष वसूनि चर्षणिभ्य आ ॥

(ख) प्र वो यह्वं पुरूणां विशां देवयतीनाम् ।
अग्निं सूक्तेभिर्वचोभिरीमहे यं सीमिदन्य ईळते ॥
जनासो अग्निं दधिरे सहोवृधं हविष्मन्तो विधेम ते ।
स त्वं नो अद्य सुमना इहाविता भवा वाजेषु सन्त्य ॥

(ग) मा चिदन्यद् वि शंसत सखायो मा रिषण्यत ।
इन्द्रमित् स्तोता वृषणं सचा सुते मुहुरुक्था च शंसत ॥
अवक्रक्षिणं वृषभं यथाजुरं गां न चर्षणीसहम् ।
विद्वेषणं संवननोभयंकरं मंहिष्ठमुभयाविनम् ॥

(घ) बृहदु गायिषे वचो ऽसूर्या नदीनाम् ।
सरस्वतीमिन्महया सुवृक्तिभिः स्तोमैर्वसिष्ठ रोदसी ॥
उभे यत् ते महिना शुभ्रे अन्धसी अधिक्षियन्ति पूरवः ।
सा नो बोध्यवित्री मरुत्सखा चोद राधो मघोनाम् ॥

(ङ) तं गूर्धया स्वर्णरं देवासो देवमरतिं दधन्विरे । देवत्रा हव्यमोहिरे ॥
विभूतरातिं विप्र चित्रशोचिषं मग्निमीळिष्व यन्तुरम् ।
